प्रस्तावना – रामविलास शर्मा जी ने हिन्दी लेखकों की तीन पीढियों को प्रभावित किया है। किसी भी प्रतिभा के लिए ऐसा कर पाना उसके महत्व को असाधरण सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है। उनका लेखन-काल पर्याप्त विस्तृत रहा है। वे निरन्तर लिखते रहे। और लोग उन पर निरन्तर लिखते रहे। रामविलास शर्मा हिन्दी जगत में प्रखर मार्क्सवादी समीक्षक और विचारक के रूप में प्रख्यात रहे है। डॉ. रामविलास शर्मा आधुनिक काल के साहित्य के आलोचक थे। उन्होंने प्रेमचन्द, भारतेन्दु, निराला, रामचन्द्र शुक्ल और महावीर प्रसाद द्विवेदी पर आलोचनात्मक पुस्तकें लिखकर आधुनिककालीन हिन्दी साहित्य की प्रगतिशील धारा का उद्घाटन किया है। हिन्दी की व्यवहारिक आलोचना को उनकी यह सबसे बड़ी देन है। मार्क्सवादी आलोचक के रूप में डॉ. रामविलास शर्मा ने साहित्य से सम्बन्धित अनेक गम्भीर प्रश्नों का सामना किया और उनके संबंध में अपना गम्भीर चिन्तन प्रस्तुत किया । प्रगति -विरोधी विचारक प्राय: जनता को अषिक्षित भीड़ की संज्ञा देकर साहित्य को उससे ऊपर की चीज बतलाते है। डॉ. शर्मा ने कहा- 'जनता और कला में कोई बैर नहीं है। बैर भावना उन लोगों के मन में उठती है जिनके लिए जनता एक कल्पना है।' [1]

डॉ. शर्मा ने ध्वंसात्मक शैली में प्रचुर मात्रा में आलोचना लिखी है । लेकिन उनकी ध्वसांत्मक आलोचना भी सृजनात्मक है, क्योकि वह केवल ध्वंस नहीं करती, निर्माण भी करती है। डॉ. रामविलास जी ने प्रगतिशील साहित्यिक परम्परा की व्याख्या की है और बतलाया है कि यह परम्परा जितनी जातीय है, उतनी ही राष्ट्रीय भी। डॉ. रामविलास शर्मा एक प्रतिबद्ध ही नहीं एक पक्षधर आलोचक थे हिन्दी-साहित्य को उनकी सबसे बड़ी देन यह है कि उन्होंने साहित्य में शुक्ल जी के भौतिकवादी दृष्टिकोण को वैज्ञानिक रूप में विकसित कर उसे सामाजिक परिवर्तन के एक सांस्कृतिक अस्त्र के रूप में और अधिक कारगर बना दिया। रामविलास शर्मा की मान्यता है कि 'कविता हृदय की भाषा है। उसको समझने के लिए अधिक आवश्यकता भावुकता की है, न कि फिलासफी की उसका रस लेने के लिए भावों को सभ्य बनाना चाहिए।'[2]

सोवियत साहित्य व वर्ग-दृष्टि के प्रभाव में साहित्य को सामाजिक संरचना के रूप में व्याख्याचित करने की जो नई दृष्टि रामविलास शर्मा ने हिन्दी आलोचना को दी, वह उनका महत्वपूर्ण योगदान है। आधुनिक कक्षा-आलोचना में रामविलास शर्मा का सबसे बड़ा योगदान प्रेमचन्द, निराला व वृन्दावनलाल वर्मा के कथा-साहित्य के माध्यम से यथार्थवादी की प्रतिष्ठा है। कुछ बुद्धिजीवी हिन्दी साहित्य की परम्परा को डेढ़ सौ सालों से ज्यादा की नहीं मानते किन्तु रामविलास शर्मा हिन्दी-साहित्य को हिन्दी जाति से सम्बद्ध करते हुए हिन्दी के विकास को हिन्दी जाति के विकास से जोड़ते है। यह महत्वपूर्ण है कि रामविलास शर्मा ने हिन्दी जाति के अस्तित्व और अस्मिता की व्यापक खोज की। रामविलास शर्मा ऋग्वेद को भारतीय संस्कृति का मूल स्त्रोंत मानते है। यह विश्व की प्राचीनतम रचना है। रामविलास जी स्वीकार करते हैं कि रिग्वेद में व्यक्तिगत सम्पत्ति की स्थापना हो गई है किन्तु मनुष्य अभी भी अपने उत्पादन के साधन का स्वामी है। सौन्दर्य की कसौटी है मनुष्य का व्यवहार लेकिन सौन्दर्य को सही रूप से समझने की आवश्कता है। डॉ. शर्मा के शब्दों में 'सभी बस्तुओं के गुण-एक से नहीं होते इस लिए सौन्दर्य भी एक-सा नहीं होता कुछ वस्तुऐं, सबसे अधिक इन्द्रियों को रूचती है, कुछ हृदय को कुछ मस्तिष्क को। वस्तुगत सौन्दर्य इन्द्रियबोध तक सीमित है। ललित कलाओं में इन्द्रियबोध, भावना और विचार इन तीनों की एकता दिखाई देती है । स्थापत्य, शिल्प और चित्रकला में इन्द्रियबोध की प्रधानता रहती है। संगीत में भावना की और साहित्य में विचारों की लेकिन इन्द्रियबोध भावना और विचार की एकता सभी में मौजूद है।'[3]

साहित्य में स्थापित्य का अर्थ वस्तुत: व्यापकता होता है। व्यापकता का अर्थ है एक युग के साहित्य का अपने युग की सीमा का अतिक्रमण कर दूसरे युगों में भी उपयोगी बने रहना। डॉ. शर्मा ने जैसे मार्क्सवादी दृष्टि से

* अतिथि विद्वान (हिंदी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहगढ (म.प्र.) भारत

साहित्य को परिभाषित किया, बहुत पहले उन्होंने यह घोषित कर दिया था कि 'मेरा उन लोगों से मतभेद है जो साहित्य को समाज हित या अहित से परे मानकर केवल रूप की प्रशंसा करके उसकी आलोचना की इति कर देते है।'

रामविलास शर्मा के चिन्तन और लेखन का भूदृष्य काफी वैविध्यपूर्ण और विस्तृत रहा है। सौन्दर्य शास्त्र साहित्येतिहास और आलोचना के कतिपय आधारभूत प्रश्नों से जूझते हुए उन्होंने भाषाशास्त्र, प्राचीन एवं मध्यकालीन इतिहास और राष्ट्रीय आन्दोलन के दौर के विषय में कई मौलिक सिद्धान्त एवं मान्यताऐं प्रस्तुत की है। मार्क्सवादी समालोचक से एक मार्क्सवादी चिन्तक के रूप में संक्रमण करते हुए उन्होंने पूँजीवाद के राजनीतिक अर्थशास्त्र और समाजवादी की प्रकृति एवं समस्याओं के विषय में काफी कुछ लिखा और कहा है।

निष्कर्षत: कह सकते है कि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में डॉ. रामविलास शर्मा ने उल्लेखनीय योगदान दिया। अपनी मान्यताओं एवं सिद्धान्तों के आधार पर डॉ. रामविलास शर्मा को 'शिखर पुरूष' कहा जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'हिन्दी आलोचना का विकास' -नन्दकिशोर नवल:-प्र0-336
2. वही पृष्ठ-336
3. 'आजकल' - अंक अप्रैल 2000, प्र0-6
4. ऋग्वेद से लेकर नवजागरण तक-विष्णुचन्द्र शर्मा प्र0-42
5. 'रामविलास जी का संस्कृति विमर्ष' : भारतेन्दु मिश्र, वसुधा-पृष्ठ-435

****

आर्य चिंतन का इतिहास

डॉ. मधु विजय *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधपत्र आर्य चिंतन का इतिहास से सम्बंधित है। आर्य बाहर से आये या नहीं आये यह मान्यता भाषा-विज्ञान की है। अधिकतर इतिहासकारों ने इस मान्यता को स्वीकार कर लिया कि-आर्य बाहर से आए। जबकि ऐतिहासिक तथ्यों से इसका निर्णय नहीं हो सका डॉ. रामविलास शर्मा जी की मान्यता है कि 'आर्य' कही बाहर से नहीं आए थे। आर्य और द्रविड़ भाषाओं का विकास साथ-साथ हुआ है, एवं आर्य द्रविड़ ही नहीं, मुंडा भाषा परिवार के सभ्यता को मोहन जोदडो तथा हडप्पा से अधिक विकसित बताया है एवं उन्हें उद्योग धन्धों का विकास कर्ता भी माना है। अग्नि का आविष्कारक बताकर रामविलास जी ने आर्यो की सभ्यता को सर्वाधिक प्राचीन एवं विश्व की पहली सभ्यता बताई है। सभ्यता का जितना विस्तार 18 वी सदी से लेकर अब तक हुआ है। वह अग्नि के आविष्कार के सामने समस्त मानव संस्कृति के विकास को देखते हुए क्षुद्र है।

प्रस्तावना – रामविलास जी की मान्यता है कि आर्य कही बाहर से नहीं आए थे। आर्य और द्रविड़ भाषाओं का विकास साथ-साथ हुआ है, और आर्य और द्रविड ही नहीं, मुंडा भाषा परिवार के शब्द भी ग्रीक में मिलते है। रामविलास जी के अनुसार, अगर यह कहा जाता रहा है कि आर्य आक्रमणकारी थे तो यह भी बहुत पहले से कहा जाता रहा है कि आर्य बाहर से नहीं आए थे डॉ. शर्मा कहते है-

इग्लैंड के पुरातत्वज्ञ मि. मार्शल थे, जिन्होंने सिंधु घाटी की सभ्यता की खोज की है और 1935 के आसपास उन्होंने काफी खुदाई का काम किया। उनके एक अंग्रेज सहयोगी थे जो लिपि विशेषज्ञ थे। उन्होंने यह साबित किया है ब्राम्ही लिपि का विकास इंडस वैली की लिपि यानी हड़प्पा लिपि से हुआ।

रामविलास जी ने भाषा परिवारों तथा भाषा विज्ञान पर जो काम किया है, उसके लिए उनकी ख्याति है। अपने इस कार्य के दौरान उन्हें ये प्रमाण भी मिले कि आर्य भारत के मूल निवासी थे।

मार्क्स ने स्वयं भारत को भाषाओं और धर्मो का स्त्रोत कहा था। आर्य लोग भारत में बाहर से आए, यह बात बराबर डेढ़ सौ साल से कही जा रही है। लकिन मार्क्स ने कहा था, भारत वह देश है जो हमारी भाषाओं, हमारे धर्मो का स्त्रोत है। मार्क्स के समय तक ऐसे विद्धान थे जो मानते थे कि आर्य को प्रभावित किया। मार्क्स के बाद उन्नीसवी सदी के अंत में, जैसे-जैसे ब्रिटिश साम्राज्य मजबूत हुआ और उसकी जगह फिर अमरीकी साम्राज्य आया, इस सिद्धान्त का जोरो से प्रचार किया गया।

आर्यो को धुमन्तु और बर्बर कहते हुए भारत की उन्नत द्रविड सभ्यता का विनाश करने वाला माना जाता है। डॉ. रामविलास शर्मा कहते है कि- 'विडंबना यह है कि जो लोग उत्तर भारत में खेती का विकास कर रहे थे' उन्हें कोसंबी ने उसका विनाशक मान लिया है। वैदिक जन प्रस्तर युग छोड़कर लौह युग में प्रवेष कर रहे थे। इन्द्र का संबंध यदि कृषि से है तो अग्नि का संबंध उद्योग धन्धें से है। अग्नि का आविष्कार विश्व संस्कृति को भारत की सबसे बड़ी देन है। अनेक कवि या तो स्वयं कुशल कारीगर थे या वे कारीगरों के काम से अच्छी तरह परिचित थे। जर्मन कबीलों पर रोमन सेनाओं ने विजय प्राप्त की थी, वैसी ही स्थिति इन लेखकों ने भारत पर आरोपित की है। जर्मन इस समय कबीलों में संगठित थे। कविताओं, कारिगरों और किसानों का यह समाज स्थिर नहीं है गतिशील है।

डॉ. रामविलास शर्मा आर्यो की सभ्यता को मोहन जोदडो तथा हड़प्पा से अधिक विकसित बताते हुए उन्हें उद्योग धन्धों का विकासकर्ता मानते है। वे आर्यो को अग्नि का आविष्कारक मानते है, जो अग्नि जलाकर सन्तान उत्पन्न करने के उद्देश्य से यज्ञ करते थे।

विश्वविख्यात इतिहासकार डी.डी. कोसाम्बी ने हड़पा निवासियों द्वारा नदियों का जल को रोकने के लए अस्थायी बांध का जिक्र किया है, जिसके किनारे की भूमि पर पानी फैल जाने से खेती उपजाऊ हो जाती थी। इस बांध- व्यवस्था को ध्वस्थ करके आर्यो ने सारे प्रदेश में कृषि का नाश कर दिया था। कोसाम्बी के इस मत का खंडन करते हुए रामविलास शर्मा ऋग्वेद से कृषि सम्बंधित लक्ष्य पेश कर रहे है।

विडम्बना यह है कि, जो लोग उत्तर भारत में खेती का विकास कर रहे थे, उन्हें कोसाम्बी ने उसका विनाशक मान लिया है। खेती के जितने प्रमाण ऋग्वेद में है, उनकों उन्होंने एक तरफ हटा दिया है। हड़प्पा सभ्यता ऋग्वेद से पहले है, आर्यो ने आकर उसका विनाश किया, यह आत्मगत कल्पना उन्होंने तथ्यों पर आरोपित कर दी है।

अग्नि का आविष्कारक बताकर रामविलास जी आर्यो की सभ्यता को सर्वाधिक प्राचीन तथा विश्व की पहली सभ्यता बनाना चाहते है। डॉ. रामविलास शर्मा ने ऋग्वेद का एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा हैं- ऋग्वेद में एक जुआरी जुआ खेलता है, पछताता है, फिर भी खेलता है। कवि उससे कहता है कृषि कृषक। वह उससे गाय चराने के लिए नहीं कहता, लूटमार करने के लिए नहीं कहता, खेती करने के लिए कहता है। मानना चाहिए कि खेती आम लोगों का धन्धा होगा तभी उसने जुआरी से ऐसा कहा।

प्राचीन महाकव्यों जैसे यूनान के कवि होमर का इलियड और ओडिसी, मध्य एशियाई का मानस आदि को देखें तो इनसे आर्य संस्कृति तथा आर्यो के धुमन्तू जीवन का पता चलता है। साथ ही भाषा की दृष्टि से अनेक शब्द

* अतिथि विद्वान (हिंदी) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहगढ (म.प्र.) भारत

ऐसे है जो इन सारे ग्रन्थों मे समान रूप से एक ही अर्थ वाले है। इनमें समान संस्कृति या कर्मकांड की भी जानकारी मिलती है जैसे अग्नि पूजा, पशु बलि, मुर्दो को दफनाने की प्रथा जो बाद में भारत में जलाने के रूप में बदल गई आदि शामिल है। आर्यो के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब भारत में आर्यो का आवागमन शुरू हुआ था। भारत में आर्य संस्कृति आन्द्रोनोवा की कार्बन कापी लगती हे जिसमें सारे कर्मकांड शामिल है। यहां सर्वाधिक उल्लेखनीय बात यह है कि आन्द्रोनोवा संस्कृति पुरूष प्रधान थी और जब वे लोग भारत में आए तो यहां के मूल मातृसत्तात्मक समाज को उन्होंने पितृसत्तात्मक समाज में बदल दिया। यही कारण है कि दोनों क्षेत्रों के महाकाव्यों में वर्णित नायक-नायकिओं की भूमिका में अत्यन्त समानता है। रूस के प्रसिद्ध जलवायु वैज्ञानिक खजानोव ने खोज की है कि दो हजार वर्ष ई.पू. मध्य-एशिया में कड़ाके की ठंड पड़ी, जिससे बचने के लिए आर्यजन जान बचाकर भागे और अपेक्षाकृत गर्म क्षेत्र भारत में आकर बस गए।

लोकमान्य तिलक ने भी लिखा है कि आर्य बाहर से पहाड़ पार करके भारत आए थे, क्योंकि पहाड़ों पर देवों का निवास होता है। रामविलास शर्मा ने आर्यो को भारतीय मूल में गौरवान्वित किया है।

अम्बेडकर ने लिखा है आर्य जुआडियों की एक नस्ल थे। आर्य सभ्यता के शुरूआती दौर में जुआ एक विज्ञान के रूप में इस हद तक विकसित हो चुका था कि उन्होंने कई तकनीकि शब्दावलियों का आविष्कार किया। हिन्दुओं ने चार युगों के रूप में कृत, नेत्रा, द्वापर तथा कलि नाम के शब्दों का प्रयोग किया था, जिनमें उनके ऐतिहासिक काल विभक्त किए जाते है। वास्तविकता यह है कि जुआ खेलते समय आर्यजन इन शब्दों का प्रयोग मूलरूप से पांसे के लिए करते थे। सबसे भाग्यशाली पासा कृत तथा अभागा पांसा कलि कहलाता था। त्रेता तथा द्वापर इन दोनों के बीच समझे जाते थे। बादशाहत तथा पत्नियों तक को जुआ के दांव पर लगा दिया जाता था राजा नल जुआ के दांव पर अपना राज्य हार गया था। पांडवों ने उससे भी आगे बढ़कर अपने राज्य तथा पत्नी द्रोपती, दोनों को ही दांव पर लगा दिया तथा वे दोनों को हार गए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रश्नों और आपत्तियो के बीच राचंद तिवारी, पृष्ठ-67
2. 'साम्राज्यवाद और सांप्रदायिकता विरोध सही रास्ता': वेद प्रकाश, वसुधा, पृष्ठ-219
3. वही, पृष्ठ-220
4. भारत को फिर से खोजते हुए : शंभुनाथ, पृष्ठ-144
5. रामविलास शर्मा का प्रच्छन्न हिन्दुत्व : तुलसीराम, पृष्ठ-147
6. वही, पृष्ठ-147
7. भारत को फिर से खोजते हुए : शंभुनाथ, पृष्ठ-139

****

महिला सशक्तिकरण एवं म.प्र.कि. योजनायें

डॉ.रितु गुप्ता *

प्रस्तावना – संपूर्ण भारतीय समाज में लगभग आधी आबादी स्त्रियों की है किन्तु स्त्रियों के पास वास्तविक सम्मान नहीं है। आदिकाल से लेकर आज तक पुरूषों ने स्त्री पर दासत्व ही लादा है। जबकि अतीत साक्षी है। प्रत्येक युग में नारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया है। वह अपने विशिष्ट गुणों के कारण कठोर सामाजिक प्रतिबंधों के चलते विपरित परिस्थितियों में भी अपना रास्ता खोजकर आगे बढती जा रही है। भारत में सन् 2001 में 'महिला सशक्तिकरण वर्ष' मनाने के बाद से निरंतर महिला बाल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

म.प्र.सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की गयी है। प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के लिये नये कार्यक्रमों , योजनाओं और नवाचारों को अपनाया गया है। अब म.प्र. की पहचान ऐसे प्रदेश के रूप में बन गयी है। जहॉ बेटियों को बोझ नहीं बल्कि वरदान माना जाता है। पहली बार प्रदेश सरकार ने स्त्री जीवन की हर पडाव पर मददगार योजनायें बनायी है जो निम्न हैं :-

1. **मंगल दिवस का आयोजन –** आंगनवाडी केन्द्रों के प्रति जन सामान्य को आर्कषित करने, सामूदायिक सहभागिता बढाने तथा आंगनवाडी की सेवाओं को लोकप्रिय बनाने के लिये पुरक पोषण आहार व्यवस्था में परिवर्तन के साथ साथ कुछ नवीन गतिविधियों जैसे 'मंगल दिवस' के रूप में प्रारंभ की गयी है। इन गतिविधियों के अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्रों पर माह के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ मंगलवार को क्रमश: निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

1. गोद भराई कार्यक्रम,
2. अन्न प्राशन कार्यक्रम,
3. जन्म दिवस कार्यक्रम,
4. किशोरी बालिका दिवस

2. **जननी सुरक्षा योजना –** 01 अप्रैल 2005 से म.प्र. में निर्धनता रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाओं के लिये जननी सुरक्षा योजना प्रारंभ की गयी। यह योजना मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर पर अंकुश लगाकर गर्भवती महिलाओं के हितार्थ लागू की गयी है इस योजना का लाभ 19 वर्षो से अधिक वर्षो की महिलाओं को पहले दो जीवित बच्चों के समय प्राप्त हो सकेगा ।

3. **उषा किरण योजना –** महिलाओं एवं बच्चों को घरेलु हिंसा से बचाने के लिये 'महिला संरक्षण अधिनियम 2005' के तहत राज्य सरकार द्वारा उषा किरण योजना चलाई जा रही है इसके तहत पीड़ित महिलाओं को विधिक एवं कानूनी सहायता, पुनर्वास प्रशिक्षण अल्पकालीन आवास, चिकित्सकीय सहायता, पुलिस सहायता, 24 घन्टे हेल्पलाईन आदि सेवायें उपलब्ध करवायी जा रही है।

4. **लाड़ली लक्ष्मी योजना –** बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच उनकी अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, लिंग अनुपात में सुधार, संपूर्ण विकास एवं अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना 01 अप्रैल 2007 से लागू की गयी है योजना के तहत बालिकाओं को 1,18,000/- का बचत पत्र जारी किया जाता है तथा बालिका के कक्षा 6वीं में प्रवेश पर 2000/- रूपये 9वीं में 4000/- रूपये तथा 11वीं एवं 12वीं में 6000-6000 हजार रूपये दिये जाने का प्रावधान है तथा बालिका को 21 वर्ष के उपरांत एक लाख से अधिक की राशि प्रदान की जायेगी।

5. **कन्यादान योजना 2006 –** हर वर्ग के जरूरत मंद माता पिता को उनकी बिटिया के हाथ पीले करने के लिये म.प्र. सरकार कन्यादान योजना के माध्यम से आर्थिक सहयोग दे रही है। इस योजना के तहत विवाह योग्य कन्या के लिये रूपये 12000/- और सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को 3000/- हजार रूपये प्रतिकन्या विवाह के मान से शासन द्वारा सहायता राशि उपलब्ध करवायी जाती है।

6. **तेजस्विनी योजना –** मध्यप्रदेश में महिलाओं के हित में क्रियान्वित किये जा रहे तेजस्विनी ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत लगभग 12000 महिला एवं स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। सरकार द्वारा समय समय पर इन स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

7. **प्रोजेक्ट में मुस्कान –** महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण मातृ मृत्युदर, शिशु मुत्युदर व ऐनिमिया की कमी को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों की 36 प्रतिशत परियोजनाओं में मुस्कान के अंतर्गत विशाल स्वास्थ्य जॉच का उपचार शिविर आयोजित किये जा रहे हैं इन स्वास्थ्य शिविरों में 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चों, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती व धात्री माताओं का स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग व नेत्र रोग चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

8. **बेटी बचाओ अभियान –** मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ अभियान को बड़े धूम-धाम से प्रारंभ किया गया। प्रदेश में लगातार कम हो रही बेटियों की संख्या एवं कन्या भ्रुण हत्या के लिये हमारे समाज में व्याप्त सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक व ऐतिहासिक कारणों का पता लगाने व इस समस्या के समाधान हेतु शासन इस योजना के तहत निरंतर प्रयास कर रही है। शासन के नियम के तहत अब बच्चों के जन्म व मृत्यु की सूचना तुरंत दी जाती है। उसी तरह गर्भपात होते ही सूचना सक्षम अधिकारी को दी जाती है ताकि

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

अवैध गर्भपात रोके जा सकें। बेटी बचाओं अभियान प्रदेश में ही नहीं संपूर्ण राष्ट्र में बेटी एवं बालिओं के लिये सराहनीय कदम साबित हुआ है।

मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले कुछ वर्षो की अवधि में महिला सशक्तिकरण विशेष ध्यान देकर उसे अपनी प्राथमिकताओं में शामिल रखा है। प्रदेश की महिलायें एवं बालिकायें निरंतर प्रगति करें, इसलिये सभी क्षेत्रों में नये-नये कार्यक्रमों व योजनाओं के अलावा नवाचारों को भी अपनाया गया है। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना, उषाकिरण, जननी सुरक्षा, कन्यादान, तेजस्विनी, प्रोजेक्ट मुस्कान एवं बेटी बचाओं अभियान आदि चलायें हैं ताकि प्रदेश की नई तस्वीर उभर कर सामने आये साथ ही महिलाओं के सर्वागीण विकास हेतु विकास कार्यक्रमों के निर्माण, नियमन तथा क्रियान्वयन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिये तभी हम सच्चे अर्थो में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन, कार्यस्थल प्रशिक्षण प्रतिवेदन
2. म.प्र.एक सम्पूर्ण अध्ययन
3. संकलन 'बुकलेट' राष्ट्रीय बालिका दिवस पर म.प्र. महिला बाल विकास द्वारा
   प्रकाशित
4. दैनिक भास्कर
5. प्रतियोगिता दर्पण

****

आदिवासी एवं सामान्य वर्ग की महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी का एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. मंजु शर्मा * सुनीता अगलेचा **

शोध सारांश – नवजात शिशु जन्म के पश्चात लगभग दो या तीन घन्टे बाद अल्प प्रयास के द्वारा मॉ का दूध प्राप्त करने का प्रयत्न करता हैं किन्तु मॉ द्वारा उचित स्तनपान की प्रक्रिया न अपनाने से दूध की उपलब्धता होने पर भी शिशु उससे वंचित रह जाता हैं। शोध अध्ययन के उद्देश्य : आदिवासी एवं सामान्य वर्ग की शिक्षित व अशिक्षित महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी का अध्ययन करना।उपकल्पना: आदिवासी एवं सामान्यवर्ग की शिक्षित एवं अशिक्षित महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी का में सार्थक अंतर नहीं होगा। निदर्शन विधि : प्रस्तुत अध्ययन में बडवानी जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से धात्री महिलाओं को न्यादर्श के रूप में सम्मिलित किया गया हैं। अध्ययन हेतु कुल 420 महिलाएं जिसमें से 210 आदिवासी वर्ग की महिलाएं ओर 210 सामान्य वर्ग की महिलाए (105 अशिक्षित महिलाएं एवं 105 शिक्षित महिलाएं) । का चयन दैव निदर्शन विधि एवं उदेश्यपूर्ण पद्धति द्वारा किया गया हैं। उपकरण: आदिवासी एवं सामान्य वर्ग कि महिलाओं में स्तनपान की प्रवृति का अध्ययन करने हेतु स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया हैं। सांख्यिकीय विधि: संकलित तथ्यों का सांख्यिकिय विश्लेषण करने हेतु काई वर्ग एवं प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया हैं। निष्कर्ष : तथ्यों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता हैं कि आदिवासी एवं सामान्यवर्ग की शिक्षित एवं अशिक्षित महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी में सार्थक अंतर पाया गया हैं।

प्रस्तावना – नवजात शिशु जन्म के पश्चात लगभग दो या तीन घन्टे बाद अल्प प्रयास के द्वारा मॉ का दूध प्राप्त करने का प्रयत्न करता हैं किन्तु मॉ द्वारा उचित स्तनपान की प्रक्रिया न अपनाने से दूध की उपलब्धता होने पर भी शिशु उससे वंचित रह जाता हैं। जैसे सामाजिक कुप्रथाओं, अवांछित मान्यताओं एवं भ्रांतियों के चलते अनेक बार परिवार की बुजुर्ग महिलाओं द्वारा आरम्भिक अवस्था में मॉ के दुध के स्थान पर शहद, गुड का पानी, गंगाजल आदि वैकल्पिक पदार्थ देने का सुझाव दिया जाता हैं किन्तु मॉ के दुध का कोई खाद्य पदार्थ विकल्प नही हो सकता हैं। मॉ के स्तन में प्रसव पश्चात कोलस्ट्रम उत्पन्न होता हैं जो शिशु की पोषणिक आवश्यकताओं की समुचित पूर्ति करता हैं किन्तु उसके रंग एवं बाहरी स्वरूप को देखकर उसे बच्चे के लिए व्यर्थ पदार्थ मान लिया जाता हैं। इस स्थिति में इस धारणा को दूर करने हेतु महिलाओं में पर्याप्त जाग्रति के प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य – आदिवासी एवं सामान्य वर्ग की शिक्षित व अशिक्षित महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी का अध्ययन करना।

उपकल्पना – आदिवासी एवं सामान्यवर्ग की शिक्षित एवं अशिक्षित महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी में सार्थक अंतर नहीं होगा।

निदर्शन विधि – प्रस्तुत अध्ययन में बडवानी जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से तीन तीन गॉव में रहने वाली धात्री महिलाओं को न्यादर्श के रूप में सम्मिलित किया गया हैं। अध्ययन हेतु कुल 420 महिलाएं जिसमें से 210 आदिवासी वर्ग की महिलाएं (105 अशिक्षित महिलाएं एवं 105 शिक्षित महिलाएं) ओर 210 सामान्य वर्ग की महिलाए (105 अशिक्षित महिलाएं एवं 105 शिक्षित महिलाएं) । का चयन दैव निदर्शन विधि एवं उदेश्यपूर्ण पद्धति द्वारा किया गया हैं।

उपकरण – आदिवासी एवं सामान्य वर्ग कि महिलाओं में स्तनपान की प्रवृति का अध्ययन करने हेतु स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया हैं।

सांख्यिकीय विधि – संकलित तथ्यों का सांख्यिकिय विश्लेषण करने हेतु काई वर्ग एवं प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया हैं।

तालिका क्र. 1 (देखे अगले पृष्ठ पर)



तथ्यों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता हैं कि होता हैं कि X^{2cal} का मान 11.92 प्राप्त हुआ हैं जो कि Df =2 (0.05 सार्थकता के स्तर पर) के मान 5.991 से अधिक पाया गया हैं। अत: शून्य उपकल्पना अस्वीकार की जाती हैं। अर्थात आदिवासी एवं सामान्य वर्ग की शिक्षित एवं अशिक्षित

*प्राध्यापक (गृह-विज्ञान) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इंदौर (म.प्र.) भारत
** पी. एच. डी. शोधार्थी (गृह-विज्ञान) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इंदौर (म.प्र.) भारत

महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी में सार्थक अंतर पाया गया हैं।

निष्कर्ष – शोध अध्ययन से यह निष्कर्ष : निकलता हैं कि आदिवासी एवं सामान्य वर्ग कि शिक्षित व अशिक्षित महिलाओं के मध्य अन्तर पाया गया हैं। आदिवासी वर्ग की 80 प्रतिशत अशिक्षित महिलाओं को स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी नही हैं वही सामान्य वर्ग व आदिवासी वर्ग की शिक्षित महिलाएं इन योजनाओं के प्रति सजग पायी गयी हैं।एवं अधिकतर शिक्षित महिलाएं ही स्तनपान संबंधी कार्यक्रमों में 7ाग लेती हैं विशेष कर सामान्य वर्ग की शिक्षित महिलाएं ही इस ओर ज्यादा जागरूक हैं। आदिवासी वर्ग की केवल 17 प्रतिशत अशिक्षित महिलाएं इन कार्यक्रमों में 7ाग लेती हैं जो की बहुत कम हैं। जहॉ सामान्य वर्ग की 5२ प्रतिशत शिक्षित महिलाएं इन कार्यक्रमों में 7ाग लेती हैं वहीं इस ओर ज्यादा जागरूकता लाने की आवश्यकता हैं। अगस्त माह में चलने वाले स्तनपान सप्ताह की जानकारी वि7िन्न वर्गो में अलग अलग पायी गयी है। जहॉ सामान्य वर्ग की 57 प्रतिशत शिक्षित महिलाओ को इसकी जानकारी हैं तो आदिवासी वर्ग की 32 प्रतिशत महिलाओं को इसकी जानकारी है। जबकि आदिवासी वर्ग की केवल 21 प्रतिशत अशिक्षित महिलाओं को ही इसकी जानकारी हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

420
1 अग्रवाल सरला बंसल डॉ अविनाश, शिशु स्वास्थ्य , श्याम प्रकाशन जयपुर, 2008
2 कपिल एच. के., अनुसंधान विधियां, एच पी भार्गव बुक हाउस, आगरा, 2012
3 एस. विवेक अधिश, शिशु एवं बच्चों की आहार पूर्ति परामर्श, बी. पी. 33 पीतमपुरा हाउस, मेरठ, 2005
4 ससेना मनीषा, झाबुआ जिले की भील आदिवासी महिलाओं में शिशु की पोशण संबंधी आदतें, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर, 1999
5 मॉ का दूध शिशु का प्रथम टीकाकरण, हिन्दी मासिक पत्रिका, इन्दौर 2011
6 विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त महिला एवं बाल विकास विभाग धार, म. प्र., 2003

Internet Sites :-

1. breast feeding promotion network of india (BPNI)
2. shanti ghos breast feeling talk
3. unicef repart for breast feeding
4. www. linkages project org.
5. birth inifiation of breast feeding and the first seven days after birth.
6. www.researchlink.com

तालिका क्र. 1 – आदिवासी एवं सामान्यवर्ग की शिक्षित एवं अशिक्षित महिलाओं में स्तनपान संबंधी योजनाओं की जानकारी में सार्थक अंतर नहीं होगा।

		सामान्य वर्ग			आदिवासी वर्ग			
क्रं.	जानकारी	शिक्षित महिलाएँ : संख्या	अशिक्षित महिलाएँ : संख्या	योग	शिक्षित महिलाएँ : संख्या	अशिक्षित महिलाएँ : संख्या	योग	महायोग
1	सम्पूर्ण	40	36	38	30	25	28	33
2	आंशिक	29	26	27	24	18	21	24
3	बिल्कुल नही	31	38	35	46	57	51	43
	योग	100 **N=**105	100 **N=**105	100 **N=**210	100 **N=**105	100 **N=**105	100 **N=**210	100 **N=**420

****

विश्व मानवाधिकार और भारतीय महिलायें

डॉ.रितु गुप्ता *

प्रस्तावना - विश्व की उत्पादिका पोषिका शक्ति सम्पन्न गृहस्थ की मूल संचालिक महिलाओं की कार्यकुशलता सदाचरण, सुशिक्षा एवं बुद्धिमता पर विश्व मानव समाज का स्वरूप आधृत होता है। उच्च गुणों से संबंधित नारियों के समूह से परिवार ग्राम, राष्ट्र और विश्व भी समुन्नत हो सकता है। ऐसे में नारी जाति के सुशिक्षित एवं सुंसकृत होने के प्रयास पर विशेष बल देने की जरूरत है। महिलाओं के उपेक्षित जीवन मूल्यों के परिणाम स्वरूप ही विश्व मानव समाज में बुराईयों को पनपने का अवसर मिल रहा है। विश्व मानवता की दुर्दिन अवस्था को स्वीकार करते हुये तथा उसे चुनौतीपूर्ण ढंग से लेते हुये विश्व शांति एवं समृद्ध संस्थापना के पक्षधर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं के सर्वजीवन मूल्यों के उत्थानार्थ तमाम कार्यक्रम शुरू किये गये हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृति परिषद द्वारा इस दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। महिलाओं के संदर्भ में विश्व मानव अधिकार की व्यवस्थायें इसी अंग के द्वारा कियान्वित की जा रही हैं संयुक्त राष्ट्र संघ की चार्टर के प्रस्तावना में कहा गया है कि 'हम संयुक्त राष्ट्र संघ के लोग .... मूलभूत मानव अधिकार में मानव की गरिमा और महत्व में तथा स्त्री-पुरूष के समान अधिकारों में आस्था व्यक्त करते हैं ...'इस प्रकार चार्टर में महिलाओं की समानता के अधिकार की घोषणा की गयी है। मानवाधिकारों के सर्वभौमिक घोषणा पत्र 1948 के कई अनुच्छेढों में महिला अधिकारों का उल्लेख मिलता है जिनमें प्रमुख निम्नवत् हैं।

अनुच्छेद - 2 के अनुसार - प्रत्येक व्यक्ति इस घोषणा पत्र में वर्णित सभी अधिकारों व स्वतंत्राओं का हकदार है इसमें मूलवंश, वर्ग, लिंग, धर्म, राजनीति, राष्ट्रीयता, सामाजिक उदभव, संपत्ति, जन्म या अन्य परिस्थिति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा।

अनुच्छेद-16-(1) के अनुसार - वयस्क पुरूषों और स्त्रियों को मूलवंश, राष्ट्रीयता या धर्म के कारण किसी सीमा के बिना विवाह करने और कुटुम्ब स्थापित करने का अधिकार है।

अनुच्छेद-23 (2) के अनुसार - प्रत्येक व्यक्ति को किसी भेदभाव के बिना समान कार्य के लिये समान वेतन का अधिकार है।

अनुच्छेद-26-(1) के अनुसार - प्रत्येक व्यक्ति को शिक्ष का अधिकार प्राप्त है जो कम से कम प्रारंभिक और मौलिक अवस्था में नि:शुल्क होगी।

इस प्रकार भेदभाव रहित सिद्धांतों की सृजनता भी विश्व मानव अधिकार के 10 दिसम्बर 1948 के घोषणा पत्र का परम उद्देश्य है। मेक्सिको में आयोजित प्रथम विश्व सम्मेलन में महिलाओं के विकास तथा शांति पर बल दिया गया। द्वितीय तथा तृतीय सम्मेलनों में तीन प्रमुख विषय शिक्षा, नियोजन तथा स्वास्थ विषयों पर महिलाओं की उन्नति के लिये 2000 तक 'निरोबी अग्रिममुखी रचना कौशल' के नाम से चतुर्थ विश्व सम्मेलन आयोजित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ था महिलाओं के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार का जो प्रारूप तैयार किया उसमें इन सम्मेलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सन 1945 से 1995 तक महिलाओं के लिये अनेक प्रयास किये गये, वे महिलाओं की अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार के समर्थन में आधार स्तम्भ स्वरूप हैं। महासभा द्वारा 1949 में व्यक्तियों के अवैध व्यापार पर रोक लगायी गयी। महिलाओं के लिये संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा संघ विकास निधि बनाई गयी है। जो महिलाओं के विकास कार्य के लिये व्यय करती है।

1975 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंर्तराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया गया था ताकि संपूर्ण विश्व में महिला उत्थान और विकास के प्रति चेतना जगाई जा सके। संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे बडा अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार सम्मेलन जो आस्ट्रिया की राजधानी वियाना में सम्पन्न हुआ था जिसमें महिलाओं और बच्चों को सार्वभौमिक मानवाधिकार का अभिन्न अंग माना गया तथा महिलाओं के मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों को तेज करने का सभी देशों से अव्हान किया गया।

भारत सदैव से ही महिला अधिकारों का पक्षधर रहा है। भारतीय संविधान के निर्माता भारत में महिलाओं की स्थिति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से परिचित थे। इसके साथ ही राष्ट्रीय आन्दोलन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के परिणाम स्वरूप भारतीय संविधान निर्माताओं ने महिलाओं को समानता का अधिकार प्रदान करने का निश्चय किया। संविधान की अभूतपूर्व देन थी कि जिन महिला अधिकारों के लिये महिलाओं को सतत सघर्षरत् रहना पडा वे अधिकार भारतीय महिलाओं संविधान लागू होने के साथ ही प्राप्त हो गये।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 14 में महिलाओं को 'विधि के समक्ष समानता' का प्रावधान रखा गया है।

अनुच्छेद 15 (3) यह उपबधित करता है कि कोई भी बात राज्य को स्त्री एवं बालकों के लिये विशेष उपबंध बनाने से नहीं रोक सकती है।

अनुच्छेद 23 एवं 24 में महिलाओं एवं बालिकाओं को शोषण के विरूद्ध अधिकारी प्रदान किया गया है।

इस तरह भारतीय सविधान द्वारा महिलाओं और स्त्रियों के लिये संविधान निर्माण के समय से ही अधिकारों की व्यवस्था की गयी है।

भारतीय संविधान द्वारा महिलाओं के लिये अनेक कानून बनाये गये हैं जैसे- स्त्री तथा लड़की अनैतिक व्यापार दमन अधिनियम 1986, कर्मचारी राज्य अधिनियम 1948 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 भारतीय तलाक

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

अधिनियम 1869, बाल विवाह अधिकार अधिनियम 1929, परिवार न्यायालय अधिनियम 1984, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं निर्भया अधिनियम आदि बनाये गये हैं। ताकि महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित एव संरक्षित किया जा सके।

वर्तमान समय में संयुक्त राष्ट्र संघ एवं भारत द्वारा मानवतावादी, बुद्धिजीवियों, समाज सुधारकों से अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की उन्नति एवं उनके सम्मान को संरक्षित एवं सवंर्धित करने के प्रयास पर बल देने के लिये अव्हान किया जा रहा है। विश्व मानव समाज के प्रत्येक सदस्य को चाहे वह नर हो या नारी सम्मानपूर्वक जीने का हक है। ये वे मानव अधिकार हैं जो सभी मानव को मनुष्य होने के आधार पर मिलना चाहिये। देश व राज्य स्तर पर इनका उल्लेख मौलिक अधिकारों के रूप में हैं जो कि आज्ञापक हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. परीक्षा मंथन
2. प्रतियोगिता दर्पण
3. पाण्डे जयनारायण 'भारत का संविधान'
4. व्होरा आशारानी 'भारतीय नारी की दिशा' नेशनल पब्लिसिंग हाउस नई दिल्ली
5. दैनिक भास्कर,
6. नई दुनिया

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

अतीत और वर्तमान मे मीडिया : महिला, दलित एवं अल्पसंख्यक

रमेश चन्द मीना *

प्रस्तावना - प्राचीन काल मे ही सामाजिक परिवेश में कुछ विसंगतिया जन्म ले चुकी थी जिनका नकारात्मक प्रभाव सामाजिक व्यवस्था को अनवरत रूप से दूषित करता आ रहा है। बौद्धिक विकास के साथ-साथ सामाजिक स्वरूप में तो परिवर्तन आता गया परन्तु लिंग, जाति एवं सामुदायिक विभेदीकरण जैसी समस्याएं पनपने लगी। समाज का स्तरीकरण होता गया ओर समाज में उच्च एवं निम्न वर्गो का उद्‌भव हुआ। प्रारम्भ में ये वर्ग अस्थाई रूप से बनते थे और अधिक शक्तिशाली वर्ग अपने आपको उच्च कोटि का मानते हुये कमजोर एवं शक्तिहीन वर्ग का शोषण करता था। महिलाओं और पुरूषों के मध्य लैगिंक असमानता का उद्‌भव भी शारीरिक बल के आधार पर शक्तिशाली होने को परिलक्षित करता है। परिवार के स्वरूप में प्राचीन काल से वर्तमान समय तक पुरूष प्रधान व्यवस्था बनी हुई है। वैश्विक स्तर पर अनेक धार्मिक सम्प्रदाय बने हुये है। जिनका उद्‌भव अलग-अलग क्षेत्रों की संस्कृति के अनुसार हुआ है। भूमण्डलीकरण के दौर में विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृतियों का समावेश होने लगा ओर सामप्रदायिक विभेदीकरण के कारण बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक समुदायों का उद्‌भव हुआ। बहुसंख्यक समुदायों में अल्प संख्यक समुदायों के प्रति द्धेष पैदा होने लगा जो वर्तमान समय में भी एक ज्वलंत समस्या बनी हुई है। मीडिया जगत सत्ता एवं प्रजा के मध्य एक सामांजस्य पूर्ण कड़ी का कार्य करता है। विवश एवं कमजोर वर्गो को राष्ट्रीय धारा में लाने हेतु मीडिया जगत के प्रयास सराहनीय है। अपने सम्पादकीय लेखों के माध्यम से साम्प्रदायिक सौहार्द बढ़ाने हेतु किए जा रहे प्रयास मीडिया जगत की सकारात्मक सोच को परिलक्षित करता है। मीडिया जगत अपनी बढ़ती हुई भागीदारी के कारण जनतंत्र में चौथे स्तम्भ के रूप में अपने आपको प्रदर्शित कर रहा है। प्रतिस्पर्धात्मक दौड़ में समाचार पत्रों की गुणवत्ताा में नियमित रूप से सुधार हुआ है। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जनतंत्र की सुनिश्चितता हेतु विभिन्न निकायों की स्थापना में मीडिया जगत का अहम योगदान रहा है। महिलाओ की सुरक्षा का मुद्दा उठाकर बनाये गये नये कानूनों के गठन में मीडिया जगत के प्रयास उल्लेखनीय हैं। दलितों एवं अल्प संख्यको के साथ होने वाले अत्याचारों को प्रभावी रूप से प्रकाशित किये जाने से सत्ता का ध्यान इनकी समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाता रहा है। परन्तु जनकल्याणकारी कार्यो के साथ - साथ मीडिया जगत के नकारात्मक विकार भी बढ़ते जा रहे हैं जिनके परिणाम स्वरूप मीडिया जगत अपनी स्थापना के उद्देश्य से विचलित होता हुआ नजर आ रहा है।

भारतीय उपमहाद्धीप का ऐतिहासिक परिदृष्य -वैदिक काल में समाज में वर्ण व्यवस्था प्रचलित थी जिसके अनुसार सामाजिक स्वरूप ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैष्य एवं शूद्र वर्गो में विभक्त था। समाज का यह वर्गीकरण राजतंत्र की व्यवस्था के अनुसार था जो सामाजिक असमानता को व्यक्त करता है। परन्तु यह व्यवस्था पूर्णतया स्थाई नही थी और व्यक्ति अपनी योग्यतानुसार समाज के किसी भी वर्ग में स्थान प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र था। जिसका ऋगवेद मे स्पष्ट उल्लेख मिलता है। किसी भी वर्ग के व्यक्ति द्धारा वेद, उपनिषद आदि में विद्धता हासिल करने पर ब्राह्मण के रूप में तथा युद्ध एवं पराक्रम के माध्यम से क्षत्रिय के रूप में और व्यापारिक कार्यों में निपुणता हांसिल करने पर वैष्य वर्ग में स्थान प्राप्त किया जा सकता था। इन तीनों वर्गो में स्थान प्राप्त करने में असमर्थ व्यक्ति शूद्र वर्ग की श्रेणी में आते थे जो अन्य तीनों वर्गो की सेवा करने का दायित्व सम्भालते थे। अत: यह कहना उचित होगा कि वैदिक काल की सामाजिक व्यवस्था में राजतंत्र के साथ-साथ जनतंत्र का भी समावेश था जिसके माध्यम से व्यक्ति को अपनी योग्यतानुसार सामाजिक पद प्राप्त करने की स्वतंत्रता थी। वैदिक काल मे महिलाओं की सामाजिक स्थिति पुरूषों की तुलना में उच्च थी। महिलाओं के प्रति विषेश सम्मान के कारण इन्हें दैवीय स्वरूप प्राप्त था। धार्मिक स्वरूप में एकरूपता थी और सम्पूर्ण समुदाय मातृदेवी की आरधना करते थे। मानव द्धारा निर्मित सभ्यता एवं संस्कृति के विकास की चरम अवस्था वैदिक काल में प्रतीत होती थी।

बीसवीं सदी में मीडिया जगत का योगदान - उन्नीसवीं सदी के अन्तिम दशक से ही राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया की सक्रियता का प्रभाव दिखायी देने लग गया था। सम्पूर्ण भारतवर्ष में चल रहे राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय आन्दोलनों के प्रचार - प्रसार के माध्यम से मीडिया अपनी पहचान बना चुका था। राष्ट्रीय आन्दोलनों के साथ-साथ विभिन्न समाज सुधारकों द्धारा महिलाओं की स्थिति सुधारने हेतु प्रयास किये गये महिलाओं को सम्मान दिलाने एवं समाज में व्याप्त विभिन्न कुप्रथाओं जैसे सतीप्रथा, दहेजप्रथा आदि के उन्मुलन में समाचार पत्रों एवं प्रचलित पत्र-पत्रिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। इसी प्रकार विधवा विवाह एवं दहेज निरोधक अधिनियम को लागू करवाने में किये गये प्रयास अविस्मरणीय है। महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राज्य स्तर पर राज्य महिला आयोगों की स्थापना में मीडिया जगत का योगदान रहा। महिलाओं पर किये जाने वाले अत्याचारों से मुक्ति दिलाने हेतु इन आयोगों की स्थापना की गई। महिलाओं हेतु महिला स्वयं सहायता समुह एवं महिला सहकारिता के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मीडिया जगत का अनवरत सहयोग रहा है। महिलाओं को राजनैतिक अधिकार प्रदान करने हेतु राज्य स्तर पर महिलाओं को पंचायतीराज एवं शहरी निकायों में आरक्षण दिलाने में समाचार जगत का उल्लेखनीय योगदान रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की विभिन्न सेवाओं में महिलाओ को आरक्षण प्रदान कर के इनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में मीडिया जगत द्धारा समय समय

* व्याख्याता (वनस्पति शास्त्र) राजकीय स्नातकोत्तार महाविद्यालय थानागाजी, अलवर (राज.) भारत

पर प्रयास किये जाते रहे है।

दलित वर्गों के उत्थान हेतु विभिन्न समाज सुधाराको के प्रयास समाचार पत्रों के माध्यम से ही सफल हो पाये थे। डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के प्रयासों से समाज के पिछड़े वर्गो को राष्ट्रीय धारा में लाने हेतु की गई पहल के साक्षी बनकर समाचार पत्रों ने उनके कार्य को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। दलित एवं पिछड़े वर्गो को राष्ट्रीय स्तर पर राजनैतिक एवं सार्वजनिक सेवाओं में प्रदान किये गये आरक्षण के माध्यम से इन वर्गो की विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने हेतु संविधान में किये गये उपबंध डॉ. भीमराव अम्बेड़कर द्वारा विकसित राष्ट्र के निर्माण हेतु की गई दूरगामी पहल को परिलक्षित करते है। दलितों के मानवाधिकारों के हनन को रोकने हेतु समय समय पर जन चेतना लाने का प्रयास किया जाता रहा है। समाज में प्राचीन काल से प्रचलित विभिन्न कुरीतियों जैसे ऊंच-नीच, छुआ-छूत आदि के उन्मूलन में समाज सुधारकों द्वारा किये गये प्रयासों का प्रकाशन करके इन समस्याओं के उन्मूलन में समाचार पत्रों द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। जिनके फलस्वरूप जनतंत्र के संविधान में इनके अधिकारों के संरक्षण हेतु विशेष उपबन्ध किये गये। दलितों की समस्याओं के उचित निराकरण हेतु राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोगो की स्थापना में मीडिया जगत का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

अल्प संख्यको के हितों को ध्यान में रखते हुये संविधान में भारत को धर्म निरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया है जिससे विभिन्न धर्मो के मतावलम्बी अपने धार्मिक स्वरूप को सुरक्षित रख सके। भारत की स्वतंत्रता के समय अल्पसंख्यको की कुल जनसंख्या लगभग 17 प्रतिषत थी जिसमें मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी समुदाय सम्मिलित थे इन सभी समुदायों के हितों के संरक्षण हेतु समाचार जगत द्वारा इनकी समस्याओं के प्रति समाचार पत्रों के माध्यम से सत्ता का ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा है। जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में इनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई। विभिन्न स्वार्थो से प्रेरित साम्प्रदायिक दंगों का मीडिया जगत द्वारा इनके पीछे निहित स्वार्थ को सामने लाया जाता रहा है। जिससे इस प्रकार की समस्याओं का समाधान सम्भव हो सके और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आवश्यक सम्भव प्रयास किये गये।

वर्तमान में मीडिया के प्रयासरत कार्य - बीसवीं सदी से ही मीडिया की सभी क्षेत्रों में बढ़ती हुई सक्रियता परिलक्षित होने लग चुकी थी। जनतंत्र में मीडिया जगत की भागीदारी सम्पूर्ण सार्वजनिक कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाती है। वर्तमान समय में मीडिया जगत आवश्यक एवं अविकल्पी उपक्रम बन गया जिसके बिना सत्ता एवं प्रजा के मध्य सामंजस्य स्थापित नहीं किया जा सकता है। महिलाओं के प्रति सरकार के उत्तारदायित्वों की पालना हेतु मीडिया जगत द्वारा किये गये प्रयास सराहनीय है। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं के प्रति विभिन्न क्षेत्रों में सत्ता की जवाब देही सुनिष्चित की जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा की समस्या वर्तमान समय की एक ज्वलंत समस्या है। विगत 16 दिसम्बर की दिल्ली की घटना ने तो दरिंदगी की सभी हदे पार कर दी थी। मीडिया जगत ने सम्पूर्ण राष्ट्रीय स्तर पर इस घटना के प्रति सभी को आगे आने के लिए आव्हान्वित किया था। जिसके परिणाम स्वरूप इस घटना के प्रति सम्पूर्ण देश में सभी जगह विरोध प्रदर्शित किया गया तथा समाचार जगत की सक्रिय भागीदारी के द्वारा दिल्ली की दामिनी को न्याय मिल पाया। महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गम्भीर होकर केन्द्र सरकार द्वारा आवश्यक एवं जरूरी संवैधानिक उपाय किये गये। परन्तु अभी भी हजारों दामिनी अपने लिए न्याय की प्रतीक्षा कर रही है। महिलाओं की वर्तमान स्थिति के लिए राजनीतिक स्वार्थ के साथ-साथ न्यायपालिका की धीमी कार्य प्रणाली अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। न्यायपालिका के सुस्त रवैये के कारण आपराधिक मामलों के निस्तारण में वर्षो तक का समय लग जाता है। जिसके कारण आपराधिक कृत्य करने वालों का मनोबल बढ़ता है।

वर्तमान समय में दलित वर्ग की भागीदारी समस्त क्षेत्रों मे बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा अपेक्षित प्रयास किये जा रहे है। दलितों हेतु संविधान में किये गये उपबन्धों के माध्यम से इनकी सामाजिक स्थिति में अपेक्षित सुधार हुआ है। परन्तु दलित समुदाय भी दो वर्गो में विभेदित होता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसमें समुदाय का उच्च वर्ग जो सार्वजनिक सेवाओं एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पकड़ बना चुका है वह सत्ता द्वारा प्रदत्ता समस्त सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहा है। परन्तु दूसरी ओर समुदाय का निम्न वर्ग जो आज भी सत्ता द्वारा प्रदत्ता लाभों से वंचित है। इन की राजनीतिक, शैक्षिक एवं सार्वजनिक क्षेत्र में दयनीय स्थिति है। मीडिया जगत द्वारा समय - समय पर इनके साथ होने वाले अन्यायों को प्रदर्शित किया जाता रहा है। ग्रामीण परिवेषों में आज भी दलित वर्गो का जमीदारों द्वारा शोषण किया जा रहा है आर्थिक सहयोग के बहाने इस वर्ग का सूदखोरो, व्यापारियों एवं मुनाफाखोरो द्वारा शोषण किया जाता है। मीडिया जगत द्वारा हाल ही में मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में बन्धुआं मजदूरी के रूप में कार्यरत मजदूरों का जिक्र किया गया है। परिस्थितियों के हालातों से मजबूर इनके बच्चों की पीठ पर स्कूल बस्ते के स्थान पर आजीविका चलाने का बोरा लाद दिया जाता है। समाचार पत्रों में कचरे में से थैली बीनते हुये बच्चों, बुजर्गो एवं बेरोजगार व्यस्कों की तस्वीरों को प्रस्तुत किया जाता है तो सत्ता पक्ष द्वारा इनके उत्थान हेतु चलाये जा रहे कार्य क्रमों की पोल सामने आ जाती है।

अल्पसंख्यको के कुछ समुदायों की जनसंख्या की प्रतिशत में विगत कुछ समय से गिरावट आ रही है। जिसका प्रमुख कारण इनके प्रति की जाने वाली उपेक्षित प्रवृत्ति है राजनीतिक स्वार्थ के कारण इन वर्गो को उपेक्षित करके बड़े समुदायों के मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित किया जाता है। इनकी लुप्त होती जा रही संस्कृति के प्रति मीडिया जगत के द्वारा घ्यान आकर्षित किया जाता रहा है। इनके प्रति अन्य समुदायों द्वारा किये जाने वाले अन्याय को नियमित रूप से दृष्टि पटल पर लाया जाता रहा है। हाल ही में जैन समुदाय को अल्प संख्यक का संवैधानिक दर्जा प्रदान करके इनके प्रति सत्ता द्वारा अपनी सहानुभूति प्रकट की हैं। अपने हितों के प्रति उपेक्षित व्यवहार के कारण इन समुदाय की विचारधार में राष्ट्रविरोधी गतिविधियां पनपती है। राष्ट्रीस स्तर पर विभिन्न राष्ट्रविरोधी संघटनों को उद्‌भव इनके प्रति किये गये उपेक्षित व्यवहार का ही परिणाम है। मीडिया जगत द्वारा इनकी वास्तवी समस्याओं के प्रति सत्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है। जिनमें से कुछ समस्याओं का समाधान हेतु सम्भव प्रयास किये जाते है। समाचार जगत द्वारा अल्पसंख्यकों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों को प्रकाशित करके इनसे अवगत कराने का प्रयास किया जाता रहा है। इनके धार्मिक महत्व को बढ़ावा दिये जाने का प्रयास भी मीडिया जगत द्वारा नियमित रूप से जारी है।

जनतंत्र के अन्तर्गत जनसाधारण के हितों को ध्यान में रखते हुये नित नये राष्ट्रव्यापी निर्णय लिए जाते है। मीडिया जगत के द्वारा अपनी विकसित संचार प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय गतिविधियों को द्रुतगति से प्रसारित एवं प्रकाशित करके जनसामान्य के दृष्टि पटल पर लाया जाता है।

निष्कर्ष - इस प्रकार यह कहना ही उचित होगा की जनतंत्र में चौथे स्तम्भ

के रूप में पहचान बना चुके मीडिया जगत के बिना जन कल्याणकारी गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संचालित नहीं की जा सकती है। विभिन्न गतिविधियों में पारदर्शिता लाने एवं सम्बन्धित निकाय की जवाबदेही सुनिष्चित करना मीडिया जगत के बिना सम्भव नहीं है। राजनीति से लेकर औद्योगिक, वैज्ञानिक, व्यापारिक आदि क्षेत्रों की गतिविधियों के प्रचार प्रसार का समाचार जगत प्रबल माध्यम बन चुका है परन्तु मीडिया जगत का होता हुआ व्यापारीकरण इसके नकारत्मक प़क्ष को उजागर करता है। विभिन्न अवसरों पर समाचार पत्रों के लेखों पर राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की लालसा स्पष्ट झलकती हुई नजर आती है। विज्ञापनों का बढ़ता हुआ प्रचलन मीडिया जगत को अपने लक्ष्य से विचलित कर रहा है। अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए क्रियाशील रहने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं शत-प्रतिशत ईमानदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पुष्पा मैत्रेयी, त्यागी रविन्द्र नाथ – व्यंग्य समय
2. जैन सुनिता– सीधी कलम सधे ना
3. मिश्रा प्रताप नारायण – रचनावली 4
4. भटनागर राजेन्द्र मोहन – डॉ. अम्बेडकर जीवन मर्म
5. बच्छोतिया हीरालाल – विद्राहिणी शबरी
6. खुरान गुरूदीप – रोशनी में छिपे अंधेरे
7. सिंह भगवान – भारत तब से अब तक
8. कमलेश्वर – गर्दिश के दिन
9. शर्मा रामविलास – भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश
10. पाण्डेय शम्भूनाथ – वे जो प्रेरणा स्त्रोत है
11. काम्बले बेबी – जीवन हमारा
12. कुलश्रेष्ठ कल्पना – उस सदी की बात
13. सचदेव पद्मा – अक्खर कुंड
14. चन्द्रिकेश जगदीश – झूठ नहीं बोलता इतिहास
15. शर्मा चन्द्रिका प्रसाद – सप्त आदर्श महिलाऐं
16. कपूर मस्तराम – विपथगामी
17. बलराम – बीसवीं सदी की लघुकथाएँ
18. वशिष्ठ सुदर्शन – हिमालय गाथा-3 (जनजाति संस्कृति)

****

An Analytical Study Of Investment Pattern Of Selected Public And Private Sector Life Insurance Companies In India

Dr. Shraddha Mittal *

Abstract - With the fast growing globalization, liberalization and surge of economic activities in the past few years, the conceptual process and way of risk management has undergone a sea change across the financial and business world. The Insurance which has become very vibrant in the last few years particularly since the opening up of industry is no exception. Investment operations are not to be considered as incidental but crucial to the business of insurance. Insurance companies take three types of risk namely underwriting risk (pricing); leverage risk (premium to surplus) and investment risk (choice of assets for investment). Insurers are required to generate reserves for claims that might arise and over a period a large corpus of funds is built up. It is important that insurance companies invest these funds judiciously with the combined objectives of liquidity, maximization of yield and safety as the returns on investments of life funds influence the premium rates and bonuses of life insurance business.
Keywords - Investment Pattern, Investment strategies, Fund Management etc.

Introduction - With the Indian President's formal assent on the Insurance Regulatory and Development Authority Bill 1999 passed by both the houses of parliament in the winter session, a new chapter began in India's one of the biggest capital formation sector i.e. Insurance sector No doubt all life insurance companies in India have to comply with the strict regulations laid out by Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDA) but despite the genuine differences in opinion, ideology or otherwise on insurance privatization now that the IRDA itself pointed out the need to review the specified pattern of investment of funds by the insurance companies. The new investment strategies have to be drawn up to increase the yields on its investments because companies are finding difficult to match its long term liabilities as current interest rates have been falling for the last couple of years and it has been forced to close down a few guaranteed high return policies as many securities does not justify investment criteria of safety, yield, liquidity and marketability. Thus in order to continue the growth, match international standards and outline possible investment trends and challenges in drastically transformed nationalized to liberalized insurance market there is a constant need to address the key issues like: -

How do people and insurance companies invest? How insurance companies have designed there investment patterns over a period of time? Is there a pattern which may emerge for the way insurance companies may invest in the markets? Is there pattern of investment correct to work in favor of investors? What factors explain their investment decisions, activities, or function etc.?

Thus the curiosity to know about these mentioned issues regarding Fund management in insurance companies is the weighing trend for new investment avenues in financial markets. The insurance companies mainly have income generation by underwriting commission and premium. It then invests the internal and surplus funds either in capital formation or in investment as per Insurance Act .In fact, returns on investment influence the premium rates and bonuses and investment income will continue to be an important component of insurance company profit. Thus Investment returns, particularly in emerging markets are directly related to regulatory control and management of investment decision and plan. These study is an attempt to indicate how the growing trends and specific shifts in premium generation and the investment patterns of Indian Life Insurance companies over the years both at aggregate and disaggregate level of major insurance companies group including selected public and private Life insurance players like LIC, HDFC, ICICI Prudential, Birla Sun Life, SBI Life etc.

Review Of Literature - Oyejide and Soyode (1976) investigated the patterns, growth and problems of insurance company's investments in Nigeria. The objective of the work was "to look at the insurance companies in general and the life insurance companies in particular as investors noting their characteristics, and their potentials in the Nigeria capital market.

Palande PS, Shah R.S. Linawat M.L (2003) provides an overview of vast opportunities for Indian insurance

* Faculty (Commerce) Pt. S. N. S. P. G. College, Shahdol (M.P.) INDIA

Market and also highlights the compelling need for quality and cost effective investment pattern in Indian insurance Market.

Jelena Koèoviæ,Tatjana ;Rakonjac Antiæ,and Marija Jovovi ,December (2011) discuss the impact of the global financial crisis on the scale and structure of investment portfolios of insurance companies, with respect to their difference compared to other types of financial institution, which derives from the specific nature of insurance activities.

Objectives :

1. To examine the existing investment patterns, methods, exposure limit and fund avenues in which selected Life insurance companies invest their funds in India.
2. To undertake a comparative and analytical study of selected public and private Life Insurance Companies with regard to their investment and portfolio management practices.
3. To review the scope for modification of market mechanism and investment asset management in Life insurance Sector.

Hypothesis - The main hypothesis of the study is as follows :

1. There is no significant relationship between investment portfolio performance and Fund management of selected Life Insurance public and Private Companies as far their selection of investment avenues is concerned.
2. There is no significant relationship between growth rate in investment assets and investment yield of selected Life Insurance public and Private Companies.

Research Methodology - The study is done on insurance companies in India specifically of total 24 life insurance companies including both public and private players being discussed on the basis of 6 sample companies which includes the only public sector co. (i.e. LIC) and top 5 ranking private sector co. (ie ICICI prudential life, Bajaj Allianz, SBI life, HDFC Life, Birla sun life) operating in India as per the survey report of RNCOS 2015-16.The non-probability purposive technique of sampling is used and the criteria for selection of sample unit for the study was company's growth position, market size, trends in business premium, volume of profit in both public and private sector insurance companies. The study mainly reveals the assessment of investment pattern; investment strategies and various investment avenues, future investment plans etc opted by selected companies.

Limitation Of Study :

1. The study is an attempt to evaluate the contribution and investment pattern performance analysis of life insurance sector only and does not show what the Non-life sector is worth of to Indian Insurance industry.
2. The scope of study is limited and discloses only trends in investment avenues ignoring the other presumptions affecting the long term portfolio and investment performance.
3. The study analyses only selected Indian life insurance companies on the basis of their past performance and selected analytical tools.

Investment Pattern Regulation And Management - The regulation of investment of insurance companies needs to focus on :

1. Solvency requirements
2. Asset valuation regulation
3. Minimum percentage of the fund to be invested in certain asset categories.
4. Restriction on the maximum amount of investment in certain classes of assets.
5. Restriction on the percentage of funds that can be invested in any one company/industry.
6. Treating some assets as inadmissible for valuation purposes.

Factors To Be Considered For Investment Pattern Decision And Practices - The pattern of investment for insurance companies and pension funds is primarily influenced by the nature of the liabilities- whether they are denominated in real or nominal terms. It is also important to match assets and liabilities in terms of currency. The "typical" liability profile of insurance companies and pension funds is as follows.

Table 1 & 2 (see in next page)

Conclusion - The study underlined that there is need to take a critical look at the investment function and decisions of these companies or the industry as a whole .Also companies should redefine long-term securities, for high-yield, even risky, industrial ordinary stocks; and its non need for marketable short-term securities. It has been hypothesized that the overall investment decision of the insurance Industry is a positive function of their level of funds mobilization (represented by total premiums), capital base, rate of economic growth, and rate of return on Government treasury Investments, level of investment in the previous years and profitability of operations. The inclusion of the rates on Government treasury investment is predicted on the fact that much of insurance funds are restricted by law from being plunged into Government securities in the money market. The approach here in this study, however is to relax investment provisions instead of reducing the minimum requirements which would encourage active participation in insurance business, discourage the insurers from thriving on illegality and possibility of making secrete. The analysis concluded by noting the great variation in the asset holdings of life insurance companies, owing to the need to match assets with the maturity structure of their liabilities. Also, investments in the previous periods though positively related, is not a significant vector in current investment decisions. Hence the study provides clear indication for the urgent need for healthy portfolio management practices along with managerial re-orientation starting from the point of Business policy and strategy.

Measures To Realize Growth Potentials Of Life Insurance Sector With Regard To Investment

Management - While the macro-economic backdrop remains favorable to growth, there are still major hurdles to overcome in order for India to realize the growth potential :

1. On the regulatory side, there are outstanding issues concerning solvency regulations, further liberalizing of investment rules, caps on foreign equity shareholdings as well as the enforcement of price tariffs in the life insurance sector.
2. Existing rules and guidelines prohibit insurance companies and pension funds from investing in private limited companies, which needs to be scrapped or modified.
3. Insurance companies and pension funds should be allowed to invest in derivatives, in both equities and bonds. This is essential for hedging their exposure in the cash market. Each of the regulators should evolve a roadmap with a definite time-frame and clearly.

References :-

1. "Some Issues Concern in Privatization and Regulation of Insurance Sector " by Bedi,S.K; Paper presented in National Conference on Privatization of Insurance Sector: Corporate Challenges and Strategies, Rohtak. Nov. 5, 2001.
2. Jain M.K., Determination of Capital required in a Life Insurance Business, The Chartered Accountant, Sept. 2001.
3. Meder, R.C., Changes in the Global Insurance Market by R.C.Meder, ICFAI Reader, Hyderabad May 2001.
4. "Investment Trends" by Naidu, G. Kuara Swamy, Portfolios Maganizer: ICFAI ,Hyderabad, March 2003

Table 1 : Factors to be considered for Investment Pattern Decision and Practices -

Growth rate in gross premiums written	Consider:Past and current growth rates in gross premiums written; Past and current inflation; Past and current real growth rates in gross premiums written; Expected inflation; Current inflation predicts growth in premiums written because it is measured using end-of-period prices while each period's premiums written reflect average prices during the period;
Gross premiums written	= (1 + growth rate in gross premiums written) × prior year gross **premiums written**
Ceded premium ratio	= Premiums ceded to reinsurers / gross premiums written Consider: Past and current ceded premium ratios; Trends in the availability and cost of reinsurance; Capital position (excess capital alleviates the need to reinsure); Business line and geographic area mix (some lines and geographic areas—such as homeowners insurance in Florida—are prone to catastrophe losses);
Retention ratio	= 1 - ceded premiums ratio
Net premiums written	= Gross premiums written × retention ratio
Unearned premiums	= (1 + growth rate in gross premiums written) × prior year unearned premiums
Prepaid reinsurance premiums	= Ceded premium ratio × unearned premiums
Net premiums earned	= Net premiums written - change in unearned premium + change in prepaid reinsurance premium
Investment yield	Consider: Past and current investment yield; Past and current interest rate term structures; Past and current investment yield spread over benchmark rates (Treasuries, corporate bonds, municipal bonds); Past, current and projected portfolio composition (fixed income versus equities, fixed versus floating interest, Treasuries/agency/corporate/MBS/municipalities, maturity, credit rating, etc.);
Growth rate in investment assets	Consider: Past and current growth in investment assets;Past, current and projected growth in net premiums written; Past, current and projected investment yield (to the extent that investment income is reinvested in the portfolio);
Investment assets	= (1 + growth rate in investment assets) × prior year investment assets
Net investment income	= Investment yield × prior year investment assets
Net realized gains ratio	**=** Net realized gains (losses) / prior year investment assets Consider: Past and current net realized gains ratios; Past and current ratios of net unrealized gains (losses) at the end of the year to investment

	assets; Past, current and projected portfolio turnover; Notes: Comparing (1) with the prior year value of (2) should help in predicting the rate at which unrealized gains and losses are circulated into income; Forecasts of net realized gains should be based on the estimate form (a) and the current net position of unrealized gains (losses);
Net realized gains (losses)	= Net realized gains ratio × prior year investment assets

Table 2 : Regulation for minimum or maximum % of investments under specifies category of investments

No	Type of Investment	Percentage to funds as under Regulation 4(a)
(i)	Central Government Securities	Not less than 25%
(ii)	Central Government Securities, State Government Securities or Other Approved Securities above.	Not less than 50% (incl (i)
(iii)	Central Government Securities, State Government Securities or Other	Not exceeding 50%
(iv)	Approved Securities Not less than 50% (incl (i)above)	Not exceeding15%
(v)	Investment in housing and infrastructure by way of subscription or purchase of: A. Investment in Housing a. Bonds / debentures of HUDCO and National Housing Bank b. Bonds / debentures of Housing Finance Companies either duly accredited by National Housing Banks, for house building activities, or duly guaranteed by Government or carrying current rating of not less than 'AA' by a credit rating agencyregistered under SEBI (Credit Rating Agencies) Regulations, 1999 c. Asset Backed Securities with underlying housing loans, satisfying the norms specifiedin the guidelines issued under these regulations from time to time. B. Investment in Infrastructure (Explanation: Subscription or purchase of Bonds / Debentures, Equity and AssetBacked Securities with underlying infrastructure assets would qualify for the purposeof this requirement. 'Infrastructure facility' shall have the meaning as given in Regulation 2 (h) as amended from time to time	Total Investment in housing and infrastructure (i.e.,) investment in categories (i), (ii), (iii) and(iv) above taken together shall not be less than 15% of the fundunder Regulation 4(a)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

भारतीय संस्कृति में अग्निपुराण के काव्यशास्त्रीय सिद्धान्तों का अध्ययन

डॉ. वन्दना वर्मा *

प्रस्तावना – भारत की संस्कृति अद्भूत और महान है जो कि विश्व बंधुत्व की भावनाओं को लिए हुए अनेकता में एकता की अमिट छाप प्रस्तुत करती है। भारतीय संस्कृति की आभा में पुराणिक झलक बसी हुई हैं। पुराण भारतीय संस्कृति के मेरुदण्ड है। पुराण वैदिक साहित्य एवं लोकिक साहित्य के संधिकाल को रेखांकित करते है। कोई भी व्यक्ति इस कथन की सत्यता से इनकार नही कर सकता कि पुरण भारतीय संस्कृति के प्राण है। वेदों ने भारतीय संस्कृति को सुद्दढ़ बनाया है। भारतीय दर्शन कि सुरसरी इनसे प्रभावित हुई है। भारतीय जीवन के लोक व्यवहार, लोकाचार, जीवन–शैली तथा दैनिक व्यवहार के स्वरुप को पुराणो ने आकार दिया है। पुराण साहित्य अत्यन्त विशाल विस्तृत और गहन है। पुराणों में गाथाएँ है, कथाएँ है। सृष्टि की रचना और प्रलय की प्रक्रिया के सम्बन्ध मे भी अद्भुत विचार है। **'एक विद्वान के अनुसार पुराण कथा सागर है, लोकरंजक कथाओं के अनन्त भण्डार है।'** पुराणो की संख्या अठारह है, पुराणो के साथ ही उपपुराण एंव अतिपुराण भी माने गये है। परन्तु भारतीय इतिहास एंव संस्कृति अठारह पुराण डॉ. रामकृष्ण सिंधी का दिग्दर्शन कराने वाले महत्वपूर्ण ग्रन्थ मुल अठारह पुरण ही है।

मद्वयं भद्वयं चैव ब्रत्रयं व चतुष्टयम।
अनापलिङ्कुस्कानि पुराणानि प्रचक्षते।। 2

इस पद्य के अनुसार 6 म 9 नाम वाले दो पराण है। अर्थात् मत्स्य और मार्कण्डेय, भ नाम वाले भी दो पुराण है। भविष्य और भागवत, ब नाम वाले तीन पुराण है। ब्रहमाण्ड, ब्रहमवैवर्त तथा ब्रहम व नाम वाचक चार पुराण है। वराह, वामन विष्णु और वायु इसके अतिरिक्त अग्नि नारद, पद्म, लिङग, गरुड, कुर्म और स्कन्द इन पुराणो के क्रम के विषय मे–मत मतान्तर है। सबसे प्रचीन पुराण कौन है। इसका निर्णय पुराणों की काल निर्णा के समय स्पष्ट हो सकेगा।

पुराण का अर्थ महत्व – पुराण हमारी संस्कृति के महत्वपूर्ण आधार है, पुराण शब्द का वास्तिक अर्थ प्रचीन या पुराना है। अत: पुराणों में प्राचिन कथानक् वंशावली इतिहास, भूगोल, ज्ञान–विज्ञान आदि से भी प्रचीन तत्वो का समावेश है अत: इसे पुराण नाम दिया गया है। पुराण शब्द की अनेक निरुक्तियाँ दी गई है।

पुराणं आख्यानम् पुराणम्।
यस्मात् पुरा हि अनित इदं पुराणम्।। 3
जगत: प्रागवस्थामुनक्रम्य सर्ग।
प्रतिपादकं वाक्य जांत पुराणम्।। 4
पुरार्थेशु आनयाति पुराणम्। 5
पुरापरम्परां वक्ति पुराणंतेनवैस्मृतम्। 6
विश्वस्रष्टेरितिहास: पुराणंम्। 7

इन सारी व्युत्वत्तियों का तात्पर्य यह है, कि पुराण वह है, जो प्रचीन समय मे भी सजीव या तथा जिसमे संसार कि उत्पत्ति और विकास क्रम के बोध का विवेचन प्राप्त होता हैं अथवा जिनमे पूर्वतत्वो का वर्णन प्राप्त होता है, जैसे पुरुष और प्रकृति के चिन्तन मे संलग्न ज्ञान को पुराण कहते है, अथवा प्रचीन परम्परा के प्रतिपादक ग्रन्थो को पुराण कहते है, अथवा विष्वरचना के इतिहास को पुराण कहते है, ये सभी परिभाषाएँ पुराण की विषय–वस्तु, उसका स्वरुप एवं निहित ज्ञान को स्पष्ट करती है। प्रतिपाद्य विषयो कि दृष्टि से पुराणों मे भी इनका लक्षण किया गया है। जैसे विष्णु पुराण का अभिमत है, कि–

सर्गष्च प्रतिसर्गश्च वंशोमन्वन्तराणी च।
वंशाऽनुचरितं चैव पुराणं पञ्चलक्षणम्।।

इससे स्पष्ट हैं, कि पुराणो मे सर्ग अर्थात् सृष्टि की उत्पत्ति, प्रतिसर्ग अर्थात प्रलय या सृष्टि का पुन: प्रादुर्भाव, वंश अर्थात देवताओ और ऋषियो की वंशावलियाँ मन्वन्तर अर्थात मनु एवं उनके समय प्रमुख घटनाओ का चित्रण वंशाऽनुचरितं का अर्थ है। सूर्य और चन्द्रवंशी राजाओ के जीवन चरित का वर्णन भी इसमे प्राप्त होता है। इसी के समान भागवत पुराण मे भी पुराणो के लक्षण अथवा विषय वस्तु का प्रतिपादन किया गया है, अर्थात इसमें पुराणो के दशलक्षण माने गये है। (पद्य) श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार विष्वसर्ग विसर्म, वृत्ति, रक्षा, मन्वन्तर, वंश, वंशाऽनुचारित, संख्या (प्रलय) हेतु और उपाश्रय।

इस प्रकार पुराणो के इन लक्षणो से ज्ञात होता है, कि पुराणो सृष्टि में उत्पत्ति की प्रक्रिया, जीवन और पदार्थो की उत्पत्ति का क्रम जीवन प्रणाली को बनाऐं रखने के लिए परमशक्ति की अवतारलीलोओ का वर्णन प्राप्त होता है। इसके साथ काल, युग के परिवर्तन सम्बन्धी वर्णन, विभिन्न राजाओं के उत्थान–पतन उनकी वंश परम्पराएँ, उनके कार्य कलाप का विवरण पुराणों मे प्राप्त होता है।

पुराणो को जीवन व्यवहार के सिन्धु की उपमा दी जाती है। भारतीय–लोकजीवन की धडकंन कहाँ जाता है, क्योंकि वर्तमान युग मे भारत वर्ष मे धर्म, संस्कृति, रीति–रिवाज उपासना पद्धतियाँ जो कुछ भी प्रचलीत है, वह पुराणों कि देन है। पुराणों के आख्यात एवं उपाख्यान लोक जीवन मे रचे बसे हुए है, इसलिए अनेक प्रसिद्ध भारतीय विद्वान वर्तमान युग को परिभाषित करने के लिए पौराणिक युग अथवा पौराणिक धर्म कहते है। क्योंकि पुराणो में जीवन का प्रेय एवं श्रेय धर्म–अधर्म, बन्धन मोक्ष लोक परलोक स्वर्ग नर्क सुमार्ग–कुमार्ग सभी प्राप्त होता है। भारतीय संस्कृति की दृष्टि से पुराण भारत के सम्रग जीवन को प्रभावित करते है। सनातन धर्म के ये प्राणभुत् तत्व है। वेदों के तुल्य इन्हे प्रामाणिक माना गया है। ब्रहमा, विष्णु शिव गणेश तथा सूर्य की उपासना पद्धतियों का प्रामाणिक बोध पुराणों से ही होता है, वैदिक युग मे इन देवताओ का इतना विकास नही हो पाया भारत वर्ष मे कर्मकाण्ड एवं मूर्ति पूजा का जो विस्तृत स्वरुप दिखाई देता है, वह पुराणो कि ही देन है। इसके अतिरिक्त पुराणों मे स्मृति ग्रन्थों के तुल्य वर्णाश्रम–व्यवस्था, के

* सॉई एकेडमी,बड़वानी रोड़, दवाना (म.प्र.) भारत

गुण धर्म संस्कारो का विवेचन, पारिवारिक सम्बन्ध, गुरु शिष्य सम्बन्ध, राजधर्म, आदि का विवेचन प्राप्त होता है। इसलिए पुराणों को भारतीय संस्कृति का मेरुदण्ड कहा जाता है। इसके अतिरिक्त भी पुराणों मे अनेक शास्त्रो का वर्णन मिलता है, जिसमे व्याकरण छन्द ज्योतिष धर्मशास्त्र दर्शन आयुर्वेद शरीर-विज्ञान आदि अनेक महत्पूर्ण शास्त्र है।

अग्निपुराण - अग्नि पुराण को वहिन पुराण भी कहते है। डॉ. हजरा के पास वहनि पुराण का हस्त लिखित स्वरुप उपलब्ध है, जो प्राचीन अग्नि पुराण माना गया है। अग्नि पुराण पौराणिक विष्व कोष कहा जाता है। स्कन्द पुराण के शिव-रहस्य खण्ड का कथन है, कि अग्नि की महिमा का प्रतिवादन, अग्नि पुराण का लक्ष्य है। यह वषिष्ट्य प्रचलित अग्नि पुराणों मे न मिलकर वहिन पुराण मे ही उपलब्ध होता है, जिससे इसकी मौलिकता सिद्ध होती है, यह प्राचीन पुराण है, इसका रचना काल चतुर्थ शताब्दी से अर्वाचीन नही माना जा सकता।

काव्यशास्त्र के सिद्धान्तो का परिचय - अलंग्ङकार शास्त्र का विकास विधिवत्ता आचार्य भरत से ही माना जा सकता है सम्पूर्ण साहित्य शास्त्र को हम दो प्रकार से विभाजित कर सकते है। एक कालखण्ड के आधार पर तथा दुसरे सिद्धान्तो के आधार पर सिद्धान्तो के अंतर्गत अलंग्ङकार सम्प्रदाय, रीति सम्प्रदाय, रस सम्प्रदाय, ध्वनि सम्प्रदाय, वक्रोत्ति सम्प्रदाय तथा औचित्य सम्प्रदाय, अध्ययन की सुविधा के लिये इस शास्त्र के सभी आचार्य किसी न किसी सिद्धान्त से संबंधित किए जा सकते है, परन्तु काल-खण्ड के हिसाब से अथवा विकासक्रम के आधार पर भी इसके चार विभाग किये जाते है, जो इस प्रकार है :

1. **प्रारम्भिक काल (अज्ञात से लेकर भामह तक)**
2. **रचनात्मक काल (भामह से लेकर आनन्दवर्धन तक)**
3. **निर्णयात्मक काल (आनन्दवर्धन से लेकर मम्मट तक)**
4. **व्याख्या काल (मम्मट से लेकर पण्डित राजजगन्नाथ तथा आचार्य विश्वेश्वर तक)**

1. प्रारम्भिक काल - इस काल में मुख्य रूप से भरत और भामह दो आचार्यो को सम्मिलित किया जाता है। इनसे पूर्व भी अज्ञात नामा आचार्य रहे होगें या उनकी कोई रचनाएँ रही होगी। जो कालकवलित हो गई और इस समय उपलब्ध नहीं है, इसलिए भरत का नाट्य शास्त्र इसका मूल ग्रन्थ है। इसमें रस और नाट्य के सुक्ष्म तत्वों का विवेचन बहुत सुन्दर रूप से किया गया है, इसके अतिरिक्त भी अनेक कलाओं का विवेचन भी इनमें प्राप्त होता है। नाट्यशास्त्र का मुल ग्रन्थ कहना ज्यादा उपयुक्त है। अलंग्ङकार शास्त्र की दृष्टि से इसमें कुछ ही वर्णन प्राप्त होते है, जैसे - सोहलवे अध्याय में केवल चार अलंग्ङकार, दशगुण और दश दोशों का विवेचन ही प्राप्त होता है। भरत के बाद मेधावी रूद्र उनके टीकाकार हुए परन्तु उनका कोई ग्रन्थ प्राप्त नहीं होता अत: अलंग्ङकार शास्त्र के प्रथम आचार्य का गौरव पद भामह को ही प्राप्त होता है, उनके ग्रन्थ का नाम काव्यालंग्ङकार है, जो अलंग्ङकार शास्त्र का मुल ग्रन्थ कहा जा सकता है। इसमे उन्होने चार अलंग्ङकारो के स्थान पर 38 स्वतन्त्र अलंग्कङारो का विवेचन किया है तथा काव्य शास्त्रों के अन्य सिद्धान्तो का भी वर्णन किया है।

2. रचनात्मक काल - साहित्यशास्त्र का दुसरा महत्पूर्ण रचनात्मक काल है, जो 600 से 900 विक्रमी संवत् के बीच का है। इस रचनात्मक काल मे साहित्य शास्त्र के मौलिक सिद्धांतो का तथा मौलिक ग्रन्थों का प्रणयन हुआ इसलिए यह काल सबसे महत्पूर्ण माना गया है। जैसे अलंग्ङकार सम्प्रदाय मे भामह के बाद उद्भट और रुद्रट आए तो रिति सम्प्रदाय के प्रवर्तक दण्डी और वामन भी इसी काल मे हुए, प्रसिद्ध रस समप्रदाय के व्याख्याता लोल्लट, शंकुक और भटट्नायक भी इसी काल मे हुए। ध्वनि सिद्धान्त के परमाचार्य एवं संस्थापक आनन्दवर्धन भी इसी युग की देन है। इसलिए इस युग मे काव्यशास्त्र के प्रमुख चार सिद्धान्तो की स्थापनाऐं चुकी थी इसलिए काव्यशास्त्र के इतिहास में यह कालखण्ड महत्पूर्ण है।

3. निर्णयात्मक काल - आनन्दवर्धन से लेकर आचार्य मम्मट तक साहित्यशास्त्र का तीसरा और महत्पूर्ण काल निर्णयात्मकाल है यह काल 800 वि.सं. से लेकर 1000 वि. सं. तक माना गया है। ध्वन्यलोक की प्रसिद्ध टीका लोचन तथा नाट्यशास्त्र की टीका अभिनव भारती के निर्माता अभिनव गुप्त इसी काल मे हुए इनके अतिरिक्त वक्रोकि सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य कुन्तक, व्यक्ति विवेक के आचार्य महिम भट्ट इस युग की उपलब्धियाँ है। महिम भट्ट ध्वनि सिद्धांत के कट्टर विरोधी है, उन्होने ध्वनि के एक-एक भेद का विद्धत्ता पूर्ण खण्डन प्रस्तुत किया है इसलिए उनका व्यक्ति विवेक ध्वनि सिद्धान्त का मुल खण्डन करने वाला एक उच्च कोटि का ग्रन्थ है, इसी प्रकार वक्रोत्ति-जीवित मे भी आचार्य कुन्तक ने अपनी प्रतीभा और उत्कृष्ट मेधा के बान पर वक्रोत्ति सम्प्रदाय का प्रणयन किया है जो काव्य साहित्य मे एक नवीन सम्प्रदाय के रुप स्थापित हुआ है। इसके अतिरिक्त इस काल मे रुद्र भट्ट, भोजराज, धनिक और धनंजय भी इसी काल के उज्जवल रत्न है। इनकी रचनाएँ साहित्य शास्त्र को समृद्ध करती हैं।

4. व्याख्या काल - साहित्य शास्त्र का सबसे महत्पूर्ण समय व्याख्याकाल कहलाता है। इसमे मम्मट से लेकर पण्डित राज जगन्नाथ तथा आचार्य विश्वेश्वर तक को सम्मिलित किया जाता है यह समय 1000 से लेकर 1800 विक्रमी तक माना गया है, अर्थात इसका 800 वर्ष के लगभग है, यह सबसे लम्बा काल है। इसमें अनेक ऐसे आचार्य हुऐ है। जिन्होने अपने सर्वाङ्गपूर्ण रचनाओं से साहित्य को सम्पूर्ण किया है, तथा साहित्य के सम्पूर्ण विषयों को लेकर अपनी रचनाएँ प्रस्तुत की है, इनमें हेमचन्द्र, विश्वनाथ जयदेव आचार्य मम्मट, पण्डितराज जगन्नाथ तथा आचार्य विश्वेश्वर प्रमुख है, केवल अलंग्ङकारों के विवेचन में भी आचार्यो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है इसमें रूह्यक तथा अप्पयदीक्षित का नाम उल्लेखनीय है, इसके अतिरिक्त शारदातनय, सिंहभूपाल, भानुदत्ता आदि का कार्य भी प्रशंसनीय है,

इस युग में ध्वनि सम्प्रदाय, रस सम्प्रदाय अलंग्ङकार सम्प्रदाय तथा कवि शिक्षा को प्रचारित करने वाले तथा पृष्ट करने वाले अनेक आचार्य हुये है, जैसे ध्वनि सम्प्रदाय को प्रवर्तित तथा प्रवर्धित करने वालों में आचार्य मम्मट, विश्वनाथ, पण्डितराज जगन्नाथ, हेमचन्द्र, विद्याधर, विद्यानाथ जयदेव तथा अप्पयदीक्षित प्रमुख है। रस सम्प्रदाय के समर्थन में शारदातनय सिंधभूपाल, भानुदत्त और रूप गोस्वामी प्रमुख है। कवि शिक्षा के लिए राजशेखर, क्षेमेन्द्र अरिसिंह, अमरचन्द्र, देवेश्वर आदि प्रमुख है। अंतत: पुराण भारतीय संस्कृति के संरक्षक के रुप में मार्गदर्शक बने हुए हैं। भारतीय संस्कृति में पुराणों का महत्व सदैव बना रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उपाध्याय, बलदेव : पुराण विमर्श, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
2. कीथ, संस्कृत साहित्य का इतिहास, मोतीलाल बनारसीदास
3. उपाध्याय, बलदेव : काव्यशास्त्र की उत्पत्ति और विकास, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
4. त्रिपाठी, श्रीकृष्णमणि : अष्टादशपुराण, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
5. मुसलगाँवकर : संस्कृत महाकाव्य की परम्परा, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी

अग्निपुराण के काव्यशास्त्रीय सिद्धान्तों का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. वन्दना वर्मा *

प्रस्तावना – काव्यशास्त्र का प्राचीन नाम अलंङ्कार–शास्त्र है, यह इससे भी सिद्ध होता है, कि प्राचीन आचार्यो के ग्रन्थो के अभिधान मे अलंङ्कार शब्द का प्रयोग हुआ है, जैसे भामद का काव्यालंङ्ार रुद्रट का काव्यालंङ्ार सर्वस्व, वामन का काव्यालंङ्ार सूत्र का वृत्ति आदि भारतीय साहित्य मे अलंङ्कारशास्त्र आज एक सुप्रतिष्ठित शास्त्र है, परन्तु इस शास्त्र का आरम्भ कब हुआ यह निष्चित रुप से नही कहा जा सकता। राजशेखर ने काव्यमीमांसा मे इस शास्त्र की उत्पत्ति के विषय मे कथा का वर्णन किया है, परन्तु वह किसी अन्य अलंङ्कार–शास्त्र के ग्रन्थ मे प्राप्त नही है सम्भव है राजशेखर ने किसी प्राचीन परम्परा का अनुसरण किया हो जो आज उच्छिन्न हो गई है। राजशेखर के अनुसार काव्यमीमांसा का प्रथम उद्देश्य ब्रह्मा मे अपने 64 शिष्यो को दिया था इन्ही से सबसे वन्दनीय शास्त्र–वेता सरस्वती के पुत्र सारस्वतेय थे इन्हे ही ब्रह्मा मे प्रजा के हित के लिए काव्यपुरुष को काव्यविद्या की प्रवर्तना के लिए नियुक्त किया। इन्होने उस विद्या को अठारह अधिकरणो मे लिख कर अठारह शिष्यो को पढ़ाया। गुरु शिष्यो की परम्परा के बाद इस विद्या के बहुल प्रचार के लिए काव्य के अठारह अङ्ग पर आधारित अठारह ग्रन्थो का निर्माण किया है ? आचार्य राजशेखर ने अनेक काव्यशास्त्रीय आचार्यो का उल्लेख किया है, जिनमे सुवर्ण नाभ, चित्राग्ङ्गद, पुलस्त्य, पाराशर उत्ताय, कामदेव, कुबेर, भरत, नन्दीकेष्वर घीवण, उपमन्यु, कुचमार आदि प्रमुख है इनमे से अनेक आचार्यो का उल्लेख वात्स्यायन के काम सुत्र मे भी प्राप्त होता है, परन्तु इस शास्त्र का विधिवत् प्रारम्भ नाट्यशास्त्र के रचियता भरत से ही मानना उचित है। काव्य–शास्त्र के बिच वेदों में भी प्राप्त होते है। यद्यपि वैदिक साहित्य मे अलंङ्कार शास्त्र का कही भी निर्देश नही मिलता न ही वेदाग्ङ्गो मे अलंङ्कार शास्त्र की गणना की गई है। परन्तु इस शास्त्र के मुलभुत अलंङ्कार जैसे उपमा, रुपक, अतिश्योक्ति आदि के सुन्दर उदाहरण वैदिक संहिताओं उपनिषदो मे प्राप्त होते है, अलंङ्कारो मे उपमा तो अत्यन्त प्राचीन है इसका सम्बन्ध कविता के प्रथम आविर्भाव से ही है। आर्यो की प्राचीनतम कविता ऋग्वेद मे उपनिबद्ध है।

साहित्य शास्त्र मे सिद्धांतो का विकास क्रमिक विकास का परिमाण है, आज जितने भी सिंद्धातो प्रचलित है, वे सब क्रमश: एक दुसरे का शोषण करते हुए आगे बढे है, जैसे रस और अलंङ्कार मे से किसे प्रथम माना जाया यह प्रष्न उचित नही है, क्योकि भरत ने रस सिद्धांत का तथा रस सुत्र का विस्तृत विवेचन किया है, इसलिए रस सिद्धान्तो को अनेक आचर्य प्रथम सम्प्रदाय मानते है, इसका कारण साहित्य मे रस की महता भी है, जैसे कौच्चा वध से मशहत हुए महार्थ क्लापिनिक के मुख्य से जो प्रथम श्लोक प्रस्फुटित हुआ वह करुण रंस से परिपूर्ण है, इसलिए नाटय हो अथवा काव्य सब का केन्द्र बिन्दु रस ही होता है। इसके अतिरिक्त सामाजिक या पाठय को संवेदना जनय जो अनुभति होती है, जो आंदन की प्रसि होती है, वह रस ही है इसिलिए साहित्य शास्त्र मे कितने ही है। सिद्धान्त चलन मे आए परन्तु वे रस की अपेक्षा नही कर सके ध्वनि वादी आचार्यो ने सबसे अधिक जोर सोर से अपने सिद्धान्तो का प्रचार प्रसार किया परन्तु उन्होने भी रसध्वनि को प्रमुख माना है, ध्वनि के तीन भेद किये गये है, वस्तु ध्वनि अलंङ्कार ध्वनि तथा रसध्वनि इसमे रस ध्वनि प्रमुख ध्वनि प्रमुख है, इसके अतिरिक्त भाजराज ने भी समस्त वाडणमय को तीन भोगो मे बाटाँ है, स्वभावोक्ति वक्रोति और इसत्रो इससे रसोत्रि ही प्रमुख है, इस प्रकार रंस की अपेक्षा करके कोई काव्य की परिभाषा पूर्ण नही हो सकती है, इसलिए विश्वनाथ कविराज ने कहा है– वाक्यं रसात्मंक काव्यं अर्थात रसात्मक वाक्य है, राजशेखर ने भी आत्मा माना है, अग्नि पुराण मे भी रस ही काव्य का जीवन तत्व माना है।

'वाकृवैदग्ध प्रधनेति इसएवात्र जीनितम।।'

इस प्रकार वामन और ममट ने गुणो को रसश्रित माना है, इस तरह रिति सिद्धान्त भी रस से अलग नही है, आचार्य मम्मट जैसे काव्यशास्त्र के लब्ध प्रतिष्ठत विदवानो ने भी समायोजन करने का प्रयास किया है।

रस और अलंङ्कार – अलंङ्कार मत मानने वाले आचार्यो ने भी रस की पर्याप्त महत्व दिया है, यद्यपि रस को प्राणभुत स्थान न देकर उसे अलंङ्कार के अंतरर्गत माना गया है, जैसे रसवत् प्रये ऊर्जस्वी तथा सहमति अलंङ्कारो के भीतर इस और भाव को अन्तनिविष्ट कर दिया है। भामह जैसे बडे अलंङ्कार वादी आचार्य ने भी इस रस कि महत्ता को स्वीकार किया है, जैसे युक्तलोकस्वभावेन रसैष्टसकलै: प्रथम।।
इसी प्रकार दण्डी भी रस तत्व से परिचित है, उन्होने अंलकार के भीतर आठो रस तथा आठ स्थाई भावो का निर्देष किया है जैसे–

'इह त्वष्टरसायत्ता स्मृतागिरा'

इस प्रकार आगमी आचार्यो ने भी रस और अलंङ्कारो को समान महत्व दिया है, जैसे उद्भट ने भी रसवत् अलंङ्कार के निरुपण के अवसर पर स्थायी भाव संचारी भाव जैसे शब्दो का उल्लेख नही किया है, परन्तु रस को प्रकार माना है, इस प्रकार भामहदण्डी उद्भट एवं रुट्द आचार्य अलंङ्कार वादी होते है, हुए भी रय की महत्ता को स्वीकार करते है।

अलंङ्कार और ध्वनि – अलंङ्कार आचार्यो को प्रतीयमान का भी ज्ञान था यद्यपि वे उसे अलग से न मानकर अलंङ्कारो मे ही समाविष्ट करते थे एकावली के टीका मे मल्लिनाथ भामह प्रभृति आचार्यो का ध्वनि के अभाव का प्रतिपादक आचार्यो माना है, परन्तु यह ठीक नही है, भाहम प्रतीयमान अर्थ से परिचित थें तथा उन्होने ध्वनि गुणीभुतव्यडग जैसे पदो का प्रयोग भी अपने ग्रन्थ मे किया हैं अप्रस्तुत प्रशंसा समासोति और प्रतीयमान अर्थ को समाविष्ट करने का प्रयास किया गया है, जैसे भामह का यह **पर्यायोक्ति अलंङ्कार।**

पर्यायोक्तं यद्वन्न्येप्रकारेणोभिधीमते।
वाच्यवाचकवृत्तिाभ्यां शुन्येनावगत्मा।।

रुदद ने भाव नामक अलंङ्कार की कल्पना इसलिए कि जिससे

* सॉई एकेडमी,बड़वानी रोड़, दवाना (म.प्र.) भारत

प्रतियमान अर्थ की प्रतिती हो सके इसी प्रकार ऊपर पर्यायोक्त मे भी वाच्यवाचक वृति के अतिरिक्त अन्य प्रकार से अभिदित किये गये समग्र अर्थो का ग्रहण भामह को अभीष्ट है, मानना चाहिए रुद्रद प्रकार भी माना है, इसके उदाहरण को अभिनव गुप्त ने लोचन मे उद्‌भुत क्रिया है, तथा यह दिखलाया है, कि इसमे प्रतीयमान अर्थ स्वतन्त्र न होकर उपकारक होने के कारण वाच्य की अपेक्षा गौण है जैसे –

एकाकिनी यदबला तरुणी तथाहं
अस्मिन् गृहे गृहपतिष्च गतोविदेशम
किं याचसे यदिह वासमियं वराकी
स्वश्रर्ममान्धबाधिरा ननु मूढ पान्थ ॥

इस पद्य से यह स्पष्ट है कि अलंग्ङकार वादी आचार्यो रुद्रद भी वयंग अर्थ को स्वीकार करते है, ध्वनिवादी आचार्यो ने भी इसी प्रकार ध्वनि को महत्व देकर भी अलंग्ङकार के वर्णन मे उदासीनता नही दिखाई जैसे मम्मट पण्डितराज आदि ध्वनिवादी आचार्य है। इन्होने अपने ग्रन्थो मे अलंग्ङकारो का विस्तृत निरुपण किया है।

रीति और अलंग्ङकार – अलंग्ङकार सम्प्रदाय की अपेक्षा रीति सम्प्रदाय मे काव्य के स्वरुप का क्रमश: विकास दिखाई देता है, यद्यपि अनेक प्राचीन आचार्य गुण और अलंग्ङकारो को एक समान मानते है, परन्तु वामन से सबसे पहले गुणो अलंग्ङकारो के परस्पर संबध को स्पष्ट किया है, ढोनो के पृथक–पृथक महत्व कि भी निर्देशित किया है, उन्होने काव्य मे अंलकार को अपेक्षा गुणो को महत्पूर्ण माना है, काव्य मे शोभा को उत्पन्य करने वाले धर्म,गुण है, तथा शोभा को बढाने वाले अंलकार कहे जाते है। अंलकार सम्प्रदाय की अपेक्षा गहन दृष्टि वाले थे और उन्होने अंलकारो की सत्ता स्वीकार करते हुए भी गुणो को अधिक महत्व दिया दण्डी ने गुणो का वर्णन किया है, तथा अंलकारो को भी पर्याप्त महत्व दिया है, परन्तु वामन ने सर्वप्रथम शति को काव्य की आत्मा स्वीकार किया है, आगे चलकर ध्वनिवादी आचार्यो ने भी रीति सिद्धान्तो को मान्य किया है, तथा ध्वनि के साथ उसका सामान्यजस्य बिठाने की कोशिश की है।

रीति और वक्रोक्ति – रीति को एक नई दिशा मे ले जाना का श्रम आचार्य कुन्तक को भी है, इन्होने रीति का कवि के स्वभाव के साथ सम्बसद्धवान कर रीतियो का नामकरण अपनी उर्वर कल्पना से नवीन आधारो पर किया है, जिसमे वैंदर्भी को सुकुमार मार्ग गौडी को विचित्र मार्ग तथा पांचाली को मध्यम मार्ग माना है, इन रीतियो के चार नये गुणो की भी कल्पना कि है, इस प्रकार कुन्तक ने वक्रृति मार्ग को काव्य काव्य कि आत्मा मानने के साथ ही रीति मार्ग को भी आगे बढाया है, उनकी विश्लेषण तथा विवेचन शक्ति बडी धार्मिक है, उनका ग्रन्थ मौलिक विचारो का भण्डार है, अनेक ध्वनि वादी आचार्यो ने भी वक्रोक्ति की महत्ता को स्वीकार कर ध्वनि के भीतर इस समाविष्ट करने का प्रयास किया है, कुन्तक ऐसे अकेले आचार्य थे जिन्होने वक्रोक्ति काव्य की आत्मा मानने का आग्रह किया यद्यपि वक्रोतृि किसी न किसी रुप मे भरत भामह दण्डी रुद्रद वामन आदि आचार्यो की परम्परा से चली आ रही है, थी पर जाता है, जिन्होने अपनी पुरी विद्धत्ता और प्रतिभा ओत प्रोत होकर ग्रन्थ का प्रणमय किया।

ध्वनि एवं अन्य सम्प्रदाय – काव्यशास्त्र मे ध्वनि सम्प्रदाय को सबसे महत्पूर्ण माना गया है, आचार्य आनन्दवर्घन ने उसके इतने व्यापक स्वरुप का वर्णन किया है, कि उसमे सभी सिद्धान्तो का समावेष हो जाये जैसे ध्वनि मत रस का ही विस्तृत स्वरुप प्रतीत होता है, रस कभी वाच्य नही हो सकता मुख्यावृत्तिा के द्धारा भी वह प्रकट नही हो वह व्यंजनावृत्ति से ही प्रकट हो सकता है, नाटक मुख्य अभिप्राय रस उन्मीलन ही है, इसलिए ध्वनिवादी आचर्यो ने रस ध्वनि को महत्पूर्ण माना है। इस रस के भीतर नवरसो के अतिरिक्त भावामांस भावसबलता, भावसंधी आदि कि भी गणना होती है। इसलिए रस के व्यापक स्वरुप को ध्वनि मे समायोजित करने कोशिश की है। इसके अतिरिक्त अलंग्ङकार ध्वनि वह होती है, जहाँ अभिव्यन्त किया नया पदार्थ इतिवृत्तात्मक न होकर कल्पना प्रसुत अन्य शब्दो मे प्रकट की जाने पर अंलकार का रुप धारण करता है। इस प्रकार वाच्यार्य कि भी महत्वपूर्ण भूमिका है, वाच्यार्य की नींव पर ही प्रतीयमान अर्थ का भवन टिका हुआ है, इसी प्रकार ध्वनिवादियो ने अंलकारो को भी महत्पूर्ण माना है।

तीसरा भेद वस्तु ध्वनि कहलाता है, वस्तु ध्वनि का आशय विषय वस्तु है, कभी–कभी किसी एक पद्य मे पुरी तरह से रस कि प्रतीति नही होती इसलिए किसी मुक्तक मे ध्वनि वाच्या न होकर व्यंग होती है, परन्तु वाच्य पर आश्रित होती है, इसलिए वह वस्तु ध्वनि भी प्रधान हो जाती है, ध्वनिवादियों ने गुणो और अलंकारो को भी प्रतिष्ठत करने का कार्य किया उन्होने गुणो और अलंकारो की भी प्रतिष्ट करने का कार्य किया उन्होने गुणो को काव्य का नित्य धर्म माना है, और अंलकारो को अनित्य धर्म माना है, इस प्रकार उन्होने गुणो का रसाश्रित माना है। यह कहकर रीतिवादी आचार्यो की महत्ता को उन्होने स्वीकार किया है। इस प्रकार ध्वनिवादी आचार्यो ने सभी सिद्धान्तो का समावेश अपने संप्रदाय मे समन्वित करने प्रयास किया है।

पंद्रहवी शताब्दी के बाद प्राय: यह प्रवृत्ति दिखाई देती है, जिसमे काव्यशास्त्र के समस्त सिद्धान्तो का समावेषशएक साथ एक ग्रन्थ मे करने के प्रयास हुए है, जिनमे आचार्यो मम्मट का काव्यप्रकाश विश्वनाथ कविराज का साहित्य दर्पण और पण्डित राज ग्रन्थनाथ का रंस गंगाधर महत्पूर्ण है, इन सब मे सम्यक विवेचन प्राप्त होता है, इसलिए कोई भी काव्य का सिद्धान्त किसी भी मत कि उपेक्षा करके नही चल सकता, काव्य शास्त्र के समग्र स्वरुप के लिए रस अंलकार रीति (गुण) ध्वनि वक्रोक्ति और औचित्य सभी का समन्वय आवश्यक है, सभी मिलकर काव्य का पूर्ण स्वरुप विकसित करते है, काव्यशास्त्र कि सम्पूर्णता इस सभी में है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. उपाध्याय, बलदेव : भारतीय काव्य साहित्यशास्त्र 1, 2, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
2. मम्मटाचार्य : काव्यप्रकाशन, ज्ञान मण्डल वाराणसी
3. उपाध्याय, बलदेव : काव्यशास्त्र की उत्पत्ति और विकास, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी
4. काणे, पी. वी. : संस्कृत काव्याशास्त्र का इतिहास
5. उपाध्याय, बलदेव : भारतीय साहित्यशास्त्र, नंदकिशोर एण्ड संस

****

कश्मीर समस्या : कारण एवं निवारण

डॉ. नेहा चौहान *

शोध का सारांश एवं उद्देश्य – कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस राज्य का हमारे देश में विधिवत विलय हुआ था परन्तु पाकिस्तान ने भारत पर 5 बार आक्रमण किया और कश्मीर को छिनने का प्रयास किया। परन्तु वह हर बार असफल रहा। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को सबक सिखाया परन्तु वह कश्मीर को हथियाने का प्रयास अपनी आतंकवादी गतिविधियों जैसे हत्या, विस्फोट, आदि के जरिए से कर रहा है। धारा 370 जो कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करती है, का भरपूर लाभ उठा रहा है। वैसे कश्मीर समस्या को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिया जा चुका है। अत: प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य कश्मीर समस्या का अध्ययन कर इस समस्या को दूर करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करना है।

शोध पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीय समंकों पर आधारित है। द्वितीय समंकों का संकलन पत्र-पत्रिकाओं, पाठ्यपुस्तकों एवं इंटरनेट के माध्यम से किया गया है।

कश्मीर की समस्या दोनों देशों के बीच एक ऐसे ज्वालामुखी की तरह है जो समय-समय पर लावा उगलती है। अलाप माईकल के अनुसार 'कश्मीर समस्या अनिवार्यत: भूमि या पानी की समस्या नहीं है। यह लोगों की भावना और प्रतिष्ठा की समस्या है।' कश्मीर की समस्या भारत और पाक के सम्बन्धों के बीच उलझी हुई समस्या है।

कश्मीर की स्थिति कुछ विशेष प्रकार की थी। भारत द्वारा कश्मीर की सुरक्षा के निर्णय के कारण और उधर पाकिस्तान द्वारा आक्रमणकारियों को सहायता देने की नीति के कारण कश्मीर दोनों राष्ट्रों के बीच युद्ध का क्षेत्र बन गया। सैद्धान्तिक रूप से 1947 से लेकर कश्मीर समस्या भारत तथा पाक के सम्बन्धों में बाधक बनी हुई है। सन् 1965 में इसके कारण युद्ध हुआ। सन् 1966 की ताशकन्द बैठक तथा 1972 की शिमला वार्ता भी कश्मीर समस्या के सम्बन्ध में दोनों देशों द्वारा अपनाई गई, फिर भी यह समस्या सुलझ नहीं सकी।

सन् 1947 से लेकर भारत तथा पाक के सम्बन्धों की समीक्षा तभी पूर्ण हो सकेगी जब हम दोनों देशों के बीच कश्मीर समस्या के संघर्ष की समीक्षा करेंगे।

जम्मू तथा कश्मीर भारत संघ का राज्य है जिसका क्षेत्रफल २6023 वर्ग किलोमीटर है। इसमें कश्मीर की घाटी जम्मू तथा लद्दाख का क्षेत्र पहाड़ी जिले तथा कबायली क्षेत्र शामिल हैं। नगर राज्य की वास्तविक स्थिति के अंतर्गत जम्मू घाटी लद्दाख भारत में है। '15 अगस्त 1947 को जब ब्रिटिश सरकार की प्रमुखता समाप्त हुई, तब कश्मीर स्वतंत्र राज्य बन गया। विभाजन के तीन दिन पहले 12 अगस्त 1947 को भारत पाक के साथ एक यथास्थिति समझौता किया।'

भारत-पाकिस्तान समस्या का अवलोकन करें तो हमें इतिहास को देखना होगा, जब जम्मू-कश्मीर नरेश सर हरीसिंह ने अपने तत्कालन प्रधानमंत्री पंडित काक की सलाह से भारत व पाकिस्तान दोनों की सरकारों के साथ यथास्थिति करने की पहल की। किन्तु यह समझौता में कहीं भी कस्टम्स, यातायात, डाक, तार, खाद्य और इसी तरह के विषयों से संबंधित था। इसमें रक्षा और विदेशी सम्बन्धों की बात नहीं थी।

यद्यपि पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर रियासत के बीच यथास्थिति को बनाये रखने के लिये समझौता हो गया था, तथापि उनके पारस्परिक सम्बन्धों में तनाव जारी रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर सरकार ने भारत सरकार से शिकायत की थी कि -'पाकिस्तानी अधिकारियों ने खाद्य सामग्री, पेट्रोल तथा अन्य आवश्यक पदार्थों का प्रदाय रोक दिया था तथा कश्मीर और पाकिस्तान के बीच लोगों के स्वतंत्र आवागमन में भी बाधा उत्पन्न करना शुरू कर दिया था।' इस स्थिति में जम्मू- कश्मीर सरकार ने भारत से 5000 गैलन पेट्रोल की माँग की। भारत सरकार ने श्रीनगर से यातायात पूरी तरह ठप्प न हो जाए, इसलिए 500 गैलन पेट्रोल की तत्कालीन सहायता उसे दी थी।

कश्मीर समझौता पाक द्वारा एक दिखावा था। पाक के लिए ऐसा सोचना कल्पना से परे था कि कश्मीर एक मुस्लिम देश का हिस्सा न बने। परिणामस्वरूप उसने कश्मीर पर कबायली आक्रमण करवा दिया। अक्टूबर 1947 में सशक्त कबायलियों ने कश्मीर पर आक्रमण करना शुरू किया। 15 अगस्त 1947 में लगभग 5000 आक्रमणकारियों ने कश्मीर के अन्दर खुले हुए किले को घेरना शुरू किया।

सितम्बर 1947 के अन्त तक स्थिति में तेजी से परिवर्तन हो चुका था। पाकिस्तानी सीमा से सशस्त्र घुसपैठ हो रही थी। यह घुसपैठ जम्मू- कश्मीर क्षेत्र में आकर लोगों को नुकसान पहुँचाने थे और वापस चले जाते थे। जम्मू- कश्मीर की सीमा जो कि पाकिस्तान से लगी हुई थी, लगभग 450 मील तक फैली हुई थी और इस तरह रियासती फौज इस विस्तृत क्षेत्र में फैलकर इस प्रकार के घुसपैठ को रोकने की चेश्टा कर रही थी। पाकिस्तान सरकार यथास्थिति समझौते की शर्तों पर कोई ध्यान नहीं दे रही थी। 28 सितम्बर 1947 को सैकड़ों सशस्त्र व्यक्तियों ने कश्मीर राज्य की सेना की एक टुकड़ी 'चक हरका' पर आक्रमण किया। इसी तरह 30 सितम्बर को सैकड़ों सशस्पठानों ने युद्ध की सी स्थिति में थिरकोट में प्रवेश किया व फिर राज्य के अन्दर आये। इस स्थिति में जम्मू- कश्मीर सरकार ने पाकिस्तान सरकार को 3 अक्टूबर 1947 को तार द्वारा इन सभी घुसपैठों एवं आक्रमणों के विरूद्ध अपना विरोध प्रकट किया। परनतु इसका परिणाम यह हुआ कि 4 अक्टूबर से इस प्रकार की कार्यवाही सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में होने लगी। 10 अक्टूबर को पाकिस्तानी सेना की दो टुकड़ियों ने जिनके पीछे सशस्त्र सेना थी, जम्मू के एक गाँव में आक्रमण किया।

* सहायक प्राध्यापक, इन्दौर इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, राऊ, इन्दौर (म.प्र.) भारत

भारत सरकार की रक्षा समिति से इस प्रश्न पर लम्बी चर्चा हुई। अन्त में यह निर्णय लिया गया कि 'जम्मू और कश्मीर रियासत के विलीनीकरण को स्वीकार किया जाये। इस विलयन के साथ यह शर्तें रखी गई कि जब राज्य में कानून और व्यवस्था कायम हो जाए तब वहाँ विलयन के प्रश्न पर जनता की राय जानने के लिए एक जनमत संग्रह कराया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि अगले दिन 27 अक्टूबर को भारतीय फौज की 2 बटालियनें कश्मीर भेजी जायें। इस निर्णय को शेख अब्दुला जो उस समय दिल्ली में ही थे का भी समर्थन प्राप्त था। शेख अब्दुला उस समय में ऑल जम्मू एण्ड कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस की तरफ से भारत सरकार पर दबाव डाल रहे थे कि जम्मू कश्मीर राज्य को तत्काल सैनिक सहायता दी जाए ताकि वहाँ के कबाईली आक्रमणकारियों के आक्रमण को रोका जा सके।

रक्षा समिति के इस निर्णय की सूचना लार्ड माउण्टबैटन को तथा फौज की तीनों शाखाओं के प्रमुखों को दी गई। भारत के गवर्नर जनरल लार्ड माउण्ट बैठन ने एक पत्र द्वारा 'जम्मू- कश्मीर रियासत के भारत में विलीनीकरण की स्वीकृति तथा राज्य में कानून और व्यवस्था पुन: स्थापित हो जाने के बाद वहाँ जनमत संग्रह कराने के निर्णय की सूचना जम्मू- कश्मीर के नरेश महाराज हरीसिंह को भेज दी।'

1 जनवरी 1948 को युद्ध विराम के लिए लम्बी सहमति हो गई। 'युद्ध विराम रेखा निर्धारित हो जाने पर पाक के हाथ में कश्मीर का 32,000 वर्गमील क्षेत्रफल रह गया। इसकी जनसंख्या 1 लाख थी। पाक ने इस क्षेत्र को आजाद कश्मीर कहा। युद्ध विराम रेखा के इस पार भारत के अधिकार में 53,000 वर्गमील क्षेत्र था जिसकी संख्या 33 लाख थी।

6 जनवरी 1948 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव पास कर जम्मू कश्मीर राज्य का विलय भारत में होने की पुष्टि कर दी। भारत सरकार ने एक प्रस्ताव पास कर जम्मू कश्मीर राज्य का विलय भारत में होने की पुष्टि कर दी।

इस पूर्ण विवरण से यही स्पष्ट होता है कि जम्मू- कश्मीर रियासत विलयन के मामले में भारत सरकार ने किसी प्रकार की शक्ति का प्रयोग नहीं किया। रियासत का विलयन वहाँ के नरेश की इच्छा के अनुसार काफी सोच विचार कर किया गया। परन्तु पाकिस्तान सरकार इसे मान्यता न देकर कश्मीर को फौजी बल द्वारा हथियाना चाहती थी। भारत-पाक के बीच हुए युद्ध की विस्तृत चर्चा इस प्रकार है -

भारत-पाक युद्ध 1947-48 - जैसा कि पहले बताया जा चुका है, भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर नरेश की सैनिक सहायता की माँग पर यह निर्णय लिया था कि जब तक कश्मीर का भारत से कोई राजनैतिक सम्बन्ध स्थापित नहीं हो जाता, तब तक कोई सहायता नहीं दी जा सकेगी, तद्नुसार जम्मू- कश्मीर नरेश द्वारा 26 अक्टूबर 1947 को विलयन पत्रक (Instrument of Accession) पर हस्ताक्षर करने तथा भारत सरकार द्वारा उसको स्वीकार कर लेने के बाद तत्काल निर्णय लिया गया कि कश्मीर की जो वैधानिक रूप से भारत का एक अंग बन गया है, आक्रमणकारियों से रक्षा की जाए।

1. कश्मीर में भारतीय फौज का प्रवेश - 27 अक्टूबर को प्रात: एक सिक्ख बटालियन ले. कर्नल दीवान रणजीतराय के नेतृत्व में श्रीनगर के लिए रवाना हुई। उसे निर्देश दिया गया था कि यदि श्रीनगर हवाई अड्डा आक्रमणकारियों के नियंत्रण में आ चुका हो तो वे लौटकर जम्मू में उतरें, परन्तु उसी दिन 10 बजकर 30 मिनिट में भारत सरकार को एक वायरलेस सन्देश प्राप्त हुआ कि भारतीय सेना श्रीनगर हवाई अड्डे में कुशलतापूर्वक उतर गई है। उस समय आक्रमणकारी बारामूला के पास थे। अत: भारतीय फौज ने बारामूला पहुँचकर आक्रमणकारियों का मुकाबला करने का निर्णय लिया। सेना के आवागमन की बख्शी द्वारा गुलाम मोहम्मद द्वारा व्यवस्था की गई, बख्शी गुलाम मोहम्मद उस समय नेशनल कान्फ्रेंस के नम्बर दो नेता थे। भारतीय ले. कर्नल दीवान रणजीत राय ने वहाँ पहुँचकर पाया कि आक्रमणकरी संगठित थे तथा लाईट व मीडियम मशीनगनों व मॉर्टर्स (Mortars) से लैस थे। उनका निर्देशन करने वाले कमाण्डर नवीन युद्ध शैली से परिचित थे। भारतीय लेफ्टिनेंट कर्नल राय ने बड़े साहस तथा सूझबूझ के साथ उनसे लोहा लिया परन्तु उन्हें यह आभास हुआ कि आक्रमणकारियों की संख्या और शक्ति उनके पास उपलब्ध युद्ध सामग्री से अधिक और अच्छी है, अत: तत्काल निर्णय लिया गया कि बारामूला-श्रीनगर मार्ग में श्रीनगर से 17 मील दूर स्थित पाटन पर मोर्चाबन्दी की जाए और बारामूला से पीछे हटा जाए। इस निर्णय के क्रियान्वयन के दौरान श्री राय युद्धभूमि में ही शहीद हो गए परन्तु उनकी सूझबूझ तथा इस निर्णय ने आक्रमणकारियों का श्रीनगर में प्रवेश का मार्ग पूरी तरह रोक दिया।

2. पाकिस्तान की प्रतिक्रिया - इस बीच लाहौर में राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी बेचैनी थी। कायदे आजम जिन्ना के निजी सचिव खुर्शीद अहमद उस समय श्रीनगर में थे। भारतीय फौज के वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफतार कर लिया गया तथा उन्हें वापस पाकिस्तान भेज दिया।

जिस समय जिन्ना साहब ने यह सुना कि 'भारत सरकार ने जम्मू तथा कश्मीर का भारत में विलयन स्वीकार कर लिया है भारतीय फौजें हवाई मार्ग से श्रीनगर में प्रवेश कर गई हैं, उन्होंने एक्टिंग कमाण्डर इन चीफ पाकिस्तान आर्मी जनरल ग्रेसी (Army General Gracy) को पाकिस्तान फौज को कश्मीर तत्काल भेजने का आदेश दिया।11 जनरल ग्रेसी ने इस आदेश का पालन करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक सुप्रीम कमाण्डर फील्ड मार्शल अकिनलेक की स्वीकृति नहीं मिल जाती, ऐसा नहीं किया जा सकता। फील्ड मार्शल अकिनलेख 28 अक्टूबर को प्रात: लाहौर पहुँचे, वहाँ पहुँचकर उन्होंने जिन्ना को समझाया कि, यदि पाकिसतानी सेना कश्मीर में प्रवेश करती है तो ऐसी स्थिति में पाकिस्तानी सेना में कार्यरत ब्रिटिश अधिकारियों को तत्काल अलग करना होगा, क्योंकि कश्मीर अब वैधानिक दृष्टि से भारत का अंग है। इस परिस्थिति में जिन्ना साहब को अपना आदेश रद्द करना पड़ा। जिन्ना साहब ने अकिनलेक के माध्यम से लार्ड माउण्डबैटन व पं. जवाहरलाल नेहरू को जम्मू-कश्मीर समस्या पर विचार करने हेतु लाहौर आने का निमंत्रण भिजवाया।

3. लाहौर कान्फ्रेंस - भारतीय नेताओं ने इस प्रश्न पर काफी मतभेद थे कि 'लाहौर जाया जाए या नहीं' लार्ड माउण्टबैटन और पंडित नेहरू सम्मेलन में भाग लेने के पक्ष में थे और सरदार वल्लभभाई पटेल उसके विरोध में थे। इसी बीच पंडित नेहरू के अस्वस्थ हो जाने से लार्ड माउण्टबैठन को अकेले ही लाहौर जाना पड़ा। लाहौर जाने के पूर्व उन्होंने गाँधीजी से भेंट की जिसमें गाँधीजी ने भारत सरकार की सैनिक कार्यवाही का पूर्ण समर्थन किया।

30 अक्टूबर 1947 को जबकि लार्ड माउण्टबैठन लाहौर जाने की तैयारी कर रहे थे, उसी दिन पाकिस्तान सरकार ने एक वक्तव्य प्रसारित कर कहा कि 'कश्मीर का भारत में विलयन एक धोखा है तथा बलपूर्वक कराया गया है। अत: उसे मान्य नहीं किया जा सकता है।'

1 नवम्बर 1947 को लार्ड माउण्टबैटन ने लाहौर पहुँचने पर जिन्ना ने उक्त बात को दोहराया लेकिन माउण्टबैटन ने कहा कि 'हिंसात्मक वातावरण कबाइली आक्रमणकारियों के द्वारा उत्पन्न किया गया है जिसके लिए

पाकिस्तान उत्तरदायी है न कि भारत। जिन्ना साहब लड़ाई बन्द करने के लिए तैयार थे, बशर्ते दोनों पक्षों की सेनायें कश्मीर से हट जायें। जब लार्ड माउण्टबैटन ने जिन्ना साहब से पूछा की कबाईलियों की कश्मीर से बाहर वापसी की जिम्मेदारी कौन लेगा ? तो उन्होंने कहा कि वे उनकी 24 घटे के अन्दर वापसी की गारंटी ले सकते हैं। मिस्टर जिन्ना की इस बात पर लार्ड माउण्टबैटन चकित रह गये। यह इस बात को स्पष्ट कर देता है कि –'वास्तव में कबाइली आक्रमण के पीछे पाकिस्तान सरकार का हाथ था।' लाहौर वार्ता के दौरान मिस्टर जिन्ना ने जनमत के प्रश्न पर भी आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'कश्मीर में भारतीय फौज के रहते हुए लोग स्वतंत्रतापूर्वक अपना मत नहीं व्यक्त कर सकते। इस पर लार्ड माउण्टबैटन ने सुझाव दिया कि जनमत संग्रह संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देशन और देखरेख में आवश्यक वातावरण बनाकर कराया जा सकता है।'

इस पर जिन्ना ने कहा कि 'वहाँ जनमत संग्रह सिर्फ वे तथा माउण्टबैटन दोनों मिलकर करा सकते हैं।' इस पर लार्ड माउण्टबैटन ने कहा कि ऐसा करने का उनके पास अधिकार नहीं है। वार्तालाप के अन्त में लार्ड माउण्टबैटन के अनुसार जिन्ना निराशा से भरे हुए थे और कह रहे थे कि 'भारत पाकिस्तान के जन्मकाल में ही उसका गला घोंट देना चाहता है।' इस तरह वार्ता में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था।

4. गिलगित में बगावत तथा पाकिस्तान का नियंत्रण – इसी बीच जम्मू–कश्मीर राज्य में नेशनल कान्फ्रेंस के नेतृत्व में अंतरिम आपातकालीन सरकार का गठन हो चुका था। भारतीय फौजें और अधिक संख्या में कबाईली आक्रमणकारियों से लोहा लेने पहुँच चुकी थी। 31 अक्टूबर की रात्रि गवर्नर के निवास को गिलगित स्काउट्स द्वारा घेर लिया गया। गिलगित स्काउट्स पाकिस्तान के पक्षधर थे। 1 नवम्बर 1947 को गवर्नर को बन्दी बना लिया गया तथा गिलगितत में आक्रमणकारियों द्वारा प्रान्तीय सरकार की स्थापना कर दी गई। 4 नवम्बर की गिलगित स्काउट्स के ब्रिटिश कमांडेण्ट मिस्टर ब्राउन ने स्काउट्स बैठक में एक समारोह का आयोजन कर पाकिस्तानी झण्डे को फहरा दिया। नवम्बर के तीसरे सप्ताह में पाकिस्तान ने गिलगित में एक पोलिटिकल एजेन्ट की नियुक्ति कर दी। इस तरह गिलगित क्षेत्र में पाकिस्तान का पूर्ण नियंत्रण हो गया।

बारामूला, उरी, तंगमार्ग, गुलमर्ग की कबाईलियों से मुक्ति – इस बीच एक तरफ भारत सरकार अपनी सैनिक कार्यवाही को उचित बताती रही और दूसरी ओर पाकिस्तान उसे अनैतिक और गैर–कानूनी ठहराता रहा। 3 नवम्बर को सरदार वल्लभभाई पटेल तथा सरदार बलदेवसिंह ने श्रीनगर की यात्रा की और वहाँ से वापस आकर तत्काल 4 नवम्बर को निर्णय लिया कि 'कश्मीर में एक नये डिवीजनल हेड क्वार्टर की स्थापना की जाए। तद्नुसार मेजर जनरल बलवन्तसिंह के कमाण्ड में एक नये डिवीजन को भेजा गया। इस कमाण्ड को निर्देश दिया गया कि वह अपना पूरा ध्यान बारामूला को वापस लेने में लगाये क्योंकि वहाँ से पुनः कश्मीर घाटी पर आक्रामक पहुँच सकते हैं। मेजर जनरल बलवन्तसिंह 5 नवम्बर को श्रीनगर गये और तीन दिनों ही के अन्दर उन्होंने अपने मिशन पर कामयाबी हासिल की। 8 नवम्बर 1948 को बारामूला पर भारतीय नियंत्रण स्थापित हो गया।

8 नवम्बर को लार्ड माउण्टबैटन के प्रयासों से भारत पाकिस्तान की ज्वाईंट डिफेन्स कौन्सिल की बैठक दिल्ली में आयोजित की गई थी। माउण्टबैटन का प्रयास था कि 'जिन्ना तथा लियाकत अली इसमें शरीक हों परन्तु पाकिस्तान की तरफ से अब्दुल रब निशार तथा मोहम्मद अली आये। पं. नेहरू भी इस बैठक में उपस्थित थे। बाद में पं. नेहरू ने अब्दुल रब निशार से कश्मीर समस्या पर बातचीत की परन्तु उसका कोई स्पष्ट परिणाम नहीं निकला।

पहले ये मसला सुरक्षा परिषद में गया जब वहाँ इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तब सुरक्षा परिषद ने इस समस्या का समाधान करने के लिए 5 राष्ट्रों चेकोस्लोवाकिया, अर्जेन्टीना, अमेरिका, कोलम्बिया और बेल्जिमय को सदस्य नियुक्त कर मौके पर स्थिति का अवलोकन करके समझौता कराने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र आयोग की नियुक्ति की।

संयुक्त राष्ट्र आयोग ने जून 1948 को अपना काम शुरू किया। 3 अगस्त 1948 को अपना पहला प्रस्ताव पेश कर दिया। इस प्रस्ताव को भारत ने स्वीकार किया परन्तु पाक ने अस्वीकार किया। 1 जनवरी 1948 को नए प्रस्ताव जारी किए। इस प्रस्ताव को दोनों ने स्वीकार किया। 1 जनवरी 1949 को युद्ध विराम स्वीकार कर लिया।

सुरक्षा परिषद ने 5 जनवरी 1949 को एक प्रस्ताव पारित किया जिसके अंतर्गत जनमत संग्रह करवाया जावेगा। जम्मू कश्मीर की सरकार की देखरेख के अन्तर्गत मत संग्रह कराया जायेगा। राज्य की सुरक्षा करने के लिए भारत की सेना को अधिकार को सुनिश्चितता प्रदान की जायेगी। कश्मीर से पाकिस्तानी सेनाओं तथा इसके तत्वों को निकाला जाएगा, परन्तु राष्ट्र संघ के यह सभी मत अभी तक कोई सुनिश्चित हल नहीं निकाल पाए हैं और यह समस्या आज भी पूर्ववत है।

धारा 370 के विशेष प्रावधान – भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई 1954 को अनुच्छेद 370 के अन्तर्गत कश्मीर को विशेष दर्जा दे दिया, जो भारत सरकार की बहुत बड़ी भूल मानी जाती है। धारा 370 के बारे में जगमोहन जी ने कहा है 'धारा 370 इस स्वर्ग रूपी राज्य में केवल शोषकों को समृद्ध करने का ही साधन है। यह गरीबों को लूटता है। यह मृगतृष्णा की तरह उन्हें भ्रम में डालता है। यह 1 सत्ताधारी कुलीनों की जेबें भरता है। नये सुलतानों के अहम् को बढ़ाता है।'24 संक्षेप में यह एक ऐसे भू क्षेत्र की रचना करता है जहाँ न्याय नहीं है और जो अपरिपक्वताओं तथा अन्तर्विरोधों से भरा है। यह धारा धोखे, दुहरेपन और जनोत्तेजना की राजनीति को बढ़ावा देता है। विघटन के बीजाणुओं का प्रजनन करता है। दो राष्ट्र धारणा की हानिकारक विरासत को जीवित रखने में सहयोग देता है। एक भारत के विचार और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के महान सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण की हत्या करता है। घाटी में यह एक हिंसात्मक और सशक्त उथल–पुथल का कारण हो सकता है। यह एक ऐसे भूचाल का केन्द्र है, जिसका कम्पन पूरे देश को हिला देगा, उसके परिणामों की हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

समय के साथ–साथ धारा 370 सत्ताधारी राजकुलीनों और अफसरशाही, व्यापारियों, न्यायप्रणाली तथा वकीलों के हाथों शोषण का साधन बन चुका है। इससे एक दुष्चक्र स्थापित हो गया है फिर क्या कारण था कि इतनी बुराईयों के बावजूद भी धारा 370 को क्यों अपनाया गया ? वे क्या परिस्थितियाँ थीं, जिनके कारण धारा 370 को हमारे संविधान में लाया गया ? इसकी विषय वस्तु क्या है ? और समय के साथ–साथ इसका स्वरूप बिगड़ा तो क्यों ?

24 अक्टूबर 1947 को जब पाकिस्तानी फौजों ने आजाद कश्मीर सेना के नाम से कश्मीर पर हमला बोला तो महाराज हरीसिंह ने भारत सरकार से मदद मांगी। 26 अक्टूबर 1947 को उन्होंने विलय संधि की। इसके अधीन उन्होंने सुरक्षा, विदेशी मामले और संचार केन्द्रीय सरकार के सुपुर्द कर दिये। इस 'इन्स्ट्रूमेन्ट ऑफ एक्सेशन' का स्वरूप बिल्कुल वैसा ही था,

जैसा कि दूसरे रियासती राज्यों के प्रमुखों ने भारत सरकार से किया था। भारतीय सरकार की जिद पर यह निर्णय लिया गया कि राज्य अधिमिलन का अंतिम निर्णय जम्मू और कश्मीर की संविधान सभा में लिया जायेगा। इस अंतराल में यानी 'इन्स्ट्रूमेन्ट ऑफ एक्सेशन' के लागू होने से राज्य की संविधानी सभा में इस पर विचार विमर्श होने तक भारतीय संविधान में कुछ अंतरिम नियम तो बनाने ही थे और धारा 370 जोड़कर ऐसा किया गया।

धारा 370 का सार तत्व यह है कि 'जम्मू-कश्मीर के संबंध में रक्षा, विदेशी मामलों और संचार के साथ-साथ केन्द्रीय संसद, केन्द्रीय तथा सम्मिलित सूचियों के संदर्भ में राज्य सहमति पर ही कानून बना सकती है। इससे जम्मू कश्मीर राज्य को एक विशेष स्तर मिल जाता है। जहाँ एक ओर केन्द्रीय संसद को अन्य राज्यों के संदर्भ में कानून बनाने के लिए निर्बाध अधिकार है, वहीं जम्मू-कश्मीर के लिए कानून राज्य सरकार सहमति पर ही बनाया जा सकता है।

धारा 370 जो कि परिशिष्ट 3 में दी गई है, से स्पष्ट हो जाता है कि यह स्वभाव से ही अल्पकालिक है। जम्मू-कश्मीर की संवैधानिक सभा ने फरवरी 1956 में राज्य के संघ के सम्मिलन की अभिपुष्टि कर दी थी। इस अभिपुष्टि के साथ ही राज्य का भारत में सम्मिलन का मुद्दा सुलझ गया था, लेकिन रक्षा, विदेशी मामलों और संचार के अतिरिक्त अन्य मामलों में संसद के अधिकार क्षेत्र के मुद्दे को लचीला ही छोड़ दिया गया। राज्य सरकार की सहमति से राष्ट्रपति भारतीय संविधान के नियम जम्मू-कश्मीर पर भी लागू कर सकते थे।

राज्य का अपना संविधान है जो कि धारा 370 की एक दुर्भाग्यपूर्ण गौण उपज है। भारतीय संघ के किसी और राज्य का अलग संविधान नहीं है। अन्य राज्यों का एक ही स्वरूप है, जो भारतीय संविधान के भाग 4 के अनुसार रचा गया है।

जम्मू-कश्मीर संविधान की व्यवस्था अनेक समस्याँ पैदा करती हैं - विशेषकर सम्पत्ति रखने, नागरिकता पाने और राज्य में बसने के अधिकार के संदर्भ में। भारत के नागरिक स्वत: ही जम्मू-कश्मीर के नागरिक बन जाते हैं। उन्हें राज्य में बसने का भी कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। भारत का संविधान केवल एक नागरिकता को मान्यता देता है लेकिन जम्मू-कश्मीर के नागरिक के दुहरा लाभ उठाते हैं। भारत के नागरिक के रूप में और दूसरा जम्मू-कश्मीर के नागरिक के रूप में जो लोग जम्मू-कश्मीर राज्य के नागरिक नहीं है, उन्हें राज्य में अनेक कमियों का सामना करना पड़ता है। वे राज्य में कोई भी संपत्ति नहीं रख सकते। उन्हें राज्य की संसद, स्थानीय समस्याओं, पंचायतों या सहकारी समितियों वगैरह के चुनाव में मतदान को कोई अधिकार नहीं होता। इससे भी ज्यादा अन्यायपूर्ण यह है कि यदि जम्मू-कश्मीर राज्य की कोई महिला किसी अन्य राज्य के नागरिक से विवाह कर लेती है तो वह जम्मू-कश्मीर में अपनी सारी संपत्ति खो देगी, यहाँ तक कि वह अपने माता-पिता की पैतृक संपत्ति का अधिकार भी खो बैठेगी। संविधान की यह व्यवस्था कानूनी और संवैधानिक रूप से पुरानी और समयानुकूल नहीं है जो लोग जम्मू-कश्मीर पर शासन करते हैं और जो भारतीय नीति रचयिता 370 तथा राज्य संविधान की आड़ में सब कुछ होने देते हैं, उनका रूख क्या है ? एक व्यक्ति जो भारतीय नागरिक है और जम्मू कश्मीर का स्थायी निवासी/नागरिक है, भारतीय करदाताओं के ही पैसे से स्थापित कॉलेज में सिर्फ इसलिए प्रवेश नहीं पा सकता क्योंकि उसने एक भारतीय नागरिक से ही शादी की है ? इससे अधिक अन्यायपूर्ण, अतार्कित बात क्या हो सकती है ? पाकिस्तानी विस्थापितों, संबंधी मामला अन्याय का एक और ज्वलन्त उदाहरण है, विभाजन के दौरान, पश्चिमी पाकिस्तान से कुछ परिवार यहाँ आकर बस गये। अब ये इस राज्य में लगभग चार दशकों से हैं, लेकिन वे बदकिस्मत लोग, जिन्हें परिस्थितिवश जगह बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा, इन्हें मूलभूत मानवीय अधिकार भी नहीं दिये गये। उन्हें, उनके बच्चों, उनके बच्चों के बच्चों को भी जम्मू-कश्मीर राज्य की नागरिकता हांसिल करने का कोई अधिकार नहीं है। राज्य चुनाव, नगर पालका या पंचायत चुनावों में भी वे भाग नहीं ले सकते। यहाँ तक कि वे राज्य सरकार या उसकी एजेन्सियों से उधार भी नहीं ले सकते। युवा लड़के, लड़कियों को राज्य के मेडिकल, इन्जीनियरिंग या कृषि कॉलेजों में प्रवेश भी नहीं मिल सकता।

क्या यह दु:खद नहीं है कि सब कुछ हमारे देश के ही एक हिस्से में हो रहा है-उस देश में जो सदा अपने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय का दम भरता रहा है, उस देश में ऐसा हो रहा है, जो दक्षिणी अफ्रीकियों और फिलीस्तीनियों के मानवीय अधिकारों पर चार-चार आँसू रोता रहा है ? यहाँ मूल प्रश्न कितने लोग इसमें शामिल हैं - इसका नहीं है। यहाँ सवाल कुछ लाभों के लिए तुष्टीकरण की राजनीति के खेल और स्वार्थपरायणता की वेदी पर सहानुभूति और कर्त्तव्यों के बलिदान का है।

धारा 370 के दावेदार अक्सर यह तर्क देते हैं कि 'संविधान में इसे रखना राज्य की स्वायत्ता के लिए जरूरी है, लेकिन इस स्वायत्ता का धारा से क्या लेना-देना है ? जब अन्य राज्य केन्द्र से और स्वायत्ता की मांग करते हैं तो उनका मतलब एक अलग पहचान से नहीं होता। वे वाकई सत्ता का विकेन्द्रीकरण चाहते हैं ताकि प्रशासनिक और विकास कार्य जल्दी हो सकें और सार्वजनिक सेवा का स्तर अच्छा हो सके। लेकिन जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को 1953 से किये गये अवमिश्रण को खत्म कर जस का तस रखने की मांग एक विभिन्न उद्देश्य से उपजी है। यह मांग मुख्य धारा से अलग रहने, अलग साम्राज्य स्थापित करने, अलग झण्डा फहराने, मुख्यमंत्री के स्थान पर प्रधानमंत्री और गवर्नर के स्थान पर सदर-ए-रियासत रखने तथा और अधिक सत्ता हासिल करने की कुशल नीति से उपजी है। यह जनता के हित के लिए, शान्ति या प्रगति हासिल करने या अनेकता में सांस्कृतिक एकता लाने के लिए नहीं बल्कि 'नये कुलीनों' और 'नये शेखों' की स्वार्थ पूर्ति के लिए है।

पूर्वी यूरोप में स्वायत्तता की जो ताजा हवा हाल में ही चल रही है उसे कुछ क्षेत्रों में स्वायत्ता देने के तर्क की तरह इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन यह तर्क हमारे सामाजिक और आर्थिक विकास की अवस्था का ध्यान नहीं रखता। गरीबी, पिछड़ापन, अशिक्षा, कट्टरपंथवाद की समस्याओं को सुलझाने से पहे स्वायत्ता के बारे में सोचना, घोड़ो के आगे छकड़े को रखने के समान होगा। नकल करके हमें अपना विनाश नहीं करना चाहिए। हमारे 'युद्ध नेता' के स्वतंत्रता और मानवीय विकास को ऊँचे सिद्धान्तों से प्रेरित नहीं होंगे बल्कि एक सकुचित विचारधारा से प्रेरित होंगे तथा चारों ओर दु:ख और खून बहा देंगे। विदेशी विचारधारा से प्रेरित हो उठाये गये स्वायत्ता के ये झूठे विचार हमारे देश में विपत्ति का कारण बनेंगे और समाज को विभाजित कर देंगे।

जो लोग जम्मू-कश्मीर की स्वायत्ता की बात करते हैं, वे इस राज्य के विशाल और भिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक स्वरूप को भूल जाते हैं। जम्मू के लोगों के सपने अलग हैं, उनका गठबन्धन एक विधान, एक प्रधान से है। उनकी संस्कृति और व्यक्तित्व विशेष है। पूँछ और राजौरी के मुसलमानों में अलग गुण और विशेषताएँ पाई जाती हैं। हिमाचल प्रदेश की सीमा के पास

रहने वाले लोगों की स्थिति भी यही है। गुर्जर और बकरवाल भी एक विशेष समूह है। लद्दाख तो पूरी तरह से अलग है।

यदि धारा 370 को बनाये रखा जाता है और स्वायत्ता पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया जाता है तो कश्मीरियों की हुकूमत का सामना करने के लिए राज्य का हर क्षेत्र, हर सांस्कृतिक इकाई धारा 370 के समकक्ष या फिर 'स्वायत्ता' की मांग करने लगेगी। दावे तथा प्रतिदावे अनन्त होंगे और राज्य की अवस्था और भी तार-तार हो जायेगी।

समाधान एवं निष्कर्ष – उचित तो यह है कि भारतीय सरकार को कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर देना चाहिए। यह सत्य है कि जिस समय धारा 30 का प्रावधान कश्मीर के लिए किया गया था, उस समय उसकी प्रासंगिकता हो सकती थी। परन्तु अब यह धारा 370 कश्मीरियों और भारत के अन्य प्रान्तवासियों के आपस में सम्मिलन एवं घुलने-मिलने में बाधक सिद्ध हो रही है। कश्मीरी लोग भारत के अन्य प्रान्तवासियों के साथ तथा भारत के अन्य प्रान्तवासी कश्मीरियों के साथ अभी तक भावात्मक और अन्य रूपों में सम्मिलित नहीं हो पाने का एक ही कारण है कि धारा 370 ने कश्मीरियों और भारत के अन्य प्रान्तवासियों के बीच एक दीवार या एक खाई बनाकर दोनों के बीच कुछ दूरियाँ बनाये रखी हैं। भारत के अन्य प्रान्तवासी अपने आपको कश्मीर से एवं कश्मीरी भारत के अन्य प्रान्तों से अपने आपको अलग पाते हैं। अतः इन दूरियों का फायदा उठाने का प्रयास पाक-कश्मीरियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर जनमत संग्रह की मांग करके सहानुभूति प्राप्त करने के प्रयास करता है। जनमत संग्रह करवाकर वहाँ की जनता की सहानुभूति अगर पाक के साथ हुई तो कश्मीर का पाक में विलय हो जायेगा। पाक की यही भावना पाक को बार-बार कश्मीर को हड़पने के लिए प्रयास करने को विवश कर रही है। पाक येन-केन प्रकारेण धर्म की आड़ में कश्मीर की जनता को अपने साथ करने की फिराक में है। दूसरी ओर पाक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर हमेशा जनमतसंग्रह की मांग करता ही रहा है। यह सब एक ही राजनीति का हिस्सा है। जूनागढ़ और हैदराबाद रियासत की समस्या के जल्दी सुलझा लिये जाने में वहाँ की बहुसंख्यक हिंदू जनता की भी भूमिका रही है। दूसरी तरफ कश्मीर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी होने के कारण पाक की उम्मीद वहां की मुस्लिम जनता पर टिकी हुई हैं। यही एक ऐसा बिन्दु है जो पाक को बार-बार कश्मीर को हड़पने के प्रयास को प्रेरित करता रहा है। हांलाकि कश्मीर में पाक की दाल नहीं गल पाने में कश्मीर की सूफी संस्कृति का भी बड़ा योगदान रहा है।

कश्मीर समस्या के समाधान हेतु प्रथम प्रयास यह होना चाहिए कि पाकिस्तान कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देना बन्द करे तथा दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा को अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा मानने तथा शिमला समझौते की भावना के अनुरूप यथास्थिति को स्वीकार करने को सहमत हों।

कश्मीर घाटी के जनसंख्या चरित्र को बदलना यह प्रयोग भी दुनिया में कई देशों ने किया है। तिब्बत पर स्थायी कब्जे के लिए चीन यही कर रहा है। चीन के अन्य भागों से लाकर इतने चीनी यहां बसा दिये गये हैं कि तिब्बती अल्पसंख्यक हो गये हैं। ऐसे ही हमें भी पूरे भारत के हिंदूओं को नाममात्र के मूल्य पर खेतीहर जमीनें देकर घाटी में बसा देना चाहिए। पूर्व सैनिकों के साथ ही ऐसे लोगों को वहां भेजा जाए। जो स्वभाव से जुझारू और शस्त्र प्रेमी होते हैं। सिक्ख, जाट, गुर्जर आदि ऐसे ही कौमें हैं। ऐसे 10 लाख परिवार यदि घाटी में पहुंच जाएं तो वे स्वयं ही अलगाववादियों से निपट लेंगे।

वर्तमान समय में भारत-पाक संबंध जिस प्रकार के हैं, उससे निकट भविष्य में कश्मीर समस्या का स्थायी समाधान मृग तृष्णा के समान ही दिखाई दे रहा है। सी.टी.बी.टी. व्यापक परमाणु परीक्षण निषेध संधि के मुद्दे पर भी पाकिस्तान यही कह रहा है कि भारत के हस्ताक्षर करने के बाद ही वह इस संधि पर हस्ताक्षर करेगा। भारत ने इसे भेदभावपूर्ण तथा सार्वभौमिक परमाणु निःशस्त्रीकरण के समयबद्ध कार्यक्रम से जुड़ी नहीं होने का आरोप लगाकर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है।

पाक ने कश्मीर को हथियाने के लिए अपने सारे हथकण्डे अपना लिये हैं। पाकिस्तान चाहता है कि विश्व मंच पर कश्मीर के मसले में तीसरे देश की मध्यस्थता हो, परन्तु भारत इसका विरोधी है, क्योंकि वह मानता है कि दोनों देशों की द्विपक्षीय वार्तालाप द्वारा ही सभी आपसी मुद्दों और समस्याओं को सुलझाया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉ. फड़िया बी.एल. 'अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति' साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
2 Bains J.S., "India's International Disputes – A Legal Study", Asia Publishing House, 1962
3 Menon V.P. "The Transfer of Power in India" Orient Longman's Ltd. 196í
4 Quoted from "White Paper on Jammu and Kashmir", Govt. of India
5 Nayar Kuldip, "Distant Neighbours : A Tale of the Subcontinent" Vikas Publishing Hose Pvt. Ltd.
6 जगमोहन, भूतपूर्व राज्यपाल, 'कश्मीर दहकते अंगारे' एलाइड पब्लिशर्स लि. नईदिल्ली 1993
7. https://www.wikipedia.org/
8. www.google.com
9. नईदुनिया दैनिक समाचार पत्र

****

मध्यप्रदेश में औषधीय फसलों की विपणन व्यवस्था मंदसौर एवं नीमच जिले के संदर्भ में

मोनिका वर्मा *

प्रस्तावना – मेरे शोध अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य मध्यप्रदेश में औषधीय फसलों की विपणन व्यवस्था मंदसौर एवं नीमच जिले के संदर्भ में ही है। इस दृष्टि से औषधीय फसलों का बाज़ार ढाँचा, व्यापार मात्रा और मूल्यों के विस्तार का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है।

वर्तमान में औषधीय फसलों का बाज़ार विभिन्न कारणों से देश एवं प्रदेश में असंगठित है। यदि औषधीय पौधों का प्रयोग सावधानी एवं बुद्धिमानी से किया जाये तो यह चलता-फिरता एवं सस्ती दवाओं का एक महत्वपूर्ण बाज़ार है। वर्तमान में 95 प्रतिशत औषधीय पौधों का संग्रहण असंगठित रूप में होता है। विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि औषधीय पौधों की कृषि देश एवं प्रदेश में बहुत कम मात्रा में एवं कुछ ही स्थानों पर सीमित कृषकों द्वारा की जाती है। इसके लिये दवाई कम्पनियों की अप्रभावी, अपूर्ण, अनौपचारिक एवं अवसरवादी बाज़ार नीतियाँ उत्तरदायी है। भारत एवं मध्यप्रदेश में बहुत बड़े पैमाने पर, गोपनीय तौर पर मुख्य रूप से असंगठित तरीके से औषधीय फसलों का बाज़ार फैला हुआ है। जिसको संगठित करने हेतु एक सुनिश्चित नीति एवं योजना की आवश्यकता है।

इसी प्रकार राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर अलग-अलग औषधीय पौधों की खेती एवं उनके उत्पादन के सांख्यिकी आंकड़े उपलब्ध नहीं है। डी.के. वैद एवं जी.एस. गोराया द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर केवल छ: औषधीय पौधों (ईसबगोल, सेना, जोजोबा, हीना, अश्वगंधा एवं मिल्क थिस्टल (Milk Thistle) की खेती, क्षेत्रफल एवं उत्पादन की जानकारी कृषकों से प्रत्यक्ष सम्पर्क कर एकत्रित की गई, जिसके अनुसार देश में इन छ: औषधीय पौधों की खेती 1,18,000 हेक्टेयर में होकर 1,21,400 मीट्रिक टन का उत्पादन हो रहा है।[1]

मध्यप्रदेश में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों जैसे सफेद मूसली, अश्वगंधा, ईसबगोल, अजवाइन, अफीम, लेमनग्रास, तारामीरा, तम्बाकू, जट्रोफा आदि की खेती प्रदेश के विभिन्न जिलों में होती है। **ईसबगोल की खेती-** जबलपुर, मन्दसौर व नीमच जिलों में, **असगंध की खेती-** जबलपुर, कटनी, उमरिया, धार, मन्दसौर, नीमच व राजगढ़ जिले में, सफेद मूसली की खेती- उमरिया, इन्दौर, धार, खण्डवा, बेतुल जिले में, लेमनग्राम की खेती- जबलपुर, इन्दौर, रतलाम, बेतुल जिले में, तम्बाकू की खेती- छतरपुर जिले में, अफीम की खेती- मन्दसौर व नीमच जिले में तथा जट्रोफा की खेती- जबलपुर, मन्दसौर, नीमच, रतलाम, भोपाल, राजगढ़ एवं होशंगाबाद जिले में प्रमुख रूप से होती है।

यद्यपि इन फसलों के विपणन में कुछ समस्याएँ अवश्य है मगर समय के साथ-साथ इनका हल भी ज्यादा मुश्किल नहीं होगा। औषधीय पौधों के प्रशिक्षण के साथ ही इनके विपणन के क्षेत्र में उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमेप) उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहा है। शासन के अन्य विभाग भी इस दिशा में अपने-अपने स्तर के अनुरूप पर्याप्त कार्य कर रहे हैं ताकि न केवल इन फसलों का उत्पादन बढ़े अपितु उत्पादित वस्तुओं को एक अच्छा बाज़ार भी सुलभ हो सके।[2]

मन्दसौर व नीमच जिले में औषधीय फसलों की विपणन व्यवस्था – देश एवं प्रदेश की तरह ही अविभाजित मन्दसौर जिले में औषधीय फसलों की विपणन व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। फसल तैयार होकर ग्रेडिंग व पैकिंग की प्रक्रिया से गुजरती है। पैकिंग के पश्चात् फसल बाज़ार में विक्रय योग्य हो जाती है। जिले में चयनित औषधीय फसलों के चुने हुए लाइसेंसधारी क्रेता-विक्रेता हैं जो जिले की मण्डियों में जाकर कृषकों की फसलों को खरीदते हैं एवं कृषक अपनी फसल को मण्डी में ले जाकर समय-समय पर बेचते हैं। परिवहन हेतु यातायात के साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कृषकों के पास निजी या शासकीय स्तर पर भण्डारण सुविधा न होने से उन्हें अपनी फसल का विक्रय तुरन्त करना पड़ता है, फलस्वरूप वे अधिकतम विक्रय मूल्य पाने से वंचित रहते हैं।

आधुनिक कृषि में उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ उनके विपणन का प्रबन्ध होना आवश्यक है। समस्त कृषकों को व्यापारिक रीति-नीतियों की पर्याप्त जानकारी नहीं होती है और वे अपनी फसल का अधिकांश भाग गाँवों में ही विक्रय कर देते हैं।

आधुनिक कृषि तकनीक एवं वैज्ञानिक विकास की भांति बाज़ार सुविधाएँ कृषि लागत एवं कृषक को कृषि विकास के लिये प्रेरित करती है। यदि कृषि उपज से प्राप्त होने वाला प्रतिफल निश्चित होगा तो कृषक निश्चित ही अतिरिक्त कृषि निवेश के लिये तत्पर होगा। साथ ही इस प्रकार कृषि उत्पादन में कृषक द्वारा निवेशित राशि बहुत कुछ उपज की बिक्री से प्राप्त राशि, बाज़ार सुविधाओं एवं विपणन व्यवस्था पर निर्भर करती है। अविभाजित मन्दसौर जिले में कृषि उपज के विपणन की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का विगत वर्षो में पर्याप्त विकास हुआ है।

विपणन की दृष्टि से जिले में मन्दसौर, सुवासरा, शामगढ़, भानपुरा, पिपलिया, नारायणगढ़, नीमच, मनासा एवं जावद में नियमित कृषि उपज मण्डियाँ कार्यरत है।[3] इनमें से मन्दसौर, नीमच, मनासा व नारायणगढ़ मण्डियों में ही औषधीय फसलों का विक्रय होता है। इसके अतिरिक्त जिले में 28 गाँवों में नियमित रूप से साप्ताहिक हाट बाज़ार भी लगते हैं। जिले में प्रत्येक तहसील स्तर पर राज्य भण्डार गृह निगम द्वारा कृषि उपज के संग्रहण की सुविधाएँ भी उपलब्ध है। गत कुछ वर्षो में जिले में कई निजी भण्डार गृहों

* पीजीटी कॉमर्स, केन्द्रीय विद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

तथा सोया चौपाल जैसे विपणन केन्द्रों की स्थापना हुई है। जहाँ तक औषधीय फसलों की विपणन व्यवस्था का प्रश्न है, जिले में नारायणगढ़ मण्डी में ईसबगोल की फसल का विपणन प्रमुखता से, किन्तु मण्डी में न होकर मण्डी के बाहर होता है इसका प्रमुख कारण वेट की दर अधिक होना पाया गया है तथा नीमच, मनासा व मन्दसौर मण्डी में असगंध व ईसबगोल का विपणन मुख्य रूप से होता है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों व राजस्थान से भी असगंध एवं ईसबगोल के विक्रय हेतु कृषक अपना उत्पाद विक्रय करने हेतु आते हैं। प्रदेश में नारायणगढ़ मंडी में ईसबगोल का सर्वाधिक विक्रय मूल्य कृषक को मिलता है। जिले के मल्हारगढ़ तहसील के नारायणगढ़, पिपलिया मण्डी, बूढ़ा तथा मनासा सहित अन्य क्षेत्रों में 7,000 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 9,000 किसान ईसबगोल का उत्पादन करते हैं और लगभग एक लाख क्विंटल ईसबगोल यहाँ से सीधे गुजरात की ऊँझा मण्डी चला जाता है।[4] इस प्रकार आयुर्वेदिक व अन्य औषधियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ईसबगोल के प्रसंस्करण इकाई की सुविधा के अभाव में किसानों को यहाँ उचित दाम नहीं मिल पाते हैं। इसी प्रकार नीमच जिला अश्वगंधा की खेती के लिये देश ही नहीं विदेश में भी पहचान बनाये हुए है। इस सबके बावजूद जिले में अश्वगंधा के पाउडर तैयार करने का प्लान्ट नहीं है जिसका विभिन्न बीमारियों में गोलियों व केपसूल के रूप में उपयोग किया जाता है। जिले के किसानों को अश्वगंधा की खेती का पर्याप्त लाभ तभी मिल सकता है जब वे आयुर्वेदिक कम्पनियों को एवं विदेशों में स्वयं बेचे। मनासा व नीमच की मण्डियों में जो स्थानीय बाज़ार है, में असगंध मात्र 12,000 रूपये प्रति क्विंटल तक बिक रही है वहीं विदेशों में इसके भाव 80,000. रूपये प्रति क्विंटल तक है।[5]

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य :

1. अश्वगंधा का सीधे विदेशों से व्यापार करने वाले हनुमान प्रसाद दरक, रामकुंवर दरक व कन्हैया दरक के अनुसार विदेशों में मनासा की अश्वगंधा की बड़ी माँग है। इन्टरनेट के जरिये सम्पर्क साधकर व्यापारी मनासा से अमेरिका, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका सहित कई देशों को अश्वगंधा पहुँचा रहे हैं।
2. विथेनिन और विथफेरीन नामक तत्व दुनिया भर में केवल मनासा में होने वाली अश्वगंधा में प्रचुरता से पाये जाते हैं। इसके अलावा 38 तत्व इसमें पाये जाते हैं।
3. ग्राम अल्हेड़, मनासा हांसपुर, डांगरी, शेषपुर, हथुनिया, रातीतलाई, बावड़ा, पिपल्या रावजी, बांगरेल और उचेड़ आदि गाँवों में अश्वगंधा की खेती होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वेद डी.के. एंउ गोराया जी.एस.एक्सक्लूसिव समरी (मार्केट सिनेरिया ऑफ मेडिसिनल प्लांटस पेज-13
2. औषधि पौधों का उज्जवल भविष्य-त्रिवेदी विश्वपति-उद्यमिता।
3. जिला सांख्यिकी पुस्तिका-जिला सांख्यिकी कार्यालय मंदसौर व नीमच वर्ष 2009
4. दैनिक नई दुनिया-26 फरवरी 2010
5. देनिक भास्कर-दिनांक 23 जनवरी 2011 पेज-4
6. दैनिक भास्कर दिनांक 23 जनवरी 2011 पेज-4

****

फास्ट फूड को ग्रहण किये जाने समय व स्थान के आधार पर अध्ययन

डॉ. रीना मालवीय *

शोध सारांश – किशोर चाहे वह किसी भी आय वर्ग के अंतर्गत आता है वह अपनी आय के अनुसार संतुलित आहार ग्रहण कर सकता है। आर्य वर्ग समूह के साथ जाति धर्म को भी ध्यान में रखकर किशोर अपने आहार में परिवर्तन कर संतुलित आहार प्राप्त कर सकता है। यद्यपि प्रत्येक परिवार की अपनी भोजन पद्धति होती है परंतु किशोरों में सहपाठियों तथा पड़ोसियों के भोजन का बालक की भोजन संबंधी आदतों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। पारिवारिक भोजन के अतिरिक्त उसके टिफिन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पराठा, दाल, सोयाबर्फी, सोयाबीन का हलवा आदि का विशेष प्रयोग किया जाना चाहिए। घरों में कस्टर्ड, पुडिंग, फ्रुड सलाद, आइसक्रीम, छैना, खीर, एग स्कॉच आदि के द्वारा पौषणिक आवश्यकताओं की काफी हद तक संतुष्टि की जा सकती है।

प्रस्तावना – भारत और अन्य विकासशील देशों के शालेय बालकों और किशोरों के आहार सर्वेक्षण किये गये है उसमें यह ज्ञात हुआ है कि इनके आहार में कैलोरी प्रोटीन विटामिन ए राइबोफ्लेबिन फोलिक एसिड और आयरन की कमी रहती है इन बालकों में फोलिक एसिड और आयरन की कमी के कारण से होने वाले एनीमिया के चिन्ह और लक्षण स्पष्ट दिखाई देते है विकासशील देशों में यह बीमारी व्यापक रूप से पाई जाती है। अत: किशोरावस्था में आहार की संतुलितता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जहां उच्च आय वर्ग में मांसल पदार्थ दूध तथा दूध से बने पदार्थ अण्डा मछली मेवे आदि दिये जा सकते है वही दूध और प्राणिज खाद्य पदार्थो की मात्रा मध्यम आय वर्ग समूह में स्थान पाती है जबकि निम्न आय वर्ग में अनाज मूंगफली तथा हरी पत्तेदार सब्जियों की पर्याप्तता होती है।

फास्ट फूड का प्रभाव बच्चों में अधिकता से पाया जाता है नूडल्स बर्गर, पिज्जा, व पेटिस जैसे फास्ट फूड और अस्वास्थ्यकर नाष्ते के प्रति दीवानगी बच्चों को मोटापे का षिकार बना रही है। ऐसी नीसन कंपनी के सर्वेक्षण के अनुसार देश के पांच महानगरों में स्कूल जाने वाली उम्र के लगभग 75 फीसदी बच्चों में फास्ट फूड और अस्वास्थ्यकर नाश्ते की आदत पाई गई। आहार विशेषज्ञ डॉ. मीना मेहता के अनुसार किसी व्यक्ति की स्वस्थ्य जीवन शैली का पता लगाने का सबसे अच्छा वक्त शाम के पांच बजे से आठ बजे तक का होता है। इस दौरान लोगों को सबसे तेज भूख लगती है। तब उन्हें जो कुछ भी सामने दिखता है वे खा लेते है, फास्ट फूड की आदत उन बच्चों में भी सर्वाधिक देखी गई है जिनके माता-पिता दोनों कामकाजी होते है, तथा इन्हें घर पर भोजन बनाने का वक्त नही मिलता है और बच्चे अपनी भूख मिटाने के लिये बाहर के भोजन पर निर्भर हो जाते है।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. फास्ट फूड के उपयोग पर विज्ञापनों के प्रभाव को ज्ञात करना।
2. किशोर-किशोरियों में प्रचलित फास्ट फूड की रूचियों को जानना।

उपकल्पना :

1. फास्ट फूड के प्रति आकर्षण
2. फास्ट फूड के विज्ञापन इनके प्रयोग पर सकारात्मक प्रभाव।

अध्ययन पद्धति – दैव निदर्शन के आधार पर चयन किया गया।

अध्ययन क्षेत्र एवं सीमाएं :

1. शोध कार्य हेतु होशंगाबाद जिले के 2 शहर लिये गये है।
2. होशंगाबाद जिले के कुल 2 स्कूल का चयन किया गया है।
3. होशंगाबाद जिले के 2 शहर से 25-25 किशोर-किशोरियों को ही तथ्यों में लिया गया है।

निष्कर्ष : 'चाय के समय फास्ट फूड लेना पंसद'

सारणी – 1

क्रं.	विवरण	शासकीय		अशासकीय			
		किशोर	किशोरियां	किशोर	किशोरियां	कुल संख्या	प्रतिशत
1	हां	58	44	60	55	217	72.34
2	नही	17	31	15	20	83	27.66
	कुल	75	75	75	75	25	100

स्रोत :- स्वयं अनुसंधान

स्कूल के बाद कोचिंग व खेलकूद के बाद किशोर-किशोरियां द्वारा घर पर शाम को चाय के समय कुछ नाश्ता या फास्ट फूड का सेवन किया जाता है उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि सर्वेक्षित 25 किशोर-किशोरियों चाय के समय फास्ट फूड की सहमति में हां का 72.34 प्रतिशत है तथा नही का 27.66 प्रतिशत है अत: हम कह सकते है कि अधिकांश किशोर-किशोरियां चाय के समय फास्ट फूड लेना पसंद करते है।



* शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.) भारत

सारणी – 2 : चाय के समय अधिक पसंद किये जाने वाले फास्ट फूड

कुल संख्या – 25

क्रं.	विवरण	शासकीय		अशासकीय			
		किशोर	किशोरियां	किशोर	किशोरियां	कुल संख्या	प्रतिशत
1	मेगी		39	36	33	145	48.36
2	चिप्स	22	18	21	19	80	26.66
3	पास्ता	01	02	05	03	11	03.66
4	समोसा	15	16	13	20	64	21.33
	कुल	75	75	75	75	25	99.98

स्त्रोत :– स्वयं अनुसंधान

अधिकांश किशोर –किशोरियां द्वारा शाम को चाय के समय सिर्फ फास्ट फूड का सेवन करना अधिक पसंद करते है। उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि सर्वेक्षित 25 किशोर–किशोरियों चाय के समय अधिक पसंद किये जाने वाले फास्ट फूड में मेगी का 48.35 प्रतिशत, चिप्स का 26.66 प्रतिशत, 21.33 समोसा व पास्ता 3.66 प्रतिशत है अत: हम कह सकते है कि अधिकांश किशोर किशोरियां चाय के समय लिया जाने वाला फास्ट फूड मे मेगी की संख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है।



निष्कर्ष :

1. शोध में यह पाया गया कि किशोर वर्ग द्वारा सप्ताह में एक बार अधिक मात्रा में चीज पिज्जा व आलू चिप्स का लगातार सेवन करते है।
2. किशोर–किशोरियां अपने सहपाठियों के साथ फास्ट फूड कार्नर पर रेडी टू ईट फूड को अधिक पसंद करते है। ये विज्ञापन से प्रभावित होकर इन खाद्य पदार्थो की तरफ आकर्षित होते है।

सारांश – आज का अधिकांश किशोर वर्ग अपनी प्यास बुझाने के लिये पानी और फलों के जूस के स्थान पर बाजार मे उपलब्ध कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते है। ये बाजार में उपलब्ध कोका–कोला, पेप्सी, मीरिंडा आदि पेय पदार्थो का चलन विज्ञापन के आधार पर देखते हुये अधिक उपयोग करते है।

अधिकांश किशोर–किशोरियां अपना अधिकतर समय फास्ट फूड कार्नर पर व्यतीत करते है, और इन जल्दी तैयार होने वाले रेडी टू ईट खाद्य पदार्थो का उपयोग अधिक मात्रा में करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Jackal john A & Keith A Sculled Fast food :- Road side Restaurants in the Automobile age Baltimore johns Hopkins University press – 1999
2. Anita FP Clinical Nutrition & Dietetics 4th edition oxford University Press New Delhi. 1999
3. डॉ. वृन्दा सिंह, आहार विज्ञान पंचषील प्रकाषन, जयपुर 2006

****

मध्यप्रदेश एवं अविभाजित मन्दसौर जिले में असगंध एवं ईसबगोल के विपणन की समस्याएँ एवं समाधान के सुझाव

मोनिका वर्मा *

प्रस्तावना - शोध अध्ययन का उद्देश्य मध्यप्रदेश में औषधीय फसलों के विपणन का नीमच व मन्दसौर जिले के संदर्भ में अध्ययन करना रहा है तथा इस हेतु चुनी गई औषधीय फसलों असगंध एवं ईसबगोल के विपणन क्षेत्र को ही अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। अत: यह भी आवश्यक हो जाता है कि मध्यप्रदेश में औषधीय फसलों की विपणन समस्याओं के अध्ययन के साथ-साथ अविभाजित मन्दसौर जिले में उत्पादित असगंध एवं ईसबगोल औषधीय फसलों के विपणन की समस्याओं को भी इसमें समाहित किया जाये। इस दृष्टि से शोध अध्ययन के दौरान जो समस्याएँ सामने आई वे निम्नलिखित हैं:

A- असगंध के विपणन से सम्बन्धित समस्याएँ- भारत में उत्पादित औषधीय फसलों में असगंध एक विशेष औषधीय फसल के रूप में जानी जाती है। देश में मध्यप्रदेश के अविभाजित मन्दसौर जिले में ही कुल असगंध उत्पादन का लगभग 75 प्रतिशत भाग उत्पादित होता है। इस प्रकार प्रदेश एवं जिले में असगंध के विपणन से सम्बन्धित प्रमुख समस्याएँ निम्नलिखित है:

I. वर्गीकरण एवं मानकीकरण का अभाव- अन्य फसलों की तरह प्रदेश एवं जिले में असगंध के उत्पादन के पश्चात् उसके वर्गीकरण एवं मानकीकरण की सुविधा का पूर्णत: अभाव पाया जाता है जिससे कृषकों को अपने उत्पाद का पर्याप्त मूल्य नहीं मिलता है। क्रेता व्यापारियों द्वारा मण्डी से क्रय कर स्वयं अपने स्तर पर असगंध की ग्रेडिंग कर विक्रय की जाती है और उन्हें निर्यात कर अधिकतम लाभ प्राप्त किया जाता है।

II. भण्डारण सुविधा का अभाव- चूंकि मध्यप्रदेश एवं जिले में अलग-अलग स्थानों पर भिन्न-भिन्न कृषकों द्वारा असगंध का सीमित क्षेत्र में ही उत्पादन किया जाता है जिसके कारण संग्रह योग्य अधिक अतिरेक उनके पास नहीं होता है एवं प्रसंस्करण एवं मानकीकरण न होने से उन्हें अपनी फसल को तुरंत विक्रय भी करना पड़ता है। फिर भी जिले में स्थानीय स्तर पर भण्डारण सुविधाओं का अभाव पाया जाता है जिसके कारण यदि कोई कृषक असगंध का भण्डारण करना चाहे तो भी नहीं कर पाता है। फलस्वरूप कृषक को संग्रहण के पश्चात् प्राप्त अधिक मूल्य का लाभ नहीं मिल पाता है।

III. स्थानीय बाज़ार/गाँवों में विक्रय- जैसा ऊपर बताया गया है कि दूरस्थ गाँवों में असगंध का उत्पादन छोटे-छोटे कृषकों द्वारा किया जाता है जिनके पास स्वयं के यातायात के साधन नहीं होते हैं तथा उनकी आर्थिक दशा भी ठीक नहीं होती है। अत: वह स्थानीय दलालों या कमीशन एजेन्ट को ही असगंध का विक्रय कर देते हैं क्योंकि उत्पादक स्थल से मण्डी तक का स्थान अधिक दूर होता है और परिवहन लागत भी अधिक आती है जबकि औषधीय फसलों का क्रय कोई भी व्यक्ति या व्यापारी बिना लायसेंस के नहीं कर सकता है तथा गाँवों में इस प्रकार के क्रेताओं का पूर्णत: अभाव होता है इससे कृषकों को अपनी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त नहीं हो रहा है।

IV. न्यूनतम मूल्य का निर्धारण नहीं- अन्य औषधीय फसलों की भाँति प्रदेश एवं जिले में ही नहीं अपितु पूरे भारत वर्ष में असगंध के न्यूनतम मूल्यों का निर्धारण सरकार द्वारा सम्भव नहीं हो सका है। परिणाम स्वरूप क्रेताओं द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर ही कृषकों को असगंध का विक्रय करना पड़ता है तथा वे अधिकतम मूल्य प्राप्त करने से वंचित रहते हैं।

V. असगंध उत्पादक कृषकों में संगठन का अभाव- जैसा की पूर्व में बताया गया है प्रदेश ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर भी औषधीय उत्पादक कृषकों का संगठन स्थापित नहीं है। यही स्थिति जिले के असगंध उत्पादक कृषकों की भी है। चूंकि अधिकांश कृषक अलग-अलग स्थानों के एवं अधिक दूरी पर रहते हैं जिनके कारण वे आपस में नहीं मिल पाते हैं और अभी तक संगठित नहीं हो पाये हैं। फलस्वरूप उन्हें संगठन लाभ नहीं मिल पाया है।

VI. उत्पादन क्षेत्र में कमी- यद्यपि असगंध अधिक मूल्य वाली मंहगी औषधीय फसल है फिर भी इसकी माँग की तुलना में इसके उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि नहीं हो पाई है। इसका कारण दूसरी फसलों की तुलना में एक तो यह अधिक समय में उत्पादित होती है साथ ही सरकार द्वारा कोई विशेष प्रोत्साहन योजना अभी तक लागू नहीं की गई है जिससे यदि किसी कारण वर्ष में फसल बिगड़ जाये तो उन्हें न्यूनतम मूल्य प्राप्त हो सके। फलस्वरूप धीरे-धीरे असगंध के उत्पादन के प्रति जिले के कृषकों का आकर्षण कम होता जा रहा है। इसका प्रमाण यह है कि जिले में वर्ष 2006.07 में असगंध का रकबा 3०062 हेक्टेयर था जो घटकर वर्ष 2009.10 में 1०367 हेक्टेयर ही रह गया है।

VII. अन्य समस्याएँ- उक्त समस्याओं के अतिरिक्त प्रदेश एवं जिले में असगंध के विपणन की अन्य समस्याएँ भी हैं जैसे- आज भी इसका बाज़ार संगठित नहीं है, लगभग 40 प्रतिशत असगंध का विक्रय मण्डी के बाहर होता है, गिने चुने लायसेंसधारी व्यापारियों का होना, जिनका पूरे बाज़ार पर एकाधिकार रहता है, जिससे कृषकों को अधिकतम मूल्य प्राप्त नहीं हो पाता है। इसी प्रकार जिले में असगंध के प्रसंस्करण की शासकीय स्तर पर एक भी इकाई नहीं है जबकि प्रदेश में असगंध का अधिकांश उत्पादन इसी जिले में होता है। इसका लाभ भी कृषकों को न मिलकर व्यापारियों के खाते में जाता है, आदि।

B- ईसबगोल के विपणन से सम्बन्धित समस्याएँ - ईसबगोल एक महत्वपूर्ण औषधीय फसल है। भारत इसका सर्वाधिक उत्पादक एवं निर्यातक देश है तथा वर्तमान में हमारे देश से निर्यात होने वाली औषधीय फसलों में

* पीजीटी कॉमर्स, केन्द्रीय विद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

प्रमुख स्थान ईसबगोल का ही है। मध्यप्रदेश के अविभाजित मन्दसौर जिले में वर्तमान में लगभग 1000 टन ईसबगोल का उत्पादन एवं विक्रय होता है। प्रदेश एवं जिले में ईसबगोल औषधीय फसल के विपणन की प्रमुख समस्याएँ निम्नलिखित है:

I. **असंगठित बाज़ार होना–** प्रदेश एवं जिले में ईसबगोल का जितना उत्पादन होता है उसका मात्र 20 से 25 प्रतिशत ही मण्डियों में विक्रय हेतु आता है। शेष उत्पादन मण्डियों के बाहर स्थानीय बाज़ारों या गाँवों में ही या उत्पादित स्थल से ही क्रेताओं एवं उनके एजेन्टों या दवा निर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा दलालों के माध्यम से क्रय कर लिया जाता है और वहीं से देश के प्रमुख बाज़ारों में विक्रय हेतु चोरी–छिपे भेज दिया जाता है। परिणाम स्वरूप कृषकों को मण्डियों से भी कम मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय करना पड़ता है और पर्याप्त लाभ भी नहीं मिल पाता है।

II. **भण्डारण सुविधा का न होना–** प्रदेश एवं जिले में ईसबगोल का इतना अधिक उत्पादन होने के बावजूद, अलग से कोई भण्डारण सुविधा शासकीय तौर पर उपलब्ध नहीं है। कृषक या तो अपने निजी मकानों में या किराये के अन्य भण्डार गृहों में संग्रहित करने को बाध्य हैं जहाँ संग्रहण लागत भी अधिक आती है तथा उसका पर्याप्त लाभ भी समय पर नहीं मिल पाता है।

III. **वर्गीकरण एवं मानकीकरण की सुविधा नहीं–** चूंकि आज भी प्रदेश में अधिकांश कृषक अशिक्षित हैं जिससे वर्गीकरण एवं मानकीकरण का उसे ज्ञान भी नहीं है। साथ ही प्रदेश व जिले में ईसबगोल के वर्गीकरण एवं मानकीकरण की सुविधा उपलब्ध न होने से वह इसका लाभ भी नहीं उठा पाता है। फलस्वरूप जैसे ही फसल पक कर तैयार होती है उसे वह विक्रय हेतु बाज़ार में ले जाता है और प्रचलित मूल्यों पर ही उसका विक्रय कर देता है जिससे कृषक को अपनी उपज का पर्याप्त लाभ नहीं मिलता है।

IV. **प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं संवेष्ठन सुविधा का अभाव–** शोध के दौरान पर भी पाया गया है कि भण्डारण सुविधा के साथ–साथ प्रदेश एवं जिले में ईसबगोल के प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं संवेष्ठन की सुविधा भी इसके उत्पादकों को उपलबध नहीं है। जिससे ईसबगोल के बीजों का प्रसंस्करण कर उससे ईसबगोल की भूसी अलग कर, उसका पैकंजिंग एवं संवेष्ठन करके अधिक मूल्य पर विक्रय कर अधिक लाभ कमाने का अवसर प्रदेश एवं जिले के कृषकों को नहीं मिल पा रहा है। 26 फरवरी 2010 दैनिक नईदुनिया में छपी खबर के अनुसार मन्दसौर जिले की पिपलिया मण्डी में एक करोड़ रूपये की लागत से आई.सी.डी.पी. योजना के तहत सहकारिता के आधार पर ईसबगोल प्रोसेसिंग प्लाण्ट स्थापित करने की योजना बनाई गई और 60 लाख रूपये की तुरन्त स्वीकृति भी दे दी गई थी किन्तु आज तक यह योजना भी अधूरी है।

साथ ही वर्तमान में नीमच के पास जावद रोड़ पर ओसवाल कं. का ईसबगोल के बीजों से भूसी बनाने का जो प्लाण्ट स्थापित हुआ है उसका लाभ सीधे कृषकों न मिलते हुए प्लाण्ट मालिक को ही हो रहा है। वह स्वयं कृषकों या व्यापारियों से कच्चा माल क्रय करता है और निजी प्लाण्ट में भूसी तैयार कर देश के विभिन्न भागों में बेचकर अधिकाधिक लाभ प्राप्त करता है।

V. **न्यूनतम विक्रय मूल्य का निर्धारण नहीं–** प्रदेश में औषधीय उत्पादक किसानों के असंगठित होने से उनका औषधीय फसल ईसबगोल का मूल्य निर्धारण हेतु सरकार पर कोई दबाव नहीं बन पाता है जिससे आज तक ईसबगोल के न्यूनतम मूल्यों का भी निर्धारण शासकीय स्तर पर सरकार नहीं कर पाई है। यद्यपि सरकार द्वारा शराज्य स्तरीय औषधीय पादप बोर्ड का गठन कर रखा है परन्तु बोर्ड भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे कृषकों को प्रचलित मूल्यों पर ही ईसबगोल का विक्रय कर अधिकतम लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

VI. **औषधीय मण्डी का अभाव–** किसानों को सही दाम मिले इस उद्देश्य से यद्यपि प्रदेश सरकार द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान दिया गया है और वर्ष 2009 में नीमच में लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की औषधीय मण्डी स्थापित करने की घोषणा की गई थी जो आज तक क्रियान्वित नहीं हो पाई। अभी तक स्थान का चयन भी नहीं हो पाया। इस प्रकार प्रदेश एवं जिला स्तर पर अभी तक एक भी औषधीय मण्डी कार्यरत नहीं है। परिणाम स्वरूप औषधीय कृषकों को अधिकतम मूल्य दिलाने की सरकार की मंशा भी पूरी नहीं हुई है और न ही कृषकों को उसका लाभ मिल रहा है।

VII. **अन्य समस्याएँ–** इस प्रकार उपर्युक्त प्रमुख समस्याओं के अतिरिक्त ऐसी अन्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समस्याएँ जैसे– मध्यस्थों का अधिक हस्तक्षेप, अधिक कमीशन, भुगतान में देरी, अनावश्यक कटौतियाँ, बाज़ार से दूरी आदि भी है जिनके कारण प्रदेश एवं जिले के ईसबगोल उत्पादक कृषकों को अपनी उपज का अधिकतम लाभ अभी तक प्राप्त नहीं हो पाया है। सरकार को समस्याओं के समाधान पर अविलम्ब ध्यान देना चाहिये।

निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि खाद्यान्न एवं अन्य व्यावसायिक फसलों की भांति मध्यप्रदेश में प्रादेशिक एवं जिला स्तर पर औषधीय फसलों की जो प्रमुख समस्याएँ हैं लगभग वही समस्याएँ असगंध एवं ईसबगोल फसलों से सम्बन्धित है। जैसे– भण्डारण सुविधा का अभाव, पैकेजिंग एवं संवेष्ठन सुविधा का अभाव, उत्पाद के ग्रेडिंग, प्रसंस्करण एवं मानकीकरण का अभाव, न्यूनतम मूल्य निर्धारण का अभाव, भुगतान में देरी, किसानों में संगठन का अभाव, औषधीय फसलों का असंगठित बाज़ार, औषधीय मण्डी का अभाव, माकेंटिंग के उपयुक्त माध्यमों का अभाव, मण्डी सम्बन्धी समस्याएँ आदि। इन्हें दूर किया जाना चाहिये।

असगंध एवं ईसबगोल के विपणन सम्बन्धी समस्याओं के हल हेतु सुझाव – मध्यप्रदेश एवं अविभाजित मन्दसौर जिले में उत्पादित औषधीय फसल असगंध एवं ईसबगोल के विपणन की समस्याएँ लगभग समान है। अत: इन फसलों की समस्याओं के हल हेतु निम्नांकित सुझाव प्रस्तुत है :

1) **वर्गीकरण एवं मानकीकरण की सुविधा उपलब्ध कराना–** चूंकि प्रर्देश एवं जिले में असगंध एवं ईसबगोल की फसलों के वर्गीकरण एवं मानकीकरण की सुविधा का अभाव है। अत: कृषकों को उनकी उपज का पर्याप्त मूल्य दिलाने हेतु इन दोनों फसलों के वर्गीकरण एवं मानकीकरण की सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाये ताकि उसके अनुसार कृषकों को अपनी उपज का अधिकतम मूल्य व लाभ प्राप्त हो सके।

2) **भण्डारण सुविधा–** असगंध एवं ईसबगोल ऐसी व्यावसायिक फसलें हैं जिनकी कीमत अन्य फसलों की तुलना में बहुत अधिक है किन्तु अलग से इनकी भण्डारण की सुविधा उपलबध न होने से कृषकों को फसल तैयार होते ही बाज़ार में विक्रय हेतु ले जाना पड़ता है। इस असुविधा से कृषकों को निजात दिलाने हेतु औषधीय फसलों हेतु सस्ती व उचित भण्डारण सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहिये ताकि विलम्बान्तर का लाभ मिल सके और अधिकतम कीमत एवं लाभ किसानों को प्राप्त हो सके।

3) **न्यूनतम मूल्यों का निर्धारण करना–** असगंध एवं ईसबगोल ऐसी औषधीय फसलें हैं जिनकी माँग विश्व व्यापी है। अत: सरकार द्वारा इनके

कृषकों को राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लाभ प्रदान करने हेतु न्यूनतम मूल्यों का निर्धारण करना आवश्यक है। जब तक इन फसलों का न्यूनतम मूल्य निर्धारण नहीं होगा, कृषक के स्थान पर व्यापारी या मध्यस्थों की चाँदी होती रहेगी।

4) असगंध एवं ईसबगोल उत्पादक कृषकों का संगठन स्थापित करना– संगठन के अभाव में उक्त दोनों महत्वपूर्ण फसलों के कृषकों में एकजुटता व आपस में मेल–मिलाप न होने से अलग–अलग स्थान या प्रदेश स्तर पर भी मूल्यों में विषमता पाई जाती है। इस विसंगति को दूर करने हेतु सरकार को चाहिये कि अलग–अलग प्रदेशों के औषधीय उत्पादक कृषकों के प्रतिनिधियों को एकत्रित कर इनका राष्ट्रीय स्तर पर संगठन बनाया जाये ताकि कृषक अपनी विपणन सम्बन्धी अन्य समस्याओं के समाधान के लिये भी अपना पक्ष सरकार के सम्मुख समय पर प्रस्तुत कर ध्यान आकर्षित कर सके तथा भविष्य में उन्हें अपने संगठित होने का लाभ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मिल सके।

5) प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करना– असगंध से पाउडर बनाकर उनको गोली, केप्सूल या पाउडर के स्वरूप में विक्रय करने हेतु प्रोसेसिंग प्लाण्ट की अविलम्ब स्थापना की जानी चाहिये क्योंकि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक असगंध की फसल इसी अविभाजित मन्दसौर जिले में होती है। इसी प्रकार ईसबगोल के बीजों से उसकी भूसी बनाकर अलग–अलग वजनों के पैक करके उसे विक्रय करने हेतु भी ईसबगोल प्लाण्ट की स्थापना की जाना चाहिये ताकि जिले के कृषकों को सीधा–सीधा अधिकतम लाभ अपनी फसलों से प्राप्त हो सके। इससे कृषक आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध होगा तथा अधिक उत्पादन करने के लिये प्रेरित भी होगा।

6) अन्य सुझाव– असंगठित बाज़ार व्यवस्था को समाप्त करना, अधिकतम कृषकों या व्यापारियों को निर्यात लायसेंस देना, औषधीय मण्डी की स्थापना करना, मध्यस्थों का हस्तक्षेप समाप्त करना, पैकेजिंग एवं संवेष्ठन की सुविधाएँ उपलब्ध कराना, मण्डी सम्बन्धी अन्य समस्याओं का समाधान करना, करों में कमी करना, निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाना, आदि।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विश्लेषण इस बात की ओर इशारा करता है कि भारतीय कृषि क्षेत्र की एक अन्य बड़ी समस्या कृषि उपज के विपणन या बिक्री की है। कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि लाने और इस प्रकार देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये कृषि विपणन की समस्या का विश्लेषण और समाधान बहुत आवश्यक है। कृषि विपणन व्यवस्था में सुधार के लिये उठाए गये कदम, कृषि विपणन के सुधार और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और यह कहा जा सकता है कि देश के भीतर इसके लिये प्रयास किये जा रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि इस कार्य को संगठित करके और आगे बढ़ाया जाये, विशेष रूप से वर्तमान समय में जबकि विश्व अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था जुड़ गई है। विश्व बाज़ार से भरभूर लाभ उठाने के लिये विपणन के क्षेत्र में सुधार करना और भी आवश्यक हो गया है क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ की जनसंख्या किसी न किसी प्रकार से कृषि से जुड़ी होने के कारण कृषि विपणन में सुधार से केवल किसानों को ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज को लाभ प्राप्त होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पुरोहित डॉ.एस.एस. 'औषधि एवं सुगन्धित पौधे, एग्रो बायस (इण्डिया) चापासनी रोड जोधपुर 2004।
2. रोजगार और निर्माण।
3. उघमिता।
4. विजय राजेन्द्र कुमार मंदसौर जिले में गेहूँ और ज्वार के विपणन का तुलनात्मक अध्ययन अप्रकाशित पी एच–डी थीसिस 1994।
5. मार्केटिंग ऑफ मेडिसनल प्लान्टस डेवलपिंग इन्फोर्नेशन सिस्टम मार्केट नेटवर्क एण्ड पालिसी फ्रेमववर्क (इन्वेस्टीगेटर्स–यादव, एम.विजय कुमार, सीवीआरएस एण्ड एम.मिश्रा, स्पान्सर्ड बाय आईआईएफएम)
6. मार्केटिंग ऑफ मेडिसिनल प्लान्टस– 'चैलेन्जेस ऑफ स्ट्रेटेजिस', डॉ.जे.सी.कोमाराय रीडर, डिपार्टमेंट ऑफ इकॉनामिक्स बनारस हिन्दु यूनिवर्सिटी वाराणसी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

संदर्भित बाल साहित्य में देशकाल, परिस्थितियों का चित्रण

डॉ. रेखा रानी सिंह *

शोध सारांश – इस अध्याय के अंतर्गत बाल साहित्य में देशकाल और विभिन्न परिस्थितियों का चित्रण है। यह संसार एक घर है। जहाँ प्रतिपल कुछ न कुछ घटता रहता है। ये घटनायें बालकों के मन को भी प्रभावित करती रहती है। हमारे मन के अंदर भी प्रतिपल कुछ न कुछ घटता ही रहता है। हमारा चेतन और अचेतन मन दोनों ही हमारे घर, परिवेश, समाज , शहर, प्रांत, देश , विश्व में जो कुछ अच्छा बुरा होता है उससे बच्चा प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है। इन विभिन्न घटनाओं को कहानी के माध्यम से चित्रित कर बालकों को समझाने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तावना – बाल कथा साहित्य हिन्दी साहित्य की एक अनुपम धरोहर है। बाल साहित्य में वर्णित कथा, कहानियों तथा कविताओं में समय समय पर परिस्थितियों के अनुसार बच्चों का मार्गदर्शन किया है। कविता व कहानी पढ़ने से बच्चों को मिलने वाले विविधतापूर्ण आनंद का प्रभाव दूरगामी होता है। वीरता भरे गीत जहाँ उनमें रोमांच का भाव जगाते है, वहीं परियों का सुमधुर संगीत उनके कानों में गूंजता रहता है, अधूरी कही हुई कहानियां उनमें नये नये सपनों को जन्म देती है। इन सबको बच्चे बहुत पंसद करते है। हिन्दी में बच्चों के लिये कविताएं आरंभ में परम्परागत लोरियां, खेलगीतों तक ही सीमित थी तथा कहानियों, कथाओं में उपदेशात्मक तथा नीतिपरक बातों का समावेश था, किंतु सन् 1900 ई. में बच्चों के लिये पृथक कविताएं व कहानियों लिखने की ओर ध्यान दिया गया। तब इस बात को अधिक महत्वपूर्ण समझा गया कि बच्चों के लिये कविताएं, कहानियाँ लिखनी है।

बालगीत साहित्य की परम्परा का जो बीज महाकवि सूरदासजी ने अनजाने में ही बोया था, आज वह पल्लवित एवं पुष्पित होकर बाल संसार को अपनी सुगंध से महका रहा है। आज बालकों के बहुमुखी व्यक्तित्व के विकास के लिये बालगीतों व बाल कविताओं की रचना की जा रही है जिनके माध्यम से बालक खेल-खेल में गुनगुनाते हुए ही अनौपचारिक रुप से शिक्षाएं प्राप्त कर सकते है।

बाल साहित्य में मौहल्ले, ग्राम एवं नगरों का चित्रण – आज से कुछ दशक पूर्व कहानियां बस कही और सुनी जाती थी। पुराणों की धार्मिक कथाएं, लोक कथाएं, राजा रानी की कहानियां, जासूसी काहनियाँ सुनाकर बच्चों को धर्मनीति के साथ जीवन जीने की शिक्षा प्रदान की जाती थी। उस समय शिक्षा का इतना विस्तार नहीं हुआ था इसलिये लोग भोले भाले व सज्जन प्रवृत्ति के थे। वे बुराईयों से डरते थे इसलिये उसमें फरेबी और बुरी नियत वाले लोगों का अंत बुरा होता था। इस तरह की कहानियां बालमन पर एक अमिट छाप छोड़ जाती थीं। इन कहानियों से बच्चों को शिक्षा भी मिलती थी। उस समय पर खेल, गीतों और उत्सव गानों के रुप में बड़ों और बच्चों का मनोरंजन भी करते थे। डॉ.रामगोपाल वर्मा द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिये लिखा गया निम्न हास्य बाल गीत ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यन्त लोकप्रिय हुआ था :-

एक शरारती मेंढ़क एक दिन, घुसा पजामें में झट से।
मैं भी उछलूं, वह भी उछले, लगा बहस करने मुझसे।।
मेंढ़क चिपक पजामें से, बस करता था आराम।
वह क्या जानें कैसे मेरी, निकल रही थी जान।।

गाँव – भारत के गांव आकार में छोटे होते है। इनका भौगोलिक क्षेत्रफल नगरों की तुलना में बहुत छोटा होता है। ग्रामीण लोग पूर्णरुप से तथा प्रत्यक्ष रुप से प्रकृति पर निर्भर होते है। उनका मुख्य व्यवसाय कृषि तथा पशुपालन होता है। इन कार्य के लिये अधिक मेहनत तथा अधिक सदस्यों की आवश्यकता होती है। इसलिये ग्रामीण बच्चे भी अपने माता पिता के साथ इसी कार्य में लगे रहते है। कभी कभी ग्रामीण गरीब माता पिता अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए अपने किसी संबंधी के घर भेज देते है। संबंधी भी उन बच्चों को बोझ समझने लगते है।

ग्रामीण समुदाय के अधिकांश बच्चे अधिकांश अशिक्षित है। अशिक्षित होने के कारण वे माता पिता की तरह भाग्यवादी तथा रुढ़िवादी होते हैं। अशिक्षा के कारण वे बीमारियों के बारे में अनभिज्ञ होते है और जादू-टोना, झाड-फूँक आदि में अंधविश्वास रखते है। अज्ञानता के कारण ही वे पिछड़ा जीवन व्यतीत करते हैं। उनके विचार, आदर्श मानसिकता, विश्वास, धारणाएँ, व्यवहार एक से होते है। सामाजिक चेतना जनमत, धर्म एवं पूजा-पाठ में एकरुपता दृष्टिगोचर होती है। गाँव के कुछ धनी लोग सीधे सादे लोगों को बेवकूफ बनाने में लगे रहते है।

नगरीय जीवन – गाँव की तरह नगर भी प्राचीन काल से विद्यमान है। थियोडोरसन ने नगरों को परिभाषित करते हुए लिखा है कि – नगर एक ऐसा समुदाय है जिसमें उच्च शिक्षा घनत्व, गैर कृषि व्यवसायों की प्रमुखता, श्रम विभाजन की जटिलता, उच्च श्रेणियों का विशेषीकरण और स्थानीय सरकार की अनौपचारिक व्यवस्था पाई जाती है। हेमराज भट्ट ने में बर्तन माजूंगा नामक कहानी में शहा की जीवन शैली का वर्णन किया है। इस कहानी मे तीन धर्म के तीनों शिक्षकों को एक ही कमरे में रखकर व उनके प्रतिदिन के क्रियाकलपो का वर्णन कर बच्चों को यह प्रेरणा देने का प्रयास किया है कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नही होता। नगरीय समुदायों की विशेषता जनसंख्या की विभिन्नता, अवैयक्तिक एवं द्वैतीयक संबंधों का प्रचलन तथा औपचारिक सामाजिक नियंत्रण पर निर्भरता आदि है। नगरों में मुख्यत: जनसंख्या का आधिक्य पाया जाता है। जनसंख्या आधिक्य के कारण नगरों में बेरोजगारी, आवास, गरीबी, अपराध आदि की समस्याएं दृष्टिगोचर होती है।

* वरिष्ठ प्राध्यापक (हिन्दी) महारानी लक्ष्मीबाई शा.क.मा.वि., नीमच नगर, नीमच (म.प्र.) भारत

बाल साहित्य में सामाजिक भूगोल – यह संसार एक घट है। यहां प्रतिपल कुछ न कुछ घटता ही रहता है। ये घटनाएं हमारे जीवन को प्रभावित करती है। हमारा चेतन और अचेतन मन दोनों ही हमारे घर परिवेश, समाज, शहर, प्रांत, देश, विश्व में जो कुछ अच्छा बुरा होता है उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता है। इन घटनाओं का अच्छा बुरा प्रभाव बालक के मन पर भी पड़ता है। बच्चे के चारों ओर का वातावरण उसको प्रभावित किए रहता है और जैसा वातावरण एक बालक को मिलता है उसी वातावरण के अनुसार वह उसमें ढ़लता चला जाता है। एक बाल साहित्यकार की संवेदनाएं समय की धड़कन को अपने में समेट लेती हैं और कहानी के माध्यम से उन्हीं संवेदनाओं को बालकों तक पहुँचाता है। होनहार बिरवान के होत चिकने पात नामक कहानी डॉ. सुरेश पंत की ऐसी ही कहानी है जिसमें राजा के द्वारा एक व्यक्ति की संवेदनाओ को ठेस पहुंचती है।

एक दिन चाणक्य का महानंद राजा के दरबार में बहुत अपमान हुआ। उसी दिन उन्होंने राजा के राज्य को नष्ट करने का प्रण किया। एक दिन जब वह एक मार्ग से गुजर रहे थे तो उन्होनें खेल खेलते हुए बालकों के झुंड में एक अत्यन्त गरीब बालक को देखा जो बालकों का राजा बना हुआ था। वह किसी को दण्ड व किसी को पुरस्कार दे रहा था। चाणक्य को उस बालक में अनोखी प्रतिभा दिखाई दी। उन्होनें उस बच्चे की मां से उस बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिये कहा व राजा के दरबार में भेज दिया। जब बच्चा दरबार में आया तो उसने एक ऐसी पहेली को बिना छुए शेर को लोहे की सलाखों से पिघला कर पिंजरे को खाली कर दिया। यही बच्चा बड़ा होकर चाणक्य की सहायता से सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य बना।

बाल कहानियों में लोक उपादान – कहानयिां व लोककथा मानव जाति की परम्परा का अनमोल खजाना है। हजारो वर्षो के अनुभव इसमें संग्रहित है। जब शिक्षा की सुविधाएं न थीं तो यही कथाएं नई पीढ़ि को शिक्षा देती और जीवन के कठिन सफर के लिये तैयार करती थीं। इन कथाओं की परम्परा आज भी वैसी ही चली आ रही है। ये कथाएं बच्चों के प्रति वृद्धजनों का स्नेह प्रकट करने के साथ साथ शिक्षा भी देती है और मनोरंजन भी करती है। ये कथाएं पुरानी पीढ़ी को नई पीढ़ी से मिलाती है। लोक कथाएं, लोकगीत, विभिन्न प्रकार की कहानियां व कविताएं समाज में कुछ इस प्रकार प्रचलित हो गई है कि यह कहना कठिन हैं कि कोई कथा कहाँ से कहाँ पहुँची है। ये कहानियाँ व कथाएं कई प्रकार की होती हैं। सर्वप्रथम देव कथाएं है जिनमें देवता सत्पुरुषों पर कृपा करते थे।

हे भगवान ! मेरी जान बचाओं नामक बालगीत में वर्तमान समय में भी एक बच्चा भगवान से प्रार्थना करता हुआ कहता है कि –

हाय ! विद्यालय हमको जाना, पड़े रोज यह कष्ट उठाया।
क्यों भगवान मम्मी मेरी न्यारी, भोर जगाया कष्ट दे भारी।।

बाल साहित्य में राजनैतिक भूगोल – बाल साहित्य में राजनैतिक भूगोल भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत एक प्रजातांत्रिक देश है जिसमें लोकतंत्र प्रणाली प्रचलित है। लोकतंत्र में शासन जनता का, जनता के द्वारा व जनता के लिये होता है। इनमें अनेक राजनैतिक दल होते है जो जनता के द्वारा चुनकर आते हैं। इन दलों का प्रमुख प्रधानमंत्री के रुप में शपथ ग्रहण करके देश की बागडोर संभालते है। भिन्न भिन्न राजनैतिक दलों के अपने अपने मूल्य तथा मानदण्ड होते हैं जिनके अनुसार उनके सदस्यों का व्यवहार निर्देशित एवं नियंत्रित होता है। प्रत्येक दल यह चाहता है कि उसे ही जनता के अधिक से अधिक वोट प्राप्त हों जिससे उसी के दल की सरकार बन पाये एवं सत्ता उन्हीं लोगों के हाथ में हो। टूटे पुल नामक कहानी में ल्यूसन रॉसन ने राजनीति के कारण बच्चों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन किया है। जनता का फैसला नामक एकांकी में राजीव आचार्य व संदीप मदान में आधुनिक राजनीति का चित्रण किया है।

बाल साहित्य में जीवन प्रतीक – मानव जाति युगों–युगों से सदकर्मो में विश्वास करती चली आ रही है। बालक भी हमारे वातावरण की ऊपज ही होते है। वे वैसे ही कार्य करते है जैसे संस्कार वे विरासत में प्राप्त करते है। लेकिन कुछ स्थानों पर बालक अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हैं तथा सभी को आश्चर्यचकित कर देते हैं। ये घटनायें उनके जीवन प्रतीक के रुप में अमर हो जाती है। मेरी अभिलाषा है—– नामक कविता में द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी ने एक बच्चे के मन की अभिलाषा का वर्णन किया है – सूरज सा चमकूँ मैं, चंदा सा चमकू मैं, नभ जैसा निर्मल हूँ, शशि जैसा शीतल हूँ, धरती सा सहनशील, पर्वत सा अविचल हूँ इन पंक्तियों के माध्यम से कवि ने बच्चों में महानता के गुण जागृत करने का प्रयास किया है।

बाल साहित्य में जागरण एवं विद्रोह – भारत वीरों की भूमि है। यहाँ अने वीरों ने देश भक्ति के लिये अपने प्राणों का बलिदान किया है। यहाँ देश भक्ति और राष्ट्रीयता का भाव ही सर्वोच्च गौरव का विषय माना जाता है। यही कारण है कि मातृभूमि पर प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को स्वतंत्रता संग्राम में सदैव प्रेरणा स्त्रोत समझा जाता है। चाहे इंकलाब जिंदाबाद का नारा हो, चाहे महाराणा प्रताप, शिवाजी और लाला लाजपतराय व सरदार भगतसिंह के नाम हों, ये सभी हमारे स्वंतत्रता सेनानियों के लिये आदर्श बने रहे है और मातृभूमि पर तन मन धन न्यौछावर करने की शिक्षा देते रहे है। गाँधी का आव्हान नामक बालगीत में कवि ने कहा है –

हिन्दुस्तान हमारा है, हम हैं इसकी संतान।
इसकी रक्षा की खातिर, हम दे देंगें निज जान।।
हिन्दुस्तान महान हमारा हिन्दुस्तान महान।
हिन्दु और मुसलमान ने मिलकरी शमशीर उठाई।।
भारत के कोने कोने में थी बढ़ चली लड़ाई।
दिल्ली के दक्षिण में फैला नाहर का आव्हान।।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्याय में देश काल और परिस्थितियों का बाल साहित्य के माध्यम से चित्रण करने का प्रयास है। इस अध्याय में विशेष रुप से लोकउपादान, जीवन प्रतीक और बच्चों में उपजने वाले विद्रोह को रेखांकित किया गया है। कहानियों में लोकउपादानों के माध्यम से सामाजिक जीवन की झलक दिखाई गई है, वहीं दूसरी ओर बच्चों का कल्पना संसार रुपांकित हुआ है। इस अध्याय में पहेलियों, कहानियों एवं बालगीतों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी जीवन पड़ताल की कोशिश की है वहीं बालगीतों के माध्यम से परिस्थितियों का भी चित्रण किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

शासकीय व अशासकीय विद्यालयों कें किशोर-किशोरियों में प्रचलित फास्टफूड विषय पर अध्ययन

डॉ. रीना मालवीय *

शोध सारांश – किशोरावस्था जीवन की एक नाजुक अवस्था है। जहां बालक का झुकाव जिस दिषा में हो जाता है वह उसी दिशा में आगे बढ़ता है, इस समय बालक में कर्तव्यों, जिम्मेदारियों विशेष अधिकारो, सामाजिक संबंधों में बहुत परिवर्तन आ जाते है। ऐसी स्थिति में स्वयं के माता-पिता सभी साथियों और अन्य के प्रति दृष्टिकोण को बदलना अनिवार्य हो जाता है। किशोरावस्था वास्तव में वह अवस्था है जब बालक बालिकाओं में शारीरिक परिपक्वता के साथ-साथ मानसिक, संवेगिक और सामाजिक देखी जाती है।

प्रस्तावना – एक बालक बाल्यावस्था की दहलीज समाप्त कर वह किशोरावस्था में कब प्रवेश करता है इसका मान भी नही होता परंतु वृद्धि की तीव्रता सांवेगिक तथा मानसिक परिवतर्तन वरबस बालक के किशोर रूप परिवर्तन की ओर ध्यान आकृष्ट करते है, किशोरावस्था में भूख में वृद्धि होती है साथ ही उनकी पोषक संबंधी आवष्यकताएं भी बढ़ जाती है। उनमें संवेगात्मक परिवर्तन भी आते है इस समय में यदि पोषक तत्वों का अभाव होता है तो इससे उनकी अस्थियों पर अधिक असर पड़ता है तथा वे नाटे रह जाते है।

किशोरों को अपने शरीर के वनज के प्रति अनावश्यक सजगता उत्पन्न हो जाती है जिससे कभी-कभी उनका भोजन संतुलित नही पाता है लड़कों की रूचि व्यापम खेल आदि के प्रति बढ़ती है जबकि लड़कियां अपने वजन को कम करने के लिये डायटिंग करने लगती है सामाजिक अपरिपक्वता के कारण भी किशोरों में संवेगात्मक तनाव विद्यमान रहता है स्कूल या कॉलेज में काम से भी वे शके रहते है घर में भी माता-पिता के कारण उत्पन्न तनावयुक्त व्यवहार से तथा आर्थिक परतंत्रता या निर्भरता के कारण चिन्तित रहते है। जिससे उनकी भूख कम हो जाती है। आधुनिक जीवन शैली ने मनुष्य को प्रकृति से दूर कर दिया है तथा स्वास्थ्य एवं फिटनेस आज के समय में चर्चा का एक बड़ा विषय बन चुका है यह हमारे खान पान दिनचर्या व शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करता है पहले के समय में मनुष्य अपनी जीविका के लिये कई शारीरिक श्रम करता था किन्तु वर्तमान समय में हर चीज आधुनिक हो गई हे जिसकी वजह से शारीरिक गतिविधियां कम हो गई है हर वो काम जो पहले मनुष्य स्वयं करते थे आज मशीनों से होने लगा है इससे हमारे समय की तो बचत होती है किन्तु खानपान गलत होने के साथ गतिविधि भी कम हो जाये तो बीमारियां जकड़ने लगती है जैसे मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, जोड़ो का दर्द आदि। इस जीवन शैली का प्रभाव सभी पर समान रूप से पड़ रहा है। खास तौर पर युवा पीढी पर इसका असर अधिक है। काम का बोझ इतना बढ़ गया है कि घर पर खाना बनाने का समय ही नही है इसी कारण पेट भरने के लिये वे फटाफट खड़े-खडे फास्ट फूड कोल्ड ड्रिंक आदि ले लेते है।

अध्ययन का उद्देश्य :-

1. किशोर किशोरियों में प्रचलित फास्ट फूड की आदतों को जानना।
2. किशोर किशोरियों में प्रचलित फास्ट फूड की रूचियों को जानना।
3. फास्ट फूड के उपयोग पर विज्ञापनों के प्रभाव को ज्ञात करना।

अध्ययन क्षेत्र एवं सीमाएं :-

1. शोध कार्य हेतु हाशंगाबाद जिले के 2 शहर लिये गये है।
2. होशंगाबाद जिले के कुल 2 स्कूल का चयन किया गया है।
3. होशंगाबाद जिले के 2 शहर से 25-25 किशोर-किशोरियों को ही तथ्यों में लिया गया है।

अध्ययन की तकनीक – सहसंबंध, प्रमाप विचलन

सारणी -1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

वर्तमान युग आधुनिक है व प्रत्येक व्यक्ति इस आधुनिकता की दौड़ में शामिल है चाहे वह किसी भी आयु का क्यों ना हो। किशोर वर्ग इन्ही आधुनिक खाद्य पदार्थ को अपनाते है जो फास्ट फूड यानि जल्दी तैयार होने वाला भोजन कहलाता है ये खाद्य पदार्थ नवीन होने के कारण किशोर वर्ग में ये लोकप्रिय व अधिक पसंद या रूचि कारक होता है। उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि किशोर किशोरियों द्वारा फास्ट फूड पसंद में हां का 94.66 प्रतिशत है, तथा नही का 5.33 प्रतिशत है अत: हम कह सकते है कि फास्ट फूड पसंद करने वाले किशोर किशोरियों की संख्या का प्रतिशत सर्वोधिक है।



सारणी -2 (देखे अगले पृष्ठ पर)

आधुनिक फास्ट फूड के मुख्य रूप से दो प्रकार होते है भारतीय व पाष्चात्य। किशोर वर्ग की रूचि भारतीय व पाष्चात्य फास्ट फूडस् में पाई जाती है वे बाजार में उपलब्ध सभी फास्ट फूडस का उपयोग करते है चाहे वह भारतीय हो या फिर पाष्चात्य। उपरोंक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि किशोर किशोरियों

* शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.) भारत

द्वारा अधिक पसंद किया जाने वाला पाष्चात्य फास्ट फूड का 39.66 प्रतिशत है व भारतीय फास्ट फूड का 27 प्रतिशत तथा दोनों प्रकार के फास्ट फूड पसंद करने वालों का 33.33 प्रतिशत है। अतः हम कह सकते है कि पाष्चात्य फास्ट फूड की संख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है।



सारणी - 3 (देखे अगले पृष्ठ पर)

जिस प्रकार फास्ट फूड के दो प्रकार होते है उसी प्रकार इसमें भी विविधता पाई जाती है किशोर किशोरियों द्वारा शाकाहारी व मांसाहारी फास्ट फूड को भी पसंद किया जाता है। उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि किशोर किशोरियों द्वारा अधिक पसंद किया जाने वाला शाकाहारी फास्ट फूड का 68.33 प्रतिशत है दोनों प्रकार के फास्ट फूड का 25.66 प्रतिशत मांसाहारी फास्ट फूड का 6 प्रतिशत है अतः हम कह सकते है कि प्रस्तुत अध्ययन में शाकाहारी फास्ट फूड की संख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है।



निष्कर्ष :

1. सर्वेक्षित किशोर-किशोरियों से उनके द्वारा ग्रहण किये जाने वाले सुबह के समय नाष्ते का सेवन आवष्यक रूप से ग्रहण करते है।
2. सर्वेक्षित किशोर-किशोरियों में विद्यार्थियों को उनकी पसंद/रूचि जानने पर पाया कि अधिकांश किशोर-किशोरियां फास्ट फूड को अधिक पसंद करते है।
3. सर्वेक्षित निष्कर्ष में पाया गया कि पाष्चात्य फास्ट फूड को पसंद करने वाले किशोर-किशोरियों का प्रतिशत अधिक पाया गया है।

सारांश - वर्तमान समय में आधुनिक जीवन शैली का प्रभाव किशोर-किशोरियों पर समान रूप से पाया है। इसलिये उनका आधुनिक खाद्य-पदार्थ फास्ट फूड के प्रति आकर्षण दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, जहां किशोर अपने मित्र मंडली के साथ इन तुरंत तैयार होने वाले फास्ट फूड को खाना पसंद करते है वही किशोरियां अपने वनज को कम करने के लिये इन फास्ट फूड को खाना पसंद करती है क्योंकि उनका मानना है कि वे जितना कम खायेंगी उनका वनज प्रबंधन संतुलित रहेगा। किंतु किशोर वर्ग इस बात को मानने के लिये तैयार नही होते है। कि जिस फास्ट फूड का सेवन वे लगातार कर रहे है। उनमें पोषणीय पदार्थो का अभाव रहता है साथ ही इनमें अधिक मात्रा मे वसा व उच्च स्तर की उर्जा पाई जाती है। जिससे उनमें मोटापा, हृदय रोग, व तनाव जैसी भयानक बीमारियों का कारण हो सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रो. नारायण सुधा-आहार विज्ञान रिसर्च पब्लिकेषन्स, जयपुर 1997
2. Jackal john A & Keith A Sculled Fast food :- Road side Restaurants in the Automobile age Baltimore johns Hopkins University press - 1999

सारणी -1 : किशोर किशोरियों द्वारा पसंद/रूचि फास्ट फूड

क्रं.	विवरण	शासकीय		अशासकीय			
		किशोर	किशोरियां	किशोर	किशोरियां	कुल संख्या	प्रतिशत
1	पंसद	69	68	74	73	284	94.66
2	ना पसंद	06	07	01	02	16	05.33
	कुल	75	75	75	75	25	100

स्त्रोत :- स्वयं अनुसंधान

सारणी –2 : किशोर किशोरियों द्वारा अधिक पसंद किये जाने वाला फास्ट फूड

क्रं.	विवरण	शासकीय		अशासकीय			
		किशोर	किशोरियां	किशोर	किशोरियां	कुल संख्या	प्रतिशत
1	भारतीय	45	30	01	05	81	27
2	पाश्चात्य	10	15	54	40	119	39.33
3	दोनों	75	75	75	75	25	99.99

स्त्रोत :– स्वयं अनुसंधान

सारणी –3 : किशोर किशोरियों द्वारा पसंद/रूचि फास्ट फूड का प्रकार

क्रं.	विवरण	शासकीय		अशासकीय			
		किशोर	किशोरियां	किशोर	किशोरियां	कुल संख्या	प्रतिशत
1	शाकाहारी		50	43	54	205	68.33
2	मांसाहारी	07	05	05	01	18	6
3	दोनों	75	75	75	75	25	99.99

स्त्रोत :– स्वयं अनुसंधान

****

बाल साहित्य में बाल मनोविज्ञान एवं सामाजिक चेतना की गवेषणा एवं अध्ययन पद्धति

डॉ. रेखा रानी सिंह *

शोध सारांश – बाल मनोविज्ञान में गर्भावस्था से लेकर प्रौढ़ावस्था तक के मनुष्य के मानसिक विकास का अध्ययन किया जाता है। जहाँ सामान्य मनोविज्ञान प्रौढ़ व्यक्तियों की मानसिक क्रियाओं का वर्णन करता और उनको वैज्ञानिक ढंग से समझने की चेष्टा करता है, वहाँ बाल मनोविज्ञान बालकों की मानसिक क्रियाओं का वर्णन करता है और उन्हें समझघने का प्रयत्प करता है। इस अध्याय के अंतर्गत बालकोंको समझाने तथा सामाजिक चेतना का विकास करने के लिये विभिन्न बाल साहित्यकारों की कथा–कहानियों व उनकी मनोवैज्ञानिक समीक्षा का आश्रय लिया गया है।

प्रस्तावना – बाल मनोविज्ञान एक नवीनतम विधा है। यह मनोविज्ञान की वह शाखा है जिससे मनुष्य के मानसिक विकास का अध्ययन किया जाता है। बाल मनोविज्ञान में बालकों की मानसिक क्रियाओं का वर्णन किया जाता है। और उन्हें समझाने का प्रयत्न भी किया गया है। बालकों के शारीरिक और मानसिक विकास का वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन पिछले कई दशकों से हो रहा है। बाल मनोविज्ञान का प्रांरभिक अध्ययन फ्रांस में हुआ।

आधुनिक मनोविज्ञान का भी बालकों के जीवन में बड़ा महत्व है जिससे यह स्पष्ट होता है कि मनुष्य जाति का भविष्य नवयुवकों पर नहीं अपितु बालकों पर निर्भर है। यदि मनुष्य जाति इस दुनिया को स्वर्ग बनाना चाहती है तो उसे अपने बालकों के जीवन को उच्च स्तर तक विकसित करना होगा। बाल जीवन ही नई सभ्यता का आधार है। यही उसकी सामग्री है, यही उसके विकास का नियम है। यही उसकी सफलता की कुंजी है।

बाल मनोविज्ञान एक नवीनतम विधा है। यह मनोविज्ञान की वह शाखा है जिससे मनुष्य के मानसिक विकास का अध्ययन किया जाता है। बाल मनोविज्ञन बालकों की मानसिक क्रियाओं का वर्णन करता है और उन्हें समझाने का प्रयत्न भी करता है।

बालकों के शारीरिक और मानसिक विकास का वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन पिछले कई दशक से ही हो रहा है। बाल मनोविज्ञान का प्रांरभिक अध्ययन फ्रांस में हुआ। आधुनिक मनोविज्ञान का भी बालकों के जीवन में बड़ा महत्व है जिससे यह स्पष्ट होता है कि मनुष्य जाति का भविष्य नवयुवकों पर नहीं अपितु बालकों पर निर्भर है। यदि मनुष्य जाति इस दुनिया को स्वर्ग बनाना चाहती है तो उसे अपने बालकों के जीवन को उच्च स्तर तक विकसित करना होगा। बाल जीवन ही नई सभ्यता का आधार है। यही उसकी सामग्री है यही उसके विकास का नियम है। यही उसकी सफलता की कुंजी है।

बाल साहित्य में मनोविज्ञान व सामाजिक चेतना की अवधारणा – मनोविज्ञान एक ऐसा विज्ञान है जिसके अंतर्गत बालक के मन व उसमें होने वाले परिवर्तन को उचित तरीके से समझा जा सकता है। किस अवस्था में बच्चे के अंदर क्या परिवर्तन आता है तथा इस अवस्था में वह किस उचित–अनुचित दिशा की ओर कदम बढ़ा सकता है। यह मनोविज्ञान के अंतर्गत जाना जाता है। बाल साहित्य में मनोविज्ञान का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है।

बालक के मानसिक स्वास्थ्य के लिये, उसके मानसिक रोग निवारण के लिये तथा उसके मनोविकास के लिये बाल मनोविज्ञान आवश्यक है। बालकों के पालन पोषण के लिये हर माता–पिता को मनोविज्ञान की शिक्षा दी जानी चाहिये। जिस प्रकार किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अनुभव और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है उसी प्रकार बालक के पालन पोषण का भार आने से पूर्व बाल मनोविज्ञान के प्रशिक्षण की आवश्यकता को आवश्यक बना देना चाहिए। अज्ञानी व अनुभवहीन माता–पिता बालक के मानसिक गठन को विकृत बना सकते है। बहुत से ऐसे कार्य जैसे– खाना खाना, बाजार जाना, पढ़ने बैठना आदि को बच्चा पसन्द नहीं करता है और माता पिता या बड़े भाई–बहनों के कहने पर भी वह ये कार्य करने का तैयार नहीं होता है तो ऐसे में बड़े लोग बच्चे को कोई लालच देकर या डराकर ये काम करा लेते है। उस समय तो उनका उद्देश्य पूरा हो जाता है लेकिन धीरे धीरे बच्चा इन बातों का अभ्यस्त हो जाता है।

यहाँ ऐसे ही बाल मनोभाव की एक लघु कहानी की चर्चा की जा रही है – तनु के माता–पिता उससे हमेशा कक्षा में प्रथम आने की आशा लगाते थे। उन्होंने तनु से प्रथम आने पर नई साईकिल दिलाने का वायदा किया था। तनु भी एक प्रतिभावान छात्र था, लेकिन सत्र के अंत में पंकज नामक मेधावी छात्र के प्रवेश लेने के कारण तनु एक नंबर से द्वितीय स्थान प्राप्त करता है। इस कारण वह कक्षा में व घर दोनों स्थानों पर निराश रहने लगा, उसकी माँ व शिक्षक के पूछने पर भी वह उन्हें कुछ नहीं बताता, लेकिन शिक्षक ने तनु के मनोभाव को समझकर उसकी माँ को समझाया कि परीक्षा के नंबर से बच्चे की प्रतिभा नहीं आँकनी चाहिए। इस तरह से माता–पिता को बच्चे की वास्तविक समस्या समझ में आयी और वे उसके लिये नयी साईकिल उसी दिन ले आये।

यदि माता–पिता को अपना उत्तरदायित्व ठीक तरह से निभाना है तो उन्हें यह सत्य स्वीकार करना चाहिये कि बालक भी बड़ो की तरह ही दु:ख व अपमान महसूस करता हैं अत: उसके शारीरिक–मानसिक विकास के लिये अनुकुल वातवारण की आवश्यकता है। बालक के मनोविकास में घर के सभी सदस्यों का सदाचारी होना बहुत आवश्यक है क्योंकि बालक में अनुकरण की प्रवृत्ति होती है और वह जैसा घर के सदस्यों का व्यवहार देखता है वैसा ही व्यवहार करने का प्रयत्न करता है। बालक के मनोविकास में खेलों का भी बहुत महत्व है। विभिन्न आयु में बालक को विभिन्न प्रकार के

* वरिष्ठ प्राध्यापक (हिन्दी) महारानी लक्ष्मीबाई शा.क.मा.वि., नीमच नगर, नीमच (म.प्र.) भारत

खिलौनें देकर उनका विकास करना चाहिये।

बाल साहित्य में सामाजिक चेतना – बाल साहित्य हिन्दी साहित्य का एक उपेक्षित पहलू रहा है। आज बालकों के व्यवहार, स्वभाव तथा समस्याओं को जानने के प्रति मनोवैज्ञानिकों तथा समाजशास्त्रियों ने अपने अपने दृष्टिकोण से बालकों में रुचि ली है। भारत में ही नहीं अपितु संसार के सभी देशों में शिक्षा का उद्देश्य धार्मिक या व्यक्तिगत व सामाजिक सुरक्षा था। ऐसी शिक्षा में बालक की रुचियों तथा आवश्यकताओं का कोई महत्व नहीं था। बालकों को तथा तरुणों को कठोर अनुशासन में रखा जाता था। उन्हें वही शिक्षा दी जाती थी जो उन्हें देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रखें।

उस समय ऐसी धारणा थी कि बालक जन्म से भ्रष्ट तथा अनैतिक होता है जिसे कठिन अनुशासन द्वारा ही नैतिक और समाजोपयोगी बनाया जा सकता है। आज बच्चे के मानसिक विकास को अधिक प्रगतिशील बनाने के लिये प्रयत्न किये जा रहे है। ऐसा अनुभव किया गया है कि कभी कभी भरसरक प्रयत्न करने के उपरांत भी कुछ छात्र अपेक्षित शैक्षिक प्रगति करने में असफल रहते है। ऐसी परिस्थिति में कई कारण हो सकते है जिनमें से कुछ का संबंध बालकों के अभिवृद्धि और विकास से हो सकता है। लेकिन माता–पिता उचित शिक्षा देकर वह स्वयं भी वैसा बनकर अपने बच्चों में सुधार ला सकते है जैसे –

घोंसले की तलाश – इस कहानी के माध्यम से लेखक ने आलसी व्यक्तियों की जिन्दगी का वर्णन किया है। एक गांव के एक धनी व्यक्ति के एक खेत में बहुत दिनों से हल न चलने के कारण उसमें बहुत से जंगली पौधे व झाड़–झकाड़ उग जाते थे। उन्हीं झाडियों के बीच बहुत से पक्षी अपने घोंसले बना कर रहते थे। एक दिन मालिक आया और अपने पुत्रों से कहने लगा कि कल सभी नौकरों को खेत की सफाई के लिये भेजों, हम यहाँ पर गेहूँ बोयेंगे। यह सुनकर सभी पक्षी डर गये, क्योंकि अभी उनके बच्चे बहुत छोटे थे। यह देखकर बूढ़ा तीतर बोला डरो मत। यह मालिक और इसके नौकर बहुत आलसी है। कुछ दिन बाद वह मालिक आकर बोला कि कल सभी रिश्तेदारों को हमारी सहायता के लिये बुलाओं। वह हमारा खेत साफ करने में मदद अवश्य करेंगे। यह सुनकर बूढ़ा तीतर बोला डरो मत, इसने किसी रिश्तेदार की मदद नहीं की है तो इसकी मदद वे क्यों करेंगे ? यह सुनकर पक्षी बहुत प्रसन्न हुए और ऐसा ही हुआ। लेकिन कुछ दिन बाद वह मालिक फिर आया खेत को देखकर बोला कि कल मैं स्वयं अपने बेटों के साथ आकर इस खेत की सफाई करुगाँ। यह सुनकर पक्षियों को अधिक चिंता नहीं हुई। इस बार उस बूढ़े तीतर ने सभी पक्षियों को समझाया कि इस बार यह व्यक्ति जरुर आयेगा क्योंकि इसने स्वयं काम करने का निश्चय किया है। अब हमारे बच्चे भी बड़े हो गये है। अब हमें दूसरे घोंसले की तलाश में उड़ जाना चाहिये। अपने बच्चों सहित नये घोंसले की तलाश में उड़ गये। तभी उन्हें खेत का मालिक अपने बेटों सहित फावड़ा, कुल्हाड़ी लेकर खेत की ओर अते दिखा।

यौवनारम्भकाल में बालकों में अनेक परिवर्तन देखने को मिलते है। यह परिवर्तन सभी बालकों को समान रुप से प्रभावित नहीं करते है परंतु इस काल में बालकों में कुछ अभिवृद्धि तथा व्यवहार संबंधी परिवर्तन काफी सामान्य होते है। इस काल के बालकों में मानसिक तनाव साधारणतः कई रुपों में देखने को मिला है, जैसे भावुकता, एकांत में रहने की इच्छा, चिड़ाचिड़ापन, स्वतंत्रता प्रदर्शन, अत्यधिक संवेदनशीलता, दूसरों पर आलोचनात्मक प्रहार की प्रवृत्ति आदि।

बाल साहित्य में समस्याओं का चयन – बाल साहित्य बच्चों के मनोविज्ञान को दृष्टि में रखकर लिखा गया है। मनोविज्ञान के अंतर्गत ही बच्चों की समस्याओं का चयन किया गया है जिससे इन समस्याओं को दूर कर बालकों को सुसमायोजित बनाया जा सके। समाज में बालकों के जीवन में कुछ समस्याएं ऐसी है जो अनजाने में ही आ जाती हैं जिनकी ओर माता–पिता व शिक्षक का ध्यान भी शीघ्रता से नहीं जाता है और जब बालक की उस समस्या की ओर माता–पिता व शिक्षक का ध्यान जाता है तब बालक के अंदर वह समस्या काफी मात्रा में पनप चुकी होती है। कुछ समस्याएं जो बालक के अंदर उत्पन्न हो सकती है, वे निम्न है :–

1. असामान्य बालक
2. समस्यात्मक बालक
3. शिशुओं द्वारा बिस्तर में मूत्र–त्याग
4. अंगूठा चूसना
5. चोरी करना – कुछ बच्चे

अनुसंधान योग्य समस्याओं के लक्षण – साधारण व्यक्ति के लिये यह एक आश्चर्यजनक बात होगी कि जिन समस्याओं को हम समस्या समझते है वह वास्तव में समस्या होती ही नही। मान की यह प्रवृत्ति है कि जब किसी कार्य में वह असफल होता है तो या तो असफलता को अपने व्यक्तित्व में समा लेता है या फिर ऐसा मार्ग ढूडता है जिससे कि वह अपने मन को सात्वना दे सके। एक मार्ग है अपने व्यक्तित्व को पीछे हटा लेना। हटाने वाले व्यक्ति या तो भीतर ही भीतर कुढ़ते रहते है या किसी अन्य व्यक्ति पर अपना क्रोध प्रकट करते है।

सामाजिक चेतना की गवेषणा एवं काल सीमाएँ – सामाजिक प्रतिक्रिया तब होती है जब एक व्यक्ति दूसरे से मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने सम्पर्क में आने वाले लोगों को प्रभावित करता है और बदले में स्वयं भी उनसे प्रभावित होता है। व्यक्ति किसी समूह के प्रति भी प्रतिक्रिया कर सकता है। जब कोई व्यक्ति लोगों के समूह से मिलता है जो इससे उसके व्यवहार पर प्रभाव पड़ता है। इसके प्रतिपक्ष में कई लोगों का समूह भी किसी अकेले व्यक्ति के प्रति प्रतिक्रिया करता है, उदाहरण के लिये समूह अपने नेता के प्रति प्रतिक्रिया करता है।

बाल साहित्य का रचना संसार – प्राथमिक से माध्यमिक और माध्यमिक से उच्चतर माध्यमिक सोपान पर कदम रखता बालक बहुत से शारीरिक मानसिक परिवर्तनों से भी गुजरता है। इसी अवस्था में बहुत कुछ जान लेने का भाव उसमें होता है। इस बात को दृष्टिगत रख किशोर मन की जिज्ञासा शांत करने हेतु विभिन्न बाल साहित्यकारों की सामग्री का चयन किया गया है। वर्तमान युग में बालगीत, बाल कविता, बाल कहानी व बालकथा का धूमधाम से प्रचार प्रसार हुआ। इन रचनाओं में चित्रों को भी स्थान दिया गया। रामनरेश त्रिपाठी स्वर्ण सहोदर, मूलचंद श्रीवात्री, श्री नाथसिंह, आरसी प्रसाद सिंह व राजा चौरसिया ने बच्चों के अनुकुल रचनाएं लिखी। राज चौरसिया की कविता 'बच्चे' की कुछ पंक्तियां यहां वर्णित है –

कच्चे घड़े समान हैं बच्चे, फूलों सी मुस्कान है बच्चे।
ये भी सब कुछ सह लेते हैं, सहनशील इंसान है बच्चे।।

निष्कर्ष – बालक के जीवन में कौन कौन सी समस्याएं आ सकती है और उन समस्याओ के लक्षण क्या होते है ? इन सबका भी इस अध्याय में विस्तार से वर्णन किया गया है तथा उन समस्याओं से निपटने अर्थात उन्हें दूर करने के उपाय भी खोजने का प्रयास किया गया है। बाल साहित्य के विभिन्न साहित्यकारों के व्यक्तिक संदर्भ तथा उसका रचना संसार भी वर्णित किया गया है। इन साहित्यकारों में प्रमुख है– पदमा चौंगवकर, विष्णुप्रभाकर, हरिकृष्ण देवसेर, उषाराज सक्सेना, अब्दुल बिस्मिल्ला खां, अवधेश कुमार आदि।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

समकालीन कहानीकार निर्मल वर्मा

डॉ.वन्दना नामदेव*

प्रस्तावना – निर्मलवर्मा ने अपनी कहानियों की कथावस्तु समकालीन जीवन को बनाया है। इसलिये उनकी कथावस्तु का आधार समकालीन जीवन है। वर्माजी ने अपनी कहानियों में समकालीन जीवन की विशेष परिस्थिति तथा विशेष समस्याओं को उठाया है। अकेलापन उनकी सभी कहानियों में है। लेकिन प्रत्येक कहानी में अकेलेपन के कारण अलग–अलग है।

कहानियों के कथानक विशिष्ट परिस्थिति के कथानक है। पात्र कुछ अपने स्वभव व कुछ परिस्थितियों के कारण अकेले पड़ते जाते है। इन्द्रनाथ मदान अकेलेपन के बोध के बारे में लिखते है– 'इसमें अकेलेपन का जो बोध है वह मध्यकालीन और छायावादी अकेलेपन के बोध से भिन्न है। मध्यकालीन बोध के अनुसार मानव आत्मिक स्तर पर अकेला है। रोमांटिक बोध की दृष्टि से वह व्यैक्तिक स्तर पर अकेला है। लेकिन कहानियों की आधुनिकता के अनुसार वह नियति के स्तर पर अकेला है।'[1]

निर्मलवर्मा अपने समय से काफी प्रभावित है। इसलिये उनकी कहानियों में अकेलापन, अजनबीपन, संत्रास, शून्यता, प्रतिबद्धता, विघटन, मानव अस्तित्व के संदर्भ कई बार उठते हैं।

निर्मलवर्मा के रचन संसार के सभी पात्र अकेलेपन की अवसादपूर्ण स्थिति के बीच घिरे हुये हैं।

एक खास तरह का रीतापन, उदासीनता, तटस्थता और उसी से जन्मा अकेलापन वे उससे बाहर निकलना चाहते है, पर निकल नहीं पाते। ऐसा प्रतीत होता है कि अकेलेपन को भोगते–भोगते ही उनकी पूरी जिंदगी निकल जायेगी। पात्रों का अकेलापन निर्मलवर्मा द्वारा उन पर थोपा हुआ नहीं है, बल्कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महानगरीय वातावरण ही ऐसा बन गया कि व्यक्ति चाहते हुये भी स्वयं को दूसरे से जोड़ नहीं पाता है। यह अकेलापन जीवन का अकेलापन है।

निर्मलवर्मा यह बताना चाहते है कि वर्तमान में मनुष्य के लिये एक दूसरे का साथ पाना महत्वपूर्ण है। किसका साथ है ? यह गौण होता जा रहा है। मुख्य प्रश्न साथ देने वाले की अंर्तरंगता का है। उसकी सहानुभूति और उसके सहारे का है।

'निर्मलवर्मा के पात्र अपने में सीमित हैं। उन्हें बाहरी भागदौड़ आपा–धापी आकर्षित नहीं करती। उनके लिये राजनैतिक सामाजिक स्थितियां भी महत्वहीन है। ये पात्र अपने में सीमित अकेले और अपनी ही संवेदनाओं में बंधे हुये है। वस्तुत: चरित्र के लिये जो दृढ़ता अपेक्षित होती है वह इनमें नही है। लेकिन इतना है कि निर्मलवर्मा ने पात्रों की बारीकी को पकड़ा है। वैसे भी चरित्र की सफलता या असफलता शिल्प विधि पर निर्भर नहीं करती वह तो कहानीकार की दृष्टि पकड़ और प्रवाह पर निर्भर करती है।'[2]

यह तो रही इनकी कहानियों की वस्तुस्थिति जिससे प्रकट होता है कि इनकी कहानियों का आधार मनगढ़त नही है जो उन्होने देश–विदेश मे स्वयं अवलोकन किया, अनुभव किया उसी को कथारूप में जनसामान्य को बताया है। जैसा कि निर्मलवर्मा यथार्थवादी है। अर्थात वह जो देखते हैं या भोगते हैं उसी को अपने लेखन में कहानी, उपन्यास या निबंध रूप में देते है।

'अजनबी संबंधो और अकेलेपन की गाथा आज के जीवन की तेजी और व्यस्तता में अपने को एडजस्ट न कर पाने और सामाजिक जीवन के सामान्य प्रवाह से अलग कर जाने के फलस्वरूप ही अधिक है।'[3]

विशेष तौर पर महानगरीय क्षेत्रों में व्यक्तिवादी चिंतन के कारण अकेलापन बढ़ता जा रहा है। मनुष्य के जीवन में इतनी अधिक समस्यायें पैदा हो गई कि उसका जीवन निराश और अजनबीपन क पर्याय हो गया है। इस प्रकार वातावरण के माध्यम से भी निर्मलवर्मा ने इस समस्या को अभिव्यक्त किया है। आधुनिक जीवन की यही विडम्बना है कि व्यक्ति अकेला नहीं होते हुये भी अकेला है। निर्मलवर्मा इसी अकेलेपन को बड़ी खूबसूरती के साथ उभारते है, और माध्यम के रूप में परिवेश का सहारा लेते है।

निर्मलवर्मा अपनी कहानियों में आधुनिकता एवं अस्तित्व के उपकरणों के लिये विदेशी एवं महानगरीय परिवेश को चुनते है। ऐसा परिवेश चुनकर निर्मलवर्मा स्त्री–पुरूष संबंधो में आयी स्वच्छन्दता का अधिक स्वतंत्रता पूर्वक चित्रण कर सके है।

निर्मलजी की कहानियों में कारूणिता की विशेषता रही हैं। इसी कारण उन्हें कभी संवेदनशील कभी अतीतजीवी कभी भावुक और जिंदगी के को पहचाने वाला कथाकार कहा है।

लंदन की एक रात निर्मलवर्मा की पहली ऐसी कहानी है। जिस कहानी में निर्मलवर्मा ने केवल अपनी कहानी का परिवेश परिवर्तित किया बल्कि पहली बार अमूर्त समस्याओं का परित्याग कर एक मूर्त समस्या को कहानी का विषय बनाया हैं। कहानी की सांकेतिकता उसकी अर्थवत्ता को एक साथ कई स्तरों पर प्रतिध्वनित करती है। डॉ. इन्द्रनाथ मदान के शब्दों में–इस कहानी में लंदन की एक रात है। या लंदन के एक पव की पीने की रात है। या पीने के बाद की डर कीएक रात है। या आतंक के भूख की एक रात है। या बेकारी की रंगभेद के अहसास की एक रात है।

इसके पात्र लंदन में सुरक्षा की खोज में आते हैं। लेकिन वे यहॉ अपने को और अधिक असुरक्षित पाते है।'[4]

उपरोक्त उदाहरण में वर्माजी ने कहानी घटना के माध्यम से अपने युग में होने वाली सत्य घटनाओं से अवगत कराया है। निर्मलवर्मा की दूसरी चर्चित कहानी डेढ़ इंच ऊपर है। 'इस कहानी के माध्यम से इन्होने अपनी

* अतिथि विद्वान (हिन्दी) शा. महाविद्यालय, सोनकच्छ, जिला देवास (म.प्र.) भारत

मौलिक अंर्तदृष्टि के द्वारा पीने की एक शाम को पाशचात्य जीवन बोध में निहित पतन को चित्र में परिवर्तित कर दिया है। निर्मलवर्मा इस कहानी के माध्यम से किसी स्थान विशेष के एक व्यक्ति की कहानी नहीं कहना चाहते बल्कि एक मनुष्य जीवन की बिडम्बना को एक धनीभूत क्षण में उद्घाटित करते है।'[5]

समकालीन कहानीकारों में आधुनिकता बोध अत्यधिक पाया जाता है। निर्मलजी हिन्दी साहित्य में आधुनिकता बोध के अर्धवय व्यक्तियों में से एक माने जाते है। वे उन संपूर्ण अंधविश्वासों एवं फार्मूलों का विरोध करते है। जिन्हें हमने आधुनिकता के नाम पर अपनाया और ओढ़ लिया है। पश्चिम के अंधानुक्रम के उपक्रम में अपने अतीत से पूरी तरह कट गये है। निर्मल वर्मा उन गतिविधियों का उल्लेख करते है। जो हमने आधुनिक होने और बनने के नाम पर की है तथा इन गतिविधियों से मुक्त होने का संकेत वे अपनी कहानियों में दे रहे है।

इस प्रकार संपूर्ण विवरण से स्पष्ट होता है कि निर्मलवर्मा की प्रत्येक क्षैत्र पर गहन दृष्टि थी। उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के अपने युग के कृत्यों को अपने सृजन के माध्यम से हम तक पहुँचाने का कार्य किया है। जिसका अध्ययन चिंतन करके आज के पाठक वर्ग, बुद्धिजीवी वर्ग, को चिंतन मनन करने के नये विषय मिलेंगे और अधूरे कार्य पूरे हो सकेगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी उपन्यास एक नयी दृष्टि इंद्रनाथ मदान पृष्ठ 81
2. आंचलिकता और हिन्दी उपन्यास डॉ.नगीनाजैन पृष्ठ 40
3. द्वितीय महायुद्धद्योत्तर हिन्दी साहित्य का इतिहास – डॉ.लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय पृष्ठ 26
4. हिन्दी उपन्यास – लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय पृष्ठ 137
5. भारतीय साहित्य के निर्माता निर्मलवर्मा – कृष्णदत्त पालीवाल पृ.30

****

हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव में तुलनात्मक अध्ययन करना

डॉ. राजेश साकोरीकर * मंजुला कौशिव **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध के लिये देवास जिले के अशासकीय एवं शासकीय विद्यालय के 200-200 कुल 400 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया है। प्रदत्तों के संकलन के लिये शोधार्थी द्वारा शैक्षिक उपलब्धि के लिये पूर्व कक्षा के प्राप्त किये प्राप्तांकों के प्रतिशत एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के लिये स्वनिर्मित मापनी का प्रयोग किया गया। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ की देवास जिले के हाई स्कूल स्तर के अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षिक उपलब्धि का स्तर, शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के स्तर से अधिक रहा। अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों पर शैक्षिक उपलब्धि पर योग का प्रभाव और शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग का प्रभाव दोनों ही समान दिखाई दिया।

प्रस्तावना – आधुनिक युग में जहाँ व्यक्ति के दिन – प्रतिदिन के जीवन में वैयक्तिक भिन्नताएँ दृष्टिगोचर हो रही है वहाँ समस्त मनोवैज्ञानिक परीक्षणों विशेष रूप से उपलब्धि परीक्षणें का अपना विशेष महत्व है। मनोवैज्ञानिक परीक्षण की श्रंखला में अत्यधिक रूप से प्रयोग में आने वाले उपलब्धि परीक्षण हमारे शैक्षिण जीवन में अत्यंत सहायक होते हैं। विद्यार्थियों, अध्यापकों, शिक्षण विधियों, पाठ्यक्रम या शिक्षा के किसी भी पहलु का मापन केवल उपलब्धि परीक्षणों के द्वारा ही संभव होता हैं आज विश्व में विभिन्न स्तरों – प्राइमरी, जुनियर, हाईस्कुल, कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि पर विभिन्न भ्राँति के उपलब्धि परीक्षणों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अभाव में शैक्षिक विकास की प्रक्रिया पूर्णतया असम्भव है। इनका प्रयोग केवल शैक्षिक – परिरिस्थितियों तक ही सीमित नहीं होता बल्कि उद्योग, व्यवसाय, सेना, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में भी इनका व्यापक प्रयोग किया जाता है।

योग का प्रभाव आज विश्व के मानव मस्तिष्क पर पड चुका है। यद्यपि कहीं-कहीं इसके वास्तविक स्वरूप को लेकर भी कई प्रकार की अज्ञानताएं है, जिनका निराकरण समय रहते हमारे द्वारा किया जाना अंत्यन्त आवश्यक है। व्यक्ति के व्यक्तित्व का परिष्कार हो अथवा परिवार, समाज, राष्ट्र का सुधार हो, व्यक्ति की शैक्षिक उपलब्धि के साथ-साथ योग भी सदा ही इसमें आगे रहा है।

शैक्षिक उपलब्धि – शैक्षिक उपलब्धि पर विद्यालय के वातावरण अनुशासन आदि का प्रभाव पड़ता हैं। जिस विद्यालय में उत्तेजन तथा उत्प्रेरणा का वातावरण होता है, वहाँ के बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि अधिक होती है। जिस विद्यालय में ऐसे वातावरण का अभाव होता हैं, वहाँ के बच्चों में यह उपलब्धि कम होती हैं।

योग – योग का सामान्य अर्थ है जुडना, मिलना युक्त होना या एकत्र करना। योग शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत भाषा के युजिर धातु से हुई है। जिसका अर्थ है सम्मिलित होना अथवा एक होना। इस एकीकरण का आश्य जीवात्मा तथा परमात्मा का एकीकरण अथवा मनुष्य के व्यक्तित्व के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक पक्षों के एकीकरण से है। अत: आत्मा का परमात्मा में लीन हो जाना अथवा किसी भी जीव का ईश्वर में मिल जाना योग कहलाता है।

औचित्य – शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय शिक्षा प्रदान करने वाली दो महत्वूर्ण संस्थाएं हैं। लेकिन इनके विद्यालय के विद्यार्थियों के वातावरण एवं शिक्षण में कई असमानताये हैं, जैसे उनका रहन-सहन, पारिवारिक स्थितियॉ एवं विद्यालय परिवेश इत्यादिं संस्थाओं में पढने वाले विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि में एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव पर क्या समानतायें या असमानतायें हैं इस बात को ध्यान में रखते हुये शोधार्थी द्वारा उक्त क्षेत्र में शोध कार्य करने का निर्णय लिया।

समस्या कथन – हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव में तुलनात्मक अध्ययन करना

उद्देश्य

अध्ययन के निम्न उद्देश्य थे-

1. हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांकों का तुलनात्मक अध्ययन करना
2. हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के माध्य फलांकों कां तुलनात्मक अध्ययन करना

परिकल्पनाऍं – अध्ययन की निम्न परिकल्पनाऍं थी :

1. हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांकों में कोई सार्थक अंतर नहीं होगा।
2. हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के माध्य फलांकों में कोई सार्थक अंतर नहीं होगा।

शोध प्रविधि –

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए शोधार्थी द्वारा न्यादर्श के रूप में देवास जिले के शसकीय विद्यालय एवं अशासकीय हाई स्कूल स्तर के कुल

* प्राध्यापक, पी.जी.बी.टी. कालेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शौंधार्थी, पैसिफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत

400 विद्यार्थियों का सोद्देश्य न्यादर्श विधि से चयन किया गया।

उपकरण – प्रस्तुत अध्ययन के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव से संबंधित प्रदत्त एकत्रित किये गये। इन प्रदत्तों के संकलन के लिये शोधार्थी द्वारा शैक्षिक उपलब्धि के लिये पूर्व कक्षा के उर्तीण प्राप्तांकों के प्रतिशत को लिया गया है। एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के लिये स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया। जिसमें 20 प्रश्नों का समावेश शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के लिये किया गया।

प्रदत्तो का संकलन – शोधार्थी द्वारा प्रदत्तों के संकलन हेतु प्राचार्यो से अनुमति प्राप्त कर शासकीय एवं निजी हाई सकूल स्तर के 11 वीं कक्षा के विद्याथियों से सोहार्द्रपूर्ण वातावरण में शैक्षिक उपलब्धि एवं शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव कीं मापनी भरवायी गई।

प्रदत्तो का विश्लेषण – प्रस्तुत अध्ययन में परिकल्पनाओं के परीक्षण हेतु संकलित प्रदत्तो का विश्लेषण **स्वतंत्र *t* टेस्ट** द्वारा किया गया।

परिणाम एवं विवेचना :

तालिका 1 से पता चलता है कि देवास जिले के शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि का माध्य 29.02 एवं प्रमाणिक विचलन 4.65 है, एवं अशासकीय विद्याालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि का माध्य 29.91 एवं प्रमाणिक विचलन 3.87 है, तथा *t* का मान 2.08 है, जा ***df = 398*** सार्थकता के स्तर 0.05 पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना 'हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांको में सार्थक अन्तर नहीं होगा' निरस्त की जाती है। निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांकों में सार्थक अंतर होगा। अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांकों का मान 29.91 हैं, जो शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांको के मान 29.02 से सार्थक रूप से ज्यादा है। अर्थात् अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि, शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि की तुलना में अधिक है। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में शैक्षिक उपलब्धि शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों की तुलना में अधिक पाई गई।

निष्कर्ष – ऐसा इसलिये हो सकता है कि शासकीय विद्यालय में शैक्षिक वातावरण का अभाव पाया जाता है। वहॉ के शिक्षकों को कक्षा कार्य के अतिरिक्त भी कई कार्य करने पढतें है, जबकि अशासकीय विद्यालय में शिक्षकों को केवल कक्षा कार्य ही करना पडता है, उन्हे कोई अतिरिक्त कार्य नहीं दिया जाता। और उन्हे कई अन्य सुविधायें भी दी जाती है जैसे प्रोजेक्टर, स्मार्ट क्लास आदि, जबकि शासकीय विद्यालय में इन सभी का अभाव पाया जाता है। इसलिये हो सकता है कि अशासकीय विद्यालय का शैक्षिक स्तर शासकीय विद्यालय के शैक्षिक स्तर से ज्यादा हो सकता है।

तालिका 2 से पता चलता है कि देवास जिले के शासकीय विद्यलय के विद्याार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव का माध्य 29.08 एवं प्रमाणिक विचलन 4.67 है, एवं अशासकीय विद्याालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव का माध्य 29.84 एवं प्रमाणिक विचलन 3.84 है, तथा का मान 1.77 है, जो है जो कि सार्थकता के किसी भी स्तर पर सार्थक नहीं है। अत: शून्य परिकल्पना 'हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के माध्य फलांको में सार्थक अन्तर नहीं होगा' स्वीकृत की जाती है। निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि हाई स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के माध्य फलांकों में सार्थक अंतर नहीं होगा। अर्थात् अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों क शैक्षिक उपलब्धि पर योग का प्रभाव एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग का प्रभाव दोनों ही समान है।

निष्कर्ष – शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थियो पर उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर योग का कोई भी प्रभाव नहीं पडता है।

शैक्षिक निहितार्थ – शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय दोनों ही की शैक्षिक उपलब्धि अलग-अलग पाई गई पर दोनों पर ही उनकी उपलब्धियों पर योग के प्रभाव मे कोई अंतर नहीं दिखाई दिया। इसलिये शासकीय विद्यालयों को चाहिये कि वे अपने विद्यालय के विद्यालय के विद्यार्थियों पर उचित रूप से ध्यान देवें और उनके माता-पिता को भी समय-समय पर उनके बच्चों की कमियों को बताकर दोनों आपस में ही इसे दूर करने का प्रयास करे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आर रे, साधना (2004) प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अशासकीय विद्यालयों में नामांकन पर पडने वाले प्रभावों का सर्वेक्षणात्मक अध्ययन (खण्डवा के संदर्भ में) एम.एड.लघु शोध प्रबंध, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
2. कुलश्रेष्ठ (2005), एम.पी. शिक्षा मनोविज्ञान आर.लाल बुक डिपो मेरठ।
3. ओसवाल(2006), जी,:प्रगत शिक्षा मनोविज्ञान, प्रथम संस्करण, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
4. www.Shodhganga.com

तालिका 1 हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के माध्य फलांकों का सारांश

विद्यार्थी	N	M	SD	`t'value	Df	Inference	Level of Sig.
शासकीय विद्यालय	200	29.02	4.65	2.08	398	Significant	.05
अशासकीय विद्यालय	200	29.91	3.87				

तालिका 2 हाईस्कूल स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर योग के प्रभाव के माध्य फलांकों का सारांश

विद्यार्थी	N	M	SD	`t'value	Df	Inference
शासकीय विद्यालय	200	29.08	4.67	1.77	395	NotSignificant
अशासकीय विद्यालय	200	29.84	3.86			

Venture Capital Investment Strategies For Artificial Kidney DNA RNA Repair And Stem Cells Along With Organ Cloning - Associated Medical Socio-Economical Cum Financial Sector Reforms

Dr. Vinay Kumar Verma *

Introduction - Product: ARTIFICIAL KIDNEY etc. Business Area: India widely and then global level Product Delivery: Absolute Free to the Patient, Product Availability: In all possible District Hospitals firstly then the nearest hospitals of the Patient., Project Cost : Not Exactly Specified, **ANGEL INVESTOR-VCF-OPC FACILITY IS OM SEBI & MCA** Project Site : https://sites.google.com/site/recommendation201213/hot-news-1/artificialkidney Project Description: **VENTURE CAPITAL INVESTMENT STRATEGIES**

The collection of the documents and papers from the owner of the device and searching the out put of the device from the public in general, because this kidney is being already installed on the various animals and some humans for the device trial purposes. And the device should be applied for the Production rights before the Patent Holder cum Owner or this Patented Product in an extreme rapid manner. The production will be out source to the companies on the China Manufacturing HUB and under the extreme tight & strict confidentially prepared agreement, which will be renewable on the yearly basis and electronically daily basis digitally required to be signed. The device production cost in optimum less manner should be implemented, and extreme less profit margin to the producer company such as 4 % should be for reserve purposes. The International Stock exchanges should pass a resolution for the donation or duty free donation to this company must be applied for , and implemented. The Concept of Freeware:- Per Capita Income of the Nation, Per Citizen Capital & Asset + Liability is the value of a citizen, and hence a citizen is mandatorily required to be given such take care of the health of the Super Most Important Citizen(either BPL or Extreme BPL or above the BPL or HNW Individual) In this respect the government should a national citizens finance portal having details about the national and state wise stake holdings of a common man and his citizens rights, liabilities and obligations in this respect. Further the governments should reduce the black money policy paralysis from each and every step of the governance of the federal structure and social structure and universal structures of the humanity and beyond the humanities due to Principal of absolute liability of the Principal of absolute accountable government and federalism of the human easement rights, liabilities and obligations for opportunities and fare global local and universal code of conduct of the humanities for various hidden benefits over 50 % black money and 5000000000 % white Production Possibilities, beyond the expectation of the common human being. Further the government should act for the Compulsory health Insurance as the Jan Dhan & 100000.00 for Life Insurance is schemed by the our honorable government, similarly the government should act for the health of the states and nation, & for every public in general under the concept of the “Principal of Accountable Good & Efficient Government”. This may compulsorily insured firstly the every MP, MLA, Mayors & secondly the head of the Panchayets and every member in Municipal Council then, the all employees of the Union and state Governments, and lastly the every citizen who hold the UID (Aadhar) And UID should be included every person of the Indian Union with new comers in India, where as foreign new comers should have the social security number otherwise NRI UID or outsider’s people’s UID must be generated with the reasonable source information of that person]. Gender equality sense is applicable here 100% for Males, Females & Common or Natural Gender are entitled for the same amount of insurance and health insurance. This will create the government revenue, because the TDS concept should/will be implemented for the premium of this policies in case of salaried persons from government and non government and corporate employees with min max or average premium of RS/- 2,000.00/-, 5,000.00/-,10,000.00/- per annum. And this scheme is optional who have taken the health insurance from the market already. Here the proportion of the private sector insurance companies should be not hurted as 1000% new insurance policies holders will be increased in the Indian Insurance Market. The tax benefits may/must be continued with the same finance act and income tax act

*(Department Of Commerce) Shaheed Padmadhar Singh Govt. Auto. P.G. Collage, Satna (M.P.) INDIA

with the reference to Section 80. And for the BPLs the government should promote the voluntarily ITR Filing after 18 years of the age and should be compulsory file free of cost easily with self assessment online which shows citizens contribution towards the nation building who already paid a lot of indirect tax to the government and all contributed for nation building wither BPL or Non BPL. The Grant from IBRF, IMF, and WTO's promotional products should be adopted with global donation policies matters. The National government should sign nation wise MOU for this NGO and for availing the profit under the scheme first time going to install in the world and by India and also in India.

The kidney and diabetes etc. Diseases protected packed food & vegetable production and distribution at home delivery world wide. This concept should be adopted by the registered g-NGO.(to be registered under the gg constitution and nationwide constitutions) global corporate governance code draft is pending Before the International law commission United Nation. VCSSGOC.webs.com is crucially working on this by decades.

References :-

1. Personal Survey.

****

Religious Aspect of Donne's Personality

Dr. Anjali Jain *

Abstract - Donne had a split personality; he was torn by strong inner passions and pulls. In the early period of his life he is at the nadir of disbelief. In the later, he is at the Zenith of exaltation. He praises the variety and mutability in life. He champions the fickleness and the variableness of life, of nature and of his own character. There in his poetry frequently secure a logical pattern of the debate between the body and the soul. He tended to dispose of all his knowledge around the concept of the contrast between matter and spirit, to see anything organize into the logical pattern of conflict and antithesis. In his own words,"As virtuous men pass mildly away, and whisper to their souls to go, whilst some of their sad friends do say, the breath goes now, and some say no., and the earth, and no mans wit can well direct him where to look for it".

Introduction - John Donne is a poet of departure from the tradition of Elizabethan era. He began to write about 1592. Donne was essentially a religious man, though he moved from one denomination to another. His spirit of rational faith continued throughout his life. Donne's temperament was essentially religious. He has been acclaimed as one of the greatest religious poets. A great number of the religious poets of the 17th century were influenced by him.

The central theme of Donne's poetry was his own intense personal moods, as a lover, as a friend and as a preacher. Donne is one of the few poets whose conversational passages ring with the authority of time and rhetoric is lively with the feeling of immediacy. With the kindling of imagination, passion and thought, there is the expression of the passionately apprehended realities of life, often in a turbid, tumultuous manner. He had no coherent system of philosophy. His philosophy records the reaction of his restless and acute mind to the intense experience of the moment. He derived inspirations from the new philosophy and scholasticism. He says:-

"And new Philosophy calls all in doubt,
The element of fire is quite put out;
The Sun is lost, and th'earth and no man's wit.
Can well direct him where to look for it."
(Donne)

He felt that it is not enough for a man to have the knowledge of Socrates, Aristotle; 'for if you know as much as Socrates you know nothing and St.Paul found that to be all knowledge, is to know Christ.' There is always an antithesis, in Donne, between natural and divine knowledge; the former is inexact, while the later is clear. Donne's pre-occupation with mortality and death fills his poetry with a macabre element. He decries death-

"Death be not proud."

This poem also suggests the allusion to the Christian myth of the 'Resurrection'. According to the Christian belief, on the Day of Judgment at God's command the souls will be resurrected and they will again enter their respective bodies. The poet makes use of apparent similarities, scientific and psychological facts, religious myths and theological and intensely personal. The complex of the poem lends itself to define the passionate, consummate feeling of love. It has a philosophy of love; but it is a picture of love's consummate passion involving both soul and body.

The group of Holy Sonnets includes nineteen sacred sonnets. The problem as to when the various sonnets were written is a complex, largely theological one, but it seems likely that many of them belong to that period of doubt and intense thinking about his religion, which preceded Donne's entry into the Church. "A few of the poems, indeed, by their occasional roughness of metre and phraseology, seem almost as if they were written before La Corona; but the years 1609-17 are probably the likeliest for the majority". Donne's greatness as a religious poet lies in his truthfulness, in his having left in his Holy sonnets a personal record of a brilliant mind struggling towards God.

The poet resigns himself to God. He was first made by God and he was made for Him.

As due by many titles I resigne
Myselfe to thee, O God, first I was made
By thee, and for thee………
(Donne)

In another sonnet, the poet laments for his life is lost in sin and soul is black with it. Now he is sick and the sickness is the call of Death.

Oh my blacke Soule ! Now thou are summoned
By sickness, deaths herald, and champion.
(Donne)

*Guest Faculty (English) Govt. Girls College, Mandsaur (M.P.) INDIA

The following lines of a Holy Sonnet reminds us of Macbeth's philosophic utterance on the death of Lady Macbeth when Donne defines death.

This is my player last scene, hear heavens appoint
My pilgrimages last mile; and my race
Idly, yet quickly runne, hath this last pace,
My spans last inch, my minutes last point,
(Donne)

Undoubted his masterpiece is "Death be not proud'. The poet claims that there is no need to fear of death. It is rather a way out to the eternal life for death causes end of body on the one hand and liberation of soul on the other.

One short sleep past, we wake eternally,
And death shall be no more. Death thou shalt die.
(Donne)

There are fifteen later divine and religious poems which Donne composed during the later part of his life. The best of these are : 'Good Friday' and 'A Hymn To Christ'.

(i) Good Friday, 1963, Riding Westward - Donne composed it on April 2, 1613 on Good Friday when he was going to meet his friend Edward Herbert. Donne reflects upon sin and redemption. He compares a man's soul to a sphere and his devotion to God to 'The Intelligence' which controls the motion.

Let mans Soule be a spheare, and then, in this
The Intelligence that moves, devotion is.
(Donne)

(ii) A Hymne To Christ, At the Authors Last Going Into Germany - It was composed in May 1619 when Donne was going to Germany with Lord Doncaster on a diplomatic mission. He does not fear death and hopes that the eternal darkness of death will release him from earthly troubles and enable his to see the face of God.

"To see God only, I goe out of sight :
And to scape stormy days, I chuse.
An everlasting night."
(Donne)

(iii) The Hymn to, my God, in my sicknesse - It was composed by Donne just before his death. The central image of the poem is of the as a "flat map", before it is pasted on the globe, the west and east lie close together. No doubts, west is the place associated with Christ and resurrection.

"What shall my West hurt me? As West and East
In all flatt Maps (and I am one) are one'
So death doth touch the Resurrection."
(Donne)

(iv) A Hymne, to God the Father - The poem is a kind of confession of his sins. With his confessions he also seeks forgiveness for them. The poet wants that the light of Christ's mercy should fall on him at his death.

"Wilt thou forgive that sinne which I did shunne
A yeare,or two:but wallowed in,a score?
When thou hast done ,Thou hast not done,"
(Donne)

Donne was not a religious poet in the sense in which poets like Herbert and Milton. Herbert was on a whole a religious poet. A through 'n through religious poet, who did not write secular or love-poems in the manner of Donne. Milton was the master of epic style. Herbert he was purely religious poet. Donne stands opposite to the epic poet in all respects. The crucial difference between the two poets is whereas Milton is grand; Donne is human, touchingly human. Mrs Simpson says Mysticism is an integral part of Donne's thought. Donne's mysticism cannot be isolated from the rest of his thought; for his whole philosophy is that of a Christian mystic.(Simpson,pp-88).*Walton* in his 'Lives' compared Donne's life to St.Augustine -"Now the English Church has gained a second St. Austin, for I think none was so like him before his conversion; none so like St.Ambrose after it." (Walton, 1817 pp-90-91)

Donne stresses a religion in the true sense. He expresses himself on those things at which all religions agree. The religion which gives such passion to his poems to religion in its most primary and fundamental sense what Donne asks for is purgation, purification, illumination a directing of heart. In his religious poems what he longs for is to exchange the complexity of a personality for singleness and simplicity of soul. As he is aware of the fact that God shed his love on the simple souls-sinless souls. Knowing the reason he plea to god to make his soul white with his blood.

Like other Christian mystics his poetry also contains the language and reference of the Bible. As Christianity is a revealed religion, contained in the scriptures and the experience of Christian souls; the Christian poet can not voyage alone. Donne appears for the first time in poetry a passionate attachment to those catholic elements in Anglican and from Donne and his disciples inherited it.

John Donne was a language master of cumulative effects critics who have studied his prose and poetry in isolation often tend to forget that they are the product of a unified personality. The complex web of Donne's thinking should not be dissociated from the conflict of theological speculation in time. To communicate his thought and experiences with passionate convection, Donne gave considerable attention to the meaning of words and one of his prose merits is the solicitude to define terms and ensure understanding.

The essence of Donne's literary personality is invention and the commonest made of it is conceit. Donne was in no sense a philosopher his strength lay in a daring exploration of words and rhythms. The disciplined idiosyncrasy of ideas was skilfully adapted to the cultivated style of Jacobean naturalism. There is a great similarity of thought and treatment between the love poems and holy sonnets though the theme is different; the spirit behind the two categories of poems is the same.

Donne in his early poetic life, mostly written poems of love whereas in later he was a true preacher of God like St.

Augustine. . He satirizes religious conflict of Roman Catholics and Protestant in his age. His concern towards religion can be compared to with attitude of Milton in Lycidas a generation later. His irreverence is directed against confusion and corruption in it which leave the truly religious spirit in a state of uncertainity.

"As among
Lechrous humors,there is one that judges
No wenches wholesome, but course country drudges."
(Donne).

Donne, whose society was filled with new philosophy, he expressed his thoughts through them. He used the images from those contemporary topics of the era that is of navigation, astronomy, theology. He moved over the path of illumination, divine compassion for divine grace. He contemplates to gain the company of Almighty. The strong faith that, God is the ultimate creator of this world and he can be achieved through sincere devotion. A devotee can achieve his Master by 'loving Him and only loving Him'. He states that God is the creator of this world; he runs this universe. God is all and all is in God this concept is the key thought of Donne's mystical philosophy. Done says 'Salvation' can only be gained by the mercy of God. It is the theme which he treated with a wealth of learning and imagination. He knew how the light of reason goes out, leaving a man helpless in matters of faith and how God damps the understanding and darkens the intellect. He knew that the greatest affliction comes when, God workout upon the spirit itself and damps that, that he casts a sooty cloud upon the understanding and darkens that. They considered everyday as the 'Day of Judgement' for it retards the growth of man in goodness and sanctification.

He has seen God in every image; even they secular images for the exhibition of the relation of Ultimate with them. At some instances God is the creator and forerunner of this world, on others He is the Judge to give the judgment of the deeds of man. Somewhere, He is the Savoir, friend, Master. He also used the imagery of Lover-beloved and Husband-wife to show their devotion.

The ultimate truth, the creator of the commanding force behind all that is seen in the universe is perceived and explained through metaphors and similes. The indefinable, unknown and unidentifiable has to be brought to a perceivable arena and this is possible through easily intelligible words. But ambiguity has its own romance. The object of love has to be one that evokes emotions to the extreme. The qualities of the worldly beloved (man or woman) in flesh and blood are magnified in such a way that they can be sublimated and applied to someone who is too remote to reach. The relationship between the lover and the beloved is through pure unobstructed and selfless love, and, to achieve union with the beloved, the lover has to devote himself to a state where his very existence melts into the object of his love. The object of the all-consuming love may be anyone from a human being to God.

Donne, Like the mystics in all ages believed that the problem of the knowledge of God could not be solved through reason intellect and philosophy and that the comprehension of reality could only be attained after a prolonged exercise of 'sense and spirit' resulting in illumination.

References :-

1. A.G. George , Studies in Poetry, Heinemann New Delhi, London, 1971 P-48
2. Douglas Bush, English Literature in the Earlier Seventeenth Century 1600-1660 ed. Oxford Clarendon Press 1962, p. 243
3. Horstmann, 2002, p93
4. Izaack Walton, Lives, ed.by T.Zouch, 1817 pp.90-91
5. Simpson, A Study of the Prose Works of John Donne pp-88.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Valuation Of National Monetary Policy In Favor Of Higher Education

Dr. Vinay Kumar Verma *

Introduction - After 1991 various issues are observed in the respect of Economy and Intellectual Human Resources of "Union Of India", for the point of view of educational and HDI enhancing infrastructure and policy installation.

1. Increased Literacy Rate
2. Increased Women Education Rate
3. Increased Computer Literacy
4. Increased Financial Literacy
5. Increased Legal Literacy
6. Increasing Aviation education Literacy

Need More and More attempts for Human Ethical and Essence Literacy up to 100% of mass and society.

Challenges "Union Of India" -Economy (Professional and Higher Education and Researches)

1. Decreasing Value of INR and higher education Cost
2. Non Reduced Fiscal Deficit up to real targeted level at 0 and HRD of Scholars HR Efficiencies .
3. Continuous Decreasing value of money may hurt the future of "The Economy of Union India" and its forthcoming generation and students.
4. Making PPC Of United Indian Economy -Current PPC multiplied by (Decreased Value and units of money or currency of India)
5. Having a Developing economy and 2nd largest manpower with different ethical fields in affectionately and united manner.

a. Increasing slum and poverty and which will the future target of the 2nd or 3rd next central and state government

Remedy "Union Of India" - Economy Corporate Studies and Higher Educational Appliance on:

1. Microfinance Researches + Due Diligence + Strategic Alliance + Corporate Social Responsibility

a. In PSUs and State Government Undertakings

b. In private and public limed organizations and LLP.

2. Making Supernormal Profit Strategy on the basis of

a. By registering more and more Patents and Trademarks

b. By making and promoting more Software Companies

i. Making more IT parks (5-20 new IT parks are the need of the Union Of India)

ii. Making more STP parks (5-20 new Software Technology Park are the need of the Union Of India)

iii. Making more EPZ (5-20 new EPZ are the need of the Union Of India)

iv. Making more STP parks (5-20 new Software Technology Park are the need of the Union Of India) Making PPC Of United Indian Economy -Current PPC multiplied by (Decreased Value and units of money or currency of India)

v. An organization is the need of India, Which will lead any business sector and pay attention regarding global industrial protection and responsibility in favor of the Indian and rest of Indian societies, India Can lead a particular Global Industrial Lead Role and can be provided protection by WTO, IBRD, IMF and other country and state wise regulatory and responsibility doers. Likewise(CHARTERED UNITED INTERNATIONAL AVIATION INDUSTRIAL FINANCIAL RECONSTRUCTION FUND TRUST INC.)

3. By making more liaison offices and kiosks connectivity's of the - Patent, Trademark, Copyright , Registrar of companies' MCA Facilitation Centers, SEBI District Offices, ETC.
4. By Enhancing the Capital And Credit market of India related Study

a. As NCFM is conducting various courses

b. NISM

References :-

1. Personal Survey.

*(Department Of Commerce) Shaheed Padmadhar Singh Govt. Auto. P.G. Collage, Satna (M.P.) INDIA

मंदसौर जिले में मुल्य वृर्द्धित कर के राजस्व की स्थिति

डॉ. टीना बाफना *

प्रस्तावना - मध्यप्रदेश में वर्ष 1997-98 से ही आंशिक रुप से मूल्य वृर्द्धित कर का क्रियान्वयन किया जा चुका था। 17 फरवरी 1997 को वर्ष 1997-98 के लिए राज्य का बजट प्रस्तुत करते हुए मध्यप्रदेश के तात्कालीन वित्तमंत्री के द्वारा एक करोड से अधिक के वार्षिक टर्न ओवर वाले व्यापारियो पर मूल्य वृद्धित कर आरोपित करने की घोषणा की थी। उसके पश्चात निर्धारित सीमा को कम किया जाता रहा। 1 अप्रैल 1999 से मूल्य वृर्द्धित कर आरोपित करने की इस सीमा को 50 लाख रुपए और वर्ष 2002-2003 से 10 लाख रुपए कर दिया गया। पूर्णरुप से मूल्यवृर्द्धित कर की तिथि 1 अप्रैल 2005 कर दी गई। इस बीच केंद्र सरकार द्वारा देश के विभिन्न राज्यो में विक्रय कर अथवा वाणिज्यिक कर के स्थान पर मुल्यवृर्द्धित कर अपनाए जाने हेतु सतत् प्रयत्न किए जा रहे थे। केंद्रीय सरकार के प्रयासो के फलस्वरुप 1 अप्रैल 2005 से देश के अधिकांश राज्यो द्वारा मूल्यवृर्द्धित कर प्रणाली लागु कर दी गई। मध्यप्रदेश सहित देश के 6 बडे राज्यो में यह कर 1 अप्रैल 2006 से प्रारंभ किया गया। मूल्यवृर्द्धित कर एक अप्रत्यक्ष कर है इस रुप में कि कर को ऐसे किसी से एकत्र किया जाता है जो कर पुरा खर्च नही उठाता।

अध्ययन क्षेत्र - मंदसौर जिला मध्यप्रदेश के उत्तर पश्चिम भाग में स्थित है। जिले का विस्तार 23 डिग्री 45'53'' से 24 डिग्री 45'40'' उत्तरी अक्षांश तथा 74 डिग्री 52'52'' से 75 डिग्री 55'34'' पूर्वी देशान्तर के मध्य है। जिले का भौगौलिक क्षेत्रफल 5,517 वर्ग किलोमीटर है जो म.प्र. के कुल क्षेत्रफल का 1.78 प्रतिशत है। मंदसौर जिले की उत्तरी सीमा पर नीमच जिला एवं दक्षिणी सीमा पर रतलाम जिला स्थित है। जबकि पश्चिम की ओर राजस्थान का प्रतापगढ एवं पूर्व की ओर कोटा एवं झालावाड़ जिले स्थित है।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. मूल्यवृर्द्धित कर आधारित कर प्रणाली लागु होने के पश्चात राज्य सरकारो को प्राप्त होने वाले राजस्व व उस पर हुई प्रभावो को जानना।
2. मूल्यवृर्द्धित कर प्रणाली से प्राप्त राजस्व से समाज के विभिन्न वर्गो पर हुए प्रभावो को जानना।
3. मूल्यवृर्द्धित कर प्रणाली से प्राप्त राजस्व से सरकार एवं विभागो की कर प्रशासन की स्थिति जानना।
4. मूल्यवृर्द्धित कर प्रणाली से प्राप्त राजस्व से जिले की वास्तविक प्रगति को जानना व आम नागरिक के जीवन पर प्रभाव जानना।
5. मूल्यवृर्द्धित कर प्रणाली से प्राप्त राजस्व से करदाताओ पर हुए प्रभावो को जानना।

शोध प्रविधियां - प्रस्तुत शोधपत्र हेतु प्राथमिक व द्वितीयक दोनो प्रकार के समंको एवं सूचनाओ का प्रयोग किया गया है। सरकार को प्राप्त राजस्व में हुए परिवर्तनो का विश्लेषण विभिन्न सांख्यिकी प्रविधियो के आधार पर किया गया है। जैसे प्रश्नावली, समान्तर माध्य, औसत व प्रतिशत। आकड़ो को प्रदर्शित करने के लिए ग्राफ, पाईचार्ट, सारणीयो का उपयोग किया गया है ताकि विश्लेषात्मक व तुलनात्मक अध्ययन को सरतलता से समझा जा सके।

प्रशासनिक व्यवस्था - विभिन्न प्रावधानो मध्यप्रदेश मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम 2002, मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम 2004, केंद्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956, मध्यप्रदेश कर अधिनियम 1976, मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम 1995 तथा मध्यप्रदेश लक्जरी कर अधिनियम 1988 आदि को लागु करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग का गठन किया गया है। मुख्यालय इंदौर एवं मुख्य चार क्षैत्र (इंदौर, भोपाल, जबलपु तथा ग्वालियर) है। प्रत्येक क्षैत्र का प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी होता है।

उपर्युक्त ढांचे के अतिरिक्त मध्यप्रदेश में मूल्यवृर्द्धित कर लागू किए जाने के बाद बिना किसी व्यवधान के राजस्व प्राप्ति में निरंतर वृद्धि परिलक्षित हो रही थी।

राज्य व मंदसौर जिले में मूल्यवृर्द्धित कर संग्रहण:- मध्यप्रदेश में मूल्यवृर्द्धित कर लागू होने के पश्चात से ही कर संग्रहण अर्थात सरकार को राजस्व की प्राप्ति में निरंतर वृद्धि हो रही है। तुलना करने पर यह वाणिज्यकर के संग्रहण से कई अधिक है। मूल्यवृर्द्धित कर के संग्रहण की प्रवृत्ति का अध्ययन निम्न तालिका से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है:-

तालिका-01 : वाणिज्यक कर एवं मुल्यवृर्द्धित कर के संग्रहण की तुलना

S.	Year	Total Revenue of State Govt.	Mpct/Vat Collection in crore	% Of Total Revenue
1	2003-04	3952.25	2916.73	73.79
2	2004-05	4599.22	3365.60	73.17
3	2005-06	5302.93	3951.43	74.55
4	2006-07	6242.94	4763.63	76.30
5	2007-08	7268.94	5603.87	77.09
6	2008-09	7136.97	5707	-

(स्त्रोत- जिला वाणिज्यिक कर कार्यालय)

उपर्युक्त तालिका 01 से स्पष्ट है कि:- राज्य सरकार को करो से प्राप्त होने वाले राजस्व का लगभग दो तिहाई भाग केवल 1 अप्रैल 2006 के पूर्व वाणिज्यिक कर से और इस तिथि के बाद मूल्यवृर्द्धित कर से प्राप्त हो रहा है। जो कि कुल राजस्व का 76 प्रतिशत लगभग है।

निम्नलिखित तालिका में मंदसौर जिले में मूल्यवृर्द्धित कर के संग्रहण

* L.II.327, किटियानी कालोनी, मंदसौर (म.प्र.) भारत

को स्पष्ट देखा जा सकता है:-

तालिका नं. 02 : vat collection in mandsaur district

Year	Circle I	Circle II	Total	% Increase
2003-04	243.04	514.10	757014	-
2004-05	300.86	562.39	863.25	1401
2005-06	298.29	621.92	920.21	6.59
2006-07	442.82	1046.86	1489.68	61.88
2007-08	480.44	1256.02	1745.46	17.17
2008-09	406.74	993.31	1400.05	19.79
2009-10	414.12	1013.17	1428.00	21.79
2010-11	426.54	1043.56	1470.84	24.35
2011-12	437.20	1069.63	1507.59	26.95

(स्त्रोत:- जिला वाणिज्यिक कर कार्यालय मंदसौर)

वर्ष 2008-09 में जिले में राजस्व संग्रहण मे लगभग 20 प्रतिशत की कमी परिलक्षित हुई है। मुख्य कारण सोयाबीन को वेट से मुक्त कर दिया है और सोयाबीन जिले की प्रमुख फसल है। फिर भी जिले में मूल्यवृर्द्धित कर से आय क्रमश: 2009-10 से लगातार बढती ही जा रही थी।

व्यवसायियो का पंजीयन - मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत व्यवसायियो के पंजीयन संबंधित प्रावधान यह है कि वाणिज्यिक कर अधिनियम में पंजीयन व्यवसायी को कोई नवीन आवेदन पत्र प्रस्तुत नही करना होगा। जिनका टर्नओवर 5 लाख से अधिक है उन पर मूल्यवृर्द्धित कर की देयता आती है। मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम में पंजीयन होने वाले व्यवसायियो के इनपुट टेक्स रिबेट की पात्रता रहेगी। मूल्यवृर्द्धित कर में ऐसे व्यवसायी जिसके द्वारा पंजीयन प्राप्त नही किया गया है, इनपुट टेक्स रिबेट की पात्रता नही होगी। जिले में मूल्यवृर्द्धित कर लागु होने के पूर्व तक पंजीयन व्यवसायियो की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही थी किंतु इसके पश्चात जिले में कुल पंजीयन व्यवसायियो की सख्ंया में कमी देखी गई है मुख्य कारण यह है कि व्यापारियो पर मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम के अंतर्गत कर दायित्व नही आ रहा है। 2008-09 में जिले में व्यवसायियो की पंजीयन संख्या 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कर दायित्व - मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम 2006 की धारा 5(3) में करदाताओ के कर दायित्व की स्थिति का वर्णन किया गया है प्रथमवर्ष में कर का दायित्व उसी आवर्त पर होगा जो उल्लेखित न्यूनतम निश्चित राशि से अधिक होगा। यदि कोई व्यापारी इस अधिनियम के अंतर्गत एक बार कर चुकाने के लिए उत्तरदायी हो जाता है तो उस समय तक उत्तरदायी रहेगा तब तक उसकी दो लगातार वर्षो तक आवर्त 5 लाख रुपए से अधिक न हो, तत्पश्चात निर्धारित की जाने वाली अवधि तक भी उसका कर दायित्व बना रहेगा और उसका आवर्त 5 लाख रुपए से अधिक हो जाता है तो ऐसा व्यापारी इस अधिनियम के अंतर्गत कर देने के लिए पुन: उत्तरदायी हो जाएगा।

कर दायित्व का निर्धारण एवं कर लगाना - मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत व्यापारी पर कर दायित्व निर्धारण करने के लिए आयुक्त द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी और ऐसी कार्यवाही आरंभ होने की तिथि से बारह माह में कर दायित्व का निर्धारण करना होगा। मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम की अनुसूची में कर योग्य मालो का उल्लेख किया गया है। किसी व्यापारी द्वारा निर्धारित अवधि में इस अनुसूची में उल्लेखित मालो के कर योग्य आर्वत पर उसी अनुसूची के कालम में दी गई दरो से कर लगाया जाता है।

क्रय कर लगाना - मूल्यवृर्द्धित कर अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ऐसा व्यापारी जो अपने व्यवसाय के अंतर्गत अनुसूची में उल्लेखित माल पंजीकृत व्यापारी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यापारी से खरीदता है जिसने धारा 11 के अंतर्गत कम्पोजिशन का विकल्प लिया है तो वह उस माल के क्रयमूल्य पर चुकाने हेतु उत्तरदायी होगा।

कर की दरे - मूल्यवृर्द्धित कर की दरे 4 प्रतिशत एवं 12.5 प्रतिशत इसके अतिरिक्त कुछ वस्तुओ को कर मुक्त वस्तुओ की सूची मे भी रखा गया है तथा कुछ चुनिंदा मदो पर एक प्रतिशत की विशिष्ट दर से भी मूल्यवृर्द्धित कर आरोपित करते है जैसे सोना, मूल्यवान पत्थर।

कर का प्रशमन - यदि कोई पंजीकृत व्यापारी मध्यप्रदेश राज्य की सीमा में किसी अन्य पंजीकृत व्यापारी (धारा 9) से अनुसूची 2 में वर्णित माल क्रय करता है तथा उसका आर्वत 40 लाख से कम है तो एक मुश्त कर दायित्व के निर्वाह के लिए विकल्प का चयन कर सकता है कर प्रशमन हेतु विकल्प प्राप्त व्यापारी मूल्यवृर्द्धित कर चुकाने के लिए उत्तरदायी नही होता है और उसे आगतकर की सुविधा भी प्राप्त नही होती है। कर प्रशमन का विकल्प प्राप्त व्यापारी को अपना तिमाही रिटर्न प्रारुप 5 में दाखिल करना है।

निष्कर्ष - मूल्यवृर्द्धित कर लागु होने के पश्चात कर संग्रहण में वृद्धि हुई है जो वाणिज्यिक कर की तुलना में कई अधिक है। प्राप्त राजस्व की स्थिति, पंजीयन व्यवसायियो की स्थिति कर अपवंचन तथा कर उत्पादकता संबंधी सभी दृष्टि से मूल्यवृर्द्धित कर वाणिज्यिक कर की तुलना में श्रेष्ठ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Indirec tax, VS Datty,Taxman publica (p)l+d
2. अप्रत्यक्ष कर, श्रीपाल सकलेचा, सतीश प्रिंटर्स, इंदौर
3. Accounting Standards, D.S. Rawat, Taxman Allied delhi
4. Value added tax, B.V. Mahajan, Tax law house indore
5. राजस्व, डॉ.जे.सी. पंत, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल आगरा
6. अप्रत्यक्ष कर, अग्रवाल, गुप्ता, रमेश बुक डिपो, जयपुर

****

दलित साहित्य में मानव अधिकारों का यथार्थ

डॉ. संतोष रानी *

प्रस्तावना – साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। चूँकि व्यक्ति या लेखक भी उसी समाज का एक अभिन्न अंग होता है। इसलिए किसी भी व्यक्ति विशेष के साहित्य को सूक्ष्मता से जानने के लिए उसकी जीवन-शैली को जानना अत्यंत आवश्यक है। अनेक लेखकों ने अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों और समाज की प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना का गहरी सूक्ष्मता के साथ अवलोकन किया और उसे मनोवैज्ञानिक और यथार्थ के धरातल पर विश्लेषण करते हुए अपने साहित्य में प्रस्तुत किया। उनके अपने अनुभवों की ही यह पूंजी हमारे समक्ष साहित्य के रूप में साक्षात होती है। उदाहरण के लिए जैसे प्रेमचन्द के साहित्य में स्वतन्त्रता को पाने की देशवासियों की ललक दृष्टिगत होती है और वे उस स्वतंत्र भारत की कल्पना करते समय अधिकार, उन्हें सुविधा सम्पन्न तथा शोषण करने वाले उच्च वर्गों के चंगुल से मुक्ति दिलाने और उनके अधिकारों के प्रबल पक्षधर प्रतीत होते हैं। उनका सम्पूर्ण साहित्य में मानव अधिकारों के लिए दलित, शोषित, निम्न वर्गों का निरंतर संघर्ष परिलक्षित होता है।किसी व्यक्ति के साहित्य को यदि बारीकी से समझना हो, तो प्रथमत: समग्रता से उसके सम्पूर्ण साहित्य पर दृष्टि डालनी चाहिए और साथ ही साथ उसकी जीवन यात्रा का भी उचित अध्ययन करना चाहिए।

शब्द कुंजी – दलित साहित्य, दलित उत्पीड़न, मानवाधिकार, मानवीय आत्मसम्मान, सामाजिक व्यवस्था ।

दलित साहित्य दलित प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। जब 'दलित' शब्द साहित्य से जुड़ता है तो एक ऐसी साहित्यिक धारा की ओर संकेत करता है जो मानवीय सरोकार और संवेदनाओं की यथार्थवादी अभिव्यक्ति बनता है। यह एक ऐसा साहित्य है, जिसमें दलितों ने स्वयं अपनी पीड़ा और शोषण के विरुद्ध साहित्यिक अभिव्यक्ति दी है। साहित्यकार कोई विशिष्ट व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने अस्तित्व के लिए पूर्ण रूप से समाज के ऊपर निर्भर करता है। समाज से अलग उसका कोई अस्तित्व ही नहीं होता, दलित साहित्य की मूल भावना यही है। इसलिए यह सामाजिक प्रतिबद्धता का साहित्य है। दलित चिंतकों की यह प्रतिबद्धता मानवतावाद और समाजिकता के प्रति न्याय है।

वास्तव में 'दलित' शब्द का अर्थ जाति-बोधक नहीं, बल्कि समूह की अभिव्यंजना देता है। सामान्य अर्थो में दलित वह है जो भारतीय समाज व्यवस्था में अस्पृश्य माना गया, बेगार करते, कम मूल्य पर श्रम करते श्रमिक, बंधुआ मजदूर, जिसका आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक शोषण हुआ है वह दलित की परिधि में आता है। दलित चेतना का अर्थ इस प्रश्न के साथ जुड़ा है कि 'मैं कौन हूँ।' 'मेरी पहचान क्या है?' दलित साहित्य केवल दलितों के अधिकार एवं मूल्यों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक संदर्भों के साथ जुड़कर समूचे समाज की अस्मिता और मूल्यों की पहचान बनता है। दलित साहित्य मुक्ति आन्दोलन का एक हिस्सा है। शब्द की आग से ऊर्जा ग्रहण करके, दलित रचनाकारों ने अपने आंदोलन को गहरे सरोकारों से जोड़ा है। इसीलिए दलित साहित्य का केन्द्र बिन्दु मानव है। सुप्रसिद्ध दलित साहित्यकार बाबूराम बागूल का मानना है कि-मनुष्य की मुक्ति को स्वीकार करने वाला, मनुष्य को महान बनाने वाला, वंश, वर्ण और जाति श्रेष्ठत्व का प्रबल विरोध करने वाला दलित साहित्य ही हो सकता है। दलित साहित्य का मूल स्वर 'विद्रोह चेतना' का वह क्रांतिकारी उभार है, जिसमें दलित-विमर्श की शुरूआत होती है।

डॉ. गंगाधर पानतावणे दलित साहित्य को व्याख्यायित करते हुए कहते हैं-'दलित साहित्य समाज का दर्पण है, जो हमने देखा, अनुभव किया, भोगा, जाना, समझा उसका अंकन उत्कटता पूर्वक किया। दलित्व का निर्मूलन हमारे साहित्य का हथियार है। इसीलिए सर्वव्यापी क्रांति का आह्वान करना चाहिए।'

रमणिका गुप्ता का मानना है कि-'दलित साहित्य कहीं भी और किसी भी रूप में भी मनुष्य पर अत्याचार व शोषण का विरोध करता है। यह साहित्य समाज को मनुष्य के हित में बदलने का पक्षधर साहित्य है। एक नये मानवीय समाज के निर्माण का पक्षधर है, जिसमें रंग, वर्ण, जाति, लिंग या सामाजिक सत्ता के आधार पर मनुष्यों के बीच भेद-भाव न हो। साहित्य, शोषण पर आधारित व्यवस्था का विरोधी है और सच्ची मानव समता पर आधारित व्यवस्था के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध है।'

दलित साहित्य और मानव अधिकार – दलित साहित्य से तात्पर्य दलित जीवन और उसकी समस्याओं पर लेखन को केन्द्र में रखकर हुए साहित्यिक आंदोलन से है, जिसका सूत्रपात दलित पैंथर से माना जा सकता है। दलितों को हिंदू समाज व्यवस्था में सबसे निम्न स्थान पर होने के कारण न्याय, शिक्षा, समानता तथा स्वतंत्रता आदि मौलिक अधिकारों से भी वंचित रखा गया है। उन्हें अपने ही धर्म में अछूत या अस्पृश्य माना गया है। दलित साहित्य की शुरूआत मराठी से मानी जाती है, जहां दलित पैंथर आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में दलित जातियों से आए रचनाकारों ने आम जनता तक अपनी भावनाओं, पीड़ाओं, दुखों-दर्दों को लेखों, कविताओं, निबन्धों, जीवनियों, कटाक्षों, व्यंग्यों, व्यथाओं आदि के माध्यम से पहुंचाया।

दलित साहित्य की अवधारणा को लेकर लंबा विवाद चला। यह सवाल दलित साहित्य में प्रमुखता से छाया रहा कि दलित साहित्य कौन लिख सकता है? यानी स्वानुभूति ही प्रामाणिक होगी या सहानुभूति को भी स्थान मिलेगा। प्रमुख दलित साहित्यकारों ने कहा चूंकि सवर्णो ने दलितों की पीड़ा को भोगा नहीं, इसलिए वे दलित साहित्य नहीं लिख सकते। यद्धपि यह मत ज्यादा दिनों तक टिका नहीं, परन्तु आरंभ में यह विवाद का मुद्दा बना रहा। यह प्रश्न मराठी की तुलना में हिंदी में अधिक उठा। अंत में इस बात पर ध्यान

*एम.फिल., पी.एच.डी., कनिष्ठ प्राधयापिका, राजकीय कन्या वरिष्ठ माधयमिक विद्यालय मदीना (रोहतक) भारत

केन्द्रित किया गया कि दलित साहित्य अस्सी और नब्बे के दशक में उभरा एक साहित्यिक आंदोलन है, जिसमें प्रमुखता से दलित समाज में पैदा हुए रचनाकारों ने हिस्सा लिया और इसे अलग धारा मनवाने के लिए संघर्ष किया गया।

यद्यपि साहित्य में दलित वर्ग की उपस्थिति बौद्ध काल से सम्मिलित रही है किंतु एक लक्षित मानवाधिकार आंदोलन के रूप में दलित साहित्य मुख्यत: बीसवीं सदी की देन है। रवीन्द्र प्रभात ने अपने उपन्यास यताकि बचा रहे लोकतन्त्र में दलितों की सामाजिक स्थिति की वृहद चर्चा की है। वहीं डॉ.एन.सिंह ने अपनीं पुस्तक 'दलित साहित्य के प्रतिमान' में हिन्दी दलित साहित्य के इतिहास को बहुत ही विस्तार से लिखा है।

साहित्य के सदंर्भ में मानव अधिकार – किसी भी मनुष्य के एक मनुष्य होने के नाते क्या अधिकार होने चाहिए और उन अधिकारों की रक्षा कैसे की जाए, यह सवाल जितना बड़ा है, उतना ही कठिन भी। इस सवाल पर चर्चा दुनिया भर में हुई है। बहुसंख्यक देशों में मानवाधिकार आयोग बने हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद राष्ट्र संघ कायह दूसरा मुख्य क्षेत्र है, जिसके लिए राष्ट्र संघ द्वारा भिन्न-भिन्न संधिया और सम्मेलन भी हुए तथा तब से लेकर आज तक मानवाधिकार को एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में देखा जा रहा है। उन देशों में जहां गुलामी, भेदभाव और सामुदायिक उत्पीड़न के अवशेष बचे हैं या बड़े पैमाने पर सरकारी उत्पीड़न है और असहमति की आवाजों को दबा दिया जाता हैं, वहां मानवाधिकार आंदोलन से जुड़े लोग अधिक तत्परता से सक्रिय हैं और उनमें तेजी से वृद्धि हुई है।

आज मानवाधिकार आंदोलन एक ठोस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का रूप ले चुका है जबकि दुनिया भर में मानवाधिकारों का हनन पहले से बढ़ा है। मानवाधिकार के प्रश्न पर प्रशासनिक सक्रियता और मानवाधिकार आयोग का सहयोग बहुत निम्न स्तर पर है। यहां सिर्फ आश्वासन और सांत्वना-भरी बातें ही की जाती हैं। इसलिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में हजारों मामले वर्षों तक पड़े रहते हैं और सुनवाई चलती रहती है। कुछ गैर-सरकारी मानवाधिकार संगठन भी हैं, जो आवाज उठाते हैं, परन्तु ये भी विदेशों से पैसे बटोरकर इस आंदोलन को आतिशबाजी में बदलते हैं।

मानवाधिकार हनन में कितनी व्यापकता आई है या आज के समय में मानवाधिकार कितने सुरक्षित हैं, यह मामला इस बात पर निर्भर करता है कि मानवाधिकारों की व्याख्या कैसे की गई है। इसके अंतर्गत खाद्य-सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा के अधिकार अब तक नहीं आ सके हैं। किसानों का उनकी कृषि-भूमि पर जब तक वे चाहे अपना दखल रखने का अधिकार, आदिवासियों के उनके जल, जंगल और जमीन का अधिकार या किसी समुदाय को अपने परंपरागत तरीके से जीने का अधिकार मानवाधिकार, के अंतर्गत आ सकता है या नहीं ? किसी की गोली से मरने का अधिकार, जीने का अधिकार मानवाधिकार का सबसे बड़ा मुद्दा है। युद्ध के संहार से बचने का मानवाधिकार क्यों न हो ? कन्या-भ्रूणों की हत्या हो रही है, उनको मानवाधिकार कौन देगा ? दरअसल सामंती क्रूरताओं के पक्ष में तरह-तरह से दलीलें दी जाती रही हैं। आमतौर पर दलित, पिछड़े और गरीब लोगों के क्षेत्रों में ही मानवाधिकारों का हनन होता है।

वैश्वीकरण के युग में मानवाधिकार का एक जरूरी मुद्दा विकास के अधिकार से संबंधित है। यह मुद्दा मानवाधिकारों में शामिल क्यों नहीं किया जाता?एक विकसित सभ्यता में किसी गांव, पहाड़, रेगिस्तान या जनजातीय क्षेत्र को पिछड़ा नहीं रखा जाना चाहिए। वर्तमान में संचार-क्रांतियां भी असहमति की आवाजों को मार्ग नहीं दिखा रही हैं, जो मानवाधिकारों का हनन है। धार्मिक और राजनीतिक क्रूरताओं के अलावा बाजार की तानाशाही के कारण भी मानव अधिकारों का हनन हो रहा है। बाजार की नैतिकता एक ही चीज जानती है कि व्यापार कैसे बढ़े और अधिक से अधिक मुनाफा हो। ऐसी चीजों के कारण मानवाधिकार की व्याख्या में विस्तार लाने की आवश्यकता है।

हम जानते हैं कि वैश्विक मानवाधिकारों को लेकर चिंता के साथ पिछले दो-तीन दशकों में सांस्कृतिक बहुलता या 'बहुसांस्कृतिकता' को भी व्यापक स्वीकृति मिली है। विकसित देशों और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं, दोनों जगह बहुसांस्कृतिकता के पक्ष में अक्सर बोला जाता है। यह अलग बात है कि कुछ पश्चिमी देशों में यदि सिख पगड़ी पहनता है या मुस्लिम औरत बुर्का पहनती है तो इसे निषिद्ध ठहरा दिया जाता है। पश्चिमी देशों में अपनी ही संस्कृति को श्रेष्ठ समझने की आदत है, जबकि वहां भी नस्लीय दंगे हो रहे हैं, हिंसा बढ़ रही है। पश्चिमी दुनिया में मानवाधिकारों पर इस तरह बात होती है कि यहां ऐसी कोई समस्या न हो, मानवाधिकार के लिए संघर्ष के इलाके सिर्फ एशियाई देश हों। पश्चिमी देश मानवाधिकार, स्वतंत्रता और गरिमा पा चुके हैं और दूसरे देश इनसे वंचित हैं। यह धारणा बना ली गई है कि पश्चिमी देश सदा से उदारवादी हैं और गैर-पश्चिमी देश सदा से कट्टर हैं। यह नहीं देखा जाता कि गैर-पश्चिमी देशों में जो सामुदायिक खाइयां और कट्टरता है, वह साम्राज्यवादी निर्मिति है। सिर्फ मानवाधिकार का प्रश्न उठाकर इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता।इसके लिए पश्चिमी सोच और रणनीति में बुनियादी सुधार की आवश्यकता है। यह सोचना काफी नहीं है कि गैर-पश्चिमी देशों को अंग्रेजी राज में जिस तरह 'सभ्यता' दी जा रही थी, उसी तरह अब इन्हें 'मानवाधिकार' की आवश्यकताहै।

हम जानते हैं कि स्वतंत्रता, भाईचारा और न्याय सिर्फ पश्चिमी चीजें हैं। इनके आधार विश्व के सभी महान धर्मो में है। 'महाभारत' में कहा गया है, 'दूसरे के साथ ऐसा कुछ न करो, जो अगर तुम्हारे साथ हो तो तुम्हारा नुकसान हो' ऐसे कथन हिंदू, ईरानी, बौद्ध, ईसाई, चीनी, इस्लामी, सिख हर परम्परा में हैं। इसका अर्थ है कि मानवाधिकार का एक सार्वभौम रूप हो चाहिए। जिस तरह आधुनिकता की एक सामान्य या साझा संस्कृति हो सकती है। मानवाधिकार का मतलब सिर्फ व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता के क्षेत्रों का विस्तार भर नहीं है। इसके कुछ सामाजिक पहलू भी हैं, क्योंकि मानवाधिकार का मतलब राष्ट्रीय-सामाजिक जिम्मेदारियों से मुक्त होना नहीं है। मानवाधिकार का अर्थ स्वेच्छाचारिता नहीं है, बल्कि न्याय का अधिकार है। वैश्वीकरण के इस युग में भी मानवजाति सर्वाधिक खंड-खंड हो रही है। क्योंकि न तो अब 'मानवीय आत्मसम्मान' और 'मनुष्यता' पर कहीं सामूहिक रूप से जोर दिया जाता है और न ही अब 'आर्थिक शोषण' जैसे शब्दों के विषय में कोई चर्चा होती है। कुछ मुद्दे हमारे सोच के हाशिए पर चले गए हैं। ऐसी स्थिति में मानवाधिकार को 'विकास' के साथ-साथ 'परम्परा' के संदर्भ में भी देखना चाहिए।

निष्कर्ष – अत: उपरोक्त वर्णन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि समय-समय पर दलित साहित्य में मानव अधिकारों का वर्णन होता रहा है और साहित्य एक मात्र ऐसा साधन है जिसके माध्यम से मानव अधिकार के आंदोलन को और अग्नि प्रदान की जा सकती है। यद्धपि साहित्य के कारण समाज में एक हद तक काफी बदलाव तो आया है, परन्तु दलित उत्पीड़न और हत्याओं, बलात्कारों, और बहिष्कार की अनगिनत घटनाएं अभी भी

घटती चली जा रही हैं। दलित उत्पीड़न और हत्या के मामले में 2015 के वर्ष में मध्यकालीन बर्बरता कीछवि दिखाई दे रही है। ऐसी ही एक घटना राजस्थान के डांगावास में दलित संहार की है। इस घटना में पांच लोगों को जाट समुदाय के लोगों द्वारा बर्बर तरीके से मौत के घाट उतार दिया गया और 11 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस घटना पर विस्तृत रिपोर्ट स्वतंत्र पत्रकार भंवर मेघवंशी ने प्रकाशित करके, इस घटना की मुख्य सच्चाई को सबके सामने लाने का सराहनीय प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वाल्मीकि,ओमप्रकाश (2013) दलित साहित्य अनुभव, संघर्ष एवं यथार्थ, दिल्ली- राधाकृष्ण प्रकाशन।
2. द्विवेदी, महावीर प्रसाद. सितम्बर 1914, सरस्वती, भाग 15, खंड 2, पृष्ठ सं. 512-513. www-hindisamay-com
3. महिश्वर, हेमलता, 2015, नील,नीले रंग के, दिल्ली; शिल्पायन प्रकाशन।
4. भारती, भारती, 2015, रुखसाना का घर, दिल्ली; स्वराज प्रकाशन।
5. रानी, रजत 'मीनू', 2015, पिता भी होते हैं माँ, दिल्ली; वाणी प्रकाशन।
6. घोष, असंग, 2015, समय को इतिहास लिखने दो, दिल्ली; शिल्पायन प्रकाशन।
7. आर्य, संतराम, 2014, दर्द की भाषा, दिल्ली; बेधड़क प्रकाशन।
8. — 2015, अमन के रास्ते, दिल्ली; बेधड़क प्रकाशन।
9. टेकचंद, 2015, मोर का पंख तथा अन्य कहानियां, दिल्ली; वाणी प्रकाशन ।
10. सांभरिया, रत्नकुमार, 2015, एयरगन का घोड़ा, नई दिल्ली; अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स।
11. चौहान, दलपत, 2015, ठण्डा खून, दिल्ली; शिल्पायन प्रकाशन।
12. टाकभौरे, सुशीला, 2015, तुम्हे बदलना ही होगा, दिल्ली; सामायिक प्रकाशन।
13. तिवारी, बजरंग बिहारी, 2015, दलित साहित्य एक अंतर्यात्रा, गाजियाबाद, नवारुण प्रकाशन।

****

भारतीय समाज में दलित साहित्य और राजनीतिक मुद्दे

डॉ. संतोष रानी *

प्रस्तावना – दलित का अर्थ पहले पीड़ित, शोषित, दबा हुआ, खिन्न, उदास, टुकड़ा, खंडित, तोड़ना, कुचलना, दला हुआ, पीसा हुआ, मसला हुआ, रौंदा हुआ, विनष्ट हुआ करता था, परन्तु अब अनुसूचित जाति को दलित बताया जाता है। अब दलित शब्द पूर्णत: जाति विशेष को बोला जाने लगा है।दलित शब्द हजारों वर्षों तक अस्पृश्य या अछूत समझी जाने वाली उन शोषित जातियों के लिए सामूहिक रूप से प्रयुक्त होता रहा, जो हिंदू धर्म शास्त्रों द्वारा हिंदू समाज व्यवस्था में सबसे निचले (चौथे) स्थान पर स्थित हैं और बौद्ध ग्रन्थ में पाँचवे स्थान पर हैं। संवैधानिक भाषा में इन्हें ही अनुसूचित जाति कहा गया है। भारतीय जनगणणा 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या में लगभग 16.6 प्रतिशत या 20.14 करोड़ आबादी दलितों की है। आज अधिकांश हिंदू दलित बौद्ध धर्म की ओर आकर्षित हुए हैं और हो रहे हैं, क्योंकि बौद्ध बनने से हिंदू दलितों का विकास हुआ है।

विशिष्ट शब्द – भारतीय समाज, दलित आंदोलन, दलित राजनीति, दलित साहित्य, भारतीय संविधान।

दलित का अर्थ एवं अवधारणा – दलित शब्द का शाब्दिक अर्थ है– दलन किया हुआ। इसके अर्न्तगत वह प्रत्येक व्यक्तिसम्मिलित होता है जिसका शोषण–उत्पीड़न हुआ है। रामचंद्र वर्मा ने अपने शब्दकोश में दलित का अर्थ लिखा है– मसला हुआ, मर्दित, दबाया, रौंदा या कुचला हुआ और विनष्ट किया हुआ। पिछले छह–सात दशकों में यदलितशब्द का अर्थ काफी बदल गया है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आंदोलन के बाद यह शब्द हिंदू समाज व्यवस्था में सबसे निचले स्थान पर स्थित हजारों वर्षों से अस्पृश्य समझी जाने वाली सभी जातियों के लिए सामूहिक रूप से प्रयोग होता है। अब दलित पद अस्पृश्य समझी जाने वाली जातियों की आंदोलनधर्मिता का परिचायक बन गया है। भारतीय संविधान में इन जातियों को अनुसूचित जाति के नाम से जाना जाता है। भारतीय समाज में वाल्मीकि या भंगी को सबसे नीची जाति समझा जाता रहा है और उसका पारंपरिक पेशा मानव मल की सफाई करना रहा है। परन्तु आज के समय में इस स्थिति में बहुत परिवर्तत आया है।

भारत में दलित राजनीति – भारत में दलित आंदोलन की शुरूआत ज्योतिराव गोविंदराव फुले के नेतृत्व में हुई। ज्योतिबा जाति से माली थे और समाज के ऐसे तबके से संबध रखते थे, जिन्हें उच्च जाति के समान अधिकार प्राप्त नहीं थे। इसके बावजूद ज्योतिबा फूले ने हमेशा ही तथाकथित 'नीची' जाति के लोगों के अधिकारों की पैरवी की। भारतीय समाज में ज्योतिबा द्वारा सबसे दलित वर्ग की शिक्षा का प्रयास किया गया था। ज्योतिबा ही वो पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने दलितों के अधिकारों के साथ–साथ दलितों की शिक्षा की भी पैरवी की। इसके साथ ही ज्योतिबा ने महिलाओं की शिक्षा के लिए सराहनीय कदम उठाए। भारतीय इतिहास में ज्योतिबा ही वो पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने दलितों की शिक्षा के लिए न केवल विद्यालय की वकालत की, बल्कि सबसे पहले दलित विद्यालय की भी स्थापना की। ज्योतिबा ने भारतीय समाज में दलितों को एक ऐसा पथ दिखाया था, जिसपर आगे चलकर दलित समाज और अन्य समाज के लोगों ने दलितों के अधिकारों की कई लड़ाइयां लड़ी। यूं तो ज्योतिबा ने भारत में दलित आंदोलनों का सूत्रपात किया था,परन्तु इसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर ने किया। इसके अतिरिक्त दलित आंदोलन के सम्बंध में बौद्ध धर्म ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईसा पूर्व 600 ईसवी में बौद्ध धर्म ने ही हिंदू समाज के निचले तबकों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। भगवान गौतम बुद्ध ने इसके साथ ही बौद्ध धर्म के माध्यम से एक सामाजिक और राजनीतिक क्रांति लाने की पहल भी की। इसे राजनीतिक क्रांति कहना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि उस समय सत्ता पर धर्म का आधिपत्य था और समाज की दिशा धर्म के द्वारा ही तय की जाती थी। ऐसे में समाज के निचले तबके को क्रांति की जो दिशा भगवान बुद्ध ने दिखाई वह आज भी प्रासांगिक है। भारत में चार्वाक के बाद भगवान बुद्ध ही पहले ऐसे शख्स थे, जिन्होंने ब्राह्मणवाद, जातिवाद और अंधविश्वास के खिलाफ न केवल आवाज उठाई,बल्कि एक दर्शन भी दिया ताकि समाज के लोग बौद्धिक दासता की जंजीरों से मुक्त हो सकें।

यदि समाज के निचले तबकों के आंदोलनों का आदिकाल से इतिहास देखा जाए तो चार्वाक को नकारना भी संभव नहीं होगा। यद्यपि चार्वाक पर कई तरह के आरोप लगाए जाते हैं। इसके बावजूद चार्वाक वो पहला शख्स था, जिसने लोगों को भगवान के भय से मुक्त होना सिखाया। भारतीय दर्शन में चार्वाक ने ही बिना धर्म और ईश्वर के सुख की कल्पना की। इस दृष्टि से देखने पर चार्वाक भी दलितों की आवाज उठाता नजर आता है। इसके अतिरिक्त जब दलितों के अधिकारों को कानूनी जामा पहनाने के लिए भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने लड़ाई शुरू की तब हमारा देश भारत ब्रिटिश उपनिवेश की श्रेणी में आता था। लोगों के लिए ये दासता का समय रहा, परन्तु दलितों के लिए कई मायनों में स्वर्णकाल था।

आज दलितों को भारत में जो भी अधिकार मिले हैं उसकी पृष्ठभूमि इसी शासन की देन थी। यूरोप में हुए पुनर्जागरण और ज्ञानोदय आंदोलनों के बाद मानवीय मूल्यों का प्रभाव बढ़ गया। यही मानवीय मूल्य यूरोप की क्रांति के आदर्श बने। इन आदर्शों के द्वारा ही यूरोप में एक ऐसे समाज की रचना की गई, जिसमें मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी गई, परन्तु औद्योगिकीकरण के चलते इन मूल्यों की जगह सबसे पहले पूंजी ने भी यूरोप में ली। लेकिन इसके बावजूद यूरोप में ही सबसे पहले मानवीय अधिकारों को कानूनी मान्यता दी गई। इसका सीधा असर भारत पर पड़ा। इसका सीधा प्रभाव भारत के संविधान में भी देखा जा सकता है। भारतीय

*एम.फिल., पी.एच.डी., कनिष्ठ प्राधयापिका, राजकीय कन्या वरिष्ठ माधयमिक विद्यालय मदीना (रोहतक) भारत

संविधान की प्रस्तावना से लेकर सभी अनुच्छेद इन्हीं मानवीय अधिकारों की रक्षा करते नजर आते हैं। भारत में दलितों की कानूनी लड़ाई सबसे पहले सशक्त रूप में डॉ. अम्बेडकर ने लड़ी। डॉ अम्बेडकर दलित समाज के प्रणेता हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने सबसे पहले देश में दलितों के लिए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की पैरवी की और उन्होंने भारतीय समाज के तत्कालीन स्वरूप का विरोध और समाज के सबसे पिछडे और तिरस्कृत लोगों के अधिकारों की बात की। राजनीतिक और सामाजिक हर रूप में इसका विरोध स्वाभाविक था। यहां तक कि महात्मा गांधी भी इन मांगों के विरोध में कूद पड़े। बाबा साहब ने मांग की कि दलितों को अलग प्रतिनिधित्व (पृथक निर्वाचिका) मिलना चाहिए, जो दलित राजनीति में आज तक की सबसे सशक्त और प्रबल मांग थी।

समाज की ही तरह साहित्य भी गतिशील होता है। साहित्य समाज में हो रहे परिवर्तन का साक्षी होता है। हमारा देश जितना विविधधर्मी है उसी के अनुरूप दलित साहित्य में भी विविधता है। दलित साहित्य की विकास यात्रा को एक नई ऊँचाई मिल रही है। इसके ऐतिहासिक विकासक्रम पर अगर हम ध्यान केंद्रित करें तो पता चलेगा कि इसकी निरंतरता में बहुत कुछ नया जुड़ा है। इसका क्षेत्र कई मायनों में विस्तृत हुआ है। इसने एक तरफ जहां अपना भौगोलिक विस्तार करके, अखिल भारतीय स्वरुप ग्रहण कर लिया है वहीं,दूसरी ओर इसमें विधिगत समृद्धि के साथ-साथ कलात्मक ऊँचाई भी आई है। विषय वस्तु के भी स्तर पर इसमें उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। लेखकों का अनुपात विविध सामाजिक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाला हुआ है। दलित साहित्य लेखन में दलित महिलाओं की भागीदारी ने न केवल दलित साहित्य के स्वरूप को प्रभावित किया है, बल्कि पूरे भारतीय साहित्य के स्वर को उसने एक नयी दिशा दी है। दलित साहित्य में पहली पीढ़ी के लेखक बहुत हद तक गैर अकादमिक संस्थानों से जुड़े हुए थे, परन्तु अब जो नया परिवर्तन हुआ है, उसमें अकादमिक जगत से जुड़े हुए दलित लेखकों का खासा हस्तक्षेप हुआ है। हमें इस पर भी विचार करना चाहिए कि अकादमिक जगत की पृष्ठभूमि वाले लेखकों के आने से दलित साहित्य के स्वरुप पर क्या असर पड़ा है? इसने कला के स्तर पर, विषयवस्तु के स्तर पर और दिशा के स्तर पर क्या प्रभाव डाला है?

हिंदी दलित साहित्य ने मोटेतौर पर लगभग छः दशकों की अपनी यात्रा पूरी की है। यह इक्कीसवीं सदी का द्वितीय दशक है जब हम अपने देश के बारे में यह कह सकते हैं कि इसने भी सामाजिक लोकतंत्र का एक स्तर पा लिया है। दलित साहित्य के उभार से सामाजिक लोकतंत्र के इस स्तर की भी पुष्टि होती है। लेकिन अभी भी हमारे समाज को पूर्ण लोकतंत्र हासिल करना बाकी है। सांस्कृतिक और साहित्यिक स्तर पर जो विविधता इस सदी ने देखी है उसमें दलित साहित्य का बहुत योगदान है। इन महत्वपूर्ण बदलावों के बाद भीऐसा लगता है कि सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्र में अभी भी बदलावों की प्रक्रिया अपना पूर्ण स्वरूप ग्रहण नहीं कर पाई है। अभी भी हमारा समाज मध्युगीन बर्बरता के दिनों को अपने सीने से चिपकाये हुए है। समाज में दमन की प्रक्रिया अपने विभिन्न रूपों में जारी है। परंपरागत सामंती ब्राह्मणवादी दमन पद्धति ने कई रूप धर लिए हैं। हिंदी दलित साहित्य के आरंभिक अभिव्यक्तियों में इन रूपों की पहचान नहीं थी। इसलिए उसके खिलाफ कोई विद्रोह भी नहीं था। विद्रोह था तो जातिव्यवस्था और इसको बनाये रखने वाली विचारपद्धति ब्राह्मणवाद के खिलाफ। लेकिन जैसे-जैसे समाज में साक्षरता बढ़ी है और दलित समुदाय के लोगों का दखल अकादमिक और इससे इतर महत्वपूर्ण ज्ञान की जगहों पर हुआ है। वैसे-वैसे दमन के सूक्ष्म और जटिल रूपों की भी पहचान तेज हुई है। यहाँ तक कि दलित साहित्य ने अपने भीतर की कमियों और सीमाओं का रेखांकन भी करना शुरू किया है। यह एक अच्छा संकेत माना जा सकता है क्योंकि जो समाज, व्यक्ति या देश की आलोचना के साथ-साथ आत्मालोचना को स्वीकार नहीं करता, उसके भीतर का बदलाव बहुत टिकाऊ और दीर्घजीवी नहीं हो सकता। इसके विकास की संभावना अवरुद्ध हो जाती है, परन्तु सुखद बात यह है कि बदलावधर्मी दलित साहित्य की ताजी अभिव्यक्तियों में आलोचना-आत्मालोचना का संतुलन बनता दिख रहा है। आलोचना की जगह आलोचनात्मक संवाद ने ले ली है। ज्ञानमीमांसा के इकहरेपन ने इसकी बहुयामिकता को स्वीकार करना शुरू कर दिया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संक्षिप्त शब्द सागर -रामचंद्र वर्मा (संपादक), नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, नवम संस्करण, 1987, पृष्ठ 468
2. भारतीय दलित आंदोलन; एक संक्षिप्त इतिहास, लेखक: मोहनदास नैमिशराय, बुक्स फॉर चेन्ज
3. ताकि बचा रहे लोकतन्त्र, लेखक - रवीन्द्र प्रभात, प्रकाशक-हिन्द युग्म, 1, जिया सराय, हौज खास, नई दिल्ली-110016, भारत, वर्ष-2011,
4. दलित साहित्य के प्रतिमान; डॉ0 एन. सिंह, प्रकाशक: वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली -110002, संस्करण; 2012
5. दलित विमर्श की भूमिका, पेज नं.87-91
6. सं. राजकिशोर-आज के प्रश्न (18) दलित राजनीति की समस्याएं, लेख- दलित मुक्ति के रास्ते- राकेश कुमार, वाणी प्रकाशन 2012, पेज नं.145
7. दलित वीरांगनाएं एवं मुक्ति की चाह, पेज नं.178
8. दलित राजनीति की समस्याएं, उद्धृत, लेख-प्रफुल्ल कोलख्यान-दलित राजनीति की समस्याएं, पेज नं. 34
9. वही, पेज नं. 34
10. वही, पेज नं. 146
11. संजीव चंदन, स्त्रीकाल, दलित स्त्रीवाद पर केन्द्रित, अंक-9, सितम्बर, 2013 पेज नं. 65वही, पेज नं. 79

दलित साहित्य और राजनीतिक मुद्दों से सम्बंधित विभिन्न ऑकड़े

50 प्रतिशत से अधिक गॉवों में दलित मुद्दे	45 से 50 प्रतिशत गॉवोंमें दलित मुद्दे	गांवों में से 30 से 40 प्रतिशत गॉवों में दलित मुद्दे	25 से 30 प्रतिशत गॉवोंमें दलित मुद्दे
भोजन की साझेदारी के विरुद्ध निषेध	पानी की सुविधा पर प्रतिबंध	कृषि श्रमिकों के रूप में काम करने पर प्रतिबंध	पुलिस थाने में प्रवेश पर प्रतिबंध
पूजा के स्थानों में प्रवेश पर प्रतिबंध	विवाह समारोह पर प्रतिबंध	स्थानीय बाजारों में चीजों को नहीं बेच सकते हैं	बढ़ई की सेवाओं पर प्रतिबंध
अन्य महिलाओं द्धारा दलित महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार	सह संचालकों के साथ दूध बेचने की अनुमति नहीं है	स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के भ्रमण पर प्रतिबंध	सार्वजनिक वितरण की दुकान में प्रवेश पर प्रतिबंध
गैर-दलित घर में प्रवेश पर प्रतिबंध	नाई और लॉन्डरी सेवाओं पर प्रतिबंध	होटल में बैठने के लिए अलग स्थान	रेस्तरां या होटल में प्रतिबंध
	उच्च जाति के व्यक्तियों के द्धारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार	सिंचाई सुविधाओं की पहुंच पर प्रतिबंध	उच्च जाति के व्यक्ति के सामने खड़े होने के लिए मजबूर होना
		होटल में अलग बर्तन	
		पुलिस स्टेशन में भेदभावपूर्ण व्यवहार	
		स्वयं सहायता समूह में पृथक बैठना	

गांव के 20 से 25 प्रतिशत गॉवों में दलित मुद्दे	गांवों में से 15 से 20 प्रतिशत गॉवो में दलित मुद्दे	10 से 15 प्रतिशत गांवों में दलित मुद्दें	10 प्रतिशत से कम गांवोंमें दलित मुद्दे
उच्च जाति और निम्न जाति के लोगों में एक समान काम करने पर दलितों को कम वेतन दर का भुगतान करना	डाकघर में भेदभावपूर्ण व्यवहार	पंचायत में प्रवेश से इनकार	सार्वजनिक परिवहन में प्रवेश मना करना
सड़क पर त्योहारों पर जूलूस निकालने पर प्रतिबंध	नए या उज्ज्वल कपड़े पहनने पर प्रतिबंध	गहरे रंग के कपड़े और ऐनक पहनने पर रोक	मतदान केंद्र पर अलग समय निर्धारित
चिट्ठियों की होम डिलीवरी पर रोक	दुकानों व लेन-देन के समान को छूने पर प्रतिबंध	सार्वजनिक परिवहन में कोई सीट नहीं और अंतिम प्रवेश दिया जाता है।	निजी क्लिनिक में भेदभावपूर्ण उपचार
स्कूलों में अलग बैठने की सुविधा	सार्वजनिक सड़क पर रोक	मतदान केंद्र में अलग-अलग लाइनें	विवाह में उच्च जाति के लोगों से आशीर्वाद पाने के लिए मजबूर करना
निजी स्वास्थ्य क्लिनिक में प्रवेश पर प्रतिबंध	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रवेश से वंचित	मतदान बूथ में जाने पर प्रतिबंध	विवाह के लिए उच्च जाति के लोगों से आज्ञा लेना
दर्जी द्धारा कपड़े सिलने के लिए माप लेने से इन्कार	सार्वजनिक रूप से छतरियों का उपयोग करने की अनुमति नहीं है	सार्वजनिक सड़कों पर चप्पलों का उपयोग नहीं किया जा सकता	सार्वजनिक सड़क पर साईकिल का उपयोग नहीं कर सकते
स्कूलों में अलग-अलग पेयजल			सिनेमा हॉल में प्रवेश निषेध
चराई या मछली पकड़ने के मैदान पर रोक			

****

सिंधिया सेना के संगठन में डिबॉयन का योगदान

राजेश मन्दोरिया *

प्रस्तावना – मराठा सेना की परम्परागत छापामार युद्ध प्रणाली के प्रासंगिक न रह जाने पर महादजी सिंधिया ने अपनी सेना को यूरोपीय ढंग पर प्रशिक्षित करने का विचार किया। डिबॉयन नामक फ्रांसीसी अधिकारी को सिंधिया सेना में शामिल करने के बाद सिंधिया सेना में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए, जिनका शोधपरक विवेचन प्रस्तुत आलेख में किया गया है।

सबसे पहले नई सेना के गठन की तैयारी करने के लिए सबसे पहली खोज अफसर या सरदार की होती है। इस विषय में महादजी सिंधिया बडे ही भाग्यशाली निकले। उन्होंने इस हेतु जिस व्यक्ति को अपना सेनानायक चुना, उसकी प्रशंसा मुक्तकण्ठ से सभी सरदारों ने की। इस सेनानायक का नाम था कि डि बॉयन। डि बॉयन का जन्म इटली के उत्तर सेवाय प्रान्त में हुआ था।[1] इसने बचपन से ही सेना में काम करने का विचार कर लिया था। पहले डिबॉयन ने फ्रांस में नौकरी की और वहां पांच वर्ष रहा। इन पाँच वर्षो में इसने सेना से सम्बंधित ज्ञान को अच्छी तरह से सीख लिया था। परन्तु उस नौकरी से इसे संतोष न हुआ। अत: फ्रांस की नौकरी छोड रूस में जाकर कर ली। उस समय रूस और तुर्की में युद्ध हो रहा था। अत: उस लडाई से इसका सैनिक अनुभव और बढा। युद्ध समाप्त होने पर इसने वह भी नौकरी छोड दी।[2] उन दिनों यूरोप में भारत की प्रशांसा को तो इसने सुन ही रखा था, जिससे वह भारत की ओर आकर्षित हुआ। रास्ते में यह कुछ दिन मिस्त्र में रूका और वहां एक अंग्रेज से परिचय हुआ जिसने इसे कुछ परिचय पत्र दिये। इन परिचय पत्रों के आधार पर भारत में मद्रास के गवर्नर मिस्टर रम्बोल्ड से भेंट हुई। उसने डिबॉयन को एक देशी पल्टन में नियुक्त कर दिया। जिसमें यह मैसूर युद्ध प्रणाली का अच्छा अनुभव हो गया।[3] किन्तु मिस्टर रम्बोल्ड के चले जाने पर लार्ड मैकार्टनी मद्रास का नया गवर्नर बनकर आया। इससे डिबॉयन का मेल न खाया। इससे डिबायन का विचार फिर रूस जाने का हुआ। रास्ते में यह कलकत्ता रूका। मौकार्टनी ने इसे वारेन हेस्टिंग्ज के नाम परिचय पत्र दिया था।[4]

वारेन हेस्टिंग्ज ने डिबॉयन का अच्छा सत्कार किया और इसे कई अंग्रेज अधिकारियों और देशी नरेशों के नाम परिचय पत्र दिये ।इन परिचय पत्रों से डिबॉयन को बडी सहायता मिली। लखनउ नवाब ने इसका अच्छा स्वागत किया और बहुत सी भेंट दी। लखनउ से दिल्ली गये, पर यह यात्रा पूरी न हुई। रास्ते में सिंधिया का पडाव पडता था। वहां ये अंग्रेजी राजदूत मिस्टर एण्डर्सन के निमंत्रण से गया। पर सिंधिया को इनके विषय में संदेह हो गया, इसलिए चुपके से इसका सामान चुरवा लिया गया और सब तो लौटा दिया गया पर इसके कागज पत्र इसे फिर देखने को न मिले।[5] उन्हीं दिनों महादजी ग्वालियर किले को जो पानीपत के युद्ध के बाद हुई गडबडी में गोहद के सरदार लोकेन्द्रसिंह व्दारा हथिया लिया गया, घेर रखा था।[6] डिबॉयन ने लोकेन्द्रसिंह से पत्र व्यवहार किय, जिसमें लिखा था कि यदि मुझे एक लाख रूपये दिये जायें तो मैं यमुना पार से सैना की दो पलटनें लाकर सिंधिया के पडाव पर अचानक छापा मारूंगा और इसको ग्वालियर के सामने से हट जाने को विवश कर दूंगा।[7] लोकेन्द्रसिंह को डिबॉयन की इस बात पर विश्वास नहीं था, इसलिए उसने प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। किन्तु यह बात महादजी सिंधिया को पहुंचा दी, जिससे महादजी घबरा जायें और ग्वालियर को मोर्चा छोडकर चला जाये। महादजी को डिबॉयन पर संदेह तो पहले से ही था, इस बात से और बढ गया।[8]

इधर निराश होकर डिबॉयन ने जयपुर को महाराजा प्रतापसिंह के पास आवेदन भेजा। प्रतापसिंह ने आवेदन स्वीकार कर लिया और उसके प्रबंध का कार्य होने लगा। इसी बीच हेस्टिंग्ज ने डिबॉयन को कलकत्ता बुला लिया और जब तक ये लौटकर आये तब तक प्रतापसिंह ने अपना विचार बदल लिया और 10,000 रूपया देकर बिदा कर दिया। इन्हीं दिनों महादजी बुन्देलखण्ड में एक सेना भेजने वाले थे।[9] डिबायन भी दो जगहों से निराश हो चुका था। अत: कुछ सोच विचार कर उसने महादजी सिंधिया के ही पास आवेदन भेजा। महादजी ने आवेदन स्वीकार कर लिया और दोनों के मध्य 1784 ई. में एक समझौता (करार) हुआ, जिसके अनुसार दो पलटनें (बटालियन) प्रस्तुत करना तय हुआ।[10] प्रत्येक बटालियन में 850 सैनिक जो अस्त्र-शस्त्र, भेष-भूषा में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की तरह बहादुर हों। वेतन के रूप में महादजी ने डिबॉयन को 1000 रूपये मासिक व प्रत्येक सिपाही को 8 रूपये मासिक देना तय हुआ।[11]

इस करार में यह भी तय हुआ कि 'हम अंग्रजों के विरूद्ध नहीं लडेंगे'। नरसिंह चिंतामण केलकर के अनुसार 'महादजी ने यह कैसे मंजूर किया, यह आश्चर्य की बात है।'[12] डिबॉयन ने सिपाहियों को 8 रूप्ये में से 5 रूपये दिये और इस प्रकार 3 रूपये प्रति सिपाही बचाकर अधिकारियों को वेतन के रूप में दिये। अधिकारी कई जाति के यूरोपियन थे और इनको वेतन बहुत देना पडता था। अधिकारियों के अतिरिक्त सिपाही भी एकत्र करना था, शस्त्र संग्रह करना था, तोपें ढालनी थीं। फिर भी डिबॉयन ने पांच महीने में ही 6000 तिलंगाना, 1000 नाजिब, 1000 रोहिला, 400 मेवाती, 800 घुडसवार, 3 बेटरिंग बन्दूकें (तोपें), 10 छोटी तोपें, 2 मोराटार्स आदि से सुसज्जित सेना तैयार कर ली।[13]

स. सैनिक तंत्र एक दृष्टि में

पैदल सेना

		रूपये मासिक वेतन प्रत्येक
1	केप्टन	-
1	लेफ्टिनेंट	-

* अतिथि विद्वान (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

1	एडज्यूटेन्ट (सूबेदार)	35
8	जमादार	20
1	रिसालदार मेजर	10.8
32	नयक	8.8
2	कॉलर बेरियर्स	12
22	बैंड	12 प्रत्येक
416	सिपाही	05 प्रत्येक

484

तोपखाना

1	सरजेन्ट मेजर (यूरोपियन)	60
5	गनर्स (तोपची-यूरोपियन)	8
1	जमादार	30
1	हवलदार	15
5	नायक	9
5	सरंगस (बैलगाडी सरजेन्ट)	9
5	टिन्डाल्स (पार्क सरजेन्ट)	6.8
35	ग्लेंदाज (नेटिव गनर्स)	6 से 8
35	खलासी (गोला बारूद देने वाले)	4 से 5
52	गाडीवान	4 से 6
145		

घुडसवार सेना

1	रिसालदार	40
1	नायब रिसालदार	30
4	जमादार	18
4	दफादरस	12
64	घुडसवार	12
1	ड्रमर	77
35	गनर्स (गेलोपट गन)	8

इसके अतिरिक्त डिबॉयन द्वारा तैयार की गई सेना में विशेष प्रशिक्षित 75 लडाई में भिडंत करने वाले घोडे, दो रेजीमेन्ट अति उत्साही घुडसवारों की थी। इस प्रकार पूर्णरूप से तैयार एक बटालियन (ब्रिगेड) जिसकी संख्या 9000 थी और इस पर कुल खर्च 56000 मासिक व्यय के रूप में आता था।[14]

जबकि यही सेना चम्बल के पार युद्ध क्षेत्र में होगी तब इसका खर्च 84000 रूपये आता था। 50 प्रतिशत खर्च अन्य कार्यो हेतु देना होता था।[15] डिबॉयन की सेना में जो यूरोपियन अधिकारी थे वे इस प्रकार थे तथा उनका खर्च इस प्रकार था -

	रूपये	चम्बल के उस पार रूपये
कर्नल	3000	4500
लेफ्टिनेट कर्नल	2000	3000
मेजर	1200	1800
केप्टन	400	600
लेफ्टिनेंट केप्टन	300	450
लेफ्टिनेंट	200	300
इनसिंगन्स	150	225

कर्नल, लेफ्टिनेन्ट कर्नल व मेजर को 100 रूप्ये टेबल एलाउंस के रूप में देना तय हुआ।[16] इस तरह डिबॉयन की सेवा से सिंधिया की सेना को प्रशिक्षित और अनुशासनबद्ध कर दिया गया। इस सेना से महादजी की सैनिक शक्ति काफी बढ गई। अब इस सेना में 18000 नियमित, 6000 अनियमित पैदल सिपाही और 2000 अनियमित व 600 फारसी घुडसवार सेना और 200 तोपें थीं। इस सेना का प्रधान नायक आप्पा खण्डेराव व उपनायक डिबॉयन को बनाया गया। बुन्देलखण्ड की लडाईयों और विशेषत: कालिंजर के किले की लडाई में इस सेना ने बहुत ही वीरतापूर्ण कार्य कर सिंधिया की खोई प्रतिष्ठा को पुन: कायम कर दिया।[17]

ऐसी सेना के बल पर महादजी सिंधिया दिल्ली में रूहेलाओं और शाह आलम के बीच चल रहे भीषण षडयंत्रों में कूद पडा। महादजी ने शाह आलम का पक्ष लिया और उसे प्रतिस्पर्धी पक्षों के पंच के रूप में आमंत्रित किया गया। वह अक्टूबर 1784 ई. में फतेहपुर सीकरी में मुगल बादशाह से मिला और वहां से दिल्ली चल पडा। कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए बादशाह ने महादजी को वकील-ए-मुतलक या पूर्णाधिकारी अमात्य की सारी शक्तियां सौंप दीं।[18] फलस्वरूप महादजी सिंधिया मुगल दरबार की राजनीति में उलझ गया। इसी पद पर कार्य करते हुए महादजी सिंधिया को जयपुर से मुगल दरबार को देय वार्षिक कर की बकाया राशि वसूल करने के मामले में उसको जयपुर, जोधपुर के शासकों से उलझना पडा। इसी सिलसिले में महादजी ने जून-जुलाई 1787 ई. में जयपुर के विरूद्ध सैनिक अभियान किया और जयपुर, जोधपुर और हमदानी की सम्मिलित सेनाओं से लालसोट के पास तुगा के मैदान में बडा घमासान युद्ध हुआ।

इस बीच बादशाह शाह आलम की मुसीबतें और भी बढ गई। निर्दयी गुलाम कादिर ने बादशाह को गिरफ्तार कर लिया और उस पर अमानुशिक अत्याचार किये और अन्त में अभागे बादशाह की आंखें फोड दी।[19] महादजी ने दिल्ली की ओर कूच किया और शाह आलम को मुक्त करने और बडी धूमधाम से उसे पुन: प्रतिष्ठित करने में सफलता पाई।[20] लालसोट के मैदान में महादजी ने अपनी सेना की तैयारियां जिस तरह से की थीं उस पर भी थोडा बहुत लिखना आवश्यक जान पडता है क्योंकि आगे की आधार सामग्री इसी युद्ध से निकलती है। महादजी ने सेना की दक्षिणी कमान अंग्रेज अधिकारी लेस्टिनों की अधीन रखी और डिबॉयन की सेना को आयें ओर रखा और बीच में मुगलों की 25 पलटनें रखीं और स्वयं महादजी ने घुडसवारों की सेना को अपने पास रखा। युद्ध आरंभ होने के थोडे ही देर बाद मुहम्मद बेग मारा गया, पर ईस्माइल बेग उसके सिपाहियों को लेकर आगे बढा। उसके तीव्र व प्रचण्ड आक्रमण ने लेस्टिनों को पीछे खदेड दिया पर महादजी ने उसे संभाल लिया।[21] दाहिनी और दस हजार राठौडों की जोधपुर सेना ने डिबॉयन की पल्टन व तोपों ने आग उगलना शुरू कर दिया और बहुत से राठौड मारे गये और शेष पीछे हट गये। किन्तु इसी अवसर पर मुगल सेना ने धोखा दे दिया। इनको डिबॉयन के साथ आगे बढना चाहिये था पर ये जहां के तहां खडे रहे। जीत हाथ में आकर निकल गई। इतना ही नहीं दूसरे दिन मुगल इस्माइल बेग से जा मिले और अपने साथ 80 तोपें भी लेते गये। अब जीत तो दूर, अपनी रक्षा का प्रष्न आकर उपस्थित हो गया। और अन्तत: 31 जुलाई 1787 ई. को उसको युद्ध मैदान से पलायन करना पडा।[22]

अब यहां पर इतना ही कहना पर्याप्त है कि इन सब लडाईयों में डिबॉयन और उसके सैनिकों ने बडी बहादुरी दिखाई और सबमें विजय प्राप्त की।[23] दिल्ली के झगडों के शान्त होने पर भी कुछ समय तक डिबॉयन महादजी के साथ ही रहा किन्तु वह सन्तुष्ट नहीं था क्योंकि उसके अधीन बहुत कम सेना रह गई थी और दूसरा यह कि नाम के लिए कोई और ही सेनापति बना दिया जाता था। इसलिए उसने महादजी से यह प्रार्थना की कि मेरे अधीन

10,000 सैनिकों की संख्या कर दी जाये। कई कारणों से उस समय यह प्रस्ताव महादजी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। इस पर डिबॉयन नौकरी छोडकर चला गया। नौकरी छोडकर डिबॉयन लखनउ चला गया और व्यापार में लग गया। किन्तु डिबॉयन का मन मस्तिष्क सिपाही का था वह अधिक दिनों तक व्याार में न रह सका। ईधर महादजी मस्तिष्क सिपाही का था वह अधिक दिनों तक व्यापार में न रह सका। इधर महादजी को भी सेना में उसकी कमी खल रही थी। अत: महादजी ने उसे पुन: बुला लिया और मथुरा में दोनों की भेंट हुई।[24]

पुन: हुए इकरारनामे के अनुसार यह निष्चित हुआ कि 10,000 सैनिकों की तेरह पलटनें रखी जाए और इस सेना में 500 सवार और शेष पैदल सिपाही थे। 60 तोपें रखी जाए। कुल मिलाकर 12,000 हजार सैनिक थे। डिबॉयन का वेतन 4,000 रूपये मासिक कर दिया गया किन्तु बाद में महादजी ने 16 लाख रूपये की जागीर फौज के व्यय के लिए देकर उसे आत्मनिर्भर बना दिया।[25]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जोधपुर राज्य का इतिहास, 2 पृ.747, महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.73।
2. ग्लेग, वारेन हेस्टिंग्ज, भाग 2 पृ.310
3. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.74
4. वरेन हेस्टिंग्ज, भाग 2, पृ.310-11
5. सरदेसाई, मराठी रियासत (मराठी में), उत्तर विभाग 2, पृ.50-51 मालवा में युगान्तर, पृ.302, 308
6. सरदेसाई, मराठी रियासत उत्तर विभाग 2, पृ.53
7. मराठी रियासत वही, पृ.53-54, महादजी सिंधिया, पृ.57 न्यू हिस्ट्री ऑफ दि मराठाज, भाग 3 पृ.140-41
8. महाराजा महादजी सिंध्यिा, पृ.75, मालवा में युगान्तर, पृ.310
9. महादजी सिंधिया, पृ.75
10. सरदेसाई, मराठी रियासत, उत्तर विभाग 2, पृ.58 ग्वालियर स्टेट गजेटियर, भाग 1 पृ.111
11. नरसिंह चिंतामण केलकर, मराठे व इंग्रज (उत्तरार्ध) पृ.58
12. ग्वालियर स्टेट गजेटियर, भाग 1 पृ.113
13. ग्वालियर स्टेट गजेटियर, भाग 1 पृ.113-14
14. ग्वालियर स्टेट गजेटियर, भाग 1 पृ.114
15. ग्वालियर स्टेट गजेटियर, भाग 1 पृ. 114
16. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.75-76
17. अखबारात-इ-दरबार-इ-मुअल्ला, पृ.48 पूना रेसीडेंसी भाग 1 पत्र 137 मराठी रियासत, वही. पृ.63-64
18. महाराजा महादजी सिंधिया पृ.41-42, 78, मराठा रियासत वही 64, न्यू हिस्ट्री ऑफ दि मराठाज, भाग 3 पृ. 152-53
19. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.42, मराठी रियाससत, पृ.65
20. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.45 मराठी रियासत, सरदेसाई पृ.65-66
21. अखबारात-इ-दरबार-इ-मुअल्ला, पृ.48, पूना रेसीडेंसी भाग 1 पत्र 137, जोधपुर राज्य का इतिहास, ओझा 2 पृ. 731-35
22. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.76-779 न्यू हिस्ट्री ऑफ दि मराठाज, सरदेसाई भाग 3 पृ.154-56
23. महाराजा महादजी सिंधिया पृ.77, मराठी रियासत, सरदेसाई वही, पृ.119
24. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.77-78
25. केलकर, मराठे व इंग्रज (उत्तरार्ध) पृ.58

****

पानीपत के तृतीय युद्ध (1761 ई.) का मालवा पर प्रभाव

राजेश मन्दोरिया *

प्रस्तावना - मुगल सम्राट औरंगजेब की मृत्यु (1707 ई.) के बाद मुगल साम्राज्य के विघटन की गति तीव्र हो गई। मालवा में मराठों की छापेमारी 1699 से जारी थी। अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में मराठा शक्ति सम्पूर्ण भारत में अपना सिक्का जमाए हुए थी लेकिन पानीपत के तृतीय युद्ध 1761 से मराठों को जो क्षति हुई उसमें मराठों की उत्तर भारत को नियंत्रण में लेने की महत्वाकांक्षा पर पानी फेर दिया। पेशवा द्वारा अपना ध्यान पूना में केन्द्रित करने के कारण मालवा के मराठा सेनानायकों ने यहां पर लगभग स्वतंत्र रियासतों की स्थापना को अंजाम दिया। प्रस्तुत शोध पत्र में इन्हीं परिस्थितियों का विवेचन किया गया है।

14 जनवरी 1761 ई. को अहमदशाह अब्दाली ने पानीपत के तृतीय युद्ध में मराठों को बहुत ही बूरी तरह हराया। बडे-बडे सेनापतियों में अकेले गायकवाड और मल्हारराव होल्कर ही उस महान विपत्ति में से किसी तरह बच निकला।[1] जनवरी 1761 ई. में पेशवा मालवा में आ चुका था और 24 जनवरी तक वह भेलसा में ही था, वहीं दिल्ली के एक व्यापारी का लिखा हुआ पत्र मिला जिसके द्वारा पेशवा को पानीपत के युद्ध में मराठों की भयंकर हार का पता लगा। इस घटना की सूचना जिन शब्दों में पेशवा के पास भेजी गई थी वे ऐसे सारगर्भित हैं कि उनको उद्धत करना यहां आवष्यक है - 'दो मोती गल गये, सत्ताईस सुनहरे मुहर खो गये। चांदी और तांबे का कोई परिमाण नहीं कहा जा सकता।' अर्थात भाउ और विश्वासराव दोनों मोती थे। सत्ताईस बडे सरदार मुहर थे और साधारण सरदार और सिपाही चांदी और तांबा थे।[2] 7 फरवरी 1761 ई. तक पेशवा भेलसा में ही रूका रहा और वहां से सीहोर एवं सिरोंज होता हुआ वह सिरोंज से 62 किमी दूर स्थित उत्तर में पछार नामक स्थान पर ठहरा और यही आशा लगाये हुए कि भाउ एवं अन्य मराठा सेनापतियों तथा सरदारों के बच निकलने की अफवाहें सत्य साबित हो जायें।[3]

पेशवा के पास इसी समय जयपुर के माधोसिंह का पत्र आया, जिसमें पेशवा को बूंदी आने के लिए लिखा था। माधोसिंह का प्रस्ताव था कि दोनों मिलकर पुन: अब्दाली पर चढाई करें। माधोसिंह इस समय दुविधा में फंसा था, क्योंकि अब्दाली ने माधोसिंह तथा अन्य राजपूत राजाओं को दिल्ली बुलाया था कि वहां उपस्थित होकर अब्दाली को निष्चित राशि दें किन्तु पानीपत के तृतीय युद्ध में जयपुर के माधोसिंह ने मराठों की सहायता नहीं की थी एवं पेशवा इस समय माधोसिंह से बहुत चिढा हुआ था। पेशवा ने माधोसिंह को सहायता न करने के लिए बहुत ही फटकारा और यह लिख भेजा कि यदि अब्दाली मालवा की ओर बढेगा तो वह स्वयं नर्मदा को पार कर दक्षिण को लौट जायेगा।[4] कुछ ही दिनों बाद पानीपत के युद्ध से बच निकले हुए सैनिक पेशवा से मिले और उन्होंने पेशवा से दक्षिण लौट जाने के लिए समझाया और 22 मार्च 1761 ई. को पेशवा मालवा को अपने हाल पर छोडकर चलता बना।[5]

इस समय मालवा की अवस्था कीन के निम्नलिखित शब्दों से स्पष्ट प्रतीत होती है -

'क्षीण साम्राज्य का (मराठों का) हृदय अब प्राय: नि:शब्द हो गया था। वर्तमान काल में किसी देश (प्रान्त) की ऐसी अधोगति नहीं हुई है। वह (मालवा) धीरे-धीरे नष्ट हो रहा था, शीघ्र ही उसका पूर्णनाश हो गया। न तो समाज में कोई ऐसा अंग बच रहा था जो विदेशियों के आक्रमण (अब्दाली का मालवा पर आक्रमण) को रोकता, न कोई विदेशियों के चले जाने पर देश की दशा सुधारने वाला बच गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हम चील-कौवों की लडाई देख रहे हैं, पर ऐसे बडे और प्रसिद्ध देश को उनके सामने उपहार रूप से ऐसी नि:सहाय और नि:चेष्ट दशा में देखकर दु:ख होता है।'

मराठों की पराजय का मालवा पर प्रभाव - पानीपत के युद्ध में मराठों की पराजय होने से मालवा में मराठों की सत्ता तथा उनके आधिपत्य को बहुत ही भीषण धक्का लगा।[6] मालवा के स्थानीय राजा और जमींदार जिन्हें मराठों ने निकाल बाहर किया था या जिनको मराठों ने अपनी शक्तिशाली सेनाओं द्वारा दबा दिया था वे सब अब मराठों की हार का विवरण सुनकर उत्साहित हो उठे, विद्रोह करने लगे और अब मराठों को मालवा में से निकाल बाहर करने की बातचीत करने लगे। दो आब, बुंदेलखण्ड, राजपूताना आदि सभी जगह इसी प्रकार की स्थिति थी। मराठा साम्राज्य के लिए यह सबसे अधिक संकट की घडी थी। उनके सैन्य व राजनीतिक दायित्व पहले के मुकाबले कहीं अधिक थे। संभाजी की मृत्यु के समय नवोदित मराठा साम्राज्य को सिर्फ मुगलों की ही शक्ति का मुकाबला करना था, किन्तु अब उनको एक विषाल साम्राज्य की रक्षा और चारों ओर के शत्रुओं का मुकाबला करना था।[8]

लगभग तीन महीनों से ज्यादा समय तक मालवा में मराठों की स्थिति बहुत ही डांवाडोल रही। उनकी महान सेनाओं का पानीपत में पूर्ण संहार हो चुका था। जो सैनिक युद्ध क्षेत्र से बच निकले थे उन पर अब भी आतंक छाया हुआ था। असंगठित तथा सरदारों के बिना वे कुछ भी न कर सकते थे। मराठों को आर्थिक संकट सता रहा था। रूपया उनके पास न था। यशवंतराव पंवार तथा सिंधिया के घरानों की जागीरें जब्त कर पेशवा ने कुछ धन प्राप्त करने का प्रयत्न किया। किन्तु इससे भी लाभ होने के बजाए हानि ही हुई। मराठों में आपस में असंतोष फैल गया और मालवा में पेशवा की शक्ति और अधिक दयनीय हो गई। मालवा और राजपूतानों के राजपूतों के लिए यह एक बहुत ही सुअवसर था, किन्तु उनमें न तो एकता ही स्थापित हो सकती

* अतिथि विद्वान (इतिहास) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

थी और न उनमें कोई ऐसा महान व्यक्ति ही था जो सब राजपूतों का नेता बनकर उस परिस्थिति से लाभ उठा सके। जयपुर के माधोसिंह में भी इस प्रकार के बडे उद्योग को उठाने एवं उसे सफलतापूर्वक सम्पादन करने की योग्यता न थी।[9]

मालवा की कमान होलकर को दी जाना – तत्कालीन परिस्थितियों पर समग्र रूप से विचार कर पेशवा ने मल्हारराव होल्कर को मालवा के ही नहीं बल्कि सारे उत्तरी भारत के भी सर्वाधिकार दे दिये और इस कठिनाई के समय उस अनुभवी, वयोवृद्ध सेनापति ने अपनी पूर्ण कार्यकुशलता दिखलाई। निरंतर परिश्रम एवं पूर्ण उत्साह तथा साहस के साथ उसने परिस्थिति का सामना किया और मालवा में मराठों के सभी विरोधियों को दबाने में लग गया।[10]

हुआ यूं कि पानीपत से लौटने पर मल्हारराव ने कुछ काल तक ग्वालियर में आराम किया और वहीं भाउ की सेना के बचे हुए सैनिकों को एकत्रित कर उन्हें लेकर वह इन्दौर गया। इन्दौर पहुंचकर उसने देखा कि केवल राजपूत ही विद्रोही नहीं हैं बल्कि मराठों का प्रान्तीय शासन भी बहुत कुछ विश्रृंखलित हो गया था क्योंकि इस बीच कई छोटे–छोटे पदाधिकारी भी उच्च सेनापतियों की आा मानने को तैयार न थे।[11]

अत: सबसे पहले मल्हारराव होलकर ने राजपूत एवं अन्य जातियों के विद्रोहियों को दबाकर मराठों की सत्ता पुन: स्थापित करने का दृढ निश्चय किया। रामपुरा इस समय होलकर की जागीर में था, उस परगने के पुराने चन्द्रावत शासक इस समय सुअवसर पाकर रामपुरा पर पुन: अधिकार कर बैठे थे। मल्हारराव होलकर ने निष्चय किया, किन्तु उसके रामपुरा पहुंचने से पहले ही संताजी वाघ के सहकारी एवं महन्तपुर के कमाविसदार कृष्णाजी तानदेव ने रामपुरा पर आक्रमण कर चन्द्रावतों को हरा दिया तथा रामपुरा को पुन: मराठों के अधिकार में कर लिया। चन्द्रावतों का दीवान पकडा गया और उनके कोई 400 आदमी मारे गये।[12]

कृष्णाजी तानदेव की इस विजय के बाद तीसरे दिन होलकर हाडोती की ओर बढा और गुहूखेडी होता हुआ गागुर्नी में कोटा महाराव के अभयसिंह राठौड नामक किसी सरदार ने मराठों को निकाल बाहर किया था। मल्हारराव होलकर 15–20 दिन तक गागुर्नी का घेरा डाला रहा। इस बीच होलकर ने इन्दौर से अपनी बडी बडी तोपें मंगवाई और जहां तक वे न आ पहुंची, होलकर किले पर अधिकार न कर सका। जून 1761 ई. के प्रारंभ में गागुर्नी का किला होलकर के अधिकार में आ गया। पानीपत के युद्ध के बाद होलकर की मालवा में यह पहली विजय थी। इस सफलता से मराठों का आतंक पुन: मालवा में स्थापित हो गया और मालवा के उत्तरी पष्चिमी भाग में उनका वही खोया हुआ सम्मान पुन: मिल गया।[13]

होलकर का पूर्वी मालवा में संघर्ष – मालवा की उत्तरी सीमा पर स्थित गोहद एवं उसके पडोसी प्रदेशों में स्थित विट्ठल शिवदेव पुन: मराठों की सत्ता स्थापित करने का प्रयत्न कर रहा था।[14] अहीरवाडा और उधर के अन्य प्रदेशों में स्थिति बहुत अच्छी न थी, एवं पेशवा को उधर ध्यान देना पडा। अत: इस प्रदेश के विद्रोहों को दबाने के लिए पेशवा ने गोपालराव और जानोजी भौंसले को भेजा। मई 1761 ई. तक गोपालराव ने सब ही विद्रोहों को दबाकर उस प्रदेश में शान्ति स्थापित कर दी थी। इसके बाद वह सिरोंज होता हुआ सागर चला गया। किन्तु ज्यों ही गोपालराव ने मालवा छोडा अहीरों ने पुन: विद्रोह किया और वे नए नए किले बनवाने लगे। बरसात शुरू हो गई थी। कुरवाई का शासक इज्जत खां तथा खींची भी अहीरों से जा मिले थे एवं बरसात खत्म होने तक उस प्रदेश में कुछ भी छेडछाड करना मराठों ने अपने हित में न समझा।[15]

तथापि इस बीच मराठों ने नरसिंहगढ पर अपना अधिकार अधिक सुदृढ बना लिया था। यहां पर विसाजीपन्त जो एक मुगल कर्मचारी था उसे इस क्षेत्र का भौगोलिक अनुभव व प्रभाव बहुत था, मराठों ने उसके साथ बहुत अच्छा सम्बंध बना लिया था। नवम्बर 1761 ई. में मल्हारराव होल्कर कोटा के पास रूका था, उसी समय अहीरवाडा में नियुक्त मराठों ने होलकर को पत्र भेजा कि व सहायतार्थ इस प्रदेश में चला आवे। मल्हारराव होलकर सांगानेर तक बढता चला गया, किन्तु मांगरोल के युद्ध में जो घाव होलकर को लगा था उसके पक जाने से होलकर को वहीं से लौटाना पडा। दिसम्बर 1761 में नारोशंकर ने अपने पुत्र[16] विष्वासराव को सिरोंज भेजा कि वह वहां जाकर इज्जत खां और गोविन्द कल्याण से मिले और उनके साथ मित्रता कर उनकी ही सहायता से झांसी को अपने अधिकार में कर ले। पेशवा ने गोविन्द कल्याण को आशा लिख भेजी कि वह सिरोंज और अहीरवाडा के मामलों को अपने हाथ में लें तथा वहां के जमीदारों को समझा–बुझाकर संतुष्ट करे और उस प्रदेश के सब थानों को अपने अधिकार में कर उस परगने पर शासन करे। भेलसा का किला भोपाल के नवाब ने पुन: जीत लिया था, उस किले को जीतकर अपने अधिकार में लाने के लिए भी पेशवा ने गोविन्द कल्याण को लिख दिया था।[17]

मराठों के विरूद्ध माधोसिंह का षडयंत्र – पानीपत के युद्ध में मराठों की डूबी नाव को मालवा के किनारे पर आने से पूर्व ही माधोसिंह डूबा देना चाहता था, इसके लिए बैठा – बैठा षडयंत्र रच रहा था। 14 मई 1761 ई. को वह रतलाम गया और वहां मध्य मालवा के राजपूत राज्यों तथा सीतामउ, सैलाना, रतलाम, झाबुआ, अमझेरा आदि से सहायता प्राप्त कर उसने भरसक प्रयत्न किया। बूंदी–कोटा के शासक, खींची राजा एवं अन्य कई राजाओं ने माधोसिंह को सहायता देने का वचन दिया और इस बीच कई राजा उससे जा मिले।[18]

मल्हारराव होलकर आंख मूंदकर सारा दृष्य देख रहा था, कुछ करता इससे पहले बरसात शुरू हो गई। अक्टूबर 1761 ई. के पिछले दिनों में मल्हारराव होलकर ने माधोसिंह पर चढाई की, किन्तु इन्हीं दिनों होलकर को पेशवा ने पूना बुला लिया गया। होलकर ने माधोसिंह के विरूद्ध अपनी सेना भेजकर पुना जाने का निश्चय भी किया, किन्तु बाद में विवष होकर उसे पूना जाने का विचार छोडना पडा। अत: सम्पूर्ण परिस्थितियों पर कूटनीति पूर्ण विचार कर होलकर को इन्दौर से रवाना होकर जयपुर की सेना का सामना करने के लिये कोटा की ओर जाना पडा। 29 नवम्बर 1761 ई. को मांगरोल नामक स्थान पर युद्ध हुआ, जिसमें माधोसिंह की पूर्ण पराजय हुई। इस युद्ध में कोटा के महाराव ने मराठों का पलडा भारी होते देख माधोसिंह का साथ छोड मराठों के साथ जाकर खडा हो गया। मल्हारराव होलकर की इस विजय का मालवा पर अच्छा प्रभाव पडा और मराठों का विरोध करने के लिए किसी भी प्रकार का गुट बनने की कोई संभावना न रही, मराठों का दबदबा मालवा पर पुन: छा गया।[19]

मालवा की राजनीति में मराठों का पुन: जीवन संचार होते देख पेशवा ने मालवा में कई कई नियुक्तियां कीं। मल्हारराव होलकर को बहुत सी नई नई जागीरें मिलीं। विट्ठलदेवराव को सरंजामदार बना दिया गया। बहिरो पन्त को भी सरंजाम मिला, और केदारजी तथा मानाजी सिंधिया को जनकोजी सिंधिया का उत्तराधिकारी मानकर जनकोजी की जागीर एवं जमीन उन दोनों को दे दी गई।

उपसंहार – पानीपत के तृतीय युद्ध के बाद मालवा में उत्पन्न हुई प्रतिकूल

परिस्थितियों पर मल्हारराव होल्कर द्वारा प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया। यहीं से मालवा में स्वतंत्र होल्कर एवं सिंधिया रियासतों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, क्योंकि इस समय मुगल साम्राज्य का मालवा पर नियंत्रण समाप्त हो चुका था जबकि पेशवा पूना के मामलों में व्यस्त हो गया था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वाकया-ए-होलकर के अनुसार पराजय सम्मुख जानकर होलकर अपनी सेना के साथ रणक्षेत्र से निकलकर सुरक्षित जाट प्रदेश की ओर चला गया पृ.10 ब. इसी प्रकार सूर्यमल्ल मिश्र, वंश भास्कर पृ.3696 पर लिखता है।
2. महाराजा महादजी सिंधिया, पृ.17
3. पेशवा दफ्तर, भाग 21 पत्र 204, भाग पत्र 260-272 मराठाच इतिहासांची साधने, भाग 6 पत्र 415, 416 दी फाल ऑफ दी मुगल एम्पायर, भाग 2 पृ. 359-60, ऐतिहासिक लेख संग्रह, भाग 1 पत्र 26, 28
4. मराठाच इतिहासांची साधने, भाग 6 पत्र 415, 416 दी फाल ऑफ दी मुगल एम्पायर, भाग 2 पृ. 359-60
5. ऐतिहासिक लेख संग्रह, भाग 1 पत्र 26, 28, पेशवा दफ्तर, भाग 21 पत्र 204
6. महाराजा सिंधिया पृ.11 दी फाल ऑफ दी मुगल एम्पायर, पृ.357-61 पेशवा दफ्तर भाग 2 पत्र 142, 143 भाग 29 पत्र 6-21 ए मेमायर ऑफ सेन्ट्रल इण्डिया, भाग 1 पृ.53-54, 67
7. अब्दाली के आक्रमण का वृत्तांत सुनकर मालवा के कमाविसदारों में तो बहुत आतंक छा गया। मराठाचें इतिहासांची साधने, भाग 1 पत्र 176
8. पेशवा दफ्तर भाग 2 पत्र 118 शिन्देशाही इतिहासांची साधने भाग 2 पत्र 10, 11
9. आगामी विपत्तियों के कई अनिष्ट सूचक संकेत दिखाई पड रहे थे। इस बात की पूरी आशंका थी कि यदि कोई प्रयत्न नहीं किया गया तो मालवा भी मराठों के हाथ से निकल जावेगा-पेशवा दफ्तर, भाग 29 पत्र 109
10. पेशवा दफ्तर, भाग 27 पत्र 268 भाग 29 पत्र 10
12. पेशवा दफ्तर, भाग 27 पत्र 268 भाग 29 पत्र 10
13. पेशवा दफ्तर, भाग 27 पत्र 271, शिन्देशाही इतिहासांची साधने, भाग 2 पत्र 64
14. पेशवा दफ्तर, भाग 27 पत्र 271, मल्हारराव होल्कर जब गागुर्नी में ठहरा था तब रघुनाथ राव का अधिक सेना भेजने के लिए लिख भेजा था - पेशवा दफ्तर, 27 पत्र 2687, सिलेक्शन्स फ्राम पेशवा दफ्तर भाग 3 पत्र 72
15. पेशवा दफ्तर भाग 27 पत्र 270, 272
16. राजगढ के खींची चौहानों ने मल्हारराव होलकर का आक्रमण टालने हेतु अपने पंच उसके पास भेजे सिलेक्शन्स काम पेशवा दफ्तर हिन्दी पृ. 148 पत्र 90
17. विश्वासराव नारेशंकर का भतीजा था।
18. पेशवा दफ्तर, भग 29 पत्र 12, 22, 30, 43 मराठाच इतिहासांची साधने, भाग 3 पत्र 296
19. शिन्देशाही इतिहासांची साधने, भाग 1 पत्र 266, 267 भाग 2 पत्र 65, हिस्टारिकल सिलेक्शन फ्राम दि बडोढा स्टेट रेकार्डस, भाग 1 पत्र 81
20. पेशवा दफ्तर, भाग 27 पत्र 276 भाग 29 पत्र 20, 22 फाल ऑफ दी मुगल एम्पायर, भाग 2 पृ.506, 509

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

भारतीय सामाजिक परिवेश में महिलाओं की स्थिति(महिला सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. अंजू जगधारी *

प्रस्तावना – 'महिलाओं की स्थिति सुधार लाए बिना दुनिया का कल्याण संभव नहीं है। एक पंख से चिड़िया उड़ान नहीं भर सकती'
– स्वामी विवेकानन्द

बाधाएं रास्ता रोकती हैं, उन्हें हटा लिया जाए तो गति को पंख लग जाते हैं। सशक्तिकरण का मामला भी कुछ ऐसा ही है। हमारी एतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कुप्रथाओं का दंश हमारी महिलाओं के अधिसंख्य भाग को आज भी झेलना पड़ रहा है। इसे रोकना नितांत आवश्यक है। महिला सषक्तिकरण का मुद्दा जो काफी समय से उपेक्षित रहा है, अंततः सरकार का ध्यान आकर्षित करने में सफल हुआ है।

हमारे देश में महिलाओं के प्रति आदिकाल से बड़ा ही सम्मान और आदर का भाव रहा है। उन्हें देवी और शक्ति की उपमा दी गई है। वह परिवार में स्नेहमयी दुलारी बहन है, तो माता के रूप में ममतामयी और वात्सल्य की प्रतिमूति। धर्मपत्नी के रूप में पति की अनुगामिनी, सहचरी, सहयोगी और मार्गदर्शिका। सही अर्थों में वह परिवार की धूूरी है। जैसा कि कहा गया है– **'नारी धरती जैसा फर्ज निभाती है और अपने अंक में समुद्र जैसी ममता समेटे आकाष हो जाती है।'**

महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के लिए सर्वप्रथम उन्हें विकास के बारे में जागृत करना होगा, सदियों से होती आ रही बालिकाओं की उपेक्षा और उनके प्रति भेदभाव एक दिन में तो बदला नहीं जा सकता लेकिन सभ्य समाज के सहयोग से देश भर में उनकी शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने की योजनाएं यदि सावधानीपूर्वक बनाई जाएं तो महिलाओं का सषक्तिकरण अवश्य ही संभव है।

आज की महिलाऐं प्रत्येक क्षेत्र में अपना वर्चस्व दिखा रही हैं। सामाजिक, आर्थिक, व्यावसायिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक आदि सभी क्षेत्रों में उपलब्धियाँ बढ़ी हैं। आज वे किसी भी सम–सामयिक विषय पर किसी भी व्यक्ति के साथ सफलतापूर्वक चर्चा कर सकती हैं। आज उसने अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्यागकर अपने में आत्मविश्वास पैदा कर लिया है। आज महिलाएं अपने दोहरे रूप को भी सफलतापूर्वक अंजाम दे रही है। एक तरफ वह कैरियर वूमेन का खिताब हासिल किए हुए है, तो दूसरी ओर होममेकर के रूप में घर गृहस्थी की तमाम जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वाह कर रही है। नारी जाति को संघर्ष करना ही है, पर यह संघर्ष पुरूषों के विरूद्ध नहीं, बल्कि उन्हें अपने ही अर्थहीन मूल्यों, मान्यताओं, कुरीतियों, कुरिवाजों और अपनी ही दुर्बलताओं के साथ लड़ना है

प्रकृति ने नारी को सौन्दर्य के साथ–साथ बुद्धि भी दी है। अतः इसका उपयोग रचनात्मक कार्यों में किया जाना चाहिए। समाज में आ रहे बदलाव चाहे आर्थिक हो, राजनैतिक हो, सामाजिक हो या फिर आम इंसान का विभिन्न बातों पर बदलता नजरिया, यह सब कुछ सीधे तौर पर न सही मगर किसी न किसी रूप में हमारे जीवन को प्रभावित तो करता ही है। फिर अगर हम ही इन बदलावों से स्वयं को उदासीन बनाए रहेंगे तो अपने लिए मनचाही सामाजिक परिस्थितियों की कामना कैसे कर पाऐंगे, जबकि नए समाज के निर्माण में हम महिलाएं किसी भी स्तर पर भागीदारी करने की इच्छुक ही नहीं रहेंगी ? अतः हमें स्वयं को अपने लिए निर्मित्त वृत्त से बाहर निकलना होगा और उस दुनिया से जुड़ना होगा जिसका हम और आप जीवंत हिस्सा हैं। इससे हमें मानसिक संतुष्टि तो मिलेगी ही और सबको अपनी बौद्धिक प्रखरता से प्रभावित करने में भी सफल रहेंगे।

आज नारी और पुरूष के बीच सरकारी घोषणाओं में कानूनी अधिकारों की दृष्टि से स्त्री को पुरूष के बराबर अधिकार प्राप्त हैं, फिर भी व्यवहार की तलहटी पर स्त्री को पुरूष के बराबर खड़ा रहने और बैठने का अधिकार कहाँ है ? स्त्री मजदूर को पुरूष मजदूर की अपेक्षा कम वेतन मिलता है। प्रत्येक क्षेत्र में जबकि पुरूषों की योग्यता का आकलन उसके व्यक्तिगत गुणों के आधार पर होता है, वहीं स्त्री का आकलन जातीयता के आधार पर होता है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए।

भारत में यह महसूस किया जा चुका है कि बिना शिक्षा के स्त्रियों का सषक्तिकरण संभव नहीं है। दक्षिणी राज्यों में काफी हद तक इसे अपनाया है जबकि उत्तरी राज्य अभी इस मामले में पीछे हैं। लेकिन देशभर में बालिकाओं का शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने के लिए सरकार की तरफ से जागरूक प्रयास किए जा रहे हैं। एक कहावत है–**'अगर लड़की को पढ़ाओगे तो एक परिवार शिक्षित होगा।'**

इस प्रकार महिलाओं का विकास और कल्याण एक संवेदनशील एवं प्रगतिषील समाज की स्थापना के लिए एक मूलभूत आवश्यकता है। प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के समुचित विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाएँ हमारी अर्थव्यवस्था की एक जरूरी उत्पादक शक्ति और संसाधन हैं, विकास में उनकी भूमिका सर्वोगीण सामाजिक और आर्थिक विकास से जुड़ी हुई है। अतः उन्हें इसी भूमिका के अनुरूप कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए विभिन्न विभाग विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहे हैं।

उदारीकरण और वैष्वीकरण के दौर में जब समूची पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना बदल रही है, नए मूल्य मानक स्थापित हो रहे हैं तो पुराने मूल्य टूट रहे हैं। ऐसे दौर में महिलाओं को सोचना है कि वे किस तरह समाज की एक सार्थक इकाई के रूप में प्रस्तुत हों। एक परिपूर्ण नारी के लिए जरूरी है कि वह बने बनाए रास्तों पर ही न चले बल्कि नए रास्तों को भी ईजाद करे, लेकिन नए रास्ते पर किसे साथ लेकर चलना है और किसे छोड़ देना है, यह

* अतिथि विद्वान(अर्थशास्त्र) स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

विवेक अवश्य रखे।

नई सहस्त्राबदी में महिलाओं के सम्पूर्ण विकास के लिए सभी ओर प्रयास जारी हैं। जहॉ राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने के लिए प्रयास किए गए हैं वहीं प्रदेश में महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं।

यद्धपि सरकार एवं विधायका ने सब तरफ महिलाओं को जागरूक बनाने के प्रयास किए हैं, परंतु आज भी अधिकांश महिलाएं अपने अधिकारों के बारे अनभिज्ञ है, साथ ही कानून कीं जानकारी के अभाव के कारण आज भी महिलाएं शोषित एवं प्रताड़ित है

महिला सशक्त हो, अपनी गरिमा एवं सम्मान की रक्षा कर सके, उनका मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास हो, इस सबके लिए उन्है उनकी भलाई के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं उनके हक में बनाए गए कानूनों की जानकारी होना आवष्यक है।

अंतत: कह सकते हैं कि आज के इस विकासशील युग में जहौं प्रत्येक क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हो रहा है वहाँ नारी सशक्तिकरण अत्यंत आवष्यक है तथा सशक्तिकरण में परिवार व समाज की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। आज **'नारी मुक्ति'** की जगह **'नारी शक्ति'** की आवश्यकता है साथ ही आवश्यकता है स्वत्व को पहचानने की और परंपरागतव छवि को तोड़ने की, तभी महिला सशक्तिकरण संभव हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. योजना पत्रिका : अगस्त 2001, नई दिल्ली,
2. चित्रगुप्त बंधु : कायस्थ महासभा पत्रिका, मई 2001 अंक 4,6
3. बंसल नारायण : भारतीय नारी, नई दिल्ली, इण्डियन बुक कम्पनी, 1984
4. मार्कण्डेय पुराण : दुर्गा सरस्वती, नई दिल्ली, त्रिभुवन बनारसी दास पृष्ठ, क्रमांक-116
5. त्रिपाठी चन्द्रबाली : भारतीय समाज में नारी आदर्ष का विकास, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, 1967

****

इन्दौर सिटीबस का संचालन एवं प्रबंध (परिचय, प्रबंध, स्थापना और उद्देश्य)

डॉ. धीरज शर्मा *

भारत में सिटी बस – सिटी बस का सबसे प्राचीन उदाहरण भारत में मुंबई में देखने को मिलता है। बॉम्बे ट्राम वे कंपनी लि. की स्थापना 1873 में की गई। तत्कालीन बॉम्बे म्युनिसिपल कार्पोरेशन और ट्राम वे कंपनी के बीच इस संबंध में समझौता हुआ। बॉम्बे ट्राम एक्ट, 1874 बनाया गया। जिसके अंतर्गत कंपनी को शहर में ट्राम वे सेवा का लायसेंस दिया गया। इसमें 02 प्रकार की ट्रामा कार चलाई गई। पहले वह जो, एक घोड़े के द्वारा चलाई जाती थी और दूसरी वह जो, दो घोड़ों द्वारा चलाई जाती थी।

1905, में बॉम्बे इलेक्ट्रिक सप्लाई व ट्राम वे कंपनी लि. द्वारा बॉम्बे ट्राम वे कंपनी को खरीदा गया। जिसके परिणामस्वरूप 1907 में बिजलीचलित ट्रामा कार का प्रयोग पहली बार किया गया। सितंबर, 1920 में ट्रैफिक की समस्याओं को हल करने के लिए डबल डेकर ट्रामा का चलन आरंभ हुआ।

मुंबई बस सेवा –15 जुलाई, 1926 को मुंबई में पहली बार ट्रामा कार के स्थान पर बस का प्रयोग किया गया। पहली बस अफगान चर्च और को-फोर्ड मार्केट के बीच चलाई गई। मुंबईवासियों ने इस बस संचालन को उत्साहपूर्वक लिया। यद्यपिइ न बसों को परिवहन का मुख्य साधन बनाने में थोड़ा समय लगा।

डबल डेकर (दो मंजिला) बस का प्रयोग सर्वप्रथम 1937 में किया गया। ताकि ट्रैफिक को सुविधाजनक बनाया जा सके।

07, अगस्त 1947 करे मुंबई महानगर पालिका निगम ने बसों के संचालन अधिकार बॉम्बे इलेक्ट्रिक सप्लाई और ट्रामा वे कंपनी लि. से प्राप्त किये और इस हेतु कंपनी को मुंबई महानगर पालिका निगम ने अधिग्रहित किया। तथा इससे नये नाम बीईएस एंड टी कंपनी लि. के नाम से जाना गया।

जब बेस्ट ने कंपनी का अधिग्रहण 1947 में किया, तब कंपनी की 242 बसें 23 मार्ग पर चल रही थीं। 2 लाख 38 हज़ार यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती थी।

वर्तमान में 3,380 बसें मुंबई में चल रहीं हैं, जो 335 मार्गो पर चल रहीं है। कुछ मार्गो पर वातानुकूलित बसें चल रहीं हैं। 19 नवंबर, 2004 को पहली बार स्मार्ट कार्ड का प्रयोग किराये के बदले में किया गया। बेस्ट की 230 से ज्यादा बसें सीएनजी बसें हैं, जो वातावरण में अनुकूल हैं। 18 अगस्त, 2005 को पहली बार बेस्ट ने विकलांगों के लिए विशेष लोफ-फ्लोवर बस आरंभ की थी।

चेन्नई में बस सेवा – चेन्नई (मद्रास) तमिलनाडू में भी सिटी बस का संचालन किया जाता है। यह संचालन मेट्रो पोलिटन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन लि. जिससे पूर्व में पल्लवन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के नाम से भी जाना जाता था। यह सेवा 01 जनवरी, 1972 को आरंभ हुई थी। जिसमें उस समय 1029 बसें थीं। जिसका संचालन उस समय पल्लवन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन लि. द्वारा किया जाता था। सन् 1994 में इसका नाम बदल कर मेट्रो पोलिटन कार्पोरेशन लि. किया गया। वर्तमान मे इसके 25 डिपो हैं और 3260 बसें हैं।

बैंगलोर में बस सेवा – 1961 में मैसूर स्टेट रोड़ कार्पोरेशन एक विशेष अधिनियम के अतर्गत बनाया गया था।

1993 में इसे 02 भागों में बांटा गया था। नॉर्थ और साउथ। 15 अगस्त, 1947 को बैंगलोर मेट्रो पोलिटन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के साथ ही सिटी बस सेवा का संचालन इस संस्था के द्वारा किया जाने लगा। वर्तमान में बैंगलोर में बैगलोर मेट्रो पोलिटन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन द्वारा 5593 बसें चलाई जा रही हैं। कुल 74,474 ट्रिप प्रतिदिन लगाई जाती है। 04 प्रकार से बसों को बांटा गया है। सिटी बस, सब-अर्बन, पुष्पक और गोल्ड जिसमें अलग-अगल पास पद्धति रखी गई है। सिटी बस में पास 420/- में वहीं गोल्ड का पास 1750/- में बनता है।

हैदराबाद में बस सेवाएं – हैदराबाद में बसों का संचालन आंध्रप्रदेश स्टेट रोड़ ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन लि. द्वारा किया जाता है। यहां पर 4000 से अधिक बसें संचालित हो रहीं है। ये तीन प्रकार की बस सर्विसेस हैं। 1. सामान्य बस सर्विसेस 2. वीरा बस सर्विसेस 3. मेट्रो एक्सप्रेस। वीरा और मेट्रो एक्सप्रेस के बीच ज्यादा स्टाफ नहीं हैं। तथा ये लग्ज़री बसें संचालित कर रहे हैं। आगे के दरवाजे से महिलाओं और पीछे के दरवाजे से पुरूष के आगमन की व्यवस्था होती है। आगे की सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होती हैं। शेष सीटें पुरूषों के लिए होती है।

आंध्रप्रदेश स्टेट रोड़ ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन की स्थापना सन् 1932 में हुई थी और ये ना केवल हैदराबाद सिटी बस बल्कि संपूर्ण आंध्रप्रदेश मे बसों का संचालनकर्ता है। इस प्रकार पुणे और कोयंबटूर में सिटी बस का संचालन किया जाता है। कोयंबटूर में यह सेवा पूर्णत: निजी हाथों में है।

दिल्ली में बस सेवा – दिल्ली में दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन सिटी बस का संचालनकर्ता है। जो दिल्ली जैसे बड़े शहर को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जोड़ता है। ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के कुल 34 डिपो हैं। इसमें 27,818 कर्मचारी कार्य कर रहें हैं। ये बस सर्विस दिल्ली में 1948 में आरंभ की गई थी। उस समय दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन का नाम गवालियर और उत्तर भारत ट्रांसपोर्ट कंपनी लि. था।

1976 में राज्य परिवहन निगम ने 29 मार्ग निर्धारित किए।जहां इन बसों का संचालन किया जाना था तथा कुल 37 बसों का संचालन किया

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

गया। जो धीरे-धीरे कम होती चली गई।

वर्ष	बसों की संख्या
1976-77	37
1977-82	22
1982-83	21
1983-84	21
1984-85	22
1985-86	19
1986-87	16
1987-88	19
1988-89	17
1989-90	19
1990-91	16

विद्यार्थियों के लिए पास की सुविधा थी। 07 रूपसे प्रतिमाह में पास बनवाकर किसी भी बस से किसी भी स्थान की यात्रा विद्यार्थी कर सकते थे। प्रत्येक मार्ग को 4 से 8 क्षेत्रों में विभाजित किया गया और न्यूनतम किराया 50 पैसे निर्धारित किया गया। किराया वसूलने की तीन पद्धिति इस समय सुझाई गयी।

1. क्षेत्रीय पद्धति
2. समान्तर पद्धति (समान दूरी सिद्धांत)
3. सूंडाकार पद्धति

1. क्षेत्रीय पद्धति - इसमें किराया वसूल करने हेतु 4 से 8 क्षेत्र विभाजित किये गये। और प्रत्येक क्षेत्र किराया 50 पैसे की इकाई मे माना गया।

2. समान्तर दूरी सिद्धांत - इस पद्धति के अंतर्गत किराये की दर प्रति किलोमीटर एक सी होती है। तथा दूरी के अनुसार उसे प्रति किलोमीटर की दर से गुणा किया जाता हैं। यह दर यातायात के सिद्धांतों से विपरीत है। क्योंकि इस पद्धति में दूर जाने वाले और नज़दीक में जाने वाले सभी व्यक्तियों से समान किराया लिया जाता है। जबकि यातायात के सिद्धांत के अनुसार दूरी की यात्रा करने वालों के साथ उदारता होनी चाहिए। किंतु निकटवर्ती यात्रा करने वाले के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

3. सूंडाकार पद्धति - जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है। इस पद्धति में किराया घटता जाता है। इस पद्धति का प्रयोग पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए किया जाता है।

उपरोक्त में क्षेत्रीय पद्धति का प्रयोग इन्दौर में किया गया। इन्दौर नगर में बस सेवा के संचालन के डिपो स्थापित किये गये थे। प्रारंभ में यह डिपो जिन्सी क्षेत्र में था। जो बाद में नंदा नगर कर दिया गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि इन्दौर पूर्ववर्ती बस सेवा जिसका संचालन म.प्र. राज्य परिवहन निगर नंदा नगर व जिन्सी डिपो के माध्यम से करता था। जनता के लिए सुविधाजनक थी। किंतु कर्मचारियों के मनमानेपन से सरकार की बेरूखी और जनता के समर्थन के अभाव में यह सेवा 1991 में बंद कर दी गई। इसके पश्चात सरकार ने किसी भी बस सेवा का संचालन 2005 तक नहीं किया। सरकार ने टैम्पो, नगरसेवा और आटो रिक्षा के भरोसे समस्त यात्री परिवहन को छोड़ दिया था। जिसके दुष्परिणाम धीरे-धीरे दिखाई देने लगे। अत: 2005 में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना की गई थी।

सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना - लगातार बढ़ती जनसंख्या और शहर के बढ़ते दायरे को देखते हुए एक नये यात्री परिवहन की आवश्यकता महसूस की गई। जो सिटीबस के रूप में नगर निगम इन्दौर और इन्दौर विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से हमारे सामने आई। इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट लि. की स्थापना प्रबंध पूंजी और संगठन संबंधी महत्वपूर्ण बातें निम्न हैं :-

सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना 01 दिसंबर, 2005 को प्रा. लि. कंपनी के रूप में की गई। इन्दौर नगर निगम और इन्दोर विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से स्थापित किया जा सका। यह मॉडल कम विनियोग और अधिक प्रतिफल को आधार मानकर बनाया गया। कंपनी ने अपनी पहली बस 26, जनवरी 2006 को प्रारंभ की। प्रारंभ में 37 बसों के माध्यम से कार्य आरंभ किया गया। धीरे-धीरे 80 बसें संचालित की जाने लगी। वर्तमान में 112 बसें संचालित हो रहीं हैं। इसके लिये नगर निगम ने 40 स्टॉप भी बनाए हैं। जिसमें जीपीएस सिस्टम भी स्थापित किया गया। इन्दौर में इसकी स्थापना के पश्चात भोपाल, गवालियर, जबलपुर, जयपुर, उदयपुर, जालंधर और कोटा के प्रशासन ने सराहा और अपने शहर में भी ऐसी प्रणालि लागू करने की ईच्छा ज़ाहिर की। इस सफलता से अभिभूत होकर इन्दौर प्रशासन और नगर निगम 868 करोड़ के बस रैपिड ट्रांसिट सिस्टम पर कार्य कर रहा है। जिसमें बसों के पृथक रोड़ की व्यवस्था की जा चुकी है।

इन्दौर हमेशा से ही म.प्र. की वाणिज्यिक राजधानी रही है। इसके अतिरिक्त यह धीरे-धीरे शिक्षा का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है। अत: नगर का विकास तेजी से बढ़ रहा हैं। यहां 3,30,000 से अधिक मज़दूर हैं। जो इन्दौर शहर के दूरी वाले क्षेत्रों में कार्य करते हैं। जिनके लिए सुविधाजनक बसों की व्यवस्था की आवश्यकता अनुभव की गई। जिसे ध्यान में रखकर यह बस व्यवस्था लागू की गई।

इन्दौर की परिवहन स्थिति (01 दिसंबर 2005)

1. 7,32,893 वाहन रजिस्टर्ड हैं।
2. यात्री परिवहन में 550 प्रायवेट मिनि बसें 01 दिसंबर, 2005 के पूर्व संचालित थीं और लगभग 500 टैम्पो संचालित थे।
3. लगभग 284000 यात्री इन्दौर शहर में आते हैं और इन्दौर शहर से बाहर जाते हैं।
4. इसमें ऑफिस व्यापार और शिक्षा संबंधी 76 प्रतिशत लोग होते हैं।
5. 71 प्रतिशत रोड़ की चौड़ाई और लंबाई इतनी है कि स्पीड 20 किलोमीटर/घंटा या कम रखनी होती है।
6. सामान्यत: एक नागरिक औसतन 600/- प्रतिमाह वाहनों पर खर्च करता है।
7. कुल 2270000 ट्रिप प्रतिदिन परिवहन के साधन लगाते हैं।
8. ट्रिप में 51 प्रतिशत हिस्सा निजी वाहनों का है जबकि लोक परिवाहन का हिस्सा 16.04 प्रतिशत है।

उपरोक्त कारणों से एक ऐसी बस व्यवस्था संचालित करने की आवश्यकता अनुभव हुई जो स्थानीय यात्रियों की दृष्टि से निम्नलिखित लुभावन स्वरूप से उपर्युक्त हों :-

1. सस्ती हो।
2. सुगम हो।
3. सुविधाजनक हो।
4. प्रभावशाली हो।
5. प्रदूषण से मुक्त हो।

इसे ही ध्यान में रखकर इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. को आरंभ किया गया।

वर्ल्ड बैंक की सिफारिश के अनुसार शहर की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। अत: इन शहरों में ऐसी प्रणालि की आवश्यकता है। जिसमें 30 प्रतिशत सरकारी विनियोग हो और 70 प्रतिशत प्रायवेट भागीदारी हो। इसे आधार मानते हुए पीपीपी मॉडल बनाया गया। पीपीपी अर्थात् पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप योजना । इस योजना को इन्दौर में कलेक्टर और इन्दौर मजिस्ट्रेट ने आगे बढ़ाया। विवके अग्रवाल जो कि तात्कालीन कलेक्टर थे, उन्होंने इस प्रणालि की समीक्षा की तथा इसके लिए उन्होंने विशेष प्रयुक्त वाहन स्थानीय प्रशासन प्रायवेट ऑपरेटर और अन्य साधनों को अपनाने इस मॉडल में शामिल किया। अत: भारतीय कंपनी अधिनियम 1956, के आधीन् इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना की गई। इसका रजिस्टर्ड ऑफिस 30, रेसिडेंसी एरिया में स्थित है।

स्थापना के उद्देष्य :-इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थाना का मुख्य कारण इन्दौर की भविष्य की लोक परिवहन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखना हैं। इसके अतिरिक्त इसकी स्थापना के उद्देश्य निम्नलिखित हैं। :-

1. इन्दौर नगर के नागरिको के लिए वृहद और आवश्यकता अनुरूप यात्री परिवहन की व्यवस्था करना।
2. यात्री यातायात समस्या को हल करना तथा यातायात के भार को विभिन्न यात्री परिवहन व्यवस्था में बांटना।
3. एक ऐसी वित्तीय मॉडल बनाना जो न केवल जनता के लिए बल्कि सरकार के लिए भी लाभदायक हो। साथ ही साथ इस मॉडल से कंपनी और प्रायवेट ऑपरेटर को भी लाभ पहुंचे।
4. एक ऐसी यात्री परिवहन व्यवस्था स्थापित करना जो कुशल हो विश्वास योग्य हो, और सस्ती श्रेष्ठतम सेवाएं अपने ग्राहक को दे सकें।
5. एक ऐसी यात्री परिवहन व्यवस्था स्थापित करना जो इन्दौर के गौरव के नाम से जानी जा सके।
6. नवीन तकनीक से युक्त यात्री परिवहन व्यवस्था आरंभ करना।
7. एक ऐसी यात्री परिवहन व्यवस्था स्थापित करना जो कि पर्यावरण को प्रदूषित ना होने दे।
8. एक ऐसी व्यवस्था स्थापित करना जिसे सामान्य जनता निजी वाहनों के स्थान पर लोक परिवहन के साधनों का प्रयोग करें। ताकि प्रदूषण कम हो सके।

स्थापित वाहन और परिचय - इन्दौर सिटी बस की स्थापना के समय केवल टाटा की स्टार बस (सिटीबस) को ही प्रारंभ किया गया था। बाद में सिटी बस के साथ-साथ मैट्रो टैक्सी का आरंभ किया गया।

टाटा स्टार बस का संचालन ऑपरेटर या कॉंट्रेक्टर के लिए सुविधाजनक और लाभदायक है यह एक लो-फ्लोवर बस है। जिसमें दो दरवाजें हैं। यह बस महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। बस अत्यंत सुंविधाजनक और आकर्षक लगती है। जिसका मुख्य कारण इसके 1200 एमएम के दरवाज़े हैं। इसका फ्लोर पूर्णत: साफ सुथरा धो सकने योग्य है। और ऐसा है जिस पर फिसलन न हो। इसकी सीटें आरामदायक हैं और उंची हैं। जो व्यक्ति को खिड़की के समकक्ष रखती हैं।रात्रिकालीन सेवाओं के लिए इसमें सीएफएल भी लगाई गई हैं। तथा इस गाड़ी की खिड़कियां बड़ी-बड़ी हैं, जो कि इसे वृहद हवादार बनाती हैं।

यात्री परिवहन सेवा की स्थापना के साथ ही सुविधाओं की स्थापना की गई। जिसमें अत्याधुनिक जीपीएस सुविधा है। ये एक ऑनलाईन बस ट्रैकिंग सिस्टम है। जिसमें पैसेंजर इन्फॉरमेशन सिस्टम भी शामिल है। इसके माध्यम से बस की लोकेशन की जानकारी सीधे कंट्रोल रूम को प्राप्त होती है। जिससे वह, यह जानकारी ग्राहकों तक जीपीएस सुविधा से पहुंचा सकता है।

जीपीएस सुविधा की स्थापना के लाभ :

1. ग्राहकों के समय की बचत।
2. विलंब या देरी से बचना।
3. बस के मायलेज की जानकारी लेना।
4. बस संचालन के तरीके और यत्र-तत्र बस रोकने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना।
5. बस संचालन में असुविधा जैसे पेट्रोल, डीज़ल, टायर ऑईल या अन्य तकनीकी समस्या से बचना।

इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. का प्रबंध - इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना इन्दौर नगर निगम और इन्दौर विकास प्राधिकरण के द्वारा की गई। अत: इसका प्रबंध भी इन्हीं के द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में संगठनात्मक स्वरूप निम्न प्रकार हैं(01 दिसंबर, 2005 तक) :-

क्र.	आईसीटीएसएल में पदनाम	कार्यालय
1	चेअर पर्सन	महापौर इन्दौर नगर निगम
2	वाईस चेअर पर्सन	चेअर मैन इन्दौर विकास प्राधिकरण
3	विशेष निर्देशक	कलेक्टर इन्दौर
4	बोर्ड मेंबर	कमिश्नर इन्दौर नगर निगम
5	बोर्ड मेंटर	मुख्य कार्यकारी निर्देशक इन्दौर विकास प्राधिकरण
6	मुख्य कार्यकारी अधिकारी	संयुक्त कलेक्टर इन्दौर

स्त्रोत :-इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. कार्यालय इन्दौर।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आधुनिक भारत में परिवहन, के. पी. भटनागर।
2. दैनिक भास्कर इन्दौर।
3. जिला सांख्यिकीय पुस्तक इन्दौर।
4. आधुनिक परिवहन, डॉ. शिवध्यानसिंह चौहान।
5. www.citybusindore.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

इन्दौर नगर में संचाचित अटल सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड का आय का विश्लेषणात्मक विवरण

डॉ. धीरज शर्मा *

प्रस्तावना – यात्री परिवहन व्यवस्था पूरे देश में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में एम महत्वपूर्ण व्यवस्था है। बिना इसके व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान तक आ-जा नहीं सकता। अपने गन्तव्य तक पहुचने में ये परिवहन साधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नगरों में सस्ते कुशल और पर्याप्त मात्रा में यातायात सुविधा की बहुत आवष्यकता होती है। यदि शहरों में यातायात एवं संदेश वाहन के साधनों का अभाव हो तो नगरीय जीवन पूर्णत: अस्त व्यस्त हो जाएगा। बडे-बड़े नगरों में उद्योग धंधे प्राय: शहर से दूर स्थापित होते हैं तथा श्रमजीवियों को जल, प्रकाश एवं मकान आदि सुविधा के कारण कारखानों व कंपनियों से दूर स्थित क्षेत्रों में रहना पड़ता है। अत: नगरीय जीवन के विकेंद्रीयकरण में जो कि स्वस्थ्य और अन्य सामाजिक दृष्टिकोण से बहुत जरूरी है। उन्नत यातायात की महत्वपूर्ण व्यवस्था है।

सड़क परिवहन व्यापार वाणिज्य कृषि से संबंधित साधनों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की सहायता से है। (कैमर किम विलियम)

इन्दौर नगर में परिवहन की स्थिति – इन्दौर में प्रतिवर्ग किलोमीटर लगभग 7464 लोग रहते हैं। इन्दौर का क्षेत्रफल 214 वर्ग किलोमीटर है। इन्दौर रेल्वे व हवाई यातायात से भी जुडा है एवं पांच राष्ट्रीय राजमार्गों से जुडा हुआ है।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या –

59 मुंबई-आगरा
59-ए, इन्दौर-अहमदाबाद
17-ए, इन्दौर-बैतूल
27 भोपाल से संबंधित

इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना इन्दौर नगर में 1976 में सरकार ने मां नगरी बस सेवा आरंभ की। इसके पूर्व भी महानगरी बस सेवा संचालित हुई है किंतु उनकी संख्या अत्यंत कम थी।

वर्ष	बस संख्या
1957-62	15
1962-67	14
1967-72	16

1976 में यह सेवा 29 मार्गो में संचालित होती थी। जिसमें 16 मार्गो पर आर्थिक नुकसान के कारण इसे बंद कर दिया गया। 1998 आते-आते सभी मार्गो पर यह सेवा बंद कर दी गई। 1976 में कुल 37 बसें संचालित होती थी। जिसका किराया न्यूनतम था।

इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की स्थापना पीपीपी मॉडल पर 01 दिसंबर 2005 को की गई। इसकी प्रारंभिक पूंजी 25 लाख रूपये थी। जो कि 2.5 लाख समता अंषों में विभाजित है। 01 अंश का मूल्य 10 रूपये है। यह पूंजी इन्दौर नगर निगम और इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से लगाई गई है।

इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. का संगठन:-

म.प्र. राज्य सरकार परिवहन विभाग भोपाल
(नियमककर्ता)

इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि.
(संगठन योजना प्रबंध व नियंत्रक)

सरकारी व्यवस्था
1. अधोसंरचना विकास
2. सडक मार्ग
3. मरम्मत और सुधार
4. शिकायत निवारण

निजी व्यवस्था

राशि संबंधी
1. किराया संग्रह
2. स्मार्ट कार्ड
3. जी. जे. एस.
4. विज्ञापन
5. यात्री पास प्रबंध

संचालन संबंधी
1. बस संचालन
2. कर्मचारी प्रबंध
3. मरम्मत व सुधार

इस प्रकार सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. का प्रबंध संगठन पीपीपी मॉडल पर है। अर्थात् Public Private Patnership Model जिसमें मुख्य भूमिका में राज्य सरकार का परिवहन विभाग है। उसके पश्चात सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. और अंत में प्रायवेट बस ऑपरेटर और निजी संस्था हैं।

इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की आय – एक ट्रांसपोर्ट कंपनी की मुख्य आय किराये से होती है। किंतु पीपीपी मॉडल होने से अटल इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की मुख्य आय निम्न है :-

1. **विज्ञापन से आय :-** वर्तमान में इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट लि. की आय का 20 प्रतिशत विज्ञापन से होने वाली आय है। कुल विज्ञापन आय का 60 प्रतिशत ऑपरेटरों को और 40 प्रतिशत कंपनियों को प्राप्त होता है। 2005-06 तथा 2006-07 तक 40 प्रतिशत आय मानी गई किंतु 2007-08 से व्यवस्था बदल कर 100 प्रतिशत आय मानी गई तथा ऑपरेटर को दिए जाने वाले 60 को व्यय माना गया।
2. **अन्य आय (पास की आय) –** पास की आय भी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. की महत्वपूर्ण आय है। पास की आय का 80 प्रतिशत आपरेटर को दिया जाता है और 20 प्रतिशत कंपनी के पास रहता है।

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

2005-06 और 2006-07 तक संबंधित आय को ही लेखे में शामिल किया गया। किंतु 2007-08 से 100 प्रतिशत आय मानकर शेष 80 प्रतिशत व्यय माना गया जो ऑपरेटरों को भुगतान किया गया।

3. प्रीमियम की आय – इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. द्धारा अपनी सेवाओं हेतु प्रतिमाह प्रीमियम की राषि प्राप्त की जाती है। सामान्यत: यह आय किराए के बदले प्राप्त होती है। क्योंकि किराया पूर्णरूपेण ऑपरेटर को प्राप्त होता है। अत: प्रति बस एक निश्चित राशि जो लगभग 03 लाख रूपये प्रतिमाह है, कंपनी प्राप्त करती है।

4. होर्डिंग के किराये की आय – कंपनी के पास अपने स्वामित्व में जो स्थल हैं, उन पर होर्डिंग लगाकर कंपनी आय प्राप्त करती है। जो कि कंपनी की आय का मुख्य स्थिर साधन है।

5. परामर्श की आय – यह आय एक अस्थिर आय है। जो किसी वर्ष दर्शायी गई है और किसी वर्ष नहीं।

6. टेंडर कार्य के विक्रय से आय – कंपनी समय-समय पर टेंडर जारी करती है। जिनके फार्म के विक्रय से कंपनी को महत्वपूर्ण आय होती है।

7. सावधि जमा पर ब्याज की आय – कंपनी अपनी आय का कुछ भाग सावधि जमा में रखती है। जिस पर कंपनी को ब्याज प्राप्त होता है।

आय का प्रतिशतवार विवरण(सामान्य लगभग)

1.	विज्ञापन आय	35 प्रतिशत
2.	प्रीमियम आय	20 प्रतिशत
3.	पास की आय	30 प्रतिशत
4.	परामर्श की आय	02 प्रतिशत
5.	होर्डिंग किराये की आय	02 प्रतिशत
6.	टेंडर फार्म की आय	03 प्रतिशत
7.	सावधि जमा पर ब्याज की आय	08 प्रतिशत
	कुल	**100 प्रतिशत**

निष्कर्ष – उपरोक्त से स्पष्ट है कि अटल इन्दौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. जो कि 2005 में स्थापित हुआ, प्रारंभ में इसका प्रशासन कलेक्टर और अपर कलेक्टर के आधीन था। किंतु बाद में यह नगर निगम के आधीन हो गया। संचालनकर्ताओं में अनेक प्रशासनिक अधिकारी अभी भी शामिल हैं। कंपनी की आय के विविध साधन हैं, जिसमें पास की आय, विज्ञापन की आय और प्रीमियम की आय मुख्य है तथा दिन-प्रतिदिन उत्तरोत्तर वृद्धि कर रही है तथा कंपनी का भविष्य अच्छा कहा जा सकता है। पूर्णरूपेण सरकारी प्रारूप ना होने से हानि की संभावना भी बहुत कम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नई दुनिया इन्दौर
2. दैनिक भास्कर इन्दौर
3. www.citybus.indore.com/about.aspx
4. रोड़ ट्रांसपोर्ट इन इंडिया – वी.रामानधा
5. केंद्रीय सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950
6. जिला सांख्यिकीय पुस्तक इन्दौर

****

ग्रामीण आर्थिक विकास का संभावित प्रमुख स्त्रोत मत्स्य पालन

कमल बैरागी *

प्रस्तावना – भारत में आर्थिक संसाधनों की दृष्टि से पर्याप्त भण्डार हैं। आवश्यकता हैं इसकी संभावनाओं को मूर्तरूप देने की भारत जैसे देश का आर्थिक विकास पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर निर्भर हैं। भारत में ग्रामीण क्षेत्र में 72 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती हैं, और कृषि से संबंद्ध हैं, आज कृषि कार्य में अधिक लागत में कम लाभ मिल पाता हैं, ऐसे में मत्स्य पालन को ग्रामीण किसान या गैर किसान वर्ग को जोड़कर देश का आर्थिक विकास में भागीधारी तीव्र गति से बढ़ाई जा सकती हैं। मत्स्य पालन व्यवसाय को कृषि के प्राथमिक श्रेत्र के व्यवसाय में सबसे अधिक, कम मेहनत, कम लागत एवं अधिक आय प्रदान करने वाला व्यवसया माना गया हैं।

भारत जैसे विकासशील देश में ग्रामीण आर्थिक विकास में मत्स्य पालन व्यवसाय की अपार सम्भावनाऐं विद्यमान हैं। मत्स्य पालन व्यवसाय कम लागत में अधिक आय देने वाला हैं, जो भारतीय ग्रामीण जनता के अनुकुल हैं। आज हमारे देश में बेरोजगारी की भयानक स्थिति हैं, देश के उच्च शिक्षा प्राप्त युवक जैसे–इंजीनियर, एम.बी.ए., पी.एच.डी. धारक एवं अन्य डिग्री धारी बेंरोजगारी की मार झेल रहे है अगर ये युवक मत्स्य पालन व्यवसाय को ग्रामीण क्षेत्र में विकसित कर तो देश में रोजगार बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 'उत्तम भोजन, उत्तम आय' प्रदान कर सकते जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अनुकुल होगा।

मत्स्यपालन उद्योग से सहायक उद्योगों का विकास – देश में मत्स्य पालन व्यवसाय विकास से इस उद्योग पर आधारित उद्योग का तीव्र गति से आर्थिक विकास होगा। जैसे– जाल निर्माण उद्योग, नाव निर्माण उद्योग नायलोन निर्माण उद्योग, बर्फ की फैक्ट्रीयां, तार, रस्सा उद्योग एवं अन्य आदि उद्योग भी मत्स्य पालन व्यवसाय से लाभान्वित हो रहे हैं। देश की बेरोजगारी का प्रतिशत मत्स्य पालन एवं सहायक उद्योगों के द्धारा कम किया जा सकता हैं। रोजगार मूलक होने के कारण इस उद्योग के माध्यम से देश की पिछड़ी अवस्था में एक सीमा तक सुधार किया जा सकता हैं। आज हमारे देश में कृषि व्यवसाय अधिक लागत एवं कम लाभ का व्यवसाय सिद्ध हो रहा, अन्य सभी उद्योगों कि आय,लाभ की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में मत्स्य पालन जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को प्रेत्साहन देना होगा तभी ग्रामीण सामाजिक स्तर का सुधारा होगा। देश में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए निर्धन, बेरोजगार अशिक्षित लोगों की आर्थिक स्थिति सुद्दढ़ करने पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके लिए मत्स्य पालन व्यवसाय को उच्च तकनीकि से करने की जानकारी प्रदान करनी चाहिए, जिससे मत्स्य उत्पादन में कई गुना वृद्धि होगी जिससे देश की जनता को रोजगार के साथ उच्च जीवन स्तर मिलेगा, ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

मत्स्य पालन उद्योग के आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र मे प्रभाव – मत्स्य पालन उद्योग आर्थिक विकास में प्रमुख योगदान दे सकता हैं इसके कई प्रकार के व्यवसायिक आर्थिक एवं सामाजिक लाभ हो सकते हैं। मत्स्य की आर्थिक उपयोगिता कृषि व्यवसाय के बाद द्धितीय स्थान पर हैं। मछली पालन में अल्पसमय एवं अलप श्रम के द्धारा अधिक उपलब्धि प्राप्त की जा सकती हैं। मत्स्य पालन मानव जीवन को अनेक तरीकों से प्रभावित एवं लाभान्वित करता हैं। हमारे देश में करोड़ो आदमी भुखमरी एवं कोषण से पीड़ित हैं। मत्स्य उन सभी लोगों के साथ देश के शेष लोगों की खाद्य समस्या एवं सन्तुलित आहार में हाथ बटाती हैं। मत्स्य मानव जीवन में अनेक दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण हैं इससे संबंधित प्रमुख स्त्रोत इस प्रकार हैं –

मत्स्य मनुष्य के आहार के रूप में – मत्स्य आहार में शेष अन्य पशुओं की अपेक्षा अधिक पोषक तत्व होते हैं इसमें प्रोटीन खनिज प्रदार्थ की प्रचुर मात्रा पाई जाती हैं। कुपोषण की समस्या को मत्स्य पालन खाद्य उत्पादन कार्यक्रम आयोजित करके समाप्त किया जा सकता हैं। मत्स्य में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन विटामिन ए,डी,सी तथा कई तरह के खनिज तत्व विशेष रूप से पाए जाते हैं मानव के लिए मत्स्य अधिक सन्तुलित एवं सस्ता खाद्य पदार्थ होता हैं जो सामाजिक विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं।

मत्स्य पशु आहार के रूप में – भारत में करोड़ो पशु आहार से मत्स्य आटा सबसे महत्वपूर्ण माना जाता हैं क्योंकि यह अन्य पोष्टिक आहार पदार्थ की तुलना में सबसे सस्ता साधन माना जाता हैं। केनरी प्राप्त मत्स्य के छोटे–छोटे टुकड़े या मत्स्य जो मनुष्यों के लिए उपयोग के योग्य नहीं आते उन्हें सुखाकर मिल में पीस दिया जाता हैं, जिसे मत्स्य आटा के नाम से जाना जाता हैं। भारत के कई प्रान्तों में मत्स्य आटे का उत्पादन कर आय में वृद्धि की जाती हैं। आटे में 60 प्रतिशत केल्शियम,फास्फेट पाया जाता हैं जो पशु आहार के लिए सबसे लाभाकारी माना जाता हैं।

मत्स्य तेल – मत्स्य तेल को महत्वपूर्ण माना जाता हैं ये औषधीगुणों से भरपूर होता हैं। मत्स्य तेल में विटामिन–ए और कुछ सीमा तक विटामिन–डी और सी के प्राकृतिक स्त्रोतों में से एक हैं। मत्स्य तेल की मांग विश्वव्यापी हैं। ये तेल स्वस्थ्य अस्थियों, शिशुओं और बच्चों की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना गया। खाद्य तेल मार्जटीन, नकली मक्खन, वसा प्रतिस्थायी साबुन, रोगन पेंट और वार्निशों के निर्माण में मत्स्य तेल व्यापक रूप से प्रयुक्त किया जाता हैं।

मत्स्य चमड़ा – शार्क एवं रे जैसी अनेक मछली की त्वचा से चमकदार और चिकने पदार्थ तैयार किए जाते हैं। जैसे महिलाओं के जूते, बटुए,सुटकेस में प्रयोग किया जाता हैं जो व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) श्री हर्कचन्द चौरड़िया महाविद्यालय,भानपुरा, जिला – मन्दसौर (म.प्र.) भारत

मत्स्य पंख – शार्क के पंख चीन को निर्यात किए जाते हैं जहाँ इनसे जूस तैयार किया जाता हैं।

कृत्रिम मोती का निर्माण – मत्स्य शल्कों से चाँदी जैसी परत को खुरचकर कृतिम मोती का निर्माण किया जाता हैं, जिसकी विदेशों में बहुत मांग होती हैं।

मत्स्य खाद्य – मत्स्य खाद्य भारतीय कृषि के लिए वरदान साबित हो सकता हैं, जो मछलियां खाने योग्य नहीं होती हैं उनके खाद्य तैयार किया जाता हैं। खराब या आधिक्य मछली को धूप में सूखाकर पीस लिया जाता हैं और खाद तैयार हो जाता हैं इसमें नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की प्रचुर मात्रा पाई जाती हैं जिससे कृषि उत्पादन तीव्र गति से बढ़ेगा। देश विदेशों मत्स्य सजावट एवं अमोद, प्रमोद के खेल के रूप में भी बिक्री कर करोड़ो की आय प्राप्त की जा सकती हैं।

वास्तव में भारत में लाखों लोग मत्स्य उद्योग से जुड़े हुये हैं क्योंकि मछली उत्तम एवं सन्तुलित भोजन का बहुत बड़ा स्त्रोत हैं। हमारे देश में कई लोग अनेक प्रकार के कार्य करने में लगे हुये हैं जैसे प्रशीतन,संरक्षण डिब्बाबंदी, मछली उत्पाद सह उत्पाद आदि। इस व्यवसाय से जुड़कर आज भारत की गरीबी एवं बेरोजगारी दूर की जा सकती हैं।

मध्यप्रदेश में मत्स्यपालन क्षेत्र में रोजगार एवं आय की स्थिति – म.प्र. मत्स्योद्योग अपने महत्वपूर्ण दायित्व पूर्ण करने हेतु सतत् प्रयासरत रहा हैं। म.प्र. राज्य भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र में वर्ष दर प्रगति कर रहा हैं। प्रदेश में 3.44 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र उपलब्ध हैं जिसमें से 3.36 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र मछली पालन के अन्तर्गत लाया गया। साथ ही मछुआरों को आर्थिक सहायता के रूप में 687.66 लाख रूपये का ऋण एवं 222.19 लाख रूपये अनुदान के रूप में वितरित किए गए। 2012 में मत्स्य पालन उत्पादन कार्य हेतु सरकार द्वारा रोजगार सृजन हेतु 167 लाख मानव दिवस के रूप में रोजगार का सृजन किया। मत्स्य पालन व्यवसाय ने प्रदेश में रोजगार के क्षेत्र में मत्स्यबीज उत्पादन, मत्स्य पैंकिग परिवहन, मत्स्याखेत, मत्स्य विक्रय, मत्स्याखत उपकरण, मत्स्यपालन निर्माण समूह सदस्यों, समिति सदस्य के रूप में, मत्स्य पालन चौकीदारों एवं अन्य कार्य में वर्ष 2012 में 104346 पुरूष एवं 21564 महिलाऐं कार्यरत हैं।

विश्व समुद्री खाद्य व्यापार में झींगों और चिंगटों के निर्यात संबंधी टन भार में भारत का स्थान पहला समुद्री मत्स्य की में विकास शील देशों में दूसरा तथा विश्व में सांतवां स्थान हैं। लगभग साठ देश भारत के 200000 वर्ग कि.मी. में फैले अपेक्षाकृत साफ और प्रदूषण रहित पानी में भरपूर मिलने वाले समुद्री खाद्य की आपूर्ति पर निर्भर हैं। इसके अलावा समुद्र में मत्स्य पालन क्षेत्र में लाख लोगों के लिए रोजगार के रासते खोल दिए हैं। हजारों मछुआरों और उनके परिवार मत्स्य उद्योग से लाभान्वित हुए हैं उनकी आय बढ़ी एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधरी हैं।

मत्स्य पालन सह आय के अन्य स्त्रोत – किसान या समाज का युवा मत्स्यपालन के साथ-साथ सह आय के स्त्रोत से अपनी आय दुगुना कर सकता हैं। मत्स्य पालन के साथ-साथ अन्य उत्पादक जीवों का पालन किया जा सकता हैं जिससे मत्स्य उत्पादन में होने वाले व्यय की पूर्ति की जा सके तथा अन्य जीवों से उत्सर्जित व्यर्थ पदार्थों का उपयोग मत्स्य पालन के लिए हो सके। मत्स्यपालन के साथ अन्य सहायक कार्य में मछलीपालन सह बत्तख पालन, मत्स्यपालन सह मुर्गीपालन, मत्स्यपालन सह सिंघाड़ा पालन, मत्स्यपालन सह झींगापालन, मत्स्यपालन सह अन्य पशु-पक्षी पालन कर युवा अपनी आय के अनेक स्त्रोत बना लेता हैं। वर्तमान समय में सरकार इन कार्य के लिए अनुदान देती हैं। जिससे देश में रोजगार एवं विदेशी मुद्रा का अर्जन होगा। जो देश एवं समाज के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। इन सह कार्यो के माध्यम से गांव की करोड़ो जनता बेकार पड़े संसाधनों का उपयोग कर देश की भयानक बेरोजगारी को कम करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकता हैं और इनकी भारत में सबसे अधिक संसाधन एवं अनुकुलता हैं, यहॉ के युवाओं को मत्स्य पालन तथा सह कार्यों में रूचि दिखाकर देश,समाज एवं स्वयं का आर्थिक विकास करना होगा।

निष्कर्ष – मत्स्यपालन एक महत्वपूर्ण ग्रामीण स्व-रोजगार के रूप में देश में लोकप्रिय बनता जा रहा हैं, जिसका प्रमुख कारण हमारे देश में भू-क्षेत्रफल का एक बड़ा भाग ऐसा हैं जो नदियों, समुद्र व अन्य जल के स्त्रोतों से ढका हुआ हैं। यहॉ मत्स्य पालन एवं सह कार्य को बढ़ावा देकर युवावर्ग अन्य व्यवसाय की तुलना में अच्छी आय प्राप्त किया जा सकती हैं। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था में मत्स्य पालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय हैं जिसमें रोजगार की अपार संभावनाऐं विद्यमान हैं, ग्रामीण पृष्ठ भूमि से जुड़े हुए लोगों में आमतौर पर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, मध्यम वर्ग के लोग इसे व्यवसाय से जुड़कर अपने जीवन स्तर को उच्च बना सकते हैं। जिसके लिए शासन सतत् प्रयासरत हैं। शासन द्वारा मत्स्य पालन हेतु सरकार जनता को सब्सिडी, प्रशिक्षण, बीमा, कल्याणकारी योजना का लाभ देती हैं। इस व्यवसाय में आज 20 लाख से अधिक लोगों के रोजगार का अनुमान हैं और ये बढ़ता ही जा रहा हैं। युवावर्ग मत्स्य पालन विभाग एवं जिला उद्योग केन्द्र से ओर अधिक जानकारी प्राप्त कर इस व्यवसाय को अपनाये क्योंकि इस व्यवसाय का भविष्य उज्जवल हैं देश-विदेश की 60 प्रतिशत जनता मछली खाना पंसद करते हैं। अन्त में हम कह सकते हैं कि मत्स्य पालन व्यवसाय भारतीय अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वरदान सिद्ध हो सकती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मछली पालन विभाग मत्स्योद्योग संचनालय भोपाल।
2. पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय।
3. ग्रामीण स्वास्थ्य समिति प्रशिक्षण पुस्तिका।
4. योजना नई दिल्ली सूचना एवं प्रकाशन विभाग 2002।
5. भारतीय अर्थव्यवस्था पुस्तिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

मुगलकाल में भारत में उपलब्ध पुष्पों का ऐतिहासिक विश्लेषण

डॉ. भावना तिवारी *

प्रस्तावना – प्राकृतिक परिवेश की इतनी महत्ता के बावजूद इस संबंध में संगठित और सूक्ष्म जानकारी उपलब्ध नहीं है। भारत में इस्लाम के आगमन के पूर्व विधिवत इतिहास लेखन की परंपरा नहीं थी। भारत में मुस्लिम राज्य की स्थापना के पश्चात जो इतिहास लेखन हुआ उसमें राजनीतिक घटनाक्रमों को ही तरजीह की गई। उनके लेखन में ऐसे विवरण यदा-कदा ही संयोगवश आए हैं।

समकालीन स्त्रोतों से हमें पुष्पों एवं अन्य वनस्पतियों के नाम मिलते हैं। पुष्प सजावट एवं मनभावन के साथ-साथ सुगंधियाँ बनाने के भी काम आते थे।

सम्पूर्ण देश की भौगोलिक भिन्नता के अनुरूप भिन्न-भिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न फूल पाए जाते थे। कुछ ऐसे पुष्प थे जो सर्वत्र पाए जाते थे। 'आइन-ए-अकबरी' में अबुल फ़ज़ल विभिन्न पुष्पों की सूची देता है। और इत्र या सुगंधियों को बनाने की विधियाँ तथा उनसे संबंधित पुष्पों और वनस्पतियों का विवरण देता है। पुष्पों के बहार आने की ऋतुओं की भी जानकारी देता है।

उद्देष्य

- मुगलकाल के पर्यावरण और आज के पर्यावरण का तुलनात्मक अध्न।
- वनस्पति एवं पुष्पों की महत्ता।

समय एवं क्षेत्र – इस शोध पत्र का क्षेत्र मुगलकाल में उत्तर भारत की पर्यावरणीय चेतना को जानना है।

षोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्धितीयक स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है।

मुगलकाल में भारत में उपलब्ध पुष्पों का वर्णन

अबुल फ़ज़ल मधुर सुगंध वाले निम्न पुष्पों की सूची देता है-

1. सेवन्ती :- सफेद रंग ; पूरे वर्ष खिलते हैं और खास तौर पर बारिश के पश्चात् खिलते हैं।
2. मोलसरी :- सफेद रंग के ; बारिश में खिलते हैं।
3. चमेली :- सफेद , पीले और नीले ; बारिश में और कुछ शीत ऋतु में खिलते हैं।
4. रेबेल :- पीले और सफेद ; ग्रीष्म ऋतु के अंत में और बारिश की शुरूआत में।
5. मोगरा:- पीला ; गरमी में (वह मोगरे को सफेद नही बल्कि पीले रंग की श्रेणी में रखता है।)
6. चम्पा :- पीला ; पूरे वर्ष खिलता है- खास तौर पर उन दिनों जब सूर्य मीन और मेश के मध्य रहता है।
7. केतकी :-इसकी ऊपरी पत्तियाँ हरी होती हैं अंदर की पत्तियाँ पीलापन लिये सफेद होती हैं; यह तेज गर्मियों वाले मौसम में खिलता हैं।
8. कूजा :- सफेद होता हैं ; गर्मियों में खिलता हैं।
9. पादल :- भूरा ; गर्मियों में खिलता हैं।
10. जूही :- पीला और सफेद चमेली के समान ; बारिश में खिलता है।
11. निवारी :- सफेद ; बसंत में।
12. नरगिस :- सफेद ; बसंत में।
13. केवड़ा :- सिंह राशि से तुला के मध्य जब सूर्य होता है।
14. चाल्ता:-
15. गुलाल :- बसंत में
16. तसबीह गुलाल :- सफेद ; शीत ऋतु में।
17. सिंगरहार :- छोटी सफेद पत्तियाँ होती हैं ; ग्रीष्म में खिलता हैं।
18. बैगनीं :- रंग भी बैगनीं ; ग्रीष्म ऋतु में।
19. कर्ण :- सफेद ; बसंत में।
20. कपूर बेल :-
21. गुल-ए-जाफरान :- नीले रंग का शरद ऋतु में।

ऐसे फूल जो सौदर्य के लिये जाने जाते हैं:-

22. गुल-ए-आफताब : पीला
23. गुल-ए-कंबल : सफेद और नीले भी ; वर्षा ऋतु में।
24. ज़ाफरी : सुनहरा पीला या नारंगी या हरे रंग के ; वर्षा ऋतु में।
25. गुड़हल : भिन्न रंगों में लाल, पीला, नारंगी, सफेद ; वर्षा ऋतु में।
27. रतन मंजनी : गहरा लाल । यह चमेली से छोटा है ; पूरे वर्ष खिलता है।
28. केसू : ग्रीष्म ऋतु में खिलता है।
29. सेम्बल : गहरा लाल ; बसंत ऋतु में खिलता है।
30. रतनमाल : पीले ; बसंत ऋतु में ।
31. सोनज़र्द : पीला ; बसंत में ।
32. गुल-ए-मालती :
33. कर्ण फूल : सुनहरा लाल
34. कारिल : बसंत में।
35. कनेर : लाल और सफेद ।
36. कदम : बाहरी हिस्सा हरा ; मध्य में पीले रेशे ; अंदर का हिस्सा सफेद बसंत में खिलते हैं।
37. नाग-केसर : बसंत में ।
38. सूरपन : सफेद इस पर मध्य में लाल और पीली धारियाँ ; बारिश में खिलता है।

* विभागाध्यक्ष (इतिहास विभाग) नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

39. सीरी खांडी : अंदर पीलापन लिये सफेद बाहर लाल ; बसंत में खिलता है।
40. जैत : अंदर से पीला ; बाहर से काला पन लिये सुर्ख ; बारिश में खिलता है।
41. चम्पला : सफेद , नारंगी के गुच्छों के समान ; बसंत में खिलता है।
42. लाही : यह मीन राशि में खिलता है।
43. गुल-ए-करौंदा : सफेद यह चमेली से छोटा होता है और बारिश में खिलता है।
44. धनंतर : नीलोफर जैसा होता है, बारिश में खिलता है।
45. गुल-ए-हिना :
46. दुपहरिया : सुर्ख लाल और सफेद ; पूरे वर्ष भर खिलता है।
47. बहुन चम्पा : शफ़तालू (आडू) रंग का (Peach)
48. सुदर्शन : पीला यह नीलोफर से मिलता जुलता है किन्तु उससे छोटा होता है।
49. कांगलाई : इसके दो प्रकार होते है लाल और सफेद।
50. शीर्ष : पीला हरा, इसमें पुंकेसर ही पुंकेसर होते हैं और वसंत में खिलता है।
51. सान : पीले रंग का होता है और बारिश में खिलता है।

बाबर भी अपनी आत्मकथा में लिखता है कि 'हिन्दुस्तान में फूल बहुत तरह के हैं। एक जासून है (जासवंत या गुड़हल) जिसे कज़हल कहते हैं। फूल का रंग अनार के फूल से भी और खुला होता है। लाल गुलाब के फूल जितना बड़ा होता है, पर कली गुलाब की तरह नहीं खिलती। पहले थोड़ी सी पंखुड़ियाँ खुलती है उनके बीच दिल जैसी चीज निकली होती है इससे एक ही फूल दो जैसा दिखता है। यह एक अनोखी बात है। डाल पर लगा फूल बहार तो अच्छी देता है, पर टिकता नहीं। एक ही दिन में मुरझा जाता हैं। खिलता तो साल भर है पर चौमासे में बड़ी बहुतायत रहती है। सुगंध नहीं है। ' वैसे ही कनेर के बारे में लिखता है 'यह सफेद भी होता है और लाल भी। आडू के फूल-सा पांच पंखुडियों का है पर चौदह पंद्रह फूल इकटठा गुच्छो में यों खिलते हैं कि दूर से लगता है मानो एक ही बड़ा-सा फूल हो। पेड़ का फेर गुलबन (पाटल गुल्म) से बड़ा होता है, ऊँचा भी। लाल कनेर में भीनी-भीनी सी बहुत अच्छी हल्की महक होती है। यह भी साल भर खिलता है, पर चौमासे में फूलों से लद जाता है।' बाबर भारत विवरण में लिखता हैं - 'केवड़े की महक मन को मोह लेती है। मुश्क है, पर मुष्क सा सूखा नही, तर है। मुष्कतर कहिए। मगर सूरत अजब सी है। फूल कोई डेढ़-दो कारीश लंबा और पत्ते गरौके से रीढ़वाले होते है। नए पत्ते कली जैसे सटे रहते हैं। बाहरी पत्ते कँटीले हरे होते हैं और भीतर को नरम से नरम और सफेद पड़ते जाते हैं। इन कली से सटे पत्तों की पंखुडियो में छिपी दिल की तरह की एक गुल्ली पला करती है। केवड़े की जो मोहनी महक है वह इसी से है। नया पौधा नरसली (एक प्रकार की बांस) की झाड़ी सरीखा होता है। तना जैसी संरचना बेढ़गीं बनावट की होती है जड़े नंगी होती है। वह लिखता है यहॉ यासमन भी है (जास्मिन) सफेद को चंपा कहते है। हमारे यासमन से बड़ा है, महक तो उससे भी बढ़ी-चढ़ी है।

जहाँगीर भी अपने परदादा की तरह निसर्ग का अत्यन्त प्रेमी था। इस कारण वह जब जहाँ जाता था उस स्थान के प्राकृतिक परिदृष्य को बड़ी सूक्ष्मता से निहारता भी था और उसे अपनी लेखनी से शब्दो में उतारता भी था।

उसने 'तुजक-ए-जहांगीरी' या 'जहांगीरनामा' में भारत के पुष्पों की जानकारी भी स्थान-स्थान पर दी है। वह लिखता है पूरी दुनिया में बेहतरीन सुगंधित फूल भारत में ही पाए जाते है। यहाँ कुछ ऐसे फूल होते हैं जिनकी तुलना दुनिया में और कहीं के फूलों से नहीं हो सकती है। ऐसे फूलों में सबसे पहला नाम है चंपा का, जिसकी सुगंध अत्यंत मधुर है, इसका रंग पीलापन लिए सफेद होता है और आकार कुछ-कुछ केसर के फूल की भांति होता है। इसका वृक्ष बड़ा और समानुपातिक होता है। इसका एक वृक्ष भी जब बहार पर होता है तब पूरी बगिया को महका देता है। चंपा को भी पीछे छोड़ दे ऐसा फूल है 'केवड़ा' इसकी गंध इतनी तीव्र होती है कि बस कस्तूरी की महक ही इससे तीव्र होती है। इसी तरह एक पुष्प है 'राईबेल' (संभवत: बेला का जिक्र है) इसकी महक चमेली जैसी होती हैं, इसके पुष्प दोहरेया तीहरे परतदार होते है।

इसी प्रकार वह 'मौलश्री' की भी बड़ी प्रशंसा करता है। वह लिखता है इसका पेड़ भी बड़ा अच्छा दिखता है और महक बड़ी रूचिकर होती है। वह केतकी के लिए लिखता है कि यह केवड़े की भाँति ही होता है किन्तु उसके जैसा कँटिदार नहीं होता। इसके अलावा केतकी पीलापन लिए होती है और केवड़ा सफेद केवड़े के साथ-साथ केतकी और चमेली से खुशबू के लिए इत्र बनाया जाता है और सुगंधित तेल भी।

ऐसे अनेक पुष्प है जिनका जिक्र वह स्थान-स्थान पर करता है। जहाँगीर कमल के लिए लिखता है - 'हिन्दी भाषा में लोग इसे 'कुमुदिनी' कहते है । यह तीन रंगों में पाया जाता है सफेद, नीला और लाल। मैनें नीले और सफेद कमल तो देखे हैं किन्तु लाल कमल मैंने पहली बार गुजरात की यात्रा के दौरान सहारा नामक स्थान पर पड़ाव के समय एक तालाब में देखा। सचमुच यह लाजवाब था।'

कमल के बारे में जहाँगीर आगे लिखता है कि कंवल, कुमुदिनी की अपेक्षा बड़ा होता है और यह लाल रंग का होता है। वह लिखता है कि कश्मीर में उसमें सहस्त्र दल वाला कमल देखा था, यह दिन में पूरा खिलता है और रात को कली बन जाता है। जबकि कुमुदिनी दिन में कली होती है और रात को पूरा खि जाती है।

वह कमल और भौंरे के संबंध में रोचक विवरण देता है और कहता है कि 'भौंरे अक्सर इन फूलों पर मंडराते हैं और अक्सर जब फूल सूरज ढलते ही बंद हो जाता है तो भौंरा भी उसमें बंद हो जाते है। जब सूरज उगने के साथ फूल खिलता है तो भौरा मकरंद चूस कर पुन: पुष्प से बाहर आ जाता है । वह लिखता है कि, भौंरे और कमल के इस संबंध पर हिन्दुस्तान के कवि बहुत कुछ लिखते हैं और तानसेन जो अपने काल का बेजोड़ गायक है वह ऐसे गीतों को गाता है। ऐसे ही भक्कर के जंगल के संस्मरण लिखते हुए जहाँगीर बताता है। पूरा जंगल सफेद और गंधहीन फूलों से अच्छादित था। मैं टीला से भक्कर नदी के किनारे-किनारे आया नदी के बहते पानी में ओलिएंडर (Oleander) के फूल जो पीच के रंग के थे, पूरे शबाव पर थे। नदी के किनारे इतने पेड़ थे कि पैदल, सैनिकों और घुड़सवार सैनिकों को कहा गया कि वह इन फूलों के गुच्छों को अपने सिर पर धारण करें। और जो ऐसा नहीं कर रहा था। उसकी पगड़ी उतार ली गई थी। इस तरह बडी ही शानदार फूलों की चादर तैयार हो गयी थी।

इसी तरह वह लिखता है कि जब वह हातया में ठहरा हुआ था, उस समय यहाँ के मार्ग पर पलाश के वृक्षों पर बहार छाई हुई थी। यह भी हिन्दुस्तान के जंगलों का एक विशिष्ट फूल है। इसमें गंध नहीं होती किन्तु इसका रंग चटख नारंगी होता है। इस पुष्प का आधार काला होता है और फूल का आकार बड़े गुलाब के पुष्प की तरह होता है। यह इतना सुंदर होता है कि आप इससे निगाह नहीं हटा पाते।

जब वह सुरखाब में ठहरा हुआ था तब उसने वहाँ बालतू (Oak or Chestnut) के कई वृक्ष देखे थे। इस वृक्ष की लकड़ी ईधन के रूप इस्तेमाल होती है। इसी तरह इसी यात्रा के दौरान खुर्द काबुल (छोटा काबुल) में जब पड़ाव डला था तब वहाँ जिगरी गांव के मुखिया दौलत ने कुछ अनोखे फूल लाए थे जो मैंने अपने जीवन में पहले कभी नहीं देखे थे।

इस काल में जिन फूलों से और अन्य वनस्पतियों से इत्र बनाया जाता था उनकी सूचना भी आइन-ए-अकबरी से प्राप्त होती है। अबुलफ़ज़ल लिखता है कि- 'शहँशाह को इत्र का बड़ा शौक है और वह इस कार्य में संलग्न विभाग को बड़ा प्रोत्साहित करते है।' सुगंधित फूलों और अन्य वनस्पतियों से तेल निकाला जाता था जो बालों और त्वचा पर लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इसके अलावा अगरबत्तियाँ आदि में इस्तेमाल होता था। अबुलफ़ज़ल चंदन, जाफरान (केसर) गुलाब जल, चमेली, बहार, बद-ए-मश्क के तेल, अम्बर लोभान, कपूर, बर्ग-ए-मज (गुजरात से लाया जाता था) गुगल अलक, गेहला, इकनामी, जुरूमबाद, नफा-ए-मश्क, कस्तुरी, अगर, छुवा (अलॉय की लकड़ी) आदि।

अबुल फ़ज़ल कपूर के बारे में लिखता है, कि 'इसके वृक्ष हिमालय की तराई में प्राप्त होते हैं। पेड़ इतने बड़े होते हैं कि एक ही पेड़ के तले कई सौ सैनिक विश्राम कर सकते हैं। कपूर वृक्ष के तने और शाखाओं से एकत्र किया जाता है। अगार वृक्ष की जड़ से मिलता है। मध्य भारत में इसके वृक्ष बहुतायत में पाये जाते है। छुआ Aloe वृक्ष के लकड़ी से प्राप्त किया जाता है। चंदन के वृक्ष के लिए अबुलफ़ज़ल लिखता है कि यह चीन का वृक्ष है जिसे भारत में सफलतापूर्वक उगाया गया है। यह सफेद लाल और पीला होता है।

गूगल

गूगल के लिये वह लिखता है कि 'यह पौध हिन्दुस्तान में बहुत ही आम पाया जाता है।'

अबुल फ़ज़ल अपने ग्रंथ में स्वयं लिखता है, कि वह कुछ सुंदर पुष्पों के बारे में भी लिखना चाहता है। इनका पर्याप्त विवरण उसने दिया है।

भिन्न-भिन्न पुष्पों के बारे में जो विस्तार से वर्णन उसने किया है वह निम्नानुसार है:-

1. सेवंती - यह गुल-ए-सुर्ख से मिलता है किन्तु उससे छोटा होता है। इसके मध्य में सुनहरे पुंकेसर होते हैं और इसमें चार से छः पंखुडियाँ होती हैं। यह गुजरात और दक्खन में पाया जाता है।

2. चमेली - यह दो प्रकार की होती है एक राय चमेली जिसमें पांच से छः पंखुडियाँ होती हैं, जिसमें बाहर लाल रंग होता है मुख्य चमेली थोड़ी छोटी होती है और इसके ऊपर लाल धारी होती है। इसका तना डेढ़ या दो गज ऊँचा होता है और ज़मीन पर फैलता है। इसमें छोटी-बड़ी शाखाएँ होती है। इसमें पहले ही साल से फूल आने लगते हैं।

3. रायबेल - यह चमेली से मिलता-जुलता है। इसकी कई किस्में होती हैं जिनमें एकल और दोहरे होते हैं। इसमें पाँच पंखुडियाँ आमतौर पर मिलती हैं। इसकी एक-एक पँखुडी अलग पुष्प की झलक देती है। इसका तना एक गज लंबा होता है। इसकी पत्तियाँ नींबू की भाँति दिखती हैं हालांकि यह उससे कुछ छोटी और मुलायम होती है।

4. मुंगरा - यह रायबेल से मिलता-जुलता होता है। यह बड़ा होता है किन्तु इसकी सुगंध उतनी अच्छी नहीं होती। इसमें सौ से ज्यादा पंखुडियाँ होती हैं। इसका पौधा वृक्ष जैसा हो जाता है।

5. चंपा - इसका फूल कोण के आकार का होता है और अंगुली के बराबर होता है। इसमें दस पंखुडियाँ होती है जो एक दूसरे के ऊपर होती हैं। इसमें कई पुंकेसर होते हैं। वृक्ष बड़ा ही सुंदर दिखता है और इसका तना और पत्तियाँ सुपारी के वृक्ष की भाँति होता है यह सात वर्ष के पश्चात बहार पर आता है।

6. केतकी - यह तकली जैसा होता है और एक गज का चौड़ाई हिस्से जितना बड़ा होता है। इसमें दस से बारह पंखुडियाँ होती हैं। इसकी गंध बड़ी कोमल और खुशबू वाली होती है। इसमें छः से सात साल में फूल आते है।

7. केवड़ा - यह केतकी से ही मिलता-जुलता है किन्तु उससे दुगना बड़ा होता है। इसकी पत्तियाँ काँटेदार होती हैं। चूंकि वे अलग-अलग जगह उगती हैं इस कारण वे एक समान नहीं होती। पुष्प के मध्य में एक छोटी शाख होती है जिसमें सुनहरे रेशे होते हैं। 'फूल तब भी महकता है जब वह छिन्न-भिन्न हो जाता है। ....पेड़ की ऊँचाई करीब चार गज़ होती है। पत्तियाँ मक्के की पत्तियों की भाँति होती हैं। इसमें चार वर्ष पश्चात् फूल उगते हैं। मुख्यतः पौधा दक्खन, गुजरात, मालवा और बिहार में उगता है।

8. चाल्ता - यह बड़े ट्यूलिप से मिलता-जुलता है। इसमें अठारह पंखुडियाँ होती हैं जिसमें छः हरी ऊपर , दूसरी छः इसमें कुछ लाल, कुछ हरी, कुछ धूसर पीली और छः सफेद होती हैं। पुष्प के मध्य में करीब दो सौ छोटी-पीली पत्तियाँ होती हैं। फूल खिलने के पश्चात् करीब पांच छः दिनों तक (तोड़ने के पश्चात्) ताज़ा रहता है। जब फूल मुरझा जाता है तब इसे पका कर खाया जाता है। वृक्ष अनार के वृक्ष से मिलता जुलता है और पत्तियाँ नीबू की जैसी होती हैं। यह सात वर्षो बाद बहार पर आता है।

9. तसबीह गुलाल - इसकी खुशबू भीनी-भीनी होती है। इसकी पत्तियों का आकार खंजर की तरह होता है। पेड़ का तना दो गज ऊँचा होता है। यह चार वर्षो के पष्चात् बहार पर आता है। इसके फूलों की माला बनाते हैं जो हफ्ते भर तक ताजी रहती है।

10. भोलश्री - यह चमेली से छोटा होता है। इसकी पंखुडियाँ दाँतेदार होती हैं। जब ये सूखती हैं तब ज्यादा खुशबू देती हैं। इसका वृक्ष अखरोट से मिलता-जुलता है इस पर दसवें वर्ष में बहार आती है।

11. सिंगारहार - इसके फूल लौंग जैसे होते हैं और इनमें नारंगी रंग की डण्डी होती है। इसके पुंकेसर खसखस के दानों के समान होते हैं। पेड़ अनार के समान दिखता है और पत्तियाँ आडू के वृक्ष के समान होती हैं। इसमें पांच साल बाद फूल आते हैं।

12. कूजा - यह गुल-ए-सुर्ख जैसा दिखाई देता है , पर इसकी पत्तियाँ और पेड़ थोड़ा बड़ा होता है। इसमें पांच से लेकर सौ तक पंखुडियाँ होती हैं और सुनहरे रंग के पुंकेसर मध्य में होते हैं।

13. पादल - इसमें पांच छः लंबी पत्तियाँ होती है। इसमें अच्छी सुगंध और स्वाद होता है। यह बारहवें वर्ष में फूल देता है।

14. जूही - इसकी पत्तियाँ छोटी होती हैं। यह बेल वृक्षों से लिपट जाती है। इसमें तीन वर्ष पश्चात पुष्प खिलते हैं।

15. निवारी - यह सादी रायबेल जैसी दिखती है, किन्तु पत्तियाँ बड़ी होती हैं। इसमें आम तौर पर इतने फूल लगते हैं कि पत्तियाँ नजर नहीं आती। इसमें पहले ही साल फूल खिल जाते हैं।

16. कपूर बेल - इसमें पाँच पंखुडियाँ होती है और यह केसर के फूल की तरह दिखते हैं। यह फूल यूरोप के देशों से शहँशाह के (अकबर) काल में ही मँगवाया गया है।

17. जाफरान (केसर) - अबुल फ़ज़ल इसका विवरण फूलों की सूची के साथ ही देता है। वह लिखता है कि-'उर्दीबिहिष्त के महिने में केसर के बीज बड़े ही जतन से बोये जाते हैं। इसके बाद खेत को बारिश के पानी से सींचते हैं। केसर के बीज लहसुन की गाँठों जैसे दिखते हैं। फूल अबन के महिने में

खिलते हैं। पेड़ गज़ के तिहाई हिस्से जितना होता है। पर मिटटी की किस्म पर निर्भर करता है कि यह कभी दो तिहाई जमीन के नीचे और कभी-कभी दो तिहाई जमीन के ऊपर होता हैं। फूल तने के सबसे ऊपरी हिस्से में होता है। फूल में छः पत्तियाँ और छः पुंकेसर होते हैं। तीन पत्तियॉ नीले रंग की होती हैं और अन्य तीन पत्तियों को घेरे रहती है। पुंकेसर भी इसी तरह से होते हैं तीन पीले रंग के बाहर के घेरे में और तीन लाल रंग के अंदर के घेरे में रहते हैं। अंदर के घेरे वाले तीन पुंकेसर से ही केसर प्राप्त होती है। लोग बेईमानी से बाहरी घेरे के तीन पीले पुंकेसरों को भी केसर के रूप में मिला देते है।

एक बार में गाँठ बोने पर छः वर्ष तक फूल मिलते हैं, बशर्ते मिट्टी को प्रति वर्ष मुलायम करते रहें। पहले दो वर्ष फूल जरा छितरे आते हैं बाद में तीसरे वर्ष से पुष्प बिल्कुल सही आकार ले लेते है। छठवें वर्ष के पश्चात् गाँठों को निकाल लेना चाहिये वरना वे गल जाती हैं। इन्ही गाँठों को ये लोग दुबारा कुछ समय बाद, दूसरी जमीन पर बो देते हैं। और पहले वाली जमीन को पाँच साल के लिए बिना बुआई के छोड़ देते हैं।

अबुल फ़ज़ल लिखता है कि 'केसर मुख्यत: पानपुर से आता हैं जो मराराज जिले में है। यहाँ बारह कोस तक केसर के खेत फैले हुए हैं इसी तरह पारसपुर परगने में इंद्रलोक के करीब से भी केसर आता है।'

1. सूरजमुखी (आफताबी) – यह बड़ा चौड़ा और गोलाकार पुष्प है। इसमें कई पत्तियाँ होती हैं। यह सदैव अपना मुँह सूरज की ओर रखता है। इसका तना तीन गज लंबा होता है।

2. कंवल : यह दो प्रकार के होते हैं। इनमें से एक तो तब खिलता है तब सूर्योदय होता है और शाम होते ही बंद हो जाता है। इसमें छः से अधिक पत्तियाँ होती हैं। इसके पुंकेसर पीले होते हैं। पुष्प के मध्य में एक नलीदार संरचना होती है जिसमें ऊपर का हिस्सा आधार की तरह होता है और इसी में बीज होते हैं। कंवल का दूसरा प्रकार रात में खिलता है और चांद की तरफ अपना मुँह रखता है और बंद भी नहीं होता।

3. जाफरी – यह सुंदर सा गोल फूल होता है और सदाबर्ग से बड़ा होता है। इसकी एक किस्म में पाँच पंखुडियाँ और दूसरी में सौ पंखुडियाँ होती हैं। सहस्त्र दल वाला पुष्प दो माह से भी ज्यादा समय तक ताजा रहता है। इसका पेड़ इंसान जितना बड़ा होता है और पत्तियाँ बल्ले जितनी बड़ी और कटी-फटी होती हैं। इसमें दो माह में पुष्प आते हैं।

4. गुड़हल – इसमें कई पत्तियाँ होती हैं। इसका तना दो गज या उससे भी ऊँचा होता है और दो वर्ष में बहार पर आता है। इसकी पत्तियाँ शहतूत जैसी दिखती हैं।

5. रतनमंजन – इसमें चार पत्तियाँ होती हैं और यह चमेली से छोटा होता है। इसका वृक्ष और पत्तियाँ रायबेल जैसी होती है। इसमें दो वर्ष में फूल आते हैं।

6. केसू – उसमें बाघ के पंजे के आकार की पाँच पत्तियाँ होती हैं। इसके मध्य में पीला जीभ के आकार का पुंकेसर होता है। वृक्ष बहुत बड़ा होता है। घास के मैदानों में अक्सर यह वृक्ष मिलता है जब उसमें फूल खिलते हैं तब ऐसा लगता है मानों शोले दहक रहे हों।

7. कनेर – इसमें वर्ष में लंबे समय तक फूल खिले रहते हैं। यह सुंदर दिखता है पर विशैला होता है। इसमें पाँच पंखुडियों वाला पुष्प होता है। शाखाएँ पुष्पों से लदी रहती है। इसका वृक्ष दो गज बड़ा हो जाता है। पहले की वर्ष में इसमें पुष्प खिलते हैं।

8. कदंब– यह तमगे की तरह होता है, पत्तियाँ अखरोट जैसी दिखती हैं।

9. नाग केसर – यह गुल-ए-सुर्ख जैसा दिखता है। इसमें पाँच पंखुडियाँ होती हैं। इसमें ढेर से पुंकेसर होते हैं। यह भी अखरोट जैसा दिखता है और सात वर्षो में बहार पर आता है।

10. सुरपान – यह तिल्ली के फूल जैसा होता है और इसमें बीच में पीले रंग का पुंकेसर होता है। इसका तना मेहंदी के पेड़ से मिलता है।

11. श्रीखंडी – यह चमेली जैसा होता है किन्तु इससे थोड़ा छोटा होता है। यह दो वर्षो में खिलता है।

12. मेंहदी – इसमें चार पंखुडियाँ होती हैं। इसके भिन्न-भिन्न पौधो में भिन्न-भिन्न रंगो के फूल खिलते हैं।

13. दुपहरिया – यह गोल और छोटा पुष्प होता है। यह सदाबहार के पुष्प जैसा दिखता है। यह दिन में खिलता है । इसका तना दो गज लंबा होता है।

14. भूण चंपा – इसका पुष्प निलोफर जैसा दिखता है और इसमें पाँच पंखुडियाँ होती है। इसका तना एक बित्ता लंबा होता है। यह ऐसी जगहों पर उगता है जहाँ समय-समय पर पानी भरा होता है। कभी-कभी फूल पानी के उपर ऊगता है।

15. सुदर्शन – यह रायबेल से मिलता-जुलता है और इसमें अंदर पीले रेषे नुमा संरचना रहती है।

16. सेनबॉल – इसमें पाँच पंखुडियाँ होती हैं, इनमें प्रत्येक दस अंगुल लंबी और तीन अंगुल चौड़ी होती है।

17. रतनमाला – यह गोल और छोटी होती है इसका रस, उबाल कर नीले थोथे या तूतिया के साथ मिलाकर इसमें मुसफ़र मिलाते हैं तो कपड़ा रंगने के लिए बढ़िया रंग तैयार होता है। इसमें मक्खन तिल्ली का तेल मिलाकर इसकी जड़ के साथ मिलाया जाता है तो बैंगनी रंग तैयार होता है।

18. सोन ज़र्द – यह चमेली जैसा होता है किन्तु इससे थोड़ा बड़ा होता है और इसमें पाँच से छः पत्तियाँ होती है। इसमें दो वर्ष पश्चात फूल खिलता है।

19. मालती – यह चमेली जैसा होता है और उससे कुछ छोटा होता है। इसके मध्य में खसखस के दानों जैसे पुंकेसर होते हैं। इसमें लगभग दो वर्षो में फूल आते हैं।

20. कारील – इसमें तीन छोटे दल होते हैं। यह बड़े भव्य तरीके से खिलता है और बड़ा अच्छा लगता है। इसके पुष्प को उबाल कर खाते हैं और कुछ लोग अचार बनाते हैं।

21. जैत – यह बड़ा वृक्ष बन जाता है और इसकी पत्तियाँ इमली के पेड़ जैसी होती है।

22. चंपला – इसके पेड़ की पत्तियाँ अखरोट जैसी होती हैं। इसमें दो वर्ष बाद फूल आते हैं। पेड़ की छाल को उबालने से लाल रंग बन जाता है। अधिकांश यह पेड़ पहाड़ियों पर उगता है। इसकी लकड़ी बड़ी ज्योति देते हुए जलती है।

23. लाही – इसका तना डेढ़ गज लंबा होता है। पुष्प उगने से पहले जो पत्तियाँ ऊगती हैं, उनसे व्यंजन बनाया जाता है। जिसे रोटी के साथ खाते हैं। जब ऊँटों को इसकी पत्तियाँ खिलाई जाती हैं तो वे मोटे हो जाते हैं और अनियंत्रित भी।

24. करौंदे का पुष्प जूही से मिलता है।

25. धनंतर – यह निलोफर से मिलता-जुलता है और बहुत सुंदर दिखता है यह एक बेल होती है।

26. सिरस में रेषम जैसे धागे होते हैं और तुर्रे जैसे दिखते हैं। इसकी महक दूर-दूर तक फैलती है। यह वृक्षों का सरताज है बावजूद इसके की हिन्दूबड़ और पीपल को पूजते हैं। इसका वृक्ष बहुत बड़ा होता है और लकड़ी भवन निर्माण में इस्तेमाल होती है।

27. कंगलाई – इसमें पाँच पंखुडियाँ होती हैं, प्रत्येक चार अंगुल लंबी होती है। फूल बड़ा सुंदर दिखता है एक शाख पर एक ही फूल खिलता है।

पौधे की पत्तियाँ चिनार से मिलता-जुलती हैं। पेड़ की छाल से मजबूत रस्सियाँ बनती हैं। इस पौधे की एक किस्म ऐसी होती हैं जिसमें कपास के वृक्ष की तरह फूल लगते हैं इसे पटसन कहते हैं इससे बड़ी मुलायम रस्सी तैयार होती है।

अबुल फ़ज़ल लिखता है कि 'इस देश के समस्त फूलों का वर्णन करना मेरे लिए कठिन भी है, और मुझे कई के बारे में जानकारी भी नही है। मैंने उनमें से कुछ का ही वर्णन किया है। ....इस देश के वृक्षों के फूलों, फलों, कलियों, पत्तियों, जड़ों आदि का खाने, औषधियाँ बनाने में जो उपयोग किया जाता है उसका वर्णन करना असंभव है। ....यहाँ ईरान और तूरान से लाए गए कई पुष्पों की प्रजातियाँ उपलब्ध हैं। जैसे:- गुल-ए-सुर्ख़ (नर्गिस), यास्मीन-ए-काबुल(बैंगनी) सुसान, रैहान, रसना, जेबा, शाहकीक, ताज-ए-खुसरो, कलघा, नाफरमान और खातमी आदि।'

भारत के धर्मशास्त्रों का हवाला देते हुए वह लिखता है कि 'यदि इस देश में एक व्यक्ति को प्रत्येक वृक्ष या पौधे से एक ही पत्ती तोड़ने को कहा जाए तो उसे अठारह बार अर्थात आज के संदर्भ में 96 मन पत्तियाँ मिलेंगी। इसी तरह उसी ग्रंथ के अनुसार पौधे या वृक्षों की आयु 48 मिनट से दस हजार वर्ष होती है। पेड़ों की ऊँचाई हजार योजन से अधिक नहीं होती।................ इस तरह अबुलफ़ज़ल स्पष्ट कहता है कि भारत की वानस्पतिक विविधता अनंत थी। और उसके बारे में वर्णन कर पाना नामुमकिन है।

निष्कर्ष – भारत के अद्भुत प्राकृतिक, साँस्कृतिक और ऐतिहासिक वैविध्य के कारण सदैव ही दुनिया भर के लोग अचंभित और आकर्षित होते रहे हैं। अबुलफ़ज़ल के आधिकारिक ऐतिहासिक ग्रंथ 'आइन-ए-अकबरी' में शासक की रसोई, इत्रखाने, भारत की प्राकृतिक दशा आदि के विवरण से हमें भारत की वानस्पतिक विविधता की जानकारी मिलती है। बाबर भी भारत में जितने समय रहा उसने यहाँ के फल सब्जियों के स्वाद और पुष्पों आदि बहुत खूब विवरण दिया है।

भारत की भौगोलिक विविधता और विस्तार के कारण, ही यह संभव था कि प्रत्येक किस्म की जलवायु और मिट्टी में पनपने वाले पेड़ पौधे, पुष्प, फल, अनाज, जड़ी-बूटियां और अन्य वनस्पतियाँ उपलब्ध थी। इतनी वानस्पतिक विविधता शायद ही विश्व के किसी अन्य देश में पाई जाती है। मुगलकाल की इस वानस्पतिक संपदा का विवरण विदेशी यात्री भी देते हैं। समय, प्राकृतिक बदलावों प्रदूषण और इंसानी बदनीयत से इस संपदा को बड़ी हानि पहुँचाई है इस कारण वन क्षेत्र सिमट गए हैं और कई प्रजातियों के पुष्प, पेड़, फल, वनस्पतियाँ अब उपलब्ध नहीं हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. फज़ल अबुल : आइन-ए-अकबरी भाग-ख अनु. ब्लॉकमन , पृ0 81
2. बाबर जहीरूद्दीन : बाबरनामा अनु. नवलपुरी युगजीत, पृ0 331
3. जहाँगीर : जहाँगीरनामा भाग-ख अनु. रोजर्स अलेक्जेण्डर, पृ0 5
4. जहाँगीर : जहाँगीरनामा भाग-खख अनु. रोजर्स अलेक्जेण्डर, पृ0 412
5. जहाँगीर : जहाँगीरनामा भाग-ख अनु. रोजर्स अलेक्जेण्डर, पृ0 104
6. फज़ल अबुल : आइन-ए-अकबरी भाग-ख अनु. ब्लॉकमन, पृ0 79
7. फज़ल अबुल : आइन-ए-अकबरी भाग-ख अनु. ब्लॉकमन, पृ0 88
8. फज़ल अबुल : आइन-ए-अकबरी भाग-ख अनु. ब्लॉकमन पृ0 91
9. फज़ल अबुल :आइन-ए-अकबरी भाग-ख अनु. ब्लॉकमन पृ0 238-239

****

गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि (मत्स्य उत्पादन के सन्दर्भ में)

कमल बैरागी *

प्रस्तावना – भारत देश में बढ़ती बेरोजगारी एवं खाद्यन की समस्या, पोष्टिक खाद्यन की बढ़ती कीमतों और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति की बिगड़ती स्थिति के कारण देश में खाद्यान संकट अपने चरम पर पहुंच गया हैं। देश में पोष्टिक खाद्यान एवं रोजगार की समस्या सरकार की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। भारतीय कृषि में भी पैदावार में कोई विशेष वृद्धि नहीं हो रही हैं, जिससे देश की बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मत्स्य पालन पोष्टिक खाद्यान एवं बढ़ती बेरोजगारी को कम करने में रामबाण का कार्य करेगा। इस जलकृषि में किसान कम लागत में अधिक उत्पादन एवं आय कमा सकता हैं।

भारत जैसे विकासशील देश में ग्रामीण आर्थिक विकास में मत्स्य पालन व्यवसाय की अपार सम्भावनाऐं विद्यमान हैं। मत्स्य पालन व्यवसाय कम लागत में अधिक आय देने वाला हैं, जो भारतीय ग्रामीण जनता के अनुकुल हैं। आज हमारे देश में बेरोजगारी की भयानक स्थिति हैं, देश के उच्च शिक्षा प्राप्त युवक जैसे–इंजीनियर, एम.बी.ए., पी.एच.डी. धारक एवं अन्य डिग्री धारी बेंरोजगारी की मार झेल रहे है अगर ये युवक मत्स्य पालन व्यवसाय को ग्रामीण क्षेत्र में विकसित कर तो देश में रोजगार बढ़ाने के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 'उत्तम भोजन, उत्तम आय' प्रदान कर सकते जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अनुकुल होगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था में मत्स्य पालन उद्योग – भारतीय अर्थव्यवस्था में मत्स्य पालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय हैं जिससे पोष्टिक खाद्यन एवं राजेगार को बढ़ाने की अपार सम्भावना विद्यमान हैं। वर्तमान समय में जल कृषि (मत्स्य पालन) एक आकर्षक लाभप्रद समृद्ध तथा धनोपार्जक व्यवसायी के रूप में उभर कर आ रहा हैं। हर स्तर का व्यवसायी इससे पूंजी लगाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकता हैं। पहले लोग इसे एक प्रतिष्ठित व्यवसाय नहीं मानते थे पर आज स्थिति पूरी तरह बदल गई हैं। यह मछली पालन व्यवसाय ग्रामीण लोगों के लोगों को पैसा, प्रतिष्ठा, लोकप्रियता, रोजगर, एवं साथ ही पोष्टिक भोजन की प्रधान कर रहा हैं। खाद्योत्पादन के एक महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में आज जल में मछलियां ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार के लाभदायक जल–जीव पाले जाने लगे हैं। इस दृष्टि से वर्तमान समय में जल वृद्धि का विशेष महत्व हैं।

भारत में जल कृषि के लिए उपलब्ध विविध संसाधन जल,वायु जलक्षेत्र वातावरण अधिक उपर्युक्त तथा उत्पादन में वृद्धि दायक हैं। भारत में जलकृषि मछलीपालन का भविष्य उज्जवल हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि मत्स्य उत्पादन खाद्यान समस्या को हल करने के साथ ही इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने आय के साधन बढ़ाने तथा निर्यात बढ़ाने की असीमित क्षमता हैं। साथ ही आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने में जल कृषि का योगदान अति महत्वपूर्ण हो जायेगा। आज के समय में मत्स्य पालन परम्परागत लघु उद्योग के स्तर पर उभर कर जल कृषि उद्योग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पूरी तरह छा जाने की क्षमता रखता हैं।

मत्स्य पालन उद्योग का आर्थिक महत्व – मत्स्य की आर्थिक उपयोगिता कृषि व्यवसाय के बाद द्वितीय स्थान पर हैं। मछली पालन में अल्प समय में एवं अल्प श्रम के द्वारा अधिक उपलब्धि प्राप्त की जा सकती हैं। मत्स्य पालन मानव जीवन को अनेक तरीकों से प्रभावित एवं लाभान्वित करता हैं। हमारे देश में करोड़ो आदमी मजदूरी एवं कुपोषण से पीड़ित हैं। मत्स्य की उन सभी लोगों के साथ देश के शेष लोगों की खाद्य समस्या एवं सन्तुलित आहार में हाथ बटाती हैं। हमारे देश में मत्स्य उद्योग को प्रोत्साहन देना होगा तभी ग्रामीण क्षेत्र के निर्धनों का आर्थिक एवं सामाजिक स्तर सुधारा जा सकेगा। देश में आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए निर्धनताा, बेरोजगारी एवं अप्रशिक्षित लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान देना होगा। मत्स्य पालन स्व–रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण भूमिका पूरा करता हैं, जिससे देश के कमजोर लोगों के आर्थिक विकास पर विशेष प्रभाव पड़ेगा जैसे मत्स्य मनुष्य के आहार के रूप में मत्स्य आहार में शेष पशुओं की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं इसमें प्रोटीन खनिज पदार्थ की प्रचूर मात्रा पाई जाती हैं। कुपोषण की समस्या को मत्स्य पालन खाद्य उत्पादन कार्यक्रम आयोजित करके समाप्त किया जा सकता हैं क्योंकि इसके द्वारा अधिक सन्तुलित एवं ससता खाद्य प्राप्त होता हैं। मत्स्य में प्रचूर मात्रा में प्रोटीन विटामिन ए.डी.सी. तथा कई तरह के खनिज तत्व विशेष रूप से पाए जाते हैं। मत्स्य खाद्यान से व्यक्ति को कम लागत में अधिक पोषण एवं पोष्टिता प्राप्त होती हैं जिससे व्यक्ति को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। मत्स्य पशु आहार के रूप में भारत के कई प्रान्तों में जैस महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, केरल आदि में मत्स्य आटे का उत्पादन किया जाता हैं। इस आटे में 60 प्रतिशत प्रोटीन और अधिक मात्रा में कैल्शियम फास्फेट पाया जाता हैं, जो व्यक्ति एवं पशुओं के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से लाभकारी हैं। मत्स्य खादें जो मछलियां खाने योग्य नहीं होती हैं उनसे खाद् तैयार किया जाता हैं। इसमें नाइट्रोजन और फास्फोरस की प्रचूर मात्रा पाई जाती हैं। मत्स्य खाद् में 8,9 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा फास्फेट होते हैं जो मिट्टी में मिलाने पर फसल के लिए अधिक उपयोगी होता हैं। मत्स्य चमड़ा आर्थिक दृष्टि से मत्स्य चमड़ा से कई पदार्थ बनाये जाते हैं, जैसे–जूते, बटुए,सूटकेस बनाई जाती हैं। मत्स्य पंख शार्क के पंख चीन को निर्यात किए जाते हैं जहॉ इनसे जूस तैयार किया जाता हैं। सजावट के लिए विभिन्न रंग की सुन्दर मछलियों की अनेक जातियों को शीशे के जारों में तालाबों और झीलों में सुन्दरता के

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) श्री हर्कचन्द चौरड़िया महाविद्यालय,भानपुरा, जिला – मन्दसौर (म.प्र.) भारत

कारण रखते हैं। इस प्रकार की मछलियों को पालकर उन्हें अच्छे मूल्य पर बेचकर आर्थिक रूप से सक्षम एवं अपनी आजीविका चलाते हैं। साथ मत्स्य के द्वारा कृतिम मोती का निर्माण करके भी धनोपार्जन किया जाता हैं

मत्स्य पालन के व्यवसायिक लाभ – वास्तव में मत्स्य पालन व्यवसाय भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास में प्रमुख योगदान दे सकता हैं। इसके कई व्यवसायिक फायदे हैं :

1. इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी एवं स्वदेशी खाद्यान से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।
2. इसका उपयोग देश-विदेश में औषधि के रूप में किया जाता हैं।
3. ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार का तीव्गति से सृजन होगा।
4. अनुपजाऊ एवं बेकार भूमि की उपयोगी सिद्ध होगी किसान को लाभ होगा।
5. पशु खली पावडर में महत्वपूर्ण हैं मत्स्य।

मत्स्य तेल एवं सह उत्पादन का व्यापक निर्यात्।

मत्स्य उत्पादन विधि एवं विशिष्ट प्रक्रिया – जिस प्रकार मानव के शरीर में हड्डी का स्थान प्रमुख हैं उसी प्रकार मत्स्य उत्पादन में इसकी उत्पादन विधि महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। मत्स्य उत्पादन की विधि भली-भॉतीं अध्ययन कर लेने वाला व्यक्ति इस विषय की 50 प्रतिशत से अधिक जानकारी प्राप्त कर लेता हैं। कोई भी रोजगार तीन बातों पर निर्भर करता हैं- मेहनत,पूंजी और जानकारी। यही बात मछली पालन में भी लागू होती हैं, अन्य कृषि उत्पादन की तरह इसकी उत्पादन विधि समान नहीं होती हैं। इसके लिए उत्पादन की विशेष तकनीकि का ध्यान रखना चाहिए एवं सूक्ष्म एवं पृथक-पृथक कार्य का विशेष अध्ययन करना चाहिए। जैसे –

मछली का चयन – मत्स्य पालन के लिए सबसे पहले हम मछली चयन जीरो का चयन पर विशेष ध्यान रखना चाहिए, भारत में रोहू, कतला, मृगल, कॉमन सार्प, सिल्वर कार्प, ग्रास कार्य इनमें रोहू कतला और नैनी मृगल सिल्वर कार्प,ग्रास कार्प में मछलियां तेजी से बढ़ती हैं। मत्स्य पालन हेतु महीनावार काम बंटवारा या वर्ष भर किये गये मत्स्य पालन प्रक्रिया :

1. मार्च – मछली पालन योजना, जमीन का चुनाव, मिट्टी परीक्षण, पूंजी के लिए बैंक में आवेदन।
2. अप्रैल – बैंक में खाता खोलना, तालाब खुदाई का कार्य शुरू करना।
3. मई – तालाब में पानी भरने की व्यवस्था तटबंध पर घास लगाना।
4. जून – तालाब के तल में चूना डालना, गोबर का घोल डालना, पुराने तालाब का पानी डालना, जीरा की व्यवस्था करना एवं तीसरे दिन से भोजन देना शुरू करना।
5. जुलाई – तालाब में नियमित भोजन डालना।
6. अगस्त – समय-समय पर गोबर एवं चूना डालना।
7. सितम्बर – कभी भी पानी की कमी नहीं होने देना, तालाब में डेढ़ मीटर पानी से उपर रहे।
8. अक्टूबर – पानी में काई एवं पानी की जांच कराते रहना।
9. नवम्बर – तालाब में पानी की गहराई पर ध्यान रखना।
10. दिसम्बर – पानी कम हो तो तुरन्त पानी डालना।
11. जनवरी – एक निश्चित अनुपात में मछली निकालना और बिक्री करना। मत्स्य पालन में मछली के रोग का विशेष ध्यान रखना हैं, अगर मछली अलग-अलग रहे तो रोग को पहचान कर उपचार किया जाये।

हम 40 मीटर x 25 मीटर 0.1 हेक्टेयर तालाब का अध्ययन कर सकते हैं –

जीरों की प्रजाति	प्रतिशत	घनत्व हेक्टेयर	फ्राई की आवश्यकता
रोहू	1.5	20000	300
कतला	1.0	-	200
मृगल	1.0	-	200
ग्रास कार्प	2.0	-	400
सिल्वर कार्प	2.0	-	400
कॉमन कार्प	2.5	-	500
		योग	**2000**

मछली का जीरा हैचरी से ही क्रय करना चाहिए, जीरा क्रय करने के 24-36 घण्टे के अन्दर तालाब में सही एवं धीरे-धीरे डालना चाहिए, जिससे इनकी मृत्यु न हो और समय-समय पर इनके पोषक तत्व का ध्यान रखना चाहिए।

मत्स्य पालन व्यवसाय विकास में शासन के प्रयास – भारत में मत्स्य उत्पादन विकास एवं मछुओं के विकास के लिए केन्द्र एवं राज्य पोषित कल्याणकारी योजनाऐंक ा संचालन किया गया हैं। जिनके माध्यम से इस व्यवसाय का व्यापक विकास देखने में मिला।

भारत में 6100 किलोमीटर लम्बी तट रेखा, अनेक सदावाहिनी नदियां तथा 1.6 लाख हेक्टेयर मग्नतट और 100 फैदम गहराई वाला समुद्र निकल होने तथा समुद्रीय कटानों और खाड़ियॉ दलदली क्षेत्रों एवं नदियों के चौड़े मुहानों में मछलियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए पर्याप्त सम्भावनाऐं हैं जिसका उपयोग किया जाना चाहिए। इसी प्रकार दामोदर घाती, भाखड़ा नांगल, चाल, हिराकुण्ड, कोती नदी पेटियों के जनाओं के अन्तर्गत की मछलियों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता हैं। पिछले कुछ वर्षो में मछली पकड़ने के व्यवसाय को उन्नत करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कई प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस व्यवसाय की उन्नति के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा निम्न कार्य किये जा रहे हैं।

1. मछली पकड़ने के लिए नए प्रकार की मोटर नावों को लिया गया हैं।
2. मछुओं को मछली पकड़ने के अच्छे तरीके सीखाने के लिए सतपाती महाराष्ट्र कोजन बैरावल और तुतुकेड़ी तमिलनाडु आदि स्थानों पर प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए गए।
3. इस प्रकार मछली पकड़ने और उनकी बिक्री के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।
4. मछली को सुरक्षित रखने के लिए शीत भण्डार सरकार द्वारा स्थापित किए।
5. मछली को नए साधनों की खोज के लिए भारत सरकार के द्वारा मछली अनुसंधान शालाऐं स्थापित की गई हैं जिसके अन्तर्गत मछलियों का उत्पादन बढ़ाने अच्छी नस्ल की मछली के पालन संबंधी अनुसंधान किए गए हैं।
6. मछुओं की दशा सुधारने के लिए सहकारी समितियां स्थापित की गई हैं जिनका कार्य अपने सदस्यों की पकड़ी गई मछलियों को बेचना और मछुओं को आर्थिक सहायता देना हैं।

सरकार द्वारा मत्स्यद्योग विकास के साथ-साथ मछुआ,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को तकनीकी जानकारी तथा आर्थिक सहायता प्रदान करने एवं उनके कल्याण हेतु कई योजनाऐं संचालित हो रही हैं, जिसमें से प्रमुख इस प्रकार हैं मत्सयबीज उत्पादन, मछुआ

सहकारिता, मत्स्य पालन प्रसार, शिक्षण और प्रशिक्षण, शिक्षण प्रशिक्षण– मछुआरों का अध्ययन, जलाशयों एवं नदियों में मत्स्यद्योग का विकास, अनुसंधान, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, फिशर क्रेडित कार्ड योजना, मछुआ आवास योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, बचत सहराहत योजना, जनशक्ति बीमा योजना, डेफर्ड वेजेस योजना, जलदीप योजना, अन्तदर्शीय कृषक विकास अभिकरण आदि योजनों के माध्यम से राज्य एवं केन्द्र सरकार मछुवारों को आगे बढ़ाने का सतत प्रयास कर रही हैं, जिससे देश में रोजगार वृद्धि होगी एवं सामान्य जनता भी इस योजनाओं को जानकर इस व्यवसाय में रूचि दिखायेंगें। इस व्यवसाय के बारे में किसी ने कहा '**मछली पालन का व्यवसाय उत्तम भोजन, उत्तम आय**'।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मछली पालन विभाग मत्स्योद्योग संचनालय भोपाल।
2. पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय।
3. ग्रामीण स्वास्थ्य समिति प्रशिक्षण पुस्तिका।
4. योजना नई दिल्ली सूचना एवं प्रकाशन विभाग 2002।
5. भारतीय अर्थव्यवस्था पुस्तिका।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

प्राचीन भारतीय राजनय - युद्ध एवं युद्ध के नियम

डॉ. नवीन सक्सेना *

शोध सारांश - प्राचीन भारतीय चिंतकों, महर्षियों, विद्वानों एवं राजनीतिज्ञों ने राजनीति के उपायों में दंड को तथा षड़गुण नीति में विग्रह को स्थान दिया है। प्राचीन भारत में शासन व्यवस्था में युद्ध एक निरंतर प्रक्रिया थी जिसमें प्रत्येक राज्य किसी न किसी रूप में उलझा रहता था। यद्यपि वर्तमान युग में युद्ध को अन्तर्राष्ट्रीयता तथा विश्व शांति की दृष्टि से एक खतरनाक विचार माना जाता है किन्तु फिर भी यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक नग्न सत्य है। विश्व का इतहास साक्षी है कि सदैव शक्तिशाली शासकों ने कमजोर शासकों पर आधिपत्य स्थापित करके स्वयं को शक्तिशाली बनाया। इस दृष्टि से युद्ध की स्थिति को पूर्णत: समाप्त करना सम्भव नहीं है तथापि इस संघर्षपूर्ण स्थिति को कम करने के उपाय अवश्य बताये जा सकते है। प्रस्तुत शोध आलेख प्राचीन भारतीय राजनय व्यवस्था में युद्ध एवं उसके प्रकार तथा युद्ध के सैद्धातिक एवं व्यवहारिक नियमों का विवेचन करता है।

प्रस्तावना - प्राचीन भारतीय चिंतक बाह्य चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले परिणामों से भलीभांति परिचित थे। वे युद्ध की विभीषिका से भी परिचित थे। इसलिए युद्ध को उन्होंने अंतिम उपाय के रूप में स्वीकार किया तथा युद्ध की भयंकरता तथा राजाओं की विध्वंसकारी प्रवृत्ति को नियंत्रित करने की दृष्टि से उन्होंने युद्ध के नियमों, उद्देश्यों, रणनीति की विस्तृत रूप से व्यवस्था दी। प्रस्तुत शोध पत्र में एतिहासिक पद्धति का प्रयोग करते हुए द्वितीय स्त्रोतों से शोध सामग्री प्राप्त करते हुए तथा प्राचीन भारतीय ग्रंथों से सामग्री का संयोजन किया गया है। प्राचीन भारत में युद्ध को यान की संज्ञा दी जाती थी जिसका अर्थ होता है अभियान। अर्थात जब एक शासक दूसरे शासक पर आक्रमण करता है तो उसे यान कहा जाता है। आचार्य शुक्र के अनुसार 'शत्रु को पराजित कर उसका दमन करने का कार्य युद्ध या विग्रह कहलाता है।' आचार्य कामदंक का मत है, 'युद्ध में दोनों पक्ष एक-दूसरे को क्षति पहुंचाने के लक्ष्य की ओर प्रवृत्ता हो जाते है' आचार्य कोटिल्य ने विग्रह को परिभाषित करते हुए इसे अपकारों विग्रह कहा है अर्थात शत्रु का अपकार करना ही विग्रह है।'

आधुनिक युग के विद्वानों ने भी युद्ध को परिभाषित किया है। लारेन्स के अनुसार 'युद्ध राज्यों अथवा जातियों के बीच सरकारी शक्ति का किया गया संघर्ष है जिसका उद्देश्य शांतिपूर्ण सम्बंधों को समाप्त करके उसके स्थान पर शत्रुता की स्थापना करना।' इसी प्रकार हॉल ने इसका स्वरूप स्पष्ट करते हुए लिखा है 'जब दो राज्यों के बीच मतभेद इतने बढ़ जाते है कि दोनों पक्ष बल प्रयोग का अवलम्बन करते हैं तो दोनों में युद्ध का सम्बंध स्थापित हो जाता है।' प्रोफेसर ओपन हाइम का मत है कि युद्ध का उद्देश्य है कि एक पक्ष दूसरे को हरा दे तथा फिर उससे बलपूर्वक शर्ते मनवा ले।'

प्राचीन भारत के महान चिंतकों ने युद्ध में नैतिकता को उच्चतम स्थान प्रदान किया। युद्धरत पक्षों द्वारा निर्धारित नियमों, आदर्शों एवं मानदण्डों के अनुरूप आचरण करने की अपेक्षा की जाती थी। नियमों के उल्लंघनकर्ता को दण्डित भी किया जाता था तथा उसे विधर्मी तथा पापी कहा जाता था। देश, काल एवं परिस्थिति के अनुसार एक शासक के लिए धर्म युद्ध तथा कूट युद्ध दोनों के ही प्रयोग को उचित माना जाता था किन्तु किसी भी प्रकार का युद्ध करते समय शासक को युद्ध क्षेत्र में निर्धारित नियमों का पालन अवश्य करना पड़ता था। मुख्य रूप से प्राचीन भारत में किये जाने वाले युद्धों में निम्नलिखित नियमों का प्रचलन था -

1. एक शासक को सदैव अपने प्रतिद्वन्दी शासक के साथ युद्ध करना चाहिए, किसी अन्य सैनिक के साथ युद्ध नहीं करना चाहिए।
2. प्राय: दोनों पक्षों की सेनाओं के प्रत्येक सैनिक को एक दिन में एक ही सैनिक से युद्ध करना चाहिए। विरोधी सैनिक के घायल हो जाने पर अथवा मारे जाने पर अन्य सैनिकों से युद्ध नहीं करना चाहिए अपितू युद्ध वहीं रोक देना चाहिए।
3. युद्ध में घायल नि:शस्त्र एवं निहत्थे व्यक्ति पर वार नहीं करना चाहिए। बूढ़े, बच्चे, स्त्रियाँ, असहाय व्यक्तियों, अपंग व्यक्तियों पर आक्रमण न किया जाये।
4. युद्ध में सदैव पक्ष एवं विपक्ष द्वारा सूचना देकर युद्ध आरंभ किया जाये। कभी भी किसी भी पक्ष की सेना पर धोखे से आक्रमण नहीं किया जाये साथ ही दो सैनिक यदि आपस में युद्ध कर रहे हो तब किसी तीसरे सैनिक द्वारा उनमें से किसी एक पर वार नहीं किया जाना चाहिए।
5. युद्ध में शत्रु सेना की शक्ति के भय से यदि कोई सैनिक युद्ध क्षेत्र को छोड़कर भाग जाये तब उसका पीछा करके उस पर हमला नहीं करना चाहिए।
6. भोजन करते हुए, सोते हुए या मादक पदार्थों के सेवन में लीन एवं नशे में धून्त सैनिकों पर आक्रमण नहीं करना करना चाहिए।
7. ऐसे घातक अस्त्र जो विष से भरे हो अथवा जिनके प्रयोग से सम्पूर्ण शरीर में विशेष प्रकार की भयानक पीड़ा उत्पन्न होती हो, उनका प्रयोग न किया जाये।
8. जिस सैनिक का शस्त्र टूट गया हो, वाहन नष्ट हो गया हो उस पर भी अस्त्र नहीं चलना चाहिए।
9. मोक्ष मार्ग का अवलम्बन करने वाले साधु, भोजन करने वाले सैनिक, सोते या थके सैनिक भी अवध्य माने जाने चाहिए।

* राजनीति विज्ञान विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

10. मनु के अनुसार जिसका वाहन नष्ट हो गया हो, नपुसंक हो, हाथ जोड़े खड़ा हो, जिसके बाल खुले हो, शरणागत हो, सोया हुआ हो, कवचविहिन हो, आयुध नष्ट हो गए हो या शोकाकुल हो। ऐसे शत्रु को रणक्षेत्र में नहीं मारना चाहिए।

इस प्रकार युद्ध के खतरों को कम करने के लिए तथा कम से कम विनाश के लिए प्राचीन विद्धानों ने युद्ध क्षेत्र में प्रयुक्त किये जाने वाले युद्ध के नियमों का निर्माण किया तथापि अनेक उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि कई शासकों द्धारा युद्ध क्षेत्रों में इन नियमों का उल्लंघन भी किया जाता था। महाभारत में कौरव सेना द्धारा निहत्ते अभिमन्यु का वध तथा अर्जुन द्धारा कर्ण का वध और शोकाकुल द्रोणाचार्य का पाण्डवों द्धारा वध अनुचित था। किंतु उल्लेखनीय है कि आचार्य कोटिल्य ने व्यवहारिक उपाय बताते हुए असमान लोगों के बीच भी युद्ध को उचित बताया है साथ ही शत्रु सेना के सेनापति को मारने पर प्रोत्साहन की व्यवस्था भी की है।

प्राचीन भारत में युद्ध के नियमों में ही युद्धबंदियों के साथ उदार व्यवहार तथा विजित राजा का पराजित राजा के साथ व्यवहार को भी वर्णित किया गया है। युद्ध के नियमों की अवहेलना सामाजिक, नैतिक तथा धार्मिक अपराध था।

प्राचीन भारतीय चिंतकों ने युद्ध में न्यूनतम हिंसा तथा जन सम्पत्ति एवं विनाश को कम करने की दृष्टि से युद्ध के अनेक नियमों का न केवल निर्माण किया अपितु उनके अनुकूल आचरण भी किया। निष्कर्षत: प्राचीन भारतीय युद्ध नियम वर्तमान युद्ध के अंतर्राष्ट्रीय नियमों (जेनेवा तथा हेग कन्वेशन) से किसी प्रकार कम नहीं थे साथ ही यह भी निष्कर्ष निकलता है कि प्राचीन भारत में युद्ध के नियमों का निर्माण किया गया किंतु इसमें संदेह है कि इनका पूर्णत: पालन किया जाता था।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. अंतर्राष्ट्रीय कानून, बाबूलाल फड़िया - पृष्ठ 312
2. हाल - इण्टरनेशनल लॉ अष्टम संस्करण - पृष्ठ 8
3. ओपन हाइम - इण्टरनेशनल लॉ - पृष्ठ 200
4. डॉ. काणे - धर्मशास्त्र का इतिहास, द्धितीय भाग - पृष्ठ 684
5. एल.एल चटर्जी, इण्टरनेशनल लॉ एण्ड इन्टर स्टेट रिलेशंस इन एनशिएण्ट इंडिया - पृष्ठ 120
6. महाभारत - शांति पर्व 95/1
7. मनु स्मृति - 7, 91-93
8. मनोरमा जोहरी - पोलिटिक्स एण्ड एथिक्स इन एनशिएण्ट इंडिया - 1968

****

दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) प्रमुख उपलब्धियॉ एवं वर्तमान परिदृश्य

डॉ. रेखा साहू *

शोध सारांश – 7-8 दिसंबर 1985 को ढाका मे हुए अपने प्रथम शिखर सम्मेलन से लेकर 26-27 नवम्बर 2014 को काठमाण्डू में हुए, शिखर सम्मेलन तक सार्क ने एक लम्बी दूरी तय की है। यद्यपि यह सम्मेलन आसियान एवं अन्य क्षेत्रीय संगठनों की तुलना मे बहुत ही धीमी गति वाला संगठन रहा है तथा हाल ही मे पाकिस्तान मे प्रस्तावित 19 वे सार्क सम्मेलन के स्थगित होने के कारण जहॉ इसकी प्रासंगिकता पर ही प्रश्न चिन्ह लगा है। वही दूसरी और सार्क के पिछले सम्मेलन 2007 नई दिल्ली, 2008 कोलंबो, 2010 थिम्पू भूटान 2011 आडू सिटी मालद्वीब ओर 2014 का काठमाण्डू सम्मेलन सफलता के उद्देश्य से उल्लेखनीय है। जहॉ एक ओर जनवरी 2006 मे साफ्टा जिसकी स्थापना के पश्चात इसके प्रावधानो को वर्ष दर वर्ष प्राप्त करने का प्रयास किया गया वहीं दूसरी और उक्त संगठन की अंदरूनी कलह ओर द्वेष एवं पारस्परिक विवाद, इसके निर्णय एवं उपलब्धियों पर प्रश्न भी खडा करते है।प्रस्तुत शोध पत्र सार्क सम्मेलनो मे प्राप्त की गई उपलब्धियों एवं लिये गये निर्णयो के आलोक मे सार्क की भूमिका एवं प्रासंगिकता का अध्ययन करता हैं। साथ ही यह सार्क के मार्ग में आने वाली बाधाओं एवं उन विवादो को दूर करने संबंधी कुछ संक्षिप्त सुझाव भी उल्लिखित करता है।

शोध व्याख्या – दक्षिण एशियाई क्षैत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) दक्षिण एशियाई देशो का संगठन हे जिसकी स्थापना 1985 में की गई यह संगठन सामूहिक आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए आर्थिक, तकनीकि, सामाजिक, ओर सांस्कृतिक विकास के लिए वचनबद्ध है। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका ओर मालद्धीप इसके सदस्य देश है। 14 वे शिखर सम्मेलन 2007 के दोरान अफगानिस्तान सार्क का 8 वॉ सदस्य बनाया गया है। यह संगठन लगभग 1.5 बिलियन लोगो का प्रतिनिधित्व करता है। जो विश्व की जनसंख्या का 22% है। सार्क संगठन में पर्यविक्षक राष्ट्र का दर्जा प्राप्त 9 देश है- चीन, सोवियत संघ, ईरान , दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, म्यांमार और अमेरिका। उक्त संगठन का मुख्यालय काठमांडू में है और इसके चार्टर मे 10 धाराएँ है। यद्यपि भारत पाकिस्तान के हाल ही मे उपजे तनाव के कारण 3 नवंबर 2016 का प्रस्तावित सार्क सम्मेलन स्थागित किया जा चुका है, किन्तु सार्क द्धारा पिछले सम्मेलनो में लिये गये निर्णय और उपलब्धियॉ भी महत्वपूर्ण है और इस संगठन की आवश्यकता और महत्व को प्रतिपादित करती है।

प्रमुख शिखर सम्मेलन और उपलब्धियॉं – 1985,1986 एवं 1987 में आयोजित शिखर सम्मेलन जहॉ सार्क की ओपचारिक संरचना से सम्बन्धित रहे, वही इस संगठन ने सदस्य देशों के मध्य धीरे-धीरे विश्वास अर्जित करना प्रारंभ किया तथा आपसी वाद-विवादो से परे व्यापारिक, तकनीक, पर्यटन और पर्यावरणीय सहयोग हेतु सदस्य देशो को प्रेरित किया।1993 मे सातवे शिखर सम्मेलन ढॉका मे आयोजित किया गया जिसमें, वरीयता व्यापार व्यवस्था पर सहमति बन पाई और सार्क के सदस्यो ने व्यापार को उदार बनाने पर जोर दिया। 1995 मे नई दिल्ली मे आयोजित आठवे सम्मेलन मे सार्क देशो ने अपने क्षेत्र मे गरीबी निवारण पर विशेष ध्यान दिया और 1995 को दक्षेस गरीबी वर्ष ओर वर्ष 1996 को दक्षेस निरक्षरता उन्मूलन वर्ष घोषित किया गया। वहीं SAFTA को स्वीकृति भी प्रदान की गयी तथा दक्षिण एशिया विकास कोष (SADF) के गठन का निर्णय हुआ।2002 में काठमाण्डू में आयोजित 11 वें सम्मेलन मे जहाँ आतकंवाद का मुद्दा हावी हुआ वही 12 वे सम्मेलन इस्लामाबाद में गरीबी उन्मूलन हेंतु साझाकोष व दो सूत्री सामाजिक चार्टर के निर्माण पर बल दिया गया।

2005 में आयोजित 13 वे सम्मेलन, ढॉका में सदस्य देशो के तीव्र आर्थिक विकास और सामाजिक उन्नति के प्रयास किये गये। दोहरे करों को समाप्त करने, वीजा नीति उदार बनाने और SAFTA को 2006 तक लागू करने की प्रतिबद्धता की गयी।14 वॉ शिखर सम्मेलन नई दिल्ली भी अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है, जिसके अन्तर्गत प्रथम बार पर्यविक्षक राष्ट्र अमेरिका, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय संघ शामिल हुए। 8 सूत्री घोषणा पत्र के अंतर्गत गरीबी, आतंकवाद व संगठित अपराधो को सामूहिक खतरा मानते हुए संकल्प लिया गया, साथ ही 2008 को अच्छे शासन का वर्ष घोषित करते हुए दक्षेस विश्वविद्यालय का प्रस्ताव महत्वपूर्ण उपलब्धि रहीं। कोलम्बो में आयोजित सम्मेलन 2008 की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि आठ सदस्य राष्ट्रो का शामिल होना रही, साथ ही सम्मेलन के समापन पर 41 सूत्रीय घोषणा पत्र के माध्यम से सदस्य देशो के नागरीको के कल्याण के लिये सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास के लिये विशेष बल दिया गया।

16 वॉ सम्मेलन 2010 थिम्पू के आयोजित किया गया। यह सार्क का रजत जयंती वर्ष था जिसकी थीम रखी गयी।Towards a green and happy South Asia उक्त सम्मेलन मे आस्ट्रेलिया और म्यांमार ने प्रथम बार पर्यविक्षक के रूप मे भाग लिया तथा अंत:क्षैत्रीय सम्पर्क पर विशेष ध्यान के केन्द्रित किया गया।2011 मे मालद्धीव के आडूसिटी मे आयोजित शिखर सम्मेलन 'Building Bridges' की थीम पर केन्द्रित था। 20 बिंदूओ के जारी घोषणा-पत्र में क्षैत्रीय रेल समझौता, क्षैत्रीय ट्रॉसपोर्ट समझौता, महिला सशक्तिकरण आदि उपलब्धियॉ उल्लेखनीय रही।तीन वर्ष पश्चात् आयोजित 18 वे शिखर सम्मेलन के नेपाल के सुशील कोइराला की अध्यक्षता मे महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। Deep Integration for peace

* अर्थशास्त्र विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

and Prosperity थीम पर आयोजित यह सम्मेलन 8 सदस्य देश व 9 पर्यविक्षक राष्ट्रो का सफल सम्मेलन था। भारत द्वारा तात्कालिक वीजा व 3 से 5 वर्ष हेतु व्यापार वीजा की घोषणा इसकी महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। दो महत्वपूर्ण समझौते प्रथम दक्षेस क्षेत्रीय रेल समझौता और मोटर वाहन समझोते पर यद्यपि हस्ताक्षर नही हो सके, किन्तु उर्जा समझोता सदस्यो की महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। सन् 2016 को दक्षेस सांस्कृतिक विरासत वर्ष घोषित किया गया।

सार्क की सफलताऍं व समस्याऍं – सार्क का 19 वॉ शिखर सम्मेलन यद्यपि अनिश्चितता के भंवर मे है, किन्तु फिर भी उक्त संगठन ने धीरे–धीरे ही सही महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ अर्जित की है। जहॉ एक और सामाजिक, आर्थिक सांस्कृतिक समस्याओ ओर उनके निवारण के उपायो पर बल दिया गया है,वही संचार, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण जैसे मुद्दो पर भी सार्क की उपलब्धियॉ विशेष है।आतंकवाद की समस्या पर समस्त सदस्य राष्ट्रो ने सदैव चिन्ता जाहिर की है साथ ही नशीले पदार्थो की तस्करी पर प्रतिबन्ध लगाने की प्रतिबद्धता जाहिर की हे। सार्क क्षैत्रीय योजना कोष, सार्क विकास फण्ड दक्षिण एशियाई समिति SAPTA और SAFTA के द्वारा उदार व्यापार नीतियो, आपराधिक मामलो में पारस्परिक सहायता, नि:शस्त्रीकरण तथा दक्षेस विश्वविद्यालय की उपलब्धियॉ भी उल्लेखनीय है। विश्व के अन्य संगठनो का समायोजन भी दक्षेस की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

सार्क गरीब व अविकसित राष्ट्रो का संगठन है। संघर्ष और सहयोग सार्क की प्रकृति मे है। सार्क देशो के बीच परस्पर विरोधी राष्ट्रीय हितो के परिणामस्वरूप अत्यधिक मतभेद है। इसके अतिरिक्त सार्क के मार्ग मे अनेक संस्थागत तथा कार्यात्मक बाधाऍं है।

1. दक्षिण एशिया की अपनी कोई प्रथक पहचान नहीं है। पाकिस्तान स्वयं को इस्लामिक मध्यपूर्व का राष्ट्र मानता है। नेपाल कभी चीन की ओर देखता है तो कभी भारत की और । श्रीलंका भी आसियान की सदस्यता का इच्छुक रहा है।
2. दक्षेस देशो में सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यधिक विविधता है। इसमे 3 इस्लामिक , 2 बौद्धय , एक हिन्दू ;अब धर्म निरपेक्षद्ध और भारत । इनके दृष्टिकोण और नीतियॉ एक दूसरे के विरोधी है।
3. दक्षेस देशों में भारत आकार, जनसंख्या और शक्ति की दृष्टि से बडे भाई की स्थिति रखता है। जिससे छोटे देशो की आशंका और अविश्वास की संभावना निरन्तर बनी रहती है।
4. दक्षेस देशो के मध्य आपस में कई विवाद है। भारत और पाकिस्तान तनाव के कारण तो सम्मेलन के स्थगित होने की ही स्थिति में निर्मित हो गयी है।
5. सार्क के शिखर सम्मेलन में प्रत्येक राष्ट्र का भाग लेना अनिवार्य है। एक भी सदस्य की असमर्थता के परिणामस्वरूप सार्क सम्मेलन आयोजित नही किया जा सकता। कई बार इस कारण देशो के मध्य बैठक और वार्ताऍं प्रभावित हुई है।
6. सार्क के देश विकासशील देशों की श्रेणी में आते है। आर्थिक विकास की दृष्टि से इनमे विभिन्नताऍं है। इन देशो के व्यापारिक संबंध कमोवेश उपनिवेश वादी ढांचे द्वारा ही संचालित हो रहे है।
7. सार्क देशो के मध्य व्यापार समझौते तो है। किन्तु भुगतान सुविधा के अभाव ,यातायात तथा संचार साधनो की कमी सार्क देशो के मध्य में बाधा है।
8. जनसंख्या वृद्धि , भ्रष्टाचार , गरीबी के दुष्चक्र और पर्यावरण के गिरते स्तर के कारण ये देश अन्तराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विकास का लाभ उठाने मे असमर्थ रहे है।
9. मादक द्रव्य और आतंकवाद जैसे विश्वस्तरीय खतरों का केन्द्र सार्क देशों में स्थित है। अत: सार्क की क्षमता अधिकतर इनसे निपटने में ही समाप्त हो रही है।
10. सार्क देशो मे प्रथक–प्रथक शासन प्रणालियों के कारण पूर्व से ही विद्यमान समस्याऍं और गंभीर हो गयी है।
11. सार्क देशो की अर्थव्यवस्था परस्पर पूरक होने की बजाय प्रतिस्पर्धी अधिक है। भारत और बांग्लादेश जूट उत्पादन, भारत और श्रीलंका चाय उत्पादन और भारत और पाकिस्तान चावल और शक्कर तथा पाकिस्तान और श्रीलंका सूती वस्त्र में अंतराष्ट्रीय व्यापार में परस्पर प्रतिस्पर्धी है।
12. दक्षिण एशिया में घरेलू तनाव अनेक बार अंतर्राज्यीय तनाव में परिवर्तित होकर सार्क को प्रभावित कर रहे है।

वास्तव में चिन्ता का प्रमुख कारण आतंकवादी घटनाओ को पाकिस्तान द्वारा परोक्ष समर्थन दिया जाना और भारत–पाकिस्तान के मध्य निरन्तर तनाव है जो दक्षेस को प्रभावित कर रहे है। साथ ही सदस्य देशों द्वारा दी जा रही उदार नीतियो का लाभ लेने के पश्चात् भी भारत की और से व्यर्थ की आशंकाओ एवं भय व प्रतिस्पर्धा की भावना इस संगठन की प्रगति मे बाधक है। निश्चित ही सदस्य देशो के पारस्परिक विवाद शीघ्र हल होंगे और यह संगठन पुन: प्रगति मार्ग पर आगे बढ़ सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और समसामयिक मुद्दे – डॉ . रामदेव भारद्वाज
2. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति – खन्ना वी . एन .
3. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति – डॉ . बी . एल . फड़ियॉ
4. भारत के विदेश नीति – हरीश कुमार खत्री
5. अंतर्राष्ट्रीय संगठन – डॉ . प्रभु दत्त शर्मा

****

आचार्य कौटिल्य (चाणक्य) के कूटनीतिक सिद्धांत और समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध-एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. नवीन सक्सेना *

शोध सारांश - लगभग 2500 वर्ष पूर्व ही महान कूटनीतिज्ञ एवं सिद्धांतकार आचार्य विष्णुगुप्त ;कौटिल्य अथवा चाणक्य के द्वारा रचित सिद्धांत सामयिक विश्व और समकालीन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सदृश्य होते है। कौटिल्य द्वारा यथार्थवादी अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का जीवन्त चित्रण उनकी प्रसिद्ध कृति 'अर्थशास्त्र' मे वर्णित है। उक्त विचार आज भी वर्तमान राजनय ;कूटनीति एवं विदेशनीति का प्रकाश स्तम्भ कहलाते हैं। कौटिल्य द्वारा मण्डल सिद्धांत ,षढगुण नीतिचार्तुपाय , दौत्य (दूत) व्यवस्था, सन्धि व्यवस्था, गुप्तचर व्यवस्था पर जो रोचक और यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया गया है, वह हजारो वर्षो बाद आज भी अंतर्राष्ट्रीय संबंधो मे प्रासंगिक है। वास्तव मे विश्व राजनीति में आज विश्व की महाशक्तियॉ एवं सम्प्रभु राज्य वैसा ही आचरण करते प्रतीत होते हे, जिस प्रकार का वर्णन हजारो वर्ष पूर्व कौटिल्य द्वारा वर्णित किये गये है। उक्त संदर्भ मे यह आलेख कौटिल्य द्वारा रचित सिद्धांतो और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति मे उनके प्रभाव और उपयोगिता की तुलना का संक्षिप्त प्रयास हैं ।

शोध- व्याख्या - कौटिल्य की प्रसिद्ध रचना 'अर्थशास्त्र' का सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग वह है, जिसके अंतर्गत वह यथार्थवाद के आधार पर अन्तर्राज्य संबंधो का वर्णन करता है। शक्तिशाली और कमजोर राज्य के अधिकार और कर्तव्य, षढ़गा नीति , सन्धि व्यवस्था, दूत व्यवस्था, मण्डल सिद्धांत आदि के वर्णन द्वारा कौटिल्य ने ऐसे यथार्थ अंतर्राष्ट्रीय संबंधो का वर्णन किया है। जो पाश्चात्य राजनीतिक सिद्धांतकारों द्वारा भी नही सोचे गये है। इसी तथ्य से यह बात भी प्रमाणित होती है, कि भारत को असभ्य सपेरो और लुटेरो का देश मानने वालो को वास्तव मे हमारी साहित्यिक , सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान ही नही है, क्योंकि कौटिल्य द्वारा वर्णित ये नियम ना केवल मोर्य और गुप्त साम्राज्य के पथ-प्रदर्शक बने हे, बल्कि लगभग 2500 वर्ष पश्चात् भी समकालीन अंतर्राष्टीय राजनीति और संबंधो मे भी इन्ही यथार्थवादी नियमो का पालन राष्ट्रराज्य करते नजर आते है।कौटिल्य ने अंतर्राज्यीय सम्बन्धों के बारे मे नवीन और मौलिक सिद्धांतो का प्रतिपादन किया है। भारती मुकर्जी ने अपनी पुस्तक 'kautilya's concept of Displomacy' मे 'अर्थशास्त्र' को अंतर्राज्य सम्बन्धो पर महानतम ग्रंथ माना है। अपने अंतर्राज्य सम्बन्धों कर्ान करते समय कौटिल्य ने 'मण्डल सिद्धांत' षडगुण-नीति, राजदूत-व्यवस्था, सन्धि-व्यवस्था और गुप्तचर के कार्य और भूमिका आदि का नियमन किया है

कौटिल्य का यथार्थवादी चिन्तन - मण्डल सिद्धांत कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित महत्वपूर्ण कूटनीतिक सिद्धांत है। कौटिल्य ने मुख्य राज्य के आस-पास स्थित भौगोलिक क्षेत्रो तथा वहॉ स्थित राष्ट्रों को मण्डल कहा है।मुख्य राज्य सहित 12 राज्यो का समुदाय 'मडल' होता है, जिसमे राष्ट्र की अवस्थिति के अनुसार अरि- राज्य 'शत्रुराज्य', मित्र- राज्य, अरि-मित्र, मित्र-मित्र राज्य, मध्यस्थ राज्य और उदासीन राज्य की श्रेणी मे बॉटा गया है।ये राज्य है- विजिगिशु (मुख्य राज्य0, मित्र राज्य (मुख्य राज्य की सीमा पर उपस्थित राज्य), मित्र राज्य (अरि से लगा राज्य), पाष्णिग्राह (सीमा पर पिछे लगा शत्रु) आक्रन्दसार (पिछे की और मित्र), मध्यम राज्य (मुख्य राज्य और शत्रु के मध्य) उदासीन राज्य आदि श्रेयॉ आज भी अंतराष्ट्रीय राजनीति और संबंधो में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

अर्थशास्त्र मे कौटिल्य ने **षढगुण नीति** राज्यों को पारस्परिक संबंधो मे अपनाने का वर्णन किया हैं। ये छः नीतियॉ है- सन्धि, विग्रह (विरोध), आसन (चुप होकर बैठ जाना) यान (चढाई करना जब शत्रु कमजोर हो), द्वैधीभाव (दोहरी नीतिद्ध)और समाश्रय (शक्तिशाली राज्य का आश्रय लेना) ।ये विशिष्ट नीतिया विशिष्ट समय ओर परिस्थिति अनुसार प्रयोग की जाती है। और समकालीन राष्ट्र -राज्य भी इनका समयानुसार प्रयोग करते है।

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की विषयवस्तु **राजदूत व्यवस्था** से संबंधित रही है। कौटिल्य ने दौत्य सम्बन्ध (राजनय या कूटनीति) का यथार्थ वादी और विवेकपूर्ण वर्णन किया है। निसृष्टार्थ (सर्वनिर्णय समर्थ दूत) परिमितार्थ (सिमित निर्णय शक्ति समर्थ) शासनहर (केवल वार्ता शक्ति समर्थ दूत) के रूप मे कौटिल्य ने दूतो की श्रेणियॉ बताई है, साथ ही दूत के कार्य व भूमिका और उन्हे प्राप्त होने वाले विशिष्ट लाभ और विशेषाधिकारों का वर्णन किया है।

कौटिल्य का यथार्थवादी विश्लेषण **गुप्तचर व्यवस्था** के अंतर्गत दिखायी देता है। कौटिल्य द्वारा गुंप्तचरी के जो प्रकार एवं उपाय अर्थशास्त्र के अधिकरणों में बताये है, वे पूर्णतः यथार्थवादी है, और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में जीवन्त है। यद्यपि गुप्तचरी व्यवस्था वर्तमान मे प्रतिबन्धित है, किन्तु जिस प्रकार राष्ट्र राज्यों द्वारा आज भी दूसरे राष्ट्रो के भेद जानने हेतु व कमजोर करने हेतु इसका प्रयोग किया जाता है, उनका पथ प्रदर्शक कौटिल्य ही है। कापटिक (भेष बदलकर रहने वाले जासूस) उदास्थित (बुद्धिमान और चतुर जासूस) गृहपतिक (किसान और गृहस्थद्ध वैदहिक) व्यापारीद्ध तापस (तपस्वी वेश धारण करने वाला) सन्त्री (राजभक्त) तीक्ष्ण (वीर जासूस) रसद गुप्तचर (कूट जासूस) और भिक्षुकी (विधवा ब्राह्मणी अथवा दासी) आदि। उक्त गुप्तचरी के प्रकारो का प्रयोग यदा-कदा राष्ट्र राज्यों द्वारा किया गया है।

अपने उक्त यथार्थवादी सिद्धांतो में कौटिल्य द्वारा नैतिक-अनैतिक का

* राजनीति विज्ञान विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

भेद नही किया गया है, क्योकि वास्तव मे अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध केवल कोरी नैतिकता के आधार पर ही संचालित नही होते । और यह तथ्य कौटिल्य के समय से लेकर आज तक प्रासंगिक बना हुआ हे।

समकालीन अन्तराष्ट्रीय राजनीतिक और कौटिल्य का यथार्थवादी चिंतन।

उक्त संदर्भ मे निम्न निष्कर्षो द्वारा ये तथ्य प्रमाणित किये जा सकते है।

1. साम,दाम , दण्ड और भेद नामक **चातुर्पाय** का वर्णन अर्थशास्त्र मे किया गया है। यह उपाय हमारे सार्वजनिक व्यवहारिक जीवन मे नित् प्रतिदिन दिखायी देते है।, अंतर्राष्ट्रीय संबन्ध इन चातुर्पायो द्वारा ही संचालित होते है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति मे युद्ध ओर संघर्ष को टालने हेतु सर्वप्रथम शांतिपूर्ण उपायों को अपनाने का आग्रह किया है जिनमे संराधन ,वार्ता, शांतीपूर्ण समझौता आदि प्रमुख है। जो साम अर्थात वार्ता और दाम अर्थात कुछ अंश आदि देकर समझौतो से संबंधित है। वही दूसरी और विवादो के निपटारे के बाध्य कारी उपाय भी है, जिनमे युद्ध से पूर्व नाकाबंदी, सैन्य कार्यवाही, आर्थिक प्रतिबंध आदि का सहारा लिया जाता है। वास्तव मे वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय संबंध इन्ही चार उपायो द्वारा संचालित प्रतीत होते है।
2. कौटिल्य के महत्वपूर्ण सिद्धांत **षढगुण नीति** के रूप में प्रचालित है। सन्धि, विग्रह, आसन, यान , द्वैधीभाव और समाश्रय नामक ये छः सिद्धांत राष्ट्रो के मध्य कूटनीति के मूल सिद्धांत है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् सन्धिया और परमाणु हथियारों और पर्यावरण सुरक्षा हेतु की जा रही संधिया वास्तव मे उसी प्रकार की है, जैसा अर्थशास्त्र मे वर्णित हे। शत्रु को कमजोर करने हेतु दोहरी नीतियों का ही सहारा लिया जाता है, और भारत जैसा गुटनिरपेक्ष राष्ट्र भी समाश्रय का सहारा लेकर रूस जैसे शक्तिशाली देश के साथ 1971 मे सन्धि करता है, और पाकिस्तान अमरीका और चीन के सहयोग से भारत के साथ विग्रह का प्रयास करता है।
3. कौटिल्य ने अपनी अर्थशास्त्र मे गुप्तचरी के प्रकार उसके कार्य और भूमिका का व्यवहारिक अध्ययन किया है। उसके द्वारा वर्णित गुप्तचर के प्रकार वे ही है जिस प्रकार के गुप्तचर सामयिक राष्ट्र प्रयोग करते है।यद्यपि आज अंतर्राष्ट्रीय कानून मे गुप्तचर कार्य प्रतिबंधित है, फिर भी कई उदाहरण एसे सामने आये है, जब जासूसो के पकडे ज़ाने के कारण देशों के मध्य संबंध प्रभावित हुए है। शीतयुद्ध के दौर मे अमरीका – सेवियत संघ द्वारा जासूसो के माध्यम से ही स्वयं को सशक्त करने का प्रयास किया गया। RAW,ISI,MOSAD,MI3 आदि एजेन्सीयॉ गुप्तचरी उपायो को ही प्रभावहीन करने का महत्वपूर्ण कार्य करती है।
4. कौटिल्य का मण्डल सिद्धांत राष्टो के भौगोलिक क्षेत्र और उस आधार पर उनकी प्रकृति को निरूपित करने वाला सिद्धांत है। एक राज्य के आस – पास एवं दूर के भौगोलिक क्षेत्र अनुसार शत्रु राज्य एवं मित्र राज्य का किया गया वर्गीकरण आज भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति मे प्रासंगिक है। अधिकांश देशो के ठीक सीमा से लगा राज्य अरि राज्य (शत्रु राज्य) होता है, और शत्रु राज्य का मित्र हमारा भी शत्रु होगा, और अरि का शत्रु राज्य हमारा भी मित्र होगा, यह तथ्य सर्वविदित है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधो में अरि, मित्र, अरि –मित्र, मित्र–मित्र, उदासीन और मध्यम राज्य का यह वर्गीकरण आज भी प्रसंगिक है।
5. कोटिल्य द्वारा दूत व्यवस्था और **दौत्य संबंधो** का सटीक वर्णन किया गया है। राजदूतो के कार्य और भूमिका अंतर्राष्ट्रीय संबंधो मे कौटिल्य के इन सिद्धांतो से ही निरूपित होते हे। निसृष्टार्थ परिमितार्थ और शासनहर नामक श्रैणियों के राजदूतो के समान ही अधिकार सम्पन्न, सीमित अधिकार क्षैत्र वाले राजदूत वर्तमान राजनय मे महत्वपूर्ण है।

वास्तव मे अर्थशास्त्र यथार्थवादी राजनीति पर लिखा गया सुन्दर ग्रंथ है। अर्थशास्त्र के सबसे महत्वपूर्ण भाग अंतर्राज्यीय संबंधो के बारे मे है। कौटिल्य ने सम्भवतः विश्व मे सर्वप्रथम अंतर्राज्यीय सम्बन्धों के महत्व का प्रतिपादन किया है, ओर उन सम्बन्धों के निर्धारण के सिद्धांत बताए है। ये सिद्धांत निश्चित ही समसामयिक अंतर्राष्ट्रीय संबंधो हेतु मार्गदर्शक सिद्ध हुए है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अर्थशास्त्र– अधिकरण 9,12 ,13 – कौटिल्य
2. प्राचीन संस्कृत साहित्य का इतिहास – मैसमूलर
3. कौटिल्यास कॉन्सेप्ट ऑफ डिप्लोमेसी – डॉ . भारती मुकर्जी
4. प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्थाऐं – डॉ . भास्कर अनन्त सैलेतौरे
5. भारतीय विदेश नीति – डॉ . वेद प्रताप वेदिक
6. विश्व सभ्यता के इतिहास की प्रथम श्रंखला– पार्ट 1
7. प्रमुख भारतीय राजनीतिक विचारक – ओ . पी नागपाल , अमृत नाखरे

****

पश्चिम निमाड़ में सांस्कृतिक पर्यटन : गायत्री धाम जामली के विशेष संदर्भ में

डॉ. पंकज कुमार कानूनगो *

प्रस्तावना – भारत एक ऐसा देश है जहाँ की अतुल्य संस्कृति और प्राचीन विरासत उसे विश्व के महानतम राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा कर देती है। यहाँ की प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत, अलौकिक, सौन्दर्य, अनुपम रीति – रिवाज और गाथाएँ सदियों से जनमानस को अपनी ओकर आकर्षित कर रही है। किन्तु इसे भाग्य की विडम्बना कहे या हमारा दुर्भाग्य कि आज भी हम इस अतुल्य संपदा के बावजूद उतना विकास नहीं कर पाए है जितना कि अन्य राष्ट्रों ने किया है।

अन्य देशों की तुलना में भारतीय पर्यटन कई मायनों में अदभुत है। यहाँ पर नदियों और पत्थरों की पूजा होती है, पर्वतों पर देवताओं का वास है, यहाँ वृक्षों के विवाह होते हैं और पशु – पक्षी तथा वन्य जीव देवी – देवताओं के वाहन हैं। इस प्रकार भारतीय पर्यटन न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है बल्कि इसी से अनेक क्षेत्रों का विकास भी हुआ है।

सांस्कृतिक दृष्टि से भी पश्चिम निमाड़ अत्यंत समृद्ध रहा है। पश्चिम निमाड़ मध्यप्रदेश की प्राचीनतम संस्कृति और सभ्यता का केन्द्र स्थल रहा है। पश्चिम निमाड़ का नाम लेते ही उस भू-भाग का स्मरण हो जाता है, जिसके हृदय में नर्मदा रूपी अमृत-सरिता का प्रवाह है। जहाँ विन्ध्याचल और सतपुड़ा सजग प्रहरी के रूप में जिसकी रखवाली में तत्पर है। सुदूर अतीत में जब नदियों के किनारों पर सभ्यता के चरण बढ़ रहे थे और ग्रामों तथा नगरों का विकास नदियों की घाटियों में हो रहा था, उस समय पश्चिम निमाड़ में नर्मदा नदी के तटों पर उसकी घाटियों में सुसंस्कृत, सुसमृद्ध नगर महेष्वर, निमावर, मांधाता, आदि विकसित हो रहे थें। नर्मदा घाटी प्रदेश में बसा यह क्षेत्र आदिकाल से ही संस्कृति प्रधान रहा है। प्रस्तुत शोध के माध्यम से सांस्कृतिक पर्यटन के रूप में उभरते हुए नवीन क्षेत्र गायत्री धाम जामली की विशेषताओं और वहाँ पर पर्यटन की संभावनाओं को तलाषने का प्रयास किया गया है।

शोध की उपयोगिता – संस्कृति किसी भी क्षेत्र का एक अभिन्न हिस्सा होती है। किसी क्षेत्र विशेष के रहन सहन, पहनावे, रीति रिवाज, प्रथाएँ, वहाँ की आस्था, और उस क्षेत्र विशेष की स्थानीय संस्कृति पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। यहीं कारण है कि प्रतिवर्ष हजारों पर्यटक संस्कृतियों के अवलोकन के लिए विभिन्न स्थलों की यात्राएँ करते हैं। प्रस्तुत शोध ऐसे ही इस क्षेत्र के सांस्कृतिक पर्यटन के प्रमुख केन्द्र को वर्णित करता है और अपनी विशेषताओं से जनमानस को आकर्षित करने की क्षमता रखता है। सांस्कृतिक पर्यटन हमारी संस्कृति को बचाने में बहुत उपयोगी है और यही उपयोगिता सांस्कृतिक पर्यटन का महत्वपूर्ण उद्देश्य भी है। इस शोध के माध्यम से पश्चिम निमाड़ में सांस्कृतिक पर्यटन की संभावनाओं को उजागर करने और पर्यटन के माध्यम से इस क्षेत्र को वैश्विक परिदृष्य पर उभारने का प्रयास किया गया है।

विधितंत्र – पश्चिम निमाड़ के पर्यटन केन्द्रों का भौगोलिक अध्ययन करने हेतु प्राथमिक और द्वितीयक दोनों ही प्रकार के समंकों और तथ्यों का संकलन किया गया है। द्वितीयक समंक वर्ष 2001 की जनगणना और जिला सांख्यिकी पुस्तिका वर्ष 2006 पर आधारित है। प्राथमिक समंकों और तथ्यों का संकलन क्षेत्र सर्वेक्षण के द्वारा किया गया है। यथा स्थान पत्र-पत्रिकाओं, इंटरनेट, शासकीय प्रलेखों, जिला गजेटियर संदर्भित पुस्तकों आदि के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के द्वारा भी द्वितीयक समंकों हेतु जानकारी प्राप्त की गई हैं।

समंकों के संकलन उपरांत उनका सारणीयन और विश्लेषण किया गया एवं इसी आधार पर पर्यटन क्षेत्र का अध्ययन किया गया है। संबंधित विषय का गहन अध्ययन, विस्तृत सर्वेक्षण पर आधारित है। आवश्यकता-नुसार छाया चित्रों का प्रयोग किया गया है।

गायत्री धाम जामली :

स्थिति और विन्यास – पश्चिम निमाड़ के बड़वानी जिले का यह भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और जनजागृति केन्द्र है। गायत्री धाम प्राचीन भारतीय संस्कृति पर आधारित एक जनजागृति केन्द्र है जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के अनुरूप सभ्य मानव, सभ्य समाज और समृद्ध राष्ट्र बनाना है। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ पर प्राचीन भारतीय संस्कृति के सभी मापदंडों का समागम दिखाई देता है।

गायत्री धाम बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील के एक छोटे से ग्राम जामली में स्थित है। गायत्री धाम मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 03 पर तहसील मुख्यालय से लगभग 7 किमी. दूर उत्तर दिषा की ओर $21^{0}45'$ उत्तरी अक्षांष और $75^{0}10'$ पूर्वी देशांतर पर स्थित है। इस क्षेत्र के भ्रमण हेतु यहाँ पर मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रमुख नगरों इंदौर, धामनोद, खलघाट ठीकरी, जुलवानिया से होकर पहुँचा जा सकता है। महाराष्ट्र की ओर से आने वाले पर्यटक सेंधवा होकर यहाँ पहुँच सकते हैं। राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यहाँ आने के नियमित बस सेवाएँ सारे दिन उपलब्ध रहती है।

बड़वानी, खरगोन, इंदौर की तरफ से आने वाले पर्यटकों को व्हाया जुलवानिया होकर आना चाहिए। जुलवानिया से यह क्षेत्र लगभग 16 किमी दक्षिण में स्थित है। सतपुड़ा के सुंदर पठार पर बीस एकड़ क्षेत्र में फैला यह धाम वर्तमान में हजारों लोगों की आस्था, शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, व्यसनमुक्ति, स्वालंबन, जैविक कृषि, आत्म जागरण एवं साधना स्थली का जीवंत तीर्थ बन गया है।

* एम.ए., पीएच.डी.

सांस्कृतिक महत्व का इतिहास एवं विशेषताएँ – अखिल विश्व गायत्री परिवार की युग निर्माण योजना के संकल्प से प्रेरित होकर विश्व भर में अनेक सांस्कृतिक एवं जनजागृति केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। इन केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य भटकती मानव संस्कृति को सही मार्ग पर लाना और भारतीय संस्कृति की रक्षा करना है। शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से इसी प्रयास में देशभर में अनेक शक्तिपीठों की स्थापना की गई। इसी श्रृंखला में वर्ष 1982 में सेंधवा के किले के अंदर भी एक गायत्री शक्तिपीठ स्थपित किया गया। इन शक्तिपीठों की गतिविधियाँ मात्र कर्मकाण्डों तक ही सीमित नहीं थी अपितु यहाँ से विभिन्न जनजागृति गतिविधियों का संचालन कार्य प्रारंभ हुआ। व्यसनमुक्त समाज और निर्मल तथा सभ्य भारत वर्ष की धारणा लिए इन शक्तिपीठों की गतिविधियां दिन प्रतिदिन बढ़ती गई। किन्तु इनके प्रयासों को पूर्णता की ओर ले जाने का संकल्प बिरले लोगों ने ही उठाया। इसी वस्तु को ध्यान में रखकर गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक पं. मेवालाल पाटीदार ने सेंधवा से 7 किमी दूर स्थित ग्राम जामली की इस पावन भूमि को इस कार्य हेतु चुना और 4 फरवरी 1995 को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर गायत्री धाम अस्तित्व में आया।

प्रारंभ में यह क्षेत्र विरान था किन्तु अथक प्रयासों और बहुजन हिताय – बहुजन सुताय की भावना से इस क्षेत्र ने दिन दुनी और रात चौगुनी प्रगति की। भारतीय संस्कृति को सहेजने के इस कार्य में अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया और उनके सहायोग का ही यह परिणाम है कि आज 20 एकड़ भूमि में फैला यह आश्रम गायत्री धाम बनकर अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों के संचालन का प्रमुख केन्द्र बनकर पर्याप्त ख्याति अर्जित कर रहा है। एक गाय के सहारे निर्मित हुआ यह आश्रम आज हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र बन चुका है। इस केन्द्र का लोकार्पण 16 अप्रेल 2003 को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं गायत्री परिवार की प्रमुख आदरणीय शैल दीदी के पावन कर कमलों से संपन्न हुआ। वर्तमान में यहाँ से कई प्रकार की गतिविधियों का संचालन होता है, जो कि यहाँ की विशेषताएँ भी है।

गायत्री धाम के विशेष आकर्षण – इस पावन भूमि में चरण रखते ही चित्त शांत हो जाता है और प्राकृतिक सुषमा के मध्य वह अलौकिक शांति प्राप्त करता है। प्रवेश करते ही भव्य स्वागत द्वार सभी आगंतुकों का चित्त आल्हादित कर देता है। कुछ और दूरी पर चलने पर दाये हाथ की तरफ गायत्री परिवार के प्रणेता पं. श्रीराम शर्मा आचार्य और वंदनीय माताजी श्रीमती भगवती देवी शर्मा की पावन स्मारक के रूप में निर्मित दो भव्य छत्रियाँ सजल श्रद्धा और प्रखर प्रज्ञा के रूप में आत्मिक शांति का संदेश देती हुई दिखाई देती है। यहाँ पर इन्हीं गुरूसत्ता के पावन चरण चिन्ह विद्यमान है। पर्यटक इनके दर्शन करके अभिभूत हो जाते हैं। तदुपरांत क्षेत्र के प्रमुख आकर्षणों का सूक्ष्म अवलोकन करते हैं।

1. **आयुर्वेद चिकित्सालय –** गुरूसत्ता की पावन स्मारिका के सम्मुख ही एक आयुर्वेद चिकित्सालय है, जहाँ पर आयुर्वेदिक चिकित्सा के साथ–साथ औषधियाँ भी प्रदान की जाती है। यहीं से इस क्षेत्र में स्वालंबन से निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों का विक्रय भी किया जाता है।

2. **भोजन शाला –** आयुर्वेद चिकित्सालय से कुछ ही दूरी पर दायी और भोजनशाला है और उसी के समीप पाकशाला भी निर्मित है, जहाँ पर आश्रमवासियों और आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था होती है।

3. **साधना कुंज –** भोजन शाला से आगे बायी और हरियाली से आच्छादित साधना कुंज है, जहाँ पर सूर्योदय और सूर्यास्त की गोधुली बेला में नाद योग किया जाता है एवं पश्चात साधना की जाती है।

4. **औषधि वाटिका –** साधना कुंज से कुछ ही दूरी पर एक रमणीय औषधि वाटिका भी है जहाँ पर कई प्रकार की औषधियों का रोपण किया गया है, इसी के निकट एक विश्राम वाटिका भी है जहाँ पर पर्यटक बैठकर असीम आनंद प्राप्त करते हैं।

5. **पिरामिड –** भारतीय संस्कृति में पिरामिड चिकित्सा को ब्रह्मांडीय उर्जा के संग्रहण का स्रोत माना गया है। पिरामिड का उपयोग नकारात्मक उर्जा को सकारात्मक उर्जा में बदल देता है और अस्वस्थ्य मन को स्फूर्ति प्रदान करता है। इसी पिरामिड चिकित्सा को आधार मानकर यहाँ पर एक पिरामिड का निर्माण भी वास्तु अनुरूप किया गया है जिसका उपयोग चिकित्सा कार्य में किया जाता है।

6. **एकलव्य गुरूकूल –** ऋषियों के देश में गुरूकूल परंपरा से ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को अंगीकार किया जाता रहा है और यह सब सात्विक आहार विहार एवं संयमित जीवन से ही संभव है। प्रतिभावान, अभावग्रस्त छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन से युक्त कक्षा पहली से आठवीं तक का एक विद्यालय भी यहाँ पर संचालित है जो कि एकलव्य गुरूकूल के नाम से जाना जाता है। यहाँ पर प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति के अनुरूप अध्यापन कार्य कराया जाता है। इन बच्चों को अध्ययन के साथ – साथ कर्मकाण्ड और भारतीय संस्कृति की शिक्षा भी प्रदान की जाती है। इसी गुरूकूल में विद्यार्थियों की आवास व्यवस्था भी है। इसके निकट आश्रम कार्यकर्ताओं का आवास स्थल भी है।

7. **प्राणदीप कुंज –** औषधि वाटिका के निकट एक बहुत ही सुंदर वास्तु संरचना दृष्टिगोचर होती है, जो चारों ओर से पुष्पलताओं और हरितिमा से आच्छादित है, इसे प्राणदीप कुंज कहते हैं। पर्यटक इस प्राणदीप कुंज की वास्तु संरचना देखकर मंत्रमुगध हो जाते हैं। यहाँ पर वेदमाता गायत्री की मनोहारी प्रतिमा और पूज्य गुरूदेव की तपस्थली मथुरा से लाई गई ज्योत से प्रज्जवलित एक अखण्ड गौघृत दीपक है जो कि यहाँ पर निरंतर प्रज्जवलित रहता है। इसके सान्निध्य में साधकगण सूर्य उदय से सूर्यास्त तक नित्य गायत्री महामंत्र का अखण्ड जप एवं सूर्योदय और सूर्यास्त के समय नित्य अग्निहोत्र करते हैं।

प्राणदीप कुंज के पीछे एक छोटा सा तालाब भी है। वर्षाकाल में पहाड़ी से गिरने वाला झरना इस तालाब में पानी संग्रहित करने का काम करता है। उस समय इस स्थान का सौंदर्य अत्यंत ही मनोहारी लगता है और वातावरण में एक दिव्यता का अनुभव होता है।

8. **प्राकृतिक चिकित्सालय –** प्राणदीप कुंज के निकट ही प्राकृतिक चिकित्सालय भी है जहाँ पर प्राकृतिक विधि से विभिन्न रोगों का उपचार किया जाता है। प्राकृतिक चिकित्सा जीवन जीने की पद्धति सिखाती है। इसमें शरीर शुद्धिकरण के द्वारा विजातीय द्रव्यों को शरीर से बाहर निकाला जाता है। यहाँ पर एनीमा, सूर्य वाष्प, स्टीम बाथ, स्पाइनल टब बाथ, कटि स्नान, सर्वांग पंचगव्य, केप, मिट्टी, घृतकुमारी लेप एवं सूर्य आकाष, पृथ्वी, वायु, जल जैसे प्रत्यक्ष शरीर निर्माण करने वाले पंचतत्वों से उपचार किया जाता है। इसी के साथ पिरामिड चिकित्सा, उपवास, यज्ञ थैरेपी, वनस्पति चिकित्सा एवं ध्यान योग चिकित्सा भी दी जाती है।

9. **यज्ञ एवं संस्कार शाला –** प्राकृतिक चिकित्सालय के सामने एक मनोहारी यज्ञ एवं संस्कारशाला है। यहाँ पर विभिन्न यज्ञ एवं कर्म तथा संस्कार कर्म सम्पन्न होते हैं। इसके अलावा यज्ञ के माध्यम से वैज्ञानिक शोध भी होते हैं।

10. ऋषि कुंज (साधना कुटिया) – गायत्री धाम में प्रतिमाह 20 से 30 तारीख में वर्षभर 10 दिवसीय शरीर शुद्धि साधना शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा यहाँ पर चंद्रायण व्रत शिविर का भी आयोजन होता है। इस हेतु यहाँ 24 घास–फूस से निर्मित प्राकृतिक साधना कुटियाँ निर्मित की गई है, जिन्हें ऋषि कुंज कहा जाता है। ये अत्यंत ही मनोहारी है। इनमें बैठकर साधकगण साधना करते हैं। इन कुटियाओं के निकट ही साधकों के आवास हेतु शिविरार्थी आवास स्थल निर्मित है जिसके सम्मुख निर्मित वाटिका भी देखने योग्य हैं। साधकों के द्वारा प्राणायाम, योग आदि क्रियाएँ भी की जाती है। शिविरार्थी आवास स्थल को महामृत्युंजय कुंज कहा जाता है।

11. सप्त गौ प्रदिक्षणा यंत्र – साधना कुटियाओं के आगे ही सप्त गौ प्रदिक्षणा यंत्र निर्मित है। यह एक उत्तम वास्तु यंत्र माना जाता है। इस यंत्र में सात कोण हैं, जिनमें सात पृथक–पृथक रंगों की गायों को खड़े कर मध्य भाग में अग्निहोत्र किया जाता है एवं व्याधिग्रस्त लोगों को इसकी प्रदिक्षणा कराई जाती है, जिससे अनेक व्याधियाँ दूर होती है। इस यंत्र का सिद्धांत सूर्य और उसकी सप्तरंगी सात किरणों पर आधारित है। इसका वास्तु और चिकित्सा प्रणाली प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक प्रणाली पर आधारित है।

12. गायत्री मंत्र तपांषदान शक्ति स्तंभ – शिविरार्थी आवास स्थल के सम्मुख ही यह शक्ति स्तंभ मौजुद है, इस स्तंभ के नीचे निर्मित एक कक्ष में दो करोड़ चालीस लाख हस्तलिखित गायत्री महामंत्र का संग्रह है, जिसे 108 गाँवों के दस हजार लोगों के द्वारा लिखा गया है। इस स्तंभ का अनावरण 21 अक्टूबर 2002 को शरद पूर्णिमा के दिन किया गया था।

13. पंचगव्य आयुर्वेद शोध संस्थान – यह गौविज्ञान से गौ रक्षा के महाभियान हेतु निर्मित पंचगव्य आयुर्वेद शोध का केन्द्र है। यहाँ पर पंचगव्य से रोग निवारण हेतु औषधियाँ तैयार की जाती है साथ ही यज्ञ चिकित्सा से अग्नि होत्र के द्वारा मिर्गी का उपचार प्रति पूर्णिमा को किया जाता है। यहाँ पर नवीन औषधियों पर शोध भी किया जाता है। यहाँ पर आधुनिक यंत्रों के प्रयोग से अर्क निर्माण भी किया जाता है।

14. कामधेनु कुंज (गौशाला) – यहाँ पर वृहद गौशाला भी है। इस सुव्यवस्थित गौशाला में 119 गायें रखी गई है। सभी गायें सुंदर देशी नस्ल की है। इनके पंचगव्य से औषधि निर्माण एवं गौमूत्र चिकित्सा की जाती है।

15. अन्य आकर्षण – यहाँ पर गौ अपशिष्टसे कीटनाशक, गोबर खाद, केंचुआ खाद भी बनाई जाती है। खाद निर्माण शाला भी देखने लायक है। इसके अलावा आयुर्वेदिक, सौंदर्य प्रसाधन वस्तुएँ और पौष्टिक स्वास्थ्य वर्द्धक वस्तुओं का भी यहाँ पर उत्पादन होता है।

पर्यटकों के आकर्षण हेतु यहाँ पर स्वीमिंग पुल और कुछ वन्य प्राणी भी है, जिनका प्राकृतिक वातावरण में स्वच्छंद विचरण करना मनोहारी प्रतीत होता है।

यहाँ पर एक गोकुल कुंज भी है जो कि स्वालंबन एवं आदर्ष ग्राम प्रषिक्षण सत्रों का प्रशिक्षण भवन है।

इसके अलावा यहाँ पर कन्याओं हेतु एक गुरूकूल की स्थापना भी की जा चुकी है जिसमें बालिकाओं हेतु रहन सहन और शिक्षा की उत्तम व्यवस्था संचालित है।

गायत्री धाम में आयोजित होने वाले शिविर – यहाँ पर प्रतिवर्ष विविध उद्देश्यों की पूर्ति हेतु शिविरों का आयोजन होता है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

क. प्रतिमाह 20 से 30 तारीख में 10 दिवसीय शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

ख. दोनों नवरात्री में 9 दिवसीय गायत्री लघु अनुष्ठान शिविर का आयोजन होता है।

ग. प्रतिवर्ष गुरूपूर्णिमा से रक्षा बंधन तक पापनाशक चंद्रायण व्रत और सवा लाख मंत्र जप अनुष्ठान शिविर का आयोजन होता है।

घ. साधकों, विद्यार्थियों, दंपत्तियों के 3 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर (कुटि प्रवेश साधना) वर्ष में मार्च, अप्रेल, मई और जून माह में आयोजित किये जाते हैं।

ड़. प्रतिमाह की 25 तारीख को शंख प्रक्षालन शिविर का आयोजन होता है।

इस प्रकार यह क्षेत्र सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम है। गायत्री धाम के द्वारा स्वयं की वेबसाईट भी जारी की गई, जिसके माध्यम से देख – विदेश के लोग यहाँ पर संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र के उद्भव से व्यसन मुक्ति और जनजागृति के क्षेत्र में अद्भुत क्रांति का अभ्युदय हुआ है। पर्यटन के रूप में विकसित करने पर इस क्षेत्र को और भी सुविधाएँ प्राप्त हो सकती है और अनेक लोग यहाँ की गतिविधियों से लाभान्वित हो सकते हैं।

विशेष आयोजन – सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र होने के कारण यहाँ पर वर्ष भर विशेष आयोजन होते रहते हैं। इन आयोजनों में हजारों लोग षिरकत करते हैं। यहाँ पर बसंत पंचमी (फरवरी माह), गायत्री जयंती (जून माह) एवं गुरू पूर्णिमा (जुन–जुलाई माह) के दौरान पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं दीक्षा संस्कार आयोजित होते हैं। इन पर्वो पर आयोजित उत्सव अत्यंत गरिमामय और आकर्षक होते हैं।

नवरात्रों के दौरान भी यहाँ पर विशेष कर्मकाण्डों का आयोजन होता है और ध्यान शिविर का भी आयोजन होता है। यहाँ का विशेष आकर्षण का उत्सव शरद पूर्णिमा (अक्टूबर माह) होता है। इस दौरान दिन भर विशेष आयोजन होते हैं, जिसमें हजारों लोग सम्मिलित होते हैं। रात्री को सांस्कृतिक आयोजन और आध्यात्मिक चर्चा उपरांत रात्री के 12 बजे चंद्रमा की शीतल छाया में देशी गाय के शुद्ध दूध से निर्मित खीर के प्रसाद का वितरण किया जाता है। साथ ही सिर्फ इसी दिन अस्थमा के (श्वास रोगियों) मरीजों हेतु विशेष दवा तैयार की जाती है और उसे गाय के दूध के साथ मरीजों को पृथक से सेवन कराया जाता है।
यहाँ के उत्सव अत्यंत शालीन और गरिमामय तथा ज्ञानवर्द्धक होते हैं।

पर्यटक व्यवहार, संचरण एवं प्रतिरूप – गायत्री धाम अपने आप में अनेक विशेषताओं को धारण किये हुए है। इतनी विशेषताओं भरा सांस्कृतिक केन्द्र शायद ही कहीं और दृष्टिगोचर होता है। इसी कारण से यहाँ आने वाले पर्यटकों का व्यवहार भी भिन्न – भिन्न होता है, जो उनके उद्देश्यों को प्रभावित करता है। यहाँ पर प्रतिवर्ष 1.5 लाख लोग आते हैं जिनमें से 30 प्रतिशत लोग भ्रमण हेतु, 26 प्रतिशत धार्मिक आस्था के कारण, 04 प्रतिशत लोग मन्नत उतारने, 35 प्रतिशत लोग स्वास्थ्य लाभ और 5 प्रतिशत लोग अन्य कार्यो हेतु आते हैं। यहाँ पर बाजार उपलब्ध न होने से विपणन क्रिया हेतु कोई नहीं आता किन्तु स्थानीय स्तर पर निर्मित सामग्री का विक्रय यहाँ पर होता है। चूँकि स्वास्थ्य लाभ के अंतर्गत यहाँ निर्मित वस्तु आती है अत: स्थानीय बाजार उपलब्ध ना होने से इन वस्तुओं के विक्रय को स्वास्थ्य लाभ में सम्मिलित किया गया है। यहाँ पर सर्वाधिक संख्या महिला पर्यटकों की रहती है किन्तु पुरूष भी महिलाओं की संख्या के समकक्ष ही यहाँ पर

आते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा का प्रमुख केन्द्र होने से यहाँ पर स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से सर्वाधिक पर्यटक आते हैं।

तालिका 1 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सामान्य माह के दौरान 60 प्रतिशत अंतर्क्षेत्रीय, 15 प्रतिशत अंतरप्रदेशीय और 25 प्रतिशत अंतर्देशीय पर्यटक यहाँ पर आते हैं। विशिष्ट माह के समय विशेषकर जुलाई से सितंबर के दौरान यहाँ पर लगभग 40 प्रतिशत अंतर्क्षेत्रीय, 35 प्रतिशत अंतरप्रदेशीय और 25 प्रतिशत के लगभग अंतर्देशीय पर्यटक यहाँ पर आते हैं। विशेष अवसरों पर उत्सवों के दौरान 27 प्रतिशत अंर्तक्षेत्रीय पर्यटक, 38 प्रतिशत अंतप्रदिशीय और 35 प्रतिशत के लगभग अंतर्देशीय पर्यटक आते हैं। सामान्य माह को छोड़कर अन्य अवसरों और माहों में महिलाओं का प्रतिशत पुरूषों से अधिक रहता है। यहाँ पर आने वाले अंतर्देशीय पर्यटकों में सर्वाधिक महाराष्ट्र के पर्यटक रहते हैं।

तालिका 2 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

भ्रमण हेतु अनुकूल समय - इस स्थान का भ्रमण वर्ष पर्यंत किया जा सकता है। पर्वो के दौरान भ्रमण करना विशेष अच्छा रहता क्योंकि उस समय यहाँ होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों का परिचय हो जाता है। विशेषकर शरद पूर्णिमा उत्सव (अक्टूबर) के समय आना यहाँ का अविस्मरणीय क्षण बन जाता है। इसके अलावा जिन्हें पर्व पर आना संभव ना हो वे वर्षाकाल के समय आकर यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का लुत्फ उठा सकते हैं।

क्षेत्र पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाएँ - चूँकि यह क्षेत्र आबादी से दूर ग्रामीण परिवेष में स्थित है अत: यहाँ पर अपेक्षाकृत कम ही सुविधाएँ उपलब्ध है। परिवहन की दृष्टि से यहाँ पर आने के लिए सड़क परिवहन की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है किन्तु वायु और रेल परिवहन इंदौर में ही स्थित है।

पर्यटकों के आवास हेतु, उनके भोजन, पेयजल, भ्रमण हेतु जानकार आदि की समुचित व्यवस्था यहाँ पर उपलब्ध है जो स्वयं संस्थान के द्वारा उपलब्ध रहती है। टूरिस्ट लाज, होटल, शासकीय गेस्ट हाउस निकट ही सेंधवा में स्थित है।

यहाँ पर संस्था का ही चिकित्सालय उपलब्ध है, शासकीय चिकित्सालय सेंधवा में है। दूरभाष मोबाइल सेवा यहाँ उपलब्ध है। यहाँ पर कोई दैनिक या साप्ताहिक बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण यहाँ के उत्पादों को उचित बाजार विक्रय हेतु नहीं मिल पाता है। बैंक एवं एटीएम तथा अन्य आवष्यक सुविधाएँ निकट ही तहसील मुख्यालय सेंधवा पर उपलब्ध है।

इस प्रकार यह क्षेत्र अत्यंत ही महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्यटन का केन्द्र बन सकता है। चूँकि यह राजमार्ग पर स्थित है और तहसील मुख्यालय से अत्यंत निकट है अत: यदि इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाये तो निश्चित ही इन सब सुविधाओं का इसे फायदा मिलेगा। वर्तमान में इसका क्रियान्वयन निजी ट्रस्ट के हाथों में है। यदि शासकीय सुविधाएँ भी यहाँ पर प्राप्त हो जाए तो निश्चित ही यह पश्चिम निमाड़ के विकास और ग्रामीण उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

तालिका 3 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

निष्कर्ष - आधुनिक मानवीय सभ्यता का जन्म ही संस्कारों से हुआ है। संस्कारविहीन व्यक्ति सब कुछ हो सकता है किन्तु एक आदर्श इंसान कदापि नहीं। भारतीय समाज की तो नींव ही संस्कारों से जन्मी है। संस्कार से संस्कृति जन्म लेती है। प्रत्येक संस्कृति स्वयं में अनुठे रिवाजों और मान्यताओं को समेटे हुए है और यहीं रिवाज और प्रथाएँ, पर्व मेले, उत्सव आदि के रूप में हमें दृष्टिगोचर होती है।

सांस्कृतिक पर्यटन इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि लुप्त होती संस्कृतियों और प्रथाओं को इसी के माध्यम से संरक्षण प्रदान किया जा सकता है। विभिन्न पर्व, उत्सवों, मेलों आदि का अपना विशेष महत्व और आकर्षण होता है। यहीं सांस्कृतिक क्षेत्रों का आकर्षण पर्यटन की संभावनाओं को जन्म दे सकता है।

सांस्कृतिक पर्यावरण भी पर्यावरण का एक अंग है। कुछ विद्वान इसे मानव निर्मित पर्यावरण (भौतिक पर्यावरण) से भी जोड़ते हैं क्योंकि संस्कृतियाँ भी मानव की ही देन है। किन्तु कुछ विद्वानों ने इसे संस्कारों की पाठशाला मानकर पृथक स्वरूप देने का भी प्रयास किया है। आधार जो भी हो किन्तु एक बात निश्चित है कि संस्कृति भी पर्यावरण का ही एक अंग है क्योंकि यह भी पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में गायत्री धाम एक अनूठा क्षेत्र है, क्योंकि यहाँ पर आस्था के साथ - साथ भारतीय सनातन संस्कृति का संगम भी दिखाई देता है। प्राकृतिक चिकित्सा के नित नवीन अनुसंधान एवं शिक्षा, जन जागृति और संस्कृति के प्रसार के केन्द्र रूप में आज यह क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में उभरकर सामने आ रहा है। इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने पर न केवल इस क्षेत्र को अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा, वरन यहाँ के विकास के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासतें और सनातन संस्कृति को बचाये रखने में योगदान भी प्राप्त होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Robinson, H.A. : “Geography of Tourism” Mackdonald and Evans, London, 1996
2. Singh, Shalini : “Cultural Tourism and Heritage Management” Rawat Publication, Jaipur, 1994
3. दासगुप्ता, पापिया : 'पर्यटन एक अध्ययन' म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
4. नेगी, डॉ. जगमोहन : 'पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत' तक्षशिला प्रकाशन, नईदिल्ली, 2004
5. सिंह, सुमन्त : 'मध्यप्रदेश में पर्यटन' और सिंह, बी.पी. आदित्य पब्लिशर्स, बीना (म.प्र.) 2000
6. 'निमाड़ दिग्दर्शन', जनार्दन, प्रकाशन बड़ा सराफा, इंदौर - 1976
7. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जिला - बड़वानी, 2006
8. 'निमाड़ स्तवन' (आस्था के जगमगाते दीप) - विविधा खरगोन - 2004
9 दैनिक भास्कर, समाचार पत्र
10 जिला गजेटियर, पश्चिम निमाड़ 1973

तालिका 1 – पर्यटक व्यवहार

पर्यटक	पर्यटन का उद्देश्य ओर पर्यटकों की संख्या (प्रतिशत में)						महायोग
	भ्रमण	विपणन	धार्मिक आस्था	मन्नत उतारना	स्वास्थ्य लाभ	अन्य	
स्त्री	12	—	15	03	20	02	52
पुरूष	18	—	11	01	15	03	48
योग	30	—	26	04	35	05	100

स्त्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

तालिका 2 –पर्यटक संचरण प्रतिरूप

पर्यटक स्वरूप	पर्यटकों की संख्या (प्रतिशत में)								
	सामान्य माह			विशिष्ट माह			विशेष अवसर		
	स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पुरूष	योग
अन्तर्क्षेत्रीय पर्यटक	25	35	60	30	10	40	14	13	27
अन्तर्प्रदेशीय पर्यटक	07	08	15	15	20	35	23	15	38
अन्तर्देशीय पर्यटक	15	10	25	12	13	25	18	17	35
विदेश पर्यटक	—	—	—	—	—	—	—	—	—
महायोग	47	53	100	57	43	100	55	45	100

स्त्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

तालिका 3 –पर्यटन केन्द्र पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाएँ

सुविधा का प्रकार	पर्यटन केन्द्र से निकटतम दूरी (किमी में)					
		0–5	6–10	11–15	16–20	21 से अधिक
परिवहन	सड़क परिवहन	✻				
	रेल परिवहन					✻
	वायु परिवहन					✻
आवास	धर्मशाला (सराय)	✻				
	टूरिस्ट लाज		✻			
	हॉटल		✻			
	शासकीय गेस्ट हाउस		✻			
चिकित्सा सुविधाएँ	निजी चिकित्सालय	✻				
	शासकीय चिकित्सालय		✻			
संचार सुविधाएँ	डाकघर		✻			
	सार्वजनिक दूरभाष केन्द्र	✻				
	इंटरनेट	✻				
विपणन सुविधाएँ	बाजार		✻			
	बैंक		✻			
	ए.टी.एम.		✻			
अन्य सुविधाएँ	पेयजल	✻				
	भोजनालय	✻				
	सुलभ काम्प्लेक्स	✻				
	टूरिस्ट गाइड	✻				
	अन्य	✻				

नोट : ✻ चिन्ह सुविधा की निकटतम उपलब्धता को दर्शाता है।

स्त्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX




गायत्री धाम दर्शन
यज्ञ एवं संस्कार शाला
शिविरार्थियों का आवास स्थल
ऋषि कुंज (साधना कुटियाँ)
पंचगव्य आयुर्वेद शोध संस्थान
गौशाला
गायत्री धाम का मनोहारी विहंगम दृश्य
गायत्री मंत्र का शक्ति स्तंभ "तपांश दान"
सप्त गौ प्रदक्षिणा यंत्र

****

NSS Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के आदिवासी विपणन केन्द्रों का स्थानिक वितरण

डॉ. सुनिता गुप्ता *

प्रस्तावना – विपणन केन्द्र किसी भी ग्रामीण क्षेत्र की वह नियमित घटना होती है, जो बहुपक्षीय होती है, इन्हें आर्थिक क्रियाओं का केन्द्र या वस्तुओं के आदान प्रदान का केन्द्र मानना उसके महत्व को कम आँकना है। इस आदिवासी परिवेश में विपणन केन्द्र इन आदिवासियों के आर्थिक, समाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जीवन पर स्पष्ट रूप से प्रभाव डालते हैं। यहाँ पर आदिवासियों द्वारा अपने विचारों, सांस्कृतिक कार्यो, रीति रिवाजों, समस्याओं आदि का भी आदान प्रदान होता है। अत: आदिवासियों की जीवन शैली पर इन विपणन केन्द्रों का महत्वपूर्ण प्रभाव देखा गया है।

अध्ययन क्षेत्र – मध्यप्रदेश का दक्षिण पश्चिम भाग जो भारत की पश्चिमी आदिवासी पट्टी के संसाधन विरल केन्द्र का प्रतिनिधित्व करता है, अध्ययन का केन्द्र है। इसकी 88 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या आदिवासी है। इसका अक्षांशीय विस्तार $21^{0}81'$ उत्तर से $23^{0}33'$ उत्तर तथा देशान्तरीय विस्तार $73^{0}30'$ पूर्व से $77^{0}13'$ पूर्व तक है। अध्ययन क्षेत्र का क्षेत्रफल 23988.91 वर्ग कि.मी. है। वर्ष 2001 की जनगणना अनुसार यहाँ 5244336 व्यक्ति निवास करते हैं। प्रशासनिक दृष्टिकोण से दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश में रतलाम जिले की सैलाना एवं बाजना तहसीलें, झाबुआ जिला, धार जिले की सरदारपुर, कुक्षी, गंधवानी, मनावर, धार और धरमपुरी तहसीलें, बड़वानी जिला, खरगोन जिले की सेगाँवा, भगवानपुरा, भीकनगाँव, एवं झिरन्या तहसीलें, खण्डवा जिले की नेपानगर और हरसूद तहसीलें सम्मिलित है।

विधितंत्र – दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश में क्षेत्र तथा जिला स्तर पर आवर्ती विपणन केन्द्रों का वितरण प्रतिरूप को स्पष्ट करने के लिये निकटतम पड़ोसी बिन्दु विश्लेषण विधि, आवर्ती विपणन केन्द्र संबंध – क्षेत्रफल, जनसंख्या एवं आबाद ग्राम के माध्यम से करने का प्रयास किया गया है।

दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश में क्षेत्र तथा जिला स्तर पर आवर्ती विपणन केन्द्रों का वितरण प्रतिरूप को स्पष्ट करने के लिये क्लार्क एवं इवान्स की बहुप्रचलित निकटतम पड़ोसी बिन्दु विष्लेषण विधि का प्रयोग किया गया है। इस विधि का प्रयोग यह ज्ञात करने के उददे्ष्य से किया गया है कि आवर्ती विपणन केन्द्रों का वितरण प्रतिरूप समरूप (Uniform) तथा पूँजीभूत (Clustered) प्रतिरूपों से कितान विचलित होता है। सर्वप्रथम क्षेत्र में वितरित सभी आवर्ती विपणन केन्द्रों का उनके निकटतम आवर्ती विपणन केन्द्रों से सीधी रेखओं द्वारा जोड़ दिया गया है, तत्पश्चात निकटतम केन्द्रों की पारस्परिक दूरी ज्ञात की गई है, इसके आधार पर आवर्ती विपणन केन्द्रों की वास्तविक माध्य दूरी तथा अपेक्षित माध्य दूरी परिलक्षित की गई। यादृच्छिकता से विचलन का माप प्राप्त करने के लिये वास्तविक माध्य दूरी तथा अपेक्षित माध्य दूरी का अनुपात निकाला गया है। उक्त मापों को ज्ञात करने के लिए प्रयुक्त विधि के अनुसार निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया गया है।

1. $$Rn = \frac{ro}{re}$$

जिसमें Rn वह मान है जो यादृच्छिकता से विचलन की मात्रा को निकटतम बिन्दु से दूरी के परिप्रेक्ष्य में दर्शाता है।

ro = यथार्थ औसत दूरी जो दिषा का ध्यान दिये बिना सीधी नापी गई है।

re = अपेक्षित औसत दूरी

2. $$Rn = \frac{\sum r}{N}$$

यहाँ $\sum r$ = निकटतम पड़ोसी दूरियों का योग

N = कुल आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या

3. $$Re = \frac{1}{2\sqrt{\frac{N}{A}}}$$

यहाँ N = कुल आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या

N = कुल क्षेत्रफल

उपरोक्त सूत्र के आधार पर प्राप्त परिणामों से स्पष्ट है कि Rn मूल्य छ: जिलों में 1.242 से 1.703 के मध्य है। खण्डवा, खरगोन, बड़वानी, धार झाबुआ और रतलाम जिले के Rn मूल्य क्रमष: 1.703, 1.474, 1.456, 1.320, 1.242 एवं 1.687 है। खरगोन, बड़वानी, धार झाबुआ जिलों के आवर्ती विपणन केन्द्रों के Rn मूल्य यादृच्छिकता के समीप है किन्तु खण्डवा और रतलाम जिलों के आवर्ती विपणन केन्दों का वितरण प्रतिरूप समरूता (Uniform) के लगभग है, यदि सम्पूर्ण क्षेत्र की दृष्टि से आवर्ती विपणन केन्दों के वितरण प्रतिरूप का विश्लेषण किया जाय तो ठ्मूल्य (1.368) यादृच्छिकता से निकटता को दर्शाता है।

आवर्ती विपणन केन्द्र : सम्बन्ध – विपणन केन्द्रों की संख्या एवं वितरण को प्रभावित करने वाले तीन महत्वपूर्ण कारक है – क्षेत्रफल, जनसंख्या एवं आबाद ग्राम। उपरोक्त तीनों कारकों के आधार पर अध्ययन क्षेत्र के आवर्ती विपणन केन्द्रों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है जो निम्नानुसार है।

तालिका क्र. 1 से स्पष्ट है कि संख्या के दृष्टिकोण से सर्वाधिक आवर्ती विपणन केन्द्र धार तहसील में (9) तथा सबसे कम सेगाँवा, निवाली और

* एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी.

बजाना तहसीलों में (1) केन्द्र है। दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश में आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या की दृष्टि से औसत 3.14 है $x+1\sigma$ वर्ग के अंतर्गत क्षेत्र की राजपुर तहसील एवं $x+2\sigma$ वर्ग में सेंधवा, सरदारपुर, कुक्षी तहसील तथा $x+3\sigma$ वर्ग में धार तहसील है। $x-1\sigma$ जोबट, रानापुर, झाबुआ, बाजना, सेगाँवा, निवाली, गंधवानी और थांदला तहसील सम्मिलित है। $x-2\sigma$ वर्ग में भाबरा, मेघनगर, नेपानगर, झिरन्या, पानसेमल तथा सैलाना तहसीलें आती है। $x-3\sigma$ वर्ग में मनावर, अलीराजपुर, हरसूद, भगवानपुरा, भीकनगाँव, धरमपुरी, पेटलावद, ठीकरी और बड़वानी तहसीलें सम्मिलित है। आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या उपभोक्ता की क्रय क्षमता पर आधारित है। दैनिक विपणन केन्द्रों की संख्या कम होने पर भी विपणन केन्द्रों का विकास भली प्रकार से होता है। (चित्र क्र. 1)

क्षेत्र आवर्ती बाजार अनुपात – दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर में आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या 0.366 है। सर्वाधिक सेंधवा तहसील में 0.865 एवं न्यूनतम झाबुआ तहसील में 0.095 है। इस संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि धार तहसील में सर्वाधिक आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या होने के उपरान्त भी उसका स्थान क्षेत्र आवर्ती बाजार अनुपात में दसवाँ है।

अध्ययन क्षेत्र में $x+1\sigma$ वर्ग में भाबरा, धरमपुरी, भगवानपुरा, पानसेमल, राजपुर, ठीकरी तथा सरदारपुर तहसीलें आती है। $x+2\sigma$ वर्ग में सेंधवा तहसील सम्मिलित है। $x-1\sigma$ वर्ग में अलीराजपुर, जोबट, बाजना, हरसूद, गंधवानी और थांदला तहसील सम्मिलित है। झाबुआ तहसील $x-2\sigma$ वर्ग में, रानापुर, निवाली, सेगाँवा, झिरन्या और भीकनगाँव तहसील $x-3\sigma$ वर्ग में आती है। $x-4\sigma$ वर्ग में मेघनगर, कुक्षी, पेटलावद, नेपानगर, बड़वानी, सैलाना, मनावर और धार तहसीलें सम्मिलित है। (चित्र क्र. 2)

जनसंख्या आवर्ती बाजार अनुपात – प्रति 10000 जनसंख्या पर आवर्ती केन्द्रों की संख्या की दृष्टि से औसत 0.167 है। जनसंख्या की दृष्टि से धार तहसील का स्थान क्षेत्र में प्रथम है किन्तु आवर्ती बाजार की संख्या की दृष्टि से सरदारपुर तहसील प्रथम एवं ठीकरी तहसील द्वितीय स्थान पर है। प्रकीर्णन विश्लेषण $x+1\sigma$ वर्ग में सैलाना, भाबरा, पेटलावद, धार, सेंधवा, धरमपुरी, कुक्षी, भीकनगाँव तहसीलें तथा $x+2\sigma$ वर्ग में हरसूद, जोबट तहसीलें, $x-2\sigma$ वर्ग में भगवानपुरा, राजपुर, और ठीकरी तहसीलें सम्मिलित है। सरदारपुर तहसील $x+3\sigma$ वर्ग में सम्मिलित है। $x-1\sigma$ वर्ग में हरसूद, जोबट तहसीलें, $x-2\sigma$ वर्ग में जोबट, गंधवानी, बाजना और थांदला तहसीलें आती है। अलीराजपुर, बड़वानी, निवाली, मनावर, पानसेमल, नेपानगर, रानापुर, सेगाँवा, झिरन्या और मेघनगर तहसीलें $x-3\sigma$ वर्ग में आती है।(चित्र क्र. 3)

आबाद ग्राम : आवर्ती बाजार अनुपात – दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश में प्रति 100 आबाद ग्राम पर आवर्ती विपणन केन्द्रों की औसत संख्या 1.894 है। आबाद ग्राम आवर्ती बाजार अनुपात के दृष्टिकोण से प्रथम स्थान पर राजपुर तहसील है, क्योंकि यहाँ आबाद ग्राम कम (98) तथा विपणन केन्द्र (5) है। सेंधवा तहसील का स्थान द्वितीय है। यहाँ (7) विपणन केन्द्र तथा 153 आबाद ग्राम है इसके विपरित धार तहसील में आवर्ती बाजारों की संख्या (9) एवं आबाद ग्राम 437 क्षेत्र में सर्वाधिक होने के कारण आबाद ग्राम आवर्ती के दृष्टिकोण से बारहवे स्थान पर है। (तालिका 1)

आवर्ती ग्राम आवर्ती बाजार अनुपात के दृष्टिकोण से $x+1\sigma$ वर्ग में धरमपुरी, भगवानपुरा, सरदारपुर तहसीलें एवं $x+2\sigma$ वर्ग में भाबरा, राजपुर, ठीकरी और सेंधवा तहसीलें सम्मिलित है। $x-1\sigma$ वर्ग में जोबट, हरसूद, गंधवानी, थांदला, कुक्षी और सैलाना तहसीलें तथा $x-2\sigma$ वर्ग में झाबुआ और बाजना तहसीलें सम्मिलित है। मेघनगर, पेटलावद, नेपानगर, बड़वानी, अलीराजपुर, निवाली, राजपुर और मनावर तहसीलें $x-3\sigma$ वर्ग में आती है। (चित्र क्र. 4)

निष्कर्ष – अध्ययन क्षेत्र के आवर्ती विपणन केन्द्रों का वितरण प्रतिरूप (Rn मूल्य 1.368) यादृच्छिकता से निकटता को दर्शाता है।

अध्ययन क्षेत्र के दक्षिणी मध्यवर्ती भाग में विपणन केन्द्रों का वितरण प्राय: समान है। यहाँ नर्मदा घाटी में समतल भूमि, मानसूनी जलवायु, उपजाउ वाली मिट्टी पायी जाती है। क्षेत्र के पूर्वी भाग में विपणन केन्द्रों का वितरण प्रतिरूप प्रकीर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र वनाच्छादित एवं पहाड़ी भाग है अत: यहाँ जनसंख्या एवं परिवहन के साधनों की न्यूनता है। क्षेत्र के पश्चिम भाग में वर्षा की अत्यधिक कमी, पहाड़ी तीव्र भूमि कटाव, क्षीण कृषि व्यवस्था का प्रभाव विपणन केन्दों के वितरण पर पड़ता है।

References :-

1. Ukwu, U.I. (1969), “Markets in Iboland in Hodder”, B.W. and Ukwu, U.I.(eds) Markets in West Africa, Ibadan, Ibadan University.
2. Christaller, W.(1966), “Central Places in Southern German”, Translated by C.W. Baskin, Prentice Hall Inc. Englewood Cliffs, New Jersey.
3. Berry, B.J.L. (1967), “Geography of Market Centres and Retail Distribution”. Englewood Cliffs, New Jersy.
4. Skinner, G.W. (1964), “Marketing and Social Structure in Rural China” Journal of Asian Studies 24. pp. 195-288.
5. Hanneson, B. (1974), “Periodic Markets & Central Places in the Chinquinquira Ubate Area University”, Microfilms, Ann, Arbor, Michigan.
6. Fagerlund, V.G. & Smith, R.H.T. (1970), “A preliminary map of market Periodicities in Ghana” Journal of Developing Areas, 4PP 334-48

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX



FIG. - 1



FIG. - 2


SOUTH WESTERN MADHYA PRADESH
DISTRIBUTION OF PERIODIC MARKET CENTERS
PER-10000 POPULATION
INDEX
$\bar{X}-3\sigma$
$\bar{X}-2\sigma$
$\bar{X}-1\sigma$
$\bar{X}+1\sigma$
$\bar{X}+2\sigma$
$\bar{X}+3\sigma$

FIG - 3


SOUTH WESTERN MADHYA PRADESH
DISTRIBUTION OF PERIODIC MARKET CENTERS
PER-100 INHABITED VILLAGES
INDEX
$\bar{X}-3\sigma$
$\bar{X}-2\sigma$
$\bar{X}-1\sigma$
$\bar{X}+1\sigma$
$\bar{X}+2\sigma$

FIG - 4

****

पश्चिम निमाड़ (मध्यपदेश) में पर्यटन के नवीन आयाम : देजला - देवाड़ा जलाशय के विशेष संदर्भ में

डॉ. पंकज कुमार कानूनगो *

प्रस्तावना - आजकल पर्यटन का व्यापार विशाल हो गया है, क्योंकि लोगों में पर्यटन के प्रति रूचि बढ़ी है। आज विश्व के अनेक क्षेत्र केवल पर्यटन के द्वारा ही अपनी विकास गाथा लिख पाए हैं। पर्यटन में सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विकास की भी अपार संभावनाएँ है। आज देश में विकास की सारी प्रक्रियाएँ कृषि एवं उद्योगों के ही चारों ओर केन्द्रित है ऐसे में पर्यटन, विकास को नवीन आयाम प्रदान कर सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम उक्त पहलुओं के अलावा अन्य आर्थिक क्रियाओं को भी अपने विकास क्रम में जोड़ें। इसमें पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह उद्योग अनेक संभावनाओं से जुड़ा है।

पश्चिम निमाड़ में प्राकृतिक पर्यटन की संभावनाओं को उजागर कर उन्हें पर्यटन के क्षेत्र के रूप में विकसित करने पर ना केवल इन प्राकृतिक संपदाओं को संरक्षण प्राप्त होगा अपितु पर्यटन के रूप में यहाँ रोजगार के अनेक अवसर भी उपलब्ध हो जाएँगे और उनसे प्राप्त आय निश्चित ही इस क्षेत्र के विकास में एक अहम भूमिका अदा करेगी। प्रस्तुत शोध में पश्चिम निमाड़ के खरगोन जिले के देजला - देवाड़ा जलाशय का संपूर्ण भ्रमण कर प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से विवरण प्रस्तुत किया गया है, जहाँ की प्राकृतिक सुषमा पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र में विकास के नवीन आयाम प्रस्तुत कर सकती है।

शोध की उपयोगिता - पर्यटन किसी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव वहाँ के समाज, संस्कृति, शिक्षा, उद्योग और आर्थिक क्षेत्र पर पड़ता है। वास्तव में पर्यटन का संबंध केवल पर्यटक और विकास से ही नहीं है अपितु इसका प्रभाव प्राकृतिक वातावरण के साथ - साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण पर भी पड़ता है। अत: यह आवष्यक है कि किसी भी क्षेत्र में पर्यटन का विकास नियोजित ढंग से किया जाये जिससे पर्यटन का पर्यावरण, समाज, संस्कृति तथा अर्थव्यवस्था से सामंजस्य बन सके और प्रतिकूल प्रभाव न्यूनतम हो।

आज जहाँ देश के अनेक स्थान पर्यटन के कारण विकसित हुए हैं, वहीं पश्चिम निमाड़ उचित पर्यटन नियोजन के अभाव में पिछड़ा हुआ है। यहाँ पर अनेक प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतें है जो उचित संरक्षण के अभाव में अपना अस्तित्व खो रही है। यदि इन क्षेत्रों का पर्यटन के माध्यम से विकास किया जाये तो इनका पिछड़ापन दूर होगा तथा हमारी धरोहरों और पर्यावरण को भी संरक्षण प्राप्त होगा साथ ही आर्थिक विकास को पर्यटन से बढ़ावा मिलेगा। इन्हीं सब कारणों से प्रस्तुत शोध की उपयोगिता बढ़ जाती है।

विधितंत्र - पश्चिम निमाड़ के पर्यटन केन्द्रों का भौगोलिक अध्ययन करने हेतु प्राथमिक और द्वितीयक दोनों ही प्रकार के समंकों और तथ्यों का संकलन किया गया है। द्वितीयक समंक वर्ष 2001 की जनगणना और जिला सांख्यिकी पुस्तिका वर्ष 2006 पर आधारित है। प्राथमिक समंकों और तथ्यों का संकलन क्षेत्र सर्वेक्षण के द्वारा किया गया है। यथा स्थान, पत्र-पत्रिकाओं, इंटरनेट, शासकीय प्रलेखों, जिला गजेटियर, संदर्भित पुस्तकों आदि के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के द्वारा भी द्वितीयक समंकों हेतु जानकारी प्राप्त की गई है।

समंकों के संकलन उपरांत उनका सारणीयन और विष्लेषण किया गया है एवं इसी आधार पर पर्यटन क्षेत्र का अध्ययन किया गया। संबंधित विषय का गहन अध्ययन, विस्तृत सर्वेक्षण पर आधारित है। आवश्यकतानुसार छायाचित्रों का प्रयोग किया गया है।

देजला - देवाड़ा जलाशय :

स्थिति और विन्यास - देजला और देवाड़ा जलाशय वस्तुत: दो ग्रामों देजला और देवाड़ा के मध्य बाँध बनाकर कुंदा नदी के जल को रोककर बनाया गया एक वृहत तालाब है। यह विशाल जलाशय खरगोन जिले की भगवानपुरा तहसील से 4 किमी दक्षिण में देजला और देवाड़ा नामक स्थान पर निर्मित है। यह क्षेत्र जिला मुख्यालय खरगोन से लगभग 40 किमी की दूरी पर भगवानपुरा तहसील में $21^0 36'$ उत्तरी अक्षांश एवं $75^0 37'$ पूर्वी देशांतर पर समुद्र सतह से लगभग 1206 फीट की उँचाई पर स्थित है। इस विषालतम जलाशय पर जिला खरगोन से होकर भगवानपुरा होते हुए पहुँचा जा सकता है। आवागमन हेतु बस सुविधा उपलब्ध है।

इस विषाल परियोजना का निर्माण वर्ष 1982 से 1988 के दौरान पूर्ण हुआ है। इस दौरान इससे देजला, देवाड़ा, चाँदपुर और गोपालपुरा ग्राम प्रभावित हुए। चूँकि इस परियोजना के तहत देजला और देवाड़ा नामक ग्रामों के मध्य जलसंग्रहण हेतु बाँध का निर्माण किया गया था अत: इसी कारण इसे देजला देवाड़ा जलाशय के नाम से जाना जाता है।

वर्ष 2001 की जनसंख्या के अनुसार संपूर्ण तहसील की कुल जनसंख्या 148579 व्यक्ति एवं लिंगानुपात दर 983 है। कुल जनसंख्या में से अनुसूचित जनजाति की संख्या सर्वाधिक 81.83 प्रतिशत है। वर्ष 2001 की जनगणना अनुसार यहाँ पर साक्षरता का प्रतिशत मात्र 36.60 प्रतिशत ही है। जनसंख्या का घनत्व 191 प्रतिवर्ग किमी. है। इस क्षेत्र की 30.82 प्रतिशत जनसंख्या कृषिगत कार्यो में संलग्न है।

इस जलाशय की विशालता के कारण यहाँ पर प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावना है। नौकायन, जलविहार, और प्रवासी पक्षियों की सुंदरता के कारण यह क्षेत्र पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बन सकता है।

प्राकृतिक और स्थानीय विशेषताएँ - देजला - देवाड़ा जलाशय की प्राकृतिक सुषमा यहाँ की विशाल जलराशि और उसको घेरे हुए खूबसूरत

* एम.ए., पीएच.डी.

पहाड़ियों के कारण है। इस विषाल राषि का सौंदर्य तब और भी बढ़ जाता है जब वर्षाकाल के समय यह जलाशय पूर्ण रूप से भर जाता है। जल के अपने उच्चतम स्तर पर पहुँच जाने पर बांध के अतिरिक्त गेट खोल दिए जाते हैं, जिनसे झरने के समान बहता हुआ पानी अत्यंत ही मनोहारी दृष्य प्रस्तुत करता है। वर्षाकाल के दौरान पहाड़ियों के हरे-भरे हो जाने से यहाँ का सौंदर्य और भी निखर जाता है। इस समय यह जलाशय एक झील की भाँति दृष्टिगोचर होता है। इस स्थान का पर्यटन की संभावना हेतु चयन करने का एक कारण यहाँ की यही झीलनुमा विशेषता भी है। भारत में अनके क्षेत्रों में पर्यटन के रूप में झील की भूमिका भी अहम रही है चाहे व भोपाल का विशाल झील क्षेत्र हो या काष्मीर की सुंदर डल झील का विहार।

प्रशासन के द्धारा इस विषाल जलराशि का प्रयोग अभी तक केवल पेयजल व्यवस्था, सिंचाई और मत्स्य पालन के लिए ही किया जा रहा है। यदि पर्यटन के रूप में भी यहाँ पर व्यापक इंतजाम किया जाए तो निश्चित तौर पर यह क्षेत्र पर्यटकों को आकर्षित करेगा और प्रवासी पक्षियों का भी संरक्षण करेगा।

इस क्षेत्र में पर्यटन संबंधी अन्य आकर्षण जैसे बगीचा, झुलाघर, नौकायान, फूड स्पॉट आदि की व्यवस्था करके पर्यटकों को लुभाया जा सकता है। यद्यपि यहाँ पर नौकाविहार की सुविधा उपलब्ध है किन्तु वह केवल मत्स्याखेट के लिए ही प्रयोग में लाई जाती है। ऐसे में जलविहार के संसाधनों का विकास भी अतिआवश्यक है। प्रवासी पक्षियों के आवास, भोजन और सुरक्षा की व्यवस्था करके भी यहाँ पर प्रवासी पक्षियों को आकर्षित किया जा सकता है। घाना अभ्यारण्य की भाँति ही यह क्षेत्र भी पक्षी विहार का प्रमुख केन्द्र बन सकता है। दुर्लभ प्रजाती के पक्षियों का आकर्षण भी निष्चित तौर पर यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

जलाशय के चारों ओर नग्न पहाड़ियों को वृक्षारोपण से पुन: हरा - भरा कर इस क्षेत्र को और भी आकर्षित किया जा सकता है। इस जगह सुविधाओं और भव्य आकर्षण की कमी के बावजूद प्रकृति प्रेमी यहाँ पर नौकाविहार हेतु आते हैं। तरंगित जलाशय की लहरों में अस्त होते सूर्य के साथ जलविहार करना एक अद्‌भुत आनंद प्रदान करता है। प्रकृति की यहीं सुंदरता पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है।

देजला देवाड़ा जलाशय परियोजना की अन्य विशेषताएँ - यह जलाशय मध्यप्रदेश के सिंचाई विभाग के द्धारा निर्मित कराया गया है। बाँध का निर्माण 1 मार्च 1982 से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर 1988 को पूर्ण हुआ। यह बाँध कुंदा नदी पर निर्मित किया गया है। वर्तमान में इस बाँध से भगवानपुरा और खरगोन तहसील लाभान्वित है। देजला - देवाड़ा जलाशय का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है :-

1.	जल ग्रहण क्षेत्र	835.40 वर्ग किमी
2.	बाँध का शीर्ष स्थल	387.20 मीटर
3.	अधिकतम जलाशय सतह	885.20 मीटर
4.	पूर्ण जलाशय सतह	383.20 मीटर
5.	निस्तार जलाशय सतह	369.56 मीटर
6.	पूर्ण संग्रह क्षमता	56.85 मिलीयन घन मीटर
7.	प्रदाय संग्रह क्षमता	50.2 मिलीयन घन मीटर
8.	बाँध की कुल लम्बाई	
	: मुख्य बाँध	16.40 मीटर
	: उप बॉध	210 मीटर
9.	स्पील की लम्बाई	390 मीटर
10.	मुख्य नहर की लम्बाई	26.22 किमी
11.	शाखा नहर की लम्बाई	79.11 किमी
12.	कुल जलमग्न क्षेत्र	625.37 हेक्टेयर
13.	कुल सिंचित क्षेत्र	9000 हेक्टेयर
14.	बाँध की उँचाई	35.20 मीटर
15.	डूब से प्रभावित गाँव	देजला, देवाड़ा, चाँदपुरा, गोपालपुरा
16.	रूपांकित सिंचाई क्षमता	9000 हेक्टेयर
17.	वार्षिक सिंचाई क्षमता	12150 हेक्टेयर

स्रोत : जलसंसाधन विभाग खरगोन

इस प्रकार यह क्षेत्र पर्यटन की संभावनाओं को तो अपने में संजोए हुए है किन्तु इन संभावनाओं को मूर्त रूप बगैर अन्य सुविधाओं के विकास और प्रषासनिक सहयोग के नहीं दिया जा सकता है। अत: इस क्षेत्र के और अधिक विकास एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहाँ पर पर्यटन विकास आवश्यक है। इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने से न केवल पर्यटन संबंधी व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा वरन प्रवासी एवं लुप्त होती हुई दुर्लभ पक्षियों की प्रजाती को भी संरक्षण प्राप्त होगा।

वनस्पति एवं वन्य जीवन - चूँकि इस क्षेत्र के आसपास जंगल आदि नहीं होने से यहाँ पर वन्य वनस्पतियाँ बहुत अल्प मात्रा में है। वनों के अभाव के कारण यहाँ पर वन्य जीव जंतु नही पाए जाते हैं। कुछ वर्षो पूर्व तक यहाँ पर जलाशय के चारों ओर घिरी पहाड़ियों पर सीमित मात्र में जंगल हुआ करते थे किन्तु अब उनके स्थान पर केवल पलाश, बबूल एवं अन्य कांटेदार वनस्पतियाँ ही दिखाई देती है। पूर्व में लोमड़ी, हिरण, खरगोष जैसे छोटे-मोटे वन्य प्राणी भी यहाँ पाए जाते थे किन्तु वनों के ह्रास एवं वन्य जीवों के षिकार के कारण अब इनका सर्वथा अभाव है। अब सिर्फ शीतकाल के दौरान प्रजनन हेतु प्रवासी पक्षी यहाँ पर आते हैं किन्तु वनस्पति और भोजन की न्यूनता के कारण इनकी संख्या में भी कमी आई है।

पर्यटक व्यवहार, संचरण एवं प्रतिरूप - पर्यटक केन्द्रों पर पर्यटकों का व्यवहार विभिन्न उद्देश्यों को निरूपित करता है। देजला - देवाड़ा जलाशय पर प्रतिवर्ष लगभग 115000 लोग पर्यटन हेतु आते हैं। उनका व्यवहारगत उद्देश्य विभिन्न प्रकार का होता है। यहाँ 59 प्रतिशत पर्यटक इस विषाल जलाशय का भ्रमण करने हेतु आते हैं 13 प्रतिशत पर्यटकों का उद्देश्य यहाँ विपणन करना होता है। विपणन के रूप में वे यहाँ से मछलियाँ खरीदते हैं। स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से लोग यहॉ पर नहीं आते हैं।19 प्रतिशत लोग यहाँ पर रोमांच के लिए आते हैं, इसमें वे यहाँ रोमांच के लिए जलक्रीड़ा एवं जल विहार भी करते हैं। कुछ पर्यटक नौकाविहार के साथ मत्स्याखेट का भी आनंद लेते हैं। 9 प्रतिशत लोग अन्य उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पर्यटन करते हैं।

तालिका 1 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

यहाँ पर विभिन्न प्रकार के पर्यटकों का संचरण वर्ष भर होता रहता है उनका प्रतिरूप भी काफी विस्तृत होता है। यहाँ पर वर्षाकाल में सर्वाधिक पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं। शीत ऋतु में प्रवासी पक्षियों के आगमन के समय भी यहाँ अच्छी खासी संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। विशेष अवसरों में यहाँ नन्हेश्वर महादेव नाम से प्रसिद्ध एक स्थान है जो कि महर्षि मार्कण्डेय की तपस्थली भी है। यहाँ पर प्रतिवर्ष शिवरात्री के दौरान लगने वाले मेले के अवसर पर अनेक दर्शनार्थी आते हैं, जिनमें से अनेक प्रकृति प्रेमी भी इस जलाशय को देखने भी आते हैं।

वर्षाकाल के दौरान यहाँ की जलराशि में वृद्धि हो जाने से बाँध के गेट

से बहने वाला जल रमणीय दृष्य उपस्थित करता है, जिसको निहारने और नौकाविहार करने अनेक पर्यटक आते हैं। शीतकाल में आने वाले प्रवासी पक्षी और गुलाबी ठंड का मीठा एहसास भी पर्यटकों को आकर्षित करता है, जिससे इस दौरान भी पर्यटक अधिक आते हैं। विशेष अवसरों पर महिला पर्यटक अधिक आती है।

तालिका 2 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

भ्रमण हेतु अनुकूल समय – देजला – देवाड़ा जलाशय जब पूर्ण रूप से भरा हो, तब इसके रोमांच व सौंदर्य का पर्यटन वर्ष भर किया जा सकता है, किन्तु वर्षाकाल और शीत–बसंत ऋतु के दौरान यहाँ का पर्यटन परम आनंदमयी रहता है। वर्षा की रिमझिम फुहारों में यहाँ से जल का प्रवाह देखना अद्‌भुत आनंद देता है। वर्षा के तुरंत बाद जब यह जलाशय अपनी पूर्ण क्षमता को प्राप्त कर जाता है, तो यहाँ गोधूली बेला में नौकाविहार का आनंद अद्‌भुत होता है।

पर्यटन केन्द्र पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाएँ – देजला–देवाड़ा जलाशय एक आदर्ष पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो सकता है। यहाँ पर आवष्यक मूलभूत सुविधाएँ तहसील मुख्यालय के निकट होने से सहज ही सुलभ हो जाती है। परिवहन की दृष्टि से यहाँ पर आने के लिए सड़क परिवहन की सुविधा उपलब्ध है। रेल और वायु परिवहन यहाँ से काफी दूर स्थित है। आवास सुविधा की दृष्टि से यहाँ से निकट ही धर्मशाला (सराय) और शासकीय गेस्ट हाउस की व्यवस्था उपलब्ध है। किन्तु टूरिस्ट लाज और होटल जिला मुख्यालय पर ही ठहरने हेतु उपलब्ध है।

तालिका 3 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

चूँकि यहाँ पर अधिकांष सुविधाएँ समीप ही उपलब्ध है अत: इस क्षेत्र में अन्य पर्यटकों के आकर्षण की वस्तुएँ जैसे बगीचा, बोटिंग, फूड स्पॉट, झूलाघर, आदि भी उपलब्ध करा दी जाए तो निश्चित ही यह क्षेत्र पर्यटन के रूप में शीघ्र विकास कर सकता है, जिसका प्रभाव इस क्षेत्र के आर्थिक विकास पर भी प्रत्यक्ष रूप से पड़ेगा। प्राकृतिक पर्यटन के रूप में विकसित होने से इस क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही से विकास के अनेक द्वार खुल सकते हैं।

निष्कर्ष – प्रकृति ने आरंभ से ही मानव समुदाय को असीम उपहार सौंपे हैं किन्तु मानव सम्प्रदाय ने अपने स्वार्थ के वषीभूत होकर इन प्राकृतिक उपहारों का अत्यधिक असुरक्षित दोहन करना प्रारंभ कर दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप ग्लोबल वार्मिंग एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का हमें सामना करना पड़ रहा है। नष्ट होते प्राकृतिक संसाधनों से प्रकृति प्रेमी भी चिंचित है। शायद इसी वजह से इको टूरिज्म का जन्म हुआ है, क्योंकि इसके माध्यम से नष्ट होते प्राकृतिक पर्यावरण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। झरने, तालाब, सरोवर, वनस्पति, वन्य जीव–जंतु आदि हमारी प्राकृतिक संपदाएँ है और पर्यावरण के घटक भी। बढ़ते प्रदूषण और अनियोजित दोहन से हमारी लुप्त होती इन प्राकृतिक संपदाओं का पुनर्उद्धार पर्यटन के माध्यम से किया जा सकता है।

इस क्षेत्र की विशाल जलराशि और प्राकृतिक सौंदर्य प्रवासी पक्षियों को भी अपनी ओर आकर्षित करता है। दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों को देखना अपने आप में एक अभूतपूर्व आनंद प्रदान करता है। वर्षाकाल के दौरान जब ये जलाशय अपने पूर्ण भराव स्थल को प्राप्त कर लेता है तब यहाँ पर पर्यटन अपने चरम पर होता है। शासन द्वारा यहाँ की विशाल जलराशि का उपयोग सिंचाई और पेयजल के अलावा नौकायान और जल विहार हेतु किया जा सकता है, जिससे निष्चित ही इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रवासी पक्षियों का आगमन, दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण और पर्यटन के विकास के लिए यह क्षेत्र असीम संभावनाएँ रखता है। अत: यह क्षेत्र पर्यटन के माध्यम से अपनी उन्नति और विकास के नवीन आयाम का सृजन करने में समर्थ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Chandra, R.H. : “Hill Tourism : Planning and Development” Kanishka Publishers, New Delhi, 1998
2. Hunter, C & : “Tourism and the Environment : A sustainable Relationship” Green, H. Routledge, London, 1995
3. Robinson, H.A. : “Geography of Tourism” Mackdonald and Evans, London, 1996
4. दासगुप्ता, पापिया : ‘पर्यटन एक अध्ययन’ म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
5. नेगी, डॉ. जगमोहन : ‘पर्यटन एवं यात्रा के सिद्धांत’ तक्षशिला प्रकाशन, नईदिल्ली, 2004
6. सिंह, सुमन्त : ‘मध्यप्रदेश में पर्यटन‘
   और सिंह, बी.पी. आदित्य पब्लिशर्स, बीना (म.प्र.) 2000
7. दैनिक भास्कर एवं दैनिक जागरण, समाचार पत्र
8. जिला गजेटियर, पश्चिम निमाड़ 1973
9. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जिला – खरगोन, 2006
10 भारत की जनगणना, म.प्र. राज्य–2001

तालिका 1 – पर्यटक व्यवहार

पर्यटक	पर्यटन का उद्देश्य ओर पर्यटकों की संख्या (प्रतिशत में)					महायोग
	भ्रमण	विपणन	स्वास्थ लाभ	रोमांच	अन्य	
स्त्री	23	05	—	07	04	39
पुरूष	36	08	—	12	05	61
योग	59	13	—	19	09	100

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

तालिका 2 – पर्यटक संचरण प्रतिरूप

पर्यटक स्वरूप	पर्यटकों की संख्या (प्रतिशत में)											
	ग्रीष्मकाल			वर्षाकाल			शीतकाल			विशेष अवसर		
	स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पुरूष	योग
अन्तर्क्षेत्रीय पर्यटक	25	23	48	27	30	57	24	28	52	33	28	61
अन्तप्रदेशीय पर्यटक	17	15	32	12	20	32	13	18	31	12	15	27
अन्तर्देशीय पर्यटक	07	13	20	05	06	11	07	10	17	03	09	12
विदेश पर्यटक	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
महायोग	49	51	100	44	56	100	44	56	100	48	52	100

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

तालिका 3 –पर्यटन केन्द्र पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाएँ

सुविधा का प्रकार	पर्यटन केन्द्र से निकटतम दूरी (किमी में)					
		0-5	6-10	11-15	16-20	21 से अधिक
परिवहन	सड़क परिवहन	✼				
	रेल परिवहन					✼
	वायु परिवहन					✼
आवास	धर्मशाला (सराय)	✼				
	टूरिस्ट लाज					✼
	हॉटल					✼
	शासकीय गेस्ट हाउस		✼			
चिकित्सा सुविधाएँ	निजी चिकित्सालय	✼				
	शासकीय चिकित्सालय	✼				
संचार सुविधाएँ	डाकघर	✼				
	सार्वजनिक दूरभाष केन्द्र	✼				
	इंटरनेट	✼				
विपणन सुविधाएँ	बाजार	✼				
	बैंक	✼				
	ए.टी.एम.		✼			
अन्य सुविधाएँ	पेयजल	✼				
	भोजनालय	✼				
	सुलभ काम्प्लेक्स		✼			
	टूरिस्ट गाइड	-	-	-	-	-
	अन्य	✼				

नोट : ✼ चिन्ह सुविधा की निकटतम उपलब्धता को दर्शाता है।

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण


देजला-देवाड़ा जलाशय का सौंदर्य
मछली पकड़ते मछुआरे
देजला–देवाड़ा जलाशय का विहंगम दृश्य
देजला–देवाड़ा जलाशय की मनोहारी संध्या और संध्या के समय पक्षीयों का विचरण

****

दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के आदिवासी विपणन केन्द्रों का ग्रामीण विकास एवं नियोजन

डॉ. सुनिता गुप्ता *

प्रस्तावना – विपणन केन्द्र किसी भी ग्रामीण क्षेत्र की वह नियमित घटना होती है, जो बहुपक्षीय होती है और जिसके प्रत्येक पक्ष के कई आयाम होते हैं। इन्हें आर्थिक क्रियाओं का केन्द्र या वस्तुओं के आदान प्रदान का केन्द्र मानना उसके महत्व को कम आंकना है।

यदि वह ग्रामीण क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र हो तो विपणन केन्द्र का महत्व और भी बढ़ जाता है। आदिवासी क्षेत्र में आदिवासियों के जीवन का प्रत्येक पहलू विपणन केन्द्रों से संबंधित होता है। इस आदिवासी परिवेश में विपणन केन्द्र इन आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जीवन पर स्पष्ट रूप से प्रभाव डालते हैं। यहाँ पर आदिवासियों की जीवन शैली पर इन विपणन केन्द्रों का महत्वपूर्ण प्रभाव देखा गया है। ये विपणन केन्द्र का आदिवासी क्षेत्रों में नियमित समयान्तराल पर आयोजित होते हैं। इस दृष्टि से इन केन्द्रों का महत्व अधिक बढ़ जाता है।

विपणन केन्द्रों के अपने अध्ययन में विभिन्न विद्वानों ने इन्हें विसरण केन्द्र भी माना है। विभिन्न सूचनाओं, विचारों, चिन्तन, रीतियों, पद्धतियों और पदार्थो आदि का वितरण इन केन्द्रों द्धारा सुगमता से इनके पृष्ठ प्रदेश में हो जाता है।

कृषि की क्षीण अवस्था के कारण जनसंख्या का बहुसंख्यक भाग बेरोजगार ही रहता है। यह जनशक्ति जो अकुशल भी है, के उपयोग के लिए विपणन केन्द्र और उसके प्रभाव क्षेत्र का उपयोग किया जा सकता है। अत: प्रत्येक विपणन केन्द्र की जनशक्ति के रोजगार हेतु वहाँ उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर रोजगार के अवसर बढ़ाये जा सकते हैं, जिससे क्षेत्र का सम्पूर्ण एवं संतुलित विकास किया जा सके।

आदिवासी क्षेत्र में विपणन केन्द्र विपणन भूमिका का आचरण करने के अतिरिक्त यह सामाजिक कार्यकलापों की नाभि भी है। विपणन केन्द्र ग्रामों के समीप सम्बन्धों के मिलन स्थान भी है। लोग इन केन्द्रों में वैवाहिक सम्बन्धों की स्थापना के उद्देश्य के लिए भी आते हैं, अध्ययन क्षेत्र में 'भगोरिया' त्यौहार के दौरान इन केन्द्रों में आदिवासियों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप अपने चरम बिन्दु पर होते हैं।

अध्ययन क्षेत्र – मध्यप्रदेश का दक्षिण पश्चिम भाग जो भारत की पश्चिमी आदिवासी पट्टी के संसाधन विरल केन्द्र का प्रधिनिधित्व करता है, अध्ययन का केन्द्र है। इसकी 88 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासी है। इसका अक्षांशीय विस्तार 21°81' उत्तर से 23°33' उत्तर तथा देशान्तरीय विस्तार 73°30' पूर्व से 77°13' पूर्व तक है। अध्ययन क्षेत्र का क्षेत्रफल 23988.91 वर्ग कि.मी. है। प्रस्तुत अध्ययन में दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के खण्डवा, खरगोन, बड़वानी, धार, झाबुआ और रतलाम जिलों को सम्मिलित किया गया है।

विधि तंत्र – दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के आवर्ती वितरण केन्द्रों का गहन अध्ययन विस्तृत सर्वेक्षण कार्य विश्लेषण एवं व्याख्या पर आधारित है।

आदिवासी विपणन केन्द्र, ग्रामीण विकास तथा नियोजन – अध्ययन क्षेत्र ग्रामीण बहुल जनसंख्या क्षेत्र है। ग्रामीण जनसंख्या की दैनिक आवष्यकता पूर्ति हेतु आवर्ती विपणन केन्द्रों की महती भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्रों में ये विपणन केन्द्र तृतीयक क्रियाकलापों के केन्द्र कहलाते हैं। विकास का अर्थ होता है कि सर्वप्रथम क्षेत्र के निवासियों की प्राथमिक आवष्यकताएँ पूर्ण की जावे। चूँकि क्षेत्र के निवासी अधिकांशत: निर्धन वर्ग के हैं अत: विकास का प्रारम्भ निम्न स्तर से करना ही उचित है।

सामाजिक आर्थिक विकास में विपणन केन्द्रो की भूमिका :

1. कृषि संबंधी अनुसंधानों के प्रसारण केन्द्र – आवर्ती विपणन केन्दों पर मात्र क्रय विक्रय ही नहीं होता है अपितु नवीन अनुसंधानों, खोजों का प्रसरण भी होता है। प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र के निवासियों का प्रमुख व्यवसाय कृषि है। अत: कृषि संबंधी उर्वरकों, बीजों, यंत्रों आदि के बारे में जानकारी इन केन्द्रों पर मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन वस्तुओं का प्रचार इन केन्द्रों के माध्यम से ही होता है। विशेषकर जिन क्षेत्रों में दैनिक विपणन केन्द्रों का अधिक विकास नहीं होता वहाँ आवर्ती विपणन केन्द्र ही इन सुविधाओं को उपलब्ध करवाते हैं।

2. ग्रामीण सुविधाओं का केन्द्रीकरण – विपणन केन्द्रों पर विनिमय कार्य के अतिरिक्त कई प्रकार की सुविधायें एवं सेवायें भी केन्द्रित होती है। अत: उनका महत्व आर्थिक ही नहीं होता वरन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक भी हो जाता है। सुविधाएँ एवं सेवाएँ उनकी पदानुक्रमीय व्यवस्था के अनुरूप होती है अर्थात उच्च कोटि के केन्द्रों पर विभिन्न प्रकार की एवं उच्च स्तर की सुविधाएँ प्राप्त होती है। आवर्ती विपणन केन्द्रों पर उपभोक्ता विनिमय के साथ – साथ कुछ महत्वपूर्ण सुविधाएँ जैसे डाकघर, चिकित्सालय ,समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, सहकारी एवं व्यावसायिक बैंक, पुलिस थाना, शिक्षा संबंधी सेवाएँ इत्यादि भी प्राप्त करता है। इसके अतिरिक्त सभी विपणन केन्द्र नाई, मोची, दर्जी, कृषि उपकरणों की मरम्मत करने वाले इत्यादि सेवाएँ भी प्रदान करते हैं। इस प्रकार इन सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक संबंध सुदृढ़ किये जाते हैं।

3. वस्तु प्रवाह एवं मूल्य संरचना के नियन्त्रक – वस्तु प्रवाह उत्पादक क्षेत्रों से खपत क्षेत्रों की ओर होता है। इस प्रकार कृषि उत्पाद ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों की ओर तथा तैयार माल ग्रामों की ओर प्रवाहित होता है। आवर्ती विपणन केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों से उत्पादनों को एकत्रित करते हैं तथ अपने समीपवर्ती क्षेत्रों में पुन: वितरित भी कर देते हैं। ग्रामीण व्यापारी, कृषकों से उनके उत्पाद को क्रय करके बड़े नगरों में अधिक लाभ प्राप्ति की आषा में

* एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी.

विक्रय भी कर देते हैं।

इन केन्द्रों पर कृषक स्वयं उपभोक्ता वस्तुएँ विक्रय करता है जिससे मध्यस्थ के अभाव में वस्तुएँ सस्ती पड़ती है और उत्पादक को भी अधिक लाभ प्राप्त होता है। इसके विपरित बड़े नगरों में वस्तु का मूल्य क्रमश: बढ़ता जाता है क्योंकि परिवहन लागत, मध्यस्थ एवं व्यापारी का लाभ भी सम्मिलित रहता है। अत: प्रत्यक्ष रूप से उत्पादक एवं उपभोक्ता के मिलने पर मध्यस्थ कड़ियों के समाप्त होने से उत्पादक का लाभांश बढ़ जाता है एवं ग्रामीण लोगों का स्तर भी सुधर सकता है।

4. विपणन पद्धतियों के जनक – उत्पादक कृषक सदैव अपने उत्पादन का अधिकतम मूल्य प्राप्त करना चाहता है और उपभोक्ता एवं व्यापारी वस्तुओं के न्यूनतम मूल्य पर प्राप्त करना चाहते हैं। इस प्रकार विपणन पद्धतियों का जन्म होता है। कम उत्पादन एवं तात्कालिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु विपणन केन्द्रों पर कृषक अपने उत्पादन का विक्रय करते हैं, जबकि वे अपने उत्पादन का कम ही मूल्य प्राप्त करते हैं। उत्पादन की कम मात्रा तथा यातायात के साधनों के अभाव में भ्रमणषील व्यापारियों को सस्ती दर पर अपने उत्पादन बेच देते हैं। इस प्रकार व्यापारी उत्पादन का अधिक मूल्य नगरों में बेचकर प्राप्त करते हैं।

5. ग्रामीण विकास के संदर्भ में आवर्ती विपणन केन्द्रों का स्थानिक कालिक समाकलन – ग्रामीण विकास के संबंध में विपणन क्रियाओं पर आधारित नीति निर्धारण हेतु यह आवश्यक है कि आवर्ती विपणन केन्द्र सप्ताह के प्रत्येक दिवस को भिन्न – भिन्न स्थानों पर आयोजित किये जाते है। एवं एक दूसरे के समीप स्थित आवर्ती विपणन केन्द्रों के मध्य बाजार दिवसों की कालिक दूरी पर्याप्त हो, इससे आवर्ती विपणन केन्द्रों के मध्य प्रतिस्पर्धा न्यूनतम होगी।

6. नवीन आवर्ती विपणन केन्द्रों की स्थापना – अध्ययन क्षेत्र के विपणन केन्द्रों के पदानुक्रम से ज्ञात होता है कि प्रथम कोटि के अंतर्गत क्षेत्र का एक भी विपणन केन्द्र सम्मिलित नहीं है। अत: उच्च स्तर का आवर्ती विपणन केन्द्र आवष्यक है ताकि वे एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर सके तथा विकास सम्भव हो सके। इस प्रकार आवर्ती विपणन केन्द्रों के पदानुक्रम का एक व्यवस्थित पिरामिड बनेगा जिससे विकास निचले स्तर से प्रारम्भ होकर उच्च स्तर की ओर होगा तथा विषमताएँ कम होगी। इस प्रकार का पिरामिड आवर्ती विपणन केन्द्रों को उच्च स्तरीय राष्ट्रीय आर्थिक तन्त्र से जोड़ेगा, जिससे समन्वित ग्रामीण विकास को बल प्राप्त होगा।

विपणन संबंधी नियमों की आवष्यकता – विश्व के अधिकांश भागों में स्थानीय अधिकारियों द्वारा ही विपणन स्थलों पर नियम एवं आदेशों का पालन करवाया जाता है। यह नियम एवं आदेश दुकानों के टेक्स एवं लायसेंस संबंधी होते हैं। इन अधिकारियों द्वारा कीमतों पर नियंत्रण, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार, उचित भार एवं मापन संबंधी आवश्कताओं का ध्यान भी रखा जाता है ताकि स्तरहीन वस्तुओं के अधिक मूल्य न लिये जा सके। गाँव के सरपंच, दबाव बनाकर वस्तुओं को कम मूल्य पर क्रय करते देखे जा सकते हैं।

अध्ययन क्षेत्र में बाजार फीस के रूप में आय ग्राम पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत वसूल करती हैं, किन्तु आवर्ती विपणन केन्द्रों पर कुछ प्राथमिक सुविधाएँ प्रदान करना भी आवष्यक है जैसे – वर्षा, गर्मी एवं शीत से सुरक्षा हेतु पक्के एवं छायादार चबुतरे बनाना आवश्यक है। साथ ही विपणन स्थल के समीप ही पेयजल एवं शौचालय की सुविधाएँ भी आवश्यक है। ग्रामीण विक्रेताओं को उनके उत्पाद का मूल्य प्राप्त हो तथा इन्हें सहकारी साख संस्था द्वारा पूँजी भी प्रदान की जाये, इस दिषा में प्रयास आवष्यक है तभी ग्रामीण क्षेत्र का सही विकास सम्भव हो पायेगा।

बाजार केन्द्रों में सहायक सेवाओं की उपलब्धता – आवर्ती बाजार में ग्रामीण विकास की दृष्टि से सहायक सेवाओं की सुलभता जैसे डाकघर, यातायात एवं संचार सुविधाएँ सहकारी संस्थाएँ इत्यादि। अधिकांश केन्द्रों में ये सभी सुविधायें उपलब्ध है। साथ ही समन्वित ग्रामीण विकास हेतु लघु उद्योगों की स्थापना की जाये, जिसमें कृषि आधारित उद्योग दाल मिल, खांडसारी मिल, तेल पेरना इत्यादि जिससे ग्रामीण बेरोजगारी को सीमित किया जा सकता है।

विपणन संबंधी सूचनाओं का विस्तार – आवर्ती विपणन केन्द्रों पर सूचना जाल का प्रचार प्रसार किया जा सके जिससे कृषकों को मूल्य, वस्तुओं की उपलब्धता तथा मण्डी जैसी व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जाय ताकि क्षेत्र का सही विकास सम्भव हो सके। कृषकों को प्रषिक्षण एवं षिक्षा दी जानी चाहिए जिससे विपणन संबंधी सूचनाएँ प्राप्त करना सरल होगा।

अन्य सुविधाएँ – आवर्ती विपणन केन्द्रों पर स्थानीय लोगों के अतिरिक्त चारों ओर की जनसंख्या भी विपणन क्रिया हेतु सम्मिलित होती है, अत: इन केन्द्रों के माध्यम से परिवार नियोजन, स्वास्थ्य शिविर, चल क्लिनिक, चल सिनेमा, कृषि विस्तार संबंधी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य एवं सफाई के संबंध में वृत्तचित्र दिखाना, सरकार द्वारा ऋण वित सेवाओं का सरल भाषा में प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। इस प्रक्रिया द्वारा यह लाभ होगा कि गतिशील समूह द्वारा उस विशिष्ट दिवस को वांछित वस्तुएँ एवं सेवायें उपलबध की जा सकेगी। इस प्रकार की क्रियाओं से साप्ताहिक विपणन केन्द्र दैनिक केन्द्र में परिवर्तित होगा।

निष्कर्ष –आवर्ती विपणन केन्द्र ही ग्रामीण अंचलों में सामाजिक आर्थिक विकास के साधन है, इन्हीं के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं की प्राप्त होती है, जिससे ग्रमीण जनता को लाभ मिलता है।

References :-

1. Bromlay, Ray(1987) : “Periodic Markets and Rural Development Policy : Contribution to Indian Geography, Vol IX”
   Rural Geography, Editor H.N. Mishra, PP 203
2. Shrivastava, V.K. : Commercial Activities and Rural Development in South Asia
   A Geographical Study, New Delhi
3. Trivedi, Venu (1977) : विपणन भूगोल, युनिवर्सिटी बुक हाउस, जयपुर
4. Udhavram (1982) : Periodic Markets and Rural Development in Lower Ganga Ghagra Doad”. Ph.D. Thesis, Unpublished.
5. Wanmali, Sudhir (1987) : “Periodic Markets, periodic Marketing and Rural Development in India. contribution to Indian Geography Xth Rural Geography.”
   Editor H.N. Mishra, Heritage Publishers, New Delhi.

****

उच्च शिक्षा पर वैश्वीकरण का प्रभाव

डॉ. टीना बाफना *

प्रस्तावना – वैश्वीकरण वर्तमान विश्व को प्रभावित करने वाली ऐसी व्यवस्था है जिसके प्रभाव से कोई भी देश अछूता नहीं है। वैश्वीकरण ने राष्ट्रों और व्यक्तियों को समग्र रूप से उनके सभी क्षेत्रों में जाकर प्रभावित किया है। यद्यपि वैश्वीकरण का कोई मूर्तरूप तो नहीं है, पर इसे व्यवस्थाओं पर पड़ने वाले प्रभावों के आधार पर समझा और अनुभव किया जा सकता है। वैश्वीकरण, बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ, तकनीकी और सूचना क्रांति, इंटरनेट आदि ने विश्व के वर्तमान परिदृष्य को पूरी तरह बदल दिया है। इन सबने समय को सुकोड दिया है, भूगोल को छोटा किया है, परिणामत: देशों की राष्ट्रीय सीमाएँ अर्थहीन होती जा रही हैं। नाईट एण्ड डि विट (Knight and De Wit) का विचार बहुत सीमा तक सही है कि वैश्वीकरण एक ऐसा प्रवाह है जो तकनीक, ज्ञान, अर्थतंत्र, मूल्यों और विचारों को राष्ट्रों की सीमाओं को ध्वस्त करते हुए चारों ओर फैला रहा है। वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप विभिन्न देशों की शिक्षा में जो बदलाव आया है, उस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। वस्तुत: वैश्वीकरण ने बाजारवाद को प्रोत्साहित किया है, इसके कारण बाजारवाद सभी क्षेत्रों में और सभी मान्यताओं पर हावी हो रहा है। शिक्षा भी इससे अछूती नहीं है। भारतीय विचार से शिक्षा एक पवित्र कार्य और संस्कार है जिसे बाजार में बेचा या खरीदा नहीं जाता, पर आज शिक्षा व्यापार हो गई है, उसे खरीदा और बेचा जा रहा है। बाजार के साथ शिक्षा के जुड़ने के परिणामस्वरूप शिक्षा, शिक्षा पद्धति और शिक्षा व्यवस्था में मुख्यत: चार प्रकार के बदलाव देखने में आ रहे हैं।

एक – वर्तमान में शिक्षा में पूरा जोर तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षा पर दिया जा रहा है। वर्तमान में पूरा विकास ही तकनीक पर आधारित है। परिणामत: देशों में व्यापक स्तर पर तकनीकी और प्रौद्योगिकी के संस्थान खोले जा रहे हैं। ये संस्थान बाजार की जरूरतों को पूरा करते हैं। तकनीकी विकास मानव मूल्यों की चिंता नहीं करता, इस कारण जो समस्याएँ सम्मुख आ रही हैं, उन पर विचार करने की आवष्यकता है।

दूसरा– दसवीं कक्षा के बाद भाषा, साहित्य, समाज विज्ञान, इतिहास आदि का अध्ययन उपेक्षित हुआ है, क्योंकि बाजार में इनको कोई स्थान नहीं है। साहित्य, संगीत, कला की उपेक्षा के कारण मनुष्य का ज्ञान पक्ष तो विकसित हो रहा है, पर उसका भावपक्ष उतना विकसित नहीं हो पा रहा है। इसी प्रकार, आज का तकनीकी शिक्षा से युक्त व्यक्ति अपनी परम्परा, संस्कृति, सभ्यता और इतिहास से कट रहा है। उसमें सामाजिक बोध और देश की मिट्टी से जुड़ने की लालसा कम हो रही है। अपना कैरियर और अपनी मौजमस्ती यही उसके लिए प्रथम है।

तीसरा प्रभाव यह है कि मातृभाषा की उपेक्षा और अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ रहा है। विश्व बाजार में देश भाषाओं का कोई महत्व नहीं है। अधिकांशत: बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अमेरिका और ब्रिटेन की है। अंग्रेजी को महत्व ही नहीं देती, अपितु अंग्रेजी के विस्तार में सहायक भी हैं। देशज भाषाओं की उपयोगिता क्षेत्र विशेष तक सीमित है, अत: उस भाषा का उपयोग उस क्षेत्र की सीमा में होने वाले व्यापार के लिए किया जाता है।

चौथा प्रभाव यह हुआ है कि आज सभी देशों में परम्पराएँ और मूल्य शिथिल पड़ रहे हैं। वैश्वीकरण के युग में तकनीकी और संचार क्रांति ने पूरे परिदृष्य को और व्यक्ति के जीवन को बदल दिया है। आज वर्जनाओं को स्वीकार करने का नहीं, अपितु उन्हें तोड़ने का वातावरण बन रहा है। रेव पार्टियाँ और पब कल्चर शिक्षित और विकसित समाज की पहिचान बन रहे हैं। महाविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का स्वरूप परिवर्तित हो रहा है। अपसंस्कृति को ही संस्कृति माना जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप छात्रों को मनोविज्ञान बदल रहा है। युवाओं में सैक्स के प्रति खुला आकर्षण, हिंसक प्रवृत्ति में वृद्धि, नकारात्मक सोच, स्वयं के भौतिक विकास की लालसा बढ़ रही है और सामाजिक सोच कम हो रहा है।

वैश्वीकरण के कारण विद्यालयों में जो परिदृष्य विकसित हो रहा है वह छात्रों में प्रतियोगिता, प्रतिस्पर्धा और स्वयं कैरियर को बनाने की चिंता को बढ़ावा देने वाला है। यह स्वस्थ्य समाज रचना में सहायक नहीं है, इसके विपरीत यह सामाजिक विषमता, शोषण, उत्पीड़न और समाज में गैरबराबरी और असहयोग की वृत्ति को विकसित करने वाला है। यह जीने के अर्थ को ही बदल रहा है।

जे.कृष्णमूर्ति कहते हैं, 'आप देख सकते हैं कि जिसे आप जीना कहते हैं, वह नौकरी पा लेने, बच्चे पैदा करने, परिवार का पालन–पोषण करने, समाचार–पत्रों एवं पत्रिकाओं को पढ़ने, बढ़–चढ़ कर बातें कर सकने और कुषलतापूर्वक वाद–विवाद कर सकने तक ही सीमित होता है।'

विश्व में जिस मुकाम पर हम खड़े हैं, उसे देखते हुए स्पष्ट है कि वैश्वीकरण के प्रभाव से पूरी तरह बच तो नहीं सकते, पर वैश्वीकरण के प्रभाव को कम करने के लिए शिक्षा नीति में परिवर्तन करने के संबंध में विचार करने की आवश्यकता है। ऐसा परिवर्तन जो छात्रों में मूल्य को स्थापित करने में, समाजबोध को विकसित करने में और देश के प्रति हमारे लगाव को मजबूत करने में सहायक हो।

उच्च शिक्षा में चुनौतियाँ – उच्च शिक्षा के समक्ष एक महत्वपूर्ण चुनौती है सही पाठ्यक्रम का चुनाव। क्योंकि पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है। वर्तमान पाठ्यक्रम सैद्धांतिक ज्यादा है और इनका प्रायोगिक व व्यावहारिक पक्ष कमजोर है। पाठ्यक्रम परिवर्तन

* शोधार्थी, राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

पर गहन चिंतन मनन आवश्यक है।

शोध कार्यो की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। उनकी उत्कृष्टता समाप्त हो रही है। हजारों की संख्या में प्रस्तुत हो रहे शोध प्रबंध गुणवत्ता विहीन हो रहे हैं। हमें यह देखना होगा कि शोध कार्यों की उपयोगिता, उत्कृष्टता एवं व्यावहारिक उपयोगिता बनी रही।

शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार भी उच्च शिक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। शिक्षा को भ्रष्टाचार के चंगुल से निकालकर ही उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पाई जा सकती है।

यह एक कुट सत्य है कि विद्यार्थियों का स्तर भी निरन्तर गिरता जा रहा है। भीड़ तो बढ़ रही है लेकिन गुणात्मकता कम हो रही है।

उच्च शिक्षा को अधिक प्रतिस्पर्धी, गुणवत्तामूलक एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए नवाचारी विधियों का प्रयोग बढ़ाने की आवश्यकता है। आज भी हमारे देश में जी.डी.पी. का बहुत कम भाग शिक्षा में व्यय होता है, उसको बढ़ाने की आवश्यकता है। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो देश के लगभग सभी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा वित्तीय संसाधनों में लगातार कमी महसूस की जा रही है।

उच्च शिक्षा गुणवत्तापरक बने, प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहायक हो, इस हेतु निरंतर चिंतन मनन की आवश्यकता है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्र के व्यतिंव का संपूर्ण विकास करने के साथ-साथ उसका चारित्रिक निर्माण उसके व्यक्तित्व में धर्म निरपेक्षता, नैतिकता, समर्पण, सेवाभावना, राष्ट्रभक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आदि का विकास हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

मानवाधिकारो की वर्तमान स्थिति और महिलाए-प्रमुख वैधानिक प्रावधान

डॉ. भारती लुनावत *

शोध सारांश – मानवाधिकार वे न्यूनतम अधिकार है जो प्रत्यैक व्यक्ति को चाहे वह स्त्री हो या पुरूष प्राप्त होने चाहिए क्योकि वह मानव परिवार का एक सदस्य है मानवाधिकार मुल अधिकारो कि भाति ही ऐसे अधिकार है जिनके बिना मनुष्य जीवित एंव सुरक्षित नही रह सकता है तथा यह अधिकार मनुष्य की गरीमा बनायो रखने के लिये अतिआवश्यक है। यह चिंता का विषय है कि महिला अधिकारिता वास्तिविक रूप मे आज भी वह स्थान नही पा रही है। जिसकी वह अधिकारिणी रही हैं। पिछले दो दशको मे हुए आर्थिक विकास के बावजुद महिलाओं के तुलनात्मक रूप से वंतित होने की समस्या निदान नही हो पाया है। उक्त आलोक मे यह उलेखनीय है कि वर्तमान मे संविधान मे कई ऐसे संरक्षण कानून जोडे जा रहे है एवं उच्चतम न्यायालय के कई आदेश कामकाजी एवं घरेलु महिलाओं के जीवन एवं गरिमा संबंधित मानवाधिकारो से सीधे जुडे है। उक्त शोध पत्र महिलाओं के मानवाधिकारों को संरक्षित करने वाले ऐसे प्रमुख सवैधानिक प्रावधानो की संक्षिप्त जानकारी का प्रयास है।

प्रस्तावना – स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात महिलाओं की गरिमा प्रतिष्ठा और सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिये कई प्रकार के कानून अस्तित्व मे आये परन्तु इनकी स्थिति मे अपेक्षित सुधार प्रतिक्षित है संविधान निर्माताओं ने देश के सामाजिक ढाचे मे महिलाओं को उचित एवं बराबरी का स्थान दिलाने का भरसक प्रयास किया जिसे संविधान के विभिन्न प्रावधानो मे मूर्तरूप दिया गया है अनु.14 मे समानता के अधिकार का प्रावधान है वही अनु.15(3) स्त्रीयो और बालको के लिये विषेष उपबंध निर्मित करने के लिये राज्य को अधिकृत करता है अनु.39(क) और (घ)में राज्य को पुरूष और स्त्री समस्त नागरिको के लिए समान वेतन के निर्धारण का निर्देश है। अनु.51(क) का पांचवा बिंदु यह निर्धारित करता है कि सभी मनुष्य ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के विरूद्ध हो ।

स्वतंत्रता के पूर्व राममोहनराय,दयानंद सरस्वती,ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे समाज सुधारकों ने महिलाओं के मुद्दे उठाये जिनमे सती प्रथा,विधवा विवाह,बाल विवाह एवं महिला शिक्षा जैसे विषय शामिल थे। इस संबंध में कई कानूनों को निर्माण कर महिला अधिकारों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है।

1. अनु.15-3 में महिलाओं को विशेष उपायों द्वारा संरक्षण प्रदान किया गया।
2. अनु.39-ए के अनुसार स्त्री और पुरूष दोनों को रोजगार की समानता का प्रावधान किया गया।
3. 73 वे और 74 वे संविधान संषोधन 1976 द्वारा महिलाओं को पंचायतों में एक तिहाई स्थानों के आरक्षण का प्रावधान किया गया।वर्तमान में कई राज्य सरकारों द्वारा इसे बढ़ाकर 50 प्रति. कर दिया गया ।
4. उच्चत्तम न्यायालय में संविधान के अनु. 14,15,16,19-1 और 21 के अंतर्गत देश के नागरिकों को प्राप्त मूल अधिकार किन्नरों के भी पक्ष में विस्तारित करते हुए निर्णय दिया है।
5. सरकार ने 1970 के दशक को महिला कल्याण दशक एवं 1980 के दषक को महिला विकास दशक और 1990 के दशक को महिला सषक्तिकरण दषक के रूप में घोषित किया।
6. उच्चत्तम न्यायालय ने कामकाजी महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए वर्ष 1997 में दिषा निर्देश जारी किये -विशाखा केस।
7. 2005 में घरेलू हिंसा निवारण विधेयक का भी निर्माण किया गया।
8. 1987 में सरकार ने सती निरोधक कानून पारित किया जो रूपकुवंर सती केस राजस्थान के विरूद्ध जनआंदोलन की परिणिति था।
9. 1986 में शाहबानों केस में उच्चत्तम न्यायालय ने यह निर्णण दिया कि मुस्लिम महिलाओं को भी अपने पति से गुजारा भत्ता प्राप्त करने का अधिकार है।
10. 1990 के पश्चात न्यायालय ने घरेलु हिंसा, हानिकारक गर्भ निरोधक तकनीक, महिलाओं की स्वास्थ्य नीति आदि को दृष्टिगत रखते हुए अपने निर्णय किये है।

इस प्रकार कई संवैधानिक कानून एवं न्यायालीन आदेश महिला मानवाधिकारों के संदर्भ में सामने आये है किन्तु वर्तमान में भी महिलाओं के प्रति अपराध थमते नजर नहीं आ रहे है। महिलाओं के पारिवारिक और सामाजिक स्थिति उनके आर्थिक रूप से सशक्त और स्वतंत्र रहने पर ही स्तरीय हो सकती है। जहां एक ओर पंच और सरपंच के रूप में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा हैं वहीं वर्तमान समय में स्वरोजगार के क्षेत्र में भी उन्हें स्वतंत्रता प्राप्त हुई, किन्तु अभी भी आधी आबादी को उनका वास्तविक हक मिलना शेष है क्योंकि 16 वी लोकसभी के आंकड़े बताते है कि कुल महिलाएं केवल 61 है जो सांसद के रूप में चुनी गई। निष्कर्षत: महिलाओं के लिए कानून एवं निर्देशों का अभाव नहीं है आवश्यकता है इन अधिकारों को ईमानदारी से लागू किया जाना तभी महिलाओं के मानवाधिकारों की पूर्ण सुरक्षा आष्वस्त हो सकेगी।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ.जय जयराम उपाध्याय-मानवाधिकार।
2. मानवाधिकार सिद्धांत एवं व्यहवार-डॉ.जीपी नेमा,शर्मा
3. फडिया एवं जैन भारतीय शासन एवं राजनीति।
4. मानवाधिकार ईयर बुक-2011 प्रवीण एच पारिख।
5. मानवाधिकार आंदोलन-एक अध्ययन:डॉ.श्रीमति रमा शर्मा।
6. मानवाधिकार एवं पिछडा वर्ग-एस.सी.लाम्बा।

* (राजनीति विज्ञान) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम, जिला-रतलाम (म.प्र.) भारत

मूल्य वर्ध्दित कर एवं जी.एस.टी. में कर चोरी की प्रवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. कविता चंदानी *

शोध सारांश – मध्यप्रदेश में वेट 1 अप्रैल 2006 से प्रभावी ढंग से लागू किया गया था। राज्य सरकार को इस कर से उल्लेखनीय आय भी प्राप्त हुई। परन्तु इस व्यवस्था में कर एवं कर की दरें दोनों अलग-अलग होती थी। साथ ही इसमें कुछ दोष एवं त्रुटियां विद्यमान थी जिसके कारण सामान्य करदाता को परेशानी आती थी। इस प्रणाली के जटिल एवं दोहरे करारोपण के कारण कर चोरी को प्रोत्साहन मिलता था। इसलिए वेट की संरचना में परिवर्तन एवं एकल कर प्रणाली की आवश्यकता वर्षो से महसूस की जा रही थी ताकि कर चोरी को रोककर राजस्व में वृध्दि की जा सकें। इस समस्या के समाधान के रूप में जी.एस.टी. को एक कर प्रणाली के रूप में अपनाया गया।

प्रस्तावना – म.प्र. सरकार के वित्तीय स्त्रोतों में मूल्य वृध्दि कर (वेट) का महत्वपूर्ण स्थान था। कुल राजस्व को लगभग 79 प्रतिशत इस कर से प्राप्त होता था परन्तु इसके जटिल प्रावधानों व कर की दरों की भिन्नता जैसे कई कारणों से करदाता में कर चोरी की प्रवृत्ति बढ़ी थी। वेट के अंतर्गत व्यापारियों द्वारा बिना बिल के विक्रय कर, गलत रिकॉर्ड एवं बहीखाते रखकर कर चोरी का प्रयास किया जाता था जिसको रोकने के लिए सरकार द्वारा सभी संभागों में उड़नदस्ते व जांच चौकियां स्थापित की गई थी। अधिकारियों व निरीक्षकों को व्यापारियों की लेखा पुस्तकों की जांच एवं कर वसूली की कार्यवाही से संबंधित अधिकार दिये गए। यद्यपि कर एंटी इवेनिंग विंग द्वारा वर्ष 2009-10 में छापों की संख्या 406 से वर्ष 2010-11 में 300 हो गई फिर भी कर चोरी को पूरी तरह रोका नहीं जा सका।

शोध अध्ययन के उद्देश्य – वेट के स्थान पर जी.एस.टी. के क्रियान्वयन से कर चोरी के प्रयास कम हुए हैं या नहीं यही मेरे अध्ययन का उद्देश्य है।

शोध परिकल्पना – जी.एस.टी. के क्रियान्वयन से वेट की जटिलता के कारण होने वाली कर चोरी के प्रयासों में कमी आई है।

शोध प्रविधि –प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों पर आधारित है। कर से सम्बन्धित प्रावधान तथा अन्य समंक व सूचनाएं आदि द्वितीयक समंक है। प्राथमिक समंक के रूप में न्यादर्श की दैव निदर्शन प्रणाली का अनुसरण करते हुए व्यापारियों एवं अधिकारियों से सर्वेक्षण किया गया है व सूचनाओं को एकत्र किया गया है व निष्कर्ष निकाले गये हैं।

कर चोरी के कारण – सामान्यत: कर चोरी से आशय क्रय विक्रय का सही हिसाब किताब नहीं रखना या उनका लेखा हिसाबी पुस्तकों में नहीं करना है जिससे कर दायित्व उत्पन्न ही ना हो या वास्तविकता से कम प्रकट हो। मूल्य वर्द्धितकर में विक्रय के प्रत्येक स्तर पर कर लगता था अत: विक्रेता प्रथम विक्रय पर ही बिना बिल के विक्रय करता था ताकि किसी भी स्तर पर कर का भुगतान न करना पड़े और इस प्रकार वेट से कर चोरी को बढ़ावा मिला अर्थात् कर के भार को कम करने के लिए व्यापारी कर चोरी के चक्रव्यूह से चाहकर भी मुक्त नहीं हो पा रहा था।

कर चोरी के प्रमुख कारण इस प्रकार थे –

1. **मानसिक दबाव –** यह मनोविज्ञान है कि जिस कार्य के लिये मानव को निषिध्द किया जावे वह उसे करने के लिए आंतरिक रूप से प्रेरित होता है। व्यापारी वर्ग अधिक लाभ अर्जन करने के दृष्टिकोण से व्यापार करता है। ग्राहकों से वसूल किया गया कर यद्यपि शासकीय धरोहर होता है, परन्तु व्यापारी वर्ग इसे अपना मान लेता है। अत: वेट का भुगतान करने में उस पर मानसिक दबाव पड़ता था कि वह अपनी आय में से भुगतान कर रहा है। इससे कर चोरी को प्रोत्साहन मिलता था।
2. **सामाजिक प्रभाव –** कई व्यापार अपना व्यवसाय ईमानदारी से कर चुकाकर करते हैं परन्तु यदि विक्रेता से व्यापारी को बिल नहीं मिलते हैं या संपूर्ण क्रय राशि का बिल नहीं मिलते है तो वह विक्रय का सही बिल जारी नहीं कर सकता है जिससे कर चोरी को प्रोत्साहन मिलता हों।
3. **रिबेट संबंधी प्रावधानों में त्रुटियां :-** एक प्रमुख समस्या रिबेट सम्बन्धी प्रावधानों का जटिल होना था। यदि किसी व्यापारी ने पंजीकृत व्यापारी से माल खरीदकर बेचा है तो उसे इनपुट टैक्स रिबेट की पात्रता होती थी, लेकिन यदि व्यापारी का पंजीयन रिबेट मिलने की अवधि से पूर्व किसी कारणवश निरस्त हो जाता था तो विभाग द्वारा यह रिबेट नहीं दी जाती थी। जबकि करदाता व्यापारी के पास उचित बिल उपलब्ध होते थे। अत: व्यापारी कर चोरी करते थे।
4. **कर की दरों में असमानता –** वेट अधिनियम से अलग-अलग राज्यों में वस्तुओं की दरें असमान थी जिससे अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती थी। इसके अतिरिक्त कुछ वस्तुओं पर एक ही वित्तीय वर्ष में कर की दरें कई बार परिवर्तित होती थी, जैसे-पेट्रोल। व्यापारी एक राज्य में जिस दर पर कर चुका कर माल खरीदता था उसी वस्तु पर दूसरे राज्य में कर की दर अधिक होने से कर का भार अनावश्यक रूप से बढ़ जाता था। इसलिए व्यापारी कर चोरी करते थे।
5. **दोषपूर्ण कर नीति –** वेट अधिनियम के कानूनी प्रावधानों व नियमों में कई प्रकार की खामियाँ और विसंगतियां थी जिससे कि व्यापारी को प्रक्रिया व नियमों को समझने में कठिनाई होती थी। जिससे कर दोरी को बल मिलता है।

* एम.के.एच.एस.गुजराती कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

6. **उचित कार्यवाही न होना** – व्यवसायी द्वारा कर चोरी संदिग्ध होने पर निर्धारित कार्यवाही के पश्चात् कर चोरी की राशि का 3 या 5 गुना शास्ति आरोपित करने का प्रावधान है परन्तु व्यवसाई को अनिवार्य रूप से कारावास का कोई प्रावधान नहीं है अत: व्यवसायी कर चोरी करते थे।

7. **पूर्ण हिसाब किताब न रखना** – कर चोरी पकड़े जाने के डर से व्यवसायी अपना पूर्ण हिसाब किताब नहीं रखते थे। कच्चे कागज बनाकर लेनदेन का हिसाब बनाकर बाद में नष्ट कर देते थे।

8. **कम कीमत के बिल जारी करना** – व्यवसायी माल की वास्तविक कीमत से कम कीमत के बिल जारी कर अंतर की राशि अलग से प्राप्त कर कर चोरी करते थे।

9. **विक्रय से भिन्न वस्तु की बिक्री दर्शाना** – कर की दरों में अंतर होने से वास्तव में विक्रय की जा रही वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु के बिल बनाकर व्यापारियों द्वारा कर चोरी की जाती थी।

नवीन कर प्रणाली – माल एवं सेवा कर – जी.एस.टी. एक अप्रत्यक्ष कर है। वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाले अधिकतर करों को जी.एस.टी. के अन्तर्गत लाया गया है। इसके तहत् वस्तुओं और सेवाओं पर एक समान दर से अंतिम उपभोग बिन्दु पर कर लगाया जावेगा। पूर्व कर व्यवस्था में जब किसी वस्तु का उत्पादन होता था तो उस पर उत्पादन शुल्क लगता था। जब उसे कोई बेचता था तो वेट देना पड़ता था, परन्तु जी.एस.टी. लागू हाने पर उसे सिर्फ एक कर देना होगा – जी.एस.टी.। यह देशभर में एक समान होगा।

जी.एस.टी. के दो घटक हैं। एक केन्द्र द्वारा लगाया गया केन्द्रीय जी.एस.टी. या सी.जी.एस.टी. और दूसरा राज्य द्वारा लगाया गया एस.जी.एस.टी. होता है। इनसे सम्बन्धित कानूनों में वसूली के लिये समान प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसका प्रबन्धन केन्द्र और राज्य दोनों को सौंपा गया है।

जी.एस.टी. से कर चोरी के प्रयासों में कमी आएगी क्योंकि इस व्यवस्था से व्यापारियों को अनेक लाभ होंगे जैसे :-

1. **समान कर प्रणाली** – वेट अधिनियम के अंतर्गत माल एवं सेवाओं पर विभिन्न दरों से कर लगाए जाते थे। किसी राज्य में एक वस्तु विशेष पर ऊँची दर से कर लगता था तो उसी वस्तु पर अन्य राज्य में कम दर से कर लगता था कर की दरों की असमानता का यह दोष जी.एस.टी. लागू होने के बाद दूर हो गया है। अब संपूर्ण भारत पर माल विशेष पर एक जैसा कर लगेगा।

2. **कासकैडिंग की समाप्ति** – पूर्व कर व्यवस्था में विक्रय के प्रत्येक स्तर पर कर लगाया जाता था, इससे पुन: करारोपण की स्थिति होती थी जिससे जनता पर कर का भार बढ़ जाता था। जी.एस.टी. लगने से करों की बारंबारता को दूर कर दिया गया है।

3. **शासकीय राजस्व में वृद्धि** – प्रत्येक व्यवहार में बढ़े हुए मूल्य पर सरकार को कर मिलता है इससे राज्सव में वृध्दि होती है। सरकार को निरंतर आय प्राप्त होती रहती है। जी.एस.टी. लागू होने से कर चोरी पर रोक लगेगी क्योंकि माल एवं सेवा के विभिन्न चरणों में एक साथ चोरी संभव नहीं होती। जी.एस.टी. के अंतर्गत हिसाब किताब रखने, रिटर्न फाईल करने का ऐसा मेकेनिज्म तैयार किया गया है कि किसी स्तर पर की गई गड़बड़ी, हेरा फेरी या छुपाने की कोशिश तुरंत पकड़ में आ जाएगी।

4. **सही लेखा–जोखा** – जी.एस.टी. की एक विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक व्यापारी अपने व्यवसाय का सही एवं पूरा–पूरा हिसाब रखेगा ताकि वह पूर्व में भुगतान किए गए करों पर छूट की मांग कर सकता है।

5. **छोटे व्यापारियों को लाभ** – जी.एस.टी. में छोटे व्यापारियों को राहत दी गई है। विक्रय सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है। जिससे कई छोटे व्यापारी कर दायित्व से मुक्त हो गए है।

6. **स्वत: कर निर्धारण** – जीएसटी प्रणाली में कर निर्धारण की प्रक्रिया में स्वत: कर निर्धारण को अपनाया गया है अर्थात् व्यापारी द्वारा जो विवरणी प्रस्तुत की जाएगी उसे विभाग मान्य करेगा और करदाता को कर विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

7. **अंतर्राज्यीय व्यापार में आसानी** – जी.एस.टी. से अंतर्राज्यीय व्यापार आसान हो जाएगा। फॉर्म सी का झंझट समाप्त हो गया है। इससे व्यापारियों के साथ साथ उपभोक्ता को लाभ होगा।

8. **समान व्यापारिक अवसर** – जी.एस.टी. लागू होने के कारण अब प्रत्येक राज्य के व्यापारी व उत्पादक को समान व्यापारिक अवसर मिलेंगे। पूरे देश में समान दरों के कारण विभिन्न राज्यों के बीच अनावश्यक प्रतिस्पर्धा समाप्त होगी।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध अध्ययन से स्पष्ट है कि जी.एस.टी. कर व्यवस्था लागू करने से सरकार के राजस्व में वृध्दि होगी। साथ ही निश्चित रूप से कर की चोरी भी कम होगी क्योंकि व्यापारियों को पूर्व कर व्यवस्था से कर की दर एवं गणना संबंधी जो भी कठिनाईयां थी वे दूर होंगी जिससे कर चोरी के प्रयासों में कमी आएगी। जी.एस.टी. से देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। भविष्य में इससे और भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

(अ) पुस्तकें :-

1. मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर : प्रो. श्रीपाल सकलेचा
2. माल एवं सेवा कर : टैक्समेन
3. मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर : डॉ. मेहरा एवं गोयल
4. सार्वजनिक वित : अवध किशोर सक्सेना

(ब) प्रतिवेदन व प्रलेख :

1. मध्यप्रदेश में वेट (कुछ प्रश्न उत्तर) : आयुक्त, वाणिज्यिक कर म.प्र.
2. जिला सांख्यिकी पुस्तिका: कार्यालय जिलाधीश

(स) समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ :

1. नईदुनिया
2. दैनिक भास्कर
3. टाईम्स ऑफ इंडिया
4. प्रतियोगिता दर्पण

(द) वेबसाईट :

1. www.mptax.net
2. www.mptax.org.

****

जीवन बीमा निगम एवं एस.बी.आई. की आजीवन बीमा योजना का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. सविता अग्रवाल *

शोध सारांश – वर्तमान जीवन में जितनी अधिक अनिश्चितताएं एवं जोखिमें बढ़ती जा रही है, बीमा का महत्व भी उतना ही अधिक होता जा रहा है। समाज के सभी वर्गों के लिए बीमा की सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से उपयोगिता है बीमा जोखिमों व अनिश्चितताओं से उबरने का एक आसान तरीका है बीमा के द्वारा जोखिमों का विभाजन किया जा सकता है परन्तु यह भी अति आवश्यक है कि सही बीमा योजना का चुनाव किया जाए। प्रस्तुत शोध पत्र में पॉलिसीधारकों को लाभप्रद योजना के चुनाव हेतु तुलनात्मक अध्ययन किया गया।

प्रस्तावना – वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति प्रात:काल से रात्रि तक धनार्जन क्रिया में जुटा है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक व्यक्ति का जीवन तथा उससे जुड़े कार्य जोखिमों से घिरे हुए है बीमा इन सभी जोखिमों से सुरक्षा पाने तथा अनिश्चितताओं से मुक्ति दिलाने का कार्य करता है। किसी भी व्यक्ति या संगठन की होने वाली वित्तीय हानि की भरपाई बीमा करता है हम कह सकते है कि जीवन बीमा अपनाने से व्यक्ति की जिम्मेदारियाँ बीमा कंपनी पर आ जाती है।

वर्तमान में अनेक बीमा योजनाएं उपलब्ध है ऐसी स्थिति में यह निर्णय लेना थोड़ा मुश्किल है कि सर्वश्रेष्ठ बीमा योजना कौन सी है उचित बीमा योजना का चुनाव प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अहम् निर्णय है। इस हेतु बीमा योजनाओं का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है।

यद्यपि विनियोग बीमा का प्रमुख कार्य नहीं है फिर भी बीमें से विनियोग का लाभ मिलने लगा है। बीमा द्वारा व्यक्ति अपने भविष्य की आवयश्यकताओं को पूरा करने की योजना बना सकता है। बीमा से बचत की प्रवृत्ति को भी प्रोत्साहन मिलता है किसी भी व्यक्ति की कितनी भी आय क्यों न हो, एक सामान्य व्यक्ति को बचत करने में अनेक कठिनाईयाँ आ जाती है किन्तु जीवन बीमा एक ऐसा साधन है जिसमें बचत आसानी से होती है। व्यक्ति को बैंक में जमा धन पर केवल मूलधन व ब्याज प्राप्त होता है किन्तु बीमा की दिशा में जोखिमों का बीमा तो होता है साथ ही जमा प्रीमियम व बोनस राशि भी मिलती है।

शोध समीक्षा – जीवन बीमा की अवधारणा अत्यधिक प्राचीन है। 1956 के पहले कई भारतीय व विदेशी कंपनियां कार्यरत् थी। जीवन बीमा निगम की स्थापना 1 सितम्बर 1956 में हुई थी।

राम मोहन राय (1940) अर्थशास्त्र विभाग, यूनिवर्सिटी ऑफ बॉम्बे, मुम्बई, “The History and development of Life Insurance in India and studies of the problems of the life insurance.” इस अध्ययन के माध्यम से जीवन बीमा निगम की समस्याओं व इसके विकास को दर्शाया गया है।

टी.एस.मन (1986) डिपार्टमेंट ऑफ लॉ, विक्रम यूनिवर्सिटी, “Law relating to life insurance in India” इस अध्ययन में जीवन बीमा निगम की कानूनी व्यवस्था पर आलोचनात्मक विश्लेषण किया गया है।

लक्ष्मण प्रसाद गुप्त (1987) अर्थशास्त्र विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, "Life Insurance Business in M.P.” इस अध्ययन में जीवन बीमा निगम के व्यवसाय के प्रसार के संदर्भ में बताया है।

विजय जैन (1986) वाणिज्य विभाग, बरकतुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, “Critical study of the Life insurance Business from 1956 to 1981 of Indore division.” इस अध्ययन में जीवन बीमा निगम का व्यवसाय संपादन पिछले 25 वर्षो के आधार पर किया गया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोधपत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों ही प्रकार के समंकों एवं सूचनाओं पर आधारित है। तथ्यों के संग्रहण हेतु प्राथमिक समंकों के अंतर्गत विभिन्न जीवन बीमा कंपनियों के एजेन्ट्स का साक्षात्कार लिया गया जिसके माध्यम से कंपनी के विभिन्न उत्पादों की जानकारियाँ प्राप्त की गई।

द्वितीय समंकों के अंतर्गत विभिन्न जीवन बीमा कंपनियों द्वारा प्रकाशित साहित्य, उनकी वार्षिक रिपोर्ट, बीमा उत्पादों के ब्रोशर्स, संस्थानों के सर्वेक्षणों, शोधार्थियों द्वारा समय समय पर किये गए कार्यों तथा प्रलेखों से जानकारियाँ एकत्रित की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न वेब साइट से भी जानकारियाँ ली। तुलनात्मक अध्ययन हेतु प्रीमियम, पूर्णावधि लाभ, अवधि आदि तत्वों को आधार बनाया गया।

शोध क्षेत्र एवं सीमाएं – शोध पत्र बीमा के संदर्भ में है, बीमा के अनेक प्रकारों में से शोध हेतु जीवन बीमा का चयन किया, इसके अंतर्गत आजीवन बीमा योजनाओं को चुना गया तथा जीवन बीमा निगम व एस.बी.आई. की योजना का तुलनात्मक अध्ययन द्वारा लाभप्रदता जानने का प्रयास किया गया।

परिकल्पना – जीवन बीमा निगम की आजीवन बीमा पॉलिसियाँ निजी कंपनियों (एसबीआई) की तुलना में अधिक लाभप्रद है।

विभिन्न प्रकार की जीवन बीमा पॉलिसियों में आजीवन बीमा एक ऐसी पॉलिसी है जिसमें बीमित व्यक्ति को जीवन भर प्रीमियम भरते ही रहना है। दूसरे शब्दों में मृत्यु के पश्चात् ही उत्तराधिकारी को बीमाधन बोनस राशि के साथ मिलता है। इस प्रकार आजीवन बीमा पत्र बीमित के जीवनकाल या वृध्दावस्था का सहारा नहीं बनता है बल्कि उसके आश्रितों या उत्तराधिकारियों के लिए आर्थिक सुरक्षा की व्यवस्था करता है।

* एम.के.एच.एस.गुजराती कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

आजीवन बीमा पत्र निम्नलिखित दशाओं में उपयोगी हो सकते है:

अ. जब बीमित को अपने आश्रितों की आर्थिक सुरक्षा की व्यवस्था करनी हो।

ब. जब बीमित को अपनी मृत्यू उपरान्त दायित्वों की व्यवस्था करनी हो।

स. जब बीमित की आय वृध्दावस्था में भी बनी रहने की सम्भवना हो।

तालिका 1 – (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका केअध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि निम्न दृष्टिकोण पर जीवन बीमा निगम की आजीवन बीमा पॉलिसी, एस.बी.आई. की तुलना में अधिक लाभदायक है।

1) न्यूनतम प्रवेश आयु– जीवन बीमा निगम में 0 वर्ष की आयु से पॉलिसी क्रय की जा सकती है जबकि एस.बी.आई. की दशा में यह 18 वर्ष है।

2) विद्यमानता हित लाभ – जीवन बीमा निगम में विद्यमानता हित लाभ उपलब्ध है परन्तु एस.बी.आई. की दशा में नहीं।

3) प्रीमियम राशि – जीवन बीमा निगम की प्रीमियम राशि एस.बी.आई. की तुलना में कम है।

निष्कर्ष – तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात् निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते है कि जीवन बीमा निगम की आजीवन बीमा पॉलिसी एस.बी.आई. की तुलना में अधिक लाभप्रद है।

सुझाव :

1. अध्ययन के व्दारा यह ज्ञात हुआ कि विभिन्न लाभ रहित योजनाओं की प्रीमियम राशि में बहुत अंतर है। यह अंतर लगभग 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक का है ।लाभ रहित पॉलिसियों में लगभग सभी प्रदत्त लाभ एक जैसे ही प्रदान किये जाते हैं तो फिर इन सभी कंपनियों की प्रीमियम राशि में इतना अंतर क्यों है इस संबंध में आई.आर.डी.ए. व्दारा विचार किया जाना चाहिए तथा प्रीमियम राशि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाने चाहिए।
2. बीमा कंपनियों व्दारा बीमाधारक को वहनीयता या सुवाहता विकल्प उपलब्ध करवाना चाहिए। यदि कोई बीमाधारक किसी कंपनी के उत्पाद से संतुष्ट न हो तो यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह उसे उसकी विद्यमान दशा के साथ किसी ओर कंपनी में जा सकें तथा अपनी पॉलिसी चालू रख सके।
3. उपभोक्ताओं को बीमा उत्पाद क्रय करने से पूर्व एजेण्ट से योजनाओं को पूर्णत: समझ लेना चाहिए उन्हें एजेण्ट को अपना उद्देश्य भी स्पष्ट करना चाहिए। यह सब तभी संभव है जबकि उपभेक्ता एजेण्ट को पर्याप्त समय दे क्योंकि पर्याप्त समय के अभाव में एजेण्ट अपनी बात पूर्णत: स्पष्ट नहीं कर पाएगा।
4. पॉलिसी में एकल प्रीमियम भुगतान की दशा में एकल प्रीमियम के रूप में अधिक धनराशि देय होती है। पॉलिसीधरक के बीच एकल प्रीमियम राशि को बैंक में एफ.डी. करें तथा बयाज से वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करें तो पॉलिसीधारक को अच्छा लाभ होगा। आई.आर.डी.ए. व्दारा एकल प्रीमियम राशि संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये जाने चाहिए।
5. लाभ सहित पॉलिसियों पर बीमा कंपनियों व्दारा उच्च प्रीमियम दरें लगाई जाती है इन प्रीमियम दरों को कम किया जाना चाहिए।
6. पॉलिसी धारकों को लाभ सहित योजनाएं लेने के स्थान पर लाभ रहित योजनाएं लेना चाहिए। लाभ रहित योजनाओं की प्रीमियम राशि कम होती है। अत: कुछ राशि पीपीएफ खातें में विनियोजित की जा सकती है। इस प्रकार बीमा सुरक्षा तथा अधिक लाभार्जन दोनों प्राप्त किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री :

1. बीमा के तत्व– डॉ. आर.एल. नौलखा, रमेश बुक डिपो, जयपुर।
2. बीमा विधि– डॉ. सुरेन्द्र यादव, यूनिवर्सिटी बुक हाऊस, (प्रो.) लि., जयपुर।
3. बीमा के तत्व– डॉ. बालचन्द्र श्रीवास्तव, साहित्य भवन, पब्लिकेशन्स (बंसल पब्लिशिंग हाउस, आगरा)
4. रिसर्च मैथ्डोलॉजी– डॉ. आर.एन. त्रिवेदी तथा डॉ. डी.पी. शुक्ला, कॉलेज बुल डिपो, जयपुर
5. रिसर्च मैथ्डोलॉजी–डॉ.बी.एम. जैन, (रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर)
6. Life Insurance Vol II-ICFAI
7. Statistical Methods- एस.पी. गुप्ता, एस. चंद एण्ड सन्स
8. Marketing of Life Insurance Services: वी. अप्पी रेड्डी, प्रिंटवेल पब्लिशर्स डिस्ट्रीव्यूटर्स, जयपुर
9. भारतीय जीवन बीमा निगम की Zenith's Ready Reckoner, जेनिथ पब्लिकेशन्स
10. Research Methodology & Techniques- सी.आर.कोठारी, वेली, ईस्टर्न लिमिटेड

पत्रिकाएँ, जर्नल, पीरियडीकल्स तथा समाचार पत्र :

1. आई.आर. डी.ए. जर्नल
2. Insurance Chronicle –ICEFAI
3. Business Today
4. The Vision: The Jounal of Business Perspective
5. The economic Times Daily
6. Business Standard- Daily

रिपोर्ट :

1. World Bank Report: India at a glance
2. IRDA की वार्षिक रिपोर्ट
3. भारतीय जीवन बीमा निगम की वार्षिक रिपोर्ट
4. निजी जीवन बीमा कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट

वेब साइट्स :

1. http://www.thehindubusinessline.com
2. http://www.irdaindia.com
3. http://www.maxnewyorklife.com
4. http://www.licindia.in
5. http://www.sbilife.co.in
6. http://www.bimadeals.com

तालिका 1 – आजीवन बीमा पॉलिसियों की तुलना

तुलना का आधार	**भारतीय जीवन बीमा निगम**	**एस.बी.आई. लाईफ इन्श्योरेंस**
पॉलिसी का नाम	जीवन तरंग	शुभ निवेश
न्यूनतम प्रवेश आयु	इस पॉलिसी की न्यूनतम प्रवेश आयु 0 वर्ष है।	इस पॉलिसी की न्यूनतम प्रवेश आयु 18 वर्ष है।
अधिकतम प्रवेश आयु	इस पॉलिसी की अधिकतम प्रवेश आयु 60 वर्ष है।	इस पॉलिसी की अध्किातम प्रवेश अयु 60 वर्ष है।
प्रीमियम देय विधि	इस पॉलिसी में नियमित प्रीमियम भुगतान एवं एकल प्रीमियम भुगतान दोनों विधियों द्वारा प्रीमियम दी जा सकती है।	इस पॉलिसी में नियमित प्रीमियम भुगतान एवं एकल प्रीमियम भुगतान दोनों विधियों द्वारा प्रीमियम भुगतान किया जा सकता है।
संरक्षण की अधिकतम आयु	इस पॉलिसी के अंतर्गत बीमित की आयु 100 वर्ष होने तक उसे संरक्षण प्रदान किया जाता है।	इस पॉलिसी के अंतर्गत यदि आजीवन बीमा विकल्प चुना है तो बीमित को 100 वर्ष की आयु तक संरक्षण प्रदान किया जाता है।
न्यूनतम बीमाधन	पॉलिसी का न्यूनतम बीमाधन 1,00,000 रू. है।	पॉलिसी का न्यूनतम बीमा धन 75,000रू. है।
अधिकतम बीमाधन	पॉलिसी में अधिकतम बीमाधन की कोई सीमा नहीं है।	पॉलिसी में अधिकतम बीमा धन की कोई सीमा नहीं है।
न्यूनतम प्रीमियम	पॉलिसी की न्यूनतम प्रीमियम 10वर्षीय प्लान–10,910रू. 15 वर्षीय प्लान – 7,140 रू. 20 वर्षीय प्लान – 5,150 रू.	पॉलिसी की न्यूनतम प्रीमियम एकलप्रीमियम की दशा में (न्यूनतम बीमा धन पर आधारित नियमित प्रीमियम की दशा में 6,000/– रू. वार्षिक
पूर्णावधि लाभ	बीमाधारक की 100 वर्ष आयु पूर्ण करने वाली वर्षगांठ पर बीमाधन +सहभागिता हित लाभ देय होगा	बीमाधारक को 100 वर्ष पूर्ण करने पर बीमाधन देय होगा।
विद्यमानता हित लाभ	(1) चयनित अवधि पूरी होने पर निहित बोनस का भुगतान किया जाता है। (2) बीमाधन का 5.5 प्रतिशत चयनित अवधि के एक वर्ष पश्चात् प्रति वर्ष देय है।	कोई विद्यमानता हित लाभ देय नहीं है।
जोखिम सुरक्षा (मृत्यू लाभ)	(1)चयनित अवधि में मृत्यु होने पर –बीमाधन+बोनस देय होगा (2)चयनित अवधि के पश्चात् मृत्यु होने पर – बीमाधन+सहभागिता हितलाभ देय है। (3) जोखिम प्रारंभ होने से पूर्व मृत्यु होने पर – सभी देय प्रीमियम की वापसी	आजीवन बंढोबस्ती विकल्प चुनने पर (1) चयनित अवधि में मृत्यु होने पर – बीमाधन+घोषित बोनस(2) चयनित अवधि के पश्चात् तथा 100 वर्ष की अवधिके मध्य मृत्यु होने पर –(अ) मूल बीमा धन (ब) विलंबित पूर्णावधि भुगतान विकल्प लिया है तो उसकी शेष राशि।
ऋण सुविधा	इस पॉलिसी के अंतर्गत ऋण सुविधा उपलब्ध है।	इस पॉलिसी के अंतर्गत ऋण सुविधा उपलब्ध है।
अभ्यर्पण पॉलिसी	अभ्यर्पण की अनुमति है	पॉलिसी अभ्यर्पण की अनुमति है।
प्रीमियम राशि	यदि 2,00,000 रू. की पॉलिसी हो, तथा बीमित की प्रवेश के समय आयु 30 वर्ष है तो वार्षिक प्रीमियम: 10,044 रू. वार्षिक होगी (यह प्रीमियम 20 वर्षीय पॉलिसी अवधि के लिए है)	यदि 2,00,000 रू: की पॉलिसी है तथा बीमित की प्रवेश के समय आयु 30 वर्ष है तो वार्षिक प्रीमियम –11,892 . रू होगी (यह प्रीमियम 20 वर्षीय पॉलिसी अवधि के लिए है)
विशेष विकल्प	पॉलिसी में कोई विशेष विकल्प उपलब्ध नहीं है।	पॉलिसी में तीन विशेष विकल्प उपलब्ध है। (1) बन्दोबस्ती आश्वासन(2) आजीवन बन्दोबस्ती (3) विलम्बित पूर्णावधि भुगतान
राईडर विकल्प	पॉलिसी के अंतर्गत तीन राईडर विकल्प उपलब्ध है:– (1) गंभीर बीमारी विकल्प (2) टर्म राईडर विकल्प (3) प्रीमियम अधित्याग लाभ	पॉलिसी में तीन राईडर उपलब्ध हैं (1) दुर्घटना मृत्यु लाभ विकल्प (2) अधिमान टर्म राईडर विकल्प(3) दुर्घटना विकलांगता विकल्प

****

मानवाधिकार संरक्षण-भारतीय एवं अन्तराष्ट्रीय प्रयास

डॉ. भारती लुनावत *

प्रस्तावना - राजनीति विज्ञान के दर्शन मे मानवाधिकार एक ज्वलन्त एवं सामयिक विषय सदैव रहा है तथा संयुक्त राष्ट्र के सार्वभौमिक मानव अधिकार घोषणा पत्र के पश्चात् तो इस विषय पर जो चर्चा एवं विवाद प्रस्तुत हुए है, उनसे इस विषय की प्रासंगिकता प्रतिष्ठित हो गई है,किन्तु यह भी सत्य है,कि संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार आयोग एवं विभिन्न राष्ट्रों की सरकारों के 50 वर्षो के प्रयासों के बावजूद मानवाधिकारों का हनन जारी है, और केवल संविधान, कानुनों एंव मानवाधिकार आयोगों के माध्यम से ही इस हनन को नही रोका जा सकता है।

अधिकार सामाजिक जीवन की वह परिस्थितियाँ है, जिसके बिना आम तौर पर कोई व्यक्ति सर्वोत्तम रूप पाने की आशा नही कर सकता। वर्तमान समय में विश्व मे आतंकवादी एवं विनाशकारी घटनाओं के बढ़ने के काण विष्व समुदाय के सामने जो सबसे प्रमुख समस्या आकर खड़ी होती है, वह व्यक्तियों के अपने अधिकारों के सरंक्षण की समस्या है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकार दशक (1994-2004) में यदि मानवाधिकार की स्थिति पर विचार करें तो अत्यन्त भयावह तस्वीर सामने आती है।

मानवाधिकारों का घोषणापत्र केवल अधिकारों की सूची ही नहीं है, बल्कि यह मानव आदर्शो का प्रतिबिम्ब है। अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों को लागू करने हेतु संयुक्त राष्ट्र अभिकरणों व सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मानवाधिकार की रक्षा के लिये संयुक्त राष्ट्र एवं इसके विभिन्न अभिकरणों तथा विभन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रयासों का प्रतिफल निम्न रूप में सामने आया है।

1. 1952 संयुक्त राष्ट्र द्वारा महिलाओं के राजनीतिक अधिकरों पर कन्वेन्शन की स्वीकृति।
2. 1954 युरोपीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना।
3. 1959 महासभा द्वारा बाल अधिकारों की घोषणा,कुपोषण एवं बालश्रम के विरूद्ध कदम अठाने का आग्रह।
4. 1961 एमनेस्टी इंटरनेशनल की स्थापना।
5. 1974 नवीन अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की स्थापना हेतु विश्व के नागरिकों के भागीदारी को सुनिश्चित करना।
6. दिसम्बर 1975 विकलांग व्यक्तिओ के अधिकारों की घोषणा।
7. नवम्बर 1976 नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए मानवाधिकार समिति की स्थापना।
8. 1994 से 2004 का दशक मानवाधिकार शिक्षा दशक घोषित।
9. संयुक्त राष्ट्र द्वारा विभिन्न समयान्तरालों मे पारित कन्वेशन्स।

मानवाधिकार संरक्षण हेतु एमनेस्टी इंटरनेशनल तथा हयुमन वॉच जैसी संस्थाओं ने अपनी प्रभावी भूमिका निभाते हुए कई देशों में हो रहे मानवाधिकार हनन के प्रकरणों को दुनिया के समक्ष रखा है। हयुमन वॉच 2014-2015 की दक्षिण एशिया संबंधी रिपोर्ट इस क्षेत्र में आतंकवाद की बढ़ती घटनाओं और मानवाधिकार के गिरते ग्राफ को रेखांकित करती है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और मानवाधिकार आयोग की 2014-2015 की रिपोर्ट एषिया और अफ्रीका के नवोदित देशों मे भूखमरी,अकाल,गरीबी और मानव तस्करी के विभिन्न मामलों को प्रकट करती है।

मानवाधिकार संरक्षण हेतु भारतीय प्रयास भी सराहनीय रहे है।समाज सुधारकों,धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं,विभिन्न अभिकरणों, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों की स्थापना एवं भूमिका,मानवाधिकार को लागू करने की रही है। आधुनिक भारत में मानव गरिमा को स्थापित करने वाले विभिन्न प्रयासों, परिस्थितियों और विभिन्न कानूनों पर निम्न रूप से प्रकाश डाला जा सकता है-

1. 1829 सती प्रथा का अन्त किया जाना।
2. ब्रह्म समाज एवं आर्य समाज द्वारा समाज सुधर के प्रयास।
3. 1947 में भारत द्वारा स्वतंत्रता प्राप्त किया जाना।
4. 1950 मे संप्रभुत्व सम्पन्न गणराज्य की स्थापना।
5. 1952 मे पारित क्रिमीनल ट्राईब्स एक्ट।
6. 1955 में हिन्दु महिलाओं के अधिकार।
7. 1958 का आर्म्ड फोर्सेस एक्ट।
8. 1989 अनुसूचित जाति व जनजाति संरक्षण कानून।
9. 1993 पंचायत राज संस्थाओं की स्थापना।
10. 1993 राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन।
11. 2005 सूचना के अधिकार का लागू होना।
12. 2005 नरेगा का उदय।
13. 2011 मे प्रस्तावित खाद्य सुरक्षा कानून एवं महिलास आरक्षण बिल।
14. 2011 में प्रस्तावित न्यायीक सुरक्षा बिल।
15. 2016 मे लोकपाल विधेयक का पारित होना।

निर्धनता, बेरोजगारी,जनसंख्या विस्फोट,महिला उत्पीडन, बालश्रम, अशिक्षा,अशुद्ध पेयजल,महिला अत्याचार,राजनीतिक अपराधीकरण, क्षैत्रवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार के कारण भारत में मानवधिकार स्थापना की मंजिल अभी दूर है। यद्यपि सुनियोजित आर्थिक,सामाजिक एवं राजनीतिक विकास,प्रशासनिक उत्तरदायित्व और आम जनता की सहभागिता से यह मार्ग तय किया जा सकता है।

* (राजनीति विज्ञान विभाग) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम, जिला-रतलाम (म.प्र.) भारत

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. फडिया एवं जैन: भारतीय शासन एवं राजनीति पृष्ठ-92
2. मनवाधिकार व भारतीय लोकतंत्र:पुनीत कुमार कैलाश पुस्तक सदन पृष्ठ-233
3. 2014-2015 वर्ल्ड रिपोर्ट-हुमन राईट्स वॉच।
4. इंडिया टूडे आलेख:मानवाधिकार अल्लंघन अब भी लगातार है। जनवरी 2012
5. प्रतियोगिता दर्पण मई 2014-भारतीय परिपेक्ष्य मे मानवाधिकार।
6. डॉ.एच.ओ.अग्रवाल-मानवाधिकार।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

साठ के दशक में मध्यमवर्गीय जिंदगी के शाश्वत यथार्थ की प्रनीति

डॉ. विजयलक्ष्मी पोद्दार *

प्रस्तावना – शहरीकरण व आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव का असर मध्यमवर्ग पर सबसे अधिक दिशाई देता है। यही वर्ग है जो आधुनिकता क पीछे अंधी दौड़ में दौड़कर अपने को गर्त में डालता है। हमारे उपभोग प्रधान अर्थतंत्र में मध्यमवर्ग बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। आज मध्यमवर्ग न केवल राष्ट्र समाज अपितु पारिवारिक सिंगतियों से त्रस्त स्थितियों को भोग रहा है। उसके समक्ष जीवन का यथार्थ उपस्थित है जिसे केवल स्वीकार करना उसकी नियती है।

स्वतंत्रता के पश्चात् बढ़ते हुए औद्योगीकरण, वैज्ञानिक प्रगति व पूंजीवादी व्यवस्था ने मध्यमवर्गीय व्यक्ति के मानसपटल पर गहरा आघात किया है। मध्यवर्ग की इस दारूण स्थिति को व्यक्त करते हुए डॉ. अतुलवीर अरोड़ा लिखते है–'सन् साठ के बाद संबंधों के बदलते हुए यथार्थ की अनगिनत विशिष्ठ मुद्राएँ ग्राम, शहर तथा महानगर के त्रिस्तरीय विस्तार में मुखरित होने लगती है जिसमें पुरूष अधिकाधिक भावनाहीन और जड़ होता गया है'।

साठोत्तरी कहानियों में व्यक्त मध्यमवर्ग ही एक ऐसा वर्ग था, जो गिरते हुए मूल्यों का शिकार बन रहा था वही मूल्य जो उसकी धरोहर थे, समाप्त होते चले गए। यह मूल्य चाहे नैनिकता के हों, या मानवीय संबंधों को लेकर सभी स्थितियों में इनके पतन को देखा जा सकता है। मानवीय मूल्यों के समाप्त होने व संबंधों में अजनबीपन को इसके पूर्व नई कहानियों में भी 'चीफ की दावत' कहानी माँ तथा उषाप्रियंवदा की वापसी कहानी के गजाधर बाबू के माध्यम से देखा जा सकता है जो संबंध कभी मध्यमवर्ग में प्रगाढ़ व स्नेहासिक्त हुआ करते थे, आज उनके खोखलेपन को कहानियों में देखा जा सकता है। ज्ञानरंजन ने अपनी कहानी 'संबंध' में इसी मध्यमवर्ग में पनप रहे संबंधों को व्यक्त किया है – 'मैंने सोचा उधर दरवाजे की तरफ नहीं देखूंगा, पिछली बार बहुत परिश्रम करके और साहस से मैंनें माँ की आंखों में देखा था, वे आंखों इस तरह की थी जैसे खाल से चाकू को चीर दिया हो और लहु समाप्त होकर लपलपाती सफेदी में बदल गया हो'।

इसी तरह मध्यमवर्गीय मानसिकता जो पाश्चात्य संस्कृति की चमक-दमक में इतना अधिक रच बस गई है जिसका परिणाम उसके प्रगाढ़ संबंधों तक पहुंच चुका है। उसके लिए माँ–बाप आउट डेटेड हो चुके हैं। वह अपनी पद प्रतिष्ठा के लिए नैतिक–अनैतिकता के बंधनों को पूर्णत: समाप्त कर देता है। उसके लिए ऐशोआराम की जिंदगी बसर करना या उच्चवर्ग की होड़ करना, पाश्चात्य संस्कृति का ग्रहण करना ही उसका मुख्य ध्येय होता है। इसी मानसिकता को ध्यान में रखते हुए की 'चीफ की दावत' की कहानी को प्रस्तुत किया है।

आज हम मानव को जातिवाद की संकीर्ण तुला पर नहीं, बल्कि उससे भी अधिक संकीर्ण मानसिकता के लिए अर्थतंत्र की तुला पर तौलते हैं। समाज को आज इसी वर्ग भेज के आधार पर बांटा जा रहा है। मध्यमवर्गीय जीवन में व्यापप्त आर्थिक विषमता ही जीवन की भयावहता का महत्वपूर्ण कारण होता जा रहा है। जीवन के इसी यथार्थ को अभिव्यक्त करती कहानी फेंस के इधर उधर है। फेंस इन विषमताओं की सीमा रेखा है, जो पहले पड़ोसी के रहने पर लांघी जाती थी, अब नहीं लांघी जाती – 'यह उतनी आसान फेंस है कि हम सायकल से बिना उतरे करें रास्तों से खिलवाड़ करते जा सकते है। पहले जाते भी थे अब नहीं जाते क्योंकि हमारे पड़ोसियों के लिए फेंस कभी न लांघने वाला अर्थ देती है'। लेखक द्वारा कहानी में कई बार आर्थक विन्नता को बनाते का प्रयास किया गया है – 'रात को अधिकतर उनके बीच वाले कमरे में रौशनी जलती है जिसमें मुखर्जी अपने पूरे परिवार को लेकर सोता है'। इस काहनी में अनेक शब्दों 'कड़वा करोंदा' 'सूखी नागफनी' आदि शब्दों के माध्यम से लेखक गरीबी, चिंताओं की ओर संकेत कर रहा है।

साठोत्तरी कहानीकारों ने जीवन को मध्यमवर्गीय जीवन के यथार्थ रूप में जी कर समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इस समय की कहानियाँ मध्यवर्गीय जीवन के आर्थिक पक्ष को प्रस्तुत करती है। किस तरह से अर्थपरक घटनाएँ न केवल जीवन अपितु संबंधों तक को त्याग देती है। संबंधों की इसी उदासीनता व विमुखता को सूर्यकांत नागर की कहानी 'भोगा हुआ यथार्थ' में प्रीति द्वारा प्रकट किया गया है। लेकखक द्वारा कहानी में चरित्रों के वैचारिक द्वंद्व व अनुभूति की गर्माहट को प्रस्तुत किया गया है। कहानी की नायिका को चरित्र बहुत प्रभावित करता है। वह अपनी विवाहित पुत्री प्रीति की अपने प्रति उपेक्षा से निराश व क्लांत होती है। एक बार इच्छा हुई कि कुसुम का भ्रम तोड़ दूं कहूं आज सारी दुनिया स्वार्थ पर टीकी है। क्यों व्यथर्स में आस लगाये बैठी हो। तुमने प्रीति के लिए जो किया वह तुम्हारा ममत्व व कर्तव्य था उसका मोल क्यों चाहती हो। किले की वापसी की अपेक्षा में पुण्याई धुमिल होती है.....'फिर यह क्यों भूलती हों कि आजकल गैस ब्लेक में पच्चीस सौ में बिक रही है। बारह पन्द्रह सौ का मुनाफा कोई भला क्यों छोड़ेगा। पर कुसुम के रिसते घाव पर नमक छिड़कने को साहस न हुआ'।

साठोत्तरी कहानियों में मध्यमवर्गीय जीवन की स्थितियों को सबसे अधिक दयनीय बताया गया है क्योंकि वह सढ़ी गली परम्पराओं की ओट में अपनी इज्जत की मोह से जकड़ा हुआ इस जिन्दगी से भाग जाना चाहता है लेकिन वह चाहकर भी भाग नहीं पाता। आज का यथार्थ केवल मध्यमवर्गीय

* एम.के.एच.एस.गुजराती कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

आर्थिक स्थिति को ही व्यक्त नहीं करता अपितु मध्यमवर्गीय पात्र उसकी स्थितियों उसकी आशाओं-आकांक्षाओं को भी व्यक्त करता है। बदलती हुई परिस्थितियों व परेशानियों से भरी जिंदगी में मनुष्य अपनी सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु जीवन पर्यन्त संघर्ष करता रहाता है। इसी यथार्थ को व्यक्त करती हुई विजय मोहनसिंह की कहानी 'एक बंगला बने न्यारा' जिसमें लेखक ने साधारण से मनुष्य को जीवन जीते हुए अपनी आकांक्षओं को पूर्णता न दे पाने की छटपटाहट को व्यक्त किया है। जो अपने सपनों के साथ इस उम्मीद पर जीवन को जीता है कि उसका अपना घर होगा। एक बंगले का आकांक्षी मनुष्य संघर्षरत होकर भी जीवन में अपने उस छोटे से सपने को पूरा नहीं कर पाता। पारिवारिक जीवन से संत्रस्त व शासन तंत्र से संत्रस्त व्यक्ति अपने जीवन के सपने में सिमटकर रह जाता है। उसे इस मूलभूत आवश्यकता को पूरा करेन हेतु विभिन्न त्याग करने पड़ते हैं। कंटीले तारों वाला खेल सिमटकर खलियान रह गया है। अत: सोचता हूं खलियान की जमीन बेचकर एक प्लॉट खरीद लूं दो तीन सालों में इसी प्लॉट को आधा बेचकर एक छोटा सो घर बनाया जा सकता है।

ज्ञानरंजन की कहानी 'घंटा' (1) में इन्हीं मध्यमवर्गीय जीवन की विडम्बनाओं से युक्त तथा आर्थिक विन्नता से घिरे सामान्य जीवन को न जीकर उसकी बुराईयों, भटकाव व कुंठा में जीते व्यक्ति को व्यक्त किया गया है। 'घंटा' कहानी का नायक लालच के कारण जीवन के भटकाव को महसूस करता है। स्वस्थ दिखाई देने वाले समाज में किसतनी अस्वस्थ मानसिकताएं है, भ्रष्टता तथा अनैतिकता व्याप्त है, इसी यथार्थ को व्यक्त करने का प्रयास 'घंटा' कहानी के पात्र कुंदन सरकार के माध्यम से किया गया है। नौकरी न पाना भी मध्यमवर्गीय जीवन की एक बहुत बड़ विडम्बना है जिसे साठोत्तरी कहानीकारों द्वारा काहनियों में व्यकत किया गया है। इसी संबंध में 'महेन्द्र का भाई' कहानी भी नौकरी न मिल पाने के कारण मध्यमवर्गीय व्यक्ति के जीवन में होने वाली छटपटाहट को तथा विवशता को व्यक्त करती है, गजेन्द्र के बड़े भाई महेन्द्र ने तीन साला बेकार रहकर आत्महत्या कर ली। गजेन्द्र पढ़ रहा ळे गजेन्द्र को नौकरी की चिंता अभी से आतंकित किए हुए है। इसके अतिरिक्त मध्यमवर्गीय जीवन की आर्थिक विपन्नता को व्यकत करती कहानियाँ 'बंद गली का आखरी मकान' कहानी संग्रह की 'ट्यूशन', 'परखनली', 'छोटा होता आदमी' आदि कहानियों में मध्यमवर्गीय जीवन को व्यक्त किया गया है।

मध्यमवर्गीय आर्थिक विषमताओं, अभावों से जीवन पर्यन्त जूझता रहता है। उसकी ऊँची- ऊँची महत्वकांक्षएँ प्राय: आर्थिक अक्षमता के कारण सपना सिध्द होती है। योग्यता होते हुए भी आकांक्षओं को पूरा न कर पाना व्यक्ति को मानसिक रूप से क्षत-विक्षत कर देता है। उसमें कुंठा, घूटन की प्रवृत्तियां बढ़ती दिखाई देती है। अमरकांत की कहानी 'डिप्टीकलेक्टरी' मध्यमवर्ग के इसी सपनों को टूटने की कहानी है, जो अपनी सक्षमता से अधिक बच्चों की पढ़ाई पर पैसा खर्च करता है किन्तु दूषित व्यवस्थओं के सामने उसकी महत्वचकांक्षाएँ धूमिल हो जाती है।

इस प्रकार औद्योगिक पूंजीपति समाज में दो वर्ग उच्च और निम्नवर्ग उभरकर सामने आया जिसे मध्यमवर्ग कहा गया। जिसने उच्च और निम्नवर्ग से कहीं अधिक सामाजिक जीवन की कष्टपूर्ण योतनाओं को झेला। युग की विकृतियों से मध्यवर्ग टूटता, झुलसता, जूझता हुआ समाज व व्यवस्थाओं से अपने आपकों संभलता हुआ आज भी जूझ रहा है। सबसे अधिक मध्यमवर्ग को ही विसंगतियों से घिरा हुआ पाया गया।

जिंदगी के संकटों को भेगता व्यक्ति जिंदगी से पूर्णत: कटा हुआ नहीं है, वह अनेक दुख तथा यातनाओं को भोगकर भी जीना चाहता है किन्तु जीवन को जीना इतना सरल नहीं है वह अपने संत्रास व अकेलेपन को भुलाकर जीवन को खुशी-खुशी जीने के कई बहाने ढूंढने लगता है किन्तु एक समय ऐसा आता है, बेवजह इन सभी बाह्य आडम्बरों से परे आंतरिक चेतना को जाग्रत कर, उन सभी यथार्थ स्थितियों का सामना करने के लिए तथा उनको प्रत्यक्ष आत्मसात करने का हौसला जुटा लेता है। वह जीवन के शाश्वत यथार्थ की भूमि पर खड़ा होकर जीवन को जीता है। इसी संबंध में अमरकांत की कहानी 'दोपहर का भोजन', 'जिंदगी और जोंक' तथा रविन्द्र कालिया की कहानी 'कखग' आदि कहानियां जिनमें यथार्थ की प्रस्तुति की गई है। 'जिंदगी और जोंक' कहानी दुर्दमनीय मानव की कहानी है। इसी तरह अमरकांत की एक और कहानी 'दोपहर का भोजन' अभाव से युक्त जिंदगी को ढोते रहने के अभाव में जीवन जीने की कहानी है। सिद्धेश्वरी के तीनों बेटे और पति आथिक दरिद्रता के अभिशाप को झेल रहे है तथा एक दूसरे से आर्थिक विपन्नता को छुपाकर रखना चाहते है।। विजयमोहनसिंह की कहानी 'एक बंगला बने न्यारा' में भी मध्यम वर्ग की स्थिति को व्यक्त किया गया है।

साठोत्तरी कहानी में ये संपूर्ण बोध अपने यथार्थ रूप में अभिव्यक्त हुए है। इस युग का कहानीकार बदलती हुई दुनिया का बोध समानान्तर रूप से करता रहा है तथा समाज से उपजे विविध बोधों को उद्घटित कर जनता के समक्ष लाने का प्रयास किया है। अत: समाज में मध्यम वर्ग ही एक ऐसा वर्ग रहा, जो अपनी पारम्परिकता के मोह को छोड़ नहीं पाया। अपनी सड़ी-गली परम्पराओं की ओट में अपने इज्जत के मोह से जकड़ा, नवीन स्थितियों को आत्मसात करने में अपने आपको अशक्त महसूस करता दिखाई देता है।साठोत्तरी कहानियों का यथार्थ न केवल मध्यमवर्गीय आर्थिक स्थितियों के रूप में व्यकत हुआ है अपितु उसके संघर्ष आकांक्षओं व स्थितियों को भी व्यक्त करता है। मध्यम वर्ग आर्थक विषमताओं से जीवन पर्यन्त जूझता रहता है। उसकी ऊँची ऊँची महत्वाकांक्षाएं, प्राय: सपना सिद्ध होती दिखाई देती हैं। इन्हीं स्थितियों को साठोत्तरी कहानियों द्वारा व्यक्त किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

आध्यात्मिक प्रगति की यात्रा के विभिन्न सोपानों से 'सतयुग की वापसी'

डॉ. पिंकी मिश्रा *

प्रस्तावना – आधुनिक युग प्रगति का युग हैं। वर्तमान में हजारों प्रकार के ऐसे उपकरणों का अन्वेषण किया जा रहा हैं, जो एक आश्चर्यजनक परिवर्तन के रूप में हमें दिखाई दे रहा हैं। विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई इस उन्नति ने निश्चित ही हमारे देश को धन और साधन सम्पन्न बना दिया हैं। इतनी उन्नति और सफलता प्राप्त करने के बाद भी यदि हम अपनी प्रगति यात्रा का सिलसिलेवार अध्ययन करे तो यह प्रतीत होता हैं, कि हम अभी भी निम्न श्रेणी में ही विचरण कर रहे हैं। यह एक ऐसा प्रश्न हैं जो हमें बार-बार कारण की खोज करने के लिए विवश कर रहा हैं। जब हमारे देश में प्राकृतिक संसाधन भी प्रचुर मात्रा में हैं, मनुष्य व श्रम का भी कोई अभाव नहीं हैं, तो आखिर ऐसी क्या कमी हैं ? जो हमारी प्रगति में बाधक हैं और हमें वर्तमान स्थिती से ऊँचे नही उठने दे रही है ?

वैज्ञानिक प्रगति पाश्चात्य देशों की विराजत नहीं हैं। भारत में किसी भी समय इसकी पराकाष्ठा तक पहुँचना बहुत आसान था। तथ्य पूर्णतः सत्य है, कि यदि कठोर परिश्रम और ज्ञान का उचित समावेश हो तो हर प्रकार की भौतिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त किया जा सकता है। ऐसा धार्मिक द्दष्टि से भी न्यायोचित हैं। हमारा इतिहास यह बताता हैं, कि जब हमारे देश में अध्यात्म और धर्म तत्व का जागरण पूर्णता की स्थिति में था, उन दिनों हम भौतिक दृष्टि से भी पाश्चात्य देशों से कहीं आगे थे, क्योंकि अध्यात्म के बिना हम किसी तरह की समृद्धि प्राप्त नही कर सकते। आज मनुष्य का जीवन इतना अस्त-व्यस्त हो चुका है, कि उसे नैतिक मूल्यों व सिद्धांतो का अनुसरण करने का भी समय ही नही हैं। मानव जीवन की विपुल इच्छाओं और लालसाओं में मनुष्य इस तरह फॅंस गया हैं, कि वह आत्म रहस्य जानने के लिए तत्पर नही हैं। अपने आपको अंधेरे कुएँ में धकेल कर आज मानव अपने जीवन का उपहास कर रहा हैं, उसे यह स्मरण करने की जरूरत हैं कि जिस आत्मज्ञान से शक्तियों को प्रकाश मिलता हैं, उससे ही आध्यात्मिक बल भी उन्नत होता हैं। इस स्थिति में पहुँचकर ही मानव जीवन का लक्ष्य पूरा होता हैं। श्रीराम शर्मा जी ने सम्पूर्ण संसार में अध्यात्म की ज्योत इसलिए प्रज्वलित की, ताकि हम जितना भी विकास करे वह आध्यात्मिक और भौतिक दोनों क्षेत्रों में हो। अपने साहित्य में, अपने कार्यक्रमों में, अनुष्ठानों व गोष्ठियों में गुरूदेव आचार्य श्रीराम शर्मा सदैव इस बात पर बल देते रहें, कि आध्यात्म ज्ञान का एक महत्वपूर्ण अध्याय अंधकार में पड़ा हैं तथा उसे बाहर निकालने की परम आवश्यकता हैं, क्योकि उसके बिना विकास की प्रक्रिया पूर्ण नही हो सकती। जीवन में बिना अध्यात्म के न तो किसी प्रकार के आनन्द की अनुभूति होती हैं और न ही चरम लक्ष्य की ओर बढ़ा जा सकता हैं।

परमपूज्य गुरूदेव आचार्य श्रीराम शर्मा ने आध्यात्मिक प्रगति की यात्रा का प्रथम सोपान जिसे माना है – वह हैं मनुष्य के हद्‌य में जिज्ञासा का भाव। क्योंकि जिज्ञासा ही ज्ञान की जननी हैं, विकास का बहुत बड़ा आधार हैं, एक ज्ञान शक्ति हैं। कहते हैं – जो व्यक्ति जिज्ञासु होता है वह प्रयत्नशील भी होता है, और जब व्यक्ति किसी क्षेत्र में प्रयत्न करता हैं तो विकास का द्धार भी स्वतः खुलने लगता हैं। मैं कौन हूँ ? मेरा अवतरण धरती पर किस उद्‌देश्य से हुआ हैं ? अध्यात्म क्या हैं ? अध्यात्म से क्या लाभ है ? यह विराट विश्व क्या हैं ? इसका संचालन कौन करता हैं ? ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनका उत्तर खोजने से मनुष्य स्वयं का आध्यात्मिक विकास करने की दिषा में अपना पहला कदम आगे बढ़ा सकता हैं। आज मनुष्य जिस अवस्था में पहुँचा हैं, उसका सम्पूर्ण श्रेय उसकी जिज्ञासु प्रवृत्ति को ही जाता है और यह जिज्ञासा की ही प्रेरणा हैं कि आज मनुष्य के ज्ञान का भंडार इतना विशाल हुआ हैं।

आज यदि मनुष्य की जिज्ञासा की वृत्ति कुंठित अथवा तिरोहित हो जायेगी तो उसके ज्ञान को प्राप्त करने की लालसा भी स्वतः समाप्त हो जायेगी। जिज्ञासा ही मनुष्य को उसके लक्ष्य की प्रति आकर्षित करती हैं और जब तक हम किसी वस्तु के प्रति हद्‌य से आकर्षित नहीं होते, तब तक उसका सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना संभव नहीं हो पाता। जिस वस्तु में रूचि होती हैं, उसके समस्त पहलुओं पर हमारा मन, हमारी कल्पनाएँ, गहरे सागर में गोते लगाकर हमें समस्त जानकारियाँ उपलब्ध कराती हैं। ठीक उसी प्रकार यदि हम यह निश्चय कर लें कि भौतिक समृद्धि प्राप्त करना हमारे जीवन का परम् लक्ष्य हैं, तो साधनों के अभाव में भी अध्यात्म का फल पुष्पित और पल्लवित हो जाता हैं।

आध्यात्मिक प्रगति की यात्रा में दूसरा चरण हैं- विद्या प्राप्त करने के लिए प्रयत्नषील रहना। विद्या ही मनुष्य को लौकिक बन्धनों से मुक्त करती हैं। इसलिए कहा गया है 'विद्या ददाति विनयम्' अर्थात् विद्या विनय प्रदान करती हैं।

दु:ख, क्लेश, पीड़ा तक तक ही हमें सताती है, जब तक हमें आत्म-स्वरूप का ज्ञान नहीं होता। लेकिन जब हमें यह ज्ञान प्राप्त हो जाता हैं तो सम्पूर्ण जीवन प्रकाशमय हो जाता हैं। मनुष्य के मूल्यांकन की कसौटी धन सत्ता एवं सौन्दर्य नहीं हैं। विद्या और विवेक से ही मनुष्य के व्यक्तित्व की परख होती हैं और यही विद्या और विवेक रूपी सप्रवृत्ति उसे अध्यात्म के रास्ते की ओर अग्रसर करती हैं। विद्या ही आध्यात्मिक एवं भौतिक विकास का संबंध एवं आधार बनती हैं। यदि किसी मनुष्य की आर्थिक स्थिति विपरीत भी हो, तब भी ज्ञान की आराधना तो की जा सकती है। संसार में विद्या से बड़ा कोई धन नहीं हैं। यदि हम हर उम्र में विद्या की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) एम.के.एच.एस.गुजराती कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

रहते हैं, तो इसका तात्पर्य यह हैं, कि हम बुद्धिमान हैं। शास्त्रों में भी कहा गया है :

गतेऽसि वयसि गाह्य विद्या सर्ववात्मना बुधै:।
यद्यपि स्यात्र फलदा सुलभा सान्यजन्मनि।।

अर्थात हे मनुष्यों ! उम्र बीत जाने पर भी यदि विद्या प्राप्त करने के लिए प्रयत्नषील रहते हो तो तुम निश्चय ही बुद्धिमान हो। विद्या इस जीवन में फलवती न हुई तो भी दूसरे जन्मों में वह आपके लिए सुलभ बन जायेगी। लेकिन ये हमारे देश की विडम्बना हैं, कि हम अपना आध्यात्मिक विकास तो करना चाहते हैं, लेकिन हम आध्यात्मिक आवश्यकताओं को भूल चुके हैं, जबकि विद्या ही आत्मकल्याण का साधन है। आज कथित वर्गो ने विद्या को अर्थोपार्जन का माध्यम बनाकर पंगु कर दिया हैं, यही कारण हैं कि हम नैतिक, आत्मिक, आध्यात्मिक आदि क्षेत्रों में पिछड़ गयें हैं। यही सब उपलब्धियाँ हमें मिल सकती हैं, बस आवश्यकता है तो इस बात की, कि ज्ञान को उचित प्रतिष्ठा दी जाए। उसके लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की भावना को व्यवहारिक जीवन में स्वीकार किया जायें।

आध्यात्मिक विकास की यात्रा में तीसरी महत्वपूर्ण भूमिका है - स्वाध्याय जीवन यापन की। क्योंकि स्वाध्याय में मनुष्य का अन्त:करण पवित्र हो जाता हैं तथा मन का मस्तिष्क ईष्वर की अराधना की ओर प्रवृत्त हो जाता हैं। ऐसी आध्यात्मिक अनुभूतियों का प्रस्फुटन स्वाध्याय के द्वारा ही होता हैं। आसन व ध्यान करना, जप-तप करना, व्रत उपवास रखना, दान दक्षिणा देना, धार्मिक साहित्य का पठन-पाठन करना, नियमित पूजन-अर्चना करना ही सच्चा धर्म नही हैं। ये समस्त गतिविधियों से निषचित रूप से बुद्धि, षुद्ध और आचरण परिष्कृत होता हैं लेकिन आध्यात्मिक प्रगति के लिए स्वाध्याय का अमृतपान करना आवश्यक हैं। क्योंकि स्वाध्याय से हमें मार्गदर्शन मिलता हैं, कठिनाईयों का सामना करने की प्रेरणा मिलती हैं, और यही हमें आध्यात्मिक विकास की ओर ले जाता हैं। ऋग्वेद में कहा गया है कि, - 'मात्र एक किरण सब कुछ प्रगट कर देती हैं, मात्र एक सत्य विशाल अस्तित्व में रूपान्तरित हो उठता हैं'। ठीक इसी प्रकार अध्यात्मरूपी महासागर के वक्ष पर स्वाध्याय रूपी फल पुष्पित और पल्लवित होता हैं। स्वाध्याय में ध्यान और चिंतन, मनन का समावेश होता हैं। इस संदर्भ में स्वामी दयानंद सरस्वती जी कहते हैं कि, - 'ध्यान स्वंय की खोज हैं, अपने आन्तरिक जीवन के साथ सामंजस्य स्थापित करना ही ध्यान हैं। ध्यान से हम स्वचेतना का विकास कर सकते हैं तथा अपनी इन्द्रियों पर नियंत्रण रख सकते हैं'। जब हमारे मन के भीतर उठने वाली कल्पनाओं से हम दिग्भ्रमित नहीं होते, जब बाहरी जगत की ध्वनियाँ हमारे मन को विचलित नहीं कर पाती तो यह अवस्था 'ध्यान' की अवस्था होती है और इस अवस्था में हम लौकिक जगत से परे एक ऐसे बिन्दु पर सहज रूप से पहुँच जाते हैं, जहाँ मन वस्तुपरक तथा विषयपरक अनुभूतियों से ऊपर उठ जाता हैं। यह प्रक्रिया भी आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करती हैं और ईष्वरीय परमसत्ता का अनुभव कराती हैं। यह जरूरी नहीं हैं, कि हमें इस उच्च अवस्था का अनुभव प्रांरभिक अवस्था में ही हो जाय। उसके लिए निष्चित ही दीर्घकाल तक नियमित अभ्यास एवं एकाग्रता की आवष्यकता होती हैं।

इस यात्रा के दौरान हमें अनेक आश्चर्यजनक बातें सीखने को मिलेगी। हम अपनी चेतना तथा व्यक्तित्व के विकास का अनुभव करने लगते हैं। जैसे-जैसे हमारी आंतरिक व्यक्तित्व की परतें खुलती जाती हैं, वैसे-वैसे हमारी क्षमताओं को भी विकास की ऊँचाईयाँ मिलती जाती हैं। कहने का अभिप्राय यह हैं, कि 'ध्यान' के माध्यम से हम भौतिक लाभों के अतिरिक्त अनेक व्यवहारजन्य त्रुटियों से छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं। ध्यान की अवस्था में मस्तिष्क की ओर प्राण शक्ति का अतिरिक्त प्रवाह होता हैं, जिससे मानसिक क्षमताओं में आश्चर्यजनक सुधार होता हैं। इससे स्मरण शक्ति तथा विषय को समझने की क्षमता विकसित होती हैं, बस यही कारण है कि नियमित अभ्यास द्वारा स्वास्थ्य तथा प्रसन्नता का अनुभव किया जा सकता हैं। ध्यान से विचारों में अधिक स्पष्टता, चित्त में शान्ति, विश्राम तथा सजगता देखने को मिलती हैं तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति, प्रेरणा एवं अपने भीतर अतिरिक्त शक्ति का अनुभव होता हैं। इन सबके अलावा ध्यान का अभ्यास करने से हम अपने शरीर, मन तथा मस्तिष्क का वांछित दिषा में आवश्यकतानुसार प्रयोग कर सकते हैं। इसलिए विश्व का हर देश 'ध्यान' में अधिकाधिक रूचि ले रहा हैं।

भारत भूमि देव भूमि हैं, संस्कारों की भूमि हैं। इस भूमि पर बड़े-बड़े संत महात्माओं ने जन्म लिया हैं। हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति, हमारे रीति-रिवाज सभी विश्व विख्यात हैं। विकास की दृष्टि भी हम पीढ़ी दर पीढ़ी सफलता के आयामों को तय कर रहे हैं। ये बेहद गौरव का विषय हैं, कि इन दिनों मनुष्य अपनी बुद्धि, क्षमता, श्रम आदि का लगातार उपयोग करते हुए अनेकानेक सुविधाएँ अर्जित कर रहा हैं वह निरंतर प्रगति करता जा रहा हैं। निश्चित तौर पर मनुष्य का प्रगति दिषा में लगातार आगे बढ़ना उचित हैं, लेकिन हम विकास की अंधी दौड़ में इतने मदमस्त हो गये हैं कि अपने मानवीय व नैतिक संस्कारों से भी नाता तोड़ चुके हैं। पश्चिमी ताकते हमें खोखला करने का सतत प्रयास कर रही हैं। इस प्रगति का यदि हम मूल्यांकन करें तो यह निष्कर्ष निकलता है कि दया, ममता, स्नेह और संवेदना का स्त्रोत जहाँ सूख चुका हो, वहाँ सतयुगी वातावरण समाप्त हो जाता हैं और जहाँ मनुष्य की संवेदना जाग्रत अवस्था में सतयुगी होती है वहाँ सतयुगी वातावरण निर्मित हो जाता हैं। परमपूज्य आचार्य गुरूदेव श्रीराम शर्मा ने सतयुग की वापसी के लिए अनेक धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति तो की ही, साथ ही भारतीय जनमानस को भी यह प्रेरणा भी दी कि उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए हमें जनता की भावनाओं को उत्कृष्ट व आदर्षपूर्ण बनाने की आवश्यकता हैं। आचार्य जी देश में तेजी से हो रही प्रगति के खिलाफ नहीं थे, पर जिस प्रकार वर्तमान में प्रगति हुई है - उससे हमने क्या पाया हैं ? यह विचार करने योग्य तथ्य हैं। विलासिता के युग में अस्त-व्यस्त होता जीवन, एकांकी परिवार का बढ़ता महत्व, वैचारिक उत्तेजना, तनावपूर्ण दिनचर्या, अनिश्चित खान-पान ने हमारे दैनिक जीवन पर इतनी नकारात्मक छाप छोड़ी हैं, कि मनुष्य की औसत आयु का ग्राफ भी घटता जा रहा हैं। भीतरी जीवन की शक्ति की दुर्बलता घटोत्तरी एवं विकृति को यदि दुर्बलता-क्षीणता, रूग्णता का प्रमुख कारण ठहराया जाऐं, तो उचित प्रतीत होगा। आज अस्वस्थता सबसे बड़ी समस्या बन गई हैं, जिसके कारण मनुष्य जीवित रहते हुए अर्द्ध-मृतक जैसा हो जाता हैं। शरीर भले ही देखने में स्वस्थ प्रतीत होता हैं, लेकिन भीतर से निर्जिव निस्तेज, असमर्थ और असक्षम हो जाता हैं। जीवन शरीर और मन तक ही सीमित नहीं होता, उसमें हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए और सफलता प्राप्त करने के लिए अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता हैं। ऐसे में यदि शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो मन कैसे स्वस्थ होगा ? अस्वस्थता के कुछ प्रमुख कारण प्रदूषण, युद्धोंन्माद, दूषित खाद्य, अपराधों की वृद्धि आदि भी हैं। उस पर आर्थिक विपन्नता ने मनुष्य को महाप्रलय की स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया हैं। ऐसे में सतयुग की वापसी के लिए आवश्यकता इस बात कि हैं, कि आत्मभाव सुविस्तृत होता चला जाए। समाज का प्रत्येक प्राणी सब को अपने परिवार का सदस्य

मान कर नैतिक मूल्यों को आत्मसात करें, सहयोग के आधार पर उत्थान और सृजन हो तो सर्वत्र कल्याण का वातावरण निर्मित हो जाएगा।

आचार्य श्रीराम शर्मा जी ने इस संदर्भ में बहुत अच्छा कहा हैं– 'बड़प्पन को कमाना ही पर्याप्त नहीं होता उसे सुस्थिर रखने और सदुपयोग द्धारा लाभान्वित होने के लिए समझदारी, सतर्कता और सूझबूझ चाहिए'। भाव संवदेनाओं से भरे–पूरे व्यक्ति ही उस रीति–नीति को समझते हैं, जिसके आधार पर संपदाओं का सदुपयोग करते बन पड़ता है। अपने समय के लोग इन्हीं भाव संवेदताओं का महत्व भूल बैठे और उन्हें गिराते व गंवाते चले जाते है। यही कारण है, जो वे अपनी उपलब्धियों को भी विपत्तियों में परिणत करके रख देते हैं।

हर कोई भौतिक विषयों में आनन्द लेने जाता हैं जितना भी संभव होता है, उतना भौतिक ज्ञान एकत्रित करता हैं। कोई रसायन शास्त्री, भौतिक शास्त्री, राजनैतिक या कलाकार इत्यादि बनता है। हर कोई किसी ना किसी विषय में कुछ ना कुछ जानता है, और साधारणतया इसी को ज्ञान कहते हैं, परन्तु जैसे ही हम यह शरीर छोड़ते हैं, हमारा समस्त ज्ञान भी समाप्त जाता है। पिछले जन्म में कोई व्यक्ति महान ज्ञानी हो सकता हैं, परन्तु इस जीवन में उसे फिर से विद्यालय जाना होता हैं। प्रारम्भ से लिखना, पढ़ना तथा सीखना होता है। पिछले जन्म में हमने जो भी ज्ञान प्राप्त किया था, उसे हम इस जन्म में भूल जाते हैं। वास्तविकता यह हैं कि हम परम ज्ञान खोज रहे हैं, परन्तु वह इस भौतिक शरीर से नहीं पाया जा सकता। हम सब इन शरीरों से आनन्द खोज रहे हैं, परन्तु शारीरिक ज्ञान ही वास्तविक आनन्द नहीं है, यह एक आड़म्बर मात्र हैं। हमें सतयुग की वापसी के लिए समझना चाहिए, कि यदि हम इस आडम्बरी आनन्द में लगे रहे तो हम अपने सनातन आनन्द के स्तर को पाने योग्य नहीं रह पायेंगे। उदाहरण के लिए बीमार व्यक्ति को स्वादिष्ट खाना भी स्वादहीन लगता हैं। जब तक हम इस भौतिक शारीरिक जीवन की बीमारी से ठीक नहीें होंगें तब तक अलौकिक जीवन के मीठेपन का स्वाद भी नहीं लिया जा सकता हैं। वास्तव में वह हमें स्वाद में कड़वा लगेगा और फिर सांसारिक जीवन के आनन्द को बढ़ाने से हमारी बीमारी दिन–प्रतिदिन भी बढ़ती ही जायेगी। यदि हम वास्तव में सांसारिक जीवन के दुखों से मुक्ति पाना चाहते है, तो हमें शरीर की आवश्यकताएँ एवं आनन्द कम करने होंगें। वास्तव में सांसारिक आनन्द, आनन्द हैं ही नहीं। वास्तविक आनन्द तो कभी समाप्त ही नहीं होता हैं। जब इस तरह के भाव हमारी अंतरात्मा में समाहित हो जायेगें। तब तक हम जहाँ भी विचरण करेगें, वहीं पर सतयुगी वातावरण निर्मित हो जायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आध्यात्मिक चिकित्सा एक समग्र उपचार पद्धति – 1980
2. सतयुग की वापसी – 1988
3. अध्यात्मवादी भौतिकता अपनाई जाये – 1989
4. समस्त समस्याओं का हल –अध्यात्म – 1989
5. अध्यात्म मंडलों की स्थापना – कल्पवृक्ष का आरोपण – 1990

****

भारत शासन द्वारा किसान ऋण माफी योजना -2008 के पुर्व मध्यप्रदेश मे ऋण मुक्ति सम्बन्धी किए गये वेधानिक प्रयास

सारिका जौहर *

प्रस्तावना - भारत एक कृषि प्रधान देश है यहॉ के 78 % ग्रामीणो का कृषि व कृषि आधारो व्यवसाय प्रमुख दुकान धंधा है यह ग्रामीण वर्ग अशिक्षा दुकान कृषि तकनीक के अभाव खाद बीज के अभाव मानसुन का समय पर न आना बहुत आना जेसे विभिन्न कारणो से ग्रामीण कृषक आर्थिक रूप से सम्पन्न नही हे अत कृषि आवश्यकता व सामाजिक आवश्यकता हेतु कर्ज होता हे समय पर चुकता न कर पाने की वजह से ऋण ग्रस्त रहता है!

ऋण के प्रकार - प्रमुख रूप से दो प्रकार के ऋण होते है?

1. **असस्थापन ऋण -** ये ऋण सामान्यत साहुकार व्यापारी कमीशन एजेण्ट मित्र रिश्तेदार तथा भुसस्थापक द्वारा प्रदान किए जाते हे? ये ऋण उच्च ब्याज दर व जमानत के वस्तु बंधक के रूप मे रखकर देते हे यह बहुत आसानी से बिक जाता हे कर्ज वापस न करने की दशा मे बधक रखी बस्तु हडप ली जाती है असंस्था ऋणदाता की नीती शोषण की होती है?

2. **संस्थापन ऋण -** सहकारी ऋण समितियों भुमि विकास बैक वाणिज्यिक बैक शाशकीय ऋण मे ऐसी सस्थाए हे जिनकी ब्याज दर कम होती हे परन्तु इनका प्रमुख दोष ऋण की कागजी ओपचारिकता व समय पर प्राप्त नही होता है?

सस्थागत सस्थाओ का विकास स्वतन्त्रता प्राप्ति पश्चात हुआ हे इसके पुर्व असस्थागत ऋण का प्रतिशत 92.7% इस वर्षिय आर्थिक सर्वेषण 1351 के अनुसार व 73% संस्थागत था 1981 के आर्थिक सर्वेषण मे सस्थागत ऋण 64% व असस्थागत 36% रहा है?

भारत सरकार के प्रयास - असस्थागत से संस्थागत ऋण बढाने मे भारत सरकार के प्रमुख प्रयास निम्न है?

(i) 1954 मे भारतीय ऋण सर्वेषण समिति की रिपोर्ट
(ii) 1966 मे कृषि ऋण समीक्षा समिति की अनुशंशाए
(ii) 1969 मे बेंको का राष्टीकरण भारत सरकार द्वारा
(iv) भारत सरकार द्वारा बहु एजेन्सी ऋण प्रणली का बिकास
(v) भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास बैक की स्थापना
(vi) 1982 मे नाबार्ड की स्थापना
(vii) 1992 की आर्थिक उदार नीति से ऋण प्रवाह का बढाना

आदि कदमों ने सेंस्थागत ऋणो का प्रतिशत असंस्थागत ऋणो की तुलना मे काफी अधिक करने मे योगदान दिया

म.प्र. सरकार के प्रयास 7 असंस्थगत ऋणों के चंगुल से दिलाने में म.प्र. में हुए वैधानिक प्रयास प्रकरख रूप से 5 है।

1 म.प्र. साहुकारी अधिनियम 1934 :- इस अधिनियम में 14 धाराए है।

धारा-1 इस धारा के अधिनियम के लागू होने का दिनांक व नाम है

धारा-2 इसके लागू होने वाले शब्दों जैसे - अधिकोष, समवय, सहकारी समिति, न्यायालय, सहूकार, ब्याज, ऋण, राजिस्ट्रीर रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी को परिभाषित किया है।

धारा-3 साहूकार द्वारा लेखों का रखा जाना व विवरणों को ऋणी को प्रदान करने के विवरणों को निर्देश है।

धारा-4 लेखा प्रतियों के प्रमाणीकरण हेते निर्देश है।

धारा-5 साहूकार द्वारा प्रदत लेखों की ऋणी स्वीकरार कने हेतु बाध्य नहीं होगा इस बाबद निर्देश है।ऋण बाबद न्यायालयीन प्रक्रिया का विवरण है।

धारा-6 ऋण ीुगतान की पावती से संबंधित है।

धारा-7 ऋण बावद न्यायालयीन प्रक्रिया का विवरसण है

धारा-8,9,10 में ब्याज को सीमित करने की न्यायलय की शक्ति का वर्णन है।

धारा -11 ऋण के भुगतान को किश्तों में करने कि न्यायालय की शक्ति का उवलेख है।
साथ ही साहूकारों के रजिस्ट्रेशन व रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र करने, दपंजीयन शुल्क, करोबारों का क्षेत्र, बगैर प्रकरण पत्र कारोबार करने की वर्जना, नियामों के उलनंघन पर शक्ति का विवरण हो।

धारा- 12 राज्य शासन को नियम में संशोधन की शक्ति का प्रावधान हो

धारा-13,14 में उन क्षेत्रों का विरण है जहाँ यह नियम लागू नहीं होगा।

(2) **मध्यप्रदेश साहूकारगण नियम संवत 2009 सवतं1952 -**यह अधिनियम म.प्र. में 19/08/1952 से लागू माना जावेगा। मूलत: यह साहूकारों के पंजीयकरण, कारोबारी क्षेत्र, पंजीकरण प्रमााण पत्र उसका नियम, नवीकरण, अवधि, अवधि समारती पश्चात साहूकारी कार्य करने संबंधि शास्ती आदि के बारे में है। इसमें प्रारूप क्र.- क,ख,ग, घ,उ, है। ये क्रमश: रजिस्ट्रीकरण आवेदन, प्रमाण पत्र, साहूकारों का रजिस्टर, नवीनीकरण आवेदन तथा देनछार के लेखा विवरण हेतु नियत है।

(3) **मध्यप्रदेश ग्रामीण ऋण विकली तथा ऋण स्थगन अधिनियम 1975 -** पूर्ण अधिनियम 15/10/1982 को निरस्त करते हुए राष्ट्रपति की अनुमति दिनांक 21/01/1983 द्वारा म.प्र. राजपत्र में 22/01/1983 में प्रकाशित हुआ। इसके कृषि भुमि, सिविल न्यायालय के अधीन विभिन न्यायालय सहकारी सोसायटी, ऋण भूमिहीन कृषक, स्थानीय प्राधिकरी, सीमान्त किसान, अनुसूचित सदस्य अनुसूचित जब जाति सदस्य, ग्रामीण क्षेत्र,ग्रामीण शिकपी छोटा किसान, आदि सुपरिभाषित कर अधिनियम लागू होने/ न लागू होने की प्रक्रिया का वर्णन हैं

(4) **म.प्र. के कमजोर वर्गो के कृषि भूमि धारको को उधार देने वालों**

* 25 भगत सिंह मार्ग, मनावर, जिला - धार (म.प्र.) भारत

के भूमि संबंधि कुचको से परिगाण तथा मुक्ति अधिनियम 1976 – कृषि भूमि धारकों को कृषक ऋण ग्रस्तना से मुक्ति दिलाकर उनहें आर्थिक रूप से बेहतर बनाने हेतु वयह अधिनियम म.प्र. राजपत्र में 31/01/1977 में प्रकाशित हुआ तथा 01/01/1971 से लागू हुआ

धारा –1 अधिनियम का नाम व लागू होने का दिनांक बतलाती है।

धारा–2 इसमें नियत दिन, संहिता, सामाज के कमजोर वर्गो के कृषिभूमि धारकों का ऋण देने वाले, मूलधन उधार के प्रतिशित संव्यवहार के तरीके सुपरिभाषित है।

धारा–3 इस अधिनिपयम का अन्य विधियों पर अध्यारोही प्रभाव का वर्णण है।

धारा–4 इसमें उधार के समस्त वर्जित संव्यवहार इस अधिनियम के तहत संरक्षित तथा अनुतोश योग्य होंगे।

धारा–5 संरक्षित व अनुतोष योग्य आवेदन प्रक्रिया स्पष्ट की गई है।

धारा–6 इसमें उपखंड अधिकारी व्दारा प्रकरण की जाँच कार्यो का विवरण दिया गया है जोसे– मूलधन, ब्याज, वर्जित संव्यवहार, सुनवाई तिथि, स्थान, जाँच का परिणम आदि है।

धारा–7 इसमें धारा 6 के परिणामों के आधार पर उपखंड अधिकरी आदेश जपी करता है जैसे– बंधक भूमि विक्रय निरस्त कराना, कब्जा वापस दिलाना आदि।

धारा–8 धारा 7 के आदेश के खिलाफ अपील करने की प्रक्रिया इसमें है।

धारा–9 इस धारा में उपखंड अधिकारी के आदेश के खिलाफ अपील यदि कलेक्टर कार्यलय में खारिज होती है तो उपखंड अधिकारी का आदेश ही अंतिम आदेश होगा तथा सिकी न्यायालय में प्रनरीक्षण हेतु अमाश्य होगा।

धारा –10 कोई भी विधि व्यवसायी प्रकरण से जुड़ा होने पर पेरवी नहीं कर सकता।

धारा –11 इसमें यदि प्रकरण पूर्व से सिकी न्यायालय या उपखंड अधिकारी से जुडा ऋण हो तो भी इस अधिनियम के तहत हल किया जावेगा।

धारा–12,13 में उधार देने वाले के वर्जित व्यवहार पर उपखंड अधिकारी के निर्णय पर किसी प्रकार की न्यायीक कार्रवाई पर प्रतिबंध हे।

धारा –14 इस अधिनियम को सिविल न्यायालय में चुनौती देना वर्जित है।

धारा–15 भूमि का अंतरणा जो उधार के वर्जित संव्यवहार के तहत आता है। इस धारा धारा अकृत व शुन्य मानी जावेगा।

धारा–16,17,18 इनमें अधिनिचयम की कठिनाई दूर करने की शक्ति, की गई कार्रवाई का रंक्षणा व नियम बनाने संबधि प्रक्रियाओं का वर्णन है। इस अधिनियम का आपातकाल में बहुत उपयोग हुआ है।

(5) **म.प्र. सामाज के कमजोर वर्गो के कृषि भूमिद धारकों को उधार देने वाले के भूमि हड़पने संबंधी कुचक्रो के परिणम तथा मुक्ति नियम –1978** – म.प्र राजपत्र में दिनां 12:05:1978 को प्रकाशित ये 8 नियम 1976 के नियमों की कमियों को दूर करते है।

नियम–1 नियम का नाम व प्रभावी की दिनांक दर्शाता है।

नियम–2 अधिनियम 1976 की धारा (3) का परिवर्तित रूप हो।

नियम–3 धारा–5 के अधीन उपखंड अधिकारी को आवेदन करने का अधिकार कृषको 31/01/1984 तक दिया है।

नियम–4 धारा–7 की उपधारा (2) के अधीन भूमि अंवरण की तारीख से पूर्ववर्ती 3 वर्षो में बेची गई भूमि की कीमत या उसी प्रकार की भूमि की विक्रय कीमत का औसत ज्ञात करने हेतु है।

निमय–5 उपखंड अधिकारी बंधक वस्तु की जानकारी 15 दिन में माँगने का अधिकार हेतु।

नियम–6 उपखंड अधिकारी पटवारी से भूमि जानकारी के साथ शुद्ध आय के आकलन बाबत है।

नियम –7 उपरोक्त जानकारी के पश्चात उपखंड अधिकारी प्रकरण संबधी आदेश जारी करने हेतु है?

नियम –8 अपील सबधी अधिकारी हेतु हैं।

परिणाम – म.प्र. सरकार के (1 साहुकारी अधिनियम 1934 साहुकार गण नियम 1952 ग्रामीण ऋण विमुकी तथा ऋण स्थगन अधिनियम 1975 भुमिसंबधी कचको के परिणाम तथा मुक्ति अधिनियम 1976 1978 से असस्थागत ऋण कम होते गये साथ ही भारत सरकार के विभिन्न कदमो का प्रभाव भी दस वर्षीय आर्थिके सर्वेषण मे स्पष्ट सबकता हे आर्थिक सर्वेषण 1991 मे सस्थागत ऋण 64% व असस्थागत ऋण हो गया जो 1951 मे सस्थागत ऋण व असस्थागत ऋण था 40 बर्षो के राज्य व केन्द्र सरकार की योजना का नतीजा हे कि असस्थागत ऋण घट कर रह गया इसी क्रम मे 1992 की आर्थिक प्रवाहे नीति मे कृषक प्रवाह बढाया गया व आर्थिक सर्वेषण 2004–05 मे पुन: यह पता चला की ऋण योजना संस्थागत जो हो रही हे पर समाप्त नही हुई नही हे किसान आत्महत्या कर रहे हे सरकार ने 2004–06 मे कृषि ऋण खानो को पुन: सरचित व पुन: अनुसुचित कर किसानो की ऋण गणना को कम करने के प्रयास मे किसान कर्ज माफी राहत योजना –2008 के माध्यम से श्रीमान बधु व अन्य कृषको की ऋण मुक्तता कम करने को प्रयास किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. म.प्र भु राजस्व संहिता 1970 एस. के. वाधवा का हाउस पुराने हाईकोर्ट के गेट के पास, ग्वालियर।
2. भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि व्यवस्था प्रकृति एव समस्याए श्रीधर पाडेंण्य इडोबाजी पब्लिशर, पटना 1992।
3. भारत की अर्थनीति नये आयाम को चक्रवती रंगराजन भुतपुर्व गर्वनर आर बी आई राजपाल एण्ड संस, कश्मीरी गेट दिल्ली 2602 ।
4. भारतीय अर्थव्यवस्था सप्रदत्त एवॅ के बी सुन्दरम एस चॉद एण्ड कम्पनी लिमिटेड रामनगर, नई दिल्ली 2006 ।
5. मसिक एव वार्षिक पत्र पत्रिकाए।

i. कुरूक्षेत्र पत्रिका ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।
ii. रिजर्व बैक ऑफ इडिया बुलेटिन, नई दिल्ली।

****

किसान कर्ज माफी / राहत योजना 2008 एक अध्ययन, निष्कर्ष, सुझाव एवं मुल्यांकन म.प्र. के सन्दर्भ में

सारिका जौहर *

प्रस्तावना – किसानों के असंस्थागत ऋण को विभिन्न प्रयासों से संस्थागत में बदलने के भागीरथी 40 वर्षीय प्रयासों के पश्चात् दस वर्षीय आर्थिक सर्वेक्षण 2004-05 में पुन: यह पाया कि किसानों की ऋण ग्रस्तता कम नहीं हुई है व वे आत्महत्या कर रहे है, ऋणग्रस्तता कम करने हेतु 2004 व 2006 में कृषि ऋण खातों को पुन: संरचित व पुन: अनुसूचित कर 2008 में किसान कर्ज माफी/राहत योजना -2008 लागू की।

कर्जमाफी/राहत योजना 2008 – 1 मार्च 2008 से 30 जून 2009 तक लागू थी। 6-6 माह के दो चरणों में 30 जून 2010 तक इसे लागू रखा गया।

पात्र कृषक :-

सीमान्त	लघु या मध्यम	अन्य किसान
(i) 2.5 एकड़ भूमि मालिक, बटाईदार या किराये पर कृषि करने वाले	5 एकड़ भूमि मालिक बटाईदार या किराये पर कृषि करने वाले	5 एकड़ से अधिक भूमि मालिक 5000 से अधिक कर्ज हों

(ii) 50000 से कम कर्ज हो व रकबा कुछ भी हो

विभिन्न ऋण

(i) अल्पावधि उत्पादन ऋण- 18 माह अवधि तक चुकाना होता है।

(ii) निवेश ऋण- दीर्ध अवधि ऋण है। कुआं खोदने, ट्रैक्टर खरीदने, अन्य महँगे कृषि उपकरणों हेतु दिया जाता है।

(iii) कृषि कार्य कलापों हेतु ऋण- दीर्घावधि ऋण है। मुर्गी पालन, कुक्कुट पालन,मछली पालन आदि कार्यो हेतु दिया जाता है।

ऋण माफी- लघु व सीमांत किसानों पर ही लागू होगी। ऐसी ऋण किश्ते जो 29 फरवरी 2008 तक ओवर-ड्यु है, माफ होगी बाकी नही।

ऋण राहत-अन्य बड़े किसानों को (O.T.S) के तहत ऋण राहत प्राप्त होगी। पात्र राशि के 25% या अधिकतम 20000 रू. तक राहत दी जावेगी। शेष 75% राशि तीन किश्तों में 30 सितम्बर 08, 31 मार्च 09 व 30 जून 2009 तक भरने पर। इस कृषकों को पुन: ऋण लेने की पात्रता भी दी गई।

ब्याज- ऋण दाता संस्थाए 29 फरवरी 2008 के बाद की अवधि पर कोई ब्याज नहीं लगायेगी किन्तु अन्य किसानों के प्रकरणों में 30 जून 2009 के पश्चात ब्याज लगा सकती है व किश्ते चुकाने में जो चुक करता है, तो राहत के लिये अपात्र होगा।

परिवेदना अधिकारी- हर ऋण दाता संस्था का राज्य स्तर पर यह अधिकारी होगा। असंतुष्ट कृषकों के प्रकरणों की सुनवाई करेगा। इसका निर्णय अंतिम होगा।

अनुवर्तन- योजना के प्रचार प्रसार की जबावदारी ऋण दाता संस्थाओं की है। इसकी राज्य स्तर पर भी सात सदस्यीय समिति गठित की गयी है।

समकों का संग्रहण –

(i) 30 प्रश्नों की प्रश्नावली बनाकर मध्यप्रदेश के लगभग 22 जिलों से प्राप्त समको का विश्लेषण किया है।

(ii) ऋण दाता संस्थाओं जैसे सहकारी संस्थाओं, सहकारी बैंको, राष्ट्रीयकृत बैंकों, ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों व निजि बैंकों से भी समंक प्राप्त किये है।

निष्कर्ष-

(1) म.प्र. के पात्र कृषकों के समंक निम्न प्राप्त हुए-संख्या (करोड़ में राशि)

ऋण माफी हेतु प्रस्तावित कृषक -	12,86,786-	2134.56
ऋण राहत हेतु प्रस्तावित कृषक -	5,47,523-	1015.85
कुल प्रस्तावित कृषक -	18,34,309-	3150.40

(2) अल्प अवधि ऋण -	**कृषक संख्या**	**(करोड़ में राशि)**
उत्पादन ऋण हेतु प्रस्तावित -	13,67,270-	1996.46
निवेश ऋण हेतु प्रस्तावित -	1,08,404-	198.20
कृषि कार्यो हेतु प्रस्तावित -	3,58,635-	955.74
कुल-	18,34,309-	3150.40

यह निष्कर्ष है कि अल्पावधि उत्पादन ऋण > निवेश ऋण > कृषि कार्यो हेतु ऋण

(3) **अंतिम रूप से यह पाया गया कि**

	कृषक संख्या	(करोड़ में राशि)
अल्प अवधि उत्पादन ऋण -	12,13,692-	1650.90
निवेश ऋण -	2,86,359-	560.55
कृषि कार्यो हेतु ऋण-	1,21,319-	66.71
कुल	16,21,550-	2278.16

(4) 2,12,759 कृषक 872.24 करोड़ का ऋण देने से वंचित रहे।

(5) ऋण दाता संस्थाओं के नाम	**कृषक संख्या**	**(करोड़ में राशि)**
(i) सहकारी साख संस्थाओं से -	12,62,952-	1685.57
(ii) ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों से -	1,30,332-	262.70
(iii) राष्ट्रीय कृत बैंको से -	4,37,576-	1195.89
(iv) निजि बैंको से -	3,479 -	6.94

* 25 भगत सिंह मार्ग, मनावर, जिला - धार (म.प्र.) भारत

(6) ऋण दाता संस्थाओं के नाम		कृषक संख्या	(करोड़ में राशि)
(i) सहकारी साख संस्थाओं से	-	12,44,058-	1423.05
(ii) ग्रामीण क्षेत्रीय बैंकों से	-	1,39,026-	186.09
(iii) राष्ट्रीय कृत बैंको से	-	2,37,034-	667.87
(iv) निजि बैंको से	-	1,432 -	1.84

बिन्दु क्र. 5 व 6 में प्रस्तावित कृषकों की संख्या 1621550 व राशि 3150.4 करोड़ के बदले 2,12,759 कृषक 872.24 करोड़ की राशि पाने से वंचित रहे।

ऋण देने में संस्थाओं का योगदान निम्न प्रकार रहा -

साख सहकारी संस्थाऐं > राष्ट्रीयकृत बैंक > ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक > निजि बैंक कृषकों का रूझान निम्न प्रकार रहा -

सीमान्त व लधु कृषकों का - सहकारी संस्थाओं की तरफ

बड़े किसानों का - राष्ट्रीयकृत बैंक कर तरफ

7. प्रश्नावली द्धारा प्राप्त समंको व संस्थाओं द्धारा प्राप्त समंको के आधार पर यह निष्कर्ष है कि दोनों में सीमान्त व लघु कृषकों ने ऋण अधिक लिया है व अन्य कृषकों ने कम।
8. ऋण प्राथमिकता दोनों ही प्रकार के समंकों में अल्पावधि उत्पादन ऋण, निवेश ऋण व कृषि कार्य कलाप रहे।
9. ईमानदारी से ऋण भुगतान करने वाले कृषकों को लाभ नही मिला।
10. बड़े कृषकों को अधिक लाभ हुआ।

सुझाव-संस्थाओं को ऐसी व्यवस्था करना होगा कि,

1. ऋण अदा न करने वाले को दंड, ईमानदार को प्रोत्साहन देना होगा।
2. ऋण दाता संस्थाओं को कम ब्याज दर ऋण की गुणवत्ता, ऋण अदायगी की सुनिश्चित प्रक्रिया विकसित करना होगी।
3. ऋण दाता सस्थाओं को खुद की ऑडिट पर निगरानी रखना होगी।

योजना का मुल्यांकन :

1. कृषको का दृष्टीकोण- 31.03% कृषकों ने योजना का स्वागत किया। 33.04% कृषकों ने नाराजगी जाहिर की। 10.43% कृषकों ने कोई राय व्यक्त नही की।
2. बैंक की दृष्टीकोण- ईमानदार भुगतान कर्ता को भी प्रोत्साहन देना चाहिए था अन्यथा ऋण न भुगतान करने की प्रवृति भविष्य में बढ़ेगी।
3. आर्थिक व सामाजिक दृष्टिकोण - इस योजना में म.प्र. के 16,21,550 कृषकों को 2278.16 करोड़ का लाभ हुआ है। इसके समाज का यह तबका मुख्यधारा से जुड़ा है। इस योजना में ईमानदारों को भी प्रोत्साहन देना था।

कुल मिलाकर योजना का सकारात्मक पक्ष नकारात्मक से भारी है। यह कृषकों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान, वर्ग संधर्ष की रोकथाम, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम , सामाजिक गतिविधियों की समरसता को बढ़ावा देने वाली योजना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कृषि ऋण माफी / राहत योजना - 2008 म प्र राज्य सहकारी बैक मर्यादित ,प्रधान कार्यालय न्यु मार्केट, तात्या टोपे नगर, भोपाल रिपोर्ट।
2. कृषि ऋण माफी / राहत योजना 2008 म प्र राज्य सहकारी एव ग्रामीण विकास बैक मर्यादित ,8 अरेरा हिल्स, पुरानी जेल रोड, पोस्ट बेग नं 18, भोपाल 462004 रिपोर्ट
3. एस. एल. बी. सी. रिपोर्ट सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया, 9 अरेरा हिल्स भोपाल।
4. State bank of Indore – e – cisculars, Deptt; Agriculture, SI No, 141/08-09, Ciscular No, Agri/13/ 08-09, 07/07/ 2008

(ii) Deptt. Agriculture, circulare no, Agri/No/12/2008, 26/ 06/2008

(iii) Deptt. Agriculture, circulare No, Agri /29/2007-08, 07/ 03/2008

(iv) Deptt. Agriculture, SI No. 145/14/08-09,07/07/2008

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

A Study of Priorty Sector Lendings for Public Sector Banks of India

Dr. Shweta Singh*

Abstract - A bank is an institution which accepts deposits from the public as well as lends money to the public. From the definition itself it is clear that one of the primary functions of a bank is lending of money. Banks were assigned a special role in the economic development of the country besides ensuring the growth of the financial sector. The present peice of Research work is on performance of public sector banks in priorty sector advances in India. The paper also throw light on the problems or issues which arise due to priorty sector advances and also suggest some strategies to sought out these issues.
Key Words - priorty sector advances, issues, recovery, strategies.

Introduction - Banks are not merely purveyors of money : they are also cataytic agents in accelerating the tempo of development of different sectors of the economy. In a developing economy which is starved of capital, certain sectors and sections of the society, need special and priority attention in the matter of funds availability. Banks in India have been called upon to perform this functions and they have evolved special schemes and regulations for the development of credit to sectors that deserve primary care and attention.

The priorty sectors is imprtant from the point of view of development of the country. It is the sector which should get adequate credit. The developmant of the country is depends on the development of priority sector gets less credit compare to non-priority sector.

The working group appointed by the Reserve Bank of India and the Chairmanship of Dr. K.S. Krishnaswamy in 1980 came to the conclusion that a new direction to the Banks was needed so thats the advances under the Priorty Sectors were given more and more to the comparatively weaker and more under Privileged Sections of the society. The group also evolved the concept of the weaker sections with in two main segments under priorty sectors mainly agriculture and small scale industries.

Banks were assigned a special role in the economic development of the country besides ensuring the growth of the financial sector. The banking regulator, the Reserve Bank of India has hence prescribed that a portion of bank lending should be for Developmental activities which it calles the Priorty Sector.

Priorty Sector Comprises –

(i) Agriculture
(ii) Micro, Small and Medium Enterprises
(iii) Export Credit
(iv) Education
(v) Housing
(vi) Social Infrastructure
(vii) Renewable Energy
(viii) Others

The target and sub-target set under priorty sector lending for domestic and foreign banks operating in India are furnished **table 1 (see in last page)**

ANBC or credit equivalent of off-balance sheet exposures (as defined by department of banking operations and development of Reserve Bank of India from time to time) denotes the outstanding as on March 31 of the previous year.

The concept of Priorty sector was totally absent in the loan profolio of Commercial Banks prior to independence and even the primary sector like agriculture was not financed by the commercial banks who confined their loan activities to big business houses and industries only. Prior to nationalisation the advances for agriculture as on 30th June 1969 stood at Rs. 162 crores only. Similarly advances to small scale insudtries stood at Rs. 257 crores constituting 11 percent of the total advances. Even though the funds with the banks belonged to the public a very insignificant proportion of the people belonging to the weaker sections of the community were deriving any advantages from the banking industry because the banks were shy in financing the priorty sectors.

Priorty Sector Advances Prior to Nationalisation by Public Sector Banks

Priorty Sectors	No. of Acco. unts in Lakh	Amount outstand Rs. in Crores
(1) Agriculture off which	1.7	162(5.4)
(A) Direct	1.6	40 (1.3)
(B) Indirect	0.1	122 (4.0)

*Assistant Professor (Commerce) S.S. Memorial Mahavidyalaya Sutiyani Mod, Takha, Etawah (U.P.) INDIA

(2) Small Enterprises	0.5	257 (8.5)
(3) Other Priorty Sector	0.4	22 (0.7)
Total Priorty Sector Advances	2.6	441 (14.6)
Net Bank Credit	-	3016

Figures in brakets represent percentages to Net Bank Credit

Their was a phenomenal growth of priorty sector adances in the post-nationalisation period. The total priorty sector advances went up from Rs. 441 crores in June 1969 to Rs. 1,04,094 crores in June 1999. The percentage growth during the above period was from 15 percent to 39.2 percent. The total priorty sector advanced as on 30 June 2002 stood at Rs. 1,71,484 which is went up to Rs. 6,10,450 crores in June 2008. The percentage growth during the above period was from 43.5 percent to 44.7 percent. The total priorty sector advances as on 30 June 2009 and 30 June 2010 respectively stood at Rs. 72,00,834 and 8,64,564 constituting 42.5% and 41.6% of the total advances. As on end March 2016 PSBs achivement of priorty sector is 39.3%.

The banking system has changed from commercial loans treory landing to social oriented economic development theory. The rational approach in credit disbursal and rendering services that are needed by the people is the main thrust. Social banking primarily aims at meeting national objectives namely :

(a) Extending banking facilities to unbanked and under-banked centres in rural areas.

(b) Financing of priorty sectors in order to improve the economic life of the poverty-stricken people.

priorty sector has considerable potential economic importance but is sluggish due to lack of financial aid and other needed services.

The sum-up proper assessment pertaining to credit absorption of the priorty sectors is pertinent so that credit provided for this sector does not remain idle, but may be fully and productively utilised. Therefore a need has arisen for preparing credit plans carefully dovetailed with the above nation-economic objectives.

Share of PSLs in total Advances of Public Sector Banks

Year	Total Public Sector Advances	Priorty Sector Advances of PSBs	% Share of Priorty Sector Advances
2002	473951	171483	36.2
2003	536429	203097	37.9
2004	616569	244454	39.6
2005	817344	310729	38.0
2006	1075073	409791	38.1
2007	1374327	521180	37.9
2008	1722068	608962	35.4
2009	2094025	719767	34.4
2010	2511454	864954	34.4
2011	3052063	1028616	33.7
2012	3561759	1130000	31.7

Performance of total Priorty Sector, Agriculture Sector and Weaker Section under National Goal in Public Sector Banks

Year	Total Priorty Sector	Agriculture Sector	Weaker Section
2001	43.7	15.6	7.21
2002	43.1	15.8	7.3
2003	42.5	15.3	6.7
2004	43.6	15.0	7.4
2005	43.2	15.6	8.8
2006	43.1	15.1	7.6
2007	39.6	15.5	7.1
2008	44.6	17.4	9.3
2009	42.5	17.5	9.8
2010	41.1	17.7	9.9
2011	41.3	16.6	9.8
2012	37.4	15.8	9.7
2013	36.3	15.0	9.8
2014	40.0	N.A.	N.A.
2015	N.A.	N.A.	N.A.
2016	39.0	N.A.	N.A.
2017	39.5	18.3	11.4

Conclusion - Hence it can be concluded that the percentage share of priorty sector advances in public sector banks advances declined from 2001 to 2017. The public sectors banks in India were not able to achive the national target for priorty sector (40% of NBC / ANBC).

It may be re-emphasised that the priorty sector need special attention and treatment because most of prospective beneficiaries under the priorty sector have no resources-base and are more or less without the requisite purchasing power to enable them to acquire the various inputs and even the income generating assets. Hence the need for a sound, effective and continous credit delivery system for the priorty sector.

Issues & Challanges - The main operational problems, in regard to disbursements and recoveries of priorty sector advances may be finally summarised as under :

1. Lack of branches in rural areas.
2. Political interfairance
3. The subsidy component of the loans advances under IRDP was not released quickly despite the clear-cut instructions of the government and the reserve bank of India.
4. Legal dificulties.

The major deficiencies are as follows –

1. The banks are problem of high level of overdues. These overdues have clogged the process of credit recycling since they have substaintially reduced the capacity of banks to grant loans. Mounting overdues result in increasing the transaction cort for effective recovery.
2. There are considerable regional disparities in the distribution of credit by banks.
3. In addition to above problems many banks suffer from poor management and lack of enthusiasm and dedication among staff members resulting in a great

deal of inefficiency and poor services to customers.

4. Opening the large numbers of branches in rural areas which do not have adequate business potentian, rise in establishment expenses affects the profitability of banks adversely.
5. The commercial banks have found sanctioning and monitaring a large number of small advances in their rural branches. Time consuming and manpower intensive and consequently a high cost proposition supervision of rural advances has come to be Neglected. The staff in rural branches lack sufficient motivation to work in rural areas for various reasons.
6. The fast increasing in banks credit to rural areas after nationalization has created strains in the system due to rapid expantion and diversification one of the problems of such rapid expansion has been the deteriration in quality of scheme preparation, particularly under the anti-poverty programmes. Deterioration in the quality of lending is also due to heavy work load of day to day housekeeping, without commensurate increase in the supporting staff.

Two major problems are casing great concern to Indian bankers in respect of bank lending to priorty sector. The first such problem in high volume of overdues and the other is the ever increasing cost of supervision.

Suggestions :

Agricultural Advances - Following are the suggestions for having a thorough control on agricultural advances :

1. Advances of formers living in far of villages from the location of bank, are to be discouraged as they enable difficulties in control of such loans.
2. The details of the scheme are to be explained fully to the farmers, many of whom are illiterate. Advantages of repaying the loans in time are to be stressed.
3. The whole requirement of the borrower are to be assessed carefully and should be financed fully.
4. Technical feasibility regarding suitability of land, availability of water and proper types of fertiliser, seeds, inputs etc. are to be assessed before making the loans.
5. Loan documents are to be executed in the presence of suitable witnesses in order to avoid causes of impersonation.
6. Documents are to be executed jointly from all the persons who owns the land which is mortgaged to the bank.
7. In case of advances to illiterate borrowers / illiterate guarantors, the prescribed certificate, to the effect that they have signed the documents after contents have been explained to them and they have understood the transaction, should be obtained and kept on record.
8. Pre-sanction inspections are necessary to verify the purposes and need of loans.
9. Instalment for repayment of loan are to be properly fixed keeping harvest time in view.
10. In advances, for purchase of seeds, fertilizers etc. amount should be paid directly to the suppliers.
11. It should be ensured that loan amount is not mis-utilised.

Small Scale Industries - The following suggestions may be made in order to extend loans to Small Scale Industries –

1. The whole requirement of the small scale industries are to be worked out and should be made clear to the borrower as to his stake and bank finance in clear out terms. Finance should be in accordance with business cycle the small scale industries any anticipate.
2. All the requirements of the small scale industries are to be visualised and should be financed in the same spirit.
3. Clear cut decisions should be given frankly.
4. The bank should not yield before unnecessary pressure brought by borrowers directly or indirectly.
5. The bank should avoid old and traditional methods of lending criteria but should adopt themselves to the new methods, tools, technology and culture for the new types of loans which are developmental in nature.

Self Employed – Following may be suggested in connection with self employed persons :

1. The projects taken up by the borrowers should be no modest scale but not an ambitious scale right at the beginning. Once it starts, it can grow into bigger scale, where banker will help to a greater extent than what it did in its initial stage.
2. The borrowers should be frank and consult the banker whenever he feels any difficulty and should not conceal any facts.
3. The banker and borrower should build up ‘Friendly’ relationship rather than ‘Lender borrower’ relationship.
4. Efforts should be made to give bank loans to deserving cases only so than money is utilised properly.
5. After taking into consideration, the facts of each case, efforts should be made to develop good relations and better understanding between banker and borrower, so that lending may become easy and smooth (for the purpose for which it is given).

General Suggestions :

1. The bank should educated the persons on various credit schemes. so that a considerable sections of people who are illiterate and unware of these facilities may take advantage.
2. Banks shouid survey periodically about the schemes they have adoped, their application, results and experiences they have gained and take steps. For correction of the situations and modification of schemes basing on recommendations of the survey.

References :–

1. www.rbi.co.in
2. Report on Trends and progress of Banking 2015-16
3. Report on Trends and progress of Banking 2016-17
4. Annual report of RBI.
5. Priorty sector lending – Targets and classification, RBI / 2015-16 / 53.
6. Economic Survey – Govt. of India Publications.

Categories	Domestic Scheduled Commercial Banks and Foreign banks with 20 branches and above	Foreign banks with less than 20 branches
Total Priorty Sector	40% of adjusted net bank credit or credit equivalent amount of off-balance sheet exposure, whichever is higher.Foreign banks with 20 branches and above have to achieve the total priorty sector target within a maximum period of five years starting from 1 April, 2013 and ending on March 31, 2018 as per the action plans submitted by them and approved by RBI.	40% of adjusted net bank credit or credit equivalent amount of off-balance sheet exposure, whichever is higher to be achieved in a phased manner by 2020
Agriculture	18% of ANBC or credit equivalent amount of off-balance sheet exposure, whichever is higher.Within the 18% target for agriculture, a target of 8% of ANBC or credit equivalent amount of off-balance sheet exposure, whichever is higher is prescribed for small and marginal farmers to be achieved in a phased manner i.e. 7% by March 2016 and 8% by March 2017.Foreign Banks with 20 branches and above to achieve the agriculture target within a maximum period of five years starting from Apr. 1, 2013 and ending on March 31, 2018 as per action plans submitted by them and approved by RBI. The sub-targets for small and marginal would be made applicable post 2018 after a review in 2017.	Not Applicable
Micro Enterprises	7.5% of ANBC or credit equivalent amount of off-balance sheet exposure, whichever is higher to be achieved in a phased manner i.e. 7% by March 2016 and 7.5% by March 2017.The Sub-target of Micro Enterprises for foreign banks with 20 branches and above would be made applicable post 2018 after a review in 2017.	Not Applicable
Advances to Weaker Sections	10% of ANBC or credit equivalent amount of off-balance sheet exposure, whichever is higher.Foreign banks with 20 branches and above have to achieve the weaker section target with in a maximum period of five years starting from Apr. 1, 2013 and ending on March 31, 2018 as per the action plans submitted by them and approved by RBI.	Not Applicable

****

प्रतापगढ़ की थेवा कला

लक्ष्मण लाल कुम्हार *

प्रस्तावना - सुविख्यात इतिहासकार महामहोपाध्याय पंडित गौरीशंकर हीराचंद ओझा (1863-1947) के अनुसार प्रतापगढ़ का सूर्यवंशीय राजपरिवार मेवाड़ के गुहिल वंश की सिसोदिया शाखा से सम्बद्ध रहा है। इनकी उपाधि महारावत है।[1] महाराणा कुम्भा (1433-1468 ईस्वी) का अपने छोटे भाई क्षेमसिंह या क्षेमकर्ण से उनका संपत्ति संबंधी जागीरी प्रदान करने के संदर्भ में कोई पारिवारिक विवाद कुछ इतना बढ़ा कि नाराज़ महाराणा कुम्भा ने उन्हें अपने राज्य चित्तौड़गढ़ से निर्वासित कर दिया। उनका परिवार मेवाड़ के दक्षिणी पर्वतीय इलाकों में कुछ समय तक तो लगभग विस्थापित सा रहा, बाद में क्षेमकर्ण ने 1437 ईस्वी में मेवाड़ के दक्षिणी भू-भाग को तलवार के बल पर जीत कर अपना नया राज्य स्थापित किया।[2] क्षेमकर्ण के पुत्र और महाराणा कुम्भा के भतीजे सूरजमल ने 1514 ईस्वी में बड़ीसादड़ी को अपना स्थाई ठिकाना बनाते हुए नए क्षेत्र का विस्तार किया।[3] बाद में सूरजमल के प्रपौत्र और बाघसिंह के पौत्र महारावत रावसिंह का पुत्र विक्रमसिंह (बीका) ने ई. 1560 में देवलिया को अपनी नई राजधानी बनाया।[4] यहाँ भील भामरिया का राज्य था, उसे हरा कर देवगढ़ क्षेत्र को अपने कब्जे में लिया व भामरिया की पत्नी देवी मीणा के नाम पर देवलिया बसाया।[5] बाद में बीका के वंशज महारावत प्रतापसिंह ने 1699 ई. (महाराणा प्रताप नहीं) में देवगढ़ से थोड़ी दूर अपने नाम पर एक नया नगर 'प्रतापगढ़' बसाया। जो कि 24^0 ½' उत्तरी अक्षांश व 74^0.47' पूर्वी देशान्तर पर स्थित है।[6]

विश्व की अनेक शिल्प कलाओं में से 'थेवा कला' लगभग 18वीं सदी के आसपास की मानी जाती है। प्रतापगढ़ के राज परिवार में इस कला का प्रादुर्भाव हुआ। स्व. नाथूलाल 'सोनावाळा' को इस शिल्प कला का प्रणेता तथा जनक माना जाता है। प्रतापगढ़ के राजसोनी परिवार में यह कला नाथूजी की शेष पीढ़ियों से चली आ रही है।[7] इस कला को प्रतापगढ़ रियासत के राजा-महाराजाओं ने परखा एवं पहचाना तथा कला व कलाकारों की कद्र की। उन्होंने इस कला का प्रचार-प्रसार किया तथा कलाकारों को संरक्षण दिया।[8] अध्ययन से एक बात जो उभर कर आई, वह यह कि प्रतापगढ़ बहुत छोटी सी रियासत थी और इसके तत्कालीन शासक दूरदर्शी थे। सैन्य ताकत का बहुत बड़ा जमावड़ा तो इनके पास था नहीं, परन्तु अन्य निकटवर्ती रजवाड़ों, रईसों तथा अंग्रेजों मेहमानों को आकर्षित करने के लिए तथा इनके यहाँ ब्रिटिश सेवा में तैनात अनुग्रह वाले अधिकारियों को सकारात्मक संबंध स्थापित करने के दृष्टिकोण से प्रतापगढ़ के शासकों ने कला और संस्कृति के प्रतीकों के उपहार का सहारा लिया और ऐसी कला को संरक्षित किया जो अन्य जगह नहीं पाई जाती है। इसके कारण उनके राज्य में शांति का वातावरण रहा और विदेशी ताकतों की दखलंदाजी का दंश कम हुआ। प्रतापगढ़ के महाराजा ने राजसोनी परिवार के सदस्यों को राजकीय सम्मान स्वरूप जागीर और डोली भी प्रदान की। यह डोली इनके वैवाहिक कार्यक्रमों में प्रयुक्त होती थी। प्रतापगढ़ के एक नहीं कई राजाओं व सामन्तों ने थेवा कला के प्रोत्साहन हेतु भारी योगदान दिया। अधिकांश राजा-महाराजाओं ने अपने विदेशी मेहमानों को थेवा-कला की उत्कृष्ट कलात्मक वस्तुएँ उपहार में देकर खुश करने में कोई कसर नहीं रखी। परिणामस्वरूप विदेशी लोगों ने भी इस कला की कलात्मक कलाकृतियाँ अपने यहाँ रखने में पहल की।[9]

यह कला लगभग 400 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। राजसोनी परिवार के पूर्वज नाथूजी इसके जनक थे। नाथूजी इकलौते एक हनुरमंद रहे जिसे इस कला के मर्म की जानकारी थी। शताब्दियों पूर्व मालवा से नाथूजी देवगढ़ (कांठल) आ बसे थे। कुछ का मानना है कि बैनाथिया गोत्र के ये लोग अधिकतर अजमेर और आसपास में रहते हैं, संभव है नाथूजी देवगढ़ (कांठल) यहाँ से आये हों। देवगढ़ तब प्रतापगढ़ रियासत की राजधानी हुआ करती थी।[10]

मुगल कालीन साम्राज्य में लगभग 400 वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ के राजपूती शासन काल की थेवा शिल्प ने अंगड़ाई ली। सामन्ती युग में तब कला और संस्कृति का उभार था और इस शिल्प कला का चलन सामन्ती परिवारों तक था। विशेष रूप से प्रतापगढ़ के शासक महारावत सावंतसिंह (1775 ई.) ने इसे राज्य संरक्षण दिया और शिल्प निर्मित करने वाले परिवार को तीन सौ बीघा जमीन बसाड़, नीनोर, चूपना और बोर्दिया आदि ग्राम में जागीर स्वरूप दी और 'राजसोनी' का खिताब भी दिया। इस तरह इस कला को रियासत से प्रोत्साहन मिलता रहा। इस कला को प्रोत्साहित करने में महारावत उदयसिंह (1864-1890) तथा महारावत रघुनाथ सिंह (1890-1920) एवं रामसिंह का उल्लेख मिलता है। इन राजाओं ने अपने कई विदेशी मेहमानों को थेवा कला के नमूने भेंट किए, जिससे विदेशी आर्डर मिला करते थे।[11]

थेवा का अर्थ है किसी धातु पर खोदना। यह काम सोने पर किया जाता है। यह कहा जा सकता है कि रंगीन काँच पर सोने की अत्यन्त बारीक कमनीय चित्रकारी का नाम है 'थेवा' कला। यह काँच पर सुनहरे रूपांकन की अत्यन्त प्रभावशाली तथा भव्य प्रीतिरंजक शिल्प कारीगरी है। एक तरह से यह काँच पर सुनहरी पेंटिंग है जिसे 23 केरेट सोने के पत्तर पर टांकला नामक एक विशेष कलम से उकेरा जाता है और इसे कुशलतापूर्वक बहुरंगी काँच पर मढ़ दिया जाता है। जब दोनों पदार्थ सोना और काँच परस्पर जुड़ कर एकमेक व एकजीव हो जाते हैं तो थेवा कृति बन जाती है।12 काँच की जगमग को और अधिक प्रभावशाली तथा उम्दा बनाये रखने के लिए इसे एक खास प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है जिससे कि काँच में समाहित सोने का कार्य उभार देने लगे और देखने वाले के मन को छू ले। इस प्रकार शिल्प का प्रत्येक नमूना पारदर्शी काँच का हो जाता है और उस पर माणिक, पन्ना तथा नीलम जैसा

* शोधार्थी (इतिहास) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रभाव दिखलाई पड़ता है। इस कला को उकेरने में बेल्जियम के विशेष प्रकार के काँच इस्तेमाल होते हैं। इस तरह कहा जा सकता है कि विभिन्न रंगों के काँच पर सोने का लालित्यपूर्ण सूक्ष्म चित्रांकन थेवा शिल्प कहलाता है।[12]

काँच पर सोने की सूक्ष्म चित्रकारी ही इस कला का मौलिक आकर्षण है, जिसे काँच और कंचन का करिश्मा कहा जा सकता है। सर्वप्रथम सोने की बारीक चद्दर पर सूक्ष्म चित्रांकन अणु-अणु में एक नई नक्काशी के साथ किया जाता है। यह काँच नीला, लाल या हरा होता है। कलाकार को सबसे पहले चित्रकला में पारंगत होना होता है। चित्रकारी की नींव पर ही थेवा कला जन्म लेती है। रंगीन काँच पर सोने का अत्यन्त महीन काम, बारीक चित्रकारी और उत्कृष्ट नक्काशी वाली इन शिल्प कृतियों की रचना जटिल, कठिन तथा श्रम साध्य है। इस कमनीय और मनभावन कला को 'थेवा कला' के नाम से जाना जाता है। 'थेवा' कला में काँच पर सोने का बारीक चित्रांकन ललित कला के साथ-साथ काँच पर सुन्दर चित्रण परंपरागत चित्रण की झलक लिए होता है।[14]

इस शिल्प में लाल एवं पीले काँच पर सोने की सुनहरी चमक देखते ही बनती है। फूल-पत्ती, राधा-कृष्ण तथा इतिहास और प्रकृति से जुड़े अनेक प्रतीक जब काँच और कंचन जड़ाऊ नक्काशी के बीच दिखाई देते हैं तो आँखे चौंधिया जाती है। पारंपरिक चित्रों में प्राकृतिक सौन्दर्य, हाथी, घोड़े, शेर, शिकार, फूल, पत्ती, राधा-कृष्ण तथा इतिहास और प्रकृति से जुड़े सैंकड़ों विषय, युद्ध, सवारी, पौराणिक गाथाएँ, लीलाएँ, प्रेम-प्रसंग तथा ढ़ोलामारु को चित्रांकित किया जाता है तो दर्शक यही सोच कर दंग रह जाते हैं कि आखिर काँच के भीतर सोने की यह कारीगरी की कैसे जाती है। सोना बेशकीमती होता है पर जब थेवा कलाकारों की अंगुलियों से और निखरता है तो अनमोल हो जाता है।[15]

इस शिल्प के अन्तर्गत छोटी-सी अंगूठी से लेकर लीलाओं की बड़ी प्लेटें, शृंगार बॉक्स, दर्पण, कंघा केस, सिन्दूर बॉक्स, छोटी-बड़ी डिब्बियाँ, गुलदस्ते, फोटो फ्रेम, एश-ट्रे, इत्रदान, सिगरेटकेस, टाई पिन कफलिंग, बटन, पेण्डल, पायल, पाजेब, बिछिया, गले का हार, मंगलसूत्र, इत्रदान, बटन, घड़ी की चैन, तश्तरी, छोटी-बड़ी डिब्बियाँ, पेण्डल आदि जब सोने और काँच की जड़ाऊ नक्काशी के बीच दिखाई देते हैं, तो एकबारगी आँखे चकाचौंध हो जाती है। थेवा की कृतियाँ देखने के बाद महसूस होता है कि यह कार्य सुई से पहाड़ खोदने या सोने से खुशबू निकालने जैसी उपमाओं से युक्त है। थेवा शिल्प को हाथ में लेते ही सोने की मोहक दीप्ति सकून तथा सुवास देती लगती है। बड़ी चीज़े अग्रिम ऑर्डर से बनाई जाती है, शेष सामान्य जेवर आदि तो रोजमर्रा बनते चलते हैं। डिजाइन चीजों के आधार पर तय किए जाते हैं। प्लेट्स या फूलदान में व्यापक और विविध परिवेश चुने जा सकते हैं। थेवा कलाकारों ने विभिन्न उपादानों में रासलीला के विभिन्न दृश्यों, महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र और शिकार की पूरी प्रक्रिया को अपनी कला से सजीव किया है।[16]

थेवा कला के लिए यह भी कहा जाता है कि काँच में कोई विशेष प्रकार का चमकदार पदार्थ मिला दिया जाता है जिसकी चमक काँच के परिवेश में जस की तस प्रभावी बनी रहती है। यह तथ्य सही नहीं है। कुछ सर्वेक्षकों ने थेवा कार्य की संकल्पना एनामलिंग पर ही स्थापित की किन्तु यह भी पूर्ण रूप से ठीक नहीं है। यह भ्रम निर्मूल है कि थेवा कार्य तामचीनी-एनामलिंग कार्य जैसा है। वर्षो से राजसोनी परिवार ने इस असाधारण कला को संजोये रखा व उपयोगितापूर्ण बनाया तथा नयनाभिराम स्वर्ण अलंकरणों एवं सजावटी सामग्री का निर्माण किया। इस शिल्प जगत में पीढ़ियों से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित 1969 ई. रामप्रसाद राजसोनी, 1970 ई. शंकर लाल राजसोनी, 1972 ई. वेणीराम राजसोनी, 1982 ई. रामनिवास राजसोनी आदि परम्परागत बेमिसाल अलंकरण एवं सजावटी उत्पाद की रचना होती चली आ रही है।[17]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, प्रतापगढ़ राज्य का इतिहास, पृ. 43, हिन्दी साहित्य मंदिर, जोधपुर, 2000 ई.
2. वही, पृ. 47-49
3. वही, पृ. 61
4. वही, पृ. 96
5. वही, पृ. 96-97
6. प्रधान संपादक कोठारी गुलाब, पत्रिका इयर बुक 2016, पृ. 779, राजस्थान पत्रिका प्रा. लिमिडेट, जयपुर।
7. वही, पृ. 781, थेवा शिल्प कला, पृ. 13 पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर।
8. प्रधान संपादक, सिंह रोहित कुमार, संदर्भिका राजस्थान सुजस, पृ. 874, (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजस्थान, जयपुर) डोमिनियन लॉ डिपो, जयपुर, 2008 ई.
9. वही, पृ. 874, थेवा शिल्प कला, पृ. 13
10. थेवा शिल्प कला, पृ. 10
11. गुप्ता, डॉ. मोहनलाल, राजस्थान ज्ञान कोष, पृ. 517-518, राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर, 2008 ई., थेवा शिल्प कला, पृ. 10
12. वही, पृ. 518, वही, पृ. 15
13. संदर्भिका राजस्थान सुजस, पृ. 874, वही, पृ. 15
14. वही, पृ. 874
15. वही, पृ. 874, ओझा गौरीशंकर हीराचंद, प्रतापगढ़ राज्य का इतिहास, पृ. 8, थेवा शिल्प कला, पृ. 15
16. थेवा शिल्प कला, पृ. 15-16
17. संदर्भिका राजस्थान सुजस, पृ. 874, थेवा शिल्प कला, पृ. 16, 37

****

मानव अधिवासों का बदलता प्रतिरूप : डेलुओं की ढाणी (बाड़मेर, राजस्थान) का एक भौगोलिक विश्लेषण

जस राज *

प्रस्तावना – मानव अधिवास मानव के लिए एक व्यवस्थित व संगठित निवास स्थली होती है। अधिवास के अन्तर्गत अधिवासों से सम्बन्धित अन्य तत्व मार्ग व गलियाँ भी सम्मिलित है। भूगोल में मानव अधिवासों का अध्ययन मानव पर्यावरण सम्बन्धों को ज्ञात करने के लिए किया जाता है। 'भूगोल पृथ्वी सतह की विशेषताओं का सही, क्रमबद्ध, तार्किक निरूपण तथा व्याख्या से सम्बन्धित है।' (Perspective on the nature of geography) 1959 हार्टशार्न) मानव पर्यावरण अन्तर्सम्बधों में मानव की छाप सांस्कृतिक भूदृश्यों के रूप में दिखाई देती है। (कार्ल ओ साऊर) 'भूगोल पृथ्वी की सतह व उसके निवासियों का विज्ञान है। (भूगोल शब्दकोष) अत: इस प्रकार मानव अधिवासों का अध्ययन करना भूगोल विषय के लिए कोई नई बात नहीं है।

प्रकृति में प्रत्येक पहलू गत्यात्मक व परिवर्तनशील है ठीक इसी प्रकार मानव अधिवास भी परिवर्तनशील होते है, तथा इनका रूप आधारभूत सुविधाओं के अनुसार धीरे-धीरे तथा तीव्रता के रूप में विकसित होता है। मानव अधिवासों का जो रूप आज हमें दिखाई देता है उन सबकी प्रारम्भिक स्थिति इससे पूर्णतया भिन्न थी। अधिवासों की दिशा व दशा तय करने में कालिक परिस्थितियाँ जिम्मेदार होती है प्रस्तुत शोध में इन परिस्थितियों के साथ एक राजस्व ग्राम डेलुओं की ढाणी (बाड़मेर, राजस्थान) में मानव अधिवासों का बदलते प्रतिरूप पर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत शोध का क्षेत्र राजस्थान राज्य के सुदुर पश्चिम में अवस्थित बाड़मेर जिले के बायतु उपखण्ड के गिड़ा तहसील में राजस्व ग्राम डेलुओं की ढाणी है। जिसका क्षेत्रफल 816 हैक्टेयर है, तथा इसकी अक्षांशीय स्थिति $26^0$9'21''उत्तरी अक्षांष से $26^0$11'5'' उत्तरी अक्षांश है तथा देशान्तरीय स्थिति $71^0$55'13'' पूर्वी देशान्तर से $71^0$56'33'' पूर्वी देशान्तर है। इस ग्राम की जनसंख्या 611 व्यक्ति है, मरूस्थलीय विषम परिस्थितियाँ इस ग्राम के विकास में बाधक है। तापमान गर्मियों में 480 सेल्सियस व औसत वर्षा 40 सेमी है इस प्रकार इस क्षेत्र में दैनिक व वार्षिक तापान्तर भी अधिक है यह ग्राम प्रसिद्ध रामदेवरा धाम से 115 किमी दक्षिण पूर्व में अवस्थित है तथा बाड़मेर जिला मुख्यालय से 110 किमी उत्तर पूर्व में है। इस ग्राम में भौतिक उच्चावचों के रूप में बालू के टीले मुख्य रूप से है।

उदेश्य

1. अध्ययन क्षेत्र में अधिवासों के परिवर्तित प्रतिरूपों का विश्लेषण करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में मानव पर्यावरण सम्बन्धों की व्याख्या प्रस्तुत करना।

विधि तंत्र –डेलुओं की ढ़ाणी के मानव अधिवासों का स्तरीकृत निदर्शन के द्वारा अध्ययन किया गया है।

अधिवास जिनका स्तरीकृत निदर्शन (Stratified Sampling) द्वारा प्राथमिक सर्वे किया गया है

क्र.	जातीय संरचना	कुल अधिवास	स्तरीकृत निदर्शन द्वारा चयनित अधिवास
1.	जाट	78	39
2.	नाई	6	3
3.	राइका	6	3
4	राजपूत	4	2
	कुल	**94**	**47**

आंकड़ो का स्रोत – यह शोध कार्य प्राथमिक सर्वे पर आधारित है जिसमें साक्षात्कार व व्यक्तिगत अवलोकन को उपयोग में लिया गया है।

आंकडो का विश्लेषण – 350 वर्ष पूर्व बसे इस राजस्व ग्राम में वर्तमान में जाट जाति के लोगों का वर्चस्व है इसी जाति ने ही ग्राम को बसाया था (भाट कवियों के अनुसार) तथा वर्तमान में ग्राम में 94 मानव अधिवास है। इस शोध में 47 अधिवासों का (50 प्रतिशत) प्राथमिक सर्वे किया गया है जिससे यह ज्ञात हुआ कि सन् 1997 में यह सभी अधिवास पूर्णत: परम्परागत शैली में निर्मित थे जबकि आज इन 47 अधिवासों में से केवल 6 अधिवास ही पूर्णत परम्परागत शैली से निर्मित है, शेष 37 घर मिश्रित सामग्री से निर्मित है तथा केवल 4 अधिवास पूर्णत: गैर परम्परागत शैली में निर्मित है। इस प्रकार से जो अधिवासीय प्रतिरूपों में परिवर्तन हुआ है इसका प्रमुख कारण आर्थिक सुविधाओं में थोडा सुधार है। हालांकि इस गांव में जीवन के लिए आधारभूत कारक जल की समस्या बनी रहती है। जिसकी पूर्ति टांको, होदो व कुओं से की जाती है।

वर्तमान में अधिवासों के प्रतिरूपों को सर्वाधिक परिवर्तन करने में पड़वों का अहम् योगदान है, इनकी अगर गुणवता देखी जाए तो यह लम्बी समयावधि तक रह सकते है किन्तु स्वास्थ्य की दृष्टि से आरामदायक नही है क्योंकि गर्मियों में इनमें रहने से गर्मी का प्रकोप रहता है जो स्वास्थ्य के लिए कष्टदायक होता है।

वर्ष 2008 में मानव अधिवासों के प्रतिरूपों का सामग्री अनुसार वितरण

सामग्री	जति			
	जाट	नाई	राइका	राजपूत
परम्परागत	4	3	3	0
गैर परम्परागत	0	0	0	0
मिश्रित	35	0	0	2
कुल	39	3	3	2

* शोधार्थी (भूगोल विभाग) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत



वर्ष 2017 में मानव अधिवासों के प्रतिरूपों का सामग्री अनुसार वितरण

सामग्री	जति			
	जाट	नाई	राइका	राजपूत
परम्परागत	2	2	2	0
गैर परम्परागत	4	0	0	0
मिश्रित	33	1	1	2
कुल	39	3	3	2



परम्परागत सामग्री से निर्मित आवासों की गुणवता की बात की जाए तो स्वास्थ्य की दृष्टि से तो ठीक है बल्कि इनकी अवधि नहीं होती है इनका प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण करना पडता है तथा साथ ही प्रकृति का दोहन भी, जिसमें वनस्पति का दोहन मुख्य है जैसे सेवण, आक, सिणियां, अरणा, फोंग आदि वनस्पतियों को काटकर व इनसे अधिवास निर्मित करना। इनमें से फोग की वनस्पति तो लुप्त हो गई है जिसका प्रमुख कारण लोगों द्वारा इनका उपयोग किया जाना तथा जड़ सहित काटना।

पूर्णत गैर परम्परागत सामग्री से निर्मित केवल 4 घर है जो जाट जाति के लोगों के है इन अधिवासों की गुणवता स्वास्थ्य व लम्बी कालावधि तक बना रहना दोनों ही दृष्टि से ठीक है। लेकिन अभी तक इस प्रकार के अधिवासों की कमी के प्रमुख कारण है। सड़क, आर्थिक स्थिति, जल इत्यादि आधारभूत कारकों की कमी।इन तीनों में से केवल आर्थिक स्थिति को छोड़कर सड़क व जल की समस्याओं को सरकारी योजनाओं द्वारा दूर किया जा सकता है। जल होगा तो कृषि सक्षम होगी अगर कृषि सुद्धढ़ है तो इस गाँव के किसान सुचारू रूप से जीवन यापन करेंगें तथा इस प्रकार आर्थिक स्थिति अच्छी होगी तो अधिवासों का भी विकसित प्रतिरूप बनेगा। भौगोलिक दृष्टि से मरूस्थल में घरों का आकार प्राय: गोलाकार ही होता है विशेषकर ग्रामीण अधिवासों के प्रतिरूपों पर भौगोलिक पहलुओं का प्रभाव स्पष्ट झलकता है जैसे छितरे हुए अधिवास प्रतिरूप, गोलाकार अधिवास प्रतिरूप आदि।

मानव ने अधिवास निर्माण में पर्यावरणीय तत्वों, जैसे क्षेत्र में वनस्पिति का दोहन किया है जिसके कारण मृदा अपरदन बढ़ा है। जल की कमी की पूर्ति के लिए कुओं द्वारा जल का उपयोग अधिक किया जा रहा है जिसके कारण कुओं का भूमिगत जल स्तर नीचे चला गया है और कभी-कभी कुऐं सुख भी जाते है।

निष्कर्ष - गांव डेलुओं की ढ़ाणी में कालानुसार अधिवासों के प्रतिरूपों में परिवर्तन हुआ है परन्तु अभी भी आधारभूत कारकों की कमी है जिसमें जल बहुत ही महत्वपूर्ण कारक है। इन अधिवासों का गाँव के विकास पर सकारात्मक प्रभाव है क्योंकि परम्परागत शैली धीरे-धीरे घटी है जिससे वनस्पति ह्रास रूका है इससे गांव की दिशा व दशा दोनो स्थितियों में सुधार हुआ है। इस प्रकार डेलुओं की ढ़ाणी में अधिवासीय प्रतिरूपों में गैर परम्परागत सामग्री का उपयोग कर अधिवास बनाया जाए तो ग्राम विकसित दिशा की ओर बढ़ेगा इसके पूर्व आधारभूत कारकों (जल, सडक, शिक्षा) में सुधार होना अत्यावश्यक है। जैसे-जैसे कृषि का विकास हुआ है वैसे-वैसे अधिवासों की दशा में सुधार हुआ है। इस प्रकार शैक्षिक गुणवत्ता, जल व सड़क आदि आधारभूत कारको की इस गांव को आवश्यकता है।

शब्दावली

परम्परागत शैली - अधिवास जिसको बनाने में मिट्टी, गोबर, लकडी व घास-फूंस का उपयोग किया गया हैं

गैर परम्परागत शैली - अधिवासों का ऐसा रूप जो पत्थर की पट्टियों, पत्थरों, सीमेन्ट तथा बजरी, ईंट से निर्मित हो।

पड़वा:- जिस अधिवास की छत लोहे के चद्दरों की है तथा दीवारे पट्टियों, ईटों या फिर परम्परागत सामग्री (गोबर, मिट्टी) से निर्मित हो।

टाँका - परम्परागत जल संग्रहण का माध्यम।

होद- जल की बड़ी टंकी जिसमें पाइपलाइनों के माध्यम से जल आता हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Aziz, A.N., (August 2017), Surviving in cairo as a closed file Refugee Socio-Economic & Protection challenges, IIED London, pp. 1-36.
2. Vyas,P.R., (1998), Problems and Prospects of Tribal Settlements a Study of Jhadol-Kotra Area South Arawali, P. XXVII. Pp-24-27.
3. Schumacher, E.F., (1976), Patterned of Human settlements, AMBIO. Vol.5P. 91-97.
4. Sharma, R.C., (1972), Settlement Geography of the Indian Desert, Rajesh Publication Safdarganj Development Hauz Khas New Delhi.
5. R. Hartshorne, (1959), Perspective on the nature of geography, Rand Mcnally
6. Carl Sauer, (1925), the Morphology of landscape, Berkeley, university of California a press



वर्तमान में डेलुओं की ढ़ाणी में मानव अधिवासों का वृताकार प्रतिरूप (Circular Pattern) – A, पड़वा – B, परम्परागत शैली में निर्मित झोपड़ी – C

****

आधुनिक शिक्षा पद्धति एवं व्यक्तित्व विकास

डॉ. बीना शुक्ला *

शब्द कुंजी – शिक्षा, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण, उदारीकरण, निजीकरण, शिक्षा के तरीके।

प्रस्तावना – अच्छी शिक्षा सभी के लिये जीवन में आगे बढ़ाने और सफलता प्राप्त करने के लये बहुत आवश्यक है। यह आत्मविश्वास विकसित करती है और एक व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करती हैं। पूरे शिक्षा तंत्र को तीन भागों में बांटा गया है जैसे– प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च माध्यमिक शिक्षा। सभी शिक्षा के भाग अपना एक विशेष महत्व और लाभ रखते हैं। शिक्षा विद्यार्थियों को आधार प्रदान करती है जो जीवन भर मदद करती है। किसी भी राष्ट्र अथवा समाज में शिक्षा सामाजिक नियंत्रण व्यक्तित्व निर्माण तथा सामाजिक व आर्थिक प्रगति का मापदण्ड होती है भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश प्रतिरूप पर आधारित है जिसे सन् 1835 ई. में लागू किया गया।

जिस तीव्र गति से भारत के सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक परिदृश्य में बदलाव आ रहा है उसे देखते हुये यह आवश्यक है कि हम देश की शिक्षा प्रणाली की पृष्ठभूमि उद्देश्य, चुनौतियों तथा संकट पर गहन अवलोकन करें।

सन् 1835 ई. में जब वर्तमान प्रणाली की नींव रखी गई थी तब लार्ड मैकाले ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अंग्रेजी शिक्षा का उद्देश्य भारत में प्रशासन के लिये विचौलियों की भूमिका निभाने तथा सरकारी कार्य के लिये भारत के विशिष्ट लोगों को तैयार करना है।

व्यक्तित्व विकास में शिक्षा का योगदान – शिक्षा ज्ञानवर्धन का साधन है। सांस्कृतिक जीवनका माध्यम है। चरित्र की निर्माता है। जीवनोपार्जन का द्वार है। अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुये जीवन जीने के कला के साथ साथ व्यक्तित्व के विकास का पथ–प्रदर्शन भी है।

मानव विकास का मापदण्ड ज्ञान है। ज्ञान से बुद्धि प्रशिक्षित होती है तथा मस्तिष्क में विचारों का जन्म होता है। यह विचार विवेक जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता का साधन है। शारीरिक हो या मानसिक, आधि हो या व्याधि समस्यायें हो या संकट सभी का समाधान ज्ञान की चाबी से होता है।

ज्ञान प्राप्ति के लिये शिक्षा – ज्ञान प्राप्ति शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। आधुनिक सभ्यता शिक्षा के माध्यम द्वारा ज्ञान प्राप्त करके विकसित हुई है न तो ज्ञान अपने आप में संपूर्ण शिक्षा है, न ही शिक्षा का अंतिम उद्देश्य यह तो शिक्षा का मात्र एक भाग है और एक साधन है।

अत: शिक्षा का उद्देश्य सांस्कृतिक ज्ञान की प्राप्ति होना चाहिये ताकि मानव सभ्य शिष्ट, संयम बने, साहित्य संगीत और कला आदि का विकास कर सके। जीवन को मूल्यवान् बनाकर जीवन स्तर को उंचा उठा सके। साथ ही आने वाली पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर सौंप सके।

चरित्र के लिये शिक्षा – चरित्र का अर्थ है, वे सब बाते जो आचरण, व्यवहार आदि के रूप में की जाये। प्लूटार्क के अनुसार, चरित्र केवल सुदीर्घकालीन आदत है बाल्मीकी का कथन है, मनुष्य के चरित्र से ही ज्ञान होता है कि वह कुलीन है या अकुलीन वीर है या दंभी, पवित्र है या अपवित्र। चरित्र दो प्रकार का होता है अच्छा और बुरा। सच्चरित्र ही समाज की शोभा है।

इसके निर्माण का दायित्व वहन करती है शिक्षा। गांधी जी के शब्दों में चरित्र शुद्धि ठोस शिक्षा की बुनियाद है। इसलिये डॉ. डी.एन.खोखला का कहना है शिक्षा का उद्देश्य सांवेगिक एवं नैतिक विकास होना चाहिये। एक अच्छा इंजीनियर या डॉक्टर बेकार है, यदि उसमें नैतिकता के गुण नहीं। कारण चरित्रहीन ज्ञानी सिर्फ ज्ञान का भार ढोता है। वास्तविक शिक्षा मानव में निहित सद्गुण एवं पूर्णत्व का विकास करती है।

व्यवसाय के लिये शिक्षा – व्यवसाय का अर्थ है जीवन निर्वह का साधन। इसका अर्थ यह है कि शिक्षा में इतनी शक्ति होनी चाहिये कि वह अर्थकारी हो अर्थात शिक्षित व्यक्ति की रोजी रोटी की गारंटी ले सके। गांधी जी के शब्दों में, सच्ची शिक्षा बेरोजगारी के विरूद्ध बीमे के रूप में होनी चाहिये।

जीने की कला की शिक्षा – शिक्षा के उपर लिखे चारों उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति, संस्कृति, चरित्र तथा व्यवसाय के लिये एकांगी है, स्वत: सम्पूर्ण नहीं है। जीवन के लिये चाहिये जीने की कला की शिक्षा। शिक्षा जीवनकी जटिल प्रक्रिया और दु:ख, कष्ट, विपत्ति में जीवन को सुखमय बनाने की क्षमता और योग्यता प्रदान करें।

स्पैन्सर शिक्षा में एक व्यापक उद्देश्य अर्थात् संपूर्ण जीवन के सभी पक्ष में संपूर्ण विकास का समर्थन करता है। वह पुस्तकालीयता का खंडन करता है तथा परिवार चलाने, सामाजिक, आर्थिक संबंधों को चलाने तथा भावनात्मक विकास करने वाली क्रियाओं का समर्थन करता है। इन क्रियाओं में सफलता के पश्चात् व्यक्ति आगामी जीवन के लिये तैयार हो जाता है।

व्यक्तित्व विकास के लिये शिक्षा – महादेवी जी की धारणा है कि 'शिक्षा व्यक्तित्व के विकास के लिये भी है और जीवकोपार्जन के लिये भी। अत: उसका उद्देश्य दोहरा हो जाता है। स्वतंत्र भारत का उत्तरदायित्व पूर्ण नागरिक होने के लिये विद्यार्थी वर्ग को चरित्र की आवश्कता थी जो व्यक्तित्व विकास में ही संभव थी जीवकोपार्जन की क्षमता सबका सामाजिक प्राव्य थी। दोनाअंतत: बाह्य लक्ष्यों की उपेक्षा कर देने से शिक्षा एक प्रकार से समय बिताने का साधन हो गई।

यह उपेक्षापूर्ण सत्य तब प्रकट हुआ जब विद्यार्थी ने शिक्षा के सब सोपान पार कर लिये। व्यक्तित्व विकास के लक्ष्य के अभाव ने विद्यार्थी के आचरण को प्रभावित किया और आजीविका के अभाव ने उसे परजीवी बनाकर असामाजिक कर दिया। व्यक्तित्व (Personality) आधुनिक

* संविदा सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

मनोविज्ञान का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं प्रमुख विषय है। व्यक्तित्व के अध्ययन के आधार पर व्यक्ति के व्यवहार का पूर्व कथन भी किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ विशेष गुण या विशेषतायें होती है जो दूसरे व्यक्ति में नहीं होती। इन्हीं गुणों एवं विशेषताओं के कारण ही प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे से भिन्न होता है व्यक्ति के इन गुणों का समुच्चय ही व्यक्ति का व्यक्तित्व कहलाता है। व्यक्ति एक स्थिर अवस्था न होकर एक गत्थात्मक समष्टि है। जिस पर परिवेश का प्रभाव पड़ता है। इसीकारण से उसमें समय समय पर बदलाव आते हरते हैं व्यक्ति के आचार-विचार व्यवहार और क्रियाओं में व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है।

चुनौतियां एवं समस्यायें – इस शिक्षा प्रणाली ने उच्च वर्गों को भारत के शेष समाज में पृथक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ब्रिटिश समाज में बीसवीं सदी तक यह मानना था कि श्रमिक वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने का तात्पर्य है। उन्हें जीवन में अपने कार्य के लिये अयोग्य बना देना। ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली ने निर्धन परिवारों के बच्चों के लिये भी इसी नीति का अनुपालन किया। लगभग पिछले दो सौ वर्षों की भारतीय शिक्षा प्रणाली के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह शिक्षा नगर तथा उच्च वर्ग केन्द्रित श्रम तथा बौद्धिक कार्यों से रहित थी। इसकी बुराईयों को सर्वप्रथम गांधी जी ने 1917 ई. में गुजरात एजुकेशन सोसायटी के सम्मेलन में उजागर किया तथा शिक्षा में मातृभाषा के स्थान और हिन्दी के पक्ष को राष्ट्रीय स्तर पर तार्किक ढंग से रखा/स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में शांति निकेतन, काशी विद्यापीठ आदि विद्यालयों में शिक्षा के प्रयोग को प्राथमिकता दी गई।

सन् 1944 ई. में देश में शिक्षा कानून पारित किया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत हमारे संविधान निर्माताओं तथा नीति नियामकों ने राष्ट्र के पुननिर्माण सामाजिक आर्थिक विकास आदि क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया। इस मत की पुष्टि हमें राधा कृष्ण समिति (1949) कोठारी शिक्षा आयोग (1966) तथा नई शिक्षा नीति (1986) से मिलती है। शिक्षा के महत्व को समझते हुये भारतीय संविधान ने अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिये शिक्षण संस्थाओं व विभिन्न सरकारी अनुष्ठानों आदि में आरक्षण की व्यवस्था की। पिछड़ी जातियों को भी इन सुविधाओं के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया स्वतंत्रता के बाद हमारी साक्षरता दर तथा शिक्षा संस्थाओं की संख्या में नि:संदेह वृद्धि हुई है परन्तु अब भी 40 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निरक्षर है।

दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि स्वतंत्रता के बाद विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा का स्तर तो बढ़ा है परन्तु प्राथमिक शिक्षा का आधार दुर्बल होता चला गया। शिक्षा का लक्ष्य राष्ट्रीयता चरित्र निर्माण व मानव संसाधन विकास के स्थान पर मशीनीकरण रहा जिससे चिकित्सकीय तथा उच्च संस्थानों से उत्तीर्ण छात्रों में लगभग 40 प्रतिशत से भी अधिक छात्रों का देश से बाहर पलायन जारी रहा।

देश में प्रौढ़ शिक्षा और साक्षरता के नाम पर लूट-खसोट, प्राथमिक शिक्षा का दुर्बल आधार, उच्च शिक्षण संस्थानों का अपनी सशक्त भूमिका से अलग हटना था अध्यापकों का पेशेवर दृष्टिकोण वर्तमान शिक्षा प्रणाली के लिये एक नया संकट उत्पन्न कर रहा है।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के नये चेहरे, निजीकरण तथा उदारीकरण की विचारधारा से शिक्षा को भी उत्पाद की दृष्टि से देखा जाने लगा है जिसे बाजार में खरीदा बेचा जाता है। इसके अतिरिक्त उदारीकरण के नाम पर राज्य भी अपने दायित्वों से विमुख हो रहे हैं।

इस प्रकार सामाजिक संरचना से वर्तमान शिक्षा प्रणाली के संबंधों पाठ्यक्रमों का गहन विश्लेषण तथा इसकी मूलभूत दुर्बलताओं का गंभीर रूप से विश्लेषण की चेष्टा न होने के कारण भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली आज भी संकटों के चक्रव्यूह में घिरी हुई है। प्रत्येक दस वर्षों में पाठ्य पुस्तकें बदल दी जाती है। लेकिन शिक्षा का मूलभूत स्वरूप परिवर्तित कर इसे रोजगारोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है। हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली गैर-तकनीकी छात्र छात्राओं की एक ऐसी फौज तैयार कर रही है जो अंततोगत्वा अपने परिवार व समाज पर बोझ बन कर रह जाती है। अत: शिक्षा को राष्ट्र निर्माण व चरित्र निर्माण से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है। शिक्षा सीखने की वह प्रक्रिया है,जिसके द्वारा हम अपने जीवन को उंचाई की ओर ले जाते हैं चाहे किसी भी प्रकार की परिस्थितियां हो, शिक्षा के द्वारा उसका हल बहुत आसानी से निकाला जा सकता है। हमारे व्यक्तित्व में सुधार आता है और इससे बौद्धिक क्षमता बढ़ती है यह सामाजिक विकास और आर्थिक उन्नति का आधार है लेकिन क्या हम शिक्षा को सही अर्थों में अपने जीवन के साथ जोड़ कर मानव के उत्थान के रूप में देख पा रहे हैं या फिर शिक्षा सिर्फ पैसा कमाने का साधन ही बनकर रह गई है। सरकार के विधि सदस्य लॉर्ड मैकाले ने अंग्रेजी शिक्षा का समर्थन किया, उनके अनुसार देश में एक ऐसा वर्ग बनाया जाये जिससे शासन ठीक प्रकार से किया जासके। इसके लियेउसने निचलने स्तर में नौकरी के लिये अंग्रेजी भाषा को अपनाने का मार्गबताया। इस प्रकार लार्डविलियन ने 1837 में अंग्रेजी भाषा को सरकारी भाषा घोषित कर दिया और सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी भाषा अनिवार्य कर दी गई।

आज भी अंग्रेजी भाषा को विशेष महत्व दिया जाता है और हम उसके गुलाम बन कर रह गये हैं। अंग्रेजी भाषा को जानना एक अलग बात है लेकिन जब भी कोई चीज हमारी अस्मिता को चोट पहुंचाती है तो वह हमारे लिये घातक है फिर हमारी राष्ट्रभाषा में सभी गुण मौजूद हैं तो हम किसी और भाषा को सर्वोपरि महत्व क्यों दें। हालाकि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (1964) या कोठारी शिक्षा आयोग के द्वारा शिक्षा नीति में बदलाव देखने को मिला। दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में सामाजिक बदलाव और अपनी मातृभाषा हिन्दी को महत्व दिया गया साथ ही माध्यमिक स्तर पर स्थानीय भाषा को भी प्रोत्साहित किया गया। सबको समान शिक्षा मिले, अमीरी और गरीबी की खाई को कम किया जाये।

आगे चलकर राष्ट्रीय शिक्षा आयोग 1968 का गठन हुआ। जो कोठारी आयोग का ही विस्तार माना जा सकता है। सरकार द्वारा समय-समय पर शिक्षा में सुधार की नीतियाँ तो तैयार की जाती है, लेकिन वास्तविक स्थिति तो कागज के पन्नों तक ही सिमट कर रह गयी है। सरकार द्वारा पूर्ण साक्षरता का दंभ तो भरा जाता है। लेकिन हकीकत क्या है यह सर्वविदित है, सिर्फ नाम लिख लेना ही साक्षरता की श्रेणी में नहीं आना चाहिए। व्यक्तित्व के विकास के साथ इसको जोड़कर परिभाषित किया जा सकता है।

सरकारी स्कूल और पब्लिक स्कूलों में कहीं भी समानता नहीं दिखायी देती। इन संस्थाओं में अमीरी और गरीबी के बीच की खाई स्पष्ट देखी जों सकती है। प्राइवेट स्कूलों की फीस इतनी अधिक हो गयी है कि आम आदमी इसमें कोसों दूर होता जा रहा है। दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के चलते सरकारी स्कूलों का विकास नहीं हो पा रहा है।

अध्यापकों की कोठियों और बैंक बैलेन्स से इनको देखा जा सकता है। शिक्षा संस्थान आज व्यसायिक केन्द्र बनकर रह गये हैं।

स्वार्थ और दिखावे में उलझ आज का छात्र पर्यावरण जैसे मुद्दे पर

मूकदर्शक बना रहता है। प्रकृति से लगाव खत्म होता जा रहा है।

इंजीनियरिंग, मेडिकल जैसे संस्थानों में शोषण, आत्महत्या और बलात्कार जैसे वारदातों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है त्याग, तपस्या, आध्यात्मिक मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है। स्पष्ट है कि दर्शनशास्त्र, साहित्य, संस्कृत और नैतिकशास्त्र जैसे विषयों के प्रति हीन दृष्टिकोण और व्यवहारिक स्तर में चलन का ना हो पाना। इन विषयों को सरकार द्धारा प्रोत्साहित करके ही इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

आज पाश्चात्य शिक्षा का अंधानुकरण हो रहा है, वाह्य चमक दमक के सामने हमारी संस्कृति फीकी नजर आती है। जातिवाद के बंधन ने शिक्षा को भी नहीं छोड़ा है। आरक्षण जैसे मुद्दे फिर हावी होने लगे हैं। वोट के खातिर नेताओं को ऐसे मुद्दे उठाने में समय नहीं लगता है।

फिर उसकी आग में सभी जलते हैं। इस मुद्दे पर सरकार समय-समय पर आर्थिक आधार पर आरक्षण की वकालत करती दिखायी तो देती है, लेकिन आज तक इसका हल नहीं निकल पाया। कई राज्यों में तो नकल आम बात हो गयी है। जहाँ पेरेंट्स स्वये बच्चों को नकल करवाने के लिए प्रेरित करते हैं। अनुशासन के आभाव में सामाजिक ढंचा जैसे चरमरा गया है। यदि इनको सख्ती से रोका न गया तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

बच्चों को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से उनका आंकलन और विश्लेषण करके उनके क्षेत्र का निर्धारण किया जा सकता है। जिस भी विषयों में बच्चों की रूचि हो उस पर उसे पूर्ण निर्णय लेने दें साथ ही घर के माहौल को बिगड़ने न दें। क्योंकि पति-पत्नी के झगड़ों से बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ता है। आज के इस एनीमेशन और स्मार्ट एजुकेशन के दौर में योग और अनुशासन के समन्वय से ही शिक्षा के सही अर्थो को पहचाना जा सकता है।

अपनी शिक्षा को आध्यात्मिक और अपनी संस्कृति के साथ जोड़कर ही आधुनिक शिक्षा का विकास किया जा सकता है।

वर्तमान शिक्षा-पद्धति की उपयोगिता (निष्कर्ष) - हमारे देश की शिक्षा पद्धति पर बार-बार सवाल उठाए गये हैं। ब्रिटिश-काल से हमारे देश में जो शिक्षा-पद्धति चली आ रही है, उसमें अनेक सुधारों की आवयकता है। परन्तु वर्तमान शिक्षा पद्धति की अपनी उपयोगिता भी है। इसमें विभिन्न विषयों के अध्ययन से छात्रों को अनेक विषयों का आरम्भिक ज्ञान अवश्य प्राप्त होता है। भारत के गुरूकुल काल में विद्यार्थियों को अधिक विषय नहीं पढ़ाये जाते थे। गुरूकुल से विद्यार्थी विद्धान बनकर तो निकलते थे, परन्तु वे एकाध विषय में ही प्रकांड पंडित होते थे। वर्तमान शिक्षा पद्धति में अनेक विषयों का ज्ञान प्राप्त करके छात्र अपनी रूचि अनुसार अपने भविष्य के मार्ग निर्धारित कर सकते हैं।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में एक तो छात्रों को विभिन्न भाषाओं का ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे उन्हें अपने विचारों को विस्तार देने का अवसर मिलता है। विभिन्न एवं अंतराष्ट्रीय भाषाओं के द्धारा छात्रों को दूर-दूर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर प्राप्त होता है। दूसरे कला, वाणिज्य तथा विज्ञान के विषयों में से छात्र अपनी रूचि एवं योग्यता अनुसार विषयों का चयन करके संबंधित विषयों में महारथ प्राप्त कर सकते हैं। अधिकाधिक विषयों के अध्ययन से छात्रों के लिये अधिक रोजगार के द्धार खुले हैं। बल्कि आधुनिक शिक्षा पद्धति में रोजगारोन्मुख विषयों को सम्मिलित करने से छात्रों को रोजगार का चयन करने में अधिक सुविधा प्राप्त हुई है।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर इसे अधिक उपयोगी और सरल बनाने का भी निरंतर प्रयन्त किया जा रहा है। पहले की तुलना में शिक्षा पद्धति में अनेक सुधार भी किये गये हैं। आज रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में कम्प्यूटर एक आवश्यक अंग बन गया है। अन्य व्यवसायिक प्रशिक्षणों के अलावा कम्प्यूटर को भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया है ताकि अधिकाधिक छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

वर्तमान शिक्षा पद्धति के संबंध में ऐसा माना जाता है कि इससे छात्रों को जीवन में विशेष लाभ नहीं होता। उनके पास प्रमाण पत्र तो होते हैं पर योग्यता नहीं होगी। यह सत्य है कि वर्तमान शिक्षा पद्धति अभी सुधार की आवश्यकता है परन्तु यह भी सत्य है कि इसी शिक्षा पद्धति ने हमारे देश को हजारों योग्य डॉक्टर, इंजीनियर, अध्यापक, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, लेखक, पत्रकार आदि दिये हैं। वास्तव में यह छात्रों पर अधिक निर्भर करता है कि वे उपलब्ध शिक्षा पद्धति से कितना अधिक निर्भर करता है कि वे उपलब्ध शिक्षा पद्धति से कितना अधिक ग्रहण करने में सक्षम हैं। शिक्षा को बोझ समझने वाले छात्र विषयों को रटकर अथवा नकल के द्धारा केवल उत्तीर्ण होने का प्रयास करते हैं। ऐसे छात्र किसी भी विषय में विशेष ज्ञान अर्जित करने में असफल रहते हैं यही कारण है कि उनके पास प्रमाण पत्र तो होता है परन्तु योग्यता नहीं होती।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में अनेक संभावनायें हैं। वैज्ञानिक युग के साथ इन संभावनाओं में वृद्धि ही हुई है। लेकिन छात्रों के लिये आवश्यकता कठोर परिश्रम की है। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिये कि कठोर परिश्रम के बिना किसी भी प्रकार की शिक्षा ग्रहण नहीं की जा सकती। इसके अतिरिक्त छात्रों को अपनी रूचि एवं प्रतिभा पर ध्यान देने की भी विशेष आवश्यकता है। अरूचि से किये गये कार्य में सफलता की संभावना नगण्य होती है इसलिये छात्रों को अपनी रूचि के अनुसार ही विषयों का चयन करना चाहिये।

इसके साथ उन्हें अपने बौद्धिक स्तर अपनी प्रतिभा का भी आंकलन कर लेना चाहिये' एक छात्र यदि विज्ञान के विषयों में उत्तीर्ण होकर योग्य चिकित्सक बन सकता है, तो यह आवश्यक नहीं कि उसके अन्य सहपाठी भी योग्य चिकत्सक बनने में सफल रहे। संभव है उसके अन्य सहपाठी कला अथवा वाणिज्य के क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त करके दिखायें।

विद्यार्थियों को वर्तमान शिक्षा पद्धति में ही अपने लिये संभावनाओं की खोज करनी होगी। अपनी प्रतिभा से विद्यार्थी स्वंय अपने लिये उपयोगी मार्ग का चयन कर सकते हैं। यह सत्य है कि कठिन परिश्रम से प्रतिभाओं को उभरने का अवसर अवश्य मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Goods & Service Tax- Impact on Common Man

Dr. Seema Baldua * CA Ankur Bansal **

Abstract - GST implemented on 1st July 2017 with emphasis on amalgamation of a bundle of large number of central and state taxes into a single tax on value addition and to allow set-off of prior stage taxes to mitigate the cascading effects of taxes. It is the biggest indirect tax reform in Indian history and allows free flow of tax credit in intra and inter-state transactions, leading to a more efficient and uniform tax structure. There are basically 5 tax slabs – 0%, 5%, 12%, 18% and 28%, under which the country's goods and services are taxed by the Centre and the State.

In India, the maximum population is of the **middle class** where people either belong to service class, small traders & service providers or the people depend on agriculture for their living. The main issues for common man are always "ROTI, KAPDA, MAKAAN" .In this scenario, the most important question arise is to find out the impact of GST on a common man. There are lots of question in the mind of a common man in these days such as: what new thing they get in GST or is it like old thing in new packing or is there any tax relaxation or benefits for them. Whether GST increases their expenses or price of services they used and many more.

After GST, the single tax provision introduced in the supply chain makes each person eligible to take tax benefit of all the taxes which he already paid and eventually cut the prices down and remove the cascading effect of taxation. Further better tax administration facility in GST removes manipulation in taxes and includes many informal businesses in the main stream. On the other hand it increases the cost of services by raising the tax rate by 3%.

Through this research paper, we are trying to understand the new GST from current taxation system of India and to find out the probable impact of GST on common man. How it is advantageous or disadvantageous for common man.
Key Words - GST, Common Man, GDP, Economy.

Introduction - {ONE NATION, ONE TAX, ONE MARKET} On July'1, 2017 biggest tax reform in India ushered, Goods & Service Tax Act 2017, launched. The launch was marked by a historic midnight (30 June – 1 July) session of both the houses of parliament convened at the Central Hall of the Parliament.

GST is a tax levied on goods and services both, applicable at pan India level. It replace various taxes such as Excise, Vat, entry tax, purchase tax and Service Tax into one single tax and bring uniformity and simplification in tax structure and facilitate seamless movement of goods across states. It is a major switchover in the indirect tax regime which leads to more inclusive growth rate and covers a wide area of taxation with inclusion of many informal business activities in it. After introduction of GST, the tax rate for many commodities changed drastically and it impact common man in both positive and negative manner.

Main objectives of GST are to mitigate the cascading effect of taxation and ensure availability of input credit across the value chain. It harmonized the tax base, laws and administration procedure across the nation with stringent control and transparent procedure and brings the unorganized sector under tax regime and streamlines them with the mainstream. Further it reduces the inflation impact on common man and lead to less corruption environment in real world.

During implementation, major challenges in GST are lack of adaptation and trained staff and requirement of control over tax evasion with minimum complexity in the tax structure. Lack of coordination and consent of all states is another roadblock in its implementation.

In Indian economy, common man is represented by the middle and lower middle class people who are still trying to understand GST and its impact on them. They believe GST law will yield positive results although there may be some teething issues at the implementation stage. With the implementation of GST, the entire nation will charge the same rate for the product in every state. This will help the common man to understand the law appropriately. Further avoidance of cascading effect and evasion of unorganized sector reduce the tax burden from common man and reduces the inflation rate on daily consumables.

For the general public, there is the actual impact of any economy is when the prices of their necessity become affected. For public in large when prices become low for the day to day goods and services which are consumed, the economy is good otherwise if the **inflation rate is higher**, then the public gets unsatisfied with the changes

*Associate Professor (Commerce (ABST) Deptt.) University of Rajasthan, Rajasthan INDIA
** Research Scholar (Commerce (ABST) Deptt.) University of Rajasthan, Rajasthan INDIA

done by the government.

For any government policy, it is important that the satisfaction in public should be there as without satisfaction the policy will not succeed in the same way in which government planned.

Objective Of Study - The main objective of this research paper is

1. To find out the positive impact and advantages of GST on common man.
2. Disadvantages and consequences on common man.

Research Methodology - The paper is based on secondary data collected from the internet and published paper. As per the report published by *Saginfotech* dated Sept'2017, the country man will definitely get benefitted by GST regime in the long run. The report published by 'Fintrakk.com' updated on Nov'2017, under new tax regime, it is too early to come to the conclusion as GST is still an infant. The report published by *Gstax.guru*, find it a good news for people as govt reduces tax rates to a large extend on essential goods and even exempt many from taxation.

Impacts Of Gst On Common Man

{Impact on Common Man}

Tax Rate ↓ Employment ↑ Consumption ↑ Production ↑

Impact of GST on common man can be seen in both positive and negative ways. On one hand reduction in tax rate on essential items and elimination of cascading effect makes the goods cheaper to the consumer, on the other side increase in tax rate on services by 3% and increase in tax rate to 28% on luxury makes these goods and services costlier to the consumer. For example, if a consumer using mobile phone has to pay service tax of 15% on the bill value, which under GST regime increase to 18%, similarly buying jewelry under GST is also increase by 1% tax rate. But on the other hand essential commodities & services like Unpacked food grains, gur, milk, eggs, curd, lassi, unpacked paneer, unbranded natural honey fresh, vegetables, unbranded atta, unbranded maida, unbranded besan, prasad, common salt, contraceptives, raw jute, raw silk, Health, education are taxed with 0% rate or exempted from tax gives support to the common man by reducing their expenses on essentials.

Impact Of GST

1. **Uniform Taxation:** Implementation of GST leads to uniform tax slab all over the nation. Earlier due to difference in tax rates some items are cheaper in one state compare to other states. Now everything cost same in all states.
2. **Better supply chain:** Under GST regime, the removal of check post, tolls, entry taxes etc helps in hustle free movement of goods and services all over the nation.
3. **Transparency in product pricing** – As per the previously existent taxation system, the pricing of every product included a variety of hidden taxes bringing the tax range to 27% to 32%. With the Bill in action, this percentage has dropped considerably making the pricing more transparent.
4. **Uniformity in the computation of taxes** – The taxes like Excise, VAT, Service tax, CST etc, in a bill are now consolidated into a single tax GST helps in making the process of computation easier and uniform.
5. **No double taxation** – The problem of cascading taxation has been eliminated with the implementation of Goods and Services Tax as the consumers are being charged only once for the purchase of any good or service by the government.
6. **Rise in GDP** – As GST will lead to more tax accumulation by the state and center, the GDP of the country is expected to rise by 2% over the next 3 to 5 years. Thus it will help in more development of public infrastructure and better market conditions in the longer run.
7. **Increased demand will lead to increase supply**: As the demand of product increase, the production and supply chain automatically improves. Hence, this will ultimately lead to reduction in cost of production of goods
8. **Discouragement of practices involving Black Money** – The rollout of GST helps in curbing the practices Black Money Economy, possibly leading to more income for the government exchequer. This would eventually lead to a better quality of life and more expenditure on public infrastructure.
9. **Compliance burden:** The number of GST returns that one need to file is 3 monthly returns, this amount to total of (3*12) 36 returns plus 1 annual return. Filing 37 returns in a year. Moreover, this applies to one state, if you have a place of business in different states, you need to register in each state separately and file the respective returns causes lots of trouble to the traders and service providers.

Positive & Negative Impacts Of Gst On Common Man

Positive Impact :

1. **Reduction in MRP of product**: Due to allowance of input of excise duty and taxes paid by the manufactures, the cost of production reduced substantially which leads to reduction in price for the consumers.
2. **Easy access and availability of goods**: As GST eliminate the requirement of toll plazas and check post, it helps in faster and easy availability of goods all over the nation without any hustle.
3. **Reduction in prices due to lower tax rate:** Under GST regime, many essential and consumable items are taxed with lower rate of interest causes reduction in total cost for the consumers. Food prices fall within 0% to 5% tax, thus food prices are not likely to increase. FMCG products (toothpaste, soaps, tissue papers, shampoos, packaged food, pharmaceutical items, coolers, television etc.), are become cheaper.
4. **More disposable income** – As the consumers are paying fewer taxes and low prices on the essential goods, this reform would leave them with more dis-

posable income.

5. **Availability of things all over the nation**: GST removes the trade barriers between the states which help in availability of products of one particular area to all over the nation.
6. **More job opportunities**: As the demand increases for a product, there is a rise in its production which need more labor. Hence the job opportunities increase to a large extent in formal sector.

Negative Impacts :

1. **Inflation in Real Estate**: the tax rate under GST on real estate sector increase to 12% which was 5.5% in earlier indirect tax regime.
2. **Banking, Insurance & Other services**: There is an increase in service tax by 3%. The service tax on banking, insurance and other services was pegged at 15%, which is now replaced by GST of 18%.
3. **Hotels and Air travel exp.**: The taxes on higher tier hotels or luxury hotels are very high (28%) as compare to previous rate (12%). However taxes on lower category hotels are substantially reduced under GST. Similarly taxes on economy class of air ticket are reduced by 1% but taxes on business class are increase by 3%.
4. **Actual benefits are not transferred**: In GST actual benefits are not transferred to the consumer, rather seller increases his profit margin by charging the same MRP and taking input tax benefits of excise.
5. **Increase in inflation:** it is seems that on many goods and services the tax rates are more as compare to previous tax rates. It causes inflation in the economy and increases the pocket expenses of people**.**

Conclusion - Goods and Services Tax is a very noteworthy step in the field of indirect tax reforms in India. By merging a large number of Central and State taxes into a single tax, It removes the effect of double taxation and make taxation overall easy for the industries. For the end customer, the most benefits are in terms of reduction in the overall tax burden on goods and services. GST also makes Indian products competitive in the domestic and international markets.

However at this initial stage, GST is just like an infant, which need many amendments as per the requirement of country man. As of now the answer to the question, impact of GST on the wallet of the common man is difficult to answer. Most of the impacts of GST like exemption on essential consumables, lower tax rate on daily routine goods etc are positive for the common man. However increase on taxes on services by 3% and increase in tax rates up to 28% on both goods and services is an inflation causing factor, which negatively impact the people.

On the other note, GST increase the government tax revenue leads to more development of infrastructure and basic amenities. Further it brings more transparency and strict compliance and helps in reduction in corruption. These all definitely helps the common man in reducing their expense and better life style.

Over all these need more time, coordination and cooperation among the people and govt. to make GST boon for the nation and its economic development.

References :-

1. https://blog.loanbaba.com/7-impacts-of-gst-on-common-man-in-india
2. https://blog.saginfotech.com/gst-impact-on-common-man
3. https://fintrakk.com/gst-what-is-the-impact-of-gst-on-common-man
4. http://www.gstax.guru/impact-gst-common-man-india/972
5. http://www.ijemr.net/DOC/ImpactOfGSTOnCommonMan.pdf
6. http://ijar.org.in/stuff/issues/v4-i9/v4-i9-a008.pdf
7. http://ijrcs.org/wp-content/uploads/201709030.pdf
8. https://www.wishfin.com/gst-impact/gst-impact-on-common-man-taxpayers
9. http://profit.ndtv.com/news/tax/article-gst-rates-on-essential-goods-for-common-man-a-detailed-list-1709068

****

विकेन्द्रीकरण के लाभ एवं चुनौतियां

डॉ. बीना शुक्ला *

प्रस्तावना – आज विश्व स्तर पर विकेन्द्रीकरण की सोच को विशेष महत्व दिया जा रहा है। प्रशासन में आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था को अपनाना वर्तमान समय की बहुत बडी आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था सम्पूर्ण शासन प्रणाली के समुचित संचालन के लिए बहुत जरुरी है। भारत जैसी घनी आबादी वाले बडे देश को ,जिसकी अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रो मे रहती है, एक ही केन्द्र से शासित करना अत्यन्त कठिन है।

अजादी के उपरान्त भारत में प्रजातन्त्रीय शासन प्रणाली लागू की गई है। प्रजातन्त्र को लोगों के लिए, लोगो द्वारा शासन कहा गया है। अगर प्रजातन्त्र का अर्थ 'एक आम आदमी की प्रशासन में सहभागिता है' तो विकेन्द्रीकरण का कानून विकास की प्रथम इकाई के स्तर से ही लागू होना चाहिऐ। किसी भी देश के विकास के लिए यह आवश्यक है कि विकास नीतियां, योजनाएं व कार्यक्रम एक जगह केन्द्रीय स्तर पर ना बनकर शासन की विभिन्न इकाइयों के स्तरों पर किया जाये।

विकेन्द्रीकरण की जब हम बात करते हैं तो उससे तात्पर्य है कि हर स्तर पर कार्या का बंटवारा, उपलब्ध संसाधनों को आवश्यकता व प्राथमिकता के आधार पर उपयोग करने की स्वतंत्रता और साथ ही हर स्तर पर प्रत्येक इकाई को अपने संसाधन जुटाने का भी अधिकार हो। अर्थात कार्यात्मक, वित्तीय एवं प्रषासनिक स्वायतता। विकेन्द्रीकरण का तात्पर्य है कि प्रक्रिया एक जगह से संचालित न होकर विभिन्न स्तरों से संचालित हो।

सामान्य भाषा में, विकेंन्द्रीकरण का अर्थ है कि शासन–सत्ता को एक स्थान पर केन्द्रीत करने के उसे स्थानीय स्तरों पर विभाजित किया जाये, ताकि आम आदमी की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित हो सके वह अपने हितों व आवश्यकताओं के अनुरुप शासन–संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। यही सत्ता के विकेन्द्रीकरण का मूल आधार है अर्थात् आम जनता तक शासन सत्ता की पहुच को सुलभ बनाना ही विकेन्द्रीकरण है यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमे सारा कार्य एक जगह से संचालित न होकर अलग अलग जगह व स्तर से संचालित होता है उन कार्यो से संबंधित निर्णय भी उसी स्तर पर लिये जाते है। तथा उनसे जुडी समस्याओं का समाधान भी उसी स्तर पर होता है। जैसे त्रिस्तरीय पंचायतों में निर्णय लेने की प्रक्रिया ग्राम पंचायत स्तर, क्षेत्र पंचायत स्तर एवं जिला पंचायत स्तर से संचालित होती है। विकेन्द्रीकरण को निम्न रुपों मे समझा जा सकता है।

- विकेन्द्रीकरण वह व्यवस्था है जिसमें विभिन्न स्तरों पर सत्ता, अधिकार एवं शक्तियों का बटवारा होता है। अर्थात केन्द्र से लेकर गांव की इकाई तक सत्ता, शक्ति व संसाधनों का बंटवारा। साथ ही हर स्तर अपनी गतिविधियों के लिए स्वयं जवाबदेह होता है।हर इकाई अपनी जगह स्वतन्त्र होते हुए केन्द्र तक एक सूत्र से जुडी रहती है।
- विकेन्द्रीकरण का अर्थ है विकास हेतु नियोजन, क्रियान्वयन एवं कार्यक्रम की निगरानी में स्थानीय लोगों की विभिन्न स्तरों में भागीदारी सुनिश्चित हो। स्थानीय इकाईयों व समुदाय को ज्यादा अधिकार व संसाधनों से युक्त करन ही वास्तविक विकेन्द्रीकरण करना है।
- विकेन्द्रीकरण वह व्यवस्था है जिसमें सत्ता जनता के साथ में हो और सरकार लोगों के विकास के लिए कार्य करें।

विकेन्द्रीकरण कोई नई व्यवस्था नही – सदियों से हमारे देश में विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था किसी न किसी रुप में विद्यमान थी। पुराने समय में अधिकांश राज्य छोटे थे जो जनपद कहलाते थे। राजा इन राज्यों का शासन, प्रशासन–सभा व परिषद की सहायता से चलाता था। स्थानीय पंचायतें, समितियों के रुप में कार्य करती थीं जो गांवों की व्यवस्था सम्बन्धी नियम एवं कानून बनाने व लागू करने के कार्य में सलग्न रहती थीं। इन गांवों से सम्बन्धित निर्णय लेने में राजा हमेशा पंचायतो को बराबर का भागीदार बनाता था। यही व्यवस्था विकेन्द्रीकरण हैं। इतने बडे भारत देश को एक ही केन्द्र से संचालित नही किया जा सकता था अत: राजाओं को विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था लागू करनी पडी। परन्तु धींरे–धींरे यह व्यवस्था कमजोर होती गई। मुस्लिम व ब्रिटिश हुकुमत के समय इस व्यवस्था 29 को अधिक धक्का लगा। स्वतन्त्रता के उपरान्त विकेन्द्रीकरण की सोच को योजना एवं रणनीति निर्माण में शामिल किया गया। समय–समय पर इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि सत्ता केन्द्रित न होकर विकेन्द्रित हो, जिससे विकास कार्यो में जनसहभागिता सुनिश्चित की जा सके। विकेन्द्रीकरण की प्राचीन प्रणाली को देश की शासन व्यवस्था चलाने का आधार बनाया। जिसके अन्तर्गत राज्य सरकारों की शासन प्रणाली को मजबूत बनाया गया। यही नही 73वें एवं 74वें संविधान अधिनियम द्वारा भारत में 1993 से स्थानीय स्तर पर भी विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था को लागू किया गया।

विकेन्दीकरण की अवश्यकता व महत्व – शासन व सत्ता में आज जन की भागीदारी सुशासन की पहली शर्त है। जनता की भागीदारी को सत्ता में सुनिश्चित करने के लिए विकेन्द्रीकरण क व्यवस्था ही एक कारगर उपाय है। विश्व स्तर पर इस तथ्य को माना जा रहा है कि लागों की सक्रिय भागीदारी के बिना किसी भी प्रकार के विकास की कल्पना भी नही की जा सकती। विकेन्द्रकरण व्यवस्था ही ऐसी व्यव्स्था है जो कार्यो के समुचित संचालन व कार्यो को करने में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जबाबदेही को हर स्तर पर सुनिश्चित करने के रास्ते खोलती है। प्रत्येक स्तर पर लोग अपने अधिकारों एव शक्तियों का सही व संविधान के दायरे में रह कर प्रयोग कर सकें इस के लिए विकेन्द्रीकरण की आवश्यकता महसूस की गई है इस व्यवस्था में

* संविदा सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

अलग–अलग स्तरों पर लोग अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारियों को समझकर उनका निर्वाहन करते है। प्रत्येक सतर पर एक द्वूसरे के सहयोग व उनमें आपसी सामंजस्य से हर स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का, आवश्यकता व प्राथमिकता के आधार पर उपयोग करने की स्वतंत्रता मिलती है साथ ही हर स्तर पर प्रत्येक इकाई को अपने संसाधन स्वयं जुटाने का भी अधिकार व जिम्मेदारी होती है। लेकिन विकेन्द्रीकरण का अर्थ यह नही कि हर कोई अपने–अपने मनमाने ढंग से कार्य करने के लिए स्वतंत्र है। कार्य करने की स्वतंत्रता सुशासन के संचालन के लिए बनाये गये कानूनों के दायरे के अन्दर होती है।

विकेन्द्रीकरण का महत्व इसलिए भी है कि इस व्यवस्था द्वारा सामाजिक न्याय व आर्थिक विकास की योंजनायें लोगों की सम्पूर्ण भागीदारी के साथ स्थानीय स्तर पर ही बनेंगी व स्थानीय स्तर से ही लागे होगी। पहले केन्द्र में योजना बनती थी और वहां से राज्य में आती थी व राज्य द्वारा जिला, ब्लाक व गांव में आती थी। लेकिन भारत में अब नये पंचायती राज में विकेन्द्रीकरण की पूर्ण व्यवस्था की गई है। जिसके अनुसार ग्राम स्तर पर योजना बनेगी व ब्लाफक,जिला, राज्य से होती हुई केन्द्र तक पहुचेगी। योजनाओं का क्रियान्वयन भी ग्राम स्तर पर स्थानीय शासन द्वारा होगा। इस प्रकार विकेन्द्रीकरण के माध्यम से सत्ता व शक्ति एक केन्द्र में न रहकर विभिन्न स्तरों पर विभाजित हो गई है। जिसके माध्यम से स्थानीय व ग्रामीण लोगों को प्रशासन में पूर्ण भागेदारी निभाने का अधिकार प्राप्त हो गया है।

विकेन्द्रीकरण के उपाय – कार्यात्मक स्वायतता–इसका अर्थ है सत्ता के विभिन्न सतरों पर कार्यो का बंटवारा अर्थात हर स्तर अपने अपने स्तर पर कार्यो से सम्बन्धित जिम्मदारियों के लिए जबाब देह होगा।

वित्तीय स्वायतता–इसके अन्तर्गत हर स्तर की इकाई के उपलब्ध संसाधनों को आवश्यकतानुसार खर्च करने व अपने संसाधन स्वयं जुटाने के अधिकार होता है।

प्रशासनिक स्वायतता–प्रशासनिक स्वायतता का अर्थ है स्तर पर आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था हो तथा इससे जुडे अधिकारी/कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के प्रति जबाबदेह हों।

विकेन्दीकरण के लाभ – स्थानीय स्तर पर स्थानीय समस्याओं को समझकर उनका समाधान आसानी से किया जा सकता है। स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने से कार्य तेजी से होंगे। कार्यो के क्रियान्वयन में अनावश्यक बिलम्ब नही होगा। साथ ही विकास कार्यो के लिए उपलब्ध धनराशि का उपयोग स्थानीय स्तर पर स्थानीय लोगो की निगरानी में होगा, इससे पैसे का दुरुपयोग कम होगा।

विकेन्द्रीकरण व्यवस्था से विकास योजनाओं के नियोजन एवं क्रियान्वयन में स्थानीय लोगो की सक्रिय भागेदारी सुनिश्चित होती है। विकास कार्यो की प्राथमिकता स्थानीय लोगो द्वारा स्थायनीय आवश्यकताओ के अनुरुप तय की जायेगी। व विकास कार्यक्रम ऊपर से थोपने के बजाय स्थायनीय स्तर पर तय किये जायेगें।

विकास कार्यो का स्थानीय स्तर पर नियोजन एवं क्रियानवयन किये जाने से उनका प्रभावी निरीक्षण होगा। नियोजन में स्थानीय समुदाय की भागीदारी होने स कार्या के क्रियान्वयन व निगरानी में भी उनकी सक्रिय भागीदारी बढेगी। इससे कार्य समय पर पूरे होंगे तथा उनकी गुणवत्ता में सुधार होगा।

स्थानीय स्तर पर स्थानीय साधनों के उपयोग से अपना कोष विकसित होने व कार्य की लागत भी कम आयेगी।

विकेन्द्रीकृत की सोच स्थानीय स्तर पर लोकतान्त्रिक तरीके सें चयनित सरकार पर जोर देती है एवं यह भी सुनिश्चित करती है कि स्थानीय इकाई को सभी अधिकार शक्तियां व संसाधन प्राप्त हो ताकि वे स्वतंत्र रुप से कार्य कर सकें व अपने क्षेत्र की आवश्यकताओ एवं प्राथमिकताओं के अनुरुप विकास कर सके।

विकेन्द्रीकरण की चुनौतियां – ग्रामीण जनता के विकास के लिए केन्द्र राज्य व राज्य स्थानीय सरकार द्वारा समय–समय पर विकास योजनाओ का निर्माण एवं क्रियान्वयन तो किया जता है लेकिन पंचायती राज की कार्यप्रणाली के क्रियान्वयन मे में चुनौतियों के कारण इन योजनाओ का लाभ उन ग्रामीणो तक नही पहुच पाता जो वास्तव जरुरतमंद है इस चुनौतियों के पीछे प्रशासकीय क्रियान्वयन से संबंधित अभिकरणो से तंत्रो के कारण दिन व दिन वढती जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रतियोगिता दर्पण
2. सार्वजनिक एक लोक वित अर्थषास्त्र
3. www.google.com
4. रोजगार समाचार पत्र

****

Hybridity & Alienation in the works of Ruskin Bond

Dr. Shailendra Kumar Chourasia*

Abstract - The paper examines how one culture accepts, absorbs, adapts, or resists the onset of hybridity. The comparative analysis of culture and society provides a complex picture of contested versions of hybridity. This reveals both the contradictions that sharpen and the overlap that blurs the distinctions between West and East. The paper revisits the culture of Ruskin Bond, not in the usual terms of the influence of west on the East, but as a set of relationships between both of them. This shift in emphasis provides new insights into how the peoples of different culture sought to discover new ways to negotiate the problems of cultural difference.

Introduction - Hybridity and multiculturalism are the two different forms though both are the products of East West encounters. The interaction between two cultures gives an overlapping of ideas and tradition with each other. Hybridity explores the flexibility of thoughts and multidimensional approach to the society. This flexibility trends up into the form of a gradual advancement. Indian culture is supposed to have age long tradition and customs. And this process still is going on so that is has become the most noteworthy example of multicultural ocean. The induction of new culture and its established tradition merged with Indian culture has given acceleration. This acceleration has been turned up into the form of human comfort. Men have sought their own ways to be identified in the society. And this has gripped them a sort of separation or what we may call it as alienation. This alienation is also the product of East West encounter that is plenty in the works of Ruskin Bond. So all these terms are the reflection of East- West encounters and gradual cultural interaction.

The important point to recognize is that cultures are always *retrospective* constructions, meaning that they are consequences of historical process. Bhabha argues throughout *The Location of Culture* the narrative construction of new mixed race that arise from the 'hybrid' interaction. What Bhabha states about the hybridization of two culture is high standards of two cultures.

It is the emergence of the interstices- the overlap and displacement of domains of difference that the inter-subjective and collective experiences of nations, are negotiated…. Terms of cultural engagement, whether antagonistic or affinitive are produced per formatively. The representation of difference must not be hastily read as the reflection of pre- given ethnic or cultural traits set in the fixed tablet of tradition. The social articulation of difference from the minority perspective is a complex, on- going negotiation that seeks to authorize cultural hybridites that emerge in moments of historical transformation. (LC-2).

*Udaipur, (Rajasthan) INDIA

Rajasthan and its adjoining states of Punjab, Haryana, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and Gujarat cover most of the Western India. **Table I** reveals that Rajasthan state has lowest percentage in all types of literacy in comparison to all these states and India as a whole. The overall literacy of 67.06 per cent in 2011 in the state was conspicuously low, against a maximum of 79.31 per cent for Gujarat and 74.04 per cent for India.

In respect of male and female literacy, Rajasthan's proportion of 80.51 and 52.66 per cent respectively sounds low against 87.23 and 70.73 per cent for Gujarat, 82.14 and 65.46 per cent for India.

However, Rajasthan's female literacy proportion of only 52.66 per cent and 46.25 per cent in total and rural and 71.53 per cent in urban areas is still far from being satisfactory, reflecting literacy backwardness of the state in general and rural areas in particular. Refer the below table for details.

Table 1 (see in last page)

After independence, raising literacy and education was also one of the crucial challenge (though it was not prime object due to exists vast poverty, demolished economy & small-cottage industries, low level of productivity and employability etc. And thereafter, so many efforts have been made by the government in the way of formulated & implemented various schemes/programmes as earlier mentioned. As a result, the Indian literacy rate grew with more than six-fold from at the end of British rule in 1947 by 12 per cent to 74.04 per cent in 2011, though it is not so much and not as desired level, the target 85 per cent set by the Planning Commission of India to be achieved by 2011-12. If we compare the data, as showing in **Table 2**, we find that the Rajasthan still more than 7 per cent below than the nation's average level of literacy (as well as near about 27 per cent less than the highest literate state – Kerala). The picture clearly shows the backwardness of the state in literacy point of view. Notwithstanding, literacy rate has been increased from 8.50 per cent in 1951 to 67.06 per cent in 2011. However, the highest growth in literacy rate of Rajasthan is recorded in the decade of 1991-2001 at every level likewise with total by residence as well as by gender also. The decadal change in literacy rates as total was 21.9 per cent where by residence, it was 25 per cent in rural areas & 10.9 per cent in urban areas, and by gender it was 20.7 per cent in among males & 23.4 per cent among females.

Table 2 : Growth in Literacy rates in Rajasthan and in India from 1981 to 2011 (in per cent)

State/Nation	1981	1991	2001	2011
India	**43.57**	**52.21**	**64.84**	**74.04**
Rajasthan	30.11	38.55	60.41	67.06

Sources: Census of India and Provisional Population Totals- Rajasthan.

At the same time, if we consider the growth in literacy by gender in Rajasthan, we can see from **Table 3** that the literacy rate among females was only 14 per cent in 1981 which grows up to 52.7 per cent in 2011 whereas literacy of males increased to 80.5 per cent in 2011 from 44.8 per cent in 1981.

Furthermore, it has came in the front of, the gap in literacy rates among males-females has overall shrinken over the period of time (from 30.7 per cent in 1981 to 27.8 per cent in 2011). Though it has been decreasing from the year 1991 by 34.6 per cent but before that, it was continuously increased. However, the data shows optimistic picture after the 1991, but male-female as such as urban-rural literacy gap is the big and crucial challenge for the state as the nation also.

Table 3 : Literacy rates by Gender and Male-Female gap in Rajasthan from 1981 to 2011

Literacy	1981	1991	2001	2011
Female	14.1	20.4	43.9	52.7
Male	44.8	55	75.7	80.5
Male-Female gap	30.7	34.6	31.8	27.8

Sources: Census of India and Provisional Population Totals- Rajasthan.

District-wise Literacy: Now, let us discuss the data present in **Table 4**, which show district-wise literacy rates in Rajasthan. Kota is the most literate district in the state, with 77.48 per cent literate persons (it was also top ranked in 2001), followed closely by Jaipur district with 76.44 per cent literacy rate (from fourth to second from last decade), while Jhunjhunun district slightly sliding down after the decade, from second position in 2001 to third in 2011, with 74.72 per cent literate persons. Jalore is in the bottom in Rajasthan with lowest 55.58 per cent literacy rate where its neighbouring district Sirohi is just close to it in literacy point of view also with second smallest per cent of literacy, only 56.02 per cent.

Table 4 (see in last page)

The highest growth in literacy is recorded in Dungarpur district at 12.21 per cent while lowest is in Jhunjhunun at 1.68 per cent excepting two districts (Barmer & Churu) which have negative change (1.5 & 0.13 respectively). Although 6 districts – Dungarpur (12.21), Bhilwara (12.0), Banswara (11.66), Tonk (10.49), Jodhpur (10.42) and Dhaulpur (10.01) of literacy has been raised by more than 10 per cent in last decade (means at least 1 per cent average growth annually). Not a single district has touched the target (85 per cent) set by the Planning Commission of India to be achieved by 2011-12.

District-wise Male-female as well as Rural-urban Literacy Rates: By residence, district wise picture of literacy shows that the rural areas of the state are far behind than the urban areas. None of the urban area of the any district is below than 70 per cent literacy rate while in rural areas, only two districts – Jhunjhunun and Sikar have more than 70 per cent literate persons, and most of the districts, almost half of the total (17 districts), are concentrated between 55 to 65 per cent literacy rates. Sirohi is the only district where rural literacy rate is less than 50 per cent, though it is very close to 50 per cent (49.77 per cent). At the same time, in

urban areas of Rajasthan, most of the districts (22) are concentrated between 75 to 85 per cent in literacy point of view. As data provided by the Provisional Population Totals – Rajasthan (Census of India - 2011) available in separated form in **Table 5**, shows that Udaipur has highest literate persons while Jalore is lowest one in literacy rate in urban areas. Only 4 districts in rural areas and 5 districts in urban areas crossed the national average level of corresponding literacy rate as such as these five districts have also touched the national target of literacy rate in urban area.

Table 5 (see in last page)

Now we take sex-wise literacy rates in Rajasthan as total and as rural-urban. By gender, Jhunjhunun district has most literate males as total as in rural areas while Udaipur has highest male literates (94.45 per cent) in urban areas. All 33 districts have more than 70 per cent literate males as total while in urban areas more than 80 per cent males are literates in allover Rajasthan but in rural areas situation is poor than the urban areas and Sirohi has smallest percentage (65.86 per cent) of literacy among males.

In general, there is very poor condition of literacy among females in rural area of Rajasthan, a lot 19 districts are below than 45 per cent, of which 5 districts are far below and have even less than 40 per cent literacy rate. Although, average level of literacy among females as total as rural areas' are very low, 52.66 per cent and 46.25 per cent respectively.

Table 1: Literacy in Rajasthan and its Adjoining States, 2011 (Figs are in percentage)

India/State	Literacy Rate (Person)			Literacy Rate (Males)			Literacy Rate (Female)		
	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban	Total	Rural	Urban
INDIA	**74.04**	**68.91**	**84.98**	**82.14**	**78.57**	**89.67**	**65.46**	**58.75**	**79.92**
RAJASTHAN	67.06	62.34	80.73	80.51	77.49	89.16	52.66	46.25	71.53
PUNJAB	76.68	72.45	83.70	81.48	77.92	87.28	71.34	66.47	79.62
HARYANA	76.64	72.74	83.83	85.38	83.20	89.37	66.77	60.97	77.51
UTTAR PRADESH	69.72	67.55	77.01	79.24	78.48	81.75	59.26	55.61	71.68
MADHYA PRADESH	70.63	65.29	84.09	80.53	76.64	90.24	60.02	53.20	77.39
GUJARAT	79.31	73.00	87.58	87.23	83.10	92.44	70.73	62.41	82.08

Sources: Census of India - various documents.

Table 4: District-wise Literacy rates and change in last decade in Rajasthan

Sr. No	Name of the District	2001	2011	Change %	Sr. No	Name of the District	2001	2011	Change %
1	Ganganagar	64.74	70.25	5.51	18	Jalore	46.49	55.58	9.09
2	Hanumangarh	63.05	68.37	5.32	19	Sirohi	53.94	56.02	2.08
3	Bikaner	57.36	65.92	8.56	20	Pali	54.39	63.23	8.84
4	Churu	67.59	67.46	(0.13)	21	Ajmer	64.68	70.46	5.78
5	Jhunjhunun	73.04	74.72	1.68	22	Tonk	51.97	62.46	10.49
6	Alwar	61.74	71.68	9.94	23	Bundi	55.57	62.31	6.74
7	Bharatpur	63.58	71.16	7.58	24	Bhilwara	50.71	62.71	12
8	Dhaulpur	60.13	70.14	10.01	25	Rajsamand	55.73	63.93	8.2
9	Karauli	63.40	67.34	3.94	26	Dungarpur	48.57	60.78	12.21
10	Sawai Madhopur	56.67	66.19	9.52	27	Banswara	45.54	57.20	11.66
11	Dausa	61.81	69.17	7.36	28	Chittaurgarh	53.99	62.51	8.52
12	Jaipur	69.90	76.44	6.54	29	Kota	73.52	77.48	3.96
13	Sikar	70.47	72.98	2.51	30	Baran	59.50	67.38	7.88
14	Nagaur	57.28	64.08	6.8	31	Jhalawar	57.32	62.13	4.81
15	Jodhpur	56.67	67.09	10.42	32	Udaipur	59.77	62.74	2.97
16	Jaisalmer	50.97	58.04	7.07	33	Pratapgarh*	48.25	56.30	8.05
17	Barmer	58.99	57.49	(1.5)		Rajasthan	60.41	67.06	6.65

Sources: Census of India and Provisional Population Totals- Rajasthan.

Table 5: District-wise Literacy rates by Residence as well as by Gender in Rajasthan (2011)

Sr. No	Name of the District	Rural	Urban	Male			Female		
				Rural	Urban	Total	Rural	Urban	Total
1	Ganganagar	66.76	79.43	76.7	86.19	79.33	55.65	71.78	60.07
2	Hanumangarh	65.79	78.78	77.02	86.06	78.82	53.48	70.76	56.91
3	Bikaner	58.95	78.65	71.72	86.39	76.9	44.81	70.12	53.77
4	Churu	64.98	73.63	78.06	84.66	79.95	51.13	62	54.25
5	Jhunjhunun	73.95	77.33	87.71	88.46	87.88	59.86	65.54	61.15
6	Alwar	68.83	84.25	83.46	92.16	85.08	52.69	75.22	56.78
7	Bharatpur	68.87	80.19	84.68	89.75	85.7	50.85	69.43	54.63
8	Dhaulpur	69.2	73.64	82.55	82.42	82.53	53.23	63.51	55.45
9	Karauli	66.15	73.93	82.5	85.6	82.96	47.05	60.79	49.18
10	Sawai Madhopur	62.68	79.96	80.62	91.06	82.72	42.65	67.8	47.8
11	Dausa	67.43	81.04	83.46	91.98	84.54	49.85	69.14	52.33
12	Jaipur	68.43	83.48	83.63	90.43	87.27	52.07	75.82	64.63
13	Sikar	71.83	76.64	86.44	87.38	86.66	56.75	65.26	58.76
14	Nagaur	62.16	72.11	77.78	83.56	78.9	45.92	60.03	48.63
15	Jodhpur	59.79	80.23	76.32	87.81	80.46	41.99	71.85	52.57
16	Jaisalmer	54.61	78.91	70.47	88.43	73.09	36.06	66.81	40.23
17	Barmer	55.72	79.52	70.87	90.28	72.32	38.92	67.45	41.03
18	Jalore	54.05	71.97	70.52	85.54	71.83	37.03	57.32	38.73
19	Sirohi	49.77	79.24	65.86	89.91	71.09	33.02	67.41	40.12
20	Pali	59.21	76.78	75.02	88.3	78.16	43.74	64.55	48.35
21	Ajmer	60.22	85.05	78.05	92.17	83.93	41.87	77.48	56.42
22	Tonk	58.86	74.78	76.63	84.03	78.27	40.14	65.54	46.01
23	Bundi	58.13	78.67	73.47	88.51	76.52	41.56	68.16	47
24	Bhilwara	57.17	82.63	73.12	91.2	77.16	41.08	73.4	47.93
25	Rajsamand	60.23	82.71	76.98	92.01	79.52	43.77	72.95	48.44
26	Dungarpur	58.95	85.79	73.28	93	74.66	44.75	78.29	46.98

27	Banswara	54.78	86.58	68.98	92.68	70.8	40.47	80.28	43.47
28	Chittaurgarh	57.63	83.6	74.39	91.96	77.74	40.68	74.8	46.98
29	Kota	69.54	82.61	83.79	90.06	87.63	54.23	74.28	66.32
30	Baran	64.29	78.86	79.21	88.74	81.23	48.24	68.25	52.48
31	Jhalawar	58.24	81.82	73.73	90.23	76.47	42.01	72.84	47.02
32	Udaipur	55.85	88.45	70.84	94.45	75.91	40.46	82.02	49.1
33	Pratapgarh*	53.5	85.46	67.9	93.1	70.13	39.05	77.61	42.4
	Rajasthan	62.34	80.73	77.49	89.16	80.51	46.25	71.53	52.66
	India	68.91	84.98	78.57	89.67	82.14	58.75	79.92	65.46

Sources: Census of India and Provisional Population Total Rajasthan.

Conclusions - Conclusions drawn from the study are as follows:

It may be concluded that despite considerable progress in education during recent years, particularly since Independence, Rajasthan's female population is still one of the least literate in India. It is no doubt a tragic state of affairs that this past legacy in the state of Rajasthan still persists. Even in the modern times, education is being looked upon by many mainly from the point of view of occupation necessity. It seems that the denial of equal social status to females; and the continuing prejudice (though reducing now) against their taking up professional employment, especially in villages, have worked as deterrents to female education as a whole in Rajasthan state.

Level of literacy has been increased over the period of time in Rajasthan but still below than the nation's average level. The highest growth in literacy rates at every level has seen in the decade1991-2001. Urban-rural gap in literacy has been narrowed overall while male-female literacy gap has widen over the period of time, though after 1991 it has shrinking but before that, it was spread over. Moreover, literacy gap, by residence as well as by gender, has still exists in allover state and districts also.

Udaipur is at the top in male-female literacy rates in urban areas with 94.45 and 82.02 per cent respectively, while Jhunjhunun is first in male-female literacy rates in rural areas with 87.71 and 59.86 per cent respectively. At the same time, Sirohi is lowest one in level of literacy in rural areas as total, males' and females' also with respectively 49.77, 65.86 & 33.02 per cent.

The state Rajasthan has performed very poor in front of literacy while male-female gap is widenly seen. So, Government should take appropriate action to improve the condition especially the rural women's.

References :-

1. G. Psacharopoulos, G Education and Development: A Review, The World Bank Observer,13(1), 1988, pp 99-116.
2. M. Chatterji, Tertiary Education and Economic Growth, Regional Studies, 32(4), 1998, pp.349-354.
3. M. I. Ansari, and S K Singh, Public Spending on Education and Economic Growth in India: Evidence from VAR Modeling, Indian Journal of Applied Economics, 6(2), 1997, pp.43-64.
4. P. Duraisamy, Changes in Return to Education in India, 1983-94: By Gender, Age-Cohort and Location, Economics of Education Review, 21(6), 2002, pp 609-622.
5. P V Dutta, Return to Education: New Evidence for India, Education Economics, 14(4), 2006, pp.431-51.
6. T W Schultz, Reflections on Investment in Man, Journal of Political Economy, 70, 1960, pp. S2-S3.
7. Debraj, Ray, Development economics (Oxford University Press, 2008).
8. Ballara, M. (1992). Women and Literacy. Atlantic Highlands, NJ: Zed Books.
9. Debraj, Ray, Development economics (Oxford University Press, 2008).

****

नायक-नायिका के निमाड़ी लोक गीत

डॉ. सीमा गाड़गे *

प्रस्तावना - लोकगीतों का जन्म मानव-जीवन के साथ ही हुआ है और जैसे-जैसे मानव-जीवन का विकास होता गया, वैसे-वैसे उसके विकास के विभिन्न स्तरों और उन स्तरों से संबंधित भावनाओं को व्यक्त करने वाले गीत भी बनते गये। नायक-नायिका के गीतों के अन्तर्गत पारिवारिक, सामाजिक आर्थिक, व्यक्तिगत एवं धार्मिक स्थिति पर प्रकाश डालने वाले गीत आते हैं। इन गीतों के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन के पारस्परिक व्यववहार को व्यक्त करने वाले लोकगीत बने।

प्रेम के उद्दीपन में प्रकृति का बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान है। प्रकृति ने सिर्फ उद्दीपन रूप में बल्कि आलम्बन के रूप में भी प्रेमी हृदयों को आन्दोलित करती है। अन्य विविधताओं की तरह भारत वर्ष ऋतुओं की विविधताओं का देश है। यहाँ प्रकृति प्रतिपल नवल श्रृंगार करती है। बदलते हुए वातावरण के साथ प्राकृतिक सौन्दर्य के उपादान बदलते रहते हैं। महाकवि वाल्मीक से लेकर वर्तमान काव्य तक में भारत के प्राकृतिक परिवेश का बड़ा ही मोहक और मादक वर्णन मिलता है।[1]

प्रकृति की गोद में पला लोकजीवन तो प्रकृति के प्रतिपल परिवर्तित नूतन साज श्रृंगार को न सिर्फ देखता है महसूस करता है बल्कि उसके साथ हर क्षण तादात्म्य ही रखता है। निमाड़ में नायक-नायिका के गीतों की प्रचुरता है। यहां नायक-नायिका को लेकर सभी प्रकार के गीत मिल सकते है। इसमें पति-पत्नी, सास-बहू, ननंद-भाभी एवं नारी के सभी रूपों को लेकर गी गाये जाते हैं। इन गीतों में बड़ी ही मधुरता रहती हैं और सुनने में भी बड़े ही मन-मोहक लगते हैं।

(1)

अंजर खंजर को म्हारो सासरो,
माय मक सरम आव।।
पयला जो आण म्हारा ससराजी आया।
आसा बढ़ी गया निमड़ा की छाव म वो माय,
मक सरम आव।।
गयरो ओको छावलो न गयरी वोकी निम्बोल्ई
न कड़वा म्हारा ससरा जी का बोलना
माय मक सरम आव।।
दूसरा जो आण म्हारी सासुजी आय
न बढी गयी मिर्चि ली छाव म माय
मक सरम आव।
गयरो वोको छावलो न गयरी ओकी मिर्चि
न कड़वा म्हारी सासुजी का बोलना,
माय मक सरम आव।।
तीसरा जो आण म्हारा स्वामी जी आया,
न बढ़ी गया साठा की छाव म वो माय,
गयरो वोको छावलो न गयरो वोको साठो
न मिठ्ठा म्हारा स्वामी जी का बोलना
हाऊ तो म्हारा सासरा जाऊगा।[2]

निमाड़ में जब लड़की की शादी होती है तो उसे शादी के बाद तुरन्त ससुराल नहीं भेजा जाता हैं। शादी के कुछ समय बाद उसका 'आणा' (गोना) लगाया जाता है। जब गोने में लड़की को लेने उसके सास ससुर आते हैं तो वह ससुराल जाने से मना कर देती है लेकिन जब उसके उसे लेने आते हैं तो वह ससुराल जाने से मना कर देती है लेकिन जब उसके स्वामी उसे लेने आते हैं तो वह तुरन्त ससुराल जाने के लिए तैयार हो जाती है।

(2)

प्रभुजी अब घर आओ श्याम, सरस राधे बनी।
अदला बदला गाजिया, कारी काठ कमाण राग मलार सुनाको।
प्रभु मेरो लगियो मास असाड़।
येजी लगियो मास असाड़ घुराऊ दिसा गाजिया।
येजी शीतल चले पवन, दवासा दाजिया।
ये जी मीठड़ा बोलऽ भाहर दमके दामनी।
प्रभुजी अब घर आओ श्याम, सरस राधे बनी।[3]

प्रस्तुत गीत में एक निमाड़ी नारी की वेदना इस प्रकार व्यक्त हुई है। हमारे समाज में परम्परागत पत्नी, पति को अपना सर्वस्व स्वीकार करती आई है। पत्नी, पति की सेवा में जीवन को त्यागना अपना परम कर्तव्य समझती है। पत्नी को अपने घर में कितना कष्ट भी क्यों न हो, उसका पति कितना पतीत क्यों न हो और उसके व्यवहार से उसका जीवन नारकीय क्यों न बनता जा रहा हो किन्तु वह उसके अहित की भी कल्पना नहीं करती। उसका कुछ क्षण का वियोग भी उसकी चिंता का कारण बन जाता है और उसका हृदय पति दर्शन को व्याकुल हो उठता है।

(3)

पियर की वाट-वाट तीस लग रे,
साहिबा कुवों खोदाड़, हाऊ तो म्हारा पियर जाऊंगा।
पियर ली वाट-वाट भूख लग रे साहिबा
होटल खोलाड़ हाऊ तो म्हारा पियर जाऊँगा।।[4]

इस गीत में नायिका अपने नायक से उसके मायके जाने के लिऐ कहती है लेकिन मायके जाते समय रास्ते में उसे भूख-प्यास तथा धूप लगती है अत: वह अपने पति से कुएँ, होटल एवं छाते की मांग करती है ताकि वह आसानी से मायके जा सके।

(4)

काई कऊँ दिल की बात सई न म्हारा करम की कयणी

* पूर्व सहायक प्राध्यापक, आर पी एल माहेश्वरी कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

ओ जीजी न म्हारा करम नही कयणी।।
सात बरस की परणी मुआ न मक छोटी सी आणी।।
चौक-1
आरे पयला जो आणा आई वो सई न होण जरा नई,
ओ समझी ओ जीणी न होण जरा नई समझी।।
सरी सांझ सी जिमी चूटी न हाऊ तो सासु भेल सुती।।
चौक-2
आरे दूसरा जो आण आई सई न होण जरा-जरा समझी
ओ जीजी न होण जरा जरा समझी।।
गुल का हो कारण मदन पिलाव न करती बलजोरी।।
चौक-3
तीसरा जो आणा आई सई न होण हुई गई चतुर स्याणी,
ओ जीजी न होण हुई गई चतुर स्याणी।।
आरे सभी बात न क समझण लागी न आई गो,
डोला प पाणी हो जीजी न होणी।।
चौक-4
आरे चौथा जो आण आई वो सई न म्हारा पेट म दुकतो,
घर को स्वामी हार भटक इनी दायण का भावतो।।
आरे चार पैसा को कयड़ो बुलायो, न तल्यो पल्या घी म।
मैं बंदी न जरा नी खायी आन डाटियों रूकड़ा म।।
चौक-5
आरे घर को स्वामी कय वो रांड तु रड बुड़ापा म,
तु बंदी न जरा नी खायी न डाटियो रूकड़ा म।[5]

इस गीत में एक गाँव की लड़की की शादी बचपन में ही कर दी जाती है। तब से लेकर एक बच्चे को जन्म देने तक की बात वह अपनी सखियों से कर रही है तथा अपने पति के बारे में उनको बताती है कि उसे ससुराल में किन-किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा है।

(5)

व्हांसी देवी गवरल नीरसी,
आगऽ आईन पणिहारा खऽ पूछ, बताओ म्हारो मायव्यो।
हम काई जाण वो देवी गवरल,
आगऽ जाईन, गुवालया खडऽपूछ, उ बताव तुम्हारो मायको।
धेनु चरावत हो भाई गऊधन्या,
देखी म्हारी पियर री वाट हम रोष भरया संचारियाजी। हम काई जाणो
केल खजूर का बन भरया जी व्हा छे थारी गवरल नार
आगऽ जाइन देखी गवरल नार।
धाबियेर बोल्यो जी हीनी सोह गवरल नार
हम हसत विणसियाजी।।[6]

यौवन के मतवाले दिनों में पति-पत्नी का प्रेम-कलह भी बड़ा आनंददायक होता है। एक का रूठना, दूसरे का मनाना, मानकर फिर रूठ जाना बड़ा आनन्नदमय होता है। रूठी हुई पत्नी घर से निकलकर जब अपने मायके की राह पर निकलती है, तब मार्ग में वह परिहारे से अपने मायके का रास्ता पूछती है तो वह कहता है हे देवी! मुझे तुम्हारे मायके का रास्ता नही मालूम है। तुम आगे जाकर गाय चरानेवाले से पूछ लेना, वह तुम्हें बतलायेगा। वह आगे बढ़ती है एवं आगे जाकर ग्वाले से पूछती है, ग्वाला उसे हाल हाँकते किसान से और किसान उसे सूत कातती वृद्धा से पिता के घर का पता पूछने को कहता है। तब वृद्धा उसे उत्तर देती है सामने जो केले खजूर के वृक्षों से भरा वन दिखाई दे रहा है, वही तुम्हारी मायका है। बेटी तुम वही चली जाओ। पत्नी के मायके चले जाने पर पति को होश ठिकाने आ जाते है। वह नही जानताा था कि उसके छोटे से परिहास का इतना बुरा परिणाम होगा।

वह पत्नी की खोज में घर से निकलता है। रास्ते में वह भी सभी से पूछता है। वृद्धा के बतलाये अनुसार वहाँ जाता है और अपनी पत्नी से मिलता है। वह पत्नी से कहता है, 'प्रिये! तुम्हारे माथे पर टीकी बहुत सुन्दर लगेगी। मैंने तुमसे मजाक किया था और तुम नाराज होकर घर से चली गई।'

(6)

नी जाती माय हाऊ सासर,
मक सासु लड़ग न म्हारो ससरो लड़ग,
नी जाती माय हाऊ सासर,
मक सासु लड़ग।।[7]

इस गीत में लड़की अपने माता-पिता के कह रही है कि माँ मुझे ससुराल नहीं जाना है क्योंकि यदि में वह गई तो मेरे सास और ससुर मुझसे लड़ाई करेंगे।

(7)

एड़िया धणी रे म्हारा पागल धणी।
एक नजर देख स्वामी म्हारा रे भणी।।
थारा जो माय बाप न वाटा पाड़या।
फुटली परात करी म्हारा रे भणी।।
एक नजर देख स्वामी म्हारा रे भणी।।
थारा जो वाट मन पाणी धरयो,
नाहाव्ण को कऊं तो देख डाबरा भणी।।
एक नजर देख स्वामी म्हारा रे भाणी।।[8]

इस गीत में पत्नी अपने पति के भोलेपन से बहुत परेशान है क्योंकि उससे वह जो भी कहती है, पति उसका उल्टा ही करता है। यह गीत हास-परिहास वाला है।

(8)

तु न असी कसी प्रेम जाल न्हाकी म्हारा पतिदेव,
पियर की ममता छोड़ाई रे।
राम-लक्ष्मण सरी का म्हारा भाई छोड़ाया न,
सीता सरी नी म्हारी भोजई रे।।
तुन असी कसी प्रेमजाल नहाकी म्हारा पतिदेव,
पियर की ममता छोड़ाई रे।।[9]

इस गीत में पत्नी अपने पति से कहती है कि जब से मेरी शादी तुम्हारे साथ हुई है, तब से पता नहीं, तुमने मुझ पर क्या जादू कर दिया है कि मैं अपने पिहर वालों, माता-पिता, भाई-बहन, भाभी सभी को भुल गई हूँ।

लोकगीत जीवन का दर्पण है। लोक में जो कुछ घट रहा है, परिवार में सभी कुछ मधुर नहीं होता, कुछ कटु, कुछ तिक्त यानि कि खट्टे-मीटे अनुभवों के सामंजस्य का नाम ही परिवार है। परिवार के सदस्यों के आपसी मधुर संबंधों को जितनी गहन संवेदना के साथ लोकगीतों में स्थान मिला है वही पति-पत्नी, सास-बहु, ननद-भाभी आदि के मध्य मनपते कटु यथार्थ को भी लोकगीतकारों ने भली प्रकार उकेरा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मलोकगीत और भारतीय संस्कृति की झलक : लीलावती बंसल : पृ. 219
2. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती भागवती दवाने, ग्राम-धरमपुरी

3. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी
4. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी
5. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री किशोर कुमार गाड़गे, बड़वानी
6. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती मंजुला आवस्या, चिकल्दा
7. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी
8. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी
9. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : दयाबाई सावले, ग्राम–वरूड़

****

चुनाव सुधार

डॉ. अनुराग आर्य *

प्रस्तावना – लोकतंत्र के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए एवं इसकी समृद्धी के लिए चुनाव एक अतिआवश्यक घटक है। या यूं कहें कि चुनाव एवं लोकतंत्र एक दूसरे का पूरक है। अर्थात् जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था होगी वहां नियमित अंतराल पर चुनाव का होना स्वभाविक है। यह वह साधन है जिसके द्वारा लोगों के अपने राजनीतिक वातावरण के प्रति अभिवृत्ति, मूल्य एवं विश्वास झलकते है। चुनाव एक ऐसी केन्द्रीय प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने लोकप्रतिनिधि का चुनाव करते है एवं उस पर नियंत्रण रखते है। यह लोगों को समय-समय पर सरकार में अपने विश्वास को व्यक्त करने का या उसमें परिवर्तन लाने का अवसर प्रदान करता है। इस रूप में चुनाव एक ऐसा माध्यम है जो कि व्यक्ति की सम्प्रभुता को स्थापित करता है। भारत जो कि विश्व का सबसे बड़ा एवं एक सफल लोकतांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण पेश करता है, के संदर्भ में भी चुनाव की अहम भूमिका है। भारतीय संविधान निर्माताओं ने इस संदर्भ में कई प्रावधान किए है जिसमें से प्रमुख है अनुच्छेद 324 एवं अनुच्छेद 326 1 अनुच्छेद 324 के तहत स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोग का वर्णन है एवं अनुच्छेद 326 के तहत व्यस्क मताधिकार का वर्णन है। भारतीय लोकतंत्र जो कि कई विविधताओं तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक से युक्त है एवं जहाँ 700 मिलियन मतदाता तथा एक मिलियन पोलिंग केन्द्र है, वहां चुनाव एक महापर्व के समान है और ऐसे में चुनाव संचालन कठिन कार्य जरूर है। साथ ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना लोकतंत्र के सामने एक चुनौती भी है।

भारत के संदर्भ में चुनाव की विधिवत शुरूआत 1952 से देखते है। 1967 तक हमारी चुनावी व्यवस्था मोटे तौर पर दोषरहित थी। पर उसके बाद इसके स्तर पर गिरावट आनी शुरू हुयी एवं तब से चुनाव सुधार एक गंभीर मुद्दे के रूप में सबके सामने आया। हालांकि पहले भी कई कुरीतियां, जिसमें ऊंची जाति का वर्चस्व प्रमुख है, विद्यमान थी एवं अशिक्षा, गरीबी एवं सूचना तक पहुंच का अभाव आदि सफल चुनाव प्रक्रिया में बाधक थे। पर समय के साथ-साथ चुनाव के दौरान हिंसा, राजनीतिक, अपराधीकरण मतदान केन्द्र की लूट, प्रशासन का गलत इस्तेमाल, सरकारी धन का दुरूपयोग आदि ने चुनाव के सफल संचालन पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। आज संसद में वोट के बदले नोट की राजनीति, दल-बदल की समस्या, प्रश्न पूछने के लिए धन की मांग, अपराधियों का बड़े पैमाने पर चुनकर व्यवस्थापिका तक पहुंचना आदि समस्या का मूल कारण एक सशक्त एवं प्रभावी चुनाव व्यवस्था की कमी को दर्शाता है। आजादी के छ: दशक के दौरान हुए चुनाव ने कई मुद्दो को हमारे सामने लाया है जिसके कारण चुनाव सुधार आवश्यक हो गया है। इस संदर्भ में संसद ने कई कानून लाए, कोड ऑफ कंडक्ट के रूप में चुनाव आयोग ने प्रयास किए एवं कई कार्यकारी आदेश दिए गए ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जा सके।

आज कई छोटे-छोटे दल उभर आए। इन दलों में कई तो सिर्फ पंजीकृत है और चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से सक्रिय तो नहीं होते पर परोक्ष रूप से गलत माध्यमों का प्रयोग कर राजनीतिक वातावरण को दूषित करते हैं कई छोटे-छोटे दल तो चुनाव में कुछ सीटे हासिल कर सरकार के स्थायित्व पर ही खतरा बन जाते है। ऐसे दल सरकार बनाने एवं बचाने में जोड़-तोड़ कर राजनीति, पैसों का खेल, दल-बदल जैसी घटना देखने को मिलती है। इसके लिए इनके बेतरतीब वृद्धि पर लगाम लगाने का समय आ गया है आज सुधार की आवश्यकता इसलिए भी और ज्यादा हो गयी है कि आजादी के चौसठ साल बीत जाने के बाद भी कई ग्रामीण तबका ऐसा है जिन तक चुनाव के लाभ नहीं पहुंच पाए है ऐसे में उन लोगों को वो अधिकार चुनाव के माध्यम से दिलाना है। अब तो विदेशों में रहने वाले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी मतदान में भाग लेने की बात चल रही है। ऐसे में चुनाव-सुधार आवश्यक है।

सुधार संबंधी विचारणीय मुद्दे:

फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट-सिस्टम – भारत में चुनाव सुधार के विषय के संबंध में यह मुद्दा काफी महत्व का केन्द्रबिन्दु बना है। आज भारत में मशरूम की तरह कई छोटे-छोटे दल उभर कर सामने आए है। इन क्षेत्रीय दलों के कारण प्रत्येक सीटों पर खासकर राज्य स्तरीय चुनाव पर उम्मीदवारों की संख्या काफी ज्यादा हो जाती है। ऐसे में हमें इसके कई उदाहरण मिलते है जहां उम्मीदवारों की जीत का अंतर 100 मतों से भी कम हो जाता है। इसके साथ ही आज उम्मीदवार मात्र 30-35 प्रतिशत मतों को प्राप्त कर जीत हासिल कर रहे हैं। तो क्या ऐसे में यह कहा जा सकता है यह जीत मतदाताओं की बहुमत का प्रतीक है? इन कमियों को दूर करने के लिए फर्स्ट-पास्ट-द पोस्ट-सिस्टम की जगह द्वि-चरणीय चुनाव प्रक्रिया अपनाने की बात की जा रही है। ऐसे में द्वितीय चरण में वैसे दो उम्मीदवार भाग लेंगे जो पहले चरण में सबसे ज्यादा मत प्राप्त किए है। द्वितीय चरण मे जो उम्मीदवार सबसे ज्यादा मत प्राप्त करेगा जो कि 51 प्रतिशत से अधिक होगा, वही विजय घोषित होगा।

अन्य सुझाव :-

1. मतपत्रों की बजाय इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन द्वारा मतदान।
2. स्वैच्छिक मतदान के बजाय अनिवार्य मतदान।
3. किसी को मत नहीं (नोटा) का विकल्प।
4. चुने हुए प्रतिनिधियों को हटाने या बुलाने की व्यवस्था।
5. मतगणना की सही विधि का विकास।
6. स्त्रियों एवं निर्बल समूहों के लिए सीटों का आरक्षण।

* राजनीति विज्ञान विभाग, शा. महाविद्यालय, सीतामऊ, जिला-मन्दसौर (म.प्र.) भारत

7. निष्पक्ष निर्वाचन आयोग का सम्यक गठन।
8. चुनाव खर्चों का निर्धारण एवं उस पर नियंत्रण।
9. चुनाव प्राचार एवं आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन।
10. घूस देकर, शराब पिलाकर या जबरदस्ती मत डलवाने के विरूद्ध नियंत्रण।
11. अवैध मतदान पर रोक
12. आदर्श निर्वाचन केन्द्र बनवाकर।

चुनाव सुधार संबंधी अभी तक के प्रयास – चुनाव सुधार संबंधी प्रयास काफी पहले से किए जा रहे थे। चुनाव आयोग ने 1970 में विधि मंत्रालय को चुनाव सुधार से सम्बंधित अपना पहल विस्तृत प्रस्ताव प्रारूप सहित भेजा था। 1975 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, जनसंघ, अन्नाद्रमुक आदि दलों की संयुक्त समिति ने अनेक सुझाव दिए। जय प्रकश नारायण ने प्रसिद्ध न्यायविद बीएम तारकुंडे की अध्यक्षता में चुनाव सुधार पर विचार के लिए एक कमेटी गठित की। 1977 में पूर्व के सभी सुधारों से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा कर 22 अक्टूंबर, 1977 को एक समग्र प्रतिवेदन भारत सरकार को भेजा गया। 1982 में फिर से तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एस.एल. शकधर ने पूर्व के सभी सुझावों की समीक्षा के बाद एक नया पस्ताव भारत सरकार को भेजा। इसके बाद भी 1990 के दशक में कई कमिटियों का गठन किया गया। इनमें से प्रमुख है चुनाव सुधार पर गोस्वामी कमेटी 1970, वोहरा कमेटी 1993, चुनाव के राज्य फंडिं ग के सम्बंध में इंद्रजीत गुप्ता कमेटी 1998, चुनाव कानून संबंधी लॉ कमीशन रिपोर्ट 1999।

वर्ष 2004 में चुनाव आयोग ने एक विस्तृत रिपोर्ट सुधार संबंधित सरकार को भेजा है। इस पर विधि मंत्रालय एक कमेटी के माध्यम से इन परामर्शो को लागू करने में लगी हुई है। कुछ पर तो सहमति बन गई है एवं कुछ आज भी लंबित पड़े हुए है। वर्ष 2008 के प्रशासनिक सुधार आयोग के रिपोर्ट में भी इस सम्बंध में कुछ सुझाव दिए गए है।

संदर्भ ग्रंथ सूची : –

1. चुनाव सुधार पर विधि आयोग की दूसरी रिपोर्ट, 2015
2. अग्रवाल, मनोज – चुनाव सुधार, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
3. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 (1)
4. नेमा, जी.पी. एवं जैन, राजेश – भारत में राज्यों की राजनीति, कालेज बुक डिपो, जयपुर 2004

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

निमाड़ के महानायक : संत सिंगाजी

डॉ. सीमा गाड़गे *

प्रस्तावना – संत सम्प्रदाय विश्व सम्प्रदाय है और उसका धर्म विश्व धर्म है। इस विश्व धर्म का मूलाधार हैद्द हृदय की पवित्रता। सन्तों ने भारतीय जन मानस के साथ-साथ विश्व की जनता को समय-समय पर मार्ग दिखाया। सामाजिक विखंडन और मनुष्य के दु:ख भरे दिनों में संतों की वाणियों ने औषधि का कार्य किया है। वह ज्ञान-विज्ञान की दौड़ में सबसे पहले स्वयं को पहचानता है फिर अपने आसपास के संसार को जानता है तथा अन्त में दुनिया को समझ कर जीवन के उद्देश्य तक पहुँचता है। वह अपनी जीवन यात्रा के अनुभवों के माध्यम से जमाने को सचेत करता है। उसके अनुभव जब मनुष्य के कल्याण और जीव उत्थान की प्रक्रिया को शब्द देते हैं। तब उसके जन-जन के गले का हार बन जाते हैं। वह जो गाता है, भजन हो जाता है। सन्त समय को शब्द देता है। मनुष्य को उसकी औकात बताते हुए उसे ऊपर और ऊपर उठने की राह बताता है।

'सिंगाजी' लोक जीवन में स्थान – निमाड़ी लोक साहित्य के निर्माण में यदि संत सिंगा नहीं होते तो निमाड़ी भाषा इतनी परिष्कृत जनमन में नहीं होगी, निमाड़ की संस्कृति इतनी सहिष्णु नहीं होती और निमाड़ के आध्यात्मिकता की ऐसी अमिट छाप नहीं होती। सिंगा ने निमाड़ को जितना दिया है उतना और किसी ने नहीं। उन्होंने निमाड़ी भाषा में ग्यारह सौ आध्यात्मिक भजनों का निर्माण कर न सिर्फ निमाड़ी भाषा, वरन् समस्त निमाड़ को गौरवान्वित किया है। आप निमाड़ के किसी भी गाँव में चले जाइये वहाँ आप सूर और तुलसी के पदों की तरह सन्त सिंगा के पद प्रचलित पायेंगे। निमाड़ में कोई ऐसा गाँव नहीं मिलेगा जहाँ भजन मंडली नहीं हो और कोई ऐसी भजन मंडली नहीं मिलेगी जिसे सिंगा के भजन याद न हो। मानो सिंगा के भजनों के बिना यहाँ का सारा संगीत अधूरा है। सिंगाजी उनके लिये महज एक संत या कवि नहीं वरन् एक पहुँचे हुए पुरूष और अलौकिक व्यक्ति थे।

अपने इस सन्त कवि पर यहाँ की जनता की कुछ ऐसी असीम श्रद्धा रही है कि भले ही सूर और तुलसी के नाम पर कोई ग्राम नहीं बसे हो, मेले नहीं लगते हो, लेकिन सिंग की समाधि पर उनकी निर्वाण तिथि के अवसर पर निमाड़ का सबसे बड़ा मेला लगता है और उनकी समाधि के पास जो गाँव बसा है वह सिंगाजी के ही नाम से सर्वत्र प्रसिद्ध है। किसी भी सन्त या लोक कवि के चरणों में जनता की इसे बढ़कर और कौन-सी श्रद्धांजलि हो सकती है।

यद्यपि अभी तक उनके साहित्य का कोई व्यवस्थित प्रकाशन नहीं हो सका है लेकिन खुशी की बात है कि इस दिशा में शोध कार्य जारी है।[1]

संत सिंगाजी महाराज के लोकगीत – नर्मदा उपत्यका के कृषि प्रधान जीवन में संत सिंगाजी का वर्चस्व किसी भी अन्य संत या लोक कवि की अपेक्षा कहीं अधिक है। उत्तर भरत की संत परंपरा के निखरे हुए सूत्रों में सिंगा ने अपने स्वर मिलाये और वे निमाड़ में बिखर कर गूँजने लगे। उनके पदों का अध्ययन करने से यह स्पष्ट होता है कि सिंगा में अपने पूर्ववर्ती संतों का प्रभाव विद्यमान है। जीवन में साधना होते हुए भी वे लोक से भिन्न न थे इसीलिए नर्मदा उपत्यका निमाड़ के ही नहीं दूर-दूर के जन-जन को अपनी भक्ति और वैराग्य से वे विमोहित कर सकने में सफल हुए। आज भी –

सिंगा बड़ा अवलिया पीर
जिसको सुमरे राव अमीर।।

कहकर लोग उन्हें याद करते हैं। सिंगा उनके लिए एक आलौकिक पुरूष है। यदि पशु खो जाये या उन पर कोई आपत्ति या बीमारी आज आए तो कृषकगण सिंगा की मनौती करके उनकी अलौकिकता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। गजर, भरूड़, गवली, मेघवाली, पाटीदार आदि नर्मदा उपत्यका की कृषक जातियाँ सिंगा की सौगंध को भगवान् के बराबर मानती है। दलू भगत (दलूदास या दलाजी) की छाप वाले कोई गीतों में उनके कुछ विलक्षण कार्यो का उल्लेख मिलता है। दलूजी सिंगाजी के पौत्र थे। उनके लिए सिंगाजी अवतारी पुरूष थे वे ईश्वर के बराबर थे।[2]

दलूदास मंडलेश्वर (निमाड़) के निकट 'लेपा' ग्राम में रहा करते थे। मालव लोक साहित्य परिषद् के 'निमाड़ संस्कृति पर्यविक्षण' दल ने दलू दास के अनेक भजन एकत्र किए हैं। उनमें से सिंगाजी का परिचय देने वाले गीतों को नीचे दिया जा रहा है।

बाबा सिंगाजी जात को गवली।
देवा भोल बजाये पाया पावली।।
बाबा सिंगाजी नी नाना मोटा आगणा।
बाबा घर आयो तिन घर पावधा।
बाबा अन धन लक्ष्मी भोत फली।
सेवा भोत कर वकी घरवाल्य।
बाबा अपनी हांसी के फेर लियों।
बाबा राम नाक कर लेवाली।
बाबा दलूपति जाकी बिनती।
देवा शरणा लनगी पाली।।[3]

इस गीत से यह प्रकट होता है कि सिंगाजी जाति के गवली थे। वह एक साधारण परिवार से उत्पन्न हुए। उनके पैदा होने से अन्न धन की वृद्धि हुई। उनकी घरवाली बहुत सेवा करती थी पर सिंगा ने अपने जीवन के आनन्द से विमुख होकर रामनाम में अपना चित्त लगा दिया।

सिंगाजी के संबंध में कतिपया किवंदन्तियाँ उल्लेखनीय है :

1. ***जन्म संबंधी* –** सिंगाजी का जन्म कंडे थापते समय हुआ था। उनकी माता के पास उस समय नाल काटने के लिए कोई धारदार वस्तु नहीं थी, तो उन्होंने वहाँ पड़े दो पत्थरों से नाल काट दी। तभी से पत्थर खजुरी में पड़े हुए

* पूर्व सहायक प्राध्यापक, आर पी एल माहेश्वरी कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

हैं और आज भी पूज्य माने जाते हैं।

2. औलिया पीर से भेंट – कहते हैं कि एक औलिया पीर खानदेश में रहा करते थे उन्हें सिंगाजी से भेंट करने की इच्छा हुई। इधर सिंगाजी भी उनसे मिलना चाहते थे। औलिया पीर ने सूखी जमीन पर नदी की धारा बहा दी। सिंगाजी ने भी चमत्कार दिखाए उन्होंने नदी की रेत में सफेद 'गार' को फोड़कर चावल बनाए और कुँवारी केडी पर हाथ रखकर दूध निकाला तथा कटोर भर कर औलिया को पिलाया।

पाँच वर्ष की अवस्था में पिता की मृत्यु हो जाने पर सिंगाजी अपने ढोरों को लेकर हरसूद में आ बसे। वहाँ रहते हुए 21 वर्ष की अवस्था में भामगढ़ के राव रावल साहब के यहाँ 1 रूपये मासिक पर नौकर हो गये। एक दिन हरसूद से डाक लेकर वे भागगढ़ लौट रहे कि मार्ग में उन्हें ब्रह्मामगिरी के शिष्य मनरंगीर को यह गाते हुए सुना –

समझी लेवो रे मन, अंत न होय कोई अपना।
यही माया का फंदा म नर आन भुलाया।।

इन पंक्तियों का सिंगा पर बहुत असर हुआ और उन्होंने भामगढ़ आकर नौकरी छोड़ दी। मनरंगीर को अपना गुरू मानकर वे आध्यात्मिक जिज्ञासा को लिए हुए पीपल्या की ओर चले गये। वही तुलसीदास से भेंट हुई।

3. सफेद मकड़ी का रहस्य – कृष्ण जन्माष्टमी का दिन था। कृष्ण का जन्म रात्रि के ठीक 12 बजे होता है। गुरू मनरंगीर को नींद आने लगी तो अपने प्रिय शिष्य सिंग को कहा कि हमें रात्रि में उस समय जगा देना जब सफैद मकड़ी भगवान के समीप दिखाई पड़े। सिंगाजी भावुक थे। सफेद मकड़ी के प्रकट होने पर उन्होंने भगवान की आरती उतार दी, यह सोच कर की सोते हुए गुरू को उठा कर व्यर्थ कष्ट क्यों दिया जाए। जब गुरू की नींद खुली तो सिंगाजी की इस चेष्टा पर वे क्रुद्ध हुए और कहा – 'जा दुष्ट, जीते जी फिर मुँह न दिखाना।' सिंगाजी को इससे हृदय पर भारी चोट लगी और उन्होंने शरीर त्याग करने का निश्चय किया। अपने निवास स्थान पीपल्या में आकर कुछ मास रहे। तत्पश्चात् श्रावण की पूर्णिमा को संवत् 1616 ई. में सिपराड नदी के तीर पर उन्होंने जीवित समाधि ग्रहण कर ली।

क्रोधनल काँ से आयो, दुष्ट म्हन क्रोलानल कॉ से आयो।
म्हन हाथ को हिरो गवायो, दुष्ट म्कान हाथ को वन गँवायो।।

जन्म – सिंगाजी साहित्य शोधक मंडल के मतानुसवार संत सिंगाजी का जन्म संवत 1568 में मिती वैशाख सुदी 11 गुरूवार को पुष्य नक्षत्र में, 8 बजे दिन को बड़वानी स्टेट (अब मध्यप्रदेश) में खजूरी ग्राम में हुआ। संवत 1581–82 में आपके पिता अपना समस्त सामान लेकर, जिसमें 300 भैंसें भी थीं, निमाड़ में हरसूद नामक गाँव में आकर रहने लगे।

संवत 1598 में सिंगाजी ने भामगढ़ (खंडवा) के राव रावल साहब के यहाँ पर एक रूपया माहवार पर चिट्ठी लाने और ले जाने की नौकरी कर ली। नौकरी छोड़ने के समय उन्हें तीन रूपये माहवार मिलता था। इसी बीच मनरंगी स्वामी का एक भजन सुनकर आपको वैराग्य हो गया और आप नौकरी छोड़कर अपनी आध्यात्मिक साधना में तल्लीन हो गये।

यही आपके भजनों के निर्माण का काल भी है। अंत में संवत 1616 में श्रावण बदी 9 के दिन आपने समाधि ले ली। इस तरह आपकी आयु 40 वर्ष ठहरती है।

सिंगाजी की परचरी ग्रंथ के अंतिम पृष्ठ पर लिखा मिला है कि संवत 1648 के साल में स्वामी की देह छूटी मिती सरावण सदी 9 । शायद उसी आधार पर श्री कृष्णलाल हंस ने भी सिंगा की निधन तिथि 1648 मानी है। इससे उनकी आयु 90 वर्ष ठहरती हैं। लेकिन उनके संपूर्ण जीवन वृत्त पर विचार करने से यह बात उचित नहीं जँचती। अभी तक प्राप्त सामग्री के अुनसार इतना तो स्पष्ट है कि संवत 1568 में उनका जन्म हुआ था।

पाँच वर्ष की अवस्था में वे अपने पिता के साथ हरसूद आये और 22 वर्ष की अवस्था में उन्होंने भामगढ़ के राव साहब के यहाँ एक रूपये माह वार पर नौकरी की। नौकरी छोड़ने के समय उन्हें तीन रूपये मिलते थे। यदि एक रूपया वर्ष पर तरक्की मानी जाये तो उनके द्वारा तीन वर्ष तक नौकरी करना सिद्ध होता है। इस तरह 25 वर्ष के उम्र में उन्हें वैराग्य हो गया होगा।

उनके समाधिस्थ होने के संबंध में भी यह प्रसिद्ध है कि एक बार जब जन्माष्टमी के दिन उनके गुरू मनरंगीर स्वामी को नींद आने लगी तो उन्होंने सिंगा को बुला कर कहा कि मैं तो सोता हूँ, तुम मुझे जन्म के समय जगा देना। जब जन्म का अवसर आया तो सिंगाजी ने सोचा कि भगवान क्या रोज–रोज थोड़े जन्म लेते हैं। फिर मैं गुरू को क्यों त्रास दूँ, मैं ही क्यों न आरती कर दूँ। ऐसा सोचकर उन्होंने आरती कर दी।

लेकिन जब गुरू की नींद खुली तो बहुत नाराज हुए और उन्होंने क्रोध में सिंगाजी से कह दिया कि 'जा दुष्ट, मुझे मारा मुँह दिखाना।'

सिंगा को यह बात तीर–सी लगी लेकिन उन्होंने गुरू की बात को वरदान की तरह स्वीकार कर 11 मास बाद संवत 1616 की श्रावण सदी 9 को स्वैच्छा से समाधि ले ली।

कहते हैं मृत्यु के बाद जब मनरंगीर स्वामी उनके घर आये तो रास्ते में सिंगाजी उनसे मिले थे और इस तरह गुरू ने जो कहा था कि 'मरा मुँह दिखाना' सो उन्होंने गुरू के वचनों को पूरा कर दिखाया था। इस घटना से सिंगा के जैसे प्रखर स्वभाव, तेजस्वी स्वरूप और फक्कड़ तबियत का पता चलता है। वह 90 वर्ष की अवस्था में उचित नहीं जँचता वरन् एक 40 वर्ष के नौजवान के अनुकूल ही जँचता है। रही परचरी के संवत की बात, सो उसमें यह संवत अलग से ग्रंथ के अंतिम पृष्ठ पर लिखा है। परचरी से कथानक में या अन्य ग्रंथों में इसका कोई जिक्र नहीं आया है।

अतएव जब तक इस संबंध में कोई प्रामाणिक तथ्य नहीं मिलते तब तक हमें सिंगाजी साहित्य शोधक मंडल का निर्णय ही उचित जँचता है और उनकी आयु 40 वर्ष ही सही प्रतीत होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. लोक साहित्य समग्र : पं. रामनारायण उपाध्याय : पुष्ठ 137.
2. संत सिंगाजी : सिंगाजी साहित्य, शोधक मंडल, खंडवा, 1936 : पृष्ठ 21.
3. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : तिरमख अखर, ग्राम, घोट्या

****

आधुनिक मालवी काव्य की प्रासंगिकता

डॉ. शैफाली मलिक *

प्रस्तावना - किसी भी देश की समृद्धता केवल आर्थिक एवं राजनैतिक रूप से ही पर्याप्त नहीं होती है। वह राष्ट्र तभी आदर्श एवं सार्थक है जब उसका साहित्यक रूप भी समृद्धशाली है। साहित्य अपने परिपक्व रूप में तभी आता है जब उसका संबंध अपने क्षेत्र की मिट्टी, परिवेश और जनजीवन से हो। क्षेत्रिय भाषा का साहित्य अपनी आंचलिक बोली की खुशबू से अधिक संपृक्त हाता है बानिसपद विशिष्ट साहित्य के।

अपने क्षेत्र की माटी की भीनी-भीनी खुशबू को मालवी रचनाकारों ने अपनी रचना में शाश्वत अभिव्यक्ति दी है। लोक बोली में रचित काव्य में अपने समय समाज और जीवन की जीवंत और मौलिक प्रतिध्वनि सुनाई देती है। मालवी काव्य में जन-जन का प्रतिबिम्ब परिलक्षित होता है। क्षेत्रिय भाषा का महत्वपूर्ण आधार उसकी लोक संस्कृति की परम्परा होती है। लोक का क्षेत्र विस्तृत और व्यापक होता है वह धर्म, जाति और समूह की मानव निर्मित सीमाओं से परे होता है।

आधुनिक मालवी कविता को अभिव्यक्त करने का सबसे सरल और सहज माध्यम उका अपना 'लोक साहित्य' ही है। जिसमें मालव लोक संस्कृति और जीवन के चित्रों को प्रस्तुत किया है। अनेकों मालवी रचनाकारों ने लोक-जीवन का नरवाशिख वर्णन अपनी रचनाओं में किया है। जिसमें मालवा एवं मालवी के अनछूए पहलुओं को दर्शाने का प्रयास किया है और सहजता से जन-साधारण को समझ में आ जाता है। मालवा युगों की कथाओं और कहानियों को समाहित करने वाला भारत के ह्रदय में बसने वाला 'इत चम्बल उत बेतना' क्षेत्र है।

'मालवा का पठार' वैसे तो भौगोलिक सीमा रेखा से अपने आप सुषोभित है किन्तु राजनैतिक उठा पटक और ऐतिहासिक दृष्यक्रम समय-समय पर सीमा रेखाओं को घटाते-बढ़ाते रहे हैं। मालवी की शस्य श्यामल माटी के संबंध में महिमा बखान करती हुई। 'डग-डग' रोटी और पग-पग नीर की बात भी सर्वविदित है परन्तु 'गहन-गंभीर' की उक्ति मालवा के लोक मानस के यथार्थ रूप को प्रस्तुत करती है। मालवा में बोली जाने वाली मालवी लोकाभिव्यक्तियों और शब्दावली के दृष्टिकोण से बहुत ही समृद्ध है। विशिष्ट साहित्य सृजन की परम्परा मालवी साहित्य में दृष्टिगोचर होती है जो माधुर्यपूर्ण, सम्पन्न एवं संस्कारित है।

आधुनिक मालवी कविता के सृजन का प्रांरभ डॉ. चिन्तामणी उपाध्याय सुखराज रचित 'ललिता देवी का विवाह' और 'रूकमणी मंगल' के साथ माना जाता है। मालवी पद्य को नया आयाम, आधार स्तंभ देने वाले 'श्री पन्नालाल नायाब का नाम अग्रण्य है। मालवी पद्य की नवीन विशेषताओं को लाने का आधारभूत कार्य आनंदराव दुबे एवं समालोचक पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास, डॉ. श्याम परमार को है। आधुनिक काल में हरीश निगम, मदन मोहन व्यास, नरहरि पटेल, बाल कवि बैरागी, गिरिवरसिंह भंवर, पुखराज पाण्डे आदि ने अपनी मालवी रचनाओं के माध्यम से राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का शंखनाद फूंका है जिसकी छाप जन-मानस के ह्रदय पर दिखाई देती है।

आधुनिक मालवी रचनाकारों ने अपनी रचनाओं में कविता कामिनी का श्रृंगार भिन्न-भिन्न प्रवृत्तियों से किया है जिसमें प्राकृतिक चित्रण वीर का ओजभाव, हास्य-व्यंग्य का पुट है एवं सामाजिक, राजनैतिक चेतना के गौरव-गीत भी शामिल हैं। जिन्हें समय-समय पर भाव-भंगिमा के साथ अभिव्यक्त किया है और उनका सूक्ष्म मूल्यांकन भी किया है।

महाकवि कालीदास ने मालवाधिपति सम्राट विक्रमादित्य के दिव्य-चरित्र के साथ ही मालवा का वर्णन अपनी कृतियों में भाव-विभोर रूप से किया है। महाकवि कालीदास की परम्परा को मालवी रचनाकारों ने बखूबी निभाया है और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विषयों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

आधुनिक मालवी काव्य अपनी भाषा, शैली प्रतीक, अलंकार और शब्द भण्डार से सक्षम है। 'मालवीय' शब्दावली और लोकाभिव्यक्तियों की दृष्टि से भी अत्यन्त समृद्ध है। मालवी के सुप्रसिद्ध कवि हरीश निगम कहते हैं -

जितनी सीधी, उतनी मीठी, प्यारी यां की बोली रे।
हिन्दी का निर्मल तन पे, चमके जैसे चोली रे।

डॉ. चिन्तामणी उपाध्याय ने अपने भाषाशास्त्रीय अध्ययन में मालवी की चार उपबोलियों - रागड़ी, सोंधवाड़ी, उमठवाड़ी और निमाड़ी का उल्लेख किया है। जो समृद्ध एवं मालवी भी है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध जो हिन्दी का आधुनिक काल माना गया है। इस समय तक समूचे देश में मालवी कवि अपने कवि-सम्मेलनों के मंचों पर छाए रहे। उन्होंने अपने समय, समाज और जीवन के रंगों को प्रस्तुत किया जो आज भी प्रासंगिक है।

चिन्तन प्रधान कवित भगवती लाल राजपुरोहित अपनी रचनों में कहते हैं -

'बिन उज्जैनी सिपरा सूनी, बिन सिपरा सूनी उज्जैन
महाकाल बिन दोई सूना, इन बिन सूना मालव नैन।'

बाल कवि बैरागी जी की 'बादरवा आईग्या' कविता का एक उदाहरण प्रस्तुत है -

धरती ने धरती की जाया को गोढी
घर-घर बंटावे पतासा ई बादरा राव रंग रावरे
मेहनत का रंग में हगरा रंबईइया,
बादरवा अईग्या।

इस तरह से मालवी कवियों ने सु-समृद्ध मालवी काव्य की सुगंध यत्र-तत्र फैलाई है परन्तु फिर भी जिन ऊँचाईयों को आधुनिक मालवी कविता को छूना चाहिए वह शेष है। या यूं कहें कि जितना प्रचार-प्रसार होना चाहिए

* B-603, स्काई हाईटस, नवलखा स्क्वायर, इन्दौर (म.प्र.) भारत

उसमें कहीं कमी है। फिर भी मालवा की सांस्कृतिक परम्परा पतित, पावनी सुरसंरिता 'माँ गँगा' की धवल धारा के समान निरन्तर प्रवाहमान है जिसका सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है।

आधुनिक मालवी काव्य का, मालवी रचनाकारों ने इतना सरल विज्ञान बना दिया है जिससे मालव लोक संस्कृति और लोक जीवन की यथार्थ जांच सहज रूप से भी जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिरना सांवली – हरीश निगम, निकुंज प्रकाशन, उज्जैन, 1982,
2. गजरो (कविता संग्रह) – मोहन सोनी एवं डॉ. शिव चौरासिया, मालवा लोक साहित्य परिषद, उज्जैन, 1998।
3. मोती वेराणा – भावसार बां
4. झुमको – नरहरि पटेल, दिशा कम्यूनिकेशन, इन्दौर, 2000।
5. चटक म्हारा चम्पा – बाल कवि बैरागी, निकुंज प्रकाशन, उज्जैन, 1983।
6. त्रिवेणी – जगन्नाथ विश्व।

****

निमाड़ के प्रचलित लोरी एवं भजन

डॉ. सीमा गाड़गे *

प्रस्तावना – मानव जीवन के बचपन का सम सबसे सुन्दर और नैसर्गिक है जो चिंताओं से मुक्त, मौज-मस्ती, हँसने-हँसाने, खेलने-खाने, नाचने-गाने आदि शरारतों से पूर्ण होता है। इस सम के भोलेपन में की गई क्रीड़ाएँ उसके जीवन की अनमोल धरोहर है।

निमाड़ में बाल उम्र के विविध लोकगीत पाए जाते हैं। लोरी शिशु मन को आल्हादित करती है तो डेडरा और अन्य क्रीड़ाओं के गीत उसके बाल मन में जीवन की उमंग भरते हैं। गोगा साला पर्व उन्मुक्तता को प्रदर्शित करता है तो संझा किशोर अवस्था की स्थितियों को रेखांकित करता है। जहाँ बाल और यौवन का सहज-सुलभ संघर्ष उनके गीत और क्रीड़ाओं में दृष्टिगोचर होता हैं। पं. रामनारायण उपाध्याय नर्मदांचल की बालकोपयोगी मनोरंजक लोककथाएँ 'मुर्गे का ब्याह' की भूमिका में कहते हैं, 'जाने क्यों मनुष्य में बचपन से ही वार्ताएँ सुनने की अद्‌भूत रूचि रही है। सांझ होते ही बच्चे माँ के नजदीक घिर आते और वार्ता सुनाने की जिद्द करने लगते हैं। जब तक वार्ता चलती रहती है, वे उसमें तल्लीनता से दिलचस्पी लेते और बीच-बीच में 'हुँकारे' से अपनी स्वीकृति प्रकट करते रहते हैं। कभी-कभी अजीबो-गरीब प्रश्न करते और उसके समाप्त होते ही दूसरी सुनाने की जिद्द करने लगते हैं।'

उन्हें अपनी ही तरह चंचल पक्षियों और हाथी-शेर आदि के माध्यम से कही गई वार्ताएँ विशेष पसंद रही हैं। वास्तव में लोक-कथाएँ ही समस्त साहित्य कथाओं की धात्री रही हैं। इनका उद्देश्य उपदेश देना ही नहीं वरन् बालकों के मन में नई-नई बातों को खोजकर नया ज्ञान अर्जित करने की जिज्ञासा उत्पन्न करना है।

निमाड़ में इन लोकगीतों के पीछे विविध लोक-कथाएं और किंवदंतियाँ प्रचलित है जिसका सीधा संबंध बाल मनोविज्ञान से है।

लोरी – लोरी का संबंध शिशु और माँ के नैसर्गिक वात्सल्य प्रेम से है। लापेरी माँ और शिशु की विश्व प्रसिद्ध पहचान है। निमाड़ में इसे 'हलुर' शब्द से पहचाना जाता है। हलुर के माध्यम से माँ अपने शिशु के मन की बेचैनी, उदासी और पीड़ाओं को हरती है और उसे नया उत्साह, नींद इत्यादि देती है। अबोध बालक का सहज मन की बेचैनी, उदासी और पीड़ाओं को हरती है और उसे नया उत्साह, नींद इत्यादि देती है। अबोध बालक का सहज मन भी लोरी की चाहत रखता है। डॉ. विभा शुक्ला लोरी को विवेचित करते हुए कहती हैं कि जब बच्चा रोता है, मचलता है और सोने का समय हो जाने पर भी नहीं सोता है तो माँ अपने बेटे को मीठी नींद सुलाने के लिए लोरियाँ गाती हैं। इन गीतों में कहीं-कहीं आध्यात्म और ज्ञान संबंधी गम्भीर अर्थ देखने को मिलते हैं किन्तु सामान्यतया इनमें केवल तुकबन्दी ही होती है।

निमाड़ी में बच्चों के गीतों का भी अभाव नहीं है। बच्चा अपने मन का राजा होता है। वह अनेक प्रकार की कल्पनाएँ करता है। शिशु गीतों में उन्हें आनंदात्मक तथा मधुर बनाने के लिए ऐसे शब्दों का उपयोग किया जाता है जिनका कोई अर्थ नहीं होता।

घर की बूढ़ी दादी अथवा माता छोटे बच्चों को पालने पर सुलाकर गीत गाती है जिन्हें 'लोरी' या 'पालने के गीत' कहा जाता है। इनमें प्रयुक्त शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता। निमाड़ में कुछ लोरियाँ बहुत प्रसिद्ध हैं। ये लोरियाँ इस प्रकार है :-

(1)

हात रे भाई रे,
नानाकी माँय पाणी खऽ गई।
घर म कुतर कोंडी गई,
कुतरा भूकसे होलई पर।
नानो म्हारों सोवसे होलई पर,
आवो चिड़ी बाई करू थारो याव।
कथली मूदड़ो, न जुरूंग को हार।
हात रे भाई। 1
झालर की टोपी थारी मासी लागव।।
सोइजा बाला सोइजा नानु आवग,
झालर की टोपी थारी नानी लावग।।
सोइजा नाना सोइजा फुओं आवग,
झालर की टोपी पारी बुआ लावग।।
सोइजा नाना सोयजा काको आवग
झालर की टोपी थारी काकी लावग।।[2]

(2)

सोइजा नाना बाला गोदण वाला आवसे,
गोदण वाला आवसे गोंदी न लई जासे।।
सोइजा नाना बाला पिचकारी वाला आवसे,
पिचकारी वाला आवसे पिचकारी लगई जासे।
सोइजा नानां बाला गोदण वाला आवसे।।
सोइजा नाना बाला पकड़न वाला आवसे
पकड़न वाला आवसे पकड़ी न लई जासे,
सोयजा नाना बाला बांधण वाला आवसे।
बांधन वाला आवसे बांधी न लई जासे।।
सोइजा नाना बाला गोदण वाला आवसे।।[3]

इस गीत में माता अपने बच्चे को पालने मे सुला रही है तथा बच्चा सोता नहीं है तो माता उसे तरह-तरह की बातों से डराती है और सोने के लिए कहती है।

* पूर्व सहायक प्राध्यापक, आर पी एल माहेश्वरी कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

(3)

सोइजा नाना सोइजा मामु आवग,
झालर की टोपी थारी मामी लागव।।
सोइजा नाना सोइजा मावसो आवग,
झालर की टोपी थारी मासी लावग।
सोइजा बाला सोइजा नानु आवग,
झालर की टोपी थारी नानी लावग।।
सोइजा नाना सोइजा फओं आवग,
झालर की टोपी पारी बुआ लावग।।
सोइजा नाना सोयजा काको आवग
झालर की टोपी थारी काकी लावग।[4]

इस प्रकार माता अपने बच्चे को सुलाने के लिए उसे तरह-तरह से लुभाती है और उसे सुलाने की कोशिश करती है।

(4)

घुंघरो को भुली आय वो नणद बाई।।
ऐना बाला न मांडीयो ते हाट वो नणद बाई।
घुंघरो का भुली आय वो नणद बाई।।
इच्छा पूर का इच्छझ्झ न आवली की कावली।।
आसी लिक्खी म टिकी लगई आयवो नणद बाई।।
घुंघरों का भुली आय वो नणद बाई।।
आगरा को घाघरो न गुजरात की चोली,
आसी बम्बई म साड़ी ओड़ी आय वो नणद बाई।।
घुंघरालो का भुली आय वो नणद बाई।।[5]

यह गीत लोरी से थोड़ा अलग है इस गीत में भाभी अपनी ननद से कहती है कि मेरा बच्चा आपसे खेलने के लिए झुनझुने की हठ कर रहा है लेकिन आप सभी चीजें तो पहन ओढ़ के आई हैं लेकिन मेरे बच्चों का झुनझुना कहाँ भूल के आ गयी है।

(5)

सुक-मुक लकड़ी का झुला बनाया,
उसमें लाल सुलाया रे।
सोयजा रे बाला सोयजा गोदण वाला आया।।
सुक-मुक लकड़ी का झुला बनाया,
उसमें लाल सुलाया रे।
सोयजा रे बाला सोयजा गोदण वाला आया।।
जेठ हमारो भैयस्या धुवंतो न,
जेठाणी ने लाल रूलाया रे।
सुठ-मुक लकड़ी का झुला बनाया,
उसमें लाल सुलाया रे।।[6]

(6)

चार पहिया पर खेल म्हारो ललना।
लेवो-लेवो सासुबाई म्हारो ललना।
तुमक दादी कयग म्हारो ललना।।
चार पहिया पर खेल म्हारो ललना।
लेवो-लेवो नणद बाई म्हारो ललना।
तुमको बुआ कयेगा म्हारो ललना।।
चार पहिया पर खेल म्हारा ललना।।[7]

इस गीत में बच्चे की माता उसकी बुआ तथा दादी को खिलने के लिए कहती है। इस प्रकार निमाड़ में लोरियों का प्रचलन बहुत अधिक है और इन्हीं मधुर लोरियों के साथ बच्चे का लालन-पालन किया जाता है। ये लोरियाँ निमाड़ के प्रत्येक घर में सुनने को मिल जाती हैं। बच्चे के पैदा होने पर घर परिवार में बहुत खुशी होती है। उसे भी कहीं अधिक खुशी दादा-दादी, चाचा-चाची, नाना-नानी, मामा-मामी सभी को होती है और इसी खुशी के साथ उसका लालन पालन किया जाता है।

भजन – भारत धर्मपरायण देश है। यदि हम यह कहें इस देश की जनता का जीवन निर्माण धार्मिक तत्वों के आधार पर ही हुआ है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस देश में वैदिक काल से आज तक के लोक-जीवन के इतिहासा में इनकी धार्मिक परम्पराएँ, धार्मिक भावनाएँ, धार्मिक प्रवृत्तियाँ भरी पड़ी है।

निमाड़ में भजन गाने की प्रथा भी प्रचलित है। जब भी किसी के घर में कोई शुभ कार्य किया जाता है तो भजन मंडली को बुलाकर रात भर भजन गाये जाते हैं। ये भजन प्रत्येक देवी-देवता के हो सकते हैं। कुछ भजन इस प्रकार है :-

(7)

उठो भोले नयन खोलो,
भिखरी द्वार प आयल छे।।
भोला का दरवाजा एक अंधो पुकार
नयन दी देव चली जाय,
भिखारी द्वार पर आयल छे।।
भोला का दरवाजा एक कन्या पुकार
वर दी देव चली जाय,
भिखारी द्वार पर आयल छे।।
उठो भोले नयन खोलो,
भिखारी द्वार पर आयल छे।।
भिखारी का दरवाजा एक कोड़ी पुकार,
काया दी देव चली जाय,
भिखारी द्वार पर आयल है।।[8]

भगवान शिव मंगल के देवता हैं। शिव का अर्थ ही मंगलकारी है। यद्यपि पौराणिक ग्रंथों में शिव को संहार के देवता के रूप में स्थान दिया गया है लेकिन लोकजीवन में उनकी प्रतिष्ठा देवाधिदेव महादेव के रूप में है। वे महादेव जो भोले भण्डारी हैं औघड़ दानी हैं, सभी भूलों को जरा-सी विनती करने पर क्षमा कर देते हैं और फल फूल, मेवा, मिष्ठानों की तो बात छोड़िये। समाज के लिए प्रायः त्याज्य माने जाने वाले आक, धतूरा, भाँग, घास-पात, राख-धुल जो कुछ भक्त के पास हो, श्रद्धा सहित चढ़ देने मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। देवाधिदेव महादेव से बड़ा और उनसे अधिक सरल देवता लोकमान्य में कोई दूसरा नहीं है। लोक-जीवन में देवी पार्वती और भगवान शिव की गाथाएँ बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति के साथ गायी जाती हैं।

(8)

मंदिर का सामन मकान रे,
राम थारो दर्शन नी पाव।
दर्शन नी पाव मक् परसन नी हुआ,
अंजनी को पुत्र हनुमान रे।
राम थारो दर्शन नी पाव।।
पयलो पहन म्हारो दलन को आयो,
गाला म भूली भगवान रे,
राम थारो दर्शन नी पाव।।

दूसरो पहर म्हारो पाणी को आयो।
बेड़ा म भूली भगवान रे,
राम थारो दर्शन नी पांव।।
तीसरो पहन म्हारो रोटी को आयो,
रोटी म भूली भगवान रे,
राम थारो दर्शन नी पाव।।
चौथे पहन म्हारो जिमण को आयो,
खाणा म भूली भगवान रे,
राम थारो दर्शन नी पाव।[9]

अयोध्या के युवराज और शक्ति में रावण का मद-मर्दन करने वाले श्री राम प्रेम के अधीन होते ही अपने अस्तित्व को बिल्कुल भूल ही जाते हैं। शबरी की कुटिया में फूस के आसन पर बैठे श्रीराम उसके प्रेम में इतना भाव-विभोर हो जाते हैं कि वह अपने अराध्य को मीठे बेर देने की चाह में पहले बेरों को खुद चखती है और उसके मीठा होने पर श्रीराम को देती है। उधर राम हैं कि वे यह बिल्कुल ही भूल जाते हैं कि उन्हें झूठे बेर खिलने वाली शबरी जंगल की भीलनी है। वहां न तो राम अयोध्या के राजकुमार हैं और न शबरी भीलनी है। वहां हैं तो बस प्रेम आत्मीयता, समपर्ण, एकनिष्ठता, अन्यन्यता यादि कि भक्ति और भक्त वत्सलता।

(9)

ओ श्याम छोटो सो मंदिर बणाऊंग।
गुड़ का रद्दा देवाडुग,
ओ श्याम छोटी सो मंदिर बणाऊंगा।
माखन को गिलावो मेवाडुग,
वो श्याम छोटो सो मंदिर बणाऊंग।।
दूध को पातो फेराऊग,
ओ श्याम छोटो सो मंदिर बणाऊग।।
घी को दीपक लगाऊग,
ओ श्याम छोटो सो मंदिर बणाऊंगा।।[10]

निमाड़ में कृष्ण की भक्ति से संबंधित गीतों की प्रचुरता है। कृष्ण बड़े ही विचित्र चरित्र के हैं। वे कभी माँ का दूध पीते-पीते पूतना जैसी राक्षसी का वध कर देतें हैं। कभी ग्वालों के साथ खेलते-खेलते भयंकर कालिया-नाग को नाथ देते हैं। वे ग्वालों के साथ सखा हैं, गोवियों के रसिया हैं, हाथी जब दर्द में भयंकर रक्षा की गुहार करता है तो मगर से उसकी प्राण रक्षा करते हैं और मीरा जब विरह में व्याकुल होकर कान्हा-कान्हा कहती है, तो बँसी बजाते हुए मधुर-मधुर मुस्काते हुए आ विराजते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री पदमलालजी गोयल, खरगोन
2. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री पदमलालजी गोयल, खरगोन
3 प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री पदमलालजी गोयल, खरगोन
4. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री पदमलालजी गोयल, खरगोन
5. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री श्यामलालजी उपाध्याय, चन्दावड़
6. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती नर्मदाबाई, ग्राम-मोरगढ़ी
7. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती नर्मदाबाई, ग्राम-मोरगढ़ी
8. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी
9. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी
10. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्रीमती लता सोलंकी, बड़वानी

****

श्री हरीश निगम द्वारा मालवी कविता का स्वतंत्र मूल्यांकन

डॉ. शैफाली मलिक *

प्रस्तावना – स्वर्गीय श्री हरीश निगम जी ने मालवी भाषा के साहित्य को मंच से उभार कर उसे अक्षरों में परिवर्तित करने का सर्वोच्च कार्य किया है। आधुनिक मालवी कविता के इतिहास मे हरीश निगम एक मील के पत्थर माने जाते हैं। यह यथार्थ है कि हरीश निगम ने जो कुछ रचता है वह अद्धितीय है। मालवी के नवीन प्रयोगों के वह 'प्रथम कवि' हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में संवादमय अभिव्यक्ति दी है। उनके काव्य में अपने समय की सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक परिवेश की झलक दिखती है।

आधुनिक मालवी कविता का आरंभ डॉ. चिन्तामणी उपाध्याय सुखराज रचित 'ललिता देवी का विवाह' और 'रूकमणी मंगल से' माना जाता है। इस काल के प्रमुख रचनाकार हरीश निगम, मदनमोहन व्यास, नरहरि पटेल, बाल कवि बैरागी, जगन्नाथ विश्व आदि ने अपनी मालवी रचनाओं से जन मानस के पटल पर गहरी छाप छोड़ी है।

हरीश निगम मालवी कविता के लगभग प्रारंभ से अद्यतन युग तक के कवि रहे हैं। मालवी लोक साहित्य की प्रत्येक विधा के परिवर्तन के उतार-चढ़ाव के निगम साक्षी है। निगम मूलत: कवि है परन्तु उनकी कलम गद्य पर भी पर्याप्त चली है। इनके गीतों में सामायिक जीवन जी झनकार सुनाई देती है। साथ ही शाश्वत आँसू के हास-भाव भी नजर आते हैं। श्री निगम बहुआयामी प्रतिभा से पूर्ण व्यक्ति थे। उनकी रचनाओं से हमें विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

हरीशजी के काव्य की प्रमुख भाषा मालवी है जिसका सशक्त प्रयोग उन्होंने अपनी रचनाओं में किया है। सीमित शब्दों में बहुत कुछ कहने की सामर्थ्य रखते थे जैसे –

'धरती ने चन्द्रमा पे पालकी उतारी
आँसुडा से आँख धोवे चाँदनी बिचारी।'

आजीवन पतझड़ को झेलने वाले हरीश निगम के जीवन का अधिकांश हिस्सा आर्थिक अभावों में ही गुजरा। आदमी और जिंदगी को एक-दूसरे के पूरक मानते हुए कहते हैं कि –

'कल्पना जगत में घूमकर देखा तो यह देखा
जिंदगी एक प्रष्न और मौत उसका जवाब है।'

जीवन को नदी के समान सतत प्रवाह बानने वाले कवि निगम अंतिम साँस तक जीवन में व्यस्त रहे। अपने जीवन के रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ काव्य के प्रति भी अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए काव्य की परिभाषा दी है – 'काव्य लोगों का, लोगों के लिए व लोगों की भाषा में लिखा गया, लोगों के ही सुख-दुख व भावनाओं का अक्स होता है जिसे वह साहित्य रूपी दर्पण में देखकर भावनात्मक रूप में उससे जुड़ता है।'
इसी दृष्टि को केन्द्र में रख कर हरीशजी ने लिखा है –

'केवल नाट्य ही कवि का कर्म होना चाहिए
उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।'

वर्तमान माहौल को देखकर प्रतीत होता है कि कवि अपने उद्देश्य से भटक रहे हैं। निगमजी का मानना था कि कवि का काव्य काल्पनिक नहीं बल्कि वास्तविकता से संबंधित होना चाहिए। निगमजी का सम्पूर्ण साहित्य मानवीय चेतना का उद्गार है। उनके काव्य में कलम कसाई बनकर नहीं चली, बल्कि देश भक्ति, रीति-रिवाज, प्राचीन अमूल्य संस्कृति, गरीबी, गाँव की चहल कदमी आदि के दर्शन होते हैं।

'जिनकी चिंता म्हारो मनवो, सुबे शाम करतो थो
जिनका मन में भाव अनूठा, हिरदा से भरती थो।'

उनका मन में म्हारा वस्ते काली बदली छाई से

'बखत बावली आइ रे।'

हरीश निगम एक व्यक्तित्व नहीं है यद्यपि एक संस्था है। साथ ही लाखों-करोड़ों दिल्लों में बसने वाली भावनाओं के जादूगर है। उनकी कविताओं का जादू मालीपुरा से लेकर लाल-किले से होता हुआ नेपाल तक फैल चुका है उन्होंने लगभग 500 कविताएं लिखी हैं। जिसमें कुछ तो संग्रहित रूप से प्रकाषित एवं अप्रकाषित हैं।

'कुसुम-कुंज' में ये स्वर साधक, युगद्दष्टा श्रम, विकास-योजना और परिवर्तन के गीत गाते हैं –

'सागर बांध्यों, सरिता बांधो, खाल खोदरा बांधों रे
परवत तोड़ो हिम्मत जोडो टूटा मन के साधो रे।'

मालवी के गौरव को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत करने के लिए समुदाय को भावनात्मक गति प्रदान की है। 'हरियालो आंचल' के माध्यम से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की तीर्थ यात्रा करवा देते हैं –

'दिल्ली तो देखीली राणी म्हारा सांते चाल वो
भारत माता का हिरदा मे जड़यो रतन सो मालवो।'

मालवा की मनोहारी कविताएं अपना स्वतंत्र स्थान रखती है। उनकी काव्य-कृति, 'हरियाली-आंचल' को मालवा की 'प्रथम पर्यटन पुस्तक' मानी जा सकती है।

'हिरना-सांवली' काव्य संग्रह में हरीशजी के रचना वैभव एवं कवित कौषल का सफल रूप प्रस्तुत हुआ है।' मालवा का मौसम, त्यौहार, लोक परम्परा आदि संस्कारों से पली बड़ी हिरना सांवली विरह ताप में श्यामल हो जाती है और अपना नाम सार्थक करती है। प्रकृति का मानवीकरण उनकी रचनाओं में यत्र-तत्र दिखाई देता है –

'सूखा के सांतें लड़के भागीग्यो दूर उन्हालो
लीलो साफो पेरी के लो आइग्यो सुझर सियालो।'

निगमजी की कविताओं में ग्रामीण अंचल जन-जीवन के गीतों का भी समागम है।

* B-603, स्काई हाईटस, नवलखा स्क्वायर, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सच्ची कविता वही है जो वक्त के बंधनों में बंधकर भी उससे मुक्त होने की क्षमता रखती है। निगमजी मालवी के प्रतिनिधि कवि है उनकी कविताओं में समय बीतने के बाद भी उनका मर्म बचा हुआ है, उनकी प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है।

'पेलां साहब मिसरा था, लम्बा चौड़ा थिसरा था।
सुबाव उनको जालम है, आपने कई नी मालम है।'

निगम ने 'अपरंच' की पातियां एंव कविताएं लोक सौन्दर्य शास्त्र के अनुरूप काव्य-रूढ़ियों के समर्थ उपयोगिता का साक्ष्य देती है।

90 का शतक आते-आते मालवी एवं उपबोलियों के गद्य और निबंधों में विभिन्न विषयों का समावेष हुआ। नईदुनिया के 'थोड़ी-धणी' स्तंभ में कवि हरीश निगम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अक्सर चर्चा हुई है। निगम ने कई रचनाओं का मालवी अनुवाद किया है जैसे -

1. 'स्वप्न वासव दत्ता' का 'सपना में रानी' नामक शीर्षक में
2. 'मृच्छकटिकम' का 'गारा की गाड़ी' में
3. 'रामचरितमानस' का 'लोकमानस राम' में।
4. राजा भर्तृहरि पर केन्द्रित नाटक का मालवी लोक शैली में।
5. प्रौढ़ शिक्षा पर लिखी गई चार पुस्तकों का मालवीय अनुवाद।

हरीश निगम एक कवि ही नहीं थे बल्कि एक संपादक भी थे उन्होंने भिन्न पत्र-पत्रिकाओं का संपादन किया - खिलते फूल, सांदीपनि, सांझी, संत समागम, कालिदास, पग-पग नीर आदि। साथ ही पूंजी, लोक साहित्य के आयाम, नानी की कहानी, लोकमानस राम, निर्गुणी लोक गीतों का संग्रह नामक पुस्तकों का भी संपादन किया है।

फिल्म डिविजन आफ इण्डिया ने निगम की रचना 'हरियालो आंचल' पर वृत्त चित्र 'मालवा' शीर्षक से 1963 में बनाया।

इस तरह अन्य कई क्षेत्रों में उन्होंने अपना परचम फहराया है। वह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था नजर आते है। उन्हें अनेकों सम्मान में नवाजा गया है। मालवी भाषा और उसके साहित्य में आपका विशिष्ट स्थान रखने वाले हरीश निगम सम्पूर्ण मालवा क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। अपनी अथक साधना से उन्होंने मालवा को ही नहीं बल्कि भारत देश को भी गौरवान्वित किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिरना सांवली - हरीश निगम, निकुंज प्रकाशन, उज्जैन, 1982।
2. हरियालो आंचल - हरीश निगम, निकुंज प्रकाशन, उज्जैन, 1961।
3. कुसुम कुंज - हरीश निगम, निकुंज प्रकाशन, उज्जैन, 1958।
4. अपरंच - हरीश निगम, मध्यप्रदेश लेकख संघ, 2002।
5. लोक संस्कृति के आयाम संपादक - हरीश निगम, कालीदास प्रकाशन, उज्जैन, 1982।

****

श्रावण माह में गाये जाने वाले निमाड़ी लोकगीत

डॉ. सीमा गाड़गे *

प्रस्तावना – प्रेम के उद्दीपन में प्रकृति का बड़ा की महत्वपूर्ण स्थान है। प्रकृति न सिर्फ उद्दीपन रूप में बल्कि आलम्बन के रूप में भी प्रेमी हृदयों को आन्दोलित करती है। अन्य विविधताओं की तरह भारतवर्ष ऋतुओं की विविधताओं का देश है। यहाँ प्रकृति प्रतिपल नवल श्रृँगार करती है। बदलते हुए वातावरण के साथ प्राकृतिक सौन्दर्य के उपादान बदलते रहते हैं। महाकवि वाल्मीकि से लेकर वर्तमान काव्य तक में भारत के प्राकृतिक परिवेश का बड़ा ही मोहक और मादक वर्णन मिलता है।

प्रकृति की गोद में पला लोकजीवन तो प्रकृति के प्रतिपल परिवतर्तित नूतन साज– श्रृँगार को न सिर्फ देखता है, महसूस करता है बल्कि उसके साथ हर–क्षण तादात्म्य ही रखता है। इसलिए लोक–गीतों में ऋतुओं के अनुसार उड़ते मनोभावों का ब़ा ही सुन्दर और सजीव वर्णन मिलता है।[1]

मानव और प्रकृति का घनिष्ठ सम्बन्ध उसके जन्म से है। मानव ने अपने जीवन की प्रारम्भिक अवस्था में प्रकृति के महत्व को भलीभाँति पहचान लियार था। प्रकृति अनन्य भक्त हो गया और उसे विभिन्न रूप में पूजता आया है। विश्व के समस्त धर्मो में प्रकृति को ही ईश्वर रूप मानकर उसकी आराधना करने का विधान है।

निमाड़ में भी प्रकृति–पूजन की व्यवस्था है जिसे धार्मिक रूप दिया गया है। विभिन्न पर्वो, उत्सवों और धार्मिक कार्यक्रमों में में प्रकृति और उसके उपादानों को अत्याधिक महत्व दिया जाता है। महिलाएँ कृषि उत्पादन, विभिन्न पर्व, व्रत, उपवास इत्यादि के अवसरों पर प्रकृति के उपादान पशु– पक्षी, वृक्ष, नदी, तालाब आदि की पूजा करती हैं और तत्संबंधी लोकगीतों को गाती हैं। आम, जामुन, पीपल, बड़, नीम, नींबू, केला आदि के वृक्षों का धार्मिक कार्यो में विशेष महत्व है। इनकी पत्तियाँ, लकड़ी फल, फूल इत्यादि को विभिन्न धार्मिक कार्यो में समय–समय पर उपयोग में लिया जाता है। पुष्प प्रदान करने वाले पौधों में गुलाब, कमल, गेंदा, मोगरा, रजनीगंधा, चमेली आदि का भी पूजन की दृष्टि से बड़ा महत्व है। सूर्य, चंद्र, तारे, ग्रह, नक्षत्र, आकाश, पृथ्वी, नदी तालाब, कुआँ आदि को भी प्रकृति–पूजा में महत्व दिया गया है। इन प्रकृति–पर्यावरण के उपादानों के लोकगीत निमाड़ में मिलते हैं। जिन्हें स्त्री–पुरूष समान रूप से धार्मिक पर्व के समय महत्व देते हैं। स्त्रियाँ, होली, दीपावली, रक्षाबंधन, गणगौर, संजा, श्रावण माह के विभिन्न व्रत, उत्सव, संजा, श्रावण माह के विभिन्न व्रत, उत्सव, सोमवती अमावस्या कथा, यज्ञ, हवन इत्यादि के समय वृक्षों की परिक्रमा, पुष्प–पूत्ती का प्रयोग, यज्ञ अग्नि के लिए लकड़ी का प्रयोग करती हैं और तत्सम्बन्धी गीत गाती हैं।

सामाजिक उत्सवों यथा विविध संस्कारों जन्म, विवाह, नामकरण इत्यादि में भी पर्यावरण प्रकृति का महत्व है। इन अवसरों पर भी स्त्रियों द्वारा गाए जाने वाले लोकगीतों में प्रकृति का महत्व प्रकट होता है। यहाँ कतिपय निमाड़ लोकगीत बिना किसी भूमिका के प्रस्तुत हैं।

'ऋतु वर्णन' कवियों को सदैव प्रिय रहा है। हिन्दी भाषा के प्राचीन कवियों में एक भी ऐसा कवि नहीं हैं, जिसने ऋतु वर्णन के बिना अपना काव्य पूर्ण अनुभव किया हो। ऋतु संबंधी कुछ गीत निमाड़ी भाषा में भी हैं, जिनकी अज्ञात लोक कवियों ने बहुत ही सुन्दरता से काव्य रूप में रचना की है।

सावन के लोकगीत – सावन का महीना वर्षा ऋतु के चरम उत्कर्ष का महीना है। सावन में प्रकृति की छटा किसी नवोढ़ा मुग्धा नायिका से कम नहीं खिलती। घुमड़–घुमड़ कर आते काले कजरारे मेघ, सीरी सीरी पुरवइया झर–झर झरती फहारों से नहाये–धोये पेड़ पौधों के चिकने पात ओरों चारों ओर छाई हरियाली लगता है जैसे धरती के दिल का प्यार उमड़ पड़ रहा है। मिट्टी, पत्थर, पेड़–पौधे (निर्जीव–सजीव) सबके सब जैसे प्यार में सराबोर हैं। फिर मानव के प्रेम–पगे हृदय की तो बात की क्या है जो इतने संवेदनों के बाद शान्त रह सके।

बरखा बहार का पूरा–पूरा आनन्द लेने के लिए गोरियाँ अम्बुआ की डार पर रेशम का झूला डालती उस पर पटली लगाती है। झूले की रस्सी में और लम्बी रस्सा बाँधी जाती है जिससे दूसरी सखियाँ झूले को झूटे (आलोड़न) दे सकें। मतवारे छैल–छबीले नौजवान यूँ ही झूले पर चढ़ जाते हैं और लम्बी–लम्बी पींगे बढ़ाने लगते हैं।

बागों में कूकती कोयलिया की सुओं–सुओं और पपिहे की पीऊ–पीऊ की प्रेम–पुकार के मध्य झूले। हरियाली तीजे सावन मास का अनूठा पर्व हैं। आषाढ़ महीने में शुरू हुई बरखा की फुहारों से धरती का हरा भरा होना शुरू हो जाता है और हरियाली तीजे आते–आते समूची प्रकृति धानी चूनर ओढ़ लेती है। तीजों के दिन झूला–झूलने के लिए साज–श्रृंगार करके गाँव भर की लड़कियाँ बाग में इकट्ठी होती हैं।[2]

गोरी महीनो सावण का।
मनसूबा सब सहेलिन का,
झूला नाखूँ रे सयना।
पिया संग झूलूं मेरी जान।
साजनी तिसरी महिनी।
गोरी महिनो भादो ना।
पूर चढ़यो सब नादियन–मऽ।
म्हारा पिया की खबरा पूछूँ।
यह बैरन भई रस्ता–मऽ।
साजनी को चौथे महिना।
गौरी महिनो कुवांर ना।
धान पक्या सब जमिदन ना।
मोरी जान काल–घर कमंती।

* पूर्व सहायक प्राध्यापक, आर पी एल माहेश्वरी कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

सरद गई कलगी पाणी-मऽ।
चमक रही बिजली बादल मऽ।[3]

इस गीत में नायिका सावन तथा वर्षा के महिने में होने वाले कष्ट का वर्णन करती है तथा अपनी पीड़ा अपनी सखियों को बताती हैं।

सावन के मनभावन मास के आगमन होते ही गाँव-गाँव में वृक्षों की शाखाओं से झूले बाँध दिये जाते हैं और झूलों के झोंटे के साथ ही मधुर गीत गाये जाते है। कहीं कजली कहीं विरहा और कहीं नव दम्पति के स्नेह से पूर्ण गीत श्रोताओं के हृदय को आनन्दित कर देते हैं।

सावन में नव-वधू अपने मायके जाकर झूला झूलने का आनन्द लेती है अत: एक गीत में कोई बहन नीम के वृक्ष में निबौरी (फूल) को देखकर सावन के आगमन का अनुमान कर अपने पीहर जाकर भाइयों से मिलने के लिए उतावली हो जाती है। वह कहते है बड़े भैया! सावन का महीना आ गया, तुम्हेकं कैसे नींद आ रही है? तुम्हारी छोटी बहन अपनी ससुराल में झूर (सूख) रही है और तुम निश्चिन्त होकर सो रहे हो? इस पर भाई उत्तर देती है, 'बहन! मैं तुम्हें झूरने नहीं दूँगा। आकर माये ले आऊँगा।'[3]

लीम-मऽ लियो लई लागी, सरावण महीनो आयो जी।
मारा हो मीठा भाई, तुम-खऽ नींद कसी आवऽ जी।।1।।
थारी तो छोठी बहिण, सासरा मऽ झूर जी।
झूर ते-खऽ झुरवा देओ, हम नी झुरवा देवीजी।।2।।[4]

इस गीत में भाई और बहन का प्रेम कितना अकृत्रिम तथा स्वाभाविक है। एक अन्य गीत में भाइयों द्वारा अपनी बहन के लिए अनेक प्रान्तों से वस्त्र, आभूषण आदि सामग्री लाने का उल्लेख पाया जाता है।

सावन को महिनो पाणी बाबो कर जोर।
आरे घर का रे भितड़ा पड़ गया न घुसी गया चोर।
नही मिलयो चांदी न नही मिल्यों सोनो।
पितल को बड़ी गयो बड़ा रे भाव।
अरे कुम्हार घर का माटला कई फोटीमत जाजो।
आरे घर का भितड़ा पड़ी गया न घुसी गया चोर
साव ना मिल धाइकी न नई मिल धन्धों,
बालक न का पेट कसा भरा पानी बाबा,
सावण को महिनो पाणी बाबो कर जारे,
घर का रे भितड़ा पड़ी गया न घुसी गया चोर।[5]

इस गीत में जब सावन का महिना आता है तो पानी काफी जोरों से गिरता है जिसके कारण घर की मिट्टी की बनी सारी दीवारें टूट गई हैं। जिसके कारण घर में चोर घुस गये हैं लेकिन घर में चोरों को कुछ भी नहीं मिलता है। इस निमाड़ की गरीबी को भी दिखाया गया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोकगीत और भारतीय संस्कृति की झलक : लीलावती बंसत : पृष्ठ 219
2. लोकगीत और भारतीय संस्कृति की झलक : लीलावती बंसल : पृष्ठ 220
3. निमाड़ और उसका साहित्य : डॉ. कृष्णलाल हंस : पृष्ठ 422
4. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री रामेश्वरजी भालसे, ग्राम-वरूड़ टांडा (खरगोन)
5. प्रत्यक्ष भेंटवार्ता : श्री रामेश्वरजी भालसे, ग्राम-वरूड़ टांडा (खरगोन)

****

Inclusive Growth & Economic Change

Dr. Bhavana Nahar *

Abstract - Improving global growth prospects are likely to provide some impetus to the domestic growth. However, with an increasing wave of de-globalisation, it is not clear as to what extent exports from India and investment flows to India can be boosted by the brighter global growth outlook. The Government of India has focused on providing an increasingly investor-friendly policy environment, guided by the principles of facilitation, transparency and responsiveness. Improving global growth prospects are likely to provide some impetus to the domestic growth. This paper elaborates the need to build Inclusive India and emphasizes why it is imperative to focus on inclusive growth now. It also highlights some of the reasons why efforts to build an Inclusive India in the past have had only limited success and what can be done better in the future so that inclusive growth is realized.

Introduction - The Indian economy, which has over the last six decades passed through various phases of growth, is now all set to enter an altogether different orbit: one marked by a high rate of expansion, combined with 'inclusive growth.' Inclusive economic growth focus of current economic policies and planning. India registered a robust growth of 7.1 percent in 2016-17, despite the demonetisation high denomination currencies that is expected to bring about substantive medium to long-term economic benefits.

However, with an increasing wave of de-globalisation, it is not clear as to what extent exports from India and investment flows to India can be boosted by the brighter global growth outlook. Rapid and sustained poverty reduction requires inclusive growth that allows people to contribute to and benefit from economic growth. The inclusive growth approach takes a longer term perspective as the focus is on productive rather than on direct income redistribution, as a means of increasing incomes for excluded groups.

Need Of Inclusive Growth - Inclusive growth is necessary for sustainable development and equitable distribution of wealth and prosperity. Since independence, significant improvement in India's economic and social development made the nation to grow strongly in the 21stcentury .Improving global growth prospects are likely to provide some impetus to the domestic growth. However, with an increasing wave of de-globalisation, it is not clear as to what extent exports from India and investment flows to India can be boosted by the brighter global growth outlook. India is the 7th largest country by area. Yet, India is far away from the development of the neighborhood nation, i.e., China. The exclusion in terms of low agriculture growth, low quality employment growth, low human development, rural-urban divides, gender and socialite qualities, and regional disparities etc. are the problems for the nation. Reducing of poverty and other disparities and rising of economic growth are the key objectives of the nation through inclusive growth.Achievement of 9% of GDP growth for country as a whole is one of the boosting factor which gives the importance to the Inclusive growth in India.

Elements Of Inclusive Growth

1. Poverty Reduction
2. Employment generation and Increase in quantity & quality of employment.
3. Agriculture Development
4. Industrial Development
5. Social Sector Development
6. Reduction in regional disparities
7. Protecting the environment.
8. Equal distribution of income

Improved Macro-Economic Stability - During the last three years, macroeconomic stability in India improved in terms of the following:

1. The fiscal situation of India has become comfortable, with fiscal deficit as a ratio of GDP steadily declining from 4.5 per cent in 2013-14. Fiscal deficit of the Government of India as a ratio of GDP was 4.1 per cent in 2014-15, 3.9 per cent in 2015-16 and 3.5 per cent for 2016-17 (Revised Estimate). The fiscal deficit is budgeted to be 3.2 per cent of GDP in 2017-18.
2. The decisive steps taken by the government helped the economy to get out from inflationary spiral to relatively stable prices. Headline inflation based on Consumer Price Index (Combined) averaged 5.9 per cent and 4.9 per cent in 2014-15 and 2015-16 respectively as compared to 9.5 per cent in 2013-14. CPI inflation for 2016-17 (provisional) averaged 4.5 per-cent

Inclusive Growth In India - Inclusive growth is a major priority for the GoI, in particular improving the condition of the rural poor, and providing them access to basic

*Asst. Professor (Commerce) Shri Jain Diwakar College, Indore (M.P.) INDIA

infrastructure and employment. To this end, the GoI is undertaking a number of measures with the aim of bringing 100 million households out of poverty by 2019. For this, schemes are in place for building houses, improving road connectivity, providing access to digital services, and providing employment.

Industrial Zone - India is tenth in the world in factory output. Manufacturing sector in addition to mining, quarrying, electricity and gas together account for 27.6% of the GDP and employment 17% of the total workforce. In recent years, Indian cities have continued to liberalise, but excessive and burdensome business regulations remain a problem in some cities, like Kochi and Kolkata. It has since handled the change by squeezing costs, revamping management, focusing on designing new products and relying on low labour costs and technology.

Services - India is fifteenth in services output. Service industry employ English-speaking Indian workers on the supply side and on the demand side, has increased demand from foreign consumers interested in India's service exports or those looking to outsource their operations. India's IT industry, despite contributing significantly to its balance of payments, accounts for only about 1% of the total GDP or 1/50th of the total services.

Conclusion - India seems to be improving its economic growth. The growth rate of GSDP in the last few years has been 7 to 8% per annum. There is a need to have a broad based and inclusive growth to benefit all sections of the society. We have discussed challenges in most important elements of inclusive growth: agriculture, poverty and employment, social sector and, regional. There are strong social, economic and political reasons for achieving broader and inclusive growth. Socially, lack of inclusive growth leads to unrest among many people. Nonetheless, it should be possible to draw some general conclusions regarding the major sources of pro-poor growth.

References :-

1. Barro, R. 2000: "Inequality and Growth in a Panel of Countries." Journal of Economic Growth5
2. Commission on Growth and Development (2008) : Growth Report: Strategies for Sustained Growth and Inclusive Development , the World Bank.
3. Dev, S.Mahendra (2006), "Inclusive Growth in India: Performance, Issues and Challenges", First Dr. P.R. Dubashi Lecture,2006 , Gokhale Institute of Politics and Economics, November 29, 2007
4. Mehta, A., Shepherd, A., Bide, S., Shah, A. and Kumar, A. (2011) India Chronic Poverty Report: Towards solutions and new compacts in a dynamic context. New Delhi: Indian Institute of Public Administration/CPRC.
5. Loayza, N. and Raddatz, C. (2010) 'The composition of growth matters for poverty reduction', Journal of Development Economics 93: 137-151.
6. Nayyar, Deepak (2006), " Economic growth in Independent India: Lumbering Elephant or Running Tiger?, Economic and Political Weeky, April 15, 2006
7. Panda, M. (2013), "Macroeconomic Overview: The Growth Story", in Dev, S. Mahendra (ed.2013), India Development Report 2012-13, Oxford University Press, New Delhi
8. Panagariya, Arvind (2004): 'Growth and Reforms during 1980s and 1990s', Economic and Political Weekly, Vol 39, No 25, pp 2581-94.

****

Impact Of Organized Retailers On Unorganized Retailers - A Study

Milind Bapna * **Dr. Deepa Joshi** **

Abstract - In this era of Retailing, service sector is playing an incredible role in global business especially Indian retail, it is occupying central position. In this retail boom, employment opportunities has abnormally increased and globalization, localization and retailing prospects are rising. Because of this, organized retailers opened their malls in towns and villages. For research purpose the city of Indore was selected as it covers both organized and unorganized retail. The research intention is to know the impact of organized retailers on unorganized retailers. For this study, a questionnaire is prepared and adopted simple random sampling method, the sample size is 200. The frequency and cross tabs statistical tool is used for analysis. The major finding is that there is a significant impact of organized retailers on unorganized retailers. The major recommendation is that Government should protect small shops and developed backend infrastructure for unorganized retailers. All stake holders give safety net to these kinds of shops
Keywords: Retailing, Organized retailers, unorganized retailers.

Introduction - Now Retailing has created an urban sprawl and a rootless middle- class, conversely globalization hails also uprooted rural communities on its extending margins, coaxing them into petty and large service traders. Retailing has warmed its way into the cities not just through malls and coffee cafes or multiplexes. Due to changes in global matrix of economy, retailing is at its boom, dazzling malls setup and markets adopted this colorful business. Due to retail market job creation is very huge in many parts of the world particularly in India. In break-neck competition retail system is the most important factor for job statistics. India is now becoming a hub for service industry and manufacturing setups and also Government is giving top priority to this sector for employment. India is entering into rectangle and triangle relations, new trade areas and global business leaders eyeing on Indian market especially in retail sector. According to Mr Thomas Verghees, chairman CII'S, the Indian retail sector is estimated to be worth about $ 500 billion. In Indian market, organized retailers are spreading and occupied central position in economy. Organized retailers has opened new era, now capitalism, socialism and communalism are disappeared and liberalization, privatization, globalization, finanicalization, culturalization and localization are rising and creating good romance in retailing sector. Researchers says the Indian retail market is estimated to grow from the current US $330 billion to US$ 427 billion by 2010 and US$ 627 billion by 2015. It will contribute 10 per cent over GDP and it is the largest sector for employment after agriculture. Retail market is very frenzy and niche.

Importance of R's (Retail) - In India before 2004, moms and pops struggled for Rs 4,000 a month, now mom is at home and enjoying LED and pop is ready to travel more than three hours for shopping and son is a driving ADI car and making commission more than 5 lakhs in a month. This is the power of retailing sector. R is creating wonders, opened new ways, new bedrocks dazzling markets and breakthrough innovation. Retail philosophy is Right-product, Right-person, Right-place, Right-time, Right-price and Right-service. Retailers are providing array products and services in changed scenario. The major function of the retail is low price and high value and enjoyment.

What is retail, the sales of goods and services in small quantities directly to the consumers. Who are retailers, a company or an organization that purchases products from individuals or companies with the intent to resell those goods and services to the ultimate or final consumer. Retailers are at the end of the supply chain.

Classification of retailing :

1. Departmental stores
2. Shopping malls
3. Hyper markets
4. Super markets
5. Franchise
6. Retail chains.

Share of organized and unorganized retailer in Indian market - The Indian retail industry is divide into two one is organized and second one is unorganized. Organized retailers means those who are licensed and registered for commercial tax and income tax and unorganized retailers

* ILVA Commerce & Science College, Indore (M.P.) INDIA
** Shri Vaishnav Institute of Management, Indore (M.P.) INDIA

means traditional formats for example mom and pop shops, small grocery shops, general stores etc. In 2004 organized retail is 3 percent, unorganized retail is 91 per cent. In 2010 organized retail is 9 per cent and unorganized retail is 91 per cent. Organized retail sector mainly covers grocery, apparels and ready to eat food. Impact of scratch card generation, organized retail sector percentage is increasing i.e. 9 per cent.

Change the paradigms of retailing in India due to entry of organized malls. Indian unorganized retail system has rich history. India has been called nation of shopkeepers, it is open secret and known to everyone at the world level. Huge number of retailers, which totaled over 12 million players and nearly 90 per cent, is small family business. It is unorganized, un-networked and individually very small. Shops have 500 sq ft or less and limited stock. The small shops offered 50-100 items. The unorganized retail arena is very different and opportunities and services are incredible. This business is not new for us, it is in our blood in terms of shop and shopkeepers.

All over India organized retailers outlets are spreading like anything in metros, mini metros, urban, semi urban, rural and even in remotest and unbanked villages also. So unorganized retail outlook is dire and unorganized retailers are on the edge of crisis. Organized retailers are riding on unorganized retailers in un ethical way. Basically unorganized retail business is family based. Hyper markets, super markets, convenience stores, specialty stores bombard the consumers mind and consumers are in enigma stage. At the same time unorganized retailers are in confusion and they don't know what to do.

Objectives of the Study :

1. To study the awareness of organized retailers among unorganized retailers.
2. To analyze the advantageous and disadvantageous of organized retailing sector.
3. To know the interest of unorganized retailers about on organized retailers.
4. To offer suggestions to improve the unorganized retailers.

Hypothesis - There is awareness among the unorganized retailers about organized retailers. There is
a significant influence on unorganized retailers.

Methodology - This study is descriptive and analytical. Both primary data and secondary data used in this study. Primary data collected from the unorganized retailers (Kirana, pan, beedi, vegetable vendors and fruit vendors). Own administered questionnaire was prepared and issued to unorganized retailers for the purpose of collecting primary data. With the help of SPSS (Statistical Package for Social Sciences) analyze the data.

Sampling Design - The present study covers the unorganized retailers in Indore. The researcher adopted simple random sampling method for selecting the sample 200 for study. For the analysis purpose, I used frequency and bar charts statistical tools.

Analysis and Interpretation
Frequency Analysis:
Frequency Tables

Table 1

	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Valid Yes	182	91.0	91.0	91.0
No	18	9.0	9.0	9.0
Total	200	100.0	100.0	

Source: Primary Data

Table 1 shows 182 unorganized retailers have awareness out of 200 and 91.0 per cent have awareness on organized retails.

Table 2

	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Valid Yes	182	91.0	91.0	91.0
No	18	9.0	9.0	9.0
Total	200	100.0	100.0	

Table 2 shows 182 unorganized retailers have well known about big organized retailers out of 200 and 91.0 per cent well known about big retailers.

Table 3

	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Valid Yes	123	61.5	61.5	61.5
No	77	38.5	38.5	100
Total	2000	100.0	100.0	

Source: Primary Data

Table 3 shows 123 unorganized retailer noticed advantages of organized retailers and 61.5 per cent have noticed regarding advantageous of organized retailers.

Table 4

	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Valid Yes	185	92.5	92.5	92.5
No	15	7.5	7.5	100
Total	200	100.0	100.0	

Source: Primary data

Table 4 Shows 185 unorganized retailers noticed disadvantageous of organized retailers and 92.5 per cent noticed disadvantageous of organized retailers.

Table 5

	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Valid Yes	25	12.5	12.5	12.5
No	175	87.5	87.5	100
Total	200	100.0	100.0	

Source: Primary Data

Table 5 shows 175 unorganized retailers do not want welcome the organized retailers and 87.5 per cent opposed the organized retailers

Table 6

	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Valid Yes	25	12.5	12.5	12.5
No	175	87.5	87.5	100
Total	200	100.0	100.0	

Source: Primary Data

Table 6 shows 175 unorganized retailers do not want joined n the hands of organized retailers and 87.5 per cent opposed the organized retailers.

Respondents are well awareness about the retailing sector, organized retailers and their marketing practices. Hence, the research study hypothesis is correct.

Implication of the Study - This research can be useful for unorganized retailers. This research will help various unorganized retailers for their business position and to strengthen unorganized retailers.

Suggestions - "Retailers need to target customer with the right deal at the right time".

1. A comprehensive strategy is needed to enhance unorganized retailers.
2. Government should facilitate without disturbing the existing unorganized retailing and small retailers.
3. Big retail malls created newer type of retail i.e. Neighborhood markets so need to control them.
4. Small and unorganized retailers unable to understand government polices so government should educate and create awareness among the unorganized retailers.
5. Retailers should focus on Affinity. It is very important in globalized market and also focus on local culture and local customer and understands their need.
6. To develop back-end infrastructure
7. The emerging exploitative unorganized retailer's community in India should aware of organized retailers.
8. Need to build value chain.
9. To adopt ITK (Indigenous Technical Knowledge)
10. Younger generation should understand implications of Government policies and organized retailer's practices.
11. To formulate unorganized retailers centric policies.
12. Many traditional retailers not adopt new marketing strategies and tools. Should pay attention on them.

Conclusion - Retailing sector is a Niche market. In emerging economic, unorganized retailers are the worst strugglers and facing different conflicts ,governments should boost up the unorganized retailers. Unorganized retailers are also major contributors to the economy so government should take care of both category of retailers. the development of organized retail and unorganized retail is the necessity for India. Growth rate is also an important factor to considerl. This growth is jobless and it is not inclusive growth. and no impact of Aamm Admi. Need re-look on unorganized retailers. In India, very shortly may be raised "occupy organized retail" like OWS (occupy Wall Street), we are 99, you are 1, we are going to be replaced this with the slogan of we are 91 and you are 9. Already signals are sending some of the state governments and some of the political parties now we want to protect the small and tiny shops.

References :-

Text Books:

1. Arun Kumar, N Meenakshi., 2002, Marketing Management, Vikas publishing House, New Delhi.
2. James R. Ogden Denise T. Ogden, Integrated Retail Management Indian Adaption, Published by Biztantra, New Delhi.
3. R.P.C.S. Rajaram., Consumer Protection and globalization, Volume No 1 issue 1 January 2010, SNMS Publishing House, Chennai.
4. Tapan K Pandan., 2007, Marketing management text and Cases, Excel Books, New Delhi.
5. Tapan K Pandan., 2007, marketing in the new global order, Excels book, New Delhi.
6. Kotler, Armostrong, 2005, Principals of Marketing Management, Person Education,New Delhi.
7. VS Ramaswamy, S Namakumari, Marketing Management , Macmillan India ltd, New Delhi.

Journals:

1. Marketing Master Mind June 2010
2. International journal of Marketing and Trade Policy, January 2010.
3. International journal of Marketing, January 2009 and May 2010.
4. Economic Political weekly August-September 2010.

Web references:

1. www.the.inforshop.com
2. www. ijrc.org.in.
3. www. thehindubusinessline.comtodays-paper/tp-marketing.
4. www.organised agri-food retailing in India, January 2011, NABARD, Mumbai, India,

FrequenciesStatistics

	Do YouHave Awareness on Organized Retailers	Do YouKnow TheBig Organized Retailers	Do YouKnow TheAdvanta-ges ofOrgan-ized Retailers	Do YouKnow TheDisadva-ntages Of Organized Retailers	Do YouWelcome TheOrganized RetailSector	Do YouWant Joinin the Hands Of Organized Retail Sector
N Valid	200	200	200	200	200	200
Missing	0	0	0	0	0	0

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

सरदार सरोवर परियोजना और जन आंदोलन

डॉ. प्रीतिबाला राठौर *

प्रस्तावना – आधुनिक भारत के निर्माण में अधोसंरचना विकास एक महत्वपूर्ण आयाम है साथ ही उतना ही महत्वपूर्ण आयाम वैचारिक आधुनिकीकरण भी है जिसकी फलश्रुति जन आंदोलनों के माध्यम से व्यक्त होती है। दोनों ही पक्ष संतुलित समांतर होकर भारत के विकास के दिशानिर्धारक होते हैं। बड़े बांध इस चर्चा की केंद्रीय विषयवस्तु होकर आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। बांधों को आधुनिक भारत की नींव ठीक ही कहा गया है।

प्राकृतिक संसाधनों के अधिकाधिक नियंत्रित और संतुलित उपयोग, जिसमें 'जल वितरण' और 'ऊर्जा उत्पादन' जैसे पहलू प्रमुख रहे, को लेकर नर्मदा बेसिन में योजना की शुरुआत 1946 में ही हो चुकी थी। प्रारंभिक अन्वेषण के उपरांत 5 अप्रैल 1961 में ही इसकी नींव प्रथम प्रधानमंत्री **स्व. श्री पंडित जवाहरलाल नेहरू** द्वारा रखी गयी। वर्तमान में लोकतंत्र के बहुआयामी प्रसार ने हर बात के मूल्यांकन आकलन की कसौटी जनता को अधिकाधिक हस्तांतरित की है। यही वजह रही कि सरदार सरोवर जैसी सकारात्मक, जन हितैषी परियोजनाओं को भी बार-बार लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ में विरोध कर बाधित किया गया। इस अध्ययन में सरदार सरोवर परियोजना और जन आंदोलन से उपजे संघर्ष और मतभेदों के विभिन्न पक्षों की अंतर्क्रिया को विश्लेषित किया गया है।

परियोजना विरोध के कारण – सरदार सरोवर परियोजना प्रारम्भ से ही विवादास्पद रही। वर्ष 1961 में शिलान्यास के साथ ही विवादों का भी प्रादुर्भाव हुआ। प्रारम्भ में बॉध की ऊँचाई 162 फीट थी। जिसे बढ़ाकर 500 फीट करने का प्रस्ताव लाया गया जिससे साझी राज्यों के बीच मतभेद उत्पन्न हुए। मध्यप्रदेश बांध की इतनी अधिक ऊँचाई से सहमत नहीं था। मतभेदों ने इतना तुल पकड़ा कि केन्द्र सरकार को मध्यस्तता करनी पड़ी और उसने अन्तर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम 1956 के अन्तर्गत न्यायाधिकरण (NWDT) का गठन किया। इस न्यायाधिकरण ने अपने अवार्ड में बांध की ऊँचाई 455 फीट निर्धारित की। बांध की ऊँचाई को लेकर राज्यों के बीच मतभेद 1993-94 तक बने रहे।

वास्तव में विवाद ऊँचाई के अतिरिक्त अन्य विभिन्न कारणों यथा-वृहद् मात्रा में विस्थापन, अनुचित पुनर्वास, पर्यावरणीय हानि, कृषि भूमि की डूब, भ्रष्टाचार आदि को आधार रख कर 80 के दशक से ही सामने आने लगे थे। वर्ष 1987 में निर्माण कार्य प्रारम्भ होते ही विवादों ने विरोध का रुप ले लिया। इन विरोधो ने 1987 में एक आंदोलन खडा कर दिया। जिसे '**नर्मदा बचाओ आंदोलन**' के नाम से जाना जाता हैं।

अध्ययन में निम्नलिखित कारण सामने आते हैं। जिनकी वजह से परियोजना का विरोध किया जा रहा हैं:-

1. परियोजना के विरोध का सबसे मुख्य कारण डूब प्रभावितों का पुनर्वास उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा। बांध विरोधियों का तो यहां तक मानना है, कि प्रभावितों का पुनर्वास असंभव हैं। उनके अनुसार पुनर्वास, पुनर्वास नीति के अनुसार नहीं किया जा रहा हैं। पुनर्वास स्थलों पर आवश्यक सुविधाओं की कमीं हैं। पुनर्वास स्थल विकसित न होने के कारण प्रभावित, पुनर्वास स्थलों पर नहीं जाते। जो प्रभावित पुनर्वास स्थलों पर रह रहे हैं। उन्हें भी महत्वपूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। पुनर्वास स्थलों पर विद्युत, जल, विद्यालय, दैनिक प्रयोग की आवश्यक वस्तुएँ तक उपलब्ध नहीं करवायी गई हैं। अनेक डूब प्रभावितों को उनके मूल गांव से कई किलोमीटर दुर पुनर्वास स्थल वितरित किया हैं तो कई विस्थापितों को कृषि भूमि पुनर्वास स्थल से इतनी दुर प्रदान की गई हैं, कि वे कृषि कार्य इस स्थान पर रह कर नहीं कर सकते। इस प्रकार कई मुलभूत आवश्यकताओं की कमियों की वजह से आंदोलन को और बढ़ावा मिला।
2. बांध निर्माण के विरोध का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारण पर्यावरणीय विनाश हैं। परियोजना की डूब में हजारों हेक्टेयर वन भूमि व उपजाऊ कृषि भूमि हैं। हजारों हेक्टेयर वन भूमि डूब जाने से इन वनों पर आश्रित वन्य जीवों व आदिवासी जन जातियों का विनाश हुआ हैं। करोडों रुपए मूल्य की लकड़ी व ओषधियॉ जलमग्न हो जायेगी। वनों के जल मग्न हो जाने से परिस्थितिकी में बदलाव स्वभाविक हैं। परियोजना का लगभग 90% जल ग्रहण क्षेत्र मध्यप्रदेश हैं जिस पर विकास कार्य नहीं किए गए। वनों के कटने व जल संग्रहण क्षेत्र के विकसित न होने से मिट्टी का कटाव अधिक होगा जिससे नदी में गाद भराव की मात्रा बढ़ जाएगी जो बांध के जीवनकाल जलाशय में जल की मात्रा दोनों को प्रभावित करेगी। अधिक गाद भराव से बांध की संरचना की सुरक्षा पर ही सवाल खडा होता है। वहीं जलाशय में जल की मात्रा से कमी आ जायेगी जिससे परियोजना के लाभों को प्राप्त करने का तो सवाल ही नहीं उत्पन्न होता।

इसके अतिरिक्त नदी के किनारों पर किए जाने वाले मछली पालन पर भी बुरा प्रभाव पडेगा। कई दुर्लभ प्रजाति की मछलियॉ की तो अभी ही विलुप्त हो चुकी हैं। गाद भराव के कारण किनारों पर मछली पकडना मुश्किल हो गया हैं। जिसका बुरा प्रभाव मछुवारों की आजीविका पर भी पडा है। परियोजना का निर्माण भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में किया गया हैं। नर्मदा घाटी में निर्मित विशालकाय बांधों की श्रृंखला भूकम्पों को बढावा देगी। इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है, कि यदि भूकम्प के कारण बांध की दीवार में रिसाव हो या दीवार ढह

* 6 बी. एन. रांझी जबलपुर (म.प्र.) भारत

जाए तो कितनी जान व माल की हानि संभावित हैं। परियोजना से होने वाली पर्यावरणीय क्षति की क्षतिपूर्ति कभी संभव नहीं हैं।

3. परियोजना के विरोध का कारण परियोजना के डिजाइन को लेकर भी हैं। अलोचकों का मानना हैं कि परियोजना का प्रारंभिक विश्लेषण ही गलत हैं। सन् 1979 में जारी न्यायाधिकरण का निर्णय अधुरे अध्ययनों पर आधारित हैं। न्यायाधिकरण द्वारा नर्मदा नदी में उपलब्ध जल की मात्रा का गलत अनुमान लगाया गया हैं। न्यायाधिकरण की गणना के अनुसार 75% निर्भरता पर उपलब्ध जल की मात्रा 28 मि. ए. फी. रहेगी जबकि एन. बी ए. का मानना हैं कि नर्मदा जल की उपलब्ध मात्रा 23 मि. ए. फी. ही रहेगी। इस प्रकार यदि आवश्यक जल की पूर्ति ही बांध के लिए न हो पाए तो बांध से होने वाले लाभ की मात्र कल्पना ही की जा सकती हैं।
4. परियोजना के लाभों को बहुत बढा-चढ़ाकर दर्शाया गया हैं। जिन लाभों का सरकार अनुमान लगा रही हैं वास्तव में वे लाभ कभी होंगे ही नहीं। पीने का पानी कभी सुखाग्रस्त इलाकों तक पहुँच ही नहीं पाएगा। सिचाई लाभ मात्र कोरी कल्पना साबित होंगे। एसा इसलिए क्योंकि नर्मदा नदी में उपलब्ध जल की मात्रा कभी उस अनुमानित जल को प्राप्त ही नहीं करेगी जिसका अनुमान परियोजना के लिए लगाया गया हैं।
5. बांध के विरोध का एक अन्य मुख्य कारण आर्थिक पहलू को लेकर रहा है। आलोचकों का मनना हैं कि परियोजना आर्थिक रुप से लाभदायक नही हैं। परियोजना की लागत में पर्यावरणीय, स्वास्थ संबंधित, जलग्रहण क्षेत्र का विकास आदि की लागतों को शामिल नहीं किया गया। यदि इन्हें भी लागत में जोड़ दिया जाए तो परियोजना का आर्थिक दिवालियापन साफ नजर आता हैं।
6. डूब व पुनर्वास की संपूर्ण प्रक्रिया काफी लम्बी व जटिल हैं। सम्पूर्ण प्रक्रिया के पूर्ण होने में लम्बा समय लग जाना हैं व कागजी कार्य प्रक्रिया को और बोझिल बना देता हैं।
7. प्रभावितों व सरकार के बीच सम्प्रेषण की कमीं हैं। विस्थापित अपने लिए बनाई गयी नीतियों, योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी ही नहीं रखते।
8. परियोजना का राजनीतिकरण किया जा रहा हैं।
9. पुनर्वास व मुआवजा भूगतान में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं। प्रभावितों का कम शिक्षित होना या अशिक्षित होना भ्रष्टाचार का मूल कारण रहा। मध्यस्थो ने भ्रष्टाचार को बढाने का कार्य किया।
10. भू-जल स्तर में वृद्धि के अनुमान सत्य नहीं हैं।
11. परियोजना का लाभ सक्षम लोगों को ही होगा। गरीब, अशिक्षित व पिछडी जाति के लोगों को सर्वाधिक हानि होगी। उनका जीवन-स्तर निम्न हो जाएगा।
12. संपूर्ण नर्मदा घाटी अपने आप में समृद्ध इतिहास समाहित किए हुए हैं। इन पुरावशेषों के अतिरिक्त प्रचीन एतिहासिक इमारतें, छत्रियॉं, मंदिर, मस्जिद व घाट डूब में हैं जिनसे लोगों की आस्थाऍं जुडी हैं। आस्था के ये केन्द्र मिट्टी व पत्थर का निर्माण मात्र नहीं हैं यहॉं के रहवासियों के जीवन का अन्ग हैं। पुरातत्व महत्व के इन अवशेषों का जलमग्न हो जाना एक समृद्धशाली इतिहास को समाप्त कर देगा।
13. सरदार सरोवर परियोजना से '**वृहद मात्रा में विस्थापन**' के कारण सर्वाधिक विरोध हुआ। परियोजना की डूब से तीन राज्यों के लाखों सामान्य जन प्रभावित होंगे। परियोजना से सर्वाधिक आबादी मध्यप्रदेश की प्रभावित होगी। पूर्ण जलाशय स्तर पर प्रदेश के लगभग 40000 परिवार प्रभावित होंगे। उनके कृषि भूमि, जमीन, घर, रोजगार सब छिन जायेगा।

निदान – जन आंदोलन से उपजे मतभेदों और विरोध के निराकरण के लिये निम्नलिखित उपाय किये जाने कमोबेश सार्थक होगा।

1. स्कूली शिक्षा में ही बांधों के महत्व को स्थापित किया जाए।
2. सकारात्मक पहलुओं का अधिकाधिक प्रचार प्रसार हो।
3. दो या अधिक राज्यों के बीच के राजनैतिक वैषम्य या विरोध को इस बीच नहीं लाया जाए।
4. लाभों के वितरण का तंत्र निष्पक्ष हो।
5. लाभ वितरण पारदर्शी और समतामूलक ढंग से किया जाए।
6. आंदोलनकर्ताओं की वाजिब मांगों के जनता के समक्ष ही निराकरण के प्रयास हों यह प्रयास गुटबन्दी के शिकार न हों।
7. नवाजिब मांगों को जनता के ही जागरूक तबके के माध्यम से खारिज किया जाए।
8. भूमि का मुआवजा एक मुश्त देने के बजाय उसे स्थाई निधियों से प्रस्थापित किया जाए या रोजगार देकर उन्नत किया जाए।
9. लाभ निर्धारण और वितरण का तंत्र लोक संवेदी हो तथा उसके सलाहकार मंडल में लाभ ग्राहियों के पक्षकार भी शामिल हों।

लाभ/उपयोगिता – तीन राज्यों की 21.285 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई उपलब्ध करवा कर SSP की सार्थकता सिद्ध होती है। इसके अतिरिक्त लगभग 10000 गावो 150 शहरों को पेयजल उपलब्ध कराना, 1450 MW विद्युत उत्पादन, 1600 करोड़ का अतिरिक्त वार्षिक कृषि उत्पादन, सामाजिक- आर्थिक लाभ, लगभग 400 करोड़ के लगभग पेयजल उपलब्धता, अतिवृष्टि जैसी विषम परिस्थितियों में वर्तमान में लगभग 30000 हेक्टेयर क्षेत्र में सफल रूप से बाढ़ नियंत्रण, वन्य जीवन संरक्षण, मत्स्यपालन, मनोरंजन, जल, कृषि व औद्योगिक विकास, कंजर्व फारेस्ट का संरक्षण इत्यादि ऐसे बहुमूल्य पहलू हैं जिसके चलते SSP के लाभ का आकलन केवल आर्थिक आधार पर नहीं किया जा सकता है। PIM (participatory irrigation management) एक अभिनव लक्षण है जिसने लाभ के वितरण को सामुदायिक भावना से जोड़कर लाभ के आकलन के मापदंडों को ही बदल दिया।

निष्कर्ष – बड़े बांधों ने स्वतंत्रता के उपरांत विकास को गति के नए आयाम दिए। 30 बांधो की श्रृंखला की सरदार सरोवर परियोजना इसकी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जन आन्दोलन के कारण ही अपने प्रारम्भ में सन 1961 से 17-09-2017 में लोकार्पण तक इसकी लागत का आकलन रुपये में करना कठिन है। केवल आर्थिक लागत ही लगभग 10000% से ज्यादा बढ़ी। जनता और शासन के समय व संसाधनों की बर्बादी, जनांदोलनों का विकृत होता रूप, नई परियोजनाओं की संकल्पना के उत्साह में कमीं, राजनीतिक स्वेच्छाचारिता, जनहानि इत्यादि जैसी कई अप्रत्यक्ष किन्तु आधारभूत हानियां भी साथ ही होती रहीं।

सरदार सरोवर परियोजना को अपने आरंभ से ही विरोधों का सामना करना पड़ा। जन आंदोलनों के 80 के दशक में शुरू होने के बहुत पहले ही मध्य प्रदेश और गुजरात के मध्य विभिन्न लाभों में अंशधारिता को लेकर विवाद रहें। यह विवाद कभी राजनैतिक, कभी क्षेत्रीय कभी जातीय मतभेदों को आधार बनाकर चलें। मतभेदों के निपटारे के लिए 1964 में बने खोसला

आयोग के निष्कर्षों पर भी जब सहमति नहीं बनी तब केंद्र सरकार ने 1969 में NWDT (Narmda Water Dispute Tribunal) गठित किया। वृहत बांध परियोजनाओं में तमाम पहलू जुड़े होने से कुछ न कुछ विरोध होना स्वाभाविक भी है। भौगोलिक, आर्थिक, पारिस्थितिकीय, पर्यावरणीय, के साथ साथ परंपरागत, सामाजिक, सांस्कृतिक पक्ष भी जन आंदोलनों को प्रेरित करते हैं। अधिकांश जन आंदोलनों के पीछे पारिस्थितिकीय पर्यावरणीय कारण होते हुए भी जब इन आधारों पर आंदोलनों को अधिक समर्थन नहीं मिला तब इनके नेतृत्वकर्ताओं ने आंदोलन को आक्रामक बनाने, अधिक समर्थन जुटाने के लिए कई मर्तबा उक्त वैज्ञानिक वजहों के स्थान पर जातीय, सांस्कृतिक, रूढ़िगत कारणों को केंद्र में ला खड़ा किया। अंधविश्वास का प्रचार, लोक भावना को अपने पक्ष में उद्वेलित करने के लिए किया गया। वस्तुत: यही वे कारण होते हैं जिनका दशकों तक सर्वस्वीकार्य समाधान नहीं निकल पाता और इस पूरे प्रक्रम में परियोजना की लागत अतार्किक रूप से बढ़ जाती है जो आंदोलनकर्ताओं के पक्ष में परियोजना की अप्रासंगिकता के सशक्त तर्क को स्थापित करती है। यही वजह रही कि विश्व बैंक भी शुरुआत में फंडिंग के बाद 1994 में इससे पीछे हट गई। इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि लंबे समय तक अनसुलझे रहे राजनीतिक क्षेत्रीय मतभेदों ने किसी न किसी स्तर पर जन आंदोलनों को प्रोत्साहित किया हो।

जो विभिन्न पक्ष इससे प्रभावित होते हैं उनके अपने कारण, अपनी अपनी मांगे, प्रतिक्रियाएं, समाधान होते हैं। इन सब पर सहमति न बन पाना ही विरोध का मूल कारण होता है। यह भी स्थापित तथ्य है, कि सबका समाधान संतुष्टिपूर्ण ढंग से नहीं किया जा सकता फिर भी एक सामान्य न्यूनतम स्तर तक सभी विरोधों को सुना जाकर उनका विश्लेषण जनहित के मापदंड पर किया जाना श्रेयस्कर होता है। आंदोलनों का विरोध जब तक वैज्ञानिक और आर्थिक आधारों पर न होकर विचारधारा और राजनीतिक हितबद्धता के आधार पर किया जाता रहेगा तब तक यही स्थिति रहनी है। इनके समाधान आर्थिक कम विचारधारात्मक अधिक हैं। इसी दिशा में किये गए प्रयास सार्थक होंगे।

References :-

1. Supreme Court Decision 2000 Naramada Bachao Andolan, Barwani
2. Supreme Court Decision 2005 Naramada Bachao Andolan, Barwani
3. NBA V/S UOINaramada Bachao Andolan, Barwani
4. SSP: No Canceling Tomorrow CA critique of the Report of the Independent Review Mission Sardar Sarovar Naramada Nigam Limited Gandhi Nagar Gujarat

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

सरदार सरोवर परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन

डॉ. प्रीतिबाला राठौर *

प्रस्तावना – भारत की पांचवी सबसे बड़ी नदी 'नर्मदा' मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात राज्यों में 1312 किलोमीटर का सफर तय कर खम्बात की खाड़ी में गिरती है। इसका 87% भाग मध्यप्रदेश में है जिस कारण यह मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। नदी का वार्षिक जल बहाव लगभग 40700 मिलियन क्यूबिक मीटर है किन्तु इसका 5% ही प्रयोग हो पाता है शेष 95% भाग बिना किसी उत्पादक कार्य में प्रयुक्त हुए बह जाता है। इसी बात को केंद्रित कर इस परियोजना की परिकल्पना की गई जिससे व्यर्थ ही बह जाने वाली इतनी व्यापक जल राशि का जनहित में उपयोग सुनिश्चित हो सके।

तीन राज्यों में बहने के कारण पानी के इस्तेमाल को लेकर राज्यों में प्रारम्भ से ही विवाद रहा। इसे निपटाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 1969 में एक न्यायाधिकरण छथउद्ध (Narmada Water Dispute Tribunal) का गठन किया गया जिसने 1979 में तीनों राज्यों के बीच जल का बंटवारा इस प्रकार निर्धारित किया।

मध्यप्रदेश के लिए	–	**8.25** MAF
गुजरात के लिए	–	**9.00** MAF
राजस्थान के लिए	–	**0.50** MAF
महाराष्ट्र के लिए	–	**0.25** MAF

(स्रोत– 2005–06 नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण के वार्षिक प्रतिवेदन)

साथ ही यह भी निर्धारित किया कि प्रत्येक राज्य अपने हिस्से के जल का प्रयोग 2025 तक कर सकेगा, इसके पश्चात इस वितरण पर पुनर्विचार होगा।

नर्मदा घाटी विकास परियोजना – मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नर्मदा बेसिन में नर्मदा घाटी को समृद्ध करने के लिए महत्वाकांक्षी परियोजना नामश: 'नर्मदा घाटी विकास परियोजना' का संचालन किया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश को प्राप्त 18.25 MAF जल का उपयोग उत्पादक कार्यों में किया जाएगा। इस हेतु नर्मदा व इसकी सहायक नदियों पर 30 वृहद, 135 मध्यम व 3000 छोटे बांध बनाये जाएंगे। वर्तमान में कुछ प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके हैं वहीं कुछ निर्माणाधीन हैं।

योजना के पूर्ण होने पर 2755 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित हो सकेगी साथ ही 2600 MW विद्युत का उत्पादन हो सकेगा। बाढ़ व सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सकेगा। कृषि उत्पादन में 85 लाख टन वृद्धि संभावित है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव स्वरूप शुद्ध घरेलू उत्पाद में 2000 करोड़ की वृद्धि होने के अनुमान हैं। उक्त समस्त गतिविधियों से रोजगार के भी अवसर सहज ही बढ़ेंगे।

सरदार सरोवर परियोजना – सरदार सरोवर परियोजना नर्मदा घाटी विकास परियोजना का एक महत्तवपूर्ण अंग है। सरदार सरोवर बांध की नींव अप्रैल 1961 में जवाहर लाल नेहरू द्वारा रखी गयी। तमाम राजनैतिक, सामाजिक और जातीय स्थानीय विवादों के चलते यह 2017 में पूर्ण हो पायी। 17 सितंबर 2017 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इसका लोकार्पण किया गया।

सरदार सरोवर बांध (एक नजर में)

World`s largest concrete gravity dam

Length of main dam - **1210.02** meter
Maximum height above - **163** meter
deepest foundation level
Present height of dam (**17.9.17**) - **138.68** meter
Spill way -
Number of gates - **30** No.
Capacity - **30** lack cusecs
Length of reservoir - **214** km
Catchment area - **88000** km square
Power generation - **1450**MW (**57%** for MP)
(RBPH- **200×6=1200** MW, CHPH- **50×5=250** MW)

सरदार सरोवर परियोजना का पर्यावरणीय प्रभाव – सरदार सरोवर परियोजना से मध्यप्रदेश के पर्यावरण पर गहरा प्रभाव दृष्टिगोचर होगा। एक ओर जहां बांध में हजारों हेक्टेयर कृषि व वन भूमि डूब जाएगी, 40000 परिवार (मध्यप्रदेश) विस्थापित होंगे वहीं इसके दूसरे सकारात्मक पहलू यह भी हैं कि इससे जो जलाशय निर्मित होगा उसका क्षेत्रफल 214 KM होगा जिसकी जलग्रहण क्षमता 7.7MAF होना अनुमानित हैं। इस जलाशय का 60% भाग राज्य में है। एक आकलन के अनुसार राज्य के पास इतना जल होगा कि राज्य की 1.80 करोड़ एकड़ भूमि को 1 फीट तक जल से भरा जा सके। इतने वृहद जलाशय व बैक वाटर से कई सकारात्मक प्रभाव व परिणाम उभर कर आएंगे।

परियोजना से संबंधित जलग्रहण क्षेत्र उपचार के लगभग 70 % कार्य राज्य द्वारा किये गए है। परियोजना के लिए कुल 125725 हेक्टेयर क्षेत्र में ये उपचार कार्य किये गए।

चरण दो के 139 उप जल ग्रहण क्षेत्रों की 318118 हेक्टेयर भूमि पर उपचार कार्य पूर्ण कर लिए गए। इन उपचार कार्यों के कारण उल्लेखनीय पर्यावरणीय लाभ होंगे।

विविध लाभ :

1. परियोजना अंतर्गत निर्मित 214 km लंबे जलाश्य का 60% भाग व इसके अतिरिक्त बैक वाटर के रूप में कई स्थानों पर जल एकत्रित होगा जोकि निश्चित रूप से भूजल स्तर में वृद्धि करेगा।

* 6 बी. एन. रांझी जबलपुर (म.प्र.) भारत

2. नर्मदा किनारे के गांवों में जल स्तर वृद्धि होने से कुएं, हैंड पंप नलकूप चार्ज हो जायेंगे।
3. भूजल स्तर बढ़ने से सॉइल प्रोफाइल में भी सुधार होगा जो न केवल कृषि भूमि को फायदा पहुचायेगा अपितु पारिस्थिकी में भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा।
4. परियोजना से बढ़े हुए जल स्तर से कुओं, हैंड पंम्पो के माध्यम से सिंचाई की जा सकेगी। वृहद जलाशय व मध्यप्रदेश को प्राप्त 1.80 करोड़ फुट जल की मात्रा से लघु सिंचाई योजनाएं संचालित की जा सकेंगी जिससे कृषि व कृषि आधारित उद्योगों का विकास होगा।
5. नौवहन होने से पर्यटन की व्यापक संभावनाएं बढ़ेंगी। इस हेतु पृथक से योजना बनाकर इसे एक स्थायी उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है।
6. कालांतर में जलीय और पारिस्थितिकीय अंतर्किया का अध्ययन कर उसी अनुरूप जल अभयारण्य का विकास किया जा सकता है। विविध वन्य जीवों के संचरण से नवीन पारिस्थिकीय विकास होगा
7. स्थानीय स्तर पर तापमान में कमी परिलक्षित होना भी संभावित है।
8. परियोजना के वृहद जलाशय में बड़ी मात्रा में मत्स्यपालन किया जा सकेगा। जलाशय में विभिन्न प्रजातियों की मछलियों को प्रजनन के द्वारा उत्पादित किया जा सकेगा। परियोजना से राज्य को कुल 10000 हेक्टेयर क्षेत्र मत्स्य पालन हेतु उपलब्ध होगा। एक अनुमान के अनुसार जलाशय में 3.50 लाख टन मत्स्य उत्पादन किया जा सकेगा।
9. जलीय खेती और जल से जुड़े अन्य व्यासयों व्यापारों का प्रसार निश्चित ही स्थानीय विकास को प्रोन्नत करेगा।
10. अधिक जल की आवश्यकता वाले उद्योगों की एक पूरी श्रृंखला का भी इस क्षेत्र में विकास का मार्ग इस परियोजना से प्रशस्त होगा।
11. जल प्रसंस्करण इकाईयां, जल आखेटन, जल परीक्षण प्रयोगशालाएं इत्यादि के विकास की भी प्रचुर संभावनाएं हैं।
12. परियोजना की डूब में आई प्रत्येक हेक्टेयर वन भूमि के बदले एक हेक्टेयर गैर वन भूमि पर क्षतिपूर्ति वनीकरण व प्रभावित भूमि की चार गुना भूमि पर पुनर्वनीकरण किया गया है। अब तक कुल 8737 हेक्टेयर क्षेत्र में वनीकरण किया गया। जो डूब में गई 2731 हेक्टेयर से काफी अधिक है। पुनर्वनीकरण एवं 125725 हेक्टेयर क्षेत्र में किये गए जल ग्रहण उपचार कार्यो से वनोपज और चारागाह में वृद्धि होगी। अनेक प्रकार की वनोपज– बीड़ी पत्ता ,बांस, इमारती लकड़ी, सागौन, साल, लाख, औषधियां आदि प्राप्त होंगी साथ ही इन पर आधारित लघु उद्योग भी खोले जा सकेंगे जो बडी मात्रा में रोजगार उपलब्ध कराएंगे।
13. विस्थापित हुए परिवारों को पृथक से जमीन और मुआवजे के साथ साथ आकलन अनुसार रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। परियोजना के संचालन में भी रोजगार हेतु विस्थापितों को प्राथमिकता दी गयी है।
14. भूकंप की आशंका को दृष्टिगोचर रखते हुए सुरक्षार्थ 9 स्टेशन स्थापित किये गए हैं। जो अनवरत भूकंप की आशंका को आकलित मूल्यांकित करते हुए किसी भी आशंका की पूर्वसूचना और अग्रिम तैयारी को सुनिश्चित करते हैं।

निष्कर्ष – तमाम पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन निरपेक्ष रूप से केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के संदर्भ में किया जाना उचित नहीं होगा। एक समग्र आकलन मूल्यांकन प्रक्रिया में उक्त परियोजना से होने वाले सामाजिक आर्थिक लाभों के संदर्भ में ही पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन किया जाना उचित है। आर्थिक विकास से उपजा सामाजिक विकास मानव विकास सूचकांक को निश्चित रूप से बढ़ाने वाला है। जो इस क्षेत्र के लिए अपरिहार्य भी है। विभिन्न पर्यावरणीय आशंकाओं के निराकरण के उपाय व उपकरण स्थापित किये गए है। इस संबंध में समस्त संभावित विकल्पों के प्रावधान हैं। अत: किंचित नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों के परिप्रेक्ष्य में सरदार सरोवर परियोजना से होने वाले विविध पर्यावरणीय और सामाजिक आर्थिक विकास के लाभ के नवीन स्तरों से मध्यप्रदेश के आमजन को होने वाले असीम लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता यह तथ्य इसकी अनिवार्यता को सुदृढ़ ढंग से स्थापित करते हैं। परियोजना निश्चित ही मध्यप्रदेश के मानव विकास सूचकांक को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करने वाली साबित होगी।

References :-

1. Report of five member Committee on SSP Ministry of water resources
2. SSP on River Narmada Sardar Sarovar Naramada Nigam Limited Gandhi Nagar Gujarat
3. Facts : SSP Sardar Sarovar Naramada Nigam Limited Gandhi Nagar Gujarat
4. The Report of the Naramada water dispute Tribunal with its Decision (1978) GOI & NWDTDepartment of Irrigation New Delhi118 Palika Bhawan
5. Drinking water from SSP S.M. Pai, New Delhi
6. The Heart Land Says it all Madhya Pradesh Govt. of Madhya Prades


The two power houses at the Sardar Sarovar Project are to have a joint capacity of 1450 MW. The power is to be shared by Madhya Pradesh, Maharashtra and Gujarat in the ratio of 57:27:16 respectively
RAJASTHAN
MADHYA PRADESH
GUJARAT
Ahmedabad
Vadodara
Indore
Bhopal
Omkareshwar
Khandwa
Betul
Narmada River
Punasa Dam
Kolar Dam
Narmada Sagar
Sardar Sarovar Dam
Narmada Basin
Chhattisgarh
MAHARASHTRA
KBK

****

पर्यटन एवं होटल सेवा क्षेत्र पर जीएसटी का प्रभाव

डॉ. सोनिया शर्मा *

प्रस्तावना - यदि होटल नहीं तो पर्यटन नहीं, इस तरह होटल उद्योग को पर्यटन उद्योग का आवश्यक अंग माना जाता है। पर्यटन विस्तार ने होटल उद्योग का अवश्यम्भावी विकास किया है। आधुनिक होटल उद्योग बहुत अधिक जटिल हो गया है तथा यह परिष्कृत एवं व्यवस्थित प्रोद्योगिकी से युक्त बन गया है।

नवीं पंचवर्षीय योजना में पर्यटन का औद्योगीकरण किया गया था। डॉ. नेगी लिखते हैं 'पर्यटक उद्योग के कई एवं विविध घटकों में होटल सबसे महत्वपूर्ण घटक है।' होटल पर्यटन उद्योग का सशक्त एवं आवश्यक अंग है। होटल संसाधनों के पर्याप्त विकास के बिना समस्त जलवायु संबंधी गुण तथा समस्त सहायक एवं मनोरंजन की सुविधाएं पर्यटक व्यापार को बनाये रखने में पर्याप्त नहीं होगें।

पर्यटन के विस्तार से होटल उद्योग का अवश्यसंभावी विकास होगा। होटल उद्योग पर्यटन उद्योग से इतनी घनिष्ठता से जुडा है कि यह पर्यटन से होने वाली विदेशी विनिमय से आय के लगभग 50% आय हेतु उत्तरदायित्व होता है।

जहां तक अप्रत्यक्ष रोजगार का प्रश्न है होटल उद्योग से कई रोजगार के मार्ग जुडे हैं जैसे खाद्य सामग्री की आपूर्ति, विभिन्न प्रकार की यांत्रिक मदें, रसोई घर से एअर कंडीशनर तक, लाउन्ड्री के उपकरण , कम्प्यूटर फर्नीचर, कटलरी, क्राकरी आदि। होटल उद्योग का क्षेत्रीय एवं ग्रामीण विकास पर सीधा प्रभाव पडता है। इस उद्योग ने कुटीर उद्योगों को विभिन्न रंगों में प्रोत्साहित किया है। जैसे - पर्दे, गलीचे, हस्तकला, मिट्टी कला आदि।

जी.एस.टी. का पर्यटन एवं होटल सेवा पर प्रभाव को समझने से पूर्व जी.एस.टी. का परिचय एवं अवधाराणा को समझना अत्यन्त आवश्यक है।

जी.एस.टी. - सरकार राजस्व उगाही के लिए अनेक प्रकार के कर लगाती है। आमतौर पर इन सारे करों को दो वर्गो में बाँटा जा सकता है - प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष कर। जहां प्रत्यक्ष कर मुख्यतौर पर आय एवं सम्पति में लगाया जाता है, जैसे आयकर,कंपनी कर, सम्पति कर, वहीं अप्रत्यक्ष कर वस्तुओं एवं सेवाओं के खरीदी-ब्रिकी आदि।

जी.एस.टी. भारत के कर ढ़ाचें में सुधार योग्य आमूल चूल परिवर्तन है। वस्तु एवं सेवा कर एक अप्रत्यक्ष कर कानून है। जी.एस.टी. एक एकीकृत कर है, जो वस्तुओं और सेवाओं दोनों पर लगेगा। जी.एस.टी. लागू होने से पूरा देश, एकीकृत बाजार में तब्दील हो गया है और ज्यादातर अप्रत्यक्ष कर यथा-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर, वैट, मनोरंजन, विलासिता, लॉटरी टैक्स आदि जी.एस.टी. में समाहित हो गये है। इससे पूरे भारत में एक ही प्रकार का अप्रत्यक्ष कर लगेगा।

जी.एस.टी. क्यों जरूरी था ? - भारत का पूर्व कर ढ़ाचा बहुत ही जटिल था। भारतीय संविधान के अनुसार मुख्य रूप से वस्तुओं की बिक्री पर कर लगाने का अधिकार राज्य सरकार और वस्तुओं के उत्पादन व सेवाओं पर कर लगाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास था। इस कारण देश में अलग-अलग तरह के कर लागू थे, जिससे देश की पूर्व कर व्यवस्था बहुत ही जटिल थी। कंपनियों और छोटे व्यवसायों के लिये विभिन्न प्रकार के कर कानून का पालन करना मुश्किल होता था।

टैक्स पर टैक्स की व्यवस्था समाप्त - अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में कर-भार अंतिम उपभोक्ता को वहन करना पड़ता है, लेकिन कर का संग्रहण व्यवसायियों द्वारा किया जाता है। व्यवसायी को खरीदे गये माल पर चुकाये गये कर की क्रेडिट मिलती है, जिसका उपयोग वह अपने कर के भुगतान में कर सकता है। इस व्यवस्था से कर केवल मूल्य संवर्धन पर ही लगता है। व्यवसायी उपभोक्ता से कर संग्रहित करता है और उसमें से अपनी इनपुट क्रेडिट को घटाकर बाकी कर सरकार को जमा करवाते हैं।

लेकिन वर्तमान व्यवस्था में भारत में केन्द्र सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क और राज्य सरकार द्वारा बिक्री कर लगाया जाता था। इस कारण व्यवसायी को उत्पाद शुल्क और सेवा कर के भुगतान में बिक्री कर की इनपुट क्रेडिट का उपयोग नहीं कर सकता था। बिक्री कर के भुगतान में सेवा कर और उत्पाद शुल्क की क्रेडिट का उपयोग नहीं कर सकता है। इस कारण पूर्व व्यवस्था में टैक्स पर टैक्स लग जाता था, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमत बढ़ जाती थी।

जी.एस.टी. लागू होने से पूरे देश में एक ही प्रकार का अप्रत्यक्ष कर हो गया है, जिससे व्यवसायियों को खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं पर चुकाये गये जी.एस.टी. की पूरी क्रेडिट मिल जायेगी। जिसका उपयोग बेची गई वस्तुओं और सेवाओं पर लगे जी.एस.टी. के भुगतान में कर सकेगा। इससे टैक्स पर टैक्स लगाने वाली व्यवस्था समाप्त हो गई है। जिससे लागत में कमी आ गई है।

जी.एस.टी. की अवधारणा - सरकार द्वारा 01 जुलाई 2017 को लागू की गई नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली 'वस्तु एवं सेवाकर' की मूल अवधारणा है- 'एक देश, एक बाजार, एक कर'। इस अवधारणा को हम इन बिंदुओं के अनुसार अध्ययन कर सकते हैं :-

1. जी.एस.टी. से बहुतायत या दोहरे कराधान की समस्या का समाधान बड़े पैमाने पर हो जायेगा और एक समान राष्ट्रीय का मार्ग प्रशस्त होगा।
2. उपभोक्ता की दृष्टि से इसका बड़ा फायदा यह होगा, कि वस्तुओं पर उन्हें अपेक्षाकृत कम कर अदा करना पड़ेगा, जो वर्तमान में लगभग 25 से 30 प्रतिशत होने का अनुमान है।

* धाम मोहल्ला, पन्ना (म.प्र.) भारत

3. जी.एस.टी. के लागू होने से भारतीय उत्पाद घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बन जायेंगे।
4. जी.एस.टी. आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने में मददगार साबित होगी।
5. जी.एस.टी. पारदर्शी होने के कारण देश में आसानी से लागू किया जा सकेगा।

वन नेशन वन टैक्स वन मार्केट की अवधारणा रहेगी।

भारत की अप्रत्यक्ष कर संरचना में सुधार करने हेतु जी.एस.टी. एक उपभोग आधारित कर है अर्थात् यह कर उस राज्य के द्वारा वसूल किया जाएगा जहा वस्तुओं व सेवाओं का उपभोग किया जाएगा ना कि उस राज्य के द्वारा जहा यह वस्तु एवं सेवाए निर्मित होगी। जीएटी के अन्तर्गत अलग -अलग वस्तुओं एवं सेवाओं पर अलग -अलग दर लागू होगी।

जी.एस.टी. के मुख्य सिद्धान्त (विशेषतायें) – वस्तुओं के उत्पादन अथवा वस्तुओं की बिक्री या सेवाओं के प्रावधान पर कर लगाने की मौजूदा अवधारणा के बजाय वस्तुओं या सेवाओं की 'आपूर्ति' पर जी.एस.टी. लगाया गया है।

मूल स्थान आधारित कराधान के वर्तमान सिद्धान्त के बजाय गन्तव्य स्थित् उपभोग कराधान के सिद्धान्त के आधार पर जी.एस.टी. लगाया गया है।

यह एक दोहरा जी.एस.टी. होगा, जिसके तहत केन्द्र एवं राज्य एक साथ समान आधार पर इसे लगायेंगे। केन्द्र द्वारा लेगाये जाने वाले जी.एस.टी. को सी.जी.एस.टी. कहा जायेगा और राज्यों (विधायिका वाले केन्द्र शासित प्रदेशों सहित) द्वारा लगाये जाने वाले जी.एस.टी. को एस.जी.एस.टी. कहा जायेगा। वहीं बिना विधायिका वाले केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा लगाये जाने वाले जी.एस.टी. को केन्द्र शासित प्रदेश जी.एस.टी. यू.टी.जी.एस.टी. कहा जायेगा।

वस्तुओं एवं सेवाओं की अंर्तराज्य आपूर्ति पर एकीकृत जी.एस.टी. लगाया जायेगा। इसका संग्रहण केन्द्र करेगा, ताकि क्रेडिट से जुड़ी श्रृंखला में कोई व्यवधान न आ सके।

वस्तुओं के आयात को अंर्तराज्य आपूर्ति माना जायेगा और इस पर आई.जी.एस.टी. लगेगा।

जी.एस.टी. निम्नलिखित करों का स्थान लेगा, जिन्हें वर्तमान में केन्द्र द्वारा लगाया एवं वसूला जाता है:-

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, उत्पाद शुल्क (औषधीय एवं प्रसाधन उत्पाद),अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (वस्त्र एवं वस्त्र उत्पाद)अतिरिक्त सीमा शुल्क (इसे आमतौर पर सी.वी.डी. के रूप में जाना जाता है) तथा जिन्हें वर्तमान राज्य द्वारा लगाये एवं वसूले जाते हैं:-

राज्य वैट,केन्द्रीय बिक्री कर, खरीद कर विलासिता, करप्रवेश कर (सभी तरह के)मनोरंजन कर (स्थानीय निकायों द्वारा लगाये जाने वाले कर को छोड़कर)विज्ञापनों पर करलाटरियों, सट्टेबाजी एवं जुए पर लगने वाले करराज्यों के उपकर और अधिभार जो वस्तु अथवा सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित हैं।

पॉच विशेष पेट्रोलियम उत्पादों (कच्चा तेल, पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन तथा प्राकृतिक गैस) पर जी.एस.टी. उस तारीख से लगाया जायेगा, जिसकी सिफारिश जी.एस.टी. परिषद् करेगी।

जी.एस.टी. का व्यवसायों पर प्रभाव – वर्तमान में व्यवसायों को अलग-अलग प्रकार के अप्रत्यक्ष करों का भुगतान करना पड़ता है। जैसे वस्तुओं के उत्पादन करने पर उत्पाद शुल्क, ट्रेडिंग करने पर सेल्स टैक्स, सेवा प्रदान करने पर सर्विस टैक्स आदि। इससे व्यवसायों को विभिन्न प्रकार के कर कानूनों की पालना करनी पड़ी है, जो कि बहुत मुश्किल एवं जटिल कार्य है। लेकिन जी.एस.टी. के लागू होने से उन्हें केवल एक ही प्रकार अप्रत्यक्ष कानून का पालन करना पड़ता है, जिससे भारत में व्यवसाय में सरलता आ रही है।

पूर्व में व्यवसायी, उत्पादन शुल्क व सेवा कर के भुगतान में बिक्री कर की इनपुट क्रेडिट का उपयोग नहीं कर सकता था और बिक्री कर के भुगतान में सेवा कर और उत्पाद शुल्क की क्रेडिट का उपभोग नहीं कर सकता था। इस कारण वस्तुआं ओर सेवाओं की लागत बढ़ जाती थी। लेकिन जी.एस.टी. लागू होने से व्यवसायियों को सभी प्रकार की खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं पर चुकाये गये जी.एस.टी. की पूरी क्रेडिट मिल गई है, जिसका उपयोग वह बेची गई वस्तुओं ओर सेवाओं पर लगे जी.एस.टी. के भुगतान में कर सकता है। इससे लागत में कमी आई है।

ऐसा कहा जा रहा है, कि जी.एस.टी. आने से व्यवसाय करना आसान हो रहा है। लेकिन शुरूआती वर्षो में व्यवसायों को मुश्किलों का सामना करना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिये जी.एस.टी. में प्रत्येक महीने में तीन अलग-अलग तरह के रिटर्न फाइल करने पड़ेंगे।

वर्तमान में विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष करों में छूट की सीमा अलग-अलग है। मुख्य रूप से सेल्स टैक्स में थ्रेसहोल्ड लिमिट 5 लाख, सर्विस टैक्स में 10 लाख और उत्पाद शुल्क में 1.5 करोड़ है। जी.एस.टी. आने से सभी प्रकार के व्यवसायों के लिये एक ही प्रकार की छूट की सीमा रखी गई है।

केन्द्र और राज्य सरकों के लिये सरल और आसान प्रशासन– केन्द्र और राज्य स्तर पर बहुआयामी अप्रत्यक्ष करों को जी.एस.टी. लागू करके हटाया जा रहा है। मजबूत सूचना प्रोद्योगिकी प्रणाली पर आधारित जी.एस.टी. केन्द्र और राज्यों द्वारा अभी तक लगाये गये सभी अन्य प्रत्यक्ष करों की तुलना में प्रशासनिक नजरिये से बहुत सरल और आसानर होगा।

कदाचार पर बेहतर नियंत्रण– मजबूत सूचना प्रोद्योककिी बुनियादी ढ़ाचे के कारण जी.एस.टी. से बहतर कर अनुपालन परिणाम प्राप्त होंगे। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला में एक चरण से दूसरे चरण में इनपुट कर क्रेडिट कर सुगत हस्तांतरण जी.एस.टी. के स्वरूप में एक अंत: निर्मित तंत्र है, जिससे व्यापारियों को कर अनुपालन का प्रोत्साहन दिया जायेगा।

अधिक राजस्व निपुणता– जी.एस.टी. से सरकार के कर राजस्व की वसूली लागत में कमी आने की उम्मीद है। इसलिये इससे उच्च राजस्व को निपुणता को बढ़ावा मिलेगा।

जी.एस.टी. के तहत 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा दिये जाने से बड़े स्तर पर रोजगार बढ़ने की संभावनायें जताई जा रही हैं। निश्चित रूप से यह सयुवाओं और समाज को एक बड़े अवसाद से निकालने वाला सिद्ध होगा। यह उन्हें बेकार की सोच और चिंता से दूर कर पथभ्रष्ट होने से रोकेगी। इससे वे अपने व समान के लिये कुछ बेहतर करने की सोच रखेंगे। जी.एस.टी. के अंतर्गत सभी को एक यूनिट नंबर देने का प्रवधान है, जिससे वे बड़ी आसानी से कर चुका सकते हैं, इससे न केवल टैक्स देना आसान हागा, बल्कि कर चोरी करना भी सम्भव नहीं होगा।

मूल तौर पर सभी वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर की दर :-

0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत ,12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की दर से जीएस्टी लगायी जाएगी। विशेष रूप से वैभव की वस्तुओं पर 28 प्रतिशत

कर की दर लागू होगी।

नए जी.एस.टी. रेट्स को लेकर पर्यटन व्यावसायियो के जेहन में चिन्ता छा गई है भारत आना अब सैलानियों के लिए और महगा हो गया है। जी.एस.टी. की नई टैक्स दरों के मुताबिक कोई भी होटल जो 5000/- रूपये कमरे के लिए किराया लेता है जिस पर 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत फीसदी टैक्स लगता था अब उस पर 28 प्रतिशत टैक्स भरना होगा। एयर कंडीशन वाले रेस्टोरेंट और बार को भी 28 प्रतिशत की दर से टैक्स देना होगा। गैर वातानुकूलित रेस्टोरेंट के खाने पर 12 फीसदी की जी.एस.टी. दर लागू होगी।

वातानुकूलित रेस्टोरेंट के खाने के बिल पर टर्नओवर के हिसाब से जी.एस.टी. लागू होगा। 50 लाख पर या उससे कम टर्न ओवर वाले वातानुकूलित रेस्त्रा के खाने के बिल पर 5 फीसदी जबकि 50 लाख रूपय से अधिक टर्न ओवर वाले रेस्त्रा के खाने के बिल पर 12 फीसदी की दर से जी.एस.टी. देना होगा।

इसी प्रकार शराब के लाइसेंस वाले रेस्त्रा पर 18 फीसदी तथा फाइव स्टार रेस्त्रा में खाने पर 28 फीसदी की दस से जीएएटी लागू होगा।

होटल व्यावसाय व लाजिंग के लिए जी.एस.टी. की दर निम्नानुसार है :-

GST Rates for Hotels Based on Room Tarriff

S.	Tarriff per Night	GST Rate
1.	<INR 1000	No Tax
2.	INR 1000 to 2500	12%
3.	INR 2500 to 7500	18%
4.	>7500	28%

अभी तक 1000/- रूपये कमरे के किराये वाले होटल के बिल पर 15 फीसदी सर्विस टैक्स लगता था परन्तु केवल किराये के 40 फीसदी पर लगने को प्रभावी पर मात्र 9 फीसदी बनती थी। जी.एस.टी. के तहत अब केवल 5 फीसदी टैक्स लगेगा।इस तरह छोटे होटलो व उनमें ठहरने वालो को जी.एस.टी. से काफी फायदा होगा। जबकि बडे होटल व उनमें ठहरने वाले नुकसान में रहेंगे।

जी.एस.टी. के संदर्भ में यदि हवाई किराये की बात करें तो इकॉनोमी क्लास के लिए यह तो सस्ता हो गया हैं। पहले जहाँ इकॉनोमी क्लास पर 6 प्रतिशत टैक्स लगता था जी.एस.टी. में वह घटकर 5 प्रतिशत रह गया है। लेकिन जो पर्यटक बिजनेस क्लास में यात्रा करते हैं उनके लिए हवाई सफर थोडा महँगा हो गया है। बिजनेस क्लास की यात्रा पर पहले जहां 9 प्रतिशत टैक्स लगता था वह जी.एस.टी. में बढकर 12 प्रतिशत हो गया है। इससे भी पर्यटन में असर पडेगा।

वस्तु एवं सेवा कर की चुनौतियॉ - जी.एस.टी. एक मूल्य वर्धित कर है, जो कि विनिर्माताओं से लेकर उपभोक्ताओं तक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर एकल कर है। वस्तु एवं सेवा कर भारत की सबसे महत्पूर्ण अप्रत्यक्ष कर सुधार योजना है, जिसका उद्देश्य राज्यों के वित्तीय बाधाओं का दूर करके एक समान बाजार को बांधकर रखना है। जी.एस.टी. विसंगतियों को दूर करके प्रशासन को अत्यंत सरल बना रहा है।

जी.एस.टी. को लेकर सबसे बड़ी समस्या इंटरनेट कनेक्टिविटी की है। जी.एस.टी. के तहत सारी प्रक्रिया ऑनलाईन हो गई है और जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट कनेक्टिविटी की स्थिति अच्छी नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से आये दिन इंटरनेट सेवा बाधित रहती है। इससे भी अधिक परेशानी छोटे कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापारियों को होती है, जहॉ इंटरनेट की सुविधा सीमित है। सबसे बड़ी समस्या साफ्टवेयर को लेकर है, राज्य में हजारों दुकानदार हैं, जो नई टैक्स प्रणाली के तहत पहली बार कम्प्यूटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। यहॉ साफ्टवेयर अपडेट करने में समय लग सकता है। व्यापारियों को इनपुट क्रेडिट तभी मिलेगा, जब उनके द्वारा दी गई जानकारी उनके विक्रेता द्वारा दी जानकारी से मेल खायेगी। अगर इससे अंतर पाया जायेगा, तो परेशानी होगी। कम्प्यूटर में एंटी गलती होने की संभावना रहेगी, जिससे व्यापारियों का इनपुट टैक्स क्रेडिट रूक जायेगा। साफ्टवेयर में तकनीकी खराबी होने की प्राय: मुसीबत बनी रहेगी। साल में 37 रिटर्न जी.एस.टी. के तहत हर व्यापारी को भरने होंगी, जो एक चुनौतीपूर्ण काम है, जबकि जी.एस.टी. लागू होने के पूर्व व्यापारी साल में पांच रिटर्न ही भरता था। सरकार का जी.एस.टी. के माध्सयम से कर चोरी को रोकना मुख्य उद्देश्य अधिकमत करदाओं को ऑनलाईन कर प्रणाली से जोड़ना है,व सभी के लिये कर प्रणली को सरल व सुगत बनाना है। शासन की नीतियों में कर प्रणाली जन कल्याण के उद्देश्य से बनाई गई व्यवस्था है, जिसके बिना राज्यहित अथवा राष्ट्र के विकायस की कल्पनरा नहीं की जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति विशेष को आत्मशक्ति का ज्ञान कराते हुये अपने नैतिक कार्यो तथा कर्तव्यों के प्रति उन्मुख करना, उसके पालन हेतु सर्वथा उपयुक्त तथा सरल बनाना है।

जी.एस.टी की कम दरें, हमारे चालू खाता घाटे में कमी के लिए योगदान देगी और जीडीपी में बढ़ोतरी करेगी जिससे घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ विदेशी पर्यटाकों को भी भारत अधिक आकर्षित करेगा जिससे पर्यटन प्रेरित रोजगार को बढावा मिलेगा।

लेकिन जी.एस.टी. की बढी उच्च दरों के कारण, विदेशी पर्यटक भारत को छोडकर एशिया भर में अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

जी.एस.टी. पर होटल व्यवसाय एवं पर्यटन उद्योग के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के विचार : एफ.एच.आर.ए.आई. (फेडरेशन ऑफ होटेलस एंड रेस्टोरेंटस एसोसिऐशन ऑफ इंडिया) के वाइस प्रेसिडेंट श्री गिरिश ओबेरॉय के अनुसार 'फाइव स्टार होटेलस के लिए 28 प्रतिशत जी.एस.टी. एवं शराब पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. की उच्च दरें इस क्षेत्र के लिए ताबूत में अंतिम कील होगी , कोई भी विदेशी टूरिस्ट भारत को छोडकर एशिया के अन्य देश में घूमना चाहेगा'।

होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिऐशन ऑफ वेर्स्टन इंडिया (एच.आर.ए.डब्ल्यू.आई.) के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री भारत मलकानी के अनुसार 'भारतीय आतिथ्य और पर्यटन के लिए सबसे बडी बाधाओं में से एक है अंतर्राष्ट्रीय कर संरचना , सरकार को एहसास होना चाहिए म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर और इंडोनेशिया में लेवी कर 5 से 10 प्रतिशत ही है।'

होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिऐशन ऑफ वेर्स्टन इंडिया (एच.आर.ए.डब्ल्यू.आई.) के वर्तमान प्रेसीडेंट श्री दिलीप दतवानी के अनुसार 'जी.एस.टी. की उच्च दरें व्यवहार्य नहीं है इससे विदेशी पर्यटक भारत को छोडकर अन्य देश की ओर रूख करेगा।'

होटल सेवा क्षेत्र में जी.एस.टी. को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए सबसे जरूरी है कि ऑनलाइन बिलिंग किया जाना चाहिए जिससे पूर्ण रूप से पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए हर व्यावसायी को जी.एस.टी. का साफ्टवेयर अपडेट करते रहना होगा जिससे पूरे देश में कर की चोरी को रोका जा सकता है इसको लागू होने मे थोडा समय जरूर लगेगा लेकिन भविष्य में कर की चोरी को रोका जा सकता है।

जी.एस.टी. पर्यटन उधोग के लिए कही खुशी कही गम लेकर आया है इससे छोटे होटल व रेस्टोरेंट को तो लाभ होगा परन्तु बडे होटल व रेस्टोरेंट

को टैक्स की मार से जूझना पडेगा। आम पर्यटक के लिए जी.एस.टी. राहतकारी होगा जबकि समृद्ध वर्ग को ज्यादा खर्च करना पडेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. अभिनव कमल रैना एवं डॉ भुराराम सारण - पर्यटन एवं होटल उद्योग प्रबंध सिद्धांत एवं व्यवहार।
2. अग्रवाल डॉ.जी.के., अप्रत्यक्ष कर, रामप्रसाद एण्ट सन्स भोपाल।
3. पन्त, डॉ.जे.सी., राजस्व, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा 2016-17।
4. पत्रिका समाचार पत्र, जबलपुर संस्करण, दिनांक 24.02.2018।
5. www.gstavdharna.in
6. www.gstsindhant.in
7. https://www.voyagersworld.in/content/gst-travel-and-tourism
8. http://blog.numberz.in/2017/06/05/gst-impact-hospitality-tourism-industry/ .
9. http://carajput.com/learn/post.php?page=gst-impact-on-tourism-industry
10. http://www.thehindu.com/news/cities/mumbai/gst-makes-india-inhospitable-says-tourism-sector/article18511558.ecc
11. https://yourstory.com/read/93b2ad82b6-impact-of-gst-on-the-t
12. https://www.hellotravel.com/stories/impact-of-gst-on-travel-industry
13. https://cleartax.in/s/impact-of-gst-hospitality-industry
14. https://www.ibef.org/industry/indian-tourism-and-hospitality-industry-analysis-presentation
15. https://www.ibef.org/industry/tourism-hospitality-india.aspx

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

रीतिकालीन ऐतिहासिक कविया करणीदान और उनका सूरज प्रकाश

सुरेन्द्र शक्तावत *

प्रस्तावना – राजस्थान के वीर रस के महान् कवि करणीदान अपने युग के उद्‌भट विद्वान थे। इनके जीवन पर वीर विनोद के प्रणेता राजस्थान के सुप्रसिद्ध इतिहासकार श्यामलदास दधवाड़िया ने प्रकाश डालते हुए इन्हें शूलवाड़ा गाँव का निवासी माना है।[1] कर्नल जेम्स रॉड ने इनका जन्मस्थान कन्नौज माना है।[2] चारणों की बही में कवि के वंशजों ने उनका जन्मस्थान आमेर रियासत का डोंगरी ग्राम बताया है। यह डोंगरी ग्राम कवि के पूर्वज कविया श्री डूँगरसी को मिर्जा राजा मानसिंह ने दान दिया था। कवि के पिता का नाम विजयराम एवं माता का नाम इतियाबाई था। इनके पिता विजयराम भी श्रेष्ठ कवि व मान्य व्यक्ति थे। करणीदान जन्मजात बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

आगे चलकर वे खंगारोतो के सेवा नामक ठिकाने में आए। वहाँ के ठाकुर सुलताण सिंह ने इनकी कविता पर प्रसन्न होकर रथ, घोड़े और नौकर भेंट में दिए। वहाँ से चलकर ये आमेर आए। इन्होंने संस्कृत प्राकृत आदि ग्रन्थों का अध्ययन किया। वहाँ से चलकर शाहपुरा नरेश उम्मेदसिंह जी के दरबार में आए। उम्मेदसिंह जी ने इनकी कविता से प्रभावित होकर लाख पसाव दिए। करणीदान जी लम्बे समय तक उदयपुर भी रहे। महाराणा संग्राम सिंह एवं महाराणा जगत सिंह ने इनका काफी सम्मान किया। महाराणाओं की प्रशंसा में इन्होंने कविता लिखे। उदयपुर में ही जोधपुर महाराजा अभयसिंह जी ने इनकी प्रतिभा देखकर जोधपुर के लिए महाराणा से करणीदान की माँग की। शाहपुरा नरेश व उदयपुर महाराणा ने इन्हें जोधपुर भेज दिया। कविया करणीदान का अधिकांश जीवन जोधपुर में ही बीता। यहीं उन्होंने अपनी प्रतिभा, राजनैतिक सूझबूझ एवं शौर्य से खूब ख्याति अर्जित की। कर्नल जेम्स रॉड ने अपने राजस्थान के इतिहास में उनके विषय में लिखा –'करणीदान कविया जिस प्रकार से पहली श्रेणी के कवि थे, उसी प्रकार चतुर राजनीतिज्ञ, योद्धा और प्रकाण्ड पण्डित थे। प्रत्येक स्थिति में वह अपनी चतुरता का प्रमाण दिखाया करते थे। मारवाड़ के विग्रह के समय प्रत्येक राजनीतिक घटना में उन्होंने प्रशंसनीय भूमिका अदा की।'

जोधपुर के महाराजा अभयसिंह के साथ कविराजा ने अनेक युद्धों में सक्रिय भाग लिया एवं अहमदाबाद युद्ध के पश्चात् अपना प्रसिद्ध काव्य 'सूरज प्रकाश' लिखा। उनके जोधपुर प्रवास का एवं व्यक्तित्व सम्बन्धी महत्तवपूर्ण घटनाओं का परिचय मिलता है। स्पष्टवादिता इनमें कूट-कूट कर भरी थी। इन्होंने जयपुर व जोधपुर महाराजा के राज-परिवारों की कलंकित गाथा की निन्दा, उन्हीं के सम्मुख स्पष्ट शब्दों में की थी —

जयपुर और जोधाण पत दोनू थाप उथाप।
कुरम मारियो डीकरो कमधज मारियो बाप।।[3]

जोधपुर की गद्दी पर महाराजा रामसिंह बैठे। उनके पुत्र बख्त सिंह ने राजा रामसिंह की हत्या कर दी व गद्दी पर बैठ गया। इस घटना पर कवि ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा —

बखता बखत बाहिरा क्यूं मार्‌यो अजमाल।
हिंदवाणी को शेवरो तुरकाणी को काल।।
प्रथम तात मारियो माता जीवती जलाई।
असी च्यार आदमी हत्या जारी पण आई।।
कर गह्यो इकलास वेग जैसिंग बुलायो।
मिट धम मरजाद भरम गाठ रो गमायो।।
कवियाणां हूतं केवा करै धरा उदक लेवण करी।
बखता जलम पाया पछै किसी बात आछी करी।।[4]

अर्थात् – हे बखतसिंह ! तूने जन्म लेकर कौनसा अच्छा कार्य किया है ? सर्वप्रथम तो अपने पिता की हत्या की एवं माता को जीवित जला दिया। अजीत सिंह को मारने के कारण, उनके पीछे सती होने वाली चौरासी स्त्रियों की हत्या का तू भागी है। तूने जयसिंह से गहरी मित्रता कायम कर उसे जोधपुर पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। धर्म की मर्यादा छोड़कर तूने अपनी समस्त प्रतिष्ठा भी खो दी। कवियों से तू शत्रुता रखता है और तेरे राज्य में पृथ्वी निरन्तर प्यासी रहती है।

बख्तसिंह के जोधपुर पर अधिकार हो जाने पर अन्य चारणों एवं पुरोहितों के साथ ही कविया करणीदान की जागीर का गाँव आलावास भी जब्त कर लिया। करणीदान को बहुत विरक्ति हुई और जोधपुर छोड़कर एकान्तवास हेतु रवाना हो गए। किसनगढ़ दरबार बहादुर सिंह जी इन्हें ससम्मान किसनगढ़ ले आए। दरबार ने इनको कैवाणिया गाँव जागीर में बख्श दिया। संवत् 1824 में शाहपुरा नरेश दरबार उम्मेद सिंह जी ने मरहठों के विरुद्ध उज्जैन (क्षिप्रा) के युद्ध में मेवाड़ी सेना का नेतृत्व किया। उम्मेद सिंह इस युद्ध में अत्यन्त वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। करणीदान जी को जब उनके रण-कौशल एवं वीरगति पाने का समाचार मिला, तब उन्होंने एक गीत की रचना की-

खागधारा चापंड़ै जोम रचायो उजेण खेत।
मेक भारथेम उमेद नचायो महेश।।

कविया करणीदान का अन्तिम समय किसनगढ़ में ही बीता। उनकी मृत्यु संवत् 1838 के बाद कभी हुई क्योंकि संवत् 1838 में किसनगढ़ दरबार की मृत्यु के समय ये जीवित थे।

कविया करणीदान अपने समय के उत्यष्ट कवि थे। जोधपुर महाराजा अभय सिंह ने कविराजा की प्रशंसा में निम्नलिखित दोहा कहा था —

दूजा चारण देसरा सह पौसाक समान।
तुररो बीसोतर तणो कवियो करणीदान।।

* नीमच (म.प्र.) भारत

नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ के संग्रह में करणीदान से सम्बद्ध यह दोहा उपलब्ध है —

करनीदान सुजान कवि पख उजल पितमात।
तुम अमली के कहत हो, हो कदली के पात।।

गुजराती के प्रसिद्ध लेखक झवेरचन्द मेघाणी लिखते हैं कि –'शूरवीरना विरदगाणार कायशे ने रणशौर्य थी रोमांचित करणार, टूटती टेक ने टकावी जाणवार, पापी ने पण मोंडमोंड पापी कहणार शरणागत ने संहारवा मां राजरोषनी पण खेवना कणनार, अने गाजजवो अमारी धर्म पालनार, छता जरूरत पड़े तो जुट्टे पण चढ़नार स्वामी ने खातर शस्त्रों धरी ने संग्राम मां उतरणार वीर चारण करणीदान नूं दृष्टान्त राजपूताना नी तवारीख मा घणू उज्ज्वल छे।'[5]

परवर्ती कवियों में यह दोहा काफी प्रचलित है —

अभमल सिरखा राजवी, शेर जिसा उमराव।
हुवा न कोई होवसी, करण जिसा कवराज।।

सूरज प्रकाश – सूरज प्रकाश राजस्थानी भाषा का 7500 छन्दों में लिखा हुआ प्रबन्ध काव्य है। इस यति में जोधपुर के महाराजा अभय सिंह के जीवन की मुख्य घटनाओं का विशेषत: उनके युद्धों का विशद वर्णन है। प्रसंगवश कवि ने पौराणिक आधार पर राठौड़ वंश का वर्णन भी किया है।

प्रथम प्रकरण में मंगलाचरण के अन्तर्गत गणेश, सरस्वती, शिव, सूर्य और विष्णु की स्तुति की गई है। तदनन्तर ग्रन्थ के नामकरण पर प्रकाश डाला है। चूँकि राठौड़ सूर्यवंशी हैं, अत: सूर्यवंशी राजा इक्ष्वाकु से राठौड़ों की वंशावली प्रारम्भ की गई है। राजा दशरथ तक नामोल्लेख कर संक्षिप्त राम–कथा तत्पश्चात् कुश से लेकर पुंज तक का वर्णन इस प्रकरण में किया है।

द्वितीय प्रकरण में पुंज के तेरह पुत्रों व उनसे सम्बद्ध घटनाओं व वंशों का वर्णन करते हुए जयचन्द तक का उल्लेख है। जयचन्द ने अटक पार करके आठ मुसलमान बादशाहों को चुनौती दी थी। घमासान युद्ध हुआ। जयचन्द विजयी हुआ, उसने आठों बादशाहों को बंदी बनाया। राजा जयचन्द के पुत्र वरदायी सेन से फिर वंशावली का प्रारम्भ कर सीहा, आसथान, धूहड़ रायपाल रणमल्ल के जीवन की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख किया है। रणमल्ल बड़ा पराक्रमी था। मेवाड़ जाकर उसने अपने भानजे राणा कुम्भा के विद्रोहियों का काम तमाम करके उसे गद्दी पर बिठाया। राव जोधा रणमल्ल का पुत्र था। जोधा ने अपने रण–कौशल से राणा कुम्भा को संधि के लिए मजबूर कर दिया। राणा कुम्भा के साथ संधि के बाद राव जोधा ने वि.सं. 1515 की ज्येष्ठ सुदी एकादशी को चिड़ियाटूँक पर जोधपुर दुर्ग की नींव डाली और उसके नीचे नगर बसाया –

पनरैसे समत पनरोतड़ै सुदी जेठ ग्यारस सनढ़।
अवगाढ़ जोध रचिथौ इसौ गाढ़पूर जोधाण गढ़।।[6]

राव जोधा का उत्ताराधिकारी राव सूजा हुआ। सूजा का ज्येष्ठ पुत्र बाघा उसके जीवनकाल में ही स्वर्गवासी हो गया – अत: राव गागा जोधपुर का गद्दी पर बैठा। राव गागा के पश्चात् राव मालदेव जोधपुर का स्वामी हुआ। वह बड़ा प्रतापी शासक था। उसने एक–एक करके कई स्थानों की विजय प्राप्त की व मारवाड़ राज्य की सुव्यवस्थित स्थापना की। मालदेव के पश्चात् उदयसिंह व सूरसिंह शासक बने। इसी सूरसिंह का सूरज प्रकाश में विस्तृत वर्णन है। सूरसिंह ने गुजरात के उपद्रवियों का दमन किया एवं दक्षिण के वीर चम्पू को परास्त किया। जहाँगीर सूरसिंह का बहुत आदर करता था। उसने जालौर का परगना महाराज कुमार गजसिंह को देकर सिरोही के राव व मेवाड़ महाराणा को अधीन करने का आदेश दिया—

सीरोही धर सहर थोम अरबद्ध थुजाया।
दलेमांण देवड़ाँ लूटि डंडिपाथ लगाया।
धोकले राण मेवाड़ धर 'करण' साह चाकर कियौ।
गजसिंघ सिंघ सूराँ गरू इम तारागढ़ आवियौ।।[7]

चतुर्थ प्रकरण के प्रारम्भ में महाराजा गजसिंह के राज्यारोहण के साथ उनकी दक्षिण में खिड़कीगढ़, गोलकुण्डा, आसेर, सतारा आदि को विजय करने का उल्लेख है। मेवाड़ पर विजय हासिल करने पर बादशाह बड़ा प्रसन्न हुआ। उसने कई जागीरें प्रदान कीं। राव अमरसिंह गजसिंह के ज्येष्ठ पुत्र थे। बादशाह ने इन्हें राव की उपाधि के साथ नागौर की जागीर दी थी। शाहजहाँ के दरबार में अमरसिंह की झड़प सलावत खाँ से हुई, जहाँ उनके साले अर्जुन गौड़ ने धोखे से इन्हें मार डाला। महाराजा गजसिंह के बाद जसवन्त सिंह मारवाड़ के स्वामी बने। जसवन्त सिंह ने दक्षिण अभियान में औरंगजेब की सहायता की, किन्तु औरंगजेब ने उनको बार–बार बदलते हुए अलग–अलग परगनों का सूबेदार बनाते हुए काबुल भेज दिया, उसी अभियान में जमरूद में छ: वर्ष बिताए और वहीं उनकी मृत्यु हुई —

इमदत खग बहु करि अचड़ सुख करि राज समाज।
परम हंस मिलियौ पवित्र राजहंस जसराज।।[8]

महाराजा जसवन्त सिंह के देहावसान के पश्चात् उनकी दो रानियों से अजीत सिंह और दलथंभण उत्पन्न हुए। दलथंभण का थोड़े ही समय में देहान्त हो गया। बादशाह औरंगजेब ने राजकुमार व रानियों को दिल्ली बुलवा लिया एवं मारवाड़ पर अधिकार करने के लिए फौजें भेज दीं। दिल्ली में उसने राठौड़ सरदारों को राजकुमार अजीत सिंह को हवाले करने के अनेक प्रलोभन दिए किन्तु राठौड़ इस प्रलोभन में न आए। मुगल सेना से घिरे वीरवर दुर्गादास के नेतृत्व में स्वाभिमानी राठौड़ों ने राजकुमार को गुप्त रूप से मारवाड़ भेज दिया। रानियों की इज्जत बचाने हेतु उन्हें काट कर यमुना में बहा दिया व लड़ते–भिड़ते मारवाड़ आ गए। औरंगजेब ने राव अमर सिंह के पौत्र इन्द्र सिंह को मारवाड़ का पट्टा लिखकर मारवाड़ में दुर्गादास व अजीत को पकड़ने भेजा। अनेक आक्रमणों के आद अन्तत: औरंगजेब का कब्जा जोधपुर पर हो गया, पर अजीत सिंह पकड़ में नहीं आया। गुप्त रूप से दुर्गादास के संरक्षण में अजीत सिंह का लालन–पालन होता रहा। औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् युवा महाराजा अजीत सिंह ने जोधपुर पर आक्रमण कर अपने पैतृक राज्य पर अधिकार कर लिया। अट्ठाईस वर्ष बाद अजीत सिंह मारवाड़ का स्वामी बना। उसने गंगाजल छिड़क कर राजधानी को शुद्ध कराया तब राज–सिंहासन पर बैठा। औरंगजेब के उत्ताराधिकारी बहादुर शाह को मजबूरन अजीत सिंह से मेड़ता में संधि करनी पड़ी। बादशाह ने दक्षिण की अशान्ति दबाने के लिए राजा जयसिंह और अजीत सिंह को साथ लिया। पीछे धोखे से उसने सेना भेजकर जोधपुर पर अधिकार कर लिया। महाराजा अजीत सिंह को जब यह ज्ञात हुआ तो उसने बादशाह का साथ छोड़ दिया व जयसिंह एवं दुर्गादास के साथ उदयपुर जाकर महाराणा अमरसिंह से मिले। मेवाड़ी फौज को साथ लेकर जोधपुर पर पुन: कब्जा कर लिया, वहाँ से आगे बढ़ते हुए डीडवाना, साँभर और आमेर को जीत लिया। इस प्रकार जयसिंह पुन: आमेर का राजा बना।

छठे प्रकरण में फर्रूखसियर के समय में महाराजा अजीत सिंह की राजनैतिक स्थिति दिल्ली दरबार में सुदृढ़ थी। जब सैयद बन्धुओं और फर्रूखसियर के बीच मनमुटाव हुआ। महाराजा भी अपने सरदारों सहित दिल्ली पहुँचे। दिल्ली में प्रवेश के समय उन्हें अपनी माताओं एवं उन बलिदानी राठौड़ वीरों का स्मरण हो आया जिन्होंने अपने शिशु–स्वामी को बचाने के

लिए प्राणोत्सर्ग कर दिए थे। उनके मन में मुगलों के विरुद्ध प्रतिशोध की भावना भड़क उठी, किन्तु उस समय शान्त रहे। दिल्ली में उनके व सैयद बन्धुओं के बीच यह संधि हो गई कि बादशाह के हटने के बाद हिन्दुओं पर जजिया कर न लगाया जाएगा और उनकी धार्मिक उपासना में किसी प्रकार की बाधा न पहुँचाई जाएगी। सैयदों ने बादशाह को गिरतार कर मार डाला। सैयद बन्धुओं और महाराजा अजीत सिंह ने महल लूटकर परस्पर बाँट लिया। अजीत सिंह की मृत्यु के समय महाराज कुमार अभय सिंह दिल्ली में थे।

सप्तम प्रकरण में उल्लेखित है कि बादशाह मुहम्मद शाह ने दिल्ली में महाराज कुमार अभय सिंह का स्वयं राज्याभिषेक किया। उसे बहुमूल्य वस्तुएँ भेंट कीं तथा नागौर के शासन की सनद दी। मारवाड़ में अभय सिंह का भव्य स्वागत हुआ। गुजरात में सर बुलन्द खाँ ने विद्रोह कर दिया था, उसे दबाने के लिए बादशाह ने अभय सिंह को जिम्मेदारी दी। अजमेर तथा गुजरात की सनद के साथ विभिन्न अस्त्र-शस्त्र और इकतीस लाख रुपये देकर रवाना किया। अभय सिंह अपने भाई बख्त सिंह के साथ अहमदाबाद की ओर रवाना हुए। सर बुलन्द खाँ ने भी अपनी तैयारियाँ पूरी कर रखी थीं। कवि ने महाराजा अभय सिंह द्वारा किए गए इस युद्ध का विशद वर्णन किया है। कवि युद्ध में स्वयं उपस्थित था - अत: उसने राठौड़वाहिनी के श्रेष्ठ वीरों का युद्ध-वर्णन यथार्थ रूप में किया है। तत्पश्चात् चौहानों, सोनगरों, कछवाहों, देवड़ों, मागरियों, राजपूतों, पुरोहितों, चारणों, ब्राह्मणों, भण्डारियों द्वारा किए गए युद्ध का वर्णन है।

बड़ी फौज इण विध विहद वरण कही विस्तार।[9]
इण आगल अधराज रो समहर बरणत सार।।

अधराज अथवा राजाधिराज बख्तसिंह का युद्ध-वर्णन कवि ने कुछ विस्तार से किया है। तत्पश्चात् कवि बख्तसिंह की सेना के राजपूत, चाँपावत, शेखावत आदि के युद्ध का वर्णन करता है। फिर कवि ने सर बुलन्द खाँ की सेना की क्षति का वर्णन किया है। सर बुलन्द खाँ ने अपनी हार को निश्चित मानकर महाराजा अभयसिंह से संधि कर ली। उनको आत्म-समर्पण कर वह आगरा चला गया। फिर युद्ध जीतने के उपलक्ष में होने वाले आनन्द-उत्सव का कवि ने वर्णन किया है तथा महाराजा अभय सिंह के शासन की प्रशंसा की है। ग्रन्थ के अन्त में कवि ने सूरज प्रकाश का रचना-काल (वर्ष, मास, तिथि, वार सहित), रचना में लगी अवधि और ग्रन्थ का परिमाण तथा छन्दों की कुल संख्या भी दे दी है —

सत्रैसे समत सत्यासिये बिजे दसमी सनिजीत।
बदि कातिक गुण वरणियो दसमी वार अदीत।।
वणियो गुण इक वरस विच उकति अरथ अणपार।
छन्द अनुष्टुप करिउ जन, सत पंच सात हजार।।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कविराजा श्यामलदास -वीर विनोद भाग-2- पृ. 966.
2. कर्नल जेम्स टॉड — एनल्स एण्ड एण्टीक्विटीज़ ऑफ राजस्थान- भाग-2- पृ. 170.
3. मरूभारती- वर्ष 6 अंक 3
4. रामकृष्ण दुग्गड़ -कविया करणीदान और सूरज प्रकाश- पृ. 31.
5. झवेरमल मेधाणी -चारणो अने चारणी साहित्य- पृ. 10.
6. करणीदान -सूरज प्रकाश- भाग 1 पृ. 251.
7. कविया करणीदान - सूरज प्रकाश भाग 1 पृ. 297.
8. वही भाग 2 पृ. 24.
9. रामकृष्ण दुग्गड़ - कविया करणीदान और सूरज प्रकाश- पृ. 60.

****

देश का ईंट–भ ट्टा उद्योग–समस्याएं एवं सुझाव

डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति *

शोध सारांश – देश में साधारण ईंट–भट्टा उद्योग का आर्थिक विकास एवं रोजगार को बनाये रखना तथाआवास व रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य को सकारात्मकता प्रदान करता है। इसलिए हमने इस साधारण ईंट–भट्टा उद्योग की समस्या व सुझाव का अध्ययन किया है।

प्रस्तावना – ईंट–भट्टा उद्योग खनिज (मिट्टी) पर आधारित एक महत्वपूर्ण उद्योग है, जिसका अस्तित्व बुनियादी सुविधाओं के ढांचा प्रदान करने तथा लघु एवं कुटीर उद्योगों के साथ देश के आवास व्यवस्था के विकास के लिए आवश्यक है। आज हमारे देश में ईंट–भट्टा उद्योग जहाँ एक ओर लाखों व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रहा है, वहीं दूसरी और 'सबको छत' उपलब्ध कराने के राष्ट्रीय मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अर्थात् ईंट–भट्टा उद्योग राष्ट्रीय अधोसंरचना का आधार स्तंभ है। दो किसी भी देश के आर्थिक व सामाजिक स्वर रूप को प्रकट करता है। यद्यपि हाल ही के कुछ वर्षों एवं चालू वर्ष में ईंट पकाने से होने वाले धूएं (प्रदूषण) के कारण देश के ईंट–भट्टा उद्योग को कुछ झटका लगा है। लेकिन देश में कच्चे माल क प्रचूर सम्भावनाओं, उपलब्ध श्रम शक्ति और भारी आंतरिक (बाजार) मांग की उपलब्धता के कारण इसके उज्ज्वल भविष्य की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

भारत में ईंट–भट्टा उद्योग परम्परागत तकनीक से असंगठित क्षेत्र में अशिक्षित समुदाय के हाथों में स्व रोजगार के उद्देश्य से संचालित है। केन्द्र एवं राज्य शासन के किसी भी विभाग के पास ईंट–भट्टा उद्योग के संबंध में कोई प्रमाणित जानकारी उपलब्ध नहीं है। फिर भी गैर सरकारी संगठन एवं ब्रिक्स एण्ड टाईल्स न्यूस 1995 के अनुसार देश में 30 हजार से 50 हजार ईंट–भट्टों की इकाईयां संचालित है, जो प्रतिवर्ष 50 मिलियन ईंटों का उत्पादन कर स्थानीय स्तर पर निर्माण उद्योग (आवास निर्माण) की आवश्यकता की पूर्ति करते है। आज देश एवं म.प्र. में ईंट–भट्टा उद्योग इकाईयों की संख्या क्रमश: दो लाख एवं 20 हजार होने का अनुमान है। देश में ईंट–भट्टा उद्योग से करीब 30–35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार प्राप्त है। देश की कुळ ऊर्जा खपज का 27 प्रतिशत हिस्सा एवं 7.3 से 10 मिलियन टन जैविक ऊर्जा (गोबर) की खपत ईंट–भट्टा उद्योग में ईंटों की पकाई पर खर्च होती है एवं इसी उद्योग में सबसे ज्यादा मिट्टी की खपत होती है।

प्राचीनकाल मोहन जोदडो, हड़प्पा सभ्यताओं से आधुनिक काल तक के भवन निर्माताओं द्वारा 'ईंट' की उपयोग के लिए चुने जाने के कारण इसमें मौजूद कुछ विशेषताएं है। जो आधुनिक भवन निर्माण में भी उपयोगी सिद्ध है। 'ईंट' लोचदार गारे (मिट्टी) को सांचे के माध्यम से प्रदान की गई एक आयतकार आकृति है। जो मजबूत, टिकाऊ तथा प्राकृतिक अभिकर्ताओं (जैसे–धुप, ठंड, वायु, वर्षा इत्यादि) द्वारा पड़ने वाले अपशय प्रभाव को काफी हद तक सहने वाली होती है। अर्थात् मिट्टी की ईंट से निर्मित मकान सभी मौसम में वातानुकूलि त होता है। एक शोध में पाया गया है कि वे सीमेन्ट, फ्लाईऐस व अन्य रसायानिक सामग्री के द्वारा निर्मित ई टों के मकान में रहने से मानव को कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। जबकि मिट्टी की ईंटों से बने मकानों में ऐसी कोई समस्या नहीं आती है। तथा मिट्टी की ईंट की उम्र 10000 साथ से भी अधिक है तथा सीमेन्ट की ईंटों की उम्र 30–40 वर्ष होती है।

ईंट उत्पादन में मिट्टी आधार भूत कच्चा माल है जिसका देश व म.प्र. के अधिकांश भागों में पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। भारत में मुख्यत: जलोढ मिट्टी, काली मिट्टी, लाल तथा पीली मिट्टी पाई जाती है। परन्तु मध्यप्रदेश भारत के दक्षिणी पठार का भू–भाग है जहां अवशिष्ट मिट्टी मिलती है। जिसमें काली, साधारण काली, दोमट, लाल तथा पीली मिट्टी प्रमुख है। ईंट उत्पादन में सभी प्रकार की मिट्टी का प्रयोग किया जाता है तथा इन विभिन्न मिट्टी मिश्रण के अनुपात का ज्ञान इन्हें पैतृक व्यवसायिक गुण के कारण प्राप्त रहता है।

वर्तमान परिदृश्य में ईंट–भट्टा उद्योग– वर्तमान स्थिति में अधिकांश ईंट–भट्टा उद्योग कुटीर उद्योग के रुप में जाति विशेष के हाथों में स्वयं के लिये रोजगार की व्यवस्था करने के उद्देश्य से श्रम प्रधान तकनीक द्वारा देश में संचालित है। इन उद्योगों में उत्पादन कार्य वर्ष में 5 से 6 माह होता है जो पठारी क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रति इकाई (प्रतिघोल) तीन से चार हजार ईंटों का उत्पादन करती है। जिसमें 6 से 10 श्रमिक प्रतिदिन की खपत होती है। तथा स्थायी (भूमि भवन को छोड़कर) एवं कार्यशील पूंजी के रूप में क्रमश : 5 से 10 लाख रुपये तक का विनियोग होता है जो ब्रिकी क्षमता एवं ई ट–भट्टे के आकार के अनुसार परिवर्तनशील है। फिर भी प्रति श्रमिक पूँजी विनियोजन 50 हजार से एक लाख रुपये का होता ही है। ईंट–भट्टे के इस छोटे आकार को साधारण ईंट–भट्टा (उश्ररर्ीी) के नाम से जाना जाता है।

ईंट–भट्टा उद्योग को जब आम आदमी संचालित अवस्था में देखता है तो उसके मन में यह बात छाप छोड़ देती है कि ईंट–भट्टा उद्यमी तो मिट्टी का पैसा बनाते है। परन्तु यदि ईंट–भट्टा उद्योग के आर्थिक पहलु (लागत) पर नजर डाले तो स्थिति विपरीत नजर आती है। अग्र ईंटों के निर्माण में प्रयुक्त विभिन्न सामग्रियों एवं श्रम का मूल्य आंका गया है। वैसे देश एवं प्रदेश के विभिन्न भागों में ईंटों की उत्पादन लागत एवं ईंटों का मूल्य अलग–अलग होता है। फिर भी म.प्र. के नीमच जिले के साधारण ई ट भट्टे को लेकर ये लागत गणना टेबल ईंटों को लेकर की है–

* स्कीम नं. 21, मकान नं. 10,ग्वालटोली, नीमच (म.प्र.) भारत

क्र.	सामग्री	प्रति हजार टेबल ईंटों की लागत
1.	स्थायी लागत	175
2.	परिवर्तनशील लागत	
	(अ) सामग्री	1433
	(ब) श्रम	1713
	(स) अन्य लागत	244
3.	उत्पादन में सामान्य एवं	356
	असामान्य हानि (10 प्रति.)	3921

वर्तमान में देश के कुछ राज्य व जिले को छोड़कर प्रति हजार ईंटों की कीमत 4000–4200 रुपये है। जिसके हिसाब से 79–279 रुपये प्रति हजार ईंटों पर लगभग लाभ प्राप्त करते हैं, जिससे उद्यमी को प्रति वर्ष 5 से 6 लाख ईंटों के वार्षिक उत्पादन पर 56 से 279 हजार रुपये तक वार्षिक लाभ प्राप्त होता है। परन्तु यदि ईंट कम पकी या ज्यादा पकी या आकस्मिक वर्षा से कच्ची ईंटें गलकर नष्ट हो गयी तो भट्टा उद्यमी को लाभ के स्थान पर हानि भी उठानी पड़ती है।

समस्याएं – केन्द्र एवं राज्य सरकार की पिछली 69 वर्षों की सारी योजनाएं ईंट–भट्टा उद्योग को उपेक्षित कर बनाई गयी है। तथा केन्द्र व राज्य शासन ने गत वित्तीय वर्ष 2017 में भी ईंट–भट्टे के विकास का कोई प्रॉवधान नहीं किया है। ईंट–भट्टा उद्योग आज शासन के वांछित प्रोत्साहन के बिना अनेक प्रकार की समस्याओं से जुझ रहा है। जिनमें प्रमुख समस्याएं निम्न है –

- सरकार द्वारा मिट्टी खनन संबंधी लीज (रायल्टी) के नियमों में बार–बार किया जाना वाला परिवर्तन व शहर से दूर ईंट–भट्टा स्थापित करने की गाइड लाईन से स्थायित्व का अभाव।
- कच्ची ईंटों को पकाने के दौरान होने वाले धुएं से पर्यावरण संबंधी अनेक उपजी समस्याएँ व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जटिल नियमों का पालन करना पड़ता है।
- ईंट–भट्टा उद्योग के उद्यमियों से वन विभाग, श्रम विभाग, यातायात विभाग, खनिज विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कुछ तो भी कानून बताकर आए दिन चालान करते रहते है।
- देश में अधिकांश ईंट–भट्टों द्वारा ईंट–उत्पादन के लिये पुरानी अविकसित 'श्रम प्रधान' तकनीक का प्रयोग किया जाना व शासन के आर्थिक सहयोग का अभाव होना।
- प्रत्येक शहर के प्रत्येक 'मास्टर प्लान' में ईंट–भट्टा उद्योग को शहर से दूर स्थानान्तिरत करने की योजना प्रस्तावित करने की समस्या।
- देश के ईंट–भट्टा उद्योग में संगठित विपणन एवं प्रबंध व्यवस्था का अभाव है। उद्योग असंगठित है।
- पुरानी तकनीकी से उत्पादित ईंटों में गुणवत्ता एवं उत्तम किस्म का अभाव पाया जाना।
- देश में ईंट उत्पादन की आधुनिक तकनीक की जानकारी एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का अभाव होना। तथा शासन के कौशल विकास योजना द्वारा इस उद्योग पर ध्यान न देना।
- ईंट–भट्टा उद्योग मिट्टी पर आधारित एक मौसमी एवं कच्चा उद्योग है, जिस कारण बैंकों द्वारा इन उद्योगों को ऋण उपलब्ध नहीं कराया जाता जिससे इन उद्योगों में वित्तीय संकट बना रहता है। बीमा कंपनी कच्ची ईंटों का बीमा नहीं करती है।
- देश में परम्परागत 'श्रम प्रधान तकनीक' द्वारा ईंटों का उत्पादन किये जाने से लागत अधिक एवं लाभ कम होना। ये उद्योग रुग्ण (बीमा) अवस्था को प्राप्त है।
- देश में केन्द्रीय माटी कला बोर्ड का अभाव होना व कई राज्यों में गठित माटी कला बोर्ड को 'आथिक शक्ति' प्रदान न करना।
- मिट्टी की ईंटों के अतिरिक्त जो अन्य सामग्री जैसे सीमेन्ट, फ्लाई ऐस, प्लास्टर या अन्य रासायनिक सामग्री के मिश्रण से जो ईं ट बन रही रही है व उनका उपयोग मकान निर्माण में किया जा रहा है। उसके शीघ्रकालीन दुष्प्रभाव से जनता को अनभिज्ञ रखना, आदि।

सुझाव –

- देश में ईंट–भट्टा उद्योग कुटीर /लघु पैमाने पर असंगठित क्षेत्र में संचालित है, अत: सरकार को इन उद्योगों का विकास एवं सुधार करने हेतु इन्हें संगठित करना चाहिए।
- राष्ट्रीय विकास परिषद व नीति आयोग को 'ईंट–भट्टा उद्योग' के विकास एवं अनुसंधान के लिए बजट में अलग से राशि आबंटित करने का प्रॉवधान लाना चाहिए।
- ईंट–भट्टा उद्योग में ईंट उत्पादन के दौरान आकस्मिक वर्षा से जो कच्ची ईंटें गलकर नष्ट हो जाती है, इस हानि से बचाव हेतु देश में 'ईंट–भट्टा उद्योग बीमा योजना' लागू करना चाहिए। एस.डी.एम. जो राजस्व नियम 6 (4) के अनुसार जो क्षतिपूर्ति देते है उन्हें जिले में प्रचलित मजदूरी दर के मान से ईंटों की गिनती के नुकसान के अनुपात में क्षतिपूर्ति राशि देना चाहिए।
- देश के प्रत्येक जिले के जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों एवं जिला ग्रामोद्योग केन्द्रों पर ईंट–भट्टा उद्योग की आधुनिक तकनीक की प्रमाणित जानकारी एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध करना चाहिए।
- ईंट–भट्टा उद्योग के लिए 'मिट्टी' आधारभूत कच्चा माल है। अत: मिट्टी खनन संबंधी नियमों का सरलीकरण कर इन्हें स्थायित्व प्रदान करना चाहिए।
- ईंट–भट्टा उद्योग बाहुल्य शहरों में मिट्टी वाले क्षेत्र को 'ब्रिक्स इण्डस्ट्रीज फील्ड' शहर की विकास योजना में आवश्यक सुविधाओं के साथ प्रस्तावित कर घोषित करना चाहिए।
- केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक प्रत्येक परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराने की घोषणा के बाद भी मिट्टी की ईंटों के निर्माण में ईंट–भट्टा उद्योग के विकास हेतु केन्द्र व राज्य शासन ने कोई योजना या नीति प्रत्यक्ष रूप से नहीं बनाई है।
- देश में कोयला शक्ति (ईंधन) की बचत एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु शासन को सस्ती आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना चाहिए, व योंकि वर्तमान में आधुनिक भट्टा स्थापित करने की लागत (भूमि भवन को छोड़कर) करीब 30 से 50 लाख रुपये है, जो हमारे देश के गरीब ईंट–भट्टा उद्यमियों की क्षमता से बाहर है।
- ईंट–भट्टा उद्योग स्थापित करने हेतु जिला व्यापार एवं कुटीर उद्योग केन्द्र एवं जिला खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग को मार्जिन राशि योजना की क्षमता 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करना चाहिए तथा वित्त उपलब्ध कराने हेतु सरल एवं शिथिल नियमों को व्यवहार में लाना चाहिए। जिसमें बीमार ईंट–भट्टा उद्योग को 'जीवनदान' मिल सकें।
- शासन के पास ईंट–भट्टा उद्योग से संबंधित सभी संगत सूचनाओं का

अभाव है। अत: आवश्यक है कि शासन या शासन की एजेंसी के पास जिले/ प्रदेश में चल रहे पंजीकृत व अपंजीकृत ईंट-भट्टा उद्योग की अद्यतन जानकारी उपलब्ध हो, ताकि शासन, जन एवं जनप्रतिनिधि इसके महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत हो सके एवं रोजगार को महत्व दे सकें।

- संगठित ईंट-भट्टा संस्थाओं को कन्ट्रोल रेट पर कोयला उपलब्ध कराना चाहिए।
- देश में ईंट-भट्टा उद्योग अधिकांश श्रम प्रधान तकनीक द्वारा संचालित है तथा देश में बाहुल्य जनसंख्या वाले देश में रोजगार में वृद्धि हेतु तथा राष्ट्रीय लक्ष्य प्रत्येक परिवार को पक्का 'मकान' व 'शौचालाय' उपलब्ध करवाने हेतु भी ईंट-भट्टा उद्योग को शासन का महत्व प्रदान करना चाहिए।
- शासन को ईंट-भट्टा उद्योग के विकास हेतु विभिन्न विभागों द्वारा जो कुछ तो भी कानून बताकर ईंट-भट्टे वालो से जो अवैध वसूली करते है उन पर रोक लगाना चाहिए। जो 'भ्रष्टाचार' मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक है ।

यदि संबंधित हितग्राही एवं योजनकार नीति आयोग उक्त समस्याओं एवं सुझावों पर ध्यान देती है तो देश व प्रदेश में निश्चित रूप से रोजगार की गारंटी में वृद्धि होगी तथा शासन को प्रत्येक परिवार को 'मकान' व 'शौचालाय' व रोजगार देने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

समाचार-
1. ब्रिक्स एवं टाईल्स न्यून सन् 1995
2. दैनिक ललकार, नीमच पृ.क्र. 2, दिनांक 10 नवम्बर 2003
3. नई विधा, नीमच पृ.क्र. 2 दिनांक 22.9.2003, पृ. क्र. 4 दिनांक 3.11.2003
4. जन चिंगारी, पृ.क्र. 4 दिनांक 23.10.2003
5. मालवा टूडे, पृ.क्र. 3 दिनांक 7.6.2015

शोध पुस्तक -
1. ई ट-भट्टा उद्योग (आर्थिक एवं सामाजिक विश्लेषण म. प्र. के विशेष संदर्भ में) प्रकाशन वर्ष 2012 पृ.क्र. 40, 41, 52, 195, 276, 354

संस्थाएं-
1. केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्था रुड़की (उ.प्र.)
2. कुम्हार ई ट-भट्टा व्यवसायिक समिति, नीमच (म.प्र.)
3. म.प्र. ब्रिक्स मेन्यूफेक्चरिंग एसोसिएसन, इन्दौर (म.प्र.)
4. श्री दक्ष वेलफेयर एण्ड चेरिटेबल सोसायटी, होशियापुर पंजाब
5. अमृत माटी इंडिया ट्रस्ट, जयपुर (राज.)
6. अखिल भारतीय प्रजापति होरोज आर्गनाइजेशन हिसार, (हरियाणा)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

म.प्र. के पर्यटन विकास में पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं का योगदान

डॉ. सोनिया शर्मा *

प्रस्तावना – पर्यटन एक बहुआयामी, गतिशील एवं मौसमी क्रिया है जिसका दायरा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय है तथा इसकी विषयवस्तु (पर्यटक) मानव है जिसके विचार, आदतें, आवश्यकता, अभिरुचियाँ एवं अभिवृत्तियाँ बदलती रहती हैं, जिसका उद्देश्य शिक्षा, शान्ति, सद्‌भाव, मनोरंजन एवं आनन्द की अनुभूति प्राप्त करना है, इसकी सांगठनिक संरचना एवं व्यावसायिक भूमिका है, इसका सम्बंध सरकार व्यावसायिक संगठनों, यातायात सेवा संगठनों, होटलों, पर्यटन आवास श्रृंखलाओं, एजेन्टों, यात्रा संचालकों, सहयोगियों एवं सहायक सेवाओं से है। वर्तमान में यह विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाली महत्वपूर्ण आर्थिक क्रिया (उद्योग) है एवं अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति सद्‌भाव, भाईचारा एवं अन्तर्राष्ट्री सोहार्द्र बढ़ाने वाली क्रिया है।[1]

मध्यप्रदेश पर्यटन स्थलों की दृष्टि से समृद्ध है। प्रदेश में ऐसे बहुत से पर्यटन स्थल हैं जिनके द्वारा प्रदेश को पर्याप्त आय हो सकती है।
राज्य के पर्यटक आकर्षण स्थलों को मुख्य रूप से चार भागों में वर्गीकृत किया गया है:-

तालिका 1

ऐतिहासिक व पुरातात्विक	प्राकृतिक सौन्दर्य के परिपूर्ण	धार्मिक पर्यटन स्थल	वन्य प्राणी स्थल
खजुराहो	भेड़ाधाट	चित्रकूट	बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान
सांची	पचमढ़ी	उज्जैन	माधव राष्ट्रीय उद्यान
माण्डू		मैहर	पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
ग्वालियर		अमरकंटक	पेंच राष्ट्रीय उद्यान
ओरछा		ओंकारेश्वर	संजय राष्ट्रीय उद्यान
भोपाल (नगर के ऐतिहासिक स्थल)		महेश्वर	सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
इन्दौर		पन्ना	वन विहार राष्ट्रीय उद्यान (भोपाल)
विदिशा		सलकनपुर	जीवाष्म राष्ट्रीय उद्यान कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं पर एक दृष्टि
पर्यटन उद्योग में विविध प्रकार के पैमाने पर रोजगार सृजित करने की क्षमता है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन अवसंरचना का संवर्धन करना, इनवांउड पर्यटन में वृद्धि के लिए सुविधाजनक वीजा प्रणाली एक पूर्वापाय है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा ई-पर्यटक वीजा, ई व्यापार वीजा और ई चिकित्सा वीजा उपलब्ध कराये जा रहे हैं। विश्व के 161 देशों के नागरिकों के लिए ई-वीजा सुविधा का विस्तार किया गया है। घरेलू और अंतराष्ट्रीय पर्यटकों को योगा और पर्यटन से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए और भारत में यात्रा के समय सलाह के साथ उनकी सहायता के लिए टोल फ्री बहुभाषीय पर्यटक इंफोलाईन हिन्दी व अंग्रेजी भाषा सहित 10 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है। यह सेवा टोल फ्री नंबर-1800111363 पर अथवा लघुकोड नंबर-1363 पर उपलब्ध है।म

- पर्यटन में मौसम का पहलू एक चुनौती है। पर्यटन मंत्रालय ने देश के निश उत्पदों की पहचान विविधतापूर्ण बनाने में क्रूज , रोमांचकारी क्रीडा, चिकित्सा, निरोगता, गोल्फ, पोलो, बैठक सम्मेलन और प्रदर्शनी, इको पर्यटन, फिल्म पर्यटन शामिल है। पर्यटन में संवर्धन के लिए सरकार ने अनेक पहलें की है वर्ष 2016-17 में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में एक अंतराष्ट्रीय अभियान वैश्विक रूप में लांच किया गया। मंत्रालय ने सी0एन0एन0, बी0बी0सी0, डिस्कवरी, टी0एल0सी, यूरो न्यूज, सी0एन0बी0सी0, ट्रेवल चैनल, सी0बी0एस0 (यू0एस0ए), ताबी (जापान) सहित अग्रणी टेलीविजन चैनलों के साथ-साथ गूगल पर अपना अभियान आरम्भ किया है।
- बड़े निवेशों को आकर्षित करने के लिये वर्ष 2016 में नई दिल्ली में एक अतुल्य भारत पर्यटन इनवेस्टर्स समिति आयोजित की गई।
- पर्यटन मंत्रालय हमारे देश में लोगों की सांस्कृतिक और पाककला की विविधता प्रदर्शित करने राष्ट्रीय एकता को संवर्धित करने के उद्देश्य से भारत पर्व आयोजित करता है।
- वार्षिक अंतराट्रीय पर्यटन मार्ट द्वारा भी इस क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे अन्य व्यक्तियों के अलावा वैश्विक खरीददार उपस्थित् हुये।
- पर्यटन अवसंरचना के सृजन के लिये पर्यटन मंत्रालय की दो बड़ी प्लान योजनायें यथा स्वदेश दर्शन थीम, क्षेत्रिय परिपथों का एकीकृत विकास और ऐतिहासिक स्थलों और विरासत शहरों सहित देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिये तीर्थस्थल जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान है।
- स्वदेश दर्शन योजना का विजन पर्यटकों के अनुभवों को समृद्ध करने और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिये स्टॉक होल्डरों की आवश्यकताओं और सरोकारों पर फोकस करने के लिये प्रयासों में

* धाम मोहल्ला, पन्ना (म.प्र.) भारत

तालमेल कायम करने के द्वारा एकीकृत तरीके से उच्च पर्यटक मूल्य, प्रतिस्पर्धा एवं सततता के सिद्धान्त थीम आधारित पर्यटक परिपथों का विकास करना है। इस योजना के अंतर्गत 13 थीम आधारित परिपथों की पहचान की है। इसी प्रकार प्रसाद पर्यटन योजना के अंतर्गत भारत सरकार ने देश में 25 महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की पहचान की है ये स्थल हैं - अमरावती (आंध्रप्रदेश) अमृतसर(पंजाब), अजमेर(राजस्थान), अयोध्या(उत्तरप्रदेश) , बद्रीनाथ (उत्तराखंड), द्वारका (गुजरात),देवधर(झारखंड),बेलूर(पश्चिम बंगाल), गया(बिहार), गुरूवायुर(केरल) हजरतबल (जम्मू और कश्मीर), कामाख्या(असम),कांचीपुरम(तमिलनाडू), कटरा(जम्मू और कश्मीर), केदारनाथ (उत्तराखंड), मथुरा(उत्तरप्रदेश), पटना (बिहार),पुरी (ओडिसा), श्रीसेलम(आंध्रप्रदेश),सोमनाथ (गुजरात), तिरूपति(आंध्रप्रदेश), त्रयंबकेश्वर(महाराष्ट्र), ओमकारेश्वर (मध्यप्रदेश),वाराणसी(उत्तरप्रदेश) और वेल्लकनी(तमिलनाडू)

- पर्यटन मंत्रालय ने ई-वीजा पर भारत आने वाले पर्यटकों के लिये प्री लोडेड सिम कार्ड प्रदान करने की पहल की है। इसकी शुरूआत भारत संचार निगम लिमिटेड के सहयोग से 15 फरवरी, 2017 को हुई है। इस पहल के अंतर्गत भारत संचार निगम, ई-वीजा पर भारत आने वाले पर्यटकों को सिमकार्ड प्रदान करेगा। इस पहल का उद्देश्य भारत प्रवास के दौरान विदेशी पर्यटकों को परिवार एवं मित्रों से जोड़े रखने के साथ-साथ पर्यटन मंत्रालय की बहुभाषी टोल फ्री हेल्पलाईन से किसी भी दुर्घटना इत्यादि के समय सम्पर्क करने का माध्यम प्रदान करना है।

मध्यप्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार जागरूक है। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास के मामले में उन अग्रणी राज्यों में शामिल हो जायेगा जहॉ सर्वाधिक पर्यटक जाना पसन्द करते हैं। वैसे भी मध्यप्रदेश अपनी बेजोड़ ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर, वन संपदा एवं प्राकृतिक सुन्दरता के कारण पर्यटन नक्शे पर तेजी से उभरा है। विगत वर्षो की अपेक्षा पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। वर्ष 2009 से 2013 तक 5 वर्षो में प्रदेश में पर्यटक आगमन में 172 प्रतिशत की वृद्धि हुई एवं इसी अवधि में विदेशी पर्यटकों की संख्या में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य में नये पर्यटन जोन चिन्हित किये गये है, जिनमें इंदिरा सागर, गॉधी सागर, वाणसागर, खजुराहो, दतिया, ओरछा, सांची, माण्डू, तवानगर, चित्रकूट, तामिया, पातालकोट, सलकनपुर, पन्ना, चोरल, महेश्वर और अमरकंटक शामिल हैं। धार्मिक सांस्कृति पर्यटन को बढावा देने के लिए राज्य सराकार ने अमरकंटक मैहर, चित्रकूट, ओरछा, उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, पन्ना, दतिया, मुलताई, सलकनपुर, मंडला को पवित्र शहर घोषित किया है। इन स्थलों के विकास की विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। परंतु खजुराहो जो कि विदेशी पर्यटकों के आगमन के हिसाब से मध्यप्रदेश में अव्वल स्थान पर हैं। वहां पर सरकार द्वारा विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं लाइट एंड साउंड सो, नौका बिहार, खजुराहो नृत्य महोत्सव, आदि। घरेलू पर्यटकों के आगमन में भारत में म0प्र0 का वर्ष 2015 में शीर्ष 10 राज्यों में सातवां स्थान था। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की नीतियों के प्रचार-प्रसार के कारण वर्ष 2016 में घरेलू पर्यटकों के आगमन में प्रदेश चौथे स्थान पर आ गया है। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है, कि भारत सरकार व मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रचार-प्रसार व नीतियों से पर्यटन उद्योग भली-भांति फला-फूला है।

भोपाल में पर्यटकों के लिए सैर-सपाटा संचालित है। यहॉ का आकर्षण पर्यटकों को सर्वाधिक पसंद आता है। ऋषिकेश की भॉति यहॉ भी उसी प्रकार का झूला बनाया गया है। पर्यटक इसी झूले के ऊपर से सैर-सपाटा का आनन्द लेते हैं।

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के माध्यम से केरवा जंगल कैम्प , समर्धा जंगल कैम्प, कठौतिया जंगल कैम्प, रूखड़ जंगल कैम्प, भीलादेव ईको पार्क सहित अन्य स्थलों पर गतिविधियॉ संचालित हैं। हाल ही में ईको पर्यटन बोर्ड और देश के निजी इन्वेस्टर्स के साथ बैठक हुई। इसमें निजी इन्वेस्टर्स ने वाइल्ड लाइफ टूरिज्म एरिया बनाने के लिय कई महत्वपूर्ण उपायों पर विचार विमर्श किया जा रहा है। रातापानी अभयारण्य भी पर्यटकों की खास पसंद बन चुका है। भोपाल से पचमढी की ओर जाने वाले मार्ग पर सोहागपुर के निकट स्थित मढई में भी पर्यटकों की संख्या बढने लगी है। देशी विदेशी सैलानियों को मढई के जंगल को सौन्दर्य लुभाने लगा है। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा नेशनल पार्क भ्रमण के लिये 6 नई जंगल बस सेवा आरम्भ की गई है, जिसमें पेंच में 01 बाधवगढ में 2 एवं कान्हा नेशनल पार्क में 03 बसें संचालित की जा रही हैं।

निगम द्वारा संचालित कारवान सुविधा को भी पर्यटक काफी पसन्द करते हैं। बताया जाता है, कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है जो आने वाले पर्यटकों को यह सुविधा प्रदान करता है। हाल ही में पर्यटन मंत्रालय और नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी की ओर से आतिथ्य शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य एवं विशिष्टता के लिये मध्यप्रदेश पर्यटन को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार वर्ष 2012-13 के लिये हुनर से रोजगार प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये मिला है। प्रदेश में पर्यटन को बढावा देने के लिए पर्यटन केबिनेट का गठन किया गया है। प्रदेश में टूरिज्म बोर्ड का भी गठन किया गया है । पर्यटन केबिनेट के अनुमोदन से पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढावा देने के लिए पर्यटन नीति 2012 एवं 2014 अस्तित्व में थी परन्तु नीति में संशोधन कर नयी पर्यटन नीति 2016 जारी की गई है। इससे पर्यटन क्षेत्र में निवेशको के लिए अनुकूल बनाया गया है। पर्यटन क्षेत्र में निजी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिए लगभग 500 हेक्टेयर का लैण्ड बैंक स्थापित किया गया है। निजी निवेशकों को हैरिटेज परिसम्मपत्तियों और मार्ग सुविधा केन्द्रों के निर्वतन की सुविधा मुहैया कराने के लिए पूजीगत अनुदान भी दिया जा रहा है। वर्ष 2016-17 में 09 निवेशकों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। जिस पर तकरीबन 250 करोड की राशि के निवेश से पर्यटन की परियोजनाए स्थापित होगी। पर्यटन परियोजनाओ में पहले 13 गतिविधिया शामिल थी अब 18 गतिविधिया शामिल है। इसमें हेल्थ फार्मर्स/वेलनेस सेंटर, म्यूजियम, एम्पोरियम, थीम पार्क, एडवेंचर स्पोर्टस, फिल्म स्टूडियो/शूटिंग अधोसंरचना, लाईट एण्ड साउण्ड शो/लेजर शो, कैरेवान एवं क्रूज टूरिज्म आदि नए क्षेत्र शामिल किये गये है। पूर्व में प्रचलित पर्यटन नीति में चयनित स्थलों पर अनुदान के स्थान पर अब पूरे देश में स्थापित परियोजनाओं को अनुदान की पात्रता में शामिल किया गया है। जल पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से 15 वाटर बॉडी अधिसूचित की गई हैं। इसमें लैण्डअलोकेशन की प्रकिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। वर्ष 2016-17 में प्रदेश में वाइल्ड लाइफ सर्किट के लिए 92 करोड 21 लाख रूपये हेरिटेज सर्किट के लिए 99 करोड 77 लाख तथा बुद्धिस्ट सर्किट के लिए 74 करोड 94 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है।

आध्यात्मिक पर्यटन को विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार ने अनूठी पहल की है। कंबोडिया के अकारेवाट मंदिर समूह, श्रीलंका में सीता माता मंदिर दर्शन, चीन में कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यांत्रियों के लिये सरकार द्वारा अनुदान देने का प्रावधान किया गया। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए सराकर द्वारा अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर प्रति यात्री अनुदान 30 हजार रूपये तक अनुदान राशि का प्रावधान है।

भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही अनेक योजनाओं पर व्यय होने से प्रदेश में आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन के विशलेषण करने पर स्पष्ट प्रतीत होता हैं कि वर्ष 2012 में जहां कुल देशी पर्यटकों की संख्या 53197209 थी अगले 05 वर्षो में बढ कर वर्ष 2016 में 150490339 हो गई है इससे दर्शित होता है कि मध्यप्रदेश ने घरेलू पर्यटन क्षेत्र में विकास किया है लेकिन विदेशी पर्यटको की स्थिति का जायजा लिया जाए तो दर्शित होता है कि वर्ष 2016 में विदेशी पर्यटक की संख्या 363195 का आगमन हुआ है पिछले वर्षो की तुलना में वर्ष 2016 में विदेशी पर्यटको की संख्या में कमी आई है वर्ष 2015 मे जहा 421365 पर्यटको का आगमन हुआ वही वर्ष 2016 में विदेशी पर्यटको की संख्या में 13.8 प्रतिशत की कमी आई है। जिसे सारणी से स्पष्ट किया गया है।

तालिका 2 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

भारत सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही अनेक योजनाओं पर व्यय से प्रदेश में आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन के विशलेषण करने पर स्पष्ट प्रतीत होता हैं कि योजनओं पर अत्याधिक व्यय होने के बावजूद भी मध्यप्रदेश राज्य में आने वाले विदेशी पर्यटको की संख्या देश के 10 राज्य/संघ राज्य क्षेत्रो में हिस्सेदारी का प्रतिशत ना के बराबर है। जिसको हम इस सारणी से स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं:–

तालिका 3 – 2016 में विदेशी पर्यटक यात्रा में शीर्ष 10 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की हिस्सेदारी

रैंक	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन संख्या	प्रतिशत (%) हिस्सा
1	तमिलनाडू	4721978	19.1
2	महाराष्ट्र	4670048	18.9
3	उत्तरप्रदेश	3156812	12.8
4	दिल्ली	2520083	10.2
5	पश्चिम बंगाल	1528700	6.2
6	राजस्थान	1513729	6.1
7	केरल	1038419	4.2
8	बिहार	1010531	4.1
9	गोवा	680683	2.8
10	पंजाब	659736	2.7
	शीर्ष 10 राज्यों का योग	21500719	87
	मध्यप्रदेश	363195	1.5
	अन्य	3207012	13
	कुल	24707732	100

मौजूदा आजीविका स्रोतों में और वृद्धि करने के लिए एक व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है, जो विकास नियोजन के प्रारंभिक दौर से ही महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर मेरे द्वारा भारत के पर्यटन उद्योग में रोजगार सृजित करनें एवं पर्यटकों की संख्या बढाने हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनओं की समीक्षा की जाना एवं उनमें आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाये जाना आवश्यक है। भारत शासन के द्वारा अनेक योजनाओं के निर्मित एवं प्रचलित होने के बावजूद प्रदेश में देश के अन्य राज्यों की तुलना में पर्यटन की स्थिति अपेक्षित सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है। वे क्या कारण है जिनके चलते शासन की योजनाऐं तथा विभिन्न कार्यक्रम पूर्ण सफल नहीं हो पा रहे हैं एवं इन कारणों का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है जिससे प्रदेश में पर्यटन की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर हो सके।

इसके लिये सुधारात्क कदम उठाये जाने चाहिए, जिससे मध्यप्रदेश भारत में ही नहीं अपितु अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना स्थान बना सके।

1. पर्यटन क्षेत्र में पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (PPP) पर आधारित पर्यटक परियोजनाओं का समुचित विकास हो।
2. निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पष्ट पारदर्शी तथा मानक प्रक्रिया को स्थापित किया जाना चाहिए।
3. अधोसंरचना यथा सड़क, पेयजल, उर्जा स्वच्छता परिवहन तथा ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन का निरंतर प्रोन्नयन किया जाना चाहिए।
4. स्थानीय निकायों को पर्यटन के प्रति संवेदनशील बनाकर उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।
5. मेले स्थानीय व्यंजन संस्कृति वेशभूषा उत्पाद, कला, हस्तकला तथा विरासत के विपणन के लिये ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
6. पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के विभिन्न शहरों को सड़क मार्ग बस सेवा तथा वायु सेवा से जोडने हेतु प्रभावी उपाय किये जाने एवं निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
7. स्थानीय प्रशासन के सहयोग तथा प्रक्रियाओं के सरलीकरण से साहसिक पर्यटन के लिये आवश्यक व्यवस्थायें स्थापित की जाना चाहिए।
8. निजी निवेश से हेरिटेज होटल की स्थापना को बढ़ावा देने के लिये अनुदान रियायते दी जानी चाहिए।
9. मार्ग सुविधा केन्द्रों का विकास किया जाना चाहिए प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय राजमार्गो राज्य मार्गो एवं अन्य प्रमुख मार्गो पर योजना बनाकर लगभग 40 से 50 किमी की दूरी पर उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं का विकास पर्यटन विभाग द्वारा जारी मार्ग सुविधा केन्द्रो की स्थापना की जाना चाहिए।
10. मध्यप्रदेश पर्यटन उत्पादों के विपणन एवं विज्ञापन तथा ब्रांडिग के लिये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक बाजारो तक पहुच बनाने हेतु प्रयास किया जाना चाहिए।
11. नये पर्यटन उत्पाद विकसित करने में गैर सरकारी संस्थाओं व्यावसायिक संस्थानों एवं विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिए।
12. डिजीटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म सहित संचार के सभी माध्यमों का विपणन, प्रचार एवं ब्रांडिंग में योजना बनाकर उपयोग किया जाना चाहिए।
13. निजी ट्रांसपोर्ट आपरेटर्स को पर्यटन क्षेत्रों से सम्बद्ध करते हुए गुणवत्ता

पूर्ण परिवहन सेवाए उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

निष्कर्षत: यह कथन मिथ्या नहीं होगा, कि मध्य-प्रदेश सरकार द्वारा इतनी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित राशि व्यय किये जाने के बावजूद भी प्रदेश को विदेशी पर्यटकों के आगमन एवं आकर्षण का केन्द्र बनाने वाला नतीजा कुछ स्तर पर न्यून चढ़ाव के अपवाद को छोड़कर ढ़ाक के तीन पात वाला ही दर्शित होता है। क्योंकि प्रदेश वर्तमान दशा में शीर्ष 10 राज्यों की सूॅची में विदेशी पर्यटकों के आगमन एवं आकर्षण का केन्द्र नहीं बन सका है। बावजूद इसके मध्य प्रदेश ऐतिहासिक व पुरातात्विक धरोहरों से युक्त, प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों का गढ़ एवं राष्ट्रीय उद्यानों में समूचे देश में महत्वपूर्ण एकांकी स्थान रखता है।

अत: मध्य प्रदेश को पर्यटन का केन्द्र बनाने के लिये उपरोक्तानुसार दिये गये सुझावों को अंगीकार करना होगा। जिससे हमारा प्रदेश भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर पर्यटन में अपना लोहा मनवाने में सफल हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पर्यटन एंव होटल उधोग प्रवन्घ सिद्धान्त एंव व्यवहार , डॉ अभिनव कमल रैना एंव डॅा भुराराम सारण पृ 10
2. http://tourism.gov.in/market-research-and-statistics
3. http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=137204
4. http://mpstdc.com/

तालिका 2

वर्ष 2012		वर्ष 2013		वर्ष 2014		वर्ष 2015		वर्ष 2016	
देशी	विदेशी	देशी	विदेशी	देशी	विदेशी	देशी	विदेशी	देशी	विदेशी
53197209	275930	63110709	280333	63614525	316195	77975738	421365	150490339	363195



पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आंकड़े।

****

वचनिका राठौड़ रतनसिंघ जी महेश दासोतरी का ऐतिहासिक पक्ष

सुरेन्द्र शक्तावत *

प्रस्तावना – 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघ जी महेश दासोतरी' के रचयिता जगा खिड़िया रतना जी चारण के पुत्र थे। डॉ. टैसीटरी ने बिलाड़ा (मारवाड़) के समीप रामासनी गाँव के निवासी चारणों के एक भाट राव से खिड़िया जगा का वंशवृक्ष प्राप्त किया जिसके अनुसार जगा के देवो नाम का भाई एवं दासो तथा कल्याण दास नामक दो पुत्र थे। सेमलखेड़ा के चारणों किसना व मानसिंह ने डॉ. टैसीटरी को यह भी बताया कि उज्जैन युद्ध के पूर्व जगा खिड़िया महाराजा जसवन्त सिंह की सेवा में रहता था तथा मारवाड़ में साकड़ा नामक गाँव उसे या उसके पूर्वजों को मिला था। जब बादशाह शाहजहाँ ने औरंगजेब इत्यादि विद्रोही शाहजादों का दमन करने हेतु महाराजा जसवन्त सिंह को शाही सेनापति नियुक्त कर मालवा भेजा तो खिड़िया जगा भी इस मुहीम में उनके साथ था। जब योद्धागण युद्ध की तैयारी करने लगे तो खिड़िया जगा भी अन्यान्य योद्धाओं की भाँति शस्त्र व कवचादि युद्धोपकरण धारण करने को उद्यत हो गया। इस पर रतन सिंह ने यह कहते हुए उसे युद्ध से विरत कर दिया कि वह उसके ज्येष्ठ पुत्र रामसिंह की शरण में चला जाए ताकि जीवित रहकर युद्ध की इस घटना को अपने काव्य में अमर कर दे।[1]

सेमलखेड़ा चारणों में प्रचलित जनश्रुति के अनुसार उज्जैन-युद्ध के पश्चात् रतन सिंह के उत्तराधिकारी रामसिंह ने जग्गा को रतलाम परगने के अन्तर्गत आलनिया और डेरी नामक दो गाँव बख्शीश में दिए जो संवत् 1960 तक कवि के वंशजों के अधिकार में रहे। खिड़िया जग्गा की रचनाओं में उसकी एकमात्र प्रतिनिधि रचना 'वचनिका राठौड़ रतनसिंघ जी महेश दासोतरी' है जो डिंगल साहित्य की अत्यन्त प्रौढ़ व महत्तवपूर्ण रचना है। इसका चरित्र नायक भूतपूर्व रतलाम राज्य का संस्थापक वीरवर राठौड़ रतन सिंह है जो धरमाट के युद्ध में विद्रोही शाहजादों, औरंगजेब व मुराद के विरुद्ध महाराजा जसवन्त सिंह के अधीन भेजी गई शाही सेना की ओर से वीरतापूर्वक लड़ता हुआ काम आया। रतन सिंह ने उस युद्ध में ऐसा पराक्रम दिखाया तथा स्वामी-भक्ति का ऐसा अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत किया कि उसका नाम इतिहास में सदा के लिए अमर हो गया। खिड़िया जगा सहित अनेक चारण कवियों ने उसके इस अनुपम शौर्य और त्याग पर रीझ कर उसे काव्य व गीतों का उपजीव्य बना दिया। उसके वीरोचित व्यक्तित्व से प्रेरित हो, डिंगल कवियों ने उसकी प्रशंसा में एक से बढ़कर एक गीत लिखे। वचनिका राठौड़ रतनसिंह पर रचित इस काव्यमाला का, काव्य कला की दृष्टि से सर्वोत्यष्ट है तो ऐतिहासिक दृष्टि से सुमेरू है।

वचनिका की रचना-तिथि के बारे में ग्रन्थ में कहीं कोई उल्लेख नहीं है और न ही कोई बहिर्साक्ष्य इस सम्बन्ध में उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में अनुमान यही है कि धरमाट युद्ध के तत्काल पश्चात् नहीं तो बहुत शीघ्र ही कवि ने ग्रन्थ रचना का कार्य आरम्भ कर दिया। डॉ. टैसीटरी वचनिका का रचना-काल सन् 1660 के आसपास मानते हैं।

धरमाट का युद्ध शाहजादों का उत्ताराधिकार युद्ध था जो वैशाख 'ष्ण नवमी शुक्रवार संवत् 1715 तदनुसार 16 अप्रैल, 1658 के दिन हुआ था। इस युद्ध में बादशाह शाहजहाँ की ओर से जोधपुर नरेश महाराजा जसवन्त सिंह के नेतृत्व में सहस्रों राजपूत वीर दिल्ली के सिंहासन के लिए आकुल विद्रोही शाहजादों, औरंगजेब व मुराद की विशाल संयुक्त वाहिनी को रोकने के असफल प्रयास में मात्र स्वामी-भक्ति से प्रेरित हो शत्रु सेना पर टूट पड़े तथा वीरतापूर्वक लड़ते हुए तिल-तिल कर कट मरे थे। उस युद्ध में यद्यपि जसवन्त सिंह को पराजय का मुँह देखना पड़ा तथापि उसके राजपूत योद्धाओं ने जिस अप्रतिम शौर्य और अनुकरणीय स्वामी-भक्ति का परिचय दिया, वह इतिहास के पृष्ठों पर अंकित है। युद्ध के रंगमंच पर उस दिन स्वामी-भक्ति और कृतघ्नता के उभय दृश्य एकसाथ घटित हुए। नियति का कैसा क्रूर व्यंग्य था कि जहाँ एक ओर बादशाह शाहजहाँ के परम विश्वस्त अनेक सजातीय मुसलमान सैनिक और सेनानायक प्रलोभन के वशीभूत हो, अपने स्वामी के प्रति निपट यतघ्नता का प्रदर्शन करते हुए प्रच्छन्न रूप से शाहजादों से जा मिले, वहीं दूसरी ओर वे राजपूत वीर अपने धन, धाम, राज्य, परिवार आदि सबका मोह त्याग कर केवल मात्र अपने सेवक-धर्म का पालन करने के लिए कर्त्तव्य की वेदी पर उत्सर्ग हो गए। इन राजपूत वीरों का नायक रतलाम नरेश राठौड़ रतन सिंह ने अपने अनुपम शौर्य एवं स्वामी-भक्ति का उज्ज्वल कीर्तिमान स्थापित किया जिस पर प्रत्येक राजपूत को गर्व है। इस वचनिका में उसी वीर का कीर्ति-स्तवन है –

पड़ियो जदे प्रिसण रिण पाड़े
तण काईं करि घणी तन।
सिर कंठ बांधि कहे इम संकर
रुंडमाल सुघरी रतन।।

कवि ने ग्रन्थारम्भ की पारम्परिक परिपाटी – मंगलाचरण के साथ अपने काव्य का आरम्भ किया है; तदनन्तर रतन सिंह के वंश का परिचय दे, वह शाहजादों के विद्रोह के विरुद्ध जसवन्त सिंह के सैन्य अभियान का वर्णन करने लगता है। इसी समय रतन सिंह भी अपनी विशाल सेना व कवि समुदाय सहित उज्जैन में उससे आ मिलता है। उधर शाहजादे, औरंगजेब और मुराद भी अपनी विशाल संयुक्त वाहिनी के साथ उज्जैन की ओर बढ़ने लगते हैं। औरंगजेब ने जसवन्त सिंह के पास फरमान भेज कहलवाया कि 'राजा हमारा रास्ता मत रोको, हमें बादशाह तक जाने दो। हम दिल्ली में बादशाह की कदमबोसी कर लौट जाएँगे।' उत्तर में जसवन्त सिंह ने कहलाया 'मुझे बादशाह ने आपका रास्ता रोकने भेजा है, फिर आपको कैसे जाने दूँ ?' युद्ध को अवश्यम्भावी जानकर जसवन्त सिंह, बल्लू और गोवर्द्धन जैसे महाशूरवीरों तथा योद्धाओं में श्रेष्ठ राठौड़ रतन सिंह आदि को बुलाकर उनसे राय ली। सभी ने एक स्वर से राठौड़ रतन सिंह से ही इस सम्बन्ध में

* नीमच (म.प्र.) भारत

सलाह लेने का प्रस्ताव रखा। तदनन्तर सभी योद्धाओं ने आसन्न युद्ध के लिए व्यूह-विधान किया। सेना के गोल, हरावल व चंदावल आदि विविध पक्षों में योद्धाओं की नियुक्ति की गई। स्वयं जसवन्त सिंह गोल (मध्य) में उपस्थित हुआ। तदनन्तर वीरोन्मेश से परिपूर्ण जसवन्त सिंह ने योद्धाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'दोनों शाहजादे खड्ग धारण करके युद्ध के लिए उत्तोजित हो रहे हैं। आज हम भी भयंकर युद्ध करेंगे।' जसवन्त सिंह के यह वचन सुनकर रतन सिंह ने निवेदन किया कि 'महाराज, आप वंश के दीपक हैं, आप चिरायु हों। यह युद्ध-भार आप मुझे सौंपकर स्वयं राज-लक्ष्मी का उपभोग करें। राठौड़ वंश का प्रतिनिधि मैं यहाँ मौजूद हूँ।' यह कहकर रतन सिंह ने अपने स्वामी जसवन्त सिंह से मानों स्वर्ग के लिए विदा ली।

तदनन्तर रतन सिंह ने उज्जैन में विप्रों को दान दिया, मन्दिरों में देव-दर्शन कर यज्ञ कराया और विशाल सहभोज दिया। इसके बाद रतन सिंह का दरबार लगा जिसमें साहिब खान, राठौड़, सांचोरा, चौहान अमरदास, भगवानदास, बारहठ जसराज आदि योद्धा उपस्थित थे। सबने अगले दिन युद्ध में प्राणोत्सर्ग करने का संकल्प लिया।

दूसरे दिन दोनों सेनाएँ आमने-सामने हुईं। अश्वों पर आरूढ़ योद्धा प्राणों की तनिक भी चिन्ता किए बिना युद्धाग्नि में कूद पड़े। अनेक योद्धा सिर कटने पर भी लड़ते रहे, तोपें व बन्दूकें चलने लगी, योद्धागण कबूतर की भाँति भूमि पर लोटने लगे। तलवारों से उनके अंग-प्रत्यंग कटने लगे। सूर्य और राहू के समान क्रमश: महाराजा जसवन्त सिंह और औरंगजेब भिड़ गए। इस प्रकार तीन प्रहर तक दोनों सेनाओं में घमासान युद्ध होता रहा। प्रचण्ड तप और तेज के धनी औरंगजेब का मुकाबला करना महाराजा जसवन्त सिंह के बस का ही काम था। युद्ध की परिस्थितियाँ प्रतिकूल होती देखकर स्वामी-भक्त राठौड़ वीरों ने मंत्रणा की - 'ठाकुरों युद्ध के रूप में शतरंज का खेल जमा है, राजा की रक्षा करो, राजा की रक्षा से ही बाजी रहेगी। जसवन्त सिंह को रण-क्षेत्र से निकालो।' फलत: घोड़े की बाग पकड़कर जसवन्त सिंह रण-क्षेत्र से चला गया तथा युद्ध का भार रतन सिंह ने सम्भाला।

तदनन्तर अपने स्वामी-धर्म का पालन करने के महद् उद्देश्य से उस वीर राजा रतन ने सेनापति के सभी चिह्न धारण कर लिए। हिन्दुस्तान की बादशाहत की लाज उसकी भुजाओं पर आश्रित हो गई। राठौड़, सिसौदिया, हाड़ा, चौहान - सभी छत्तीस वंशों के क्षत्रिय वीर शामिल थे। राठौड़ रतन सिंह के सारे ही योद्धा एक-एक कर कट मरे तो भी वह वीर अकेला ही लड़ता रहा। अपने धराशायी वीरों के बीच राजा रतन ऐसा शोभित हो रहा था जैसे वन्य-वृक्षावली के बीच विशालकाय पर्वत। अनेक शत्रु-सैनिक मिलकर रतन सिंह पर टूट पड़े। राजा रतन क्रुद्ध हो शत्रु-सेना को विलोड़ित करते हुए उसका संहार कर रहा था। यवन-योद्धा कुलाँचें खा-खाकर भूमि पर गिर रहे थे। क्षत-विक्षत अंगों से रक्त के फव्वारे छूट रहे थे। अप्रतिम वीरता से लड़ता हुआ रतन साक्षात् महाकाल बन चुका था, उसके शरीर में तीन सौ बाण और छब्बीस भाले लगे थे। अस्सी घाव शरीर में लगने के बाद वह क्षत-विक्षत, जर्जर शरीर वीर योद्धा लड़ते-लड़ते धराशायी हो गया और इसके साथ ही युद्ध का अन्त हो गया।

तदनन्तर राजा रतन के अंग-प्रत्यंग चुनकर बाणों व भालों के दण्डों से उसका वीरोचित दाह-संस्कार किया गया। कवि कहता है इस समय ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने प्रकट होकर उससे वैकुण्ठ चलने का अनुरोध किया - वचनिका का यह अंश कल्पना-शक्ति का उत्यष्ट प्रदर्शन करता है। रतनपुर का निर्माण, अप्सराओं का आगमन आदि इसके उदाहरण हैं।

उज्जैन में राजा रतन सिंह के वीरगति प्राप्त करने की खबर सतियों के कानों में पड़ी। तत्काल राजा रतन की चारों रानियाँ कछवाही अतिरूपदे, देवड़ीरयण सुखदे, कछवाही गुणरूपदे तथा कछवाही सुखरूपदे एवं उसकी तीन खवासनें गंगाजल से स्नान कर, सोलह श्रृंगार से सज्जित हो सती-धर्म का पालन करती हुई, द्रव्य व नारियल उछालती हुई अश्वों पर सवार होकर महासरोवर की पाल पर आ गईं। वहाँ चिताग्नि प्रज्ज्वलित करा अग्नि-स्नान करके अक्षय कीर्ति प्राप्त की। इस प्रकार संवत् 1715 की वैशाख बदी नवमी को उज्जैन में हुए महासंग्राम का खिड़िया जगा ने अपने काव्य में अतीव सरस वर्णन किया है।

धरमाट का युद्ध इतिहास प्रसिद्ध उत्ताराधिकार युद्ध हुआ। राजस्थानी इतिहास ग्रन्थों में भी इसका वर्णन है। जोधपुर राज्य की ख्यात के अनुसार चोरनारायणा नामक गाँव में जसवन्त सिंह और दोनों शाहजादों ने अपना पड़ाव डाला। ख्यात के इस उल्लेख की पुष्टि 'बिन्है रासोय से भी होती है —

निमथै चौरनारायणो जसवन्त डेरा जाय।
उगन्ते दिन दीखसी लगसी सीसो लाय।।[2]

वंश भास्कर में यह युद्ध 'अवन्तीपुरी रै पाँच कोस रे प्रमाण' होना लिखा है,[3] जिससे भी विदित होता है कि यह युद्ध चौरनारायण नामक स्थान पर ही हुआ था। प्रसिद्ध इतिहासकार सर जदुनाथ सरकार के अनुसार जसवन्त सिंह ने उज्जैन से दक्षिण-पश्चिम में कोई चौदह मील दूर गम्भीर नदी के पूर्वी तट पर धरमाट नामक गाँव के पास अपना पड़ाव डाला था।[4] राजस्थानी इतिहास ग्रन्थों 'मारवाड़ रा परगना री विगत', 'जोधपुर हुकमतरी बही आदि के साक्ष्यों के आधार पर यह युद्ध गम्भीर नदी के पूर्वी तट से एक मील की दूरी पर स्थित चोरनारायणा गाँव के पश्चिमवर्ती मैदान में हुआ था। बाद में विजयी औरंगजेब ने अपनी विजय की स्मृति में चोरनारायणा का नाम बदलकर फतेहाबाद रख दिया जो सम्प्रति इसी नाम से विख्यात है। खिड़िया जगा यह वचनिका राजस्थानी वीर काव्य परम्परा की एक महत्तवपूर्ण कृति है। इतिहास की दृष्टि से यह प्राथमिक कोटि की प्रामाणिक एवं विश्वसनीय आधार-ग्रन्थ के रूप में समादृत हुई है। इसमें वर्णित ऐतिहासिक सामग्री इतनी तथ्यात्मक है कि सर जदुनाथ सरकार जैसे इतिहासकारों को अपने इतिहास-ग्रन्थों में संशोधन करना पड़ा। वचनिका शब्द राजस्थानी साहित्य में मुख्यत: गद्य-पद्य मिश्रित एक विशिष्ट काव्य शैली या काव्य विधा के अर्थ में व्यवहृत हुआ है। यह वचनिका चम्पू काव्य का प्रतिनिधित्व करते हुए साहित्यिक सौष्ठव भी रखती है। जगा खिड़िया की यह यति मध्यकालीन इतिहास की अनेक उलझी हुई गुत्थियों को सुलझाने में सहायक हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वचनिका -सं. डॉ. टैसीटरी (भूमिका- पृ. 3)
2. कवि महेश - बिन्है रासो- पृ. 28. (सं. - सौभाग्य सिंह शेखावत)
3. सूर्यमल्ल मिश्रण (वंश भास्कर, पृ. 167)
4. डॉ. जदुनाथ सरकार - औरंगजेब- पृ. 349.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

ईंट–भट्टा उद्योग की आधुनिक तकनीक

डॉ. ईश्वरलाल प्रजापति *

प्रस्तावना – किसी भी कार्य को वैज्ञानिक विधि द्धारा ज्ञान, संसाधन एवं प्रौद्योगिकी का पूर्ण प्रयोग कर उत्पादन करना आधुनिक तकनीक कहलाता है। इसमें उपलब्ध साधनों का समुचित उपयोग होने के कारण मितव्यीयता आती है तथा उत्पादित तकनीक द्धारा विशिष्टकरण एवं श्रम विभाजन का लाभ मिलता है। हमारे देश में ईंट निर्माण के क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के रुड़की स्थित 'भवन निर्माण अनुसंधान केन्द्र' में संगमरमर के चूरे, सीमेन्ट के अन्य पत्थर की धूल से तथा 'नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन' (एन.टी.सी.पी.) ने विद्युत संयंत्रों की राख से एवं 'हैदराबाद इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, पूणेय में प्लास्टर ऑफ पेरिस, सीमेन्ट व अन्य रसायन के मिश्रण से ई ंट निर्माण किया जाता है, वह तकनीक पूर्ण रूप से आधुनिक है तथा इसमें मशीनों, यंत्रों व शक्ति का पूर्ण उपयोग होता है तथा सभी कार्य शक्ति चलित मशीनों द्धारा संचालित किया जाता है। एक वैज्ञानिक शोध में पाया गया है कि उक्त ईंटे का प्रयोग मानव आवास में किये जाने से कई प्रकार के रोग होते है।

मिट्टी की बनी ईंटों का उपयोग ही प्रत्येक ऋतु (मौसम) में वातानुकूलित है। मिट्टी की ईंटों के उ त्पादन पर ही ध्यान देना होगा।

हमारे देश में मिट्टी के माध्यम से बनाई जाने वाली ईं टों के निर्माण में आज तक कोई मशीन, यंत्र या वैज्ञानिक तकनीक का प्रयोग नहीं हुआ है। केवल कच्चा माल (मसाला) ईंट एवं मिट्टी आदि ढोने के लिये ट्रेक्टर, ट्रक का प्रयोग होता है तथा पानी निकालने के लिए विद्युत पम्प एवं डीजल पम्प का प्रयोग होता है। आज भी ईंट–भट्टा उद्योग के विभिन्न कार्य जैसे– मिट्टी का घोल बनाना, लोचदार गारा तैयार करना, ईंटों को साँचे के माध्यम से रुप प्रदान करना तथा कच्ची ईंटों को भट्टी एवं चिमनी में पकाने हेतु जमाना आदि कार्यों में पूर्ण रूप से मानवीय श्रम शक्ति का ही प्रयोग होता है। चिमनी के माध्यम से ईंट पकाने का तकनीक वैसे तो आधुनिक तकनीक है लेकिन यह तकनीक भी परम्परागत तकनीक का सुधार हुआ रुप ही है। जो पूर्ण रूप से मानवीय शक्ति पर ही आधारित है।

फिर भी वैज्ञानिक दृष्टि से आदर्श मिट्टी मिश्रण अनुपात निम्न है जो केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्था रुढ़की (उ.प्र.) के वैज्ञानिक परिक्षणों पर आधारित है–

20 से 30 प्रतिशत चिकनी मिट्टी (मैदे के समान बारीक)

40 से 60 प्रतिशत तक सिल्ट (आटे के समान बारीक)

25 से 38 प्रतिशत तक आयतन सीमा (वैल्युमेटरिक श्रिंकेज)

ईंट ढलाई की हस्तचलित मशीन – केन्द्रीय इमारत (भवन) अनुसंधान संस्था, रुड़की (उ.प्र.) द्धारा एक ऐसी मशीन बनाई गयी है जो कि हाथों द्धारा चलायी जाती है। इस मशीन से लगातार काम किया जा सकता है। यह मशीन सुदृढ़ और मजबूत होती है। इस मशीन द्धारा एक समय में चार ईंट ढाली जाती है। मशीन चलाने के लिए चार आदमियों की आवश्यकता होती है जिनमें से दो 'हैंडल' को फेरने का काम करते है, एक साँचे को भरता है तथा एक ढली हुई ई ंट को हटाकर सुखाता है। इस मशीन द्धारा ईंट निर्माण की प्रक्रिया भी पूर्ण रूप से श्रम प्रदान है तथा इस मशीन से श्रम लागत अधिक आती है परन्तु ईंट अधिक सफाई से एवं मजबूत बनती है। (फोटो क्रमांक 01)

ईंट बनाने (ढालने) की मशीन– परम्परागत तकनीक से हस्तचलित सांचे, हस्तचलित मशीन, हस्तचलित सांचे से युक्त मेज की तुलना में अच्छी एवं मजबूत ईंट ढालने के लिए Technology and Action for Roral Advancement (TARA) नई दिल्ली ने एक शक्ति चलित मशीन का निर्माण किया है, जो 25 से 20 बिजली की मोटर या डीजल इंजिन से चलती है इस मशीन से मिट्टी, आंतरित ईंधन एवं नमीयुक्त गारे को भरा जाता है और वह गारा ईंटों को निर्धारित लंबाई एवं चौड़ाई से बनी डाई के द्धारा अपने आप निकलता है इस लंबाई, चौड़ाई से बने लंबे रूप पर ईंटों की मोटाई के हिसाब से एक हैंडल के माध्यम से जिसमें ईंटों की मोटाई के अनुसार बारीक पतले तार कसे हुए होते है, उससे काटकर ईंटों को अलग–अलग रुप दिया जाता है। इस मशीन से बनी ईंट में ट्रेड मार्क या कटे हुए निशान नहीं आते हैं। इस मशीन के माध्यम से जिसे BRICK EXITRUDE MACHINE कहते है, द्धारा एक पाली में 10,000 ईंटे मानक साईज में बनाई जा सकती है तथा प्रतिदिन तीन पाली के हिसाब से 30,000 ईंटों का उत्पादन एक दिन में करती है। इस मशीन द्धारा ईंट ढालने का कार्य उस स्थान पर संभव है जहां मिट्टी का घोल तैयार नहीं किया जाता है अर्थात् इस मशीन द्धारा ईंटों को ढालने का काम देश के उ स हिस्सों में संभव है जहां का मिट्टी का घोल तैयार नहीं कर सीधी मिट्टी को भिगोकर ईंट निर्माण का कार्य करते है। जैसे– हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, जयपुर, उदयपुर, राजस्थान आदि। वर्तमान में तारा संस्था द्धारा इस मशीन में स्थायी पूँजी विनियोग लगभग 4–5 लाख रुपये है।

ईंट बनाने (ढालने) की विद्युत मशीन– ईंट ढालने की NIBO-MERADO SOFT-MUD MOLDING MACHINE जिसे इंग्लैण्ड के वैज्ञानिक श्री किन्सलें ने सन् 1813 में बनाई थी। इस मशीन द्धारा विकासशील देशों में ईंटों का उत्पादन किया जाता है। जिसे भारत में राष्ट्रीय निर्माण (भवन) संगठन नई दिल्ली MERADO एवं लुधियाना पंजाब ने मिलकर सन् 1985 में इस तकनीक से मशीन बनाकर ईंट बनाना प्रारंभ किया। जिसमें ईंट ढालने के काम में मानवीय श्रम की बचत सम्भावित है। यह मशीन शक्ति चलित है। उक्त ईंट बनाने की मशीन का उपयोग अभी भारत में कम ही है। (फोटो क्रमांक 02 एवं 03)

* स्कीम नं. 21, मकान नं. 10, ग्वालटोली, नीमच (म.प्र.) भारत

(सृष्टि) धरती ब्रिक्स मशीन– सृष्टि ब्रिक्स मशीन मिट्टी की ईंट बनाने के लिए बनाई गई है। इस मशीन के द्धारा मिट्टी की मजबूत ईंटें ढाली जा सकती है। यह मशीन की लागत 3 से 4 लाख रुपये के मध्य होती है जिसमें मार्का वाला एल्युमिनियम के 20 साँचे साथ में आता है। जो मशीन के माध्यम से ईंटों को ढालने का काम करती हैं, जिसमें मानवीय श्रम कम लगता है। इस मशीन द्धारा मध्यप्रदेश के विकसित (इन्दौर जैसे) जिलों में कुछ स्थानों पर ईंट बनाते हुए देखा जा सकता है। (फोटो क्रमांक 04)

मशीन की उपयोगिता– मशीन प्रति घंटा 2000–2500 ईंटें आपके मार्का के साथ बना सकती है। मशीन चलाने के लिए कुशल थपेरों की आवश्यकता नहीं है। हाथ से ईंट बनाने की तुलना में कम मजदूर लगते हैं। मशीन में मिट्टी की अच्छी मिलावट होने के कारण ईंट की गुणवत्ता अच्छी रहती है। ईंट आपके नाप के हिसाब से बनती है। मशीन चलने के लिये 5 हार्स पॉवर, 3 फेस, 7 1 1/2 H.P. डीजल इंजन/ट्रेक्टर/विद्युत मोटर, तीनों में से एक स्वेच्छिक शक्ति चलित साधन कर सकते है।

मशीन की विशेषताएँ– मशीन के प्लेट एवं सतह का डिजाईन मिट्टी को उचित मिलावट प्रदान करता है। मशीन के मिक्सर, थ्रेशर एवं साँचों को चलाने के लिये एक ही मोटर का उपयोग होता है। मशीन का विशेष लीवर सिस्टम प्लेटफार्म पर उचित दिशा प्रदान करता है। मशीन का मजबूत चेसिस सिस्टम लंबे समय तक मशीन को उपयोगी बनाए रखता है। स्टील का साँचा लंबे समय तक चलता है एवं ईंट की गुणवत्ता अच्छी रहती है।

अतिरिक्त उपकरण– मशीन में मिट्टी डालने के लिए रोलर कन्वेर रहता है। साँचो को ले जाने के लिए ट्राली।

ईंट पकाने की आधुनिक तकनीक– चिमनी की भट्टी (BTK) –साधारण या खुली भट्टी की अपेक्षा चिमनी की भट्टी में अधिक ईंटों की पकाई की जा सकती है। इसमें ईंट पकाने पर साधारण या खुली भट्टी की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत तक ईंधन की बचत होती है। प्रदूषण (धुऐं) के लिए कम से कम 10 मीटर व अधिकतम 15 मीटर ऊँची चिमनी (वर्गाकार लोहे का पोल) के माध्यम से धुऐं को वायुमंडल में छोड़ दिया जाता है। इस विधि में सभी जीवधारी धुऐं के कु–प्रभाव से बच जाते हैं। यह विधि साधारण या खुली भट्टी का कुछ सुधरा हुआ रुप है। इस चिमनी का भट्टा या भट्टी (BTK) के नाम से जाना जाता है। (फोटो क्रमांक 05)

ईंटों की पकाई– सूखी हुई कच्ची ईंटों को पकाने के लिए भट्टी के अन्दर एक निश्चित क्रम में भरने का काम बेलदार करते हैं ये मासिक वेतन पर कार्य करते है। भट्टी के अन्दर कच्ची ईंटों को जाली के रूप में एक के ऊपर एक खड़ी रखी जाती है। इस प्रकार भट्टी की ऊपरी सतह पर पहुंचते–पहुंचते इनमें अनेक गड्ढे से बन जाते है। जब भट्टी पूरी तरह भर जाती है तो इन गड्ढों को छोड़कर शेष भाग पर आड़ी ईंट रखकर विशेष प्रकार की राख (ईंटों की राख) जिसे 'रापिश' कहते है। द्धारा अच्छी तरह ढाक दिया जाता है। अब भट्टी में प्रवेश करने के जो दो दरवाजे शेष होते है, उनमें भी ईंटें भरकर गारे का लेप (लिपन) कर दिया जाता है। कुल मिलाकर भट्टी में हवा जाने के लिए सतह के वे गड्ढे ही शेष रह जाते हैं जिन्हें भराई के (ईंटें जमाते) समय जानबूझकर छोड़ा जाता है।

जब ईंटों को पकाने की प्रक्रिया शुरु होती है, जो कर्मचारी ईंटें पकाने का काम करते हैं, उन्हें 'जलइया' कहते है। एक भट्टे पर जलइयों की संख्या 6 से 12 तक होती है। चौबीस घंटे की अपनी ड्यूटी को जलइए तीन पालियों में बांटकर आठ–आठ घंटे काम करते है ये माहवारी वेतन अथवा ठेके पर काम करते है। भट्टे के अन्दर आग छोड़ने के लिए लकड़ी और स्टीम कोल की आवश्यकता पड़ती है। एक बार आग पकड़ने के बाद भट्टी की ऊपरी सतह में छूटे हुए गड्ढों के जरिए 'जलइए' (ईंट पकाने या कोयला डालने वाले व्यक्ति) आवश्यकतानुसार लगातार कोयला झोकते रहते है। धुआँ निकालने के लिए इस्पात की बड़ी चिमनियों को भट्टी के ऊपरी सतह पर गड्ढों के ऊपर लगाया जाता है। इसमें भट्टी में से निकलने वाला धुआं वायुमंडल में काफी ऊपर जाकर निकलता है। एक स्थान की ईंट पक जाने पर रस्सी के सहारे बंधी चिमनी को आगे खिसका दिया जाता है और फिर अगली ईंटें पकाई जाती है। ईंटों को पकाने का यह क्रम लगातार चलता रहता है। एक और जलइए कच्ची ईंटों को पकाते रहते है और दूसरी ओर बेलदार पकी हुई ईंटों को बाहर निकालने का काम भी करते रहते है, तथा कच्ची ईंटों को पकाने हेतु जमाते रहते है। पकी हुई ईंटों को बाहर निकालने एवं कच्ची ईंटों को अन्दर जमाने के लिए भट्टी की बाहरी दीवारी में बने नजदीकी द्धारा (दरवाजे) को खोल दिया जाता है।

भट्टी में कोयला झोकना–यदि भट्टी में अधिक कोयला झोक दिया है तो ताप की तेजी से ईंटें सुकड़ती है और छत भी थोड़ी नीचे बैठने लगती है। कोयला झोकते समय इस बात का बराबर ख्याल रखना चाहिए कि छत जहां–जहां से नीचे न बैठे जाए। जहां ताप बहुत तेज होता है वहां छत नीचे को बैठ जाती है। ताप को कम करने के लिए छित्र में ढक्कन लगाकर बंद कर देना चाहिए। ताप की कमी के कारण छत कई जगह ऊंची रह जाती है। ऐसीअवस्था में उस स्थान से एक ढक्कन निकाल देते है। ढक्कन निकालने से छत में हुए छिद्र के कारण छत के ऊंचे स्थान को अधिक ताप मिलेगा। इस प्रकार जलइए भट्टी की छत को समतल रखने की पूरी कोशिश करते रहते है।

आधुनिक भट्टी (वर्टीकल शॉफ्ट) (VSBK)– ईंट पकाने में साधारण भट्टी/चिमनी भट्टी से भी अच्छी विधि का विकास 'डिवेलपमेन्ट' अल्टरनेटिव्स ने किया है जिसमें ईंटों की पकायी लागत कम एवं प्रदूषण में भी कमी की है। डिवेलपमेन्ट अल्टरनेटिव्स ने दो प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्रों की स्थापना की है। इनमें से एक 'टारा निर्माण' दिल्ली से गुड़गांव रोड पर है और दूसरा 'टारा ग्राम' उत्तरप्रदेश सीमा पर झांसी के निकट म.प्र. में ओरछा में है जो 'स्विस एजेन्सी फार डिवेलपमेन्ट एण्ड कार्परेशन' के साथ मिलकर चीनी विशेषज्ञों से सम्पर्क कर रहा है ताकि भारत में 'वर्टीकल शॉफ्ट' ईंटों को बढ़ावा दिया जा सके जो चीन में काफी लोकप्रिय है। उक्त संगठन स्थानीय उद्यमियों के सहयोग से देश के विभिन्न भागों में ऐसे 45 ईंट भट्टों की स्थापना पहले ही कर चुका है। म.प्र. में 14 ईंट–भट्टे इस तकनीक से ईंट पकाने का काम कर रहे हैं। इस प्रौद्योगिक का क्षेत्र परीक्षण पूरा होने और इसे पूरी मान्यता दिए जाने के बाद देश भर में वाणिज्यिक आधार पर इसका विस्तार किया जाएगा।

'वर्टीकल शॉफ्ट' ईंट–भट्टों में करीब 200 कच्ची ईंटों के 10–12 'बैच' होते हैं जो चौबीस घंटों के चक्र में ऊपर से नीचे घूमते है। 'बैच' जब नीचे की तरफ आते हैं तो ईंटें एक अग्नि–क्षेत्र से गुजरते हुए पक जाती है। जब ईंटों का सबसे नीचे का बैच, जो शॉफ्ट में लोहे की ग्रिल पर टिका होता है, निकाल लिया जाता है, पूरा चट्टा नीचे आ जाता है और कच्ची ईंटों का दूसरा बैच ऊपर चला जाता है। इस तरह ऊपर के 'बैच' में रखी ईंटों को भी ऊष्मा मिलती रहती है जिससे ऊर्जा खपत में कमी आती है और प्रदूषण भी कम एवं नियंत्रित रहता है और ईंटों की लागत में करीब 20 प्रतिशत की बचत होती है।

वर्टीकल शॉफ्ट में ईंट पकाने के लिए प्रत्येक 'बैच' में ईंटों के चार थर जमाऐं जाते है। प्रथम थर में आड़ी ईटे, द्धितीय थर में खड़ी ईंटें, तृतीय थर में

आड़ी ईंटे एवं चौथे थर में खड़ी ईंटें जमाते है। चौथे थर ईंट जमाते समय ईंटों के बीच–बीच में कुछ खाली जगह छोड़ी जाती है। जिसमें कोयला भरा जाता है। (फोटो क्रमांक 06)

तालिका 1 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 2 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 2 के अध्ययन से स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश में VSBK,BTK एवं CLAMP क्रमश: 30–36 हजार, 25–40 हजार एवं 3.4.–4.5 हजार ईंटों का उत्पादन प्रतिदिन है तथा सबसे ज्यादा पूँजी तडइघ में एवं सबसे कम CLAMP में लगती है। प्रति लाख ईंटों की पकाई में कोयले का उपयोग भी तडइघ में सबसे कम, इससे अधिक इढघ में एवं सबसे अधिक कोयले का प्रयोग उङअचझ में होता है। उत्तम प्रकार की ईंटें भी सबसे ज्यादा तडइघ में, इससे कम इढघ में एवं सबसे कम CLAMP की पकायी में प्राप्त होती है। अर्थात् VSBK,BTK एवं CLAMP में क्रमश : 84 प्रतिशत, 70 प्रतिशत एवं 60 प्रतिशत ईंटें उत्तम प्रकार की पकती है शेष ईंटें सामान्य से कम या सामान्य से अधिक पकती है। भूमि उपयोग की दृष्टि से भी VSBK में सबसे कम भूमि का प्रयोग होता है। हम कह सकते है कि पूँजी को छोड़कर सभी दृष्टि से VSBK विधि को उत्तम विधि है। इस विधि का भविष्य उज्ज्वल है अगले एक दो वर्षो में इस विधि द्वारा ईंटों का उत्पादन इन्दौर एवं उदयपुर आदि शहरों में प्रारंभ हो जाएगा।

शॉफ्ट साईजद्धितीय जिसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 8000 ईंटें पकाने की है, तडइघ की निर्माण लागत 5 से 5.5 लाख रुपये आती है तथा जिसके निर्माण में लगभग 45 दिन का समय लगता है। शॉफ्ट विधि में 4000, 8000, 12000 एवं 13500 ईंट प्रतिदिन तक पकाने हेतु निर्धारित Shaft Size का निर्माण करवाया जा सकता है।

वर्तमान में देश के ईंट–भट्टा उद्यमी तडइघ स्थापित करने में संकोच व्यक्त कर रहे है। क्यों कि यह तकनीक अधिक महंगी होने के कारण प्लान्ट के रख–रखाव पर व्यय, प्लान्ट का ह्रास एवं विनियोजित पूँजी पर ब्याज आदि उद्यमी को प्राप्त नहीं होती है। साथ ही तकनीक में अभी भी चिमनी से निकलने वाले कार्बन को रोकने के लिए कुछ सुधार की आवश्यकता है। ताकि सुधार होने पर वायुमंडल में केवल गैस का प्रभाव ही रहेगा, कार्बन का नहीं।

पक्की ईंटों की उत्तमता तथा मजबूती की जाँच

ईंटों की मजबूती की जाँच निम्न प्रकार से करेंगे–

1. ईंटों की चपटी सतह भिड़ाने (बजाने) से उत्पन्न हुई ध्वनि से ईंटों की उत्तमता की जांच की जाती है। यदि यह ध्वनि धातु के बजने से उत्पन्न ध्वनि धातु के बजने से उत्पन्न ध्वनि जैसी हो तो यह निश्चित है कि यह ई टें उत्तम प्रकार की है। यदि यह ध्वनि मंदी हो तो ईंटें उत्तम प्रकार की नहीं है तथा यह ठीक प्रकार पक भी नहीं पाई। इस विधि को ध्वनि जांच विधि के नाम से जाना जाता है।
2. पानी में डालकर भी ईंटों की मजबूती की परख की जाती है। इसके लिए ईंटें पानी में 24 घंटे तक रहने दीजिये, फिर इन ईटों को निकालकर इनकी जाँच कीजिए जो ईंटें पानी में डालने से मुलायम हो जाएं, उन्हें तोड़कर फिर पानी में डाल देंगे और फिर उनकी मुलायमियत की जांच करेंगे।

   अच्छी ईंटें, जबकि उन्हें 24 घंटे पानी में डूबोया जाये, अपने वजन का 1/8 से 1/6 (12.5 से 16.6 प्रतिशत) से अधिक पानी नहीं सोखती है। यदि इससे अधिक पानी सोखती है तो वह ईंट पकी नहीं है, उसमें मिट्टी का स्वरूप ज्यादा है इसलिए वह अधिक पानी सोखती है। इस विधि को पानी जांच विधि कहते है।
3. नमने की ईंटों पर 4 इंच (10 सेन्टीमीटर) की ऊँचा ई से लकड़ी का गट्टा (आयताकार टुकड़ा, ईंट की साईज का) गिराकर भी उनकी मजबूती की जांच की जाती है। लकड़ी के गट्टे को भिन्न–भिन्न ऊंचाई से गिराकर ईंटों की असाधारण मजबूती की भी जांच की जाती है। अच्छी ईंट की सहन शक्ति कम से कम 1000 पाउण्ड प्रति वर्ग इंच (70 किलोग्राम से.मी.वर्ग) होनी चाहिए।
4. नमूने की ईंट को समतल ठोस जमीन पर एक मीटर ऊंचाई से ईंटों की चपटी सतह से गिराने पर यदि ईंट नहीं टूटती है तो वह ईंट भी मजबूत एवं अच्छी होती है।
5. जो ईंटें उपयुक्त जांच में सबसे अच्छी जंचे उनके बनाने की पूर्ण विधि ध्यान में रख लेते है। जिससे भविष्य में अधिक ईटों के उत्पादन के लिए ठीक यही तरीका अपनाते है जिससे ईंटों की किस्म, गुणवत्ता एवं उत्तमता में किस प्रकार की कमी न आवे।

देश में ईंट–भट्टा उद्योग विकेन्द्रीकृत अवस्था में संचालित है। जो सभी छोटे–बड़े शहरों में, कस्बों में, शहर से बाहर या नदी–नालों के किनारे ईंट–निर्माण करते देखा जा सकता है। जो विकेन्द्रीत अर्थव्यवस्था को सिंचित कर रोजगार के उद्देश्य व प्रत्येक परिवार को 'आवास' उपलब्ध करवाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में अपनी भूमिका निभा रहा है। यदि शासन (केन्द्र व राज्य) इन ई ट–भट्टा उद्योग को आर्थिक रूप से पौषित करती है तो देश में औसत रूप से विकेन्द्रीत अवस्था में उद्योग, कौशल, रोजगार व आवास निर्माण के कार्यों में वृद्धि होगी एवं बैंकों द्वारा दिया गया धन डूबेगा नहीं। इसकी तुलना में केन्द्रित उद्योगों को जो सुविधा शासन देती है उसके रोजगार व आर्थिक विकास इनकी तुलना में कम होता है तथा वित्त या बैंकों द्वारा दिया का ऋण डूब जाता है। या कंपनी के संचालक देश छोड़कर भाग जाते है। यदि शासन देश के छोटे–छोटे ईंट भट्टा उद्योग को आधुनिक तकनीक से पोषित करने हेतु 'नीति आयोग' कोई योजना बनाती है तो देश की अर्थव्यवस्था को गति प्राप्त होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

समाचार–

1. ब्रिक्स एवं टाईल्स न्यून सन् 1995
2. दैनिक ललकार, नीमच पृ.क्र. 2, दिनांक 10 नवम्बर 2003
3. नई विधा, नीमच पृ.क्र. 2 दिनांक 22.9.2003, पृ. क्र. 4 दिनांक 3.11.2003
4. जन चिंगारी, पृ.क्र. 4 दिनांक 23.10.2003
5. मालवा टूडे, पृ.क्र. 3 दिनांक 7.6.2015

शोध पुस्तक–

1. ई ट–भट्टा उद्योग (आर्थिक एवं सामाजिक विश्लेषण म. प्र. के विशेष संदर्भ में) प्रकाशन वर्ष 2012 पृ.क्र. 40, 41, 52, 195, 276, 354

संस्थाएं–

1. केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्था रुड़की (उ.प्र.)
2. कुम्हार ई ट–भट्टा व्यवसायिक समिति, नीमच (म.प्र.)
3. म.प्र. ब्रिक्स मेन्यूफेक्चरिंग एसोसिएसन, इन्दौर (म.प्र.)
4. केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्था, रुड़की (उ.प्र.)
5. Technology and Action for Roral Advancement (TARA)

नई दिल्ली

6. टारा ग्राम, ओरछा (म.प्र.) झांसी के पास

7. टारा निर्माण गुड़गांव रोड, दिल्ली

तालिका 1 – वर्टीकल शॉफ्ट विधि द्धारा भारत में स्थापित ईंट–भट्टों की इकाईयाँ

Category	M.P.	U.P.	Maharahstra	Orissa/Tamilnado	Total
Privarely owned and managed	12	2	7	1	22
IndiaBrick project funded	-	-	-	3	03
Salf-replicated and privately owed	02	-	-	4	06
Total	**14**	**2**	**7**	**8**	**31**

स्तोत्र– Tata Engrgy Research Institvte, New Delhi

तालिका 2 – मध्यप्रदेश में स्थापित वर्टीकल शॉफ्ट, स्थाई चिमनी एवं साधारण भट्टी (परम्परागत) का तुलनात्मक अध्ययन

No.	Data/information	VSBK	BTK	CLAMP
1.	System description	6-Shaft VSBK with each shaft of 1 m x 2m		Simple kiln
2.	Production Capacity (bricks per day)	30,000 to 36,000 4500		3500 to
3.	Investment for kiln construction (materials, wages, consultancy)	Rs. 20 Lakh		3 Lakh
4.	Coalconsumption (per lakh bricks) {GCV of colal=5000 kcal/kg}	10 to 11 tonne		16-18 tonne
5.	Quality of bricks Class -1	80-84 %		55 %
	Class -2	8-10 %		20 %
	Class -3	-		10 %
	Broken Bricks	8-10 %		15 %
6.	Lad requirments for	400 to 500 Sq.m		7000 Sq.F.

स्तोत्र– Tata Engrgy Research Institvte, New Delhi

ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX



(फोटो क्रमांक 01)



(फोटो क्रमांक 02)



(फोटो क्रमांक 03)

(फोटो क्रमांक 04)



चिमनी भट्टे की बाहरी संरचना का चित्र

(फोटो क्रमांक 05)



(फोटो क्रमांक 06)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

20वीं शताब्दी में डूँगरपुर राज्य के महारावलों का शिक्षा में योगदान

निमेश कुमार चौबीसा *

प्रस्तावना – राजाओं के प्ररिप्रेक्ष्य में जब भी इतिहास को देखा जाता है युद्ध, विलासिता, वैभव, बैगारी, अत्याचार, वर्ण-व्यवस्था के समर्थक जैसे पूर्वाग्रह सामने आ जाते है। लोकतन्त्र के पैरोकार राजशाही को कभी भी मान्यता नहीं देते है। वे स्वप्न में भी नहीं चाहते है कि राजाओं जैसी शासन प्रणाली फिर से भोगनी पड़े। इतिहास में राजाओं के समय समाज में तरक्की के साथ-साथ मूलभूत परिवर्तन एवं नवाचार भी हुए थे। इन सभी तथ्यों का विधिवत प्रकाशन ना होने से कभी सकारात्मक तथ्य आमजन के सामने नहीं आ पाए। प्रस्तुत शोध लेख में डूँगरपुर राज्य में 20वीं शताब्दी में कालक्रम के अनुसार महारावलों के शिक्षा के प्रति योगदान के बारे में तथ्यात्मक जानकारी दी गयी है और यह स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि उस समय राज्य में शिक्षा का अधिकार प्रत्येक आमजन को था चाहे वो किसी भी वर्ण एवं जाति से सम्बन्ध रखता हो।

महारावल उदयसिंह का शिक्षा में योगदान – महारावल उदयसिंह को सिंहासन पर बैठने के बाद सन् 1881 ई. में पहली बार राजपूताने में मनुष्य गणना का कार्य आरम्भ हुआ और अंग्रेज सरकार की इच्छानुसार महारावल ने भी डूँगरपुर में मनुष्य गणना का कार्य आरम्भ कराया। डूँगरपुर राज्य विशेषत: पहाड़ी प्रदेश है, जहाँ अधिक संख्या में भील बसते है। वहाँ मनुष्य गणना का यह पहला अवसर था। यह गणना राज्य में शिक्षा के विकास के लिए एक आधार बनी जिससे यह स्पष्ट अनुमान हो गया था कि जनसंख्या के अनुसार कितने विद्यालयों की स्थापना करनी है।

डूँगरपुर में अब तक बालकों का पठन-पाठन प्राचीन शैली पर होता था और जनता अपने बालकों को पंडितों, यतियों आदि के यहाँ भेज आवश्यक शिक्षा दिलाती थी। यह शिक्षा आधुनिक समय के हिसाब से पर्याप्त नहीं थी, क्योंकि उनको साधारण पढ़ने-लिखने तथा महाजनी हिसाब आदि के अतिरिक्त दूसरा कोई ज्ञान नहीं हो पाता था। इसलिए महारावल उदयसिंह ने 1893 ई. में राज्य में एक पाठशाला स्थापित की जहाँ प्रारम्भिक (प्राइमरी) शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था हुई।

महारावल विजय सिंह (1898ई. से 1918ई.) – उदयसिंह के देहांत पर उनके पौत्र विजयसिंह सन् 1898 ई. में डूँगरपुर की गद्दी पर बैठे। महारावल विजय सिंह डूँगरपुर राज्य के शैक्षणिक विकास हेतु दूरदर्शिता रखते थे। उनका मानना था कि समय के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने से राज्य की जनता को बेहतर कार्मिक और सुशिक्षित नागरिक मिल सकेंगे।म

राज्य में 1898-99 ई. में 88 विद्यार्थी वर्ष के अंत तक डूँगरपुर के विद्यालय में पंजिकृत थे। सागवाड़ा, गलियाकोट और साबला में प्रारम्भिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो चुका था। डूँगरपुर कस्बे और आस-पास के प्रत्येक गाँवों में विद्यालय खोल दिए गए थे जिनमें विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति औसत 627 हो चुकी थी। आम जनता में ऐसा विश्वास जाग उठा था कि उनके बालकों के लिए महारावल के द्वारा सबसे बेहतर एवं आधुनिक शिक्षा के इंतजाम किए जा रहे है। महारावल के प्रयासों से भील बालकों ने भी विद्यालयों में प्रवेश लेना प्रारम्भ कर दिया था।म

1901 की जनगणना में राज्य में दो बड़े कस्बे और 630 गाँव थे। डूँगरपुर की जनसंख्याँ 6000 एवं सागवाड़ा की 4000 थी। कुल डूँगरपुर राज्य की जनसंख्याँ 100103 में से 56081 हिन्दू, 33887 जनजाति, 4271 मुस्लिमों में से 2565 शिया तथा 1706 सून्नी, जैन 5860 थे। उस समय राज्य की पूरी जनसंख्या में से 3286 शिक्षित जनसंख्या थी।म

1902 में डूँगरपुर के विद्यालय में 139 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 5 अंग्रेजी, 11 उर्दू, 3 संस्कृत का अध्ययन कर रहे थे इनमें से शेष वार्नाकुलर में शिक्षारत थे। दैनिक उपस्थिति का औसत 85.59 था और प्रत्येक विद्यार्थी पर शिक्षण शुल्क 6 आना 5 पाई आता था।म

1907 ई. में पाडवा ग्राम में नया विद्यालय प्रारम्भ किया गया और साथ ही 12 और नए विद्यालय और खोल दिए जिसमें से 11 ग्रामीण विद्यालय प्राथमिक स्तर के शेष एक सेकेण्डरी स्तर का था जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू तथा संस्कृत भाषा का अध्यापन होता था। 1907 ई. में राज्य के शिक्षा विभाग में इंस्पेक्टर पद पर महारावल द्वारा रामचद्र दुबे जैसे विद्धान को नियत किया गया। महारावल ने आपके मार्फत शिक्षा के मद से उस समय 4336 रूपये निवेश किए गए।म

1913 ई. में डूँगरपुर राज्य में शिक्षा के महकमें को नवीन रूप दिया गया इसे अब दफ्तर तालिम कहा जाने लगा था। राज्य के बाहर से अब प्रशिक्षित अध्यापकों को भी आमन्त्रित किया जाने लगा जो कि स्थानीय अध्यापकों की तुलना में अधिक शिक्षित और अनुभवी तथा प्रभावी थे।म महारावल चाहते थे की किसी भी तरह से राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर वैश्विक हो जाए।

1915 ई. में डूँगरपुर राज्य के इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल ने तत्कालीन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें यह जिक्र किया गया है कि महारावल विजय सिंह के हुकुम से भीलवाड़ा के निवासी बाबू कन्हैया लाल माथुर को पिन्हे स्कूल का हैड मास्टर बनाया गया और उन्होने शिक्षा की बेहतरी के लिए कई कार्य किए।

1917 ई. में राजपूत बोर्डींग स्कूल को पिन्हे स्कूल से जोड़ दिया गया जिससे उन जागीरदार और टाँकेदार के बालकों को शैक्षणिक लाभ होने लगा जो मेंयो कॉलेज अजमेर की फीस दे सकने में सक्षम नहीं थे।म

1918 ई. में राजपूताना मिडिल स्कूल बोर्ड के स्टेण्डर्ड पर पिन्हे स्कूल में सभी विषयों में अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम में शिक्षण हो रहा था। दो मेघावी

* शोधार्थी, इतिहास एवं संस्कृति विभाग, जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड -टू-बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान) भारत

छात्र ईलाहाबाद विश्वविद्यालय में मेट्रीकुलेशन परीक्षा हेतु अध्ययन करने अजमेर हाई स्कूल से स्कॉलर बन कर गए। देवेन्द्र कन्या विद्यालय में सभी विषयों में अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम में उच्च प्राथमिक स्तर के अध्ययन के साथ-साथ सिलाई और एम्बरोयड्री का प्रशिक्षण भी दिया जाने लगा था। महारावल विजयसिंह ने शिक्षा अर्जन में प्राचीनकाल से प्रभावी वर्ण व्यवस्था को कभी महत्व नहीं दिया राज्य में शिक्षा लेने का अधिकार सभी को बराबर था। शिक्षण कार्य के प्रशासन, प्रबन्धन एवं पर्यवेक्षण हेतु सदैव इन्होनें प्रशिक्षित और विद्वान व्यक्तियों को जिम्मेदार बनाया जिससे राज्य में शैक्षणिक उन्नाति निरन्तर रहे।म

महारावल लक्ष्मण सिंह (1918 ई.से 1989ई.) – महारावल लक्ष्मण सिंह का जम्म 7 मार्च 1908 ई. को हुआ था और 15 नवम्बर 1918 ई. को 11 वर्ष की आयु में उनका राजतिलक हुआ। महारावल विजयसिंह की वसीहत के अनुसार राज्य का प्रबन्धन दक्षिणी राजस्थान के पॉलिटिकल ऐजेन्ट मेजर डी.एम. के निरीक्षण में कौंसिल के द्वारा होने लगा। सन् 1919 ई. में महाविद्यालय शिक्षा प्राप्त करने के लिए अजमेर मेयो कॉलेज में भर्ती हुए। 16 फरवरी 1928 ई. के बाद महारावल शिक्षापूर्ण कर राज्य को लौटे और शासन अधिकार अपने हाथों में लिया।म

1928 ई. में पंडित रामचन्द्र शर्मा शिक्षा विभाग के प्रमुख एवं पिन्हे स्कूल के हैड मास्टर के पद पर कार्यरत थे। इस वर्ष दो नए विद्यालयों का शुभारम्भ किया गया और भीलों के बालकों की शिक्षा हेतु पाल सालेज में एक विद्यालय की स्थापना की। इस वर्ष 5 मेघावी छात्र हाई स्कूल की परीक्षा में बैठे। राज्य का शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों को युनाइटेड प्रोविंस बोर्ड के स्तर पर सशक्त करने में लगा था।म

1935 ई. में मुसाहिब आला शिक्षा विभाग के अधीक्षक एवं हाई स्कूल के हैड मास्टर थे। इस वर्ष एक अनुदानित विद्यालय जेठाना में और दो जागीर विद्यालय पुंजपुर और सीमलवाड़ा में शुरू किए गए। 1935 ई. में हाई स्कूल में 560 बालकों का दाखिला हुआ जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 9 ज्यादा था। धार्मिक शिक्षकों द्वारा नैतिक शिक्षा का पाठ बालकों को सिखाया जा रहा था। स्काउट में बालकों का प्रदर्शन अच्छा था और इस वर्ष ऑल इंडिया स्काउट मेले में राज्य के बालकों ने भाग लिया और सभी कार्यो में सफलता अर्जीत करी। एक निजी छात्रावास पंडित भोगीलाल पंड्या ने प्रारम्भ किया इस हेतु महारावल द्वारा पिन्हे स्कूल का एक अध्यापक और मुफासिल स्कूल का एक भवन उनके सुपुर्द कर दिया। बालकों के खेल हेतु उदयविहार बाग नियत था और इसके पास ही दो विद्यालयी मैदान 150 से 200 विद्यार्थियों हेतु काफ़ी थे। देवेन्द्र कन्या विद्यालय में इस वर्ष नयी प्राध्यापिका ने कार्य संभालते ही 102 बालिकाओं को प्रवेश दिलवाया। राज्य के सभी विद्यालयों में 1822 बालक एवं 160 बालिकाएँ अध्ययनरत थी। बालकों की दैनिक उपस्थिति का औसत 1356 और बालिकाओं का 112 था। राज्य में शिक्षा की मद के 25585 रूपये में से 23747 खर्च किया गया। जनसंख्या के अनुसार प्रति व्यक्ति औसत 2 आना खर्च किया गया।म

1940 ई. तक डूँगरपुर राज्य में सभी प्रकार के विद्यालयों की संख्या 65 हो चुकी थी। 1940 ई. तक डूँगरपुर में वयस्कों हेतु 2 और सागवाड़ा में 10 रात्री विद्यालय प्रारम्भ कर दिए गए। राज्य के सभी प्रकार के विद्यालयों में 4339 बालक एवं 247 बालिकाएँ अध्ययनरत थी। बालकों की दैनिक उपस्थिति का औसत 1840 और बालिकाओं का 177 था। जनसंख्या के अनुसार अध्ययनरत बालकों का प्रतिशत 1.9 और बालिकाओं का .1 था। 300 रूपये एक मुश्त हरीजन विद्यालयों के विकास हेतु दिया जाता था।म

1945 ई. में चौधरी कृणानन्द एम.ए. राज्य की शिक्षा व्यवस्था और महारावल स्कूल के हैड मास्टर का काम देख रहे थे। वे राज्य में 24 दिनों तक निरीक्षण के दौरे पर रहते थे। महारावल के प्रयासों से इस तक समय राज्य में विद्यालयों की संख्या जनसंख्या के अनुसार बढ़ती गयी। राज्य में 1945 ई. तक 84 विद्यालयों में 4663 विद्यार्थी पंजीकृत थे और इनकी दैनिक उपस्थिति का प्रतिशत 67 प्रतिशत था। इस वर्ष शिक्षा के मद में 41789.14.0 रूपये खर्च किए गए। 31 विद्यार्थियों को हायर एजुकेशन के लिए कुल 4423 रूपये वजीफा दिया गया। महारावल हाई स्कूल को विशारद परीक्षा हेतु केन्द्र बनाया गया जिसकी मान्यता ईलाहाबाद के हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा दी गयी थी। इस परीक्षा में राज्य के विद्यार्थियों ने संतोषजनक प्रदर्शन किया। नैतिक और धार्मिक शिक्षा कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य थी और इसका तय पाठ्यक्रम भी था। उस समय हॉकी, फुटबाल और क्रिकेट हेतु लक्ष्मण मैदान उपलब्ध था। हाई स्कूल में एक पुस्तकालय की व्यवस्था थी इस वर्ष छात्रों को 1071 पुस्तकें इश्यु की गयी। इसी वर्ष निजी विद्यालयों की संख्या 1099 पहुँच चुकी थी।म

महारावल लक्ष्मण सिंह स्वयं उच्च शिक्षित थे और राज्य की जनता को भी शिक्षा के उच्च शिखर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा एवं उसे पूरा भी किया। आपका डूँगरपुर राज्य में शिक्षा के विकास के स्तर को बढ़ाने में बड़ा योगदान रहा। प्रभावी शिक्षा नीति, कुशल प्रशसकों की नियुक्ति, निरन्तर पर्यवेक्षण और मूल्याँकन तथा शिक्षा के प्रतिवेदनों पर स्वयं रूची लेकर वे आगामी कार्य योजना को अंजाम देते थे। उपलब्ध साहित्यों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि 1901 ई. से 1947 ई. तक राजशाही ने डूँगरपुर राज्य में किसी भी जाति से शिक्षा ग्रहण करने के अधिकार का हनन नहीं किया। सभी जातियों को शिक्षा लेने का पूर्ण अवसर दिया जाता था और समता तथा समानता का समाजीकरण किया जाता था।

उपसंहार – डूँगरपुर का परिचय जनजाति क्षेत्र से होता है जो कि इस क्षेत्र में निवासित अन्य समुदायों के इतिहास को उभर कर नहीं आने देता। आजादी से पूर्व महारावलों ने अपनी जनता के लिए शिक्षा हेतु उत्ताम प्रबन्ध किए। जनसंख्या के अनुसार विद्यालयों की उपलब्धता, वजीफे, प्रौत्साहन, खेल, स्काउट जैसे कार्य उस समय सभी वर्गो के बालकों हेतु समान थे। उस समय सभी समुदायों को शिक्षा का अधिकार प्राप्त था। भीलों के लिए ग्रामीण स्कूल की व्यवस्था और कम आय वर्ग के लिए मुफासिल स्कूल का प्रबन्ध उस समय के महारावलों की समता और समानता वाली शिक्षा नीति को दर्शाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रिपोर्ट ऑन द पॉलिटिकल एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ राजपूताना स्टेट्स फोर 1898-99 के पृष्ठ संख्या 21 के बिन्दू क्रमांक 36
2. रिपोर्ट ऑन द पॉलिटिकल एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ राजपूताना स्टेट्स फोर 1898-99
3. रिपोर्ट ऑन द लेण्ड रेवेन्यु सेटलमेन्ट ऑफ डूँगरपुर स्टेट राजपूताना इन 31 मार्च 1904-1905
4. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट फोर द इयर ऐन्डिग 31 मार्च 1902, पृष्ठ 13
5. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, राजपूताना, फोर द इयर ऐन्डिग 30 सितम्बर 1907, पृष्ठ 11, अध्याय 7, बिन्दू संख्या 32
6. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1912-13, पृष्ठ

17-19
7. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1916-17, पृष्ठ 25-26
8. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1917-18, पृष्ठ 28-29
9. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा,(वि.स.1963), राजपुताने का इतिहास ,जिल्द तीसरी, भाग
10. पहला, डूँगरपुर राज्य का इतिहास, वैदिक यन्त्रालय अजमेर, पृ.195-96
11. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1927-28,पृष्ठ 22-24
12. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1934-35,पृष्ठ 22-24
13. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1939-40, पृष्ठ 35,36,37
14. रिपोर्ट ऑन द एडमिनीस्ट्रेशन ऑफ डूँगरपुर स्टेट, 1944-45, पृष्ठ 35-37

****

Pattern of wasteland in TSP area of southern Rajasthan

Dr. Namrata Nalwaya*

Abstract - In the absence of any agreed definition of waste land the term waste land has been defined in many ways Literally, waste land means land not used for any purpose or land incapable of habitation or cultivation producing little or no vegetation, barren or desert producing little or nothing. However, National Waste Land Development Board [NWDB] provided the following standardized definition of waste land, "waste land is defined as that land which is degraded and is presently lying unutilized except as current fallow due to different constraints."It is recognised that waste lands could be considered as those lands which are unutilised, partially utilized or mismanaged. These lands could fall under state occupation, private occupation or notified forest areas.

On the basis of primary data, this paper aims to analyse the total waste land in the TSP Area and was carried out to understand the problem from different angles and aspects.

Introduction - Waste land includes those types of land which is now unutilised for many years but had been used earlier. Yadav[1987] has also diagnosed and defined waste land as "those lands which are unculturable of presently lying unutilized but have been used previously, which are giving very low return of its economic potential of whose soil has lost its fertility status." In the TSP Region it is more than in the state i e 33.32 percent of waste land out of the total land.

Different organizations have categorised waste land differently, giving rise to non-uniformity of data base. Waste land have been divided into two broad classes i.e. culturable & unculturable.

Culturable waste land is that "land which is capable or has the potential for the development of agriculture, pasture and afforestation. Unculturable waste land is "land which is barren and cannot be put to any productive use such as agriculture or forest cover".

Data And Methodology - The paper is mainly based on the primary data, which is gained from the field survey. For deeply discussion, data also has been obtained from the concerned village office. Data received from various sources first and then combined in different groups according to the requirements of the study. Analysis of land usage has been done category wise for the year 1980-2011.

Objectives - The present study is undertaken keeping in view the following objectives:

1. To ascertain the physical and cultural personality of the research area.
2. To evaluate the distribution and characteristics of waste land between 1980-2011.
3. To identify the factors which are responsible for increase or decrease of the waste land.
4. To suggest developmental strategies and planning of optimum utilisation of waste land for different non agricultural uses.

Analysis And Discussion

Location of the study area - The tribal sub-plan region of Southern Rajasthan is located between 23°3' and 24°55' N latitude and 72°30' and 75°E longitude in southern p art of Rajasthan. It extends for nearly 210 kms in north south and 240 kms in east west direction and covers about 2380591 sq kms of area. Tribal sub plan (TSP) area comprises of 19 tehsils and 4364 villages. For our study we have taken Banswara and Dungarpur as one whole district, while 7 tehsils Jhadol, Kherwara, Kotra, Sarada, Salumber, Dhariyawad, Girwa of Udaipur district, 2 tehsils of chittorgarh district (Pratapgarh, Arnod) and only 1 tehsil of sirohi district (Abu road).To its north-west lies Abu road tehsil Kotra, Pratapgarh tehsil and Arnod tehsil surrounded the TSP area in the east and Girwa tehsil in the north. The tribal area of Gujarat lies in the south-west and it faces tribal area of Madhya Pradesh in the south east, so the TSP area faces two states i.e. Gujarat and Madhya Pradesh.

Factors affecting the distributional pattern of waste land - The above-discussed pattern of wastelands may be analysed in relation to various environmental, technological, economic and institutional factors which from the very beginning have been influencing the use of the land by man in the region.

Factors like relief, soils, rainfall, quality and depth of underground water, human (including pressure of population, education, agricultural labour) and economical factors (availability of finance, size of holdings, distribution of seeds, fertilizers insecticides) are responsible for waste land.

Total waste land - Waste land is defined as "that land which is degraded and is presently lying unutilised except as

* Udaipur, (Rajasthan) INDIA

current fallows due to different constraints". It is recognised that waste lands could be considered as those lands which are unutilised, partially utilized or mismanaged. These lands could fall under state occupation, private occupation or notified forest areas.

As per the Table 1 in the year 1980, there was 39.49 per cent of total waste land in the TSP region more than half comprising of only barren and uncultivable land with 23.03 per cent others being permanent pasture with 6.74 per cent, culturable waste with 6.46 per cent and old fallow with 3.26 per cent.

Table 1: TSP Region Waste Land (in per cent)

S.	Category	1980 -81	1990 -91	2000 -01	2010 -11
1.	Barren & uncultivable land	23.03	18.66	18.78	16.5
2.	Permanent pasture & grazing land	6.44	5.82	4.91	3.85
3.	Culturable waste	6.46	6.01	6.2	5.95
4.	Old Fallow	3.26	4.23	5.36	7.02
	Total waste land	**39.49**	**34.72**	**35.25**	**33.32**

The table also shows the uneven distribution of waste land in the TSP area in the year 1990 also. There was a decreasing trend of barren and uncultivable land from 1980 with 18.66 per cent of total wasteland. Here permanent pasture, culturable waste and old fallow contributed 5.82 per cent, 6.00 per cent and 4.23 per cent respectively. There was also marginal decrease of waste land with 34.72 per cent of the total TSP area.

In the year 2001, total waste land in the TSP area was 35.25 per cent of total land. There was a slight decrease of waste land during this year. The increase was mainly due to increase in old fallow. Barren and uncultivable land contributed 18.78 per cent.

The latest data was collected in the year 2010-11 according to it 16.50 per cent of the total land of the TSP region while permanent pasture, culturable waste and old fallow were 3.85, 5.95 and 7.02 per cent of the total land of the TSP area. The total waste land which includes barren and uncultivable land, permanent pasture, culturable waste and old fallows is 33.32 per cent of the total TSP area.

Table 2: Waste Land Pattern in TSP Region (2000-01) (in per cent)

S.	Tehsil	Waste land (% of total reporting area)					Total Waste land
		Barren & uncu -ltivable land	Culturable land				
			Perma -nent pasture and grazing land	Cultu- rable waste	Old Fallow	Total	
1	Ghatol	16.9	1.1	3.4	6.55	11.05	27.95
2	Garhi	16.83	0.73	12.6	12.2	25.53	42.36
3	Banswara	20.83	0.64	2.65	9.65	12.94	33.77
4	Bagidora	12.21	5.07	4.66	7.18	16.91	29.12
5	Kushalgarh	8.98	7.13	1.35	4.63	13.11	22.09
6	Dungarpur	28.37	7.44	7.93	9.66	25.03	53.4
7	Aspur	18.4	11.35	6.6	7.42	25.37	43.77
8	Sagwara	19.07	12.92	6.56	13.2	32.68	51.75
9	Simalwara	12.75	6.57	4.95	4.63	16.15	28.9
10	Jhadol	19	3.28	2.55	3.15	8.98	27.98
11	Kherwara	28.35	7.58	6.3	7.22	21.1	49.45
12	Kotra	16.42	2.3	2.87	1.1	6.27	22.69
13	Sarada	13.19	2.93	6.43	4.03	13.39	26.58
14	Salumber	51.84	5.7	8.3	4.92	18.92	70.76
15	Dhariyawad	20.06	8.86	9.49	3.07	21.42	41.48
16	Girwa	38.43	7.73	9.99	4.92	22.64	61.07
17	Pratapgarh	1	5.32	14.4	1.76	21.48	22.48
18	Arnod	1.83	5.42	11.93	1.89	19.24	21.07
19	Abu road	9.63	2.13	1.33	1.7	5.16	14.79
TSP region (2001)		**18.78**	**4.91**	**6.20**	**5.36**	**16.47**	**35.25**
TSP region (2011)		**16.5**	**3.85**	**5.95**	**7.02**	**16.82**	**33.32**

Conclusions - The total waste land in TSP region accounts for more than 33.32 per cent of total land. It includes barren and uncultivable of 16.50 per cent, pasture land 3.85 per cent, culturable waste 5.95 per cent and old fallow 7.02 per cent.

The category includes rocky/stony wastes, dissected and rugged plateau, gravelly piedmont, barren lands, strip lands along transportation lines, mine dumps, etc. which are not suitable for growing crops and can be reclaimed with great difficulty and at high cost, hence, an uneconomic proposition. However, these lands are fairly suited for development into good pasture lands and for social and agro- forestry.

Maximum portion of barren land is located in Banswara, Dungarpur and Udaipur districts and in the Udaipur district Salumber tehsil recorded with 51.84 per cent has maximum barren land, while Arnod and Pratapgarh tehsils have minimum portion.

A permanent pasture is found maximum in Aspur and Sagwara tehsils, while it is lowest in Banswara. The possibility of reducing pasture land should be properly studied and must be converted into forest land.

Arnod, Pratapgarh and Garhi tehsils have maximum portion of culturable waste land, while it is the lowest in Jhadol, Kushalgarh and Abu road culturable waste land can be reduced from 6.4 per cent and may be converted for raising crops.

Old fallow land has maximum highest portion in Sagwara tehsil. These lands are easily reclamable for cultivation but are not being cultivated due to some constraints. If and when reclaimed, these will help to produce food grains, pulses, oil seeds, etc. to meet the growing and varied demands.

Reclamation of Waste Land - The basic things needed for developing waste land are irrigation facilities, electricity and pucca road. Some villages is located very near the tehsil head quarter, it has convergence facilities. Government has developed tank in the village for irrigation purpose. As farmers are not acquainted with the latest

method of farming so there is a need to train them.

Government must provide electricity to the village so they may use machinery in agricultural activities. Government should encourage farmer by providing subsidy on seeds, fertilizer and subsidized loan for buying tractors on long repaying terms. Yet more necessary is farmers motivation and dedication toward utilising wasteland.

References :-

1. District statistical abstract: Banswara, Chittorgarh, Dungarpur, Sirohi and Udaipur, 1981, 1991, 2001 & 2011.
2. Gupta N.L. (1966): Land utilisation in Udaipur plateau, Ph.D. Thesis.
3. Khan, M.Z.A (1986): Wasteland in Chabbra tehsil, Kotra District, Rajasthan.
4. Bomb, P.R (1965): Agricultural geography of Udaipur Basin, M.A. Dissertation, Udaipur University.
5. Goojar, K.S (1984): Waste-land utilisation in Udaipur Basin.
6. Jain Anita (1983): Waste land utilisation in Udaipur district, Ph.D. Thesis, Sukhadia University.
7. Kothari, Anita (1983): Water Resource of Udaipur Basin, M.A. Dissertation, Sukhadia University.
8. Singh Abha Lakshmi (1977): The Distribution and utilisation of uncultivated land in Koil Tehsil, Geog. Rev. Ind. XXXIX (3): 206-211.
9. District Census Hand Book, Udaipur District, Census of India, 1981, 1991, 2001 & 2011.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

इन्दौर विकास प्राधिकरण की अधोसंरचनात्मक योजनाऐं - समस्याऐं व सुझाव

डॉ. विनीता पाराशर *

शोध सारांश - किसी भी शहर को विकास के मार्ग पर अग्रणी रहने के लिये सुदृढ़ अधोसंरचना का होना अनिवार्य होता है। अधोसंरचना के विकास में प्राधिकरण द्वारा किये गये प्रयास सराहनीय तो है परन्तु पर्याप्त नहीं है। अभी भी अनेकोनेक क्षेत्र जैसे- आपदा प्रबंधन, जल प्रबंधन, आदि में अपर्याप्त सुविधाऐं है। शहरी सड़कों व फ्लायओवरों का निर्माण तो हो रहा है परन्तु उन पर व्यय की गई राशि के अनुपात में गुणवत्ता नहीं है। राजनैतिक प्रभाव के कारण चौराहों व रोटरी के निर्माण पर आवश्यकता से अधिक व्यय हो रहा है जबकि अति आवश्यक क्षेत्र अछूते रह जाते हैं। आम आदमी की आवास समस्या के समाधान के लिये भी प्रयास तो किये जा रहे हैं, परन्तु जनसंख्या के अनुपात में यह भी बहुत कम है। अधोसंरचनात्मक योजनाओं में और गति तथा नियोजित की आवश्यकता है। व्यावसायिक गतिविधियाँ अनुचित नहीं है परन्तु यहाँ भी यह ध्यान रखने योग्य है कि सभी वर्गों के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना कार्य किया जावें।

प्रस्तावना - मालवांचल में बसा इन्दौर, बेहतर जलवायु, उद्यमशीलता और नियोजित विकास के लिए जाना जाता है। बीसवीं शताब्दी की शुरूआत में जब इन्दौर महामारी की चपेट में आया तो इसे साफ-सुथरा और विकसित बनाने के लिए मास्टर प्लान बनाने का विचार हुआ। महाराजा के आमंत्रण पर सर पीट्रिस गीडिस इन्दौर आए और सन् 1918 में पहला मास्टर प्लान बना। उसके तत्काल बाद 1924 में नगर सुधार न्यास बनाया गया जो 1976 के बाद से इन्दौर विकास प्राधिकरण के रूप में काम कर रहा है। इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विभिन्न योजनाओं का निष्पादन किया गया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इन्दौर में सभी प्रकार की योजनाओं द्वारा चहुमुँखी विकास का प्रयास किया जा रहा है।प्रस्तुत शोध का प्रमुख उद्देश्य इन्दौर विकास प्राधिकरण की अधोसंरचनात्मक योजनाओं के माध्यम से निष्कर्ष ज्ञात करना एवं संभावित सुझाव प्रस्तुत करना है।

उद्देश्य - प्रस्तुत शोध का प्रमुख उद्देश्य इन्दौर विकास प्राधिकरण की अधोसंरचनात्मक का योजनाओं का आलोचनात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन के माध्यम से निष्कर्ष ज्ञात करना एवं संभावित सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध की परिकल्पना - इन्दौर शहर के अधोसंरचनात्मक विकास में इन्दौर विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन्दौर शहर को महानगर बनाने की दिशा में इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे प्रयास पर्याप्त हैं।

अध्ययन का क्षेत्र व सीमाऐं - इन्दौर विकास प्राधिकरण का कार्य क्षेत्र इन्दौर जिले का शहरी क्षेत्र है, अत: अन्य ग्रामीण आदि क्षेत्रों को शोध में स्थान नहीं दिया गया है। उपलब्ध द्वितीय समंकों के अतिरिक्त प्राथमिक समंकों हेतु प्रश्नावली के आधार पर शहरी नागरिकों की राय भी शोध में सम्मिलित की जा रही है।

शहरी अधोसंरचना का विकास - गत वर्षों में प्राधिकरण ने शहरी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। किसी भी शहर को विकास के मार्ग पर अग्रणी रहने के लिये सुदृढ़ अधोसंरचना का होना अनिवार्य होता है। इसी दिशा में प्राधिकरण का कार्य सराहनीय है। शहरी अधोसंरचना का विकास करने का प्राधिकरण ने पूर्ण प्रयास किया है। विकास राशि का सर्वाधिक व्यय भी अधोसंरचनात्मक योजनाओं पर ही किया गया है। सड़कें, फ्लायओवर, पुल के निर्माण के साथ ही साथ शिक्षा, प्रशासन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में भी योगदान दिया है। मध्यप्रदेश शासन की नई आवास नीति का अनुसरण करते हुए प्राधिकरण ने आवासीय योजनाओं का क्रियान्वयन भी किया है। शहर को झुग्गी मुक्त बनाने में वेम्बे योजना के अंतर्गत आवास निर्माण, निम्न आय वर्ग को कम मूल्य पर लॉटरी द्वारा भूखण्डों का आवंटन सराहनीय कार्य है। अन्य वर्गों को आवास सुविधा देने के उद्देश्य से आधुनिक टाऊनशीप का निर्माण कार्य भी प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

प्राधिकरण द्वारा विकसित की गई आवासीय योजनाओं में सभी आय वर्ग के लिये भूखण्डों की उपलब्धता, प्राधिकरण की विकास की प्रतिबद्धता को प्रकट करती है। परन्तु वेम्बे योजना के अंतर्गत निर्मित भवनों को छोड़कर अन्य निर्मित भवन सभी आय वर्गों की पहुँच में नहीं है। प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड आवंटन के लिये अपनाई गई लॉटरी पद्धति भी सराहनीय तो है परन्तु उसमें भी सुधार की पर्याप्त संभावनाऐं है। नई आवासीय योजनाऐं टाऊनशीप की तर्ज पर तैयार की जा रही है, जो शहर को महानगरीय स्वरूप तो प्रदान करेगी परन्तु आम आदमी की आवास समस्या का निराकरण नहीं कर पायेगी। आवासीय योजनाओं में विस्थापन भी एक बड़ी समस्या है। इस दिशा में स्थायी समाधान आवश्यक है।

प्राधिकरण स्ववित्तीय निकाय है, अनुदान व सहायता के अतिरिक्त अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अतिरिक्त आय आवश्यक है। प्राधिकरण सम्पत्ति विक्रय से आय प्राप्त करता है, किराये व लीज तथा ब्याज से आय प्राप्त करता है। विभिन्न वाणिज्यिक योजनाओं का विकास कर वाणिज्यिक भवनों व भूखण्डों का विक्रय भी करता है। वाणिज्यिक भवनों व भूखण्डों का विक्रय निश्चित ही आवासीय भूखण्डों व भवनों से अधिक मूल्य पर किया जाता है इससे भूमि के मूल्यों को नियंत्रित रखने में कठिनाई होती है।

* पूर्व विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) आई. पी. एस. एकड्मी, इन्दौर (म.प्र.) भारत

समस्याऐं व सुझाव – मध्यभारत का महत्वपूर्ण शहर तथा प्रदेश की औद्योगिक राजधानी होने के बाद भी इन्दौर में मूलभूत सुविधाओं की कमी है।

- विश्व पटल पर जहाँ शंघाई जैसे शहर तुलना का आधार है, **इन्दौर अभी बहुत पीछे है, विशेष तौर पर अधोसंरचना के मामले में।** इन्दौर विकास प्राधिकरण को अपना लक्ष्य ऊँचा रखकर विकास के प्रयास करने होंगे।
- **शहर में जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकसित करनी होगी।**
- शहर में **मेट्रो ट्रेन** लाने की दिशा में इन्दौर विकास प्राधिकरण प्रयास करें।
- **सडकों की मरम्मत व रखरखाव के लिये अपनी अतिरिक्त निधि का प्रयोग करें।**
- बढ़ती हुई जनसंख्या में अधिकतर आबादी निम्न आय वर्ग की है, अत: इस वर्ग को आवास सुविधा दिलाने के लिये **विशेष आवास निम्न दरों पर उपलब्ध कराये जाये।**
- **छोटी व तंग बस्तियों का पुर्नसुधार** किया जाये।
- शहर के सभी क्षेत्रों विशेषकर मध्य भाग में पार्किंग बढ़ी समस्या है, जिससे यातायात भी बाधित होता है। अत: **मल्टी लेबल पार्किंग स्थलों का निर्माण** शीघ्र करवाकर इनके रखरखाव की व्यवस्था इन्दौर विकास प्राधिकरण को स्वयं लेनी चाहिये।
- **औद्योगिक** क्षेत्रों **में अधोसंरचना के विकास** की जिम्मेदारी स्वयं के हाथों में लेकर इन्दौर विकास प्राधिकरण शहर को दोहरी सौगात दे सकता है। एक तो उद्योगों के विकास के साथ शहर का विकास होगा तथा दूसरा प्रदूषण, कचरा, अवशिष्ट आदि समस्याओं को नियंत्रित कर सकता है।
- शहर में सार्वजनिक मनोरंजन के साधन भी अपर्याप्त है। शहर के बाहरी क्षेत्रों में **मनोरंजन स्थलों का निर्माण** किया जा सकता है। ऐसा करने से इन्दौर विकास प्राधिकरण को आर्थिक लाभ होगा।
- इन्दौर विकास प्राधिकरण योजनाऐं विकसित कर उन्हें अन्य स्थानीय संस्थाओं को हस्तांतरित कर देता है। अत: उन **योजनाओं में** इन्दौर विकास प्राधिकरण **का हस्तक्षेप समाप्त हो जाता है।** जिसके कारण बाद में उत्पन्न समस्याओं के लिये इन्दौर विकास प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं रहताअ अत: इस हेतु **एक विशेष सर्वेक्षण प्रणाली का विकास किया जाना चाहिये जो इस बात का ध्यान रखे कि योजना अपने उद्देश्यानुसार ही है**, जैसे आवासीय भवनों व प्लाटों का व्यावसायिक व अन्य उपयोग न हो। निम्न आय वर्ग को आवंटित भवनों व प्लाटों को स्वयं उपयोग कर रहे हो, पार्क, स्कूल, अस्पताल आदि सुविधा का योजनानुसार ही विकस हो रहा है।
- **योजनाऐं निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं हो पाती क्योंकि –**
- निर्धारित अवधि में टेण्डर नहीं हो पाते हैं।
- ठेकेदार या निर्माण कंपनियाँ कार्य अधूरा छोड़ देती हैं।
- योजना निर्धारित बजट राशि में पूर्ण नहीं हो पाती, अत: अतिरिक्त राशि के लिये कार्य रूक जाता है।
- योजनाओं के पूर्व निर्धारित उद्देश्य परिवर्तित हो जाते हैं।

उपरोक्त समस्याओं के संभावित कारण हैं – राजनैतिक हस्तक्षेप, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी नियमों व निपटारे की जटिलता, अधिनियम के जटिल प्रावधान, ठेकेदार व कंपनी के विरूद्ध कार्यवाही न होना या कार्यवाही में देरी होना।

- इन्दौर विकास प्राधिकरण के पास **ऋण प्राप्त करने तथ पुनर्भुगतान करने में सक्षम है तो वह ऐसा करके शहर के विकास को और तेजी व गति प्रदान कर सकता है।**
- बिना बिकी सम्पत्तियाँ भी इन्दौर विकास प्राधिकरण की समस्या में से एक है। इसके लिये दो प्रमुख तत्व जिम्मेदार है। एक तो वैश्विक मंदी तथा दूसरा इन्दौर विकास प्राधिकरण की नीतियाँ। गतवर्षो में लाटरी द्वारा प्लाटों का विक्रय किया गया है, ऐसा करने से जो प्लाट मालिक प्रारम्भिक राशि या अन्य का भुगतान नहीं कर सकें, वे विक्रय निरस्त हो गये। **अत: प्लाट बिना बिके ही रह गये।** ऐसे प्लाटों के विक्रय के लिये पुन: निविदा व अन्य कार्यवाही होने तक ये **गैर–निष्पादक सम्पत्ति** रह जाती है।

  इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय व व्यावसायिक योजनाओं का विकास तथा जनता को सीधे विक्रय करने का प्रारम्भिक उद्देश्य शोषण से मुक्ति तथा उचित मूल्य पर प्लाट तथा भवन उपलब्ध कराना था, परन्तु कालान्तर में इन्दौर विकास प्राधिकरण भी स्ववित्त प्राप्ति हेतु विभिन्न श्रेणियों में अलग–अलग मूल्य पर प्लाट विक्रय करने लगा। ऐसा करने से **बड़े आवासीय तथा व्यावसायिक भूखण्ड महंगे बेचे गये।** जिसके दो हानिकारक प्रभाव हो रहें, एक तो कुछ प्लाट बिना बिके ही रह गये दूसरा इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा अधिक मूल्य पर विक्रय करने से उस क्षेत्र विशेष में भूमि के दाम बढ़ गये। अत: इन्दौर विकास प्राधिकरण भूमि **के दामों को नियंत्रित करने में असफल रहा।**

  अत: प्राधिकरण की ऐसी बिना बिकी सम्पत्ति के तुरंत निपटारे हेतु प्रावधान करना चाहिये। बड़ी सम्पत्तियों एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों के मूल्य निर्धारित करते समय भी इनके प्रभावों को ध्यान में रखना चाहिये।
- सौंदर्यीकरण किसी भी शहर को आकर्षक बना सकता है। विकास प्राधिकरण होने के नाते इन्दौर विकास प्राधिकरण ही इसके लिये जिम्मेदार भी है। परन्तु शहर की मूलभूत आवश्यकताओं से ऊपर चौराहों व रोटरी के सौंदर्यीकरण पर धन तथा समय का व्यय उचित नहीं है। प्राधिकरण को सर्वप्रथम सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास पर ध्यान देना चाहिये। **सौंदर्यीकरण के लिये भी प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाना ही प्राथमिकता होनी चाहिये न कि कृत्रिम साधनों का प्रयोग करना चाहिये।**
- लीज रेंट का निर्धारण बाजार के उतार–चढ़ाव पर आधारित होना चाहिए। तात्पर्य यह है कि भूमि के मूल्य को नियंत्रित करने में प्राधिकरण महती भूमिका का निर्वाह कर सकता है।

निष्कर्ष – अधोसंरचना के विकास में प्राधिकरण द्वारा किये गये प्रयास सराहनीय तो है परन्तु पर्याप्त नहीं है। अभी भी अनेकोनेक क्षेत्र जैसे– आपदा प्रबंधन, जल प्रबंधन, कचरा प्रबंधन आदि में अपर्याप्त सुविधाऐं है। शहरी सड़कों व फ्लायओवरों का निर्माण तो हो रहा है परन्तु उन पर व्यय की गई राशि के अनुपात में गुणवत्ता नहीं है। राजनैतिक प्रभाव के कारण चौराहों व रोटरी के निर्माण पर आवश्यकता से अधिक व्यय हो रहा है जबकि अति आवश्यक क्षेत्र अछूते रह जाते हैं। आम आदमी की आवास समस्या के समाधान के लिये भी प्रयास तो किये जा रहे हैं, परन्तु जनसंख्या के अनुपात

में यह भी बहुत कम है। आवास योजनाओं में और गति तथा नियोजित करने की आवश्यकता है। व्यावसायिक गतिविधियाँ अनुचित नहीं है परन्तु यहाँ भी यह ध्यान रखने योग्य है कि सभी वर्गों के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना कार्य किया जावें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नगर विकास विधि संहिता - भीमसेन खेत्रपाल
2. नगर विकास विधि संहिता - संजय चराटे
3. नगर विकास विधि संहिता - मदनलाल जिंदल
4. भू-राजस्व संहिता - एस. के. जैन
5. भू-राजस्व संहिता - राधेश्याम द्विवेदी
6. भू-राजस्व संहिता - चंदनाथ झा
7. मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम - संजय चराटे
8. मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम - भीमसेन खेत्रपाल
9. मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम - मदनलाल जिंदल
10. विकास - इन्दौर विकास प्राधिकरण
11. समाचार-पत्र -
    - दैनिक भास्कर
    - नईदुनिया
    - राज एक्सप्रेस
    - पत्रिका
12. www.ida.org.com
13. www.jnnurm.com
14. www.town&countryplanningofindia.com

****

मतदान व्यवहार : एक विश्लेषण

डॉ. सीमा श्रीमाल *

मतदान व्यवहार – लोकतंत्र सहमति पर आधारित ऐसी सहकारी व्यवस्था है, जिसका अस्तित्व निर्वाचन की निष्पक्षता पर आधारित है। संविधान सभा के सामने यह समस्या थी कि प्रजातंत्र की सफलता के लिए कैसे निर्वाचन तंत्र को अपना जाये ? नेहरू भारत की जनता में अटूट विश्वास रखते थे उन्होंने संविधान सभा के सामने एक भावभरा भाषण दिया कि 'यदि भारत के संविधान में बालिग मताधिकार की व्यवस्था नहीं होगी तो सम्भवत: हमारा राष्ट्रीय आन्दोलन व स्वतंत्रता मूल्यहीन बन जायेंगे।'

भारत में लोकतंत्र अब तक कैसे चल रहा है, और यहाँ की व्यवस्था क्यों नहीं टूटी ? यह बात पश्चिमी विचारकों के लिए पहेली रही है। 'भारत में लोकतंत्र की प्रारम्भिक सफलता का श्रेय पाश्चात्य विद्धानों ने पहले नौकरशाही के फौलादी ढाँचे, नेहरू के चमत्कारी व्यक्तित्व व कांग्रेस दल को दिया।' किन्तु इन विचारकों को विश्वास था कि इन सबके ढह जाने या किसी वजह से कमजोर हो जाने जैसे कि चीनी आक्रमण, केन्द्र–राज्य सम्बन्ध विवाद, पाकिस्तान से युद्ध में पराजय या आर्थिक मोर्चे पर विफलता से भारत में लोकतंत्र समाप्त हो सकता है। अनेक पश्चिमी समाचार पत्रों ने तो यहां तक भविष्यवाणी कर दी थी कि सम्भवत: चौथे चुनाव भारत में आखिरी चुनाव होंगे।

समय के साथ पश्चिमी विचारकों के मन में भारत की लोकतंत्रीय व्यवस्था के प्रति संदेशा दूर हो गया और आज भारत ने केवल एशिया का बल्कि सम्पूर्ण विश्व का सबसे बड़ा प्रजातंत्रीय राष्ट्र माना जाता है। आज सभी यह स्वीकारते हैं कि भारत में अधिकांशत: तटस्था व सुव्यवस्थित चुनाव हुए हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता का चुनाव व्यवहार कौतूहल पैदा करता है। कुछ प्रश्न राजनीतिशास्त्रियों व सामान्यजनों में सामान्य रूप से जिज्ञासा पैदा करते है। जैसे कि, चुनाव व्यवस्था का मतदाता पर क्या प्रभाव पड़ा ? मतदाताओं का कैसा व्यवहार रहा ? क्या विगत चुनावों एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्रियाकलापों से आम मतदाता की राजनीतिक जागरूकता में वृद्धि हुई है ? क्या मतदाता के व्यवहार से नेहरू की अपेक्षाएँ पूरी हुई हैं ? इन संदर्भो में भारत के प्रसंग में अनेक पश्चिमी भारतीय शोधकर्ताओं ने अध्ययन किये है जैसे वी. एन. सिरसीकर ने पूना के संदर्भ में अध्ययन किया। इसके अलावा रजनी कोठारी, मोरिस जोन्स, डॉ. इकबाल नारायण, रामाश्रय राय, नारमन डी पामर, रूडोल्फ व माईनर वीनर ने काफी गहराई से मतदान व्यवहार का अध्ययन किया है।

द्धितीय विश्वयुद्ध के बाद पूरे विश्व में शोधकर्ताओं का ध्यान मतदान व्यवहार के गहन विश्लेषण पर गया।

मतदान व्यवहार का अर्थ – मतदान व्यवहार से हमारा अभिप्राय है कि मतदाता अपना मत देते समय कौन–कौन से कारणों अथवा स्थितियों से प्रभावित होता है। मतदाता की मतदान के प्रति निर्णयकारी क्षमता को परिवर्तित या प्रभावित करने वाले तत्व ही मतदान व्यवहार कहलाते है। साधारण शब्दों में मतदान व्यवहार का अर्थ है कि मतदाता अपने मत का प्रयोग क्यों करते है और किस प्रकार करते है ? मतदान व्यवहार में प्रथम तो अध्ययन किया जाता है कि मतदाता को मतदान करने के लिए कौन से तत्व प्रेरित करते है ? दूसरे इस बात का अध्ययन किया जाता है कि मतदाता को कौन से तत्व निरूत्साहित करते हैं तथा तीसरे मतदान व्यवहार में भी अध्ययन किया जाता है कि किन तत्वों से प्रभावित होकर मतदाता किसी विशेष राजनीतिक दल और किसी विशेष उम्मीदवार को मत देता है।

मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाल मुख्य तत्व निम्न हैं –

1. प्रारम्भ से ही जातिवाद मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व रहा है। प्रत्येक दल किसी भी चुनाव क्षेत्र में प्रत्याशी मनोनीत करते समय जातिगत गणित का अवश्य विश्लेषण करते हैं। ऐसा माना जाता है कि चुनाव में जातियाँ अपनी पसंद के जातिगत उम्मीदवार को समूह में मत देती है।
2. साक्षरता का स्तर, समुदाय का प्रकार, धर्म आदि ने मतदान व्यवहार को प्रभावित किया है। भारतीय समाज में ग्रामीणों की संख्या अधिक होने से उनमें साक्षरता का स्तर कम है जो मतों की संख्या को प्रभावित करता है। धर्म के नाम पर साम्प्रदायिक भावना उकसायी जाती है जिससे व्यक्तिगत व्यवहार और फलस्वरूप मतदान व्यवहार प्रभावित होता है।
3. राजनीतिक स्थिरता की आकांक्षा मतदान व्यवहार को कहाँ तक प्रभावित करती है इसका भी पांचवें लोकसभा चुनाव और 1972 के चुनाव थे।
4. विचारधारा कार्यक्रम और नीति मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण तत्व रहे हैं। कांग्रेस के पक्ष में मतदान होने का एक मुख्य कारण यह रहा है कि अन्य दलों के मुकाबले वह जनता के सामने अधिक आकर्षक, प्रभावी और कल्याणकारी कार्यक्रम प्रस्तुत कर सकी है।
5. मतदान व्यवहार को देश की आथिक स्थिति ने काफी प्रभावित किया है। 1967 के चुनावों में कांग्रेस के विरोध में मतदान इसलिए हुआ कि जनता की आर्थिक कठिनाईयाँ बहुत बढ़ गई थीं, किन्तु जब 1971 के चुनावों से पूर्व श्रीमती गांधी ने आर्थिक स्थिति सुधारने पर अपना ध्यान केन्द्रित किया तो मतदान पुन: कांग्रेस के पक्ष में हुआ।
6. 1971 के पांचवें लोकसभा चुनावों से पूर्व सामंतशाही व्यवस्था ने मतदान व्यवहार को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया। स्वतंत्र पार्टी तेजी से उभरीं, क्योंकि जागीरदारों, भूतपूर्व राजाओं आदि को अच्छा समर्थन मिला।

* सहायक प्राध्यापक, जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

7. क्षेत्रवाद की प्रवत्ति मतदान व्यवहार को सदा से प्रभावित करती रही है। 1967 में पंजाब के अकाली और मद्रास में द्रमुक की विजय इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं । 1971 के चुनावों में क्षेत्रीयतावाद की भावना ने मतदान व्यवहार को विशेष प्रभावित नहीं किया।
8. भाषा सम्बन्धी विवादों ने भी समय-समय पर मतदान व्यवहार को प्रभावित किया है। तमिलनाडु में मुख्यत: हिन्दी विरोधी प्रकार के कारण द्रमुक को 1967 में विधानसभा में स्पष्ट बहुमत प्राप्त हो गया।
9. साम्प्रदायिकता की भावना, विदेशी धन, चुनाव प्रचार, उम्मीदवारों द्वारा नोट देकर वोट खरीदने की शक्ति आदि तत्व भी मतदान व्यवहार को किसी ने किसी सीमा तक प्रभावित करते हैं ।
10. राजनीति जागरणा भी मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला महत्वपूर्ण तत्व है । इसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध मतदान व्यवहार से देखा जाता है । अधिक मात्रा में राजनीतिक दष्टिकोणा से जागत नागरिक अपने मतों का सदुपयोग बेहतर रूप से करते हैं । राजनीति में कम रूचि रखने वाले या राजनीति का कम ज्ञान रखने वाला मतदाता या तो मत से उदासीन रहते हैं या अपने मत का दुरूपयोग करते हैं ।

भारतीय मतदान व्यवहार सम्बन्धी उपर्युक्त प्रवत्तियाँ पूरे देश में आमतौर पर पायी जाती हैं । लेकिन भारतीय मतदाताओं के व्यवहार की प्रकति एक राज्य से दूसरे राज्य में या एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में बहुत भिन्न भी देखी गई है। कहीं जाति का बोलबाला है तो कहीं जाति एकदम गौण है। कहीं धर्म के आधार पर मतदान होता है तो कहीं स्थानीय या राष्ट्रीय समस्याओं के आधार पर । कहने का तात्पर्य यह है कि राज्य और क्षेत्र में मतदाताओं की सामाजिक और आर्थिक प्रकति और उनके राजनीति जागरण तथा मतदान क्षमता में विश्वास के अनुसार मतदान व्यवहार में अंतर पड़ जाता है।

मतदान व्यवहार का इतिहास – मतदान व्यवहार एवं इससे जुड़े प्रश्नों पर वैचारिक ढंग से सोच विचार का इतिहास बहुत पुराना नहीं है। मतदान व्यवहार का अध्ययन बीसवीं सदी की ही एक प्रक्रिया है। सर्वप्रथम फ्रांस में 1913 में मतदान व्यवहार का अध्ययन किया गया। इसके बाद अमेरीका में दो विश्व युद्धों के बीच काल में और ब्रिटेन में महायुद्ध के बाद मतदान व्यवहार का अध्ययन किया गया। भारतीय परिप्रेक्ष्य में इस दिशा में अध्ययन की शुरूआत 1954 में माइनर वीनर ने की थी, तब से आज तक अनेक लघु एवं वृहत् अध्ययन हो चुके हैं। इन अध्ययनों के परिणामस्वरूप राजनीतिशास्त्र की विषय वस्तु एवं अध्ययन पद्धति में आधारभूत परिवर्तन हुए हैं। आजकल इन्द्रियानुभविक शोध पर जेर है यह मानते हुए भी कि नवीन परिवर्तन आवश्यक एवं अवश्यम्भावी हैं, मैं पुरातन को पूर्णतः नकारने की पक्षधर नहीं हूँ। कोई भी शोध प्रयास एकांगी नहीं हो सकता। इन्द्रियानुभविक अनुभव पर आधारित नवीन शोध में भी इस दिशा में पूर्वकाल में हुए अनुसंधानों, पद्धतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है, ताकि भूतकाल में की गई गलतियों से बचा जा सके, व उनकी कठिनाईयों एवं निष्कर्षों के परिप्रेक्ष्य में अपने विषय की आवश्यकताओं को परिभाषित किया जाए। वस्तुतः आज के युग में ज्ञान को विषय की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। अतः अंतर्शास्त्रीय अध्ययनों की आवश्यकता है। इन्द्रियानुभविक शोध इस दिशा में एक कारगर कदम है। विकास चाहे राजनीतिक हो या सामाजिक या आर्थिक, अलग-थलग जाना, समझा एवं आंका नहीं जा सकता। यह अफसोस की बात है कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में हुए इन्द्रियानुभविक शोध की सबसे बड़ी कमी उसका एकांगी होना है। सैम्यल आई. एल्डरसवैल्ड, जिन्होंने भारत की जनता के राजनीतिक व्यवहार का अध्ययन किया है, उनका भी यही मत है। राजनीतिक व्यवहार सामाजिक बदलाव का कारक है एवं उसकी सीमाओं को तय करता है। सामाजिक बदलाव का राजनीतिक संदर्भ अति महत्वपूर्ण है। वास्तव में किसी भी समाज के विभिन्न घटकों में हो रहे परिवर्तनों को विकासमूलक दृष्टिकोण से ऐतिहासिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिये तभी हम, लोगों की वस्तुनिष्ठ परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक व्यवहार से जुड़ी आवश्यकताओं एवं उसके प्रभावों का ज्ञान कर सकेंगे, वह हम समुचित दिशाओं में लक्ष्य निर्धारण व लक्ष्य प्राप्ति के प्रयत्नों में समन्वय स्थापित कर सकेंगे।

मतदान व्यवहार की विशेषताएँ –मतदान व्यवहार के अध्ययन के उपरांत हम मतदान व्यवहार की कुछ विशेषताएँ बता सकते है। जैसे

1. मतदान व्यवहार अत्यधिक अनिश्चित आचरण है। एक क्षेत्र का मतदान व्यवहार दूसरे क्षेत्र के मतदान व्यवहार से भिन्न होता है। अत: एक क्षेत्र के मतदान व्यवहार के आधार पर इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के सामान्य निष्कर्ष निकालना संभव नहीं होता।
2. मतदान व्यवहार लोकतंत्र में आधारभूत तत्व है। इसी से लोकतंत्र की वास्तविकता या औपचारिकता निर्धारित होती है।
3. मतदान व्यवहार लम्बे समय तक अनुमान का विषय रहा था किन्तु अब मतदान व्यवहार के व्यवस्थित अध्ययन शुरू हुए है। इनका अध्ययन करने में वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया जाता है।
4. मतदान व्यवहार के अध्ययनों के आधार पर निर्वाचन परिणामों का पूर्वानुमान लगाया जाता है।
5. मतदान व्यवहार पर मुख्यत: तीन प्रकार
   (1) सामाजिक स्तर
   (2) दल के प्रति निष्ठा
   (3) मुद्दों से सम्बन्धित तत्व प्रभाव डालते है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. नई दुनिया इन्दौर,
2. संविधान और संसद गणतंत्र के 50 नेशनल पब्लिशिंग हाउ़स, नई दिल्ली 1979
3. भारत का संविधान अनुच्छेद 324
4. रजनी कोठारी, भारत में राजनीति
5. कम्प्यूटर इंटरनेट पर उपलब्ध विषय से सम्बन्धी जानकारी

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

1857 का स्वतंत्रता संग्राम और निमाड़

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना - भारत के इतिहास में 1857 के वर्ष का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति की शुरुआत का वर्ष था। मेरठ से प्रारंभ होकर क्रांति देश के विभिन्न भागों में व्याप्त हो गई। निमाड़ भी इससे अछूता नहीं रहा। यहां भीमा नायक सहित अनेक योद्धाओं ने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी। क्रांति के राष्ट्रीय नायकों में सम्मिलित तात्या टोपे का आगमन भी निमाड़ में हुआ। प्रस्तुत शोधपत्र में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में निमाड़ की भूमिका का विवेचन किया जा रहा है।

भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना - मुगल साम्राज्य के विघटन एवं अंग्रेजी राज्य की स्थापना से भारत में आधुनिक काल का सूत्रपात माना जाता है। उल्लेखनीय है कि सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दियों में व्यावसायिक उद्धेश्यों से यूरोपीय जातियों का भारतं आगमन उनके लिये सफलतम प्रमाणित हुआ। यूरोपियनों की अकूत उद्यमिता एवं माँग तथा पूर्ति जैसे आर्थिक सिद्धान्तों से विज्ञता के कारण उन्हें भारतीय व्यापार से आशातीत लाभ अर्जित हुआ। भारत आने वाले पुर्तगाली, डच, अंग्रेज, फ्रांसीसी आदि यूरोपीय मूलत: साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के थे, अत: समय के साथ भारत में राजनीतिक सत्ता स्थापित करने की स्वाभाविक महत्वाकांक्षा उनमें उत्पन्न हुई, जिसे वे अपनी कूटनीतिक योग्यताओं, अपेक्षाकृत उन्नत सामरिक संसाधनों एवं रणप्रणालियों, भारतीय सत्ताधीशों की दुर्बलताओं और उनमें समन्वयशीलता के अभाव जैसे अनेक कारणों से पूर्ण करने में सफल हुये। सोनचिरैया भारत को अपने-अपने पिंजरों में परिरूद्ध करने के लिये यूरोपीय शक्तियों ने परस्पर भी प्रबल संघर्ष किया, जिसमें अन्तत: अंग्रेज इक्कीस प्रमाणित हुये। अंग्रेजों ने प्लासी (1757 ई.) से पंजाब (1856 ई.) तक के सामरिक एवं कूटनीतिक उपक्रमों द्धारा भारत को यूनियन जेक के अधीन कर लिया।

1857 की क्रांति और निमाड़ की भूमिका - सन् 1757 से 1857 ईसवी तक ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारत में राजनीतिक जाजम बिछाई, सत्ता संस्थापन प्रारम्भ कर उसे प्रसारित एवं दृढ़ किया। अनेक भारतीय राज्य अंग्रेजों के समक्ष स्वयं समर्पित हो गये, कुछ ने क्षणिक और बहुत कम ने अंग्रेजों का दीर्घ, किन्तु विफल प्रतिरोध किया। अंग्रेजों ने अपने आर्थिक एवं राजनीतिक लाभ के लिए अनीति और शोषण का सहारा लिया। देश का प्रत्येक वर्ग अंग्रेजों की ज्यादतियों और अन्याय से त्रस्त था। इसका आक्रोष का प्रस्फुटन 29 मार्च, 1857 में बेरकपुर की छावनी में मंगल पाण्डे के माध्यम से हुआ। 10 मई, 1857 को मेरठ में सैनिकों ने बगावत कर दी। 11 मई, 1857 को मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर ने क्रांति का केन्द्रीय नेतृत्व स्वीकार कर लिया।

अंग्रेजी प्रभुत्व के विरुद्ध सन् 1857 ई. में भारत के कई भागों में सशस्त्र बगावत हुई। निमाड़ भी इससे अछूता नहीं रहा। निमाड़ के योद्धा भीमा नायक ने अंग्रेजों से संघर्ष किया था। क्रान्ति की सबसे महत्वपूर्ण घटना प्रसिद्ध क्रांतिकारी तात्याटोपे (रामचन्द्र येवलेकर) का निमाड़ आगमन था। अक्टूबर 1858 में दक्षिण भारत पहुँचने के प्रयास में उन्होंने सतपुड़ा पर्वत श्रेणियाँ तथा नर्मदा नदी पार की। अगले माह नवम्बर 1858 में ताप्ति घाटी के रास्ते पूर्वी निमाड़ के खण्डवा पहुँचे। यहाँ उन्होंने पाया कि सभी दिशाओं में उनके सारे मार्ग अंग्रेजों द्धारा अवरुद्ध कर दिये गये थे। खानदेश में ह्यूरोज तात्या के आने का रास्ता देख रहा था। गुजरात का रास्ता जनरल राबर्ट्स ने रोक रखा था। दक्षिण में बरार की ओर से ब्रिटिश सेना उनका लगातार पीछा कर रही थी। इस समय तात्या के पास गोला-बारूद, तोपें, रसद या बड़ी सेना नहीं था। वित्तीय साधनों का भी अभाव था। विकट परिस्थितियाँ देखकर उन्होंने सेना को कहीं भी आश्रय लेने की अनुमति दी थी। किन्तु उनके विश्वस्त साथियों ने उन्हें छोड़कर कहीं भी जाने से इन्कार कर दिया। अपने सैनिक साथियों का जोश देखकर उन्होंने असीरगढ़ पर आक्रमण किया। असीरगढ़ की दृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के कारण उसे कब्जे में लेना सम्भव नहीं हुआ। फलत: वे वापस खण्डवा लौट आये। खरगोन के होलकर की सेना के फील्ड आर्टिलरी के कैप्टन शेख समीर ने 24 नवम्बर, 1858 को इन्दौर पत्र लिखकर खरगोन के क्रान्तिकारियों के कृत्यों का विस्तार किया।

तात्या टोपे के पास 7000 सैनिक थे, जिन्होंने खरगोन पर कब्जा कर रखा था। खरगोन बाजार को लूटने के बाद वे अपने साथ सैनिक साजोसामान और कुछ सैनिकों तथा उनके अधिकारियों को भी बन्दी बनाकर अपने साथ ले गये। 20 नवम्बर, 1858 को वे ऊन के लिये रवाना हुये। यह दल ऊन से जुलवानिया और वहाँ से 25 नवम्बर को राजपुर पहुँचा। रास्ते में उन्होंने टेलिग्राफ के तार काट दिये, जिससे अंग्रेजों को सूचनाओं के आदान-प्रदान में भारी रुकावटें पैदा हुईं। राजपुर में उन्होंने थानेदार देवीसिंह को गिरफ्तार कर लिया। बड़वानी पहुँचकर उन्होंने राजा को बन्दी बना लिया और उनसे नर्मदा पार करने का रास्ता पूछा। पर्वतीय रास्ते तथा नर्मदा को यहाँ से पार करना कठिन है, ऐसी जानकारी मिलने के बाद तात्या ने राजा को छोड़ दिया। राजा ने ब्रिटिश सेना को तात्या के आने का समाचार पहुँचाने का भी प्रयास किया, किन्तु विद्रोहियों ने समाचार वाहकों को बीच में ही पकड़ लिया था। विद्रोहियों ने बड़वानी को लूटने की भी योजना बनाई, लेकिन इसी बीच राजपुर से ब्रिटिश सेना के बड़वानी की ओर कूच करने के समाचार पाकर तात्या अपने दल सहित भीलखेड़ा पहुँचा। 'नर्मदा नदी पार करवाने में भीमा का अपूर्व योगदान रहा। कहते हैं यहीं पर तात्या ने भीमा को रक्त तिलक कर तलवार भेंट की थी।' खाज्या नायक अपने 4000 अनुयायी

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

के साथ तात्या टोपे से जा मिला। इसमें भील सरदार भीमा और मालसिन भी सम्मिलित थे। उन पर मेजर जनरल सदरलैंड ने राजपुर से आक्रमण किया। एक दूसरी लड़ाई धाबा बावड़ी में हुई। इसके बाद भीमा को पकड़ लिया गया और उसे देश निकाला दे दिया गया।

1857 के विप्लव के अन्तर्गत मण्डलेश्वर पर दो वर्षों तक विद्रोहियों का कब्जा रहा। होल्कर और सिंधिया की सहायता से ब्रिटिश सरकार ने तात्या टोपे के आक्रमण तथा अन्य क्रान्तिकारी गतिविधियों को नाकाम कर दिया। 1860 ई. तक सम्पूर्ण क्षेत्र अंग्रेजों के हाथ आ गया। अंग्रेजों ने होल्कर के सहयोग के एवज में सन् 1861 ई. में निमाड़ का पश्चिमी प्रदेश पुरस्कारस्वरूप होल्कर को प्रदान कर दिया। शेष निमाड़ की शासन व्यवस्था अंग्रेजों के हाथ में रही। होल्कर और अंग्रेजों की सम्मिलित व्यवस्था 14 अगस्त, 1947 तक रही।

उपसंहार – जहिर है कि 1857 में निमाड़ में अंग्रेजों को बड़ी चुनौती मिली। भीमा नायक दस वर्षों तक अंग्रेजों से मुकाबला करते रहे। विश्वासघात के कारण वे 1867 में पकड़े गये और 29 दिसम्बर, 1876 को अण्डमान–निकोबार द्वीप समूह में कालापानी की सजा भुगतते हुए उनका देहावसान हुआ। यद्यपि 1857 का संग्राम स्वतंत्रता प्राप्ति के लक्ष्य में सफल नहीं रहा, लेकिन इसके अनेक तात्कालिक और दूरगामी परिणाम हुए। ईस्ट इण्डिया कम्पनी का शासन समाप्त हो गया और भारत प्रत्यक्षत: ब्रिटिश क्राउन के अधीन कर लिया गया। यह परिवर्तन महारानी विक्टोरिया की प्रसिद्ध घोषणा के माध्यम से हुआ। सन् 1858 से 1947 ईसवी तक भारत ताज द्वारा शासित रहा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

अहिल्याबाई होल्कर के विशेष संदर्भ में मराठा काल में निमाड़ की स्थिति

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – शिवाजी (सन् 1627 से 1680 ईसवी) के नेतृत्व में न केवल मराठों का राजनीतिक शक्ति के रूप में उदय हुआ, अपितु विस्तार भी बड़ी तेजी से हुआ। शिवाजी के उपरांत अष्टप्रधान के प्रमुख पेशवा के हाथों में सत्ता के सूत्र आने लगे। कई योग्य और महत्वाकांक्षी पेशवा हुए, जिन्होंने शिवाजी के कार्य को और आगे बढ़ाया। निमाड़ क्षेत्र में मराठों का वर्चस्व दीर्घकाल तक रहा। अहिल्याबाई होल्कर ने अपनी नीतियों और कार्यों से जनकल्याण के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये और आज भी वे एक देवी की तरह पूजनीया हैं। पस्तुत शोधपत्र में निमाड़ क्षेत्र में मराठों के आगमन, विस्तार और प्रभाव की विवेचना की गई है।

अहिल्या बाई के पूर्व का काल – सत्रहवीं शताब्दी के अन्तिम वर्षो में मराठों ने निमाड़ क्षेत्र में जत्थों के साथ प्रवेश किया, जिनका उद्देश्य मुख्य रूप से चौथ तथा सरदेशमुखी वसूल करना और लूटपाट कर तबाही मचाना था। इस भयंकर आक्रमण से पीड़ित होकर ग्राम अधिकारियों ने लिखित रूप में यह करार किया कि वे आगामी वर्षो में प्रचूर मात्रा में रकम का भुगतान करेंगे। मराठों द्वारा पहला आक्रमण कृष्ण सावंत के नेतृत्व में नवम्बर 1699 ई. में किया गया था, जिसने धमानी के आसपास का क्षेत्र लूट लिया था।

बाजीराव प्रथम प्रारम्भ से ही उत्तर भारत में प्रभुता स्थापित करने के लिये पूर्वोपाय के रूप में मालवा पर अधिकार करना आवश्यक समझता था। दिसम्बर 1723 ई. में पेशवा ने ऊदाजी पंवार, मल्हारराव होल्कर एवं राणोजी सिंधिया को चिमाजी अप्पा के नेतृत्व में मालवा में प्रवेश के लिये भेजा। इसने अझमेरा के युद्ध में शाही सेना को करारी मात दी। इस विजय का मालवा के भाग्य पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा।

सन् 1720 ई. में आसफजाह निजामुलमुल्क ने दक्षिण हैदराबाद में अपना राज्य स्थापित किया और बुरहानपुर तथा असीरगढ़ को भी अपने अधिकार में करना चाहा। परिणामस्वरूप निजाम और मराठों में युद्ध हुआ। सन् 1740 ई. की संधि के अनुसार आज का पूर्ण निमाड़ क्षेत्र पेशवा को जागीर के रूप में मिल गया। सन् 1751 ई. में पेशवा ने रामचन्द्र बल्लाल भुरकुटे को इस प्रदेश का सूबेदार बना दिया, जैसा कि बालाजी पेशवा द्वारा उन्हें दी गई सनद से जान पड़ता है।

सन् 1772 में पेशवाओं ने निमाड़ को होल्कर, सिंधिया और पंवार राजाओं में विभाजित कर दिया था। लेकिन अंग्रेजों ने इसे तीनों मराठा राजाओं से छीन लिया। अंग्रेजों ने क्षेत्रफल में कटनी-छटनी कर प्रांत निमाड़ की स्थान पर जिला निमाड़ बना दिया।

सन् 1741 ई. से मालवा के इतिहास में एक नये युग का सूत्रपात हुआ। इससे मराठों तथा मुगलों के बीच संघर्ष का अन्त हो गया और मराठा मालवा के एक छत्र शासक बन बैठे । निजाम के बड़े पुत्र गाजीउद्दीन ने पेशवा से प्राप्त सहायता के बदले 1752 ई. में पेशवा को निमाड़ का दक्षिणी भाग सौंप दिया और सन् 1755 ई. तक सम्पूर्ण निमाड़ मराठों के हाथों में चला गया।

पेशवा बालाजी बाजीराव ने सन् 1751 ई. में रामचंद्र भुसकूटे को निमाड़ का सूबेदार नियुक्त किया। निमाड़ क्षेत्र में भीलों द्वारा गलत ढंग से खेती की जाती थी, जिससे वनों को क्षति पहुंचती थी। भुसकूटे ने कठोर कदम उठाकर उपद्रवी भीलों को परास्त कर दिया। विद्रोहियों को खरगोन लाया गया और उन्हें अच्छे व्यवहार के लिये प्रतिभूति देने का आदेश दिया गया। जिन विद्रोहियों ने आदेश का पालन किया उन्हें पहनने के लिये विशेष कंठा (कालर) दिया गया और जिन्होंने आदेश का पालन नहीं किया, उनका षिरच्छेद खरगोन के चबूतरे पर कर दिय गया। वह खम्भा, जिससे अपराधियों को बांधा गया था और वह कुल्हाड़ी जिसके द्वारा विद्रोहियों के सिर काटे गये थे अभी भी विद्यमान है और विधि तथा व्यवस्था के प्रतीकस्वरूप दषहरे के दिन उसकी पूजा की जाती है। भुसकूटे ने शान्ति तथा व्यवस्था बनाये रखने और उजाड़ क्षेत्र में कृषि प्रारम्भ करने का भरसक प्रयास किया। भुसकूटे ने बीजागढ़ के पास फैले वनों को साफ करवा दिया और कृषकों को वहां बसने के लिये प्रोत्साहित किया। भुसकूटे को बीजागढ़ तथा हंडिया सरकार ने 'सर मण्डलोई' की उपाधि से विभूषित किया। सरकार बीजागढ़ में उस समय 32 महाल थे, जिनमें से सेंधवा और नागलवाड़ी पेशवा द्वारा होल्कर को जागीर के रूप में दिये गये थे तथा शेष पेशवा, बड़वानी और धार के सामन्तों के पास थे।

अहिल्याबाई होल्कर का काल – मल्हारराव होल्कर की सन् 1766 ई. में मृत्यु हो गई थी। चूंकि उसके एक पुत्र खंडेराव की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी, अत: उसका पौत्र भालेराव उत्तराधिकारी बना। किन्तु वह भी अधिक दिनों तक जीवित नहीं रह सका। मार्च 1767 ई. में उसकी मृत्यु के पश्चात् अहिल्याबाई ने राज्य की बागडौर सम्भाली।

अहिल्याबाई का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद के चौड़ी नामक ग्राम में मनकोजी शिन्दे के घर 1725 ई. में हुआ था। 10 वर्ष की अल्पायु में उनका विवाह होल्कर वंश के संस्थापक मल्हारराव के पुत्र खण्डेराव के साथ हुआ। 29 वर्ष की अवस्था में उनके पति का देहावसान हो गया।

'अहिल्याबाई का प्रशासनिक तन्त्र अत्युत्तम था। वे स्वयं देर रात तक दरबार में बैठकर राजकीय कार्यो को निपटाती थीं। अधीनस्थ अधिकारियों के प्रति उनका व्यवहार अति नम्र था। अमीर-गरीब सभी को एक समान न्याय सुलभ था।'[1] उचित समय व अल्प खर्च पर न्याय दिलाने हेतु उन्होंने जगह-जगह पर न्यायालय स्थापित किये थे। अन्तिम निर्णय वे स्वयं करती थीं। निर्णय करते समय सत्य के प्रतीक रूप में स्वर्ण निर्मित शिवलिंग धारण

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

करती थीं। अर्थव्यवस्था सुदृढ़ थी। लगान वसूली की दृष्टि से उन्होंने अपने राज्य को तीन भागों में विभक्त किया था। कृषि व वाणिज्य को बढ़ावा मिला। महेश्वर के साड़ी उद्योग ने अत्यधिक प्रगति की।

वे धर्मिक रूप से सहिष्णु थीं। हिन्दू धर्म की उपासिका होने के बावजूद भी वे मुस्लिम धर्म के प्रति अत्युदार थीं। उन्होंने महेश्वर में मुसलमानों को बसाया तथा मस्जिदों के निर्माण हेतु धन भी दिया।

अहिल्या बाई का चित्र – सांस्कृतिक कार्यों को भी उन्होंने उदार संरक्षण दिया। कन्याकुमारी से हिमालय तक और द्वारिका से पुरी तक अनेकानेक मन्दिर, घाट, तालाब, बावड़ियाँ, दान संस्थाएँ, धर्मशालाएँ, कुएँ, भोजनालय, दानशालाएँ आदि खुलवाईं। काशी का प्रसिद्ध विश्वनाथ मन्दिर, महेश्वर के प्रसिद्ध मन्दिर व घाट उनकी स्थापत्य कला के श्रेष्ठ नमूने हैं। साहित्यिक क्षेत्र में कविवर मोपंत, खुशालीराम,अनंत फंदी उनके दरबारी रत्न थे। अनंत फंदी महान गायक भी थे। वे बड़ी निपुणता से लावणी गाते थे।

उनके पास अपने राज्य की रक्षा हेतु एक अनुशासनबद्ध सेना थी, जिसका सेनापतित्व तुकोजीराव होलकर प्रथम के नेतृत्व में था। उन्होंने अपने स्वयं के सेनापतित्व में 500 महिलाओं की एक सैन्य टुकड़ी का भी गठन किया था। सेना में ज्वाला नामक विशाल तोप शमिल थी। उनकी सेना एक फ्रांसीसी सेनाधिकारी दादुरनेक द्वारा यूरोपीय पद्धति पर प्रशिक्षित की गई थी।

13 अगस्त, 1795 को अहिल्याबाई का महेश्वर के किले में निधन हुआ। उन्होंने होल्कर के इलाकों पर 30 वर्षो तक अद्वितीय योग्यता और बुद्धिमानी के साथ अपने सुयोग्य सेनापति तुकोजीराव की सहायता से शासन किया। उनके उपरांत निमाड़ से मराठों का प्रभाव कम होता गया।

उपसंहार – इसमें कोई संदेह नहीं कि मराठों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भारत की राजनीति में अपना स्थान बनाया और कई उतार–चढ़ावों के बावजूद उसे लंबे समय तक प्रभावी रूप से कायम रखा। यह उपलब्धि तब और बड़ी हो जाती है, जब नहीं के बराबर साधनों के साथ विकास यात्रा प्रारंभ करते हुए उपलब्धियों के चरमोत्कर्ष को स्पर्श किया हो। ऐसा ही मराठों ने कर दिखाया। शिवाजी महाराज ने शून्य से साम्राज्य का निर्माण किया था। निमाड़ में भी मराठों का वर्चस्व रहा। अहिल्याबाई होल्कर ने राजनीति के शुद्ध और सात्विक सूत्रों का प्रतिपादन तथा अनुसरण किया एवं जन–जन की पूज्या हो गईं।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

दिल्ली सल्तनत एवं मुगलकालीन निमाड़

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – 'सन् 1206 से 1526 तक के तीन सौ बीस वर्षीय भारतीय कालखण्ड को मोटे तौर पर दिल्ली सल्तनत और 1526 से 1857 तक के 331 वर्षीय अवधि को मुगल साम्राज्य के काल के नाम से जाना जाता है। हालांकि मुगलों का राज्य 1707 तक बहुत प्रभावशाली रहा। इसके बाद निरंतर विघटन का षिकार होते-होते आखिरी दौर में नाममात्र का रह गया।'[1] मुगल साम्राज्य के पतन के समानांतर भारत में मराठों और अंग्रेजों जैसी यूरोपीय ताकतों ने वर्चस्व स्थापित करना प्रारंभ कर दिया था। प्रस्तुत शोधपत्र में इस बात की विवेचना की जा रही है कि दिल्ली सल्तनत और मुगल काल में निमाड़ की राजनीतिक सत्ता की क्या स्थिति रही।

'भारत में मध्यकालीन इतिहास में मुख्यत: दिल्ली सल्तनत, मुगल साम्राज्य एवं मराठा राज्य रहे। कुछ क्षेत्रों में राजपूत तथा अन्य भी प्रभावी रहे। मध्यकाल में सत्ता की केन्द्रीय धूरी इस्लाम के अनुयायी रहे।'[2] मुहम्मद-बिन-कासिम, महमूद गजनवी और मोहम्मद गौरी के नेतृत्व में समय-समय पर आक्रमणकारी के रूप में मुसलमान भारत में प्रविष्ट हुये। प्रारम्भिक अभियानकर्ता धन-सम्पदा समेटकर लौट गये। मोहम्मद गौरी की मृत्यु के बाद सन् 1206 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक एवं अन्य सेनापतियों ने भारत के विभिन्न हिस्सों को केन्द्र बनाकर शासन प्रारम्भ किया।

दिल्ली सल्तनत और निमाड़ – पश्चिम निमाड़ पर प्रथम मुस्लिम आक्रमण सन् 1296 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने देवगिरी से लौटते हुए खानदेश पर किया था। खानदेश पर उस समय राजपूत सरदार का अधिकार था। संभवत: वह असीरगढ़ का चौहान शासक रायचंद था। सन् 1311 ई. में मलिक काफूर खरगोन में रुका था। बटियागढ़ के सम्वत् 1367 विक्रमी के शिलालेख से ज्ञात होता है कि यहाँ पर अलाउद्दीन खिलजी का शासन था। रसेल ने लिखा है कि अलाउद्दीन ने सारे राज-परिवार की हत्या कर दी। उनमें से केवल एक बालक बचा, जो चित्तौड़ भाग गया। बाद में उसके वंशजों ने पुन: यहाँ अधिकार किया।

अलाउद्दीन खिलजी की मृत्यु के बाद गयासुद्दीन तुगलक यहाँ का सुल्तान बना। बटियागढ़ के हिजरी सन् 725 (ईसवी सन् 1324) के फारसी लेख से भी यह प्रमाणित होता है। फिरोजशाह तुगलक के समय निमाड़ का इलाका खानदेश का हिस्सा था। तुगलक वंश के समय मुसलमानी भारत कई स्वतंत्र राज्यों में विभक्त हो गया था। इन्हीं प्रान्तीय राज्यों में निमाड़ भी एक था।

चौदहवीं शताब्दी में खेड़ला (बैतूल) के गोंड राजा ने इस भाग पर आक्रमण किया अेर कई वर्ष तक युद्ध कर चौहानों को पराजित किया। सन् 1423 ई. में होशंगाबाद में खेड़ला के किले पर अधिकार करने के पश्चात् निमाड़ प्रदेश भी जीता और वहां राज्य करने लगा।

फारूखी वंश का शासन – खानदेश के सिपहसालार मलिक राजा फारूखी ने सन् 1370 ई. में खुद को तुगलक साम्राज्य से स्वतंत्र घोषित कर दिया और फारूखी सल्तनल की स्थापना की। निमाड़ पर सन् 1370 ई. से 1600 ई. तक की 230 वर्षों की लम्बी अवधि तक फारूखी वंश का शासन रहा। सन् 1370 ई. में मलिक राजा फारूखी ने ताप्ती के कछार में अपना अधिकार कर वहां शासन किया। उसके पुत्र नासिर खां (सन् 1399 से 1437 ई) को गुजरात के सुल्तान ने खान की उपाधि से सम्मानित किया। यही कारण है कि नासिर खां के शासित मुल्क को खानदेश कहा गया। नासिर खां ने इतिहास प्रसिद्ध असीरगढ़ के किले को एक हिन्दू किलेदार से प्राप्त कर लिया था। तत्पष्चात् उसने ताप्ती नदी के किनारे प्रसिद्ध फकीर जेबुद्दीन के नाम से जैनाबाद और दौलताबाद के प्रसिद्ध सन्त बुरहानुद्दीन के नाम से बुरहानपुर नगर बसाया। बुरहानपुर फारूखी शासकों की राजधानी थी।म

मुगल साम्राज्य और निमाड़ – 21 अप्रैल, 1526 को पानीपत के प्रथम युद्ध में जहीरूद्दीन मुहम्मद बाबर ने इब्राहिम लोदी को परास्त कर दिल्ली सल्तनत का अन्त किया तथा भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना की। उसके उत्तराधिकारी हुमायूँ के समय 15 वर्षों तक मुगल सत्ता का सूर्य अस्त रहा। भारत में मुगल साम्राज्य की पुनर्स्थापना के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में हुमायूँ सफल रहा। बाद में अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब आदि ने मुगल साम्राज्य का विस्तार किया।

जलालुद्दीन मुहम्मद अकबर (1556-1605 ई.) के काल में निमाड़ में मुगल सत्ता का प्रसार प्रारम्भ हुआ। 'फारूखी वंश के राजा अली खान ने 16वीं सदी के अन्तिम भाग में मुगल बादषाह अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली।'[3] फारूखी वंश के अन्तिम शासक बहादुरषाह को अकबर ने माण्डव के युद्ध में पराजित कर असीरगढ़ के किले पर अधिकार कर लिया। अकबर के शासनकाल में निमाड़ का अधिकांश भाग खानदेश में मिल गया था। अकबर ने निमाड़ को मालवा सूबे में मिला लिया। इसके अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र बीजागढ़, हंडिया और माण्डू की तीन सरकारों के बीच विभाजित कर दिया गया। जिले का एक बड़ा भाग बीजागढ़ सरकार के अधीन था। बुरहानपुर मुगल शासकों जैसे अकबर, जहांगीर, शाहजहां आदि का गढ़ रहा है। 1631 में शाहजहां की पत्नी मुमताज महल का निधन निमाड़ के बुरहानपुर में ही हुआ। सन् 1684 ई. में औरंगजेब ने असीरगढ़ में मुकाम किया था। औरंगजेब के शासनकाल में निमाड़ का अधिकांश भाग औरंगाबाद सूबे में शामिल था। औरंगजेब के पतन के बाद उसके अयोग्य उत्तराधिकारी मुगल राज्य को सुदृढ़ नहीं रख सके तथा भारत के कई अन्य क्षेत्रों की तरह निमाड़ से भी मुगल प्रभाव का सूर्य क्रमश: अस्त होने लगा।

उपसंहार – अलाउद्दीन खिलजी से लेकर औरंगजेब तक निमाड़ में मुस्लिम

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

सत्ता का निरंतर प्रसार हुआ। इस अवधि में केन्द्रीय मुस्लिम राजनीतिक सत्ता के कमजोर होने के दौरान निमाड़ में फारूखी वंश के माध्यम से स्वतंत्र मुस्लिम राज्य भी कायम हुआ। मराठों का प्रभुत्व बढ़ने पर निमाड़ क्षेत्र से मुगलों की सत्ता क्षीण हुई। दिल्ली सल्तनत और मुगलकाल में निमाड़ पर मुस्लिम सत्ता स्थापित होने से यहां की सभ्यता और संस्कृति पर भी प्रभाव पड़ा तथा सामासिक संस्कृति का उदय और विकास हुआ।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

निमाड -एक भौगोलिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – निमाड़ क्षेत्र ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से सदैव महत्वपूर्ण रहा है। आर्थिक पिछड़ापन दूर करने के लिए अभी दीर्घ प्रयासों की आवश्यकता है। राजनीति के क्षेत्र में भी यहां के नेतृत्वकर्ता प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में भारत के मध्यप्रदेश में स्थित निमाड़ क्षेत्र की विषिष्टताओं का एक अध्ययन अभिव्यक्त किया जा रहा है।

निमाड़ संज्ञा का आविर्भाव – संज्ञा 'निमाड़' आविर्भाव के परिप्रेक्ष्य में विवादास्पद है। कई मतमतान्तर इस सम्बन्ध में प्रचलित हैं। प्राचीन काल में यह क्षेत्र 'अनूप' के नाम से जाना जाता था। रूद्रदमन की गिरनार प्रशस्ति में आकरावति एवं अनूप का साथ-साथ उल्लेख है। सिद्धराज जयसिंह की उज्जयनि प्रशस्ति में 'अनूपप्रदेश' का नाम आया है। आक्रांता महमूद गजनवी के साथ ग्यारहवीं शताब्दी में भारत आने वाले अरब यात्री 'अलबरूनी ने अपने यात्रा वर्णन में इस प्रदेश का नाम 'निमाड़-प्रान्त लिखा है।' [1] निमाड़ के नामकरण के संदर्भ में मुख्यत: निम्नांकित मत प्रचलित हैं-

प्रथम – फारसी भाषा के शब्द 'नीम' से निमाड़ बना है। फारसी में 'नीम' का अर्थ 'आधा होता है। चूंकि इस भू-भाग ने नर्मदा नदी का आधा भाग अपने अंचल में छिपा रखा है, इसलिये इसे निमाड़ कहते हैं।

द्वितीय – निमाड़ विंध्याचल और सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों की तलहटी में नर्मदा के किनारे स्थित है। यह मालवा के पठार की तुलना में निचला भू-भाग है। मालवा से निमाड़ की ओर आने पर निरन्तर नीचे की ओर उतरना पड़ता है। इस तरह निम्नगामी होने से इसका नाम 'निमानी' और उससे बदलकर 'निमारी और 'निमाड़ी हो गया।

'निमाड़ी शब्द का संधि विच्छेद करने पर ज्ञात होता है कि 'नि' का अर्थ नीची और 'माड़ी का अर्थ माँ की गोद होता है। चूँकि यह धरती माता के निम्नांचल में बसा हुआ है, अत: इसका नाम निमाड़ पड़ा।'[2]

तृतीय– यह उत्तर भारत और दक्षिण भारत का संधि स्थल होने के कारण आर्य और अनार्यो की मिश्रित भूमि रही होगी तथा इसी कारण इसका नाम 'निमार्य (निम्न+आर्य) पड़ा होगा। समय के साथ निमार्य अपना रूप बदलते हुए 'निमार और 'निमाड़' हो गया।

चतुर्थ– इस क्षेत्र में 'नीम के वृक्षों की बहुतायत है, इसलिये इसको 'नीमवाड अर्थात् नीम का प्रदेश कहा गया है।'[3] यह सत्य है कि यहाँ नीम के वृक्ष बड़ी संख्या में विद्यमान हैं, किन्तु नीम के वन इतने सघन नहीं हैं कि वे इस क्षेत्र की पहचान का प्रमुख आधार बन जाएँ।

उपर्युक्त मतों की विवेचना करने पर निम्नवाड़ से निमाड़ होना अधिक उचित प्रतीत होता

भौगोलिक स्थिति – मध्यप्रदेश के दक्षिण-पष्चिम भाग में इन्दौर संभाग में स्थित निमाड़ एक स्वतंत्र भौगोलिक उप प्रदेश है। 'आयताकार निमाड़ 21°5' उत्तरी अक्षांश से 22°38' उत्तरी अक्षांश तक तथा 74°2' पूर्वी देशान्तर से 77° 13' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है।'[4] '1 नवम्बर, 1956 को नये मध्यप्रदेश के निर्माण के समय निमाड़ को दो भागों में विभक्त किया गया- 1. पश्चिमी निमाड़ एवं 2. पूर्वी निमाड़।'[5] खरगोन को पश्चिमी निमाड़ का एवं खण्डवा को पूर्वी निमाड़ का जिला मुख्यालय बनाया गया। वर्तमान में निमाड़ क्षेत्र में बड़वानी, खरगोन, खण्डवा एवं बुरहानपुर जिले सम्मिलित हैं।

निमाड़ के उत्तर में विन्ध्याचल और दक्षिण में सतपुड़ा पर्वत स्थित हैं। इन दोनों पर्वतों के मध्य में निमाड़ी भू-भाग बसा हुआ है। सतपुड़ा की कुल सात शाखाएँ हैं। निमाड़ के मध्य भाग तक सतपुड़ा की एक शाखा फैली हुई है, जिसका सर्वोच्च षिखर ताजुद्दीन कहलाता है। इस शिखर पर मुस्लिम सन्त ताजुद्दीन की समाधि बनी हुई है। सतपुड़ा की श्रेणियाँ लघु और विशाल रूप में उत्तरी-पश्चिम भाग की ओर बढ़ती गई एवं विन्ध्य की एक श्रेणी उत्तर-पष्चिम की ओर बढ़ गई है।

भाषा-भाषी प्रान्तों की दृष्टि से इसके उत्तर में मालवा, दक्षिण में खानदेश, पूर्व में होशंगाबाद और सुदूर पश्चिम में गुजरात राज्य को इसकी सीमाएँ स्पर्श करती हैं। इस भूभाग के उत्तर में वर्तमान मध्यप्रदेश के धार, इन्दौर और देवास जिले, दक्षिण में महाराष्ट्र के बुलढाना और विदर्भ जिले तथा पश्चिम में मध्यप्रदेश के हरदा और बैतूल जिले एवं महाराष्ट्र का जलगाँव जिला स्थत हैं।

घाटी के मध्यवर्ती भाग में पष्चिम निमाड़ बसा हुआ है। इसकी अधिकांश सीमा का निर्धारण नर्मदा नदी के द्वारा होता है।

भौगोलिक रूप से इस क्षेत्र के तीन प्राकृतिक विभाग हैं। मध्य में नर्मदा नदी के समानान्तर नर्मदा घाटी के सुस्पष्ट कटिबन्ध है। दक्षिणी तथा पश्चिमी सीमा पर सतपुड़ा पर्वत तथा उत्तर-पूर्व में उत्तरी सीमा की ओर विन्ध्य का सँकरा कटिबन्ध है।

सांस्कृतिक स्थिति – निमाड़ के मूल निवासियों में भील, भिलाले, गोंड, कोरकू, राठ्या आदि जन-जातियाँ प्रमुख हैं। इसके अलावा ब्राह्मण, राजपूत, अहीर, जैन, अग्रवाल, श्रीमाली आदि सामान्य जातियाँ हैं। निमाड़ी जनता की अपनी पहचान रही है। यहाँ का आदमी अपने सादगीपूर्ण जीवन की तरह सामान्य वस्त्रों से दूर से पहचाना जा सकता है।

सांस्कृतिक दृष्टि से निमाड़ अत्यन्त समृद्ध है। सुदूर अतीत में जब नदियों के किनारों पर सभ्यता के चरण बढ़ रहे थे और ग्रामों तथा नगरों का विकास नदियों की घाटियों में हो रहा था, उस समय निमाड़ में नर्मदा नदी के तटों पर उसकी घाटियों में सुसंस्कृत एवं सुसमृद्ध नगर महेश्वर, निमावर, मांधाता आदि विकसित हो रहे थे। पुरातत्ववेत्ता श्री हंसमुखलाल धीरजलाल

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

सांकलिया ने नर्मदा घाटी सभ्यता को ढाई लाख वर्ष से भी अधिक प्राचीन बताया है।

यहाँ के आचार-विचार, रहन-सहन और वेषभूषा में अपेक्षाकृत पुराने संस्कार कुछ अधिक ही पाये जाते हैं। पुराने मन्दिरों, मूर्तियों, तालाबों तथा अन्य स्मारकों के साथ-साथ पुराने मेले, त्यौहार, पर्व आदि का भी यहाँ विशेष प्रचार है। उनमें यहाँ के सांस्कृतिक स्वरूप को विशेष संरक्षण और संवर्धन मिला है।

निमाड़ में व्रत और त्यौहारों की भी एक व्यापक परम्परा है। तीर्थस्थलों का बाहुल्य है। प्राचीनकाल से ही यह क्षेत्र वैष्णव, शैव, बौद्ध और जैन धर्मो का गढ़ रहा है। इस क्षेत्र पर निर्गुण भक्ति परम्परा का प्रभाव इतना गहरा है कि सन्त सिंगाजी निमाड़ी बोली के कबीर कहे जा सकते हैं।

यहाँ के लोक साहित्य में लोक गीत, लोक कथा और लोक गाथाओं का विशाल भण्डार पड़ा है, जिनमें निमाड़ के लोकजीवन का रहन-सहन, आचार-व्यवहार, रीति-रिवाज, धार्मिक धारणाएँ, सामाजिक मान्यताएँ, अनुष्ठान, संस्कार और आस्था के असंख्य रूप अभिव्यक्त हुए हैं। नर्मदा के बालू रेतमय कछारों और सतपुड़ा की पर्वत श्रृंखलाओं तक बसे हुए निमाड़ी संस्कृति की सहज अभिव्यक्ति इनमें देखी जा सकती है।

धार्मिक स्थिति – निमाड़ एक बहुधर्मी क्षेत्र है। यहाँ हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई आदि सभी निवास करते हैं। इस अंचल में राम, कृष्ण और शिव की उपासना समान रूप से की जाती है। एक ओर जहाँ भगवान राम का आदर्श सार्वजनिक रूप से समुचे गाँव को प्रेरणा देने की क्षमता रखता है, वहीं दूसरी ओर भगवान कृष्ण का बाल स्वरूप पारिवारिक जीवन के अधिक नजदीक पड़ता है। यहाँ हर एक बड़े गाँव में रामलीला का आयोजन होता रहा है। कृष्णाष्टमी पर रास का आनंद देखने योग्य होता है। भगवान शिव के मन्दिर और उनमें प्राचीनता की जानी-पहचानी गंध यहाँ के वातावरण को दीप नैवेद्य व अगरबत्ती से सुगन्धित बनाती है। खण्डवा के रामेश्वर का संबंध रामायण काल से और ओंकारेश्वर के ज्योतिर्लिंग का साम्य द्वादश ज्योतिर्लिंग से पाया जाता है। जनमानस में यह विश्वास है कि हनुमान के बिना गाँव नहीं बसाया जा सकता है, अत: प्रत्येक गाँव में हनुमान का एक न एक मन्दिर दिखाई देता है, जिसमें हनुमान की दक्षिणाभिमुख प्रतिमा स्थापित की जाती है।

निमाड़ प्राचीन काल से जैन उपासना का भी केन्द्र रहा है। सन् 1132 ई. से 1263 ई. तक यहाँ जैन धर्म का विशेष प्रभाव पाया जाता है। उस युग की अनेक मूर्तियाँ नक्काषीदार खम्बे और तराशे हुए पाषाण खण्ड यत्र-तत्र बिखरे हैं। यहाँ के मन्दिरों में 13 वीं सदी तक की मूर्तियाँ स्थापित हैं। खण्डवा के पद्यकुण्ड में कुछ नक्काशीदार शिलाखण्ड पाये गये हैं, जिन पर सम्वत् 1185 अंकित है। उक्त षिलाखण्डों पर कुछ मूर्तियों के नाम भी लिखे हैं। कनिंघम का मत है कि ये मूलत: जैन मन्दिर की होनी चाहिये क्योंकि इन पर जो तिथि अंकित है वही तिथि जैन तीर्थंकर आदिनाथ की प्रतिमा पर भी अंकित है। उक्त मूर्ति खण्डवा के जैन मन्दिर में स्थापित है। ओंकारेश्वर के निकट पंध्या नामक गाँव के पास सिद्धवर कूट नामक जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थ है। पहले यह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था, लेकिन सन् 1883 ई. में इसका आधुनिक ढंग से पुनर्निर्माण किया गया। यहाँ की मूर्तियों पर भी तेरहवीं सदी तक की तिथियाँ खुदी हुई हैं।

आर्थिक स्थिति – आर्थिक क्षेत्र में उदारीकरण, निजीकरण एवं भूमण्डलीकरण की नवीन नीतियों का अधिक प्रभाव निमाड़ क्षेत्र पर अभी तक विशेष दृष्टिगोचर नहीं होता है। बहुसंख्यक निमाड़ी आबादी की आर्थिक गतिविधियाँ एवं आजीविका के स्रोत परम्परागत हैं। खेती और पशुपालन यहाँ के मुख्य व्यवसाय हैं। यहाँ पर रबी और खरीफ की फसलें ली जाती हैं। खरीफ फसलों में कपास, ज्वार तथा मूँगफली सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं और वे कुल कृषि क्षेत्रफल के 70 प्रतिशत से भी अधिक में बोई जाती है। वर्षा पर आश्रित अपेक्षाकृत कम महत्व की अन्य फसलें बाजरा, मक्की, कोदो, कुटकी आदि हैं। इस क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण रबी की फसलें गेहूँ और चना हैं।

सर्वेक्षण में पाया गया कि कृषि की दृष्टि से निमाड़ पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यहाँ की धरातलीय विषमता, मानसूनी जलवायु पर निर्भरता, अविकसित तकनीक एवं आधुनिक कृषि यंत्रों एवं उपकरणों के अभाव में कृषि को वांछित सफलता नहीं मिल पा रही है। कृषि उपयोगी भूमि कम है, जो फसलों के उत्पादन को प्रभावित करती है। पर्वतीय तथा पठारी भागों में तीव्र ढालान के कारण या तो मिट्टी की पतली तह मिलती है या कंकरीली-पथरीली मिट्टी। क्षेत्र में अधिकांशत: ऐसी फसलें बोई जाती हैं, जो शुष्क जलवायु से भी अनुकूलन कर लेती हैं। नर्मदा परियोजना से सिंचाई की सुविधाओं का विस्तार हुआ है। इससे कृषि विकास को दिशा मिली है। पालतू जानवरों में गाय, भैंस और बकरी दूध आदि के लिये तथा बैल खेती के लिये पाले जाते हैं। क्षेत्र में दूधारू पशुओं का पालन मुख्य रूप से यादव समाज के व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है।

अनेक व्यक्ति सर्वत्र प्रचलित व्यापारिक-व्यावसायिक क्रियाओं के माध्यम से अपनी आजीविका का निर्वाह कर रहे हैं। दैनिक उपयोग-उपभोग की वस्तुओं की दुकानें बड़ी संख्या में क्षेत्र में संचालित की जा रही हैं। चिकित्सा, शिक्षा, बीमा, बैंकिंग, परिवहन, वकालात जैसी सेवाओं में संलग्न होकर भी जीवन-यापन किया जा रहा है।निमाड़ में कॉटन इण्डस्ट्री उन्नत अवस्था में है। सेन्धवा नगर इसका प्रमुख केन्द्र है। अन्य शहरों एवं कस्बों में जिनिंग फैक्ट्रियाँ विद्यमान हैं। दूसरे उद्योगों की दृष्टि से स्थिति निराशाजनक है। निमाड़ मध्यप्रदेश की पिछड़ी औद्योगिक पट्टी में सम्मिलित है।

उपसंहार – इस तरह मध्यप्रदेश के भौगोलिक मानचित्र में निमाड़ की विशिष्ट स्थिति है। अधिक उष्णता एवं न्यून वर्षा से उत्पन्न असन्तुलन ने मानव, पशु एवं वनस्पति सभी को प्रतिकूलत: प्रभावित किया है। खनिज संसाधन एवं उद्योगों के अभाव के कारण अपेक्षित आर्थिक प्रगति नहीं हो पाई है। चार जिलों के माध्यम से संयोजित प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त है। क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून की स्थिति अच्छी है। यहाँ विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन शिक्षा की समुचित व्यवस्था है। लोक संस्कृति के संबंध में निमाड़ की पूरे राज्य में पृथक पहचान है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Sachou's Albaruni's India (1880), Vol. 1, Page - 203
2. निमाड़ का सांस्कृतिक इतिहास, लेखक – रामनारायण उपाध्याय, प्रकाशक – विश्वभारती प्रकाशन, नागपुर, संस्करण – 1980, पृष्ठ-15
3. निमाड़ी और उसका साहित्य, लेखक – डॉ. कृष्णलाल हंस, प्रकाशक – हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, संस्करण्य – 1956, पृष्ठ – 02
4. मध्यप्रदशे – एक भौगोलिक अध्ययन, लेखिका – डॉ. प्रमीला कुमार, प्रकाशक – मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल, संस्करण – 2002, पृष्ठ – 41
5. मध्यप्रदेश – विस्तृत अध्ययन, लेखक – पूर्णेन्दु कुमार, प्रकाशक – अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इ) प्राइवेट लिमिटेड, मेरठ, संस्करण – 2008, पृष्ठ – 86


FIG. NO. 3.1
NIMAR REGION
INDEX MAP
LOCATION IN M.P
DISTRICT DEWAS
DISTRICT DHAR
MAHARASHTRA
INDEX
STATE BOUNDRY
DISTRICT BOUNDRY
TAHSIL BOUNDRY
DISTRICT HEADQUARTER
TAHSIL HEADQUARTER
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
MAIN DISTRICT ROAD
kms 10 5 0 10 20 kms
74°30'
75°
76°
77°
22°
21°
30'

****

महाकाव्यकालीन निमाड़

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – निमाड़ का इतिहास पुरातनता, अविस्मरणीय कृत्यों, शौर्यपूर्ण उपलब्धियों तथा राजवंशों के उत्थान-पतन की घटनाओं से परिपूर्ण रहा है। प्रागैतिहासिक काल से लगाकर अर्वाचीन काल तक के देश के इतिहास में निमाड़ की सजीव उपस्थिति रही है। निमाड़ में महेश्वर जैसे स्थल रहे, तो महिष्मन्त, सहस्त्रार्जुन, मण्डन मिश्र, सिंगाजी, अहिल्या बाई, भीमानायक सदृश महान व्यक्तित्व भी हुये हैं। रामायण एवं महाभारत के काल को महाकाव्य काल के नाम से जाना जाता है। इस दौरान निमाड़ की स्थिति का उल्लेख इस शोधपत्र में किया जा रहा है।

रामायण एवं महाभारत के वर्णनों में महाकाव्य काल में निमाड़ भू-भाग में भी महत्वपूर्ण राजसत्ता होने का उल्लेख है।

रामायणकालीन निमाड़ – सुदूर रामायण काल में ईसवी पूर्व 1600 में यहाँ पर महिष्मती (आधुनिक महेश्वर) को राजधानी बनाकर एक सशक्त राज्य स्थापित था। आख्यान के अनुसार अयोध्या के इक्ष्वाकुओं के वंश में मान्धाता चक्रवर्ती सम्राट हुआ। ऐलवंश की राजकुमारी बिंदुमती से उसके तीन पुत्र पुरुकुत्स, अम्बरीष और मुचकुन्द तथा एक पुत्री कावेरी हुई। पुरुकुत्स ने मध्यप्रदेश में मध्यभारत क्षेत्र में बसे नाग राजाओं को मौनेय गंधर्वों के विरुद्ध सहायता देकर विजयी बनाया तथा नाग राजा की कन्या नर्मदा से विवाह किया। उसके भाई मुचकुन्द ने पारियात्र और ऋक्ष पर्वत के प्रदेश को जीतकर नर्मदा के किनारे एक दुर्ग का निर्माण करवाया। हैहय राजा महिष्मन्त ने मुचकुन्द को पराजित करके उससे यह गढ़ छीन लिया था। महिष्मन्त ने इस नगर तथा गढ़ का नाम महिष्मती रखा। खरगोन जिले में स्थित महेश्वर की पहचान प्राचीन महिष्मती के रूप में की गई है।

महिष्मन्त के वंश में कृतवीर्य हुआ, जिसके राज्य काल में विशाल हैहेय साम्राज्य की स्थापना हुई। कृतवीर्य के वंश में अर्जुन हुआ। इसको कार्तवीर्य, सहस्त्रार्जुन एवं सहस्त्रबाहु भी कहा जाता है। यह सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में फैले विशाल हैहय साम्राज्य का उत्तराधिकारी बना। यह महान चक्रवर्ती सम्राट था। इसकी हजार भुजाएँ बताई गई हैं, जो वास्तव में इसकी अपार सैन्य शक्ति का प्रतीक है। अनुश्रुतियों के अनुसार उसने समस्त पृथ्वी को जीता था और अनेक यज्ञ किये थे।

महिष्मती को हैहयवंशीय राजा सहस्त्रार्जुन की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था। वाल्मीकि रामायण में हैहयवंशीय सहस्त्रार्जुन को महिष्मती नगर का राजा महाविजयी अर्जुन लिखा है। महाबली रावण को सहस्त्रार्जुन ने महेष्वर में पराजित किया था। 'सहस्त्रार्जुन ने जहाँ अपने सहस्त्रों हाथों से नर्मदा को रोका था, वह महेश्वर के निकट आज भी 'सहस्त्रधारा' के रूप में विख्यात है।'[1] यहीं सहस्त्रार्जुन और रावण में युद्ध हुआ था, ऐसा उल्लेख वाल्मीकि रामायण में मिलता है। वाल्मीकि ने लिखा है कि लंका विजय के बाद राजगद्दी पर बैठे भगवान रामचन्द्र ने ऋषि अगस्त्य से रावण के अत्याचारों की पूर्व कथा सुनकर पूछा-

'भगवन राक्षस: कूरो यदापृभृति मेदिनीम। पर्यटत् किं तदा लोका: शून्या आसन द्विजोसतम।।[2]

अर्थात् भगवन द्विजश्रेष्ठ जब क्रूर निशाचर रावण पृथ्वी पर विजय करता हुआ घूम रहा था, उस समय क्या यहाँ के सभी लोग शौर्य सम्बंधी गुणों से शून्य ही थे।

तब अगस्त्य ने उत्तर दिया कि नहीं पृथ्वी वीरों से शून्य नहीं थी। महिष्मती के राजा अर्जुन और रावण के बीच युद्ध हुआ, जिसमें रावण को अर्जुन ने बन्दी बना लिया था-

सतु बाहुसहस्त्रेण बलादग्ह्य दषाननम्।बबन्ध बलवाना राजा बलि नारायणो यथा।।[3]

अर्थात् जैसे पूर्व काल में भगवान नारायण ने बलि को बांधा था, उसी तरह बलवान राजा अर्जुन ने दशानन को बलपूर्वक पकड़कर अपने हाथों द्वारा उसे मजबूत रस्सों में बांध दिया।

रघुवंश के इन्दूमति-स्वयंवर में उपस्थित राजाओं में अनूप देश की राजधानी रेवा अर्थात् नर्मदा के तट पर स्थित महिष्मती का होना बताया गया है।

महाभारतकालीन निमाड़ – महाभारत युग में कौरव-पाण्डवों का प्रभाव निमाड़ के धरमपुरी, सिरवेल, कसरावद, महेश्वर, बड़वानी आदि क्षेत्रों में व्याप्त था। महाभारत काल में युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के प्रसंग में चेदीवंश के राजा शिशुपाल की राजधानी महिष्मती में होना बताया गया है।

महाभारत में कई स्थानों पर आये वर्णनों से निमाड़ की महत्ता का पता चलता है। सभा पर्व के अनुसार महिष्मती एक प्राचीन नगरी थी, जो राजा नील की राजधानी थी। राजा नील महाभारत के युद्ध में कौरव पक्ष की ओर से पाण्डवों के विरुद्ध सम्मिलित हुआ था। 'दक्षिण दिग्विजय के समय सहदेव ने इस नगरी पर आक्रमण करके राजा नील को परास्त किया था।'[4]

महाभारत के जुए में हारे हुए नल द्वारा दमयंति के साथ वन पहुंचने पर नल ने दमयंति को अपने मायके जाने का आग्रह करते हुए जो तीन मार्ग बताये थे, उनमें से एक निमाड़ में से होकर गया था।

महाभारत युद्ध के पश्चात् परीक्षित भारतवर्ष के सम्राट बने एवं उनके बाद जनमेजय ने राज्य किया। इस समय निमाड़ अवन्ति राज्य का हिस्सा था।

उपसंहार – कई इतिहासकार रामायण और महाभारत को कवियों की कल्पनाओं से सृजित महाकाव्य मात्र मानते हैं और इस बात में विश्वास नहीं रखते हैं कि ऐसा कोई दौर यथार्थ में हुआ था। जबकि अनेक इतिहासकार इन युगों को मान्यता देते हैं। भारत में अनेक स्थानों पर रामायण और महाभारत में वर्णित परिस्थितियों से साम्य रखते दृष्टांत आज भी विद्यमान हैं। ऐसे में महाकाव्य युग की ऐतिहासिकता को सीधे सीधे खारिज करना उचित नहीं है। प्रस्तुत शोध पत्र से प्रमाणित होता है कि रामायण और महाभारत काल की घटनाओं का साक्षी और सहभागी निमाड़ क्षेत्र भी रहा है।

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

अजमेर के चौहानों की राजनैतिक उपलब्धियां

डॉ. बनवारी लाल यादव *

प्रस्तावना – अजमेर तथा पुष्कर के आस-पास की पहाडियाँ भारत की सबसे प्राचीन पहाडियां हैं। खेड़ा तथा कडेरी से मानव सभ्यता के ऊषा काल के मानव अवशेष प्राप्त हुए हैं। सिन्धु घाटी सभ्यता में बाट के रूप में शीशे तथा सफेद-काले अभ्रक के टुकड़े प्रयुक्त होते थे। वे इन्हीं पहाडियों से ले जाये जाते थे। मेगालिथिक एवं नॉन मेगालिथिक पॉलिशयुक्त लाल व काले उपकरण भी इस क्षेत्र में प्राप्त हुए हैं। चित्र युक्त सलेटी उपकरणों की भी उपस्थिति इस जिले में पाई गई है। अजमेर से 58 किलोमीटर दूर बारली गांव के भीलोत माता मंदिर से अशोक (132 ई.पू. से 72 9 ई.पू.) से भी पहले की ब्राह्मी लिपि का एक शिलालेख प्राप्त हुआ है।[1]

पुष्कर से बैक्ट्रियन, यूनानी, शक क्षत्रप तथा गुप्त शासकों के सोने व चांदी के सिक्के तथा ताम्बे के गधैया सिक्के बड़ी संख्या में प्राप्त हुए हैं।[2]

छठी सदी में उदीयमान शाकम्भरी के चौहान अपने उत्कट स्वदेश प्रेम, अदम्य शौर्य और प्रबल पराक्रम से उन्होने श्लाधनीय उत्सर्ग किये, वह भारतीय राष्ट्रीय इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। बलिदानों की लम्बी श्रृंखला स्थापित करने का गौरव प्राप्त करने वाले इस क्षत्रिय राजवंश की उत्पत्ति के संबंध में अनेकों मत स्थापित है। पृथ्वीराज चौहान तृतीय के मित्र तथा दरबारी कवि चन्द्रवरदायी और जयानक अपने ग्रन्थों क्रमश: पृथ्वीराज रासो तथा पृथ्वीराज विजय में चाहमान का जन्म स्थल आबू और पुष्कर बताते है।[3] चन्द्रवरदायी के रासो का समर्थन जोधराज ने हम्मीर रासो,[4] सूर्यमल्ल मिश्रण ने वंश भास्कर[5] तथा मुंहणोत नैणसी[6] ने अपनी ख्यात में किया। इन लेखकों का मानना है कि चौहान वंश के आदि पुरूष चाहमान, आबू में सम्पन्न किये गये यज्ञ-कुण्ड से प्रकट हुए थे, अत: ये अग्निवंशी कहलाये। कर्नल जेम्स टॉड, विन्सेन्ट ए. स्मिथ तथा विलियम क्रुक ने चौहानों का सम्बन्ध सीथियन नामक विदेशी जाति से माना है।[7] डी. आर. भण्डारकर के अनुसार इनका रक्त संबंध मध्य एशिया में निवास करने वाली 'खजर' नामक जाति से है, जो पुरोहित वर्ग से संबंधित थे।[8] डॉ दशरथ शर्मा ने बिजौलिया शिलालेख व न्यामतखाँ 'जान' की क्यामखाँरासो के आधार पर चौहानों की उत्पति पुरोहित वर्ग से मानी है। मि. जैक्सन नामक विदेशी इतिहासकार ने तथाकथित चार अग्निवंशीय राजपुतों की उत्पति विदेशी गूजरों से मानी है।[9] वि.स.1234 के बड़ल्यावापी शिलालेख (लोक सं.2) से ज्ञात होता है कि चाहमान के पिता का नाम विरोचन था।[10] पृथ्वीराज विजय महाकाव्य व उसकी दीपिका में जोनराज स्पष्ट उल्लेख करते है कि चाहमान ने अपने लघुभ्राता धनंजय, जो उनके प्रधान सेनापति भी थे, के सहयोग से म्लेच्छों का उन्मूलन कर नवीन राज्य की स्थापना की थी।[11] चौहान राजस्थान में पांचाल की राजधानी अहिछत्रपुर से आये। ओझाजी ने अहिछत्रपुर नागौर को ही माना है इससे बाद के भी लेखकों ने नागौर को ही अहिछत्रपुर मान लिया। डॉ. दशरथ शर्मा इस मान्यता को सही नहीं मानते हैं। दूसरा तर्क उनका यह है कि नागौर जैनों का तीर्थ स्थान है परन्तु किसी भी जैन ग्रन्थ में नागौर के लिए अहिछत्रपुर नहीं लिखा है। पृथ्वीराज विजय में दिया है कि चौहानों की राजधानी अहिछत्रपुर सांभर से पूर्व में थी तथा एक दिन में वहाँ पहुँच सकते थे। नागौर सांभर से उत्तर-पश्चिम में है इसलिये वह अहिछत्रपुर नहीं हो सकता यह अहिछत्रपुर चौहानों के प्रारम्भिक देश अनन्त में हर्ष के समीप कहीं होगा।[12] उत्तर प्रदेश के अहिछत्रपुर से आकर राजस्थान में जो राज्य कायम किया वहां भी उन्होंने पुरानी राजधानी के नाम पर ही अहिछत्रपुर बसाया ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं। चौहान पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़े हैं। ये उत्तर-प्रदेश में पांचाल की राजधानी अहिछत्रपुर से पश्चिम की ओर बढ़े उत्तर-प्रदेश में मुज्जफराबाद से समीप पर्वत पर शाकम्भरी देवी का मन्दिर है। वहाँ की यह मान्यता है कि उस देवी को चौहान अपने साथ ले गये। यह प्रदेश शेखावाटी का इलाका है। यहाँ इनका इष्ट देव हर्षनाथ था। इस अनन्त प्रदेश में उन्होंने अपनी कुलदेवी शाकम्भरी का मन्दिर बनवाया। अब भी शाकम्भरी का एक मन्दिर शेखावटी में मौजूद है। वहां भी उन्होंने शाकम्भरी देवी का मन्दिर बनाया।[13] अनन्त प्रदेश से पश्चिम की तरफ बढ़कर वासुदेव ने सांभर पर अधिकार कर उसे अपनी राजधानी बनाया। यह उसने परमारों से विजय किया था। 'प्रबन्ध कोश' में वासुदेव का समय वि. 608 ई. 551 दिया है। चौहान वस्तुत: प्राचीन अहिछत्रपुर (नागौर) के शासक थे। उसकी पीढ़ी का वासुदेव चौहान साम्भर का अधिपति बना। कुछ विद्धान यह भी कहते हैं कि वासुदेव को उसके मित्र विद्याधर ने सांभर झील भेंट स्वरूप दी थी।[14] इस प्रकार शाकम्भरी के मंदिरों से चौहान के पूर्व से पश्चिम का बढ़ना प्रमाणित होता है। प्रबंध कोष के अनुसार इस चौहान वंश में 37 राजा हुए थे व 31वीं पीढ़ी में पृथ्वीराज तृतीय (उत्तर भारत का अंतिम हिन्दू सम्राट) हुआ था और हम्मीर देव अंतिम चौहान राजा था। इन्हीं चौहानों का साम्राज्य सपादलक्ष कहलाया जिसमें साम्भर से लेकर नागौर व जांगल प्रदेश तक के एक लाख बीस हजार गांव सम्मिलित थे। शाकम्भरी, साम्भर का ही प्राचीन नाम है।[15] साम्भर, मैदान में होने से सुरक्षित स्थान नहीं था इसलिए अजयराज (अजयपाल) ने विचार किया कि हुण शत्रुओं के निरन्तर आक्रमणों से रक्षा के लिए पहाड़ों में सुरक्षित स्थान होना चाहिए। इस विचार से उसने आडाबला (अरावली) श्रृंखला की एक उंची पर्वत की चोटी पर किला बनवाया तथा उसकी घाटी में नगर बसाया ताकि वहां शत्रु को आसानी से रोका जा सके। उसने नगर का नाम अजयमेरू दिया जो आगे चलकर अजमेर कहलाने लगा।[16] अजमेर की स्थापना 'प्रबंध कोष' के अनुसार, अजयराज प्रथम या अजयपाल ने छठी सदी के अन्तिम समय से लेकर सातवीं सदी के प्रारम्भिक काल में किसी वक्त की थी। उसी ने बीठली पहाड़ी

* राज. उ. मा. वि., कराडी, जि. पाली (राजस्थान) भारत

पर सैन्य चौकी स्थापित की जहाँ कालान्तर में अजयमेरू दुर्ग (तारागढ़) का निर्माण हुआ। अजयपाल को ही अजयपाल चकवा या चक्री भी कहा जाता था। वह प्रथम चौहान राजा (साम्भर) वासुदेव का पौत्र था। उधर 'पृथ्वीविजय' काव्य रचना में उल्लेख मिलता है कि अजमेर नगर को अजयराज चौहान द्वितीय ने 1113 ई. में बसाया था। जबकि 'पृथ्वीराज रासो' के अनुसार राजा अर्णोराज चौहान ने इस नगर का पुननिर्माण कराया था। ब्रितानी विद्धान हेबर का मानना है कि यह नगर कई बार बसाया गया और कई बार उजाड़ थी। इस नगर और यहाँ के पहाड़ी दुर्ग तारागढ़ के सामरिक एवं राजनीतिक महत्व को व्यक्त करते हुए इतिहासकार कर्नल टॉड ने इस दुर्ग को 'राजस्थान की चाबी' कहा। इसी तरह हैबर के अनुसार-तारागढ़ को थोडे से परिवर्तन के सहारे विश्व का दूसरा 'जिब्राल्टर' बनाया जा सकता था।[17] अजयराज बड़ा ताकतवर व वीर हुआ जो धनुषविद्या में पारंगत था तथा जिसने दुश्मनों को परास्त किया और जनता के धन और जीवन की रक्षा की। वृद्धावस्था में उसने राज्य अपने पुत्र विग्रहराज को देकर जंगल में तपस्या करने को चला गया था। बहुत से विद्धान् पृथ्वीराज विजय के आधार पर अजमेर नगर को बसाने वाला आनाजी का पिता अजयदेव (1110-1135 ए.डी.) को मानते हैं। परन्तु प्रबन्ध कोष में अजयमेरू अजयराज का बसाया हुआ माना हैं। इसी प्रकार कई जैन साधुओं की छतरियाँ अजमेर में हैं जिनमें सबसे प्राचीन छतरी हेमराज की है, वह वि. 817 ई. 760 की है। इसी प्रकार कुछ अन्य छतरियों में भी लेख वि. 905 ई. 845, वि.911 ई. 854, वि. 928 ई. 871, वि. 973 ई. 916 और वि. 1027 ई. 970 के हैं। हम्मीर महाकाव्य में भी अजमेर को बसाने वाला चौहानों का चौथा शासक अजयपाल को ही माना है। ऊपर के शिलालेखों व ग्रन्थों को देखते हुए यह मानना पडेगा कि अजयमेरू का बसाने वाल अजयराज ही था। क्योंकि अजयदेव से करीब साढ़े तीन सौ वर्ष पहले की जैन छतरियों में लेख हैं। इस प्रकार साढे तीन सौ वर्ष पहले से लेकर करीब सवा सौ वर्ष पहले की छतरियों का होना निर्विवाद रूप से सिद्ध करता है कि अजयमेरू अजयदेव से काफी पहले से बसा हुआ था। चौहानों के प्राचीन ऐतिहासिक ग्रन्थों से यह ज्ञात होता है कि विग्रहराज के पुत्र और चन्द्राराज के छोटे भाई गोपेन्द्रराज के काल में चौहानों पर अरबों ने आक्रमण किया। इस सेना का संचालक सुल्तान बेग वारिस को बन्दी बनाकर चौहान शासक गोपेन्द्रराज के सम्मुख पेश किया। अब हमें यह देखना है कि अरबों का यह आक्रमण किसकी आज्ञा से और किस समय हुआ। सिन्ध के अरब सूबेदारों में सुल्तान बेग वारिस नाम का कोई सूबेदार नहीं मिलता है। इसलिए हमें यह मानना पडेगा कि यह सिन्ध का सूबेदार नहीं था, परन्तु उनका कोई सेनापति ही था। जिसने कि उसकी आज्ञा से राजपूताने पर आक्रमण किया था। अरबों से ये युद्ध एक शासक से हुये या दो-तीन पीढ़ियों तक चले इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता है। ऐसा उल्लेख मिलता है कि चौहानों ने अरब सेनाओं के मुकाबले बहुत बलिदान किए हैं, अन्तिम युद्ध जो कि बड़ा भयंकर था, में चौहान बहुत बड़ी संख्या में जुझार हुए। चौहानों के पराजित हो जाने पर साम्भर में स्त्रियों ने जौहर किया। अरबों ने नगर को लूटा और विध्वंस कर दिया।

अरब आक्रमणों के विरूद्ध देश तथा धर्म की रक्षा के लिए भीनमाल नरेश प्रतिहार नागभट्ट और चित्तौड़ के बापारावल ने जो संयुक्त मोर्चा बनाया था, उस मोर्चे में चौहान भी शामिल थे। इसमें उन्हें बड़ी सफलता मिली थी, इसके बाद प्रतिहारों ने कन्नौज पर अधिकार कर उसे एक साम्राज्य का रूप दिया, तब चौहानों ने उनकी अधीनता स्वीकार कर ली थी। जब वत्सराज प्रतिहार ने बंगाल के शासक धर्मपाल पर चढ़ाई की, तब प्रतिहारों के सेनापति के रूप में अजमेर के चौहान शासक दुर्लभराज ने बंगाल सेना को पराजित किया था। इसके बाद प्रतिहार सम्राट नागभट्ट द्वितीय के दरबार में चौहान राजा गुवक या गोविन्द राजा का सामन्त के रूप में बड़ा सम्मान था। इसी शासक ने अपने वंश के आराध्य देव हर्ष महादेव का मंदिर अनन्त प्रदेश (वर्तमान शेखावटी जिला सीकर) में बनवाया था, जिसका शिलालेख चौहान इतिहास के लिए अपने आप में बड़ा ही महत्तवपूर्ण है। इसके पौत्र गुवक द्वितीय का भी प्रतिहार राज्य में अच्छा प्रभाव था। इसकी बहिन कलावती का विवाह प्रतिहार सम्राट भोज प्रथम से हुआ था। इसके पुत्र चन्दनराज की रानी रुद्राणी ने पवित्र तीर्थ पुष्कर झील (सरोवर) के तट पर एक हजार शिवलिंगों की स्थापना प्राणप्रतिष्ठा के साथ की थीं। कुछ पुस्त (पीढ़ी) पश्चात् सिंहराज हुआ जो काफी ताकतवर हो गया था, ने तोमर शासक सलबन को परास्त करके उसे कैद कर लिया था। तथा अनेक सरदार व सामन्तों को भी कैद कर लिया था, तब सम्राट रघुवंशी प्रतिहार को स्वयं उन्हें कैद से छुड़वाने के लिए सिंहराज के पास आना पड़ा था। इसके छोटे भाई लक्ष्मण ने नाडौल का राज्य कायम किया था। इसने गुजरात पर आक्रमण कर वहां के शासक मूलराज चालुक्य को पराजित किया था इसके पास बड़ी शक्तिशाली सेना थी, इसने अपनी विजय पताका दक्षिण रेवानदी (नर्मदा) तक फहराई थी।[18] इनमें विग्रहराज द्वितीय (973 ई.) ने चौहानों की प्रतिष्ठा बढ़ाई, उसने गिरते हुए प्रतिहार साम्राज्य को मातहाती छोड़ दी और वह स्वतन्त्र हो गया था। साम्राज्य का विस्तार किया तथा सैन्य शक्ति और अधिक सुदृढ़ की। उसने गुजरात के चालुक्य राजा मूलदेव को हराने का भी करिश्मा किया। अजयराज ने चौहान साम्राज्य की राजधानी का गौरव अजमेर को दिया, पहले सपादलक्ष (चौहान साम्राज्य) की राजधानी साम्भर थी। अजयराज ने ही अजयमेरू दुर्ग बनवाया अथवा उसका निर्माण कार्य पूर्ण कराया। उसने मुस्लिम आक्रमणों से अपने साम्राज्य को सुरक्षित किया और अपनी रानी सोमल देवी के नाम पर सिक्के ढलवाये। उसने अपने साम्राज्य का विस्तार मथुरा से लेकर मध्य देश के 'दुधई' स्थान तक किया। इसी तरह विग्रहराज तृतीय भी प्रतापी राजा था। उसका विवाह परमार राजकुमारी राजीमती के साथ सम्पन्न हुआ था। तदन्तर अर्णोराज (आना जी, सन् 1133-1151) ने चौहान साम्राज्य की कीर्ति में चार चांद लगाये। उसने यामिनी सुल्तान को अजमेर में बुरी तरह पराजित किया और युद्ध स्थल को पवित्र करने के लिए वहाँ की खुदाई कराई, पूर्वी सीमा पर चन्द्रभागा नदी पर बाँध बनवाया और यही स्थान आनासागर झील के नाम से विख्यात हुआ। उसने मालवा को जीता, गुजरात के राजा सिद्धराज जयसिंह को पराजित किया और चौहान साम्राज्य का विस्तार सिंधु व सरस्वती नदियों के तट तक किया। गुजरात के राजा कुमारपाल के साथ उसे एक निर्णायक युद्ध में पराजित होना पड़ा। अर्णोराज मे अजयपाल घाटी में एक शिवमंदिर बनवाया। आनाजी का पुत्र विग्रहराज (1150-641 ए.डी.) जिसे बीसलदेव के नाम से इतिहास में जाना जाता हैं, इस वंश का सबसे अधिक वीर, योग्य सेनानायक महान् विजेता, विद्धान, आश्रयदाता एवं उत्ताम कवि तथा इतिहासकार माना गया है। इसने चौहानों के राज्य को दक्षिण में नर्मदा तक फैलाया, उत्तर में हांसी (हरियाणा, तथा दिल्ली पर प्रभुत्व जमाया था। उत्तर में हिमालय तक राज्य विस्तार करने पर सपालदक्ष का चौहान राज्य एक बड़े साम्राज्य के रूप में परिवर्तित हो गया। दिल्ली तक बढ़ जाने से पंजाब में गजनी खानदान के अमीर खुसरोशाह से मुकाबला स्वाभाविक था। दिल्ली में स्थित फिरोजशाह की लाट के लेख (1163 ए.डी.) से पता चलता है कि बीसलदेव ने गजनी को परास्त कर पीछे धकेल दिया। बीसलदेव के दरबार में अनेक बड़े विद्धान

थे, वह स्वयं भी संस्कृत का विद्वान् तथा कवि था, उसने हरकेली नाटक लिखा, इस नाटक की कुछ ही शिलायें उपलब्ध हुई हैं। इसने चौहानों का इतिहास भी लिखवाया। इसकी भी कुछ शिलायें मिली हैं।[19] बीसलदेव के पश्चात् उसका पुत्र अमरगांगेय देव गद्दी पर बैठा था जिसे बीसलदेव के बड़े भाई जगदेव के पुत्र ने परास्त कर दिया और स्वयं राजा बन बैठा। इसके देहान्त के पश्चात मन्त्रियों ने बीसलदेव के छोटे भाई सोमेश्वर को गद्दी पर बिठा दिया था। बीसलदेव का छोटा पुत्र नागार्जुन ने पिता की मृत्यु के पश्चात् राज्य प्राप्त करने के लिए विद्रोह कर दिया और अजमेर दुर्ग पर कब्जा लिया, जिसे बाद में पृथ्वीराज ने परास्त कर दुर्ग अपने अधिकार में ले लिया। बीसलदेव का भाई सोमश्वर भी अपने पिता की तरह शूरवीर योद्धा व प्रतापी हुआ। इसकी रानी कर्पूरी देवी से दो पुत्र पृथ्वीराज (ज्येष्ठ) (जन्म 1166 ए.डी.) व हरिराज (कनिष्ठ) उत्पन्न हुए। हरिराज पृथ्वीराज से एक छोटा था, दोनों भाईयों का जन्म गुजरात में हुआ था। गद्दीनसीन होने से पूर्व सोमेश्वर प्रारम्भ से ही गुजरात (पाटन) में अपने नाना जयसिंह सिद्धराज के पास रहता था, नाना की मृत्यु के बाद कुमारपाल के पास रहने लगा। पृथ्वीराज द्वितीय की नि:सन्तान मृत्यु होने पर 1169 ए.डी. में मन्त्रियों ने सोमेश्वर को गुजरात से लाकर चौहान सम्राट बना दिया था। सामेश्वर गुजरात से अपने साथ में नागरवंशी, स्कन्ध, बामन और सोढ़ को लाया था, कदाचित ये मन्त्री या उच्चाधिकारी थे। रानी कर्पूरी देवी ने इन सभी को सम्मानपूर्वक रखा।[20] अन्तत: सोमेश्वर के पुत्र पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने 1179 से 1192 ई. तक अजमेर और चौहान राजवंश को गौरवान्वित किया। उसने भण्डानकों, चन्देलों और गहड़वालों के विरुद्ध युद्धों में विजय प्राप्त की। गुजरात के चालुक्य नरेश भीमदेव के साथ भी उसका जोरदार युद्ध हुआ किन्तु उक्त युद्ध का परिणाम विवादग्रस्त है। फिर तराईन के प्रथम युद्ध (1191) में उसने मौहम्मद गौरी को जोरदार शिकस्त दी तथा उसे प्राण बचाकर रण क्षेत्र से भागने दिया। किन्तु अगले ही वर्ष (1192) तराईन के ही मैदान में मुहम्मद गौरी अपनी विशाल सेना लेकर तराइन के मैदान में आ डटा किन्तु शीघ्र ही उसे अनुमान हो गया कि वह सैन्य बल पर पृथ्वीराज को परास्त नहीं कर सकेगा। अत: उसने छल-बल से काम लिया। उसने पृथ्वीराज के पास संदेश भिजवाया कि वह (पृथ्वीराज) अपना राज्य गौरी को सौंप दे। पृथ्वीराज ने उत्तर में कहा कि या तो गौरी अपने देश लौट जाये अन्यथा उसकी (गौरी की) मृत्यु निश्चित है।[21] इस पर गौरी ने कहलवाया कि वह युद्ध के लिए नहीं सन्धि के लिए आया है अत: सन्धि की शर्तें भिजवाई जाये। इस प्रकार गौरी ने पृथ्वीराज को अनावश्यक रूप से उलझाये रखा और पृथ्वीराज के एक सेनापति सोमेश्वर को अपनी ओर मिला लिया। सोमेश्वर से गौरी को पृथ्वीराज की सेना का भेद मिल गया। अन्त में गौरी ने पृथ्वीराज से कहलवाया कि वह वापिस गजनी जा रहा है और रात में उसने मशालें जलवाकर अपनी सेना को गजनी की दिशा में रवाना कर दिया शुत्र दल को विदा हुआ जानकर हिन्दू सैनिक आराम से सो गये।[22]

पहले से निर्धारित षडय़न्त्र को क्रियान्वित करके पृथ्वीराज को पकड़ लिया गया और अजमेर अथवा गौर ले जाया गया। वहाँ उसकी आंखें फोड़ दी गई। पृथ्वीराज का बाल सखा और दरबारी कवि चन्द बरदाई भी उसके साथ था। उसने पृथ्वीराज की मृत्यु निश्चित जानकर शत्रु का विनाश का कार्यक्रम बनाया।[23]

कवि चन्द बरदाई ने गौरी से निवेदन किया कि आंखें फूट जाने पर भी राजा पृथ्वीराज शब्दभेदी निशाना साधा कर लक्ष्य वेधा सकता है। इस मनोरंजक दृश्य को देखने के लिए गौरी ने एक विशाल आयोजन किया। एक ऊंचे मंच पर बैठकर उसने अंधो पृथ्वीराज को लक्ष्य वेधाने का आदेश दिया। जैसे ही गौरी के अनुचर ने लक्ष्य पर शब्द उत्पन्न किया, कवि चन्दबरदाई ने यह दोहा पढ़ा-

चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण,
ता ऊपर सुल्तान है मत चूके चौहान।[24]

गौरी की स्थिति का आकलन करके पृथ्वीराज ने तीर छोड़ा जो गौरी कण्ठ में जाकर लगा और उसी क्षण उसके प्राण पंखेरू उड़ गये। शत्रु का विनाश हुआ जानकर और उसके सैनिकों के हाथों में पड़कर अपमानजनक मृत्यु से बचने के लिए कवि चन्दबरदाई ने अपनी कटार राजा पृथ्वीराज के पेट में भौंक दी और अगले ही क्षण उसने वह कटार अपने पेट में भौंक ली। चौहानों की शक्ति नष्ट हो गई। इतिहास ने भारत भूमि पर गुलामी का पहला अधयाय लिखा।[25] इस प्रकार हम देखते है कि अजमेर के चौहान राजवंष में अपनी राजनैतिक उपलब्धियों के द्वारा भारत के इतिहास को प्रभावित किया तथा राजपूताना को आज भी इन्ही की वजह से भारत के इतिहास में पढा जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा षिव, अजमेर इतिहास और पर्यटन, अभिनव प्रकाषन, जयपुर, 2016, पृ. 57
2. चौहान विंध्यराज, चौहान राजवंष के उदभव का वृहत इतिहास, राजस्थानी ग्रंथाकार, जोधपुर, 2001, पृ. 55
3. पृथ्वीराज रासो, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, द्वितीय संस्करण आदि पर्व, पृष्ठ 35-53
4. हम्मीर रासो, जोधराज, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, पृष्ठ 8-14
5. वंश भास्कर, सूर्यमल्ल मिश्रण, प्रथम भाग, दशम मयूख, पृष्ठ 87-95
6. नैणसी री ख्यात, मुंहणोत, भाग प्रथम, पृष्ठ 123
7. चौहान सरित्सागर, बिन्ध्यराज चौहान, प्रथम खण्ड, 2001, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर
8. इन्डियन एन्टिक्वैरी, भाग 40, पृष्ठ 24-25
9. बाम्बे गजेटीयर, खण्ड प्रथम, भाग 1, पृष्ठ 468
10. अर्ली चौहान डाइनेस्टीज, पृष्ठ 108, शोध पत्रिका, सितम्बर-दिसम्बर 1956, पृष्ठ 19, मरूभारती, अंक 2-3, सन् 1955, पृष्ठ 2-3, एपिग्रैफिया इण्डिका, खण्ड 2, पृष्ठ 303
11. पृथ्वीराज विजय, जयानक, द्वादस सर्ग का 70वां श्लोंक, पृष्ठ 312, श्लोक 63-64, पृष्ठ 49
12. प्रबन्ध कोष, मुनि जिनविजय, सिंघी जैन ग्रंथमाला, अहमदाबाद पृ. 32-33, एपिग्राफिया इण्डिका, Vol-II, p. 121, एपिग्राफिया इण्डिका, Vol-XXVI, p. 103
13. सम्राट् पृथ्वीराज चौहान, देवीसिंह मंडावा, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2007, पृ. 34-39, इन्डियन एन्टिक्वैरी, ददतख, पृष्ठ 159
14. अजमेर : जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, मोहनलाल गुप्ता, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2004, पृ. 55-56
15. पृथ्वीराज रासो, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृष्ठ 387
16. अजमेर इतिहास और पर्यटन, शिव शर्मा, शब्द साधना, अजमेर, 2009, पृ. 18
17. अजमेर : जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, मोहनलाल गुप्ता, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2004, पृ. 53-54

18. अजमेर इतिहास और पर्यटन, शिव शर्मा, शब्द साधना, अजमेर, 2009, पृ. 18-22, इन्डियन एन्टिक्वैरी, ददतख, पृष्ठ 162-163, Vol-XII, p. 159, एपिग्राफिया इण्डिका, Vol-II, p. 121-122, सुक्ति 13, Vol-XI, p. 157,
19. पृथ्वीराज रासो, चन्द्रबरदायी, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृष्ठ 387
20. अजमेर इतिहास और पर्यटन, शिव शर्मा, शब्द साधना, अजमेर, 2009, पृ. 23, इन्डियन एन्टिक्वैरी, दद, पृ. 20-25, Vol-XIX, p. 216-219, एपिग्राफिया इण्डिका, Vol-XXVI, p. 102,
21. अजमेर : जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, मोहनलाल गुप्ता, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2004, पृ. 53-54, वरदा, Vol-VIII, No. – 4, P. 6-7, इन्डियन एन्टिक्वैरी, XIX, पृ. 218, एपिग्राफिया इण्डिका, Vol-XXVI, p. 102,
22. पुरातन प्रबन्ध संग्रह, मुनि जिनविजय, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, अहमदाबाद, पृ. 75-76 रेवर्टी, मिनहाजुज सिराज कृत, तबकाते नासिरी, कलकत्ता, 1881, पृ. 468
23. इण्डियन आर्कियोलोजी एण्ड ए रिव्यू, राहुल पब्लिशिग हाउस, नई दिल्ली, 1958-59, पृ 42
24. सोमानी आर. वी, पूर्वोक्त, पृ. 76-77
25. मन्डावा देवीसिंह, सम्राट पृथ्वीराज चौहान, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2007, पृ. 901

****

The Portrayal of Nature in the poems of Wordsworth and Pant

Dr. Kranti Vatsa * Hirdesh Shrivastava **

Abstract - The purpose of this paper is to explore different aspectsWilliam Wordsworth and Sumitra Nandan Pant have taken to portray their poerty. Both artist beautified nature and portrayed it in the poetic forms. Before we consider the position which both the poets maintains as a poet, let us see, first, in what light both regard poets and poet's responsibilities. Although endowed with greater sensibilities, a greater understanding, and "a more comprehensive soul" ,(Lyrical Ballads, p. 237) than the average person, what 'is a poet, after all, but a man whose realm is manklnd,-"a man speaklng to men" (Lyrical Ballads,~ p. 237).

Introduction - Though William Wordsworth's love of nature and Sumitra Nandan Pant's devotion to nature are considered to be milestones in English and Hindi literatures respectively.

The present essay aims at addressing five main questions: I. What is nature and its poetic importance. II. What occasioned the writing of Pant and Wordsworth, what prompted Wordsworth and Pant to write these similar nature poems in different languages? III. What was impact to create poems on nature like masterpieces supposed to serve and whether were successful? IV. Relevance and Justification to Criticism V. Comparative study and contrast in the light of the points stated above.

Nature inspires to create literature. Nature may be mother, father, guardian, brother friend, lover and also companion. The quality of nature is not only spiritual but also poetic, artistic and literary Nature hides a lot of secret, miracle and power in itself It is often seen that a person directly connected with nature may be strong and Powerful .Nature is the chief source of energy in all living creature. That's why, the inspiration of nature to create literature is generally highly appreciable and the work derived from the inspiration of nature is generally up to the mark .In the primitive age, when human culture came to know to create literature and artistic work, it was the nature what was the part of artistic creation. Men gradually developed but nature was always the chief source of their inspiration in all ages. The portrayal of nature in all artistic work is beyond the limit of age, period,country, person, language and geographical distance and differences .We find nature in the world of literature more than what we visualize it in our tension us and routine life. That's why; all artistic works and literature makes a man relax whenever he feels distress tension and hallucination. Nature works like remedy and medicine of a lot of problems.

It is portrayal of natural that such an intention should be overcome by a striking illustration of the fact that, under stress of depression of modern world, failure of career and suffering of unrecognized lovers or art finds their regard for it more unshaken than ever. When literature as the picturization to feeling and imagination is strenuously rivalled by other forms of expression, especially by the modern industry of prose fiction; at a time when journalism, criticism, science more than all, not only excite interest, but afford activity and subsistence to original writers; at a time, moreover, when taste is fostered by the wealth of those to whose luxury the architect, the artist, and the musician, rather than the poet, are ready to minister; it seemed to me notable and suggestive that at such a time, though many think of poetry as the voice of the past, a few should still consider it a voice of the future also, and that there should be found what I may call practical idealists, to discover one need of our most liberal schools, and to do this much to relieve it.

This is why we still study and enjoy of poetry. It became an intimate part of men's and women's cultures. It became an evolutionary asset, possession, of mankind. And even today we still feel, many of us, the sensations of communion and romance and love or strong feeling which lead us to yet create more and more poetry. Poetry is not only the heritage of mankind — poetry is the music of the heart, the language of the soul, the expression of the parts we do not see in humans. And it is not only male possessed — women are part of it, too. Even children form part of our poetry. Poetry is for everyone

Above all, it is the disposal of human feeling and imagination towards the nature what makes poetry very attractive and tentative. Scientifically it is proved that a man

*Asst. Professor (English) M.V.A.M., Bhopal (M.P.) INDIA
** Research Scholar, Barkatullah University, Bhopal (M.P.) INDIA

beyond the nature definitely is a sufferer.

William Wordsworth is highly considered as a nature poet. A number of Indian poets also found there poetic destination in nature. Sumitra Nandan pant is considered as a great Indian nature poet. In my critical opinion, comparative study of Wordsworth and pant as a poet of nature will definitely create height of artistic work

De Quency rightly says "Wordsworth had his passion for nature, fixed in his blood . It was necessity of his being, like that of a mulberry leaf to the silkworm and through his commerce with Nature did he live and breathe"

Wordsworth is variously called the" harbinder of nature "the "priest of nature "and the "worshipper of nature" for he was the poet of nature par excellence and his chief originality is to be found in his poetry of natur.e

There are so many poets in Hindi who have written about nature. But on the top of all, there is Sumitranandan Pant. He is known as "Prakriti ka sukumar kavi" which translates to "mild poet of the nature". I may consider him equivalent to William Wordsworth who wrote poems on nature using a fictitious character Lucy and known as Poet of nature.

William Wordsworth helped found the Romantic movement in English literature with the strong presentation of Nature. He also wrote "I Wandered Lonely as a Cloud."along with a number of poems to show his love of nature. He wasBorn in England in 1770, poet William Wordsworth worked with Samuel Taylor Coleridge on Lyrical Ballads (1798). The collection, which contained Wordsworth's "Tintern Abbey," introduced Romanticism to English poetry. Wordsworth also showed his affinity for nature with the famous poem "I Wandered Lonely as a Cloud." He became England's poet laureate in 1843, a role he held until his death in 1850.

The pain of his early life started from beginning.Poet William Wordsworth was born on April 7, 1770, in Cockermouth, Cumberland, England. He lost his mother.Wordsworth's mother died when he was 7, and he was an orphan at 13.struggling in life, Wordsworth started writing artistically and depicted nature in his literature so beautifully that he was glory of his age.

Sumitranandan Pant was born on 20th May, 1900 at Kausani village of Bhageshwar, in the hills of Kumaon, Uttrakhand, as Gosain Dutt. Unfortunately, his mother died within few hours of giving birth to him. He was raised by his grandmother and was the smallest of all his seven siblings.At the age of seven, when majority of children learn how to read and write; a little child from the hills wrote poetries, and grew up to become one of India's finest and renowned poet cum writer. This boy was Sumitranandan Pant, also known as a great poet of nature.

Start reading Pant. Read will definitely fall in love with his writing. Nature runs in his poetry as, blood runs in human body.Nature is spontaneous outcome in these lines

फैली खेतों में दूर तलक
मख़मल की कोमल हरियाली,
लिपटीं जिससे रवि की किरणें
चाँदी की सी उजली जाली !
तिनकों के हरे हरे तन पर
हिल हरित रुधिर है रहा झलक,
श्यामल भू तल पर झुका हुआ
नभ का चिर निर्मल नील फलक।
रोमांचित-सी लगती वसुधा
आयी जौ गेहूँ में बाली,
अरहर सनई की सोने की
किंकिणियाँ हैं शोभाशाली।
उड़ती भीनी तैलाक्त गन्ध,
फूली सरसों पीली-पीली,
लो, हरित धरा से झाँक रही
नीलम की कलि, तीसी नीली।

(ग्राम श्री, सुमित्रानंदन पंत)

In the preface, Wordsworth explains the purpose and character of the new poetry collected in the Lyrical Ballads, considering it a successful endeavor in correcting the artificiality of Neoclassic poetic diction. A change in subject matter parallels the simplification of form. Nature and man in his relationship to nature are the worthiest poetic themes. Poetry should deal with simple pleasures and sorrows, and it should show man in his natural surroundings. As he stated in his preface,:

The principal object, then, proposed in these Poems was to choose incidents and situations from common life, and to relate or describe them, throughout, as far as was possible in a selection of language really used by men, and, at the same time, to throw over them a certain coloring of imagination, whereby ordinary things should be presented to the mind in an unusual aspect; and, further and above all, to make these incidents and situations interesting by tracing in them, truly though not ostentatiously, the primary laws of our nature:

(Preface to the Second Edition of Lyrical Ballads.)[1]

Wordsworth's doctrine of nature, as it is expressed in

the "Preface" and in his poetry, is rather complex. One might, however, make the following generalizations: Outward nature is the sourceof poetic and moral inspiration. It is grasped most effectively by the child, whose senses are not yet dulled The young adult retains much of the original and pure experience and augments it with book learning. The ultimate goal is a return to nature, which will answer the more difficult questions and prove human knowledge right or wrong, "The laws of nature are applicable to problems of society as well as to the passions of the individual. From the basic concept of the supremacy of nature, Wordswortharrives at the doctrine that all things should bear a close resemblance to nature. In the "Preface," he applies this doctrine to poetry.

Obviously, the influence of the nature philosophy of the eighteenth century is not negligible. J,W. Beach[2] and N.P. Stallknecht[3] made conclusive studies of the various philosophic trends assimilated by Wordsworth. Professor Beach traces influences from d'Holbach, Bayle, Hartley, and Locke in Wordsworth's writings. Especially important to Wordsworth was Rousseau's association theory and his doctrine of the natural goodness of man. Shaftesbury's idea of the harmony of the universe may have been the basis for Wordsworth's search for order and design in nature. Professor Stallknecht points out that Spinoza's theory of intuition has its parallels in Wordsworth's works. Thus, it is fairly obvious that the poet was somewhat less than original in his doctrine. It is, however, significant that he popularised these theories during the Romantic Period.

Linguistic beauty, art and pictorial presentation of nature,same as Wordsworth - Pant identified himself as nature poet and accepted that Wordsworth inspired him.

Embracing form of Nature like wordsworth - Nature as embracing form has been used in the poetry of Pant. He adopted Synthetic, analytic, real and pictorial method to display his feeling in frame of nature. Pant indicated object and also natural surroundings of selected object was given place in poems. Pant also depicted nature in different methodology where he displayed original facts with real name and rustic language what easy to understand by common man. Pant has depicted nature in embracing form in many poems by using synthetic and analytic approach. We can exemplify -

सुरपति के हम ही हैं अनुचर
जगतप्राण के भी सहचर;
मेघदूत की सजल कल्पना,
चतक के चिर जीवनधर।

(बादल, सुमित्रानंदन)

Evocative form of Pant's nature poems - Nature stimulates and awakes the feelings of humanity and human emotions with spontaneous overflow of feelings. Nature stimulates ecstasy of a man and fills him with love, affection and happiness. Inspite of happiness, nature also gives pain, sarrow and lament. Pant displayed the both-happiness and sarrow to frame nature in his poetry. A critic Neeraj explains that two aspects- happiness and sarrow which beautifully and artistically Pant fused in his literature. Here I would like to quote –

पंत में इन ढोनों रूपों में ही प्रकृति का चित्रण हुआ है। 'गुंजन' की विचरती गृह वन मल 'समीर' 'आज रहने ढो' यह काज प्रभृति रचनाओं में प्रकृति का सुखद उद्दीपन रूप में चित्रण हुआ है। विचरती गृह वन मल समीर में मल समीर उस पर केशर–शर से प्रहार करता है जिससे उसका ह्द हुलसित एवं प्राण पुलकित हो जाते हैं। सुगंधित और गुंजित कुंजों में आलिंगनबद्ध छाया और आलोक भी उसको प्रेम करने विवश कर देते हैं।

Ornamental form of nature in Pant's poetry like Wordsworth - As for as the question of linguistic and artistic beauty is concerned, Pant's literature can never discourage us. He used decorative and ornamental language in his literature when he depicted nature. Lotus is for Pant face of his beloved. Pisces is compared by him with eye of beloved. Honey bee is compared with darling and beautiful weird alcove. Pant utilized all tools and instruments of nature when he depicted nature.

घने लहरे रेशम से बाल,
मलिन्दों से उलझी गुंजार;
मृणालों से मृदु तार,
मेघ से संध्या का श्रृंगार;
वारि से ऊर्म्मि उभार;
मिले हैं इन्हें विविध उपहार
तरूण तम से विस्तार।

(गुंजन–नारीरूप)

Directive form of nature, depicted by Pant - "Nature is a teacher. Man respects nature since the beginning of human civilization. The great literature of **Rigveda** identifies nature as god and goddess. In **Rigveda** of Sanskrit, Usha, Sandhya, Agni, Varun, Vayu and all aspects of nature are treated as god."[4] Pant has admitted nature as directive means of life. Pant symbolized drop of water as mortal as life of a man. Pant describe -

क्षुब्ध जल शिखरों को जब वात,
सिंधु में मथकर फेनाकार;
बुलबुलों का व्याकुल संसार
बना विथुरा देती अज्ञात,
उठा तब लहरों से कर कौन
न जाने मुझे बलाता मौन!

(मौन निमंत्रण)

Mysterious form of nature of Wordsworth is key note in the poetry of Pant - Chayavad represents a way of mysterious presentation of nature. Pant has accepted nature as the part of mysterious power of god. Neeraj describes about mysterious form of nature presented in the poetry of Pant.

तरल जलनिधि का हरित विलास,शांत, नील आकाश का विस्तार,चंचल लहरियों का लास और अचल तारागणों के पलकों का हास – सब उसी ईश्वरीय सत्ता के असीम उल्लास के विविध रूप प्रतीत होते हैं। स्तब्ध ज्योत्सना में इंगित करते हुए नक्षत्र मानों उस का रहस्य जानने का मौन निमंत्रण देते हैं।

We find that mysterious form of nature is key note in the poetry of **Pant.** We can review "Khadyot" ("Firefly"), which shows signs of development in Pant's personal concept ofMysterious form of nature.

''खद्योत''
अँधियाली घाटी में सहसा
हरित स्फुलिंग सदृश फूटा वह
वह उड़ता दीपक निशीथ का
तारा सा आकर टूटा वह!
(May, 1935)

"Khadyot" ("Firefly") is a late Chayavad poem and excellent example of mystrical form of nature. It treats a similar topic to "Aj Sisu ke kavi's." However here the subject of poetic inspiration has evolved into a concern with illumination. Here also the firefly is used to represent a gift of awakening; but the term atma is used here for 'soul,' and the firefly is equated with the soul in the two stanzas. An image from the natural world is again used to describe the human essence. But the use of the word âtmâ indicates Pant's movement out of the insular depictions of the individual that are characteristic of his Chayavad poems and into a period of personal spiritual questing, which culminated in his attachment to Sri Aurobindo during the 1940s.

Pant used "humanization" of nature and microcosm like Wordsworth - Pant also humanized nature in his poetry. Pant's collections of poetry from 1926 (Pallav, "New Leaves") and 1932 (Gunjan, "Humming") exemplify the intensity of identification with nature that defines Pant as a Chayavad poet. "Maun Nimantra" ("Silent Invitation"), written in 1923 and published in Pallav, positions the individual without any reference to human society and depicts numerous forces and creatures—all imbued with consciousness—crowded together in a natural world that overflows with life and energy. The individual human consciousness emerges highlighted from this tapestry of living things and variegated consciousnesses but is nonetheless only another element in the greater whole of nature. The poem queries, who impels life? That is, what is the hidden personality or force that constitutes consciousness? The Indian traditional concept of the microcosm of the self which echoes the macrocosm of brahman, the unperceivable cosmic self, is also evident with humanization of nature. Moun Nimantran was written by Pant in November 1932. Moun NImantran is excellent example of humanization of nature with macrocosm.

मौन निमंत्रण
स्तब्ध ज्योत्सना से जब संसार
चकित रहता शिशु सा नादान।
विश्व के पलकों पर सुकुमार
विचरते हैं जब स्वप्न अजान;
(November, 1923)

Allegory taken from nature by Pant as Wordsworth did
When Pant could not say in words, he used symbols, metaphor and allegory to depict his emotion. Neeraj describes about Pant art of allegory and metaphor.

प्रतीकों के लिए मनुष्य सबसे अधिक प्रकृति का ही ऋणी है। उसने उषा को आशा का, ज्योति का, निशा को निराशा और वेदना का, फूल को सुकुमारता व सौन्दर्य का, शूल को दुख एवं पीड़ा का प्रतीक बनाया है। प्रतीकों की इस परम्परा में पंत ने नवीन अध्याय जोड़ा है। उनके प्रतीक बहुत प्राणवान है। यथा:

देखूँ सबके उर की डाली,
किसने रे क्या क्या चुने फूल,
जग के छवि उपवन के अकूल,
इसमें कलि, किसलय, कुसुम, शूल।

Contrast - Pant& Wordsworth as poet of nature are same but they are basically original in their approach. Originality brings contrast spontaneously. The portrait of woman is subject matter of contrast in the both poets. Wordsworth emphasizes on passionate portrait of woman but Pant considers woman as mother of the world (Jagat Janni). Pant raises the struggle of freedom but Wordsworth has no need to express his freedom thoughts for any national movement.

Conclusion - The poets generally live in a world of charm, magic and fantasy but nature is the chief and real source of all charm and magic. That's why William Wordsworth in England and Sumitra Nandan Pant in India were highly influenced by the beauty of nature. The beauty and eternal ecstasy are the spontaneous out-come of nature.

That's why, the two mother-less boys from different periods and different countries took nature as their guide of life and made colorful not only their life but also they left a lesson in their poetry how human beings can find colors of joy, eternality and knowledge through nature.

Both poets proved themselves as mile-stone in melodious journey of love, poetry and spiritual knowledge. Nature is matter of deep observation in the poetry of both poets.

Works cited

1. Blunden, E., Nature in English Poetry, The Hogarth Press, London, 1949, p.89.)
2. Pope, Alexander, The Poetical Works of Alexander Pope (Including His Translation of Homer): To Which is Prefixed the Life of Author by Dr. Johnson, J.J Woodword, 1830, p, 58 3- Willey, B., The Eighteenth Century Background, Chatto and Windus, p.27
3. Wordsworth, William, George Mallaby, Wordsworth, Cambridge University Press, Oct, 2014, p. 108
4. Brett, R.L, A.R. Jones, Lyrical Ballads: William Wordsworth and Samuel Taylor Coleridge, Methun & Co LTD, London, 1963, p.199
5. Wordsworth, Jonathan, M.H. Abrams, and Stephen Gill, William Wordsworth: The Prelude, 1799, 1805, 1850, W.W. Norton & Company, New York, London, 2002, p. 482
6. Wordsworth, William, The Collected Poems of William Wordsworth, Wordsworth Editions, 1994, p.651

7. Sumitra Nandan Pant, Kavya Aur Darshan, by Gopaldas, Neeraj & Sudha Saxsena, 1963, Aatmaram & Suns, Delhi-6, P.No. 96.
8. Sumitra Nandan Pant, Kavya Aur Darshan, by Gopaldas, Neeraj & Sudha Saxsena, 1963, Aatmaram & Suns, Delhi-6, P.No. 94
9. J.W. Beach, The Concept of Nature in Nineteenth Century English Poetry, New York, Macraillan, 1936, Chapters IV, V, VI.
10. N. P. Stallknecht, Strange Seas of Thought, Bloorrington, Indiana University Press, 1958.
11. William Wordsworth, The Poetical Works, ed. Thomas Hutchinson, Ernest de Selincourt, London, Oxford University Press, 1939, P. 935 (All other quotations from Wordsworth works are taken from this edition.)
12. J.W. Beach, The Concept of Nature in Nineteenth Century English Poetry, New York, Macraillan, 1936, Chapters IV, V, VI.
13. N. P. Stallknecht, Strange Seas of Thought, Bloorrington, Indiana University Press, 1958.
14. Rigveda written in about 1500BC. By anonymous consider in India as holy literature.
15. Sumitra Nandan Pant, Kavya Aur Darshan, by Gopaldas, Neeraj& Sudha Saxsena, 1963, Aatmaram & Suns, Delhi-6, P.No. 94
16. Sumitra Nandan Pant, Kavya Aur Darshan, by Gopaldas, Neeraj& Sudha Saxsena, 1963, Aatmaram & Suns, Delhi-6, P.No. 96.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

बागपत जनपद के प्राथमिक शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन

डॉ. महेश कुमार मुछाल * कविता अग्रवाल**

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध अध्ययन में बागपत जनपद के प्राथमिक विद्यालयी शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया गया। न्यादर्श के रूप में प्राथमिक स्तर के 60 ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों का चयन यादृच्छिक न्यादर्श चयन विधि के आधार पर किया गया। प्रस्तुत अध्ययन में महिला एवं पुरुष शिक्षक-शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता अध्ययन में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया, जबकि ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर पाया गया।

प्रस्तावना – किसी भी राष्ट्र के विकास व समृद्धि को जानना है तो शिक्षा के आधार पर जाना जा सकता है क्योंकि शिक्षा समाज में नैतिक, सामाजिक सांस्कृतिक और राजनैतिक विकास में सहायक होती है तथा नागरिक को वह आधार प्रदान करती है जिसके आधार पर अपने जीवन के लक्ष्य को या सपनों के महल को तैयार कर सकता है अर्थात शिक्षा सर्वागीण विकास करती है शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे देश प्रगति कर सकता है। इसलिए प्रत्येक बालक को शिक्षा की अच्छी व्यवस्था हो ताकि आने वाली पीढी समाज को नई दिशा प्रदान कर सके। शिक्षा व्यवस्था का आधार बालक अध्यापक और पाठ्यचर्या एवं विषयवस्तु है। बालक या विद्यार्थी देश के विकास हेतु बीज है जिनमें फलों से भरे वृक्ष बनने की सम्भावनाएं छिपी है इन बीजों की देखभाल और पोषण की व्यवस्था इस प्रकार की हो कि देश का और समाज साथ ही राष्ट्र का भविष्य उन्नत हो सके। इस भविष्य गामी महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी शिक्षा के द्वारा ही सम्पन्न हो सकती है।

इसी महत्व को स्वीकारते हुए भारत सरकार द्वारा हर व्यक्ति को साक्षर ही नही अपितु उच्च शिक्षा देकर स्वावलम्बी बनाना चाहती है इसीलिए सरकार की ओर से ऐसा कानून लागू किया गया जिससे हर बच्चा कानूनन शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी हो गया है। इससे हर राज्य की सरकारे अब हर बच्चे को शिक्षित करने के लिए विवश होगी। अर्थात शिक्षा के नाम पर किसी प्रकार की कोई कोताही नही होगी। 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के लक्ष्य हेतु 1 अप्रैल 2010 से जम्मू कश्मीर को छोडकर सम्पूर्ण देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम कानून को शत प्रतिशत लागू कर दिया।

शिक्षा अधिकार अधिनियम का सम्बन्ध बालक अभिभावक अध्यापक एवं प्रबन्ध समिति से है। इस अधिनियम का क्रियान्वयन शासन तथा शासन से जुडे लोग में मुख्यत अध्यापक वर्ग तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के बालक बालिका से सम्बन्धित है इसलिए में शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता एवं अभिवृत्ति पर कोई शोध अध्ययन हुए है। वे निम्नानुसार है-

शर्मा एवं अन्य (2012) ने बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की जागरूकता का अध्ययन किया अध्ययन का उद्देश्य बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में जागरूकता एवं दृष्टिकोण का अध्ययन करना था। न्यादर्श रूप में जबलपुर शहर के बी0एड0 कालेज के 50 पुरूष एवं 50 महिला प्रशिक्षणार्थियों को लिया साथ ही शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 50 पुरूष एवं 50 महिला अध्यापकों को लिया गया निष्कर्ष रूप में पाया कि बी0एड0 पुरूष एवं शासकीय अशासकीय विद्यालय के पुरूष शिक्षकों की शिक्षा अधिकार अधिनियम की जागरूकता में सार्थक अंतर है। जबकि बी0एड0 महिला एवं शा0 अशासकीय महिला अध्यापिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है। पुरूष बी0एड0 एवं शासकीय/अशासकीय पुरूष अध्यापकों के शिक्षा अधिकार के प्रति दृष्टिकोण में कोई सार्थक नही अंतर है इसी प्रकार दोनों समूहों महिला बी0एड0 एवं शासकीय/आासकीय महिला अध्यापिकाओं के शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति दृष्टिकोण में कोई अन्तर नही है।

वर्मा (2014) ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन किया अध्ययन का उद्देश्य अग्रलिखित है।

1. अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।
2. अल्पसंख्यक पुरूष एवं महिला अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।
3. बहुसंख्यक पुरूष एवं महिला अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन करना।

निष्कर्ष रूप में पाया कि- अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति में सार्थक अंतर है। इसी प्रकार द्वितीय एवं तृतीय उद्देश्य में भी पाया कि सार्थक अन्तर है। अर्थात शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति अल्प संख्यक एवं बहु संख्यक वर्ग के लोगों में समानता नही है।

भारद्वाज (2011) ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम विभिन्न वर्गो की जागरूकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य शिक्षक वर्ग एवं अभिभावक वर्ग की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षक प्रशिक्षण विभाग) दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत (उ.प्र.) भारत
** एसिस्टेन्ट प्रोफेसर (शिक्षक प्रशिक्षण विभाग) दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत (उ.प्र.) भारत

जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना था। अध्ययन में निष्कर्ष रूप में पाया कि शिक्षक वर्ग और अभिभावक वर्ग की शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नही होता हैं अर्थात दोनों वर्ग शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति सकारात्मक जानकारी रखते है। अध्ययन के परिणामों के आधार पर यह भी निष्कर्ष निकलता है। कि शिक्षण वर्ग और व्यवसायिक वर्ग शिक्षक वर्ग एवं बौद्धिक वर्ग और शिक्षक वर्ग एवं छात्र वर्ग की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में भी कोई सार्थक अन्तर नही है। इसी प्रकार अभिभावक वर्ग और व्यावसायिक वर्ग, अभिभावक वर्ग और बौद्धिक वर्ग तथा अभिभावक वर्ग और छात्र वर्ग की शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में भी कोई सार्थक अन्तर नही पाया गया है।

मलिक, एवं अन्य (2013) ने शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता का अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य किया। शोध का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना था। अध्ययन में निष्कर्ष रूप में पाया कि शहरी क्षेत्र के पुरूष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नही है। अध्ययन में यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्र के पुरूष एवं महिला शिक्षकों की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता में भी कोई सार्थक अन्तर नही होता है।

घोटे प्रशांत एवं अन्य (2013) ने शिक्षा अधिकार अधिनियम की मध्य भारत के शिक्षकों की जागरूकता पर अध्ययन किया जिसमें 35 से कम एवं अधिक आयु के शिक्षक एवं एकांकी एवं संयुक्त परिवार तथा अखबार पढने की आदत रोजाना एवं कभी-कभी इन शिक्षकों के तुलनात्मक अध्ययन में सार्थक अन्तर पाया साथ ही साथ शैक्षिक योग्यता एम0ए0/एम0एस0सी0 एवं व्यावसायिक योग्यता डिप्लोमा/बी0एड0 किए अध्यापकों के समूह में कोई अंतर नही पाया गया। इसी अध्ययन में लिंग महिला पुरूष, वैवाहिक स्थिति, ग्रामीण नगरीय स्टेट एवं सी0बी0एस0ई0 बोर्ड सरकारी एवं प्रायनेट स्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम पर कोई सार्थक अन्तर नही पाया गया।

शिन्दे (2014) ने अध्यापक एवं अभिभावकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया अध्ययन में पाया कि अध्यापक एवं अभिभावकों की जागरूकता में कोई सार्क अन्तर नही पाया गया इस आधार पर कह सकते है कि अध्यापकों के समान ही अभिभावकों में भी शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता पायी गयी।

निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि शिक्षा के अधिकार के प्रति बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक वर्ग की अभिवृत्ति अलग-अलग वर्ग शिक्षक एवं अभिभावकों की जागरूकता पर अध्ययन हुए है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के शिक्षकों की जागरूकता पर अध्ययन नही हुआ इसलिए प्रस्तुत शोध की आवश्यकता प्रतिपादित होती है।

समस्या कथन

बागपत जनपद के प्राथमिक शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन

अध्ययन के उद्देश्य-

1. ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
2. ग्रामीण पुरूष अध्यापक एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
3. ग्रामीण महिला शिक्षिकाओं एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
4. ग्रामीण पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
5. नगरीय महिला शिक्षिका एवं नगरीय पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।

परिकल्पना

1. ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
2. ग्रामीण पुरूष अध्यापक एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
3. ग्रामीण महिला शिक्षिकाओं एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
4. ग्रामीण पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।
5. नगरीय महिला शिक्षिका एवं नगरीय पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नही है।

शोध प्रविधि - प्रस्तुत शोध कार्य में विवरणात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत सर्वेक्षण प्रकार के अनुसंधान का प्रयोग किया। सर्वेक्षण विधि किसी सामाजिक अथवा शैक्षिक स्थिति या समस्या समाधान अथवा जनसंख्या के परिभाषित उद्देश्यों हेतु वैज्ञानिक तथा व्यवस्थित रूप में विश्लेषण की एक पद्धति है। जो वर्तमान स्थिति तथा समस्या का अध्ययन करने के साथ-साथ भविष्य के लिए सुझाव प्रदान करती है।

जनसंख्या एवं न्यादर्श - प्रस्तुत अध्ययन की जनसंख्या के रूप में बागपत जनपद के प्राथमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को लिया गया न्यादर्श चयन हेतु याद्दच्छिक न्यादर्श विधि का प्रयोग कर किया गया है।

उपकरण - शिक्षा का अधिकार जागरूकता मापन के लिए शोधकर्ता द्वारा स्व निर्मित मापनी का प्रयोग किया गया इस मापनी में 50 कथन थे जिसमें सही एवं गलत के रूप में कथनों पर जानकारी प्राप्त की गयी।

तथ्यों का विश्लेषण एवं व्याख्या - शोध के उद्देश्यानुसार शिक्षा का अधिकार जागरूकता मापनी पर प्राप्त आंकडों के आधार सकारात्मक एवं नकारात्मक कथनों पर 1 एवं 0 तथा 0 एवं 1 तथा अंक प्रदान कर तथ्यों विश्लेषित किया।

प्रदत्तों का विश्लेषण - तथ्यों का विश्लेषण करने के मध्यमान प्रमाण विचलन एवं टी परीक्षण तालिका द्वारा दो समूहों के माध्यों की तुलना को प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 1 ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण अध्यापक	30	40.66	5.15	0.188	सार्थक नही
नगरीय अध्यापक	30	41.13	12.52		

तालिका क्रमांक 1 से स्पष्ट है कि परिगणित टी अनुपात का मान 0.188 है जो कि 58 के स्वतंत्रता के अंश 0.05 स्तर पर सारणी के 2.00 से कम है। अत: शून्य परिकल्पना ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों में कोई सार्थक अन्तर नही है को

स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि ग्रामीण एवं नगरीय स्तर पर प्राथमिक विद्यालयों में महिला एवं पुरूष शिक्षकों की नियुक्ति के समय योग्यता समान होती है। साथ ही साथ प्रत्येक अध्यापक आज तकनीकी साधनों इन्टरनेट मोबाइल आदि के प्रयोग से जानकारी अद्यतन रखते है। एवं प्रशिक्षण में दोनों स्तर के अध्यापकों के समान पाठ्यचर्या होती है। इस लिए शिक्षा अधिकार के प्रति दोनों वर्ग के शिक्षकों की जागरूकता लगभग समान पायी जाती है।

तालिका 2 ग्रामीण पुरूष अध्यापक एवं नगरीय शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण पुरूष अध्यापक	15	40.67	2.38	4.23	0.01 स्तर पर सार्थक
नगरीय पुरूष शिक्षक	15	44.33	2.35		

तालिका क्रमांक 2 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 4.23 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 0.01 स्तर पर सारणी के मान 2.76 से अधिक है अत: शून्य परिकल्पना ग्रामीण पुरूष अध्यापकों एवं नगरीय पुरूष अध्यापकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को अस्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है ग्रामीण एवं नगरीय अध्यापकों की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया गया इसके लिए कई कारण हो सकते है। नगरीय अध्यापकों शहर में काम कम होता है तथा ग्रामीण शिक्षकों को निजी कार्य अधिक होते है इसलिए वे अपनी जानकारी को नगरीय शिक्षकों की अपेक्षा अधिक मात्रा में नही बढा पाते है इस कारण दोनों में सार्थक अंतर प्रतीत होता है।

तालिका 3- ग्रामीण महिला शिक्षिकाओं एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों की तुलना दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण महिला शिक्षिका	15	41.53	3.9	0.48	किसी भी स्तर पर सार्थक नही
नगरीय महिला शिक्षिका	15	42.4	5.70		

तालिका क्रमांक 3 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 0.48 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 28 के 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से कम है अत: शून्य परिकल्पना ग्रामीण शिक्षिकाओं एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है ग्रामीण शिक्षिकाओं एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है।

तालिका 4-ग्रामीण पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों की तुलना दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
ग्रामीण पुरूष शिक्षक	15	40.33	9.6	0.71	सार्थक नही
नगरीय महिला शिक्षिका	15	42.4	5.50		

तालिका क्रमांक 4 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 0.71 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 28 के 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से कम है अत: शून्य परिकल्पना ग्रामीण पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है ग्रामीण पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है।

तालिका 5-नगरीय महिला शिक्षिका एवं नगरीय पुरूष शिक्षकों की शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमानों की तुलना दर्शाने वाली तालिका

समूह	N	M	SD	t अनुपात	सार्थकता स्तर
नगरीय महिला शिक्षिका	15	42.4	5.70	1.49	सार्थक नही
नगरीय पुरूष	15	44.33	2.35		

तालिका क्रमांक 5 दर्शाती है कि परिगणित टी अनुपात का मान 1.49 है जो कि स्वतंत्रता के अंश 28 के 0.05 स्तर पर सारणी के मान 2.00 से कम है अत: शून्य परिकल्पना नगरीय महिला शिक्षिका एवं नगरीय पुरुष शिक्षकों के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूकता के मध्यमान में कोई सार्थक अंतर नही है को स्वीकृत किया जाता है। इस आधार पर कह सकते है नगरीय महिला शिक्षिका एवं नगरीय पुरुष शिक्षकों की शिक्षा के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नही है।

परिणाम एवं निष्कर्ष

1. ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षकों (महिला + पुरूष) की शिक्षा अधिकार की जागरूकता की तुलना में टी अनुपात 0.188 प्राप्त हुआ इसके आधार पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया इस आधार पर निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि प्राथमिक स्तर के ग्रामीण एवं नगरीय शिक्षक जिसमें महिला एवं पुरूष अध्यापक दोनों ही शामिल थे इनकी शिक्षा अधिक के प्रति जागरूकता समान है साथ ही सकारात्मक इस आधार पर कहा जा सकता है कि ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों कार्यरत होने से पूर्व शिक्षा एवं प्रशिक्षण समान होता है साथ पाठ्यचर्या भी समान है इसलिए दोनों समूहों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता समान पायी गयी है।
2. प्राथमिक स्तर के ग्रामीण एवं नगरीय पुरूष शिक्षकों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात का मान 4.23 पाया गया जो तालिका के मान से अधिक है। इस आधारपर शून्य परिकल्पना स्वीकृत होती है निष्कर्ष में पाया गया कि ग्रामीण एवं पुरूष अध्यापकों की शिक्षा के अकिार के प्रति जागरूकता में अंतर पाया गया इस आधार पर कहा जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षक नगरीय शिक्षकों की अपेक्षा कुछ कम जानकारी रखते है इसका मुख्य कारण ग्रामीण परिवेश में नगरों के समान सुविधाऐं जैसे साइबर कैफे आदि का अभाव होगा।
3. प्राथमिक स्तर की ग्रामीण एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात का मान से बहुत कम है इस आधार पर निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि ग्रामीण एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में अंतर नही है

इसका कारण यह हो सकता है कि महिला शिक्षिकाएं नगरीय क्षेत्र में वास करती हो तथा कार्यरत ग्रामीण विद्यालय में हो इसलिए ग्रामीण एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता में अंतर नही पाया गया अर्थात दोनों क्षेत्र की शिक्षिकाएं समान जागरूकता रखती है।

4. ग्रामीण पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात 0.71 प्राप्त हुआ इस आधार पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि प्राथमिक स्तर के पुरूष शिक्षक एवं नगरीय महिला शिक्षिकाओं का शिक्षा एवं प्रशिक्षण एक समान ही प्राप्त हुआ है इसलिए दोनों क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाओं की जागरूकता में समानता पायी गयी है।

5. ग्रामीण महिला शिक्षकाओं एवं नगरीय पुरूष शिक्षकों की शिक्षा अधिकार के प्रति जागरूकता की तुलना में टी अनुपात का मान 1.49 प्राप्त हुआ इस आधार पर शून्य परिकल्पना को अस्वीकृत किया गया तथा निष्कर्ष रूप में कहा सकता है कि दोनों ही क्षेत्रों के शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों को समान प्रशिक्षण मिला है। साथ ही निवास स्थान भी इस समानता के प्रति जिम्मेदार कारक है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. वर्मा ब्रजेश कुमार (2014) नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रति अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन भारतीय आधुनिक शिक्षा वर्ष 34 अंक 4 अप्रैल 2014 पेज नं0 5-12
2. शर्मा एवं अन्य (2012) बी0एड0 प्रशिक्षणार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में जागरूकता का अध्ययन रिसर्च लिंक वर्ष 11 अंक 10 दिसम्बर 2012 पेजन नं0-10610
3. रावण कर नेत्रा (2012) शिक्षा का औचित्य एवं क्रियान्वयन रिसर्च लिंग वर्ष-11 अंक 10 दिसम्बर 2012 पेज नं0 104-105
4. भारद्धाज ऋतु (2011) शिक्षा का अधिकार अधिनियम विभिन्न वर्गो की जागरूकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन भारतीय आधुनिक शिक्षा वर्ष 31 अंक 4 अप्रैल 2011 पेज नं0-95-101
5. सिंह प्रदीप कुमार (2011) शिक्षा का अधिकार एक विश्लेषण भारतीय आधुनिक शिक्षा अंक वर्ष 32 अंक 2 अक्टूबर 2011 पेज 86-92
6. शर्मा उषा (2013) शिक्षा का अधिकार और शिक्षक की भूमिका भारतीय आधुनिक शिक्षा अंक वर्ष जौलाई 2013 पेज नं0-38-44
7. रायजादा रमाकर (2012) शिक्षा का अधिकार और स्कूली शिक्षा की जन उपलब्धता स्वीकार्यता एवं सामंजस्यता भारतीय आधुनिक शिक्षा अंक वर्ष 32 अंक 3 जनवरी 2012 पंज नं0-47-64
8. मुछाल महेश कुमार (2014) शिक्षा का अधिकार कानून एक विश्लेषण विद्या जर्नल आफ क्रियेटिव थिंकिंग वर्ष 2 नम्बर 1 अप्रैल सित. 2014 पेजन नं0-67-71
9. थोटे प्रशांत एवं अन्य (2013) राइट टू एज्यूकेशन एक्ट: एन फलिसिस के शिक्षकों आफ टीचर्स एवेयरनेस इन सेन्ट्रल इंडिया इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च वाल्यूम अंक 3 पेज नं0-184-187
10. यशवला नीतू (2015) राइट टू एज्यूकेशन (आरटीई) ए क्रिटीकल एपरीशल इन्टर नेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च वर्ष 2 अंक 1 जनवरी 2015
11. शिन्देलक्ष्मण (2014) शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रति बालकों एवं शिक्षकों की जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन शब्द ब्रम्ह वर्ष 2 अंक 3 पृष्ठ 42-45

****

NSS Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

मुगलकाल की चित्रकला में शारीरिक भाव-भंगिमाओं की प्रासंगिक विशेषता

डॉ. सचिन सैनी *

प्रस्तावना – मुगलकाल की चित्रकला पर शारीरिक भाव-भंगिमाओं एवं प्रासंगिक विशेषताओं के दृष्टिगत विचार करें तो पाते हैं कि- 'ईरानी शैली में मानवकृत्तियों के चेहरे प्राय: गोल तथा पौने दो चश्म बनाये गए हैं, जिनमें छोटी आँखें, पतली-लम्बी नाक तथा पतले अधर वाले छोटे मुख-विवर का चित्रण किया गया है। चेहरे गोलाईयुक्त हैं और उनमें गठनशीलता का अभाव है, अत: फूले-फले कपील तथा गोल चिबुक दिखाई पड़ती है। चेहरे एक ही वक्राकार से बनाये हैं।'[1] साथ ही – 'स्त्री तथा पुरूष आकृतियों में रूप का अंतर दर्शाने के लिये केश-विन्यास, बालों तथा दाड़ी-मूछों आदि से पृथकता दर्शायी गई है अन्यथा उनकी शारीरिक रचना में भेद नहीं दर्शाया गया है।'[2]

चित्र– अकबर हाथी पर नाव से बने पुल को पार करते हुए, मुगलकाल की चित्रकला 1561-

मुगलकालीन चित्रकला व्यक्ति-चित्रों के लिए भी ख्यात है – 'अकबर को व्यक्ति-चित्रों या शाबीदों का बहुत शौक था। उसने अपने तथा अपने दरबारियों के व्यक्ति-चित्र बनवाये। इस प्रकार राज्य के विशिष्ट और महान व्यक्तियों और पूर्व-पुरुषों के चित्रों का एक बड़ा मुरक्का (एलबम) उसने तैयार कराया।'[3] पोथी चित्रों के अतिरिक्त अकबर के समय में बादशाह विदूषकों, दरबारियों, संतों, साधुओं आदि की शबीहां तैयार की गईं। अब्बुलफज़ल ने लिखा कि, जो लोग मर गये थे उनको इन चित्रों से नवीन जीवन और जीहवित लोगों को अमरत्व प्राप्त हो गया।'[4]अकबरकालीन चित्र-शैली की यह विशेषता है कि-'चित्रतल पर वास्तु, पहाड़ों, वृक्षों तथा मानवाकृतियों की प्राय: भीड़-भाड़ देखी जा सकती है। वास्तु में खण्डों को चित्र-तल पर इस प्रकार व्यवस्थित किया गया है कि घटना की लमिबाई को सहजता से प्रकट किया जा सके। इससे चित्र-सौन्दर्य निखरा है, व अन्तराल में नीरसता व्याप्त नहीं हो पाई।[5]

मुगलकाल में व्यक्ति-चित्रों की सुदीर्घ परम्परा रही है। अकबरकालीन व्यक्ति-चित्रों के सम्बन्ध में विशेषज्ञ अभिमत है जो यह बताता है कलाकार की तूलिका से अभिव्यक्त चित्र की 'शारीरिक भाषा' का उपयोग समाजिक-राजनीतिक हित में भी किया गया है। 'उसने अपना व्यक्ति-चित्र भारतीय परम्परा के अनुसार तिलक धारण करते हुए तथा माला लिये हुए चित्रित कराया था जिससे उसकी प्रजा देवरूप में समझ उसकी पूजा करे।'[6]

अकबरकालीन व्यक्तिचित्रों को तीन भागों में बांटा जा सकता है। लघुमाप के आरंभिक व्यक्तिचित्र, झरोखादर्शन के व्यक्ति-चित्र तथा पूर्णकद के व्यक्तिचित्र।.....तीसरे प्रकार के पूर्णकद अकेले खड़े व्यक्तिचित्र हैं। यही व्यक्तिचित्र मुगलकालीन अकबर के समय के व्यक्तिचित्र हैं। जिनमें व्यक्तिचित्र के सभी गुण, आकार रेखांकन, भावाभिव्यक्ति, सादृश्य अंकन, वस्त्राभूषण, रंग-योजना, परिवेश चित्रण तथा शैली निर्धारण की दृष्टि से संसार के कला-इतिहास में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं।[7]

चित्र– रसिकप्रिया पांडुलिपि, मुगलकाल की चित्रकला, 17th-century

मुगल परम्परा में जहांगीर को भी चित्रों के पारखी होने की बात मिलती

* स्कॉलर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) भारत

है। जहांगीरनामा में वह लिखता है – 'मेरी चित्र के प्रति रुचि और पहचान यहाँ तक बढ़ गयी है कि प्राचीन एवं नवीन उस्तादों में जिस किसी का काम मेरे सामने आता है, मैं उसका नाम सुने बिना ही झट से उसे पहचान लेता हूँ कि यह अमुक उस्ताद का बनाया हुआ है। यदि एक चित्र में कई चेहरे हो और एक चेहरा अलग-अलग चित्रकार का बनाया हुआ तो भी मैं जान सकता हूं कि कौन-सा चेहरा किसने बनाया है, और यदि एक ही चेहरे में आँख किसी की भवें किसी की बनाई हुई हो तो भी मैं पहचान लूँगा कि बनाने वाले कौन है?'[8] जहांगीरकालीन व्यक्तिचित्रों में प्रयुक्त 'शारीरिक भाषा' की बात करें तो यह माना गया है कि जहांगीर ने भी अपने उद्देश्य को साधने के लिए चित्रकला की 'शारीरिक भाषा' को माध्यम बनाया। 'वह अपने व्यक्ति-चित्रों में संसार का सर्वश्रेष्ठ देवोपम गुणों से युक्त व्यक्ति प्रमाणित करना चाहता था। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उसने अपने व्यक्ति-चित्रों में आभामण्डल को चित्रित कराया। पृथ्वी के गोले पर खड़े होकर तीर-कमान से मलिक अम्बर के विनाश के प्रतीकात्मक चित्रण में अपना व्यक्ति-चित्र बनवाया।.....अत: उसका उद्देश्य अपने आप को विश्व-वंदनीय प्रमाणित करने का था अत: इस काल के व्यक्ति-चित्रों में भावात्मकता का समावेश उसे उसकी मौलिकता से हटा ले गया। फिर भी इस युग में व्यक्ति-अंकन में आंतरिक चरित्र-अंकन और कलात्मकता में इतनी पूर्णता आ गई थी कि वह अपने सर्वोच्च शिखर पर आसीन हो चुकी थी।'[9]

इस काल की चित्रकला में चेहरों की बनावट को पूर्ववर्ती काल से तनिक भिन्नता दी गई है – 'इस काल में चेहरे प्राय: एक चश्म बनते थे जबकि अकबर काल में डेढ़-चश्मी चेहरे भी बहुत बने हैं। एक चश्म चेहरे में उसके प्रत्यंगों अर्थात् ललाट, नाक, ओठ और ठुड्डी की सीमान्त रेखा बन जाती है। परदाज उत्कृष्ट लगाया गया है। जहाँगीर की मुखाकृति के चारो ओर दिव्य प्रकाश का वृत्त देने की परम्परा चल पड़ी थी। यह भारतीय प्रभाव के कारण हुआ। मुखाकृतियाँ शहंशाह के अलावा दरबारियों, कवियों, संगीतज्ञो, कलाकारों, नौकरों, शिकारियों, ज्योतिषियों तथा शिल्पियों आदि की भी बनती थी। स्त्रियों की भी मुखाकृतियों बनती थी।'[10] इस काल में फुटकर चित्रों की भी प्रथा रही- 'जहाँगीर ने अपने मनोरंजन के अतिरिक्त दया, सहृदयता, मैत्री, क्रोध आदि के संतोषार्थ भी चित्रों का निर्माण कराया जिसका उल्लेख उसने अपनी आत्मकथा में स्वयं किया है। जहाँगीर ने लिखा है कि – विशनदास ने मेरे भाई यशाहअब्बास की ऐसी सच्ची शबीह लगाई कि मैंने जब उसे शाह के सेवकों को दिखाया तो वे मान गए।'[11]

जहांगीर के काल में चित्रों में समूह-चित्रों और शिकार आदि के चित्रण में आनुपातिक 'शारीरिक भाषा' के आकार-प्रकार प्रभावशाली है। मानव व मानवेतर आकृतियों का परिप्रेक्ष्य उल्लेखनीय है- 'ग्रुप में कई मानव आकृतियाँ भी चित्रित की गयी है। एक अन्य व्यक्ति ने शिकार किया हुआ हिरन कन्धों पर लाद रखा है। अन्य आकृतियों की अपेक्षा सम्राट की आकृतियों में चेहरे के भावों को अत्यधिक प्रभावशाली तथा वास्तविक रूप में चित्रित किया है। पशु, पक्षी चित्रण तथा पहाड़ो के ऊँचाई में प्रस्पेक्टिव का प्रयोग किया है।'[12]

विद्वानों ने माना है कि- 'शाहजहाँ कालीन पशुओं से सम्बन्धित चित्र अकबर तथा जहाँगीर के चित्रों की अपेक्षा अधिक परिपक्वता लिए हुए एवं भीड़ भाड़ युक्त दशाये गये है शिकार का उतेजनापूर्ण दृश्य तथा प्रत्येक व्यक्ति के चहरे पर घबराहट एवं भय के भाव स्वत: ही देखे जा सकते हैं।'[13] इतना ही नहीं पक्षियों के हाव-भाव दर्शाने में भी बड़ी कुशलता का उपयोग किया गया है। 'मनोवैज्ञानिक रूप से उनमें मनोभावों का जो भावपूर्ण चित्रण किया है वह अन्यत्र दुर्लभ है। इन चित्रों में तुर्की चिड़िया, बाज पक्षी, सारस, जेवरा तथा साज पक्षी इसका सर्वोत्तम उदाहरण है।[14]

शाहजहांकालीन चित्रांकन में शारीरिक संरचना में गठन का लोच घटने लगता है। – 'शाहजहाँ-कालीन चित्रों में विशेष रूप से रेखांकन बेजान और शिथिल पड़ने लगता है तथा हाथ, पैर और शरीर की भंगिमाओं से जकड़ और कठोरता आने लगती है।'[15] अन्य विद्वान का विश्लेषण है कि इस काल में – 'चित्रों में बहादुर सम्राट की आकृति को मध्य में चित्रित किया है। अधिकांश चित्रों में घोड़े पर सवार या खड़े हुए चित्रित किये गये हैं। प्रकृति के सूक्ष्म चित्रण के साथ पशुओं के चेहरे की भाव भंगिमाएँ तथा शिकार का उत्तेजना पूर्ण वातावरण चित्रित किया गया है।'[16] इस काल के बारे में यह भी उल्लेखनीय हो जाता है कि – 'केवल मुगल सम्राटों के मिथ्या अभिमान के कारण ही मुखाकृति चित्रण का विकास नहीं हुआ बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी इन सम्राटों ने मुखाकृति चित्रण में दिलचस्पी दिखाई। साधारणत: सभी मुखाकृति चित्र बहुत उत्तम नहीं हैं परन्तु मुगल शासकों के चित्र उत्तम हैं। राजसी पुरुषों के मुख के चारों और एक सुनहरा प्रभा मंडल अंकित किया गया है, जिससे उनका उच्च पद तथा वैभव स्पष्ट हो जाता है। कभी-कभी एक ही चित्र में कई पीढ़ियों के बादशाहों को भी एक साथ बैठा बनाया गया है, यद्यपि एक ही प्रकार के चित्र कालक्रम तथा ऐतिहासिक दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। अधिकांश चित्रों में अकेली खड़ी हुई आकृतियाँ ही छविचित्रों में बनायी गई हैं।'[17] इस प्रकार हम पाते हैं कि मुगल चित्रों का विषय दरबारी शान-शौकत, बादशाहों की रुचियां, शबीह आदि रहा है। धार्मिक चित्रण, नायक-नायिका भेद, राग-रागिनी व जन-जीवन के विषयों को प्राय: मुगल चित्रकला में स्थान नहीं मिला।[18]

मुगल काल में एक चश्मी चेहरों के अंकन की एक सामान्य परिपाटी बन गई थी, क्योंकि मुगल चितेरों को चेहरे की साफ लिखाई के लिए एक चश्म चेहरा अधिक सुविधाजनक लगा।[19] हालांकि फरहा दीबा का मानना है कि- 'मुगल चित्र कला में यथावत एवं वास्तविक चित्रण पर विशेष बल दिया गया। मुगल चित्रकार आकृति में चेहरे को भिन्न-भिन्न प्रकार से बनाते थे। जिनमें डेढ़ चश्म चेहरे, सवा चश्म चेहरे, एक चश्म ...... चेहरा आदि।'[20]

शारीरिक हाव-भाव को बादशाह के चरित्र-चित्रण का माध्यम बनाने में इस काल के चित्रकार ने काफी हद तक सफलता हासिल की है। इसलिए यह माना गया है कि- 'मुगल चित्रों में मोती जैसी चमक ही नहीं दिखाई पड़ती वरन् चित्र के व्यक्ति का चरित्र ही लिख दिया गया है। चित्रकारों को मानव प्रकृति का ज्ञान था। व्यक्ति के चरित्र या स्वभाव का इतनी सफलता से अंकन किया है कि जैसे चित्रकार ने चित्र के व्यक्ति के हृदय में झाँककर ही देख लिया हो। यह हो सकता है कि समसामयिक इतिहासकारों तथा लेखकों ने बादशाह को खुश करने के लिये उसके विषय में बढ़ा-चढ़ाकर लिख दिया हो, परन्तु चित्रकार ने निडर होकर अपनी अभिव्यक्ति की है। उसने अचेतन रूप से ही व्यक्ति के कृत्यों के अनुसार ही उसको रूप और आकार प्रदान कर सुंदर, क्रूर, निर्दयी, दयालू, सच्चा, झूठा, निर्बल या सशक्त बनाया है। हाथों की बनावट तथा आँख से चित्र के भाव प्रकट हो जाते हैं।'[21]

समग्र रूप से विशेषज्ञों का मत है कि मुगल काल में विभिन्न मुद्राओं के अंकन, 'शारीरिक भाषा' के प्रयोग और अंग-भंगिमाओं में यथार्थता के साथ सजीवता और कलात्मक गुणवत्ता का ध्यान रखने का प्रयास चित्रकार ने किया है। – 'हस्त-मुद्रायें और अंग-भंगिमाओं की दृष्टि से मुगल चित्रों में यथार्थता का अधिक समावेश है। हस्तमुद्राओं में सजीवता और भावभिव्यक्ति की क्षमता है। हस्तमुद्राओं तथा अंग-भंगिमाओं से चित्रकार ने चित्र की योजना में एक नाटकीयता उत्पन्न कर दी है। मुगल व्यक्ति-चित्रों में आकृति

अधिकांश खड़ी मुद्रा में बनायी गई हैं। सामान्यता खड़ी, बैठी, झुकी, सलाम या मुजरा आदि करती अनेक प्रकार की अंग-भंगिमाओं में मानवकृतियों को चित्रांकित किया गया है। हाथों, उंगलियों तथा पैरों आदि की बनावट सुंदर और सजीव है। मुगल दरबार में यूरोपियन कला का प्रभाव बढ़ रहा था परन्तु फिर भी मुगल कला अपना निजी अस्तित्व बनाए रही और उसने अपनी आलंकारिक योजना, संगत रंगों की शीतलता तथा सुमधुर कोमलता, सीमारेखा, के साथ गोलाई, उभार या डौल की विशेषता को न जाने दिया। अन्ततः पाश्चात्य प्रभाव मुगल कला की गति को न मोड़ सका।'[22] प्रख्यात विद्वान रायकृष्ण दास के अनुसार - 'विकसित मुगल शैली मुख्यतः शबीह की कला है जिसमें चित्रकारों को सूरत के साथ-साथ सीरत दिखाने में सफलता मिली है।'[23]

सारांश के रूप में हम पाते हैं कि मुगलकाल भले ही राज्याश्रय और व्यक्तिचित्र केन्द्रित रहा हो परन्तु चित्रकार की अपनी विशेषताओं से इस काल का व्यक्ति-निरूपण विशिष्ट बन गया है। अकबर, जहांगीर, शाहजहां आदि के काल तक यद्यपि ये निरूपण बदलाव पाते गये किंतु शारीरिक संरचना की अभिव्यक्ति का मूल बरकरार रहा। जो मानव और मानवेतर दोनों प्राणियों के चित्रण में देखने को मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर,भारतीय चित्रकला का इतिहास,पृष्ठ-121,11वां,संस्करण,बरेली,प्रकाश बुक डिपो,2006.
2. वही,
3. वही, पृष्ठ-141.
4. वही, पृष्ठ-143.
5. अग्रवाल,आर.ए.,कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-131,मेरठ,इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस,1984.
6. द्विवेदी, डॉ. प्रेमशंकर, भारतीय चित्रकला के विविध आयाम, पृष्ठ-76, नेहा पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स,2007.
7. द्विवेदी, डॉ. प्रेमशंकर, भारतीय चित्रकला के विविध आयाम, पृष्ठ-77, नेहा पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स,2007.
8. अग्रवाल,आर.ए.,कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-133,मेरठ,इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस,1984
9. द्ववेदी, डॉ. प्रेमशंकर, भारतीय चित्रकला के विविध आयाम, पृष्ठ-79, नेहा पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, 2007
10. अग्रवाल,आर.ए.,कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-135,मेरठ,इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस,1984
11. वर्मा,डॉ.अविनाश बहादुर,भारतीय चित्रकला का इतिहास,पृष्ठ-145,146,11वां,संस्करण,बरेली,प्रकाश बुक डिपो, 2006
12. दीबा, डॉ. फरहा, मुगल चित्रकला, पृष्ठ-13, दिल्ली, स्वाति पब्लिकेशन्स, 2012.
13. वही, पृष्ठ-15.
14. वही, पृष्ठ-20.
15. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर व अन्य, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-154, 11वां संस्करण, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, वर्ष-2006
16. दीबा, डॉ. फरहा, मुगल चित्रकला, पृष्ठ-12-13, दिल्ली, स्वाति पब्लिकेशन्स, 2012
17. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर व अन्य, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-159, 11वां संस्करण, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, वर्ष-2006
18. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-135, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984
19. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-139, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984
20. दीबा, डॉ. फरहा, मुगल चित्रकला, पृष्ठ-32, दिल्ली, स्वाति पब्लिकेशन्स, 2012
21. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-160, 11वां सं, बरेली, प्रकाा बुक डिपो, 2006
22. वही, पृष्ठ-166.
23. द्ववेदी, डॉ. प्रेमशंकर, भारतीय चित्रकला के विविध आयाम, पृष्ठ-94, नेहा पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, 2007म वही, पृष्ठ-166.

****

Emergence of Political Parties in Central Province and Berar

Dr. Nilesh Sharma *

Introduction - The central province and Berar had played an important role in shaping the poltical status of the country. The formation of this province took place in two steps. In the first step, the central province was formed while in the next step, Berar was added with central province. The central Province was established in 1861 by including the Sagar-Narmada territory and Nagpur which was seized by the company rule. These both territories were established as a "non regulation" state under the chief commissioner. According to the act of 1861 the constituencies which Central province would be comprised of were Nagpur, Chanda, Bhandara, Chhindwara, Wardha, Balaghat, Bilaspur, Raipur, Durg, Sagar, Damoh, Jabalpur, Mandla, Seoni, Narsinghpur, Betul and Hoshangabad. Nimar was included in the province in 1864. In 1905, Berar was also included in the province. In this way, Central Province and Berar was formed in 1903. During the revolution of 1857, many socialist and voluntary organizations and groups were established influenced by nationalist sentiments. Some of them were Hitkarini sabha, Vidhya-prasarak sabha, Bal Bodhini sabha, Anjuman-Islamia-Bardhini sabha etc.

Regional impact of the Indian national congress - When Indian National Congress was established in 1885, it had an immediate effect on Central province and Berar. Indian National congress being the first political organization was very instrumental in the political activities of the country.Indian national congress was the most important among all the political organizations of the country. Its branches were distributed all over India. It was a central committee with 350 members. It elected the executive council for one year under which, various sub-councils were present. There was a constant increment in the members from Central province and Berar in the congress sessions that were held to solve the political issues every year. This influenced the polity of central province and Berar. As a result, the units of congress were established in Central province and Berar and congress committees were formed on the state level. Eventually, the congress units were organized on regional, district and rural levels as well.

The effect of establishment of congress committees in Central province and Berar was that the representatives from this province consistently participated in all the annual congress sessions. Every year, the number of such representatives increased gradually. In 1888, the merchants of Nagpur and Berar assembled to protest against the tax on clothes and symbolized the swadeshi andolan inspite of it not being much significant by that time. In order to encourage the national movements, a newspaper named as Berar Samachar Patra was also launched in 1864. As a consequence of arousal of nationalistic sentiments in Berar, the seventh congress session in 1891 was held at Nagpur and the thirteenth congress session in 1867 was held at Amravati. In the Lucknow congress session of 1899, central province and Berar got the right to send 3-3 delegates each in which Bapurao dada Khidke, Bhaghirath Prasad, H.V Kelkar, Devrai Vinayak, M.V. Joshi and G.S Khaparde were elected. In 1900 Lahore session, Bapa Rudrawada, Krishnarao Vamanrao, G. Govind whereas from Berar M.V. Joshi, Devrai Vinayak and Bapurao Khike were the delegates. In 1901 Calcutta session, R.N. Mudholkar was appointed as secretary and remained on that position for years.

After the formation of Central Province and Berar in 1903 and visit of Lokmanya Tilak in 1904, the situation of the province got heated up. By the year 1906 the agitation in congress against the British rule got intensified and in the Surat session of 1907, congress was divided into two groups namely 'Naram Dal' and 'Garam Dal'. This separation also affected Central Province and Berar where the leaders from Naram Dal were Gangadhar Rao Chitnavis, RN Mudholkar and Moropantji Joshi. In the Garam dal, the staunch supporter of Tilak, Dadasahab Khaperde, B.S Munje and Madhavshridhar were the leaders. This is how the province became a political centre of both ideologies. After the Marley-Minto reforms of 1909, the demand of granting Central province and Berar a status of a complete province was put ahead at Lahore session. The political activities took a pace after the release of Lokmanya Tilak from confinement in 1914. After the beginning of Home-rule league, its divisions were established at Jabalpur in 1915 and at Nagpur by Tilak in 1916.

People like Dr. Harisingh Gaur, Pt. Ravishankar Shukla, Dr. E Raghvendra Rao, G.P Deshmukh, Madhavrao Sapre, Balwant Anand Bhinde, Balwant Vasudev Ane, Vishnu Dutt Shukla, P.R. Deshmukh, B.S Munjaje, Damodar Rao

*Guest Faculty (History) Rani Durgawati University, Jabalpur (M.P.) INDIA

Shrikhande, Keshav Baliram etc. had contributed a lot in the advancement of Home-rule league. In the year 1919, Vishnu Dutt Shukla, Madhavrao Sapre and Makhnalal Chaturvedi with their combined efforts, launched a weekly journal named 'Patrika' which gave a voice to the people of that region. This journal set new records in the field of journalism. As a result of passing of 1919 act, the status of Central Province and Berar was changed from being a commissioner-ruled state to a complete province. The Montagu-Chelmsford reforms crushed the hopes of people of India. Rowlett act and Jallianwala massacre created a sense of strong agitation among the people. In the 1920 congress session of Nagpur, apart from approaval of Gandhiji's non-cooperation movement, the constitution of congress was also modified.

This modification of constitution also had an impact on the constitution of Central Province and Berar. As a consequence of constitutional changes, Central Province and Berar also formed its committees and sub committees. State and district congress committees were established. On the basis of language, Central Province and Berar was divided into three parts, 'Hindustani', 'Marathi' and 'Berar'. The headquarters of Hindustani congress committee was at Jabalpur, which consisted of 14 districts namely, Jabalpur, Mandla, Sagar, Damoh, Seoni, Balaghta, Narsighpur, Chhindwada, Hoshangabad, Betul, Nimar, Raipur, Bilaspur and Durg. Marathi committee had its headquarters at Nagpur which had the districts of Nagpur, Chanda, Wardha and Bhandara. The Berar congress committee which had its headquarters at Amravatai had 4 districts namely, Amravati, Akola, Yavatmal and Buldhana. All the three committees had individual presidents. The president of Hindustani madhyaprantiye congress committee was Dr. E Raghvendrarao, secretary was Seth Govind Das. The president of Marathi central province committee was Dr. B.S Munje and Berar committee president was M.S. Ane.

National movements in Central Province and Berar - In 1920, when Gandhiji called out for non-cooperation movement, the province totally dedicated itself to the movement. Some notable people who took an active part in the movement from Hindustani committee were, Seth Govind Das, Pt Ravishankar Shukla, Pt. Dwarka Prasad Mishra, Makhanlal Chaturvedi, Dr. E Raghvendra Rao, Hari Singh Gaur. From Marathi Madhya prant, Dr. B.S Munje, Gangadhar Rao Chitnavis, Sir Moropant Joshi, Seth Jamnalal Bajaj, Balwant Rao Deshmukh. From Berar, M.S. Ane, Vir Vamanrao Joshi, Brajlal Biyani and Dada Saheb Sahastrabudhe. Under the non-cooperation movement and Boycott movement, Seth Govind Das and Dr. E Raghvendra Rao resigned from the posts of lawyers. In 1919, under the Dual governance act, states were run under the ministry and cabinet which were given very limited powers.

For the very first time, in 1920, after the commencement of Dual governance, a common election was announced which was boycotted by the congress while welcomed by the moderate group. People did not take any interest in voting. No candidate came forward from the representative regions. Only one candidate represented 26 regions out of 43 and thus was elected without opposition because of which, the moderates were the only party in the legislative assembly. The other small parties did not have any definite programs and so the moderates were the only prime party the aim of which was to cooperate with the British government. In the year 1923, the Swaraj Dal was established. Its objective was to enter the legislature and paralyze the dual governance system. The Swaraj Dal was also established in Central Province and Berar after which the elections of legislative assembly were held. As a result, out of 54 seats, Swaraj Dal achieved 41 seats.

Dr. B.S. Munje was appointed as the leader of Swaraj Dal. But after the Swaraj Dal refused to form a cabinet, the governor of the province, Frank Sly appointed the moderate members, M.S. Chitnavis and Hifazat Ali as the ministers. Swaraj Dal always attempted to dissolve the dual governance by policies like presenting the no-confidence motion bill against the cabinet, rejecting the budget, deduction in the salaries of ministers etc. During the second world war in1939, the British government involved India in the war without consulting in the congress. This was strongly opposed and the cabinet resigned from the congress in October 1939. As a consequence, the ministry of Central province and Berar also gave its resignation on November 8, 1939. When Gandhiji began the satyagrah, the first person to join it was Vinoba Bhave. For the purpose of this movement, the volunteers were enlisted in the Central Province and Berar as well. To prepare the volunteers for this movement, 'Satyagrahi training camps' were set up. Numerous people from the province got themselves arrested and made this movement a success.

In 1942, Gandhiji initiated the quit India movement and raised the slogan of 'do or die'. This was the final attempt to get rid of the British dominance in the country. The British government triggered numerous acts to suppress this movement which got a strong reaction against it and congress was blamed for it. As a symbol of protest, Gandhiji went on a 21 day fast. On the 6th day of this fasting, three chief members of viceroy council, H.P. Modi, M.R. Sarkar and M.L. Ane resigned from the council membership against the policies of government. Constituent assembly was formed under the cabinet mission of 1947 in which, 17 representatives from central province took part and made the state proud. Muslim league created hurdles and demanded a separate state. Finally, after the passing of the independence bill on 14 August 1947, India gained independence and a status of a sovereign state. In the central province and Berar, the chief minister, Pt. Ravishankar Shukla hoisted the tricolor on the famous Sitaburdi fort in Nagpur on the next day.

Conclusion - The historical accounts presented above shows that the Central Province and Berar played an essential role in the political activities in the country and has had a major contribution in the national freedom

struggles and movements. The numerous people who took an active and significant part in establishing the political parties in the region were very much influential in driving the people of region towards the awareness of national plight under the British regime. The launching of various journals was also instrumental in awakening the sense of independence and self importance among the people in general. Not only Central Province and Berar was geographically in the centre of the nation but was also a centre of political importance. The province always maintained its relevance in the national politics by being coherent with the situations that prevailed in the country and thus it proved to be neck and neck with the entire nation in its struggles, movements and thus the achievements.

References :-

1. Baker, David, E.U., "Changing Political Leadership in an Indian Province: The Central Provinces and Berar, 1919-1939", Oxford University Press, Calcutta, 1979, Pg. 125-131.
2. Ibid, Pg 144.
3. Ibid, Pg. 179-182.
4. Sen, S.N., "History of the Freedom Movement in India (1857-1947)", New Age International, New Delhi, 1997, Pg. 68-73.
5. Ibid, Pg. 172-175.
6. Tomlinson, B.R., "The Indian National Congress and the Raj, 1929-1942", Macmillan Press Ltd., Madras, 1976, Pg. 91-92.
7. Pateriya, Raghaw Raman, "Provincial Legislatures and National Movement: A Study in Interaction in Central Provinces and Berar, 1921-37", Northern Book Centre, 1991, Pg. 54-60.
8. Ibid, Pg. 109-111.
9. Ibid, Pg. 155-157.
10. Government of Central Provinces and Berar, "Through Freedom Towards Peace & Progress: Being a Review of what Government Strove for and Achieved During These Shaping Years 1946 to 1949, Pg. 97.

****

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वर्तमान में प्रचलित इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता एवं उनके हानिकारक प्रभावों का अध्ययन

वरूणेन्द्र मिश्रा *

शोध सारांश – पिछले दशक में प्रौद्योगिकी ने बैंकिंग क्षेत्र का ढ़ाचा ही पूरी तरह बदल दिया है। कोर बैंकिंग, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, फोन बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि ने बैंकिंग को अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनाया है। एनईएफटी, आरटीजीएस, चैक ट्रनजैक्शन आदि ने न केवल बैंकिंग क्षेत्र में क्रांति ला दी है, बल्कि बैंकिंग के ढ़ाचे की नींव का पत्थर साबित हुआ है। बैंकिंग द्वारा दी जा रही वर्तमान सुविधाओं से धन के अंतरण में लगने वाले समय में कमी आई है वहीं बैंकिंग सेवाओं की सरल व सरस सुविधाओं का फायदा भी ग्राहकों को आसानी से मिल रहा है। वर्तमान में इंटरनेट बैंकिंग अपने ग्राहकों को लुभाने में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ रहा है। जहाँ न केवल ग्राहकों को घर बैठे बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है वही फिजूल समय की बर्बादी को रोक सकते है। इंटरनेट बैंकिन ने समय की बाध्यताओं को समाप्त कर दिया है। अब बैंक 24x7x365 के आधार पर अपनी बहुत सी सेवाओं को बैंक एक ही स्थान से ग्राहकों को उपलब्ध करा सकते है। जिसमें ऑनलाईन ऋण के लिए आवेदन, नए खाता खोलने लिए, रिटेल लोन फैक्टरी, नगदी निकासी के लिए एटीएम आदि की मूलभूत सुविधाएं बैंकों ने अपने ग्राहको के लिए प्रदान की है। एसएमई लोन फैक्टरी की स्थापना बहुत से नवोन्मेषी कदम हैं जिन्होंने ऋण स्वीकृति एवं वितरण में लगने वाले समय को कम किया है।

4. वृक्षों की कटाई पर रोक लगाना।
5. पर्यावरण के सुरक्षा से मानव का जीवन अधिक सुरक्षित है।

समाधान – पर्यावरण वास्तव में मानव जीवन का संरक्षक है। जहाँ व्यक्ति की जीवनदायिनी आक्सीजन प्राप्त होती है। इसका लोक जीवन व्यक्ति संस्कृति के मूल्यों की विधि को आत्मसात करता है। इन्हीं सांस्कृतिक परम्पराओं के कारण मानव का विकास संभव हो सका है। ऐसी मान्यताओं ने मानव को जीवन जीने के लिए ललायित कर दिया हैं। ऐसी अनेक विसंगतियों के परिणामस्वरूप मानव का विचार और ऐतिहासिक परिदृष्य मनुष्य के लिए अधिक उपयुक्त होता जा रहा है।

इस पर्यावरणीय संस्कृति और समाज की अनेक विषमाताओं के परिणाम स्वरूप संस्कृति और समाज का परिणाम होता है। जहाँ ऐसी मनवीय समझ का परिणाम ही विसंगतियों से भरा है। भारतीय संस्कृति के परिणाम स्वरूप मानव जीवन का औचित्य भी दिखाई देता है। उस स्थिति में मानवीय संवेदना का परिणाम है। लोक संस्कृति के जीवन में पर्यावरण जीवन संरक्षक होते हुए भी मानवीय आधार का संरक्षक है। मानव विकास का औचित्य के स्वरूप का विचार ही दिया जा सकता है। इस स्थिति में भौगोलिक परिणाम व्यवस्थित होता जा रहा है। पर्यावरणीय लोक नृत्य और संस्कृति का परिणाम मूल्यों पर निर्भर कर सकता है। उसी प्रकार विचार और विमर्श करने की प्रेरणा दी जाती है।

लोक गीत – संस्कारों की विचार धारा का परिणाम ही मानव जीवन की विचारधारा का परिणाम है। इन्हीं रीति–रिवाजों का लोक नीति और पर्यावरण की संगतता का परिणाम ही मानवीय जीवन में जीने का परिणाम होता है।

1. संस्कारों रीति–रिवाजों के आधार पर गीत, विवाह, कजली, सोहर आदि का मौसम के अनुसार गीतों का गायन होता है।
2. पर्यावरण का ग्रामीण जन समुदाय में कई संस्कार होते हैं। जहाँ आदिम जातियों के पिछड़ी हुई जातियों के विशेष अधिकारों और संस्कारों का परिणाम ही महत्वपूर्ण होता है। इन्हीं परिणामों के आधार पर विशेष अविकसित होने के कारण मानव की विचारशीलता का व्यवहार मौसम के अनुसार संस्कारों का निवर्हन करते हैं।
3. पर्यावरण संरक्षण के विशेष स्वरूपों का परिणाम भी दिखाई देता है।
4. ग्रामीण व्यक्तियों के गीत कार्य के अनुसार गाये जाते है। रोपाई के समय कजली गीत गाये जाते हैं। गीतों का स्त्री–पुरूष दोनों मिलकर आनन्द उठाते है। इससे यह निश्चित होता है की भारतीय संस्कृति की पहचान पर्यावरण की स्वच्छता पर निर्भर करती है। यहाँ व्यक्ति

* (भूगोल) ग्राम सुआ, पोस्ट मढ़ी, तहसील अमरपाटन, जिला सतना (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातकोत्तार संजय गाँधी स्मृति महाविद्यालय, सीधी (म.प्र.) भारत

वृक्षारोपण पर भी अधिक महत्व देता है। जिसकी मानवीय दृष्टि समाज और राष्ट्र के लिए एक विचार पैदा करती है। क्योंकि इनके जीवन में कार्य के प्रति समर्पण और खुशी-ठिठोली के साथ कार्य को करते रहने से मनोवैज्ञानिक तौर पर थकान और हतोउत्साहित नहीं होते हैं। एक-दूसरे के कार्य करने के साथ-साथ कार्य करने में सक्षम हो जाते हैं। जहाँ समाज इनकों कोशो दूर रखना चाहता है।

मानव जीवन में जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त तक के गीत गाये जाते हैं। क्योंकि लोक जीवन में व्यक्ति के जीवन का आधार लोक परम्पराऐं और कथाऐं रही हैं। इन्हीं गीतों के आधार पर लोकगीत सभी अवसरों पर गाते हैं। संस्कार-गीत, देवी-देवताओं के लिए देने वाले नेवाले का प्रयोग होता है। गीत पर्व-त्यौहारों पर गीतों का स्वर सुनाई देता है। ऋतुओं के हिसाब से भी गीतों का समन्वय होत है। उन्हीं परिणामों के आधार पर आदिवासियों के विविध आयामों के प्रवृत्ति की ओर चले जाते हैं। जीवन चर्या के गीत, नृत्यगान होता है। इसी आधार पर गीतों का औचित्य होकर लोकगाथा पर आधारित स्वर सुनाई देता है।

इन गीतों के माध्यम से लोक जीवन की सम्पूर्ण सांस्कृतिक क्रिया-कलाप सम्पन्न होता है। जबकि पर्यावरण संरक्षण इन सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर मानव का मूल कर्तव्य है। क्योंकि इसके बिना जीवन का पहलू अछूता मालुम पड़ता है। ऐसी विचारधारा को प्रवाहित करने के लिए प्रशासन को भी कदम उठाना चाहिए।

1. वनवासी लोकनृत्य
2. अन्य जातियों के लोकनृत्य

वनवासी लोकनृत्यों में लोकनृत्य के रूप में दादर, झुमकिया, बरैइया लोक नृत्य प्रचलित है। यह लोक नृत्य करमा राजा के साथ-साथ करमा रानी को प्रसन्न किया जाता है। वहाँ उस गाँव के लोग इक्ठठा होकर करमा गीता का प्रारम्भ करते हैं। जिनमें पुरूष और महिलाऐं बराबर होती है। नृत्य के दौरान दोनों एक-दूसरे के अगूठा का स्पर्श करते हैं।

पर्यावरण संरक्षण मानव के लिए चुनौती बन कर खड़ा हो रहा है। ऐसी अनेक विसंगतियों को निपटाने के लिए वृक्षा रोपण अति आवश्यक पहलू है। ऐसी वैचारिक मान्यता से पैदा होने वाले बच्चों में तृष्ण और घृणा के रूप मे देखा जाता है। ऐसी अनेक मान्यताओं के परिणाम स्वरूप मानव का जीवन का एक पहलू व्यवहारिक दृष्टि से पर्यावरण को संरक्षण की ओर प्रेरित करती है। यही कारण है कि आज भौगोलिक रूप से ग्रामीण समुदाय में वृक्षों का पर्यावरण से निकटता बनी हुई है। ऐसे अनेकों उदाहरण है जहाँ प्रत्येक वर्ष वो पौधों को लगाते हैं। वहीं पैधे हवा, छाव, वर्षा ऋतु से बचाने में सहायक सिद्ध होते हैं। यह मानवीय जीवन का सबसे बड़ा उदाहरण गाँवों में जाकर देखा जा सकता है।

निष्कर्षतः वृक्ष पुत्र की तरह श्रेष्ठ सदा सुखी रखने वाला है। इससे मानव के जीवन में अनेक विसंगतियों को खत्म कर स्वच्छ पर्यावरण और श्वांस के लिए पौधों से प्रत्येक जीव को प्राप्त होती है। पंक्षीयों को आसरा भी वृक्ष है। जिसे इन वृक्षों को आज मानव अधाधुन्ध कटाई में लगा हुआ है। ऐसी अनेक घटनाओं का कारण मानव की विचारधारा कैसी हो गयी है। यह पता नहीं चल पा रहा है। यह आधुनिक युगीन मानव स्वयं के पास कितने भी पैसे आ जायें। चहे किसी भी मार्ग से हो उसे हड़पना चाहता है। न जाने कितने किमती पौधों को मानव में उजाड़ फेका हैं। यह ही सबसे बड़ा विनाश पर्यावरण को विषैला बना दिया है। इस प्रकार मानव कल्याण होने वाले तत्वों को मानव जीवन में अपनाना अधिक श्रेष्ठ कदम होगा। इसी में जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण योगदान क्षिपा हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ताज रावत, ***प्राकृतिक पर्यटन विकास एवं बदलाव,*** आकाशदीप पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 37
2. के.एस. ढोरियाल, ***पर्यटन विकास एवं प्रभाव***, आशा बुक्स, सोनिया विहार, दिल्ली, 2010, पृष्ठ 65
3. सिंह, भोपाल, ***पर्यावरण शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण,*** आर्य बुक डिपो, करोलबाग, नई दिल्ली, 1991, पृष्ठ 70
4. तिवारी, डॉ. गोविन्द, ***शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के मूलाधार***, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, 1985, पृष्ठ 58

****

मालती जोशी और उनकी बाल कहानियाँ

डॉ. कविता रेलवानी *

प्रस्तावना – बाल-साहित्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन व समृद्ध है। पुरातन काल में माताएँ अपने रूठे बच्चों को मनाने, रोते बच्चों को हँसाने हेतु तरह-तरह के जतन किया करती थी। कदाचित वहीं से बाल-साहित्य के अंतर्गत आने वाली बाल-कहानियों, बाल-कविताओं व बाल-गीतों की परम्परा का बीजोवपन हुआ है। प्रारंभ में दादी-नानी अपने बच्चों को तरह-तरह की कहानियाँ सुनाया करती थी। इन्हें सुरक्षित रखने के कोई साधन उपलब्ध नहीं थे। ये कहानियाँ, गीत, कविताएँ मौखिक ही एक-दूसरे तक हस्तान्तरित होती थी। आगे चलकर आधुनिक उपकरणों के अविष्कार से इसे संरक्षित किया जाने लगा।

'बाल-साहित्य वह साहित्य है जो बच्चों के मानसिक स्तर को ध्यान में रखकर इस तरह से सृजित किया जाए कि बच्चे न केवल उसे पढ़ने में रूचि ले बल्कि उससे कुछ ग्रहण भी करें। इसके लिए परमावश्यक है कि बाल-साहित्य बच्चों के धरातल तक उतरकर, उनके मनोभावों तथा रूचियों को ध्यान में रखकर, मनोरंजक शैली में ज्ञानवर्धक रूप में लिखा गया हो।'[1] प्राचीन समय में पंचतंत्र, हितोपदेश, अमर कथाएँ व अकबर बीरबल के किस्से जैसे बाल-साहित्य का सृजन हुआ यह परम्परा अनवरत जारी है।

बाल-साहित्य अत्यन्त सरल समझी जाने वाली एक कठिन साहित्यिक विधा है। वैसे तो बच्चों के लिए कुछ लिखना सरल लगता है परन्तु वास्तव में बाल-मन को समझते हुए उनके अनुकूल साहित्यिक रचना करना अत्यंत कठिन कार्य है। कई रचनाकारों ने बाल-साहित्य लेखन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आधुनिक हिन्दी साहित्य की प्रतिष्ठित रचनाकार मालती जोशी ने भी बाल-साहित्य के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और विशेषज्ञता का परिचय देते हुए कीर्तिमान कायम किए है।

मालती जोशी ने कई बाल-साहित्य की रचनाएँ की है। इनमें स्नेह के स्वर सच्चा सिंगार, सी आई डी नंबर 000, परीक्षा और पुरस्कार, रिश्वत एक प्यारी सी दादी की घड़ी आदि है।

मालती जोशी की 'स्नेह के स्वर' शीर्षक बाल-कहानी के केन्द्र में किशोर नायक पवन है। जो अपने घर के वातावरण और विशेष रूप से अपनी बहन छाया के उत्तरदायित्व से असंतुष्ट रहता है। पवन के किशोर हृदय में छोटी-छोटी अभिलाषाओं के पूर्ण न हो पाने का दुख छाया रहता है। पवन की इस मानसिकता का आभास निम्नांकित पंक्तियों के द्वारा हो सकता है-'पवन हायर सेकण्डरी पास हुआ पर मिठाई नहीं बटी क्योंकि छाया अस्पताल में थी। उसके कॉलेज की ट्रिप बैंगलोर गई पर वह नहीं जा सकता, क्योंकि छाया का ऑपरेशन था। मौसी की शादी पर माँ नहीं गई क्योंकि छाया को अकेली नहीं छोड़ सकती थी। इस साल नए स्वेटर नहीं बने क्योंकि छाया की बीमारी में बहुत खर्च हो रहा था। नन्हें गगन का जन्मदिन भी नहीं मनाया जा सका।'[2]

पवन अपनी और छाया की पढ़ाई की उपेक्षा करके कवि सम्मेलन सुनने के लिए घर से चला जाता है। पवन अपने मित्र भूषण के घर पहुँचता है, परन्तु भूषण उसके साथ कवि-सम्मेलन में जाने से इसलिए मना कर देता है क्योंकि वह अपनी दीदी को घर में अकेले नहीं छोड़ सकता है। पवन भी कवि-सम्मेलन में नहीं जाता है और भूषण के आग्रह पर कुछ समय उसके घर पर ही बिताता है। इस अवधि में भूषण के घर का वातावरण तथा भूषण और उसकी दीदी के संबंधों की पारस्परिकता को देखकर पवन के मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और घर आकर वह अपनी बहन छाया के प्रति स्नेहशील हो जाता है।

मालती जोशी की 'एक बीमारी का इलाज' शीर्षक कहानी में केंद्रीय पात्र के रूप में चीकू नाम का संवेदनशील बाल पात्र विद्यमान है। चीकू तीसरी कक्षा में ही पढ़ता है परन्तु उसके मन में बड़ा आत्मविश्वास है। चीकू जब अपने समवयस्क मित्र सचिन के घर जाता है तो देखता है कि सचिन की छोटी बहन तीन दिन से ज्वर से ग्रस्त है। शामली को किसी अच्छे डॉ.क्टर को दिखाना आवश्यक हो जाता है और इसी सन्दर्भ में डॉ.राकेश का उल्लेख होता है। डॉ. राकेश की लालची प्रवृत्ति के कारण उन्हें राक्षस कहा जाता है। डॉ.राकेश के बारे में यह सब सुनकर चीकू तुरन्त डॉ.राकेश के बंगले पर जा पहुचता है। डॉ.राकेश चीकू के प्रिय अंकल थे और उसके मन में उनकी आदर्श छवि बनी हुई थी। चीकू डॉ.राकेश से शामली को देखने चलने के लिए तीव्र आग्रह करता है और उनकी फीस स्वयं देने की बात करता है। भावावेश में चीकू डॉ.अंकल के सामने जैसे दर्पण रख देता है चीकू कहता है 'आप चलेंगे न, अंकल। जो लोग आपकों राक्षस कहते है तो मुझसे सहा नहीं जाता आप इतने अच्छे जो है।'[3]

मालती जोशी की 'सच्चा सिंगार' शीर्षक बाल कथा के केंद्रीय चरित्र के रूप में किशोरी सुमति का व्यक्तित्व सामने आता है। सुमति 11 वीं कक्षा की मेधावी परिश्रमी और प्रतिभाशाली छात्रा है। सुमति के विद्यालय में दसवीं कक्षा द्वारा ग्यारहवीं कक्षाओं की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर सभी लड़कियाँ नए और सुन्दर परिधान पहनकर विद्यालय आती है। परन्तु अपनी फ्राक नहीं सिल पाने के कारण सुमति को यूनिफार्म में ही स्कूल आना पड़ता है। जिसके कारण उसका मन बुझा-बुझा सा रहता है। विदाई समारोह में सुमति को जो कुछ सुनने को मिलता है उसके कारण उसके मन का अवसाद समाप्त हो जाता है। सुमति के चरित्र की ओर ये पंक्तियाँ संकेत करती है- 'विदाई समारोह बड़ा ही भावपूर्ण

* पुष्प निवास, गली नं 1 स्टेशन रोड़, रतलाम (म.प्र.) भारत

रहा, दसवीं की छात्राओं ने बड़े ही भावपूर्ण भाषण दिए। सुमति नहीं जानती थी कि सब लोग उसे इतना चाहते है इतनी इज्जत करते है। करीब-करीब प्रत्येक भाषण में उसका उल्लेख था, किसी ने उसे विद्यालय की महादेवी वर्मा, किसी ने सरोजनी नायडू तो किसी ने लता मंगेश्कर का खिताब दे दिया था, वह तो संकोच से गड़-सी गई थी।'[4]

दसवीं की छात्राओं के विचारों को सुनकर सुमति को गुणों की महत्ता की प्रत्यक्ष अनुभूति होती है। सुमति प्रेरक मानस का आभास उसकी इन पंक्तियों से होता है - 'मनुष्य की असली शोभा उसके गहनों-कपड़ों से नहीं होती, बल्कि उसके गुणों से होती है। लोग कपडों की तारीफ करते है और भूल जाते है पर गुणी व्यक्ति को लोग हमेशा-हमेशा याद रखते है।'[5]

मालती जोशी की बाल कहानी 'वह लड़की' की कोशी, कुशाग्र बुद्धि की छात्रा है। आठवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास करने के पश्चात् आगे की पढ़ाई लिए वह मामा के साथ शहर आ जाती है। शहर के बड़े स्कूल के नये वातावरण में कोशी अथवा कौशल्या सहमी-गहमी रहती है। स्कूल की अन्य छात्राओं द्धारा उपहास का पात्र बनने के कारण कोशी अथवा कौशल्या दुखी रहती है। कौशल्या की भेंट एक बीमार लड़की मृणाल से होती है हमेशा बीमार रहने वाली मृणाल, कौशल्या के लिए तो प्रेरणा का स्त्रोत बन जाती है मृणाल की प्रेरणा से कौशल्या अपनी आत्महीनता से उबरकर विद्यालय की सभी गतिविधियों में भाग लेने लगती है। 'वह लड़की' कहानी की दोनों बाल पात्राएँ कौशल्या और मृणाल अपनी संवेदनशीलता और सहनशीलता के कारण उल्लेखनीय है।

मालती जोशी की 'सी आई डी नं 000' शीर्षक बाल कहानी के केन्द्र में नन्ही बच्ची चित्रा है। चित्रा ने अभी स्कूल जाना आरंभ ही किया था परन्तु उसका मन असीम उत्सुकता से भरा हुआ है। वह बात-बात पर प्रश्न करके अपनी माँ को हैरान करती रहती है। वह अपने आस-पास के परिवेश का अत्यन्त सूक्ष्मतापूर्ण अवलोकन करती है। घर में किसी भी प्रकार का झूठ चित्रा से छुप नहीं पाता है। एक दिन चित्रा के पापा यह बताकर कि वे रेल्वे स्टेशन जाने के बाद अपने कार्यालय पहुँचेगें, घर से चले जाते है। कुछ देर पश्चात् चित्रा के पापा ने भेजा है यह बतलाते हुए दो व्यक्ति धोखाधड़ी की नियत से चित्रा के घर आ जाते है। नन्हीं चित्रा अपनी मम्मी को यह याद दिलाती है कि रेल्वे स्टेशन और सर्किट होकर कार्यालय पहुँचने वाले थे अत: वे इतनी जल्दी कार्यालय पहुँचकर किसी को कैसे भेज सकते है। इस प्रकार चित्रा की समझदारी से वे लोग केवल रेडियों ले जाने में सफल होते है, किन्तु नगद राशि बच जाती है पुलिस द्धारा पूछे जाने पर चित्रा की समझदारी स्मरण शक्ति और गहन अवलोकन का आभास इन पंक्तियों से होता है 'चित्रा के बिना झिझक सब प्रश्नों के उत्तर दे दिए। गाड़ी का रंग और नम्बर तो उसने बताया ही साथ ही यह भी कि ड्राइवर गंजा था।'

उसने 'शर्मा अंकल' के बारे में बताया कि उनकी पेन्ट काली थी शर्ट सफेद चटखाते जूते, मनोज चाचा जैसे थे, सिगरेट का पैकेट अष्ठाना अंकल के समान था। बहुआ गहरे भूरे रंग का था, जिस पर ताजमहल बना हुआ था। उनका एक दाँत सोने की तरह चमक रहा था। आँखे बोलते समय मिची-मिची हो जाती थी। सामने के बालों में एक गुच्छा सफेद बालों का था वह तिवारी अंकल से ज्यादा ठिंगने थे।'[6]

मालती जोशी की 'परीक्षा और पुरस्कार' शीर्षक कहानी की बाल नायिका ज्योति के रूप में एक प्रेरक चरित्र की प्रस्तुती हुई है। इस कहानी में ज्योति की मम्मी बीमार हो जाती है तो ज्योति घर के सब दायित्व को बड़े गंभीरता और परिश्रम के साथ वहन करती है। इसका प्रतिकूल प्रभाव ज्योति की पढ़ाई पर पड़ता है। प्रतिवर्ष प्रथम आने वाली ज्योति इस वर्ष कक्षा में तीसरे स्थान पर आ जाती है। जिसके कारण उसका मन उदास हो जाता हैं। ज्योति के पापा उसे 'रिस्ट वॉच' का उपहार देते है, और उसे वास्तविक स्थिति का भान कराते है। बात कथा की अंतिम पंक्तियों में पापा के शब्दों में ज्योति के व्यक्तित्व का आभास मिलता है -'बेटा, स्कूल में तो तू हर साल अव्वल आती है पर इस साल भगवान ने हमारी कितनी कठिन परीक्षा ली थी उसमें भी तू हम सबके आगे निकल गई है। इसलिए अपना पुराना वादा आज पूरा कर रहा हूँ।'

'ज्योति को लगा वह सचमुच पहले नम्बर पर पास हुई है।'[7]

मालती जोशी की 'बाल कथा' 'मेहमान की वापसी' के केन्द्र में अजय का बाल चरित है। जो अल्सेशियन कुत्ते जॉली के सम्मोहन में बंध जाता है। इस कहानी में राय अंकल महीने भर के लिए बाहर जाते है तो अपने अल्सेशियन कुत्ता जॉली अजय के घर पर छोड़ जाते है। अजय को पहले तो कुत्ते से भय लगता है और वह उसे एक अनचाही बला के रूप में देखता है परन्तु शीघ्र ही अजय की कुत्ते से मित्रता हो जाती है। अजय और कुत्ते जॉली के मध्य की स्नेहपूर्ण पारस्परिकता निरन्तर प्रगाढ़ होती जाती है महीने भर पश्चात् राय दम्पत्ति के लौटने पर कुत्ता जॉली बड़ी स्नेहपूर्ण विकलता के साथ उनसे लिपट जाता है। जॉली बड़ी प्रसन्नतापूर्वक राय दम्पत्ति के साथ चला जाता है अजय जॉली को दोषी मानता है। अजय की सोच इन पंक्तियों में देखी जा सकती है- 'खाक जानता है प्यार की कीमत' अजय ने सोचा, 'कितना प्यार किया था मैंने उसे अपने दोस्त, अपनी पढ़ाई, अपना खाना-पीना सब कुछ भूल गया था मैं पर उसे क्या अंकल-आंटी को देखते ही सब भूल गया होगा।'[8]

'मेहमान की वापसी' कहानी का अजय कुत्ते जॉली को बेवफा समझता है परन्तु उधर जॉली के चले जाने से घर के वातावरण में सूनापन आ जाता है अजय अपनी रूलाई रोककर बिस्तर में लेटा रहता है तभी राय अंकल की वापसी होती है। और वे कुछ कहें इसके पहले की कुत्ता जॉली बड़े प्यार से अजय के पैरों में लिपट जाता है और अजय की सारी शिकायते आसूंओं में बह जाती है। अजय के रूप में एक स्नेहशील ओर संवेदनशील बाल चरित्र की प्रस्तुती हुई है।

मालती जोशी की 'रिश्वत एक प्यारी सी' शीर्षक कहानी के केन्द्र में नन्हीं बच्ची रेणु का भोला और निष्पाप चरित्र है। रेणु के माता-पिता एक शादी में कलकत्ता जाते है और उनके लौटते हुए रेल दुर्घटना की सूचना मिलती है। घर के सभी लोग दुख और सदमें में भगवान की मन्नत मांगते है, और प्रार्थनाएं करते हैं। दादी के कहने से रेणु के भोले मन में यह बात बैठ जाती है कि घर के सदस्यों द्धारा किए गए पाप और बूरे कामों का दण्ड मम्मी-पापा को मिल रहा है। वह भगवान के समक्ष अपने द्धारा की गई गलतियों का प्रायश्चित करती है और भविष्य में अच्छी लड़की बनने की प्रतिज्ञा करती है। कहानी के अंत में रेणु के माता-पिता सकुशल लौट आते है। रेणु को मन ही मन लगता है कि भगवान ने उसकी बात सुन ली। रेणु के बाल-चरित्र को यह पंक्तियाँ आलेकित करती है-'पापा......'पापा के गले में हाथ डालकर उसने धीरे से कहा 'मन्नत की तो हमें याद ही नहीं रही पापा! हमनें तो सिर्फ ठाकुरजी से अपनी गलतियों की माफी मांगी थीं और.....और अच्छी लड़की बनने का वादा किया था पापा यमेरी बच्ची उसकी जरूरत ही क्या थी। सबसे प्यारी रिश्वत तो तूने ही उसे दी, तेरी मम्मी ठीक कहती है पता नहीं किसके पुण्य हमें लौटाकर लाए है। क्या पापा वे तेरे ही पुण्य हो।'[9]

मालती जोशी की 'एक कर्ज एक अदायगी' शीर्षक कहानी के केन्द्र में

किशोरी रामकुँवर का परिश्रमी और संवेदनशील चरित्र प्रस्तुत हुआ है। रामकुँवर गाँव से पढ़ने के लिए शहर में आती है और छात्रावास में रहती है। छात्रावास में रामकुँवर के सब पैसे चोरी चले जाते है। रामकुँवर इतनी निर्धन है कि घर से दुबारा पैसे भी नहीं मँगवा सकती। रामकुँवर की सहायता करने के लिए प्राचार्य सब बच्चों और शिक्षकों से जुर्माने के नाम पर चन्दा एकत्रित करती है। परीक्षा के समय छात्रावास में संक्रमण बीमारियाँ फैल जाती है। रामकुँवर अपनी पढ़ाई की चिंता छोड़कर बीमार लड़कियों की सेवा करना चाहती है। प्राचार्य की आज्ञा से रामकुँवर को कक्षा की अन्य लड़कियों की पढ़ाई में सहायता करने का काम मिल जाता है। रामकुँवर बड़े उत्साह और समर्पण के साथ अपनी बीमार सहपाठियों की सेवा में जुट जाती है। अपनी परीक्षाएँ समाप्त हो जाने के पश्चात भी रामकुँवर छात्रावास में रूकी रहती है तथा दूसरी लड़कियों के सहयोग के साथ छात्रावास से सभी कामों को परिश्रम और लगन से किया करती है। रामकुँवर अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से वास्तव में उस ऋण की कुछ पूर्ति करना चाहती है जो सभी छात्राओं का जुर्माने के रूप में उसके लिए वसूला गया था।

मालती जोशी की बाल कथा 'दादी की घड़ी' के केन्द्र में परिवार का सबसे नन्हा सदस्य दीपू है। दीपू के रूप में एक अत्यन्त भोले बालक का चरित्र प्रस्तुत हुआ है। दीपू को दूसरे दिन सुबह पिकनिक पर जाना है और अलार्म घड़ी नहीं मिलने के कारण वह चिंतित हो जाता है कि नींद कैसे खुलेगी। दादी द्वारा दीपू को बताया जाता है कि तकिये को समय बताकर सोने पर अवश्य ही नींद खुल जाती है। दादी की बात पर भोले दीपू को पक्का विश्वास हो जाता है। उसका तनाव दूर हो जाता है। वह तकिये को कहकर सो जाता है। सुबह पाँच बजे उठ जाता है और यही समझता है कि तकिये ने उसे जगा दिया तब दादी द्वारा दीपू को इस वास्तविकता का बोध कराया जाता है कि वास्तव में अपनी आत्म शक्ति के कारण ही हम निश्चित समय पर जाग सकते है।

मालती जोशी की 'रंग बदलते खरबूजे' शीर्षक कहानी बाल-कथा में दो भाई अतुल और असीम के मनौवैज्ञानिक चरित्र प्रस्तुत हुए है। घर के बाहर अतुल और असीम सक्रिय, लोकप्रिय और प्रतिभावान छात्र के रूप में सामने आते है परन्तु घर में असीम और अतुल लगातार झगड़ते रहते है। उनकी पारस्परिक कलह के कारण घर का वातावरण विषम हो जाता है। वे दोनों भाई अतिथियों के सम्मान की भी चिन्ता नहीं करते है। और उनके सामने ही परस्पर मारपीट करने लगते है। असीम और अतुल को रास्ते पर लाने के लिए उनके माता-पिता पारस्परिक कलह का स्वांग भरते है। घर में माता-पिता के कलह के कारण अतुल और असीम के मित्र घर आना बंद कर देते है। माता-पिता के कलह से परेशान होने पर अतुल और असीम को अपनी गलती का अहसास हो जाता है।

मालती जोशी की बालकथा 'बैचेन' में शीर्षक के अनुरूप ही एक बैचेन किशोर रवि का चरित्र है। इस कहानी में रवि के स्कूटर से एक नन्हीं बच्ची फ्लारी से टकरा जाती है। रवि दुर्घटना स्थल पर रूके बगैर ही निकल जाता है परन्तु उसका मन अशांत हो जाता है और वह अपराध बोध से ग्रस्त हो जाता है। रवि की बैचेनी का आभास उसकी माँ को हो जाता है। रवि की मम्मी किसी प्रकार दुर्घटना का सूत्र भी खोज लेती है तथा अस्पताल में बच्ची फ्लारी को भी खोज लेती है। दुर्घटना का उस व्यक्ति से संपर्क होने और उसके कुशलतापूर्वक समाचार से रवि का सन्ताप समाप्त हो जाता है। गलत काम करने में बैचेनी का अनुभव होने की गुणवत्ता ही रवि के चरित्र को प्रभावी बनाता है।

मालती जोशी की बाल-कथाओं में बाल और किशोर वय के विभिन्न चरित्र प्रस्तुत हुए है जिसमें भोलापन, सहजता, संवेदनशीलता, स्नेहशीलता, सदाशयता और उत्साह आदि का समावेश हुआ है। उनकी कहानियों में बाल-मन की स्नेहशीलता का विस्तार मूक पशुओं तक में भी देखा जा सकता है। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से बालकों का ज्ञानवर्धक व मार्गदर्शन किया है। उनकी कहानियाँ बच्चों के लिए शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शकुन्तला वर्मा - बाल साहित्य की संक्षिप्त रूपरेखा, पृ.33
2. मालती जोशी - स्नेह के स्वर, पृ.5
3. मालती जोशी - स्नेह के स्वर, पृ.27
4. मालती जोशी - सच्चा सिंगार, पृ.8
5. मालती जोशी - सच्चा सिंगार, पृ.10
6. मालती जोशी - सी.आई.डी नं 000, पृ.
7. मालती जोशी - परीक्षा और पुरस्कार, पृ.14
8. मालती जोशी - परीक्षा और पुरस्कार, पृ.14
9. मालती जोशी - रिश्वत एक प्यारी-सी, पृ.13

****

मन्नू भंडारी की कहानियों में संवाद-योजना

डॉ. रजनी रेलवानी *

प्रस्तावना - कहानी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व संवाद या कथोपकथन होता है। संवाद कहानी की कथानक रूपी देह में रक्त के प्रवांह की भांति होते है। संवाद कहानी में कहीं भावात्मक होता है,तो कहीं सामान्य विशेष विश्लेषणात्मक अथवा वस्तुपरक होते है। कभी संवाद व्यक्ति के मन की परतें खोलते है तो कभी सामाजिक यथार्थ को उद्घाटित करते है। कभी कहानी के संक्षिप्त संवाद में गागर में सागर दिखता है तो कभी लम्बे संवाद में भावो की सरिता प्रवाहित होती है।

कहानी में कथावस्तु चरित्र परिवेश और उदेश्य की भी अलग-अलग विधियाँ होती है। कथावस्तु के विस्तार मे योगदान देने वाले संवाद, चरित्र-चित्रण में उपादेय संवाद, परिवेश का परिचय देने वाले संवाद, कहानी के उदेश्य को उजागर करने वाले संवाद होते है।

कथावस्तु को संवाद गतिशील बनाते है। कथावस्तु की एकरस्ता को तोड़ने और उसे सजीव बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। संवाद पात्रों के चरित्र को उजागर करने में महत्वपूर्ण होते है। जैसा मनुष्य का मन होता है वैसा ही उसकी वाणी होती है अर्थात पात्रो के संवाद वास्तव में उनके चरित्र का दर्पण होते है। पात्रों की मनोवृत्ति के माध्यम से उनके चरित्र के संबंध मे संवाद सहज ही टिप्पणी कर देते है। परिवेश का परिचय दे सकने की क्षमता को कहानी के संवाद की महत्वपूर्ण विशेषता माना जाता है। संवाद परिवेश चित्रण का सशक्त माध्यम होते है। कहानी के घटनास्थल के गली, मोहल्ले, गाँव, शहर और देश का परिचय कहानी के संवाद में मिल सकता है। कहानी के संवाद केवल परिवेश का परिचय ही प्रस्तुत नहीं करते अपितु उसे जीवन्त बना देते है। कहानी के उद्देश्य को उजागर करने की क्षमता भी संवाद की महत्वपूर्ण विशेषता है। अनेक बार कहानी के किसी पात्र के संवाद के माध्यम से कहानी का मूल उद्देश्य सहज ही व्यक्त हो जाता है। कहानी के संवाद जीवन्त और प्रामाणिक तभी हो पाते है, जब वे पात्रानुकूल होते है। पात्र विशेष का जैसा व्यक्तित्व और मानसिक परिवेश होता है, उसके संवाद भी उसके अनुकूल होते है। संवाद के वर्ग, सम्प्रदाय और धर्म आदि के अनुकूल होते है तभी प्रभावी बन पाते है। पात्रानुकूलता वास्तव में कहानी के संवाद की ऐसी विशेषता है, जिसके महत्व को कम करके नहीं देखा जा सकता।

मन्नू भंडारी की प्रतिनिधि कहानियों मे कथावस्तु में विस्तार देने वाले, चरित्र-चित्रण को महत्वपूर्ण बनाने वाले एवं कहानी के उद्देश्य को उजागर करने वाले संवाद स्पष्ट रूप से देखे जा सकते है।

मन्नू भंडारी की 'ईसा के घर इंसान' शीर्षक कहानी को संवाद-प्रधान कहा जा सकता है। संवादों के माध्यम से इस कहानी में कथावस्तु को गति मिलती है। परिवेश चित्रण में संवाद सहायक है। आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई 'ईसा के घर इंसान' कहानी की नायिका का संवाद कथानक के परिवेश की ओर अर्थपूर्ण संकेत करता है - 'मुझे तो यह जगह बहुत पसंद है। पहाड़ियों से घिरा हुआ यह शहर और एकान्त में बसा यह कॉलेज। जिधर नजर दौडा़ओं हरा-भरा ही दिखाई देता है।'[1] परिवेश की इस रम्यता के साथ ही अगले संवाद में ही जेल के उल्लेख के माध्यम से उस परिवेश की यंत्रण की ओर चित्रण हुआ है, जिसका संकेत नायिका के इस संवाद में विद्यमान है - 'पर एक बात मेरी समझ में नहीं आई। यह कॉलेज जेल के सामने क्यों बनाया? फाटक से निकलते ही जेल के दर्शन होते है तो लगता है, सबेरे-सबेरे मानो खाली घड़ा देख लिया है, मन न जाने कैसा-कैसा हो उठता है।'[2]

चर्च के रहस्यमय वातावरण के भीतर चलने वाले कुचक्र को 'ईसा के घर इंसान' कहानी में संवाद के माध्यम से ही उजागर कराने का प्रयास किया गया है। सिस्टर एंजिला का यह प्रलाप पूर्ण संवाद उल्लेखनीय है- 'देखो कितनी सुंदर साड़ी पहन रखी है इसने। फिर हम क्यों अच्छे कपड़े नहीं पहने? हम इंसान नहीं है? मैं नहीं रहूँगी यहाँ, मैं कभी नहीं रहूंगी। देखो मेरे रूप को।'[3] सिस्टर एंजिला के उमंगों से भरे और विद्रोही चरित्र का परिचय इस संवाद से मिलता है- 'मैं अपनी जिन्दगी को, अपने इस रूप को चर्च की दीवारों के बीच नष्ट नहीं होने दूँगी। मैं जिंदा रहना चाहती हूँ, आदमी की तरह जिंदा रहना चाहती हूँ।'[4]

'ईसा के घर इंसान' का चरमोंत्कर्ष भी सिस्टर लूसी के संवाद में ही निर्मित हुआ है। लूसी का संवाद चर्च के वातावरण पर से रहस्य का परदा उठाता हुआ सा लगता है - 'एंजिला चली गई। फादर कुछ नहीं कर सके। उनकी खुद की तबियत नहीं खराब हो रही है। सवेरे तो हम लोग भी वहाँ गए थे। कमरे में तो जाने नहीं दिया हमें, पर बाहर से फादर हमको देख रहा था। फादर हम सब पर भी बड़ा रौब जमाया करते थे, एंजिला ने उनका नशा डाउन कर दिया। (फिर दोनों हाथ की मुट्ठियाँ भींच कर उसने मन के छलकते आनंद पर जैसे काबू पा लिया) एंजिला को सुधार नहीं सके, अपनी इस असफलता का गम उन्हें बुरी तरह साल रहा है, आत्मग्लानि से बार-बार उनकी आँखों में आँसू आ रहे है। मदर बड़ी परेशान और दुखी है, उन्हें बहुत तसल्ली दे रही है। बार-बार ईसामसीह से उनकी शान्ति के लिए प्रार्थना भी कर रही है। और एक बड़ी ही व्यंगात्मक मुस्कुराहट उसके होंठो पर फैल गई।'[5]

'जीती बाजी की हार' कहानी में मुरला और आशा के पारस्परिक संवाद में ही चरमोंत्कर्ष निर्मित होता है। मुरला और आशा के मध्य शर्त लगी थी कि मुरला भी घर-गृहस्थी के बगैर नहीं रह पाएगी। मुरला वास्तव में अविवाहित ही रहती है तथा उच्च अधिकारी के रूप में स्वतंत्र जीवन जीती है। वर्षो के

* एम-ख, 95 स्टेडियम ग्राउण्ड नंदा नगर, इन्दौर (म.प्र.) भारत

अंतराल से जब मुरला और आशा की भेंट होती है और उनके पारस्परिक संवाद में ही कहानी अपने चरमोंत्कर्ष पर पहुँच कर उद्देश्य की प्राप्ति करती है। मुरला और आशा का संवाद निम्नानुसार है–

मुरला ने हंसते हुए कहा – 'देख हार गई ना।' पर उसके स्वर में विजय का उल्लास न था। 'अच्छा जा, छोड़ा – मुझे कुछ नहीं चाहिए।' आशा ने कहा – 'नहीं, नहीं। तुझे माँगना ही होगा। जो चाहे सो माँग ले।' मुरला एक क्षण को खामोश रही, फिर बोली – 'अच्छा माँग लू, इनकार तो नहीं करोगी।'

आशा हँसी – 'अरे माँग ले ना। बहुत बड़ा दिल पाया है, फिर तू तो यों भी कुछ मांग ले तो मना न करूं, और अभी तो हार कर बैठी हूँ, किस मुँह से मना करूंगी।'

मुरला ने पास बैठी हुई आशा की सबसे छोटी लड़की को पास खींच कर प्यार करते हुए कहा 'तो अपनी यह बिटिया मुझे दे दें।'[6]

उक्त संवाद में मुरला का अंतिम वाक्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। 'तो अपनी यह बिटिया मुझे दे दें', इस वाक्य में मुरला के चरित्र की अपूर्णता और वात्सल्य की ललक उजागर होती है। यही संवाद कहानी का अंतिम वाक्य है। मुरला का संवाद कहानी का अंतिम वाक्य है। मुरला का संवाद कहानी को चरमोंत्कर्ष पर ले जाकर पूर्णता प्रदान करता है।

मन्नू भंडारी की 'एक कमजोर लड़की की कहानी' में संवादों का विस्तार देखा जा सकता है। रूपा और पिताजी के संवाद से कहानी का आरंभ होता है। इस कहानी में कथावस्तु का विस्तार रूपा और ललित के पारस्परिक संवाद के माध्यम से होता है। रूपा और ललित के संवाद, इन दोनों पात्रों के चरित्र को भी उजागर करते है। संवाद के द्धारा ही यह तथ्य सामने आता है कि कहानी की नायिका रूपा वास्तव में दुर्बल व्यक्तित्व वाली लड़की है। पिताजी हो अथवा ललित, रूपा उनकी बातों के समक्ष अन्तत: समर्पण कर ही देती है। ललित विदेश चला जाता है और रूपा का विवाह प्रौढ़ वकील से हो जाता है। ललित पुन: आकर रूपा से मिलता है और भाग चलने के लिए जिद करता है। रूपा नहीं चाहते हुए भी अपने चरित्र की मर्यादा लांघकर ललित के साथ भाग जाने को तैयार हो जाती है। यह प्रसंग कहानी का चरमोंत्कर्ष है। नायिका घर छोड़कर जाने के लिए तैयार है और उसके पति घर लौटते ही विलम्ब का कारण बतलाते है। पति के संवाद रूपा के निर्णय को एक झटके में बदल देते है। वह घर छोड़कर जाने का विचार त्याग देती है। कहानी को पूर्णता प्रदान करने वाले संवाद निम्नानुसार हैं–

उसने पूछा – 'बड़ी देर कर दी आज आपने?' उसका स्वर काँप रहा था।

'आज एक बड़ा पुराना मित्र मिल गया, उसी से बातें करने में देरी हो गई।'

अपने आप को स्वाभाविक बनाए रखने के लिए रूपा जल्दी–जल्दी खाना परोसने लगी। उसका हाथ काँप रहा था और वकील साहब बोले चले जा रहे थे– 'बड़ी मुसीबत में था बेचारा। उसकी स्त्री अपने किसी आशिक के साथ भाग गई।' रूपा का चेहरा फक्, उसका हाथ जहाँ का तहाँ रूक गया। 'मुझसे सलाह लेना चाहते थे कि क्या किया जाए। मैंने साफ कह दिया, कानूनी कार्यवाही करो पर उनका कहना था कि पढ़ी–लिखी लड़की है, कानून के जोर से उसे अपना नहीं बनाया जा सकता।'

कपड़े बदलने का काम खत्म करके वकील साहब कुर्सी पर आ डटे थे। रूपा के पैर बुरी तरह लड़खड़ा रहे थे और वकील साहब अपनी ही धुन में बोले जा रहे थे – 'मैंने तो साफ कह दिया, पढ़ी–लिखी हो तो सर पर बिठाओ। पढ़ी–लिखी है, पढ़ी–लिखी है अरे पढ़ी–लिखी तो तुम भी हो, भागने की बात को दूर रही, दो साल हो गए, मुझे कभी याद नहीं पड़ता कि तुमने आँख उठाकर किसी पुरूष से बात की हो। यह भी कोई बात हुई भला।'[7] 'वकील साहब के उक्त संवाद में रूपा के प्रति उनके मन में असीम विश्वास की अभिव्यक्ति हुई है, जिसे सुनकर रूपा का घर छोड़कर जाने का निर्णय पलभर में तिरोहित हो जाता है उसकी आँख से प्रायश्चित के आँसू बहने लगते है। इस प्रकार वकील साहब के संवाद कहानी के उद्देश्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होते है।

संवाद के अनेक रूप और स्तर होते है। व्यक्ति विशेष के साथ संवाद के स्वरूप और स्तर में भी भिन्नता आ जाती है। पत्नी से जो संवाद संभव नहीं हो पाता है, वह मित्र के साथ सहज ही हो जाता है। मन्नू भंडारी की 'हार' कहानी में पति और पत्नी राजनैतिक प्रतिद्धन्द्वी हैं परंतु पति की मनोदशा उसके संवाद के द्धारा सामने आ जाती है – 'पता नहीं क्या तुम दो–तीन दिन से बड़े खिन्न दिखाई देते हो। अरे मुझसे शर्त बदलो, जीत तुम्हारी निश्चित है।' मित्र ने कहा–'इसी का तो गम है भाई, मेरी जीत की संभावना हीं मुझे खिन्न बनाए दे रही है। सोचता हूँ मैं हार भी गया तो उस लज्जा को सह लूँगा। पुरूष हूँ और सहने का आदी। पर जीत गया तो दीपा का क्या होगा ? तुम देखते हो पगली हो गई है इसके पीछे। वह हार का धक्का बर्दाश्त नहीं कर सकेगी और सच पूछो तो इसीलिए चाहता हूँ कि मैं हार जाऊँ।' बडे ह़ताश और बुझे हुए स्वर में शेखर ने कहा।

'क्या पागलों जैसे बातें कर रहे हो। उनको जब तुम्हारी कोई चिन्ता नहीं, तो तुम क्यों उनकी चिंता से यों गमगीन हुए बैठे हो ? तुम्हारी निन्दा करने में वह पागलपन की सीमा तक उतर आई थी, यह भी याद है ?'

'मुझे उसके इस पागलपन से ही तो प्यार है शर्मा। जब देखता हूँ कि लड़कियाँ भावुकता को परे रखकर किसी बात पर यों खुले दिमाग से सोच सकती है तो भारत के सुनहले भविष्य की तस्वीर आँखों में उतर आती है।'[8]

नारी के मन के रहस्य को नारी ही अधिक अच्छी तरह समझ सकती है और पारस्परिक संवाद की अंतरंगता में हृदय के रहस्य से परदा भी उठ जाता है। मन्नू भंडारी की 'एक बार और' शीर्षक कहानी में बिन्नी और सुषमा के संवाद नारी–मन का दर्पण बन जाते है। मन में मचलते भंवर को संवाद की सहजता में व्यक्त करने की विशेषता यहाँ देखी जा सकती है–

कुंज का पत्र पाकर जब उसने अपने जाने की बात कहीं थी, तो सुषी विस्मित–सी उसे देखती रह गई थी। रात में सोते समय केवल इतना ही कहा था–'पहले का जाना तो तब भी समझ में आता था बिन्नी, पर अब ? जो आदमी बार–बार वायदा करके मुकर जाए, उससे क्या आशा करती है तू ?' 'आशा ? क्या हमेशा कुछ पाने की आशा से ही संबंध रखा जाता है।' कहकर ही बिन्नी को लगा था कि वह सुषमा को समझा रही है या अपने मन को ? 'सम्बन्ध ?' सुषमा के स्वर में वितृष्णा भरी खीज उभर आई। 'तू अभी भी समझती है कि तू उसे प्यार करती है या कि वह प्यार है जिसके जोर से तु खिंची हुई चली जाती है? क्यों अपने को धोखा दे रही है बिन्नी ? अब तेरे संबंध का आधार प्यार नहीं – प्रेस्टीज है, कुचला हुआ आत्म–सम्मान। तुझे कुंज नहीं मिला, तो तू अपने को बर्बाद करके भी यह संभव नहीं होने देगी कि वह मधु को मिले।'

बिन्नी भीतर तक तिलमिला उठी। मन हुआ चीखकर सुषमा को चुप कर दे, पर वह भिचे गले से केवल इतना ही कह सकी। 'तू –चुप हो जा सुषमा।'[9]

मन्नू भंडारी की 'दीवार, बच्चे और बरसात' शीर्षक कहानी संवाद प्रधान है। अपने पति के दुर्व्यवहार से विवश होकर एक स्त्री अपना घर छोड़कर चले जाने को विवश हो जाती है। यह प्रसंग महिलाओं की बैठक में पारस्परिक

संवाद के माध्यम से ही कहानी आरंभ से अंत तक पहुँचती है। भग्गो भाभी, बड़ी भाभी, मंझली भाभी और अम्मा के पारस्परिक संवाद में पारस्परिक रूढ़िग्रस्त नारी के चरित्र को अभिव्यक्ति मिली है। इन संवादों से यह बात भी उजागर होती है कि नारी, स्वयं ही नारी की सबसे बड़ी शत्रु होती है तथा परस्त्री की निंदा में उसे बहुत रस मिलता है। भग्गो भाभी का यह संवाद द्दष्टव्य है – 'अरे ये सब तो नाटक होगा, नाटक। हमारे पुरखे तिरिय चरित्तर की जो महिमा बखान गए सो झूठी नहीं है। मैं तो क हूँ, पहले से ही किसी से लगी बैठी होगी मरी, बस बहाना चाहिए था।'[10]

महिलाओं की चौंकड़ी में संवाद का उत्साह हिलोरे लेता रहता है और अचानक दीवार दरक जाती है। कहानी का समापन संवाद के माध्यम से ही होता है, जहाँ दीवार टूटने के माध्यम से रूढ़ियों के विरूद्ध विद्रोह की भावना प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त हुई है। कहानी के अंतिम संवाद में चरमोंत्कर्ष के साथ उद्देश्य की प्राप्ति होती है – 'गई कहाँ, कुछ पता लगा?' भाभी में जिज्ञासा प्रगट की। 'जाने कहाँ मरी है।' बाहर फिर धमाका हुआ और रोने की मिली-जुली आवाजें आने लगीं। बड़ी भाभी गरम होती हुई बाहर गई- 'ये सत्यानासी बच्चे दो घड़ी चैन से नहीं बैठने देंगे।' पर बाहर जाते ही चिल्लाई 'अरे अम्मा देखो तो, सारी की सारी दीवार टूट गई।'[11]

टूटी दीवार को देखकर अम्मा चिल्लाने लगती है, उनके संवाद में पुरानी पीढ़ी का प्रलाप प्रगट होता है-'उसी दिन मैंने कहीं थी कि इस पौद को उखाड़ फेंको, पर सुनता कौन है मेरी इस घर में। देखों, मरी जरा-सी है। पर सारी की सारी दीवार तोड़ कर रख दी।'[12]

मन्नू भंडारी की प्रतितिनिधि कहानियों में संवाद के सीमित परंतु सामर्थ्यपूर्ण प्रयोग के द्वारा परिवेश और चरित्र के अनेक आयाम उजागर हुए है। कहानी लेखिका ने अपनी संवाद योजना का सार्थक उपयोग करते हुए कथावस्तु की गति, रोचकता एवं औत्सुक्य की भी वृद्धि की है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 10
2. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 10
3. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 17-18
4 मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 18
5 मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 21
6 मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 41
7. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 63-64
8. मन्नू भंडारी – तीन निगाहों की एक तस्वीर, पृ 81
9. मन्नू भंडारी – एक प्लेट सैलाब, पृ 60
10. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 99
11. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 99
12. मन्नू भंडारी – मैं हार गई, पृ 99

****

मालती जोशी के कहानी साहित्य में मध्यमवर्गीय नारी पात्रों के विविध रूप

डॉ. कविता रेलवानी *

प्रस्तावना – मालती जोशी मुख्यत: और मूलत: मध्यमवर्गीय पारिवारिक परिवेश की कथाकार हैं उनकी अधिकांश कहानियों में मध्यमवर्गीय नारी पात्रों के विविध रूपों की अवधारणा विद्यमान है। उनकी समग्र कथायात्रा में आरंभ से आज तक मध्यमवर्गीय नारी पात्रों की ही प्रधानता रही है। उनकी कहानियों में मध्यम वर्ग के नारी पात्रों को खोजने की आवश्यकता नही है अपितु मध्यमवर्गीय नारी पात्रों का संसार ही वास्तव में मालती जोशी का कहानी संसार हैं। श्रीमती जोशी की कहानियों में मध्यमवर्गीय नारी पात्रों का जो संसार बसा है उसमें वर्तमान समाज की नारी की विविध छवियाँ विद्यमान है।

समाज का मध्यम वर्ग प्राय: जीवन के मध्य मार्ग पर ही चलने का अभ्यासी रहता है इसलिये शुद्धता या कट्टरपथी आग्रह के स्थान पर मध्यमवर्ग सदा सरलता और सुगमता के पथ पर चलना चाहता है। मध्यमवर्ग के विभिन्न परिवेश मालती जोशी की कहानियों में चित्रित हुए हैं।

मालती जोशी की कहानियाँ मध्यमवर्गीय जीवन का दस्तावेज है। स्वयं कथाकार के अनुसार – 'पिछले तीस–चालीस वर्षो से अनवरत लिख रही हूँ। सारी कहानियों को अगर एक शीर्षक में बांधना हो तो कहना पड़ेगा कि ये मध्यमवर्गीय जीवन का दस्तावेज हैं। मैं स्वयं इसी वर्ग से हूं इसलिये मध्यमवर्ग के सुख दुख राग–द्वेष, आशा आकांक्षा से अच्छी तरह परिचित हूँ। मध्यमवर्गीय परिवार या मध्यमवर्गीय नारी मेरी कहानियों का केन्द्र बिन्दु रहे। मेरी कहानियाँ मेरी तरह ही घरेलू है। घर आँगन में सिमटी हुई है, उनका यह घरेलूपन उनकी कमजोरी भी है और शक्ति भी। इसी कारण से आलोचना का शिकार भी होती है। समीक्षक उन्हें खारिज कर देते हैं और इसी घरेलूपन के कारण वे लोकप्रिय भी है पाठक इन कहानियों में अपने जीवन का प्रतिबिम्ब देखते हैं।'[1]

मालती जोशी के विभिन्न कहानी संग्रहों की कहानियों द्वारा हम मध्यमवर्गीय नारी पात्रों के प्रतिबिम्ब देख सकते है।

मालती जोशी की 'मुट्ठी भर खुशियाँ' कहानी की नायिका के रूप में मध्यमवर्गीय एकाकी नारी चरित्र के अवसाद को उजागर किया गया है इस कहानी में वीणा के रूप में उत्साही, व्यावहारिक और महत्वकांक्षी मध्यमवर्गीय नारी का चरित्र प्रस्तुत किया गया है।

'एक जंगल आदमियों का' शीर्षक की नायिका नीता के रूप में एक ऐसी नारी का चरित्र प्रस्तुत किया गया जो अपने पति की मध्यमवर्गीय आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम नहीं बनना चाहती है।

मालती जोशी की 'दूसरी दुनिया' शीर्षक कहानी की नायिका सुषमा और भाभी के माध्यम से मध्यमवर्गीय नारी के दो ऐसे चरित्र प्रस्तुत हुए है जो आर्थिक स्थिति में अंतर के कारण परस्पर विरोधी बन जाते हैं।

कहानीकार की 'शराफत' आत्म कथात्मक शैली में लिखी गई कहानी की नायिका के माध्यम से एक ऐसा नारी चरित्र सामने आता है जो मध्यमवर्गीय महिलाओं के मन में बसे भय और असुरक्षा की भावना को अभिव्यक्ति देती है।

'कवच' शीर्षक कहानी में माँ के माध्यम से एक ऐसी मध्यमवर्गीय प्रौढ़ा का चरित्र प्रस्तुत किया गया है जो विधवा होने के कारण अपने घर परिवार में भी अपमान का शिकार होती है।

'अक्षम्य' कहानी में गीता के रूप में मध्यमवर्ग की बीमार और अभिशप्त नारी की मार्मिक प्रस्तुति हुई है, तो दूसरी ओर बिन्दु के रूप में प्रगतिशील नारी का सशक्त और प्रेरक चरित्र सामने आया है।

श्रीमती जोशी की 'सन्नाटा' शीर्षक कहानी की नायिका उत्तरा के रूप में शिक्षित और महत्वकांक्षी मध्यमवर्गीय नारी का ऐसा चरित्र प्रस्तुत हुआ है जो अपनी उन्नति की प्रसन्नता में पति के सम्मिलित नहीं होने के कारण आहत होती है।

मालती जोशी की 'हमको दिया परदेस' शीर्षक कहानी की नायिका कुसुम के रूप में मध्यमवर्गीय आदर्शमयी नारी का पारम्परिक चरित्र प्रस्तुत किया गया है। कुसुम के चरित्र में परिवार के प्रति त्याग और समर्पण का प्रेरक रूप देखने को मिलता है।

मालती जोशी की 'बोल री कठपुतली' शीर्षक कहानी की नायिका आभा के चरित्र में मध्यमवर्गीय नारी की असहायता का चित्रण हुआ है आभा के चरित्र के माध्यम से कहानी में मध्यमवर्गीय समाज के इस सत्य को उजागर किया गया है कि आज भी अनेक परिवारों में आभा जैसी महिलाओं की स्थिति शिक्षित होने पर भी कठपुतली जैसी ही है।

'रानियाँ' शीर्षक कहानी की नायिका वंदना के माध्यम से उच्च मध्यमवर्गीय नारी का एक ऐसा चरित्र प्रस्तुत हुआ है, जो अपने पति की छल का शिकार होती है पति की पूर्व पत्नी के बारे में जानने के बाद उत्पन्न होने वाले तनाव को वंदना के चरित्र में स्पष्ट देखा जा सकता है।

लेखिका की 'आवारा बादल' शीर्षक कहानी में सौतेली मां के रूप में मध्यमवर्ग की नारी का प्रेरक चरित्र प्रस्तुत किया गया है। इस कहानी की नायिका के चरित्र में स्नेह और उदारशीलता का सरल स्वरूप सामने आता है।

श्रीमती जोशी की 'आखरी शर्त' कहानी की नायिका कुसुम के चरित्र मध्यमवर्गीय नारी के दोहरे मानदण्डो की प्रस्तुती हुई है। इस कहानी में कुसुम अपनी दीदी की बेटी और स्वयं अपनी बेटी के लिये अलग–अलग मानदण्ड रखना चाहती है।

* पुष्प निवास, गली नं 1 स्टेशन रोड़, रतलाम (म.प्र.) भारत

मालती जोशी की 'शुभकामना' शीर्षक कहानी में गौरी के रूप में एक ऐसी मध्यमवर्गीय नारी का प्रेरक चरित्र सामने आता है तो अभावो में गृहस्थी चलाने के लिये तत्पर है परंतु जिसके लिए अपने पति द्वारा किए गए चरित्र हनन और की गई उन्नति अच्छी नही लगती है।

इनकी 'औकात' शीर्षक कहानी की नायिका नीता का चरित्र निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की अभावग्रस्तता का शिकार है।

मालती जोशी की 'सती' शीर्षक कहानी की नायिका नीलम के रूप में मध्यमवर्गीय नारी का ऐसा रूप प्रस्तुत किया गया है, जो विषम परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए विचलित हो जाती है और कुंए में छलांग लगा देती हैं

'अंतिम संक्षेप' शीर्षक कहानी की नायिका मम्मी के रूप में मध्यमवर्गीय परिवार की एक ऐसी प्रौढ़ नारी का चरित्रांकन हुआ है जो सब कुछ सहन करते हुए अपने बेटे के परिवार की सुख शांति बनाए रखने का प्रयास करती है। मम्मी के चरित्र में ममता, त्याग और सहनशीलता के साथ मध्यमवर्गीय पारम्परिक पारिवारिकता का आभास होता है।

मालती जोशी की 'क्षरण' शीर्षक कहानी की नायिका विमला मध्यमवर्गीय परिवार की उस उदार और सहनशील पीढी का प्रतिनिधित्व करती है जो अपने ही परिवार में सारा जीवन घुटने में ही बीता देती है विमला जितनी उदार है उसकी बहू नेहा उतनी ही अनुदार है। बहू के संकीर्ण व्यवहार के कारण विमला की आस्थाएं तक टुटने लगती है विमला के रुप में बुर्जुग पीढी की शिक्षित और संवेदनशील नारी का उदार चरित्र सामने आता है जो निरन्तर मौन पीडा सहने के लिए अभिशप्त है। विमला के चरित्र का आभास इन पंक्तियों के द्वारा हो सकता है– 'दोनों हाथो में सिर थामकर बिस्तर में धँस गई। आँसुओ का एक सैलाब –सा पलको में उमड आया। आस्थाओ के टूटने का दर्द क्या होता है इसे उन्होनें नये सिरे से महसूस किया। सोच काश! वे भी शर्माइन की तरह अनपढ और गंवार होती तो वे भी उनकी तरह हिलग–हिलगकर रो लेती।'

पर वे जानती है वे रोंएगी नही। इस बार अपनी पीडा का समुद्र चुपचाप पी जाएगी। अपनी टूटन किसी पर जाहिर नही होने देगी। ये छोटे–छोटे दुख उनके भीतर इसी तरह रिस्ते रहेंगे और उनके साथ भी क्षार होती रहेगी उनकी जिजीविषा।'2 विमला के रुप में मध्यमवर्गीय अबला नारी की छवि देखने को मिलती है।

उनकी 'मान–अपमान' शीर्षक कहानी की माँजी के रुप में मध्यमवर्गीय परिवार की ऐसा प्रौढा नारी का चरित्रांकन हुआ है। वह उदार स्नेहमयी और संवेदनशील है तथा अपने इन मानवीय गुणो के कारण ही जिसे अपमान का घूंट पीना पडता है।

मालती जोशी की 'छीना हुआ सुख' शीर्षक कहानी की बुआजी अनु और बिन्नी जैसे चरित्र मध्यमवर्गीय नारी का प्रतिनिधित्व करते है।

मालती जोशी की 'अपने अपने दायरे' शीर्षक कहानी की नायिका पुष्पा के रुप में मध्यमवर्गीय नारी का चरित्र प्रस्तुत किया गया है जो अपनी माँ द्वारा ही भ्रमित किऐ जाने के कारण ससुराल में लालचीपन प्रकट करती है।

मालती जोशी की 'सन्नाटा ही सन्नाटा' शीर्षक कहानी की सावित्री के रुप में एक ऐसी मध्यमवर्गीय प्रोढ़ नारी का चरित्र प्रस्तुत हुआ है जो अपने बहू के व्यवहार के कारण अपने पुत्र नरेश के साथ नही रह पाती है।

'हॉर्ले –स्ट्रीट' शीर्षक कहानी की मम्मी के रुप में एक ऐसी मध्यमवर्गीय नारी का चरित्र प्रस्तुत हुआ है। जो अपने लाड–प्यार में पकवान खिला–खिलाकर बेटे बबलू को बीमार बना देती है। मम्मी के चरित्र का आभास इस आत्मकथा में मिल सकता है। 'बबलू ठीक कह रहा था। गलती मेरी ही थी। पर मैं भी क्या करुँ– उसे सुबह–शाम ब्रेड–आमलेट और कार्नफ्लेक्स पर गुजारा करते देखकर मेरी ममता का बांध फूट पडा था। बडी मुश्किल से तो महीने भर को घर रामसेवक को सौपंकर मैं यहाँ आई थी। उतने थोडे से समय में ही सारी कसर निकालने का मेरा इरादा था वैसे भी साल भर से बबलू के पापा के लिए फीकी, चाय, उबली सब्जियाँ और चोकर के आटे की रोटियाँ बना–बनाकर मैं बोर हो गई थी। यहाँ आते ही जैसे मेरी पाक कला के लिए अपार संभावनाओ के द्वार खुल गए थे। मुझ पर एक तरह से 'कुकिंग का दौरा पड गया था।'[3]

लेखिका की 'गंगाबाई और मैं बेचारी' शीर्षक कहानी की नायिका के रुप में एक ऐसी मध्यमवर्गीय नारी का चरित्र प्रस्तुत किया गया है जो अपनी नौकरानी गंगाबाई की सम्पन्नता को देखकर ईर्ष्यालु बन जाती है आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई इस कहानी में जब नौकरानी गंगाबाई मध्यमवर्गीय नायिका से सोने का भाव पूछती है और अपने बच्चो के लिए सोने की बालियाँ बनवाने की बात करती है तो मध्यमवर्गीय नायिका का मन अपनी अभावग्रस्तता के कारण ईर्ष्या से भर जाता है मन की यह ईर्ष्या क्रोध के रुप में व्यक्त होती है और वह गंगाबाई को स्वर्ण आभूषण पहनने के कारण लडकियो के संकट ग्रस्त होने का उपदेश देने लगती है।

मालती जोशी की 'बचत एक ट्यूशन की' शीर्षक कहानी की नायिका के माध्यम से एक मध्यमवर्गीय नारी का चरित्र सामने आता है जो घर के आर्थिक अभाव के कारण अपने बेटे राजू को ट्यूशन पर नही भेजकर स्वयं ही पढाती है। मध्यमवर्गीय नारी का बचत के लिये किया गया प्रयास भी कैसे फजीहत का कारण बन जाता है। यह आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई कहानी को नायिका के चरित्र में माध्यम से दर्शाया गया है। मध्यमवर्गीय नायिका जब घर पर ही अपने बेटे राजू को पढाने लगती है तो पडोसी भी अपने बच्चो को पढने के लिए वहॉ छोड जाते है। नायिका के घर में एक छोटा सा गुरुकुल आरंभ हो जाता है और ट्यूशन की बचत से कहीं अधिक आर्थिक हानि होने लगती है। स्वयं नायिका के शब्दो में – 'महीने के अन्त में परिणाम निकला की दूध, बिजली और चाय शक्कर का खर्च दुगुना हो गया। कई चादरों पर स्याही के असम दाग थे। दो फूलदान टूट गए थे। राजू के घुटने में चोट थी और पेन गायब था। दो पडोसियो से झगडा हो गया था। सबसे बुरा तो यह हुआ कि राजू की अपने पिता के प्रति बौद्धिक स्तर पर विषय में आवांछित धारणाएं बन गई थी।'[4]

मालती जोशी की 'एक सार्थक दिन' शीर्षक कहानी की अम्मा और भाभी के रुप में मध्यमवर्गीय नारी के दो पारिवारिक चरित्र प्रस्तुत किए गए है दिलीप की बेरोजगारी के कारण अभावग्रस्त मध्यमवर्गीय परिवार की अम्मा और भाभी के चरित्र में करुणा और ममता कि छवि देखने को मिलती है।

'बाबुल का घर' शीर्षक कहानी की अम्मा सुमि, पम्मी के रुप में मध्यमवर्गीय पारिवारिक नारी चरित्रों का सहज चित्रण हुआ है। इस कहानी में पम्मी अपनी छोटी बहन सुमि के विवाह के अवसर पर अम्मा के घर आती है और माँ और बेटी के मध्य में सवेंदना के तार झनझना जाते हैं। सुमि के रुप में मध्यमवर्गीय नारी का सवेंदनशील चरित्रांकन हुआ है। इन्जीनियर से विवाह होने पर भी वह प्रसन्न नही हो पाती है क्योकि उसे अपनी वृद्ध अम्मा की बहुत चिन्ता है। सुमि के मध्यमवर्गीय चरित्र की सवेंदना को इन पंक्तियों से जाना जा सकता है– 'मैनें सुमि की ओर देखा अभी अभी रो चुकी उसकी आँखे एकदम सूनी थी। आँखों में न लाज के डोरे थे, न सपनो के रंग। शायद

कई रातों की जागी हुई थी। आखों के नीचे स्याह घेरे बन गये थे दुल्हन क्या ऐसी होती है? चेहरे पर जरा भी रौनक नही थी मैं तो सोच रही थी कि इन्जीनियर पति पाकर वह उडी उडी फिरती होगी। पर उसके पांवो में तो जैसे किसी ने मन मन भर की बेडियाँ डाल दी थी। अम्मा की चिंता में तो वह हंसना भी भूल गयी थी। शादी के वक्त लडकियों पर कैसा निखार आ जाता है पर इसका तो अपना चम्पई रंग की मटमैला पड गया था। और हैरत की बात यह थी कि घर में किसी को इसकी चिन्ता नही सब अपने अपने हिसाब किताब में व्यस्त।'[5]

मालती जोशी की 'आ अब लौट चले' शीर्षक कहानी की नायिका रेणु के रुप में एक ऐसी मध्यमवर्गीय विधवा नारी का चरित्रांकन हुआ है, जो अपने पति की मृत्यु के बाद ससुराल और पीहर में अपने ही परिजनो की स्वार्थी प्रवृत्तियों की शिकार का पैसा भी उसके पास है। ससुराल के सम्बंधियों के लालचीपन से घबराकर रेणु पीहर में आ जाती है परन्तु वहाँ भी सबकी दृष्टि उसके पैसे पर ही रहती है। पीहर वालो के प्रति रेणु का मोहभंग होता है और वह एक बार फिर ससुराल के प्रति अपने कर्तव्यों की चिन्ता करने लगती है।

मालती जोशी के सभी नारी चरित्र मध्यमवर्गीय जीवन का प्रतिनिधित्व करते हैं। मध्य वर्ग में निरंतर शोषण और अन्याय का शिकार होते हुए त्याग, समर्पण, कर्तव्य परायणता और संघर्षशीलता का जो प्रभावी रूप सामान्य मध्यमवर्गीय नारी में दृष्टि गोचर होता है। उसी की प्रभावी अवधारणा मालती जोशी के कथा-साहित्य में हुई है।

मालती जोशी ने मध्यमवर्गीय पारिवारिकता के विराट परिवेश में नारी की विभिन्न छवियाँ प्रस्तुत की है। उनके नारी पात्र जीवन्त और विश्वसनीय है। वास्तव में विभिन्न मध्यमवर्गीय नारी चरित्र के वर्चस्व ने ही मालती जोशी के कथा साहित्य को महत्वपूर्ण बनाया। मध्यमवर्गीय नारी की अनेक प्रेरक, मार्मिक और प्रभावी छवियां उनकी रचनाओं में प्रस्तुत हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मालती जोशी - रहिमन धागा प्रेम का, पृ. 7,8
2. मालती जोशी - अंतिम संक्षेप पृ. 50
3. मालती जोशी - हार्ले स्ट्रीट, पृ. 19, 20
4. मालती जोशी - हार्ले स्ट्रीट, पृ. 41
5. मालती जोशी - बाबुल का घर, पृ. 19, 20

****

नारी मन की प्रवक्ता मालती जोशी

डॉ. रजनी रेलवानी *

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश की प्रमुख कहानी लेखिकाओ में मालती जोशी का प्रतिष्ठित स्थान हैं। अपने सौम्य व्यक्तित्व और लोकप्रिय लेखन के कारण मालती जोशी ने समाज में सम्मानित स्थान बनाया हैं सुसंस्कारों और सुन्दर अभिरूचियों ने मालती जोशी के व्यक्तित्व को संवांरा तथा उनके कृतित्व को प्रभावी बनाया हैं। मालती जोशी ने महिला विषयक कई कहानियाँ लिखी हैं। एक महिला होने के नाते नारी से जुड़ी समस्याओं और मनोभावों से वे बखूबी परिचित थी। यही कारण हैं कि सदियों से तिरस्कृत उपेक्षित व उत्पीड़ित नारी के दुख दर्द को मालती जोशी ने न केवल समझा बल्कि उसको अपनी कहानियों के माध्यम से यथार्थ रूप में अभिव्यक्त भी किया। मालती जोशी एक ऐसी कथाकार हैं जिन्होंने पूरी स्वतंत्रता व सच्चाई के साथ नारी जीवन का यथार्थ चित्र प्रस्तुत किया हैं। मालती जोशी ने अपने कहानी साहित्य में नारी पात्रों के विविध रूपों को प्रस्तुत किया है। उन्होंने हर वर्ग की नारी को लेकर कहानियाँ लिखी। उनकी कहानी का केंद्र उच्चवर्ग, मध्यमवर्ग और निम्न वर्ग की नारियाँ है उन्होंने सामाजिक और आर्थिक आधार पर कहानियाँ लिखी है जिनमें मानवीय संबंधों पर आधारित, रूढ़ियों और परम्पराओं में जकडी नारी, आधुनिक नारी, नौकरीपेशा और अन्य पर निर्भर नारियों का चित्रांकन किया है।

श्रीमती जोशी ने उच्चवर्ग की नारियों के चरित्रों को अपनी कहानियों का आधार बनाया है। उच्चवर्ग समाज का एक ऐसा सुसम्पन्न वर्ग जिसके पास आवश्यकता से अधिक धन और विलासिता के अनेक साधन उपलब्ध है।

मालती जोशी ने अपनी कहानियों में उच्चवर्ग के जीवन का चित्रण किया है जिसमें नारी पात्रों की पर्याप्त और प्रभावी प्रस्तुती हुई है। उनकी 'शापित शैशव' कहानी की नायिका रजनी डॉ. कुमार के सम्पन्न घर में पत्नी के रूप में आती है परन्तु कुमार की पूर्व पत्नी की बेटी पम्मी के असहज व्यवहार के कारण वह परेशान रहती है। उच्चवर्गीय जीवन के परिवेश में माँ और बेटी के संबंधों के तनाव को इस कहानी में रजनी और पारूल के चरित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। रजनी और पारूल के उच्चवर्गीय चरित्र की नियति को कहानी उजागर करती है।

मालती जोशी की 'महकते रिश्ते' शीर्षक कहानी की जिज्जी के रूप में उच्चवर्ग की प्रौढ़ नारी के उदार चरित्र की प्रस्तुती हुई है। जिज्जी के घर में सम्पन्नता का साम्राज्य रहता है परन्तु फिर भी उनके मन में आत्मीयता और उदारता बनी रहती है।

मध्यम वर्ग संभवत: किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील समुदाय होता है सामाजिक परिवर्तन और विकास में इस वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अधिकांश कथाकार मध्यम वर्ग से संबंध रखते है। इस कारण मध्यम वर्गीय परिवेश और पात्रों का चित्रण कथा-साहित्य में बहुतायत से हुआ है जिनमें महिला पात्रों का प्रतिनिधित्व भी महत्वपूर्ण है। मालती जोशी का कथा संसार मध्यम वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है वे स्वयं मध्यम वर्ग से जुड़ी है। अत: उन्होंने ज्यादातर मध्यमवर्ग पर आधारित कहानियाँ लिखी है वे स्वयं लिखती है-'मैं मध्यमवर्गीय घरेलू महिला हूँ उसी जीवन को कहानियों में उकेरती रही हूँ। यह सराहा जाता है यह मेरे लिए गौरव की बात हैं।'[1] उन्होने अपनी कहानियो में मध्यम वर्ग की विविध समस्याओं को अनेक दृष्टिकोणों से स्पष्ट किया है।

मालती जोशी की 'एक ओर देवदास' कहानी की नायिका गीता के रूप में मध्यम वर्गीय नारी का एक ऐसा चरित्र प्रस्तुत किया गया है जो पहले तो स्वंय अपने प्रेमी से विवाह नहीं करती परन्तु बाद में उसका अन्यत्र विवाह हो जाने पर विचलित हो जाती हैं।

कहानीकार की 'कुहासे' कहानी में नायिका स्वाति और उसकी दीदी मध्यमवर्गीय परिवेश की दो ऐसे नारी चरित्र है जो दाम्पत्य तनाव के कारण अधूरेपन की अनुभूति करते हैं।

मालती जोशी की 'गुड मॉर्निंग मिस मैथ्यूस' शीर्षक कहानी में और संवेदनशील मध्यमवर्गीय प्रौढ़ नारी की मार्मिक छवि प्रस्तुत की गई है।

'एक घर सपनों का' शीर्षक कहानी की अम्मा के रूप में मध्यमवर्ग की पुरानी पीढ़ी के एक ऐसे नारी चरित्र का प्रतिनिधित्व हुआ है जो अपने समग्र जीवन को होम कर देने के बाद भी स्नेह के लिए अन्त तक तरसती रहती है। अम्मा के चरित्र का आभास इन पंक्तियों द्वारा हो सकता है -'जिंदगी भर अम्मा ने रोटियाँ सेकी है दूसरो की लेकिन वह मजबूरी दूसरे प्रकार की थी, यह दूसरे प्रकार की। मान-मनुहार की भूखी अम्मा क्यों मेरे पड़ोसियों पर जान छिड़कती है यह मेरी अब समझ में आया। पति से तिरस्कृत नारी की हर जगह दुर्गति होती है - चाहे ससुराल में चाहे पीहर में। वह तो बिना पेंदे की लुटिया होती है। जब चाहा लुढ़का दिया बिना पैसे की नौकरानी होती है। जैसा चाहा काम लिया और बस छुट्टी। जिसके पीछे चार बच्चे होते हैं, उसे तो जहर का घूंट पीना ही पड़ता है। अकेली जान हो तो कुएँ में कूद जाए कोई।'[2]

मालती जोशी की कहानियों में मध्यमवर्गीय नारी चरित्रों की ही प्रमुखता है परन्तु निम्नवर्ग के प्रभावी और मार्मिक चरित्रांकन के उदाहरण भी इनकी कहानियों में विद्यमान है।

श्रीमती जोशी की 'बदामी' शीर्षक कहानी की नायिका बदामी के रूप में निम्न वर्ग की लड़की का मार्मिक चरित्रांकन हुआ है। गाँव की गरीब लड़की बदामी को बचपन से ही शहर के बंगलें में नौकरानी बनकर रहना पड़ता है।

* एम-ख, 95 स्टेडियम ग्राउण्ड नंदा नगर, इन्दौर (म.प्र.) भारत

बचपन में ही बदामी की सगाई भी हो गई है। बदामी के रूप में निम्नवर्गीय नारी का ऐसा चरित्र सामने आता है जो आजीवन अपने ही परिजनों के लिए खटकते रहने के लिए अभिशप्त है। उसकी विवशता का अंकन इन पंक्तियों में हुआ है- 'मतलब यह कि बदामी की सगाई हो चुकी है शादी होने तक जितना कमा सकेगी बाप को कमाकर देगी। फिर शायद पति के राज में भी किसी बंगले पर काम करने लगेगी। बचपन की ट्रेनिंग व्यर्थ थोड़े ही जाएगी।'[3]

मालती जोशी की 'मान-अपमान' शीर्षक कहानी की अल्लारक्खी के रूप में निम्नवर्ग की असहाय परन्तु उदार और सहनशील प्रौढ़ नारी का चरित्र प्रस्तुत किया गया है। करीम कम्पाउन्डर की बहन अल्लारक्खी को उसका पति तलाक दे देता है और भाई के घर में भी खाने के लाले पड़ते है।

अल्लारक्खी डॉक्टर यादव के परिवार में नौकरानी की तरह रहती है, परन्तु अपने व्यवहार से वह परिवार का अभिन्न अंग बन जाती है। कालान्तर में डॉ. यादव के परिवार में भेट होने पर अल्लारक्खी को निम्नवर्गीय होने के कारण अपमान की शिकार होना पड़ता है।

समाज में सभी स्तरों पर जिस तीव्रता से परिवर्तन हुए है। उसमें महिलाओं का केई भी वर्ग अछूता नहीं रह पाया है। महिलाएँ चाहे घर की चार दीवारों में कैद है या आधुनिक नारी के रूप में स्वच्छन्द विचरण करती है परन्तु किसी भी दशा में निरंतर हो रहे सामाजिक परिवर्तन में अप्रभावित नहीं रह सकती है। सामाजिक शीर्षक कहानी में माँ के रूप में प्रौढ़ नारी की उदार छवि उजागर हुई है। इस कहानी की माँ अपने पुत्र और बहू के दाम्पत्य जीवन को टूटने से बचाने के लिए त्याग और सहनशीलता के साथ समझदारी का भी परिचय देती है। पत्नी के झगड़े के बाद घर आए पुत्र को माँ स्वयं वापस पत्नी के पास भेज देती है।

पारिवारिक परिवेश की कथाकार होने के कारण मालती जोशी की कहानियों में दाम्पत्य जीवन का विविधतापूर्ण चित्रण हुआ है। मालती जोशी ने अपनी कहानी 'एक घर सपनों का' में एक ऐसी औरत का मार्मिक चित्रण किया है जो पति की शराब की आदत के कारण अपने घर के लिए तरस जाती है पति को अपनी पत्नी से कोई मतलब नहीं है। वह चली जाती है तो कोई दु:ख नहीं होता। आ जाती तो कोई प्रसन्नता नहीं होती। पत्नी अपने पति के घर को अपना न बना सकने से कितनी दु:खी है यह इसी वाक्य से पता चलता है-'यही पी. डबल की नौकरी तेरे बाबुजी की थी यही लालाजी की भी है पर दुल्हिन को देखो कैसे ठाठ से रहती?'[4] पति की आदतें पत्नी को कितना कष्ट देती है यही इस कहानी में बड़ी स्वाभाविकता और मार्मिकता से चित्रित किया गया है।

दाम्पत्य जीवन के अलगाव पर केंद्रित मालती जोशी की कहानियाँ प्राय: नारी परक है और उनमें पत्नी की उपेक्षा और अवमानना का मार्मिक चित्रण हुआ है। मालती जोशी की 'एक जंगल आदमियों' का शीर्षक कहानी की नायिका शास्त्रीय संगीत की कलाकार है परन्तु उसका पति उसे केवल अपनी स्वार्थपूर्ति का माध्यम बनाना चाहता है। इस कहानी में समकालीन जीवन की वह त्रासदी व्यक्त हुई है, जहाँ पत्नी केवल पति को प्रसन्न रखने का यन्त्र मात्र बनकर रह जाती है।

दाम्पत्य जीवन का अलगाव केवल पति और पत्नी के लिए ही नहीं अपितु संतान के लिए भी कटुतापूर्ण अनुभवों का कारण बन जाता है। मालती जोशी की आस्था के आयाम शीर्षक कहानी में कौमुदी को अपने माता और पिता के मध्य अलगाव का मूल्य चुकाना पड़ता है। इस कहानी में धीरेन्द्र उसके परिजन कौमुदी को सहर्ष पसंद कर लेते है परंतु यह जानकर विचलित हो जाते है कि माँ और पिता के मध्य तलाक हो चुका है। कौमुदी अपनी माँ के साथ ही रहती है परन्तु धीरेन्द्र के घर वाले यह शर्त लगा देते है कि शादी के अवसर पर कौमुदी के पिता की उपस्थिति होना अनिवार्य है। कौमुदी इस शर्त को अस्वीकार करते हुए विद्रोह कर देती है। परिवार में बेटे और बेटी के मध्य किये जाने वाले असमानतापूर्ण व्यवहार के कारण भी तनाव और अलगाव जन्म लेते है, जिसकी ओर मालती जोशी ने अपनी कहानी 'बेटी की माँ' में स्पष्ट संकेत किया है। इस कहानी में पुत्र और पुत्री में भेदभाव की भावना के कारण बेटी अपनी माँ से ही बहुत दूर जा पड़ती है। इस पारिवारिक अलगाव की मार्मिक अभिव्यक्ति इन पंक्तियों में देखी जा सकती है-'उन्हें (माँ को) सांत्वना देने का जरा भी मन नहीं हुआ क्योंकि पता था कि उनके आँसुओं में से एक भी मेरे लिए नहीं है। मेरे उजडे अतीत के लिए, मेरे सूने भविष्य के लिए, मेरे बिखरे सपनों के लिये अम्मा कब रोयी थी जो आज रोएगी। आज पक्का विश्वास हो गया अपने को कि जिनके लिए तिल-तिलकर जी रही हूँ वे मेरी माँ नहीं है। वे तो भैय्या की माँ हैं, अपने बेटे की माँ।'[5] बेटी की इस वेदना भरी अनुभूति में निश्चित ही पारिवारिक संबंधों में अलगाव का टूटता चेहरा दृष्टिगत होता है।

पारिवारिक और सामाजिक परिवेश के अन्तर्गत मालती जोशी ने रूढ़ियों और परम्पराओं में जकड़ी नारी तथा आधुनिक नारी का चित्रण भी अपनी कहानियों में बेखूबी किया है। उनकी 'साजिश' कहानी की अम्मा के रूप में रूढ़ियों और परंपराओं में जकड़ी प्रौढ़ नारी का चरित्र प्रस्तुत हुआ है। अम्मा की बेटी पम्मी ससुराल के त्रास से दुखी है और अम्मा के मन में उसके दुख के प्रति बहुत करूणा भी है। ससुराल से तंग आकर पम्मी अपने पीहर में रहना चाहती है परन्तु रूढ़ि ग्रस्तता के कारण अम्मा को यह स्वीकार नहीं होता है। इसी प्रकार मालती जोशी की 'कुलदीप' शीर्षक कहानी में श्रीमती शर्मा के रूप एक ऐसी नारी का चरित्र प्रस्तुत हुआ है जो अपने पुत्र मोह के कारण अंध विश्वास के जाल में घिरी रहती है। पुत्र की कामना में वे गिरते स्वास्थ्य की चिंता न कर बढ़ती उम्र में भी माँ बनती है। श्रीमती शर्मा के चरित्र का आभास इन पंक्तियों से होता है 'एक पुत्र का जन्म जैसे दोनों के जीवन का सबसे बड़ा प्रश्न, सबसे बड़ी चुनौती बन गया है, कितने ही साधु-संतों के पैर पूजे गए है। बीसियों जगह कुण्डलियाँ दिखाई गयी है। व्रत-उपवासों की तो कोई सीमा ही नहीं पर यह पुत्र रूपी नक्षत्र उनके भाग्याकाश में उदय होने का नाम नहीं ले रहा था मानों उनके धैर्य की परीक्षा ले रहा था।'[6]

इसी तरह मालती जोशी ने आधुनिक नारी का चित्रांकन भी अपनी कहानियों में किया है। मालती जोशी की कहानी 'किसी को किसी से शिकायत नहीं है' शीर्षक कहानी की नायिका ईशिता के रूप में आधुनिक नारी का चित्रांकन हुआ है। ईशिता का परिवार पाश्चात्य रंग में रंगा हुआ है, जिसकी महत्वकांक्षाओं का मूल अमेरिका की चका-चौंध की ओर है। ईशिता सुशील से विवाह के प्रस्ताव को इसलिए ठुकरा देती है क्योंकि अपने घरेलू दायित्वों के कारण सुशील को अमेरिका न जाते हुए स्वदेश में रहना पड़ता है। 'दूसरी दुनिया' शीर्षक कहानी की मामी के रूप में प्रौढ़ आधुनिक नारी का चरित्रांकन हुआ है। मामी क्लब जाती है और जब उनकी भानजी सुषमा घर आती है तो वह उसे भी अपने साथ क्लब ले आती है। मामी और क्लब की अन्य महिलाओं के प्रति सुषमा की प्रतिक्रिया उनके आधुनिक चरित्र को उजागर करती है।

पारिवारिक और सामाजिक परिवेश के साथ ही मालती जोशी की कहानियों में आर्थिक समस्याओं के संदर्भ भी अनेक स्थानों पर उपलब्ध है। उनकी कहानियों में स्वालम्बी और परावलम्बी दोनों ही तरह के नारी चरित्रों का चित्रण हुआ है। मालती जोशी की कहानियों में आर्थिक अभाव और संघर्ष से जूझती नारी के चित्र भी देखने को मिलते है। ऐसी ही उनकी कहानी

'विकल्पय है जिसमें बड़ी दीदी के रूप में एक ऐसी नौकरी पेशा नारी का रूप उभरकर आता है जो अपने परिवार की अभावग्रस्तता के कारण स्वयं नौकरी करके दहेज का प्रबंध करती है। उनकी 'गणित' कहानी की नायिका सीमा अपने परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं के कारण विवश होकर नौकरी करती है। सीमा की नौकरी उसके परिवार के लिए अनिवार्य बन जाती है। मालती जोशी की 'अवसान एक स्वप्न' शीर्षक कहानी की दोनों बहनें आरती और भारती नौकरी करती है और इसी कारण उनका विवाह नहीं हो पाता है उनकी नौकरी के द्वारा होने वाली आमदनी के लालच में घरवाले विवाह की बात को किसी न किसी बहाने टालते जाते है। आर्थिक समस्या के कारण नौकरी पेशा भारती के चरित्र का आभास इन पंक्तियों के द्वारा हो सकता है– 'इस रात मुझे ठीक से नींद नहीं आई। हाथों से फिसलती उम्र का खौफ मुझे सोने नहीं दे रहा था। बढ़ती उम्र का अहसास इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं हुआ था पर स्वीटी की शादी ने मुझे बौखला दिया था लग रहा था मैं एकदम सीनियर बैच में आ गई हूँ और यह ख्याल बड़ा डरावना था।'[7]

मालती जोशी की 'कड़वा सच' कहानी की नायिका रजनी अपने घर से भागकर कवि कोकिल से विवाह करती है। विवाह के पश्चात् अपने पति की अकर्मण्यता के कारण घर का सब दायित्व रजनी को ही वहन करना पड़ता है और इसीलिए उसे नौकरी करनी पड़ती है। रजनी के रूप में एक ऐसा नारी चरित्र सामने आता है जो विवशता के कारण नौकरी तो करती है परंतु अपनी इस विवशता के कारण सदैव सन्तप्त भी रहती है। रजनी के मन में हमेशा, यह पश्चाताप बना रहता है कि यदि उसने घरवालों की इस इच्छा के अनुसार किसी नौकरी पेशा वर से विवाह किया होता तो उसे नौकरी नहीं करनी पड़ती।

'आउट साइडर' शीर्षक कहानी की नायिका नीलम को पिता की आकस्मिक मृत्यु के बाद परिवार का दायित्व वहन करना पड़ता है–'पिता की आकस्मिक मृत्यु के बाद, जब उसने घर की बागडोर संभाली थी कि अब यही उसकी नियती होगी। मन में एक क्षीण आशा थी कल को भाई जब लायक हो जाएंगे तो वह अपनी जिंदगी जी सकेगी पर वह आशा दुराशा ही साबित हुई।'[8] मालती जोशी की कहानियों में पराश्रित अथवा अन्य पर निर्भर अनेक नारी चरित्र विद्यमान है। 'क्षरण' शीर्षक कहानी की माँ के रूप में अन्य पर निर्भर प्रौढ़ नारी का विवशताजन्य चरित्रांकन हुआ है। इस कहानी की माँ विमला अपने पुत्र समीर पर निर्भर है। वह स्वयं उदार मन की है परंतु बहू नेहा के संकीर्णतापूर्ण व्यवहार को भी सहन करना पड़ता है, क्योंकि वह स्वयं पर नहीं अपितु पुत्र पर निर्भर है। इस प्रकार मालती जोशी की कहानियों के स्त्री पात्रों को आर्थिक समस्याओं के कारण अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं का दमन करना पड़ता है।

मालती जोशी की कहानियों का संसार भारतीय परिवारों का जीवन्त परिवेश है वे मध्यमवर्गीय भारी–मन और उनकी संवेदनाओं की प्रवक्ता है। वे अपनी रचनाओं में स्त्री की कुंठा, संत्रास और संघर्ष को स्वर देती है। उनके अनुसार भारतीय स्त्री आज भी संक्रमण काल से गुजर रही है। कहा जा रहा है कि औरत की दुनिया बदली है, पर क्या सचमुच बदली है ? उसका एक पैर घर के बाहर निकला है, लेकिन दूसरा अभी भी रसोई में है। शिक्षा ने उसके लिए प्रगति के द्वार खोले हैं, पर घर परिवार आज भी उसकी प्राथमिकता बना हुआ है। परिवार की लक्ष्मण–रेखा उसे घेरे हुए है अभी भी पिता की दृष्टि से वह 'दान' की वस्तु है और पति की दृष्टि में वह 'भोग' की। घर में पुरूष आज भी शासक बना रहना चाहता है।'[9]

मालती जोशी ने अपनी कहानियों में पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से जूझती नारी का मार्मिक और प्रभावी चित्रण किया है। उनकी कहानियों में नारी के विविध रूप देखने को मिलते है। सर्वाधिक चित्र मध्यमवर्गीय नारी के है जो विश्वसनीय और जीवन्त प्रतीत होते है। नारी के शोषण, प्रताड़ना और अपमान का सशक्त चित्रण मालती जोशी की कहानियों में हुआ है। आर्थिक अभाव के और संघर्ष के चित्र मालती जोशी की कहानियों में करूणा का आभास कराते है।

मालती जोशी ने अपनी साहित्यिक दृष्टि से नारी मन के भीतर तक झांककर उसकी मनः स्थिति की अभिव्यक्ति नए रूप में की है। महिलाओं की वेदनाओं को नई चेतना के संदर्भ में व्यक्त किया है। उनकी समस्याओं और चुनौतियों को समाज के सम्मुख प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सुभाष तलेकर – म प्र लेखक संघ – स्मारिका 1995, पृ 77
2. मालती जोशी – एक घर सपनों का , पृ.17
3. मालती जोशी – महकते रिश्ते, पृ 101
4. मालती जोशी – एक घर सपनों का, पृ 102
5. मालती जोशी – शापित शैशव, पृ 93
6. मालती जोशी – महकते रिश्ते, पृ 67
7. मालती जोशी – औरत एक रात है, पृ 61
8. मालती जोशी – महकते रिश्ते, पृ 141
9. संपादक – नरेन्द्र दीपक – साहित्यिक पत्रिका – पहला अंतरा, पृ 9,10

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Bitcoin : Growth and Working

Dr. Neetu Agarwal * Dr. Sanjay Chaudhary**

Abstract - Bitcoin is a Virtual Currency program which is slowly growing up on internet users across the globe. It is a new currency that was created in 2009 by Satoshi Nakamoto. For transactions, there is no need for middle men – means, no banks. Unlike paper currencies, Bitcoins cannot be print, they can only be created. There are only 21 million bitcoins that have been created. At present, only 16.8 million or 80 per cent of all the bitcoins have been created. It can use each and every place for transaction and for earning also. In this paper some advantages, working and mining of bitcoin is discussed.
Keywords - Bitcoin, peer to peer network, Coinbase, Bitfinex, Kraken, Huobi or OKCoin.

Introduction - Bitcoin is a Virtual Currency program which is slowly growing up on internet users across the globe. It is a new currency that was created in 2009 by Satoshi Nakamoto. For transactions, there is no need for middle men – means, no banks! Bitcoin is cash for the internet or we can say it is nothing more than a computer program or mobile app that provides a personal Bitcoin wallet and allows a user to send and receive bitcoins with them. A transaction's authenticity is ensured through digital signatures.

Bitcoin acts as a payment platform that functions on completely virtual or digital currency. It is the first decentralized peer-to-peer payment network that is powered by its users with no central authority or middlemen. It is open source software. It is commonly called a decentralized digital currency. This means, that no person, company or country owns this network just like no one owns the Internet. Unlike paper currencies, Bitcoins cannot be print, they can only be created. There are only 21 million bitcoins that have been created. At present, only 16.8 million or 80 per cent of all the bitcoins have been created.

We can see the changes in Bitcoin value from 2009 to 2017. According to graph it is imagine growth in the value. The graph is shown below:-



Graph showing increasing value of Bitcoin Month wise from Jan-2017 to Oct-2017.



Uses of Bitcoin

1. **Online e-commerce sites:** Bitcoin can be used as a payment option for so many digital content across its online platforms. Bitcoin users can add money to their accounts, which can be used to purchase games, various apps and videos etc. from Windows Phone and Xbox platforms.
2. **Using bitcoin to obtain discounts:** Amezon gives a discount on the purchasing items with the use of Bitcoin with a credit card or via PayPal. The service claims probable discounts of up to 20% for bitcoin shoppers.
3. **Bitcoin gift cards:** If there is not possible to find physical or online stores that accept bitcoin directly for the item(s) which any customer require, the easiest way to turn his/her digital currency into 'real-world' goods and services is via gift cards.
4. **Physical stores that accept bitcoin:** Now Bitcoin can be used as the mode of the payment at physical stores. For example REEDS Jewelers, a large jewelry chain in the US, is one of the most prominent merchants to accept bitcoin as a form of payment. The firm has 64 retail counters

*Assistant Professor, Pacific College of Basic and Applied Sciences, Udaipur (Raj.) INDIA
** Professor, Deptt. of CSE, Madhav University, Sirohi (Raj) INDIA

in the eastern US, as well as an online presence. Like this so many other stores has the form of payment in the terms of bitcoin.

5. **Hotels and property:** If we are traveling across borders, it is a very risky and tough task to carry visit currency and exchange and pay their commissions and fees. Avoiding these botherations, crypto currency is used. Now the dream is starting to take off, with notable names starting to welcome bitcoin onboard. For example Expedia has announced it will now accepts bitcoin for all hotel bookings, making it the first major travel company to accept payments in crypto currency. Expedia said bitcoin will be integrated into the payment options for customers at check-out, sitting alongside payment methods like PayPal and Visa. If all goes well, the company says it may develop the payments option to other areas of its business, including flights. Bitcoin also can make a decent amount of money by simply buying and selling If you if it is invested wisely and patiently. It is also very useful particularly interesting the low-end offerings, one of the advantages of Bitcoin is that it makes it much easier than almost any other consumer e-commerce system to manage very small amounts of money.

How Bitcoin can generate

There are three primary ways to get bitcoins

1. Buying on an exchange
2. Accepting them for goods and services
3. Mining new ones

"Mining" is idiom for the discovery of new bitcoins—just like finding gold. Actuality, it's simply the verification of bitcoin transactions. For example, Mr. X buys a TV from Nicole with a bitcoin. In order to make sure his bitcoin is a genuine bitcoin, miners begin to verify the transaction. It's not just single method of transaction individuals are trying to verify; it's many. All the transactions are gathered into boxes with a virtual padlock (Security Code) on them—called "block chains."

Miners run software to find the key that will open that padlock.



Once their computer finds it, the box pops open and the transactions are verified. For finding that "needle in a haystack" key, the miner gets a reward of 25 newly generated bitcoins. The current number of attempts it takes to find the correct key is around 1,789,546,951.05, according to Blockchain.info (a top site for the latest real-time bitcoin transactions). Regardless of that many attempts, the 25-bitcoin reward is given out about every 10 minutes. In 2017, the bitcoin reward for verifying transactions will halve to 12.5 new bitcoins and will continue to do so every four years.



Some other method to get bitcoins

1. **Buy small amounts of Bitcoin online**. If a user wants to buy under $2000 of Bitcoin or is new to crypto currencies then he/she can try one of the combined wallet / bitcoin traders to get rolling for example Coinbase and Xapo. These sites will allow him to buy a small amount of Bitcoin in exchange for an approximate 1% service charge.

2. **Buy large amounts of Bitcoin via a trading exchange.** If users are buying over $2000 of Bitcoin and they will want to take advantage of the lower commission rates offered on an exchange. These exchanges operate like a stock market for this user has to create an account at an exchange is a similar process to opening a new bank account. Different countries and currencies have different Bitcoin exchanges like:

1. US Dollars to Bitcoin - Bitfinex, GDAX (owned by Coinbase)
2. Euro to Bitcoin - Kraken
3. Chinese Yuan to Bitcoin - BTCC, Huobi or OKCoin

3. Take money out of a Bitcoin ATMs. Many cities around the world offer a bitcoin ATM where we can trade cash for bitcoin. These ATMs usually charge a 5-8% fee for doing the trade.

4. Buy bitcoin from a live person offline. All over the world it's possible to give someone a bundle of cash and have them load some bitcoins onto your phone.

5. Earn bitcoin. Look for other companies that are willing to hire people in exchange for bitcoin.

6. Mine bitcoins. Download and run a "mining" program (CGMiner, for example) on a custom computer that turns math equations into bitcoin.

How a Bitcoin can work - Each bitcoin consists of unique computer codes. Each coin can be split into fractions and those fractions are also each identified by unique codes. The smallest fraction is named the "Satoshi" in honor of the creator. Each coin and its owner can be identified by using a combination of private-public keys. The public key, which everybody knows, identifies the coin. But only the owners know the private key and can thus identify themselves. To put it another way, the owners are the owners because they have the private key.

Coins are held in digital wallets. Many programmers have created free digital wallets, which can just be downloaded by anybody, secretly. Anyone can create their own digital wallet, or even just write down their private key on a piece of paper.

Advantages of Bitcoin

1. Bitcoins are impossible to fake or inflate.
2. Bitcoin payments are impossible to block, and bitcoin wallets can't be frozen. So we can use them to send or receive any amount of money, with anyone, anywhere in the world, at very low cost.
3. With Bitcoin we can directly control the money ourself without going through a third party like a bank or Paypal.
4. Bitcoin transactions cannot be wrong side up or refunded.
5. Bitcoin transactions must be confirmed at least once but if possible 6+ times before it has happened and becomes irreparable for proper validation.
6. All Bitcoin transactions are stored publicly and permanently on the network, which means anyone can see the balance and transactions of any Bitcoin address.
7. Bitcoins can use for a friend or someone near us for a payment of goods and services. We can also buy them directly from an exchange with our bank account.

Conclusion - In this paper it is discussed that Bitcoin is a Virtual Currency program which is slowly growing up on internet users across the globe. It is a new currency that was created in 2009 by Satoshi Nakamoto. As shown in graphs value of Bitcoin is continuously increasing. Within a year it is rapidly grow. Uses, of bitcoin are also discussed in this paper. Various methods of generations for bitcoin and working of bitcoin is also discussed. At the last but not least various advantages are also encountered.

References :-

1. https://lifehacker.com/5991523/what-is-bitcoin-and-what-can-i-do-with-it
2. https://bitcoinmagazine.com/articles/where-to-spend-your-bitcoins-1351206720/
3. https://www.cnbc.com/2014/01/23/cnbc-explains-how-to-mine-bitcoins-on-your-own.html
4. http://www.independent.co.uk/news/business/news/bitcoin-what-is-cryptocurrency-where-use-investment-dark-web-illegal-explained-value-exchange-rate-a8082491.html
5. https://www.coindesk.com/information/what-can-you-buy-with-bitcoins/
6. https://www.weusecoins.com/en/getting-

****

बेनीसागर

सुनयना बोयपाई *

प्रस्तावना – झारखण्ड प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण राज्य है। हरे-भरे वन उपवनों की कतारे, वनों का मौन तोड़ती जलधाराएँ, सुहाना मौसम, मनोहारी झीलें, कलकल बहती नदियों आदि सदैव अभिभूत करते हैं। इस कारण यहाँ की ऐतिहासिक स्थलें प्राचीन मंदिरें लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है। झारखण्ड में धर्म-धार्मिकता के प्राचीन अवशेष मिलते है। यहाँ कई संस्कृतिक साक्ष्य और स्थापत्य कला बिखरे पड़े है। इसी क्रम मे मैं झारखण्ड के बेनीसागर के बारे में थोड़ी जानकारी देना चाहूँगी।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक और द्वितीयक शोध सामाग्री संकलन के आधार बनाया गया है। इस हेतु बेनीसागर की गहराईयों में जानने के लिए विद्वानों का मार्गदर्शन लिया गया हैं।

समस्या – बेनीसागर एक ऐतिहासिक स्थल है जो झारखण्ड के पश्चिम सिंहभूमि जिले के मंझगाँव प्रखण्ड के खारपोस पंचायत में स्थित है। यह झारखण्ड एवं उड़िसा के क्योझर से 12 कि.मी. दूर है।

उद्देश्य – कहा जाता है कि महाभारत के पाण्डव जब अज्ञातवास काट रहे थे तब वे बेनीसागर के जंगलों में रह रहे थे। इस गाँव का नाम पहले कोचांग था किन्तु अब इसे बेनीसागर के नाम से जाना जाता है। बेनीसागर अथवा बेनुसागर नाम संभवत: बेनु राजा के नाम पर पड़ा है जो किसनगढ़ के राजा के पुत्र थे। बेनु राजा ने एक झील का निर्माण करवाया था। यह झील 60 एकड़ क्षेत्र में सागर की तरह प्रतीत होता है। इस झील की गहराई 25 फीट थी जो अब 15 फीट ही रह गई है। यह झील 340 मी. लम्बा और 300 मी. चौड़ा है जिसके बारे में कर्नल टिकेल ने पहली बार अपने रिपोर्ट में उस स्थल का भ्रमण सन् 1840 ई. में करने के बाद किया था। बाद में जे0डी0 बेगलर ने उस तालाब का भ्रमण 1875 में किया। जिन्हें कुछ मूर्तियाँ मिली और जिनके आधार पर उन्होंने इस स्थान की तिथि निर्धारण 7 वीं शताब्दी में किया यद्यपि स्थानीय परंपराओं के अनुसार कहा जा सकता है कि इस तालाब को तो बेनु राजा ने खुदवाया था। पुरातात्विक दृष्टिकोण से अभी तक यह निश्चित नहीं हो पाया है कि वास्तव में किसने इस तालाब का निर्माण किया। तालाब का दक्षिण पूर्व देवस्थान के नाम से जाना जाता है।

समाधान :

खुदाई से प्राप्त मूर्तियाँ – यहाँ 6 ठीं शताब्दी की 35 छोटी-बड़ी मूर्तियाँ हाल ही में पुरातात्विक उत्खनन के दौरान मिली, ये है- दो पंचायतन मंदिर परिसर, कुछ धर्म निरपेक्ष भग्नाशेष, शिवमंदिर, सूर्य, भैराव, महिषासुरमर्दिनी, गंगा, विष्णु, गणेश, दुर्गा, यमुना, लकुलिश, अग्नि, वायु, कुबेर एवं द्वारापाल आदि की मूर्तियाँ प्रमुख है। यहाँ कई शिवलिंग भी पाए गए, इनके अलावा उत्खनन के द्वारा पत्थर की सील (मुहर) मिली है जिस पर 'प्रियांगु धेयम्चतुविद्य' (चतुर्विध) खुदा हुआ है जिसका मतलब होता है, एक व्यक्ति जिसका नाम प्रियांगु था, वह चारों वेदों में निपुण था। यहाँ अभिलेख भी प्राप्त हुए है। लेख की लिपि ब्रह्मी है और उसकी भाषा संस्कृत। जिसके आधार पर तिथि निर्धारण 5 वीं सदी किया जा सकता है। ये अशोक के स्तंभ की तरह है जो वैशाली एवं बिहार की राजगीर में है।

पुरातत्तव विशेषज्ञों को 45 सेमी. की प्रमिमा भी मिली जो कोर्णाक सूर्य मंदिर और खजुराहों की मूर्तियों की तरह प्रतीत होती है। यहाँ टेराकोटा की मूर्तियाँ मिली है जिसमें एक शेर बैठने की मुद्रा में है। शिव की एक प्रतिमा जिसमें एक हाथ में तलवार है तथा दूसरे हाथ में ब्रह्मा का सिर, जिसे 'ब्रह्मासिरोछेदका भैरवा' कहा जाता है, देखने लायक है। अग्नि, वायु और कुबेर अक्षतादिक्पाल को दर्शाते हैं।

2006 में पुन: पुरात्तववेताओं ने खोदना शुरू किया जिसमें कई वेदी एवं हवन कुण्ड मिले हैं। संभवत: यहाँ पूजा अनुष्ठान हुए होंगे। ईटों के भवनादि के अवशेष भी पाए गए है। मंदिर के दक्षिण पूर्व में रसोई घर एवं मूर्तियों के अलावे लोहे की चुड़ियाँ, अंगुठी, तीर, भाला, चाकू एवं मिट्टी के मटके प्राप्त हुए है।

दो मंदिर पंचायतन एक दूसरे की ओर मुख किए हुए हैं ये पंचायतन तीर्थ के लिए बने हुए हैं, इसमें एक मंडप भी है जो 8,10×6.60 मी. का हैं। यहाँ मंदिर के प्रदक्षिणापथ भी मिले है। वेदिका 6×6 मी. है। यहाँ की दिवारों की ईटें मकड़ा पत्थर की है जो संभवत: बाहर से मंगवाई गई है। ईटों का आकार 36×23×7 सें.मी. 36×23×6 सें.मी., 36×23×7 सें.मी., 35×21×6 सें.मी. है।

वर्ष 2006 में पुन: खुदाई के बाद वहाँ की स्थिति काफी अच्छी है। वहाँ गार्ड एवं पुरातत्व विभाग के कर्मचारी हैं जो नियामित देखभाल करते हैं। वर्तमान में वहाँ की स्थिति बहुत अच्छी है। स्थापत्य कला के प्रेमी एवं पर्यटक यहाँ आकार निराश नहीं होगें। बेनीसागर स्थापत्य कला का बेजोड़ नमुना पेश करता है। प्राप्त पुरातत्विक अवशेषों के आधार पर कहा जा सकता है कि यह स्थान पाँचवी सदी से लेकर 16-17 वीं शताब्दी तक लगातार बसा रहा था। यहाँ मिली मूर्तियों के आधार पर गुप्त वंश एवं जाल वंश की झलक दिखाई पड़ती है साथ ही शिव रौद्र रूप वाला मूर्ति खजुराहों एवं कोणार्क क मूर्तियों सा प्रतीत होता है।

अगाध पुरातात्विक संभावनाओं वाले झारखण्ड राज्य के इतिहास, सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक परम्पराओं को समझने के लिए व्यापक व गहन सर्वेक्षण, अन्वेषण और उत्खनन की आवश्यकता है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि झारखण्ड में समुचित ध्यान देकर इन स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

* शोधार्थी, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

छिंदवाड़ा जिले की प्रमख जागीरे और उनकी व्यवस्था : एक ऐतिहासिक अध्ययन 1854-1876 तक

माया साहू* डॉ. पी.ए. भाटिया**

शोध सारांश - मध्यप्रदेश का छिंदवाड़ा जिला सतपुड़ा पर्वत माला पर एक पहाड़ी युक्त वनाच्छादित क्षेत्र है। जिसमें बहुसंख्यक जनजातियाँ निवासरत रहती है। जिले का लिखित इतिहास मध्यकाल में देवगढ़ के गोंड राजवंश से प्राप्त होता है। तदनुसार सर्वप्रथम इस भू-भाग पर 1680 से 1742 ई. तक गोंड राजवंश का अधिपत्य बना रहा। उन्होंने ही यहाँ जागीरदारी प्रथा का सूत्रपात किया। जिले की सभी जागीर्रें देवगढ़ के शासकों के अधीनस्थ थी। 18 वीं शताब्दी के मध्य में गोंड राजवंश के पतन के उपरांत यह क्षेत्र भोसलों (मराठो) के आधिपत्य में चला गया। 1854 में नागपुर राज्य के ब्रिटिश साम्राज्य में विलय के हो जाने के कारण यह जिला अंग्रेजों के साम्राज्यान्र्गत हो गया और अंग्रेज सरकार द्वारा यहाँ से 'टाकोली कर' वसूल किया जाता था। जो सरकार की आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत था। समय-समय पर अंग्रेजी सरकार द्वारा पारित भू-राजस्व अधिनियमों के माध्यम से यहाँ की जागीरों के किसानों पर कर भार बढ़ता गया। किसानों की दशा सोचनीय हो गई और कृषकों व जागीरदार ऋणग्रस्त होते चले गए। जिससे वे साहूकार के चुंगल में फंसते चले आये और कुछ जागीरों को कु-प्रबंध के कारण 'कोर्ट ऑफ वार्डस' कर दी गई।

प्रस्तावना - 1854 में इस जिले पर पूर्णरूप से अंग्रेजों की सत्ता स्थापित हो गई थी। उस समय इस जिले में अनेक जागीरों पर जागीरदारी शासन चल रहा था। डिप्टी कमीश्नर मिस्टर मॉण्टगोमरी द्वारा प्रकाशित छिंदवाा जिला गजेटियर में यहाँ की जागीरों का उल्लेख किया गया है। अन्य स्त्रोतों का संक्षिप्त वृत्त लिख देना आवश्यक है। ब्रिटिश सत्ता की स्थापना के समय (1854) जिले के लगभग आधे भू-भाग पर जागीरदारों का अधिकार था। इस जागीरी क्षेत्र में हर्रई जागीर प्रमुख थी। यहाँ के राजवंश के पास 70 पीढ़ियों की वंशावली है।[1] इस जागीर में एक सुदृढ़ किला है। मिस्टर मॉण्टगोमरी ने लिखा है कि वर्तमान जागरदार मर्दानशाह एक किले के लिए उन्होंने स्पष्ट रूप से ही 'फोर्ट' शब्द का प्रयोग किया है। मिस्टर मॉण्टगोमरी ने इस किले को 300 वर्षो से अधिक प्राचीन बताया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह किला 16 वीं शताब्दी से पूर्व का होना चाहिए। इस जागीर का परम्परागत शासन एक राजा के हाथ में था जिसकी सत्ता के साथ छोटी सी सेना और पुलिस का अपना प्रबंध भी था। यह जागीरी व्यवस्था अंग्रेजों के मराठों से सत्ता प्राप्त कर लेने के बाद थी, 1900 ई. तक बनी रही। इस क्षितिज की जागीर्रें कितनी पुरानी थी और यहाँ के जागीरदार कब से स्वतंत्र थे इसकी कोई प्रमाणिक जानकारी नहीं मिलती है। ऐसा माना जाता है कि देवगढ़ की सत्ता प्राप्त की थी। तब इस भू-भाग के सम्पूर्ण छोटे-छोटे राज्य अथवा जागीरदार अपने स्वजातीय राजा को मान्यता देने लगे जो पहले खेरला राज्य को मान्यता देते थे।[2]

1854 ई. में अंग्रेजों के यहाँ बाने के समय दस जागीरों का उल्लेख किया गया है। इन दस जागीरों में केवल एक जागीर मवासी (कोरकू) जनजातीय की थी, जिसका नाम पचमढ़ी था। अंग्रेजों ने इस जागीरों की दुर्गम पहाड़ियों और बीहड़ वनों पर अपनी शासन व्यवस्था में तत्काल बहुत असुविधायें देखते हुए इन छोटे राजाओं को जागीरदारी व्यवस्था के रूप में अपने अधीनस्थ रखते हुए 1868 में उनकी पूर्ण सनदों के आधार पर जागीरदारी के नये पट्टे वितरित किए। जागीरदारों ने भी अंग्रेजों की शक्ति सम्पन्ता एवं युद्ध सामग्री की श्रेष्ठता को देखते हुए उनकी सत्ता को स्वीकार कर लिया क्योंकि उन दिनों गोंडवाने का कोई संगठन स्वरूप नहीं था। अंग्रेज शासकों ने तत्कालीन पिण्डारियों तथा मराठा शासन के विघटित सैनिक सरदारों तथा यत्र-तत्र मचाये गए आतंक तथा लूट-खसोट पर नियंत्रण रख सकने के तात्पर्य से भी इन जागीरदारों को मान्यता दे दी थी। साथ ही इन जागीरदारों से अंग्रेजी सत्ता की अधीनता स्वीकार कर कुछ कर देना स्वीकार करा लिया था। उसे 'टाकोली कर' कहा जाता था।

1906-07 के गजेठियर के अनुसार उस समय जिले में 10 जागीर्रें थी जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. आल्मोद जागीर - यह 89 वर्गमील की 29 ग्रामों में बसी हुई महादेव पर्वत के दक्षिण में ऊँची-नीची पहाड़ी भूमि पर कम उपजाऊ जागीर थी। आल्मोद यह नाम इसकी भू सतह की बनावट और गोंड परम्परा की चट्टानों के कारण दिया गया। यहाँ के जागीरदार जामुन डोंगा ग्राम में निवास करता था।[3]

जगीर की 25 प्रतिशत अथवा 6 हजार एकड़ भूमि कृषि के लिए दी गई थी। शेष 9000 एकड़ भूमि वनों के लिए अभिलेखित यहाँ की मुख्य फसलें कोदो, कुटकी और दाले उड़द और मूंग थी। सामान्यत: यहाँ की मिट्टी पहाड़ी और कम उपजाऊ थी।

इस जागीर की 12 गाँव मुकासा कहलात थे। इसका अर्थ था लगानिया राजस्व मुक्त परिवार के रिश्तेदारों के लिए प्रदत्त गाँव। आल्मोद जागीर के 4 गाँव होशंगाबाद जिले में आते थे। जागीर के एक गाँव नागद्वारी में दो वार्षिक मेले भरते थे। इनमें एक मेला सावन (जुलाई-अगस्त) और दूसरा बैशाख (अप्रैल-मई) में भरता था। जागीरदार इन मेलों में अपने तीर्थ यात्रियों से कर वसूल करता था। यह कर 1874 ई. में बंद कर दिया और जागीरदार को 170 रूपये वार्षिक हर्जाना दिया जाने लगा। इसका आधा 85 रूपये उसके

*अतिथि विद्वान (इतिहास) शा.स्वा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत
** विभागध्यक्ष एवं मार्गदर्शक, शा.स्वा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

उत्तराधिकारी को दिया जाने लगा। स्वयं के इच्छा से तीर्थ यात्री जो भेंट चढ़ाते थे। वह जागीर की आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत था। मराठा शासन की समाप्ति के पश्चात् ब्रिटिश सरकार ने अंतिम अनुबंध के अनुसार दिया जाने वाले टाकोली कर 125 रूपये निश्चित किया। 1905-06 में जागीर की आय 5000 रूपये थी।[4]

2. गोरघाट जागीर – यह 15 मील में फैली पाँच गाँवों की जागीर थी जो आल्मोद के उत्तर में स्थित थी। यहाँ के जागीरदार को महादेव मेले की आय प्राप्ति का वंशानुगत अधिकार था। इस जागीर की सनद 1820 में दी गई थी। कृषि केवल 1000 एक भूमि पर की जाती थी। यहाँ के जागीरदार चालरा नामक ग्राम में निवास करते थे।[5] हर्रई का जागीरदार इनका संबंधी था। इसकी वार्षिक आय 1400 रूपये थी। जो अधिकांश वन विभाग से होती थी। यह जागीर भी कुप्रबंध के कारण कोर्ट ऑफ वार्डस हो गई थी। किन्तु बाद में मुक्त कर दी गई।

3. भरदागढ़ जागीर – यह जागीर महादेव पर्वत से बैतूल जिले तक फैली हुई थी। इसके 120 वर्गमील क्षेत्रफल में 40 ग्राम सम्मिलित थे। इनमें 14 ग्राम मुकासा थे जो मुकासदारों के अधीन थे। इस जागीर की सनद 1920 ई. थी। 1901 में इस जागीर की कुल जनसंख्या 2556 थी। इसका जागीरदार टेकाढाना नामक ग्राम में निवास करता था। जागीर में 7500 एकड़ भूमि पर खेती की जाती थी। शेष भूमि वनाच्छादित थी। इसी से जागीर को आय प्रापत होती थी। इस जागीर में जिले की सबसे बड़ी नदी कन्हान का उद्गम हुआ है। इसकी वार्षिक आय 5000 रू. थी जिस पर 174 रू. टाकोली देना पड़ता था।[6]

4. बारीआम पगारा जागीर – मध्यप्रांत के जिलों की सीमा निर्धारण के पश्चात् यह जागीर होशंगाबाद में शामिल कर दी गई है। छिंदवाड़ा जिले में केवल दो ग्राम ही इसमें रह गए थे।[7] इस प्रकार यह जागीर केवल नाम मात्र की रह गई।

5. बटकागढ़ जागीर – यह जागीर जिले के उत्तर में नरसिंहपुर की सीमा से लगी हुई थी। इसका क्षेत्रफल 275 वर्गमील था जिसमें 98 ग्राम सम्मिलित थे। इसके दक्षिण में सोनपुर, धनोरा तथा पूर्व में हर्रई जागीर विद्यमान थी। यह जागीर देवगढ़ के राजाओं द्वारा उनकी सेवा-चाकरी के बदले में दी गई थी। जिला गजेटियर 190 के अनुसार जब तात्याटोपे इस क्षेत्र में आये थे तब यहाँ के तत्कालीन जागीरदार बखतसिंह ने अंग्रेजों का साथ देकर तात्याटोपे के सैनय दल को इस क्षेत्र से बाहर निकालने में सहायता पहुचाई थी। इसके फलस्वरूप अंग्रेजी शासन ने इस जागीरदार का सम्मान किया और उसकी संरक्षता के लिए विषेष प्रबंध किए।[8]

बखतसिंह के पश्चात् उसका पुत्र गोपालशाह के नाम से जागीरदार बना। गोपालशाह की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र बिपतशाह 1906 में जागीरदार बना इस जागीर के पूर्व पुरूष भोपाल के पास गन्नौरगढ़ से यहाँ आये।[9]

1901 में इसकी जनसंख्या 6804 थी। वनोपज इस जागीर की आय का मुख्य साधन था। 1905 में यह जागीर कुप्रबंध के कारण 'कोर्ट ऑफ वार्डस' कर दी गई। तत्कालीन डिस्ट्रिक्ट कौंसिल द्वारा यहाँ एक प्राथमिक शाला, पोस्ट ऑफिस और पुलिस चौंकी खोली गई थी।

6. प्रतापगढ़, पगारा और हर्रई जागीर समूह – इन जागीरों का संस्थापक संग्रामशाह था। इस जागीर समूह में प्रतापगढ़ पगारा हर्रई सोनपुर और धनोरा शामिल थी। 1818 में सोनपुर और प्रतापगढ़ के जागीरदार चैनसिंह और राजबाशाह ने अप्पाजी भोंसले को संरक्षण प्रदान किया था। फलस्वरूप अंग्रेजी सरकार द्वारा उन्हें बन्दी बनाकर चांदा जेल भेज दिया गया जहाँ उनकी मृत्यु हो गई। 1820 में ब्रिटिश शासन ने इन जागीरों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर इनका बटवारा कर दिया। हर्रई जागीर जसवंतशाह को दी गई। चैनशाह के पुत्र सोनेशाह को सोनुपर और धनोरा का जागीरदार बनाया गया। प्रतापगढ़ पगारा की जार्गीरें अंग्रेजी सरकार ने 1826 तक अपने नियंत्रण में रखी। कुछ समय पश्चात् उन्हें राजबाशाह के पुत्र रणजीतशाह को सौंप दिया गया। 1867 के सेटलमेंट प्रबंध के बाद हर्रई जागीर नाम मात्र की रह र्ग। 1878 में जागीरदार के अन्य वयस्क होने के कारण प्रतापगढ़ पगारा जागीर 'कोर्ट ऑफ वार्डस' कर दी गई। 1902 में यह हर्रई के जागीरदार मर्दानशाह के अधिकार में आ गई। यहाँ की पर्वत श्रेणियाँ दर्शनीय एवं लुभावनी थी।[10]

7. प्रतापगढ़ पगारा जागीर – 1901 में इस जागीर की जनसंख्या 19489 थी इसका क्षेत्रफल 494 वर्गमील तथा इसमें 176 ग्राम शामिल थे। 1905-06 में उसकी आय 42000 रू. थी। इस जागीर पर 739 रू. टाकोली थी। इसकी 50 प्रतिशत आय वन विभाग से होती थी। इस जागीर का सबसे बड़ा ग्राम पगारा था। इसके अतिरिक्त चावलपानी और भी बड़े ग्राम माने जाते थे। इन सभी ग्रामों में प्रारंभिक पाठशालएं प्रारंभ हो गई थी और पुलिस चौकियाँ तथा ब्राँच पोस्ट ऑफिस (उप डाक कार्यालय) भी थे।[11]

8. हर्रई जागीर – यह जागीर अन्य सब जागीरों से बड़ी थी। यह जिले के उत्तर में नरसिंहपुर जिले नर्मदा कछार तक तथा दक्षिण में अमरवाड़ा तहसील के खालसा भूमि तक फैली हुई थी। इसका क्षेत्रफल 281 वर्गमील था। जिसमें 94 गाँव शामिल थे।12 यह जिले की सबसे महत्वपूर्ण जागीर थी। यहाँ के मूल निवासी कोदो, कुटकी और अन्य लोग गेहूँ, चांवल और ज्वार खाते थे।

9. पचमढ़ी जागीर – पचमढ़ी जागीर इस जिले के प्रसिद्ध महादेव पर्वत चौरागढ़ तीर्थ स्थल तक फैली हुई थी। इसका दक्षिण-पूर्वी भाग भौगोलिक दृष्टि से विस्तृत एवं विभाजन पर्वत श्रेणियाँ तथा वनाच्छादित जागीरी क्षेत्र था। इसका क्षेत्रफल 104 वर्गमील था जिसमें केवल 8 गाँव ही बसे थे। यह उपजाऊ भू-भाग वाली जागीर थी। इस जागीर का वंशजवासी कोरकू जाति का था। महादेव तथा चौरागढ़ के पर्वत तीर्थ के यात्रियों की व्यवस्था भी पहले ही के जागीरदारों के अधीन थी। क्योंकि तीर्थ स्थल इसी जागीर के अंतर्गत था इसलिए पूजा व्यवस्था जिस भी यहीं के लोग किया करते थे। तीर्थ स्थल से होने वाली आय इन्हें ही प्राप्त होती थी।

1901 में यहाँ की जनसंख्या 5402 थी। जिले के 51 गाँव इस जागीर में सम्मिलित थे। इसके 6 गाँव होशंगाबाद जिले थे। 1905-06 में यहाँ की आय 8000 रू. थी जिस पर जागीरदार को 267 रू. टाकोली कर देना पड़ता था।13

10. गौरपानी जागीर – यह जागीर छिंदवाड़ा जिले के पूर्वोत्तर में सिवनी जिले से लगी हुई छोटी सी जागीर थी जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमील था। 1901 में इस जागीर की जनसंख्या 378 थी। 1905 में इस जागीर की आय 2000 रह गई थी। इस जागीर पर 81 रू. टाकोली कर था। इस जागीर पर कोई कर्ज नहीं था। अंग्रेजी शासकों से भी इन्हें कोई सहायता नहीं मिलती थी।

निष्कर्ष – इस प्रकार छिंदवाड़ा जिले का अधिकांश भू-भाग जागीरों में विभक्त था। सभी जागीरें जनजाति बाहुल्य एवं वनाच्छादित थी। जागीर की देखभाल की जिम्मेदारी जागीरदार पर होती थी। जिसका पद मुख्यत: वंशानुगत होता था। जागीर क्षेत्र में शांति सुव्यवस्था और सुरक्षा हेतु जागीरदार प्राय: छोटी-छोटी सेनायें एवं पुलिस रखते थे। मध्यकाल तक

जिले की सभी जागीरें देवगढ़ के गोंड शासकों के अधीन थी। तथा उन्हें कर दिया करती थी। 1854 में छिंदवाड़ा जिले पर ब्रिटिश सत्ता की स्थापना के पश्चात् जागीरों पर भी अंग्रेजों का प्रभुत्व स्थापित हो गया उनकी नई सनदें जारी की गई। कु-प्रबंध के कारण कछ जार्गीरें कोर्ट ऑफ वार्डस भी हुई। 1947 तक जागीरों पर ब्रिटिश प्रभुत्व बा रहा, परंतु स्वतंत्रता के पश्चात् लगभग सभी जागीरों का अस्तित्व समाप्त हो गया।

मराठा (भोंसला) प्रशासन एवं व्यवस्था का अध्ययन करने पर पता चलता है कि वह मध्यकालीन ढाँचे पर आश्रित थी। इस काल में भू-राजस्व की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। वस्तुत: वह पटेल अथवा गाँव के मुखिया पर निर्भर थी। जागीरदारी प्रथा यथावत बनी रही। मराठा शासन अथवा ब्रिटिश शासन की स्थापना के पूर्व छिंदवाड़ा जिले में 10 जागीरों का उल्लेख मिलता है। प्रशासन में गतिशीलता लाने के लिए भोंसलों ने अनेक पदों का सृजन किया। किन्तु प्रशासन में नवीनता का अभाव बना रहा। सूबेदार तथा कमविसदार राज्य के सर्वोच्च पदाधिकारी थे। जिन्हें असीमित अधिकार प्रदान किए गए थे। उनके मनमाने शासन से राज्य की जनता अत्याधिक पीड़ित थी। संचार के क्षेत्र में भी कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं परिलक्षित नहीं होते। सभी सड़क मार्ग पुराने ही थे। कुछ नवीन मार्ग अवश्य ही बनाये गए थे। जो सामरिक तथा राजनैतिक दृष्टि से उपयोगी माने जा सकते हैं। जनसामान्य हेतु यातायात मुख्यत: प्राचीन मार्गों से ही संचालित होता रहा। संसाधनों के अभावों में नागरिक सुरक्षा भी नाममात्र की थी। गाँव में पुलिस के अभाव में नागरिकों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी पड़ती थी। मराठा न्याय व्यवस्था भेदभावपूर्ण थी जो जाति और वर्ण पर आधारित थी। पुरातन पंचायत व्यवस्था को बनाये रखना भोंसला प्रशासन का वास्तव में एक सराहनीय कार्य था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महेश्वरी, रामगोपाल (संपा) - शुक्ल अभिनन्दन ग्रंथ, 1955 इतिहास खण्ड, पृ. 64
2. ओकटे, मारूतिराव - वही, पृ. 126
3. ओकटे, मारूतिराव - वही, पृ. 127
4. रसल, आर.वी. - छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1907, पृ. 200
5. ओकटे, मारूतिराव - वही, पृ. 128
6. ओकटे, मारूतिराव - छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1907, पृ. 120
7. रसल, आर.वी. - छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1907, पृ. 200
8. ओकटे, मारूतिराव - वही, पृ. 132
9. रसल, आर.वी. - वही पृ. 201
10. तिवारी, कपिल देव - छिंदवाड़ा डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1907, पृ. 120
11. रसल, आर.वी. - वही, पृ. 131
12. रसल, आर.वी. - वही, पृ. 214
13. रसल, आर.वी. - वही, पृ. 224
14. ओकटे, मारूतिराव - वहीं, पृ. 135

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

पश्चिमी निमाड़ की भौगोलिक एंव ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

डॉ. शरमा बघेल *

प्रस्तावना – पश्चिमी निमाड़ मध्यप्रदेश का प्राचीनतम् संस्कृति और सभ्यता का केन्द्र स्थल रहा है। निमाड़ का नाम लेते ही हर व्यक्ति के मन में उस भू-भाग का स्मरण हो आता है जिसमें माँ-नर्मदा रूपी सरिता प्रवाहीत है एंव सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला सजगप्रहरी के रूप में सदैव तत्पर है। यह निमाड़ क्षेत्र वनो से अच्छादित एंव गर्भ में बहुमूल्य खनिज सम्पदा को छिपाये हुए है। निमाड़ के नाम की व्युत्पत्ति के संबंध में कुछ ज्ञात नही है लेकिन यह माना जाता है कि निमाड़ का नाम नीम अर्थात् आधे से व्युत्पन्न है क्योंकि यह प्रान्त नर्मदा नदी के प्रवाह मार्ग पर आधी दुरी पर स्थित माना जाता है। एक अन्य व्युत्पत्ति पूर्व में डिप्टी कमिश्नर सी.जी. लेफ्ट विच के द्वारा सुझाई गई तथा वह आज भी प्रचलित है उनके अनुसार यह नाम नीम के वृक्षों की अधिकता के कारण पड़ा होगा क्योंकि यहाँ नीम के वृक्षों की अधिकता थी और एक अनुमान यह भी लगाया जाता है कि यह उत्तर भारत और दक्षिण भारत का संधि स्थल होने से अनार्यो की मिश्रित भूमि रहा होगा और इसी कारण इसका नाम निमार्य (नीम+आर्य) पड़ा होगा। इसी निमार्य का बदला स्वरूप निमाड़ है। मुस्लिम लेखकों के प्रारंभिक अभिलेखों में इसका उच्चारण निमोर किया गया है। पुराण साहित्य में नेमावर नाम कहा गया है।

पश्चिम निमाड़ की भौगोलिक पृष्ठभूमि – हिन्दुस्तान के नक्शे में विन्ध्य और सतपुड़ा के बीच जो भू-भाग बसा है वह निमाड़ के नाम से प्रसिद्ध है। पश्चिम निमाड़ जिला मध्यप्रदेश के दक्षिण-पश्चिम भाग में है। यह क्षेत्र इन्दौर जिले की दक्षिण सीमा एंव धार अलिराजपुर जिले की दक्षिण पूर्वी सीमा का निर्धारण करती है। दक्षिण-पश्चिम में अन्तर्राज्यीय सीमाएँ छूती है। पश्चिम में गुजरात सीमा दक्षिण पश्चिम में महाराष्ट्र के धड़गांव ,शहदा, शिरपुर, चौपड़ा , यावल, शवेर एंव बोर घाट क्षेत्र की सीमावों से सटा हुआ है। यह जिला $21^{0}27^{0}$ तथा 22^{0} 35^{0} उत्तरी अक्षांश तथा 74^{0} 75^{0} तथा 76^{0} 14^{0} पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। कर्क रेखा इसके उत्तरीभाग से लगभग 63 मील दूर से गुजरती है यह जिला त्रिकोणाकार फैला हुआ है जिसका कोण पश्चिम में स्थित है।

क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश का दूसरा सबसे बडा राज्य है। वर्तमान म.प्र. का कुल क्षेत्रफल 308252 वर्ग किलोमीटर है जिसमें से पश्चिम निमाड़ क क्षेत्रफल 13450 वर्ग किलोमीटर है जो प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का 4.36 प्रतिशत है। इस प्रकार यह क्षेत्र कुल 18 तहसीलों से बना है। सबसे बड़ी तहसील बड़वाह है जिसका क्षेत्रफल 850 वर्ग कि.मी. है तथा सबसे छोटी तहसील सेगॉव है। जिसका क्षेत्रफल 210 वर्ग कि.मी. है।

पश्चिमी निमाड़ का अपवाह तंत्र – प्रवाह तंत्र के अन्तरर्गत किसी क्षेत्र की नदियों का अध्ययन किया जाता है। पश्चिम निमाड़ क्षेत्र के अन्तर्गत खरगोन जिले की प्रमुख नदियॉं कुन्दा, वेदा और चोरल है बड़वानी जिले में गाई, बेल, निहाली, सेंधवा तहसील में अनेर, गोई और महेश्वर में नर्मदा नदी इसके अतिरिक्त मालन , गोमती, नानली, सातक, खारकटा, बुन्दा ऊमरी-टारी बौराड कारम तथा खोड़ा आदि छोटी नदियॉं है। नर्मदा नही भारत प्रायद्धीप की महत्वपूर्ण नदी है। इसे मध्यप्रदेश की जीवन धारा भी कहते है।

भौतिक तत्व – प्रदेश में पाये जाने शैल समूह तथा कृषि के वर्तमान प्रतिरूप में प्रत्यक्ष रूप से घनिष्ट सम्बन्ध है। पश्चिम निमाड़ में नर्मदा नदी के तटीय कुछ भाग को छोड़कर सम्पूर्ण निमाड़ क्षेत्र में धरातलीय चट्टाने डैकेन ट्रेन एंव कॉप मिट्टी की है। प्रदेश का भू-गर्भिक निर्माण आधुनिकयुग की धरातलीय मिट्टी नवीन कॉप प्लाइस्टोसीन युग का पुरातन कॉप लेहेराईट युग का डेकैन ट्रेप एंव लमेटा से हुआ है इसके अतिरिक्त पुराण युग का शिष्ट ग्रेनाईट तथा नीस प्रवसीय चूने के पत्थर, जलोढ भूमि आदि मिलता है।

पश्चिम निमाड़ का भू-आकृतिक प्रदेश – धरातलीय दृष्टि से निमाड़ प्रदेश में अनेक विभिन्नताएँ पायी है वास्तव में निमाड़ प्रदेश पर्वत श्रेणियों, मैदानी भाग एंव पठारी भाग का एक मिला-जुला स्वरूप है अत: भौतिक बनावट की दृष्टि से निमाड़ क्षेत्र को तीन प्रमुख भौतिक प्रदेशों में विभाजित किया गया है जिसमें 1. मैदानी भाग, 2. पठारी भाग, 3. पर्वतीय भाग है निमाड़ प्रदेश का अधिकांश भाग मैदानी भाग है जो नदियों की सहायता से मैदानों का निर्माण हुआ है जिसमें मुख्य भाग रूप से नर्मदा घाटी मैदान कुन्दी और वेदा नदी मैदान, गोई नदी का मैदान और कुमारी नदी का मैदान है।

निमाड़ प्रदेश में पाए जाने वाले पठार डेकेन ट्रेप की श्रृंखला में आते हैं इनका निर्माण टर्शरी युग में होने वाले ज्वालामुखी विस्फोट से हुआ है जो लगभग पॉच लाख वर्ष पुराना बताया जाता है जिसमें खरगोन का पठार सेंधवा का पठार है। पर्वतीय भाग में सपुड़ा पर्वत श्रेणी और विन्ध्यांचल पर्वत श्रेणियॉं प्रमुख है।

पश्चिम निमाड़ की मिट्टियॉं वनस्पति और खनिज सम्पदा-

मिट्टियॉं– मिट्टी चट्टान तथा जीवांश्म के मिश्रण से बनती है और इस आधार पर उर्वरा शक्ति में भिन्नता पाईजाती है पश्चिम निमाड़ की मिट्टी में विशेषकर मेगनीज तथा लोह खनिज की मात्र अधिक होती है। इसका प्रमुख कारण ढक्कन ट्रेप की लावा चट्टानों से निर्माण है यहॉं की मिट्टी में बेक्टीरिया की मात्रा कम होने से नम जलवायु वाली काली मिट्टी की अपेक्षा कम उपजाऊ है। इस क्षेत्र मं अधिकाशं भाग पर काली मिट्टी पायी जाती है लेकिन इसके अतिरिक्त कछारी मिट्टी लाल तथा खाकी मिट्टी पीली और रेतीली मिट्टी भी यहॉं देखी गई है।

वनस्पती – पश्चिम निमाड़ क्षेत्र में विन्ध्याचल एंव सतपुड़ा पहाड़ी प्राचीनकाल से ही वनाच्छादित रही है। लेकिन यहॉं की भील जनजाति एंव अन्य जनजातियॉं कृषि पर निर्भर होने के कारण कृषि योग्य भूमि का बहुत

* ग्राम नवापाडा, पोस्टपारा, तह. एवं जिला - झाबुआ (म.प्र.) भारत

बड़ा भाग उपयोग कर लिया गया है और कुछ कृषि भूमि वनहीन मैदान भाग में की जाती है। वनों में मुख्यत: ऊष्ण कटीबंधीय वन अधिक है, जिनमें सागोन, बांस, पलाश, बबुल, शाल, अंजन, सलाई, धावड़ा, दूधी, बेहड़ा, सेमल, खैर, आंवला तथा महुआ आदि है। समूह के आधार पर शुष्क सागौन वन इस जिले में 2072 वर्ग किलोमीटर में फैले है जिसमें बड़वाह, महेश्वर, भीकन गॉव, रनेज के चैनपुर, वत्त के प्रमुख भाग है।

खनिज सम्पदा – मैगनीज खरगौन में चूना, पत्थर, बड़वानी के उत्तरी भाग एंव धार के दक्षिणी भाग में उपलब्ध है। केलसाइट खनिज का प्रदेश में एक मात्र जिला बड़वानी है वर्तमान में खरगौन जिले में उच्चस्तरीय रॉक फास्फेट का पता चल चुका है।

पश्चिमी निमाड़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – देश का हृदय स्थल कहा जाने वाला मध्यप्रदेश भू-वैज्ञानिक दृष्टि से सर्वाधिक प्राचीनतम् गोडवाना लैण्ड, भू-संहिता का भू-भाग है। इसके पूर्वी भू-भाग की ओर विंध्य शैल समूह तथा पश्चिम भाग में ढक्कन ट्रेप आकृत है। यहॉ स्थित पश्चिम निमाड़ का इतिहास उसना ही पुराना है, जितना कि मानव सभ्यता का। क्योंकि पश्चिम निमाड़ जिले के महेश्वर, राबर खेड़ी , मण्डलेश्वर, बैड़िया व नावदा टोली आदि ऐसे स्थान है जहॉ प्राप्त पाषाण कालीन एंव लघु पाषाणकालीन प्रस्तर उपकरणों ने प्रमाणित कर दिया है कि उक्त स्थल मानव सभ्यता के विकास के प्राथमिक स्थल थे जिले के महेश्वर के समीप कसरावाद और नावदा-टोली नामक स्थानों पर किए गए पुरातात्विक उत्खननों से जहॉ ताम्र पाषाण कालीन मिट्टी के बर्तन प्राप्त हुए है। कौरव और पाण्डवों ने सहा रहकर ओंकारेश्वर, सिद्धेश्वर, सोमनाथ आदि में मंदिरों का निर्माण करवाया है चिन्तामणि विनायक वेद्य ने अपने महाभारत मीमांसा नामक ग्रंथ में निमाड़ क्षेत्र को अनूप देश के रूप में प्राचीनकाल से अस्तित्व में स्वीकार किया है। इस क्षेत्र पर प्रथम शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी तक कई राजाओं ने राज्य किया सन् 1818 में हुए मराठा युद्ध एंव मदसौर संधि के पश्चात् पेशवा के अधिकांश क्षेत्र में शामिल सनावद कानापुर और बैडिया पर अंग्रेजों ने कब्जा कर लिया, लेकिन 1857 की क्रान्ति में सहयोग करने के पुरस्कार स्वरूप सन् 1861 में खरगोन का क्षेत्र होल्करों को दे दिया गया।

सन् 1868 में होल्करों ने निमाड़ में अपने अधिकृत क्षेत्र को खरगोन और मण्डलेश्वर इन दो जिलों में विभाजित कर दिया। सन् 1904 में इन्हें मिलाकर (होल्कर अधिकृत) निमाड़ निमाड़ जिले का गठन किया जिसका मुख्यालय खरगोन था परगनों की कुल संख्या 16 से घटाकर 11 कर दी गई। सन् 1904 में प्रशासनिक सम्भागों के पुनर्गठन के फलस्वरूप यह जिला बड़वाह, भीकनगॉव, सेगाव, निसरपुर,कसरावद, खरगौन, महेश्वर तथा सेंधवा इन आठ महालों (तहसीलों) में उपविभाजित कर दिया गया। सन् 1947 के बाद सम्पूर्ण क्षेत्र मध्यभारत में मिला दिया गया। 1 नवम्बर 1956 के पूर्व यह जिला सिर्फ निमाड़ कहलाता था लेकिन यह जिला पुराने निमाड़ जिले के पश्चिम में होने के कारण इसका नाम 'पश्चिम निमाड़' एंव शेष भाग पूर्वी निमाड़ हो गया। खरगोन होल्करों का प्रशासनिक मुख्यालय रहा इसलिए इसे जिला मुख्यालय बना दिया गया। जिला एंव सत्र न्यायालय को मण्डलेश्वर में रखा गया क्योंकि अंग्रेजों के समय से ही न्याय व प्रशासन का केन्द्र रहा था और चिकित्सालय भवन व श्रेष्ठ चिकित्सा सेवाऍ बड़वानी में रही है इसलिए वहॉ जिला चिकित्सालय स्थापिता कर दिया गया।

निष्कर्ष – भारत में अति प्राचीन काल से ही विभिन्न प्रजातीय तत्व की लहरे आती रही और वह बहु प्रजातीय महासागर में विलीन होती रही है। संरचना की दृष्टि से प्रत्येक समाज की अपनी एक पृथक संरचना होती है। पश्चिम निमाड़ की भी अपनी भौगोलिक एंव ऐतिहासीक पृष्ठभूमि रही है। हिन्दुस्तान के नक्शे में विन्ध्य और सतपुड़ा के बीच जो भू-भाग बसा है वह निमाड़ के नाम प्रसिद्ध है। पश्चिम निमाड़ जिला खरगौन, बड़वानी एंव धार जिले का कुछ क्षेत्र मिलाकर बनता है। जो सतपुड़ा अचंलीय पर्वत श्रेणियों और तलहेटियों में बसा है। प्राकृतिक दृष्टि से यह जिला नर्मदा घाटी मध्यवर्ती भाग है यह जिला तिकोने आकर में फैला हुआ है। जिसका शिखर पश्चिम में स्थत है। इस प्रकार यह जिला अपनी गरिमा एंव शालीनता को ओढे सांस्कृतिक एंव राजेनैतिक उत्थान-पतन की स्मतियों में बंधा एक भील बाहुल्य क्षेत्र है। भाषा, वेश-भूषा, रहन-सहन, तीज-त्यौहार, संस्कार और लोकगीतों की पारम्परिक शैली में यहॉ के लोकनृत्य, मैले तमाशे अपने आप में अपूर्ण छटा बिखरने वाले भीलों का क्षेत्र है जो कि निमाड़ क्षेत्र है। इसलिए यहॉ के लोग निमाड़िया कहलाने का गौरव प्राप्त किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 उपाध्याय उस.एन.- 'पश्चिम निमाड़ जिले का भूगोल' म.प्र. पाठयपुस्तक निगम भोपाल, 1984
2. निमाड़ डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1908 जिल्द म.प्र. तथा जिलाध्यक्ष सूची।
3. उपाध्याय आर.एन.-निमाड़ और उसका लोक साहित्य - उषा प्रकाशन ललिपुर झांसी 1986।
4. रामनारायण उपाध्याय-निमाड़ का सांस्कृतिक इतिहास, नागपूर 1980।
5. मध्यप्रदेश का नवीनतम मानचित्र:- प्रकाशक, इण्डियन बुकडिपों (मैपहाउस) सदर बाजार दिल्ली 110006।
6. निमाड़ डिस्ट्रिकर गजेटियर, 1908 म.प्र.। तथा जिलाध्यक्ष सूचि।

****

संचार व्यवस्था का भील जनजाति पर प्रभाव

डॉ. शरमा बघेल *

प्रस्तावना – परिवर्तन एक सार्वभौमिक घटना है। कोई भी मानव समाज दूसरों से अछूता नहीं रहा है, चाहे आदिम समाज हो व आधुनिक प्रत्येक में परिवर्तन न्यूनाधिक मात्रा में अवश्य दृष्टिगोचर होता है। समाज में परिवर्तन विकास से होता है। क्योंकि यह प्रगति का प्रतीक है। प्रगति और परिवर्तन में संचार व्यवस्था की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पश्चिम निमाड़ की भील जनजाति भी इसके प्रभाव से अछूती नही है। फिर भी इस जनजाति में परिवर्तन विकास एक समान नहीं रहते जो गॉव नगर, कस्बों के निकटवर्ती होते हैं उसमें संचार व्यवस्था पर्याप्त होती है, उनके घरों में ही टी.वी., रेडियो, टेलीफोन, मोबाईल आदि ऐसे साधन मिल जायेंगे जिससे यह समाज आधुनीकीकरण की क्षेत्र में खड़े मिलते हैं। उसके गॉव की सड़क नगरों से जोड़ती है और इस कारण आवागमन के साधन पर्याप्त होते हैं जिससे वे लोग निरन्तर नगरीय जन सम्पर्क में रहते है। उसी का परिणाम ग्रामीण क्षेत्र में खान-पान एंव रहन-सहन पर वेष-भूषा, संस्कार और धार्मिक तथा आर्थिक जीवन पर पड़ने वाला प्रभाव है।

खान-पान एंव रहन-सहन पर प्रभाव – चूँकि सभ्य समाज में जितना संचार का प्रभाव पड़ा है। उतना ग्रामीण और असभ्य समाज तक नहीं पहुँचा है लेकिन फिर भी प्रभाव देखने को मिलता है। खान-पान में भील मांसाहारी एंव शाकाहारी दोनों प्रकार का भोजन करते हैं। मांसाहारी भील अधिक हैं जो जंगल से खरगोश, पक्षियों आदि का शिकार करके सेवन करते हैं लेकिन कुछ शिक्षित वर्ग हिन्दु समाज के संस्कारों को समझने लगे हैं। धार्मिक व्रत, उपवास भी करने लगे हैं कुछ भील परिवार संतो के भक्त हो गये हैं, उनमें परिवर्तन देखने को मिल रहा है जो शाकाहारी वर्ग है। वे भोजन में पौष्टिक भोजन करने लगे हैं। पहले प्याज, मिर्च के साथ रोटी खाने वाले लोग अब हरी सब्जी और पक्का भोजन तक करने लगे हैं जहॉ ये लोग ज्वार, बाजरा, मक्का की रोटी का सेवन करते थे। अब समय के साथ उसका स्थान गेंहू की रोटी ने ले लिया है। पहले महुआ की डोली के तेल का प्रयोग करते थे। लेकिन सोयाबीन और मूंगफली का तेल प्रयोग में लाया जाता है। पूर्व में भोजन का पात्र मिट्टी की दूमड़ी हुआ करती थी लेकिन अब उसका स्थान कॉसे स्टील की थाली ने ले लिया है। भीलों के मकान की छते घास-फूस की होती थी और दिवार के रूप में लकड़ी या तुवर के सार्टिये होते थे। एक मकान में आधे हिस्से में पशु और आधे स्थान में परिवार रहा करता था लेकिन अब इनकी आवास व्यवस्था में मकान पक्के, ईट से बनने लगे हैं। जिसमें पशुओं के लिए अलग से स्थान रखा जाता है मकान की बनावट पहले के समान ही होती है लेकिन उसमें लगने वाली सामाग्री में परिवर्तन देखने को मिला है।

वेशभूषा पर प्रभाव – भील जनजाति पर पाश्चात्य संस्कृति की छाप पड़ने लगी है पहले ये लोग पूर्व क्षेत्रीय वेशभूषा में दिखाई देते थे लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अब सब बदलने लगा है। पहले भील महिलाएँ चिल्ला वाला काछड़ा (घाघरा) तथा लहरिया लुगड़ा (साड़ी) हाथों में कॉच की मोटी चूड़ियॉ, कमर में कंदोरा पैरों में पायल जो बजने वाली होती थी उसे पहनते थे। पुरूष वर्ग कमर में कनाड़ी (धोती) दो जेब वाली मोटे कपड़े की कमीज सिर पर पगड़ी कानों में मुर्की पहनते थे लेकिन ये वेशभूषा अब इक्का-दुक्का ही धारण किए हुए दिखाई देते है अब यह वेशभूषा लुप्त होने की कगार पर हैं युवा वर्ग जीन्स पेंट, शर्ट, टी-शर्ट, पैरों में जूते कमर में बेल्ट इनसर्ट किए हुए होते है। वहीं युवतियॉ भी सलवार सूट, उल्टे पल्ले की साड़ी, चॉदी की रमझोल (पायल) नखपालिस, लाली, पावडर का प्रचलन हो चला है। युवा वर्ग में त्यौहारों के समय-चश्मा लगाने का बड़ा शौक होता है।

संस्कारों पर प्रभाव – संचार व्यवस्था से भील जनजाति के संस्कारों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। पहले नामकरण वारों के नाम से किया जाता था जैसे सोमवार को पेदा हुए बालक का नाम सोमला, सोमजी मंगलवार के दिन पैदा बालक का नाम मंगलिया, मंगु, लडकी का नाम मंगली जैसे रख दिया जाता था लेकिन अब नवजात शिशु का नाम पंडितों के द्वारा करवाया जाता है और हिरों-हिरोईने के नाम से रखे जानें लगे हैं। कुछ संस्कार पूरी तहस से लुप्त होने की कगार पर है जैसे गुदना, डाम देना आदि नाममात्र दिखाई देने लगे हैं। कुछ संस्कारों में बदलाव हुए हैं जिसमें मुख्य है विवाह संस्कार यह संस्कार हर समाज के लिए अनिवार्य है इसमें रिवाज वही है लेकिन पहनावे पर प्रभाव अधिक पड़ा है कुछ विवाह के प्रकार लुप्त हो रहे है। जेसमें घर जमाई विवाह, हरण, विवाह है। मोबाईल के आविष्कार ने भील जनजाति के युवक-युवतियों में नजदीकियॉ बढ़ा दी है। अत: इसका प्रभाव प्रेम विवाह की बढ़ती संख्या के रूप में हो रहा है। ऐसे ही अनेक प्रभाव संस्कारों पर पड़ रहें है।

धार्मिक जीवन पर प्रभाव – प्राचीनकाल में भील जनजाति का अलग ही स्वतंत्र धर्म था। इनके देवी-देवता एंव उनकी उपासना पूजा के अलग ही तरीके थे, जो हिन्दू संस्कृति से भिन्न थे जैसे बाबा देव, भीलट देव, जहमा माता, खेतर पाल देव आदि परन्तु नगरीय क्षेत्र और मनोरंजन के साधन, टीवी, सिनेमा के सम्पर्क में आकर हिन्दू देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करने लगे है। यथा राम, हनुमानजी, गणेशजी आदि बड़वानी के बावनगजा की आराधना करते हुए भीलों को देखा जा सकता है अस्थि, अवशेषों को भी गंगा में प्रवाहित करने लगे है। इस तरह से धार्मिक क्षेत्र में भी संचार व्यवस्था का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

भीलों का आर्थिक जीवन पर प्रभाव – पश्चिम निमाड़ क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है। संचार व्यवस्था से कृषि कार्य के तरीकों में अन्तर देखने को मिलता है। नवीन कृषि उपकरणों का प्रयोग

* ग्राम नवापाडा, पोस्टपारा, तह. एवं जिला - झाबुआ (म.प्र.) भारत

किया जाने लगा है और नवीन किस्म के बीज जो उपचारित उन्हें बोया जाता है जिससे पैदावार में बढ़ोत्तरी हुई है। देशी खाद की जगह रासायनिक खादों ने ले ली है और फसलों को कीटों से बचाने के लिए कीटनाशक का प्रयोग किया जाने लगा है। इस क्षेत्र की प्रमुख फसल मक्का, ज्वार, बाजरा हुआ करती थी लेकिन अब गेंहूँ, सोयाबीन, कपास, केले, गन्ने और मिर्ची की खेती की जाने लगी है। पहले सिंचाई कुओं से रहट पम्पों से की जाती थी लेकिन अब पम्पों के माध्यम से खेती में फवारे लगाये जाते है ताकि पानी का उपयोग सही रूप से हो सके। अब वर्ष में करीब तीन फसल तक लेने लगे है। संचार व्यवस्था ने साहूकारों से मुक्ति दिलाई है क्योंकि अब आवागमन के पर्याप्त साधन होने से फसल सीधे मण्डी तक पहुँच रही है। सहायक व्यवसाय जैसे पशुपालन, मुर्गीपालन, मछली पकड़ने में भी बहुत कुछ परिवर्तन दृष्टि गोचर होता है।

भील जनजाति हमेशा से ही एकांकी क्षेत्रों में निवास करती है। जहॉ उनके विकास से संबंधित योजनाएॅ पहुॅचने में समय लगता है। प्राकृतिक स्थान के अनुरूप समस्याओं के स्वरूप में भी भिन्नता रही है और शहरी समाज की समस्याओं से कहीं अधिक रही है। स्वतंत्रता के पचास वर्षो पश्चात् भी ऐसे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र तक सरकार की जनकल्याण योजनाएॅ नही पहुॅच पा रही है जिसमें इनकी समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

पश्चिम निमाड़ की भील जनजाति की मुख्य समस्या शिक्षा है और शिक्षा ही समाज की अन्य समस्याओं का कारण है शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से समस्याओं को दूर किया जा सकता है। सरकार कितना भी दावा कर ले कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को सुविधाएॅ सुलभ करायी जा रही है, और साक्षरता दर भी बढ़ा ले, लेकिन व्यवहारिक रूप में इस पर अमल नही हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल खुले हैं लेकिन शिक्षको की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी अपने बच्चों को भेजने में कतराते है। कुछ लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहता है तो सामने आर्थिक स्थिति बाधक हो जाती है दुसरी और आज की शिक्षा रोजगार उन्मुखी नहीं है। जिससे शिक्षित वर्ग को बेकारी का सामना करना पड़ता है।

निरक्षरता के कारण समाज की रूढ़ियॉ अंधविश्वास, टोना टोटके आदि व्याधियॉ समाज में बनी हुई है जिसके कारण कृषि कार्य भी पारम्परिक तरीके से करते हैं जिससे उत्पादन की कमी देखने को मिलती है और परिणाम होता है गॉव से पलायन कर जाना। भील जनजाति की और कई समस्याएॅ हैं जिसमें मुख्य रूप से कृषि समस्या, सांस्कृतिक समस्या, नारी समस्या, संचार संबंधी समस्याएॅ हैं। वर्तमान में संचार व्यवस्था के कारण इन सभी समस्याओं में परिवर्तन देखने को मिलता है।

निष्कर्ष – परिर्वतन एक सार्वभौमिक घटना है। कोई भी मानव समाज दुसरों से अछूता नहीं रहा है, समाज में परिवर्तन विकास से होता है। और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका उस क्षेत्र की संचार व्यवस्था का है। संचार व्यवस्था का प्रभाव समाज पर पड़ता है उस प्रभाव का परिणाम सामाजिक विकास और उसमें होने वाला परिवर्तन है। आज का जनजाति समाज भी इस परिवर्तन से अछूता नही है। समाज के प्रत्येक पहलु जैसे रहन–सहन, खान–पान, वेशभूषा, तिज–त्यौहार, संस्कार, धार्मिक और आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. रवीन्द्रनाथ मुखर्जी एंव डॉ. भारत अग्रवाल–'यूनिफाईट समाजशास्त्र' ।
2. भील समाज कला एंव संस्कृति – डॉ. सी.एल. शर्मा राजस्थान, 1998।
3. उपाध्याय डॉ. विजय शंकर एंव शर्मा भारत की जनजाति संस्कृति पर प्रकाश, भोपाल, प्रथम 1989, द्वितीय संशोधित 1993, तृतीय 1995, चतुर्थ 1996, पंचम आवृति 1998 पृ. 104।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

कृषि का आधुनिकीकरण एवं पर्यावरण पर प्रभाव (नरसिंहपुर जिले के सन्दर्भ में)

ब्रजेश कुमार डेहरिया * डॉ. भुनेश्वर टेम्भरे **

प्रस्तावना - कृषि के आधुनिकीकरण का पर्यावरणीय प्रभाव मानव विकास का एक प्रगतिशील आयाम है। इसके बिना मानव विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मानव अपने दैनिक आवश्यकताओं को निरन्तर बढ़ाने के लिए उद्यम और कार्य की अग्रसर हो रहा है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण भौगोलिक रूप से कृषि का केन्द्र बिन्दु है। मानव एक ऐसा प्राणी जो बिना कार्य के दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता है। जहाँ इन्हें भौगोलिक वातावरण विकासशील राज्यों द्धारा उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्ध ही सफल के उन्नति का मूल स्त्रोत माना जाता है। उसके साथ-साथ आवश्यकताऐं मानव जीवन की अनंत होने के कारण वह कभी सन्तुष्ट नही रह सकता है। अपनी बढ़ती आवश्यक्ताओं के लिए संसाधनों को भी बढ़ना महत्वपूर्ण है। जबकि कृषि के क्षेत्र में उत्पादन की पूर्वी दिशाओं की अपेक्षा मानव का चक्रिय विकास सामाजिक विसंगतियों का परिणाम होने के साथ कृषि पर आश्रित जनसंख्या अत्यधिक रूप में होती है। कृषक जीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। उनके रहन-सहन आर्थिक स्थिति एवं संस्कृति पर प्रभाव पड़ रहा है।

नरसिंहपुर जिले की सीमा कुल सात जिलों से मिलती है। जिसमें पूर्वी सीमा रेखा पर जबलपुर स्थित है। पूर्वी और दक्षिणी सीमा रेखा पर सिवनी जिला को स्पर्श करती हुई गुजरती है। दक्षिणी सीमा रेखा पर छिंदवाड़ा जिला स्थित है। पश्चिमी दिशा में रायसेन और होशंगाबाद जिला स्थित है। जिले की उत्तरी सीमा का निर्धारण सागर एवं दमोह जिले पर निर्धारित होती हैं।

नरसिंहपुर जिला में भगवान नरसिंह का मंदिर एक प्राचीन धरोहर के रूप में स्थित है। जिसका अध्यात्मिक महत्व अधिक है। इन मंदिरों का निर्माण जाट सरदार द्धारा हुआ था। इसलिए इस नगरों में भगवान नरसिंह की अध्यात्मिक परम्पराओं के रूप में निर्धारित है। इसी कारण इसका नाम भी नरसिंहपुर के रूप में उल्लेखित हुआ है।

शोध प्रविधि - इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्धितीयक शोध सामाग्री के आधार पर तथ्यों के संकलन का प्रयास किया गया है। इसके साथ-साथ विद्धानों का मार्गदर्शन भी लिया गया है। इन्हीं तथ्यों को सारणीयन के लिए इकाईयों का संकलन किया गया है। इसके साथ-साथ शोध-पत्र, पत्रिकाओं के माध्यम से भी अध्ययन किया गया है।

उद्देश्य :

1. कृषि का आधुनिकीकरण एवं पर्यावरणीय के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. आधुनिक उन्नत किस्म के बीजों के बीजों उपचार का अध्ययन करना।
3. आधुनिक कृषि व्यवस्था में रहन-सहन और पर्यावरण के प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन क्षेत्र - नरसिंहपुर जिला की उत्तरी सीमा में विध्यांचल की श्रेणी व सागर के पठारी भाग है। यहाँ पर्यावरणीय संतुलन का एक अच्छा वातावरण निर्मित हो रहा है। दक्षिणी दिशाओं में सतपुड़ा पर्वत की महादेव श्रेणी भी गोंडवाना पहाड़ियों से मिलती-जुलती जिले की भौगोलिक सीमाओं को स्पर्श करती है। जिले का 30 प्रतिशत भाग नर्मदा कछार में आता है। यह कछारी क्षेत्र कृषि के लिए अत्याधिक उपयुक्त है। इस क्षेत्र में नर्मदा नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ शक्कर, दुधी, शेर, सीतारेवा, वारूरेवा, सींगर, उमर, हिरण आदि नदियाँ बहती है। नरसिंहपुर में कुल पाँच तहसील एवं छ: विकास खण्ड हैं। जिला की प्रमुख तहसील : नरसिंहपुर गोटेगाँव करेली गाडरवाड़ा तेंदूखेड़ा है जबकि जिले के प्रमुख विकासखण्ड नरसिंहपुर, गोटेगाँव, करेली, चोवरपाठा, सांइखेड़ा एवं चीचली है।

नरसिंहपुर जिला : गौवंश, भैसवंश, बकरी लिपालन - नरसिंहपुर जिला में कृषि के साथ- साथ यहॉ के किसान दुग्ध उत्पादन हेतु गाय, भैस, एवं बकरी का पालन करते है जिससे कृषि के अतिरिक्त आय प्राप्त हो जाति है इसी प्रकार जिले के किसान कुक्कुट पालन भी करते है। वर्ष 2011-12 में गौवंश, नर 71030 मादा 169192, बछडे बछिया 134261, कुल गौवंश 374483 है भैंसवंश नर 2366, मादा 71279 पडे पड़िया 58886 कुल भैंसवंश 132531 है।

जिला नरसिंहपुर : कृषक जीवन - नरसिंहपुर जिला में सभी कृषकों के पास सामान रूप से जमीन उपलब्ध नहीं है। इन्हें पाँच भागों में विभाजित किया गया है। उपरोक्त सारणी में 1990-91 से 2010-11 के आँकड़े द्धारा प्रदर्शित किया गया है।

साराणी क्रं. 01 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

आरेख क्रं. 01 (देखे अगले पृष्ठ पर)

आरेख क्रं. 1 से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1990-91 में सीमांत कृषकों की संख्या 31957 एवं क्षेत्रफल 17106 लघु कृषकों की संख्या 34833 एवं क्षेत्रफल 51173 हेव. अर्द्ध, मध्यम कृषकों की संख्या 25394 एवं क्षेत्रफल 70994 हेव. मध्यम कृषकों की संख्या 19440. एवं क्षेत्रफल 117327 हेव. है। बड़े कृषकों की संख्या 3829 एवं क्षेत्रफल 58956 हेव. है। सभी आकार के कृषकों की कुल संख्या 117453 एवं क्षेत्रफल 315556 हेव. है। वर्ष 2000-01 में सीमांत कृषकों की संख्या 38171 एवं क्षेत्रफल 19637 हेव. है। लघु कृषकों की संख्या 38059 एवं क्षेत्रफल 56104 हेव. है। अर्द्ध, मध्यम कृषकों की संख्या 26470 एवं क्षेत्रफल 74516 है। मध्यम कृषकों की संख्या 18720 एवं क्षेत्रफल 111736 हेव. है। बड़े कृषकों की

* शोधार्थी (भूगोल विभाग) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला (म.प्र.) भारत

संख्या 3332 एवं क्षेत्रफल 51159 हेव. है। सभी आकार के कृषकों की कुल संख्या 124752 एवं क्षेत्रफल 313151 हेव. है। 2010-11 में सीमांत कृषकों की संख्या 46432 एवं क्षेत्रफल 26140 हेव. है। लघु कृषकों की संख्या 26470 एवं क्षेत्रफल 74516 हेव. है। अर्द्ध, मध्यम कृषकों की संख्या 29450 क्षेत्रफल 82530 है। मध्यम कृषकों की संख्या 14090 एवं क्षेत्रफल 83525 हेव. है। बड़े कृषकों की संख्या 1748 एवं क्षेत्रफल 26393 हेव. है। सभी आकार के कृषकों की कुल संख्या 109998 है।

कृषक जीवन में परिवर्तन – परिवर्तन प्रकृति का नियम है कृषि के क्षेत्र में परिवर्तन हो रहे हैं भरण-पोषण के उद्देश्य से होने वाली कृषि अब परिवर्तित हो कर आर्थिक लाभ प्रदान करने वाली हो चुकी है। नरसिंहपुर जिले में अर्जित प्राथमिक समंक द्वारा संग्रहण उपरोक्त तालिका में प्रादर्शित किया गया है।

सारणी क्रं. 02 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

आरेख क्रं. 02 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

आरेख 02 से स्पष्ट होता है कि कृषक द्वारा कृषि में परिवर्तन तहसील नरसिंहपुर में 74 प्रतिशत उत्तरदाता हाँ, 22 प्रतिशत नहीं, 04 प्रतिशत निरूत्तर हैं। करेली विकासखण्ड में 76 प्रतिशत उत्तरदाता हाँ, 20 प्रतिशत नहीं, 04 प्रतिशत निरूत्तर हैं। गोटेगाँव विकासखण्ड में 70 प्रतिशत उत्तरदाता हाँ, 28 प्रतिशत नहीं, 02 प्रतिशत निरूत्तर हैं। गाडरवारा विकासखण्ड में 73.33 प्रतिशत उत्तरदाता हाँ, 23.33 प्रतिशत नहीं, 03.33 प्रतिशत निरूत्तर हैं।मानव की आवश्यकताऐं असीमित है। मानव कभी संतुष्ट नहीं रहता है, अध्ययन क्षेत्र नरसिंहपुर की कुल जनसंख्या 1091854 है। जिसमें से कुल कृषक 102383 एवं खेतिहर मजदूर 165445 हैं। नरसिंहपुर में प्रति हैक्टे. उपज चावल वर्ष 2007-08 में चावल 2236 कि.ग्रा., गेंहूँ 2865 कि.ग्रा., ज्वार 1489 कि.ग्रा., मक्का 21253 कि.ग्रा., तुअर 1218 कि.ग्रा., मूँगफली 2268 कि.ग्रा., अलसी 565 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर है। वर्ष 2014-15 में चावल 3680 कि.ग्रा., गेंहूँ 3480 कि.ग्रा., ज्वार 2397 कि.ग्रा., मक्का 1353 कि.ग्रा., तुअर 1368 कि.ग्रा., मूँगफली 1467 कि.ग्रा., अलसी 660 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर है।

वर्ष 2007-08 में चावल 23.12 मिलियन टन गेंहूँ 198. 32 मिलियन टन गन्ना 141.15 मिलियन टन तुअर 33.13 मिलियन टन, उडद 4.68 मिलियन टन, चना 126.37 मिलियन टन,सोयाबीन 102.12 मिलियन टन उत्पादन रहा।

वर्ष 2014-15 में चावल 111.87 मिलियन टन, गेंहु 330.60 मिलियन टन गन्ना 320.61 मिलियन टन, तुअर 57.05 मिलियन टन उडद 5.86 मिलियन टन उत्पादन हुआ। चना 73.47 मिलियन टन, सोयाबीन 56. 75 मिलियन टन उत्पादन हुआ। कृषि के साथ यहाँ पर गाय, भैस, बकरी पालन से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

वर्ष 1990-91 में सीमांत कृषकों की संख्या 31957 एवं क्षेत्रफल 17106 लघु कृषकों की संख्या 34833 एवं क्षेत्रफल 51173 हेव. अर्द्ध, मध्यम कृषकों की संख्या 25394 एवं क्षेत्रफल 70994 हेव. मध्यम कृषकों की संख्या 19440. एवं क्षेत्रफल 117327 हेव. है। बड़े कृषकों की संख्या 3829 एवं क्षेत्रफल 58956 हेव. है। सभी आकार के कृषकों की कुल संख्या 117453 एवं क्षेत्रफल 315556 हेव. है।

वर्ष 2010-11 में सीमांत कृषकों की संख्या 46432 एवं क्षेत्रफल 26140 हेव. है। लघु कृषकों की संख्या 26470 एवं क्षेत्रफल 74516 हेव. है। अर्द्ध, मध्यम कृषकों की संख्या 29450 क्षेत्रफल 82530 है। मध्यम कृषकों की संख्या 14090 एवं क्षेत्रफल 83525 हेव. है। बड़े कृषकों की संख्या 1748 एवं क्षेत्रफल 26393 हेव. है। सभी आकार के कृषकों की कुल संख्या 109998 है।

निष्कर्ष – इस प्रकार नरसिंहपुर में कृषकों कृषि उत्पादन बढ़ने से कृषक जीवन पर अच्छा प्रभाव पड़ रहा है। उससे पर्यावरण के संतुलन का भी एक अच्छा प्रभाव देखा गया है। जिसमें कृषकों ने उनकी संस्कृति परिवर्तित हो रही है, आर्थिक लाभ हो रहा है, इनका जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। मानव के स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण कारक तत्व पर्यावरणीय संतुलन और वातावरण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पटैल विजय कुमार, (2006), 'नरसिंहपुर जिले में 1857 में कृषि विकास में वाणिज्यिक बैंक की भूमिका का तुलनात्मक मूल्यांकन' पी-एच.डी. उपाधि हेतु अप्रकाशित शोध प्रबंध, वाणिज्यिक विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश)।
2. विश्वकर्मा, आरती (2011), 'नरसिंहपुर जिले में सामाजिक एवं आर्थिक विकास में कृषि परिवर्तन की भूमिका' पी-एच.डी. उपाधि हेतु अप्रकाषित शोध प्रबंध, भूगोल विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश)।
3. नामदेव, अर्चना, (2013), 'कृषि पद्धातियाँ एवं पर्यावरण अरूणाचल प्रदेश के संदर्भ में एक भौगोलिक अध्ययन' पी-एच.डी. उपाधि हेतु अप्रकाशित शोध प्रबंध, भूगोल विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्य प्रदेश)।

साराणी क्रं. 01 : आकार कृषि जोत की संख्या

वर्ष	सीमांत कृषक (एक हेव. से कम)		लघु कृषक (एक हेव. से अधिक तथा 2 से कम)		अर्द्ध, मध्यम 2 हेव. से अधिक तथा 4 से कम		मध्यम कृषक (4.0 हेव. से 9.99 हेव. तक)		बड़े कृषक 10 हेव. से 20 हेव. तक		योग सभी आकार	
	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल	संख्या	क्षेत्रफल
1990-91	33957	17106	34833	51173	25394	70994	19440	117327	3829	58956	117453	315556
2000-01	38171	19637	38059	56104	26470	74516	18720	111736	3332	51159	124752	313151
2010-11	46432	26140	42018	64305	29450	82530	14090	83525	1748	26393	10990	109998

आरेख क्रं. 01



सारणी क्रं. 02 : कृषि द्वारा कृषक जीवन में परिवर्तन

		नरसिंहपुर		करेली		गोटेगाँव		गडारवारा	
क्र.	आव्रति	उत्तरदाता	प्रतिशत	उत्तरदाता	प्रतिशत	उत्तरदाता	प्रतिशत	कुल उत्तरदाता	प्रतिशत
1	हाँ	37	74%	38	76%	35	70%	110	73.33%
2	नहीं	11	22%	10	20%	14	28%	035	23.33%
4	निरूत्तर	02	04%	02	04%	01	02%	005	03.33%
	कुल योग	50	100	50	100	50	100%	150	100%

आरेख क्रं. 02



****

भूमण्डलीकरण एवं हिन्दी साहित्य की विधाऐं - हिन्दी साहित्य में विभिन्न विधाओं का विकास

डॉ. नीलम राणा *

प्रस्तावना - भूमण्डलीकरण की अवधारण, आधुनिकीकरण की एक विशिष्ट शैली हरै, जो ओद्योगीकरण, शहरीकरण और सामजिक गत्यात्मकता पर आधारित है। पश्चिमी विचारकों ने भारतीय संस्कृति की धारणाओं 'वासुदेव कुटुम्बकम', **मानववाद और समष्टि की तर्ज पर** ग्लोबलाइजेशन (भूमण्डलीकरण, वैश्वीकरण), विश्व पडोसी आदि अवधारणाओं की स्थापना पर बल देना प्रारमभ किया है, भारतीय अवधारणा भैतिकवाद पर आधारित है। अत: दोनों में काफी अन्तर है।

भूमण्डलीय की नयी अवधारणा मुख्यत: पश्चिमीकरण का रूपान्तरण है, विश्व की अर्थव्यवस्था में विकसित देशों के वर्चस्व को बनाना और बनाये रखना इसका लक्ष्य है। इस प्रकार तैयार मॉडल तकनीक से लेकर राजनीति और संस्कृति तक को प्रसारित व सवंमित करता हैं भूमण्डलीकरण का मुख्य शस्त्र भले ही अर्थ व्यवस्था को प्रभावित करता है लेकिन इसका सबसे ज्यादा प्रभाव सांस्कृतिक होता है। यह प्रभाव अनायास नहीं बल्कि जीवन शैली में बदलाव प्राय: सभी जगहों की स्थानीय विशिष्टताओं, भाषा, संगीत गीत सबको प्रभावित करता है। भूमण्डलीकरण में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। भाषा द्धारा एक देश की वैचारिक व्यवस्था का प्रचार प्रसार होता है। भाषा परस्पर संवाद स्थापित करती है, जिसके कारण हम पश्चिमी सभ्यता को अपनाते जा रहे है। भाषा द्धारा हम पश्चिमी देशों की व्यवस्थाओं का अनुवाद कम्प्यूटर द्धारा ग्रहण करते है। यह ही नहीं हिन्दी भाषा भूमण्डलीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हे। जहां हम अपनी संसकृति को अपना रहे है। पश्चिमी देशों में हिन्दी भाषा को सिखाखा जा रहा है, जिसका उदाहरण अमेरिका एवं कनाडा में खुलने वाले हिन्दी पढ़ाने वाले स्कूलों से ले सकते है, यही नहीं सही नहीं हमारे देश की योग-साधना के सिद्धान्त को आज सम्पूर्ण को आज सम्पूर्ण विश्व अपनाने के लिये तैयार है। जिसके लिये भाषा विशेषत: हिन्दी एवं संस्कृत को पश्चिमी देशों में विशेष महत्व दिया जा रहा है। भाषा के महत्व को प्रकट करने के लिये आवश्यक है कि इसके विकास एवं विधाओं पर भी प्रकाश एवं विधाओं पर भी प्रकाश डालना चाहिए। हिन्दी भाषा के महत्व को सम्पूर्ण विश्व में स्थान मिला है, वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया है कि हिन्दी व संस्कृत प्रयोग करने वाले व्यक्तियों का मानसिक विकास अन्य भाषा बोलने वालों से अधिक विशिष्टता लिये होता है।

हिन्दी साहित्य - हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति का सशक्त अंग है, भारत में हिन्दी साहित्य का विकास विभिन्न चरणों में हुआ है, जिसका मुख्य अंग भाषा है जो भारत में एक बड़े हिस्से में बोली जाती है।

हिन्दी साहित्य में विभिन्न विधाओं के विकास को समझने के लिये जरूरी है कि पहले हिन्दी साहित्य के विकास को भी समझे।

साहित्य के बारें में न्यूलिटरेरी हिस्ट्री (भा02सं01,पृ0 1383 सं0 1970) में जीव हार्टमैन ने बताया है कि बौद्धिक अनुशासन के रूप में साहित्य जरूरी है, क्योंकि रचना की अर्न्तवस्तु उसका कलात्मक रूप और उसकी मूल्यवत्ता यह सभी कुछ रचनाकर की ऐतिहासिक चेतना के द्धारा निर्धारित और नियमित होता है। डिस्क्रमिनेशन सं0 (1970 पृ0 143 पर) से वैलक के अनुसार साहित्य की प्रगति परम्परा निरन्तरता और विकास की पहचान करना एवं करवाना ही साहित्य इतिहास का मूल भूत प्रयोजन है। साहित्य यात्रा एक विकासशील प्रक्रिया है। इसमें नयी प्रवृत्तियां साकार होती है। और नयी प्रवृत्तियों का पुरानी प्रवृत्तियों से संघर्ष होता है। नये प्रयोग नये परिवर्तन होते है। इस प्रकार निरन्तरता का क्रम चलता रहता है।

हिन्दी भाषा व साहित्य - किसी साहित्य का आरम्भ कब हुआ, इसका सीधा उत्तर यही है कि जिस भाषा का वह साहित्य है, उस भाषा ने तब अपने रूप का निर्माण कर लिया होगा। अत: यहां पर यह भी जानना आवश्यक हे कि हिन्दी का एक रूप वह भी है। जो आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक हिन्दी साहित्य में प्रयुक्त हुआ है। यह रूप हिन्दी की अठ्ठारह बोलियों तक सीमित है, पश्चिमी हिन्दी की पांच (अवधी, बघेली छतीसगढी, कौरवी, ब्रज बुन्देलखण्डी, कन्नौजी) पूर्वी हिन्दी की तीन (अवधि, बघेली छतीसगढी) राजस्थानी की चार (मालवी, मारवाडी, मारवाडी,मेवाती, जयपुरी) पहाडी की तीन (पूर्वी, मध्य, पश्चिमी) तथा बिहारी की तीन (मैंथली, भोजपुरी व मराठी)। लेकिन वर्तमान में हिन्दी साहित्य खडी बोली में रचा जा रहा है। खडी बोली ही भारत की राष्ट्रभाषा तथा राजभाषा है। वैसे भारत में विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय हिन्दी का प्रयोग होता है, जैसे कलकत्ता में कलकत्तियां, हिन्दी, मुम्बई में मुम्बईयां, हिन्दी हैदराबाद में दक्षिणी हिन्दी, इस प्रकार हिन्दी साहित्य केवल खड़ी बोली का साहित्य ही नही बल्कि विभिन्न बोली जाने वाली भाषा का भी साहित्य है।

हिन्दी साहित्य के लेखन का पहला प्रयास, फ्रांसीसी विद्धान मॉर्सा-द तॉसी ने कियां। लेकिन उन्होने हिन्दी साहित्य के आविर्भाव की काल सीमा के बारे में विचार नहीं किया। इसके बाद सर्वप्रथम शिव सिंह सेंगर ने शिव सिंह सरोज (1893 ई0) के अन्तर्गत किसी जनजाति को साक्ष्य मानकर 7वीं शताब्दी के किसी पुष्प कवि को हिन्दी का पहला कवि माना। इस आधार पर 7वीं शताब्दी से ही हिन्दी साहितय का आरम्भ काल माना गया है। हिन्दी साहित्य के लेखन में आचार्य शुक्ल को साहित्योतिहास का लेखन का प्रारूप हमें वृत संग्रहों के रूप में उपलब्ध होता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार नाभादास ने भक्तकाल की रचना सं0 1642 में की थी। जिस पर सं0 1739 में प्रियदास ने एक टीका भी लिखी हैं। अत: यह माना गया कि साहित्य लेखन सर्वप्रथम वृत संग्रहों (सं0 1700) के रूप में ही शुरू हुआ था। भक्तकाल के अन्तर्गत भक्त कवियों के जीवन वृत के साथ प्रासंगिक रूप में ही शुरू हुआ था। भक्तकाल के अन्तर्गत भक्त कवियों के

* हिन्दी विभाग, जनता वैदिक कॉलिज, बड़ौत (उ.प्र.) भारत

जीवन वृत के साथ प्रसांगिक रूप मं उनके काव्य सौन्दर्य का उल्लेख भी है। भक्तकाल के बाद चौरासी वैष्णव एवं दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता का स्थान है, इसके बाद कविमाला एवं कालिदास हजारा का नाम आता है।

इन रचनाओं के उपरान्त जो रचना हमें हिन्दी साहित्य के इतिहास नाम से प्राप्त होती है। उनमें पहली रचना गॉर्सा-द-तॉसी की इस्त्वार-दला लिल्लेत्युर ऐन्दुई (हिन्दुई और हिन्दुस्तानी साहित्य का इतिहास) प्रथम भाग 1839 है और दूसरी कृति तजकिरा-ए शओरआए-हिन्दी (करीमुद्दीन) की है। ये रचनायें कविवृत ही है।

हिन्दी साहित्य में विभिन्न विधाओं का विकास – वृत्त संग्रहों से लेकर अब तक हिन्दी साहित्य के इतिहास के लेखन की परंमरा में विभिन्न नयी उपलब्धियां जुड़ी हैं, इन नयी स्थापनाओं के प्रयासों आदि के फलस्वरूप साहित्येतिहास की लेखन परंपरा विकासोन्मुखी बनी है।

हिन्दी साहित्य में आदिकाल से अब तक दो रूपों में साहित्य मिलता है, काव्य शास्त्र और गद्यशास्त्र/आदिकाल का साहित्य वर्ष विषय की दृष्टि मे इस प्रकार विभाजित था (1) धार्मिक साहित्य, (2) लोक सवेदना का साहित्य (3) राज्याश्रिम काव्य। लेखन के साथ-साथ गद्य लेखन में विभिन्न नयी विधाओं का विकास हुआ- जिन्हें आधुनिक गद्य साहित्य की विधाओं के रूप में जाना जाता है। प्रमुखता -

1. नाटक लेखन 2. एकांकी
3. उपन्यास 4. निबन्ध लेखन
5. कहानी

साहित्य लेखन में जो प्रकीर्ण गद्य विधाएं है, इस प्रकार हैं-
जीवनी, आत्मकथा, यात्रावृत पत्र पत्रिकायें,
रेखाचित्र और संस्मरण तथा रिपोर्ताज।

नाटक साहित्य – भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र को हिन्दी नाटक सहित्य का जम्मदाता माना जाता है। हिन्दी में नाटक की शुरूआत रीवां नरेश रघुनाथ सिंह (सं0 1846-1911) के द्वारा हुई है, उनके द्वारा रचित नाटक 'आन्नद रघुन्दन' ही हिन्दी का पहला नाटक माना जाता है जबकि खढी बोली भाषा रूप में नाटक की शुरूआत भारतेन्दु जी ने ही की है, भारतेन्दु जी ने शेक्सपियर के नाटक 'मर्चेन्ट ऑफ वेनिस' का अनुवाद 'दुर्लभबन्ध' नाम से कर नाटक की शुरूआत की। इसके अलावा वैदिकी हिंसा, 'हिसा न भावति', भारत दुर्दशा अंधेर नगरी, प्रेमयोगिता आदि उनके मौलिक नाटक है। तत्पश्चात श्री निवास और किशोरी लाल गोंस्वामी के 'रणधीर मोहिनी' एवं 'मयंक मंजरी' नाटको का नाम रोमांटिकता के रूप में मिलता है। जागरण एवं सुधारकाल में प्रसाद जी का नाम महत्पूर्ण हे। आलोच्यकाल में हरिकृष्ण प्रेमी व लक्ष्मीनारायण मिश्र की नाटक रचना भी प्रसिद्ध है, रामनरेश त्रिपाटी वियोगी हरि रामचरित उपाध्याय आदि इस काल के अन्य नाटककार है। सन् 1918 में जयशंकर प्रसाद ने नाटक लिखना आरम्भ किया तथा नाट्य विधानकी दृष्टि से प्रशंसा योग्य मील का पत्थर बने। इसके बाद उपेन्द्र नाथ अश्क के अलग-अलग रास्ते (1954), उडान (1950),अन्धी गली (1950) बड़े खिलाड़ी (1967) आदि प्रमुख है। हिन्दी नाटक को सही दिशा में अग्रसर करने के लिए अश्क जी के बाद जगदीश चन्द्र माथुर का नाम आता है। उनका नाटक 'कोर्णाक' (1951) हिन्दी नाटक विकास में महत्वपूर्ण माना जाता है। तत्पश्चात् धर्मवीर भारती 'अन्धा युग' (1953), मोहन राकेश 'आषाढ का एक दिन' (1958), विनोद रस्तौगी 'नये हाथ' (1958) मनुभण्डारी 'बिना दीवारों का घर' (1965) आदि नाटक जीवन के नये आयाम प्रस्तुत करने में सफल रहे है। नाटक यात्रा में मुद्रा राक्षस, शंकर शेष, रमेश बढानी सुरेन्द्र वर्मा, गिरिराज किशोर व नरेन्द्र कोहली नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है।

उपन्यास – उपान्यस जीवन के यथार्थ को अभिव्यक्ति देने वाली एक समर्थ विधा है। इसमें काव्य विधा के रूप में बाणभट्ट की 'कामम्बरी को आदर्श रचना उदघृत किया जाता है। आधुनिक उपन्यास विधा में श्री निवास दास की कृति 'परीक्षागुरू' (1842) मौलिक कृति है। आलोव्यकाल में भट्ट बालकृष्ण के दो उपन्यास 'वेतरन ब्रहमचारी' (1884) और 'सौ अजान एक सुजान' (1892) दोनों में मानव ह्दय परिवर्तन का प्रयास किया गया है। भारतेन्द्रकाल में अन्य उपन्यासकारों में श्रीनिवास दास, किशोरीलाल गोस्वामी, राधाकृष्णदास, लज्जाराम शर्मा देवकीनन्दन खत्री और गोपाल राम गहमरी के नाम प्रमुख हैं।

देवकीनन्दन खत्री को तिलस्मी उपन्यासों का प्रवर्तक माना जाता है। उन्होंनें 'चन्द्रकांता' के द्वारा के द्वारा सदाचार का सहारा लेने की शिक्षा समाज को दी है। इसके बाद प्रेमचन्द जी का नाम, आलोच्यकाल में ही उनके उपन्यास प्रेमा, रूठी रानी, सेवासदन आदि द्वारा उपन्यासकारों में जुड़ गया था। प्रेमचन्द जी ने उपन्यास विधा में चरित्र चित्रण कर उसे नया मोड प्रदान किया उनके 'गोदान' (1936) उनके मोहभंग का उपन्यास हें एनके अन्य उपन्यास रंगभूमि, कर्मभूमि व गबन हे। प्रेमचन्द के बाद इस युग के उपन्यासकारों में मुख्यतया जयशकर प्रसाद का नाम आता है, उनके उपन्यास कंकाल (1929), तितली (1934) आदर्शवादी उपन्यास है। तत्पश्चात् इस विधा में भगवतीचरण वर्मा ने 'चित्र लेखा' के रूप में एतिहासिक उपन्यासकृति रची थी, इसके बाद यशपाल जी का नाम उपन्यास विधा को आगे बढाने में लिया जाता है। उनके 'पथ' सुबह के भूल, जहाज का पंछी, सामाजिकता का प्रभाव छोड़ते हैं। तत्पश्चात महत्वपूर्ण उपन्यासकारो में उपेन्द्रनाथ अश्क सितारों का खेल, गर्म राख, अमृतलाल नागर बूंद और समुद्र, धर्मवीर भारती सूरज का सॉंतवा घोड़ा, मोहन राकेश अंधेरे बंद कमरे, आने वाला कल, निर्मल वर्मा वे दिन, गंगा प्रसाद विमल अपने से अलग, मंनुभंडारी आपका बंटी उषाप्रियवदा पचपन खम्बेलाल दीवार आदि प्रमुख है।

कहानी – भारतेन्द्र ने कथा साहित्य के अन्तर्गत उपन्यास एवं कहानी को दो अलग विधाओं के रूप में स्वीकृति देने का सुझाव दिया था तत्पश्चात् साहित्यकारों बहुमत के साथ किशोरीलाल गोस्वामी की रचना 'प्राणयिनी परिणय' (1900) को हिन्दी की पहली कहानी मान लिया। फिर गोस्वमी जी की दूसरी कहानी 'इन्दूमती' प्रकाशित हुई। यही पुनर्जागरण काल में कहानी की शुरूआती स्थिति है। गोस्वामी जी, माधव प्रसाद मिश्र, बंग महिला और रामचन्द्र शुक्ल आधुनिक हिन्दी कहानी के आरम्भिक कहानीकार है। रामचन्द्र शुक्ल की कहानी 'ग्यारह वर्ष' (1903 ई0) और बंग महिला की कहानी 'दुलाई वाली' (1907 ई0) हिन्दी की पहली कहानी है। इसके बाद मुंशी प्रेमचन्द व जयशंकर प्रसाद कहानी लेखन में अतरित हुए। बाद में चन्द्र शर्मा गुलेरी ने 'उसने कहा था' (1915) जैसी सफल कहान लिखी। 'हिन्दी गल्पमाला' (1918) बिशम्बर नाथ कौशिक की रक्षाबन्धन (1913) प्रेमचन्द की 'पंचपरमेश्वर' जयशंकर प्रसाद की 'ग्राम' (1911) आदि प्रमुख कहानियां हिन्दी में कहानी विधा के विकासका आधार है। यशपाल, भीष्म साहनी, अमरकान्त, रांगेयराघव, अमृतराय मोहन, राकेश कमलेश्वर राजेन्द्र यादव आदि कहानीकारो का नाम आज के कहानीकारों में आता है। हिन्दी कहानी का मिजाज उत्तरोत्तर बदलता रहा है, जहां पहले कहानी समय बिताने एवं मनोरंजन का साधन थी, वहीं बाद में कहानी जीवन के गहरे अर्थो से जुड़ती चली गयीं अपनी विकास यात्रा में कहानी ने प्रगतिवादी चेतना,

व्यक्तिवादी प्रवृत्ति, सामाजिकता एवं प्रगतिशीलता व अन्य जीवन की समस्याओ को मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रस्तृत किया है। आजादी के बाद कहानी में सांचलिकता का प्रवेश हुआ। बाद में वर्ग-संघर्ष, मनोविशलेषण, भोतिकवादख नैतिक मूल्य व सामाजिक बुराई को ग्रहण किया। 1960 तक आते-आते कहानी रूढ़ सांचो में ढलने लगी थी, कहानी लेखिकाओं में मनु भंडारी, कृष्ण सोबती, उषा प्रियवदा ओर विजया चौहान आदि के विशेष स्थान है। सातवे दशक में कहानी ने रोमांश की वृत्ती को त्याग यथार्थ को उजागर करना शुरू किया है। मूल्यहीनता और खण्डित व्यक्तिव्त कहानी के मुख्य स्वर है। इस काल में ज्ञान रंजन, दूधनाथ सिंह रवीन्द्र कालिया, काशीनाथ सिंह आदि कहानीकारों के नाम मुख्यतया लिये जाते है।

एकांकी – हिन्दी एकांकी एक अंक वाली आधुनिक नाटक विधा है। एकांकी अंग्रेजी भाषा के एक अक वाले नवीन नाअय विधान का प्रभाव रखती है। आज के मशीनीकरण एवं व्यक्ति की अति व्यस्तता के कारण ही एक अंक वाले नाटकोंक का जन्म हुआ, हिन्दी में एकांकी विधा का आरम्भ भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र के नाटकों 'धनंजय विजय' विषस्य विषमौषधम 'भारत दुर्दशा' और 'अंधेर नगरी आदि के से माना जाता हैं जयशंकर प्रसाद के एक घूट' से हिन्दी में आधुनिक एकांकी का जन्म मान सकते है। इस विधा को सही रूप में स्वीकृति में रामकुमार वर्मा का योगदान है। आधुनिक एंकाकीकारों में भुवनेश्वर को विशेष स्थान प्राप्त है। उन्होनें रोमांस दृष्टि रखते हुए 'श्यामा' (1933 ई0) में छपवाया। एकाकीं मानवीय संघर्षो में व्यक्ति की मानसिक स्थिति के चित्रण में सफल हैं। भुवनेश्वर के 'कारवा' (1935) 'रोशनी और आग' (1941) 'इतिहास के केचुल' (1948) प्रमुख एकांकी है। एकांकी की परम्परा में सेठ गोविन्ददास, हरिकृष्ण प्रेमी उदय शंकर भट्ट सदगुरू शरणअवस्थी, उपेन्द्रनाथ अश्क, जगदीश माथुर, विष्णु प्रभाकर आदि एकांकीरों के नाम प्रमुख हैं। बाद में धर्मवीर भारती ने भी एकांकी की कला में योग दिया 'नदी प्यासी थी' द्वारा इन्होंने मानवीय संदीर्भो को नाट्य कला के परिप्रेक्ष्य में दिशा दी। अन्त में विनोद रस्तौगी, भारत भूष्ण, अग्रवाल, अज्ञेय, रेवतीरमण शर्मा, बिमला लूथरा, आरसी प्रसाद सिहं आदि ने भी हिन्दी एकांकी विधा को अपना योगदान दिया है।

निबन्ध – निबन्ध पुर्नजागरण काल से पहले से लिखे जाते रहे, लेकिन पुर्नजागरण काल में पर्याप्त मात्रा में निबन्ध साहित्य रचा गया। भारतेन्दु का नाम अपने युग के प्रतिभा सम्पन्न निबन्धकारों में लिया जाता है। इसी युग में बालकृष्ण भट्ट ने राजा और प्रजा स्त्रियों और उनकी शिक्षा, देश, सेवा, बाल विवाह आदि निबन्ध द्वारा सामाजिक समस्याओं को अजागर किया है। प्रताप नारायण मिश्र ने हिन्दी निबन्धों को समृद्दि दी है, बेगार, रिश्वत, देशोन्नति, वर्षरंभ, मूढ़ँ, गोरक्षा, छल आदि उनके प्रमुख निबन्ध है। द्विदेदी ने ज्ञान विस्तार पर निबन्ध लिखे जबकि आचार्य रामचन्द्रशुक्ल ने निबन्ध साहित्य को नया आयाम दिया। सरदार पूर्ण सिहं लाक्षणिक एवं व्यकितक व्यंजन शैली के सफल निबन्धकार है, आचरण की सभ्यता, सच्ची वीरता, मजदूरी एवं प्रम, कन्यादान आदि उनके उल्लेखनीय निबन्ध हैं।

बाबू गुलाबराय ने निबन्ध विधा को प्राणवत्त बनाया उन्होंने व्यक्ति व्यंजन निबन्ध लिखे है, 'उलुआ क्लब', 'फिर निराशा क्यों', 'कुछ उथले कुछ गहरेय अनकी निबन्ध रचनायें हैं। रघुवीर सिहं, शिवपूजन, सहाय, बेचेन शर्मा, निराला आदि ने इसी काल में निबन्ध साहित्य का कलेवर बढाया है। तत्पश्चात् जैनेन्द्र ने निबन्धों को दार्शनिक आधार प्रदान किया। रामवृद्ध बेनपुरी ने भावनात्मक निबन्ध लिखे 'गेहूँ और गुलाब' जैसे निबन्ध उनकी प्रमुख रचना है।

रामधारी सिहं दिनकर ने निबंधों में अन्तरंग को उद्धारित किया है और परंपरागत मूल्यों से संयोजित कर विचार प्रधान निंबधों की रचना की है। अज्ञेय ने अनुभूत सत्यों का वेचारिक विश्लेषण निबन्धों के रूप में रूप में रचा है। विद्या निवास मिश्र, कुबेरनाथ व नामवर सिहं आदि ने भी निबन्ध विधा को सशक्त बनाया है। हरिशंकर परसोई ने हास्य-व्यंग्य के निंबध मूल्यगत विसंगतियों को सम्मूख रखकर लिये है, इसी कारण उन्हें तीखे व्यंग्य के निबन्धकार माना जाता है।

हिन्दी निबन्ध की यात्रा भारतेन्दु से शुरू होकर द्विदेवी युग, पुनरूत्थान काल छायावाद युग से गुजरती हुई उततर स्वच्छन्दतावाद युग तक पहुंचती है और अपना बहुमुंखी विकास करती हुई नित्य नये आयाम छूकर यह काल यात्रा आज भी जारी है।

हिन्दी साहित्य में प्रकीर्ण गद्य विधायें – नव जागरण की परिवर्तित परिस्थितियों तथा पश्चिमी साहित्य की विभिन्न विधाओं के प्रभावान्तर्गत हिन्दी में साहित्य विधाओं में बहुरूपता का विकास हुआ। इन्हें हिन्दी की प्रकीर्ण गद्य विधायें कहा गया–

जीवनी – जीवनी का अंग्रेजी अनुवाद 'बायोग्राफी' तथा आत्मकथा का ऑटोबायोग्राफी है। जीवनी का लेखक कोई दूसरा व्यक्ति होता है जबकि आत्मकथा स्वयं उसी द्वारा लिखी जाती है।

भारतेन्दु काल में आधुनिक काल तक के महापुरूषों की जीवनियां लिखी गयी है, नयी विधा के रूप में जीवनी में नयी संरचना पद्धति अपनाई गई है। आलोच्यकाल के जीवनी लेखको में कीर्ति प्रसाद खत्री, कांशीनाथ खत्री, रमाशंकर व्यास व देवी प्रसाद प्रमुख है। जागरण सुधार काल में दयानन्द सरस्वती के जीवन चरित्र पर व्यापक रूप से लिखा गया, इस युग में महापुरूषों पर भी लिखा गया। साहित्यकार पारसनाथ त्रिपाठी, बृजबिहारी शुक्ल और शीतलाचरण वाजपेयी ने, महात्मा गांधी, अरविन्द घोष, लाला लाला लाजपतराय, मदन मोहन मालवीय, लोकमान्य तिलक पृथ्वीराज चौहल, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी आदि महापुरूषों पर व्यापक रूप से लिखा है।

स्वच्छन्द काल में आंदोलन में भाग लेने वाले युगपुरूषों पर तथा देश के उत्थान में योग देने वाली महिलाओं के जीवन चरित्र लिखे गये।

आलोच्यकाल में बालगंगाधर तिलक (1920), गांधी मीमांसा (1921), पं0 जवाहर लाल नेहरू (1926), चन्द्रशेखर आजाद (1938) आदि पर जीवनियां लिखी गयी जीवनी लेखकों में ईश्वर प्रसाद शर्मा, रामदयाल तिवारी, रामनरेश त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि का नाम प्रमुखता से लिया जाता हैं

आत्मकथा – जब कोई लेखक अपने ही जीवन का वृतान्त देता है। तो जीवनी के इस रूप को आत्मकथा कहते हैं। आत्मकथा आधुनिक काल से पहले से ही लिखी जाती रही है। आत्मकथा का प्रारम्भ बनारसीदास जैन ने किया था।

भारतेन्दु द्वारा लिखित कुछ आप बीती कुछ जग बीती आत्मकथा है। भारतेन्दु काल में राधा चरण गोस्वामी की मेरा संक्षिप्त जीवन श्री आमविका दत्त बियास औ लाला लाजपत राय की इस श्रेणी की आत्मकथा हैं स्वच्छन्दतावादी युग में भाई परमानन्द, महात्मा गांधी, सुभाषचन्द बोस, जवाहरलाल नेहरू आदि ने आत्मकथा की रचना की है।

आत्मकथा में लेखक युग के संदर्भ और हालात के परिपासर्व एवं विभिन्न अनुकूल परिस्थितियों के परिपेक्ष में अपनी जीवनचर्या को रोचक परन्तु सत्य आधारित शैली में प्रस्तुत करता है। स्वतंत्रता के बाद डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

की आत्मकथा, भवानी दयाल सन्यासी की आत्मकथा, परवासी से की आत्मकथा नामक शीर्षक से प्रकाशित हुई। आत्मकथा की इस यात्रा में कवि हरवंशराय बच्चन की क्या याद करू यशपाल की आत्मकथात्मक सिंहावलोकन सेठ गोविन्दास की आत्म निरीक्षण सशक्त रचनायें हैं।

यात्रावृत्त – यात्रावृत्त वह विधा है जिसमें लेखक अपने यात्रा अनुभव के दौरान उस पर पडे प्रभावों आदि को साहित्यिक शैली में पस्तुत करता है। यात्रावृत्त में यात्रा का स्थान, जनजीवन, प्रकृति एवं अन्य विषयों का उल्लेख रहता है। यात्रा विधा में भारतेन्दु ने स्वयं यात्रा वृत्त लिखकर इस दिशा में लेखकों को प्रेरणा दी है। प्रताप नारायण मिश्र एवं बाल कृष्ण भट्ट ने भी इस विधा में अच्छा योगदान किया है।

जागरण सुधार काल में यात्रावृत्त अनेक पुसतकों में प्रकाशित हुई। इनमें गोपल गहमरी की लंका यात्रा का विवरण (1916) देवी प्रसाद खत्री की बदरी का आश्रम 1902, गदाधर सिहं की 'एडवर्ड तिलक यात्रा' (1903) विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

स्वछन्तावादी युग में मेरी योरोप यात्रा 1932, मेरी जर्मनी यात्रा 1936, उल्लेखनीय यात्रा वृत्त हैं। इस दिशा में राम नारायण मिश्र, नेहरू, सत्यदेव परिव्राजक, सेठ गोविन्ददास आदि ने अपनी कलम का परिचय दिया, इनके अलावा अज्ञेय (अरे यायावार रहेगा याद 1953) कर्नल सज्जन सिहं, विष्णु प्रभाकर, डा0 नगेन्द्र और डा0 मोहन राकेश आदि के नाम प्रमुख है।

पत्र–पत्रिकायें – पत्र पत्रिकायें वे माध्यम हैं जिनके द्धारा साहित्य एवं साहित्येत्तर, भावात्मक एवं शुद्ध बौद्धिक, वैज्ञानिक या व्यवहारिक विषयों की जानकारी पाठकों तक पहुंचती है। भारत में पत्र पत्रिकाओं का आरम्भ सर्वप्रथम कलकत्ता में हुआ। भारतेन्दु ने सन् 1880 ई0 में कांशी में कवि वचन सुधा नामक नत्रिका का प्रकाशन किया । इसी काल में उदत्त मार्तण्ड आदि इसी तरह की 13 पत्रिकायें प्रकाशित हुई। इस उत्थान में बगांल ही प्रधान रूप से नयी चेतना का केन्द्र रहा इसओर हिन्दी प्रदीप द्धारा किया गया कार्य भी सराहनीय रहा। जागरण सुधार काल में राजनीति से प्ररित पत्रों को गणेश शंकर विद्यार्थी ने काफी प्रभावित किया। 1908 ई0 में केशरी पत्रिका हिन्दी संस्करण हिन्दी केशरी के नाम से प्रकाशित हुआ इस विधा में हितवाणी 1904 नर सिहं 1907, अभियुद्य 1907, कर्मयोगी 1909, प्रभा 1913 आदि पत्रिकायें प्रकाशित हुई। साप्ताहिकी पत्रिका के रूप में चादं मासिका पत्रिाक के रूप में कल्याण 1925, प्रेमचन्द द्धारा सम्पादित हंस 1930, हिन्दी नव जीवन 1921, मतवाला 1983, सरोज 1928 आदि पत्रिकायें भी अपने समय की गतिविधियां उजागर करने में समर्थ रहीं स्वच्छन्दतावादोत्तर युग में सरस्वती, वीणा, विशाल भारत प्रकार संचालित किया। स्वतंत्रता के बाद पत्रिकाओं के लेखन में बहुत तेज गति से विकास हुआ। हिन्दी की साप्ताहिक पत्रिकाओं में धर्म युग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान और दिनमान व मासिक पत्रिकाओं में कल्पना, नवनीव, ज्ञानोद्धय, कादम्बनी, आजकल आदि पत्रिकायें स्वस्थ पाठ्य सामग्री प्रदान करती है। कहानी पत्रिकाओं में सारिका कहानी संचेतन और पहल आदि उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के बाद जहां पत्र पत्रिकाओं ने संख्या में प्रगति की है, वही गणों में नि:संदेह हास हुआ है।

रेखाचित्र और संस्मरण – रेखाचित्र स्वच्छन्दवावादी की देन हैं, किन्तु संसमरण लेखन बहुत पहले आरम्भ हो चुका था रेखाचित्र में प्रस्तुत व्यकित, वस्तु आदि के रेखाचित्र का निर्माण तलीका के रंगों से होता है। रामकुमार खेमका ओर कृपनाथ मिश्र आदि ने सरस्वती पत्रिका में संस्मरणों की नीव डाली थी, जो यात्रा वृत्त मूलक संस्मरण है। संस्मरणों को भी विवरण के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। साहित्य में कुछ जीवनी परक संस्मरणें की रचना भी हुई है। श्री रामशर्मा ने बोलती प्रतिभा (1937) के द्धारा इस विधा के सभी गुणों की अवतारणा की है। महादेवी वर्मा और बनारसी दास चतुर्वेदी के रेखाचित्र इस विधा के आदर्श उहाहरण है। संस्मरण विधा में बनारसीदास चतुर्वेदी माहिर संस्मरणकार माने जाते हैं। इस विधा में श्री राम शर्मा का नाम भी महत्वपूर्ण है। रेखाचित्रों के इतिहास में महादेवी वर्मा का विशेष स्थान है। अतीत के चलचित्र और स्मृति की रेखयें में उन्होंने संस्मरण विधा को नये आयाम दिये हैं। अन्य रेखाचित्रकारों में विनय मोहन शर्मा, दिवाकर और बच्चन आदि का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

रिपोर्ताज – रिपोर्ताज वह नयी साहित्यिक विधा है जिसके अन्तर्गत आंखों देखे, कानों सुने वृतों और दृश्यों को साहित्य विधा की प्रकृति द्धारा प्रस्तुत किया जाता है। इस विधा का जन्म द्धितीय विश्व युद्ध में आस–पास स्वीकार किया जाता है। हिन्दी में इस विधा के प्रवृर्तक के रूप में शिवदान सिहं चौहान का नाम लिया जाता है। उन्होंने मौत के खिलाफ जिन्दगी की लडाई नामक शीर्षक से रिपोर्ताज हंस पत्रिका में लिखा था। रांगेय ने विशाद मठ शीर्षक से रिपोर्ताज शैली में उपन्यास लिखा। धर्मवीर भारती ने स्वंतत्रता की लडाई में धर्मयुद्ध के लिये रिपोर्ताज लिखे, राहुल सांस्कृतयायन ने पर्यटन विषय पर रिपोर्ताज लिखे। इस विधा में अन्य लेखक अश्क प्रभाकर माचवे, रघुवीर सहाय, निर्मल वर्मा, विष्णुकान्त शास्त्री, राही मासुम रजा आदि ने रिपोर्ताज लेखन में अपना योगदान किया।

निष्कर्ष – निष्कर्ष के रूप में हम यह कह सकते हैं कि हिन्दी साहितय में अनेक विधाओं का जन्म भारतेन्दु काल में ही हुआ हैं। नाटक विधा की शूरूआत जहां रीवा नरेश रघुनाथ सिहं (सं0 1846–1911 आनन्द रघुनन्दन) को माना जाता है, वही उपन्यास विधा का जन्म बाणभट्ट की कादम्बरी से माना जाता है। आधुनिक उपन्यास विधा का जन्म बाणभट्ट की कादम्बरी से माना जाता है। आधुनिक उपन्यास विधा श्रीनिवास दास की कृति परीक्षा गुरू 1882 मौलिक कृति है। हिन्दी साहित्यकारों ने किशोरीलाल गौस्वामी की रचना (प्रणयनी परिणय 1990) को हिन्दी की पहली कहानी माना है तथा प्रेमचन्द की पंचपरमेश्वर व जयशंकर प्रसाद की ग्राम 1911 आदि हिन्दी की प्रसिद्ध कहानी है। हिन्दी एकांकी एक अंक वाली आधुनिक नाटक विधा है, जयशंकर प्रसाद के एक घूट से ही हिन्दी में आधुनिक एकांकी का जन्म होता है। निबन्ध पुर्नजागरण काल से लिखे जाते रहे है फिर भी भारतेन्दु का नाम अपने युग के प्रतिभा सम्पन्न निबन्धकारों में लिया जाता है। निबन्ध की यात्रा भारतेन्दु युग से शुरू होकर द्धिवेदी युग , पुनरूत्थान काल छायावाद युग से गुजरती हुई उत्तर स्वच्छन्तावाद युग तक पहुंचती हे तथा यह यात्रा नित नये आयाम छूकर आज भी जारी हैं।

हिन्दी साहित्य की प्रकीर्ण विधाओं में जीवनी भारतेन्दु काल से ही लिखी जाती रही है जीवनी लेखन में कीर्ति प्रसाद खत्री, काशीनाथ खत्री व देवी प्रसाद आदि प्रमुख नाम है, जिन्होने विभिन्न महापुरूषों व महिलाओं के जीवन चरित्र पर व्यापक रूप से लिखा है, आधुनिक काल से ही बनारसीदास जैन ने आत्मकथा को प्रारम्भ किया। आत्मकथा की इस यात्रा में हरिवंशराय बच्चन की क्या याद करू यशपाल की सिंहावलोकन व सेठ गोविन्द दास की आत्म निरीक्षण सशक्त रचनाये हैं। यात्रावृत्त विधा की शुरूआत स्वयं भारतेन्दु ने यात्रावृत्त लिखकर की है। देवी प्रसाद खत्री की बदरी का आश्रम 1902 व गदाधर सिहं की एडवर्ड तिलक यात्रा 1903 उस काल का उल्लेखनीय यात्रावृत्त है। भारतेनदु ने ही कवि वचन सुधा 1880 नामक पत्रिका के प्रकाशन द्धारा पत्रिका लेखन की शुरूआत की है।

हिनदकेशरी 1908 व हितवाणी 1904 ने इस विधा को आगे बढाया गया। वर्तमान में आजकल, कल्पना, हसं, कादम्बनी, सारिका जैसी विभिन्न मासिक व साप्ताहिक पत्रिकाओं का प्रकाशन हो रहा है। रेखाचित्र स्वस्छन्दतावादी युग की देन है, रामकुमार खेमका व कृपानाथ मिश्र ने सरस्वती पत्रिका में संस्मरणों की नीव डाली थी। संस्मरण विधा में जहां बनारसीदास चतुर्वेदी माहिर संस्मरणकार माने जाते हैं, इस विधा के उत्तम उदाहरण है। रिपोर्ताज नई साहित्यिक विधा है, हिन्दी में इस विधा के प्रवर्तक के रूप में शिवदान सिहं चौहान का नाम आता है। उनके द्धारा मौत के खिलाफ जिंदगी की लडाई शीर्षक से रिपोर्ताज हंस पत्रिका में लिखा गया था।

हिन्दी साहित्य लेखन की विकास यात्रा में प्रभाकर, उपेन्द्रनाथ अश्क, सेठ गोविन्ददास, निर्मल, विष्णुकान्त शास्त्री, चन्द्रशर्मा गुलेरी, राही मासूम रजा, अज्ञेय, नगेन्द्र, डा0 मोहन राकेश, राजेन्द्र प्रसाद, गणेश शंकर, विद्यार्थी, भारत भुषण, धर्मवीर भारती, देवकीनन्दन खत्री अदि ऐसे हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने हिन्दी साहित्य में विभिन्न विधाओं के विकास को नित नये आयाम दिये हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास- डॉ0 निर्मल सुरेशचन्द, सरन प्रकाशन मन्दिर, 154 विजयनगर मेरठ
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास- डॉ0 शेखर शर्मा व डॉ0 इन्दु बाला शर्मा, प्रकाशन संस्थान 4715/21 दरियागंज, नई दिल्ली- 110002
3. हिन्दी का साहित्य शास्त्र- डॉ0 रामकृष्ण कौशिक, डॉ0 कृष्णचन्द्र गुप्ता भावना प्रकाशन, 174 सी पटपड़गंजदिल्ली।
4. आजकल- मासिक पत्रिकाआ अंक दिस्म्बर 2005, प्रकाशन विभाग 120, सूचना भवन लोदी रोड नई दिल्ली-110003
5. हंस- जनचेतना की प्रगतिशील कथा- मासिक अंक दिस्म्बर 2005, अक्षर प्रकाशन 2/36 अन्सारी रोड, दरियांगज नई दिल्ली-110002
6. आधुनिक लखिकाओं के नगरीय परिवेश के उपन्यास- डॉ0 पारूकान्त देसाई, चिन्तन प्रकाशन नौबसता, कानपुर-208021
7. साहित्य के तत्व- डॉ0 विनोद पाणि दिवाकर, प्रकाान संस्थान दयानन्द मार्ग, दरियागंज नई दिल्ली-110002

****

A Study On Adoption Of Mobile Banking - A Select Case Of Rajasthan

Dr. Ganpat Joshi *

Abstract - Mobile communication technologies offer vast additional value for consumer. Technology enabled solutions provide low cost and efficient delivery channels for unreachable regions of India. Electronic modes of payments can help in reducing the costs of operation for banks, the benefit of which can be transferred to customers. M-Banking in India has evolved from basic services such as alerts to complex ones such as money transfer. Present study attempts to investigate the status of adoption of mobile banking with special reference to Rajasthan and ascertain the factors that influence the decision to use mobile banking.
Keywords - Mobile communication, technologies, banking, Rajasthan.

Introduction - Mobile communication technologies offer vast additional value for consumer. Mobile technology has created an incredible market space for companies to provide large variety of services online. Due to their always-on functionality mobile present functionalities for banking transactions and the option to access banks anytime and anywhere. This convergence of telecommunication and financial services has created openings for the emergence of mobile banking solutions. On one hand, mobile banking services provide time convenience and cost efficiency to customers; also on other hand this can remove the barrier of an expensive and time-consuming visit to the nearest bank branch especially for low-income communities.

Technology enabled solutions provide low cost and efficient delivery channels for unreachable regions of India. Electronic modes of payments can help in reducing the costs of operation for banks, the benefit of which can be transferred to customers. Mobile communication technologies offer vast additional value for consumer. Mobile technology has created an incredible market space for companies. The M-commerce sector is poised for growth in the Indian market. But m-commerce is in its emerging stages, it is projected to grow with growing technology and lower prices of mobile handsets. M-Banking in India have evolved from basic services such as alerts to complex ones such as money transfer. Customizable and convenient mobile banking solutions have potential to provide improvements over current desktop based internet banking experience. Along with advantages of meeting the financial inclusion goals of regulators. Mobile payment services can offer significant business potential and cost optimization opportunities for all the stakeholders. Banks could offer mobile payment services to their banking customers and increase share of revenue from existing customers.

Mobile banking Challenges :

1. Security issues,
2. Lack of ubiquitous wireless network coverage,
3. Lack of standards, and
4. Technical mismatches among various wireless devices & smartphones
5. Consumer mobile/ internet literacy issues
6. Slow adoption rate

Literature Review - User acceptance is crucial to the success of new technologies but it is difficult to predict. User acceptance of new technologies that are not just incremental improvements on existing ones but cause remarkable changes in people lives so-called disruptive technologies. It is especially hard to predict because these technologies may take decades or longer to undergo the transition into everyday objects (Norman, 1998). Before addressing the reasons UTAUT was selected over TAM for this research, it is important to highlight the commonalities of adoption theories. An individual's decision to adopt a technology can be a one-time event; however, the process for making this decision is not a single event. Most adoption and diffusion theories propose that an individual's beliefs and attitudes form over time and can influence his/her decision to adopt or not to adopt a given innovation. While both TAM and UTAUT are easily applicable through the use of quantifiable variables for understanding determinants of adoption, TAM does not fully meet the needs of this study. This section outlines reasons for selecting UTAUT over TAM for the theoretical basis of this research.

UTUAT's key advantage is that it demonstrates superior factor strength. It can explain up to 70% of variance of intention (Venkatesh, et al., 2003). Thus, many observe its superiority over previous metrics (Gayar and Moran, 2006; Venkatesh, et al., 2003). Research shows that previous technology acceptance models (e.g. TAM) can only

*Asst. Professor (Computer Science) Siddeshwar Vinayak Collage, Dhariawad, Distt. Pratapgarh (Raj.) INDIA

successfully predict the acceptance of an innovation in roughly 30% (Meister & Compeau, 2002) to 40% of cases (S. Taylor & P. A. Todd, 1995b; Venkatesh & Davis, 2000). Unlike TAM, UTAUT addresses voluntariness of use and facilitating factors. Moreover, UTAUT has the advantage of including a distinction between mediating and determining factors.

Figure 1 (see in last page)

UTAUT is a relatively new theoretical framework and needs additional research to replicate findings, validate its measures, and validate its robustness (Straub, 2009). Furthermore, it does not include individual factors like perceived playfulness and self-motivation that may help explain information system acceptance and use of mobile devices.

Retaining mobile banking users and attracting new ones may not be easy. Therefore, it is important to understand what factors contribute to users' intention to use mobile banking. During the last two decades, researchers have used TAM, the TAM suffers from many limitations. Hence present research uses the advanced model (UTAUT). The purpose of this research is to examine and validate determinants of users' intention in mobile banking, utilizing constructs from these researches in an integrated model.

Objective :

1. To investigate the status of adoption of mobile banking with special reference to Rajasthan.
2. To ascertain the factors that influences the decision to use mobile banking.

As per the study objective and previous discussions in Research methodology. Following Hypothesis are considered for empirical testing.

H1: All independent variables for UTAUT model are not significant predictors of the behavioral intention to use mobile banking

Methodology :

Approach: The present research use deductive research approach. In the deductive research approach the researchers generate hypothesis from theory.

Model: The UTAUT technology acceptance theory forms the theoretical foundation for this thesis.

Primary Data: questionnaire has been prepared, this was filled by the respondents who are using the mobile banking services in selected geographical area of study i.e. Rajasthan.

Secondary Data: from the files, newspapers, reports, records, policies, government publications, magazines, company publications, journals, books, articles, websites, etc.

Sampling Technique: convenience sampling (using a cross-sectional design)

Result

Table1: Result- Multiple Regression Analysis

Descriptive Statistics

	Mean	Std. Deviation	N
Attitude	3.4700	1.13823	200
PE1	3.5100	1.15611	200
PE2	3.3100	1.02917	200
PE3	3.2800	1.05221	200
PE4	3.5000	1.16481	200
EE1	3.4600	1.11111	200
EE2	3.5700	1.00506	200
EE3	3.2100	1.05426	200
EE4	3.5500	1.13753	200
SI1	3.2600	1.18296	200
SI2	3.5300	.98690	200
SI3	3.5700	1.06337	200
FC1	3.4400	1.00571	200
FC2	3.5300	1.18156	200
FC3	3.6000	1.07974	200
FC4	3.2800	1.16980	200

Model Summary

Model	R	R Square	Adjusted R Square	Std. Error of the Estimate
8	.839[h]	.704	.695	.62855

h. Predictors: (Constant), FC2, SI1, PE4, PE1, SI3, EE4

ANOVA[i]

Model		Sum of Squares	df	Mean Square	F	Sig.
8	Regression	181.571	6	30.262	76.599	.000[h]
	Residual	76.249	193	.395		
	Total	257.820	199			

h. Predictors: (Constant), FC2, SI1, PE4, PE1, SI3, EE4i. Dependent Variable: Attitude

Coefficients[a] (see in last page)

The final Regression model with 6 independent variables (FC2, SI1, PE4, PE1, SI3, and EE4) explains almost 69.5% of the variance of consumer attitude for adopting mobile banking. The ANOVA analysis provides the statistical test for overall model fit in terms of F Ratio. The six regression coefficients, plus the constraints are significant at 0.05 levels. With the above analysis it can be conclude that six variables i.e., FC2, SI1, PE4, PE1, SI3, and EE4 explains the attitude of consumer for mobile banking and its adoption.

The major findings are summarized as under:

1. **Major user group of alternative banking:** In present research, the sample profile shows that most of mobile banking users were male (52%), with a age group between 20 to 39 (70%), post graduates (56%). These users are service class persons (45%) and surprisingly students (49%). The major reasons of this pattern are may be the 'ease of use' and time and place convenience with the mobile services.
2. **Usage behavior:** The usage behavior shows that people are using mobile banking for about one to three

transactions per month (82 percent). 11 percent of respondents reported that they use mobile banking for performing banking inquiries and communication 3-6 times. 36 percent of respondents are using mobile banking from one to six months. 25 percent of customers are using mobile banking less than one year.

3. **Descriptive statistics**: these statistics and the one sample statistical test reveal a positive response towards each independent factors as well as attitude towards mobile banking. The mean values show that consumers are willing to avail mobile based services for banking transactions. However none of the construct reveals a higher degree of agreement towards perceived expectancy, effort expectancy, social influence and facilitating conditions. These results indicate a premature stage of mobile banking adoption in Rajasthan and provide a vast scope of improvement policy, implementation, and technology dimensions.

4. **Factors affecting on customer acceptance:** The results of the study present realistic evidences for the factors that have a direct positive effect on customer acceptance and intention to use mobile banking. In this study we hypothesized five major factors affecting on customer adoption based on literature review i.e. performance expectancy, Effort expectancy, social influence, facilitating conditions and demographic profile of the customer. Although, empirical results shows that 6 independent variables (FC2, SI1, PE4, PE1, SI3, and EE4) explains almost 69.5% of the variance of consumer attitude for adopting mobile banking. It means that the knowledge necessary to use mobile banking, People influence towards the use mobile banking and the quickness of Mobile banking to enable banking transaction are the major factors to drive end users to adopt mobile based banking services.

Conclusion - Increasing the adoption of Mobile banking would help the objective of less cash society with huge benefits to all stakeholders. It is evident that mobile banking is an ideal solution to accelerate financial inclusion in terms of Availability, Accessibility and Affordability. These features need to be integrated to the banks' business and operating models. The potential of mobile banking is of impressive extent and with right kind of investments in awareness and educating customers; the adoption of mobile banking would gain footing. Banks must redesign their business and operating process to accelerate the adoption of Mobile banking, with process change being a critical success factor

प्रतीपगमन अंतर की सार्थकत		***N***	***r1***	b_{xy}	b_{yx}	$r_{2=}\sqrt{bxy \times byx}$	***SE*** *(estX)*	***SE****(estY)*	***Ss***	***SEr***
Student (Boys)	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	400 400	1	1.05 –	0.948	0.998	0.43	0.41	0.59	0.17
Student (Girls)	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	400 400	0.992	1.074 –	– 0.916	0.992	0.875 –	– 0.808	1.19	0.133
Teachers	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	100 100	1	1.05 –	– 0.948	0.998	0.43	0.41	0.59	0.17
Parents	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	100 100	0.999	0.987 –	– 1.01	0.998	0.44 –	– 0.43	0.62	–0.04
मध्यमान अंतर की सार्थकता		***N***	***Mean***	***S***	SE_M	***SE***	***D***	***t***	***Df 0.01***	**सार्थकता**
Student (Boys)	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	400 400	195.60 194.34	6.88 6.52	0.38 0.34	0.509	1.26	2.47	798	सार्थक है
Student (Girls)	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	400 400	195.16 194.35	6.93 6.40	0.306 0.270	0.408	0.81	1.98	798	सार्थक है
Teachers	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	100 100	195.60 194.34	6.88 6.52	0.38 0.34	0.506	1.26	2.47	198	सार्थक है
Parents	विवेकानंद रवीन्द्रनाथ	100 100	195.60 194.37	6.88 6.96	0.38 0.513	0.64	1.23	1.92	198	सार्थक है

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

अनुसंधान में शोध प्रविधि की भूमिका और प्रासंगिकता

डॉ. अजय तिवारी *

प्रस्तावना - प्राचीन काल में शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों में हुये सतत् विस्तार के सन्दर्भ में कई विषयों एवं क्षेत्रों में विशेषज्ञता पर आधारित सूक्ष्मस्तरीय शोध पर बल दिया गया है। वहीं व्यापक रूप से शोध में हुई वृद्धि, महत्व एवं उपयोगिता चर्चा का विषय है। फलस्वरूप शोध प्रक्रिया में शोधकर्त्ता अथवा शोध निर्देशक के रूप में हमारी भागीदारी तो लगातार बढ़ी है परन्तु शोध प्रविधि प्रासंगिकता और गुणवत्ता लगातार चिंता का विषय भी बने है।

विगत दो-तीन दशकों में शोध की आवश्यकता लगातार अनुभव की जाने लगी है। फिर चाहे वह अकादमिक प्रायोगिक अथवा व्यवहारिक क्षेत्र हो। हम शोध के बारे में बहुत ही सहजता से सोचते और करते है। शोध के व्यवस्थित नियोजन पर सामान्यत: न तो हमारा ध्यान और सोच होता है, और न ही प्रयास ऐसे सोचने वाले शोधकर्त्ताओं से अधिकांश शोधार्थी बात भी नहीं करते उनके साथ शोध करना तो दूर। अधिकांश शोधकर्त्ता सामान्यत: पर्याप्त जानकारी तो एकत्रित कर लेते है, पर विधिवत ज्ञान और उपयुक्त प्रविधि के आभाव में अपेक्षित उपलब्ध सामग्री का न्यून उपयोग ही कर पाते है। साथ ही अपेक्षित परिणाम पाना कठिन हो जाता है। फलत: समस्त शोध प्रक्रिया निरर्थक होकर रह जाती है, और शोधकर्त्ता के मनोबल टूटने से आगे की सम्भावनाएँ भी सीमित हो जाती है।

आवश्यकता इस बात की है कि शोधार्थी विशेषकर शोध निर्देशक को शोध के स्वरूप आवश्यकता उद्देश्य एवं उपयुक्त प्रविधि के चयन की दृष्टि से शोध सम्बधी आवश्यक बिन्दुओं को समझने के लिए शोध प्रविधि साहित्य का अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए। सामान्यत: शोध अवधि में शोधार्थी शोध सम्बन्धी शब्दावली से काफी परेशान रहते है, हालांकि उत्तर उनके पास रहते है, कई स्थितियों में तो शोधार्थी हतोत्साहित होने लगते है। शोध प्रविधि सम्बधी ज्ञान, शोध प्रविधि साहित्य पढ़ने और प्रयास करने पर व्यवस्थित रूप से हमारी शोध मूलक समस्या का सार्थक परिणाम तक पहुंचाने में सहायता करता है।

अध्ययन का उद्देश्य - प्रस्तुत आलेख का मुख्य उद्देश्य शोध प्रविधि समझ पर बल देना है, जिससे हम शोध प्रक्रिया के विभिन्न चरणों जैसे- शोध का अर्थ, महत्व, सार्थकता, उद्देश्य, शोध के प्रकार, साहित्य पुनरावलोकन, शोध को आगे बढ़ाने का क्रम, शोध के लिये प्रेरित होने सम्बधी जानकारी, शोध रूपरेखा को सूत्रवद्ध कर सके। शोध प्रविधि साहित्य का अध्ययन शोध दृष्टि को स्पष्ट करने के साथ-साथ निश्चित समय सीमा में सार्थक, शोध पूरा करने में सहायक होता है। साथ ही शोधार्थी को निर्धारित विषय, प्रसंग और क्षेत्र को सूक्ष्म रूप से समझने का अवसर भी देता है।

शोध संचालन की गहरी समझ शोध प्रक्रिया को समझने पर आती है। जो उसके कुशल सम्पादन में सहायक होती है। शोध नियोजन, उद्देश्य और संसाधनों के बीच एक प्रकार की पुनरावृत्तीय प्रक्रिया होता है, जिसके अन्तर्गत आदर्श परिणामों को पाने के लिये वास्तविक आकड़ों को एकत्रित करने के मूल्य तथा व्यवहार्यता के सन्दर्भ में सीमित हेर-फेर करना सम्भव होता है। शोध के अध्ययन क्षेत्र, उद्देश्य और उपागम सम्बंधी विविधताओं के बावजूद शोध सम्बंधी कुछ सामान्य आकार एवं लक्षणों की पहचान करना सामान्य व्यवस्थित पद्धति की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। जिसके आभाव में शोध आपेक्षित परिणामों के बिना महत्वहीन हो जाने पर शोध की गुणवत्ता एवं स्तर भी प्रभावित हो जाता है। शोध प्रविधि सम्बंधी ज्ञान शोध प्रविधि साहित्य के अध्ययन द्धारा व्यवस्थित रूप से हमारी शोधमूलक समस्या को सार्थक परिणामों तक पहुंचाने में मदद करता है।

सामान्यत: शोधार्थियों और कभी-कभी शोध निर्देशकों के मन में भी शोध के सम्बंध में एक तरह की कल्पना, स्वरूप, आकार और अनुमान सम्बधी जानकारी तो होती है फिर भी वह शोध सम्बंधी स्थापित शब्दावली के सन्दर्भ में अपने भावों को रूपान्तरित नहीं कर पाते है, साथ ही शोध के दौरान शोध के अर्थ, उद्देश्य, आवश्यकता, सार्थतकता शोध प्रक्रिया और शोध पद्धति को समझने में कठिनाई अनुभव करते है। शोधार्थी यह नहीं समझ पाते है कि जानकारी को किस प्रश्न के उत्तर में उपयोग किया जा सकता है। यह भी देखने में आता हैं कि कभी-कभी शोधार्थी की समझ और सोच तो बहुत अच्छी और विशिष्ट होती है, फिर भी वह उसे अभिव्यक्ति नहीं कर पाते है। यह स्थिति शोध प्रविधि साहित्य के प्रति शोधकर्त्ताओं की उदासीनता का परिणाम मात्र है। जिसे दूर करने पर हमें शोध सम्बंधी कई अनुत्तारित प्रश्नों के उत्तर मिलने लगते है। साथ ही शोध की गुणवत्ता में भी सुधार सम्भव हो पाता है।

कुशल शोध संचालन में सहायक विभिन्न पक्षों, मुद्दों और स्थितियों को विधिवत समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। हमारी शोध दृष्टि की स्पष्टता एवं कुशलता समय सीमा में सार्थक शोध करने और कराने में सहायक हो सके। इसके लिए शोध कार्य को क्रमश: आगे बढ़ाते हुये शोध का विषय एवं प्रसंग सामान्यत: शोध निर्देशक द्धारा किया जाना अथवा सुझाया जाना बल्कि तय ही किया जाना उपयुक्त होता है। हालांकि अध्ययन क्षेत्र सम्बंधी अन्तिम निर्णय शोधार्थी से चर्चा और सहमति के बाद ही तय किया जाना व्यवहारिक होता है। ऐसी स्थिति में शोध निर्देशक द्धारा सुझाये गये अध्ययन क्षेत्र के सन्दर्भ में संशोधन किया जाना आवश्यक होता है। अध्ययन अवधि में उद्देश्यों के आधार पर अध्ययन इकाई एवं कालावधि को गहन चर्चा एवं आकड़ों की उपलब्धता के आंकलन के पश्चात् ही तय किया जाना चाहिए न कि अति महत्वाकांक्षा एवं भावनात्मकता द्धारा। शोध की सफलता का

* शोधार्थी, डी. लिट. आर.पी.ई.जी. विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

आकंलन अन्य पक्षों के साथ-साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा होने पर ही निर्भर करता है। शोध सम्पादन की दृष्टि से शोध अवधि में विभिन्न कार्यो जैसे- प्रयोगशाला परीक्षण, क्षेत्रीय कार्य, संगणक आधारित विश्लेषण कार्य, मानचित्रीय कार्य लेखन सामग्री तथा डाक आदि पर होने वाले व्यय की दृष्टि से वित्तीय स्थिति का आंकलन शोध की प्रारम्भिक अवस्था में कर लेना उपयुक्त होता है। अधिकांशत: ऐसा देखा गया है कि कई स्थितियों में अच्छे व्यवस्थित शोध कार्यो की प्रगति धनाभाव के कारण बाधित हो जाती है। शोध परिणामों को प्रस्तुत करने सम्बंधी विशिष्टता को भी समझ लेना आवश्यक होता है शोध विषय एवं प्रसंग के सन्दर्भ में शोधार्थी एवं शोध निर्देशक की सामर्थ्य का आंकलन निष्पक्षता के साथ करना चाहिए।

किसी भी शोध प्रारूप में शोध उद्देश्यों और संसाधनों के बीच एक तरफ का अघोषित समझौता होता हैं यह आधारभूत समझौता उपयुक्त शोध पद्धति के चयन में सहायक होता है।

जैसे-



शोध उद्देश्य में सन्दर्भ जानकारियां शामिल होती है, और उद्देश्यों की स्पष्टता एवं सटीकता शोधार्थी को विषय तथा प्रसंग जिसे खोजा जाना है को यर्थारूप में प्रस्तुत करने में सहायक होती है। शोध का अर्थ, शोध का महत्व और शोध के प्रकार सम्बंधी अध्ययन शोधार्थी को शोध के स्वरूप, आकार के साथ ही शोध प्रसंग, क्षेत्र एवं उपयोग की जाने वाली प्रविधि के चयन में भी सहायक होते है।

शोध का अर्थ - शोध का सामान्य अर्थ ज्ञान की खोज है। शोध वैज्ञानिक अनुसंधान और खोज की कला है। जिसमें विशिष्ट प्रसंग से सम्बंधित प्रासंगिक जानकारी को वैज्ञानिक तथा क्रमबद्ध तरीके से ज्ञात करने का प्रयास किया जाता है। ज्ञान के किसी विशेष शाखा के सम्बध में सावधानीपूर्वक अन्वेषण अथवा जांच के द्वारा नये तथ्यों को ज्ञात करते है। शोध का उद्देश्य किसी समस्या को परिभाषित अथवा पुन: परिभाषित करना भी होता है। वास्तव में शोध कोई स्थिर प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक प्रकार का आन्दोलन होता है जिसके द्वारा ज्ञात से अज्ञात की ओर जाने का प्रयास किया जाता है। साथ ही शोधकर्त्ता क्रमबद्ध प्रयासों द्वारा ज्ञान के नये आयामों को खोजने में भी सफल होता है। शोध का आशय हमेशा कुछ नया खोजना ही नहीं बल्कि ज्ञान के वर्तमान स्वरूप और अर्थ को आगे बढ़ाना तथा बीच-बीच में छूट गई रिक्तता को भरना भी होता है। इस तरह शोध एक प्रकार का व्यवहार कौशल है, जिसमें वसतुओं, अभिकल्पनाओं अथवा प्रतीकों का उद्देश्य के सन्दर्भ में सामान्यीकरण द्वारा ज्ञान के विस्तार की स्पष्टता और यथार्थता को संशोधित करते हुए सिद्धांत प्रतिपादित करने के प्रयास किए जाते है।

समकालीन जीवन में शोध का महत्व प्रासंगिकता और सार्थकता मात्र अकादमिक दृष्टि से नहीं बल्कि व्यावहारिक दृष्टि से भी होना चाहिए। समस्त प्रगति जिज्ञासा का परिणाम होती है, फिर भी शोध के सन्दर्भ में अति आत्मविश्वास की तुलना में संदेह, शोध संपादन की दृष्टि से अनुकूल और हितकर होता है। शोध हमारी तर्कसंगत सोच एवं व्यवस्थित प्रकृति एवं स्वभाव को विकसित करने में सहायक होता है। तीव्र जनंसख्या वृद्धि एवं विकास दर के सन्दर्भ में विभिन्न क्षेत्रों में शोध की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। शोध कार्यो की नीति निर्धारण एवं आर्थिक तंत्र के आधार पर होने के कारण ही अकादमिक, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्रों में परिचालन और नियोजन सम्बंधी समस्याओं के समाधान में एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में इसका उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही सामाजिक सम्बंधों तथा विभिन्न सामाजिक समस्याओं के अध्ययन एवं समाधान में शोध की भूमिका लगातार बढ़ रही है। शोध कार्य नये विचारों और सम्बंधों एवं अंत:दृष्टि को बढ़ावा देता है। परिणाम स्वरूप शोध की नई शैली एवं सृजनात्मकता के द्वारा शोधार्थी के विश्लेषण क्षमता तथा बौद्धिकता का भी विकास हो पाता है।

सामान्यत: शोध प्रकारों की जानकारी के अभाव में शोध के उद्देश्य को ध्यान में रखे बिना शोध प्राविधि का चयन करने से न तो अपेक्षित प्रतिरूप उभरते है और न ही अपेक्षित परिणाम सामने आते हैं। शोधार्थी प्राप्त परिणामों को समझने में अपने आप को सक्षम नहीं पाता है। जैसे- जनसंख्या वृद्धि और जनसंख्या विकास का अध्ययन सरल नहीं होता है क्योंकि एक में मात्रात्मकता की प्रमुखता है तो दूसरे में गुणात्मकता की।

शोध के कुछ आधारभूत प्रकार और उनकी विशेषताओं की जानकारी शोधार्थी को शोध की रूपरेखा तैयार करने एवं प्रविधि चयन में सहायक होती है। साथ ही शोध की गुणवत्ता को भी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से प्रभावित करती है। शोध के प्रकारों को निम्न वर्गो में विभाजित किया जाता है।

1. वर्णनात्मक बनाम विश्लेषणात्मक
2. व्यवहारिक बनाम मूलभूत एवं आधारभूत
3. मात्रात्मक बनाम गुणात्मक
4. संकल्पनात्मक बनाम अनुभूतिमूलक

शोध के अर्थ और महत्व सम्बंधी जानकारी शोधार्थी को शोध उद्देश्यों को तय करने में सहायक होती है। किसी भी शोध का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक कार्यविधि द्वारा अनुत्तरित प्रश्नों के उत्तर खोजना होता है। साथ ही सन्दर्भित विषय क्षेत्र और तथ्यों सम्बंधी सत्यता को उजागर करना होता है। शोधार्थी अपने-अपने अध्ययन क्षेत्र विषय स्थिति और समय सीमा के अनुसार उद्देश्य निर्धारित करते है फिर भी निम्नबातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है।

1. किसी तथ्य तथा दृष्टि के सम्बंध में घनिष्ठता स्थापित कर विभिन्न पक्षों को उजाकर करना और ऐसे प्रयास अनुसंधान शोध के वर्ग में आते है।
2. विषय क्षेत्र के सम्बंध में अर्न्तदृष्टि पाना, ऐसे प्रयास सूत्रवद्ध शोध के वर्ग में आते है।
3. व्यक्तियों, समूहों और स्थिति की विशेषताओं को उनके कारणों सहित प्रस्तुत करने वाले शोध वर्णनात्मक श्रेणी में आते है।
4. किसी घटनाक्रम की बारम्बरता को निर्धारित करना और उसके कारणों को समझाना अथवा विश्लेषित करना निदान सूचक पद्धति होती है।
5. विभिन्न चरों के सह-सम्बधों के आधार पर निर्धारित परिकल्पना का परीक्षण करना परिकल्पना परीक्षण शोध का भाग होती है।

शोधार्थी शोध क्यों करना चाहते है? इस आधारभूत प्रश्न का उत्तर शोधार्थी की शोध परकता, रूचि, सक्रिय भागीदारी, दृष्टिकोण, रवैया, विचार और उसमें शोध प्रक्रिया में सम्मिलित होने की गहनता को स्पष्ट करते है। इनमें से कोई एक अथवा एक से अधिक शोध के आधार हो सकते है, जो गुणवत्ता और उसके पूरे होने की सम्भावनाओं को निश्चित करने में सहायक होते है जैसे-

1. शोध उपाधि एवं सम्बद्ध लाभ प्राप्त करने की इच्छा।
2. अनुत्तरित प्रश्नों एवं समस्याओं के समाधान खोजने की चुनौती का सामना करने की इच्छा।

3. शोध के माध्यम से सृजनात्मक कार्यो द्वारा बौद्धिक आनन्द पाने की इच्छा।
4. समाज की सेवा करने की इच्छा और स्पष्ट शोध द्वारा सम्मान पाने की इच्छा मुख्य है।

शोध उद्देश्यों और शोध के लिये प्रेरित होने की इच्छा के सन्दर्भ में शोध को प्रारम्भ करने अथवा पूरा करने में एक अथवा एक से अधिक उपागमों का चयन किया जा सकता है। उपयुक्त चयनित उपागम के माध्यम द्वारा ही शोध को पूरा करना सम्भव हो पाता है। इनमें से कुछ इस प्रकार है।

क्षेत्र परीक्षण – प्रयोगशाला के बाहर अध्ययन क्षेत्र में पहचानी गई निर्धारित समस्याओं सम्बंधी दशाओं के विश्लेषण में लक्ष्यों के सन्दर्भ में निर्धारित चरों (जिन पर शोधार्थी का नियंत्रण होता है) को ही बनाया जाता है।

वैयक्तिक अध्ययन – इस उपागम में किसी घटना, विषय, समस्या, स्थिति, दशा और कारकों के आधार अथवा सन्दर्भ में सामाजिक विज्ञान, मानविकी और पर्यावरणीय विज्ञान तथा स्थान, समुदाय और संगठन के अन्तर्गत एक निर्धारित अवधि में पूर्ण किये गये शोध शामिल होते हैं।

सर्वेक्षण – यह आंकड़ों एवं जानकारियों को एकत्रित करने का महत्वपूर्ण उपागम है। साथ ही किसी दशा, स्थिति अथवा मूल्य सम्बंधी तथ्यों की जांच करना और उनके उपर्युक्त संसाधन खोजने में सहायता करना शामिल होता है।

प्रयोगशाला उपागम – सामान्यत: विज्ञान, जीवन विज्ञान, पर्यावरणीय विज्ञान एवं अभियांत्रिकी क्षेत्रों के शोध कार्यो में प्रयोगशाला उपागम अधिक उपयुक्त और आवश्यक होता है।

साहित्य पुनरावलोकन – शोधार्थी और कभी-कभी शोध निर्देशकों (प्रारम्भिक स्थिति में) के मन में भी शोध के सम्बंध में एक तरह की कल्पना, स्वरूप एवं आकार सम्बंधी जानकारी तो होती है, परन्तु वह अपने भावों को रूपान्तरित नहीं कर पाते हैं। फलस्वरूप प्रारम्भ में ही शोध स्वरूप अव्यवस्थित होने लगता है यही कारण है कि नियोजित एवं व्यवस्थित शोध के शुरूआत सामान्यत: साहित्य पुनरावलोकन के साथ ही होती है। साथ ही यह कठिन कार्य शोध समाप्त होने तक सतत् रूप से चलता रहता है। सम्बद्ध शोध विषय के सम्बंध में पूर्व शोधकर्त्ताओं के कार्यो के द्वारा विषय विशेष अथवा क्षेत्र विशेष की विशिष्ट जानकारियां उपलब्ध हो पाती है, जो नये शोधार्थियों को एक प्रकार की प्रारम्भिक अकादमिक खबर ही होती है। इन तथ्यों के आधार पर शोधार्थी अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, शोध उद्देश्यों, अभिप्राय तथा प्रयोजन के अनुसार विचार, अभिमत् और अनुमान को विकसित करते हुए आगे बढ़ाते हैं। शोधार्थी अपनी-अपनी शोध आवश्यकताओं की दृष्टि से उपलब्ध साहित्य की समीक्षा करते हैं। इस दौरान साहित्य पर पुनर्विचार साहित्य का पुनरावलोकन, साहित्य निरीक्षण और उसकी समीक्षा शोध विषय की सार्थकता, प्रासंगिकता और उपादेयता के सन्दर्भ में शोध प्रविधि और पद्धति के निर्धारण में सहायक होता है।

शोध अवधि में उपलब्ध साहित्य का अध्ययन और विश्लेषण शोधकर्त्ता की सोच, शोध विषय के प्रति उसकी दृष्टि, अर्थ, परिभाषा, गहनता एवं व्यापकता को निर्धारित करने में भी सहायक होता है। साथ ही अलग-अलग अध्ययनो में उपयोग किये गये सिद्धांतों, संकल्पनाओं और उनके शोध परिणामों को जानने और समझने में मदद मिलती है। विभिन्न सांख्यिकी विधियों के उपयोग की सार्थकता का आभास भी सहजता से हो जाता है। तात्पर्य यह है कि शोध विषय सम्बंधी साहित्य के अध्ययन से उपरोक्त लाभ होते ही है, साथ ही सन्दर्भित विषय में विभिन्न शोधकर्त्ताओं को स्वयं के शोध कार्य के लिये एक दिशा, प्राविधी चयन, शोध स्वरूप, शोध आकार को निश्चित करने में भी मदद मिलती है।

शोध विषय में सन्दर्भ में सामान्य से विशेष विशिष्ट अथवा द्वितीयक एवं तृतीयक स्रोतों के स्थान पर प्राथमिक स्रोतों से जानकारियां एवं आकड़ों को उपलब्ध कराने में सहायक प्रमुख स्रोतों के अंतर्गत-

(1) प्राथमिक स्रोत – विषयवार, पत्रिकाएँ, पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध आलेख और आलेख।

1. संगोष्ठी कार्य विवरण ग्रन्थ
2. रिपोर्ट प्रतिवेदन
3. सरकारी प्रकाशन
4. विभिन्न संस्थाओं द्वारा निर्धारित मानक
5. विषयवार एवं सामान्य सूची-पत्र तथा निर्देशिकाएँ और सामयिक ज्ञान

(2) द्वितीयक स्रोत –

1. लघु निबंध
2. पाठ्यपुस्तकें
3. वार्षिक समीक्षाऐं
4. शोध आलेखों की समीक्षाऐं
5. विषयवार अथवा, क्षेत्रवार पत्रिकाएँ
6. विभिन्न प्रकाशनों की अनुक्रमणिकाएँ
7. विषयवार संक्षेप

(3) तृतीयक स्रोत –

1. पुस्तिकायें
2. विशिष्ट विषयों एवं साहित्य की संदर्शिकायें
3. विषयवार सन्दर्भ ग्रंथ सूचियां
4. विश्वकोष

साहित्यावलोकन के माध्यम से उपलब्ध सामग्री एवं विषय पर ज्ञान, विषय एवं प्रसंग के चयन में सहायक होने के साथ-साथ व्यवस्थित कार्य-प्रणाली एवं उपयोगी पद्धति के चयन में भी सहायक होता है। साहित्य पढ़ने और समझने को यांत्रिक रूप में न करते हुए एक सोच प्रक्रिया के रूप में किया जाना चाहिए।

चयनित शोध-विषय के सन्दर्भ में आवश्यक साहित्य, आंकड़े और जानकारियां विभिन्न विश्वविद्यालयों राष्ट्रीय शोध संस्थानों, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों और योजना आयोग के पुस्तकालयों द्वारा आसानी से उपलब्ध किये जा सकते है। कुछ राष्ट्रीय शोध संस्थानों द्वारा भुगतान करने पर शोध के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के सन्दर्भ में विषयवार तथा प्रसंगवार चाही गई समयावधि के लिये ग्रन्थसूची उपलब्ध करायी जाती है। इस सुविधा का समुचित उपयोग काफी सीमा तक शोधार्थी की विषयानुसार आवश्यकता की स्पष्टता पर निर्भर करता है।

देश, प्रदेश एवं कई शोध संस्थानों के पुस्तकालयों में उपलब्ध साहित्य सामग्री एवं जानकारियों को संगणक पर हस्तांतरित किया जा चुका है। इस सुविधा से न केवल साहित्यावलोकन अवधि में काफी कमी सम्भव हुई है। बल्कि नये स्रोत्रों द्वारा जानकारी मिलना भी सम्भव होने लगा हैं। इसके अतिरिक्त कई शोध संस्थानों, पुस्तकालयों एवं अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संगठनों की विस्तृत जानकारियाँ तथा जानकारियों सम्बंधित सूचनायें इंटरनेट के माध्यम से सीधे रूप में प्राप्त करना सम्भव हो गया है। इन नवीन सुविधाओं के चलते शोध साहित्य को अद्यावधिक करना न केवल सम्भव बल्कि सुगम भी हो गया है।

साहित्यावलोकन के साथ–साथ शोधार्थियों को मानक प्रारूप में वर्णानुक्रम में ग्रन्थ सूची भी तैयार करते जाना चाहिए। इस प्रकार यह कार्य क्रमश: पूरा होता जाता है। साथ ही शोध कार्य के पूरा हो जाने पर अतिरिक्त समय और कार्यभार से बचा भी जा सकता है। चूंकि शोध समाप्ति के समय कई प्रकार के कार्यों को पूरा करना होता है। सामान्यत: साहित्य और जानकारियों को संकलित करते समय प्राय: शोधार्थी अधूरी जानकारियों के आधार पर ही ग्रन्थ सूची बनाते जाते हैं। धीरे–धीरे यह ही बड़े एवं कठिन कार्य के रूप में समस्या पैदा करता है। मानक रूप में ग्रन्थ–सूची बनाते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए जैसे–

पुस्तकों के लिये – लेखक का नाम (पहले उपनाम), प्रकाशन वर्ष, पुस्तक का शीर्षक (इसे रेखांकित करें), प्रकाशक का नाम, प्रकाशन का स्थान लिखा जाना चाहिए।

जर्नल/पत्रिकाओं के लिये – लेखक का नाम (पहले उपनाम), प्रकाशन वर्ष, आलेख का शीर्षक, जर्नल का नाम (इसे रेखांकित करें), खण्ड संख्या, अंक संख्या, पृष्ठ संख्या, प्रकाशन स्थान एवं नाम लिखना चाहिए।

उदाहरण :

1. Choubey, K. and Shukla, S.K. (1984) Environment Health Hazards and Bidi Industry : A Case study of Sagar City, Hill Geographer, Vol. III, No. 1, pp. 43-48. Shillong.
2. Mukherjee, A. and Agnihotri, V.K (1993) Environment and Development Concept publishing company, New Delhi.
3. तिवारी, भगवानदास (1981) मीरा का काव्य, साहित्य भवन, इलाहाबाद।

साहित्यावलोकन के अन्तर्गत शोधार्थी को सबसे पहले उपलब्ध साहित्य से शोध–विषय के उद्देश्यों के सन्दर्भ में पुस्तकों एवं आलेखों की सूची बनाना चाहिए। यह कार्य जारी रखते हुये धीरे–धीरे आलेखों एवं पुस्तकों के विभिन्न भागों और अध्यायों का अवलोकन और अध्ययन शुरू करना चाहिए। साथ ही उपयोगी जानकारी को चिहिन्त करते जाना चाहिए। तद्पश्चात शोधार्थी को आवश्यकतानुसार शोध की दृष्टि से उपलब्ध चिन्हित सामग्री को सन्दर्भ के रूप में भाषायी अस्पष्टता सम्बंधी भ्रम को दूर करते समय अनिवार्य रूप से सहायक होती है। प्रारम्भ से ही किया जाने वाला यह सहज कार्य आगे जाकर क्रमश: कष्टदायक बन जाता है।

आंकड़ों एवं जानकारियों का संकलन – शोध सम्बंधी आकड़ों, जानकारियों, मानचित्रों एवं फोटोग्राफ आदि का संकलन शोधार्थी द्वारा निर्धारित शोध विषय के सन्दर्भ में किया जाता है। अधिकांश, शोधार्थी सामान्यत: सर्वेक्षण का आसय मात्र आंकड़ों में संकलित करने और प्रश्नावली, बना लेने से ही मानते है। जबकि इस प्रक्रिया में प्रबंधन एवं विश्लेषण भी शामिल होता है। व्यवस्थित शोध सर्वेक्षण में कई पक्षों को समाहित किया जाना चाहिए।

शोध के विषय में विश्वसनीयता प्रासंगिक, क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित आंकड़ों को संकलित करने में क्षेत्रीय कार्य के प्रबंधन की महत्वपूर्ण और आवश्यक भूमिका होती है। आन्तरिक स्तर पर क्षेत्रीय कार्य के प्रबंधन से आशय कार्यानुसार समय सारणी तैयार करना, शोधार्थियों के प्रशिक्षण एवं प्रलेखन से होता है। बाह्य स्तर पर क्षेत्रीय कार्य के प्रबंधन से आशय शासकीय विभागों एवं अन्य सर्वेक्षकों गैर शासकीय विभागों तथा विभिन्न समूहों एवं समुदायों में प्रतिनिधियों के साथ सम्पर्क करने के साथ–साथ क्षेत्रीय कार्यकर्त्ताओं की कुशलता एवं कार्य निष्पादन से सम्बंधित होता है। विभिन्न शोधार्थियों द्वारा किये जाने वाले सर्वेक्षण कार्य को समयवद्ध कर विभिन्न स्तरों में बांट कर अधिक उपयोगी एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।

शोध विषय के सन्दर्भ में जानकारियों एवं आंकड़ों को संकलित करते समय यह भी जानने का प्रयास करना चाहिए कि आपेक्षित जानकारी उपलब्धता नहीं है। इस प्रक्रिया में विभिन्न शासकीय विभागों, संगठनों, प्राधिकरणों, विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय शोध संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों एवं संस्थानों से पत्राचार एवं परामर्श कर उनके द्वारा प्रकाशित सामग्री प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। चूंकि विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों द्वारा नियमित रूप से जानकारियों एवं आकड़ों को संकलित कर प्रकाशित किया जाता है। इनमें से अधिकांश तो विभागीय कार्य के लिए होते है। परन्तु इनमें से कुछ शासकीय प्रकाशन विक्रय हेतु भी उपलब्ध होते है। जैसे– जनगणना प्रतिवेदन, भू–अभिलेख, कृषि सांख्यिकी, खनिज सांख्यिकी एवं अन्य विभागों के अलग–अलग प्रकाशनों के अतिरिक्त आर्थिक एवं सांख्यिकीय निदेशालय लगभग सभी विषयों से सम्बंधित जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय आकड़ों को संकलित कर प्रकाशित करते है। भारत सरकार के सभी विभागों में विभिन्न विषयों से सम्बंधित आकड़ों एवं जानकारियों को राज्यवार संकलित कर प्रकाशित किया जाता है।

कई बार शोध विषयों के उद्देश्यों के सन्दर्भ में आपेक्षित आँकड़े उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। ऐसी स्थिति में शोधार्थी द्वारा शोध विषय की आवश्यकतानुसार विभिन्न अध्यायों के सन्दर्भ में प्रश्नावली तैयार कर आँकड़ों एवं जानकारियों को संकलित किया जाना चाहिए। शोध विषय की प्रकृति के आधार पर प्रस्तावित अध्यायों के सन्दर्भ में प्रश्नावली को एक से अधिक भागों में विभाजित किया जाना उपयोगी होता है। ऐसे नियोजित क्रमवद्ध विभाजन से विषय सामग्री को व्यवस्थित रूप से बढ़ाने के साथ–साथ प्रश्नों की संख्या, उनका सुस्पष्ट स्वरूप एवं भाषा, शोधार्थी के शोध उद्देश्यों की स्पष्टता को भी दर्शाता है। शोधार्थी को प्रयास करना चाहिए की प्रश्नावली का आकार सन्तुलित हो, क्योंकि इसमें समय ऊर्जा एवं पर्याप्त धन की आवश्यकता होती है।

संकलित आँकड़ों को रूपान्तरित करना – आँकड़ों को रूपान्तरित करने का उद्देश्य संकलित मूल आँकड़ों को सांख्यिकीय विश्लेषण एवं प्रस्तुति के लिये तैयार करने से होता है। इस उद्देश्य से शोधार्थी को स्वत: अथवा संगणक द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण करते समय कई बातों को ध्यान रखना चाहिए।

क्षेत्रीय कार्य का समापन

|

भरे/पूर्ण की गई प्रश्नावलियों की जांच

|

संकेतानुसार प्रतिक्रिया

|

माध्यम विधि में रूपान्तर

|

आंकड़ों को मान्य करना/वैधीकरण

|

त्रुटियों को जांचना

|

प्रारम्भिक सारणीयन

|
अन्वेषणात्मक विश्लेषण
|
अंतिम विश्लेषण

संकलित आंकड़ों को क्रमानुसार तैयार करने के साथ-साथ उनकी विविधता एवं सम्पूर्णता की जांच करते रहना चाहिए। दूसरी ओर आँकड़ों को संकलित करते समय हुई सम्भावित भूल-चूक की जाँच भी लगातार करते रहने से प्रारम्भिक स्तर पर ही गलतियां ठीक करने में आसानी रहती है। कोशिश की जानी चाहिए कि सत्यापन के बाद ही आंकड़ों का विश्लेषण करना सरल एवं उपयोगी हो जाए।

परिणामों की प्रस्तुती - प्रतिवेदन का शीर्षक तथा सम्मलित वस्तु सामग्री स्पष्ट होना चाहिए। प्रस्तुत की गई विषयवस्तु के भाव, अनुभूति एवं प्रतिवेदन लिखने का मुख्य उद्देश्य अध्ययनकर्त्ता तक मूल रूप से प्रस्तुत की गई जानकारियों अथवा तथ्यों को पूर्ण स्पष्टता के साथ पहुंचाना होता है। कई बार अति उत्साही शोधार्थी विभिन्न प्रकार के तथ्यों और सांख्यिकीय आकंड़ों को एक साथ प्रस्तुत करते है, साथ ही इस आधारभूत तथ्य को भूल जाते हैं कि मूलत: सम्बद्ध शोध का उद्देश्य शोध परिणामों को अन्य अध्ययनकर्त्ताओं तक पहुंचाना है। एक अच्छे प्रतिवेदन में तर्कसंगत संरचना द्धारा प्रत्यक्ष रूप से शोध परिणामों को व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध जानकारी के रूप में अध्ययनवस्तुओं तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। शोध-परिणामों के आधार पर कोई निर्णय किया जाता है अथवा किसी प्रकार की कार्यवाही को प्रस्तावित किया जाता है तो प्रतिवेदन के उपसंहार में व्यवहारिक सटीक एवं सुस्पष्टता के साथ सुझावों को शामिल किया जाना चाहिए।

लेखन शैली शोधकर्त्ता के व्यक्तित्व का प्रतिविंब होती है। फिर भी शोधार्थी एवं अध्ययनकर्त्ता को ध्यान में रखकर शोध प्रतिवेदन लिखना चाहिए। प्रतिवेदन तैयार करते समय प्रारम्भिक विचारणीय पक्ष यह होता है कि इसका अध्ययनकर्त्ता कौन है? कौन उसका अध्ययन करेगा और उसकी आवश्यकता क्या है अथवा होगी आदि का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह कार्य जितना स्पष्ट और यथार्थ पर आधारित होता है। प्रतिवेदन की सामग्री की प्रस्तुती का ढंग, विश्लेषण स्वरूप और स्तर तय करना उतना ही सरल एवं सहज हो जाता है। प्रतिवेदन को उपयोगी बनाने में सामग्री की अधिकता के स्थान पर लेखन को तर्क पूर्ण एवं एथार्थपरकता द्धारा अधिक प्रभावी एवं उपयोगी बनाने के प्रयास किये जाने चाहिए। ऐसे प्रयासों से जानकारियों को सहजता से प्रस्तुत करना आसान हो जाता है। पठनीयता एवं ग्राह्यता की दृष्टि से वाक्यों की भाषा, संरचना एवं लम्बाई पर भी पर्याप्त और विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

शोध प्रविधि का सैद्धांतिक ज्ञान और जानकारी हमें शोध सम्बंधी उचित दिशा सुझाने में सहायक होती है। इस प्रकार शोधार्थी विभिन्न तथ्यों को जो सम्बद्ध क्षेत्र विशेष में समय विशेष पर होते है को तार्किक विवेचना द्धारा विकेकपूर्ण परिणाम तक पहुंचाने में सफल हो पाते है। शोध प्रविधि को जान लेने पर शोधार्थी की शोध सम्बधी समझ और विकसित नवीन अन्त:दृष्टि से केवल शोध की गुणवत्ता में ही सुधार नहीं होता है बल्कि शोध की प्रासंगिकता को स्थापित करने में सहायता मिलती है।

शोध प्रविधि सम्बंधी ज्ञान एवं जानकारी से शोधार्थी में आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे उसकी कार्यकुशलता में सुधार सम्भव हो पाता है और अन्तत: शोधार्थी एक उपयोगी, सार्थक शोध को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के सम्मान से गौराविन्त होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. Anderson, J, Durston, B.H. and Pool, M. 1971, Thesis and Assignment Writing, Wiley Eastern Private Limited, New Delhi.
2. Keppel, G. 1973, Design and Analysis : A Researcher's Handbook, Prentice Hall, London.
3. Berdie, D. R. and Anderson, J.F. 1974, Questionnaires : Design and Use, Scare Crow Press, New Jersey.
4. Howard, K. and Sharp, J.A. 1983, The Management of a Student Research Project, Gower, Aldershot.
5. Howard, K. (Ed.) 1978, Managing a Thesis, University of Bradford Management Centre.
6. त्रिवेदी, आर.एन. एवं शुक्ला, डी.पी. 1991, रिसर्च मैथाडोलॉजी, कॉलेज बुक डिपो, जयपुर।
7. Bell, Judith 1993, How to complete your Research Project Successfully, UBSPD, New Delhi.
8. Thakur, Devendra 1993, Research Methodology in Social Sciences, Deep and Deep Publications, New Delhi
9. श्रीवास्तव, जे.पी. 1993, सामाजिक सर्वेक्षण : विधियाँ और सिद्धांत, श्री पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली
10. Gupta, Santosh 1995, Research Methodology and Statistical Techniques, Deep and Deep Publications, New Delhi.
11. शुक्ल, सन्तोष 2002, शोध प्रविधि के आयाम, चर्मण्वती : भूगोल शोध पत्रिका, Vol. 2, पृष्ठ 27-32, अम्बाह, (मुरैना) म.प्र.।
12. शुक्ल, सन्तोष 2003, शोध संचालन कैसे करें, मध्य भारती अनुसंधान पत्रिका, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय अंक 53, मार्च, पृष्ठ 81-90, सागर (म.प्र.)
13. शुक्ल सन्तोष 2009, शोध विधितंत्र एवं भौगोलिक विश्लेषण, संपादक प्रकाशन वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा ISBN - 131978-81-8496-04-6
14. शुक्ल, सन्तोष 2009, शोध साहित्य पुनरावलोकन - आवश्यकता एवं कार्यविधि चर्मण्वति - भूगोल शोध पत्रिका Vol. IX पृष्ठ 19-30, अम्बाह, मुरैना, म.प्र.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

मध्यकालीन मालवा के क्षेत्रीय इतिहास लेखन में डॉ. श्यामसुन्दर निगम की भूमिका

शांता मण्डलोई *

प्रस्तावना – भारत के इतिहास के विषय में वैज्ञानिक तथा क्रमबद्ध सामग्री का चयन करना इतिहासकारों के लिए एक समस्या रही है। इसका मूल कारण प्रमाणिक प्राचीन ऐतिहासिक ग्रंथों का अभाव होना है। ठोस प्रमाणिकता के अभाव में आज भी इतिहासकारों के लिए विवाद का विषय बने हुए है।[1] इसी के संबंध में वर्डस्वर्थ ने कहा था कि 'बहता हुआ झरना, एक रोड़ा और जमीन में दबी हुई चीज प्राचीन मानव की सही जानकारी की सामग्री है, किताबें नहीं'[2] उक्त कथन मध्यकालीन इतिहास के संबंध में सच नहीं है। मध्यकाल में कई ऐतिहासिक ग्रंथ लिखे गये जो प्रमाणिक है। भारत में इतिहस लेखन हेतु अलग-अलग विद्वानों ने अलग-अलग तर्क दिये है।

भारत में इतिहस लेखन मुस्लिम राज्य की स्थापना के समय से नये युग का आरम्भ होता है। उस समय में कई विद्वानों ने अपने स्तर पर इतिहास लेखन कार्य किया। इसी संबंध में पी.हार्डी का कथन था कि उस समय का इतिहासकार एक शोधकर्ता नहीं था अपितु घटनाओं का वर्णन करने वाला एक लेखक था।[3]

इतिहास लेखन में सल्तनत काल में अनेक ऐतिहासिक ग्रंथ की रचना हुई हैं, किन्तु मुगलकाल में उनकी संख्या में काफी वृद्धि हुई इस काल में अबुल फज़ल, अब्दूल हमीद लौहारी, तथा खाफी खाँ तथा अन्य इतिहासकारों की कृतियां मिलती है। बाबर व जहांगीर के आत्म-चरित्र एवं क्षेत्रीय इतिहास भी लेखे गये।[4]

क्षेत्रीय इतिहस लेखन एवं अनुसंधान में डॉ. श्याम सुन्दर निगम का मालवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इतिहास लेखन के कार्य के साथ ही साथ पुरातत्व साहित्य कला, वाणिज्य, विधि दर्शन उपनिषद, वेद पुराण आदि शाखाओं में महान विद्धान थे।

मध्यभारत मालवा के क्षेत्रीय इतिहास लेखन में कई जाने-माने इतिहासकारों का योगदान रहा है, किन्तु प्रस्तुत शोध पत्र में शोधार्थी द्वारा डॉ. श्यामसुन्दर निगम के इतिहास लेखन में योगदान का अध्ययन किया गया है।

डॉ. श्यामसुन्दर निगम का जन्म 25 अक्टूम्बर 1931 ई. में हुआ था। उनकी शिक्षा में उन्होंने एम.ए. इतिहास के साथ कई विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। पी.एचडी. 1967 ई. में **'प्राचीन भारतीय आर्थिक संगठन'** विषय पर विक्रम विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त की है। उनकी इतिहास के क्षेत्र विशेष रूची होने के कारण इतिहास के विभिन्न क्षेत्र जैसे क्षेत्रीय लोक परम्पराऐं, भारतीय, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन का इतिहास, पुराविभलेख एवं पुरातत्व विज्ञान, क्षेत्रीय इतिहास एवं विभिन्न युगीन भारतीय संस्कृति विशेष अध्ययन एवं खोज रही है।

मालवा के क्षेत्रीय इतिहास लेखन में डॉ. श्यामसुन्दर निगम का योगदान – डॉ. निगम के संबंध में यह सत्य है कि वे एक प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ता, इतिहासकार एवं साहित्यकार रहे। उन्होंने कई शोधार्थियों को शोधकार्य करवाया जिसमें मुख्यत: मालवा का क्षेत्रीय इतिहास लेखन पर अधिक कार्य करवाये थे।

डॉ. निगम ने मालवा पर एक स्वतंत्र लेखन का कार्य किया है। जो **'मालवा के इतिहास एवं संस्कृति के कतिपय पहलू'** के नाम से प्रसिद्ध हुआ है। यह ग्रंथ 2004 में प्रकाशित हुआ तथा सम्पूर्ण ग्रंथ 5 खण्डों में विभाजित है। जिसमें मालवा के इतिहास एवं संस्कृति विषय का हिन्दी एवं आंग्ल भाषा में लिखे गये है। यह ग्रंथ इतिहास एवं संस्कृति की कड़ियों एवं अनछुए पहलुओं को उजागर करते है। जो मालवा के क्षेत्रीय इतिहास लेखन एवं शोधकार्य हेतु बहुत ही उपयोगी एवं प्रेरणादायक होगें।[5]

डॉ. निगम सुप्रसिद्ध इतिहासकार ही नहीं अपितु वे महान पुरातत्ववेता एवं प्राचीन ताम्र पत्रों, मुद्राओं और शिलालेखों के अध्ययन में विशेषज्ञ थें। इनका दूसरा ग्रंथ **'क्षैत्रीय खंगार जाति का इतिहास'** है। जो चन्देलों का पतन एवं बुन्देलों के अभ्युदन के मध्य का यह ग्रंथ विलुप्त कड़ियों को जोडने वाला एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। खंगार जाति के मूल इतिहस के मूल स्त्रोत बहुत ही कम उपलब्ध होते है। इस कारण डॉ. निगम को भारी मेहनत करनी पड़ी तथा खंगारों से संबतित स्थानों का सूक्ष्म सर्वेक्षण कर ग्रंथों को पठनीय और संग्रह योग्य बनाया है।[6]

डॉ. निगम का तीसरा ग्रंथ **'संक्रमण कालीन बुन्देलखण्ड'** (11वीं-13वीं सदी) यह ग्रंथ चन्देलों के पतन और बुन्देलों के अभ्युदय के मध्य की एक खोई हुई कड़ी है। डॉ. निगम ने इस ग्रंथ में बुन्देल खण्ड के इतिहास की विलुप्त कड़ियों को खोजकर एवं जोड़कर उन्हें एक महत्वपूर्ण ग्रंथ तैयार किया है।[6]

डॉ. निगम के अन्य ग्रंथ भी है जो शोध पर आधारित ग्रंथ भी है। इसके अतिरिक्त डॉ. निगम इतिहास के ज्ञाता तो थे ही किन्तु इसके अतिरिक्त विधिशास्त्र, आयुर्वेद, संस्कृत तथा हिन्दी साहित्य में भी अधिकारिक विद्वान थे। उन्होंने आयुर्वेद रत्न और भिषगाचार्य की उपाधि भी अर्जित की है। आंचलिक बोलियों, लोक कलाओं तथा लोक जीवन के प्रति इतनी समग्र और सारगर्भित दृष्टि सम्पन्नता अन्य किसी में देख पाना दुर्लभ है।

डॉ. निगम एवं कावेरी शोध संस्थान – डॉ. निगम का कावेरी शोध संस्थान में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस संस्थान में उनका स्वाध्याय सत्संग मण्डल है। जहां विगत 15 वर्षो से उज्जैन के बौद्धिक कार्यक्रमों की आधारशिला रहा है। इस स्वाध्याय मण्डल को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्धानों मनीषियों एवं विशेषज्ञों का उद्बोधन भी आर्शिवाद स्वरूप प्राप्त होता रहा है।

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

श्री कावेरी शोध संस्थान में डॉ निगम की कीर्ति का साकार विग्रह है। अपनी मातुश्री कावेरी देवी के नाम पर डॉ. निगम में कावेरी शोध संस्थान की स्थापना की है। उन्होंने इसी संस्थान में अपने पिता की स्मृति में अमृत न्यास की स्थापना की है।

डॉ. निगम द्वारा यह संस्थान शोधार्थी के लिए शोध संस्थान के रूप में स्थापित किया है। इस संस्थान में लगभग बीस हजार ग्रंथ है तथा कई पाण्डुलिपियां भी है। उज्जैन में स्थित यह कावेरी शोध संस्थान, अपनी बौद्धिक गतिविधियों के लिए सम्पूर्ण देश में प्रसिद्ध है। इस संस्थान को प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. भवानीलाल ने देखा तो देखकर आश्चर्य चकित हो गये और डॉ. निगम की स्वाध्याय वृत्ति देखकर उन्हें **'भामति वाचस्पति मिश्र दर्शनाचार्य'** नाम से संबोधित किया।

डॉ. श्यामसुन्दर निगम ने उज्जैन और मालवा की सांस्कृतिक परम्पराओं के विलक्षण अध्येता थे। वे इतिहास और नगर अनुभूतियों के अद्वितीय मनीषी थे। वे पत्थरों की भाषाखुब पहचानते थे। डॉ. निगम ने सोंधवाड़ क्षेत्र में पुरातत्व खोज की जिसमें परमार कालीन मंदिर के अवशेष तथा अष्टकोणीय बावडी खोजी, जो हजार साल पुरानी थी। इसके पश्चात् प्राचीन सभ्यता का इतिहास खोजा, जिसमें तीन हजार वर्ष पुरानी ताराश्म युगीन सभ्यता के अवशेष मिले। डॉ. निगम मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र में पुरातत्व की खोज का कार्य किया, वे हर पुरा महत्व के स्थल पर पंहुचे, रतलाम जिले के कलस्था, शिपावार, कराड़िया, गुलबालोद आदि महत्वपूर्ण प्रगतिहासिक सभ्यताओं की खोज और अनुशीलन का कार्य किया।

अंत में कहा जा सकता है कि डॉ. श्यामसुन्दर निगम मालवा के महान इतिहासकार एवं पुरातत्वेत्ता थे। उन्होंने मध्यप्रदेश के इतिहास को विश्व के नक्शे पर अंकित करवाया। उन्होंने इतिहस के क्षेत्रों में कई ग्रंथो तथा सैकड़ों अनुसंधानपरक आलेखों का प्रकाशन किया। इसमें सिंहस्थ महापर्व, मालवी साहित्य का इतिहास खंगार क्षेत्रीय, पोरवाल, कुमावत जाति काइतिहास आदि है। उन्होंने कई पत्र पत्रिकाओं का भी सम्पादन किया है।

उनके द्वारा स्थापित कावेरी शोध संस्थान के जरिये हजारों की संख्या में इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व, दुर्लभ शोध सामग्री, इतिहास लेखन तथा पत्र-पत्रिकाओं की अमूल्य विरासत को सहेजा। उनके व्यक्तित्व, जीवन और अवदान पर दो विशिष्ट ग्रंथों-अमृतपुत्र और निगमागम का प्रकाशन भी हुआ था।

अत: कहा जा सकता है कि डॉ. श्याम सुन्दर निगम जीवन भर मालवा के इतिहास एवं पुरातत्व की खोज एवं ऐतिहासिक लेखन तथा ग्रंथों को सहेने एवं संवारने में लगे रहे, वास्तव में वे अमृत पुत्र थे, पुरा इतिहास एवं संस्कृति जगत उन्हें कभी भूला नहीं पायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. एस.एल. वरे, 'इतिहस लेखन' भोपाल पृ. 137।
2. डॉ. दिनेश चन्द्र भारद्वाज 'मध्यकालीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति' पृ.3।
3. डॉ. बी.एल. माथुर, 'आधुनिक भारत के इतिहिासकार एवं उनकी ऐतिहासिकी' आविष्कार पब्लिशर्स, जयपुर पृ. 2।
4. राधेशरण (2006), इतिहास और इतिहास लेखन, भोपाल पृ. 342-343।
5. डॉ. शिव चौरसिया (सम्पादक) 'डॉ.श्याम सुन्दर अमृत अभिनन्दन ग्रंथ' प्रकाशक स्वाध्याय मण्डल कावेरी शोध संस्थान, उज्जैन- 174।
6. डॉ. शिव चौरसिया (सम्पादक) डॉ. श्याम सुन्दर अमृत अभिनंदन ग्रंथ वृ. 172।

****

मध्यप्रदेश के निमाड़ में पर्यटन उद्योग की सम्भावनाऐं

डॉ. सुनील मोरे *

प्रस्तावना – पर्यटन करने वाले व्यक्ति को **पर्यटक** कहा जाता है। **'पर्यटक वे लोग है जो यात्रा के आनन्द के लिए, उत्सुकतावश, समय के सबसे अच्छे उपयोग के लिए यात्रा करते है।'**

विश्व पर्यटक संगठन (W.T.O.) के अनुसार– 'पर्यटक एक अल्पकालिक आगन्तुक होता है जिसका उस स्थान पर ठहराव कम से कम चौबिस घण्टे का होता है और उसकी यात्रा का उद्देश्य–

1. अवकाश काल में आनन्द, स्वास्थ्य, अध्ययन, धर्म संबंधी क्रियाऐ और खेलकूद या
2. कार्यालय में स्वजन मिलन, उद्देश्य की पूर्ति या सम्मेलनों में भाग लेना आदि में से कोई एक हो सकता है।'

पर्यटन को मूलत: आनंदात्मक क्रिया माना गया है। इसमें व्यक्ति अपने अर्जित धन को व्यय करने हेतु दर्शनीय स्थलों की यात्रा करता है।

इन्टरनेशनल एसोसिएशन ऑफ साईंटिफिक एक्सपर्टस ऑन ट्रिज्म के अनुसार पर्यटन में (1) दर्शनीय स्थल (2) यात्रा (3) अस्थायी ठहराव (4) आर्थिक क्रियाऐं–ये चार मूल संदर्भ होते है।

पर्यटक के उद्देश्य :

1. आनन्द प्राप्त करना
2. शैक्षिणिक गतिविधि
3. सांस्कृतिक गतिविधि
4. सामाजिक संबंधो का निर्वहन
5. स्वास्थगत लाभ प्राप्त करना।

पर्यटन के प्रकार :

1. घरेलु पर्यटन
2. विदेशी पर्यटन
3. व्यक्तिगत पर्यटन
4. समूह पर्यटन
5. सामाजिक पर्यटन
6. धार्मिक पर्यटन

संयुक्त राष्ट्र संघ में सन् 1963 में पर्यटन के विकास के लिए पारस्परिक सहयोग के विस्तार हेतु रोम में सदस्य देशों का सम्मेलन आयोजित किया था। इस सम्मेलन में लिए गए निर्णयों के आधार पर भारत में पर्यटन को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग की स्थापना की गई है। सन् 1967 में भारत सरकार ने एक अलग पर्यटन मंत्रालय स्थापित किया है।

नियोजित पर्यटन उद्योग – आधुनिक समय में पर्यटन उद्योग का स्वरुप धारित कर चुका है। विश्व के कई विकसित देशों की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार ही पर्यटन है। पर्यटन उद्योग में पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध सेवाओं को उत्पाद के रुप में माना जाता है। पर्यटन स्थल पर यात्रा से लेकर ठहरने, भोजन, खरीदी, मनोरंजन, खेलकूद, संगीत आदि सेवाओं का बाजार विकसित होता है।

पर्यटन उद्योग के विकास में देश की अधोसंरचना (सड़के, परिवहन के साधन, होटल, भोजनालय और स्वच्छता) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विश्व के सभी देशों में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर विकसित किया जा रहा है।

पर्यटन उद्योग में साधारणत: किसी व्यक्ति विशेष उद्यमी की भूमिका नही होती है, बल्कि सरकारी प्रेरणा, सहायता व नीति से पर्यटन को बढावा मिलता है। पर्यटक पर्यटन उद्योग का उपभोक्ता है और पर्यटन स्थल को उत्पाद माना गया है।

निमाड़ में पर्यटन के विकास के क्षेत्र में प्रमुख संभावनाऐं :

- **निमाड़ पर्यटन कॉरिडोर –** निमाड़ के एक छोर बड़वानी जिले से आरंभ करते हुए बुरहानपुर जिले की सीमा तक की दूरी के मध्य के सभी प्रमुख स्थलों का पर्यटन कॉरिडोर के रुप में विकास नही हुआ है। इस कारण भी यहाँ के पर्यटन क्षेत्रों में पिछड़ेपन की स्थिति है। गुजरात व राजस्थान में पर्यटन स्थलों को आस-पास के लगभग 200-300 किलोमीटर के मध्य पर्यटन स्थलों को कॉरिडोर के रुप में विकसित किया गया है। इस कारण पर्यटक दो-तीन दिन के अपने पर्यटन प्रवास का लाभ उठाते हैं।

भारत सरकार व मध्यप्रदेश सरकार संयुक्त रुप से योजना बनाकर निमाड़ के पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए निमाड़ पर्यटन कॉरिडोर की संरचना कर सकती हैं। इस कार्य के लिए निजी क्षेत्र से भागीदारी की जा सकती हैं। निमाड़ में आगामी 2-3 वर्षो में मनमाड-इन्दौर रेल परियोजना के अन्तर्गत रेल सेवा आरंभ हो रही हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन के विकास का गति मिल सकती हैं। निमाड़ के चारों जिलों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यटन विशेषज्ञ, व्यवसायी व प्रशासनिक अधिकारी चारों जिलों के बैठक आयोजित कर निमाड़ के पर्यटन कॉरिडोर निर्माण की योजना प्रस्तुत कर सकते हैं।

- **निमाड़ के पर्यटन स्थलों का वैश्वीकरण –** निमाड़ के विभिन्न पर्यटन स्थलों में से किसी को भी विश्व सांस्कृतिक धरोहर की सूची में सम्मिलित नही किया गया है। इस कारण यहाँ के पर्यटकों में विदेशी पर्यटको की संख्या नगण्य है। निमाड़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल ओंकारेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योर्तिलिंग में से एक है। इस कारण इसे देश विदेश में पहचान मिली हैं। इसके अतिरिक्त महेश्वर का किला व नर्मदा घाट की प्रसिद्धि देश विदेश में भी है। यहां पर्यटन उद्योग को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार आवश्यक है।

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, अंजड़, जिला-बड़वानी (म.प्र.) भारत

निमाड़ के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों बावनगजा (बड़वानी), भीलट मंदिर (नागलवाडी), ऊन के निन्यान्वें मंदिर व छत्रियां, महेश्वर का किला व धार तथा बुरहानपुर की ऐतिहासिक इमारतों का विश्व सांस्कृतिक धरोहर में सम्मिलित किए जाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। निमाड़ के खण्ड़वा व बड़वानी दो जिलों में वायु परिवहन सेवाऐं भी आरंभ की जानी चाहिए।

- **सिनेमा व टेलीविजन कार्यक्रमों में पर्यटन स्थल की उपयोगिता –** निमाड़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सिनेमा और टेलीविजन कार्यक्रमों के लिए शूटिंग की जा सकती हैं। इन पर्यटन स्थलों से भव्य ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक चित्रों का प्रस्तुतीकरण सहजता से हो सकता है। यद्यपि राज्य शासन ने फिल्म एवं टेलीविजन निर्माण हेतु प्रोत्साहन की नीति तैयार की है। निमाड़ के महेश्वर में विगत वर्षो में कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग हुई है। इससे इस पर्यटन स्थल का प्रचार–प्रसार हो रहा है। इस प्रकार निमाड़ में केवल महेश्वर में ही यह कार्य हो रहा है। जबकि निमाड़ के अन्य पर्यटन स्थलों पर भी इसका विस्तार किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निमाड़ में पर्यटन प्रोत्साहन हेतु निमाड़ के पर्यटन स्थलों पर शूटिंग करने वाले सिनेमा व टेलीविजन कार्यक्रम निर्माताओं का कर व अन्य शुल्क में रियायत अथवा अनुदान देकर प्रेरित करना चाहिए। निमाड़ के नागनवाड़ी व बावनगजा भी सतपुडा पर्वत श्रृंखला में मनोरम दृष्यों का फिल्मांकन किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

भारतीय समाज में नैतिक मूल्य

डॉ. मनोरमा सिंह *

प्रस्तावना – भारतीय सामाजिक व्यवस्था में मूल्यों का बहुत बड़ा योगदान है। इनकी संरचना में विद्यमान जाति प्रथा और वर्ण व्यवस्था की तरफ से व्यक्ति में 'जब धार्मिक रूप से व्यक्ति के मन में पनपने वाले संकीर्णतापूर्ण विचारों को एक सामाजिकता बनाये रखने में पृष्ठांकन किया गया है।' वहाँ नैतिक मूल्य मानव के जीवन में होने के बाद भी वह जीने के लिए मजबूर है। जबकि नीतिशास्त्रीय पक्ष मानव आचरण के शुद्ध आदर्शों के परिणाम है। व्यक्ति हमेशा मूल्यों की समीक्षा करता है। जहाँ तक मनुष्य की विचारधारा के रूप में मानव जीवन का एक घनिष्ट सम्बन्ध स्थापित होता है। व्यक्ति के जीवन में मूल्य ही वास्तविक आदर्श है। जहाँ आदर्श होते हैं। वहाँ व्यक्ति के जीवन और जगत् की कठिनाईयों की चिन्ता नहीं करता है। व्यक्ति में मूल्यों की परिधि का होना भी आवश्यक है। जहाँ तक मेरा मानना है वहाँ मुल्य को यदि आदर्श मानते हैं। वहाँ ईमानदारी भी व्यक्ति का कर्तव्य बन जाता है। इस आधुनिकता के विशैले वातावरण के रूपों में नीतिशास्त्रीय परम्पराओं को एक सम्बन्ध के रूपों में मानव का आचरण ही सर्वोच्च होता है। नीति के मूल्यों की वैचारिक व्यवस्था का परिणाम भी मानव जीवन के रूपों में अभिव्यक्ति है। मानव समाज का एक नैतिक माहौल भी समाज में तैयार करता है। जहाँ नैतिक मूल्य होते हैं। वहाँ समाज में अच्छे और बुरे की कल्पना की जाती है।

शोध प्रविधि – भारतीय समाज में नैतिक मूल्य में द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर शोध पत्र को तैयार किया गया है। धार्मिक ग्रन्थों, पत्र पत्रिकाओं आदि को नैतिक मूल्यों के सन्दर्भ में समाहित करने का प्रयास किया गया है। इसके साथ–साथ विद्वानों का मार्गदर्शन भी शोध पत्र में लिया गया है। जिस आधार पर नैतिक मूल्यों के सन्दर्भ में भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों, प्रथाओं हेतु सन्दर्भित किया गया है।

शोध के उद्देश्य :

1. भारतीय समाज में नैतिक मूल्यों का अध्ययन करना।
2. नैतिक मूल्यों के का मानव जीवन में महत्व का अध्ययन करना।
3. भारतीय सामाजिक व्यवस्था का स्वरूप ही नैतिक मूल्यों का अध्ययन करना।
4. मानवीय मूल्यों के संरक्षण का अध्ययन करना।

समस्या :

1. मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है।
2. नैतिक मूल्यों के पतन का कारण मनुष्य में उत्पन्न होने वाले अहंकार है।
3. समाज में कुप्रथाओं के कारण भी नैतिक मूल्यों का हास्य हो रहा है।
4. आये दिन होने वाली आगजनी, बलात्कार आदि समस्याऐं उत्पन्न हो रही है।
5. मानव एक बुद्धिमान प्राणी होने के साथ–साथ वह कितने निकृष्ठ कार्य कर रहा है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इन्हीं तथ्यों में मानव की नैतिकता व्यवहारिकता जैसे अनेकों प्रश्न मानव समाज के लिए एकत्रित रूपों में दिखाई देते हैं। मनुष्य स्वयं के कर्मो को करने के लिए समाज को एक प्रभावशाली दिशा दिखाता है। जहाँ जीवन की कठिनाईयों में कर्मो के वेदना को समझना भी न्याय का कार्य है।

मनुष्य समय पर प्रसंशा और निन्दा दोनों को करता है। यही कारण है कि जीवन और जगत् के व्यवहारिक पहलू भी बचपन की यादों में बीतता है। अच्छे और बुरे विचारों का केन्द्र बिन्दु मानव की शिक्षा व्यवस्था है। वहीं बुजुर्गों से सामाजिक व्यवस्था का नियम बद्धता से सीखने की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। इन्हीं विचारों के बढ़ने से जीवन में नये तर्क भी सामने आते हैं। मूल्य हमेशा से शास्वत सत्य होते हैं। इसके लिए अनेकों प्रकार की शिक्षा और संस्कारों की आवश्यकता होती है। मानव अपनी नीव खड़ा करता है। उस नीव की मजबूती का प्रमाण भी मनुष्य जानता है। वह कितनी मेहनत और परिश्रम के द्वारा बनाया है। इन्हीं तथ्यों की प्रमाणिकता ही मानव अभिव्यक्ति में निहित है।[1]

व्यक्ति के बौद्धिक विकास की नीव भी सात वर्षो की उम्र में ही पड़ जाती है। आगे चलकर उस मानव में व्यक्ति की ईमारत खड़ी होती है। इसी कारण बचपन के सिराहों पर खड़ा होने वाला संस्कारी जवान भी अपनी आभा से पल्लवित होता है। उसी में फल पुण्य की किरणें भी दिखाई देती है। यहीं मानव का वैचारिक पूर्ण भिन्नता का स्वरूप और संस्कार है। मानव में वंश परम्पराओं के आधार पर संस्कारों का निर्माण होता है। यही सामाजिक और राजनैतिक आधारो पर ताने–बाने से व्यक्ति के सम्मुख चरित्र का भी निर्माण होता है।[2]

मानव के नैतिक विचारों में एक ऐतिहासिक परिदृश्य की स्पष्ट रूपों में दिखाई देता है। वहीं मानव समुदाय का एक समूह जो व्यक्ति के व्यवहारों को कुशल बनाने में काम करता है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी होने के साथ–साथ एक परिवार जाति वा कबीले पर आधारित मानव का एक झुण्ड है। जहाँ एक वंश परम्परा के लोग होते हैं। उनके मूल्यों का समन्वय संस्कृति और न्याय की पद्धति भी अलग होती है। उनके झुण्ड में प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रत चेतन शक्ति पाई जाती है। इन्हीं प्रमाणों के आधार पर मानव के मूल्यों को पहचाना जा सकता है। जहाँ समाज राष्ट्र, कला, संस्कृति के द्योतक है।[3]

सर्वे भवन्तु सुखिन: का उद्गार व्यक्त करने वाली हिन्दू जाति की कथनी

* इतिहास विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

और करनी में मूलत: परिवर्तित समूहों का विचार भी पाया जाता है। यही उनके जीवन और जगत् को वर्णित करने का माध्यम हो सकता है। जहाँ परोपकार सामंजस्य की समानता दिखाई देती है। वहाँ मूल्यों की विचारधारा स्वयं में प्रकट होती है। मानव में यदि हम गाँधी के सिद्धान्त की चर्चा करते है। वहाँ सत्य, अहिंसा, स्तेय, अपरिग्रह अैर ब्रह्मचर्य आदि के द्वारा भी मानवीय मूल्यों को समझा जा सकता है। यहीं विचार शक्ति का समन्वित रूप भी मानव भावनाओं पर केन्द्रित एक शक्ति का निर्माण करती है। वहीं व्यक्ति और विश्वास जीवन में एक प्रकटताप का स्वरूप भी दिखाई देता है। इसी आधार पर मानव की जीवन लीला का एक स्वर्णिम अवसर भी दिखाई देता है।[4]

भारतीय नीति मानव के आदर्शों पर एक मीमांसा का कार्य करती है। वहाँ किसी तथ्य या सुझाव की आवश्यकता नहीं होती है। यदि हम किसी कर्मो की सीढ़ी को पहचान सकने में सक्षम है। वहीं मानव इतिहास का केन्द्र बिन्दु हमें लगता है। प्रश्न यह है कि किन कर्मों से आदर्श की प्राप्ति सम्भव है। क्या उचित है और क्या अनुचित है। यह कहा पाना मानव जीवन के लिए बहुत ही कठिन कार्य कहा जा सकता है। नीतिशास्त्रीय आधार पर मानव जीवन की लीला में सम्पूर्ण शक्ति के माध्यम से कार्य करती है। कुछ विचारकों को केवल सैद्धान्तिक रूपों में मानव के आदर्शों की औचित्य पूर्ण विवेचना का केन्द्र बिन्दु रहा है।[5]

यदि हम यूरोपीय देशों की नैतिकता का यदि दृष्टिकोण को पहचानने का प्रयास करते हैं। वहाँ व्यवहारिक अन्तर भी दिखाई देता है। हमें किसी भी नीतिशास्त्र के दृष्टिकोण को समझने के लिए मानव विचारों की अभिव्यक्ति का सैद्धान्तिक रूप ही मानव आचरण का एक साधारण तथ्य है। उन्हीं आदर्शो की प्राप्ति में एक विचार और सद् आचरण की प्रवृत्ति पाई जाती है। उनका दृष्टिकोा भी सैद्धान्तिक होने में विश्वास करता है। जहाँ भारतीय नीति का प्रश्न है। ज्ञान के लक्षण को पहचानना। वहीं मानव के आदर्श गुणों की पहचान करता है। जहाँ भारतीय सामाजिक व्यवस्था का नैतिक गुण है।[6]

मानवीय मूल्यों का आधार बुद्धि है। इन्हीं बौद्धिक संस्कारों से मानव जीवन की लीला का वर्णन करते हैं। मानव में संस्कार का उत्पन्न होना भी मूल्यों को जन्म देना है। जैसे-जैसे व्यक्ति में संस्कार उत्पन्न होते हैं। उसी प्रकार नैतिक विकास में भी वृद्धि होती है।

आचार: परमोधर्म: आचार: परमं तप:।
आचार: परमं ज्ञानमाचारात किनु साध्यते।।[7]

मानव का आचारण ही धर्म के मूल तत्वों से बनता है। धर्म और नैतिकता एक-दूसरे के पूरक है। आचरण की शुद्धता का सबसे बड़ा प्रमाण सम्बन्ध है। धर्म ही उसके लक्षण है। इन्हीं धर्म के आचरण सम्मत व्यवहार को ही धर्म कहा गया है। उसे ही परम्तप ही परमेश्वर की अराधना से ही ज्ञान मिल सकता है। यही मानव जीवन केक लिए परम ज्ञान के स्वरूपों में कार्य करता है। आचरण से ही मानव के अनेकों सिद्धियाँ की प्राप्ति होती है। यहीं मानव जीवन का सार तत्व कहा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महादेव प्रसाद, *महात्मा गाँधी का समाज दर्शन,* हरियाणा ग्रन्थ अकादमी, पंचकूला, 2012, पृष्ठ 61
2. हनुमानप्रसाद पोद्दार, *नारी-शिक्षा,* गीताप्रेस, गोरखपुर सं. 2070 पृष्ठ 66
3. महादेव प्रसाद, *महात्मा गाँधी का समाज दर्शन,* हरियाणा ग्रन्थ अकादमी, पंचकूला, 2012, पृष्ठ 13
4. श्रीराम शर्मा आचार्य, *विश्व की महान नारियाँ,* युग निर्माण योजना विस्तार ट्रस्ट गायत्री तपोभूमि, मथुरा, 2011, पृष्ठ 45
5. विदुर नीति उद्योग-पर्व से : हनुमान पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 40
6. नीति शिक्षा : श्री वासुदेव द्विवेदी वेदशास्त्री सहित्याचार्य, सार्वभौम संस्कृत प्रचार कार्यालय वाराणसी, मौनी अमावस्या, 2024 पृष्ठ 2
7. डॉ. राम जी मिश्र, धर्म और राजनीति, आचार्य प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम, 2009, पृष्ठ 43
8. पाणिनी 3/3/19/50
9. विष्णु पुराण, 3/11/3
10. गीता 3/29

****

डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चिन्तन में सामाजिक न्याय

डॉ. नवीन कुमार * पुष्पा साकेत **

प्रस्तावना – सामाजिक न्याय से अर्थ से यह आशय है कि समाज की मुख्यधारा से कटे वंचित, शोषितों के साथ होने वाले अत्याचार और अन्याय को किसी भी रोकटोक के प्रत्येक व्यक्ति को उसे बिना धर्म, जाति के अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति ही सामाजिक न्याय है। जिस प्रकार से मूलभूत सुविधाऐं उदाहरण के रूप में-भोजन, कपड़ा और मकान का हक प्रदान हो ऐसे व्यक्तियों को सामाजिक, आर्थिक विकास का अवसर प्राप्त होना चाहिए।

व्यक्ति का व्यक्ति के साथ अन्याय होना मानव समुदाय के लिए बहुत ही बड़ा खतरा है। क्योंकि इस संसार जो भी प्राणी है। उसे उसका अधिकार तो प्राप्त होना चाहिए। तभी तो हम बसुधैव कुटुम्बकम् की बात कर पायेगें। यदि समानता मानव में नहीं है। तब हमारे लिए एकता और अखण्डता का कोई प्रश्न ही नहीं उत्पन्न होता है। इसके लिए मानव विकास का आधार ही सामाजिक संरचना है। इस प्रकार से शोषक और शोषित दोनों में खाई और बढ़ती जायेगी। इसकों ध्यान में रखकर सामाजिक न्याय की व्यवस्था को स्थापित किया गया है। ताकि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय और अत्याचार न हो। ऐसी स्थिति मानवीय संवेदना को जन्म देती है।

शोध प्रविधि – इस शोधपत्र **डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चिन्तन में सामाजिक न्याय में** द्वितीय शोध सामाग्री के द्वारा तथ्यों का संकलन किया गया है। इन्हीं तथ्यों को समन्वय करते हुए शोध पत्र को तैयार किया गया है। इस कारण को जानने और न्याय प्रक्रिया का अपनाने के लिए और उचित संन्दर्भ देने के लिए पत्र-पत्रिकाओं के साथ विद्धानों का भी मार्गदर्शन लिया गया है। इसके साथ-साथ पुस्तकालय द्वारा प्राप्त सामाग्री को भी शोध पत्र तैयार करने का आधार ग्रन्थ के अध्ययन को भी समाहित किया गया है।

उद्देश्य :

1. दलित वर्ग को सामाजिक न्याय प्रदान करने हेतु डॉ. अम्बेडकर ने अथक प्रयास किये। जिनसे मानव को सामाजिक न्याय प्राप्त हो सकें।
2. राटी, कपड़ा, माकान की जरूरतों को पूर्ति हेतु संवैधानिक नियमों की संरचना की गई।
3. शिक्षा के अधिकार के द्वारा सभी वंचित वर्ग शिक्षा की कड़ी में अग्रसर होगे। इसलिए उन्हें सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क पूर्ति का दायित्व राज्य सरकार को सौपा गया। ताकि कोई भी नागरिक शिक्षा से वंचित न रहें।
4. सामाजिक न्याय के द्वारा उन्हें अधिकार प्रदान करना ताकि उनके जीवन में छुआछूत का समाप्त कर एकता और अखण्डता को स्थापित किया जा सके।
5. समाज और सभा आदि जगहों पर भेदभाव पर रोक के लिए कानून व्यवस्था एक सबसे बड़ा कार्य रहा है। जिसरें आज दलित वर्ग चैन की साँस लेकर विवाह, उत्सव, सम्मेलन, प्रतियोगिता, भाषण आदि में खुले रूप से बोल पा रहा है।
6. समाज में तथाकथित वर्ग द्धारा किये जाने वाले अत्याचार से भी संविधान के न्याय प्रणाली के कारण कुछ राहत मिली है। जिससे आज उस प्रकार के अत्याचार नहीं हो रहे हैं। जो सरे आम पहले हुआ करता है। उस समय राजसत्ता को देखकर जंगली जानवरों जैसा वर्तव मानव के साथ होता था। किन्तु संविधान ने इन्हें कानून व्यवस्था में बाधाने के कारण यह आराजकता का पैगाम रूका है। अत्याचार तो आज भी होते हैं। किन्तु उस प्रकार से नहीं जैसे पहले होते थें।

समस्या :

1. सामाजिक न्याय को प्रदान करने में जो समस्या आ रही है। वह समस्या वास्तव में शिक्षा को लेकर है। क्योंकि आज भी कक्षा 1 से आठ तक के बालकों की शिक्षा व्यवस्था कारगर नहीं हो रही हैं। उन्हें कृपापात्रता से पास कर भवीष्यगामी विकलांग बनाया जा रहा है। यह सामाजिक अस्तित्व का सबसे बड़ा खतरा मानव समाज के सामने हैं।
2. सामाजिक स्तर पर जीवन में छूआ-छूत की समस्या आज भी विद्यमान है। इसके साथ-साथ भेदभाव की चरम सीमा वर्तमान में देखने को मिल रही है। इससे मानव समुदाय बहुत ही दु:खी प्रतीत होता है। चाहे अधिकारी हो, या चपरासी इन दोनों को दलित वर्ग के नाम पर उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। उनके साथ भेदभाव अधिक होता जा रहा है।
After nationalization of banks it has been given much attention on the lending policy of nationalized banks but not much attention has been given to the recovery of advances of nationalized banks by Reserve Bank of India (RBI). Recovery of non – performing assets has become critical performance area for all banks in India. As per RBI report, March 1999, the gross NPA of all the scheduled commercial banks and primary co – operative banks have gone up to Rs. 58,554 crores India (RBI) introduced a new set of prudential norms in April, 1992 for commercial banks and subsequently it has been extended, in stages to urban co-operative banks as well, as per the recommendations of high power committee on urban co-operative banks constituted in May 1999 under the chairmanship of K. Madharao as a need for strengthening the co-operative sector in order to enhance operational efficiency, productivity and profitability and with the objective of implementing international. best practices in Indian banks, it is compulsory for all banking institutions to comply with prudential norms of RBI.

Table-1 : Gross NPA of SBI

YEAR	GROSS NPA SBI	In %
2010-2011	25,326.29	100
2011-2012	39,676.46	156.6611612
2012-2013	51,189.39	202.1195761
2013-2014	61,605.00	243.2452602
2014-2015	56,725.00	223.9767451
2015-2016	98,172.80	387.6319824
2016-2017	112,342.99	443.5824987

(Source: Annual report of SBI Bank)

Graph-1 : Gross NPA of SBI (in Rs.)



Table-2 : Advances of State Bank Of india

YEAR	ADVANCES of SBI	In %
2010-2011	756,719.45	100
2011-2012	867,578.89	114.6500054
2012-2013	1,045,616.55	138.1775703
2013-2014	1,209,828.72	159.8781054
2014-2015	1,300,026.39	171.7976709
2015-2016	1,463,700.42	193.4270911
2016-2017	1,571,078.38	207.6170211

(Source: Annual report of SBI Bank)

Graph-2 : Advances of State Bank of India



Findings, Analysis and Recomondation:- we have study last 7 years data of state bank of India of Advances,Gross NPA. We observe the every year Advances increases as well as NPA also increases. And we present the all data from SBI balancesheet. The NPAs have always been a big worry for the banks in India. The Indian banking sector faced a serious problem of NPAs. . A high level of NPAs suggests high probability of a large number of credit defaults that affect the profitability and liquidity of banks. The extent of NPAs has comparatively higher in public sectors banks. To improve the efficiency and profitability, the NPAs have to be scheduled

Scope Of Study:- The NPAs have always been a big worry for the banks in India. The Indian banking sector faced a serious problem of NPAs. . A high level of NPAs suggests high probability of a large number of credit defaults that affect the profitability and liquidity of banks. The extent of NPAs has comparatively higher in public sectors banks. To improve the efficiency and profitability, the NPAs have to be scheduled. Various steps have been taken by government to reduce the NPAs. It is highly impossible to have zero percentage NPAs. But at least Indian banks should take care to ensure that they give loans to creditworthy customers. The study will lead to evaluate the non-performing assets and there effect on current valuation of banking performance. The study of NPA growth will give the direction and reason for increasing the dead block. How and why is the major concern of my study and it will give the direction to identify the reasons to modify the outcomes? The outcomes of study will help the bankers to check the day to day operation to reduce the NPA in there current account.

Conclusion:- In the present competitive global environment, the management of NPA is becoming critical and has become the need of the hour. The banking sector to become effective, NPA management must be an exercise for the entire bank from the Board down the last level. NPA particularly, its increased trend during financial crisis highlights the need for effective credit risk management mechanism. NPAs are draining the capital of the banks and weakening their financial strength. It is also as much a political and a financial issue. NPA directly effect to banks position. The banks and financial institutions should be more proactive to adopt pragmatic and structured non-performing assets management policy where prevention of non-performance assets receives priority. As compared to private sector banks, public sector bank is more in the NPA level. Public Sector bank must take more care in avoiding any account becoming NPA by taking proper preventive measures in an efficient manner.

References :-

1. Kothari C.R. Research Methodology, new age international publication 4835/24 Ansari Road, Daryaganj, New Delhi-110002
2. Amarchand, D, Ed. Research Methods in Commerce, Madras: Emerald, 1987.
3. Agarwal, A.N, Indian Economy, New Delhi: Vikas Publishing House, 1994.
4. The Evolution of Bankings by Robert Harrison Howe - C. H. Kerr & co , 1915
5. Jain, Vibha Management of Non Performing Assets in Commercial Banks", Regal Publications, New Delhi, 2007
6. Singh Rajendra, Empowering Banks for Recovery of Non-performing Assets (NPAs), the Journal of Indian Institute of Banking & Finance, P.5 ,2005.
7. Naryanan V. (2000), NPA Reduction The New 'Mantra' of Slippage Management ,MID-Term Review of Monetary & Credit Policy, A BankingJournal, Published by Indian Bank's Association Mumbai , Vol. XXII No 10,Oct. 2000.
8. Mohan, Rakesh (2003).Transforming Indian Banking: In Search of a Better Tomorrow, Reserve Bank of India. Reserve Bank of India Bulletin, Speech article. January, 2003.
9. Prasad M., Sinha, K. K. and Prasad, K. M. (2004), Post-reform Performance of Public Sector Banks with Special Reference to Non-performance Assets, Edited Book Banking in the New Millennium, New Delhi

****

Performance Analysis of Pre and Post-Merger & Acquisition of SBI & Associate Bank (with Special Reference to State Bank of Saurashtra)

Dr. Mahesh Gupta* Prof. Jaikishan Sahu**

Abstract - The purpose of the present paper is to analyze the pre and post -merger performance of State Bank of India with the help of various parameters such as Deposits, Advances, Net Profits, Employees,and Branches. T-test is applied for the purpose of testing the statistical significance of various parameters. The study is based on secondary data covering eight years annual data of pre and post- merger period. The study reveals that the State Bank of India (SBI) does not shows significant improvement in the performance in the post-merger period. There are some of the parameters have shown significant improvement during the post-merger period while most of the parameters have not shown significant improvement during the post-merger period.
Keywords - Performanceparameters, Merger and Acquisitions, Pre and Post-Merger, CAGR.

Introduction - Banking Sector in India has witnessed many Mergers during the years for various reasons such as Restructuring of Weak Banks; Economies of Scale; Expansion of Market; Business Consolidation etc. Looking into the history of Mergers in Banking Sector in India, initially they have taken place as a measure to protect the interests of the customers of the weak banks but subsequently a few Mergers also have take place voluntarily in the Post Liberalization Period between various banks for several reasons.

Merger of two weaker banks or merger of one health Bank with one weak bank can be treated as the faster and less costly way to improve profitability then spurring internal growth . The main motive behind the merger and acquisition in the banking industry is to achieve economies of scale and scope. Mergers also help in the diversification of the products, which help to reduce the risk.Mergers & Acquisitions can be used as a strong tool in order to revive the business of the failing companies. However M&As are not always successful. They may also turn into loss making institutions which are more harmful than beneficial for business. Thus a careful and conscious use of the resources should be made in order to ensure that an M&A is adequately profitable for any given business.

Mergers - A merger happens when two companies combine due to mutual agreement. Mergers are often misunderstood to be acquisitions. Acquisition is when one large company buys and subsumes another company, thus making the latter non- existential in terms of title and control. However, in most mergers, companies merge to form a completely new organization. Mergers happen for various reasons and in various ways. The direction of the merger is usually fuelled by the reason behind the merger. The two major types of Mergers are:

(a) Horizontal Merger- A horizontal merger occurs between two companies at equal degree of competition. This merger usually takes place to minimize the costs and maximize the synergy between the 2 companies. For example, when 2 companies merge, one of the companies which is operating in an old factory but has valuable land, can sell its land, and produce its products in the factory of the other company. This increases the profits as well as reduces the administrative costs, by using the administrative staff of only one of the companies.

(b) Vertical Merger- In a vertical merger, a company merges with either a supplier or a customer. For example, under merger with the supplier, a food processing company may merge with an industrial agricultural company, so that it gets a continuous supply of agricultural products. Under merger with customer, the food processing company may merge with a retail store, in order to market its products to the customers directly.

Acquisitions The acquisition of a company is the purchase of a company or the division of the company. Most acquisitions are either paid in cash, or in a combination of both cash and the stock of the acquiring company. When some acquisitions are financed with debt, it is called a **leveraged buyout**.

Acquisitions are of two types. A company may acquire another company from the same level, to improve its own

*Assistant Professor, SABBGA & CC, Devi Ahilya University, Indore (M.P.) INDIA
** Assistant Professor, Acropolis Institute of Management Studies & Research, Devi Ahilya University, Indore (M.P.) INDIA

operation. Sometimes it may acquire its own competitor in order to expand its share and dominance in the marketplace. Another type is when the company acquires another company from an entirely new line of business. This is done by the company in order to diversify its business. Acquisitions can also be undertaken by a financial company or an individual financier, usually to resell the purchased company at a profit. In a corporate company, the buyer purchases a company with a view to improve its operation and business, and increases its share price hence earning more profits when the shares are sold. For example, Whatsapp and Instagram were acquired by Facebook.

State Bank of Saurashtra - The origins of State Bank of Saurashtra canbe traced to BhavanagarDarbar bank, which was established in the year 1902. Bhavanagar was one of the princely states of the saurashtra region of Gujarat. In 1948 when primly states wereintegrated to from saurashtra state a need for state-owned bank was felt. Accordingly, the BhavanagarDarbar bank was formed into a statutory corporation caused State Bank of Saurashtra and the 4 Darbar banks – Rajkot State Bank, porbandar State Bank, PatitanaDarbar bank and vadia State Bank were merged with it with effect from 1st July, 1950 as its fully owned subsidiaries. This enabled State Bank of Saurashtra to expand its operations by using the network of the State Bank group furthering its business activities. At the close of 1950, the total deposits announced to Rs.15806.00crores and total advances reached at the level of Rs.11082.00crores bank had a network of 426 branches spread over 15 states and Union Territory of Demand Diu.

Review of Literature

S. Rachappa and S.V. Satyanarayana (2005)studiedthe mergers and its effect on market gains. It was based onthe sample of 10 companies. The main objective of this studywas to find out the market performance of the share of theacquiring and acquired companies. They took four monthsbefore the announcement of merger, four months during theannouncement of merger and four months long period ofthe announcement of merger. It is concluded that themergers are more beneficial to the shareholders of theacquiring firms than that of the shareholders of the acquiredfirm in term of giving abnormal gains. However, the abnormalgains to shareholders of acquiring company differ at variousstages of the process of merger.

PrasanthaAthma (1996) covered the Performance of Public Sector Commercial Banks – A Case Study of State Bank of Hyderabad. It covers the Growth and Progress of Commercial Banking in India. In her study analyzed the trends in deposits of SBH over a period of time and to evaluate the various components of profits. This is useful for understanding the financial performance of banking Industry. She used various ratios for calculating the bank performance. She concludes that the progress of banking in India has been impressive and the present structure outcome of the process of expansion, reorganization and consolidation.

MarjanPetreski (2007) his paper aims to cover the performance effects of bank mergers and acquisitions. A broad literature is reviewed as to banks cost and profit efficiency, market power, stock price, and welfare effects behind the merger/acquisition event. Furthermore, the acquisition of Stopanska Banka AD Skopje by National Bank of Greece is deeply examined with regard to the postacquisition performance of Stopanska Banka on top of the benefits for NBG of this endeavor.

Objectives - To analyze the Pre & Post- Merger performance of key parameters like Deposits, Advances, Net profit, Number of Employee, Number of Branches of SBI & Associate Bank (SBS)

Methodology

Sources of Data - The study is based on Secondary Sources which includes the Annual Reports of the Select Banks; RBI Database- Profile of Banks –various issues; research publications etc.

Period of Study - The Period of the Study is eight years before the merger and eight years after the merger of State Bank of Sourashtra

Sample Selection - SBI took the first step to move on with merger for several reasons during the period of global financial crisis. Therefore, the study is undertaken to analyse the performance of the select Banks that have participated in the merger activity voluntarily. Incidentally, these two are the leading banks in Public and Sectors in Indian Banking Sector respectively in India.Deposits and Advances represent the volume of the business of the banks. These two parameters will have an impact on the profits of the bank.

Hypothesis

Ho: There is no significant difference in the Profits per Employee and per Branch of the Select Banks before and after Merger

H1: There is a significant difference in the Profits per Employee and per Branch of the Select Banks before and after Merger

Tools for Analysis - The following tools are used for the analysis of the data apart from Percentages, Averages, Median, SD, Kurtosis, and Skewness

CAGR - to analyze the growth in Deposits; Advances and Profits of the select Banks

T- test - to test the Hypothesis as to whether there is any significant difference in the performance of the select Banks before and after the Merger.

Pearson's Multiple Correlation: to test the measure of the strength of the association between the dependent and independent variables

Table 1 and 2 (see in last page)

Deposits; Advances; Net Profit; Number of Employees & Branches of SBI eight years before the merger and eight years after the merger of State Bank of Sourashtra with itself in the year 2008-09 are presented in Tables. The year of merger 2008-09 is taken as a base year for calculating CAGR. The Deposits and Advances of State Bank of

Sourashtra at the time of the merger were Rs. 419425 and Rs. 12309.29 crores; Net Profit Rs. 35.45crores; Employees 7399 and the Bank had a network of 460 branches against that of SBI which had Deposits of Rs. 7,42,073 crores and Advances of Rs. 5, 42,503 crores; 2, 05,896 crores of Profits; had 12,022 Employees and a branch network of 9,121. The Deposits and Advances of SBI, post- merger grew by 11.92 % and 12.54% as against 13.22% and 18.97 % during the pre- merger period; Profits have recorded a CAGR of 1.56 % as against pre- merger CAGR of 21.30%; Number of Employees increased by .20% during the post-merger period and its CAGR was in negative during the pre- merger period and the Number of Branches increased by 4.04% as against 3.17 % during the pre- merger period.

It is evident from the above tables that, there has been an increase in the two parameters Deposits; Advances all through; there is increase in the profits year after year excepting in the years 2013-14 and 2015-16; Number of Branches increased during the overall study period excepting in the year 2002-03 during the premerger period; in case of Employees it is observed that from the year 1999-2000 there has been a consistent fall year after year in the number of Employees during the pre and post- merger periods with an exception to the years 2010-11 and 2012-13 and recorded a lowest growth rate of .20 % during the post- merger period against a negative growth rate of -3.00% during the pre- merger period.

The Average increase during the Pre and Post- Merger Period in Deposits was Rs. 356018.63 Crores and Rs.1341388.923 Crores; Advances Rs. 218545.86 Crores and Rs. 1105807.851 Crores; Net Profits Rs. 3850.5 Crores and Rs. 10936.09 Crores; Number of Employees 201153.3 and 214948.3; Number of Branches 9420.75 and 15525.13. These figures only indicate the fact that, the Bank has been doing well, by generating increased amounts of Deposits and disbursing increased amount of Advances. T test is employed to see whether the difference in the key parameters before and after the merger is significant or not and the results are presented in table .

Table 3 (see below)

Result - T test is employed to see whether the difference in the Key Parameters is significant or not for Pre and Post - Merger Periods. The t stat values as per " t test at 5% significance level in case of all the Parameters is less than the t critical two tail value; p value less than .05, indicating that there is a significant difference in their performance, rejecting the null hypothesis.

References :-

1. Manoj Anand & Singh Jagandeep, (2008). Impact of Merger Announcements on Shareholders' Wealth: Evidence from Indian Private Sector Banks. Vikalpa: Journal for Decision Makers, January-March, Vol. 33, No. 1, pp. 35-54.
2. Kuriakose Sony & Gireesh Kumar G. S (2010), "Assessing the Strategic and Financial Similarities of Merged Banks: Evidence from Voluntary Amalgamations in IndianBanking Sector", Scienece & Society, Vol. 8, No. 1, 2010.
3. Azeem Ahmed Khan (2011), "Mergers and Acquisitions in Indian Banking Sector in Post Liberalisation Regime", International Journal of Contemporary Business Studies Vol 2, No: 11 November 2011
4. Srinivas K, "Mergers and Acquisitions in Indian Banking Sector- A Study of Selected Banks"
5. Goyal Dr. K.A, Joshi Vijay. Mergers in Banking Industry of India: Some Emerging Issues, Asian Journal of Business and Management Sciences.
6. Pawaskar V. Effect of Mergers on Corporate Performance in India, Vikalpa, 2001; 26(1):19-32.

Websites :

1. www.wikipedia.com
2. www.investopedia.com
3. www.sbi.in
4. www.moneycontrol.com
5. www.nseindia.com

Table 3 : T Test Results of Key Parameters of State Bank of India

	Deposits	Advances	Net Profits	Employees	Branches
Pre- Mergermean value	356018.625	218545.875	3850.5	201153.25	9420.75
Post- Mergermean value	1341388.923	1105808	10936.09	214948.25	15525.125
t Stat	-8.42931042	- 10.6346894	-8.34173232	-2.89905605	-16.2606474
t critical twotail	2.36462425	2.36462425	2.36462425	2.36462425	2.36462425
Ptwotail value	0.00006519	0.0000142	0.00006972	0.023016899	0.0000008
Result	**Reject Ho**	**Reject Ho**	**Reject Ho**	**Reject Ho**	**Reject Ho**

Table 1 : Pre & Post Merger Key Parameters of SBI

Years	Deposits	Advances	Net Profit	No. of Employees	No. of Branches
2000-01	242828	113590	1604	214845	9078
2001-02	270560	120806	2433	209462	9102
2002-03	296123	137758	3105	208998	9088
2003-04	318619	157934	3681	207039	9107
2004-05	367048	202374	4304	205515	9161
2005-06	380046	261801	4407	198774	9468
2006-07	435521	337336	4541	185388	9679
2007-08	537404	416768	6729	179205	10683
BaseYear	742073	542503	9121	205896	12022
CAGR	**13.22%**	**18.97%**	**21.30%**	**-0.47%**	**3.17%**
Mean	356018.63	218545.86	3850.5	201153.3	9420.75
Median	342833.5	180154	3992.5	206277	9134
SD	96378.54	111037.3	1554.646	12579.1	555.2234
Kurtosis	0.484581	-0.35464	0.901001	-0.25621	4.457196
Skewness	0.881675	0.932432	0.49884	-1.01389	2.081629

Note: MergerYearis Base Year2008-09.

Table 2 : Post- Merger Key Parameters of State Bank of India

Years	Deposits	Advances	Net Profit	No. of Employees	No. of Branches
BaseYear	742073	542503	9121	205896	12022
2009-10	804116	631914	9166	200299	13039
2010-11	933933	756719	7370	222933	14350
2011-12	1043647	867579	11686	215481	14902
2012-13	1202740	1045617	14839	228296	15564
2013-14	1394409	1209829	**10,891**	222033	16059
2014-15	1576793	1300026	**13,102**	213238	16333
2015-16	1730722	1463700	**9,951**	207739	16784
2016-17	2044751	1571078	**10484**	209567	17170
CAGR	**11.92%**	**12.54%**	**1.56%**	**.20%**	**4.04%**
Mean	**1341388.923**	**1105807.851**	**10936.09**	**214948.3**	**15525.13**
Median	1298574	1127723	10687.64	214359.5	15811.5
SD	425454.7	338044.6	2314.978	9187.357661	1372.151
Kurtosis	-0.81987	-1.39946	0.196524	-0.668664275	-0.00617
Skewness	0.416457	-0.03792	0.277795	-0.107177778	-0.7451

****

गैर निष्पादित सम्पत्ति का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव*

प्रस्तावना - भारतीय अर्थव्यवस्था में बैंक रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य कर रही है, फिर भी वर्तमान में बैंकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी समस्या है गैर-निष्पादित सम्पत्तियाँ (एन0पी0ए0) साधारण भाषा में बात करें तो वह धन जो बैंकों से दूर चला जाता है। जब बैंको द्वारा लोन प्रदान किया जाये एवं तय तिथि पर लोन का मूलधन एवं ब्याज प्राप्त नही किया जा सकता है तो वह गैर-निष्पादित सम्पत्तियाँ कहलाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक मार्च 31, 2014 को नियम बनाया गया जिसमें यदि किसी मियादी ऋण पर एक वर्ष में एक तिमाही या 90 दिनों से अधिक होने के बावजूद भी प्रदत्त राशि पर बैंक को मूलधन या ब्याज या दोनों के किश्तों की अदायगी न की जाये तो वह एन0पी0ए0 होता है।

कोई लोन भविष्य में एन0पी0ए0 बन सकता है, इसकी पहचान के लिए रिजर्व बैंक द्वारा नियम बनाया गया है। जिसके तहत बैंक को उनके लोन को स्पेशल मेन्शन एकाउण्ट के तहत चिन्हित करना होगा। अगर किसी लोन में मूलधन या ब्याज या दोनों की किश्त का भुगतान निर्धारित तिथि से 30 दिन तक नही होता तो उसे एस0एम0ए0-0 कहा जाता है और यदि 31 से 60 दिन तक न हो तो उसे एस0एम0ए0-1 कहा जायेगा। इसके पश्चात यदि 61 से 90 दिन तक ब्याज या मूलधन या दोनों को न चुकाया जाये तो वह एस0एम0ए0-2 कहलाता है। यदि कोई खाता 90 दिनों की देरी से भुगतान को देखता है तो वह एन0पी0ए0 में बदल जाता है। किसी लोन खाते को एन0पी0ए0 घोषित करने के पश्चात एन0पी0ए0 खाते को तीन श्रेणी में बांटा जाता है। सब-स्टैंडर्ड एसेट्स, डाउटफुल एसेट्स एवं लॉस एसेट्स।

कोई लोन खाता एक साल से कम अवधि तक एन0पी0ए0 रहता है तो सब-स्टैण्डर्ड कहा जाता है, एक वर्ष तक सब स्टैण्डर्ड बना रहने पर डाउटफुट श्रेणी में आ जाता है। जब बैंक द्वारा यह मान लिया जाये कि कर्ज वसूला नही जा सकता तो वह लॉस एसेट्स की श्रेणी में डाल दिया जाता है।

एक तरफ तो अर्थव्यस्था में तेजी से विकास हो रहा है, तो दूसरी तरफ एन0पी0ए0 बैंकिंग व्यवस्था को कमजोर बना रही है। रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर श्री रघुराम राजन ने एन0पी0ए0 को कैंसर माना है। जो भारतीय अर्थव्यवस्था को खोखला कर रहा है। यह एक गम्भीर बीमारी तो है परन्तु लाइलाज नही है। श्री रघुराम राजन के अनुसार खराब ऋण की तीव्रता में वृद्धि का आरम्भ वर्ष 2006-07 से हुआ, उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी थी, पावर प्रोजेक्ट्स बजट के भीतर एवं समय से पूर्ण हो रहे थे। ऐसे समय में बैंक अधिक वृद्धि का अनुमान लगाते हुये ऋण का वितरण बिना किसी जांच पड़ताल के प्रारम्भ कर दिया। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलर तथा बैंकों की पूँजी, बैंको से दूर होती चली गयी।

यदि बैंकों का एन0पी0ए0 बढ़ता है तो बैंको को ज्यादा कर्ज लेने की आवश्यकता पड़ती है। जिससे बैंकों की पूंजी लागत बढ़ जाती है। तथा एन0पी0ए0 के रूप में कर्ज धन रूक जाता है, तो उसके प्रावधान के लिए लाभ का एक निश्चित भाग संचय के रूप में अलग रखना पड़ता है जिससे लाभ कम होने लगता है। लाभ कम होने के कारण बैंकों के विस्तार एवं ग्राहकों की सेवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

डूबत ऋण के बढ़ते बोझ से बेहाल अर्थव्यवस्था में सरकारी बैंक ऋण देने में सावधानी बरत रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि एन0पी0ए0 के ऊँचे स्तर एवं कमजोर कारपोरेट मांग के चलते देश की क्रेडिट वृद्धि 60 साल के निचले स्तर पर आ पहुँची है। इससे पहले कर्ज वृद्धि की न्यूनतम दर वर्ष 1953-1954 में रिकार्ड की गई थी जो केवल 1.7%ही थी। रिजर्व बैंक के द्वारा जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-2017 में रु0 78.82 लाख करोड़ का कर्ज प्रदान किया गया। जिसमें 3.16 लाख करोड़ का कर्ज मार्च के अन्तिम 15 दिनों में प्रदान किया गया।

सरकारी बैंकों के डूबत ऋण में 70% भाग कारपोरेट घरानो का है। जबकि किसानों का हिस्सा केवल 1% ही है। वैश्विक ख्याति प्राप्त संगठन मुडीज इन्वेस्टर्स सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2016-2017 बैंकिंग सेक्टर के लिए खासा चुनौती पूर्ण रहा है। इस वर्ष लगभग 25 सरकारी एवं प्राईवेट बैंकों के मुनाफे में करीब 35%की गिरावट हुई है। जब कि ब्याज से होने वाली आय में केवल 1%की ही वृद्धि हुई है। देश के सरकारी बैंकों के 100 सबसे बड़े कर्जदारों पर कुल रु0 1.73 लाख करोड़ का बकाया है। वित्त वर्ष 2014-2015 में एन0पी0ए0 5.7 %थी, जो वर्ष 2016-2017 में 7.3%पहुँच गई।

यह सोचनीय विषय है कि एन0पी0ए0 का स्तर रु0 3 लाख करोड़ से अधिक है, यदि इस राशि को वसूल कर लिया जाता है तो सरकारी बैंकों के लाभ में तीव्रता से वृद्धि होगी। जिससे वह अधिक मात्रा में ऋण प्रदान करने की क्षमता रखेगें, अनेकों रोजगार को विकसित किया जा सकेगा, नीतिगत दर में कटौती से कारोबारियों को लाभ पहुंचेगा, आधारभूत संरचना का निर्माण होगा, कृषि में बेहतर संसाधन उपलब्ध होगें और अर्थ व्यवस्था में मजबूती एव विकास की गति को प्राप्त किया जा सकेगा।

देश में बैंको की हालत सुधारने के लिये भारत सरकार एवं भारत का केन्द्रीय बैंक (रिजर्व बैंक आफ इंडिया) द्वारा अनेक कानून एवं कार्यक्रम की उद्घोषणा की गई है जैसे- इन्द्र धनुष योजना, इन्सालवेन्सी एवं बैंकरेप्टी

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) अर्मापुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय,अर्मापुर, कानपुर (उ.प्र.) भारत

कोड, बैंकिंग रेगुलेशन एमेन्डमेंन्ट बिल 2017, बैसल–3।

नये कानून बनने से यह उम्मीद की जा रही है कि एक ओर ऋण की रिकवरी आसानी से की जा सकेगी तो दूसरी ओर डूबत ऋण पर लगाम लगेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

पर्यावरण जागरूकता के प्रति माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का अध्ययन

जीतेन्द्र बैरागी* डॉ. महेश कुमार तिवारी**

प्रस्तावना – पर्यावरण का मानव के जीवन से प्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है। मनुष्य को प्रकृति का पुत्र कहा जाता है। प्रकृति का पुत्र कहा जाता है। प्रकृति की गोद में ही वह बड़ा होता है। पर्यावरण अर्थात् वायु, जल, भोजन, पेड़-पौधे आदि ही मानव जीवन को स्वच्छ और सुखद बनाते हैं। पर्यावरण के विभिन्न तत्वों के मध्य एक संतुलन का होना आवश्यक है। यदि मनुष्य प्रकृति के नियम को समझ कर प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा उपभोग इस प्रकार से करता है कि प्राकृतिक संतुलन बना रहे, तब ही सृष्टि के द्वारा निर्मित पर्यावरण तथा मानव जाति स्वस्थ रह सकती है। भारतीय संस्कृति में इस अटल सत्य को आदिकाल से ही स्वीकार किया गया था तथा भारतीय समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बनी रही है।

पर्यावरण के तत्वों जैसे नदी, तालाब, पेड़-पौधे, वायु, धरातल तथा जीवों आदि को देवता मान कर उनका ध्यान रखा गया। यद्यपि सामान्य अवधारणा के अनुसार यह हिन्दुओं का धार्मिक पक्ष था। परन्तु वस्तुत: मानव आचरण तथा अनुभूति को पर्यावरण से जोड़ने के लिए ऐसा किया गया होगा। धर्म के माध्यम से मानव जाति को अनेक शताब्दियों तक पर्यावरण के प्रति सजग रखा गया। यही कारण था कि उस समय पर्यावरण सम्बन्धी समस्यायें न्यूनतम थीं तथा भारत को पर्यावरण की कोई विकट समस्या नहीं झेलनी पड़ी।

लेकिन आज प्रकृति मानव के लिए उतनी आनंददायिनी नहीं रही है। अनियोजित मानवीय गतिविधियों के दुष्परिणाम स्वरूप प्राकृतिक असंतुलन और पर्यावरण प्रदूषण की उत्पत्तिा होने लगी है, जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए भयावह बनती जा रही है। आज मानव इसके समाधान हेतु व्याकुल है। संभवत: प्रकृति के दुष्प्रकोप की भयावह कल्पना ने ही मानव को प्रकृति से सामंजस्य स्थापित करने हेतु बाध्य कर रखा था। प्रसिद्ध दार्शनिक एवं शिक्षाविद् रूसो ने कहा था कि– 'प्रकृति की ओर लौटो' अर्थात् शिक्षा प्रकृति से सम्बद्ध होनी चाहिए।

पर्यावरण शब्द परि तथा आवरण से मिलकर बना हैं। परि का अर्थ है चारों ओर तथा आवरण का अर्थ है–ढका हुआ अत: पर्यावरण शब्द से तात्पर्य उन सभी परिस्थितियों से है जो हमारे चारों ओर विद्यमान है। पर्यावरण को वातावरण भी कहा जाता है।

अंग्रेजी में पर्यावरण को Environment कहा जाता है। Environ का अर्थ है घेरना तथा ment का अर्थ है चारो ओर से। इस प्रकार इसका अर्थ है चारों ओर से घेरना। Environment शब्द का Envelop का भी पर्याय है जिसका अभिप्राय है 'Total set of surroundings'.

मानव के विकास में वंशानुक्रम के साथ-साथ पर्यावरण भी विशेष महत्व रखता है। व्यवहारवादी मनोवैज्ञानिकों ने तो यहाँ तक माना है कि अच्छे पर्यावरण द्वारा बालक में बहुत परिवर्तन संभव है।

पर्यावरण विश्वकोष– 'पर्यावरण के अन्तर्गत उन सभी दशाओं, संगठनों, प्रभावों को सम्मिलित किया जाता है जो किसी जीव अथवा जाति के उद्‌भव, विकास तथा मृत्यु को प्रभावित करते हैं।

बेरिंग, लैंगफील्ड तथा वेल्ड के अनुसार – एक व्यक्ति के वातावरण के अन्तर्गत उन सभी उत्तोजनाओं को योग आ जाता है, जिनको वह जन्म से मृत्यु तक ग्रहण करता है।



पर्यावरण का क्षेत्र असीमित है परन्तु पर्यावरण के विस्तारात्मक विश्लेषण के द्वारा उसका सीमांकन संभव है। पर्यावरण को प्राकृतिक व मानव निर्मित के दृष्टिकोण के आधार पर विभिन्न प्रकारों में सीमांकित किया जा सकता है।

पर्यावरण चार्ट (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

प्रकृति ने प्राकृतिक संसाधन जैसे वायु, जल भूमि, खनिज पदार्थ, पेड़-पौधे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराए हैं परन्तु इस उपलब्धता की भी अपनी एक सीमा है। विगत कुछ दशकों में हुई जनसंख्या वृद्धि, औद्योगीकरण तथा विकास यांजनाओं के फलस्वरूप प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अत्यन्त तीव्रता से हुआ है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन, अपव्ययपूर्ण उपभोग तथा अविवेकपूर्ण पर्यावरण उपेक्षा के कारण पर्यावरण समस्याएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रकृति की स्वनियामक क्षमता क्षीण होती गई जिससे मानव जीवन की गुणवत्ताा का ह्रास हुआ है। पर्यावरण समस्याओं

* शोधार्थी, मेवाड विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ (राज.) भारत
** प्राचार्य, मेवाड महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, चित्तौड़गढ (राज.) भारत

की गम्भीरता के फलस्वरूप सभ्य समाज में एक नवीन चेतना जागृत हुई। पर्यावरण संरक्षण तथा उसमें सुधार की महती आवश्यकता की ओर जनमानस का ध्यान आकर्षित हुआ है। पर्यावरण तथा जीवधारियों के बीच के सम्बन्ध को समझना आवश्यक प्रतीत होने लगा है। पर्यावरण की रक्षा तथा उसमें सुधार एक ओर जहाँ पर्यावरणविदों के लिए एक चुनौती है वहीं प्रदूषण निवारण के लिए आम जनता को पर्याप्त संरक्षण तथा उसमें सुधार की आवश्यकता के प्रति जागरूक बनाना भी आवश्यक है। पर्यावरण की समस्याओं के निराकरण तथा पर्यावरण सुधार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपेक्षित जन सहयोग प्राप्त करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि विगत कुछ समय से पर्यावरण शिक्षा के नवीन प्रत्यय पर जोर दिया जा रहा है। पर्यावरण शिक्षा वास्तव में मानव समाज के उत्थान तथा पतन की प्रतीक है।

पर्यावरण शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जो पर्यावरण के बारे में हमें जागृति, ज्ञान और समझ प्रदान करती है। इसके बारे में अनुकूल दृष्टिकोण का विकास करती है और इसके संरक्षण तथा सुधार की दिशा में हमें प्रतिबद्ध करती है। साथ ही मनुष्य और प्रकृति के बीच सहसम्बन्ध की व्याख्या करती है। पर्यावरण शिक्षा को उद्देश्यों को तीन भागों में विभाजित किया गया है–

ज्ञानात्मक पक्ष पर आधारित उद्देश्य :

1. अपने चारों ओर के पर्यावरण का ज्ञान प्राप्त कराना।
2. जैविक और अजैविक घटकों का अवबोध कराना
3. बढ़ती हुई जनसंख्या और उसके दुष्परिणामें का अवबोध कराना।
4. संसाधनों के अनियंत्रित दोहन के दुष्परिणामों का अवबोध कराना।
5. पर्यावरणीय प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों एवं उनके प्रभाव का अवबोध कराना।
6. विभिन्न पोषक स्तरों और उनके अन्तर्सम्बन्धों का अवबोध कराना।
7. पर्यावरणीय संकट व पर्यावरणीय प्रदूषण को दूर करने वाली विधियों का ज्ञान कराना।
8. पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान ढूँढने की योग्यता उत्पन्न करना।

भावात्मक पक्ष पर आधारित उद्देश्य :

1. पर्यावरण के प्रति संचेतना एवं वैज्ञानिक सोच का विकास करना।
2. प्रकृति प्रेम की भावना का विकास करना।
3. पर्यावरणीय घटकों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का विकास करना।
4. पर्यावरणीय समस्या समाधान के प्रति जनमत की विकास करना।
5. विभिन्न धर्मो, जातियों व संस्कृतियों के प्रति संवेगात्मक दृष्टिकोण का विकास करना।
6. मानवीय व्यवहारों जैसे समानता, न्यायप्रियता, सत्यता आदि के मूल्यात्मक पहलू का विकास करना।

क्रियात्मक पक्ष पर आधारित उद्देश्य :

1. विभिन्न प्रदूषणों को दूर करने से सम्बन्धित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेना।
2. स्वच्छता से सम्बन्धित कार्यक्रमों में भाग लेना।
3. नगरीय तथा ग्रामीण नियोजन में भाग लेना।
4. खाद्य पदार्थों की मिलावट को दूर करने वाले कार्यक्रमों में भाग लेना।
5. पर्यावरण खेलों के माध्यम से जागरूकता पैदा करना।
6. पर्यावरण क्लब तथा संग्रहालय आदि की स्थापना करना।
7. पर्यावरण के क्षेत्र में लेखन सम्बन्धी कौशलों को विकसित करना।

पर्यावरण की समस्या आज एक गाँव, नगर, प्रदेश या देश की ही नहीं अपितु सारे संसार की है। आज विश्व भर के पर्यावरण विशेषज्ञ, बंद्धिजीवी, राजनेता और सरकारें इस समस्या से जूझ रहे हैं और बिगड़ते हुए पर्यावरण की समस्या को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। इस समस्या के दो ही समाधान हैं और वे हैं– जन–जन को पर्यावरण के विषय में जानकारी प्रदान करना और मानव में नैतिक चेतना पैदा करना। पर्यावरण के विषय में जागरूकता के बिना उसे सुरक्षा प्रदान नहीं की जा सकती है। पर्यावरण की बेहतरी कोई एक व्यक्ति या सरकार भी नहीं कर सकती। इसे बेहतर बनाने के लिए समस्त मानव समाज को अपनी जिम्मेदारी समझकर प्रयास करना होगा। मानव को पर्यावरण की जिम्मेदारी केवल पर्यावरण शिक्षा द्वारा ही समझायी जा सकती है।

अध्ययन औचित्य – पृथ्वी पर जनसंख्या बहुत द्रुत गति से बढ़ रही है। प्राकृतिक ससां धनों काअनर्गल उपयोग इस बात की चेतावनी दे रहा है कि ये साधन बहुत ही जल्दीसमाप्त होने जा रहे हैं। आर्थिक विकास के लिए जो मृदा, जंगल, ऊर्जा और जलबहुत तेजी से उपयोग में लाये जा रहे है वे कालान्तर में समाप्त हो जायेंगे। अत:आवश्यकता इस बात की है कि इनके वैकल्पिक साधन पहले से ही ढूंढ़ लियेजाये। औद्योगिक अवशेष एवं मल–मूत्र आदि पदार्थों को वायुमण्डल एवं जल में प्रवाहित कर दिया जाता है, अत: ये सभी इस पृथ्वी के लिए गंभीर बढ़ा खतरा हैं।और इस तथ्य पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है कि इस वृत्ति से भविष्य में क्या स्थिति रहेगी? आज सम्पूर्ण मानव के लिए सुरक्षित पर्यावरण हेतु ऐसीव्यूह–रचना की आवश्यकता है, जो तर्कहीन न होकर मानव तथा प्रकृति के परस्परसंबंधों को सुधार सके। हमें विकसित चेतना एवं नियन्त्रित सभ्यता की ओर स्वत: हीठोस कदम उठाने चाहिए।

आज सारी दुनिया में पर्यावरण के प्रति चेतना एवं जागरूकता पैदा हो रही है क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण के गंभीर परिणामों ने भयावह स्थिति पैदा कर दी है।आज समय की मांग है कि सरकारी तंत्र के अतिरिक्त विद्यार्थियो ं एव ं स्वयं सेवी सस्ं थाओं को भी पारिस्थितिकीय– सतुंलन के विकास हेतु अहम् भूमिका निभानीचाहिए।

समस्या कथन – पर्यावरण जागरूकता के प्रति माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का अध्ययन

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध विषय के निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं–

1. प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की पर्यावरणके प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
2. प्रतापगढ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की लिंगभेद केआधार पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
3. प्रतापगढ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षेत्र केआधार पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. प्रतापगढ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियो ं की लिंगभेद केआधार पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नहीं है।
2. प्रतापगढ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षेत्र केआधार पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नहीं है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा 'सर्वेक्षण विधि' का प्रयोग किया हैं क्योंकि यह विधि व्यक्ति विशेष से सम्बन्धितन होकर पूरे समूह से सम्बन्धित होती हैं और इसमें अधिक से अधिक व्यक्तियों

कोसम्मिलित किया जा सकता है।

प्रतिदर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श हेतु राजस्थान राज्य के प्रतापगढ जिले सेमाध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत शहरी क्षेत्र के 5 सरकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के 5 सरकारी कुल 10 विद्यालयों के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। इस हेतु सम्पूर्ण जनसंख्या मेंसे स्तरीकृत यादृछिक न्यादर्श विधि से 600 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्ता ने प्रमापीकृत उपकरण प्रयुक्त किया हैजिसकी विश्वसनीयता तथा वैद्यता निश्चित है। इनका प्रयोग सरलता से किया जासकता है। अपने अध्ययन हेतु शोधकर्ता ने निम्न उपकरण का प्रयोग किया है–

- पर्यावरण जागरूकता अभियोग्यता मापनी–डॉ. प्रवीण कुमार झा

शोध की परिसीमन – प्रस्तुत शोध में निम्न प्रकार से शोध का परिसीमन किया गया है–

1. शोध को केवल राजस्थान राज्य के प्रतापगढ़ जिले तक ही सीमित किया गया है।
2. प्रस्तुत शोध केवल माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित किया गया है।
3. प्रस्तुत शोध में उपकरण को डॉ. प्रवीण कुमार झा के पर्यावरण जागरूकता तक ही सीमित किया गया है।

विश्लेषण एवं व्याख्या – प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या सांख्यिकीय विधि द्वारा की जाती है। प्रस्तुतशोध में प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों कीपर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया गया है।

प्रस्तुत अध्ययन में समस्या के चयन, उसके महत्व, सम्बिन्धित साहित्य केपुनरावलोकन, न्यादर्श के चयन व अध्ययन विधियों के निर्धारण के उपरान्त सर्वेक्षणविधि द्वारा आंकडों का संग्रहण किया गया। प्रस्तुत अध्ययन में संकलित सामग्री कावर्गीकरण, सारणीयन व विश्लेषण करने का शोधकर्ता द्वारा प्रयास किया गया है।प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा दिये गये उत्तारों के आधार पर अंकन किया गया तथा आंकडों का वर्गीकरण करकेसांख्यिकीय गणना की गई।

- प्रतापगढ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की लिंगभेद के आधार पर पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका 1 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 1 को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को मध्यमान 36.82 एवं मानक विचलन 2.40 है तथा छात्राओं का मध्यमान 37.54 एवं मानक विचलन 2.07 है। तालिका 1 से प्राप्त मध्यमानों में छात्रों का मध्यमान छात्राओं के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानोंके अन्तर का डीएफ598 पर टी–मान 3.41 है। जो 0.05 एवं 0.01 स्तर के प्राप्त मान

1.96 एवं 2.58 से अधिक है। अत: परिकल्पना 'प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिकस्तर पर अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि छात्र एवंछात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में अन्तर पाया जाता है। छात्रों की अपेक्षा छात्राएँ पर्यावरण प्रदूषण के प्रति अधिक जागरूक हैं।

- प्रतापगढ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका 2 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 2 को देखने से स्पष्ट होता है कि उच्चमाध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों का मध्यमान 37.10एवं मानक विचलन 2.88 है तथा शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान 38.22 एवं मानकविचलन 2.90 है, तालिका 2 से प्राप्त मध्यमानों में शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान ग्रामीणविद्यार्थियों के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ–618 परटी–मान 4.52 है, जो 0.05 एवं 0.01 स्तर के प्राप्त मान 1.96 एवं 2.58 से अधिकहै। अत: परिकल्पना प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत ग्रामीणएवं शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में कोई सार्थकअन्तर नहीं है, अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीणविद्यार्थियों एवं शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में अन्तरपाया जाता है। ग्रामीण विद्यार्थियों की अपेक्षा शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदषणके प्रति अधिक जागरूक है।

निष्कर्ष :

1. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओंकी पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है, अस्वीकृतकी जाती है क्योंकि छात्र एवं छात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता केमध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतुआवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्षनिकाला जा सकता है कि छात्र एवं छात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रतिजागरूकता में अन्तर पाया जाता है। छात्रों की अपेक्षा छात्राएँ पर्यावरण प्रदूषण केप्रति अधिक जागरूक हैं।
2. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेशण के पश्चात् परिकल्पना प्रतापगढ़ जिले के माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत ग्रामीण एवं शहरीविद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है,अस्वीकृत की जाती है क्योंकि ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण केप्रति जागरूकता के मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यहनिष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण विद्यार्थियों एवं शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण विद्यार्थियोंकी अपेक्षा शहरी विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति अधिक जागरूक है।

सुझाव – प्रस्तुत शोधकार्य में माध्यमिकस्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरतछात्र–छात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता काअध्ययन किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि साहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत ा छात्र–छात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में भी अंतरपाया गया है। शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों मेंपर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता में अंतर पाया गया जबकि लिंगभेद के आधार

पर अधिक अंतर नहीं पाया गया।

सरकार के लिए सुझाव – सरकार को चाहिए कि वह वृक्षारोपण को बढावा दे, इस हेतु नि:शुल्क पौधोंका वितरण किया जाए। इनकी सुरक्षा हेतु पुरूस्कार देने की भी घोषणा करें। पीने के पानी के वितरण की सही व्यवस्था के साथ–साथ उसके संरक्षण एवं उसके व्यर्थ बहने को रोकने की सही व्यवस्था करें। औद्योगिक एवं घरेलू अपशिष्ट के निस्तारण की सही व्यवस्था करें ताकि पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

समाज के लिए सुझाव – समाज के सभी लोग मिलकर यह शपथ लें कि सरकार द्वारा बनाए गएपर्यावरण संरक्षण हेतु कानूनों का पालन केवल दण्ड के भय से न करके स्वेच्छा से करें। कचरे का सही निस्तारण, पॉलिथीन बैग्स के प्रयोग पर प्रतिबन्ध, पानी एवं वाहनों का आवश्यकतानुसार सयंमित प्रयोग करें ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके।

शिक्षकों के लिए सुझाव – शिक्षविद्ों को चाहिए कि वे सरकार के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण कीविषय वस्तु को स्तरानुसार आसान भाषा में विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिलकराएं ताकि विद्यार्थी उसका महत्व समझकर जीवन में उसका पालन कर सकें। विभिन्न पाठ्यसहगामी क्रियाओं की सहायता से भी विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं उसके संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डालें साथ ही प्रदूषण के दुष्प्रभावों से भीअवगत कराये ताकि वे स्वेच्छा से संरक्षण हेतु प्रेरित हो सकें। विद्यालय एवं आस–पास वृक्षारोपण भी कराये, यह कार्य प्रतियोगिता की तरह आयोजित किया जा सकता है।

विद्यार्थियों के लिए सुझाव – पर्यावरण संरक्षण के कार्यो को अपने जीवन में अपनाकर वे समाज का सहयोग करें। वृक्षों के महत्व को अन्य लोगों को समझाएं। स्वयं कचरा इधर–उधरना फेंके। सीमित प्राकृतिक संसाधन– पानी, बिजली, कागज, लकडी एवं ईधन आदिका सही एवं समूचित उपयोग करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गएस्वच्छ भारत अभियान में सहयोग दें तथा अपने आस–पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। ऊचीं आवाज में गाने न सुने तथा गाडियों में उचित ध्वनि के हॉर्न का प्रयोग करें ताकि ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा सके।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. इबेल, राबर्ट एल., (1972),'एसेन्शियलस ऑफ एज्यूकेशनल मेजरमेंट;, न्यूजर्सी:प्रेन्टिस हॉल इनकार्पोरेटेड, पृ. 27.
2. बोर्ग, वाल्टर आर. एण्ड गॉल, मैरिडिथ डी., (1971), 'एज्युकेशनल रिसर्च इनइन्ट्रोडक्शन', II एडीशन, न्यूयार्क: डेविड मैके कम्पनी इनकार्पोरेटेड, पृ. 64.
3. बोर्ग, वाल्टर आर., (1981), 'एप्लाईंग एज्यूकेशनल रिसर्च : ए प्रेक्टिकल गाइड फॉरटीचर्स', न्यूयार्क: लौंगमैन इनकार्पोरेटेड, पृ. 176.
4. बेसिस, एच. सी. एण्ड बेसिस, के. एस., (1991), जनसंख्या विस्फोट और पर्यावरण,सतसाहित्य प्रकाशन, दिल्ली।
5. बेस्ट, डब्ल्यू. जॉन, (1993), 'रिसर्च इन एज्यूकेशन', IV एडीशन, न्यू देहली: प्रेंटिसहॉल ऑफ इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, पृ. 40.
6. बेस्ट, डब्ल्यू. जॉन, (1989), 'रिसर्च इन एज्यूकेशन', न्यू देहली: प्रेंटिस हॉल ऑफइण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, पृ. 31, 39
7. बेस्ट, डब्ल्यू.जॉन, (1977), रिसर्च इन एज्यूकेशन, नई दिल्ली: प्रेन्टिस हॉल प्रा.लि.।
8. बन्धुदेश एण्ड बिरबिरेट, जी., (1985), एनवायरमेन्टल एजूकेशन फॉर कनसरवेशनएण्ड डेवलपमेंट, इन्डियन एनवायरमेन्ट, नई दिल्ली: प्रेंटिस हॉल ऑफ इण्डियाप्राइवेट लिमिटेड।
9. करलिंगर, फ्रेड एन., (1983), 'फाउण्डेशन्स ऑफ बिहेवेरियल रिसर्च', खखएडीशन
10. यू. एस. ए., हॉल्ट, रिनेहार्ट एण्ड विंस्टन इनकार्पोरेटेड, न्यू देहली: सुरजीतपब्लिकेशन्स, पृ. 12, 202.
11. कौल, लोकेश, (1993), मैथेडोलॉजी ऑफ एज्यूकेशनल रिसर्च, न्यू देहली: विकासपब्लिशिंग हाउस।
12. सिंह, मनमोहन एण्ड राव, एल. एस. प्रहलाद, (1980), मेजर ऑफ इन्वायरमेन्टलअवेरनेस, विक्रम ए साराभाई कम्यूनिटी सांइस सेंटर, नवरंगपुरा, अहमदाबाद: वी. केपब्लिशर्स।
13. भाटिया, एस. वी., (2014), एनवायरमेन्टल पॉल्यूशन एण्ड कन्ट्रोल इन कैमिकलप्रोसेस इन्डस्ट्रीज, जयपुर : जैन बुक एजेन्सीज।
14. भारद्धाज, मनी, अनीता, (2009), अवेयरनेस एण्ड इम्पैक्ट ऑफ एनवायरमेन्टलपॉल्यूशन ऑन द मैनेजमेन्ट ऑफ होम, गंगा सिंह यूनिवर्सिटी, बीकानेर: आर. केबुककम्पनी।
15. भुवनेश्वर, लक्ष्मीजी एवं शैलजा, बी.पी. (2007), टीचर्स विद पोजिटिवएनवायरमेन्टल एटीट्यूड केन ओन्ली डू जस्टीस टू एनवायरमेन्टल एजूकेशन, Vol-45, No-44, अक्टूबर –नवम्बर, कलकत्ता : यूनिवर्सिटी न्यूज ।
16. शर्मा, रामकरण (2016), सेवापूर्व तथा सेवारत माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों केबीच पर्यावरणीय शिक्षा के प्रति पर्यावरणीय जागरूकता, पर्यावरणीय अभिवृत्ति तथापर्यावरणीय ज्ञान का अध्ययन, त्रैमासिक पत्रिका, जनवरी–मार्च अंक, जयपुर :रिसर्च एनालिसिस।
17. बेनिवाल, संजय (2015), माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की पर्यावरण प्रमुखता परसंस्कृति एवं मूल्यों का प्रभाव, जुलाई–अक्टूबर अंक, कानपुर : शिक्षा चिन्तन।
18. मुंजाल, महेश कुमार, (2007), माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियो ं की पर्यावरण संरक्षणहेतु जागरूकता का अध्ययन, परिप्रेक्ष्य, अंक–अगस्त, नई दिल्ली : राष्ट्रीय शैक्षिकयोजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय।
19. पारीक, रमेश चन्द्र, (1995), पर्यावरण–संरक्षण एक शैक्षिक समस्या, भारतीयआधुनिक शिक्षा, अंक–अक्टूबर, नई दिल्ली : राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षणपरिषद्।
20. प्रहलाद, बी., (1991), एनवायरमेन्टल नोलेज, एनवायरमेन्टल एटीट्यूड एण्डपरसेप्शन रीगार्डिंग एनवायरमेन्टल एजूकेशन अमंग प्रि–सर्विस एण्ड इन सर्विससेकण्डरी स्कूल टीचर्स, Vol-II,नई दिल्ली : एन.सी.ई.आर.टी.।

तालिका 1 माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक-विचलन	टी-मान	डीएफ	सार्थकता स्तर
छात्र	300	36.82	2.40	3.41	598	अस्वीकृति
छात्राएँ	300	37.54	2.07			

0.05 पर सार्थकता स्तर 1.96

0-01 पर सार्थकता स्तर 2.58

तालिका 2 – माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियोंकी पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक-विचलन	टी-मान	डीएफ	सार्थकता स्तर
ग्रामीण विद्यार्थी	300	37.10	2.88	4.52	598	अस्वीकृति
शहरी विद्यार्थी	300	38.22	2.90			

0-05 पर सार्थकता स्तर 1.96

0.01पर सार्थकता स्तर 2.58



****

बुन्देलखण्ड की फाग परम्परा

धनीराम अहिरवार *

प्रस्तावना – ऋतु बसंत प्रकृति का अनुपम अद्बितीय श्रृंगार है, तभी इसे ऋतुओं की सम्राज्ञी कहा जाता है। बसंत का पदार्पण सम्पूर्ण सृष्टि को प्राणवान बना देता है। वृक्षों की पतझड़ के पश्चात् नव कोपलें आने लगती है, वृक्ष रंग–बिरंगे पुष्पों से आच्छादित हो जाते है। खेतों को देखकर ह्रदय उमंगित हो उठता है। प्रकृति, नवयौवना दृष्टिगत होने लगती है। बसंतागमन पर प्रकृति स्वागत कर रही है। इस मधुमयी ऋतु का संबंध आनन्द और उल्लास के प्रतीक कामदेव के साथ जोड़ा जाता है। परिणाम स्वरूप फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी के दिन मदनोत्सव मनाया जाने लगा अर्थात बसंतारम्भ में काम देवता के रूप में अर्चित होने लगे।

हमारा देश उत्सव प्रिय देश है। यहाँ प्रत्येक ऋतु में एक न एक उत्सव मनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। समाज के स्वास्थ्य जीवन के लिए व्यक्ति की दिनचर्या में विनोद, हास और उल्लास के लिए भी कुछ क्षण आवश्यक है। मनोविज्ञान का नियम है कि मानव की सहज प्रवृत्तियों में यदि अवरोध हुआ तो मानव मन स्वच्छ और स्वस्थ्य नही रह सकेगा। पूरे वर्ष में होने वाले उत्सवों, तीज–त्यौहारों में होली ही एक ऐसा त्यौहार है जिसमें मानव मन सहज ही उन्मुक्त हो जाता है। शिष्टाचार और मर्यादाओं का उल्लंघन भी सहजता से स्वीकारा जाता है– रंगरेजा हमारे यार चुनरिया रंगजा रे ....

फाग गीत, श्रृंगारी गीतों के परिचायक मान लिये गये है और इनका केन्द्र बिन्दु भी श्रृंगार रस ही है। किन्तु इन गीतों में ऋतु वर्णन, भक्ति भाव, इतिहास, लोकजीवन की झांकी भी प्रचुर मात्रा में है:–

नयी गोरी के बालमा रे, नई होरी के झाँक,
ऐसी होरी दागियो रे, तोरे कुल न आवे आँच।
सभार के होरी खेलो मोरे बालमा।।
आग लगी दरयाब में, धुआं ने परगट होय।
के दिल जानो आपनो, कै जे पे बीती होय।।

हमारी संस्कृति में हर तीज–त्यौहार पर गीत गाये जाने की परम्परा है, जैसे– श्रावण में सैरे, कजरी, दिवारी, पर दिवारी, होली पर फागें आदि और वे उसी पर्व के नाम से प्रसिद्ध है।

हमारे देश में कालीदास के प्रसिद्ध नाटक, शकुन्तला में हुआ जो कि बसंत ऋतु के आगमन पर होता था। चंदेल नरेश परमार देव के समय भी बसंत का वर्णन मिलता है। नारद पुराण में फाल्गुन की पूर्णिमा को होलिका पूजन होता था।

होली तो जीवन जागृति का राष्ट्रीय त्यौहार है। होली के समय हास–परिहास तथा उल्लास अपनी चरम सीमा पर पहुँचकर दसों दिशाओं में उमड़ पड़ता है। होली में सभी वर्ग, समुदाय, उम्र का कोई लिहाज नही होता, सबको अपने रंगों में रंग लेता है:

सिर बांदे मुकट खेले होरी,
सिर बांदे मुकट खेले होरी।
पैली जा होरी सतजुग में खेली,
गौरा महादेव की है जोड़ी।
सिर बांदे मुकट ....
दूजी जा होरी त्रेता में खेली,
सियाराम की है जोड़ी।
सिर बांदे मुकट ....
तीजी जा होरी द्बापर में खेली,
राधा कन्हैया की जा जोड़ी।
सिर बांदे मुकट ....

बुन्देलखण्ड में होली का पूर्व रूप कुछ इस तरह से था। फाल्गुन शुक्ल–पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक आठ दिन होलिकाष्टक कहे जाते है। इस समय हरेक घरों में गोबर की मलियॉ बनतीं है। इन्हें होलिका दहन के दिन जलाया जाता है। हुरयारे इतने दिनों तक उस स्थान पर जहॉ होली जलाई जाती है लकड़ी, कन्डे, झाड़–झंकाड़ जो कि खेतों में होते हैं, उन्हें एकत्रित करके होली में डाला जाता है। इसके पीछे शायद यही कारण रहा होगा कि खेतों में फसल कटने के पश्चात् मार्ग के कॉंटों आदि की सफाई हो जाती थी वरन् ग्रीष्म की तेज हवाओं से उड़कर कॉंटे, झाड़ आदि मार्ग में रूकावट पैदा करते है। उनकी भी सफाई हो जाती थी। होलिका दहन के स्थान पर लकड़ी–कन्डों का ढेर लग जाता है और होलिका दहन के पूर्व गॉंव या शहर के लोग उस स्थान पर एकत्रित होकर होलिका का पूजन करते है। होली के बीचों बीच एक बॉस जिसमें झण्डा लगा होता है, उसे गाढ़ा जाता है। तत्पश्चात् होली में अग्नि जला दी जाती है। होली जलते समय झण्डा जिस दिशा में गिरे, उसमें शुभ–अशुभ, वायु परीक्षा आदि की भविष्यवाणी लोग करते है।

होली की अग्नि लोग अपने–अपने घरों में लाकर उन गोबर की बनी मलियों का पूजन करके उन मलियों को उसी आग से जलाते हैं तथा उनमें गॉंकड बनाई जताती है। होलिका दहन के समय होली की अग्नि में गेंहूँ की बालें भूनी जाती है जिन्हें प्रसाद के रूप में ग्रहण करने की प्रथा है।

जब भींज गई रंग सारी, अब थर–थर कंपे दुलारी,
अब थर थर कंपे दुलारी, सब सखा हंसै दे तारी।
सब सखा हंसे दे तारी, सब मोहन पे बलिहारी,
हो बिन्द्रावन में, बिन्द्रावन में बंशी बाजी हो।

होलिका दहन के दूसरे दिन अर्थात् धुड़ेरी को उस स्थान पर लोग जाते है। ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरों में उस स्थान पर फाग मंडलियॉ फागें गाते हुए

* शोधार्थी, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

जाती हैं और होलिका की प्रदक्षिणा करके विभूति उठाकर समस्त देव स्थानों पर देवताओं को लगाई जाती है। तत्पश्चात् उसे एक-दूसरे के माथे में लगाकर आपस में गले मिलते हैं। उस दिन कीचड़, धूल, गोबर आदि एक -दूसरे पर डाला जाता था, लेकिन वर्तमान में उसका स्थान रंगों ने ले लिया है।

ग्रामों में द्वार-द्वार पर फाग मंडलियॉ जाती हैं, इनमें एक गायकों की मंडली होती है दूसरी फाग खेलने वालों की। ग्रामों तथा शहरी क्षेत्रों में स्त्रियॉं भी फाग खेलने को निकलती हैं स्त्रियॉ अपने देवरों के साथ फाग खेलती है। उनके ऊपर रंग डालती हैं, गुलाल लगातीं हैं तथा ऑखों में काजल भी लगा देती है। देवर उन्हें फगुआ के रूप में मिष्ठान, वस्त्र, द्रव्य, आदि प्रदान करते है। स्त्रियॉ भी एक-दूसरे पर रंग-गुलाल डालती हैं। फागों के प्रति शिष्ट समाज में एक भ्रान्ति है कि फागों में फूहड़पन ही रहता है। चूँकि होली के समय अश्लील फागें भी गाई जाती है, इसलिए लेकिन गहाराई से देखों तो फागों में लोक जीवन की बहूरंगी झलक और विषयगत् विविधता स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है:-

सूरज मोरे पाउने, चन्दरमा आये।
काहो डारों बैठका, चन्दरमा आये।।

फाग गीतों के साथ संगीत और नृत्य दर्शकों, श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर लेता है। संगीत तो ईश्वर प्रदत्त कला है जो कि मनुष्य के दुख-दर्द को भुलाकर उन्हें सुख-शांति प्रदान करता है। वाद्य तो मानव के चिरन्तन साथी है, कुछ विद्वान मानते हैं कि शब्द और स्वर यानि काव्य और संगीत का जन्म साथ-साथ हुआ होगा। कविता तो प्रकृति की रागनी है और ग्राम प्रकृति देवी के लीलाधाम हैं और ग्राम गीतों का उपादान कारण, मस्तिष्क नहीं हृद्य है। बुन्देलखण्ड में फागों के जितने रूप प्रचलित है उतने शायद अन्य जनपद में नहीं होंगे। इनमें प्रमुख है- सुमरनी की फाग, सखियाऊ फाग, छंदयाऊ फाग, ढपकी फाग, डिढखुरयाऊ फाग, चौकड़िया फाग, खड़ी फाग, लाल की फाग, रसिया, बारामासी फाग, लेद की फाग, झगड़े की फाग, अनरये की फाग आदि।

उदाहरण – *ऊॅचे से मठ जहां नगर तहां हर खेलत होरी।*
ये जू खेलत है, ये जू खेलत है, ये जू खेलत है,
राधो के संगे खेलत है।
कै मन केसर गार है, मै मन उडे गुलाल।
राधका खेलत है, ये जू खेलत है ....

नो मन केसर गार हैं, सौ दस मन उड़त गुलाल
राधका खेलत है, ये जू खेलत है
ये जू खेलत है, ये जू खेलत है ....

हमारे महर्षियों ने बसंत माधुरी की मधुमयता से आनन्द विभोर हो मधुमास से ही अपने वर्ष का प्रारम्भ करते हुए परमेश्वर से प्रार्थना के रूप में कहा था कि हमारे लिए वायु मधु बनकर बहे, नदियॉं मधुक्षरण करें।

औषधियॉ मधुमयी हों अर्थात् भूमि का कण-कण, आकाश, वनस्पितयॉं, सूर्य और हमारी गायें सभी मधुमय हो।

होली के साथ रंगों का भी अपना महत्व है- सूर्य-प्रकाश सात रंगों से मिलकर बना है। जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए विभिन्न तत्व आवश्यक है उसी प्रकार रंग विशेषज्ञों के अनुसार शरीर में रंगों का संतुलन नितांत आवश्यक है। प्रत्येक रंग का अपना विशेष महत्व है। रंगों के माध्यम से अनेक मनोविकार तथा शारीरिक रोगों का शमन होता है। रंगों का शरीर की सप्त धातुओं और कार्य पद्धतियों पर बहुत प्रभाव पड़ता है और यही सब सोचकर तो होली के साथ रंगों का संबंध जोड़ा गया है।

उदाहरण– *बिन्द्रावन में बंशी बाजी हो, विन्द्रावन में।*
विन्द्रावन में बंशी बाजी, फिर उतेराधका साजी,
फिर उते राधका साजी, जब मोहन भरी पिचकारी,
जब मोहन भरी पिचकारी, जब लय राधा पे डारी
जब लै राधा पै डारी, तब भींज गई रंग सारी।
हो बिन्द्रावन में बंशी बाजों हो ....

जिस प्रकार यह महोत्सव आनन्द-उल्लास, हास-परिहास, आमोद-प्रमोद और व्यंग विनोदों से उल्लसित रहता है, उसी प्रकार ये गीत भी इन भावों के तन्मयी भवन रखते हुए मानव जीवन में सरसता का संचार करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बुन्देलखण्ड के लोक दर्शन की विशिष्टतायें- डॉ. कैलाश बिहारी द्विवेदी बुन्देली बसंत 2007 पृ. 9
2. बुन्देली संस्कृति और साहित्य- डॉ. नर्मदा प्रसाद गुप्त
3. बुन्देली लोक काव्य भाग 1 - डॉ. बलभद्र तिवारी
4. बुन्देली फाग परम्परा, डॉ. ओ.पी. चौबे
5. बुन्देली का फाग साहित्य, श्याम सुन्दर बादल, म.प्र. लोककला अकादमी, आदिवासी परिषद् भोपाल

****

ग्रामीण समाज में जातीय संरचना (छीमक गॉव के विशेष संदर्भ में)

करन सिंह *

शोध सारांश - उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि भारतीय समाज का वास्तविक दर्पण ग्रामीण समाज ही है जहां विवाह परिवार नातेदारी, समुदाय इत्यादि के साथ जाति इसकी रग रग में वसी है जिसकी परम्परागत विशेषताओं में ऊँच-नीच, छूआछूत अन्तजातिय विवाह प्रतिबन्ध, से सामाजिक स्तरीकरण को बढ़ावा मिला और समाज में कुछ जातियां ऊँची तो कुछ नीची समझी जाने लगी लेकिन समय के बदलाव के साथ शिक्षा, जागरूगताके बढ़ने तथा संविधान व कानून के राज से इन सामाजिक बुराइयों पर लगाम लगने लगी। विभिन्न समाजशास्त्रियं, विचारकों की मेहनत व संघर्ष से इन सामाजिक निषेधों, नियोग्यताओं में शिथिलता आने लगी और आगे चलकर एस.सी. दुबे. एम.एन. श्रीनिवास जैसे समाजशास्त्रियों के ग्रामीण अध्ययन से ग्रामीण जातीय संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आई जिसमें प्रभूजाति की अवधारणा भी उजागर हुई। इन्ही के प्रयासों से ग्रामीण जातिय संरचना में संस्कृतिकरण, पश्चिमीकरण, आधुनिकरण व वैश्वीकरण ने आमूलचूल परिवर्तन ला दिया। आज समाज में निम्न समझी, जाने वाली जातियां अच्छी जीवन शैली अपनाकर तथा अन्तर्जातीय विवाह प्रचलन से सामाजिक सद्भाव बढ रहा है तथा प्रभुजाति की अवधारणा में परिवर्तन आ रहा है।

शब्द कुंजी - सामाजिक स्तरीकरण, निर्योग्यताऐं,वैश्विकरण, आधुनिकीकरण, अस्पृश्यता, पश्चिमीकरण, संस्कृतीकरण, प्रभुजाति।

प्रस्तावना - 'भारतीय समाज ग्राम प्रधान समाज है जो अधिकांशत कृषि मजदूरी, पशुपालन पर निर्भर रहा है। प्राय: यह विश्वास किया जाता है कि प्रारम्भ में चार वर्ण अर्थात् ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र थे जिन में आगे चलकर परम्परागत व्यवसाय, रीति रिवाज, चाल-चलन, वैवाहिक सबंध कठोर होते गए और ये चारो वर्ण समय के साथ जाति-उपजातियों में परिवर्तित होने गए। इन जातियों-उपजातियों में वैवाहिक व खान-पान सबंध निषिद्ध होते गए। इस प्रकार यह एक प्रकार का सामाजिक स्तरीकरण था जिसने सम्पूर्ण समाज को विखण्डित किया तथा एक जाति को दूसरी जाति से प्रथक कर सम्पूर्ण सामाजिक संरचना ऊंच-नीच में परिवर्तित कर दी। और इसका कठोर रूप भारतीय ग्रामीण समाज में प्रमुख रूप से रहा है। जो आज भी ग्रामीण समाज में कही-कही देखने को मिलता है।' वर्तमान वैश्वीकरण के दौर में ग्रामीण समाज में जातीय संरचना का स्वरूप और मौलिक आधार बदल रहा है जिससे ग्रामीण जातीय संरचना परिवर्तित हो रही है। आज व्यक्ति केवल जाति तक सीमित नहीं रहा है बल्कि उसका पद,व्यवसाय और कर्त्ताव्यो का निर्धारण अब जाति पर न होकर व्यक्तिगत योग्यता पर आधारित हो गया है। यह मेरे द्वारा जिला-ग्वालियर की डबरा तहसील के छीमक गांव की सामाजिक व्यवस्था पर किये जा रहे अध्ययन से भी ज्ञात होता है, कि वहां पर किसी की जाति-उपजाति का व्यक्ति पैतृक पैशा न अपनाकर योग्यतानुसार अपने पैशे, व्यवसाय का निर्धारण कर रहे है। पहले इस गांव की अधिकांश जातियां अपने व्यवसाय व कृषि मजदुरी में संलग्न थी किन्त आज परिवर्तन के दौर में यहां के लोग दुकानदारी, नौकरी, कम्पनी में कार्यरत है। जिनमें एक साथ कई जाति- उपजाति के लोग कार्य कर रहें है। ग्रामीण समाज की जातीय संरचना में हो रहे परिवर्तनो को हम निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट कर सकते है-

- 'ग्रामीण समाज ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतीय समाज जाति व्यवस्था द्वारा समाज का (खण्डात्मक) विभाजन प्रस्तुत करती है इसी के आधार पर यह देश विभिन्न समूहों - उप समूहो में ऊँच- नीच के आधार पर बटा रहा है किन्तु आज भूमण्डलिकरण के दौर में जाति व्यवस्था की यह विशेषता कहीं पूर्णत: तो कहीं आंशिक रूप से परिवर्तित हो गई है। आज व्यक्ति कार्य का निर्धारण जाति के आधार पर न करके, अपनी योग्यता, क्षमता के आधार पर, पद व्यवसाय और कर्त्ताव्य का निर्धारण करता है। ग्रामीण समाज भी इससे अछूता नहीं रहा है आज गांवो में भी लोग जातिय बंधनों को त्यागकर अन्तर्जातिय सबंधों को बढ़ावा दे रहे है तथा विभिन्न जातियों के मध्य विद्यमान रहे कई निषिद्धों में शिथिलता देखने को मिल रही है।'
- 'सम्पूर्ण जातीय संरचना के ऐतिहासिक अध्ययनसे यह ज्ञात होता है कि ग्रामीण जातिय संरचना में ब्राहाणों का प्रभुत्व व ऊँचा स्थान रहा है समाज की सत्ताा इन्ही के हाथों में रही है जिसके परिणामस्वरूप इनका समाज के राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में सदा ही एकाधिकार रहा है परन्तु आज हम देखते है कि समाज के सभी वर्ग, जातियों के सदस्य शिक्षित-जागरूक हो रहे है तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग है गांवों में भी देखने में आया है कि अब शिक्षित-जागरूक परिवारों के लोग बाम्हाणों को कम ही बुलाते है तथा अधिकांशत: धार्मिक कार्य पूजा-अर्चना नामकरण व अन्य संस्कार बांम्हाणों से न कराकर स्वंय ही करने लगे है।'
- 'जातिय संरचना समाज को ऊँच-नीच के आधार पर असमान खण्डों में बोंटती है और इसका कठोर रूप आज भी हमें ग्रामीण समाज में कई जगह देखने को मिलता है जिसमें किसी जगह ब्राम्हणों को तो कहीं क्षत्रिए जाति को समाज में धन, बल व प्रतिष्ठा के आधार पर ऊँचा स्थान प्राप्त है वहीं हम देखते है कि अन्य जातियों को समाज मे निम्न स्थान प्राप्त है और यह स्थिती समानता की विरोधी है। परन्तु आज हम पाते है कि स्तरीकरण की धारणा में भी परिवर्तन हुआ है, चाहे वह ग्रामीण समाज में ही क्यों न हो। आज अनेक जातियों उपजातियों अपने-अपने समूहों को सामाजिक संस्तरण में ऊँजा उठाने व बताने का प्रयास कर रहीं है।' और इस प्रक्रिया को एम.एन. श्रीनिवास

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) शासकीय एम0एल0बी0 उत्क्रष्ट महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

ने अपने '**रामपुरा गांव**' के अध्ययन में भी स्पष्ट किया है,जिसे इन्होंने संस्कृतिकरण की प्रक्रिया माना है 'जिसमें कोई निम्न हिन्दू जाति, समूह उच्चजाति की जीवनशैली अपनाने लगती है ताकि सामाजिक संस्तरण में उच्च स्थान प्राप्त हो सके।'[1]

- 'ग्रामीण जातीय संरचना में सबसे निम्न स्थिति अछूत समझी जाने वाली जातियों को दी गई। इन्हे अत्यन्त नीचा समझा जाता था तथा उन पर कई प्रकार के निषेध व निर्योग्यताऐं लगा दी गई व उच्च समझी जाने वाली जातियों इन्हें हेय दृष्टि से देखती थी तथा समाज में छुआछूत नामक सामाजिक बुराई से निम्न जातियों को अपमान सहन करना पड़ता था तथा उच्च जाति के लोग धार्मिक कार्यो में इन्हें सामिल नहीं करते थे एवं कई गांवो में सार्वजनिक मंदिर कुँआ आदि के उपयोग से इन्हें दूर रखा गया तथा खान-पान के संबध भी इनसे नहीं बनाए जाते थे। परंन्तु आज संवैधानिक प्रावधानों, अस्पृश्यता निवारण कानून इत्यादि से उनकी सामाजिक स्थिति में भी परिवर्तन हो रहा है अब वे समाज में समानता के साथ सर उठाकर जीने लगे है। तथा सामाजिक आर्थिक व धार्मिक क्षेत्र में भी उनके अधिकार सवर्णो के विपरीत है इस दृष्टि से भी ग्रामीण जातीय संरचना में परिवर्तन देखने को मिलता है। परम्परागत जातीय संरचना में अपने जाति विशेष के सदस्यों पर दूसरी जाति से भोजना व सामाजिक सहवास जैस सम्बयों पर विशेष प्रतिबध थे एक जाति के सदस्य दूसरी जाति मे विवाह व खान- पान सबंध स्थापित नहीं कर सकते थे। यदि ग्रामीण स्तर पर किसी सदस्य द्वारा ऐसा किया भी जाता था तो उस परिवार का, उसकी जाति के लोग बहिष्कार कर देते थे परन्तु आज इस स्थिति में काफी सुधार देखने को मिल रहा है तथा पूर्व से चले आ रहे निषेध व नियोग्यताऐं कमजोर पड़ती जा रही है। यही कारण है कि आज अन्तर्जातीय विवाह बढ़ते जा रहें तथा यह स्थिति कई गांवो में भी देखने को मिल रही है आज गांवो में भी शिक्षा, जागरूकता व अच्छी जीवन शैली के प्रभाव से विभिन्न जातियों के बीच खान-पान व अन्य सबंध स्थापित होने लगे है।'

'आज सभी जातियां हर दृष्टि से समान अधिकारों की मांग करने लगी है इस प्रकार आज जातीय संस्तरण की जो व्यवस्था पहले थी वह आज परिवर्तित होती नजर आ रही है। इसमें सर्वाधिक परिर्वतन अछूतों की स्थिति में हुआ, पहले इन्हें समाज में सभी के समान बैठने की अनुमति नहीं थी जो आज समानता का जीवन जी रहे है तथा इसका प्रभाव सभी जातियों और उपजातियों पर पड़ा है। आज हम देखते है कि शहर ही नहीं अपितु गांव में भी पश्चिमीकरण अपनी जड़े जमाने में लगा हुआ है पहले ग्रामीण लोग स्वदेशी/ खादी पायजामा कुर्ता, धोती व साधारण पेन्ट-सर्ट का उपयोग पुरूष करते थे वहीं महिलाओं में सलवार कुर्ता, साड़ी-ब्लाज पेटीकोट व देशी आभूषणों का प्रचलन था जैसा की छीमक गांव के उत्तारदाताओं से प्राप्त जानकारी से पता चलता है लेकिन आज पश्चिमीकरण के प्रभाव से पश्चिम के देशों का पहनावा, वैशभूषा, आभूशण जिनमें जीन्स-टीसर्ट, कैप्री, टॉप प्रमुख है, का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। यह बदलाव शहर की ही नही अपितु गांव की सभी जातियों की जीवन शैली में देखा जा सकता है अर्थात-'भारतीय समाज पश्चिमी सभ्यता का अनुशरण करता जा रहा है।'[2] इस प्रक्रिया को एम.एन. श्रीनिवास ने पश्चिमीकरण नाम दिया है।

ग्रामीण जातीय संरचना में हो रहें सम्पूर्ण परिवर्तन सामाजिक परिवर्तवन को बढ़ावा देते है तथा जातीय परिवर्तन सामाजिक परिवर्तन का आधारभूत हिस्सा है हालाकि सामाजिक परिवर्तन एक व्यापक अवधारणा है। जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक इत्यादि सभी पक्षों को समाहित किया जाता है। जैसाकि-गिलिन व गिलिन के अनुसारः- 'सामाजिक परिवर्तनों को जीवन की स्वीकृत रीतियों से विभिन्नता के रूप में परिभाषित किया है भले ही यह परिवर्तन भौगोलिक दशाओं, सांस्कृति साज सज्जा जनसंख्या अथवा वैचारिकी की बनावट में अदल-बदल कारण घटितहो और चाहे समूह के अन्तर्गत किसी विस्तृति या अनुसंधान के कारण।'[3]

मैकाइवरएवं पेज- 'सामाजिक सम्बन्धों में होने वाले परिवर्तनों को ही हम सामाजिक परिवर्तन मानेगे। इस प्रकार सामाजिक परिवर्तन सांस्कृतिक अथवा सभ्यवागत परिवर्तन से एक पृथक वस्तु है।'[4]

- एच.एम.जॉनसन- 'मूल अर्थो में सामाजिक परिवर्तन का अर्थ संरचनात्म परिवर्तन है।[5]

ऊपर दी गई परिभाषाओं से स्पष्ट होता कि परिवर्तन एक व्यापक प्रक्रिया है इसमें जातीय संरचना के साथ-साथ समाज की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व धार्मिक संरचना व सम्बन्धों में हो रहे परिवर्तन भी शामिल है यह परिवर्तन स्वंय प्रकृति के द्वारा या मानव समाज द्वारा योजनाबद्ध रूप में हो सकता। यह किसी न किसी रूप मे हमेशा चलने वाली प्रक्रिया है चुंकि ग्रामीण समाज की बात की जाए तो यहां जातीय संरचना एक प्रमुख विशेषता है जो सम्पूर्ण ग्रामीण समाज को किसी न किसी रूप में प्रभावित करती है तथा ग्रामीण स्तर पर जातीय संरचना को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में आसानी से समझा व अनुभव किया जा सकता है आज भी हमें समाचार पत्रों, टीवी, रेडियों व अन्य दूर संचार के साधनों से पता चलता है कि कहीं छूआछूत अश्पृश्यता की घटना हो रही है तो कहीं जातिगत भेदभाव व सामाजिक निर्योग्यताओं का पालन करने से विवाद आदि हमें देखने को मिलते है जो कहीं न कही ग्रामीण जातीय संरचना की परम्परागत स्थिति को दर्शाती है तथा ऐसे विषयों पर कई मित्रों में विवाद होते रहते है जिन पर न्यायलय भी समय-समय पर संज्ञान लेता रहा है। तथा इन विवादों में कई बार गांव की प्रभूजाति का प्रभाव जिम्मेदार रहा है।

प्रभुजाति की स्थिति- 'प्रभुजाति से तात्पर्य किसी गांव की ऐसी जाती से जो पूरे गांव में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लेती है और यह प्रभुत्व आर्थित सम्पन्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा, जाति के लोगो की संख्या, भूस्वामित्व, राजनैतिक प्रभाव व अन्य कारकों से प्राप्त होता है तथा वह जाति गांव की अन्य सभी जाति, धर्म के लोगो को अपने अधीन रखने की क्षमता रखती हो।' अर्थात किसी गांव की वह जाति जो गांव के अन्य सभी ग्रामवासियों पर अपनी सत्ता प्रभुत्व थोपती हो तथा अपने अनुसार गांव की व्यवस्था संचालित करती हो तथा गांव के सार्वजनिक मुदो पर वही अन्तिम निर्णय लेती है तथा प्रभूजाति के सदस्य पूरे गांव में वर्चस्व बनाए रखते हो, प्रभूजाति कहलाती है। ग्रामीण जातीय संरचना में प्रभुजाति सर्वोच्च स्थान पर होती है और यह जरूरी नहीं कि किसी गांव की प्रभुजाति ब्राम्हण या क्षत्रिय ही हो, यदि अन्य जाति भी किसी गांव में जनसंख्या, भूभाग, आर्थिक सम्पन्नता से युक्त है तो वह भी प्रभुजाति का स्थान प्राप्त कर सकती है। जैसाकि एम.एन. श्रीनिवास द्वारा यरामपुरा गांव के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि रामपुरा गांव में ओक्कालिंगा जाति एक प्रभुजाति के रूप में विधमान की क्योंकि उस गांव में इनकी जनसंख्या व भूस्वामित्व भी अधिक था। श्रीनिवास के अनुसार 'रामपुरा गांव में ओक्कालिंगा जाति ही शक्तिशाली व सर्वोच्च थी तथा गांव की सम्पूर्ण व्यवस्था पर इस जाति का आधिपत्य था।'[6]

प्रभुजाति ग्रामीण समाज की महत्वपूर्ण विशेषता रही है देश के प्रत्येक गांव में कोई न कोई जाति इस रूप में विधमान थी किन्तु आज

आधुनिकीकरण, संविधान व कानून के शासन से इस व्यवस्था में बदलाव देखा का सकता है आज गांव का गरीब, पिछड़ा, आदिवासी कोई भी हो, सभी को समान न्याय का अधिकार है तथा कानून की नजर में सभी समान है तथा कानून के प्रभाव से ग्रामीण जातीय संरचना से प्रभु जाति का प्रभुत्व समाप्त होता जा रहा है भले ही किसी गांव में किसी जाति विशेष की अधिक संख्या भुस्वामित्व, आर्थिक सम्पन्नता से युक्त क्यों न हो लेकिन वह गांव की अन्य जातियों को विवश, अधीन नहीं कर सकती हॉलाकि अभी भी कई गांव इसके अपवाद हो सकते है।

अतः स्पष्टतः कहा जा समता है आज ग्रामीण जातीय संरचना में हो रहें व्यापक परिवर्तन से सम्पूर्ण सामाजिक संरचना परिवर्तन के दौर से गुजर रही है तथा कई सामाजिक बुराईयां विलुप्त होती जा रही है जो गांधी जी के 'रामराज्य' की संकल्पना के अनुरूप ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कास्ट इन मोडर्न इण्डिया एण्ड अदर एर्सेज: एम. एन श्रीनिवास पृष्ठ 48 (मीडिया प्रमोटर्स) एवं पब्लिसर्स प्रा.लि., बाम्बे, प्रथम प्रकाशन 1962 11वी प्रकाशन 1994)
2. सैलेन देखनाथ :- धर्मनिरपेक्षता: 'पश्चिमी और भारतीय' अटलांटिक पब्लिशर्स, नई दिल्ली
3. डॉ जीआर मदान:- 'परिवर्तन एवं विकास का समाजशास्त्र' पृष्ठ 2, विवके प्रकाशन, दिल्ली 2015
4. उपर्युक्त -पृष्ठ 1 विवेक प्रकाशन, दिल्ली
5. उपर्युक्त- पृष्ठ2 विवेक प्रकाशन, दिल्ली
6. पेलाक डॉ0 एफ0 : जातियों का संचरण यमानव 1985

****

शैक्षणिक वातावरण, सामाजिक और राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन

डॉ. मनोरमा सिंह *

शोध सारांश – किसी भी देश की मजबूत कड़ी शिक्षा है। यदि शिक्षा का राजनीतिकरण कर दिया जाय। तो वहाँ समाज अपने आप खण्डहर होकर ढ़ह जाता है। आजादी से लेकर आज तक शिक्षा की अनेकों योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ है फिर भी शिक्षा मानव से कोशो दूर होती जा रही है। सत्तावादी राजनेताओं ने अपने पेट को भरने के लिए शिक्षा की मजबूत कड़ी को तोड़ कर रख दिया है। यहाँ तक ग्रामीण आँचलों में शिक्षा के स्तर में बहुत ही गिरावट आ रही हैं। इसका मूल कारण राजनैतिक सत्तावादी अहंकार पूर्ण कृत्य कहा जा सकता है। आज भी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक अपने उत्तरदायित्वों का निवर्हन न करते हुए राजनेताओं के इर्द-गिर्द चापलूसी करते हुए दिखाई देते हैं। क्या यही शिक्षा की असली नीव है? हमें लगता हैं कि शिक्षा व्यवस्था में चाहे स्कूल शिक्षा व्यवस्था हो या उच्चशिक्षा व्यवस्था हो, इनके कार्य क्षेत्र में राजनेताओं के हस्ताक्षेप से स्वतंत्र होने पर शिक्षा की नीव अधिक मजबूत होगी। इसका उत्तरदायित्व न्यायपालिका के नियंत्रण में होने से योग्यता पूर्ण व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा।

शोध प्रविधि – शैक्षणिक वातावरण, सामाजिक और राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन में द्वितीयक शोध सामाग्री के द्वारा शोध पत्र में तथ्यों को समाहित किया गया है। इसके हेतु सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक पुस्तकों को समाहित करके अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ धार्मिक ग्रन्थों, पत्र पत्रिकाओं आदि से सन्दर्भ ग्रन्थ को समाहित किया गया है। शिक्षा व्यवस्था में आज भी हो रहे राजनैतिक परिवर्तन क्यों सही मार्ग दिखा पायेगें। इसकी कुछ समस्याओं हेतु इस शोध पत्र का लेखन किया गया है। इस शोध पत्र के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त शिक्षा व्यवस्था की समस्याओं को प्रकाश में लाने का प्रयास है।

शोध के उद्देश्य :

1. मानव जीवन के विकास का माध्यम शिक्षा व्यवस्था है फिर भी क्या सही दिशा का संचालन हो पा रहा है। इसका अध्ययन करना।
2. सामाजिक जन जीवन को शिक्षा से होने वाले लाभ का अध्ययन करना।
3. भारतीय सामाजिक व्यवस्था में शिक्षा के द्वारा होने वाले प्रोत्सहन का अध्ययन करना।
4. मानव जीवन के शिक्षा और मूल्य अध्ययन वास्तव में एक आधार शिला के रूप में होने वाले वैचारिक विमर्श का असर भारतीय समाज पर पड़ रहा या नहीं इसका अध्ययन करना।
5. ग्रामीण जीवन शिक्षा के मायने पर जागरूक हुआ है कि नहीं इसका अध्ययन करना।

समस्या :

1. प्राइमरी स्कूलों में होने वाली सरकारी स्कूलों की शिक्षा से बालकों के बौद्धिक स्तर बहुत कमजोर हो रहें हैं।
2. नैतिक शिक्षा के अभाव में संस्कार का सृजन नहीं हो पा रहा है।
3. मानवीय मूल्यों और समाज का शिक्षा में कुप्रभाव पड़ रहा है। इससे सामाजिक पिछड़ा पन अभी भी दिखाई दे रहा है।
4. समाज और राजनीतिक हथकण्डों के द्वारा स्कूल की व्यवस्था में कोई आशा जनक सुधार नहीं दिखाई देता है।
5. शिक्षा व्यवस्था के ग्रामीण ईलाकों में उसी परिक्षेत्र का शिक्षक होने से शिक्षक समय पर स्कूलों में नहीं पहुँच पाते हैं। इससे बालकों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

यदि वह व्यक्ति अपने उत्तारदायित्वों का निर्वहन नहीं करता। उसे दण्ड न्याय पालिका देने के लिए तात्पर्य होगी। ऐसी स्थिति में राजनेताओं का कोई हस्ताक्षेप नहीं होने से शैक्षिक कार्यो की प्रवृत्तियाँ सुचारू रूप से संचालित होगी। यदि बहुत योग्य और विद्वान व्यक्ति शिक्षा की मजबूत कड़ी के लिए पूर्णरूप से समर्पित होकर कार्य करता है। उन्हें दूसरें लोगों और चमचों की बाते अच्छी नहीं लगती है। उसके बाद नेताओं से तबादले करने की धमिकियाँ देते हैं। ऐसी स्थिति में अनेक अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारी डर से शिक्षा के पूर्ण उत्तारदायित्व को निर्वहन नहीं कर पाते हैं। समाज में वंचित वर्ग जो सुख सुविधाओं के अभाव में अधिक कष्ट पूर्ण जीवन जीते हैं। उनके लिए उपयुक्त रूप से आर्थिक विसमताओं के कारण या तो प्रवेश नहीं ले पाते या उन्हें आयु के वंधनों की अधिकता से वंचित होना पड़ता है। यहाँ तक व्यवसायिक पाठक्रमों में प्रवेश लेना बहुत मुश्किल होता है। इन पाठ्क्रमों की फीस अत्यधिक होने के कारण जमीनी गरीब और मजदूर व्यक्ति प्रवेश नहीं ले पता है। यह स्थिति आज भी ग्रामीण पिछड़े हुए बाहुल्य में दिखाई देती है। आज व्यक्ति को शिक्षा पूर्ण होने के बाद जीवन में शारीरिक श्रम के लिए बाध्य हो जाता है। यह श्रम मानव अयोग्यता के दायरे में अपराध साबित होती है। यहाँ अधिक से अधिक लोक आज कारखानों की ओर पलायन कर रहे हैं। कुछ तो कृषि कार्य में अपने जीवन को व्यतीत करने लगे हैं। आज की शिक्षा प्रतियोगितावादी है। उस प्रतियोगितावादी शिक्षा के लिए समाज में उपभोक्ता जैसा व्यवहार होता जा रहा है। हम वेतन आपकी योग्यता के अनुसार नहीं बल्कि आपने अनुसार दूँगा और काम भी अपनी मर्जी के अनुसार लूगा। चाहे कारखाना हो, चाहे ठेकेदार द्वारा करायी जाने वाली मजदूरी हो सभी में राजनेताओं का हस्ताक्षेप होने से जितनी मेहनत उतना वेतन का सबाल ही नहीं उठता है। ऐसी स्थिति में सामाजिक वातावरण शिक्षा की ओर कैसे उन्मुख होगा। आज एक कान्वेन्ट की फीस पाँच हजार से दस

* इतिहास विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

हजार रूपये महीने होती है। एक मजदूर को दो सौ और तीन सौ रूपये मजदूरी मिलती है। बताई उसकी बेहतर शिक्षा कैसे हो सकती है। सरकारी तंत्र में पढ़ाई का नाम और अस्तित्व ही समाप्त होता जा रहा है। पूँजीपति कान्वेन्ट की ओर अपने बच्चों को पलायन कर रहे हैं। इस स्थिति में गरीबों का क्या होगा महोदय यह एक विचारणीय प्रश्न है? शिक्षा द्वारा ही समाज को आगे अग्रसर किया जा सकता है। यह व्यवहार, मानवीय मूल्य, सदाचार, रोजगारमुखी, राष्ट्र हित का माध्यम अगर कोई है, वह शिक्षा व्यवस्था है। आज भी विद्यालयों में पुस्तकालय का नाम है किन्तु पुस्तके नहीं, लैव का नाम है लेकिन लैव नहीं। ऐसी विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राजनेताओं के दम पर आने वाले प्रशासक असीमित मूल्यों की पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त पुस्तकों की खरीददारी से पुस्तकालय तो भरा हैं किन्तु उपयोगी पाठ्यसामाग्री नहीं होने पर विद्यार्थी की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो रहीं है। यहाँ तक आज मौलिकता, साहित्य, के समीक्षात्मक दृष्टिकोण, नये आयाम को प्रस्तुत करने के लिए व्यवस्थित पुस्तकों का संकट राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों में अत्यधिक मात्रा है जबकि केन्दीय विश्वविद्यालयों की पुस्तकालयों में कहीं पुस्तकों व्यवस्थाओं की सुविधाएँ हैं। उनके आधार पर यदि हम राज्यस्तरीय पुस्तकालयों और विद्यार्थियों का तुलना करते हैं। वहाँ स्वाभाविक है कि जहाँ समुचित सुविधाओं से पूर्ण विद्यार्थी का मनोविकास कहीं अधिक प्रभावी होगा। यदि इस शोध पत्र के माध्यम से राज्यस्तरीय विद्यालयों और विश्वविद्यालयों की व्यवस्था को मजबूत किया जाय। उस दिन वास्तव में शिक्षा की सफलता की कड़ी में यह राष्ट्र सर्वोच्च शक्तिशाली होगा।

निष्कर्ष – यदि हम दर्शन के बहुआयामी दृष्टिकोणों की बात करते हैं वहाँ ज्ञान परम्पराओं का विकास शिक्षा के सहीं मायने प्रस्तुत करने में हैं। यहीं इस शोध पत्र का उद्देश्य है। आप तक हम इन समस्याओं को पहुँचाना सौभग्य समझता हूँ, क्योंकि शिक्षा की मजबूत कड़ी राष्ट्र निर्माता शिक्षक होते हैं। उन्हीं के हाथों में आज की बच्चों और युवाओं का भविष्य निर्धारित करता है। इन विद्यार्थियों के भविष्य बनने से उन बुजुर्गों का भविष्य सुनिश्चित होता है। उन्हें सुख शान्ति और स्मृद्धि का स्वप्न साकार होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. श्रीमती कृष्णकान्ता एम.ए., नैतिक शिक्षा, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम सं. 1979, पृष्ठ 15
2. श्यामाचरण दुबे, शिक्षा और समाज, सातवाहन पब्लिकेशन्स, नयी दिल्ली, सं. 1983, पृष्ठ 31
3. रघुवीर सिंह, *बदलते जीवन मूल्य और बौद्ध धर्म,* अतिश प्रकाशन, दिल्ली, 2001, पृष्ठ 10
4. राहुल सांकृत्यायन, *पालि साहित्य का इतिहास,* उत्तार प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2011, पृष्ठ 105
5. वेद प्रकाश सोनी, *भगवान बुद्ध : जीवन–दर्शन,* ए.के. इण्टरप्राइजेज, दिल्ली, 2009, पृष्ठ 45

****

भारत में मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं की स्थिति: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

शुभम ओझा * डॉ. बी. एल. जोशी **

प्रस्तावना – पुरूष सत्तात्मक समाज ने स्त्री के साथ अन्याय करने में कोई कमी नही छोड़ी है, इसने उसे सिर्फ भोग की वस्तु मात्र बनाकर ही हानि नही पहुँचायी अपितु उसका इस तरह शोषण किया है, कि अबला, कमजोर और बेसहारा कहकर उसकी वास्तविक शक्ति से उसे परिचित ही नही होने दिया। इस सबके पीछे पुरूषों का यह रूप स्पष्ट दिखाई देता है, कि यदि स्त्री अपनी वास्तविक शक्ति से परिचित हो गई तो वह उसकी ताड़नाओं और शोषण की शिकार मात्र बनकर न रह सकेगी। इन्ही धारणाओं के कारण वह प्रताड़ित और परित्यक्त होती रही है। चाहे गौतम का इन्द्र द्धारा छली गयी अपनी निरपराध पत्नी को शिला बना देने का प्रसंग हो या गांधारी का अभिशप्त अन्ध वैवाहिक जीवन अथवा शकुन्तला का निर्वासन हो या राम द्धारा अपनी पत्नी सीता का परित्याग। युग बदल गया जीवन और परिस्थितियाँ बदल गयी किन्तु अब भी बार-बार महिला को अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है।[1] अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कारणों से भारतीय समाज में अधिकांश महिलाओं की प्रस्थिति वर्तमान समय में भी कमजोर वर्ग की बनी हुई है। इक्कीसवी सदी में महिलाओं के शिक्षित व जागरूक होने के कारण जब वह अपने अधिकारों की माँग व प्रयोग करती है, जिसे अधिसंख्य पुरूष समाज किसी भी प्रकार पचाने में समर्थ नही है, इसी के परिणामस्वरूप महिला को या तो तलाकशुदा जीवन-यापन करना पड़ता है या परित्यक्ता का जीवन जीने को विवश होना पड़ता है और फिर इसी समाज द्धारा इन तलाकशुदा महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। जिसका इनके संवेगात्मक पक्ष पर अत्यधिक गहरा प्रभाव पड़ता है। इसके उपरान्त भी जीवन भर उस महिला को अपने अस्तित्व व जीविका हेतु संघर्ष करना पड़ता है।

तलाक (विवाह-विच्छेद) – सामाजिक एवं कानूनी रूप से पति-पत्नी के विवाह सम्बन्धों की समाप्ति ही तलाक कहलाता है। तलाक पति-पत्नी के वैवाहिक एवं पारिवारिक जीवन में असामंजस्य एवं असफलता का सूचक है। इसका तात्पर्य यह है, कि जिन उद्देश्यों को लेकर विवाह किया गया वे पूर्ण नही हुये हैं। यह एक दु:खद घटना है, विश्वास की समाप्ति है, प्रतिज्ञा एवं मोहभंग की स्थिति है। इसमें एक साथी दूसरे का मूल्यांकन कर लेता है, और जिसे रद्द कर दिया जाता है, वह अपने आपको अपमानित एवं कुचला हुआ महसूस करता है। उसके आत्माभिमान को चोट पहुँचती है। **मिशेल (1970)** के अनुसार तलाक वह प्रक्रिया है, जिसमें पति-पत्नी विवाह संस्था द्धारा विधिपूर्वक अलग होकर एकाकी स्तर को प्राप्त कर लेते है और भावी समय में पुर्नविवाह के लिये स्वतन्त्र हो जाते हैं।[2]

मुसलमानों में तलाक – मुसलमानों में तलाक के अधिकार का उपयोग जब पुरूष करता है तब तलाक पाने के लिये पति को कोई कारण बताने की भी आवश्यकता नही है। इसके विपरीत महिला परम्परागत मुस्लिम नियमों के अनुसार भी विवाह-विच्छेद नही करा सकती, जब तक कि उसका पति इसके लिये तैयार न हो। इस्लाम में महिला को भी विवाह-विच्छेद करने का पुरूष के समान अधिकार है। किन्तु यह व्यवहार में लागू नही है। जिन दशाओं में महिला तलाक की माँग करती है, उनमें भी विवाह-विच्छेद का स्त्रोत परम्परागत नियमों के अनुसार पति ही होता है। उदाहरण के लिये खुला नामक विवाह-विच्छेद के ढ़ग में महिला मेहर के धन को लौटाकर तलाक की माँग तो कर सकती है, किन्तु यह तलाक पूरा तभी होगा, जब पति इसके लिये तैयार हो। पति की अनुमति मिलने पर महिला पति द्धारा दि गयी मेहर रकम वापस लौटाकर ही तलाक ले सकती है।[3]

मुस्लिम तलाक कानून के अनुसार पति अपनी पत्नी को जब चाहे छोड़ सकता है। उसके लिये इतना ही पर्याप्त है, कि वह पत्नी से चार माह तक सहवास न करे। मुसलमानों मे तलाक न्यायालय एवं बिना न्यायालय की सहायता से तथा लिखित और मौखिक दोनों तरीको से हो सकता है।[4]

जहाँ तक मुस्लिम महिलाओं में तलाक का प्रश्न है, तो सन् 1939 से पूर्व मुस्लिम महिलाओं की स्थिति तलाक के मामले मे बहुत खराब थी। तलाक देना पुरूष का एक निरंकुश अधिकार था, वह जब चाहे अपनी पत्नी को तीन शब्दों का उच्चारण कर तलाक दे सकता था। इतना ही नही एक मुस्लिम पुरूष तलाक के पश्चात् केवल इद्दत की अवधि तक ही पत्नी को भरण-पोषण का खर्चा देने के लिये बाध्य है। इस स्थिति ने महिला की स्थिति को और ज्यादा विकृत बना दिया और पति के लिये पत्नी को तलाक देना आसानी से एक आम बात बन गई। **सन् 1939** से पूर्व पत्नी केवल पारस्परिक सहमति के आधार पर मुबारत तलाक ले सकती थी। जिसमें भी उसे अपनी मेहर की पूरी रकम का त्याग करना पड़ता था। इसके अलावा पति की सहमति से ही ऐसा तलाक सम्भव था। इसके अतिरिक्त इला अर्थात आत्मसंयम की प्रतिज्ञा, जिहार एवं लियान अर्थात् पर-पुरूषगमन के झूठे आरोप के आधार पर तलाक ले सकती थी, किन्तु इसे सिद्ध करना बहुत जटिल कार्य था, तथा इसके लिये न्यायालय की डिग्री प्राप्त करना आवश्यक था, अर्थात् पति-पत्नी के बीच मे तलाक के मामले में स्थिति बराबर नही थी। पहली बार **सन 1939 के मुस्लिम विवाह-विच्छेद कानून** के अनुसार पत्नी को भी तलाक देने सम्बन्धी कुछ अधिकार प्रदान करायें गये। जिसके द्धारा वर्तमान में एक मुस्लिम पत्नी भी विवाह-विच्छेद करा सकती है। विवाह-विच्छेद निम्नलिखित में किसी एक या एक से अधिक आधारों पर हो सकता है :-

1. पति के बारे में चार वर्ष से कुछ भी पता न हो।

*शोधथीर्, समाजशास्त्र अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (सेवानिवृत) शासकीय महाविद्यालय, कालापीपल, शाजापुर (म.प्र.) भारत

2. यदि पति अपनी इच्छा से, अथवा असमर्थता से दो वर्ष तक पत्नी का भरण-पोषण न कर सका है।
3. यदि पति को सात वर्ष या उससे अधिक समय के लिए कैद की सजा हो गई हो।
4. यदि बिना किसी पर्याप्त कारण के पति ने तीन वर्ष से अपने दाम्पत्य कर्तव्यों को पूरा न किया हो।
5. यदि पति विवाह के समय से ही नपुंसक हो।
6. यदि पति दो वर्ष से पागल हो अथवा वह कोढ़ या असाध्य यौन रोग से ग्रस्त हो।
7. 18 वर्ष की आयु से पूर्व बचपन में किये हुये विवाह का विच्छेद बालिग हो जाने के बाद करवाया जा सकता है, यदि वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित न हुये हो।
8. पति की क्रूरता (क्रूरता का तात्पर्य कानून में स्पष्ट किया गया है)।
9. किसी अन्य आधार पर जिसे मुस्लिम कानून स्वीकार करता है।

जहाँ तक पति-पत्नी के बीच पुर्नविवाह का प्रश्न है, तो मुस्लिम विधि इतनी सरल नही है, जितनी कि हिन्दु विधि। क्योंकि हिन्दु विधि में **धारा 15** के अन्तर्गत आसानी से पुर्नविवाह हो जाता है, जबकि मुस्लिम विधि के अनुसार तलाकशुदा महिला का विवाह तलाक के पश्चात् अन्य व्यक्ति के साथ होना चाहिये, फिर दोनों के बीच लैंगिक सम्बन्ध स्थापित हो जाने चाहिये। उसके बाद दोनों के बीच तलाक होने के पश्चात् ही पुर्नविवाह पूर्व पति-पत्नी के मध्य हो सकता है अन्यथा नही, और यदि मध्य का विवाह नही होता तो तलाक के बाद उन पति-पत्नी के बीच का विवाह शून्य विवाह होगा। इस स्थिति की वजह से अवश्य ही मुस्लिम पति पर तलाक लेने के मामले में भारी अंकुश लगा है, क्योंकि एक बार गलती से भी तलाक दे देने की अवस्था में मध्य के विवाह की शर्त आवश्यक है।[5]

तलाक के प्रकार

1. तलाक – मुस्लिम कानून के अनुसार कोई भी पुरूष जो बालिग और स्वस्थ मस्तिष्क वाला है, बिना कारण बताये अपनी पत्नी को तलाक दे सकता है। इस मौखिक तलाक के कई प्रकार है :-

(i) तलाक-ए-अहसन – इसमे पति पत्नी के तुहर (मासिक धर्म) के समय एक बार तलाक की घोषणा करता है और उसके पश्चात् 'इद्दत' की अवधि में पत्नी से यौन सम्बन्ध स्थापित नही करता है। इद्दत चार मासिक धर्मो के बीच तीन माह की अवधि को कहते है। इस अवधि तक यदि पति पत्नी के साथ सहवास नही करता है। तो अवधि समाप्ति पर तलाक हो जाता है।

(ii) तलाके हसन – इसमे पति तीन तुहरों अर्थात मासिक धर्मो के मध्य के समय में तीन बार तलाक शब्द कहता है और इस बीच वह पत्नी से सहवास नही करता है। इस अवधि की समाप्ति के पश्चात् तलाक मान लिया जाता है।

(iii) तलाक-उल-बिद्दत – इसमें पति किसी भी मासिक धर्म के अवसर पर थोड़े-थोडे समय के पश्चात् तलाक की तीन बार घोषणा करता है और इसके बाद इद्दत की अवधि समाप्त होने पर तलाक मान लिया जाता है।

2. इला – इसमें पति खुदा की कसम खाकर यह घोषणा करता है, कि वह चार माह या अधिक समय तक पत्नी के साथ सहवास नही करेगा। इस अवधि तक यदि वह सहवास नही करता है, तो तलाक हो जाता है।

3. जिहर – जब पति अपनी पत्नी की तुलना किसी ऐसे सम्बन्धी से करें, जिनसे विवाह निषेध है, जैसे वह यह कहे, कि तुम तो मेरी माँ के समान हो, तो पत्नी पति को प्रायश्चित करने के लिये कहती है। यदि पति ऐसा नही करता है, तो पत्नी अदालत में तलाक की माँग कर सकती है और न्यायालय ऐसी स्थिति मे तलाक स्वीकार कर देता है।

4. खुला – इसमें पत्नी पति से कहती है, कि यदि वह उसे विवाह से मुक्त कर दे तो वह उसे मेहर वापस लौटा कर उसकी क्षतिपूर्ति कर देगी, यदि दोनों मे सहमति हो जाती है, तो तलाक हो जाता है।

5. मुबारत – यह तलाक दोनों की पारस्परिक सहमति से होता है, किन्तु इसमें खुला की तरह पत्नी पति को कोई धन नही देती है। इस प्रकार के तलाक मे पत्नी इद्दत की अवधि के दौरान पति के पास ही रहती है।

6. लियान – इसमें पति पत्नी पर व्याभिचार का आरोप लगाता है और पत्नी इसका खण्डन करती है एवं अदालत से प्रार्थना करती है, कि या तो पति अपने आरोप को वापस ले अथवा खुदा को हाजिर-नाजिर समझकर घोषणा करें, कि यह आरोप सत्य है। यदि पति का आरोप झूठा सिद्ध होता है, तो पत्नी को तलाक का अधिकार मिल जाता है।

7. तलाके-तफबीज – इसमे पत्नी तलाक की माँग करती है, जो उसे विवाह के समय पति द्वारा दिये गये अधिकारों के आधार पर प्राप्त होता है।[6]

तलाक पर विश्लेषण देश में समान नागरिक संहिता पर बहस तेज हो गई है। एक तरफ केंद्र सरकार इसकी तरफदारी कर रही है, तो दूसरी ओर देश भर के मुस्लिम संगठन इसके खिलाफ लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि समान नागरिक संहिता को आगे बढ़ाने का कोई भी कदम महिलाओं के लिए नुकसानदायक है, क्योंकि समानता बराबरी की गारंटी नहीं है। बहरहाल, बहस तो होती रहेगी लेकिन इससे संबंधित आंकड़े कुछ और बयां कर रहे हैं। साल 2011 की जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण के मुताबिक, भारत में प्रत्येक तलाकशुदा मुस्लिम पुरुष के मुकाबले तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं की संख्या चार है। सिख समुदाय को छोड़ दें, तो पुरुषों की तुलना में तलाकशुदा महिलाओं की संख्या सबसे अधिक है।

मुसलमानों में महिलाओं व पुरुषों के तलाक का अनुपात 79:21, अन्य धर्मो में 72:28 तथा बौद्धों में 70:30 है। आंकड़ों से साफ है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं की संख्या अन्य धार्मिक समुदायों के मुकाबले कहीं अधिक है।भारतीयों की वैवाहिक स्थिति पर साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, तलाकशुदा भारतीय महिलाओं में 68 फीसदी हिंदू तथा 23.3 फीसदी मुसलमान हैं। समान नागरिक संहिता खासकर तीन तलाक पर केंद्र सरकार के प्रतिकूल रवैये के खिलाफ विरोध करते हुए मुस्लिम समूहों ने हाल में इन आंकड़ों का हवाला दिया।

तलाकशुदा पुरुषों में हिंदू 76 फीसदी तथा मुसलमान 12.7 फीसदी हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं का मानना है कि संख्याओं में लैंगिक असंतुलन का आशय यह है कि महिलाओं की तुलना में पुरुष अधिक संख्या में दोबारा शादी कर रहे हैं। कानून की जानकार व महिला अधिकार कार्यकर्ता फ्लाविया एग्नेस ने टेलीफोन पर इंडियास्पेंड को दिए एक साक्षात्कार में कहा, यदि 100 तलाकशुदा जोड़े हैं, तो यह 50:50 अनुपात दर्शाता है।

अनुपात में अंतर दर्शाता है कि तलाक के बाद पुरुषों के लिए भले ही दोबारा शादी करना आसान नहीं है, लेकिन यह बात भी है कि वे दोबारा शादी करने की अधिक से अधिक चाहत दर्शाते हैं। मुंबई में मुसलमान महिलाओं की संस्था बेबाक कलेक्टिव की संस्थापक हसीना खान ने मुसलमानों में तलाक के अनुपात में अंतर के पीछे दो कारणों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'पहला यह है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत तीन तलाक की मंजूरी देकर पुरुषों को अधिक से अधिक शक्ति दी गई है।'

महिलाओं के लिए शादी रहने की सुरक्षा व भोजन के साथ-साथ समझौते के लिए कुछ अधिकार दिए गए हैं। खान ने कहा कि 'दूसरा कारण सरकार द्वारा मुस्लिम महिलाओं को सशक्त न करना है'। उन्होंने कहा, 'इस उप-समूह की जरूरतों के समाधान के लिए बेहद कम राजनीतिक इच्छा शक्ति है। भारत में मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक दशा लगातार खराब होती जा रही है। न तो उन्हें अच्छी शिक्षा मिल रही है न ही नौकरी के मौके'।

भारत में तलाकशुदा लोगों की कुल संख्या 8.5 लाख है। जनगणना के मुताबिक, ग्रामीण भारत में शादियां ज्यादा टूटीं। वहीं शहरी भारत में तलाकशुदा लोगों की संख्या 5.03 लाख है। महाराष्ट्र में तलाकशुदा लोगों की संख्या सर्वाधिक 2.09 लाख है। राज्य में कुल तलाकशुदा लोगों में लगभग 73.5 फीसदी महिलाएं हैं।

देश के गुजरात राज्य में तलाकशुदा पुरुषों की संख्या सर्वाधिक है, यह आंकड़ा 1.03 लाख है और यह राज्य में तलाकशुदा आबादी का 54 फीसदी है। गोवा में मात्र 1,330 तलाकशुदा लोग हैं, जहां नाकाम शादियों की संख्या सबसे कम है। एग्नेस ने कहा, पुरुष अक्सर अपनी पत्नियों को तलाक न देकर केवल संबंध विच्छेद कर लेते हैं, जिससे दोबारा शादी करने का उनका रास्ता बंद हो जाता है।

आंकड़ों में अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अधिक से अधिक पुरुष एक से अधिक शादियां करते हैं। पुरुष दूसरी, तीसरी शादियां करते हैं, जबकि समाज महिलाओं को यह अधिकार नहीं देता। इंडिया स्पेंड की नवंबर 2015 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011 के अंत तक एकल भारतीय महिला की संख्या में 39 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

भारत की कुल आबादी का 80 फीसदी हिंदू, 14.23 फीसदी मुसलमान, जबकि सिख 1.72 फीसदी, ईसाई 2.3 फीसदी, बौद्ध 0.7 फीसदी तथा जैन 0.37 फीसदी हैं।[6]

तुलानात्मक परिप्रेक्ष्य में यदि देखें तो भारत में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की स्थिति पाकिस्तान एवं बॉग्लादेश की मुस्लिम महिलाओं की भॉति शोचनीय नहीं हैं। भारतीय जनतांत्रिक एवं धर्मनिरक्षेप व्यवस्था में राज्य द्वारा आरोपित कोई धर्म नहीं हैं। राज्य की ओर से भारतीय मुलिस्म महिलाएं भी अन्य महिलाएं की तरह अपने अधिकारी की रक्षा के लिए स्वतंत्र हैं। अन्य नागरिको के भाति ही कानून के समक्ष मुस्लिम महिलाओं को समानता प्राप्त हैं। संविधान उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करता हैं। यदि वे चाहें तो आरोपित धार्मिक कानूनों के विरूद्ध भारतीय न्याय व्यवस्था की शरण ले सकती। मुस्लिम महिलाएं इक्कीसवीं सदी में पदार्पण करने के बावजूद मध्ययुगीन धार्मिक कानूनों, रूढ़ियों एवं परम्पराओं के बन्धनों में जकड़ी हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आफरीन खान, 'पर्सनल लॉ एवं मुस्लिम महिलाएं', मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान जर्नल, वर्ष 6, अंक 2, जूलाई-दिस्मबर, 2008
2. असगर अली इंजीनियर, 'मुस्लिम वुमन ऑन द मूव', सेक्यूलर पर्सपेक्टिव, भाग 6, अंक 13, सेण्टर फार द स्टडी ऑफ सोसायटी एण्ड सेक्यूलरिज़्म, मुम्बई, 2003
3. डॉ. राजकुमार : नारी शोषण समस्या एवं समाधान, अर्जुन पब्लिकेशन हाउस, दरियागंज नई दिल्ली, 2008
4. रिंकी भट्टाचार्य : भारत में घरेलू हिंसा, सेज पब्लिकेशन्स इण्डिया प्राईवेट लि. नई दिल्ली, ISBN 978-93-528-0391-0 (PB), 2017
5. मीनाक्षी निशांत सिंह : 'आधुनिकता और महिला उत्पीड़न', ओमेगा प्रकाशन, दिल्ली, ISBN No. 978-81-8455-39-9, 2010.
6. http://www.deshbandhu.co.in/newsdetail/304047/1/19

****

लोक नाच फुम्मनी ते कलाकार रतन लाल डोगरा

शिव कुमार खजूरिया *

प्रस्तावना – फुम्मनी डुग्गर दा लोक प्रसिद्ध नाच ऐ। एह् नाच ज्यादातर डुग्गर दे कंढी लाके च मशहूर ऐ। फुम्मनियां दी शरूआत सैकड़े ब'रे पैह्ले होई ही। पराने समें च अपने कुलदेवी–दूवते अग्गें कीती गेदी सुक्खन पूरी होने पर डुग्गर दे लोक खुशी कन्नै फुम्मनियां पोंदे होई देवस्थान पर जंदे हे। समें दे प्रवाह् कन्नै एह् नाच मता प्रचलत होंदा गेआ ते इसगी डुग्गर दे लोक ब्याह् कारज, सूतरा ते हर खूशी दे मौके पर नच्चन लगी पे। इस नाच गी नच्चने आस्तै खास डोगरा लाब्बा जेह्दे च घट्न्ना, खिलका कुर्ता, डोगरा पग्ग ते कमर बंद्ध दी जरूरत पौंदी ऐ। इस नाच च साज, नरसिंगा, ढो टोल ,बंसरी, नगाड़ा ते डंडारस आदी दी जरूरत पौंदी ऐ। एह् नाच खु'ल्ली थ्हारै दे कन्नै–कन्नै स्टेज उप्पर बी नच्चेआ जंदा ऐ। इस च परफारम करने आह्ले कलाकारें दी गिनतरी च कोई बंदिश नेईं होंदी ऐ। पर, साज बजाने आह्ले कलाकारें दा होना बड़ा जरूरी ऐ।

नाच दी शरूआत लोक प्रसिद्ध कारक जां बार कन्नै कीती जंदी ऐ। कारक जां बार दे बोल खत्म होंदे गै नरसिंगा बजाया जंदा ऐ ते प्ही दौनें टोल्लियें दे डगे कन्नै नाच दी शुरूआत होंदी ऐ। नाच नच्चदे होई कलाकार बक्ख–बक्ख मुद्राएं गी पेश करदे न। फुम्मनिआं नाच च मुक्ख तौरा पर चौह्दा–पंदरा मुद्रां होंदियां न। पर, स्टेज उप्पर परफारम करदे होई कलाकारें गी समें दी किल्लत होंदी ऐ। इसकरी ओह् बड़ी मुश्कल कन्नै अट्ठ–नौ मुद्रां गै पेश करी पांदे न। डोगरा नाच फुम्मनी दे खेतर च स्व. श्री विश्वनाथ खजूरिया हुंदा नांऽ बड़ा प्रसिद्ध रेहा ऐ। एह् विश्वनाथ खजूरिया होर गै हे जिनें इस डोगरा नाच गी अपनी मंडली कन्नै रलिऐ देश दे बक्ख–बक्ख हिस्से च नच्चेआ। स्व. श्री विश्वनाथ खजूरिया होरें रणवीर हाई स्कूल दे विधार्थियें कन्नै रलियै अपनी इक टोल्ली बनाई दी ही। इस टोल्ली दे गै इक सदस्य श्री रतन लाल डोगरा जि'नें खजूरिया हुंदी अगुआई च देश दी बक्खरी–बक्खरी सटेटें च जाईयै परफारम गै नेंईं कीता सगुआं खजुरिया हुंदी मौती परैंत इस परम्परा गी जारी रखदे होई 'रतन लाल डोगरा एंड पार्टी' बनाईयै इस नाच दे प्रोत्साहन लेइ कम्म कीता। रतन लाल डोगरा होर स्व. श्री विश्वनाथ खजूरिया होरें गी अपना गुरू मनदे न।

इंदा जन्म 27 अप्रैल सन् 1951 ई., पैलेस रोड, हाउस न. 203, सी. पी. ओ चौक, उसताद मह्ल्ला, जम्मु च होआ। इं'दे पिता हुंदा नांऽ श्री चरण दास ते माता हुंदा श्रीमती ज्ञान देबी हा। बड़ी नक्की बरेसा च इं'दे पिता हुंदा काल होई गेआ हा। घर च बड्डे होने करी घर दी सारी जिम्मेवारी डोगरा हुंदे मूंडे उप्पर आई गेई। पिता हुंदे काल होने दे त्रै साल बाद इंदी माता हुंदा बी निधन होई गेआ।

डोगरा होरें अपनी शुरूआती शिक्षा प्राईमरी स्कूल आमबफला थमां हासल कीती। प्ही उ'नें छेमीं जमातै शा दसमीं जमातै तगर दी पढ़ाई रणवीर हाई स्कूल थमां कीती। दसमीं पास करदे गै इं'दी स्लैक्शन फौज च होई गेई । पर, परिवार च सारे थमां बड्डा होने ते परिवार प्रति अपनी जिम्मेवारी निभाने खातर फौज च देस सेवा लेई नेईं जाई सके। इ'नें अपनी पढ़ाई जारी रखदे होई ग्यारमीं जमातै आस्तै प्रिंस ऑफ वैलस कालेज च दाखला लैता। कालज च पैह्ले साल दी पढ़ाई दे दौरान गै उं'दी नौकरी रियास्ती सेह्त मैह्कमें च लग्गी गेई। सन् 2009 ई. च एह् कम्युनिटी हैलथ अफसर दे औह्दे परा रटैर होई गे। रतन लाल डोगरा हुंदा व्याह् श्रीमती शांती देवी हुंदे कन्नै होआ जेह्ड़ियां रियास्ती शिक्षा विभाग च अध्यापक दे तौर पर नियुक्त न। इं'दियां त्रै धीआं ते इक जागत ऐ।

डोगरा होंरे फुम्मनी नाच बचपन दे दिनें पढ़ाई दौरान गै श्री रणवीर हाई स्कूल च उत्थूं दे अध्यापक श्री विश्वनाथ खजूरियां हुंदे थमां सिक्खेआ हा। रतन लाल डोगरा होर स्व. विश्वनाथ खजूरिया हुंदे नेतृत्व आह्ली रणवीर हाई स्कूल दी मण्डली च फुम्मनी नाच नच्चदे हे। इनें मण्डली च रेहियै रियास्त ते देस दे केईं हिस्से च इस नाच दा प्रदर्शन कीता। जेह्दे च स्वतन्त्रता ध्याड़े दे मौके पर जम्मू च रूस दे राश्टपती यबुलगान्न दी मौजूदगी च कीता जाने आह्ला इन्दी सारे शा बड्डी यादगार ऐ। एह् प्रदर्शन दिक्खियै बुलगान्न नै इन्दी मण्डली गी अपने देस रूस औने दा साद्दा दित्ता। पर, किश राजनितिक कारनें करी इंदी मण्डली रूस नेईं जाई सकी। इसदे इलावा इ'नेंगी स्व. प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू हुंदे जन्म ध्याड़े पर दिल्ली च यतीन मूरती मार्ग उं'दे निवास स्थान पर फुम्मनी नाच नच्चेआ हा। इस नाच दी प्रधानमंत्री होरें बड़ी सराह्ना कीती। स्न 1970 ई. च स्वतंत्रता ध्याड़े दे मौके पर इं'दी मंडली ने नमें दिल्ली च प्रदशन कीता जिस कोला उस बेल्ले दी प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंधरा गांधी इ'न्नी मुतासर होइयां जे ओह् इं'दी नृत्य मण्डली च शामल होईयै नच्चन लगी पेईयां। इसदे इलावा इ'नें सन् 1958 ई. च जश्न. ए. कश्मीर कार्यक्रम, आल इंडिया कांग्रेस रौशन बड़ौदा, कश्मीर च स्वतंत्रा दिवस 1962–1963 दे इलावा देस दे केईं होर हिस्सें च प्रर्दशन कीता। डोगरा होंरे गी इस नाच राहें समाजिक जीवन च बड़ी ऐह्मियत थ्होई। इक कलाकार दे तौर पर जिसलै बी औह् कुतै नाच दे प्रर्दशन लेई जाना चांहदे तां उं'दे मैहकमें ते सहायक कर्मचारियें पारस्सेआ उ'नेंगी कदें कोई बंदिश नेईं मिली, सगुआं उं'दी इस कला ने परिवार, समाज ते मैह्कमे च डोगरा हुंदी इक बक्खरी पंछान बनाई दित्ती दी ही।

इक फुम्मनी नाच दे कलाकार दे तौर पर इनेंगी इ'न्नी प्रसिद्धी मिली जे एह् रामानंद सागर हुंदे साद्दे उप्पर मुम्बई गे। उत्थै इन्दे फुम्मनी नाच दा प्रर्दशन इक ऐसे प्रोग्राम च करोआया गेआ जित्थै बालीवुड दे बड्डे–बड्डे कलाकारें अपना प्रर्दशन कीता हा। उस प्रोग्राम च इं'दे नाच दी सारें गै मती सराह्ना कीती। फुम्मनी नाच कन्नै थ्होई दी प्रसिद्धी करी गै इ'नेंगी वेद राही

* शोधकर्ता (डोगरी विभाग) जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू, भारत

हुंदी फिल्म 'दरार' च कम्म करने दा मौका मिलआ। फिल्म च इ'नें पुरमण्डल च हिरो दे दोस्त दे तौर पर कम्म कीते दा ऐ। इन्हें टैली फिल्म 'पूजा' च रतन लाल एण्ड पार्टी य दे तौरा पर पत्नीटाप ते गौरी कुण्ड च नाच दा प्रर्दशन कीते दा ऐ।

इक फुम्मनी नाच दा कलाकार होने कन्नै इनेंगी समाज च जेह्ड़ा मान–सम्मान थ्होआ उस थमां गै प्रभावत होइयै इं'दे पुत्तर 'अतुल डोगरा' होरें इस नाच गी अपनाया जेह्ड़े इक नटरंग कलाकार बी हैन। रतन होर डागरी दे कवी शिव राम दीप ते मोहन लाल सपोलिया हुंदे बड़े करीबी दोस्त रेह् न। एह् 'जे.एण्ड.के अकैडमी ऑफ आर्ट कल्चरल एंड लैंग्वेजिज' दा दिल दी गैहाईएं थमां धन्नवाद करदे न कि जे ओह् नित्ता नमें प्रोग्राम करोआईयै जम्मू दी संस्कृती कन्नै जुड़ै ़करदे नमें लोक कलाकारें ते लोक कलाएं गी प्रोत्साह्न देआ करदी ऐ। डोगरा हुंदा मन्नना ऐ जे फुम्मनी नाच डुग्गर संस्कृती दा सशक्त नाच ऐ। एह् नाच वाजारवाद ते आधुनिकता दे साए थल्लै नित्त नमें बदलोंदे परिवेश च बी अपनी होंद गी बचाई रक्खने च कामयाव ऐ ते अग्गै औने आह्लियां डोगरा पीढ़ियां इस नाच गी बक्ख–बक्ख कार्यक्रम च गै सेही पर पेश करदियां रौड.गन।

रतन लाल डोगरा, भेटवार्ता, तारीक (3–9–2015)

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. National Herald, 22 January, 1970
2. Daily Excelsior , 11 March, 1989
3. Daily Excelsior , 20 november, 1989
4. The Kashmir Times jammu, 4 March, 1992
5. The Kashmir Times jammu, 2 february, 1992

****

डोगरी लोक-गीतें च झलकदे संस्कृति दे प्रतीक : पर्व-ध्यार

डॉ. प्रीति रचना *

प्रस्तावना – पर्व-ध्यार माह्नू दे समाजिक जीवन दा म्हत्तावपूर्ण अंग न। एह् मनुक्खी एकता दे प्रतीक न, जेह्ड़े लोक वेदे दे समें कोला लेइयै अज्जै तगर अपने-अपने ढंगै कन्नै मनांदे आवा दे न।

डुग्गर प्रदेस च इ'नें ध्यारें दी बड़ी मानता ऐ। इत्थूं दा लोकमानस मनदा ऐ जे इनें पर्व-ध्यारें गी मनाने कन्नै सुख-समृद्धि दी अनुभूति होंदी ऐ। इस्सै करी ओह् परंपरा मताबक पर्व-ध्यार मनांदे न। एह् ध्यार सिर्फ खुशी-खुशी मनाईयै इक रस्म गै पूरी नेईं कीती जंदी बल्के इं'दे च संस्कृति, इतिहास ते परंपरा मौजूद ऐ। डुग्गर च हर धर्म दे लोक रौह्दे न ते सब्भै प्रेमभाव कन्नै मिली-जुलियै ध्यार मनांदे न। इं'नें पर्व-ध्यारें दी अपनी-अपनी खास विशेशता ऐ, जेह्दे कन्नै जुड़ी दिये मानताएं दे अधार पर सांस्कृतिक ध्यार मनाए जंदे न। डुग्गर च केईं चाल्ली दे पर्व-ध्यार मनाए जंदे न जि'यां- लोह्ड़ी, नराते, झिड़ी, द्रुब्बड़ी, करेआचौथ, संकटचौथ, तुलसी पूजा, होली ते भुग्गा आदि। एह् पर्व-ध्यार चा मते सारे ध्यारें दी झलक डोगरी लोक गीतें च बी लभदी ऐ। जि'यां-

लोह्ड़ी –लोह्ड़ी दा ध्यार डुग्गर च बी बड़ी धूम-धम कन्नै मनाया जंदा ऐ। एह् पौह् म्हीने दे खीरी रोज़ औंदा ऐ। ग्रांS दे जागत-कुड़ियां कट्ठे होइयै जिस घर पुत्तरै दा ब्याह् होए दा होऐ जां जागतै दा जनम होए दा होऐ, उस घर जाइयै गीत गाई-गाईयै लोह्ड़ी मंगदे न। इस ध्यार दा वर्णन डोगरी लोक गीतें च बखूवी लभदा ऐ। डुग्गर च ऐसे केईं लोक-गीत प्रचलत न, जिं'दे च लोह्ड़ी दा वर्णन होए दा ऐ। जि'यां- इक लोकगीतै च लोह्ड़ी गी साद्दा देने दा जिकर मिलदा ऐ-

'नींद्रा निं लोह्ड़िये नींद्रा,
अज्जै दी रातीं कल्लै दी ध्याड़ी
अत्तारूं लोहड़िये औना ऐ।'[1]

मते सारे लोकगीतें च लोह्ड़ी दा चित्रण नज़री औंदा ऐ।

उदाहरण :-

'आओ भाई खेढ़चै लोहड़िया,
आनो गुड़ै दियां रेयोड़ियां।
चिड़यु ते तरसौल लेई आवो,
दब्बी खाओ तरचौलियां।'[2]

भुग्गा – लोह्ड़ी दे बाद औने आह्ला दूआ जनाना पर्व ऐ भुग्गा, जेह्ड़ा के पति ते लुआदी दी मंगल कामना लेई मनाया जंदा ऐ। इस रोज़ जनानियां तिल, गुड़, मुंगफली पाइयै भुग्गा कुटदियां न। पूरे दिन निर्जल बरत रखदियां न ते चन्न चढ़ै पानी पींदियां न। इस ध्यारे दा जिकर बी किश इक लोकगीतै च होए दा ऐ।

उदाहरण इ'यां ऐ-

'अखें भुग्गे दा बर्त, गोरी भुग्गा कुटदी ऐ,
मुट्टे-मुट्टे फोलके तवै'र सुटदी ऐ।
गोरी दा रोह् गेआ ते गोह् गेआ।'[3]

बच्छ दुआह् – एह् पर्व जन्म अश्टमी दे चोथै रोज मनाया जंदा ऐ। जनानियां इस दिन बी बरत रखदियां न ते घरे दे मर्द जीवें जिन्ने रुट्ट बनांदियां न ते आटे दे गौ, कट्टू-बच्छू बनाइयै, राती दे सेड़े दे काले चन्ने बगैरा कन्नै नदी कंडै जाइयै बच्छ-दुआह् पूजदियां न। इस पर्व दा वर्णन बी लोकगीतें च लभदा ऐ। इक गीतै दे बोल इयां न-

'इक, दो, त्रै चार, पंज, छे, सत्ता,
अट्ठ, नौ, दस्स, ग्यारां, बारां, तेरा।
तेरो बच्छ-दुआह्।'[4]

द्रुब्बड़ी – द्रुब्बड़ी, जन्म अश्टमी दी अगली अश्टमी गी औंदा ऐ। जि'नें घरें बच्छ-दुआह् पर्जोदी ऐ ओह् द्रुब्बड़ी नेईं पूजदे। द्रुब्बड़ी दा वर्णन डोगरी लोकगीतें च बी लभदा ऐ, जेह्दा उदाहरण लोकगीतै दी इ'नें सतरें च लभदा ऐ-

'द्रुब्बड़ी-द्रुब्बड़ी दा ब्याह् होआ, हे-ऊ,
रुट्टै आली दे जागत होआ, हे-ऊ।'[5]

करेआचोथा – करेआचोथ दा सरबंध अपने सुहाग दी मंगलकामना कन्नै होंदा ऐ। हिन्दू सुहागन जनानियां अपने पति दी लम्मी उमरी लेई करआचोथ दा बरत रखदियां न। करेआचोथ दी कथा सुनदियां न ते रातीं चन्द्रमें गी अर्घ देइयै गै पानी दा घुट्ट पींदियां न। इस बरतै च किश कम्में दी ठाक होंदी ऐ जि'यां- बाही होई जमीनै च बरतै आह्ली जनानी नै पैर नेईं रखना, सीने-परोने दा कम्म नेईं करना बगैरा- बगैरा। इ'नें सभनें ठाकें दा वर्णन डोगरी लोकगीतें च बी होए दा ऐ, जेह्दा इक उदाहरण इस चाल्ली ऐ-

'लै वीरो कुड़िये कौलड़ा।
लै सर्व सुहागनी कौलड़ा।।
लै कत्ती नां, टेरी नां।
घूं झरक्खड़ा फेरी नां।।
बाह्न पैर पाईं नां।
रुटण्डा मनाई नां।।
भैन प्यारी बीरां।
चन्न चढ़े ते पानी पीना।'[6]

करवाचौथ आह्ले रोज नूंहां अपनी सस्सू गी बेआ बी दिंदियां न एह् परंपरा बी पराने समें शा चलदी आवा दी ऐ। बेऐ दा जिकर बी इ'नें गीतें च द्रिश्टीगोचर होंदा ऐ-

'देन चली, देन चली,

* ग्रांव बकोर, तसील अखनूर, जिला जम्मू, भारत

सस्सू गी बेआ देन चली।
नेईं लैंदी, नेईं लैंदी ऐ,
सरस गमानन नेईं लैंदी।'[7]

नराते – नराते, कुड़िये दा ध्यार ऐ। एह् ब'रे च दो बारी औंदा ऐ। इक चेत्तर म्हीनै ते दूई बारी अस्सू म्हीनै। नरातें च दुर्गा पूजा कीती जंदी ऐ। इस रोज कुड़ियां कुसै थाहा दी सुच्ची मिट्टी आह्नियै साख लांदियां न ते पतीले कन्नै खट्टी दिदियां न। किश कुड़ियां कट्ठे होइयै इक घर नराते रखदियां न ते रोज संञां कट्ठे रुट्टी खंदियां न। इ'नें कुड़ियें च इक कुड़ी मुक्ख पचैलन होंदी ऐ। अठमें रोज एह् कुड़ियां घर–घर जाइयै तेल मंगदियां न ते उस तेलै कन्नै माता दी अखंड जोत जगांदियां न ते रातीं निक्की–निक्की कुड़ियै गी काह्न–सखी बनांदियां न। इ'नें नरातें दा वर्णन बी इ'नें लोक गीतें च द्रिश्चीगोचर होए दा ऐ, जेह्दा उदाहरण इ'नें सतरें च लभदा ऐ–

'पैह्ला नराता गंगा न्हाता,
गंगा भठोरू आए।
चुग्गो कुड़े चिड़ियो–मिड़ियो,
असैं नराते तुसैं चुगाए।'[8]

होर बी केईं लोकगीतें च नरातें दा जिकर होए दा ऐ। जियां इक होर गीतै दा उदाहरण इ'यां ऐ–

'इक नराता, दो नराते, त्रै नराते, चार नराते, पंज नराते,
छे नराते, सत्त नराते, अट्ठ नराते, नौ नराते, दस नराते।
गंगा न्हाते, गंगा दै पचवाड़ न्हाते।'[9]

होली – होली, हिन्दुयें लेई इक धार्मिक, पारंपरिक ते सांस्कृतिक ध्यार ऐ, जेह्ड़ा पराने समें कोला गै लोक मनांदे आवा दे नं एह् ध्यार ते रंगें दा ध्यार ऐ, जेह्ड़ा हर साल हिन्दू धर्म दे लोकें आसेआ मनाया जंदा ऐ। एह् फग्गन म्हीनै औंदा ऐ। लोक इक–दुए गी रंग लांदे ते खुशी–खुशी एह् ध्यार मनांदे न। इस रोज होलिका दा पूतला बनाईयै बी फूकेआ जंदा ऐ, जिसगी बुराई पर अच्छाई दी जित्ता दा प्रतीक मन्नेआ जंदा ऐ। होली सरबंधी केईं लोकगीत बी डुग्गर च प्रचलत न, जिं'दे च होली दा वर्णन बखूवी होए दा ऐ–

'होली!
पूरबी पेई न्हौन चली जमना,
पूरबी पेई न्हौन चली जमना।
होली पूरबी पेई न्यौन चली जमना।'[10]

इक होर लोकगीतै च होली दा वर्णन होए दा ऐ, जेह्दे च भगवान श्री कृष्ण गी होली खेढने लेई गलाया गेदा ऐ। इस गीतै जि'नें सतरें च एह् वर्णन होए दा ऐ ओह्दा उदाहरण इ'यां ऐ–

'होली खेडो रे– द्वारका बाले,
गौआं बी कलपन, बछड़े बी कलपन,
कलपन बाल–गोआले।
होली खेडो रे– द्वारक बाले।'[11]

इ'दें अलाबा बी केईं डोगरी लोकगीतें च एह्दा उदाहरण मिलदा ऐ। जि'यां–

'सैल्ले–पीले रंग, खेड़ो होली जी।
गोरी दे दुद्ध पिट्ट दंद, खेड़ो होली जी।
सैले–पीले रंग, खेडो होली जी।'[12]

रक्खड़ी – रक्खड़ी, भैन–भ्राऊ दे प्रेम दा प्रतीक ऐ। एह् पर्व भाद्रो म्हीनै औंदा ऐ। इस रोज रक्षासूत्र दा बड़ी म्हत्ता ऐ, जेह्ड़ा भैन, भ्राऊ दे सज्जें हत्थै पर बनदी ऐ ते ओह्दी लम्मी उमरी दी कामना करदी ऐ। मन्नेआ जंदा ऐ जे रक्खड़ी दे रंग–बरंगे धागे भैन–भ्राऊ दे प्रेम दे बंधन गी मजबूत करदे न। एह् इक ऐसा पर्व ऐ, जेह्ड़ा भैन–भ्राऊ दे पवित्र रिश्ते गी आदर मान दिंदा ऐ। इस पर्व दा जिकर बी किश लोकगीतें च नज़री औंदा ऐ–

'हस्सी–हस्सी पुछदी राधके,
गान्नां कुत्थूं बन्हाया ई।
भाद्रो म्हीने दी रक्खड़ी,
भैनें सगन मनाया ई।।'[13]

टिक्का – रक्खड़ी आंगर एह् ध्यार बी भैन–भ्राऊ दे प्रेम दा प्रतीक ऐ। एह् देआली परा त्रीए रोज़ औंदा ऐ। इस रोज भैन, फुल्ल, ध्योऽ, सिंदूर ते चौलें कन्नै बनाए दा टिक्का भ्राऊ दे मत्थै लांदी ऐ ते ओह्दा सुख ते लम्मी उमर मंगदी ऐ। इस ध्यार दा वण्रन बी इ'नें गीतें च होए दा ऐ, जेह्दा उदाहरण गीतै दी इ'नें सत्तरें च बी नज़री औंदा ऐ–

'हस्सी–हस्सी पुछदी राधके,
टिक्का कुत्थें लोआया ई।
कत्तो म्हीनें दी दुतिया,
भैनें सगन मनाया ई।[14]

राड़े – राड़े बी कुड़ियें दा ध्यार ऐ, जेह्ड़ा हाड़ म्हीनै औंदा ऐ। राड़े खेढने लेई कुड़ियां संगरांदी थमां किश दिन पैह्लें कुन्नियें–चाटियें दे गलमे, घड़े दे बिल ते मट्टें दे बिलड़ किट्ठे करना शुरू करी दिंदिया न ते सतबन्ने बनांदियां न। ओह् रंगें कन्नै इस म्हीनै हर ऐतवारें संञां लै राड़े चितरदियां न। राड़े चितरियै कुड़ियां ते नमियां लाड़ियां रूट्ट खेढढियां न, जेह्दे च पकोआन खाह्दे जंदे ते फ्ही गीत गांदियां न। अट्ठें दिनें परैंत्ता सौन म्हीने दी पैह्ली गी कुड़ियां दरेआ जां कुतै पानी कंडै मिट्ठे–फिक्के बब्बरू लेई जंदियां न ते उत्थै रूट्ट खेढदियां न ते इस रोज ओह् राड़े नदी, दरेआ च परवांदिया न। अज बशक्क एह् ध्यार मनाने दी परंपरा घटदी जा दी ऐ। पर फ्ही बी किश कुड़ियां बड़ी रीझें कन्नै एह् ध्यार मनांदियां न। इस ध्यार दी झलक बी डोगरी लोकगीतें च केईं थाहें नज़री औंदी ऐ। इक ऐसे गीतै दा उदाहरण इस चाल्ली ऐ–

'राड़े चित्तरे माए,
ते बदल पिच्छड़े आए,
राड़े चित्तरे माए,
ते ढल्ले बिस्सरे माए।'[15]

इक होर गीतै दा उदाहरण प्रस्तुत ऐ–

'हाड़ म्हीना आया,
असैं राड़े राह्ले, असैं राड़े राह्ले।
माए गूढ़े रंग बनाने।'[16]

देआली – देआली हिन्दुयें दा प्राचीन ध्यार ऐ। सभने ध्यारें च एह्दी समाजिक ते धार्मक दौनें चाल्ली कन्नै बड़ी म्हत्ता ऐ। मन्नेआ जंदा ऐ जे इस रोज अयोध्या दे राजा राम वनवास कट्टियै वापस परतोए हे। ते उंदे औने पर खुशी च अयोध्या दे लोकें खुशी–खुशी घ्योऽ दे दीये जगाए हे। तदूं कोला लेइयै अज्ज तगर लोक एह् ध्यार मनांदे आवा दे न। एह् ध्यार लोक–गीतें च बी कुतै–कुतै द्रिश्चीगोचर होए दा ऐ। इक लोक–गीत 'बारा–माह्' च इक पत्नी अपनी पति गी नौकरी पर जाने शा रोकदे होई गलांदी ऐ जे कत्तो म्हीनै नेईं जायां अदूं देआली होंदी ऐ तां जे ओह् ध्यार कट्ठे मनाई सकन।

उदाहरण :–

'कत्तै निं जायो, बे दियाली दा त्यहार,
कत्तै म्हीनै ढोली घर र'वो।'[17]

इक होर लोक–गीतै च बी इयै जनेहा उदाहरण मिलदा ऐ–

'कत्तै दयाली, माही जी, घर करो,
मग्घर निं जाएओ, घर लेफ पुराने।'[18]

बसाखी – एह् पर्व हर साल 13 जां 14 अप्रैल गी मनाया जंदा ऐ। एह् हिन्दू ते सिक्ख दौने धर्में लेई म्हत्वपूर्ण ऐ। दौनें धर्में दे लोक अपने-अपने स्हाबें बड़े प्रेमभाव कन्नै मिली-जुलियै इस पर्व गी मनांदे न। एह्दा चित्रण बी डोगरी लोकगीतें च होए दा मिलदा ऐ, जेह्दा उदाहरण इस चाल्ली ऐ-

'बसाख निं जायो, बे बसाखी दा त्यहार,
बसाख म्हीनै ढोली घर र'वो।'[19]

निश्कर्श – निश्कर्श दे तौर पर एह् गलाया जाई सकदा ऐ जे डोगरी लोक-गीतें च बड़े सारे पर्व-ध्यार जि'यां- लोह्ड़ी, भुग्गा, बच्छ-दुआह्, द्रुब्बड़ी, करेआचोथ, नराते, होली, रक्खड़ी, राड़े, बसाखी ते देआली द्रिश्चीगोचर होए दे न, जेह्ड़े डुग्गर प्रदेस च मनाए जंदे न। साढ़ी संस्कृति ते परंपरा दे प्रतीक एह् जिन्ने बी पर्व-ध्यार डोगरी लोक-गीतें च नज़री औंदे न ओह् मनुक्खी मनै च अपनी संस्कृति दी सुरक्षा करने प्रति रूचि बद्धांधे न। संस्कृति दे तैह्त औने आह्ले एह् पर्व-ध्यार डोगरे समाज दे रीति-रवाजें कन्नै चंगी चाल्ली अवगत करांदे न। ते लोकें दे मनै च परिवारिक प्रेम, आपसी भाईचारा ते समाजिक व्यवस्था बारै जानकारी देने च बी कारगर सिद्ध होंदे न।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डोगरी लोकगीत, भाग- 11, ओम गोस्वामी, सफा-92
2. डोगरी लोकगीत, भाग- 14, ओम गोस्वामी, सफा- 183
3. डोगरी लोकगीत, भाग- 13, ओम गोस्वामी, (भूमिका) सफा-xix
4. उ'ऐ, (भूमिका) सफा- xii
5. डोगरी साहित्य दा इतिहास, डॉ. जितेन्द्र उधमपुरी, सफा-36
6. डोगरी लोकगीत, भाग-17, शिवराम द्वीप, सफा-25
7. उ'ऐ, सफा-26
8. डोगरी लोकगीत, भाग-3, नीलांबर देव शर्मा, केहरि सिंह मधुकर, सफा- 124
9. डोगरी लोकगीत, भाग- 14, ओम गोस्वामी, सफा- 14
10. डोगरी लोकगीत, भाग- 12, ओम गोस्वामी, सफा- 19
11. डोगरी लोकगीत, भाग-3, नीलांबर देव शर्मा, केहरि सिंह मधुकर, सफा- 140
12. डोगरी लोकगीत, भाग- 12, ओम गोस्वामी, सफा-20
13. डोगरी लोकगीत, भाग- 17, शिवराम द्वीप, सफा-4
14. उ'ऐ, सफा-4
15. डोगरी लोकगीत, भाग- 14, ओम गोस्वामी, सफा- 178
16. उ'ऐ, सफा- 178
17. डोगरी लोकगीत, भाग- 12, ओम गोस्वामी, सफा-98
18. डोगरी लोकगीत, भाग-3, नीलांबर देव शर्मा, केहरि सिंह मधुकर, सफा-73
19. डोगरी लोकगीत, भाग- 17, शिवराम द्वीप, सफा-97

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

महुआ माजी के उपन्यास 'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ' में आदिवासी (जनजाति) चित्रण

अखिलेश कुमार *

प्रस्तावना - भारतीय समाज की महत्वपूर्ण इकाई जनजातिया है। इनका भारत वर्ष में हमेशा महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इनका योगदान जंगल और पर्यावरण के संरक्षण में था। पर्यावरण की सम्पदा और विविधता और बहुलता के केन्द्र में जनजाति ही थी।

भारत में शबरी, निशादराज, केवट और एकलव्य इन जातियों के अग्रणी आदर्श उदाहरण हैं, जिनके द्वारा समाज में सत्यता और पवित्रता की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया गया था। भारत वर्ष पर विदेशियों की जब बुरी नजर पड़ने लगी और महान संस्कृति को आघात होने लगा तब से ही इन जनजातियों के द्वारा भील विद्रोह 1880-1857, अमोह विद्राह 1828-1833, खासी विद्रोह 1830, सिंगफो विद्रोह 1830, कोल विद्रोह 1832-1837, संथाल विद्रोह 1835-1856, मुंडा विद्रोह 1893-1900, कूकी विद्रोह 1917-1919 जैसे सैकड़ों आन्दोलन इन जातियों के द्वारा क्रूर विदेशियों के अत्याचारों के खिलाफ किये गये थे जिनमे सिद्ध एवं कांहू, विरसा मुंडा, बुद्धो भगत, तेजावर एवं तातयाभील जैसे हजारों जनजाति युवकों द्वारा गोरो के खिलाफ सफलता पूर्वक मुकाबला किया गया और भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अंग्रेजों को उनकी औकात याद दिलाई और अपनी शक्ति का लोहा मनवाया।

देश के स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इन जनजातियों को संविधान में अनुसूचित किया गया और अनुसूचित जनजाति नाम दिया गया लेकिन भारत में पनपी अंग्रेजी दासता वाली मानसिकता वाली लोगों की पीढ़ी के खिलाफ जनजातियों को संघर्ष करना पड़ा और इन अंग्रेजी परस्त लोगों के द्वारा जनजातियों के अमर बलिदान को भुलाने की कोशिश गई। जिनके खिलाफ आज हमारे प्रकृति के रखवारे जनजाति बंधु संघर्ष करते नजर आ रहे है। आज भी आठ करोड़ जनसंख्या वाले समाज को अपनी संस्कृति के लिये जीने वाले शिक्षा, आर्थिक, राजनैतिक रूप से समाज में सबसे पीछे खड़े अदृश्य जैसे दिखाई देते है।

महुआ माझी इन्हीं जनजातियों के विषय में लिखने वाली आधुनिक उपन्यासकार है 'मरंग गोड़ा नीलकंण्ठ हुआ' में विकिरण प्रदूषण व विस्थापन से जूझते आदिवासियों की गाथा को लेखनी वद्ध किया गया है। 'मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ' का प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन के द्वारा 2012 में प्रकाशित किया गया था।

इन उपन्यास के माध्यम से उपन्यासकार ने आदिवासियों के जीवन को जंगल के इर्द गिर्द दिखाया है, जो कि इनके जीवन की सच्चाई है। इस उपन्यास के पात्र संगेन तथा जाम्वीरा के विषय में जो कि जंगल से प्यार करते थे। 'संगेन के ततंग............को जाम्वीरा को जंगल से प्यार था। बहुत प्यार। शायद संगेन के हिस्से में आये प्यार से भी ज्यादा। इस प्यार को उस प्यार में और उस प्यार को इस प्यार में उड़ेलते हुये जंगल के ढेरों किस्से कहानियाँ सुनाया करते थे वो संगेन को अब भी बचपन में सुनी वे कहानियाँ रोमांचित करती है।'[1]

इस उपन्यास में झारखण्ड के जंगल में रहने वाले आदिवासियों (जनजातियों) के जीवन से जुड़े आधुनिक पहलुओ और उनके जीवन में पड़े प्रभाव को बड़े शोधपूर्ण एंव गम्भीरता के साथ लिखा गया है। इस उपन्यास के माध्यम से उस जंगल को बताया है। जो घनघोर था क्योकि किसी का कोई बाह्य हस्तक्षेप नहीं था उस समय के जंगल में जब तो हम अन्दाजा लगा सकते है, कि आदिवासियों के जीवन में जंगल के बाहुल्य होने से कोई कमी न रही होगी। प्रकृति के आयामो का भी क्षय नहीं हुआ। आदिवासियों का जीवन सांस्कृतिक रूप से भरा हुआ था। प्रकृति के विविध रूप उनके देवता थे उनके आस पास परमपरागत नियम कायदे थे। मरंग गोड़ा भी एक जंगल का नाम है। और यहाँ पर प्राचीन पुरातत्व अन्वेषण का काम होता है। इनके लिए जियोलॉजिस्ट आते हैं जो आदि वासियों के प्रतिनिधि जाम्बीरा को अच्छा लगता है। अन्वेषण के लिए जंगल को साफ किया जाता है जिसको आदिवासी कौतुहल से देखते हैं और कोई उनकी भलाई की वस्तु उस खोज में निकले। लेकिन वो उनकी भलाई के लिए नहीं आते, बल्कि अपने हित के लिए आये थे। उनका हित, मतलब खनन के लिए, जिससे बिना आदिवासियो के जीवन की चिंता करके आर्थिक लाभ कमा सके।

'मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ' में महुआ जी ने आदिवासियों की शादी के समय होने वाली परम्पराओं को रेखांकित किया है जो कि उनकी परम्परानुसार ही शादी योग्य युवतियों के विषय में कहते है। 'आप लोगों के इलाके के पेड़ पौधों में नई-नई सुन्दर-सुन्दर पत्तियाँ नजर आयी। हमारे इलाके में नहीं है। हमें इनकी काफी आवश्यक्ता है। हम लोग इसी चाहत में आये है।'[2]

उन घने जंगलों को जब कोई नुकसान पहुँचाता है तो आदिवासी जंगल को बचाने के लिए संवेदनशील हो जाते है, अंधेरे में तीर धनुष उठा कर निशाना साधने की कोशिश करते है जाम्बीरा जैसे आदिवासी आगे बढ़कर करते है। ये आदिवासी बिना परिणाम सोचे जंगल बचाने के लिए तत्पर रहते है।

उसी जंगल के पास ताँबे की खदान से उत्पन्न होती स्थिति को इस उपन्यास में दर्शाया गया है और खदान के बाद उत्पन्न होती स्थितियों के बाद आदिवासियों के जीवन को भी चित्रित किया गया है और आगे चलकर मरंग गोड़ा में बदलाब आने लगा और नई-नई खदाने शुरू हुई और उनमें

*शोधार्थी (हिन्दी) अटलबिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

तेजी से काम होने लगा और उन खदानों से हर जगह धूल उड़ने लगी और इन खदानों में काम करने वाले मजदूरों का शरीर तथा शरीर के अन्दर पहुँच कर धूल उनको तकलीफ देने लगी। इस दौरान आदिवासियों की कई पीढ़ियाँ निकलती गई। पहले जो आदिवासी शिकार के लिए जाते थे वे अब इन खदानों के कारण अपनी कला से महरूम हो चुके हैं। जब से इन खदानों की धूल इस सिंह भूम में उड़ने लगी तब से इन जनजातियों की रत्नगर्भा जमीन भी खाने का अनाज देने के लायक नहीं बची। आदिवासियों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव के कारण अनेक प्रकार के जंगल आन्दोलन जगह–जगह हो रहे थे, इसी उपन्यास के एक पात्र 'जोट्या' के भाई को जंगल आन्दोलन का अग्रणी नेतृत्वकर्ता बताया जो कि यथार्थ में या आदिवासियों के आन्दोलन को बताता है। 'जोट्या के घर में हमेशा गहमा–गहमी लगी रहती थी। उन दिनों उसके बड़े भाई उस इलाके में चल रहे जंगल आन्दोलन में सक्रिय थे। अक्सर सभा, धरना, प्रदर्शन, रैली आदि में भाग लिया करते थे। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में जो इस आन्दोलन से अछूते थे, जाकर आदिवासियों को उनके हक के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे।'[3]

ये अदिवासी जंगल को हो रहे नुकसान के लिए आन्दोलन तो कर रहे थे, लेकिन उनको तरह–तरह से धमकाया जा रहा था उन आदिवासियों को प्रकृति के दुश्मन खौफ दिखा रहे थे जिससे आदिवासी चिन्तित भी थे और मरंग गोड़ा इस चिन्ता का केन्द्र बन गया था। कई ऐसे मानवता के दुश्मन थे जो कि दहशत के वातावरण को फैला रहे थे। इस उपन्यास के पात्र सगेन जैसे आदिवासी भी संशकित रहते हैं। 'दहशत के माहौल में दिन गुजार रहा था सगेन। किसी अनहोनी की आशंका उसे हर वक्त घेरे रहती थी लोगो की संदेह और घृणा भरी निगाहें घर की दीवारों को भेद कर सिर्फ उसकी ताई को ही नही, बल्कि उसे और उसके ताऊ को भी लहुलुहान करती रहती थी।'[4]

'मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ' उपन्यास में आदिवासियों का शोषण उनके धन सम्पदा से भरे जंगलरूपी खनिज स्थलों के बावजूद इस आदिवासियों का रहन–सहन बिल्कुल निम्न स्तरिय हो गया वे खाने से भी वंचित रहते है आज भी वासा भोजन खाने को बाध्य है इस उपन्यास में आदिवासियों के हितों को नजर अन्दाज कर परमाणु के द्वारा खनन होता है और इस प्रकार से प्रकृति से खेलने वाले दलाल उस स्थिति को बदतर करते है। जिससे हमें पर्यावरण प्रदूषण के साथ–साथ नक्सलवाद माओवाद और अन्य इस तरह की समस्याओं के बीच जीवन गुजारना पड़ रहा है। 'जबसे खनन कम्पनियों के साथ दलालों का आना शुरू हुआ, तब से पूरी व्यवस्था ही बदल गई गाँव वालों का आरोप है कि वे नक्सली और पुलिस वालों के बीच पिसकर बर्बाद हो रहे है।'[5]

आदिवासियों के क्षेत्र जंगल में हो रहे हस्तक्षेप जिसमें परमाणु का प्रयोग उत्खनन या अन्य कार्यो से विस्थापन के लिए आदिवासियों को मजबूर करना है, उसी प्रकार से जिस प्रकार से जिस प्रकार से मछली को पानी से बाहर निकाल कर जीवनहीन करना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ, महुआ माजी, प्रथम संस्करण 2015 राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 12।
2. मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ, महुआ माजी, प्रथम संस्करण 2015 राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 32
3. मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ, महुआ माजी, प्रथम संस्करण 2015 राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 111
4. मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ, महुआ माजी, प्रथम संस्करण 2015 राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 157
5. मरंग गोड़ा नीलकण्ठ हुआ, महुआ माजी, प्रथम संस्करण 2015 राजकमल प्रकाशन दिल्ली, पृष्ठ 396

****

विधानसभा निर्वाचनों में इन्दौर के मजदूर संघ (1952-1980)

शेफाली राजवाल *

प्रस्तावना - सर सेठ हुकुमचंद राजवाड़ा तथा अन्य ऐतिहासिक धरोहरें ही इन्दौर शहर के अतीत के गौरव की पहचान नहीं है और भी चीजें हैं जिसने इन्दौर जाना जाता था। शहर की मिलें शहर की शान भी थी और जान भी। वर्तमान में भले हीं इन कपड़ा मिलों का अस्तित्व मिट गया है। पर अब से साठ-सत्तर बरस पहले मिलें, उनमें कार्यरत मजदूर तथा मजदूरों के हित व कल्याण के लिए कार्यरत मजदूर संघों की शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रहा करती थी। राजनैतिक क्षेत्र भी उनमें से एक था।

कपड़ा मिलों में काम करने वाले मजदूरों का नेतृत्व करने वाले विभिन्न श्रमिक संघों के श्रमिक नेताओं की इन्दौर की राजनीति में अच्छी पूछ-परख थी। श्रमिक संगठन (इंटक) अगर कांग्रेस से जुड़ा था तो 'एटक' भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का संगठन था और इन श्रमिक संघों से जुड़े नेता, मसलन वी.वी.द्रविड़, रामसिंह भाई वर्मा, गंगाराम तिवारी, कन्हैयालाल यादव (सभी इंटक), होमी एफ.दाजी, कामरेड हरिसिंह, अर्जुनसिंह हाड़ा (सभी एटक) तथा मधुकर चंदवासकर (जनसंघ) आदि की इन्दौर शहर की राजनैतिक नब्ज पर कड़ी पकड़ थी। तभी तो मध्यभारत और मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए सम्पन्न पहले सात निर्वाचनों में इन्दौर के श्रमिक क्षेत्र कहलाने वाले एक इलाके से खड़े भी श्रमिक नेता ही होते थे और निश्चित ही विजय भी कोई श्रमिक नेता ही होता था। वर्तमान परिदृष्य में भले ही श्रमिक क्षेत्र अपना अस्तित्व भूला बैठा है, क्योंकि कपड़ मिलें ही खत्म हो गई हैं पर तब तो ऐसा नहीं था।

निर्वाचनों में मजदूर संघ नेता - देश के पहले आम चुनाव 1952 में हुए तब मध्यप्रदेश नहीं मध्यभारत हुआ करता था। इन्दौर शहर चार विधानसभा क्षेत्रों में बँटा हुआ था और इनमें से दो में श्रमिक संघों के नेता प्रत्याक्षी थे। इन्दौर-ए से रामसिंह भाई वर्मा (इंटक) 49.1 प्रतिशत मत पाकर विजयी हुए जबकि एल.आर.सी. खंडकर (एटक) 13.5 प्रतिशत मतों से पराजित हुए थे। इसी तरह इन्दौर-बी से वी.वी. द्रविड़ (इंटक) 67.8 प्रतिशत मत से जीते थे और एटक के होमी.एफ.दाजी 10.9 प्रतिशत मतों से चुनाव हारे थे।

राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिषों के आधार पर नवम्बर 1956 को नए प्रदेश के रूप में मध्यप्रदेश अस्तित्व में आया और 1957 में प्रदेश के पहले आम चुनाव हुए। इन्दौर शहर में एक बार फिर चार विधानसभा सीटें थीं और एक बार फिर से सीटों पर श्रमिक नेता विजयी हुए। इन्दौर से इंटक से वी.वी.द्रविड़ 60.4 प्रतिशत मत और इन्दौर पूर्व से एटक के **1962 का निवाचन -** इस बार भी सीटें श्रमिक नेताओं ने ही जीती। इंटक के वी.वी.द्रविड़ और गंगाराम तिवारी ने क्रमश: लक्ष्मीशंकर शुक्ला एवं प्रभाकर अड़सुले को हराया था। ये दोनों उस दौर में होमी एफ दाजी के साथी थे। 1967 में इन्दौर दो विधानसभा क्षेत्र के ग्रुप में श्रमिक क्षेत्र का नया ग्रुप सामने आया। इस निर्वाचन में एक और नई बात सामने आई पहले तीन निर्वाचनों में श्रमिक नेताओं के लिए दो क्षेत्र हुआ करते थे पर 1967 के निर्वाचन में श्रमिक क्षेत्र एक ही रह गया इस निर्वाचन में इन्दौर दो से इंटक के गंगाराम तिवारी ने 43.9 प्रतिशत मत लेकर एटक के कामरेड हरिसिंह (41.4 प्रतिशत मत) तथा जनसंघ के श्रमिक नेता मधुकर चंदवासकर (7.3 प्रतिशत मत) को हराया था। 1952 से 1967 के बीच सम्पन्न चार निर्वाचनों में इंटक के वी.वी.द्रविड़ तीन बार गंगाराम तिवारी दो बार विधायक बने और दोनों श्रमिक नेता के रूप में मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार के मंत्री भी रहे।

1972 का निर्वाचन - चूँकि बांगलादेश मुक्ति संग्राम के दौर में (1971) केन्द्र श्रीमती इन्दिरा गाँधी की सरकार के समर्थन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी थी अत: 1972 के विधानसभा निर्वाचन में श्रमिक नेता होमी एफ. दाजी को इन्दौर दो से कांग्रेस ने अपना समर्थन दे दिया था। दाजी ने 79.5 प्रतिशत मत हासिल कर एक तरफा जीत पाई थी। मधुकर चंदवासकर ने 11 प्रतिशत और इंटक के बाकी प्रत्याक्षी रामसेवक शर्मा को 7.3 प्रतिशत मत ही मिल सके थे।

1977 का निर्वाचन-यह निर्वाचन प्रदेश ही नहीं देश में भी विशेष परिस्थितियों में लड़ा गया था। 1975 में श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने देश में इमरजेंसी आरोपित की थी और उसकी समाप्ति के बाद से निर्वाचन हुए थे। देश में तो मतदाताओं ने इमरजेंसी के कड़वे पुल के रूप में कांग्रेस पार्टी को नकारा ही था। प्रदेश और इन्दौर के संसदीय एवं विधानसभा निर्वाचनों में भी कांग्रेस को नकार दिया था। प्रदेश ओर इन्दौर के संदसीय निर्वाचन में कांग्रेस को 40 में से केवल एक सीट मिली थी छिंदवाड़ा जहाँ कांग्रेस के गौरीशंकर मिश्रा जीते थे।

इन्दौर की संसदीय सीट जनता पार्टी के प्रत्याक्षी कल्याण जैन ने जीती थी, जबकि एक (ओमप्रकाश रावत), तीन (राजेन्द्र धारकर) और चार (श्री वल्लभ शर्मा) पर भी इसी पार्टी ने विजय प्राप्त की थी। इन्दौर पाँच पर कांग्रेस के सुरेश सेठ तथा श्रमिक क्षेत्र की इन्दौर दो सीट पर कांग्रेस के ही यज्ञदत्त शर्मा 38.6 प्रतिशत मत पाकर जीते थे, उन्होंने जनता पार्टी के प्रत्याक्षी कामरेड हरिसिंह (34.2 प्रतिशत मत), सी.पी.आई. के अनंत लागू (18.7 प्रतिशत मत) और मधुकर चंदवासकर (4.1 प्रतिशत मत) को हराया था। निश्चित ही शर्मा सहित अन्य सभी प्रत्याक्षी श्रमिक समस्याओं के जरिए श्रमिकों से जुड़े हुए थे।

1980 में हुए निर्वाचन में इंटक से जुड़े कांग्रेस के कन्हैयालाल यादव (39.2 प्रतिशत मत) जीते थे। पराजित उम्मीदवारों में एक समय के दिग्गज नेता होमी एफ. दाजी 29.6 प्रतिशत मत और श्रमिक क्षेत्र में उभरते युवा भाजपा नेता भंवरसिंह शेखावत (28.9 प्रतिशत मत) भी थे। 1980 के

* शोधार्थी (इतिहास) स्कूल ऑफ सोशल सांईस, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

निर्वाचन के बाद श्रमिक क्षेत्र (इन्दौर दो) की चमक-दमक कम हो चुकी थी। कपड़ा मिलें जिनसे श्रमिक शक्ति संगठनों को जान मिला करती थी, एक-एक कर बंद होना शुरू हो गई थी और जब आधार ही खत्म हो गया हो तो श्रमिक क्षेत्र ही अस्त-व्यस्त हो गया।

1985 से 2018 के बीच हुए आठ विधानसभा निर्वाचना में इन्दौर-दो क्षेत्र से तीन बार भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय (1993, 1998, 2003), तीन बार भाजपा के ही रमेश मेन्दोला (2008, 2013, 2018) और एक-एक बार कांग्रेस के कन्हैयालाल यादव (1985) तथा सुरेश सिंह (1990) विधायक बने, पर 1980 के पूर्व का श्रमिक संघो का वर्चस्व समाप्त हो चुका था। नंदानगर आज भी है, श्रम संगठन इंटक की पहचान बताता श्रम षिविर आज भी है, पर हुकुमचंद राजकुमार, कल्याणमल, स्वदेशी, मालवा और भण्डारी आदि कपड़ा मिलों का अस्तित्व कहीं नजर नहीं आता। श्रमिक शक्ति का नामोनिशान नहीं है, जिनकी ताकत जोश एवं उत्साह के दम पर न केवल इंटक बल्कि एटक जैसे श्रम संगठनों ने इन्दौर शहर पर अपना वर्चस्व कायम कर रखा था। विधानसभा क्षेत्र में श्रमिक नेताओं का जीतना, होमी एफ.दाजी का विधायक व सांसद बनना और 1958 के नगर निगम निर्वाचन में दाजी के नागरिक मोर्चे का कांग्रेस को पहली दफा अपदस्थ करके अपनी परिषद बनाना यह सब अतीत हो चुका पर इन्दौर में ऐसा हुआ था और सब श्रम शक्ति, श्रम संगठन तथा श्रमिक तथा श्रमिक नेताओं के कारण।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नगरिक, पत्रिका, नगर निगम इन्दौर
2. नई दुनिया विधानसभा निर्वाचन विश्लेषण 1967, 1977, 1980
3. विकास की व्यथा-कथा कारवा एक अभय छजलानी लाभचन्द्र प्रकाशन इन्दौर प्रथम संस्करण पृ.स. 316, 344, 345
4. घटपटाता शहर कारवा भाग दो अभय छजलानी लाभचन्द्र प्रकाशन इन्दौर प्रथम संस्करण पृष्ठ सं. 178, 180
5. शहर अकेला इस भीड़ में कारवा भाग तीन, अभय छजलानी लाभचन्द्र प्रकाशन इन्दौर प्रथम संस्करण पृष्ठ स. 48, 49
6. अपना इन्दौर भाग 1 संपादन अभय छजलानी लाभचन्द, प्रकाशन इन्दौर तृतीय संस्करण 2017, पृष्ठ स. 287, 288
7. अपना इन्दौर भाग 3 अभय छजलानी लाभचन्द्र प्रकाशन इन्दौर प्रथम संस्करण पृष्ठ सं. 92, 93

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

इस्लाम धर्म कि कर प्रणाली की व्याख्या तथा समाज को संदेश

बेनज़ीर पटेल *

प्रस्तावना – इस्लाम धर्म की हर समाजिक व्यवस्था में समानता पर ही बल दिया गया है। इस्लाम धर्म में छोटा बड़ा कुछ नही होता। इस्लाम धर्म को मानने वाला हर बंदा इस्लाम धर्म के हर नियम को मानता है। इस्लाम एक एकेश्वरवाद ही धर्म है। जो इसके अनुयायियों के अनुसार अल्लाह के अंतिम रसूल और नबी मोहम्मद द्धारा मनुष्य तक पहुंचाई गई अंतिम ईश्वरीय पुस्तक कुरान की शिक्षा पर आधारित है। कुरान अरबी भाषा में रची गई और इसी भाषा में विश्व की कुल जनसंख्या के 25 प्रतिशत हिस्से यानी लगभग 1.6 से 1 दशमलव 18 अरब लोगों द्धारा पढ़ी जाती है। हजरत मोहम्मद साहब के मुंह से कथित होकर लिखी जाने वाली पुस्तक और पुस्तक का पालन करने के निर्देश प्रदान करने वाली शरीयत ही दो ऐसे संसाधन है। जो इस्लाम की जानकारी स्त्रोत को सही करार दिए जाते हैं। ईश्वर की ओर से संसार में जितने धर्म नेता और धर्म शिक्षक आए उन सब का एक मात्र आदेश यही था कि ईश्वर को मानो उसी को पूजा और उसी की आज्ञा पर चलो कुरान में खुदा कहता है।

'वामा अरसलनाका रसूल इन इला नहीं इलाही अन्नू ला इलाहा इलल्लाह आना'

अर्थात हमने जितने भी रसूल भेजें उनको यही आदेश दिया कि मेरे सिवाय कोई पूछ नहीं शो मेरी ही पूजा बंदगी करो और मेरी आज्ञा पर चलो। इस्लाम धर्म की कर प्रणाली भी इसी समानता की व्यवस्था पर आधारित है। जो सामाजिक व्यवस्था का आधार है। ना कि, कट्टर रूप या किसी कट्टर की और इशारा नहीं करता है। ये फिर सामाजिक व्यवस्था का ही आधार है। धर्म का नहीं।

इस्लामिक शासन व्यवस्था में 5 कर है

1. जज़िया
2. जाकत
3. खराजर
4. खुम्स
5. उशर

पहले चार कर मुसलमानों से और पाचवा जज़िया गैर मुसलमानों से लेने की व्यवस्था रही है। कोई भी शासन व्यवस्था कर के द्धारा ही चलती है। कर हर नागरिक को देना पड़ता है। बदले में सरकार उस की सुरक्षा और अन्य सामाजिक सेवाएं देती है। मुसलमानों पर लगने वाले दोनों करो कि कुल राशि गैर मुस्लिमों पर लगने वाले जज़िया से अधिक है। मतलब इसलामिक व्यवस्था में मुसलमान व्यति को गैर मुस्लिम से अधिक कर देना पड़ता है। यह चारों एक इस्लाम धर्म का आधार है, मजबूत सामाजिक व्यवस्था का सबूत जो सिर्फ इस्लामी लोगों को समानता से रहने के लिए बनाई गई थी ताकि समाज में समानता का फैलाव निरन्तर होता रहे, और समाज एकता से सूत्र में बंधा रहे।

लेकिन बाद में कुछ कट्टरंपथी ने इस कि व्यवस्था को पूरी तरह बदल डाला और इसे धर्म का रूप अनेक भ्रंतिया फैला दी।

लेकिन वास्तविकता ये है कि व्यवस्था इस्लाम के मजबूत आधारों में से एक है जो समाज की भलाई के लिए एकता में बांधे रखने के लिए बनाई गई थी।

जज़िया – (अर्थ और उद्धव) अब जज़िया एक धार्मिक परिभाषा बन गया है परन्तु में ये जज़िया शब्द, खिराज या लगान का सम्मनार्थी है। अरबी भाषा के प्रसिद्ध शब्दकोष 'कामुस' में है। अल जिजयतु खिराजुल अर्जी वमा यूखजु मिन जिज्ममि अर्थात जिज्या जमीन की लगान और उस कर को भी कहते है। जो जिमि से लिया गया है।

1. जिम्मी इस्लामिक राज्य की गैर मुस्लिम जनता को कहते है। जिम्मी जिम्मेदारी शब्द से बना है। इस्लामी राज्य की गैर मुस्लिम जनता की जिम्मी इसलिए कहते है कि इस्लामिक राज्य खुदा और रसूल के नाम पर उनके प्राण, धन धर्म सबकी रक्षा का जिम्मेदार बन जाता है, जिज्या शब्द फारसी भाषा के जिज्यत शब्द से बना है।

इस्लाम में जजिया कर – उसको कहा गया है। जो इस्लामिक राज्यों की गैर मुस्लिम जनता से रक्षा के रूप में लिया जाए। दूसरे शब्दों में जिज़िया कोई धार्मिक कर नहीं है भूमि कर के समान केवल रक्षा कर है। प्रत्येक गैर मुस्लिम प्रजा के लिए जजिया कर की दर समान नहीं है। धन वालों के लिए जो दर है। उसमें का मध्यम वर्ग वालों के लिए है। और उनमें से भी कम निम्न वर्ग वालों के लिए है। जिज्या अनिवार्य नही।

जिज्या सैनिक सेवा के बदले में लिया जाता है। इसलिए जिन गैर मुस्लिमों पर जिज्या कर है। उनमें भी जो सैनिक सेवा के योग्य ना हो जैसे स्त्रियों बालक पागल अंधे अपाहिज अत्यधिक वृद्धि मंदिरों और उपासना ग्रहों के सेवक साधु सन्यासी घर गृहस्ती छोड़कर उपासना ग्रह में जीवन व्यतीत करने वाले जजिया कर से मुक्त है।

ज़कात – ज़कात समाज के विभिन्न तथा कष्ट ग्रस्त व्यक्तियों की सहायता अनिवार्य धर्मदान है। यह दान प्रत्येक धनवान व्यक्ति को ढाई रूपया प्रतिशत वार्षिक की दर से देना पड़ता है।

कुरान की एक आयत है – जो लोग सोना चांदी संचित करते हैं। और उसको ईश्वर के मार्ग में नही करते उनको उस दिन के कष्टदायक दंड का समाचार सुनना है। जिस दिन वह दर नरक की आग में अच्छी तरह पटाया जाएगा फिर उससे उनके माथे उनकी बदले और उनकी पीढ़ी दाढ़ी जाएगी और कहा जाएगा कि यह वहीं जो तुमने अपने लिए संचित किया था। सो जो तुम संचित करते थे अब उसका फल चखो (सूर तोबा आयात 33) जकात

*शोधार्थी (इतिहास) स्कूल ऑफ सोशल साइंस, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

के संबंध की दूसरी मुख्य बात यह है। कि आपके द्वारा इस्लाम में ऐसी व्यवस्था की है कि समाज का कोई व्यक्ति इतना धनी ना हो पाए कि वह जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति ना कर सके इस्लाम में धन हीनो और कष्ट ग्रंथ व्यक्तियों के सहायता अर्थ धर्म को कितना महत्व दिया है। और किस प्रकार जन सेवा और सहायता अर्थ धर्म को कितना महत्व दिया है। और किस प्रकार जन सेवा और सहायता को धर्म का मुख्य अंग बना दिया है। जो पूरे समाज के गरीब और अमीर व्यक्ति को एक सूत्र में बांध कर रख देते हैं।

इस्लाम में खम्स – किसी भी मुस्लिम सेना के ऐतिहासिक रूप से आवश्यक धार्मिक दायित्व को युद्ध के लूट के पांचवें हिस्से का भुगतान करने के लिए संदर्भित करता है एक सैन्य अभियान के बाद अविजयों को यह कर खलीफा, सुल्तान को दिया गया था। जो इस्लाम राज्य का प्रतिनिधित्व करता था सुन्नी इस्लाम परंपरा में हम सरकार आ रहा है। जिसमें युद्ध की लूट के रूप में परिभाषित किया गया है। या परंपरा में लूट समुद्र से प्राप्त वस्तुएं खजाना खनिज संसाधन काली कमाई वैध (जो गैर कानूनी हो) खम्स 20 प्रतिशत कर है जिसे गनिमा (युद्ध के साथ जब्त लूट) के रूप में माना जाने वाले सभी वस्तुओं पर भूखतना किया जाना चाहिए। खम्स अलग – अलग इस्लामिक करो जैसे जाकत, जज़िया से अलग है।

उशर – मुसलमानों से लिये जाने वाला भूमि कर।

उपसंहार – इस्लामिक शासन काल में जितने भी कर लिए जाते रहे हैं। वो समाज कि लभाई, उत्थान, विकास के लिए जाते थे। कर के जरिए समाज में उच–नीच की दूरी को दूर करना भी रहा है, कर समाज की भलाई के लिए तो था ही साथ में शहर की सुरक्षा को मजबूत बनाना भी रहा है, समाज के सभी वर्गो के द्वारा दिये कर से नागरिकों को सभी सुविधाएं भी देना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.hindiaudionotes.in
2. https://m.facebook.com
3. (knowledge if the islam)
4. https://en.p. Wikipedia.org/wiki/khums
5. मुस्लिम महिलाएँ और सामाजिक परिवर्तन (लेखक – अय्यूब मोहम्मद) राधा पब्लिकेशन नई दिल्ली,
6. भारतीय मुसलमान : दशा और दिशा (संपादक –यादव सिंह डॉ. वीरेन्द्र) राधा पब्लिकेशन नई दिल्ली,
7. मध्यकालीन इस्लाम (लेखक – के.एल.चंचरीक) यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन नई दिल्ली

****

प्रदेश के विकास में उत्तर-प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड की भूमिका

डॉ. राकेश कुमार *

प्रस्तावना – उ0प्र0 में औद्योगिक विकास को त्वरित गति प्रदान करने के लिये उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास लि0 की स्थापना मार्च 1961 में उ0प्र0 शासन द्वारा कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत की गई थी। वर्तमान में निगम राज्य शासन में अभिकरण के रूप में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में चयनित स्थलों पर अवस्थापन सुविधाओं से युक्त एकीकृत औद्योगिक क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करके औद्योगिक एवं अन्य सम्बन्धित उपयोग हेतु भूखण्ड उपलब्ध कराता है।

निगम प्रदेश के तीव्र सर्वांगीण औद्योगिक विकास के लिये मुख्य रूप से निम्न कार्यो को सम्पादित कर रहा है।

1. प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं से युक्त एकीकृत औद्योगिक नगरी एवं औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करके औद्योगिक एवं अन्य सम्बंधित उपयोगों हेतु भूखण्ड/भवन उपलब्ध कराना।
2. औगिक अवस्थापना सुविधाओं के विकासएंव इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये नोडल संस्था के रूप में कार्य करना।
3. सार्वजनिक/अर्द्ध सार्वजनिक संस्थानों के लिये निर्माण कार्य संचय आधार पर सम्पादित करना।
4. बड़े उद्योगों/अवस्थापना परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिये भूमि की सर्वप्रथम अपरिहार्य आवश्यकता होती है। उद्यमियों को उचित दर पर नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध कराने का दायित्व निगम का है। निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्र योजना की अधीन सड़क, नाली, विद्युत लाइने तथा अन्य प्राथमिक/सहायक अवस्थापना सुविधाओं से युक्त विभिन्न आकारों के विकसित भूखण्ड उद्यमियों को 90 वर्ष के पट्टे पर आवंटित किये जाते है।

निगम की प्रमुख परियोजनायें

ग्रोथ सेन्टर्स परियोजनायें – निगम द्वारा प्रदेश में जैनपुर, शाहजहांपुर, दिबियापुर एवं झाँसी ग्रोथ सेन्टर्स का विकास क्रमश: 331 एकड़, 324 एकड़, 346 एकड़ एवं 385.04 एकड़ भूमि पर किया गया है। इनकी परियोजना लागत क्रमश: रु0 3100.76 लाख, रु0 1622 लाख एवं रु0 1885 लाख है। इन ग्रोथ सेन्टर्स परियोजनाओं में जैनपुर तथा शाहजहांपुर का विकास कार्य पूर्ण हो चुका है। झाँसी एवं दिबियापुर विकास केन्द्रों का कार्य प्रगति पर है।

एग्रो पार्कस – खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से कृषि आधारित उद्योगों को बढ़वा देने हेतु निगम द्वारा कुर्सी रोड (बाराबंकी) तथा करखियांव (वाराणसी) में दो एग्रो पार्क में अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु क्रमश: रु0 1314.53 लाख रु0 1417.03 लाख व्यय किये जा चुके है। दोनों एग्रो पार्को का विकास कार्य पूर्ण हो चुका है।

विशेष आर्थिक जोन (Special Economic Zone) कानपुर – विशेष परिक्षेत्र परियोजनाओं को सिंगल प्रोडक्ट के रूप में शासन के निर्देशानुसार UPSIDC द्वारा विकासकर्ता की भूमिका अदा करते हुए कानपुर के तीन सेक्टर स्पेसिफिक परियोजनायें विकसित की जानी है। उक्त परियोजना पर बोर्ड ऑफ एप्रूवल, भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.05.2007 को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

विशेष आर्थिक जोन (Special Economic Zone) भदोही – भदोही विशेष आर्थिक परिक्षेत्र परियोजना को सेक्टर स्पेसिफिक परियोजना (कारपेट उत्पादक) के रूप में णङ्मडखउ्ल द्वारा विकासकर्ता की भूमिका अदा करते हुए विकसित किया जाना है। इस परियोजना पर एप्रूवल, भारत सरकार द्वारा सन् 2008 में औपचारिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। भूमि का वास्तविक कब्जा प्राप्त कर विकास कार्य प्रारम्भ करने में स्थानीय कास्तकारों द्वारा विरोध किया जा रहा है जिला प्रशासन के सहयोग से भौतिक कब्जा प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

विशेष आर्थिक जोन (Special Economic Zone) मुरादाबाद – मुरादाबाद में हस्तनिर्मित वस्तुओं के लिये विशेष आर्थिक परिक्षेत्र स्थापित करने हेतु भारत सरकार से अनुमोदित इस परियोजना में उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा जल, विद्युत, जल निकासी, सामान्य सुविधायें, इंन्लैंड कन्टेनर डिपो, विकास आयुक्त कार्यालय, कस्टम कार्यालय, बैंक, पोस्ट-ऑफिस, टेलीफोन, पुलिस आउट पोस्ट, फायर स्टेशन, बाउंड्री बाल, आवासीय क्षेत्र, प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र आदि सुविधाओं का निर्माण। विकास कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उद्यमियों को भू-आवंटन की प्रक्रिया जारी है।

औद्योगिक अवस्थापन उच्चीकरण योजना (औद्योकगिक क्लस्टर योजना) – निगम के चार औद्योगिक क्षेत्रों (गाजियाबाद-2, बुलन्दशहर एवं कानपुर) में अवस्थापन सुविधाओं के उच्चीकरण हेतु परियोजनायें राज्य सरकार की संस्तुति सहित भारत सरकार के अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई है। इसके अतिरिक्त मेरठ कलस्टर हेतु भी एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की गयी है।

एकीकृत अवस्थापन विकास केन्द्र (आई0आई0डी0सी0) – इस योजना यू0पी0एस0आई0डी0सी0 दौरा उत्तर प्रदेश के पिछड़े जनपदों में लघु-उद्योग स्थापित किये जाने हेतु कोसी — कोटवन (मथुरा) एटा, वन्थर (उन्नाव) में परियोजनायें स्थापित किये जाने हेतु भारत सरकार उद्योग

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) रामसहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी शिवराजपुर, कानपुर नगर (उ.प्र.) भारत

मंत्रालय द्वारा 1996-97 में स्वीकृत प्रदान की गयी थी। एवं इन परियोजनायें का विकास कार्य पूर्ण हो चुका है। सम्बंधित केन्द्रों में उद्यमियों को अवस्थापना सुविधाये प्रदान करते हुए 200 मीटर एवं 300 मीटर में भू-खण्डों को उपलब्ध कराया गया है।

उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण:- निगम द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों के विकास प्रबंधन, रख-रखाव का निर्धारण, मास्टरप्लान व विकास योजनायें बनाने, स्वीकृत भू-उपयोग के अनुश्रवण व कराधान हेतु शासन के नोटिफिकेशन संख्या 1418/77/2001-267 या/97 टी.सी.-1 दिनांक 5 सितम्बर 2001 द्वारा अभिज्ञापित कर दिया गया है। तथा निगम के अध्यक्ष को पदेन प्राधिकरण का अध्यक्ष भी नामित किया गया है।

आई0टी0 विशेष आर्थिक परिक्षेत्र सिटी :- उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास निगम लि0 द्वारा विकसित ट्रोनिगक सिटी में लगभग 27.13 एकड़ भूखण्ड पर आई0टी0/आई0टी0एस0एस0ई0जेड0 विकसित करने को परियोजना पर भारत सरकार द्वारा जून 2008 में अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिये उद्यमियों की उचित दर पर नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि को उद्यमियों को नीतिगत व्यवस्था के अन्तर्गत सौंपी जाती है। उक्त योजना में निम्नलिखित उद्देश्य की पूर्ति में योगदान मिला है।

1. उद्यमियों को उचित दरों पर औद्योगिक भू-खण्ड उपलब्ध कराना।
2. प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक संभाव्यता का कुशलतम दोहन।
3. प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का सामान्य व सन्तुलित औद्योगिक विकास।

प्रदेश में सन्तुलित औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये पिछड़े एवं उद्योग शून्य जनपदों में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने का समुचित बल दिया है। बदलते आर्थिक/औद्योगिक परिवेश में मांग आधारित औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उत्तर-प्रदेश में औद्योगिक विकास (प्रगति समीक्षा 2015-16) उद्योग निदेशालय, कानपुर (उत्तर - प्रदेश)। पृष्ठ सं0-107, 108
2. उत्तर-प्रदेश में औद्योगिक विकास (प्रगति समीक्षा 2016-17) उद्योग निदेशालय, कानपुर (उत्तर प्रदेश)। पृष्ठ सं0 125, 127, 129
3. उत्तर-प्रदेश 2016, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर-प्रदेश पृष्ठ सं0 171, 172
4. उत्तर प्रदेश 2015, सूचना एवं जन्सम्पर्क विभाग उत्तर-प्रदेश पृष्ठ सं0 869, 870
5. डॉ0 एच0के0 सिंह व डॉ0 मीरा सिंह : व्यवसायिक वित्त, प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद (संस्करण 2015) पृष्ठ सं0 385

****

नागपुरी भाषा के विकास में पत्र-पत्रिकाओं का योगदान

कोरनेलियुस मिंज *

शोध सारांश – नागपुरी साहित्य को बढ़ावा देने और नागपुरी रचनाओं को उजागर करने में आदिवासी पत्रिका का सबसे बड़ा योगदान रहा है। इसमें नागपुरी साहित्य की सभी विधाओं को जगह दी गयी। हालांकि सबसे अधिक नागपुरी कविताओं को प्रश्रय मिला। इस पत्रिका के पहले अंक 3 फरवरी 1947 में मसीदास की एक कविता हमरे छपी। इस कविता की भाषा बिल्कुल सपाट और ठेठ है।

प्रस्तावना – कविता : हमरे

'हमरे उपजाइला माटी में सोना।
हमरे करिला माटी के सोना।।
टपाटैप चूए पसेना
छेह मोर फरहर
खेत दोन हरिहर
हरियर करीला धरती कोना कोना।
हमरे जनमाइला माटी में सोना ।।'[1]

सात दिसंबर 1961 ई. के योजना विशेषांक में दुख हरण नायक की एक नागपुरी गीत छपी थी। जिसका शीर्षक है – हेराल बेटी सहिया बेटी। गीत की पंक्तियां आसानी से लोगों के जेहन को छूती हैं–

'झरझराझर सावन झईर बिजली कड़क कड़के
लूटाल हेजाल बेटी दुखे आईखलोर मोर ढरके।।
हेजाल गंवाल बेटीक दुखे पटाल ओढा मुंये।
पेट चपटा भूखे टटाल देहिया भींजल गांवे।।'[2]

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों के द्वारा अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं के स्त्रोतों को समाहित किया गया है।

वहीं अप्रैल 1961 ई. में प्रकाशित 'नागपुरी' पत्रिका, शिलौंग से 1961 ई. से प्रकाशित 'घरैया गोइठ', नागपुरी महिनवारी कागज, नागपुरिया समाचार, झारखंड समाचार, जय झारखंड, छोटानागपुर संदेश, रांची एक्सप्रेस, शंखनाद, संवाद, जोहार पत्रिका में नागपुरी की लगभग सभी विधाओं में रचनाएँ छपती रही हैं। जोहार पत्रिका आदिवासी पत्रिका की तरह सरकारी होते हुए भी नागपुरी की रचनाओं को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। इसमें कई नागपुरी साहित्यकारों की अच्छी रचनाएँ सामने आयीं। वहीं काफी प्रफ रीडिंग के साथ प्रकाशित की जाती थी। तिरफला कहानी की कुछ पंक्तियों को देखा जा सकता है –'उकर गतर काया आंइख, ठेहुना, कान नाक आउर आठो अंग कर सुन्दर से सुन्दर कल्पना में बोहाय जायना, बोहाय जायला।'[3] इस पत्रिका के प्रधान संपादक रेव्ह दिलवर हंस थे। यह पत्रिका भी कम अवधि में ही बंद हो गयी। कचनार, आज, आह्वान, पझरा, कोयनार, अगुवा, हिंदुस्तान, दैनिक सांध्य न्यूज पेपर झारखंड न्यूजलाइन, दैनिक भास्कर, खबर मन्त्र, तरंग भारती सहित अन्य पत्र-पत्रिकाओं नागपुरी भाषा की रचनाओं को प्रकाशित कर ना सिर्फ भाषा-साहित्य के संरक्षण-संवर्द्धन में अपनी महती भूमिका निभायी लेकिन लोगों भाषा को लेकर स्वाभिमान की भावना भी जागृत किया। मीडिया अगर न होती तो नागपुरी का जो स्वरुप आज वर्तमान में नजर आ रहा है, शायद वह न होती। लोग अपनी भाषा- बोलने से शर्माते थे, तो लिखना और उसे लोगों समक्ष लाना बहुत मुश्किल काम था। ये तो मीडिया का ही कमाल है कि नागपुरी रचनाओं को लोगों के समक्ष लाया और इसे बचाये रखने व समृद्ध करने में बड़ा योगदान दिया है। इसमें प्रिंट मीडिया के साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी महत्वपूर्ण योगदान है। नागपुरी भाषा-साहित्य को 1948 ई. को स्थापित आकाशवाणी पटना की स्थापना से ही नागपुरी को जगह मिलना प्रारंभ हो गया था। सर्वप्रथम नागपुरी गायक पांडेय वीरेंद्र नाथ राय ने पटना आकाशवाणी जाकर नागपुरी गीत गाना प्रारंभ किया। 16 दिसंबर 1950 को उनके दो नागपुरी गीत रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें ये गीत शामिल हैं – गीत इस प्रकार है –

'गीत-भिनसरवा राग
निसि अधियारी मुरगा देलैं बांग रे
हायरे दैया, कहां रहलैं नन्दकि सोर रे
जोहे के जोहली जोहते भेलैं भोर रे।।
गुनते गुनते समय भेलैं मोर रे।
हायरे दैया, पिया भेलैं कठिन कठोर रे।।'[4]

30.10.1950 में रिकॉर्ड किया गया गीत

'हो हो रे कैसे दिल बोधब गोइया
लोरे भिंजत छतिया कैसे दिल ...
भावन भोज न धरे, नींद नहि एक सरे कैसे दिल ...
श्रीसी दरसन बीनु घांसी झुरे मन कैसे दिल बोधब गोइया
कब जुड़ाबै छतिया कैसे दिल बोधब ......'[5]

आकाशवाणी राँची की स्थापना के बाद तो नागपुरी भाषा-साहित्य में उर्जा का संचार हो गया। मानो डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो। 27 जुलाई 1927 ई. को स्थापित आकाशवाणी राँची का पहला कार्यक्रम 'देहाती दुनिया' ही नागपुरी में प्रसारित की गयी। यह कार्यक्रम आज भी प्रसारित होती है। रेडियो के माध्यम नागपुरी साहित्य की कई विधाएँ प्रचलित हुईं। कविता के अलावे कहानी, नाटक रूपक, संस्मरण, वार्ता, लोक कथाएँ प्रसारित की जाने लगी। साहित्यिक पत्रिका एवं कवि गोष्ठी कार्यक्रम के माध्यम से नागपुरी साहित्य जगत में क्रांति पैदा कर दी। 100 से अधिक

* सहायक प्राध्यापक (जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग) राँची महिला महाविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

नागपुरी गायक रेडियो से जुड़े और शिष्ट गीतों के प्रचलन को आगे बढ़ाने का काम किया है। वहीं 50 से अधिक नागपुरी कवि आकाशवाणी से जुड़े, जिनकी शिष्ट कविताएँ प्रसारित की जाती रही हैं। इसी तरह कहानी, नाटक और निबंध लिखने वाले रचनाकारों की एक पंक्ति तैयार हो गयी। इसी तरह दूरदर्शन राँची ने नागपुरी भाषा-साहित्य को संरक्षित-सवंर्द्धित करने का कार्य किया है। 1984 ई. में स्थापित राँची दूरदर्शन ने नागपुरी में भेंटवार्ता, गीत-नृत्य और कविता पाठ का आयोजन होता रहा है। जिसके माध्यम से शिष्ट रचनाओं को गति मिला है। साथ ही लुप्त होती कई चीजों को संरक्षित करने का काम किया हुआ है। ग्राम ज्योति और कल्याणी कार्यक्रम ने नागपुरी को जीवंत कर दिया। इसके किरदार लोगों के मनो-मस्तिष्क में छा गये। स्थापना समारोह के दिन से ही नागपुरी को जगह मिलने लगी थी। उस दिन नागपुरी गायकों, वादकों को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया था। नागपुरी लोक गायक क्षितिज कुमार राय को तत्कालीन सांसद शिव प्रसाद साहू ने दूरदर्षन स्थापना के दिन गीत-नृत्य प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया था। उनके साथ मधु मंसूरी, महावीर नायक, मुकुंद नायक, यशोदा देवी, देवी शरण मलार, मन पूरन नायक भी शामिल थे। उस दिन क्षितीश कुमार राय ने जनानी झूमर राग में गीत प्रस्तुत किया था, जिसे रिकॉर्डिंग कर कई बार पुन: प्रसारण किया गया। इस रिकॉर्डिंग को अखरा कार्यक्रम में कई बार प्रसारित किया गया।

ये गीत इस प्रकार है :

गीत :

'दुनिया एक फूलवारी
फूइल के झरेला
धीरे-धीरे लता पता
फूल से भरेला
माली मन में हांसेला.....।।'[6]
'माली पटावे पानी
डके आपन शिषु जानी
जतन करेला
एके एके सोची-सोची
चुइन के तोरेला कइसन
जतन करेला
माली मन में हांसेला.......
डाली-डाली बात करे
आइज मालिक आवी तोरे
जाइन के झुमेला कइसन जाइन के झूमेला
एक संगे प्रीत रंगे
धरती चुमेल
माली मन में हांसेला माली मन में हांसेला .....।।'[7]

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में निजी एफएम और टीवी चैनलों ने गीत, नाटक व भेंटवार्ता एवं साक्षात्कार आदि प्रसारित कर इस नागपुरी को बढ़ावा देने का कार्य किया है। जिनमें झारखंड टीवी, नजर टीवी, हमार टीवी, रेडियो धूम, बिग एफएम 92.9 और रेडियो मंत्रा शामिल हैं। इन दिनों न्यूज -11 न्यूज चैनल नवंबर 2017 से लगातार साप्ताहिक परिचर्चा नागपुरी में प्रसारित कर रहा है। अब तक 100 से अधिक परिचर्चा प्रसारित किये जा चुके हैं।

निष्कर्ष - नागपुरी साहित्य को जो वर्तमान रूप दिख रहा है, उसकी वजह मीडिया है। चूंकि जो भी लिखते थे तो उनकी रचनाएँ पांडुलिपि के रूप बक्से में बंद पड़ी रहती थी, अंतत: दीमक चट कर जाता था। जिसे मीडिया ने प्रसारित और प्रकाशित कर संरक्षित और सवर्द्धित करने का काम किया है। अगर मीडिया न होता तो नागपुरी साहित्य इतना व्यापक नहीं हो पाता है। उसकी वजह से लोगों में नागपुरी के प्रति स्वाभिमान की भावना जगी और लिखने के लिए प्रेरित हुए। इसमें आकाशवाणी राँची ने सबसे अधिक योगदान दिया है। वहीं राँची एक्सप्रेस, प्रभात खबर और आदिवासी पत्रिका ने नागपुरी रचनाओं को लगातार प्रकाशित किया है। जिससे इसका साहित्य लगातार समृद्ध होता जा रहा है। इस प्रकार नागपुरी साहित्य विकास में समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 'समाचार पत्र का सबसे महत्वपूर्ण कार्य जनमत का निर्माण करना है।'[8] डॉ विसेश्वर प्रसाद केशरी के शब्दों में कहा जाय - 'नागपुरी साहित्य के संकलन, प्रकाशन में चाईबासा के धनीराम बक्शी का योगदान सदैव उल्लेखनीय रहेगा। उनके हिंतैशी कार्यालय से नागपुरी की तीसों पुस्तिकाएँ एवं बड़ाईक जीवन आदि कई पत्रिकाएँ भी प्रकाशित हुई।'[9] 'अच्छी रचनाओं की परख पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से भली-भांति हो जाती है। अत: कहा जा सकता है कि लोकप्रिय रचनाएँ पत्र-पत्रिकाओं की सीढ़ी चढ़कर लोकप्रियता की ऊँची मंजिल को सहज ही प्राप्त कर लेती है।'[10]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आदिवासी पत्रिका, तीन फरवरी 1947 ई. में पृ-01 में प्रकाशित मसीदास की कविता हमरे से लिया गया है।
2. आदिवासी पत्रिका, 1961 योजना विशेषांक, दुखहरण नायक की गीत - हेराल बेटी सहिया बेटी, से प्राप्त, पृ-38।
3. जोहार पत्रिका, अंक 02, 1980, पृ - 05
4. पांडेय वीरेंद्र नाथ के गीतों की डायरी में किये उल्लेख से मिली जानकारी के अनुसार
5. पांडेय वीरेंद्र नाथ के गीतों की डायरी में किये उल्लेख से मिली जानकारी के अनुसार
6. क्षितीष कुमार राय की डायरी से प्राप्त।
7. क्षितीष कुमार राय की डायरी से प्राप्त।
8. सुधीर लाल, झारखंड का सामान्य ज्ञान, पृ -137
9. गिरिधारी राम गौंझू, पीटर शांति नवरंगी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, पृ - 307
10. गिरिधारी राम गौंझू, पीटर शांति नवरंगी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, पृ - 309

****

An Analysis of Assorted Factors Influencing Score of Elementary & Middle Level School Students in Science Subject

Sarika Manthanwar*

Abstract - The present paper enlightens role of various factors in improvement of the academic performance of school students in Science Subject by taking sample of 1000 students from various elementary and middle level schools located in Nagpur Region covering all the boards and medium of instructions. The core focus of the paper was on the impact of various factors in the performance of students and how these factors can be identified in order of preference for sake of improvement. Role of teachers and parents in students' life can't be unnoticed. The paper is based on a study to cover various family related, teacher related, student related, school related, development related and evaluation related factors enclosing 55 relevant statements for the students to analyze the subject matter. It also analyzed the teachers' responses for confirming the students' views and opinions by constructing an additional questionnaire. Suitable statistical tests were applied and conclusion was drawn followed by testing the formulated hypotheses. It was followed by factor-analysis inference and suitable suggestions on the subject. The research opined about the improvement in the academic performance in Science subject through cognitive and non-cognitive, intrinsic and extrinsic, controllable and non-controllable factors.

Keywords - Science, factors, school students, parents, teachers, analysis.

Preamble - Development of civilisation demands continual learning and its implementation for the benefit of society. Knowledge gaining should be a practice and it must start at early ages. Experts need to be fully acquainted with the basics of his subject, which can only be achieved during school education. At schools, one must able to capture knowledge of varied areas including English, History Geography, EVS and most significant being Mathematics and Science. These subjects are of vital importance to create great mathematicians and scientists for our country.

However, it has never been that easy for every student to gain command over these subjects as these specialized knowledge can only be implemented when learnt practically and not just theoretically. Obviously, role of the subject teacher cannot be overlooked. A teacher can only prepare good students by taking care of assorted factor affecting the performance of a student. These factors are required to be observed carefully by the custodians of the students i.e. parents and teachers.

Infact, education process at school level centres on parent-teacher-student coordination. Role of each of these cannot be mistreated. It becomes rather crucial in case of critical subjects like mathematics and science. Especially science requires theoretical updation, practical implementation and experimentation. It requires a student to be perfect in order to able to present his experiment or model, invention or innovation for the society. And the first step is to comprehend the basics of the subject. The paper endeavours to analyze assorted factors contributing in score improvement of a student studying science subject at elementary and middle level schooling. The research has taken sample size of 1000 students from various boards and mediums of schools located in Nagpur Region. Their responses for various factors have been analyzed through a questionnaire constructed by using Likert scale. It has been designed by taking into consideration all the affecting relevant factors. However the core focus of the research was on the analysis of assorted factors playing crucial role fluctuating the academic performance of students particularly in Science subject. The research was undertaken with the intention to analyze these factors and to understand whether the performance can be improved by taking care of these factors.

Study Of Factors Affecting The Students' Performance - Assorted factors affecting the performance of students in Science subject at elementary and middle level schooling were analyzed in the first phase of research. The study analyzed various cognitive and non-cognitive factors. Usually measured through examinations, cognitive or learning factors are the extent to which a person's individual capabilities can influence their academic or learning performance. Non-cognitive factors are set of attitudes, behaviours, and strategies to promote academic self-efficacy, self-control, motivation, expectancy, emotional intelligence, and determination. Factors can again be differentiated into extrinsic and intrinsic factors, personal

*Assistant Professor, Umrer Shikshan Mahavidyalaya, Umrer, Distt. Nagpur (Maharashtra) INDIA

and group factors, and other miscellaneous factors. Cognitive and non-cognitive categorisation would have provided a better realization in the concerned subject matter. The second thought provided the study to categorize the various factors into extrinsic and intrinsic factors. As the questionnaire has to be deal with school students studying at elementary and middle level, it was very necessary to construct a questionnaire comprising of various factors and its categorization into such groups which the school students do understand easily so that they could provide reliable responses to the research subject.

The research analyzed numerous imperative elements which may affect the performance of the students in concerned subject. It includes demographic factors affecting students' attitudes, cultural/ethnic approach, socio-economic status, parental education, family ambiance, psychological fear, mediocre response, inadequate resources, poor practical orientation, lack of dedication, sneaking in and out of the classrooms and laboratories, inabilities of students to perform well in practical, teachers' methodology, constructing curriculum, lack of concentration, serious lack of time spent in teaching science content at elementary grade classes, lack in training and self-confident in teachers, teacher's inability to teach science due to lack of specialization, complex and ambiguous text language, inadequate laboratory equipment and facilities, poor motivated teaching strategies and shortage of suitable textbooks. All these categories surely affect students in their academic life which basically depends upon their home as well as school environment. The research evaluated the various factors that contribute to students' Science Academic Achievement. The research study found many contributing factors affecting academic performance of school students in science subject. These contributing factors affect performance of students directly or indirectly and prove influential. In order to evaluate whether the success or failure of a students' performance depends upon these contributing factors, it becomes very necessary to analyse these factors in depth. It is therefore the various factors have been categorized into group categories:

Table 1 (See in last page)

Table 1 categorisation provides a base of evaluation to the present study. Apart from these, an evaluation category was introduced to confirm the reliability of data responded by the students. It provided a check on various factor responses and provided a yardstick to measure the responses provided through factors.

Evaluation Through Questionnaire -To evaluate these factors, a questionnaire was designed for the school students in simple language to gather requisite information from the students. The statements grouped in the relevant categories to evaluate the influence of various factors. While analysing the factors affecting the academic performance, the research observed that there may exist a number of factors like family size, level of parental education, their efforts, school facilities, teacher's competence etc. The questionnaire enclosed two sections, first for basic information and another, the main questionnaire. The basic information helped the research to get a feel about the student. However, the main questionnaire contained objective type questions covering the factors like Science as a subject, science class, teacher, laboratory, library resource, examinations, family ambiance, role of parents, intensity of factors, academic evaluation etc.

The questionnaire contained questions of objective nature based on five-point Likert Scale. Sufficient questions were classified in relevant categories on uniform scale to infer by applying various statistical tests on the collected data. The responses under the various categories were classified, tabulated, analyzed and interpreted with support of pictograms before application of suitable statistical tests. In all 55 statements were presented to the students to respond about the subject issue which yielded the following mean scores:

Table 2

S.	Category Group	Mean Score	Standard Deviation
1	Family related factors	3.79	0.19
2	Teaching related factors	3.81	0.07
3	School related factors	3.45	0.12
4	Student related factors	3.63	0.19
5	Developmental factors	3.77	0.24

The mean score for overall factors for both the genders was determined as 3.68 for crucial factors analyzed while yearwise analysis yielded mean score of 3.71. Formulated hypotheses were tested on the basis of these responses by applying statistical tests including t test which provided value of 0.26 in comparison to tabulated value of 2.775 at 95%. Evaluation factors were analyzed and tested by using Chi square test. A separate set of questionnaire prepared for group of teachers to confirm the students' responses. It was tested by using Z test. Inferences were drawn about the efficacy of various factors affecting the academic score of science subject of elementary and middle level school students.

Conclusion Drawn In Respect Of Influencing Factors - The conclusion was inferred about the influence of assorted factors on the academic performance in Science subject. Each of the considered factors was appraised and interpreted and their level of order was determined from the most influencing factors to least influencing factor so as to improve the performance of the student. It was observed that the affecting factors centre around four important performance changers, namely, family (parents), school management, teachers and students. All these act as basic pillars, which require proper co-ordination in order to improve the performance of a student. It is parents who want teachers to play their part sincerely in order to improve performance of their child. On the contrary, it is teachers want parents to co-ordinate and be disciplined about studies

and homework to improve to serve the same purpose. Both these participants seek school management to provide all facilities and infrastructure development. Amongst all these, student for whom all these participants concentrate need to be sincere on his/her part, following the instructions and guidelines in a disciplined manner. However, improvement in performance is very difficult without the support of parents, teachers and school management. If any of these participants fail to perform his part of duty, it may hinder the performance. Parent involvement act as a main factor and require participation of parent active and constant. Parents are expected to fulfil the basic needs of a child in order to provide all comfort to their ward so that he can study and get developed in a convenient manner. Parents are also expected to be in constant touch with school management not only for safety and security but also for development of their child. Communication between parents and school management has key role to play. However, one cannot deny the role of concerned affiliated board in respect of deciding its curriculum which should, at this stage, should be such so as to raise subject knowledge of the students of all levels. Here, how a curriculum is designed plays a very important part for development of student. Teaching materials in the form of prescribed text books, sufficiency of contents, language, content material and other inputs should be such to create interest on the subject alongwith with other aspects like relevancy, quality, explorative nature etc. Apart from this, the inputs which a teacher can provide in the form of class notes, assignments, practical teaching and theoretical explanation also act as important part. If student get interest in what teachers use to taught them, it will also help in reducing the number of school dropouts.

The research has given suggestions and recommendations to improve the academic performance of the students in Science subject through factor analysis. The research suggested forming parent-teacher association, suggesting creative and innovative ideas to teach the subject, extra guidance, updating library and laboratory resource, forming forums, giving more stress to science exhibitions, fairs etc.

References:-

1. allindiaeducationblog.blogspot.in
2. *American Journal of Educational Research*, 2013 1 (8), pp 283-289. DOI: 10.12691/education-1-8-3
According of different Reviews - Rock salt is considered to be the most pure salt, because it does not contain adulteration and chemicals. Very few people know that this salt is not just a spice, but it contains all the ingredients that require a body. Like iron, calcium, potassium, gink and many other stones are present in the salt. You can eat it by eating it or you have supplements, powder and pills in the market which you can take. But do not take it without a doctor's suggestion

Rock salt is quite effective in the treatment of poor digestion. It works like a medicine, which improves digestion. They also provide relief in your hunger and gas.

Everyday the rock replaces the lost electrolytes of body by eating salt and maintains the pH level. It stimulates blood circulation and removes the existing dirt and toxic mineral in the body.

It maintains the balance of blood pressure levels. Rock salt removes many herpes and worms from the treatment of diseases, with acne and pains. They are found in every Indian house.

When rock salt is taken with lemon juice, it provides relief from stomach worms and also prevents vomiting. Seasoned salt made of salt and water from the water provides relief from chronic arthritis, stones. Instead of buying an expensive Salt bath, you can make yourself without spending any rupees, add your own tea salt, add 1 teaspoon rock salt to your bath water and then use that water for bathing. Bathing with this water will give you relief, it relaxes the throat muscles, makes body datoxyfaay. Along with this, you control your blood pressure.

Rock salt (NaCl) is an ionic compound that occurs naturally as white crystals. It is extracted from the mineral form halite or evaporation of seawater. The structure of NaCl is formed by repeating the face centered cubic unit cell. It has 1: 1 stoichiometry ratio of Na: Cl of a molar mass of 58.4 g / mol. Compounds with the sodium chloride structure include alkali halides and metal oxides and transition-metal compounds. An important role Some applications include crystallization of proteins and conformational behavior of peptides and nucleic acids. (6.11A: Structure - Rock Salt (NaCl) 2019) This presentation is related to the use of rock salt and ordinary salt of Indian women and its physical consequences.

Objectives of the Study :

1. Know the effects of using ordinary salt in women.
2. Study the uses and effects of rock salt and ordinary salt.

Question of study :

1. Is using rock salt has a positive effect on women's health.

Data Collecting Techniques and Sources - In the research presented, both primary and secondary sources have been employed. Interview-schedule method has been used with the observation method for basic fact collection. With the study done prior to collection of secondary facts, the basis for the public and non-government published publications related to food habits has been made. Assuming women as important, fact-finding has been completed in a direct and indirect way.

Participant & Sampling - Purpose and presentation of this study, completed in Kanpur city of Uttar Pradesh, is to work with the working women and gathering facts. The use of

*Asst. Professor (Chemistry) Govt. Degree College, Shivrajpur, Distt. Kanpur (U.P.) INDIA

objective and convenient demonstration. This demonstration method has been effective due to legal process and time limit liability. Thus, as per the above mentioned details from the city of Kanpur, 50 women have been included in the study.

Respondent by age

Figure 01 : Respondents according to age



For this experiment we selected 50 women, who were 25 to 55 years old. In the above figure 01, the details of the 50 female respondents are given as per the age of age, in which 26% of women are aged 25 to 30 and 20% are women aged 31 to 35 and 18% women are 36 to 40 years old, 14 percent of women are aged 41 to 50 years while 22 percent of women are aged between 51 and 55 years.

Respondent by social class

Figure 02: social class



In the above figure 02, the social class of the respondents has been given in which there are 7 (14 percent) women from the general category, 11 (22 percent) women from other backward classes, 10 (20 percent) women from Scheduled Castes category, Scheduled Tribes There are 13 (26 percent) women, 9 (18 percent) women from the minority category. In the conclusion, we can say that the highest percentage is of scheduled caste women and the lowest common category is of women.

Marital Status

Figure 03 : Respondent by marital status



In the above picture 03, the details of marital status are given in which there are 8 (16%) women unmarried, 36 (72%) women are married, 2 (4%) are widowed women, 3 (6%) women divorced and 1 (2%) the women separated. In conclusion, we can say that the highest percentage is of married women and unmarried women are less.

Experiment - The control group of 50 women mentioned above was taken to see the effect of rock salt and ordinary salt, in which 25 women were given for rock salt for 1 month and 25 women were given for normal salt meals. Prior to this experiment some tests of all women were done in which the examination of diabetes, blood pressure was checked. The codes were given to the women in which the women eating rock salt were given 1 to 25 and the normal salt was given to the number of 26 to 50 codes.

Table : 01 : Reports of women with rock salt before experiment (Respondent code 1 to25)

Perimeter	Diabetes	Blood pressure
Controlled	1,2,3,4,5,7,8,9,10, 11,1415,17,19,20, 21,24	1,2,3,4,5,7,8,9,10, 11,1415,17,19,20, 21,24
Ordinary	13,18,23,25	13,12,23,25
Uncontrolled	12,16, 22	18,16, 22

Diabetes and blood pressure examination of women in the 1st and 25th of the code before consuming rock salt in the above table was found in which it found that diabetic levels of 17 women were found to be controlled and four women were found to be diagnosed with Diabetes and 3 women were found Uncontrolled Similarly, blood pressure check was found 17 levels of women were found and 4 women were found to be diagnosed with diabetes and 3 women were found to be uncontrolled. If, according to the Respondent Code, checks for diabetes and clonic examination of the codes 1 to 11, and 14, 15, 17, 19, 20, 21, 24 were regulated. Code 13,18,23,25 was found to be normal for diabetes, but the blood pressure check code is 13,12,23,25 in normal condition and 18,16,22 of the code was found uncontrolled. Diabetes mellitus codes 12,16, 22 were found to be uncontrolled.

Table : 02 : Reports of women with normal salt before experiment

(Respondent code 26 to 50)

Perimeter	Diabetes	Blood pressure
Controlled	27,29,30,31,32, 35,43,44,45,47, 48,49,50	27,29,30,31,32, 35,43, 49,50
Ordinary	34,36,38,39,40, 41,42,	44,45,47,48,40, 41,42,
Uncontrolled	26, 28, 33,37, 46	26, 28, 33,37, 46, 34, 36,38,39

Prior to eating simple salt in the above table, diabetes and blood pressure examination of 26 to 50 codes of women were found in which it found that diabetes levels of 13 women were found to be controlled and 7 women were found to be diagnosed with Diabetes and 5 women were found to be normal. Uncontrolled Similarly, blood pressure check was found to control the level of 9 women and diagnosis of diabetes of 7 women was found to be common and 9 women were found to be uncontrolled. If, according to the Respondent Code, the code of 27,29,30,31,32,32,35,43,44,45,47,48,49,50 diabetic checks were found to be seen. Code of 34,36,38,39,40,41,42, diabetic examination was found to be normal and Diabetes Code 26, 28, 33,37,46 were found to be uncontrolled. Similarly, the blood pressure check codes of 27,29,30,31,32,35,43,49,50 were found to be controlled code 44,45,47,48,40,41,42 test checks were found normal and 26, 28,33,37,46,34,36,38,39 chromosomes of the code were found unchecked.

After one mounth reports

Table : 03 - Reports of women with rock salt after experiment (Respondent code 1 to25)

Perimeter	Diabetes	Blood pressure
Controlled	1,2,3,4,5,7,8,9,10, 11,1415,17,19,20, 21,24	1,2,3,4,5,7,8,9,10, 11,1415,17,19,20, 21,24
Ordinary	13,18,23,25	13,12,23,25
Uncontrolled	12,16, 22	18,16, 22

According to the Respondent Code, checks for diabetes and clonic examination of the codes 1 to 11, and 14, 15, 17, 19, 20, 21, 24 were regulated. Code 13,18,23,25 was found to be normal for diabetes, but the blood pressure check code is 13,12,23,25 in normal condition and 18,16,22 of the code was found uncontrolled. Diabetes mellitus codes 12,16, 22 were found to be uncontrolled.

Table : 04 - Reports of women with normal salt after experiment (Respondent code 26 to 50)

Perimeter	Diabetes	Blood pressure
Controlled	27,29,30,31,32, 35,43,44,45,47, 48,49,50	27,29,30,31,32,35, 43, 49,50
Ordinary	34,36,38,39,40, 41,42,	44,45,47,48,40, 41,42,
Uncontrolled	26, 28, 33,37, 46	26, 28, 33,37, 46,34, 36,38,39

According to the Respondent Code, the code of 27,29,30,31,32,32, 35,43,44,45,47,48,49,50 diabetic checks were found to be seen. Code of 34,36,38,39,40, 41,42, diabetic examination was found to be normal and Diabetes Code 26, 28, 33,37,46 were found to be uncontrolled. Similarly, the blood pressure check codes of 27,29,30,31,32,35,43,49,50 were found to be controlled code 44,45,47,48,40,41,42 test checks were found normal and 26, 28,33,37,46,34,36,38,39 chromosomes of the code were found unchecked.

Results :

1. There is no special difference in pre and post examination of rock salt and ordinary salt on women.
2. According to the women, they had to take less than the usual food in the daily rock salt because they are more scrupulously.
3. Rock salt dissolves with the delay in comparison to ordinary salt.

Suggestion :

1. Any food should be taken after innovation and doctor's opinion.
2. Some chemical components can be found both profit and loss at the same time.
3. There is a need to further control the above test, in which the weight of women, community and age and the same food and drinking habits of water should also be seen.
4. The said test can also be done in weekly, fortnightly and monthly and quarterly time limits

References :-

1. Gao, H.X., L.-M. Peng, and J.M Zuo. "Lattice dynamics and Debye-Waller factors of some compounds with the sodium chloride structure." Acta Crystallographica: Section A (Wiley-Blackwell) 55.6 (1999): 1014. Academic Search Complete. EBSCO. Web.
2. Housecroft, Catherine E., and Alan G. Sharpe. Inorganic Chemistry. 3rd ed. Harlow: Pearson Education, 2008. Print.
3. Jun Soo, Kim, and Yethiraj Arun. "A Diffusive Anomaly of Water in Aqueous Sodium Chloride Solutions at Low Temperatures." Journal of Physical Chemistry B 112.6 (2008): 1729-1735. Academic Search Complete. EBSCO. Web.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

भारतीय दर्शन में आचार मीमांसा

देवदास साकेत *

शोध सारांश – दर्शन की शाखा आचार मीमांसा या कर्तव्यशास्त्र के प्रधान विषय है, किन्तु व्यक्ति के आचरण को लेकर एक प्रश्न खड़ा होता है कि वह अपने जीवन को किस प्रकार सफल बनायें। इस पृथ्वी पर दो तरह के दृष्टिकोण सामने आते हैं। प्रथमत: इस जगत् में मानव के जीवन की दिशा निर्सगत: बुरी दिखाई देती है। वैसे भी उन कामनाओं की सृष्टि ने प्रकृति के सुख की उपलब्धि के उद्‌श्यों से परिपूर्ण किया है। किन्तु वह वास्तविक रूपों में दु:ख उत्पन्न करने वाले हैं, जिस प्रकार से जो व्यक्ति दिशाओं में भटकता है। वही दिशा को प्राप्त करता है। सच्चाई देखने का प्रयास किया जाये तो लगता है कि इस प्रकृति में एक मात्र दु:ख ही वास्तविक सत्ता है। वैसे भी निराशा की उत्पत्ति ही अंत के कारण होती है। दु:ख से ही सुख की प्राप्ति सुनिश्चित होती है। इसी से निराशा के उत्पन्न होने से आशा की किरणे प्रज्वलित होती है। जहाँ निराशा नहीं है वहाँ आशा का कोई भी अस्तित्व दिखाई नहीं देता है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र विषय में '**भारतीय दर्शन में आचार मीमासा' में** द्वितीयक तथ्यों के द्वारा अध्ययन कर सामाग्री का संकलन किया गया है। इसमें विश्लेषणात्मक एवं संश्लेषणात्मक विधि के रूप में शोध पर को तैयार किया गया है। इसके साथ मूल ग्रन्थों का अध्ययन करते हुए विद्वानों का मार्गदर्शन लिया गया है।

समस्या – व्यक्ति में लालच, द्वेषु, अकर्मणता, मोह आदि गुणों के कारण समस्याऐं विद्यमान है। लूट-खसोट आदि के कारण व्यक्ति में एक-दूसरे के प्रति विश्वास टूटता जा रहा है। व्यक्ति में चिन्तन करने की प्रवृत्ति समाप्त होती जा रही है। वह स्वयं में सोचता कम है कि क्या सही है और क्या गलत है। उसके परिणाम जाने बिना ही कार्य को करता जा रहा है। इससे समाज में अनेकों प्रकार की विसंगतियाँ जन्म ले रही है।

उद्देश्य – व्यक्ति में यदि सही सोचने की शक्ति विद्यमान हो गई तब कभी भी मानवीय मूल्यों की समस्या नहीं उत्पन्न होगी। दर्शन हमेशा मानव को सही दिशा दिखाने का प्रयास करता है। इसीलिए भारतीय दर्शन में आचार शास्त्र की विशेष चर्चा की गई है। मानव में नैतिकता ही सबसे बड़ा उद्देश्य है।

समाधान – भारतवर्ष में दर्शन तथा धर्म का प्रगाढ़ सम्बन्ध है। उसी प्रकार तत्तवज्ञान तथा भारतीय जीवन का गहरा सम्बन्ध है। त्रिविध संताप से सन्तप्त जन की शान्ति के लिए, क्लेशमय संसार से आत्यन्तिक दु:खनिवृत्ति के लिए भारत में दर्शनशास्त्र का प्रादुर्भव होता है।[1] *भारतीय दर्शन पृष्ठ 9*

दर्शन ही मानव जीवन के मानवीय मूल्यों के प्रकाश को संजोये हुए है। वही मूल्य व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करता है। धर्म ही सत्य है। सत्य के प्रकाश से संसार प्रकाशमान हो रहा है। इसके बिना व्यक्ति के मूल्यों का उद्‌विकास नहीं हो सकता है।

इसी से मानव के मूल्यों की विशेषताओं का पता चलता है। धर्म का उच्च आदर्श केवल इस शरीर के लिए नहीं कहा जा सकता है। अपितु देहत्याग के उपरांत भी धर्म उसके साथ रहता है। इसका प्रमाण स्वरूप बृहदारण्यकोपनिषद्‌के मैत्रेयी-याज्ञवल्क्य-संवाद में कहा गया है- कि मानव में सबसे बढ़कर प्रिय आत्म तत्व है और आत्म तत्व के प्रियका साधन धर्म है। धर्म ही मानव की नैतिकता है।[2]

जिस प्रकार से मनुस्मृति में कहा गया है। कि -

सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक्पृथक्।
वेदशब्देभ्य एवाऽऽदौ पृथक् संस्थाश् च निर्ममे।[3]

मनुस्मृति श्लोक 1/21

ब्रह्म ने संसार के सभी पदार्थो का उक्त स्थान काल की दृष्टि से नाम प्रदान किया है। अनेकानेक कर्मो को अनेकानेक परिस्थियों को भी सृष्टि के उद्धारक वेदों के शब्दों को ही जानकर बनाया है, जिस तरह से नील गाय का उदाहरण अनुमान लगाने वाले को यह ज्ञान न हो की यह आकृति गाय के समरूप है। तो वह नील गाय का पता नहीं लग सकता है। परमपिता परमेश्वर ने इस जीवन और जगत् में वेदों के शब्दों से अनेक जीवों और प्राणियों का नाम कर्म के साथ-साथ लौकिक जगत् की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का निर्माण किया है।

नानारूपं च भूतानां कर्मणां च प्रवर्तनम्।
वेदशब्देभ्य एवादौ निर्मिमीते स ईश्वर:।।
नामधेयानि चर्षीणां याश्च वेदेषु सृष्टय:।
शर्वर्यन्ते सुजातानामन्येभ्यो विदधात्यज:।।[4]

महाभारत शान्तिपर्व- श्लोक 25-26

अनेकों प्रकार के पदार्थों और प्राणियों का नाम ईश्वर कृत है। इस संसार के प्रत्येक प्राणी के कर्मो का भी वर्णन विधि-विधान सहित वेदों के द्वारा ही अनादिकाल से इनके नामों को रखा गया है। अनकों ऋषियों और इस सृष्टि के पालनकर्त्ता भगवान ने सब पदार्थों का इस पृथ्वी के प्रभातकाल में अपने द्वारा वर्णित सभी पदार्थों के आदि और दूसरों के नामों का उल्लेख बड़ी ही गम्भीरता से करते हैं।

प्राचीन लेखकों और उनके अनुयाईयों के द्वारा अनेकों ऐसे यज्ञों में विभिन्न वेदमन्त्रों का विनियोग किया है। इन यज्ञों में कुछ यज्ञ ऐसे भी होते थे। जिनमें कई तरह के पशुओं की बलि दी जाती थी। उस पशु की बलि के मॉस तथा अंग-प्रत्यंगों से आहुतियाँ देने का प्रचलन था।

'गौमेद्य यज्ञ में गाय को मारकर उसके माँस से आहुतियाँ दी जाती थी।' 'अश्वमेध यज्ञ मे -घोडे को मारकर उसके माँस से आहुतियाँ दी जाती थी।' 'अजमेद्य, अविमेद्य यज्ञों में बकरे तथा भेड़ों को मारकर उसके माँस से आहुतियाँ दी जाती थी।' यह बलि प्रथ बहुतायत में प्रचलित थी। यह यज्ञ सम्पन्न करने

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

के लिए उस काल में आवश्यक माना जाता था। यहाँ तक की नरमेद्य यज्ञ की भी कल्पना की गयी थी।[5]

ऐसे ऋषियों के मॉस खाने में कोई प्रतिबन्ध नहीं था। किन्तु शूद्र वर्ग को वेदों के अध्ययन जैसे क्रियाकलापों से अलग करना क्या उचित था। क्योंकि अगर शूद्र की उत्पत्ति ईश्वर के पैरों से होने के कारण क्या वह अपवित्र था। जबकि गंगा की उत्पत्ति नारायण के चरणों से हुई। ऐसी दशा में आप क्या कहेगें की गंगा भी अपवित्र है। उनकों भगवान शंकर ने अपने शीश में स्थान दिया। गंगा की पवित्रता को कौन नहीं जानता।

इस प्रकार वेदों के नाम पर इस तरह के यज्ञों में इस प्रकार की विसंगतियों के कारण भारत की जो कई परम्पराओं का उदय होने के कारण भी इतनी महँगी बलि प्रथा को भी कारण माना जा सकता है। इन्हीं विसंगतियों के कारण कुछ धर्म पंथ भी उगें जिस प्रकार से महात्मा बुद्ध, स्वामी महावीर जैन आदि दार्शनिक आते हैं। इसके बाद समकालीन दार्शनिकों ने वेदान्त की परम्परा का निर्वहन करते हुए। नव्य वेदान्त की तरफ से समाज में सुधार करने का प्रयास किया। जिसमें से महाषि दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द अनेकों दार्शनिकों में से बलि प्रथा का घोर विरोध किया। किन्तु बौद्ध और जैन ईश्वर के अस्तित्व को मानने से ही इंकार कर दिया। जिन्होंने स्वामी विवेकानन्द के सर्वधर्म समभाव की बात करके भी मानव समाज के सामने एक नया युग ही लाकर खडा़ कर दिये।

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।[6]

श्रीमद्भगवद्गीता 2/27

जो व्यक्ति पैदा हुआ है। उस व्यक्ति की मृत्यु अवश्य होगी, जो मर गये है उसका जन्म भी नितान्त आवश्यक है। इसलिए असंभावी बातों पर तुम्हें विचार या शोक नहीं करना चाहिए।

व्यक्ति को हमेशा अपने सच्चे कार्यों पर ही विश्वास करना चाहिए। सत् कार्य के अलावा सफलता का कोई रास्ता ही नहीं है। जो सत् को छोड़कर कार्य करते है। क्षणमात्र के लिए ही सुखी होते हैं। उसके बाद हमेशा दु:खों में ही विरक्त रहते हैं।

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तत्तो पदं संग्रहेण ब्रवीमि; ओमित्येतत्।[7]

उपनिषद्–अंक पृष्ठ 11

निष्कर्षत: सम्पूर्ण जगत् को वेद ने जिन पदों का बार–बार प्रतिपादित करते है। उसका नाम ही ओम् है ओऽम् का उच्चरण करने पर तीन मात्राऐं आती है। जिसमें अ, उ, म इसके बाद चौथे पद को इस प्रकार बताया गया है कि वह ब्रह्म परम शान्त, परम कल्याणकारी, अद्वैत (भेदशून्य) है। भेदशून्यता को ही आत्मा बताया गया जो ब्रह्म को जानने की कोशिस करता है, वह निश्चय ही ब्रह्म को प्राप्त करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आचार्य बलदेव उपाध्याय, भारतीय दर्शन (भारतवर्ष की विविध दार्शनिक–वैदिक और तान्त्रिक–विचारधाराओं का प्रामाणिक विवेचन) शारदा मन्दिर, वाराणसी, संस्करण 1991 पृष्ठ 9
2. *बृहदारण्यकोपनिषद।*
3. शिवराज आचार्य: कौण्डिन्न्यायन:, मनुस्मृति:, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, संस्करण प्रथम 2007, पृष्ठ 84
4. साहित्याचार्य पण्डित रामनारायणदत्ता शास्त्री पाण्डेय 'राम', महाभारत–शान्तिपर्व, गीताप्रेस, गोरखपुर, सं. 2070, चौदहवाँ संस्करण, पृष्ठ 729
5. आचार्य प्रियव्रत वेदवाचस्पति, वेद और उसकी वैज्ञानिकता भारतीय मनीषा के परिप्रेक्ष्य में, श्रद्धनन्द अनुसन्धान प्रकाशन, केन्द्र गुरूकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, प्रथम सन् 1990 पृष्ठ 180
6. श्रीमद्भगवदगीता, गीताप्रेस, गोरखपुर, सं. 2071, तिरपनवाँ पुनर्मुद्रण, पृष्ठ 33
7. कल्याण, उपनिषद्–अंक, गीताप्रस, गोरखपुर, सं0 2064 आठवाँ पुनर्मुद्रण तेईसवें वर्ष का विशेषांक, पृष्ठ 11

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

सोलंकीकालिन वास्तुकला जल संसाधनों के विशेष संदर्भ में

डॉ. मनोज दाधीच * कल्पेश कुमार पी. चौधरी**

प्रस्तावना – अन्हिलवाड पाटन से सम्बन्धित साहित्य से सौलंकी कालीन जल संसाधनों की जानकारी प्राप्त होती है। इस दृष्टि से यहाँ तालाब झीले, बाण (बावडीयाँ) कुण्ड आदि उल्लेखनीय है। ये स्त्रोत जहाँ सौलंकी राजाओं के जनहित रक्षार्थ और कल्याण को दर्शाते है वही इनकी बनावट सौलंकी शासकों की स्थापत्यकला के प्रति रूचि को प्रदर्शित करती है।

सौलंकी शासकों में भीमदेव, कुमारपाल, सिद्धराज, मीनालदेवी, क्षिपपाल तेजपाल, वस्तुपाल के नाम उल्लेखनीय है इन्होने सार्वजनिक कल्याण के लिए कई जलाशयों का निर्माण किया। गुजरात में जल स्त्रोत का निर्माण करवाना प्राचीन समय से ही एक धार्मिक काम माना जाता था। इन जलाशयों में वाव, कुण्ड, तालाब झीले आदि सम्मिलित है। सौलंकीकाल में निर्मित विरामगाम की मानसून झील, पाटन की सहसलिंग झील, ढोलक्का के मालव झील, पाटन की रानी, वाधवन के मदहाब और मोधेरा सूर्य मंदिर आदि की सामने की खाड़ी आदि उल्लेखनीय हैं। जिनका वास्तुशिल्प भी अत्यन्त अद्भुत है।

विरमगाम की मुनसर झील –जिस समय पाटन में सहस्त्रिलिंग झील का निर्माण किया गया लगभग उसी समय सिद्धराज जयसिंह की माता मिनलेदवी की स्मृति में गुजरात के विरमगाम में मुनसर झील का भी निर्माण करवाया गया था। यह झील प्राकृतिक वातावरण में चारो और से पहाड़ों से घीरी हुई थी। बर्गेस के अनुसार, झील के उत्तर की तरफ वैष्णव संप्रदाय और पूर्व में साई संप्रदाय से संबंधित स्थान हैं। इसकी दीवारों पर विभिन्न प्रकार की मूर्तियां बनी है। इसकी दीवारे और अन्य भाग सुंदर चमकदार नक्काशीदार और घुमावदार हैं। इस झील के पूर्व-पश्चिम और दक्षिण में महाकाल, भैरव और नातेश की एक मूर्ति बनी है। झील में तीर्थ यात्रियों के ठहरने के बरामदों में विरमदेव और सुभालदेवी के लेख उत्कीर्ण है। जिससे ज्ञात होता है की राणा वीरमदेव के शासनकाल में इसका निर्माण और राणा भीमदेव के समय इसका पुनर्निमाण किया गया था।

सहस्त्रलिंग झील –अणहिलवाड पाटन कि इस झील का उल्लेख दयाश्रय कीर्तिकौमुदी, वसंतविलास आदि में उल्लेखित किया गया है। कवि श्रीपाल ने सहस्त्रलिंग झील पर एक उत्कृष्ट प्रशस्ति की रचना की थी। सरस्वती पुराण से भी इस झील के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। इस झील को एक युग में 'दुर्लभराज सर' भी कहा जाता था। सुकृतसंस्कीतर्न में उनका नाम 'सिद्धसर' है। इस प्रकार इसका सहस्त्रलिंग नाम बाद में अस्तित्व में आया होगा ऐसा लगता हैं।

सिद्धराज द्वारा बंधाये इस जलाशय का हेमचंद्रचार्य ने दयाश्रय में वर्णन किया है। इसमें कहा गया कि है कि सिद्धराज ने महासरग के तट पर 1008 शिवमंदिर, 108 देवी मंदिर और एक दशावतार का एक मंदिर बनवाया था। सरव्ती पुराण में इस मंदिर का वर्णन किया गया है। 108 देवि मंदिरों को ब्रहमानी, योगेश्वरी, शुभा इत्यादि नामों के साथ संगमतीर्थ के रूप में वर्णित किया गया है। सूर्य, गणेश, कार्तिकेय, लकुलीश आदि के मंदिर भी यहाँ पर थे। इस झील के निकट ही एक सुन्दर विष्णु मन्दिर भी अवस्थित था।

झील के तट पर एक कीर्तिस्थंभ भी था। यह विजय स्तंभ मालवा पर विजय की स्मृति में बनाया गया था। झील के तट पर सौलंकी शासकों द्धारा निर्मित संचालित एक विद्यालय भी था जो दान स्कूल कहलाता था। यहाँ पर कई विद्धवन अध्ययन अध्यापन करते थे।

कवि सोमेश्वर किर्तिकुमुडी में लिखते हैं कि सरोवर की शोभा, झील में रात के दौरान बनने वाले शिव मंदिरों के दीपक के प्रतिबिंबों से जानी जाती है। जिससे झील के जल में आकाश गंगा के समान दीपक के प्रतिबिम्ब तारों की तरह टिम-टिमाते दिखते है। यह तलाब गुजरात के सौलंकी शासकों के बहतरीन जल प्रबंधन को दर्शाता है। जो सरस्वती नदी से जुडी एक नहर द्धारा जल प्राप्त करता था। तलाब के निकट ही भारतीय पुरातत्व विभाग का संग्रहालय है जिससे कई पुरातार्टवक अवशेष संग्रहीत है।

मालवा झील – मालवा झील गुजरात के ढोलका गांव में स्थित थी। जिसे कुछ लोग 'मिणलसर' भी कहते हैं। इस झील का निर्माण सोलंकी काल में सिद्धराज जयसिंह की मां ने करवाया था। यह झील अभी भी मिनलदेवी की लोकप्रियता और न्याय को साबित करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब यह झील बनायी जा रही थी तब इसके एक कोने में एक (वैश्या) गणिका का घर आता था। मिनल ने गणिका से तालाब कि सुंदरता के लिए अन्यत्र घर देने का आश्वासन दिया किन्तु गणिका ने इसे अस्वीकार कर दिया। अतः मलावा झील को गौलाकार स्वरूप प्रदान कर मिलन देवी ने गणिका के घर की रक्षा की। फलतः लोगों ने यह कहना प्रारम्भ कर दिया की मिनल देवी का न्याय देखना है तो मलावा झील को देखीये।

गुजरात के साहित्य संग्रह के अनुसार, इस झील का व्यास लगीाग 400 गुना है। इसका निर्माण का वास्तु भी वीरमगमा की सहस्त्रलिंग और मानसर झील से मिलता है। इसके किनारे के पास छोटा सा पुरातात्विक अवशेष इसकी प्राचीन महिमा की गवाही देता है। झील के नजदीक एक सुंदर रुद्रकप पत्थर है। कूप का व्यास लगभग 8 गुना है। चारों तरफ, छत को पत्थर से 11 किलोमीटर दूर रखा गया है। इन रुद्रों का गठन ऐसा है कि जब रुद्रकुपा के मुंह में पानी आता है तो रुद्रों से झील में भरता है और झील पूरी होती है। इस कूप से जुड़े तीन माला और छोटे पत्थर की तरंगे बनाइ गई है। पानी झील में प्रवेश करने से पहले, पहले 10 फीट लंबे खंभे, में जिन्हें

*सहायक आचार्य (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

कछुए के नाम से जाना जाता है, में भराता है। जिससे झील क्षतिग्रस्त नहीं होती है। इस प्रकार झील का वास्तु शिल्प सौलंकीकालीन शासकों की दुरदर्शिता का परिचायक है।

इसके अलावा वस्तुपाल ने पादलिप्तपुर (पालीताना) के अंकवतिया गांव में एक तालाब बनाया गया था। साथ ही गिरनार की तलहटी पर, माँ के स्मृति में कुमार देवी नामक झील का निर्माण भी करवाया था।

वाव – जल संसाधन का एक अन्य प्रमुख स्वरूप (वाण) बावडी भी है। प्राचीनकाल में, सार्वजनिक और वाणिज्यिक मार्गो पर यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई गई भवन आकृतियों में वाव (बावडीयों) का विशेष स्थान था। जो यात्रीयों और व्यापारियों की जल सम्बन्धित आवश्यकताओं को पूर्ण करने के उद्देश्य से बनाई जाती थी। सौलंकी काल में इसी उद्देश्य से कई बावडीयों अथवा नावों का निर्माण करवया गया जिसमे रानी की वाव, वागड की वाव, वढवान की माधावाव, और कुछ कुण्ड उल्लेखनीय है।

रानी की वाव – रानी की वाव एक जटिलतापूर्वक बनायी गयी बावड़ी है, जो भारत में गुजरात के पाटन गाँव में स्थित हैं। यह बावड़ी सरस्वती नदी के किनारे पर स्थित है। रानी की वाव का निर्माण 11 वी शताब्दी में हुआ था। जून 2014 को इसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साईट में भी शामिल किया गया था। यह बावड़ी भूमिगत जल स्त्रोतों से कुछ अलग है। रानी की वाव को मारू गुर्जरा आर्किटेक्चर स्टाइल में एक कॉम्पलेक्स के रूप में बनाया था। इसके भीतर एक मंदिर और सीढियों की सात कतारे भी है जिसमें 500 से भी ज्यादा मुर्तिकलाओं को प्रदिर्शत किया गया है।

रानी की वाव का इतिहास – रानी की वाव और राण–की वाव का निर्माण सोलंकी साम्राज्य के समय में किया गया था। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इसका निर्माण सोलंकी साम्राज्य के संस्थापक मुलाराजा के बेटे भीमदेव प्रथम (अऊ1022 से 1063) की याद में 1050 अऊके समय में उनकी विधवा पत्नी उदयामती ने करवाया था, जिसे बाद में करणदेव प्रथम ने भी पूरा किया था। इस बावड़ी को बाद में सरस्वती नदी ने पूरी तरह से जलव्याप्त कर दिया थां और 1980 तक यह बावड़ी पूरी तरह से पानी से ही भरी हुई थी। कुछ समय बाद आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने इसे खोज निकाला वर्तमान में इसकी हालत काफी खराब है।

रानी की वाव का स्थापत्य शिल्प – प्राचीन जानकारों के अनुसार यह आकर्षक बावड़ी तकरीबन 64 मीटर लम्बी, 27 मीटर गहरी और 20 मीटर चौडी है। अपने समय की सबसे प्राचीन और सबसे अद्भुत निर्मितियों में इस बावड़ी का समावेश किया गया है। लेकिन वर्तमान में इसमें बहुत पानी भरा हुआ है अत: इसके कलात्मक शिल्प का बहुत थोडा सा हिस्सा ही पूरी तरह से दिखाई देता है। लेकिन बावड़ी में स्थापित एक स्तम्भ आज भी प्राचीन समय की अद्रुत कलाकृतियों एक अनुठा उदाहरण है। भारत की सबसे प्राचीनतम और अदुत और सुंदर निर्मितियों और कलाकृतियों में से यह एक है। बावड़ी के निचे एक छोटा द्वार भी है, जिसके भीतर 30 किलोमीटर की एक सुरंग भी है, लेकिन फिलहाल इस सुरंग को मिटटी और पत्थरों से ढँक दिया गया है। पहले यह सुरंग बावड़ी से निकलकर सीधी सिधपुर गाँव को जाकर मिलती थी। कहा जाता है की राजा इसका उपयोग गुप्त निकास द्वार के रूप में करते थे।

अलंकृत किनारों की दीवारे – बावड़ी में बनी बहुत सी कलाकृतियों की मूर्तियों में ज्यादातर भगवान विष्णु से संबंधित है। भगवान विष्णु के दशावतार के रूप में ही बावडी में मूर्तियों का निर्माण किया गया है, जिनमे मुख्य रूप से कल्कि, राम, कृष्णा, नरसिम्हा, वामन, वाराही और दुसरे मुख्य अवतार भी शामिल है। इसके साथ–साथ बावड़ी में नागकन्या और योगिनी जैसी सुंदर अप्सराओं की कलाकृतियाँ बनायी गयी है। गुजरात में स्थापित इस वाव का महत्व केवल वानी जमा करने के लिए नहीं है बल्कि इसका आध्यात्मिक महत्व भी है। वास्तव में गुजरात की वाव का निर्माण प्राचीन आर्किटेक्चर स्टाइल में ही किया गया है, जिसके अंदर मंदिर और एक गुप्त सुरंग भी है। जैसे–जैसे हम इसके अंदर जाते है, वैसे–वैसे इसमें पानी का प्रमाण बढ़ते जाता है। रानी की वाव में बनी सीढियाँ निचली सतह तक बनी हुई है। और इस बीच बावड़ी की दीवारों को अलंकृत भी किया गया है और दीवारों पर विविध कलाकृतियाँ भी की गयी है। इन कलाकृतियों में मुख्यत: विष्णु के दशावतार, ब्रहमा, नर्तकी और मनमोहक दृश्यों की कलाकृतियाँ शामिल है। बावड़ी में जहाँ पानी की सतह है वहाँ पर हमें विष्णु का शेषनाग वाला अवतार भी देखने को मिलता है।

वायाड की वाव – बनासनदी के पास आये वायड गांव की वाव सोलंकीकाल से संबंधित है जो लगभग 120 फीट लंबी है। इसमें पांच स्तम्भ और नीचे उतरने के हेतु सीढीयों की व्यवस्था है। इसकी दीवारों पर कई देव प्रतिमाऐं बनी है। जिनमें भगवान शिव की प्रतिमा उल्लेखनीय है।

वढवान की माधावाव – सौलंकीकालीन यह स्मारकीय वाव (बावडी) सौराष्ट्र के बढवान शहर के मध्य में स्थित है। इस बाव के संबंध में अनेको किंवदंतीयां प्रचलित है जो अंधविश्वास मात्र प्रतीत होती है। लोक गीतों के अनुसार इस वाव का निर्माण सौलंकी राजा कर्णदवे के मंत्री माधव द्वारा करवाया गया था। यह गुजरात की सर्वोत्ताम पुरातात्विक कृतियों में से एक है जिसके कुण्ड पर एक झुलता हुआ झरोखा बना है। प्रवेश द्वार के आस पास की दीवारों पर सुंदर नक्काशी का कार्य किया हुआ है। इस वाव में सात स्तम्भ है। इसका आकार चौकोर है। इस वाव में कई देवी देवताओं की मूर्तियां भी बनी है। जिनमें ब्रह्मा, विष्णु, शिव, नवग्रह, दशावतार और सत्यमाता के नाम उल्लेखनीय है। इसके अलावा, नडियाद का पुराना वाव, कपडवंज के तोरन के पास की वाव उमरेठ की भद्रकाली वाव आदि सौलंकी कालीन स्थापत्य शिल्प के अनूठे उदाहरण है।

कुंड – कुण्ड भी जल संसाधन का ही एक रूप है। सौलंकी काल में प्राय: उन मंदिरों में जहां निकट में कोई नदी अथवा झील नहीं होती वहां स्नान करने के लिएएक कुंड की व्यवस्था की जाती है। इस काल में इनका आकार वर्गाकार अथवा आयताकार होता था। कुण्ड में जल की सतह तक पहुंचने और ऊपर जाने के लिए सीढीयों की व्यवस्था होती थी। सौलंकी काल में निर्मित कलात्मक कुण्डों के उदाहरण में मोढेरो के सूर्यमंदिर के आगे बना खूबसूरत कुंड इसमें सूर्य, विष्णु, ब्रह्मा इत्यादि की खूबसूरत मूर्तियां है।इसके अलावा, वडनगर के अजयपाल कुंड को भी सोलंकी कालीन का कहा जाता है। पोरबंदर के कांटेला गांव में सामंतसिंह ने रेवती कुंड में भगवान शिव, विष्णु, गणेश, चन्द्रिका, बलराम आदि की मूर्तियां स्थापित करवायी थी। सौराष्ट्र के मांगरोल से लगभग 16 किमी दूरी पर स्थित कामनाथ मंदिर के पास नदी में निर्मित पद्यकुंड भी सौलंकी काल में निर्मित किया गया था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. न. आ. आचार्य, 'प्रतिभालेखों', गुजरात इतिहास संदर्भ सूचि, खड–3, अहमदाबाद
2. रसिकलाल चरिक्ष, 'गुजरात नो सांस्कृतिक इतिहास', भो.जे. विद्या भवन, अहमाबाद, 1965
3. प्रविण चंद, सी. परिख, 'गुजरातनो सांस्कृतिक इतिहास', गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद, 1980

4. आ. जशुभाई बी. पटेल, 'गुजरातनो इतिहास', युनि. ग्रंथनिर्माण बोर्ड, अहमदाबाद, 1975
5. डॉ. हरिप्रसाद गोदानी, 'गुजरातना शिल्पे अने स्थापत्यो', कलख प्रकाशन, अहमदाबाद, 1984
6. जे. भोगालाल जे. सांडेसरा, 'स्थलनामों का इतिहास', श्रेम. अंस. धुनि, बरोड़ा, 1970
7. कनैयालाल दवे, 'चारण', नगरपालिका, पास, 1980
8. डॉ. हरिप्रसाद शास्त्री, 'गुजरातनो राजकीय अने सांस्कृतिक इतिहास', भाग 1-2, युनि. ग्रंथनिर्माण बोर्ड, 2014
9. डॉ. हरिप्रसाद शास्त्री, 'गुजरातनो प्राचीन इतिहास', भो.जे. विद्याभवन, अहमदाबाद, 1973

****

महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर स्व सहायता समूह का प्रभाव (धार जिले के संदर्भ में एक अध्ययन)

संजीव कुमार व्यास* डॉ. विजय ग्रेवाल**

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध लेख मध्यप्रदेश के धार जिले में संचालित स्व सहायता समूह पर आधारित है। स्व सहायता समूह की अवधारणा 'संगठन में शक्ति' पर आधारित है। तिनकों से बनी रस्सी जिस प्रकार शक्तिशाली गजराज को बाँध सकती है, वैसे ही आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी एक सथ मिलकर 'गरीबी के दुष्चक्र' को तोड़ सकते हैं। स्व सहायता समूह मुख्य रूप से गरीबी में जीवनयापन कर रहे व्यक्तियों के जीवन स्तर के उन्नयन के लिए निर्मित किया जाता है। स्व सहायता समूह के पीछे मान्यता यह है कि बिखरे हुए व्यक्तियों को तो उत्पीड़ित व शोषित किया जा सकता है, लेकिन यदि उन्हें संगठित किया जाए, तो वे बड़ी ताकत बन जाते हैं। समूह के सदस्य मिलकर एक ऐसी ताकत का निर्माण करते हैं, जिससे वे स्थानीय शोषणकर्ताओं, साहूकारों, सेठों, बाहुबलियों आदि के अत्याचारों का जमकर विरोध कर सकते हैं और उन पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना – स्व सहायता समूह के माध्यम से महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जाती है। इसके द्वारा सदस्य महिलाएँ आपस में मिलजुलकर एक–दूसरे की मदद करती हैं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहल करती हैं तथा उसके समाधान तक पहुँचती हैं। महिला स्व सहायता समूह ने हजारों–लाखों अशिक्षित गरीब वर्ग की महिलाओं को न केवल घर की चौखट के बंधन से मुक्त करके बाहर निकाला है, बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण आर्थिक स्वतन्त्रता प्राप्त करने में समर्थ बनाया है।

स्व सहायता समूह के माध्यम से महिला विकास आन्दोलन को देश के विभिन्न भागों में एवं देश के बाहर प्रस्तुत किया गया ताकि महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में परिवर्तन करते हुए उनका चहुँमुखी विकास हो सके। सन् 1980 की शुरूआत में इस आन्दोलन का प्रारम्भ हमारे पड़ोसी राष्ट्र बांग्लादेश में प्रयोग के रूप में डा0 मुहम्मद युनुस के कर कमलों द्वारा किया गया। डॉ0 युनुस ने भूमिहीन तथा सीमान्त एवं मागनें वाली महिलाओं को इसमें शामिल करते हुए लघु व्यापार को लघु ऋण पर आधारित करते हुए शुरूआत की, जिसने बाद में एक आन्दोलन का रूप ग्रहण कर लिया और एक नये दृष्टिकोण का सूत्रपात्र हुआ जिसके द्वारा निर्धन तथा गैर–लाभान्वित महिलाओं को लघु बचत एवं समाज क्रियाओं के लिए प्रेरित किया जा सके। इसी दृष्टिकोण को भारत सरकार द्वारा एक कार्यक्रम के रूप में देश के विभिन्न भागों में लागू किया गया जिसका प्रमुख उद्देश्य स्व सहायता समूह को निर्मित करते हुए महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है।

भारत में स्व सहायता समूह अपेक्षाकृत नया प्रयोग है लेकिन पिछले लगभग एक दशक से देशभर मे, विशेषकर दक्षिणी राज्यों में स्व सहायता समूह की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इसे ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का नया कारगर औजार माना जाने लगा है। सबसे अधिक स्व सहायता समूह आन्ध्र प्रदेश में चल रहे हैं। स्व सहायता समूह महिलाओं का एक अनौपचारिक समूह है जो अपनी बचत तथा बैंकों से लघु ऋण लेकर अपनी सदस्याओं की पारिवारिक जरूरतें पूरी करते हैं और विकास गतिविधियाँ चलाकर गाँवों में गरीबी दूर करने और महिला सशक्तिकरण में योगदान देते हैं।

ये समूह आपसी एकजुटता, स्वयं सहायता और सामूहिक जिम्मेदारी की धारणा को लेकर चलते हैं इसलिए इनमें प्राय: एक जैसी आर्थिक और सामाजिक स्थिति के व्यक्ति एक साथ आते हैं। इससे उनमें ऊँच–नीच की भावना नहीं रहती और छोटी से छोटी बचत जमा करने में भी उन्हें संकोच नहीं होता। सारी व्यवस्था क्योंकि आपसी भरोसे पर टिकी है इसलिए कर्ज वापस लेने में विशेष कठिनाई नहीं होती। इससे समूह के सदस्यों में यह आत्मविश्वास भी पैदा हो जाता है कि वे इतने सक्षम हैं कि कर्ज लेकर उसे लौटा भी सकते हैं। निष्कर्षत: यह कह सकते हैं कि स्व सहायता समूह का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को बचत और ऋण उपलब्ध कराना है।

संचालन की प्रक्रिया – समूह के औपचारिक गठन के बाद समूह के सदस्य छोटी–छोटी बचत (यह राशि समूह के सदस्य मिलकर तय करते हैं) को संग्रहीत करते हैं। कुछ समय के बाद समूह ऋण देने का कार्य प्रारम्भ कर सकता है। ऋण के लेन–देन के सम्बन्ध में नियम पूर्व में सबकी सहमति से बना लिए जाते हैं। एक निश्चित अवधि के बाद जब बचत नियमित रूप से होती रहे तो समूह का बैंक में खाता खुलवा लिया जाता हैं। इससे समूह की धनराशि सुरक्षित रहती है और बैंक द्वारा जमा धन पर ब्याज का लाभ मिलता है। साथ ही जमाराशि के अनुसार मैचिंग ग्रांट भी प्राप्त हो सकती है। बैंक में खाता खुलवाने हेतु सदस्यों को फोटोग्राफ, खाता खोलने हेतु समूह का प्रस्ताव, समूह की नियमावली, परिचय–पत्र आदि की आवश्यकता होती है। आय संवर्द्धन कार्यक्रमों के संचालन के लिए स्व सहायता समूह को सरकार की ओर से बैंकों के माध्यम से अनुदानयुक्त ऋण देने की योजनाएं संचालित हैं, जिसका लाभ लिया जा सकता है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. स्व सहायता समूह का महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव का मूल्यांकन करना।
2. स्व सहायता समूह के प्रभाव से महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता के विकास के बारे में जानना।

* शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्ररिकल्पनाएँ :

1. स्व सहायता समूह का महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर सार्थक स्तर तक प्रभाव पड़ा हैं।
2. स्व सहायता समूह के प्रभाव से महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ हैं।

न्यादर्श – न्यादर्श हेतु रेन्डम सेंपलिंग की विधि को प्रयोग में लाया गया हैं जिसमें विभिन्ना योजनान्तर्गत मध्यप्रदेश के धार जिले में गठित स्व सहायता समूह की 200 सदस्यों का चयन किया गया हैं।

तथ्य संकलन – प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची तथा फोकस ग्रुप डिस्कशन प्रविधि का प्रयोग किया गया हैं। यह तथ्य संकलन महिलाओं के उपलब्धता के अनुसार किया गया हैं।

आयु के अनुसार महिलाएँ – उक्त अध्ययन हेतु महिलाओं की आयु सम्बन्धित तथ्यों का संकलित किया गया है। आयु के अनुसार कर्यक्षमता और उत्पादकता की तुलना की जाती हैं। दण्ड आरेख संख्या 01 में आयु के अनुसार स्व सहायता समूहें की महिलाओं का विवरण दिया गया है जिसमें 18 से 25 वर्ष की आयु की 19 महिलाएँ है और 26 से 30 वर्ष की आयु की 23 महिलाएँ पायी गई एवं 31 से 35 वर्ष की आयु की 29 महिलाएँ तथा 36 से 40 वर्ष की आयु की 34 महिलाएँ पायी गई जबकि 41 से 45 वर्ष की आयु की 36 महिलाएँ थीं। 46 से 56 वर्ष की आयु की 32 महिलाएँ और 51 से 60 वर्ष की आयु की 27 महिलाएँ पायीं गई। निष्कर्षत: यह ज्ञात होता है कि सबसे कम 18 से 25 वर्ष महिलाएँ है और सबसे अधिक 41 से 45 वर्ष की महिलाएँ पायी गई।

आरेख संख्या : 01



आयु अनुसार स्व सहायता समूहों की सदस्य

वर्ग के अनुसार महिलाएँ – पारंपरिक रूप से भारतीय जाति व्यवस्था सामाजिक वर्ग की सबसे पुरानी एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यवस्था थी। यह वर्णाश्रम धर्म, से भिन्नता रखता है जो हिन्दूवाद में पाया गया, जिसके अंतर्गत किसी निश्चित वर्ण में जन्म लिए व्यक्ति को अपनी योग्यता के अनुसार ऊपर या नीचे जाने की अनुमति थी। इसने समाज को कौशल और योग्यता के आधार पर विभाजित किया। संक्षेप में, ब्राह्मण वर्ण को धीरे–धीरे आदर्श के रूप में पुरोहित वर्ग माना गया जो धार्मिक अनुष्ठान करते थे। सामाजिक वर्ग की अक्सर सामाजिक स्तरीकरण के संदर्भ में चर्चा की जाती है। आधुनिक पश्चिमी संदर्भ में, स्तरीकरण आमतौर पर तीन परतों रू उच्च वर्ग, मध्यम वर्ग, निम्न वर्ग से बना है। प्रत्येक वर्ग और आगे छोटे वर्गों (जैसे वृत्तिक) में उपविभाजित हो सकता है। भारत में जातियों के अनुसार वर्गों को अनुसूचित किया गया हैं।

आरेख संख्या : 02



वर्ग के अनुसार स्व सहायता समूहों की सदस्य

आरेख 02 के अनुसार कुल 200 स्व सहायता समूह के सदस्यों में से 41 सामान्य वर्ग की पायीं गई और 37 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 30 महिलाएँ अनुसूचित जाति की थी तथा 59 महिलाएँ अनुसूचित जनजाति की पायी गई जबकि 33 महिलाएँ अल्पसंख्यक वर्ग की थीं। सबसे कम अनुसूचित जाति तथा सर्वाधिक अनुसूचित जाति महिलाएँ स्व सहायता समूह की सदस्य पाई गई।

ऋण राशि का उपयोग – स्व सहायता समूहें को बैंक बिना किसी प्रतिभूति के ऋण देता है। समूह के सदस्य इसका उपयोग अपने उद्यम या विकास के लिए करते हैं। स्व सहायता समूह से मिले लघु ऋणों से महिलाओं को सूदखोर व्यवस्था से काफी हद तक छुटकारा पाने में मदद मिली है। इन समूहें के जरिए बचत की आदत ने महिलाओं में नए तरह की आर्थिक जागरुकता पैदा कर दी है। एक अध्ययन के अनुसार जिन–जिन क्षेत्रों में स्व सहायता समूह आंदोलन सक्रिय हैं, वहाँ ऋण के लिए सूदखोरी व्यवस्था का हिस्सा 66 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है।

दण्ड आरेख संख्या : 03



ऋण राशि का स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा उपयोग

समूहें से कर्ज़ लेकर सदस्यों ने अपने परिवारों की तत्कालिक जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक स्थिति मज़बूत बनाने में भी सफलता प्राप्त की है जिससे गाँवों में गरीबी कम हो रही है। स्व सहायता समूह से प्राप्त धन का इस्तेमाल सामान्य व्यावसायिक गतिविधियों जैसे कि पशुपालन, खेतीबाड़ी और छोटे-छोटे कामधंधे शुरू करने के लिए भी किया जा रहा है। तमिलनाडु में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि 74 प्रतिशत परिवारों ने इन लघु ऋणों से प्राप्त धन, ज़मीन, पशुधन और घर की ज़रूरी चीज़े खरीदने पर लगाया गया है। आरेख 03 के अनुसार कुल 200 स्व सहायता समूह के सदस्यों में से 21 महिलाओं ने बच्चों की शिक्षा पर ऋण का व्यय किया है और 78 महिलाओं ने विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए है एवं 35 महिलाओं ने पशुधन क्रय किया है तथा 24 महिलाओं ने मकान की मरम्मत करवाई हैं जबकि 42 महिलाओं ने कृषि उपकरणों की खरीद की हैं। उक्त दण्ड आरेण से यह ज्ञात होता है कि महिलाओं ने ऋण का उपयोग स्वयं के निर्णय से किया है जिससे हम मान सकतें हैं कि स्व सहायता समूहें से महिलाओं में निर्णय लेने का कौशल विकसित हुआ हैं।

स्वयं की आय में वृद्धि

तालिका संख्या 01

वृद्धि का स्तर	स्व सहायता समूह में जुड़ने के पश्चात
बहुत अधिक	78
अधिक	62
सामान्य	26
कम	23
बहुत कम	11
कुल	200

स्व सहायता समूह अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर आय सृजन के अवसर पैदा करने के लिए गरीब व्यक्तियों की क्षमता और हर क्षेत्र की भूमि-आधारित और अन्य संभावनाओं के आधार पर बड़ी संख्या में लघु उद्यमों की स्थापना पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इसलिये इसमें विभिन्न घटकों जैसे गरीब व्यक्तियों में क्षमता पैदा करना, कौशल विकास प्रशिक्षण, ऋण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, विपणन और ढाँचागत सहायता पर विशेष बल दिया जाता है। तालिका संख्या 01 के अनुसार महिलाओं की आय में वृद्धि का विवरण दिया गया है जिसमें 78 महिलाओं ने माना कि उनकी आय में वृद्धि बहुत अधिक हुई है और 62 महिलाओं के अनुसार उनकी आय में वृद्धि अधिक हुई है एवं 26 महिलाएँ मानतीं है कि उनकी आय में सामान्य स्तर तक वृद्धि हुई है तथा 23 महिलाओं ने माना कि उनकी आय में वृद्धि कम हुई है जबकि 11 महिलाओं ने माना कि उनकी आय में वृद्धि बहुत कम हुई है।

निष्कर्ष :

1. 21 स्व सहायता समूह के सदस्यों ने बच्चों की शिक्षा पर ऋण का व्यय किया है।
2. 78 स्व सहायता समूह के सदस्यों ने विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए है एवं 35 स्व सहायता समूह के सदस्यों ने पशुधन क्रय किया है।
3. 24 स्व सहायता समूह के सदस्यों ने मकान की मरम्मत करवाई हैं जबकि 42 स्व सहायता समूह के सदस्यों ने कृषि उपकरणों की खरीद की है।
4. स्व सहायता समूह के 78 सदस्यों ने माना कि उनकी आय में वृद्धि बहुत अधिक हुई है।
5. 26 महिलाएँ मानतीं है कि उनकी आय में सामान्य स्तर तक वृद्धि हुई है।
6. तथा 23 स्व सहायता समूह के सदस्यों ने माना कि उनकी आय में वृद्धि कम हुई है।

सुझाव - ग्रामीण भारत में महिला स्व सहायता समूहें ने हजारों-लाखों अशिक्षित निर्धन वर्ग की महिलाओं को न केवल घर की चौखट के बंधन से मुक्त करके बाहर निकाला है, बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में समर्थ बनाया है। महिला स्व सहायता समूह तंगहाली व गरीबी से जूझती महिलाओं के लिए नवजीवन का संदेश लेकर आए हैं। स्व सहायता समूहें से जुड़कर महिलाएँ एक-दूसरे की मदद करके जीवन की चुनौतियों का समाधान ढूढ़ने में समर्थ हुई हैं। स्व सहायता समूह महिला सशक्तीकरण के लिए आवश्यक आधार तैयार करता है। समूहें से जुड़कर महिलाएँ शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, कानूनी अधिकार, सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करती हैं। समूहें द्वारा उनका बाह्य परिवेश से जुड़ाव बढ़ता है और दुनियादारी की व्यावहारिक समझ विकसित होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिन्हा अजीत कुमार : 'महिला सशक्तिकरण का नया आयाम', दीप और दीप प्रकाशन, नई दिल्ली 2008
2. तिवारी आर.पी. एंव शुक्ला डी.पी. :'भारतीय नारी, वर्तमान समस्याऐ और भावी समाधान', ए.पी. एच पब्लिशिंग का कार्पोरेशन, नई दिल्ली, 1999 पृ.सं. 15।
3. यादव, रवि प्रकाश, दीप, रागिनी, राय पूजा : 'लैंगिक हिंसा एवं महिला सशक्तिकरण' आविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स जयपुर, 2010 पृ.सं. 155
4. जड़िया, प्रभावती : 'हिन्दू नारी कार्यशीलता' बुक एनक्लेब, जयपुर, 2005 पृ. सं. 4।
5. आप्टे, प्रभा : 'भारतीय समाज' क्लासिक पब्लिशिंग हाउऽस, जयपुर 1996 पृ. सं. 21।

****

उच्च माध्यमिक स्तर के बालक-बालिकाओं के जीवन पर कौशल शिक्षा का प्रभाव

डॉ. बी. के. गुप्ता*

प्रस्तावना - हम एक ऐसे देश से हैं जो दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। देश की आधी आबादी से भी ज्यादा लगभग 600 मिलियन युवा है। युवा लोगों की संख्या अभी तक एक संपत्ति बननी बाकी है। केवल 2.3 प्रतिशत भारतीय श्रमिकों के पास औपचारिक प्रशिक्षण है। जनशक्ति हमें विनिर्माण उद्योग के राजा बनने में मदद कर सकती है। दुनिया में धन और उद्योग हैं लेकिन उन्हें चलाने के लिए कोई युवा नहीं है, भारत वैश्विक स्तर पर उद्योग चलाने के लिए जनशक्ति की आपूर्ति कर सकता है। इसके लिए, हमें अपनी संपत्तियों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। हमें तकनीकी और प्रबंधन कौशल के साथ उन्हें पोषित करने की जरूरत है। उच्च माध्यमिक स्तर के बालक-बालिकाएँ 16 से 18 वर्ष के होने लगते है। अगर हम निम्न मध्यम तथा निम्न आय वर्ग के बालकों की तरफ देखें तो उन्हें आयजनक गतिविधि करने की आवश्यकता हाने लगती हैं। छोटे-बड़े पारिवारिक व्यवसाय में ये बालक-बालिकाएँ हाथ बटाते हुए कौशल शिक्षा को अनौपचारिक तौर पर ग्रहण कर ही लेते हैं। औपचारिक तौर पर सरकारी प्रयास बहुत ही प्रभावी हैं। ग्यारहवीं और बारहवीं के बालक-बालिकाएँ इनमें बढ़-चढ़ कर भाग ले रहें हैं। इस प्रकार की प्रणाली देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है। प्रभावी व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय राष्ट्रीय व्यवसायों के भीतर रिक्त पदों को काम करने में मदद कर सकते हैं। प्रस्तुत शोध लेख उक्त कौशल शिक्षा का बालक-बालिकाओं के जीवन पर प्रभाव को देखने का एक प्रयास है।

कौशल शिक्षा - यह शिक्षा और प्रशिक्षण है जो रोजगार के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। इसे सामाजिक समानता और समावेश के साथ-साथ विकास की स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यह व्यापार में काम के लिए नौकरी विशिष्ट तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह मुख्य रूप से छात्रों को व्यावहारिक व क्रियाशील निर्देश प्रदान करने पर केंद्रित है और प्रमाणन, डिप्लोमा या प्रमाण पत्र का कारण बन सकता है। एक व्यावसायिक विद्यालय में अंशकालिक कक्षा निर्देश के साथ एक होस्टिंग कंपनी में अंशकालिक शिक्षुता के साथ संयोजन करते हैं, कार्यस्थल पर सप्ताह के अधिक दिनों के साथ। यह प्रणाली युवाओं को पेशेवर कौशल हासिल करने की अनुमति देती है और श्रम बाजार में रास्ता बनाती है। जब बालकों का उच्च माध्यमिक स्तर पूरा हो जाता है, तो सीधे तृतीयक स्तर की व्यावसायिक शिक्षा में जाने या बाद के चरण में शुरू करने का विकल्प होता है। यह मार्ग पेशेवरों को अतिरिक्त कौशल प्रदान करता है और उन्हें अत्यधिक तकनीकी और प्रबंधकीय पदों के लिए तैयार करता है। छात्र जो शिक्षुता शुरू करने के लिए तैयार नहीं हैं या 16 वर्ष के निचले माध्यमिक स्तर को खत्म करते समय स्नातक विद्यालय जाते हैं, उनके पास 10 वीं विद्यालय वर्ष, पूर्व-शिक्षुता या विद्यालय में भाग लेने का विकल्प होता है जो युवा लोगों को व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण में नामांकन के लिए तैयार करता है।

पायलट परियोजना - उत्तर प्रदेश के कुछ विद्यालयों में पायलट परियोजना के आधार पर इसकी शुरुआत हो चुकी थी। उच्च माध्यमिक स्तर पर 40 व्यावसायिक पाठ्यक्रम पेश किए जा रहे हैं जिसमें बैंकिंग, कार्यालय सचिव, स्टेनोग्राफर, लेखा, विपणन, खुदरा, वित्तीय बाजार प्रबंधन, कारोबार प्रशासन, इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी शामिल है। श्वद्यालयों में उच्च माध्यमिक स्तर पर शुरू होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम में आटोमोबाइल प्रौद्योगिकी, सिविल इंजीनियरिंग, एयर कंडिशन एवं रेफ्रिजरेशन, इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी, भूगर्भ प्रौद्योगिकी, आईटी एप्लीकेशन, मेडिकल लेबोरेटरी तकनीकी, नर्सिंग, एक्स रे तकनीक, स्वास्थ्य विज्ञान और सौंदर्य अध्ययन शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में चिकित्सा आकलन, फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, संगीत तकनीक उत्पाद, सौंदर्य सेवा, परिवहन प्रणाली, जीवन बीमा, पुस्तकालय विज्ञान, पोल्ट्री फार्मिंग, सब्जी उत्पादन, डेयरी विज्ञान, खाद्य उत्पादन, मास मीडिया एवं मीडिया प्रोडक्शन, बेकरी, यात्रा एवं पर्यटन आदि भी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि बोर्ड वर्तमान पाठ्यक्रम को उन्नत बनाने और अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुरूप नए पाठ्यक्रम पेश करने की पहल को आगे बढ़ा रहा है।

एसोचैम का अध्ययन - शिक्षा के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है, लेकिन कोई व्यावसायिक शिक्षा के लिए ऐसा नहीं कह सकता है, जो भारत के विकास के लिए एक आवश्यक स्तंभ है। एसोचैम के अध्ययन के अनुसार, 2020 तक 40 मिलियन कार्यरत पेशेवरों की कमी होगी। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि लगभग 41 प्रतिशत नियोक्ता अभी-भी कमी की वजह से पदों को भरने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

ग्रेस अकादमी का अध्ययन - ग्रेस अकादमी के अध्यक्ष और सीईओ दुर्जय पुरी बताते हैं, 'भारत में पारंपरिक शिक्षा प्रणाली युवाओं की संक्रमण मांग और आकांक्षाओं को जारी रखने में सक्षम नहीं है। विश्वविद्यालय की डिग्री कमाने की कोई गारंटी नहीं है कि एक छात्र को नौकरी मिल जाएगी, ओर वह अपनी पसंद का काम कर सकते हैं। हमारे युवा, वित्तीय और अन्य परिस्थितियों के कारण विद्यालय छोड़ते हैं। वे मासिक नौकरियां कर रहे हैं, जहां उन्हें थोड़ा भुगतान किया जाता है और अक्सर बेईमान नियोक्ताओं द्वारा इसका शोषण किया जाता है। व्यावसायिक प्रशिक्षण हमारे युवाओं (पुरुषों और महिलाओं दोनों) की कार्य सीखने में मदद करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, टेलीकॉम इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक कौशल सीखना हमारे युवाओं को रोजगार खोजने या अपने व्यवसाय शुरू करने में सक्षम बनाता है और इसलिए गौरव के साथ

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा) जे. एन. एम. पी. जी. कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

आजीविका कमाता है।'

अध्ययन के उद्देश्य :

1. उच्च माध्यमिक स्तर के बालक–बालिकाओं पर कौशल शिक्षा के प्रभावों को जानना।
2. उच्च माध्यमिक स्तर के बालक–बालिकाओं में कौशल शिक्षा और समस्या समाधान के सम्बन्ध को जानना।

प्राक्कल्पनाएँ :

1. कौशल शिक्षा से उच्च माध्यमिक स्तर के बालक–बालिकाओं में निर्णय लेने का विकास होता है।
2. उच्च माध्यमिक स्तर के बालक–बालिकाओं में कौशल शिक्षा से समस्या समाधान की क्षमता बढ़ती हैं।

न्यादर्श – न्यादर्श हेतु उद्धेश्यपूर्ण निदर्शन की विधि को प्रयोग में लाया गया हैं जिसमें उत्तर प्रदेश के लखनऊ संभाग के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 11 एवं 12 के 100 बालक एवं 100 बालिकाओं, कुल 200 उत्तरदाताओं के रूप में चयन किया गया हैं।

तथ्य संकलन – प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु 5 बिन्दू लिकर्ट स्केल आधारित साक्षात्कार अनुसूची तथा फोकस ग्रुप डिस्कशन प्रविधि का प्रयोग किया गया हैं। यह तथ्य संकलन उत्तरदाताओं की उपलब्धता के अनुसार किया गया हैं।

आयु के अनुसार उत्तरदाता

सारणी 01 – आयु के अनुसार उत्तरदाता

आयु वर्ग	200 उत्तरदाता		कुल आवृत्ति	कुल प्रतिशत
	100 बालक आवृत्ति	100 बालिकाएँ आवृत्ति		
15 से 16 वर्ष तक	32	36	68	34
17 से 18 वर्ष तक	41	34	75	37.5
18 से अधिक	27	30	57	28.5
कुल	100	100	200	100

सारणी 01 में आयु के अनुसार उत्तरदाताओं का विवरण दिया गया है जिसमें 15 से 16 वर्ष के 32 बालक और 36 बालिकाएँ हैं और 17 से 18 वर्ष के 41 बालक और 34 बालिकाएँ हैं एवं 18 वर्ष से अधिक के 27 बालक और 30 बालिकाएँ हैं। अतः यह ज्ञात होता है कि 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के बालक बालिकाओं में कौशल शिक्षा लेने की माँग का स्तर बेहतर हैं।

निर्णय लेने की क्षमता – कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता में विकास होता है क्योंकि व्यापार उद्यम के समक्ष नई समस्याओं, कठिनाइयों और चुनौतियों के नियमित रूप से निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। यह बाहरी वातावरण में बदलाव के कारण हो सकता है। नए उत्पाद बाजार में आ सकते हैं, नए प्रतियोगी बाजार में प्रवेश कर सकते हैं और सरकार की नीतियां बदल सकती हैं। यह सब व्यापार इकाई के आसपास के वातावरण में बदलाव की ओर ले जाता है। इस तरह के बदलाव से नई समस्याएं पैदा होती हैं और नए फैसलों की जरूरत होती है। एक प्रबंधक को अभिनय से पहले या निष्पादन की योजना तैयार करने से पहले निर्णय लेना होता है। इसके अलावा, उनकी क्षमता को अक्सर उनके द्वारा लिए गए निर्णयों की गुणवत्ता से आंका जाता है। इस प्रकार, प्रबंधन हमेशा निर्णय लेने की प्रक्रिया है। यह प्रत्येक प्रबंधकीय कार्य का एक हिस्सा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कार्रवाई तब तक संभव नहीं है जब तक कि किसी व्यावसायिक समस्या या स्थिति के बारे में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है। प्रबंधन के कार्य तभी शुरू होते हैं जब शीर्ष स्तर का प्रबंधन रणनीतिक निर्णय लेता है। फैसलों के बिना, कार्रवाई संभव नहीं होगी और संसाधनों का उपयोग करने के लिए नहीं रखा जाएगा। इस प्रकार निर्णय लेना प्रबंधन का प्राथमिक कार्य है। निर्णय लेने की पहली प्रबंधन गतिविधि के लिए निर्णय लेना एक उचित पृष्ठभूमि बनाता है। योजना शीर्ष स्तर के प्रबंधन द्वारा लिए गए व्यावसायिक उद्देश्यों के बारे में व्यापक निर्णयों को ठोस आकार देती है। इसके अलावा, अन्य प्रबंधन कार्यों जैसे कि आयोजन, स्टाफिंग, समन्वय और संवाद स्थापित करते समय निर्णय लेना आवश्यक है।

सारणी 02 – कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता का विकास

निर्णय लेने की क्षमता का विकास का स्तर	200 उत्तरदाता		कुल आवृत्ति	कुल प्रतिशत
	100 बालक आवृत्ति	100 बालिकाएँ आवृत्ति		
बहुत अधिक	17	25	42	21
अधिक	51	43	94	47
सामान्य	11	15	26	13
कम	13	12	25	12.5
बहुत कम	8	5	13	6.5
कुल	100	100	200	100

सारणी 02 में कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता के विकास पर उत्तरदाताओं का विवरण दिया गया है जिसमें 17 बालक और 25 बालिकाओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता का विकास बहुत अधिक स्तर तक होता है और 51 बालक और 43 बालिकाओं के अनुसार अधिक स्तर तक होता है एवं 11 बालक और 15 बालिकाओं के अनुसार सामान्य स्तर तक होता है तथा 13 बालक और 12 बालिकाओं के अनुसार कम स्तर तक होता है जबकि 8 बालक और 5 बालिकाओं के अनुसार बहुत कम स्तर तक होता है। अतः यह ज्ञात होता है कि उच्च माध्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के अनुसार में कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता हैं।

समस्या समाधान – समस्या समाधान यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो बालकों के सामने आने वाली समस्याओं और अवसरों को फिर से परिभाषित करने में मदद करती है, नए, नए जवाब और समाधान लेकर आती है और फिर कार्रवाई करती है। कौशल शिक्षा में उपयोग किए गए उपकरण और तकनीक प्रक्रिया को मजेदार, आकर्षक और सहयोगी बनाते हैं। रचनात्मकता, समस्याएं सुलझाने और निर्णय लेने से न केवल बालकों को बेहतर समाधान बनाने में मदद मिलती है, यह एक सकारात्मक अनुभव बनाता है जो नए विचारों को अपनाने में तेजी लाता है।

सारणी 3 – कौशल शिक्षा से समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास

समस्या समाधान करने की क्षमता के विकास का स्तर	200 उत्तरदाता		कुल आवृत्ति	कुल प्रतिशत
	100 बालक आवृत्ति	100 बालिकाएँ आवृत्ति		
बहुत अधिक	21	24	45	22.5
अधिक	42	38	80	40
सामान्य	16	18	34	17
कम	10	12	22	11
बहुत कम	11	8	19	9.5
कुल	100	100	200	100

सारणी 3 में कौशल शिक्षा से समस्या समाधान की क्षमता के विकास पर उत्तरदाताओं का विवरण दिया गया है जिसमें 21 बालक और 24 बालिकाओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास बहुत अधिक स्तर तक होता है और 42 बालक और 38 बालिकाओं के अनुसार अधिक स्तर तक होता है एवं 16 बालक और 18 बालिकाओं के अनुसार सामान्य स्तर तक होता है तथा 10 बालक और 12 बालिकाओं के अनुसार कम स्तर तक होता है जबकि 11 बालक और 8 बालिकाओं के अनुसार बहुत कम स्तर तक होता है। अत: यह ज्ञात होता है कि उच्च माद्यमिक स्तर के बालक बालिकाओं के अनुसार में कौशल शिक्षा से समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास होता हैं।

निष्कर्ष :

1. 21 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता का विकास बहुत अधिक स्तर तक होता है।
2. 47 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता का विकास अधिक स्तर तक होता है।
3. 6.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से निर्णय लेने की क्षमता का विकास बहुत कम स्तर तक होता है।
4. 22.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास बहुत अधिक स्तर तक होता है।
5. 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास अधिक स्तर तक होता है।
6. 9.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि कौशल शिक्षा से समस्या समाधान करने की क्षमता का विकास बहुत कम स्तर तक होता है।

सुझाव :

1. उच्च माद्यमिक स्तर की विद्यालयी शिक्षा के साथ-साथ कौशल शिक्षा देने का प्रावधान बालक-बालिकाओं को स्वजागरूक बनाता है अत: इसे कक्षा 8 से भी प्रारम्भ किया जा सकता हैं।
2. कौशल शिक्षा घरों में भी सीखने को मिलती है, घर के छोटे-छोटे कार्य भी कौशल शिक्षा के पाठ्क्रम में जुड़ सकतें है।
3. सही समय पर आयजनक गतिविधि कर स्वयं को आर्थिक संबल कर उच्च माद्यमिक स्तर के बालक-बालिकाएँ सही समय पर विवाह कर अपने प्रजनन अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं।
4. बालक-बालिकाएँ कौशल शिक्षा से नौकरी पाने वाले की बजाए नौकरी देने वाले सशक्तिकरण की ओर बढ़ सकतें हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Indusnettechnologies, Goutam Pal, Dipak K S, Swadesh Dey. "National Urban Livelihoods Mission (NULM): National Urban Livelihoods Mission (NULM)". udd.uk.gov.in.
2. "Welcome to National Rural Livelihoods Mission | National Rural Livelihoods Mission". aajeevika.gov.in.
3. "Vocational Training in India - A skill Based Education". Vocational Training Center. 2018-05-01.

****

पूर्ण अद्वैत योग की अवधारणा (योग से अद्वैत योग की ओर संक्रमण)

डॉ. दिनेश कुमार कौशल *

प्रस्तावना – ऋग्वेद में योग शब्द विभिन्न अर्थो में प्रयुक्त हुआ है, जैसे जूड़ा डालना या हल डालना अनुपलब्ध की प्राप्ति, जोड़ना इत्यादि। जूड़ा डालने के अर्थ में इसका उतना प्रयोग नहीं हुआ जितना कि अन्य अर्थों में, किन्तु यह सत्य है, कि ऋग्वेद तथा उपनिषद में इस अर्थ मे भी इस शब्द का प्रयोग हुआ है। इसी शब्द से एक अन्य पद भी निकला है– 'युग्म' जिसका प्रयोग परवर्ती संस्कृत साहित्य में हुआ है। ऋग्वेद में धार्मिक और दार्शनिक विचारों के साथ-साथ हम धार्मिक यम, नियम और आचार का अधिक महत्व पाते हैं। उस समय तप और ब्रह्मचर्य बहुत महत्वपूर्ण गुण माने जाते थें तथा उन्हें उच्चतम शक्ति का स्त्रोत माना जाता था। पाणिनि के समय तक आतें-आतें योग शब्द ने तकनीकी अर्थ धारण कर लिया था। पाणिनि ने 'युज समाधौ' धातु को 'यजुरयोगे' धातु से इसलिए अलग माना जाता है। समाधि या एकाग्रता के अर्थ वाला युज धातु क्रियापदों में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुआ है।

शोध प्रविधि – इस शोधपत्र में द्वितीयक सामाग्री के रूप में ज्ञानमीमांसीय चिन्तन किया गया है। ज्ञानमीमांसीय दृष्टिकोण हमेशा मानव का जीवन किस लिए है? इस अध्ययन का आधार क्या है? इससे निदान क्या हो सकता है? इत्यादि प्रश्नों पर आधारित है।

श्रीमद्‌भगवद् गीता में योग शब्द का प्रयोग 'युज समाधौ' वाले अर्थ में तो हुआ ही है, 'युजिर योगे' वाले अर्थ में भी हुआ है।

योग का अर्थ एवं परिभाषा – योग शब्द संस्कृत में युज धातु से बना है। युज का अर्थ है– संयुक्त होना। 'युज्येत अनेन इति योग:।' योग का अर्थ है जो संयुक्त करता है। वे कौन से तत्व हैं, जिन्हें संयुक्त किया जाता है। पारम्परिक पारिभाषिक शब्दावली में यह जीवात्मा का परमात्मा से संयुक्तीकरण है। यह एक संकीर्ण संकुचित अहंकारग्रस्त व्यक्ति सत्तता का परम सत्ता की नित्य शाश्वत सर्वव्यापी आनन्द स्थिति में विस्तार है।

महाऋषि पंतजलि ने अपने योगसूत्र में योग की परिभाषा करते हुए कहा है कि चित्त के ऊपर नियन्त्रण पाने की प्रक्रिया का नाम योग है ।

'योग: चित्तावृत्ति निरोध:'

'योगवाशिष्ठ' में योग के सार को अत्यन्त सुन्दरता से इस प्रकार चित्रित किया गया है :-

'मन: प्रशमनोपाय: योग: इत्यभिधीयते।'

श्रीमद्‌भगवद् गीता में योग की निम्न परिभाषा दी गई है :-

'योग: कर्मसु कौशलम्।'

पूर्ण अद्धैत योग – महर्षि अरविन्द के अनुसार विकास प्रक्रिया का चरम लक्ष्य दिव्य जीवन की स्थापना है। किन्तु यह चरम लक्ष्य कैसे प्राप्त होगा? अरविन्द का स्पष्ट उत्तर है– वह साधन योग है।

उद्देश्य – 'योग' शब्द का शाब्दिक अर्थ है-'मिलन' अथवा 'एकलन (Union)। अत: हर प्रकार के योग का लक्ष्य 'ईश्वर मिलन' है, 'एकत्व' प्राप्ति करना है। प्राय: सभी योग दर्शन यह मानते हैं कि सभी अशुभ रूपों के जड़ में 'जीव' का 'अनन्त' से अलगाव है। अत: उन सबों के अनुसार योग का लक्ष्य इस अलगाव से ऊपर उठना, ससीम तथा असीम के मौलिक एकत्व को पा लेना है। कहा जा सकता है कि श्री अरविन्द भी योग के इस प्रकार के विचार को अपने ढंग से स्वीकार करते हैं किन्तु उनका स्पष्ट प्रयत्न है कि वे योग विचार को भी अपनी मूल तात्विक मान्यताओं के अनुरूप सजाये। इस दृष्टि से उनके विचारों को समझने पर स्पष्ट हो जाता है कि उनके अनुसार योग के कुछ मूल एवं विशिष्ट लक्ष्य हैं। सामान्य ढंग से इन लक्ष्यों को निम्नलिखित रूपों में निर्धारित किया जा सकता है।

समाधान :

1. श्री अरविन्द के अनुसार विकास प्रक्रिया वैयक्तिक तथा जगत दोनों स्तरों पर एक विशेष अवस्था पर पहुँची है। हमने यह भी जाना है कि अब विकास प्रक्रिया आध्यात्मिक क्षेत्र में छलांग लगाने के लिए उद्यत है– तत्पर है। श्री अरविन्द के अनुसार 'योग' की आवश्यकता एवं उसका लक्ष्य है कि इस छलांग को सहज बना दें तथा इसकी संभावना को निकट ला दें।
2. श्री अरविन्द के अनुसार विकास प्रक्रिया का चरम लक्ष्य उसकी परिणति एक ऐसे दिव्य जीवन की स्थापना में है, जिसमें हर व्यक्ति अज्ञान के क्षेत्र से बाहर या ज्ञान-पुरुष में परिणित हुआ रहेगा। उनका विश्वास है कि दिव्य जीवन आता ही है। इस आगमन की गति को तीव्र किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति में योग सहायक है।
3. श्री अरविन्द स्वीकार करते हैं कि एक दृष्टि से जीवन प्रक्रिया ही योग प्रक्रिया है, क्योंकि वस्तुत: जीवन के हर कर्म, हर कार्य एक प्रकार से मूल तत्व की ओर प्रेरित है। हर गतिविधि में असीम की अभिव्यक्ति है। जीवन प्रक्रिया चल ही नहीं सकती, यदि उसमें उच्चतर रूपों का अवतरण न हो, किन्तु साधारण जीवन में यह चेतना नहीं रहती कि हमारी गतिविधियाँ एकत्व की ओर प्रेरित हैं। योग का लक्ष्य है कि इस एकत्व की ओर की उन्मुखता चेतन-जीवन का अंग बन जाये। हमे अपनी क्रियाओं में चेतना रहे कि उनके माध्यम से असीम ही व्यक्त हो रहा है।
4. साधारणत: विकास प्रक्रिया धीमी गति से अग्रसर होती है, क्योंकि हमारा जीवन सामान्यतया बाह्यता का जीवन होता है। इसकी गति तीव्र करने के लिए आवश्यक है कि हमारी चेतना का केन्द्र बाह्यत: न रहे बल्कि आन्तरिक हो जाये। योग इसमें सहायक है। इसी आशय से श्री अरविन्द कहते हैं:-

* शिवाजी नगर, बी. डी. ए. कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) भारत

"Yoga implies not only the realisation of God, but an entire consecration of inner and outer life till it is fit to manifest a divine consciousness and become part of a divine work."**

श्री अरविन्द योग के स्वरूप का विवरण विभिन्न प्रकार से करते हैं। कभी–कभी कहा गया है कि 'योग मानव की संपूर्णता में ईश्वरत्व का उत्प्रवाह है।' कभी–कभी कहा गया है 'योग को आत्मचेतना नहीं समझ कर उसे आध्यात्मिक आत्म–अभिव्यक्ति कहना चाहिए।'

उपरोक्त वर्णन के आधार पर श्री अरविन्द योग की एक विशिष्टता प्रकाश में आती है। उनके अनुसार योग का लक्ष्य इसी जीवन, शरीर रूप में ही ईश्वरत्व की पूर्ण चेतना है। अपने सामान्य दार्शनिक विचार के अनुरूप श्री अरविन्द कहते हैं कि योग का लक्ष्य उत्थान तथा अवतरण दोनों है। यह विकास प्रक्रिया में घिरे आत्म के उत्थान का प्रयत्न है, साथ–साथ उच्चतर रूपों के अवतरण का प्रयत्न है। इसकी परिणति अतिमानसिक रूपान्तरिण में है। वे कहते हैं:–

"Our yoga is a double movement of ascent and descent, one rises to higher tools of consciousness, but at the same time one brings down their power not only into mind and life, but in the end even into the body and highest of these levels, the one which it aims, is super mind. only when that can be brought down is a devine transformation possible in the earth consciousness."

अत: श्री अरविन्द के पूर्ण अद्धैत योग का चरम लक्ष्य है– जीवन एवं जगत का ईश्वरत्व रूप में रूपान्तरण, दिव्य–जीवन (Divine Life) का अवतरण जो वैयक्तिक मोक्ष न होकर सबों का मोक्ष है– सर्वमुक्ति है।

योग का स्वरूप:–

According to Shri Arvind:-

"Yoga means union with divine, a union either transcentental (Above the Universe) or cosmic (universal) or individual, or as in our yoga, all three together."

उपरोक्त पंक्तियों में योग की प्राय: सभी विधाओं का उल्लेख है। योग का अर्थ है– ईश्वर मिलन। किन्तु यह पारलौकिक स्तर पर हो सकता है। योग का प्रतिपादन करने वाले विभिन्न विचारों से इन्हीं विधाओं में किसी एक का चयन किया है। श्री अरविन्द के अनुसार योग में तीनों विधाये एक जुड़ी हुई हैं। यह भी एक कारण है जिसके चलते वे अपने योग को पूर्ण अद्धैत योग कहते हैं। योग वह प्रक्रिया है जो चेतना को विस्तृत करने उच्चतर उठने तथा अन्तत: एकरूप होने की प्रक्रिया को रूप देता है। योग से इन सारी प्रक्रियाओं को बल मिलता है। इसी कारण श्री अरविन्द इसे पूर्ण अद्धैत योग कहते हैं या पूर्ण योग कहते हैं।

विश्लेषण :

1. योग की प्राय: सभी विधाओं में कुछ ऐसे विशिष्ट शक्तियों को विकसित करने की बात होती है कि सर्वसाधारण के लिए यह दुर्लभ एवं जटिल है। अत: श्री अरविन्द आन्तरिक योग के ढंगों का विवरण करते है, जिसका अनुशीलन सबके लिए संभव है। इसी कारण वे हठयोग के अनुशासनों पर बल नहीं देते। आसन, प्राणायाम पर बहुत बल नहीं देते। वे प्रार्थना एवं मंत्र जाप आदि को भी अनिवार्य नहीं कहते। उनका योग आन्तरिक योग है जिसमें हर योग के समान कुछ आन्तरिक अनुशासनों की अनुशंसा तो अवश्य है, किन्तु वे अनुशासन ऐसे हैं जिनका पालन सबके लिए संभव है।
2. अधिकतर योग–विधियों की जगत के प्रति अभिवृत्ति निषेधात्मक है। पतंजलि के अनुसार योग का लक्ष्य विवेक, ज्ञान की प्राप्ति है, जिस ज्ञान में आत्म तथा अनात्म के भेद का स्पष्ट ज्ञान हो जाता है, किन्तु श्री अरविन्द के अनुसार योग का लक्ष्य 'आत्म' तथा 'अनात्म' में भी आत्म–रूप, आध्यात्मिकता की पहचान है।
3. योग के सभी प्रतिवादक योग का लक्ष्य भौतिक एवं शारीरिक स्तर पर निषेध है, उससे ऊपर उठना है, किन्तु श्री अरविन्द के अनुसार योग का लक्ष्य भौतिक एवं शारीरिक का हनन नहीं, बल्कि उनको भी अतिमानसिक प्रकाश से रूपान्तरित कर देना है।
4. सभी योगों के अनुसार योग का लक्ष्य 'व्यक्ति' का मोक्ष है। परन्तु उनके अनुसार मात्र माक्ष ही योग का लक्ष्य नहीं है, बल्कि व्यक्ति का मोक्ष चरम लक्ष्य का अंश है। योग का लक्ष्य सबों की मुक्ति है या धरती पर दिव्य जीवन को उतार लाना है।
5. योगों का लक्ष्य समाधि की अवस्था में सिद्ध प्राप्त करना है, मोक्ष प्राप्त करना है, किन्तु श्री अरविन्द के अनुसार पूर्ण एकत्व की प्राप्ति शरीर में रहते हुए, जाग्रतावस्था तथा जगत से संपर्क तोड़े बिना संभव है।
6. उपरोक्त कारणों के आधार पर ही श्री अरविन्द के द्वारा दी गई योग विधि प्रचलित सामान्य योग के ढंगों से भिन्न है। श्री अरविन्द ने तीन स्तरों वाली विधि की अनुशंसा की है जो पहले चर्चित 'त्रिविध रूपान्तरण' के अनुरूप है। इसके अंतर्गत तीन प्रक्रियाएँ आती हैं:–

1. आत्मिकता
2. आध्यात्मिकता
3. अतिमानसिकता की प्रक्रिया।

निष्कर्ष – उपरोक्त विचारमंथन से स्पष्ट है कि परम्परागत योग की व्याख्या एवं उद्देश्य पुरूषार्थ चतुष्ट्य की विकास यात्रा का अंतिम पड़ाव मोक्ष पर टिका है, किन्तु श्री अरविन्द योग की एक पृथक, नवीन एवं भौतिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए धरती में दिव्य जीवन एवं अतिमानसिकता की चर्चा करते हैं। समकालीन भारतीय दर्शन में नि:संदेह श्री अरविन्द मौलिकता, नवीनता एवं सूक्ष्म दार्शनिक मिमांसा पर अपना अधिकार रखते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ऋग्वेद, 1–34–9, 7–67–8, 3–27–11 शतपथ ब्राम्हण
2. कठोपनिषद 3–4, 2–6
3. योगवाशिष्ठ
4. श्रीमद् भगवत्गीता ।।2/50।।
5. योगसूत्र, ।।1/2।।
6. श्री अरविन्दो, द रिडिल ऑफ द वर्ल्ड, पृष्ठ 2–3
7. श्री अरविन्द, लाइट्स ऑन योगा, पृष्ठ– 16
8. श्री अरविन्द, द लाइफ डिवाइन, पृष्ठ– 947

****

महर्षि वाल्मीकि की दृष्टि में नारी के विविध रूप

डॉ. पंकज कुमार सिंह *

प्रस्तावना – किसी काल की नारी की स्थिति के ज्ञान के लिए विधवा-जीवन का अध्ययन अनिवार्य है। कोई समाज अपने नारी-वर्ग के सम्मन के लिए सामान्य रूप से कितना भी गौरव का अनुभव करे किन्तु विधवा के प्रति उसके दृष्टिकोण से ही उसकी सही भावना का मूल्यांकन किया जा सकता है। माता, पत्नी और पुत्री के रूपों में नारी की स्थिति से विधवा की अवस्था का अनुमान लगाना सम्भव नहीं है। कारण यह है कि कन्या ,पत्नी और माता के साथ मनुष्य स्वाभाविक स्नेह रखता है क्योंकि इनका किसी न किसी आवश्यक धर्म कार्अ में संबंध होता है। किन्तु विधवा की स्थिति इनसे सर्वथा भिन्न होती है। पति से (जिस पर स्त्री का सारा स्वाभिमान आधारित होता है) विधवा सर्वथा वंचित होती है। अपने माता-पिता के जीवित रहने पर भी विधवा को पतिकाल के सदस्यों पर अवलम्बित होना पड़ता है, जिनका विधवा के साथ नतो स्वाभाविक संबंध होता है और न संस्कारगत प्रेम ही। इस प्रकार विपरीत परिस्थिति में रहका बेकार झंझावतो से संघर्ष करने वाली अश्रुसिक्त विधवा की अवस्था से ही काल विशेष के नारी-जीवन का सही मूल्यांकन सम्भव है।

विधवा की स्थिति के ज्ञानार्थ निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार करना आवश्यक है। यथा-पति की मृत्यु के बाद उसे जीवित रहने का अधिकार था या नहीं ? उसे पति के अनुकरण (सती) के लिए विवश तो नहीं किया जाता था ? जीवित रहने पर उसे पुनर्विवाह की सामाजिक अुनशंसा प्राप्त थी या नहीं ? पति की सम्पत्ति पर उसका अधिकार था या नहीं ? समाज एवं परिवार के लोगों की उसके प्रति कैसी धारणा थी ? इत्यादि।

प्रागैतिहासिक समाज में यह धारणा व्याप्त हो गयी थी कि मृत्यु के बाद दूसरे लोक में भी मनुष्य को उन सारी वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है, जिनका वह इहलोक में उपयोग करता था। इसी भावना से प्रेरित होकर व्यक्ति की मृत्यु के बाद उनके शव के साथ-साथ उसकी समस्त आवश्यक सामग्रियों को दफना दिया जाता था। यहाँ तक कि उसके वाहन और उसकी पत्नी को भी चिंता पर चढ़ा दिया जाता था। सम्भवत: उसी भावना ने सती प्रथा को जन्म दिया होगा ।

पति की मृत्यु के बाद पत्नी के द्वारा उसका अनुगमन करने की प्रथा आर्यो में बहुत पहले से ही थी। पूर्ववैदिक और उत्तारवैदिक साहित्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सती प्रथा का आरम्भ आर्यो के प्रारंभिक जीवनकाल से हुआ। किन्तु सती प्रथा के सम्बन्ध में जो निर्देश मिलते हैं, वे अत्यन्त संदिग्ध हैं। ऋग्वेद में आए हुए एक मंत्र में प्रयुक्त 'अग्ने' शब्द को लेकर मतभेद है कि यह 'अग्ने' है या आगे। उक्त अंश का यह अर्थ है कि स्त्री अपने मृत पति के शव के साथ लेटती है। तत्पश्चात् उसे संबोधित किया जाता है, 'नारी उठो, पुन: इस संसार में आओ'।इस अंश के आधार पर माना गया है कि सती प्रथा का प्रारम्भ पूर्ववैदिक युग में ही हो गया था। सती प्रथा से सम्बन्धित इसी प्रकार का अर्थ व्यंजित करने वाले उत्तरवैदिककालीन साहित्य में कई निर्देश मिलते हैं। अथर्ववेद में उल्लिखित है कि अपने मृत पति के शव के साथ विधवा नारी चिता पर आरोहण करती है और उसके बाद उसे पिता से उतर आने के लिए निर्देशित किया जाता है।इस उद्धरण से भी सती प्रथा के प्रचलन का अनुमान होता है। आपस्तम्ब गृह्य सूत्र में बतलाया गया है कि विधवा को चिता से देवर या उसके पति का शिष्य या उसका पुराना नौकर यह कहते हुए उतार ले कि हे नारी! तुम इस जीवलोक में आ जाओ। इन उद्धरणों से प्रतीत होता है कि वैदिक युग में सती प्रथा व्यावहारिक रूप में कहीं नहीं थी। कहीं थी भी, तो औपचारिक रूप में ही।

मनु ने सती प्रथा का विरोध किया है। अनुमरण को निन्द्य बतलाते हुए उन्होंने विधवा के लिए सामान्य जीवन व्यतीत करने का निर्देश दिया है।

महाभारत काल में सती प्रथा के प्रचलन के उदाहरण प्राप्त होते है, पति बिना मृतं श्रेया इसी भावना से प्रेरित होकर पतिव्रताएँ पति के साथ चिता में प्रवेश करती थी। माद्री, वसुदेव की चार पत्नियों, एवं ब्राह्मणी आंगिरिसी ने अपने पति के शव के साथ चितारोहण किया है। कृष्ण की पत्नियों में रूकमणी,गान्धारह,शैव्या,हेमवती,जाम्बवती ने पति की मृत्यु के कुछ समय पश्चात् हस्तिनापुर जाकर अग्नि में प्रवेश करके प्राण त्याग दिया। प्राय: सभी उच्चकुलीन साध्वियाँ वैधव्य की अपेक्षा अनुमरण पसन्द करती थी। एक बाढ़ अवश्य थी अल्पवयस्क पुत्रों की माता या गर्भवती को अनुमरण का अधिकार नहीं था, उसके लिए अनुमरण निन्दनीय समझा जाता था।

रामायण और महाभारत प्राय: एक ही विशेष सभ्यता-संस्कृति के पोषक ग्रन्थ हैं। रामायण की तरह महाभारत में भी सती प्रथा के प्रचलन के उदाहरण मिलते है। महाराज दशरथ की मृत्यु के समय विलाप करती हुई कौशल्या कहती है कि मैं आपके (पति) साथ आज ही मृत्यु का वरण करूँगी तथा एक पतिव्रता की भाँति आपके मृत-शरीर का अलिंगन करके चिता की आग में प्रवेश कर जाऊँगी। बाली की पत्नी तारा भी पति के शव के साथ सती होने के लिए तैयार है। उसके समक्ष एक ओर पुत्र (अंगद) के पालन-पोषण का दायित्व है तो दूसरी ओर पातिव्रत्य धर्म के पालन का। इस द्वन्द्व के बीच भी वह पति के साथ सती होना ही श्रेयस्कर समझती है। ऐसा निर्णय लेने के बाद भी तारा सती नहीं होती। कौशल्या भी शमशान में जाकर पति के शव की प्रदक्षिणा करके ही लौट जाती है। इससे यह अनुमान होता है कि रामायणकाल में भी अल्पवयस्का माता, गर्भवती विधवा को अनुमरण की अनुमति नहीं थी। ऐसी स्थिति से अनुमरण की इच्छावली विधवा को शमशान ले जाकर तथा उसके द्वारा चिता की परिक्रमा कराकर उसे पुन: आग्रहपूर्वक घर लौटा लाया जाता था और इस प्रकार सती प्रथा की औपचारिकता पूरी

* पीएच.डी. (संस्कृत विभाग) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

कर दी जाती थी।

इन उद्धरणों से प्रतीत होता है कि रामायणकाल में सती प्रथा के प्रति पतिव्रता की आस्था एवं आसक्ति थी। परन्तु समाज की ओर से उसे अनुमोदन प्राप्त नहीं था। इसीलिए औपचारिकता (विधि) पूरी करके विधवा को अनुमरण से रोक दिया जाता था। किसी भी विधवा को सती होने के लिए बाध्य नहीं किया जाता था।

विधवा विवाह – वैदिक काल में विधवा के अनुमरण का निषेध किया गया है।विधवा के लिए जीवित रहना और पुनर्विवाह कर लेना ही अधिक श्रेयस्कर माना गया है। ऋग्वेद के अन्त्येष्टि सूक्त के एक मंत्र में विधवा-विवाह का संकेत किया गया है। इस मंत्र के अर्थ के सम्बन्ध में कुछ विद्वानों में मतान्तर है। मैकडोनल के अनुसार विधवा पति का अनुगमन न करके इस लोक में रहकर पुनर्विवाह करके पति की स्मृति को सुरक्षित रखे यही इस मंत्र का अर्थ है। यह उपयुक्त भी प्रतीत होता है क्योंकि इसका समर्थन सूत्र साहित्य में भी मिलता है। तैत्तिरीय संहिता में विधवा विवाह का सबल प्रमाण प्राप्त हो है। इसके एक स्थल पर विधवा के पुत्र का उल्लेख है।अथर्ववेद में भी विधवा विवाह का संकेत प्राप्त होता है। इसके एक मंत्र में बतलाया गया है कि परलोक में कोई पत्नी द्वितीय पति से पुनः मिल सकती है।

आपस्तम्ब धर्मसूत्र में विधवा विवाह की निन्दा की गयी है। मनु ने भी विधवा-विवाह का प्रबल विरोध किया है। अन्य पुरूष द्वारा उत्पन्न संतान शास्त्रविरूद्ध है। अन्य की स्त्री में उत्पन्न संतान उत्पादनकर्ता की नहीं होती। पतिव्रता के लिए भी परपति का विधान नहीं है।इन्होंने कहा है कि विवाह विधान वाले शास्त्रों में कही भी विधवा-विवाह का निर्देश नहीं है। उन्होंने विधवा को सदा पतिव्रताओं के धर्म की इच्दा करने वाली, क्षमामयी और ब्रह्मचारिणी रहने का निर्देश दिया है।पति के मर जाने पर ब्रह्मचर्यव्रत का पालन करने वाली स्त्री पुत्रहीन न होने पर भी स्वर्गलोक को प्राप्त करती है।पुत्र के लोभ से जो स्त्री पति का अतिक्रमण करती है,वह इस लोक में तो निन्दित होती ही है, परलोक से भी गिर जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, पृ. 437
2. ऋग्वेद 10/18/7-8
3. इयंनारी पतिलोकं वृणानां निपद्यते उपत्वा कर्त्य प्रेतम्।
   धर्मम् पुराणमनुपालयन्ती तस्मै प्रजां द्रवणिं चाहेघता।। अथर्व.19/21
4. तमुत्थापये देवरः पतिस्थनीयोन्तवासी वर दासो वा
   उदीष्व नारि अमि जीवलोकम् इति।आप.गृह्य.4/2/18
5. वीमेन इन मनु एण्ड हिज सेवेन कॉमन्टेटर्स-आर.एस.दास पृ.-221
6. महा. आदि. 112/20 , 146/22
7. वही, 190/75 , 116/31
8. वही, मौसल. 8/18
9. वही, आदि. 173/29
10. वही, मौसल. 8/71
11. साहमद्यैव दिष्टान्तं गमिष्यामि पतिव्रता।
    इदं शरीरमालिड्.गय प्रवेक्ष्यामि हुताशनम्।। वा.रा. 2/66/12
12. अंगदं प्रतिरूपाणां पुत्राणामेकतः शतम्।
    हतस्याप्यस्य वीरस्य गात्रसंश्लेषणं वरम्।। वही, 4/21/13
13. ऋग्वेद 10/18/8
14. आश्व. गृह्य. 4/2/18
15. तै. सं. 2/2/44
16. अथर्व. 9/5/27-28
17. मनु.5/162
18. न विवाहविधायुक्तं विधवा वेदनं पुनः।। वही,9/65
19. आसीतामरणात्क्षान्ता नियता ब्रह्मचारिणी।
    यो धर्म एकपत्नीनां काड्.गक्षन्ती तमनुत्तमम्।। वही, 9/158
20. मृते भर्तरि साध्वी स्त्री ब्रह्मचर्य व्यवस्थिता।
    स्वर्ग गच्छत्यपुत्राति यथा ते ब्रह्मचारिणः।। वही, 5/160
21. अपत्यलोभाद्या तु स्त्री भर्तारमतिवर्तते।
    सेह निन्दामवाप्नोति पतिलोकाच्च हीसते।। वही, 5/161

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

English for specific purposes ; course design for engineering students in National Capital Region

Dr. Omprakash Upadhyay*

Abstract - English for specific purposes has emerged as varying purposes and needs of language learners and it is the kind of profession. English is taught as a second language in India. Now a days It is the demand of the hour that a course is required to design to cater the need of students studying Engineering in National Capital Region. The present study is presented to analyse four skills during the teaching of English. Some authentic tools were applied to arrive final conclusion. At last a suggestive outline for course was presented for students. This course may help students in present circumstances to use English. In professional life English as a global language can help to grip work.

Introduction - The purpose of the present study is to identify and analyze the language needs of students studying a degree programme OF BACHELOR OF TECHNOLOGY (B.Tech.) in NCR and to make recommendations for enhancing the present English syllabus and making it more learner-centered. To find out the needs of these B.Tech. students, a needs analysis was conducted. Two questionnaires, one for students and one for EST teachers, was prepared and administered. The data was then tabulated and analyzed. Then the researcher had a discussion with some students to re-assess the data collected through questionnaires. The results show that even after having learned English at primary, secondary and higher secondary levels, the students are unable to use the English language, as they are taught English as a subject in their schools. With the globalization of trade and economy and the continuing increase of international communication in various fields, the demand for English for Specific Purposes (ESP) is expanding. To evaluate how effective the teaching and learning process at technical colleges and what the real needs of the students in a technical institution are, students were selected to participate in this research. Remedial classes are provided to improve the academic skills, linguistic proficiency and levels of comprehension. In the classes, these students are prepared to face the challenges of the B.Tech. courses so that they can stand academically. In the language classes, these students are encouraged to develop their writing skills and grammar skills so they can perform well in their written examination. The ESP approach is practiced to develop students' language skills.

Objective of study - The present study is to demonstrate how the learners can learn the English language most effectively, it would be vital to explore what the learners actually know. The objectives of the study are to identify learners' subordinate skills and knowledge required by the learners in order to carry out real world communication tasks; to find out what these learners should be taught at this level when they are getting prepared to face the challenges of B.Tech. courses; to see what can be done to improve students' poor motivation; and to examine how the course of study should be prepared to serve students' academic needs in language usage and to cater to their sociolinguistic needs.

Needs Analysis - Needs analysis is a crucial starting point for designing a learner-centered course. According to Singh (2005:110-111), needs assessment starts with identifying the learners' personal, socio cultural and educational traits, involving an assessment of the students' expectations and interest, and their real language needs, methods of teaching, study skills proficiency, learning style, data availability, experience, material production, constraints of money, time available, teaching equipment, facilities granted, physical setting, course designer, sponsors (such as the technical institution in the present study), teachers, and the students. The data related to learners' educational and cultural background may help in analyzing their language competence and exposure to the English language. In a needs analysis exercise, it is vital to explore the study skill and learning style of the learners in order to achieve effective learning and teaching. Other components, like learning materials, money, facilities granted, teaching equipments and the physical setting in which the course is taking place, also contribute to the success of an ESP course. Apart from these, the course designer, sponsors, teachers, and the students are the four major pillars of an ESP course.

Data Collection and Discussion - The objective of this section was to assess the learners' present language competence, and the language skills that are required in

***Lecturer, Kamla College, Dholpur (Raj.) INDIA**

different situations. This section aimed to investigate the adequacy of the present language syllabus, and the areas and the fields which the learners find more important and relevant to support their study of some courses The questionnaire for teachers was aimed to investigate the teachers' use of the English language; their attitude towards the language, student-teacher relationships,and the syllabus; and their motivation and commitment regarding the course and their work. Secondly the availability of the resources, their accessibility and their own ability as language teachers. Thirdly this section was designed to extract data related to students' linguistic needs, their language competence and perception, and the teachers' ability to understand their students. Methodological: This section aimed to identify teachers' perception of ESP, their ESP methodology, and their attitude as ESP practitioners. I support to develop new ideas. This is an important factor of this process. The students tested in this process**,**most of them mentioned Hindi as their mother tongue .These students are native speakers of Brij, Haroti, Punjabi, Marwadi and The class is linguistically different and almost 94% of the total students feel that it is more comfortable to converse in their mother tongue. More than 88% of all students think that English is very important to shape their career. This data reflects that the majority of students are aware of their language needs. Among the students, almost 65% use Hindi sometimes to interact with their teachers, about 16% often use Hindi and nearly 19% never use Hindi while interacting with the teachers.

The majority of students sometimes interact with their teachers in Hindi irrespective of their mother tongue. When interacting with their classmates, 84% of the students use Hindi, and 15% sometimes use Hindi. This is because of the social setting – the institution is at NCR in Rajasthan where Hindi is the dominant language of use in the society, and everybody can speak and understand Hindi. It might be due to this reason that the speakers adopted Hindi as the language of communication. When it comes to the use of the mother tongue, more than 27% of the students use their mother tongue often to interact with their teachers, over 50% use it sometimes and almost 30% never use their mother tongue while interacting with their teachers.

It must be taken into account that the medium of instruction in college is English; all course books are in English, and students do their lab work in English. They are expected to understand the lectures, laboratory work, examination papers, and of course their course books. However, the students' response reflects that the majority of them are unable to express themselves in English. This may be due to lack of any functional English course at the school level.

Another question students were asked was 'Among speaking, reading, writing, listening, pronunciation, public speaking, sentence framing, vocabulary development, discussion and conversation, grammar, and punctuation, which one of them should be given more attention in the language classes?'. Nearly 90% of total students choose speaking skills, 83% public speaking, 85% vocabulary development, 82% discussion and conversation, 64% grammar, and 60% sentence framing. Punctuation and reading, with 38% each, are skills which only few answered well.

Five out of six EST teachers said that they do not get enough support, to pay extra attention to Special language courses for the students of science and technology. It is necessary that a common language can be spoken and understood by everyone. In such a situation English can play an important role. sametime, it was observed that the majority of students can take down notes during subject classes and more than 95% of students understand their course books. This certainly means that they understand the concepts of science and technology, though they may have problems in translating them into English.The teachers assert that the students need to improve their writing skills; instead, they need a course that should be based on remedial grammar (as remedial grammar can help them overcome their grammatical incompetence) and should be subject- specific in nature. The EST teachers comment that they are bound to use Hindi in the class to make the students understand certain concepts and to assure communication. They express the views that the students hesitate to speak English in the class either due to less knowledge or lack of understanding of what is being taught in the class. When interpreting these findings, it must be taken into consideration that these students are granted their respective branches of engineering on the basis of their performance in their class tests, mid-semester exams, and their end-semester examination. They are not judged on the basis of their speaking skills, but their writing skills. So it is important that the language classes should focus on developing their writing skills.

Course outline - Having determined the engineering needs through the tools I have used namely a questionnaire and authentic data analysis, the discussion will take place around, determining the outline for the technical course. The technical students need a language course that encompasses teaching of all the four language skills, emphasizing speaking and writing. The teachers seem quite aware of the students 'real and practical needs, but at the same time the wants and necessities of the learners cannot be ignored.

Aims and objectives :

1. The objectives of the course will be Recognize the organization of different report genre.
2. Use appropriate grammatical structures and functions
3. Write a full report with accuracy.
4. Assess each other's writing.
5. Use technical and semi technical vocabulary.
6. Employ the process of editing and drafting.
7. Promoting writing fluency,
8. Given the wants, necessities, and lack of language skills of the students.

the following items are suggested for course:

Designed course

Objectives:

1. Upon successful completion of the course.
2. The students should be able to become familiar with the basic principles of paragraph writing.
3. Learn and practice the key concept of four skills.
4. Learn key concept of essay writing.
5. Learn the key concepts of essay writing such as subject, purpose, audience, thesis, statement, introduction, body, and conclusion.
6. Learn technical report writing.
7. Gain understanding of presentation about a technical subject.

Recommendations - At least two hrs a day, six weeks in total should be length and period of class .Regularity of attendance, active participation, academic code of conduct and attitude towards course are essential for learning.

Conclusion - This research explored the self perceived English proficiency of students in engineering fields. They can perform better in all the four skills in their working fields such as conversation with employees, dealing with foreign delegates, in writing report,. Mailing, .particular tasks dealing with customers, using daily technical words, relationships and industry-specific tasks. Thus Engineering employees have the advantage of the real professional practices to improve their language skills. I have introduced theoretical background concerning ESP and mentioned some characteristic features closely connected with process of ESP learning. I drew the special to organizing ESP course and selecting material to fulfill demands of ESP learners in engineering fields. I have also pointed out some role between ESP teachers and General English teachers. I have also mentioned learning centered approach based on learners 'needs, expectations and learners' way of learning language. Learning strategies and teachers 'attitude to ESP course and motivation is also emphasized as a necessary part of learning process. In my practical part I have focused on particular learning aspects and various activities that have been done in the course of engineering.

References :-

1. Brown, J. D. (2006). Second language studies: Curriculum development.
2. ETIC. (1975). English for Academic Study: problems and perspectives. ETIC Occasional Paper. London: The British Council.
3. Flowerdew, J., & Peacock, M. (2001). Research perspectives on English for academic purposes. Ernst Klett Sprachen.
4. Hutchinson, T. & A. Waters. 1987. English for Specific Purposes: A Learning- Centred Approach. Cambridge: Cambridge University Press.
5. Hyland, K., & Hamp-Lyons, L. (2002). EAP: Issues and directions. Journal of English for academic purposes, 1(1), 1-12.
6. Jordan, R. R. (1997). English for academic purposes: A guide and resource book for teachers. Cambridge University Press.
7. Krogstad, A. (2011). For what purpose do language teachers use group work in their lessons? A study of group work in the teaching of English, and modern languages, in a Swedish school.
8. Munby, J. (1978). Communicative syllabus design: a sociolinguistic model for defining the content of purpose-specific language programmers. Cambridge University Press.

****

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी और दाम्पत्य सम्बन्ध

डॉ. अभयवीर *

शोध सारांश – साहित्य को हमारे जीवन में नवीन शक्ति पैदा करने वाला संसाधन कहा जाए तो किसी प्रकार की अतिशयोक्ति न होगी ठीक वैसे ही स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानीकारों और उनके द्वारा रचित कहानियों के मार्मिक तथ्यों का विवरण जो साहित्य की श्रीवृद्धि करता है। उस साहित्यिक तथ्यों में दाम्पत्य सम्बन्धों के विवरण ने हमें जीने की एक कला दी है। जिससे नए समाज का निर्माण किया जा सकता है ऐसे अनेक कहानीकारों ने दाम्पत्य सम्बन्धों के बनते-बिगड़ते प्रसंगों का उल्लेख यथार्थमयी स्थिति में करके आदर्श समाज की कल्पना की है। ऐसे कहानीकारों में, राजेन्द्र यादव, मन्नू भण्डारी, ज्ञानरंजन, श्रीकान्त वर्मा,दूधनाथ सिंह, चित्रा मुदगल, कृष्णा सोबती, सूर्य वाला, ऊषा प्रियंवदा, प्रभा खेतान, मृणाल पाण्डे, का नाम लिया जा सकता है। आधुनिक समय में हमारे समाज के परम्परागत जीवन मूल्यों ने हमें नए टकराव की परिस्थतियों में खड़ा कर दिया है जिससे स्त्री-पुरूषों के आपसी सम्बन्धों में उतार-चढ़ाव के दौर देखने को मिलते है। सवतंत्रता के बाद मानवीय सम्बनधों के वीच में आधुनिकता का पर्दा इस प्रकार पड़ गया है कि स्त्री-पुरूष दोनों ही राम-सीता, कृष्ण-राधा, शिव-पार्वती वाली नैतिक जीवन जीने की कला से हटकर पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार जीने में विश्वास करने लगे हैं। जिससे समाज का नव-निर्माण होने की अपेक्षा पतन के गर्त में जा रहा है। आज के सन्दर्भ में हमें स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों के द्वारा किये गये लेखन पर दृष्टि डालकर वास्तविक जीवन में उन प्रेरणामयी प्रसंगों को उतारने की आवश्यकता आ पड़ी है। जिससे नया समाज, आदर्श समाज की रचना की जा सके क्योंकि स्त्री-पुरूषों के सम्बन्धों पर ही किसी भी राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है साथ ही अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखने का दायित्व बनता है कि हम अपनी नैतिक परम्पराओं में बंधकर जीवन जीयें और नया समाज बनायें।

शब्द कुंजी – स्वातंत्र्योत्तर कहानी की रूपरेखा,पति-पत्नी के आधुनिक रिश्ते, सम्बन्धों में तीसरे की भूमिका, दाम्पत्य सम्बन्ध और आधुनिक परिवेश।

प्रस्तावना – आज समाज का अवलोकन करने पर पता चलता है कि समाज, देश, राष्ट्र में से मानवीयता, संवेदनशीलता का दिन पर पर दिन विघटित होता रूप देखा जा सकता है। जब लोग देश एकता, राष्ट्रीयता जैसी बातें करते हैं, लेकिन एक ओर व्यक्ति अपनी पीड़ा से कराहता हुआ अकेला नजर आता है। उस अकेलेपन की पीड़ा से मुक्त होने के लिए छटपटाता रहता है लेकिन कोई उसकी समस्या का निराकरण करने बाला नजर नहीं आता ऐसी स्थिति में अकेलेपन की घुटन जब हद से अधिक बड़ने लगती है तो अनैतिक रास्तों पर चलना प्रारंभ कर देता है जिससे दाम्पत्य सम्बन्धों की डोरी टूटती नजर आती है। इन समस्याओं का मूलभूत कारण संयुक्त परिवारों के विघटन को भी कहा जा सकता है।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. स्वातंत्र्योत्तर कहानी साहित्य के माध्यम से पति-पत्नी के रिश्तों का वर्णन करना
2. दाम्पत्य सम्बन्धों पर आधुनिक परिवेश का प्रभाव।
3. औद्योगीकरण,वैज्ञानिकता,तकनीकी,शिक्षा आदि का दाम्पत्य सम्बन्धों पर प्रभाव।
4. दूधनाथसिंह, ज्ञान रंजन, कृष्णा सोबती,चित्रा मुद्गल, प्रभा खेतान, मोहन राकेश, मन्नू भण्डारी, राजेन्द्र यादव, जैसे कहानीकारों के विचारों से परिचय कराना।
5. आधुनिक परिवेश में दाम्पत्य सम्बन्धों पर चिन्तन-मनन करने की आवश्यकता।
6. सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना करना,पति-पत्नी के रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ाना।
7. पति-पत्नी में एकरूपता कायम रखने की आवश्यकता पर जोर।

विषय विस्तार – स्वतंत्रता के बाद समाज में तीव्र गति से बदलाव हुए है और दिन पर दिन बदलाव हो रहे हैं। समाज में हो रहे इन बदलावों का उल्लेख हमारे स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों ने बखूबी से करने का प्रयास किया है। जिससे हमारी संस्कृति के सनातन मूल्य कायम रह सकें राजेन्द्र यादव जैसे कहानीकारों ने समाज की तहकीकात करके एवं स्वातंत्र्योत्तर कहानी साहित्य को पढ़कर महसूस किया था कि आज जितनी भी कहानियाँ लिखी जा रही हैं वे सभी दाम्पत्य सम्बन्धों के बनने की न होकर टूटने की कहानियाँ है।

आज के सन्दर्भ में देखने में आता है व्यक्ति आधुनिकता के पर्दे में इस प्रकार ढ़क चुका है। कि उसे सुख तो मिल रहा है लेकिन शान्ति की तलाश में भटक रहा है।

स्वातंत्र्योत्तर कहानीकार के रूप में ज्ञान रंजन जैसे श्रेष्ठ कहानीकार ने ऐसे सम्बन्धों से तृसित कहानियों की रचना की जिससे समाज का एक पर्दा हटता नजर आता है उनकी 'सम्बन्ध' एक ऐसी कहानी है जिसमें भावनात्मक रिश्तों को तार-तार होते हुए दिखाया गया है। माँ-बेटे में तालमेल न होना पत्नी का यौनाचार सम्बनधों में बढ़ता रूझान तो पति की लाचारी का चित्रण ज्ञानरंजन के 'सम्बन्ध' कहानी में बखूबी से किया है।

स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों में दूधनाथ सिंह जैसे श्रेष्ठ लेखकों को समाज की विसंगतियों का काला पर्दा उधेड़ने वाला कहा जाए तो सही सावित होगा उनके द्वारा लिखित कहानी 'रक्तपात' आपसी सम्बन्धों की टकराहट भरी जिन्दगी का उल्लेख करती है। पत्नी की अनैतिक हरकतों से तंग आकर

*असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) कमला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धौलपुर (राज.) भारत

कहानी में नायक को ऐसा महसूस होता है। सभी ने उसे छोड़ दिया है लेकिन धीरे-धीरे उसे महसूस होने लगता है उसी ने सारे समाज एवं सम्बन्धियों को छोड़ दिया है। उनकी कहानियों में सपाट चहरे वाला आदमी,'सुखान्त' प्रेमकथा का अंत न कोई, माई का लोकगीत, धर्मक्षेत्रे कुरूक्षेत्रे, 'तू फू' , 'जलमुर्गियों का शिकार' में जीवन की विविध विसंगतियों का चित्रण दाम्पत्य सम्बन्धों को लेकर किया गया है।

आधुनिक परिवेश में पत्नी नारी अपनी इच्छाओं को वशीभूत नहीं कर पा रही है। आज की नारी निर्मम, निर्विकार, और तटस्थ जान पड़ती है आज की नारी को स्वतंत्रता के अलावा बहुत कुछ चाहिए जैसे की कि प्रेम, रोमांस, सैक्स, स्वतंत्रता आदि।

श्रीकान्त वर्मा जैसे कहानीकारों ने आत्मग्लानि से जीवन जीने वाले पुरूषों का चित्रण करने वाली 'साथ का कपिल' कहानी में कपिल अपनी पत्नी रति के साथ घुटन भरी जिन्दगी जीने को विवश नजर आता है। हर क्षेत्र में वह अपने आप को पत्नी रति से छोटा महसूस करता है। आत्मग्लानि से ग्रसित होकर उसे ऐसा लगने लगता है कि पत्नी रति से शादी न कर उसने आत्मग्लानि से विवाह कर लिया हो। स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों में रवीन्द्र कालिया ने य कोजी कार्नर य श्रीकान्त वर्मा की एक ओर कहानी 'ट्यूमर' परिणय सम्बन्धों की उधेड़-वुन का उल्लेख करने वाली कहानी है।

कृष्णा सोबती जैसी महिला कहानीकारों ने दाम्पत्य सम्बन्धों का उल्लेख करने वाली कहानी 'बादलों के घेरे' लिखी जो कि आधुनिक दाम्पत्य सम्बन्धों की गाँठ खोलती है। इनके द्वारा सामाजिक सम्बन्धों का चित्रण करने वाला 'जिंदगीनामा' उपन्यास पर 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

पश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में आने के कारण भारतीय दाम्पत्य सम्बन्धों में आए नये-नये बदलाव एवं प्रभावों का उल्लेख करने वाली अनेक कहानियों की रचना स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों ने की है पाश्चात्य प्रभाव के कारण जीवन में अकेलेपन, अजनवीपन, जीवन जीने की रिक्तता, उदासीनता एवं परायेपन की अनुभूति दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे सन्दर्भों का उल्लेख करने वाले कहानीकारों में मोहन राकेश ने 'चौगान' ,ऊषा प्रियंवदा ने 'सागर पार का संगीत', रामकुमार वर्मा ने 'जीवन का विष' तो निर्मल वर्मा ने 'डेढ़ इंच ऊपर' लिखकर दाम्पत्य सम्बन्धों में आए अलगाव का चित्रण किया है।

पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण करने से, बढ़ती आधुनिकता ने दाम्पत्य सम्बन्धों के बीच में किसी तीसरे या तीसरी के आ जाने से सम्बन्धों को तोड़कर रख दिया है। जिसके कारण दिन पर दिन तलाक, आत्महत्या, हत्या, जैसे टकराव बढ़ रहे है ऐसे बिखरावों का उल्लेख हमारे स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों ने खूब किया है। पति-पत्नी के बीच तीसरे का नाम आते ही शंका के बीज अंकुरित होने लगते हैं। ऐसे सम्बन्धों का उल्लेख मन्नू भण्डारी जैसी श्रेष्ठ कहानीकार ने 'तीसरा आदमी' कहानी लिखकर किया है। कहानी के नायक सतीश को पत्नी शकुन पर दिन पर दिन शंका बढ़ती जाती है। उसे लगने लगता है शकुन ने तन और मन से सतीश का साथ छोड़ दिया है। ऐसी ही कहानी 'सब ठीक हो जाएगा' हिन्दी के श्रेष्ठ कहानीकार दूधनाथ सिंह ने लिखी जिसमें पत्नी की सैक्स के प्रति दिन पर दिन हवस बढ़ती जाती है। पति-पत्नी के इस रूप को महसूस कर लाचार हो जाता है। और सब-कुछ जानकर घुटन भरी जिन्दगी जीने को विवश है।

स्वतंत्रता के बाद समाज में बड़ी तीव्र गति से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। आधुनिक परम्परावादी जीवन जीने से आम-आदमी समाज, परिवार, संस्कृति, धार्मिकता, खानपान, वेशभूषा , आदि से कटता जा रहा है। समाज में संयुक्त पारिवारिक जीवन नष्ट होता जा रहा है। दिन पर दिन बढ़ता भृष्टाचार, घूसखोरी, काले धंधे से हर व्यक्ति आक्रामक होता हुआ नजर आ रहा है। बढ़ती वैज्ञानिकता, औद्योगीकरण समस्त कार्यों के मशीनीकृत हो जाने से आज का व्यक्ति अकेला फालतू एवं अजनबी सा हो गया है। महानगरीय जीवन-जीने से अकेलेपन का रूप और भी बढ़ गया है, इस बढ़ती आधुनिकता ने व्यक्ति को समाज और सम्बन्धों से विच्छेदित कर दिया है इन सभी बातों का प्रभाव स्त्री-पुरूष के सम्बन्धों पर पड़ना स्वाभाविक हो जाता है। जिसके कारण दिन पर दिन सम्बन्धों में बिखराव होता है।

मन्नू भण्डारी द्वारा दाम्पत्य सम्बन्धों में नारी का विविध मुखी चित्रण कहानी और उपन्यासों के माध्यम से किया गया है इनकी प्रसिद्ध दाम्पत्य सम्बन्धी रचनाओं में मेरी प्रिय कहानियाँ य में हार गई 'यही सच है' 'स्वामी' 'त्रिशंकु' को देखा जा सकता है। इन्होंने स्त्री-पुरूष सम्बंधों को लेकर जीवन के बनते-बिगड़ते खेलों का उल्लेख आधुनिक सन्दर्भो को ध्यान में रखकर अपनी कहानियाँ और उपन्यासों में किया है जिससे एक नये समाज का नव-निर्माण किया जा सके।

स्वातंत्र्योत्तर महिला कहानीकारों में चित्रा मुद्गल के नाम को भी भुलाया नहीं जा सकता, दाम्पत्य सम्बन्धों के बनते-बिगड़ते रिश्तों का उचित सन्दर्भ के अनुसार उन्होंने अपनी कहानियों में बखूबी से वर्णन किया है। चित्रा मुद्गल जी का जीवन स्वयं में संघर्ष की कहानी रहा व्यक्ति के जीवन में वैसे ही उतार-चढ़ाव का क्रम निरन्तर बना रहता है। जिसका प्रभाव दाम्पत्य जीवन पर पड़ना स्वाभाविक है। उनकी कहानियों में समाज के विविध धरातलों पर जी रहे लोगों की समस्याओं का चित्रण, बखूबी के सीथ किया है। समकालीन जीवन के यथार्थ का चित्रण, स्त्री की स्थिति, नियति, व्यवस्था आदि उनकी रचनाओं की विशेषताऐं हैं। इनकी कहानियों में 'जिनावर' 'बयान' चित्रा मुद्गल की 'दस प्रतिनिधि कहानियाँ' दाम्पत्य सम्बन्धों में विविध उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं।

चित्रा मुद्गल जी ने स्त्री-पुरूष दोनों को लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके को अपनाकर कहानियों की रचना की ग्रामीण परिवेश से लेकर शहरी परिवेश तक हुए परिवर्तनों का उल्लेख पति-पत्नी को लेकर किया गया है। सामान्य गृहणी से नौकरी पेशा स्त्रियों की भूमिका का उल्लेख उनकी कहानियों में मिल जाता है। फिल्मी विज्ञापन,पत्रकारिता,कानून जैसे क्षेत्रों में नारी की सक्रियता का उल्लेख चित्रा मुद्गल ने किया है। स्त्री-स्त्री की शत्रु या स्त्री देह-मात्र न होकर अन्याय एवं शोषण के विरूद्ध जागरण और मुक्ति की भी संदेशबाहक है। इनके द्वारा लिखित कहानी संग्रह 'पेंटिंग अकेली है' में स्त्री-पुरूष के संघर्ष के अनेकों रूप दिखाई देते हैं। चित्रा जी द्वारा लिखित कहानी 'पाली का आदमी' का पात्र रवि, स्त्री को कई कोणों से देखता है उनकी अन्य कहानियों में 'लकड़बग्घा' , 'पंछाहवाली', 'केंचुल', 'कमल', 'भूख' , 'लक्ष्मा' , 'नीले चौखाने वाला कंबल' , 'प्रेतयोनि टिकैतिन की कक्की' आदि प्रसिद्ध हैं।

स्वातंत्र्योत्तर दाम्पत्य सम्बन्धों पर कहानी लेखन करने वालों में उषा प्रियंवदा के नाम को भुलाया नहीं जा सकता महिला सशक्तिकरण के इस दौर में अन्याय और अत्याचार के विरूद्ध अपनी आवाज उठाने की शक्ति का संचार हुआ है। ऊषा जी की कहानियों में स्त्री के सभी रूपों का वर्णन देखने को मिलता है। उन्होंने भारतीय पृष्ठभूमि को आधार बनाने के साथ-साथ विदेशी पृष्ठभूमि में भारतीय लोगों के अकेलेपन, घुटन अपने देश से दूर रहने की वेदना का जीता-जागता चित्रण उन्होंने अपने कहानियों में किया

है। उन्होंने भारतीय परम्परा के संयुक्त एवं एकल परिवारों की समस्याओं पर भी दृष्टिपात किया है।

ऊषा प्रियंवदा की 'वापसी' कहानी में गजाधर बाबू के विसंगति पूर्ण जीवन का वर्णन जिस खुले रूप से किया गया है वास्तविक रूप से वह प्रेरणादायी है। अपने ही घर में उन्हें अहसास होता है कि आज उनकी ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं साथ ही पत्नी भी किनारा करने लगी है और बच्चे भी पिता की दखलनदांजी से तंग आ चुके है उनका बड़ा बेटा अमर तो यहां तक कह देता है कि 'बूढ़े आदमी हैं, चुपचाप पड़े रहें हर चीज में दखल क्यों देते है।'

ऐसा परिवर्तन आधुनिकता के परिवेश एवं शिक्षा ने किया है। जिसमें अपने सम्बन्धियों के रिश्ते को भी तार-तार कर दिया जाता है।

ऊषा प्रियंवदा की 'दृष्टि दोष' कहानी में पत्नी का रौबीला स्वभाव सास के साथ अनैतिकता का रूप देखने को मिलता है। उच्चवर्गीय परिवारों की लड़कियां मध्यवर्गीय परिवार में आकर कलह के बीज बो देती हैं कहानी की पात्र 'चंद्रा' ऐसा ही करती नजर आती है। वह पति से बात-बात पर सम्बन्ध तोड़ना चाहती है लेकिन पति ऐसा नहीं करता तो वह हमेंशा के लिए पति का घर छोड़कर अपने माता-पिता के घर चली जाती है जिससे एक परिवार बिखण्डित हो जाता है, यह सब आधुनिकता का ही प्रभाव है आज की नारी अपने आपको अत्यधिक स्वाभिमानी समझने लगी है।

ऊषा प्रियंवदा की जिंदगी और गुलाब के फूल कहानी में आर्थिक स्वार्थ से अंधे सम्बन्धों पर प्रहार किया है। अर्थ से व्यक्ति इतना अंधा हो जाता है कि उसको कोई सम्बन्ध, रिश्ता, भावना आदि का खयाल नहीं रहता सुबोध कहानी का पात्र य बेरोजगार होने के कारण घर में ही आत्मग्लानि का शिकार होता है वह अपनी बहन वृंदा की सत्ता एवं अधिपत्य को स्वीकार नहीं कर पाता वृंदा की सत्ता का कारण वृंदा का नौकरी करना है।

ऊषा प्रियंवदा ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में व्याप्त लोगों की मानसिकता आधुनिक परिवेश में किस प्रकार से बदली है साथ ही सम्बन्धों, पति-पत्नी के रिश्तों में किस प्रकार गिरावट होती जा रही है यह सब चित्रण हमें ऊषा प्रियंवदा की कहानियों में देखने को मिलता है।

विविध कहानीकारों ने अपने-अपने अनुसार दाम्पत्य सम्बन्धों की विसंगतियों का उल्लेख करके समाज को सुदृढ़ बनाने का पूरा प्रयास किया है। एक अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करने के लिए पति-पत्नी के रिश्तों का पारदर्शक एवं स्वच्छन्द होना आज की आवश्यकता जान पड़ती है।

निष्कर्ष - स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी के माध्यम से दाम्पत्य सम्बन्धों की जो व्याख्या की गई है, वास्तविक रूप से हमारे समाज के पर्दे को खोलने का कार्य करती है, कि आधुनिक परिवेश में पति-पत्नी के सम्बन्धों में उनके मूल्य स्थापना की दृष्टि से दिन पर दिन गिरावट आती जा रही है। एक ओर तो शिक्षा,तकनीकी,विज्ञान ने महिलाओं को स्वाभिमानी एवं स्वरोजगार के प्रति उन्मुख किया है तो दूसरी ओर स्वतंत्रता पूर्वक जीवन-जीने के लिए खुली छूट के दरवाजे खोल दिए हैं, जिसके कारण आधुनिक नारियाँ यपति-परमेश्वर बाले रूप को भूलकर दाम्पत्य सम्बन्धों में नियोजित क्रिया-कलापों में विश्वास करना छोड़ रही हैं। आज की नारी विज्ञापन,फिल्म, जैसे क्षेत्रों में खुला प्रदर्शन करके भारतीय संस्कृति के मूल्यों को छोड़ती जा रही हैं, और पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण तीव्र गति से करती जा रही हैं। वर्तमान में हो रहे ऐसे परिवर्तनों पर स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों में ज्ञान रंजन, दूधनाथसिंह, राजेन्द्र यादव, श्रीकान्त वर्मा, मन्नू भण्डारी,चित्रा मुद्गल, कृष्णा सोबती, मृणाल पांण्डे, ऊषा प्रियंवदा, अत्यधिक प्रसिद्धी पर पहुँचने वाले कहानीकार रहे। सभ्य दाम्पत्य सम्बन्धों को कायम रखने के लिए भारतीय संस्कृति के पुरातन मूल्यों को पहचानने की आज आवश्यकता जान पड़ती है। इन मूल्यों की पहचान पति-पत्नी तभी कर सकते हैं, जव वे स्वातंत्र्योत्तर कहानीकारों की कहानियों का अध्ययन करें उनके अनुसार आधुनिकता की आँधी में हो रहे परिवर्तनों पर अमल किया जाए तो पति-पत्नी के बीच, तलाक, बड़ती वैमनस्यता, अर्थ की प्रधानता से अहम् भाव का संचार, शारीरिक सम्बन्धों की खुली छूट पर नियंत्रण,फैशन-परस्त जिन्दगी पर नियन्त्रण करके पति-पत्नी के रिश्तों को नियन्त्रित करके नये समाज का निर्माण संभव है। नव-निर्माण की इस कड़ी में हर दम्पत्ती की आज सहभागिता अत्यन्त आवश्यक हो जाती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. राजेन्द्र यादव-एक दुनिया समानान्तर पृ0-221
2. मन्नू भण्डारी-यही सच है और अन्य कहानियां तीसरा आदमी पृ0-34
3. दूधनाथ सिंह-सपाट चेहरे वाला आदमी, रक्तपात पृ0-121
4. दूधनाथ सिंह- सपाट चेहरे वाला आदमी, सब ठीक हो जायेगा पृ0-45
5. ज्ञान रंजन- फेंस के इधर और उधर
6. चित्रा मुद्गल-चर्चित कहानियां सामयिक प्रकाशन वर्ष-1992
7. चित्रा मुद्गल-जिनाबर,किताबघर प्रकाशन वर्ष-1996
8. चित्रा मुद्गल-बयान, भरतीय ज्ञानपीठ वर्ष-2004
9. चित्रा मुद्गल-दस प्रतिनिधि कहानियां,किताबघर प्रकाशन वर्ष-2005
10. www.chitramudgal.info
11. मन्नू भण्डारी-मैं हार गई-राधा कृष्ण प्रकाशन दिल्ली संस्करण-2001
12. 'यही सच है', राधा कृष्ण प्रकाशन दिल्ली संस्करण-1995
13. स्त्री अस्मिता- सं. जगदीश चतुर्वेदी- आनन्द प्रकाशन कोलकता पृ0 स0 2004
14. सम्पूर्ण कहानियां-ऊषा प्रियंवदा
15. स्वातंत्र्योत्तर कथा लेखिकाएँ
16. ऊषा प्रयंवदा-विक पीड़िया
17. कथाकार ऊषा प्रयंवदा, डॉ. संभाष पवार

****

महिला श्रमिकों की स्थिति

प्रीती रवि* डॉ. ए. के. पाण्डे **

प्रस्तावना - महिला श्रमिक समाज सेवी कार्य, लघु उधोग, कारखाना उधोग, बागान, खनन, कृषि और सफेद पोश नौकरियों में मिलती हैं। 1981 की जनगणना के अनुसार, भारत में महिला-श्रमिकों की कुल संख्या 460 लाख थी जो 1991 में बढ़कर 914 लाख हो गयी। लगभग 786 प्रतिशत स्त्री-श्रमिक प्राथमिक क्षेत्र में और शेष 21.4 प्रतिशत द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों में संलग्न हैं कारखानार उधोग के अंतर्गत जितनी स्त्रियों को रोजगार प्राप्त हैं, उनमें से लगभग आधी कपास तथा पटसन मिलों में कार्यरत हैं। अन्य कारखाना उधोग जिनमें स्त्री श्रमिक कार्यरत हैं, इस प्रकार हैं-खाद्यान्न, अलौह धातु, कागज, रासयनिक पदार्थ, लकड़ी, सूती, ऊनी और रेषमी बस्त्र, चावल और दाल मिलें। बागानों में भी महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त है। बागानों की कुल श्रमषक्ति में स्त्री श्रमिकों का अनुपात 41.5 प्रतिशत है तो दूसरी तरफ खनिज उधोग और कारखाना उधोग की श्रमशक्ति में उनका अनुपात 19.3 प्रतिशत और 10.2 प्रतिशत हैं। दक्षिणी भारत के चाय बागानों में 46 प्रतिशत, कहवा बागानों में 40 प्रतिशत और रबड़ बागानों में 24 प्रतिशत स्त्री श्रमिक हैं। बाल-श्रमिकों की तरह स्त्री-श्रमिक भी बीड़ी उधोग में बड़ी संख्या केन्द्रित हैं। यह उधोग मुख्यत: मध्यप्रदेश, बिहार और पश्चिमी बंगाल में केन्द्रित हैं। देश के जिन क्षेत्रों में धान और दालों की उपज अधिक होती हैं। उन क्षेत्रों में बहुत बड़ी संख्या में स्त्री-श्रमिक दाल और धान कूटने, सूखाने और धोने का कार्य करती हैं। स्त्री-श्रमिक घरेलू सेवा के कार्य तथा म्युनिसिपल सेवा के कार्य भी करती हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले महिलाएं विभिन्न प्रकार के कार्यो में योगदान देती हैं। सही रूप में समझने हेतु इनके कार्यो को चार भागों में बाँटा गया हैं।

1. जीव जन्तुओं से संबंधित कार्य।
2. मीन से संबंधित कार्य।
3. उत्पादन से संबंधित कार्य।
4. अन्य कार्य।

1. जीव-जन्तुओं से संबंधित कार्य - ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को प्रमुख व्यवसाय माना गया हैं। पशुपालन से अनेक क्षेत्रों में सहायता मिलती हैं, जैसे खेती करने में ईधन के रूप में इत्यादि। पशुओं की देखभाल का कार्य ज्यादातर स्त्रियाँ ही करती हैं। स्त्रियों द्वारा सम्पन्न जीव-जन्तु संबंधी कार्य निम्नलिखित हैं।

(क) पशु-पालन - पशुपालन द्वारा दुग्ध के साथ-साथ चमड़ा व गोबर की भी प्राप्ति होती हैं। दूध की प्राप्ति हेतु गाय, भैंस, बकरी, भेंड़ इत्यादि पशुओं को घरेलू पशुओं को के रूप में पाला जाता हैं। इन घरेलू पशुओं को चारा देना, सानी तथा पानी देना, दूध दुहना, उनके बच्चों की देखभाल करने का काम ज्यादातर स्त्रियाँ ही करती हैं। इन पशुओं को बाँधने के स्थान की सफाई करना एवं गोबर से (कण्डे) बनाये जाते है तथा कण्डे का उपयोग स्त्रियाँ खाना बनाने के काम में उपयोग करती हैं।, तथा (अंगोरा नाम की) बकरियाँ दूध के साथ-साथ ऊन की प्रांप्ति हेतु पहाड़ी प्रदेशों में पाली जाती हैं। इन्हें चराने एवं इनकी देखभाल का कार्य स्त्रिया एवं किशोरी लड़कियाँ भी करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह भी एक प्रमुख व्यवसाय हैं। तथा आज यह व्यवसाय तेजी से बढ़ रहा हैं सतना जिले में भी महिलायें इन कामों को करती हैं। तथा अपना जीवन-यापन करती हैं।

(ख) मुर्गी-पालन में महिलाओं के कार्य - ग्रामों में मुर्गियों दो उद्देश्यों से पाली जाती हैं-एक तो माँस की प्राप्ति हेतु तथा दूसरे, अंडो की प्राप्ति के लिए। मुर्गियों के निमित रहने के स्थान का निर्माण एवं चारे का प्रबन्ध तो पुरूष करते हैं। किन्तु दाना-पानी देने का कार्य स्त्रियाँ ही मुर्गी के अण्डों को एकत्र करके गिनती, सहेजती एवं बेचने का कार्य भी करती हैं।

(ग) मत्स्य पालन में महिलाओं के कार्य - ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का यह प्रमुख साधन हैं। जिन क्षेत्रों में नदी या तालाब पास होता हैं। वहीं यह कार्य किया जाता हैं। स्त्रियाँ कभी-कभी मछली पकड़ने में पुरूषों की मदद करती हैं किन्तु मछलियों को नमक लगाकर सुखाने का कार्य ज्यादातर स्त्रियों के जिम्मे ही होता हैं। जहाँ मछली उधोग के तहत उनक डिब्बाबन्दी के लिए तैयार करती हैं। हमारे देश की डिब्बाबन्दी मछलियाँ विदेशों में भी निर्यात की जाती हैं। इस प्रकार मछली उधोग को चलाने में स्त्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। विष्व में सर्बाधिक मछलियों का उत्पादन भोजन के रूप में प्रयोग जापान में किया जाता हैं।

(घ) मधुमक्खी पालन में महिलाओं के कार्य - ग्रामों में शहद की प्राप्ति हेतु मधुमक्खी पालन किया जाता हैं। महिलाये भी इस कार्य में अपना सहयोग देती हैं। खादी ग्रामोधोग भी यह कार्य करता हैं। कई स्थानों पर सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन के लिए पचास प्रतिशत राषि अनुदान के रूप में एवं पचास प्रतिशत राशि ऋण के रूप में प्रदान की जाती हैं। इस उधोग से शहर के व्यापार को बढ़ावा मिलता है एवं मधुमक्खियों द्वारा परागण की क्रिया से उपज में सत्तर प्रतिशत तक वृद्धि होती हैं। कई प्रदेशों में परागण में वृद्धि करने हेतु मधुमक्खियाँ खरीदनी पड़ती हैं किन्तु मधुमक्खी पालन से दोहरा फायदा होता हैं, मधु भी प्राप्त होता है तथा स्वत: परागण हो जाता हैं। यह कार्य आसान होता हैं, इसमें अधिक श्रम की आवश्यकता नहीं पड़ती।

(ड़) रेशमी कीड़ो को पालन-पोषण - रेशम के कीड़ों को शहतूत के वृक्ष पर पाला जाता हैं। इस कीड़े की तितलियाँ शहतूत के पेड़ों पर अण्डे देती हैं। इन अण्डों से इल्लियाँ निकलकर भरपेट पत्तियाँ खाती हैं एवं अपनी लार को

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

शरीर पर लपेटती हैं। यही लार सूखकर रेशम का तार बन जाता हैं एवं रेशमी तारों में लिपटी इल्ली ककून कहलाती हैं। इल्ली से तितली बनने से पहले ककून एकत्रित कर लिए जाते हैं। इन्हें उबालकर, साफ कर रेशम प्राप्त किया जाता हैं। इस प्रकार ग्रामीण स्त्रियाँ विभिन्न जीव-जन्तुओं के पालन का कार्य करके दूध, माँस, मछली, अण्डे जैसे प्रोटीन बहुल आहार की प्राप्ति में सहायक होकर पोषण स्तर उत्पन्न करती हैं।

2. **जमीन से संबंधित कार्यो में महिला श्रमिक -** कृषि कार्यो के अलावा और भी काम जमीन से किये जाते हैं। जमीन के बहुत से कामों में खेती का खास स्थान हैं। कृषि-कार्यो में स्त्रियाँ कई महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। जैसे- बीज बोना, धान रोपना, तैयार फसल काटना, खेत से खलिहान में लाकर अनाज को बालियों में से निकालना, फटकना, चुनना, बीनना एवं अनाज का उचित रीति से भण्डारण करना तथा बहोत सी ग्रामीण महिलाये जंगल से जलाने हेतू सूखे पत्ते, पेड़ों की टहनियों को काटकर व सुखाकरी इसे ईधन के रूप में उपयोग करती हैं। तथा वे जंगल में वृक्षारोपण का कार्य भी करती हैं। आज देश के कई स्थानों मे तो स्त्रियों ने फूलों की खेती का कार्य भी आरम्भ किया हैं। नगरों तथा महानगरों में पूजा, विवाह अथवा विशिष्ट समारोहों में फूलों के गुलदस्ते एवं फूलमालाओं की माँग अधिक होती हैं। अतएव इनकी बिक्री में अधिक कठिनाई नहीं होती। कम धन व्यय करके, कम समय में फूलों के बाग से पर्याप्त धन अर्जित किया जा सकता हैं। कम धन व्यय करके, कम समय में फूलों के बाग से पर्याप्त धन अर्जित किया जा सकता हैं। कई ग्रामीण महिलाएँ घर में अथवा घर के भीतर रखे जाने वाले पौधों के गमले तैयार करके बेचती हैं। पौधों की नर्सरी लगाकर बिक्री हेतु छोटे पौधे तैयार करती हैं। इससे भी उन्हें पैसे मिलते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

अनुसूचित जनजाति बैगा पिछड़ापन का कारण एवं विकास के नाम से मुकुट लगाना

डॉ. एस.पी. पाण्डेय* बैजनाथ**

प्रस्तावना – जीवन मानव समाज का एक चौराहा है जिससे शिक्षा दिशा को लेकर आपस में बांटवारा बाट लिया गया। सामाजिक धार्मिक राज विरासत के आधार पर धार्मिक ग्रान्थों में उल्लेख लिखा गया साबूत बताता है। मानव द्वारा लिखी गयी रचनाएँ अनेक पर व्याख्या एवं क्रमागत अनुसार वर्ण भेद, लिंगभेद, जाति भेद, ग्रन्थभेद के अनुसार एक सूचना एवं सूची क्रम बद्ध अध्ययन को अनुमानित कर काल्पनिक चिन्तन मंथन करना। अनुसुचित जाति,अनुसूचित जनजाति के प्रावधान बनाया गया। मानव-मानव में भेदभाव करने वाले लोगों ने क्रमा, क्रम से व्याख्या की गयी धार्मिक ग्रान्थों मानक सूचि तैयार आज तक का इतिहास बन गया।

गौतम बुद्ध का जन्म ई.पू. 500 से 600 ई. माना जाता है। महात्माबुद्ध ने वर्ण तथा यश व्यवस्था का कडा विरोध करके मनुष्य मान को केन्द्र में रखकर अपना दर्शन प्रस्तुत किया था। इससे स्पष्ट है कि वर्ण तथा जाति की क्रूरता से यहाँ का चन्द दलित मनुष्य करीब तीन हजार वर्षो से रौदा जा रहा था।

बुद्ध व्यवस्था में जिनके हित सुरक्षित थे वे बौद्ध धर्म स्वीकार कैसे करते है बौद्ध धर्म इनता तर्क शुद्ध और मानवीय था कि उनसक विरोध भी सम्भव नहीं था। इसी कारण बौद्ध धर्म के श्रेष्ठ मूल्यों को स्वीकार कर उसे अपने अनुकूल ढालने का प्रयत्न यहां से हुआ।

जब यह सम्भवन नहीं अनुहा तब हिन्दू धर्म को ही बौद्ध धर्म के अनुकूल ढ़ालने का प्रयत्न हुआ। शंकराचार्य जी को प्रच्छन्न बौद्ध करने का एक कारण यह भी है।

इस देश में वर्ण और जाति व्यवस्था कब से प्रचलित रही है। इसे लेकर विद्धवानों में अनेक मतभेद रहे है। आर्य जब भारत में आए तब जाति प्रथा नहीं थी, परन्तु व्यवस्था के आधार पर समूह का वर्गीकरण करने की पद्धति यहां थी। 'भारतीय साहित्य' में वर्ण शब्द का उल्लेख पहले और जाति शब्द का उल्लेख बहुत बाद में मिलता है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर अध्ययन किया गया है। यहाँ तक पत्र-पत्रिकाओं और विद्धानों का मार्गदर्शन मिला है। जनजातीय समाज में उनकी समस्याओं और परम्पराओं को जानने के लिए साक्षात्कार पद्धति के माध्यम से इस शोध पत्र का निर्माण किया गया है।

समस्या :

1. उसी व्यक्ति के जन्म के पूर्व भी समाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और धार्मिक परिस्थितियों रही हो इनका अवलोकन और उसी व्यक्ति के कार्यो का मूल्यांकन।?
2. उस महानतम व्यक्ति के जीविताव्यावस्था में स्थिति समाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और धार्मिक परिस्थितियाँ क्रान्तकारी कार्य के विरो में सक्रिय शक्तियाँ तथा उनसे टकराने की उस व्यक्ति की क्षमता।
3. उस व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके कार्यो का बाद के समाज पर होने वाला प्रभाव उत्पन्न स्थितियों परिवर्तन की प्रक्रिया को गति देने की उस व्यक्ति के विचार क्षमता।

उद्देश्य :

राज्य द्वारा संचालित शैक्षणिक विकास की योजनाएँ :

1. राज्य छात्रवृत्ति – अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान शिक्षा के प्रति जागरूकता जगाने छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु कक्ष 1 से 5 तक छात्राओं को 15 रूपये प्रति माह की दर से 150 रू. छात्रवृत्ति दी जाती है, कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को 20 रूपये प्रतिमाह एवं छात्राओं को 30 रूपये प्रतिमाह एवं कक्षा 9 एवं 10 को क्रमश: 60 एवं 80 रूपये प्रतिमाह दी जाती है।

2. मैट्रिकोत्तर (पोस्टमैट्रिक) छात्रवृत्ति
3. अनुसूचित जनजाति राज्य प्रवीण्य छात्रवृत्ति
4. अस्वच्छ धंधों में लगे लोगों के बच्चों के कलए छात्रवृत्ति
5. कन्या साक्षरता प्रोत्साहन
6. सिविल सेवा परीक्षाओं में सफलता पर प्रोत्साहन राशि
7. विधि स्नातकों को आर्थिक सहायता।
8. विद्यार्थी कल्याण योजना।
9. विदेश में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति योजना।
10. छात्रावासों, आश्रमों हेतु उत्कृटता पुरूस्कार योजना
11. छाल-छात्राओं के व्यक्तित्व व नेतृत्व विकास योजना।
12. पी.ई.टी./पी.एम.टी. एवं पी.ए.टी. प्रशिक्षण योजना।
13. आश्रम शाला।
14. छात्रावास

जनकल्याणकारी योजना :

1. सौभाग्यवती योजना।
2. अनुसूचित जाति/जनजाति बास्ती विकास योजना।
3. मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाओं का अनुदान।
4. अनुसूचित जनजाति परिवारों हेतु आर्थिक विकास कार्यक्रम
5. अनुसूचित जाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वनअधिकारों

* प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय ठाकुर रणमत सिंह (स्वशासी) महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) शासकीय ठाकुर रणमत सिंह (स्वशासी) महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

की मान्यता अधिनियम 2006 एवं 2007)

मूल बैदिक काल में आरयै ब्राम्हण, क्षत्रिय और वैश्यों में वर्गीकरण हुआ था। ऋग्वेद काल में शुद्र विस्तुत भी नहीं थे। वास्तव में ऋग्वेद में तीन ही वर्ण थे- ब्राम्हण, क्षत्रिय और वैश्य उपनिषद काल से धीरे-धीरे चौथे वर्ण की तथा बाद के कालखण्डों में अछूत वर्ग की निर्मित की गयी।

उपनिषदों को काल साधारण तथा ई. पूर्व 1200 से 600 माना जाता है। वर्ण एवं जाति व्यवस्था के नाम पर मनुष्य का तिरस्कार सान तथा अन्य स्पर्धात्मक क्षेत्रों के अधिकारों से इस मनुष्य को वंचित करने की परम्परा यही बड़ी प्रचीन रही है।

गुण पर आधारित वर्ण व्यवस्था का रूपान्तरण जन्माधिष्ठत कब कैसे और किस सन् में अुआ इसके बारे में निश्चत प्रमाण देना आज किसे को सम्भव नहीं है। परन्तु यह सारी प्रक्रिया बहुत धीरे-धीरे हुयी। यह निश्चित है ज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों से एक बहुत तबकेक को बहिष्कृत करने से अपने फायदे का एहसास जब कभी ऊपर के तबके को हुआ होगा तो उसी समय से जन्माधिष्ठित वणर्ण व्यवस्था की नीव डाली जाने लगी। भारत के अधिकांश समाज सुधारक मनुस्मृति से इस नवीन सामाजिक व्यवस्था काा आरम्भ मानते है। परन्तु वास्तव में मनु के बहुत पूर्व ही शूद्रों और अछूतों के अधिकार छीन लिए गए थे। मनु ने तो समाज में जो प्रचलित था। उसे क्रमबद्ध रूप से लिखकर शास्त्र बना दिया। मनुस्मृति का काल ई.पू. 200 वर्ष होगा। ऐसा विद्धानों का आन्दाज है। (अनुमान है) आरम्भ में मनुस्मृति में अनेक स्तर रहे होगें। इस समय ग्रन्थ की रचना एवं विशिष्ट समाज में न होकर ई.पू. 200 से ई. 200 तक हुई होगी।

समाधान – किसी महामानव आसाधारण व्यक्ति के क्रान्तिकारी कार्यो का अवलोकन करने क लिए प्राय: तीन पद्धतियों का उपयोग किया जाता है।

अगर मानव समाजिकि ज्ञान से बंचित हो जाए तो विद्या और ज्ञान में अन्तर नहीं समझ पाता क्योंकि चेहरा किसी और का उपरी मुकुट किसी और को पहनादिया जाता है। उसी समय का ज्ञान से बंचित लो आज भी पिछड़े एवं बिछड़े लोग एक सामाजिक पराम्परा बना दिया है। धीर-धीरे उनकी मानसिक परिवर्तन पीड़ी दर पीड़ी एक लेयर एक जाति का निर्माण तथा ग्रान्थों में समाहित कर दिया गया । सामाजिक ज्ञान परिचय न करवाया जाए तो जाति भेद भाव का औचित नहीं होगा क्योंकि मानव एक प्रकार का ही जन्मा होगा होता है। किसी प्रकार की कमी मानव में नहीं होती। जाति, धर्म, लिंग, भेद, भाव का मुकुट पहनाने वाले लोगों द्वारा उपदेश धार्मिक ग्रान्थ का नाम लगाकर समाज में सेहरा बांध दिया गया। किसी महामानव आसाधरण व्यक्ति के क्रान्तिकारी कार्यो का अवलोकन करने के लिए प्राय: तीन पद्धतियों का, उपयोग किया जाता है-

इस भारत में सभी धर्मो को अलग-अलग जाति धर्म के नाम पर अपने निजि स्वार्थ पराए दूसरों की कमाई खाने वाले पूजापाठ धर्मो को ज्ञान मंदिन मानकर अपना जीवनल यापन चलाते जों उनकी बातों को स्वीकार नहीं किया राक्षस, असुर, पशु, जानवर से भी बत्तर जीवन मानव सामाज को ग्रान्थों में उल्लेखित कर बंचित करार दिया गया। समस्त धार्मिक ग्रान्थों से बंचित कर दूर रखा गया। जबकि इस देश का निवासी प्राचीनकाल से निवास करने वाला वनवासी करार दिया गया पीछे के श्रेणी में रखा गया – बैगा, भाररिया, सहारिया, मारिया, कारिया आदि का सम्बोधन कर नाम से सूचियों में भारत स्वतंत्रता के पश्चात किसी सामाजिक वर्णो को वर्गो में बनाए गए परम्परा को जो नाम दिया गया वह उसी से पीढ़ी दर पीढ़ी मानना शुरूआत कर दिया जब कि भारतीय संविधान में मानव-मानव में किसी जाति का विशेष उल्लेख नहीं किया गया कि कौन वैश्य, ब्राम्हण, क्षत्रीय, शूद्र चार वर्ण का विभाजन नहीं है।

फिर भी अपने हिसाब से भारत में जातियों की संख्या अलग-अलग मान ली गई प्रमाण पत्र बना दिया जाता है। खाना से बंचित लोग पानी से बंचित लोग सामाजिक चिंतन से बंचित लोग उनके इतिहस से भी वंचित कर दिया गया। बैगा समाज का इतिहास भी कुछ अपने अनुसार ज्ञानी व्यक्तियों ने केकड़ा कौआ, नाग, कीड़ा, मकोड़ो की उत्पत्ति का इतिहास लिखा क्योंकि किसी भी प्रकार का प्रमाणित साबूत लिख ही नहीं पाते क्योंकि किसी भी इतिहास को लगड़ा कर दिया गया।

मध्यप्रदेश में समस्त जातियों की सूची बना दिया गया पिछले के अनुसार सूची बद्ध कर बिल का एक मुकुट पहनाया गया अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से 1947 भारत स्वतंत्रता मिलने के बाद सभी समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का शासन द्वारा किया गया जिससे आज समाज के लोगों आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक धार्मिक प्रोत्साहित कर विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्रोजेक्ट बनाकर प्रत्यक्ष ग्रामीण व शहरी योजनाओ को लाभ मिल सकें मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय कल्याण विभाग इस लिए बनाया कि सामाजिक व्यावस्था को बनाए रखें तथा उनकी सही समय में निरिक्षण मूल्यांकन समय-समय में शासन द्वारा योजनाओं का उन सामाजिक परिवर्तन के लिए शासन विशेष प्रोजेक्ट जो शासन द्वारा अलग से विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक एवं कानूनी प्राक्रिया से सही समय पर उपयोग हो रहा है या नहीं क्योंकि प्रत्येक जिलेबार यह विभाग आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय स्थापित किया गया प्रत्येक जिले की जुम्मेवारी वहाँ के कलेक्टर को सौपा जाता हे।

संविधान (अनुसूचित जनजाति) अध्यादेश अनुसूची भाग 8 मध्यप्रदेश अनुसूचित जातियों को मध्यप्रदेश शासन ने विकास की योजनाओं में अलग-अलग जातियाँ एवं उपजातियाँ में भारतीय संविधान के अनुसार मूल्यांकन कर अलग से विशेष अयोजनाओं का लाभ पहुचाने की जुम्मेवारी बनती है।

निष्कर्ष – भारत विविधितावादी देश है जो जनसंख्या की दृष्टि से दूसरे स्थान में है। जिससे विभिन्न वर्ग, धर्म, जाति, रंग, नस्ल, में मानव निवास करते है।

प्राचीन भारत का इतिहास गौरवपूर्ण होन के साथ-साथ यहाँ आमान्यवीयता व क्रूर निर्दयता शोषण इत्यादि भी हजारों वर्षो तक रेखांकित करता जुल्म ज्यादितियों का ताना-बाना बुना दिया गया। इस समुदाय खास तौर पर अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को सदियों से मूल्यभूत सुविधाओं से बंचित रखा गया। शिक्षा से आर्थिक सम्पन्नता से बंचित रखा जगया यह वर्ग भारतीय सामाजिक व्यवस्था में अन्तिम पायदान पर स्थिर है दबे-कुचले पद्दरियत अनुसूचित जातियों व अनुसूतिचत जनजातियों के लोगों को कभी अवसर की समता भी प्राप्त नहीं हो सकी वर्तमान 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार देश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 20 करोड़ 14 लाख है जो कि देश की कुल जनसंख्या का 25.25 प्रतिशत है। किन्ही सामाजिक ऐतिहासिक कारणों से भारत में इन जातियों के लोगों को शास्त्रीय कानूनों के माध्यम से सदा सर्वदा के लिए देश के सामाजिक पिरामिड के सर्वाधिक नीचले पायदान पर धकेल दिया गया। जिसकी वजह से इन जातियों के लोग सर्वाधिक शोषित पीड़ित और अत्याचार से दमित रहें है।

अतीत में इन्हें छुआ–छूत (अस्पृश्यता) की बेड़ियों में इस प्रकार स्थायी रूप से जकड़ दिया गया था कि ये अपनी दासतापूर्ण अमानवीय जीवन से मुक्ति की कल्पना भ नहीं कर सकते थे। अपनी अस्पृश्यता की बोड़ी को तोड़ नहीं पाये इस लिहाज से उन शास्त्रों के माध्यम से नाना प्रकार की पाबंदिया लगा दी गई।

नोट :– अज्ञान/भ्रान्ति को जब तक नहीं मिटाएगा तो परम् मुक्ति का द्वार कैसे खोलपाएगा। (अर्थात् परम् मुक्ति कैसे प्राप्त कर पाएगा)

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कास्ट इन इंडिया, बाबा साहेब अम्बेडकर राईटिंग एण्ड स्पीचेस, महाराष्ट्र सरकार 1979 पृष्ठ 27
2. कौशलल्यायन भारत आनंद (2000) यदि बाध्य न होते नागपुर पृ. 66–67।
3. शोधार्थी सुभाष चन्द्र वर्मा एम. फिल. 2015 ब्राउस डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर नगर महू
4. अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग पत्रिका कल्याकारी योजना मध्यप्रदेश
5. आदिम जाति कल्याण विभाग सतना कार्यलय जातियों की सूची
6. दास्ता से मुक्ति की ओर , प्रकाशक दलित दासता विरोधी आंदोलन जिला जालंधर पंजाब 1989/अधिनियम 1995
7. श्री डी.सी. अहिर, बुद्धिज्म एण्ड अम्बेडकर अजय प्रकाशन 1968
8. द अम्बेडकर एण्ढ इण्डियन कास्टि्यूशन बुद्ध बिहार रिसालदार 1972
9. गौतम बुद्ध धर्मचक्र गतिमान– लेखक चंद्रकांता मुगलें 1991
10. आदिवासीयों के अधिकार 2011 प्रकाशन नागपुर महाराष्ट्र

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

महिलाओं द्वारा पुरूषों की भाँति अपराध करने के कारणों का सैद्धान्तिक अध्ययन

गुंजन पारिख *

शोध सारांश – सशक्त होना स्वयं मे तो अच्छा है परन्तु जब इसका भयावह रूप अपराध के परिप्रेक्ष्य से देखते है तो यह हमारे लिए अत्यन्त कष्टकारी होता है। महिलाओं मे आज हम एक अलग तरह का व्यवहार देखते है। यह ऐसा व्यवहार है जो उनके अपने पूर्ववर्ती व्यवहार से बिल्कुल भिन्न है। जिसे आज हम व्यवहार विचलन के नाम से भी समझ सकते है। वर्तमान मे कई सिद्धान्तों के माध्यम से यह अध्ययन किया गया और बताया गया कि महिलाओं के इस व्यवहार विचलन का कारण उनके द्वारा अपने व्यवहार में पुरूषत्व के गुण को विकसित करना है। इस प्रकार अपने इस विचलन के द्वारा वे आज कई ऐसे कार्य भी कर रही है जो कि पहले महिलाएं करने से पूर्व सोचती थी या फिर उन कार्यो को नही के बराबर करती थी।

मेरा यह आर्टिकल महिलाओं द्वारा किये जा रहे अपने व्यवहार विचलन केकारणों एवं महिला अपराधिकता सम्बन्धित सिद्धान्तों पर प्रकाश ड़ालने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

शब्द कुंजी – गुलाबी पोश अपराध, व्यवहार विचलन, कार्य स्थल

प्रस्तावना – काफी समय से हम सफेदपोश अपराधों को सिर्फ पुरूषों के द्वारा किया जाने वाला कार्य ही मानते रहे है। क्योंकि हम सभी यह जानते है कि पुरूषों की शारीरिक क्षमता महिलाओं से ज्यादा होती है तथा उनका मानसिक विकास ही इस तरह से किया जाता है कि वे इस दुनिया का हर कार्य कर सकते है। किन्तु महिलाऐं नहीं यह सही भी है। क्योंकि महिलाऐं अपनी शारीरिक अक्षमताओं की वजह से घर से बाहर ज्यादा नहीं निकलती है इसलिए आज भी महिलाओं अपराध कार्य करने का प्रमुख उत्प्रेरक नहीं माना जाता है परन्तु आज महिलाऐं भी घर से बाहर कदम रख रही है व्यापार, वृद्धि, नौकरी कर रही है तथा कमाई करके घर की आर्थिक स्थिति को ठीक करने में सहयोग दे रही है। परन्तु यहीं से इनके व्यवहार में विचलन प्रारंभ हो जाता है जब आप सशक्त होते हैं तो अच्छे एवं बुरे दोनों तरीकों से सशक्त होते हैं। वर्तमान में कार्यस्थल पर एक महिला स्वयं को अधिक सशक्त महसुस करती है उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहता है परन्तु वही एक गृहिणी जो घर में रहकर घरेलू कार्य करती है स्वयं को हर मामले में कार्यरत या कामकाजी महिलाओं से कम समझती है तथा उनमें अपने आत्मविश्वास की बहुत ज्यादा कमी हो जाती है।

किन्तु जब आप कार्यस्थल पर होते हैं तो स्वयं को अधिक सशक्त समझते है और जब आप अधिक सशक्त होते है तो आपके पास अवसरों तक पहुंचने के साधन भी सुलभ हो जाते है मतलब **अधिक सशक्त होना अधिक अवसरों तक पहुंच बनाता है।** और इन पर बहुत कम सामाजिक नियंत्रण बनाता है इस प्रकार तकनीक का इन महिलाओं को कामकाजी होने की वजह से अधिक ज्ञान होता है। तकनीक का अधिक ज्ञान और संचार के उन्नत साधनों का अधिक ज्ञान एवं अपने अधिकारों के बारे में अधिक जागरूकता आज की महिलाओं को अधिक सशक्त बनाता है और जब आप सशक्त हो जाते है तो आपके पास अपराध करने के भी अधिक अवसर उत्पन्न हो जाते है। इस प्रकार तकनीक एवं ज्ञान के उन्नत साधनों का उपयोग एवं अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता आदि आज महिलाओं के लिए अपराध की दुनिया में प्रवेश के द्वारा खोल रहा है। महिलाओ का कामकाजी होना तथा अपराध कार्य करना महिलाओं के अनियमित व्यवहार को दर्शाता है। ऐसे कृत्य करना जो कि समाज के नियमों के विरूद्ध हो आज पुरूषों के साथ-साथ महिलाओं के भी बहुत आम सा हो गया है तथा महिलाऐं आज भी सभी अपराध कार्य कर रही है जो कि पूर्व में सिर्फ पुरूषों के द्वारा ही किए जाते रहे है।

सफेद पोश एवं गुलाबी पोश अपराधों की परिभाषा – सफेद पोश अपराधों को प्रोफेसर सदर लैण्ड के द्वारा औपचारिक रूप से सफेद पोश अपराधों को परिचित करवाए हुए लगभग आठवां दशक चल रहा है परंतु वर्तमान तक में भी इसकी कोई सही व्याख्या नहीं हो पाना ही इन अपराधों के निपटारे की सबसे बड़ी उलझन है ।

ऐसा इसलिए है क्योंकि सफेद पोश अपराधों की विशेष गतिविधियों को अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग शीर्षकों के माध्यम से सम्बोधित किया जा सकता है जो कि आपस में निकटता से जुड़े हुए हैं जैसे-उच वर्ग का विचलन, आर्थिक अपराध, व्यवसायिक अपराध, व्यापारिक अपराध, बाजार अपराध, प्रतिष्ठित अपराध, ग्राहक अपराध, श्रेणी अपराध, राजनैतिक अपराध, सरकारी अपराध, निगमित अपराध, कार्यस्थल अपराध, राज्य एवं राज्य संगठीत अपराध, आकर्षण अपराध, टेक्नो अपराध, कम्प्यूटर अपराध, लोक अपराध, अदृष्य अपराध आदि।

स्पष्टत: देखने से प्रतित होता है कि इन शब्दों को बुलाने या बोलने का तरीका आपस में इस तरह से अर्न्तर संबंधित है कि वह सभी हक्का-बक्का कर देता है तथा एक सामान्य उजझन पैदा करने वाला होता है। आम तौर पर अपराधा शास्त्री निम्न सामान्य परिभाषा पर सहमत होते है।

1. वैध व्यावसायिक प्रसंग में होना।
2. व्यवसायिक सफलता पाने में या आर्थिक लाभ पाने के उद्देश्य से किया जाना।
3. सीधे तौर पर इन अपराधों को आषयिक हिंसा के रूप में शामिल नहीं

* शोधार्थी (विधि) मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

किया जा सकना।

गुलाबीपोश अपराधों की परिभाषा – गुलाबीपोश अपराध शब्द केथलीन डेली ने 1980 के दशक में गबन जैसे अपराधों को समझाने के लिए किया था। जो कि विशेषत: महिलाओं द्वारा सीमित अवसरानुकुल स्थिति में किया जाता था।

केथलीन डेली के अनुसार 'गुलाबीपोश अपराधी निम्न एवं उच्च वर्ग की कार्य स्थल पर जाने वाली महिलाऐं है जो मैनेजर, क्लर्क, किताबे संभालने वाली आदि हो सकती है और जो अपने कार्य स्थल से पैसों को चुराती है ।' गुलाबीपोश अपराध शब्द निम्न एवं मध्यम वर्ग की कार्यस्थल में कार्य करने वाली महिला कर्मचारीयों द्वारा किए गये अपराधों को समझाने के लिए उपयोग किया गया था।

आम तौर पर महिलाऐं निम्न स्तर के गुलाबीपोश अपराध करती है जैसे जाली चैक बनाना या उस पर राशि बढ़ा कर लिखना, इसी तरह किताबों को अपने पास अधिक समय तक रखे रखना आदि ये अपराध महिलाऐं अपने कार्य स्थल में स्वयं को प्राप्त सीमित अधिकार या शक्ति के होते हुए करती है। यह सीमित शक्ति महिलाओं में सफेदपोश अपराध करने वाले पुरूषों से कहीं कम होती है। सफेदपोश अपराधों के सारे प्रकारों जैसे नीलापोश अपराध, लालपोश अपराध, हरापोश अपराध, आदि के मुकाबले गुलाबीपोश अपराधों में अत्यधिक बढ़ोतरी हो रही है तथा आये दिन अखबारों में इन अपराधों के बारे में लेख आते रहते है।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि गुलाबीपोश अपराधों का स्तर इतना निम्न होता है कि यह अपराध बिना पीड़ित का या Victimless अपराध होते हैं।

गुलाबीपोश शब्द गुलाबीपोश अपराध उन कार्य स्थलों को दर्शाता है जहां कि महिला कर्मचारियों की संख्या अन्य स्थलों की अपेक्षा अधिक है।

फ्रेडा एडलर 1975 की इनकी बहस के अनुसार इस तरह के अवसर समझदारी पर केन्द्रित है सफेदपोश अपराधों में महिलाओं की भागीदारी इसलिए बढ़ रही है क्योंकि महिलाओं को पुरूषों के समान स्वतंत्रता दी जा रही है। और पुंसत्वभवन Masculinization भी इसी तरह का एक असामान्य विकास है शब्द Masculine Female ऐसा शब्द है जो कि ऐसी महिला को दर्षाता है जो Masculine चरित्र को दर्शाती है।

Masculinization is a term applied to the critique of traditional academic discussion of the female offender and of popular depictior of female criminality.

फेडा एडलर के अनुसार इन अपराधों के अवसर समझदारी परी केन्द्रित हैं महिलाओं द्वारा सफेदपोश अपराधों में भागीदारी कोई पुंसत्वभवन Masculinization नहीं है । बल्कि वर्तमान में महिलाओं द्वारा अपराध कार्य करके समाज द्वारा स्थापित काँच बाधा Glass Celling को तोड दिया गया है। ये सामाजिक बाधाऐं महिलाओं को सामाजिक रिश्तों की वजह से समाज में बाहर नहीं आने देती थी। इस तरह महिलाऐं अपने आप को आगे लाने की होड में वे सभी कार्य भी करने लगी जो कि पूर्व में उनके लिए अनैतिक थे। किन्तु **वर्तमान में द्वार सबके लिए खुले है।** महिलाऐं आज बहुत धन कमा रही है यह सब अवसर की बढ़ोतरी से ही संभव हुआ है। अपराध मानवीय प्रवृति है न तो महिलाऐं ना ही पुरूष इनमें लिप्त हैं। विज्ञान में लिंग का कोई मुद्दा नहीं है।

गुलाबीपोश अपराध शब्द का उपयोग उन अपराधों को पहचानने में या समझने में किया जाता है जहां अपराध महिलाओं द्वारा अपने कार्य स्थल पर किया जाता है।

गुलाबीपोश अपराध कार्यों में ज्यादा वेतन, साख एवं प्रशिक्षण कि आवश्यकता नहीं होती है। गुलाबीपोश अपराधों में महिलाओं की बढ़ोतरी आवश्यकता तथा सुख सुविधा की प्राप्ति है। औद्योगिकरण एवं वैश्वीकरण ने वर्तमान में गुलाबीपोश अपराधियों की संख्या में भी बढ़ोतरी की है।

Theories

विभिन्न स्कोलर्स के द्वारा महिला अपराधिकता से संबंधित कई सिद्धान्त दिये गये है उनमें से प्रमुख निम्न है :–

Strain Theory – इस सिद्धान्त के अनुसार अपराधिकता का कारण दबाव या तनाव है। इस सिद्धान्त के अनुसार अपराधी अपराध करके अपना तनाव कम करते है या अवैध तरीके से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है। **रोबर्ट मोर्टन तथा अल्बर्ट कोहेन** ने पूर्व में इसे पुरूष अपचारिका का नाम दिया। **कोहेन** ने तो यहां तक कहा कि महिलाएं अपने विपरीत लिंग के द्वारा शोषित होती है।

Differential Association Theory – को अपराध सीखने का सिद्धान्त भी कहते है इस सिद्धान्त का प्रतिवादन **सदरलैण्ड एवं क्रेसी** ने किया था के अनुसार अपराध व्यवहार सीखा जाता है महिला अपराधिक घेरे में सम्मिलित नहीं होती है क्योंकि उनकी लिंग आधारित भूमिका जो बीवी के रूप में, माँ के रूप में होती है उन्हें अपना कार्य घर में ही करने को उकसाता है और लडकियों को अच्छा बनने की शिक्षा दी जाती है। इन्हें पुरूषों की तरह स्वतंत्रता नहीं दी जाती है इसलिए अपराध कार्य करने का मौका ही नहीं मिलता है। महिलाएं कम अपराध करती है क्योंकि उनका सीखने का अनुभव कम होता है तथा उनमें पुरूषों की तरह कौशल नहीं होता हैं

Control Theory – होर्सची के अनुसार मानव स्वभाव प्राकृतिक रूप से अनैतिक होता है वे दोनों तरह के सामाजिक एवं असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त रहता है जब तक कि कोई उसमें दखल ना दे। अत: समाज के द्वारा कई तरह से अपने सदस्यों पर नियंत्रण रखा जाता है ताकि उनकी प्राकृतिक प्रवृत्ति से उन्हें दूर रखा जा सके जब कोई व्यक्ति सामाजिक प्राणी के रूप में सामाजिक संस्थानों में जाता है व्यवहार करता है तथा उनके नियमों को मानता है वह व्यक्ति अपराध नहीं करने का ही चुनाव करेगा। जब किसी व्यक्ति का अपने माता पिता के साथ सम्पर्क में होना तथा उसका अच्छा विद्यालय रिकार्ड होता है तो उसके अपराधी होने की आषंका काफी कम होती है।

Laberlling Theory – हावर्ड बेकर के सुझाव के अनुसार बाहरी सामाजिक Stigma कलंक या ठप्पा अपराधी बनाता है इसके अनुसार शक्तिशाली व्यक्ति ठप्पा बनाता है तथा उसे गरीब शक्तिहीन लोगों पर जारी करता है उस तरह से लोग अपराध करना प्रारंभ करते है **एन्थोनी हेरिस** के अनुसार शक्तिशाली व्यक्ति महिलाओं को धमकाता है ऐसे ही महिलाएं भी अपराध में अपने से कम शक्तिशाली महिला के अपराध कार्य करने के लिए डराती है।

Liberation Theory – फ्रेडा एडलर के अनुसार महिलाओं को दी जा रही आजादी ही महिलाओं के द्वारा किए जा रहे अपराधों में बढ़ोत्तरी का कारण है।

Double Standard theory– इस सिद्धांत में **पोलाक** के अनुसार महिलाएं अपने शारीरिक सौन्दर्य का उपयोग करके पीडित को फँसाती है और अपराध कर बैठती है।

Exitement Theory Thomes – के अनुसार सारे मनुष्य उत्तोजना

एवं प्रतिक्रिया चाहते है परन्तु कुछ महिलाए उत्तोजना एवं प्रतिक्रिया यौन क्रिया के माध्यम से जैसे वैश्यावृत्ति के माध्यम से चाहती है।

Novelty Theory – Kingstley Davis – ने यह समझाया कि वैश्यावृत्ति किसी परिस्थिती के कारण हो सकती है किन्तु जहां यौन नवीनता की मांग की जाती है वहां अगर पुरूष संतुष्ट नहीं करता है तो यह वेश्यावृत्ति का कारण होता है। उन्होंने पाया कि अगर महिला वैश्यावृत्ति करती है तो कारण असमान व्यवहार या Neuratic होना या विकृत या पागलपन हो सकता है।

Biological theory – लोम्ब्रोसो और पोजिटिव थ्योरी के अनुसार वेष्याओं के अपराध एवं अन्य सामान्य अपराधी महिलाओं में वेश्याओं द्वारा ज्यादा शारीरिक असमानताएं दिखाई गई।

Emotion Theory – Konopka – के अनुसार महिलाओं द्वारा ज्यादा विचलित व्यवहार तब किया जाता है जब वे अकेलेपन एवं किसी पर बोझ या निर्भर बनने की वजह से परेषान होती है।

Biology Theory :- John cowie – के अनुसार महिला अपराधिकता उनकी जैविक स्थिति जैसे कि ज्यादा वजन होना या अन्य शारीरिक समस्या के कारण भी हो सकता है।

Faminist Theory - फेमिनिस्ट यह विश्वास करते है कि सारे अपराधों के सिद्धान्त पुरूषों के अनुभव के आधार पर अपराध शास्त्र में किए गए है अर्थात् अपराध शास्त्र पुरूष प्रधानता पर आधारित है फेमिनिस्ट के अनुसार महिलाओं का अनुभव पुरूषों के अनुभव के अधीन रखे जाने से ही अपराध को बढ़ावा मिला है। पुरूषों के अधिपत्य के दोहरे मापदंड से ही महिलाओं के अपराधों में, बढ़ोतरी हुई है। पुरूषों के अधिपत्य के परिणामस्वरूप ही महिलाओं द्वारा किए जा रहे अपराधों में बढ़ोतरी हुई है।

Destiny theory – वे महिलाएं जो कि अपनी अनुपस्थिति को समायोजीत नहीं कर पाती है और जो लिंग के लालयित रहती है तथा सांस्कृतिक तरीकों से अपना Sex Performance एवं मातृत्वता नहीं पूर्ण कर पाती है वे प्रतीकात्मक Masculinity अपनाने की कोशिश करती है तथा वे महिलाएं बागी हो जाती है तथा अपने महिला वाली भूमिका से वे अपने आप को बाहर कर देती है।

(Curran and Ranzatti) 2001:77

अपनी शारीरिक क्षमताओं की कमी को दूर करने तथा पुरूषात्मक गुण दर्षाने के लिए वे अपने व्यवहार में बदलाव लाती है वे अपनी महिला की भूमिका को नकारती है और स्वयं को पुरूष की भूमिका में Masculinity में पहचानना पसंद करती है अर्थात वे स्वयं को पुरूष के रूप में पहचाना जाना पसंद करती है (Klein 1973:17)

Dominanat Theory Bialogical सिद्धान्त Combrose (1898) तथा Phychological सिद्धान्तों (1905, 1931, 1933) तथा वर्तमान की Contemporary सिद्धान्त के अनुसार महिलाओं को दी जाने वाली छूट ही महिला अपराधों को बढ़ावा दे रहा है वर्तमान में यह सैद्धान्तिक विचार कि महिला अपराधिकता महिलाओं के Masculinity व्यवहार का उत्पाद है, यह कहा गया कि महिला अपराधी उन महिलाओं से जो कि अपराध न करने वाली महिलाऐं हैं से ज्यादा Masculine है चाहे व जैविक रूप से हो चाहे मानसिक रूप से या सामाजिक रूप से हो।

एडलर (1975) के अध्ययन अनुसार वैश्यावृत्ति, मादक पदार्थों का सेवन तथा किशोरों का कानून तोड़ना आदि को महिलाऐं अपने **'मुक्ति आन्दोलन'** से जोड़कर देखती है। उनके अनुसार पढ़ी लिखी लड़कियां उन परंपरागत रोक या सामाजिक दबावों की उपेक्षा करने के लिए अत्यन्त उत्सुक हैं जो कि उन पर हमेशा से समाज द्वारा आरोपित किए गये थे। इस तरह महिलाओं के उपर से दबावों की हथकड़ियों का खुलना भी महिला अपराधिकता का कारण है भारत के परिप्रेक्ष में **ज्यादा दबाव का अर्थ है अत्यन्त गंभीर अपराध।**

निष्कर्ष – महिलाएं ही हैं जो कि आध्यात्म का वास्तविक दबाव बनाती है या आध्यात्म की नींव रखती है महिलाओं की सहानुभूति ही नए जीवन का संचार करती है। किन्तु जब महिला समाज में अपनी कार्यस्थल पर कार्यरत होने की भूमिका का भी निर्वाह करती है तो उनके द्वारा अपराध किए जाने की संभावना भी बढ़ जाती है। महिलाएँ सामान्यता उन जगहों पर रह कर अपने कार्यो को सम्पादित करती है। जहां वह स्वयं को सुरक्षित महसुस करती है। अत: उन जगहों मे सर्वाधिक प्रतिशत कार्यस्थल एवं घर पर किये जाने वाले अपराधों का आता है। पुराने समय में महिलाओं द्वारा अपराध किए जाने की संभावनाएं बहुत कम थी एवं महिलाऐं पुरूषों की तुलना में भी बहुत कम अपराध करती थी एवं **यह भी देखा गया कि महिलाओं द्वारा अपराध किए जाने पर समुदाय में महिलाऐं पुरूषों की तुलना में अधिक दण्ड प्राप्त करती है।** जिसकी घुटन को वे और ज्यादा अपराध कार्य करके कम करती है।

इस प्रकार उपरोक्त सभी सिद्धातों के माध्यम से हमें यह ज्ञात होता है कि महिलाओं की आपराधिक प्रवृत्ति का मुख्य कारण उनके द्वारा पुंसत्वभवन Masculinity को धारण करना तथा स्वयं समाज में सशक्त होने से अवसरों की उपलब्धता आसानी से होना है। तथा समाज के द्वारा महिलाओं के प्रति विभेदकारी व्यवहार भी महिलाओं को इन अपराधों के लिए उकसाने का कार्य करता है। जिससे कि महिलाऍं स्वयं को उपक्षित महसुस करते हुए अपराध की ओर अग्रसर होती है।

References :-

1. Theories of Female Criminality : A criminological analysis
2. International journal of criminology and sociological theory,Vol.7,No.1, December 2014,1-8
3. Adler, Freda., Mueller, Gerhard. O.W., & Laufer, William. S. (2004). Crimilnology, 5th Editiion, New York: McGraw- Hill Higher Education
4. Adler, Freda.,(1975). SISTERS IN CRIME: The Rise of the new female criminal, USA: Mc|Graw Hill Company.
a. Daly, K (1988) `Rethinking Judicial Paternalism: Gender, Work- Family Relations and Sentencing', Gender and Society, 3(1): 9-36.
5. International Journal of Criminology and Sociological Theory, Vol. 7, No. 1, December 2014,1-8.
6. Celik, Hande. (2008). A SOCIOLOGICAL ANALYSIS OF WOMEN CRIMINALS IN THE DENIZLI
7. OPEN PRISON, Department of Sociology, Turkey: Middle East Technical University.
8. Chesney-Lind, Meda. (1997). "Women and Crime": The Female Offender, Sign, Vol-12, No-1, (Autumn), P.78-96.
9. Chesney-Lind, Meda. and Daly, K. (1988). Girls' Crime and Woman's Place: Toward a Feminist Model of Female Delinquency, CRIME & DELINQUENCY, Vol-

35, No-1, (January), P. 5-29.

10. Curran, Daniel. J. and Renzetti, Claire. M. (2001). Theories of Crime, Boston: Allyn and Bacon.
11. DALY, K. (1988). `Rethinking Judicial Paternalism: Gender, Work-Family Relations and Sentencing', Gender and Society, 3(1): 9–36.
12. Freud, Sigmund. (1933). New Introductory Lectures on Psychoanalysis. New York: Norton.
13. Heidensohn, Frances. and Marisa. Silvestri. (1995). Gender and Crime, in Oxford Handbook of Criminology, London: Oxford University Press.
14. Herrington, Victoria., & Nee, Claire. (2005). SELF-PERCEPTION, MASCULINITY AND FEMALE OFFENDERS, Internet Journal of Criminology, P. 1-30.Website: http://www.internetjournalof criminology.com, (Accssed date: 12/06/2011)
15. Klein, Dorie. (1973). “The Etiology of Female Crime: A Review of Literature.” Issues in Criminology 8, 2:3-30.
16. Lombroso, Cesare. and Ferraro, William. (1898). The Female Offender, New York: D. Appleton andCompany.
17. Pollak, O. (1950). The Criminality of Women, Baltimore: University of Pennsylvania Press.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

कृषि उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग से मृदा उर्वरता पर प्रभाव - जनपद इटावा

रामरतन *

प्रस्तावना - सामान्य अर्थ में कृषि वह क्रिया है जिसके द्वारा मिट्टी से फसलों को उत्पन्न किया जाता है। कृषि के अन्तर्गत भूमि को साफ करने और मिट्टी की जुताई से लेकर फसल उगाने, काटने तथा उत्पादन प्राप्त करने तक की विविध प्रकार की क्रियायें सम्मिलित हैं। कृषि कार्य के ऊपर भूमि की उपलब्धता जलवायु, प्राकृतिक दशाओं, मिट्टी की उर्वरता जनसंख्या आकार, आर्थिक एवं तकनीकि विकास के स्तर आदि का व्यापक प्रभाव पाया जाता है।

रासायनिक खाद असल में जमीन को उत्तेजित करता है जिससे फसल लाभ में तत्काल फर्क दिखता है और फसल अपनी जरूरत ज्यादा पोषक तत्व को जमीन में बनने वाले कुदरती तौर में बनने वाले तत्व में कमी करती है साथ में रासायनिक खाद घी में जहर की तरह जमीन में पोषक तत्व को बनाने वाले जमीन को भुरभुरा करने में सहायक करने वाले केचुंवे को मार देता है जिससे अगली फसलों में ज्यादा खाद डालनी होती है। और विषचक्र शुरू हो जाता है अगर आप मुनाफा लेने के चक्कर रासायनिक खाद डालेगें तो दूसरी फसल में पहले से ज्यादा खाद डालनी पड़ेगी।

भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां 68.84 प्रति जनसंख्या (2011) गांव में निवास करती हैं। हमारे देश में ग्रामीण जनसंख्या की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक गतविधियों का मूल आधार कृषि है। इसलिए कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धुरी कही जाती है। देश के विशाल जनसमूह की खाद्यान्य आपूर्ति कृषि पर निर्भर है उद्योग, रोजगार व पूरक व्यवसायों में भी कृषि पर निर्भर है। उद्योग, रोजगार व पूरक व्यवसायों में भी कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है वस्तुत: प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भरण-पोषण हेतु भारतीय जन-मानस कृषि पर निर्भर है। वर्तमान समय में कृषि विकास के पथ पर तीव्र गति से चलने वाले अग्रणीय देशों में भारत का महत्वपूर्ण स्थान है। विकास एक सकारात्मक प्रक्रिया है जो स्थान, समय एवं परिस्थिति के सापेक्ष आंकलित होती है। कृषि विकास की सफलता सुनिश्चित करने हेतु पर्यावरण संतुलित होना आवश्यक है तथा संतुलित विकास नियोजन से ही संभव है। अत: किसी भी क्षेत्र की कृषि के संतुलित विकास व नियोजन हेतु वहां का भोगोलिक अध्ययन महत्वपूर्ण होता है।

कृषि में आये नवपर्वतन से विकास हुआ है कृषकों ने कृषि में नवीन तकनीकियों द्वारा रासायनिक उर्वरक, सिंचाई के साधन एवं सुविधाओं के प्रयोग में बृद्धि हुई है। साथ ही उच्च उत्पाद बीज एवं कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से उत्पादन में बृद्धि कर कृषि में पर्याप्त विकास किया है। इसमें निरन्तर जनबृद्धि के अनुरूप बढ़ती खाद्यान्नों की मांग आपूति संभव हुई है तदापि कृषि विकास के विभिन्न समस्याओं को भी जन्म दिया है जो कि स्वयं मानव के लिये घातक है। कृषि विकास से उत्पन्न पर्यावरणीय प्रभावों में मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले प्रभावों का मूल्यांकन वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है क्योंकि फसलोत्पादन की निरन्तरता हेतु मिट्टी की पोषक तत्वों में निरन्तरता का होना आवश्यक है। इस प्रकार से सूक्ष्म स्तरीय भौगोलिक अध्ययन क्षेत्र विशेष के लिए भी उपयोगी होते हैं। प्रस्तावित शोधपत्र द्वारा कृषि प्रधान क्षेत्र में कृषि विकास के प्रभावों का मूल्यांकन कर उसमें उत्पन्न मृदा समस्याओं को उजाकर करते हुए उनके निदानार्थ सुझाव प्रस्तुत करने के उद्देश्य पर आधारित है।

अध्ययन क्षेत्र जनपद इटावा उ0प्र0 जिसका क्षेत्रफल 2396.15 वर्ग मीटर है इसका विस्तार गंगा-यमुना दोआव में 26^{0}24' उत्तरी अक्षांश से 27^{0}5' उत्तरी अक्षांश तक एवं 78^{0}45' पूर्वी देशान्तर से 76^{0}22' 15'' के मध्य है। अध्ययन क्षेत्र 2011 की जनगणना की कुल जनसंख्या 1579160 व्यक्ति है जिसमें ग्रामीण जनसंख्या 11850 व्यक्ति (76.80 प्रतिशत) है तथा 366310 व्यक्ति नगरीय जनसंख्या (30 प्रतिशत) जो प्रदेश की कुल जनसंख्या का .79 प्रतिशत है।

जनपद इटावा कृषि विकास क्रियाशील मानव प्राचीनकाल से नई तकनीकी की खोजकर विकास प्रक्रिया को बनाए हुए है। अध्ययन क्षेत्र में कृषि विकास की गति यंत्रीकरण, रासायनिक उर्वरक, उच्च उत्पाद बीज, कीटनाशक दवाओं, सिंचाई, तकनीकी ज्ञान वित्त एवं फसल बीमा योजनाओं की सहायता से तीव्र हुई है तथ कृषि पद्धति व उत्पादन में सकारात्मक परिवर्तन हुए है। कृषि विकास मूलत: उत्पादन बृद्धि में परिलक्षित होता है। नवीन कृषि पद्धतियों के उपयोग के सकारात्मक परिणाम भी उत्पदन बृद्धि से प्रभावित होते हैं। अध्ययन क्षेत्र में कृषि नव प्रर्वतन प्रक्रिया के तीव्र प्रकार से फसलोत्पादन में आशातीत बृद्धि हुई है। इटावा जनपद मं फसलोत्पादन में बृद्धि सारणीय क्रमांक -1 व 2 स्पष्ट है।

सारणी 1 - (अगले पृष्ठ पर देखे)

अध्ययन क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग में निरन्तर बृद्धि हुई है उस प्रकार से फसलोत्पादन में बृद्धि नहीं हुई है। जिले में फसलोत्पादन में बृद्धि न के बराबर हुई है वहीं रासायनिक उर्वरको के प्रयोग में दोगुना बृद्धि देखी गयी है।

अध्ययन क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग सारणी 1 में स्पष्ट है।

रासायनिक उर्वरक का मृदा उर्वरता शक्ति पर प्रभाव- कृषि विकास में रासायनिक उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि कृषि से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए रासायनिक उर्वरको का प्रयोग आवश्यक हो गया है। रासायनिक उर्वरकों के उचित प्रयोग से कृषि उत्पादन में बृद्धि को लगभग

*शोधार्थी, विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय,दिव्यापुर, ओरैया (उ.प्र.) भारत

70 प्रतिशत उर्वरक के अधिक प्रयोग के फलस्परूप है। अध्ययन क्षेत्र में उर्वरकों के उचित प्रयोग में ही अधिक उत्पादन किया जा रहा है। किन्तु साथ ही भूमि पर निरन्तर रासायनिक उर्वरकों का अन्धाधुन्ध प्रयोग से उसकी उर्वरा शक्ति का ह्रास होता जा रहा है। यहाँ के कृषकों द्वारा अधिक उत्पादन एवं आर्थिक लाभ की प्रवृत्ति से फसल चक्र को सीमित फसलों तक संकुचित कर दिया है। अपरीक्षित मिट्टी में फसलों उत्पादन बढ़ाने हेतु रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से भी मिट्टी के पोषक तत्वों हा ह्रास हो रहा है।

अध्ययन क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों से मृदा में लवणीय एवं क्षारीय मृदा का प्रकार बढ़ा है। ऐसी स्थिति में हानिकारक लवणों द्वारा भूमि की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

सारणी-2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

रासायनिक खाद की उर्वरकता शक्ति पर प्रभाव – रासायनिक खाद के उपयोग से खेत की मिट्टी में अम्ल की मात्रा बढ़ने के साथ अब जिंक और बोरान जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव मिट्टी पर तो पड़ रहा है। इसका दुष्प्रभाव प्रमुख मनुष्य के स्वास्थ पर भी पड़ सकता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार मिट्टी इन पोषकतत्वों की लगातार कमी से फसल प्रभावित होगी वहीं जिंक की लगातार कमी से बाल झड़ने के साथ ही शरीर का विकास भी थम सकता है। और कुपोषण कारण भी बन सकता है। जिले के किसान रासायनिक खाद क दुष्प्रभाव प्रति जागरूक होने लगे है इसके चलते वे अब अपने खेतों में जैविक खाद का उपयोग करने लगे हैं।

मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के सुझाव – अध्ययन क्षेत्र में एक वर्ष में दो अधिक फसलें ली जा रही है जिससे भूमि में फसलों द्वारा पोषक तत्वों का भारी अवशोषण होने में मृदा में उर्वरा शक्ति कमी हुई है। मृदा की उर्वरा शक्ति का बनाये रखने हेतु निम्नलिखित सुझाव हैं:-

कृषक उचित फसल चक्र प्रणाली अपना कर जैसे उथली जड़ वाली फसलों के उपरान्त गहरी जड़ वाली फसलों को लगाना एवं खाद्यान्न फसलों के बाद दलहनी फसलों को बोना एवं हरी खाद बनाने वाली फसलों को बोना रासायनिक खेती के स्थान पर जैविक खेती एवं एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन विधि की ओर ध्यान देना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाण्डेय जे0एन0 कमलेश एस0आर0 कृषि भूगोल बसुन्धरा प्रकाशन गोरखपुर उ0प्र0 1999
2. जनगणना पुस्तिका जिला इटावा उ0प्र0 2011
3. जिला कृषि अधिकारी कार्यालय साख्यिकीय पत्रिका जनपद इटावा 2013
4. अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग जनपद इटावा 2013
5. डा0 जी0पी0 मिश्र 2009 इटावा जनपद में कृषि नवाचार का भूदृश्य का प्रभाव प्रकाशित पी0एचडी0 शोध ग्रन्थ छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर उ0प्र0
6. एकीकृत नाशी जीव प्रबन्धन (आई0पी0एम0) प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यरो कृषि विभाग उ0प्र0 कृषि ज्ञान मंजूषा प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यरो कृषि विभाग उ0प्र0।
7. दैनिक भास्कर समाचार पत्र।

सारणी न0-1

जनपद इटावा में फसलो उत्पादन प्रति हैक्टेयर कि0ग्रा0 प्रतिशत 2008 से 2011

वर्ष	गेहूं उपज वृद्धि प्रतिषत कि0ग्रा0	धान उपज वृद्धि प्रतिषत कि0ग्रा0	चना उपज वृद्धि प्रतिषत कि0ग्रा0	सरसों उपज वृद्धि प्रतिषत कि0ग्रा0
2008–2009	35.08	27.76	14.85	14.12
2009–2010	29.47	18.07	12.82	10.19
2010–2011	35.08	25.25	15.23	16.64

स्रोत : सांख्यिकी पत्रिका जनपद इटावा 2013

जनपद इटावा में फसलो उत्पादन



सारणी-2 - जनपद इटावा में रासायनिक उर्वकों का प्रयोग वर्ष 2008-2009

क्र.	वर्ष	नईट्रोजन		फासमोरस		पोटाश		योग	
0.		कुल उपयोग टन	बृद्धि प्रतिशत	कुल उपयोग टन	बृद्धि प्रतिशत	कुल उपयोग टन	बृद्धि प्रतिशत	योग	बृद्धि प्रतिशत
1.	2008-09	23946	-	11172	-	1772	-	3689	-
2.	2009-10	24702	3.05	13048	14.37	2477	28.46	40226	8.29
3.	2010-11	31700	22.07	15121	13.70	3105	20.22	49926	1942
4.	2011-12	27082	-	12613	-	2008	-	41703	-

स्रोत : सांख्यिकी पत्रिका जनपद इटावा 2013

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

हरिवंश राय बच्चन के काव्य में राष्ट्रीय चेतना

कमलसिंह भूरिया * डॉ. शहजाद कुरैशी **

प्रस्तावना - 'वास्तव में राष्ट्र शब्द की चर्चा प्राचीन वाड्मय में अनेक स्थानों पर कई रूपों में है' हम पाते।' मनुस्मृति के अनुसार- अधिवासी, 'वह लोक समुदाय जो एक ही देश में बसता हो, एक ही राज्य के शासन में रहता हुआ एक बद्ध हो।'

यजुर्वेद में राष्ट्र शब्द की पुनरुक्ति हुई है और अनेक बार 'राष्ट्र' में देहि और 'राष्ट्र में दत्त' कहकर राष्ट्र प्राप्ति की उत्कृष्ट कामना प्रकट की गई है। अंग्रेजी में राष्ट्र के लिए 'नेशन' शब्द 'राष्ट्र' के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल के अनुसार राष्ट्र की परिभाषा इस प्रकार की जा सकती है- 'राष्ट्र धर्म को ही लोक अपना सर्वश्रेष्ठ धर्म मानते हैं। भूमि', भूमिवासी, जन और जन संस्कृति तीनों के सम्मिलित होने से राष्ट्र का स्वरूप बनता है। भौगोलिक एकता, जन अर्थात् जनगण की राजनीतिक एकता और जनसंस्कृति अर्थात् सांस्कृतिक एकता, तीनों के समुच्च का नाम राष्ट्र है। राष्ट्र में भौगोलिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक इकाइयाँ पूंजीभूत हैं।'

समाज केवल व्यक्तिों का समूह ही नहीं, वरन् एक सशक्त सत्ता है। किसी राज्य में संगठित समाज जिसके रीति-रिवाज, धर्म, विश्वास तथा अन्य जीवन के सुख-दुख की चेतना समान हो, राष्ट्र कहलाता है। बर्गेस के अनुसार- 'राष्ट्र एक समुदाय है जिसकी भाषा एवं साहित्य, रीति-रिवाज तथा भले-बुरे की चेतना सामान्य हो और भौगोलिक एकता-युक्त प्रदेश में रहता है।'

इस तरह राष्ट्र के रूप में ऐसा जन-समूह जो अपनी एक स्वतंत्र-प्रभुसत्ता है और राजनैतिक दृष्टि से एक इकाई में सम्बद्ध है। वह राष्ट्र कहलाता है। वस्तुत: जन सामान्य लोगों में उनमें परस्पर भावनात्मक सम्बद्ध होता है। 'राष्ट्र राज्य-सूत्रों के बन्धनों की एकता से सम्पूर्णत: निरपेक्ष विभिन्न व्यवसायों एवं सामाजिक स्तर के मनुष्यों का समुदाय होता है, जो परम्परा प्राप्त संस्कारों एवं भावनाओं वाले एक समाज में रहता है, जिसका प्रत्येक सदस्य, भाषा तथा आचार के आधार पर अपने समाज के अन्य सदस्यों से अपनी एकता एवं विदेशियों से अपनी पृथकता अनुभव करता है।'

राष्ट्र के प्रति राष्ट्र के जनमानस में राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना है। आस्था की भावना है। जनमानस में जनता के प्रति श्रद्धा भक्ति की भावना है।

राष्ट्रीता एक ऐसी भावना है जिसका सम्बन्ध मानव की अन्त:चेतना से है, जो अनिर्वचनीय होने के कारण केवल अनुभूति का विषय है।

डॉ. अम्बेड़कर ने कहा था- 'राष्ट्रीयता श्रेणीगत चेतना की एक अनुभूति है जो एक तो उन व्यक्तियों को, जिनमें यह तीन प्रगाढ़ होती है कि आर्थिक संघर्ष या समाजगत उच्चता-नीचता के कारण उत्पन्न होने वाले भेदभावों को दबाकर एक सूत्र में बांधें रखती है और दूसरी ओर उसके ऐसे गुणों से पृथक करती है जो उस श्रेणी के नहीं है।'

भौगालिक एकता के लिए जन समूह के पास प्राकृतिक सीमाओं से युक्त एक क्षेत्र होना चाहिए, निश्चित भू-भाग के आधार पर ही राष्ट्र को जन्मभूमि के रूप में निरूपित किया जाता है। 'कोई भी जाति अपनी भूमि के लिए बिना राष्ट्रीयता प्राप्त नहीं कर सकती। चाहे वह कितनी ही वैभव शाली अथवा सम्पन्न क्यों न हो।' वास्तव में अपना देश ही अपना घर है जिसमें रहने वाले सदस्य परस्पर प्रेम तथा सहानुभूति के कारण एक दूसरे की अपेक्षा शीघ्रता से एक दूसरे को समझने-बुझने में सफल होते हैं।'

अंग्रेजों ने अपनी नीतियों के कारण धीरे-धीरे संपूर्ण भारत पर आधिपत्य कर लिया। अंग्रेजी ईस्ट इण्डिया कंपनी ने राज्य के अंग्रेजी राज्य में सम्मिलित करना शुरू किया। परिणामत: 1857 में अंग्रेजी नीतियों से असन्तुष्ट होकर देशी राजाओं ने एकजूट होकर व्यापक स्तर पर विद्रोह किया। फलत: ईस्ट इंडिया कंपनी ने राज करने के अधिकार ले लिया और भारत वर्ष ब्रिटिश साम्राज्य का उननिवेश बन गया। इन घटनाओं के कारण अंग्रेजों ने आर्थिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक नीतियों में परिवर्तन किया। भारत के पूर्व में गाँव छोटे-छोटे गणतंत्र थे। हिंदू, पठान, यमुगल, सिक्ख, मराठा ऐसे राज्य बने और बिगड़े। इस प्रकार सामाजिक संघटना एकजूट नहीं थी। अनेक जातियों-उपजातियों में विभक्त इस देश में पारम्परिक एकता का सर्वथा अभाव रहा।

अंग्रेजों राज्य के कारण कृषि की अवनति हुई, उद्योग-धंधे नष्ट हो गये, हजारों लोग बेरोजगार हो गये। इस अवनति के कारण ही देश में गांधी जी के नेतृत्व में स्वतंत्रता का लंबा आंदोलन प्रारंभ हुआ। 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ।

तब से भारतीय समाज विकास की ओर अग्रसर हुआ और देश में राष्ट्रीय एकता की लहर प्रारंभ हुई। स्वामी विवेकानंद ने शिक्षित तथा उच्च वर्ग की भर्त्सना करते हुए कहा कि- 'जब तक देश के हजारों लोग भूखे हैं, अज्ञानी हैं, उनकी ओर तनिक भी धन नहीं देते। उच्च वर्ग नैतिक दृष्टि से मर चुका है।'

डॉ. नगेन्द्र ने छायावादी युग की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा है कि-'व्यापक दृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि 'छायावादी युग' भारत के लिए अस्मिता की खोज का युग है। सदियों की दासता के कारण भारतीय जनता आत्मकेन्द्रित होती हुई रुढ़िग्रस्त हो गयी थी। पाश्चात्य साम्राज्यवादियों के आगमन ने देश में एक विराट तूफान पैदा कर दिया था, जिसके कारण रुढ़ियों में गुप्त देश की आत्मा पूरी शक्ति और उद्धेलन के

* शोधार्थी (हिन्दी साहित्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक , शासकीय महाविद्यालय, मुंदी, खण्डवा (म.प्र.) भारत

साथ जाग उठी। परिणाम स्वरूप भारतीय मनीषी अपने परिवेश की त्रासपूर्ण विघटनमयी स्थिति के प्रति सजग हुए और उसके व्यापक सुधार की आवश्कता की ओर उनका ध्यान आकर्षित हुआ।'

'सामाजिक जीवन के प्रति भी उन्होंने उत्साह दिखाया। इन कवियों को वर्तमान काल में जन्म भूमि की शोभा मलिन दिखाई पड़ी। कविताओं में उन्होंने दासता पर क्षोभ प्रकट किया है। जाति-पाँति, विदेशयात्रा के बन्धन, कूप मंडूक वृत्ति, भूतादि की पूजा, यफूट, वैर आलस्य, अकर्मणता, अन्धविश्वास, अविद्या, अज्ञान तथा निन्दनी रुढ़ियों के कारण समाज-शरीर के सब अंग दूषित हो गये थे।'

कवियों में राष्ट्र भक्ति, राष्ट्रीय समर्पण की भावना, बलिदान का स्वर आदि राष्ट्रीय भावनाएँ व्यक्त की है।

बच्चन के राष्ट्रीयता काव्य की पृष्ठभूमि - बच्चन का गीत संसार काफी व्यापक है, जिसमें भावों का भी बड़ा व्यापक विस्तार है। उनकी रचनाओं में जीवन, प्रकृति, राष्ट्र और देश प्रेम' प्रमुख हैं। इन रचनाओं में उनकी व्यापक अनुभूतियाँ देखने को मिलती है। इनमें प्रमुख रूप से- बंगाल का काल, खादी के यफूल, अग्निपथ, स्वतंत्रता, राष्ट्रपिता गांधी, तूफान, बलिदान, रक्त स्थान, ताजमहल, आदि कविताएँ प्रमुख हैं। कवि ने राष्ट्र और बापू को संबोधित कर जो कविताएँ लिखीं हैं, उनं देशभक्ति की भावना प्रबल रूप से उभरी हैं। 'बंगाल का काल में मातृभूभि' को सुजलां, सुफलां, शस्यशामलां के रूप में प्रस्तुत की हैं।

'धार के इधर-उधर' में देश-विभाजन की टीस के साथ उनमें उद्बोधन एवं निर्माण का स्वर है। देश के विकास के लिए एकता को ध्यान में रखना जरूरी है। साम्प्रदायिक भेदभाव भुलाकर भावात्मक स्तर पर एकजुट होने की जरूरत पर बच्चन जी ने बल दिया। राष्ट्रभाषा के समर्थन का उन्होंने पूरजोर प्रयास किया।

बच्चन जी ने राष्ट्रप्रेम की भावनाएँ अपनी रचनाओं में व्यक्त की हैं। बच्चन ने भारत की समसामयिक पृष्ठभूमि पर देश के विभाजन और उससे उत्पन्न साम्प्रदाकिता के प्रति आक्र ेाश व्यक्त किये है। कवि ने 'यमधुशाला', 'धार के इधर-उधर' जैसी रचनाओं में साम्प्रदायिता विरोधी भावनाएँ व्यक्त की हैं। कवि ने सम्प्रदावादी स्रोत को भुलाकर राष्ट्र की एकता की भावना को प्रबल करने की बात कहीं है- कवि कहता है कि-

'रहे न एक साथ जब रहे,
अलग, विरुद्ध पंथ आज तो गहे,
यही विलाप है कि राम' मुँह कहे
यगर बगल छिपी हुई कटार हो।'
'वह पुण्य कृत, यह पाप कर्म
कह भी दूँ, तो दूँ क्या सबूत,
कब कंचन मस्जिद पर बरसा
कब मदिरालय पर गाज गिरी।।'
बच्चन के काव्य में राष्ट्रीय भावना
'भूख-भूख कर/ सूख सूख कर/ पंजर-पंजर
गिर धरती पर/ यों न तोड़ देते अपना दम,
और नपुंसक मृत्यु न मरते,
भूखे बंग के वासी।'

गांधी जी की मृत्यु पर कवि ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है और गांधीजी के हत्यारे के प्रति उनके मन में आक्रोश टूट पड़ा हैं-

'पड़ गया सूर्य क्या ठंडा हिम के पाले से।'
क्या बैठ गया गिरि मेरु तूल के गाले से
प्रभु पाहि देश, प्रभु त्राहि जाति, सुर के तन को
अपने मुंह में/ लघु नरक कीट ने/ लिया दबा।।

बापू की पूर्व स्मृति को याद करते हुए गांधीजी की दांडी यात्रा की याद की है। चंपारन के आंदोलन की याद की है। चंपारन के आंदोलन की याद की है।

बच्चन जी ने हमेंशा साम्प्रदाकिता का विरोध किया है। मधुशाला में भी उन्होंने कहा है कि-

'मंदिर, मस्जिद लड़वाते हैं
मेल कराती मधुशाला।'

निष्कर्ष - कवि हरिवंश राय बच्चन की रचनाओं में सांस्कृतिक, राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से राष्ट्रीय भावों का और उसके उद्भव और विकास की चर्चा की है। डॉ. अम्बेडकर ने भी राष्ट्रीयता की भावना को व्यक्त किया है तथा राष्ट्रीय चेतना को भलीभाँति से अभिव्यक्त किया है।

स्वाधीनता आंदोलनों से जुड़ी अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का कवि ने उल्लेख किया है। गांधी जी के नेतृत्व में स्वाधीनता का एक दीर्घ आंदोलन संचालित किया गया है। अन्त में 1947 को देश आजाद हुआ। बच्चन जी के राष्ट्रीय काव्य की पृष्ठभूमि में कवि ने बंगाल के अकाल की याद दिलाई है। इसके साथ ही उनकी अन्य रचनाओं में गांधी जी के असामयिक निधन पर उन्होंने भावपूर्ण श्रद्धा अर्पित की है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तैतरी संहिता- 7-5-98
2. नालन्दा शब्द कोष।
3. यजुर्वेद- 10-2-3
4. डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल- सा.हि.।
5. जे.डब्ल्यू. वर्गीस- राजनीतिशास्त्र और संवैधानिक विधि, व्हा.1,
6. विनय मोहन शर्मा- साहित्य, शोध समीक्षा।
7. डॉ. नगेन्द्र- हिन्दी साहित्य का इतिहास।
8. मैथिलीशरण गुप्त- हिन्दू, भारत भारती।
9. बच्चन रचनावाली-2 धार के इधर-उधर- देश विभाजन।
10. मेरी श्रेष्ठ कविताएँ- हरिवंश राय बच्चन, मधुबाला।
11. बच्चन- 'बंगाल का काल'- मेरी श्रेष्ठ कविता से संकलित।
The investigator noticed that a newspaper used to come to the school, but the students were not allowed to read it and were rarely taught by the teachers. When the investigator asked about the convenience of the library, the chief teacher shared that some of his schools get some books from the government, but these books are not used to lend to the students because students use them properly Do not do ' On the other hand, almost all students shared that they really liked reading books and some of them said that there is a private library in the neighborhood where someone needs to register and read books, newspapers for 15 days Or it can be done for release and students are not charged anything. Many students were found registered in this library. There is enough evidence to show that the students who have access to good library resources, who are interested in them and challenge them, will have deep love for reading and learning.[9]As reported by various studies, there is a strong correlation between the presence and the use of library resources by students and teachers with better student performance. Arko-Cobbah[10] described that 'the library in rural schools plays a significant role in the school curriculum**'.** School library resources play an important role in informing, educating, entertaining, and enriching students. When students are able to explore meaningful information they want, they learn faster and their literacy skills also grow rapidly; they learn how to learn[11].

3. Age appropriate classrooms - Act provides children above six years, who have never been admitted to any school or, have not completed primary education and have dropped out, the right to be admitted to a school in their / her age education The Act facilitates a child admitted to the special class to be given special training to enable him / her to be par in other children. The RTE Rules also states that children admitted after six months of the beginning of the academic session.

The Head teacher of the school was not aware of what the special training is and what constitutes this training. The investigator visited this school during November and February so the students were already in their second semester. Some 4-5 children joined school during this time but the investigator did not have any mechanism there to check whether a new student needs a special training or not. This is more or less true of other nearby schools too. In such a situation when they are not even aware of the special training, expecting them to know who will impart the training, where and how will be needless

4. Access to education - In order to provide access to education, no screening and document, no capitation fee, easy transfer certificate has been given in the year 2009, no screening and documentation. According to the RTE Act, no school can refuse to give admission or transfer certificate to any child. The investigator found that some students in a school wanted to go to another government

school, but they said that neither the school where they were studying was ready to give transfer certificates nor the school they wanted to enroll , He wanted to accept them. They directed everyone to study at the nearest school.

5. Not Enough Trained Teachers - Teachers are at the root of the implementation of the RTE which want to work towards a heterogeneous and democratic classroom, where all children participate in the same partnership. The primary part of our education system is already suffering from teachers shortage and a large number of teachers in this section are untrained. Unavailability of professionally qualified teachers has become a serious challenge in the proper implementation of the RTE Act. The student-teacher ratio specified in the Act created a huge demand for qualified teachers. This compelled many states to take exemption to abide by eligibility norms during recruitment. As a result, ineligible candidates were pushed into parachute teachers for running the education machinery.

The work of training of teachers is with the District Education and Training Institute (DIET), which has been formed after the National Policy on Education Policy, 1986. Most of the states - especially Bihar, Uttar Pradesh, Jharkhand, Orissa, Chhattisgarh, Assam and West Bengal - have never been bothered to develop. Ignored the appointments of institutional capacities and teacher trainers of these DIETs.

When the RTE was passed, it was estimated that a total of 10.6 lakh teachers would be required to have professional training, which was to be completed within five years from the implementation of the RTE Act - till March 2015. However, in 2016 the number of unqualified teachers was also standing. According to the Parliament, according to the Ministry of Human Resource Development 11 lakh Therefore, an amendment bill was passed to give these teachers the time till March 2019 to achieve the minimum qualification.

But here's a problem. According to the National Council for Teacher Education Teacher Recruitment Norms (2011), the prescribed qualification for obtaining the desired diploma or degree requires 2-4 years of studies. If March 2019 is the deadline,

Haryana has developed workbooks in different social science subjects. These books have all sorts of questions-small, long, map work, multiple choice as well as questions on pictures but students were hardly observed using this workbook. This workbook is meant to be done in the classroom but as children shared with the investigator their teachers told them to do it at home. With regard to the evaluation methods the investigator found out that schools were following CCE as they understood it. The methods adopted for the continuous evaluation were monthly unit tests, half-yearly examination and annual examination etc. No school has made it mandatory to pass any examination for going to the next higher class. Not all, but some schools have got profile books for every student where a teacher can record things about the individual student. In these profile books several things are mentioned covering different subjects and areas which are required for assessment. There are so many things to record in the book that teachers are really reluctant to make entry in these books. Because of these recording works they complained that CCE should be scrapped which is adversely affecting their actual teaching-learning. The investigator observed that there is a wide gap between policy interventions[12]and how it is actually perceived and implemented in the field. The actual motive behind CCE as a way to assess child's understanding of knowledge and or her ability to apply the same has been taken over by some mechanical activities of doing some projects by copying and pasting things from the textbook and entering it in the profile books of children. [13]

6. Teacher training - The Act[8] demands for qualified teachers and also makes way for teachers to receive in service training to enable them to acquire the requisite certifications within a period of 5 years. Research[14, 23] shows that teacher qualification, preparation of teaching and learning, content knowledge, and experience, are important factors contributing towards teacher effectiveness. The in service teacher training helps the teachers to be more systematic and logical in their teaching style[15]. The investigator observed that though, most of these government schools had qualified teachers, they had little information about advances in different subjects and they were not equipped to take corrective action as the law prescribes regarding CCE.

7. No detention policy - Section 16 of RTE Act prohibits holding back and expulsion of a child from school till the accomplishment of elementary education. The 'no detention' provision in the RTE Act does not mean that children's learning will not be assessed. The RTE Act makes provision of continuous and comprehensive evaluation (CCE) procedure which will enable the teacher to assess the child's learning and performance in a more constructive way. Several states including Haryana have taken steps to implement some form of CCE as they understand it. But as the investigator observed, in the name of CCE these schools are conducting activities which are very mechanical in nature and only aim at keeping children busy without learning anything substantial. Children come to these schools, get a free meal and it bothers to no one whether they are making any progress at all. The Annual Status for Education Report (ASER) – Rural, 2012[16]also states that enrollment levels have been 96% or more but 58.3% of children enrolled in Class V(government schools across rural India) cannot even read Class 2 text. The investigator observed teachers saying that 'whether students learn anything or not, they are going to be promoted to the next class as per the RTE Act. So nothing is in our hands'. Teachers perceive passing of examination as a criteria for being promoted to the next higher class. Teachers should be made appraised that 'pass' 'fail' options are not a necessary requirement for learning. A child would not acquire any special resource to handle the same syllabus

for yet another year by just repeating a class. There is no evidence that suggests that the quality of the learning of the child improves if the child is failed[17].

8. School Management Committees - To encourage parent and broader community participation in school monitoring and decision-making the ACT makes provision for schools to form a School Management Committee (SMC) with at least 75% of parents of children in the school of which fifty percent are to be mothers. SMC's are empowered to monitor the performance of schools and the use of government grants, to prepare school development plans and to fulfill other functions prescribed by state governments. During three months study the investigator did not find any parent teacher meeting or meeting of SMC members. The Head teacher and other school teachers in their informal talks shared that '*parents are not interested in coming to school because for them coming to school simply means losing a day's salary*'. So provision of SMC does not have any meaning for these schools where children are first generation learners and where parents are daily wage manual labourers. On the other hand, studies show[18] that communities can have a positive impact on school effectiveness. Whatever research is available on community engagement show that communities active role in school improvement often leads to many positive outcomes including improved student achievement. When schools involve families in positive ways, rather than labeling them as problems, such schools can easily be transformed from places where only some students flourish to one where all children do well.

9. Status of poor kids in the private schools - The RTE Act, 2009 opens the doors of private schools for children with a weak background. But the main challenge comes from the perspective of the private school administrators. A horrific question is how much parents are willing to send their children to private schools, even if education is free? Even if they are interested, children will be exposed to a different life level suddenly. Will they be treated with dignity and equality by their peers and teachers? Would not it be sad for poor children?

Apart from this, what about overhead expenses like uniforms, books, stationery etc. to participate in a private school? It is more likely that parents will feel intimidated by the idea of sending their children to private schools. Regarding the private school's stone-making strategy to keep poor children away. As a result, most private schools which accommodate poor children are mostly school with low budget low budget.

10.Recognition Process for State Schools - Section 19 states that Government schools must fulfill the minimum requirements of the schedule but the Act does not say anything on the action that will be taken against those schools which are not been able to fulfill minimum requirements for quality mentioned in the schedule. There is no library for children in school and safe drinking water facility.

11. Exercise of rights - The rights of pupils to education include right in education and in the classroom. This Act not only bans the corporal punishment of children but has also made it an offence to subject them to mental harassment. The Act makes provision of the establishment of the National/ State Commissions for Protection of Child Rights. NCPCR/SCPCR is also made responsible for monitoring out-of-school children to facilitate their access and participation in the schooling system. This would include children who have never enrolled or have dropped out, children who are temporarily absent, and children who are permanent migrants, who migrate seasonally with their parents. In Haryana, Right to Education Protection Authority[19] has been set up as an interim measure. One of the most important observations is that physical punishment or mental harassment is not a practice in any of the school. But the investigator did not observe any designated authority at the habitation level where violations of the Act can be registered, investigated and responded within a definite time frame.

12. Perception of Parents - All parents are aware of free elementary education in the government school. Majority parents shared that classrooms and schools are not cleaned regularly; classes are not regularly held. When further explored to find out the reasons for the irregular classes, they said irregularity of the teachers; some teachers come to the school on alternate days. Most of the parents are not satisfied with the teaching methods adopted in the schools. They feel effective teaching methods should be used like use of visual aids, regular class tests, continuous feedback to the parents, sufficient lab equipments, computer classes, regular classes, special coaching to the students, field visits, quizzes and vocational work for the students. Parents feel that teachers just teach and do not interact with the students, no homework is given to the students and teachers give less importance to the academic work. Most of the parents say that their children are not satisfied with the school. The reasons cited by them are, schools have no proper infrastructure, no electricity, no regular teaching, no cocurricular activities etc. When asked whether principals and teachers motivate the non-enrolled children to take admission in the schools, most of the parents said no.

13. Perception of Children - The investigator observed that most of the children are not aware of the benefits of the RTE Act. It is important to note that majority students are dissatisfied with the cleanliness of the schools; boring teaching methods followed in the schools; attention given by the teachers to the children; regularity of classes. They also shared that principals and teachers do not motivate children in the schools. In one of the schools while talking to students about their aspirations the investigator found one girl with tears in her eyes saying, '*ye log hauslanahidete'* *(*they do not give us any motivation). This reminds the investigator of famous lines, '*manzilna de chiragna de hausla to de'(*do not show light or take us to our destination

but at least give us some motivation*)*. In schools of Haryana students use NCERT textbooks published by their state and in these NCERT books there are many activities and questions which promote critical thinking. But the investigator observed that many such questions and activities were not done with students and when the investigator discussed the content of these textbooks, raised questions, conducted quiz, role play and other such action oriented exercises, students found the subject to be very interesting. Workbook activities were done by students regularly during the study period and for all this a few words of appreciation-motivation was required. As teachers, we know that if our students are motivated to learn, our work becomes a pleasure.[20]

References :-

1. Aradhya N. and Kashyap A., The 'Fundamentals' of the Fundamental Right to Education in India, Books for change, Bangalore **(2006)**
2. NaliniJuneja, India's Historic Right to Free and Compulsory Education for Children Act 2009, The Articulation of A New Vision, In KazuyoMinamide and
3. Pillai Chandrasekharan, Right to Education in India, A report, Second International Conference on Law, Organized by UNESCO, New Delhi and the Indian Society of International Law **(2004)**
4. MHRD: National Policy on Education (New Delhi, MHRD), para 4(4) **(1968)**
5. MHRD: National Policy on Education (New Delhi, MHRD), para 3.2. **(1986)**
6. http://indiacode.nic.in/coiweb/amend/amend86.htm
7. *Ministry* of Human Resources Development: The Right of Children to Free and Compulsory Education Act 2009 (New Delhi: MHRD) **(2009)**
8. Model Rules under the Right of children to free and compulsory Education Act **(2009)** http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/RTI_Mode l_Rules.pdf
9. School libraries and student achievement in Ontario, the Ontario Libarary association, Toronto, Ontario, **(2006)**
10. Arko-Cobbah A., The Role of Libraries in StudentCentered Learning: The Case of Students from the Disadvantaged Communities in South Africa. *TheInternational Information & Library Review*, **36**, 263-271 **(2004)**
11. School Libraries Work, Research foundation paper, Scholastic Library Publishing, 3rd edn. **(2008)** available at www.scholastic.com/content/collateral_resources/pdf/s/sl w3_2008.pdf
12. National Council for Educational Research and Training, National Focus Group on Examination Reforms, Position Paper (New Delhi, NCERT) **(2005)**
13. Lance K.C., Hamilton-Pennell C., Rodney M.J., Petersen L. & Sitter C., Information empowered: The school librarian as an agent of academic achievement in Alaska schools. Anchorage, AK: Alaska State Library, 1-3 **(1999)** available at http://www.library.state.ak.us/pdf/anc/infoemxs.pdf
14. Darling-Hammond, L. Powerful Teacher Education: Lessons from Exemplary Programs**.**San Francisco: John Wiley and Sons **(2006)**
15. Kazmi S.F., Pervez T., Mumtaz S., In-Service Teacher Training in Pakistani Schools and Total Quality Management*Interdisciplinary Journal Of Contemporary Research In Business*, **2**, 238-248 **(2011)**
16. Annual Status of Education Report, rural (ASER) report, Pratham, ASER Centre, New Delhi **(2013)**
17. The Right of children to free and compulsory Education Act, 2009 Clarification on Provisions, available at http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/RTE_Section_wise_rationale_rev_0.pdf
18. Family, School and Community Connections: Improving Student Learning, IOWA School Boards Foundation, **1(6)** 1-6 **(2007)**
19. Lance K.C., Hamilton-Pennell C., Rodney M.J., Petersen L. & Sitter C., Information empowered: The school librarian as an agent of academic achievement in Alaska schools. Anchorage, AK: Alaska State Library, 1-3 **(1999)** available at http://www.library.state.ak.us/pdf/anc/infoemxs.pdf
20. Mukunda V., Kamala, What did you ask at school today? A Handbook of child learning, Harper Collins Publisher **(2009)**

****

पर्यावरण संरक्षण में उच्चतम न्यायालय की भूमिका का अध्ययन

डॉ. जैनेन्द्र कुमार पटेल*

शोध सारांश – हमारे चारों तरफ प्रकृति तथा मानव निर्मित जो भी जीवित तथा निर्जीव वस्तुएं हैं वे मिलकर पर्यावरण बनाती हैं। पर्यावरण का संरक्षण वर्तमान में वैश्विक चिन्ता का विषय है। पर्यावरण का संबंध सम्पूर्ण प्रकृति के साथ है। स्टाक होम सम्मेलन, रियो घोषणा इत्यादि वैश्विक सम्मेलनों में बढ़ती हुई पर्यावरण प्रदूषण के संबंध में वृहद दिशानिर्देश जारी किये गये इससे स्पष्ट होता है कि पर्यावरण की समस्या एक प्रमुख समस्या है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण के संरक्षण हेतु विभिन्न अधिनियम लागू किये गये हैं परन्तु इन अधिनियमों का उद्देश्य तभी सफल होगा जब इनका समूचित पालन हो सके। पर्यावरण के संबंध में उच्चतम न्यायालय ने अपने प्रारंभिक दशकों से वर्तमान तक अपनी विभिन्न निर्णयों में कार्यपालिका एवं व्यवस्थापिका को विभिन्न दिशा निर्देशों के माध्यम से दिया है। इस शोध पत्र में माननीय उच्चतम न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों के निर्णयों के संबंध में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

कुंजी शब्द – पर्यावरण, न्यायालय, वाद विधियां।

अध्ययन का उद्देश्य – इस शोध पत्र के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा अग्रणीय वाद विधियों का अध्ययन करना है।

शोध प्रविधि – यह शोध पत्र सैद्धांतिक विधि पर (द्वितीयक आकड़ें) आधारित है। इस विधि में सर्वमान्य ग्रन्थों तथा उच्चतम न्यायालय के विभिन्न जर्नलों से प्राप्त समंकों का विश्लेषण किया गया है।

विवेचना – उच्चतम न्यायालय ने स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रत्याभूत प्राण के अधिकार का भाग माना है। अनुच्छेद 21 मे कहा गया है कि किसी व्यक्ति को उसके प्राण और दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार छोड़कर अन्यथा वंचित नहीं किया जाएगा। पर्यावरण प्रदूषण द्वारा कारित प्रदूषित वातावरण से धीरे–धीरे जहर दिया जाना संविधान के अनुच्छेद 21 का अतिक्रमण है। वास्तव में अनुच्छेद 21 के अधीन प्रत्याभूत प्राण के अधिकार में प्रकृति के उपहार का संरक्षण और परिरक्षण अंतर्वलित है, जिसके बिना जीवन का निर्वाह नहीं किया जा सकता है। यह सुस्थापित तथ्य है कि प्राण के अधिकार और पर्यावरण में घनिष्ट संबंध है। मूल अधिकारों और विशेष कर प्राण के अधिकार की बात निरर्थक हो जाएगी यदि स्वस्थ वातावरण जीने के लिये नहीं रहता है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रमुख वाद विधियों का अध्ययन प्रस्तुत है।

रूरल लेटिगेशन एण्ड इन्टाइटिलमेण्ट केन्द्र बनाम उत्तरप्रदेश राज्य – इस मामले में उच्चतम न्यायालय देहरादून में कार्यरत कतिपय चूना पत्थर के खदानों को बंद करने के लिए आदेश इस आधार पर दिया कि उनमें खतरों के बारे में गंभीर कमियां थी, जो कार्य क्षेत्र की पारिस्थितिकी को प्रभावित करने के लिए सम्भाव्य था।

एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ – यह मामला जो गैस लीक मामले के नाम से विख्यात है, उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम फुट एण्ड फर्टीलाइजर कम्पनी को कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व आवश्यक सुरक्षा उपाय करने का आदेश दिया क्योंकि कम्पनी परिसंकटमय तथा घातक रसायनों की थी जो पड़ोस में रहने वाले लोगों तथा कर्मकारों के जीवन तथा स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न करती थीं। न्यायालय ने ओलियम गैस के रिसाव से पीड़ितों के प्रतिकर दावों के भुगतान के लिए प्रतिभूति के रूप में 20 लाख रूपयें और न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक प्रतिभूति के रूप में 15 लाख रूपयें की धनराशि के रूप में निक्षेप का भी निर्देश दिया।

इण्डियन काउंसिल फॉर इनवायरो लीगल एक्सन बनाम भारत संघ – इस मामले में यह संप्रेक्षण किया गया है कि– 'प्रदूषण चाहें हवा का हो या जल का प्रदूषण है और मानवजाति के लिए घातक है। अब समय आ गया है, जब प्रदूषण निवारण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन, प्रशासन एवं स्वैच्छिक संगठनों को पहल करनी होगी।'

अभिलाष टेक्साटाइल्स बनाम राजकोट नगरपालिका निगम – के मामले में तथ्य इस प्रकार थे कि याचीगण अपनी फैक्ट्री का गंदा पानी सार्वजनिक सड़क पर और सार्वजनिक जल निकास की नाली में शुद्ध किए बिना छोड़ रहे थे, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को क्षति हो रही थी।

उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि कोई व्यक्ति इस प्रकार कारोबार नहीं कर सकता है, जिससे कारोबार क्रियाकलाप समस्त समाज के लिये खतरा हो जाए।

एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ – इस मामले में चर्मशोधन शालाएं शोधनालय अपने कारखाने से बड़ी मात्रा में बहि:स्त्रावी जल पवित्र गंगा में बहा रही थीं, जिससे जल प्रदूषण हो रहा था। कई वर्षो से कहे जाने के बावजूद भी उनके द्वारा प्राइमरी अभिक्रिया संयंत्र नहीं स्थापित किए गए और वे प्राइमरी शोधन संयंत्र स्थापित करने के लिये कोई इच्छा भी नहीं व्यक्त कर रही थी। तदनुसार उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित आदेश पारित किया–

'हम इसलिए उन चर्मशोधन शालाओं को बंद करने के लिये निर्देश दे रहे हैं, जो औद्योगिक बहि:स्त्राव के लिये अपेक्षित प्राइमरी शोधन अभिक्रिया के बारे में न्यूनतम कदम उठाने में असफल रहे है। हम इसके प्रति सचेत है कि चर्मशोधन शालाओं के बंद किए जाने से बेरोजगारों और राजस्व की हानि होगी परंतु जीवन, स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी का जनता के लिये महत्व अधिक बढ़ा है।'

* सहा. प्राध्यापक, डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

एम. सी मेहता बनाम भारत संघ – इस मामले मे उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि कतिपय उद्योग जिन्होंने उच्चतम न्यायालयों के पूर्ववर्ती आदेश के अनुपालन में वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली के संस्थापन के बारे में कोई प्रगति नहीं दिखाई है, बंद कर दिए जाए।

टेहरी विरोधी संघर्ष समिति बनाम उ. प्र. राज्य – में उच्चतम न्यायालय ने गैर सरकारी संगठन की याचिका पर सरकार के बांध निर्माण संबंधी निर्णय की छानबीन की। न्यायालय ने पाया कि विभिन्न समितियों की रिपोर्ट में बांध की सुरक्षा उपायों की व्यवस्था थी अत: याचिका को खारिज कर दिया।

एफ. बी. तारापोर वाला बनाम वेयर इण्डिया लिमिटेड – के मामले में थाणे की अधिक जनसंख्याा वाले क्षेत्र से रसायन उद्योग के हटाने के संबंध में न्यायालय ने महसूस किया कि इसके पास विशेषज्ञ जानकारी नहीं है। अत: न्यायालय ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 (3) के अंतर्गत एक प्राधिकारी की नियुक्ति का निर्देश दिया जो पूरे प्रकरण की छानबीन करे।

इण्डियन काउन्सिल फार इन्वायरो लीगल ऐक्शन बनाम भारत संघ – के मामले में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार या प्राधिकारी औद्योगिक इकाइयों से प्रदूषण शुद्ध रखने के दायित्व को पूरा कराने में असफल है तो उच्चतम न्यायालय नागरिकों के मूल अधिकारों के प्रवर्तन हेतु हस्तक्षेप करेगा।

डॉ. अशोक बनाम भारत संघ – के मामले में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अनु. 21 में वर्णित जीवन की वृहद व्याख्या कर प्रदूषण के द्धारा कारित स्वास्थ्य परिसंकट को इसके अंतर्गत सम्मिलित किया गया है।

आंध्र प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बनाम प्रो. एम. वी. नायडू – में उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच मूल अधिकार है और राज्य का अपने नागरिकों को स्वच्छ जल प्रदान करने का दायित्व/कर्तव्य है। कई मामलों में प्रदूषित पर्यावरण को एक धीमा जहर मानते इसके कारकों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

राजस्थान राज्य बनाम जी. चावला – के मामले में उच्चतम न्यायालय ने इसको वैध अभिनिर्धारित किया। इस अधिनियम में यह अपेक्षा की गई थी कि 6 फीट से ज्यादा उंचाई पर लागऐ गये लाउड स्पीकर जो 30 गज से ज्यादा दूरी तक आवाज दें उसके लिये अनुमति आवश्यक है।

उपसंहार – पर्यावरण संरक्षण में माननीय उच्चतम न्यायालय की अतुलनीय भूमिका रही है। इस शोध पत्र में प्रमुख मार्गदर्शक वाद विधियों को अध्ययन का आधार बनाया गया है। उनके विश्लेषण उपरांत निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं।

1. उच्चतम न्यायालय ने जहाँ एक ओर अंधाधूंध पहाड़ों की कटाई को रोकने के लिए जो दिशा निर्देश दिये हैं वह पारिस्थितिक तंत्र के लिए आवश्यक है।
2. न्यायालय ने गंगा के प्रदूषण को मानव समुदाय के लिए खतरा बताते हुए गंगा के सफाई को महत्वपूर्ण बताया।
3. उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच मूल अधिकार है और राज्य का अपने नागरिकों को स्वच्छ जल प्रदान करने का दायित्व/कर्तव्य है।

अंत में निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए विभिन्न समयों में जो दिशा निर्देश दिये हैं वे वर्तमान में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ए. आई. आर. 1985
2. एस. सी. सी. 1988
3. ए. आई. आर. 1996
4. ए. आई. आर. 1988
5. ए. आई. आर. 1988
6. एस. सी. सी. 1994
7. एस. सी. सी. 1996
8. एस. सी. सी. 1996
9. एस. सी. सी. 1999
10. एस. सी. सी. 2001
11. ए. आई. आर. 1959

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

चंद्रकान्त देवताले के काव्य में परिवार विमर्श की रचना का संवेदना पक्ष

प्रो. मुकेश भार्गव *

प्रस्तावना – प्राय: समकालीन सभी कवियों ने अपनी कविता में विसंगति, विडम्बना, विद्रूपता, तनाव, दमन, अत्याचार, भ्रष्ट व्यवस्था, राजनीति के विकृत रूप और विघटित समाज की, सांस्कृतिक मूल्य जो धीरे–धीरे पतनशीलता की ओर वृद्धिगत हो रहे थे, धर्म में इसमें और भी विकृत रूपधारण किया था, छद्म मुखौटाधारी संस्कृति और दूषित राजनैतिक परिवेश, आतंक का साया की बात समकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ रही हैं। व्यवस्था इतनी निर्मम और क्रूर है कि उसने व्यक्ति को सत्वहीन बना लिया है।

समकालीन कवियों ने सत्ता के हठ, निर्ममता, निरंकुशता और दमन की नीतियों का खुलकर विरोध किया था।

डॉ. गुरचरणसिंह ने समकालीन कवियों की अपनी कविताओं में कहा है कि –'समकालीन कवियों ने अपने भोगे हुए अनुभवों को वैयक्तिक अनुभूतियों, स्मृतियों, आकांक्षाओं कोअभिव्यक्ति दी है। नारियों ने अपनी पीड़ा पाठकों के सामने रखी है तो दलित लेखकों को युगों से हो रहे अन्याय, अपमान, शोषण, दमन, अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाई है' समकालीन कवि की प्रमुख प्रवृत्ति के रूप में टूटती हुई आस्थाओं और खंडित होते हुए मानव जीवन को देखकर कवि मानस प्रबुध्द हो जाता है। इसलिए समकालीन काव्य के दौर में जर्जर परम्पराओं रुढ़ियों और टूटते हुए मूल्यों को समाप्त करने का कवियों ने अपनी रचनाओं से प्रयास किया है। समकालीन कवियों ने अपने कालखण्ड की पारम्परिक मान्यताओं को ठुकराकर नये मूल्यों की ओर झुकाव बढ़ता गया।

कवि पूंजीपतियों और शोषणकर्ताओं के अत्याचार पीड़ित है। इसलिए कवियों ने इस स्थिति को देखकर आक्रोश व्यक्त किया है। व्यक्ति राजतंत्र के हथकंडों से परेशान है। प्रशासनिक व्यवस्था भ्रष्ट हो चुकी है। क्रुद्ध युवा जो बुद्धिजीवी है, उनके मन में मानवीय मूल्यों और मानवीय आदर्श खोखले लगने लगे हैं। समकालीन कवियों ने आजादी के खोखलेपन को घोषित किया है। उन्होंने राजनीति नारों की निरर्थकता को उजागर किया है। अभावग्रस्त नारों की निरर्थकता को उजागर किया है। अभावग्रस्त जनता की असह्य पीड़ा को समकालीन कवि ने महसूस किया है और अनेक समकालीन कवियों ने इनको भी व्यक्त किया है। इस प्रकार समकालीन कविता में आर्थिक द्वंद्व ने आज लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। देश की धार्मिक और सांस्कृतिक स्थिति में भारी परिवर्तन आये। ईश्वरीय सत्ता के प्रति बुद्धिजीवी साहित्यकारों ने प्रश्नचिह्न खड़े किये। फलत: कवियों ने ईश्वरीय सत्ता तक को पाखण्ड के बढ़ने से ईश्वरीय श्रद्धा के प्रति अनास्था पैदा हुई। पारम्परिक नैतिक मूल्यों और मान्यताओं में तेजी से विघटन होता गया। देश की संस्कृति और सभ्यता को भी आँच आने लगी। हताशा, कुण्ठा, पराजय और अनास्था के कारण लोगों की मानसिकता में विकृतियाँ पैदा होने लगी। समकालीन कवि का हृदय संत्रास और तनाव से भर गया। अनेक लोग अध्यात्म की बात करते है लेकिन देवताले ने यह अध्यात्म बगैरह को कभी आकर्षित नहीं किया। कवि ने अपने मनुष्य होने के प्रति विश्वास बनाये रखने को अधिक सार्थक माना। कवि ने पाखण्ड और पाडित्य प्रदर्शन को भी अस्वीकार किया। चद्रंकात देवताले ने सन् 1971 में **'थोड़े से बच्चे और बाकी बच्चे'** नामक कविता दिनमान में काफी प्रशंसित रही। **'भूखण्ड तप रहा है'** में कवि ने अपनी आत्मकथा जैसी अपने गाँव, खेत, रश्तेदार, तमाम बातों का जिक्र किया उन सबको अपना जीवन बनकर व्यक्त किया है। विवेक गुप्ता, आशुतोष दुबे और रवीन्द्र व्यास से साक्षात्कार में पूछे गये प्रश्न में 'स्त्रियों पर आपने जो कविताएँ लिखी है, क्या आपके जीवन में स्त्रियों की कोई विशेष भूमिका रही ? के प्रत्युत्तर में – चन्द्रकान्त देवताले ने कहा कि – 'हम अपने समाज में स्त्रियों को उनका दु:ख, उनकी यातना, उनका समर्पण, उनकी मेहनत यह सब निरन्तर देखते है। आदमी खाता रहता है औरत काम करती रहती है, मरती खपती– रहती है' स्त्रियों के काम का, कोई मूल्यांकन नहीं होता है।' सामाजिक प्रतिबद्धता के संदर्भ में कवि देवताले जी का कहना है कि 'हम समाज के एक अभिन्न अंग है। समाज का अगर कोई हिस्सा दरकता है या टूटता है तो हम भी कहीं न कहीं टूटते है और हम कहीं न कहीं समृद्ध होते है तो हम यह देखना चाहते है कि हमारे आसपास भी उससे समृद्ध होगा या नहीं।'वैयक्तिकता खंडित होने के खतरे की और संकेतित करते हुए देवताले जी कहते हैं कि, आज हमारी व्यवस्थाएँ इस तरह से नष्ट हो गई है और समाज इस तरह से गड्ड–मड्ड हो गया है जिसमें पूंजीवाद अपने नए–नए चेहरे दिखा रहा है, सामंतवाद नए–नए चेहरे दिखा रहा है। 'उनके बारे में बहुत आसानी से कहा नहीं जा सकता।' साठोत्तरी के दौर से चन्द्रकान्त देवताले की काव्य–यात्रा शुरू की प्रारंभ में अकविता के क्षेत्र में भी विद्रोही कवि के रूप में उन्होंने काव्य रचनाएँ कीं। **'दीवारों पर खून से'** काव्य संकलन से लेकर **'पत्थर फेंक रहा हूँ '** तक उनके काव्य जगत् का विस्तार हुआ। महानगरीय जीवन, और कवि कर्म के सन्दर्भ में डॉ. आशासिंह सिकरवार कहती है कि – 'महानगरीय जीवन में दिनोदिन पनप रही स्वार्थपरता, सीमित दायरे, अजनबीपन, अकेलापन, निरर्थक बोध घर कर रहा है जिसे देवताले ने अपनी कविताओं में प्रभावी तरीके से प्रकट करते है।' यांत्रिकता ने मनुष्य को भी यांत्रिक बनाना शुरू किया है तभी तो जीवन अकि कष्टप्रद हो गया है।

वर्तमान में राजनेता सत्ता प्राप्त करने के लिए आदमी की हत्या एवं साम्प्रदायिकता की आग में जलता हुआ शहर देवताले के काव्य संसार में

* व्याख्याता, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

विशिष्ट रूप से शब्द बद्ध हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समकालीन कविता का सच- डॉ. गुरचरण सिंह - पृ. 11
2. मेरे साक्षात्कार- चंद्रकांत देवताले, पृ. 72
3. मेरे साक्षात्कार- चन्द्रकान्त देवताले, पृ. 82
4. मेरे साक्षात्कार- चन्द्रकान्त देवताले, पृ. 86
5. चन्द्रकान्त देवताले की कविताएँ- डॉ.आशासिंह सिकरवार, पृ. 462-466

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

छत्तीसगढ़ राज्य की गैर औषधीय लघु वनोपज के व्यापार का एक अध्ययन (आंवला के विशेष संदर्भ में)

राकेश कुमार गुप्ता *

शोध सारांश – आंवला का औषधीय एवं खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग होने के कारण इसकी मांग औषधि निर्माण उद्योग में अधिक है। छत्तीसगढ़ राज्य में बड़ी औषधि निर्माण इकाइयों की स्थापना नही हुई है। इसके बावजूद लघु इकाइयों द्वारा इनकी खपत की जाती है और साथ ही अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के बाजारों में इसका विक्रय किया जाता है, जहां औषधि एवं अन्य खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जाता है।

शब्द कुँजी –एग्रोक्लाइमेटिक जोन, अराष्ट्रीयकृत औषधीय लघुवनोपज, संपोष्य विकास एवं प्रसंस्करण।

प्रस्तावना – छत्तीसगढ़ राज्य में सूखे आंवला का वार्षिक उत्पादन लगभग 31,000 क्विंटल है एवं रू. 30/- प्रति किलो दर से रू. 9.30 करोड़ का वार्षिक व्यापार होता है। आंवला का उपयोग कई तरह की औषधियों के निर्माण एवं खाद्य पदार्थ बनाने में किया जाता है। इन्हीं कारणों से आंवले की मांग बनी रहती है। राज्य में आंवले के मुख्य उत्पादन क्षेत्र वनमंडलवार नीचे दी गई तालिका-1 में दर्शाए गए हैं। इस तालिका-1 का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि बस्तर पठार एवं सरगुजा क्षेत्र के एग्रोक्लाइमेटिक जोन के कुछ भागो जैसे कांकेर, सुकमा, बीजापुर, मनेन्द्रगढ, पूर्व सरगुजा, मरवाही एवं कवर्धा क्षेत्रों में आंवला अधिक मात्रा के उपलब्ध है, अत: आंवला संग्रहण एवं प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु उक्त क्षेत्र उपयुक्त सिद्ध हो सकते हैं।

तालिका 1 आंवला के मुख्य उत्पादन क्षेत्र

क्र.	उत्पादन हेतु उपयुक्त जिला यूनियन	स्थानीय बाजार	वार्षिक उत्पादन मात्रा (क्वि.में)
1	जगदलपुर	माचकोट, जगदलपुर	500
2	दंतेवाड़ा	भैरमगढ़, बचेली, छिन्नार, गीदम	500
3	सुकमा	कोन्टा, करेलापाल	1500
4	बीजापुर	बीजापुर	3000
5	कांकेर	कोरार, संबलपुर	1000
6	पूर्व भानुप्रतापपुर	टंतागढ़, आमाबेडा	1000
7	पश्चिम भानुप्रतापपुर	कोयलीबेड़ा, कापसी	800
8	उत्तर कोण्डागांव	केशकाल, बड़ेराजपुर	500
9	दक्षिण कोण्डागांव	माकडी, हीरापुर, केशकाल	500
10	नारायणपुर	बेनूर, छोटेडोंगर	500
11	धमतरी	नगरी, धमतरी	500
12	पूर्व रायपुर	गरियाबंद, धवलपुर, छुरा	1000
13	उदंती	मैनपुर, लोरेगा	1500
14	दुर्ग	बालोद, डोंडी लोहारा	500
15	राजनांदगांव	चौकी, छुरिया	500
16	खैरागढ़	मोहगांव, साल्हेवारा	1500
17	कवर्धा	चिल्फी, बोडला, पंडरिया	2000
18	बिलासपुर	डिण्डौरी, लोरमी, तखतपुर	1500
19	मरवाही	मरवाही	3000
20	कोरबा	मदनपुर, भैसमा	1000
21	कटघोरा	पासान, पाली, कोरबी	200
22	उत्तर सरगुजा	रघुनाथपुर, प्रतापपुर, वाड्रफनगर	500
23	दक्षिण सरगुजा	सूरजपुर, भईयाथान	2000
24	पूर्व सरगुजा	बलरामपुर, रामानजुगंज	2000
25	कोरिया	कोरिया, बैकुण्ठपुर	500
26	मनेन्द्रगढ़	मनेन्द्रगढ़, केल्हारी, जनकपुर	3000
	योग		**31,000**

उद्देश्य : छत्तीसगढ राज्य के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप 1 नवम्बर 2000 देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ की स्थापना की गई। मूलत: यह राज्य विपुल वन संसाधनों एवं खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत सदैव उपेक्षित रहा। प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं-

1. छत्तीसगढ़ राज्य में अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपजों के व्यापार एवं विपणन का अध्ययन करना।
2. छत्तीसगढ़ राज्य में गैर औषधीय लघु वनोपज आंवला के व्यापार एवं विपणन का अध्ययन करना।
3. अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला के व्यापार का छत्तीसगढ़ राज्य की आर्थिक स्थिति में सशक्त संभावनाओं का अघ्न करना।

शोध परिकल्पनाएँ :

1. छत्तीसगढ़ राज्य की अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला के व्यापार एवं विपणन की पद्धति असंतोषजनक है।
2. छत्तीसगढ़ राज्य की अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला के व्यापार एवं विपणन की महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं।

शोध प्रविधि एवं क्षेत्र :

1. अध्ययन हेतु द्वितीयक आंकड़ों का सहारा लिया जा रहा हैं।

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

2. यह अध्ययन छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित शंकर नगर रायपुर से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। इनसे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है और निष्कर्ष प्राप्त किये गए है।
3. अध्ययन का क्षेत्र छत्तीसगढ राज्य की अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला के व्यापार एवं विपणन पर आधारित हैं।
4. अध्ययन की समय सीमा पिछले पाँच वर्षो के उत्पादन एवं विपणन पर आधारित हैं।

शोध उपकरण – अध्ययन हेतु द्वितीयक आंकड़ों का सहारा लिया जा रहा हैं।

सांख्यिकी उपकरण – यह अध्ययन छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित शंकर नगर रायपुर से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। इनसे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है और निष्कर्ष प्राप्त किये गए है।

शोध व्याख्या – छत्तीसगढ़ राज्य को भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु के आधार पर तीन एग्रोक्लाइमेटिक जोन में वर्गीकृत किया गया है। ये तीन एग्रोक्लाइमेटिक जोन बस्तर पठार (सरगुजा, जशपुर कोरिया आदि क्षेत्र) है, इन तीनों क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार की गैर वनौषधियाँ उपलब्ध होती हैं। तालिका-1 में दर्शाये अनुसार मुख्य गैर वनौषधियों का संग्रहण करने हेतु संबंधित एग्रोक्लाइमेटिक जोन उपयुक्त है, तद्नुसार संग्रहण कार्य प्रणाली में सुधार या निजी क्षेत्र में खेती द्वारा इन वनौषधियों के उत्पादन में वृद्धि की जा सकती हैं।

राज्य के गैर औषधीय लघु वनोपज बाजार – वनोपज के मुख्य बाजारों के व्यापारियों द्वारा परम्परागत रूप से गैर-औषधीय लघुवनोपज का उचित मूल्य प्राप्त करने की दृष्टि से राज्य के धमतरी, रायपुर एवं जगदलपुर बाजार अत्यंत उपयुक्त हैं। सामान्यत: संग्रहणकर्ता द्वारा गैर-औषधीय वनोपज को संबंधित बाजार के स्थानीय व्यापारी से संपर्क कर मांग एवं गुणवत्ता के आधार पर व्यापारी द्वारा निर्धारित मूल्य पर विक्रय जाता है।

राज्य के मुख्य गैर-औषधीय लघुवनोपज व्यापारी – छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बाजारों के गैर-औषधीय व्यापारियों द्वारा क्रय-विक्रय की जाने वाली मात्रा एवं दर, देश के अन्य बाजारों में इनकी मांग पर निर्भर करती है। गैर-औषधीय लघुवनोपज प्रजातियों की मांग एवं उत्पादन अधिक या कम होने से भी इनकी दरों में अंतर आता रहता है। इस प्रकार मांग और आपूर्ति में अंतर आने पर इनकी दरों में काफी उतार चढ़ाव आता रहता है।

देश के मुख्य गैर-औषधीय लघुवनोपज बाजार – छत्तीसगढ़ राज्य की गैर-औषधीय लघुवनोपज को देश की विभिन्न राज्यों की मंडियों में विक्रय किया जाता है। मुख्य गैर-औषधीय लघुवनोपज प्रजातियों को उनके उपयोग एवं मांग के अनुसार देश के बाजारों में उपलब्ध कराया जाता है। उदाहरणत: इमली हेतु मुख्यत: दक्षिण भारत में आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों में, छत्तीसगढ़ की उत्पादित मात्रा का एक बड़ा भाग विक्रय किया जाता है। इस प्रकार देश के उत्तर, दक्षिण एवं मध्य भागों में गैर-औषधीय लघुवनोपज प्रजातियों की मांग होने के कारण इन राज्यों के व्यापारियों एंव उद्यमियों से संपर्क कर उचित दरों पर विक्रय की कार्यवाही की जा सकती हैं।

तालिका 2- देश के मुख्य गैर-औषधीय लघुवनोपज बाजार

क्र.	राज्य	बाजार	गैर-औषधीय लघुवनोपज
1	छत्तीसगढ़	धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, अम्बिकापुर	कुसुम, इमली, कोसा, महुआ, तिखुर, करंज, माहुल, चिरौंजी, पलाश लाख, चरौटा
2	मध्यप्रदेश	इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर	महुआ, तिखुर, इमली, करंज, कुसुम, चिरौंजी, पलाश लाख, बैचांदी
3	उत्तरप्रदेश	आगरा, लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, गाजियाबाद	करंज, चिरौंजी, पलाश लाख, महुआ, इमली
4	आंध्रप्रदेश	विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम,हैदराबाद, सालूर, गुंटुर	तिखुर, करंज, माहुल, चिरौंजी, पलाश लाख, महुआ, इमली
5	कर्नाटक	बैंगलोर	महुआ, करंज, माहुल, चिरौंजी, इमली
6	तमिलनाडू	चैन्नई, नागरकोइल,थैनी	महुल, चिरौंजी कुसुम, करंज, पलाश लाख, इमली
7	दिल्ली	दिल्ली	कुसुम, इमली, कोसा, महुआ, पलाश लाख, चिरौंजी, बैचांदी
8	महाराष्ट्र	मुबंई, नागपुर, गोंदिया	करंज, चिरौंजी, पलाश लाख, कुसुम, महुआ, इमली

राज्य में स्थापित लघु वनोपज आधारित मुख्य प्रसंस्करण इकाईयाँ – छत्तीसगढ़ राज्य में प्रसंस्करण इकाईयों का विकास अपर्याप्त है। औषधीय लघुवनोपज प्रजाति पर आधारित इकाईयों की संख्या राज्य में नगण्य है परन्तु गैर-औषधीय लघुवनोपज प्रजातियों पर आधारित कुछ प्रसंस्करण इकाइयाँ छत्तीसगढ़ राज्य भर में स्थापित हैं इन प्रसंस्करण इकाइयों से संपर्क कर कच्ची लघु वनोपज विपणन हेतु चजण किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित प्रसंस्करण इकाइयों का प्रजाति एवं उत्पाद के आधार पर विवरण निम्नानुसार तालिका 3 में दिया गया हैं। उपरोक्त तालिका-3 से यह स्पष्ट होता है कि राज्य में कुसुम तथा पलाश लाख एवं महुआ तथा कुसुम तेल की क्रमश: 18 एवं 19 प्रसंकरण इकाईयाँ स्थापित हैं। इनके अलावा इमली (स्टार्च पाउडर) एवं चार गुठली की भी प्रसंस्करण इकाईयाँ अधिक मात्रा में स्थापित है। साथ ही माहुल पत्ते से दोना पत्तल निर्माण की 22 लघु प्रसंस्करण इकाइयाँ राज्य में स्थापित है। जिनसे स्थानीय निवासियों को रोजगार के अतिरिक्त साधन प्राप्त होते हैं, अत: इन लघु वनोपजों का संग्रहण कर उपरोक्त उद्यमियों से संपर्क कर विपणन हेतु अनुबंध किये जा सकते हैं।

तलिका 3- राज्य में स्थापित लघु वनोपज की प्रसंस्करण इकाइयों का विवरण

क्र.	प्रजाति	उत्पाद	इकाई संख्या
1	इमली (बीज)	स्टार्च पाउडर	07
2	इमली (आंटी)	फूल इमली	05
3	कुसुम, पलाश	दाना(लाख), बटन	18
4	हर्रा	हर्रा पाउडर	02
5	आंवला, शिकाकाई, कालमेघ, रीठा	पाउडर	01

6	माहुल	दोना पत्तल	22
7	साल	दोना पत्तल	03
8	महुआ, कुसुम, नीम,	तेल	19
9	चार गुठली	चिरौंजी	09
10	लेमन घास, नागरमोथा	परफ्यूम्स, तेल	06
11	चरोटा, बेल, वनतुलसी	अगरबत्ती	01
12	बबूल	चुनी (पशु आहार)	02
13	फूलबाहरी	झाडू	02
	योग		**97**

आंवला के मुख्य उत्पादन क्षेत्र : आंवला के राज्य एवं देश में मुख्य बाजार – आंवला का औषधीय एवं खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग होने के कारण इसकी मांग औषधि निर्माण उद्योग में अधिक है। राज्य में बड़ी औषधि निर्माण इकाइयों की स्थापना नही हुई है। इसके बावजूद लघु इकाइयों द्वारा इनकी खपत की जाती है और साथ ही अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के बाजारों में इसका विक्रय किया जाता है, जहां औषधि एवं अन्य खाद्य पदार्थो का निर्माण किया जाता है। राज्य एवं देश के मुख्य बाजारों का विवरण तालिका क्र.-4 में दिया गया हैं।

तालिका 4 (अगले पृष्ठ पर देखे)

निष्कर्ष – प्रस्तुत लघु शोध पत्र के अंतर्गत अध्ययन के दौरान यह पाया कि छत्तीसगढ़ राज्य में वन्य स्थिति संतुलन के आधार पर उपयुक्त है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला का अधिक मात्रा में उत्पादन हो रहा है किन्तु राज्य में लघु वनोपज पर आधारित उद्योगो का नितान्त अभाव है यदि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार इस क्षेत्र पर अपना ध्यान केन्द्रित करे तो न केवल प्राकृतिक हरियाली बढ़ेगी साथ ही राज्य में वित्त के विविध स्त्रोत उपलब्ध हो जायेंगे। शोधार्थी के अध्ययन के अनुसार यदि अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला पर आधारित उद्योगो में ग्रामीण क्षेत्रो के रहवासी को सहभागी बनाया जाए तो न केवल उन वनवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे अपितु वनोपज संग्रहण में उनकी कुशलता भी निखरकर सामने आयेगी।

सुझाव – प्रस्तुत लघु शोध पत्र के अंतर्गत यह पाया गया कि अराष्ट्रीयकृत वनोपज पर कोई रायल्टी नही होने के कारण वनवासी आदिवासी इसका संग्रहण करके स्थानीय हाट बजारो में छोटे व्यापारियों को विक्रय कर देते है। अनुसंधान के द्वारा यह पाया गया कि ये छोटे व्यापारी राज्य की इन लघु वनोपज को मांग के अनुरूप अपना कमीशन या अधिक मूल्य पर बाजारो पर विक्रय करते है। बड़े व्यापारियों द्वारा संग्रहित वनोपज को ग्रेडिंग करते हुए देश की विभिन्न मंडियों में या लघु वनोपज पर आधारित उद्योगों को विक्रय कर देते है। प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य में संग्रहित किये जाने वाले लघु वनोपज की अधिकांश मात्रा अन्य राज्यों की मंडियों या उद्योगो को भेज दी जाती है। अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अराष्ट्रीयकृत गैर औषधीय वनोपज आंवला पर आधारित उद्योगो का विकास अपर्याप्त है साथ ही आंवलें की वार्षिक उत्पादन क्षमता को देखते हुए यह बात स्पष्ट होती है कि छत्तीसगढ़ राज्य में इनका संपोष्य विकास करते हुए संबंधित उद्योगों के विकास की महत्वपूर्ण संभावनाएँ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दुबे, डॉ. श्यामाचरण – आदिवासी लोक कला परिषद, 1987
2. तिवारी डॉ वी.के.– छत्तीसगढ़ की जनजातियाँ, 2001
3. Tiwari D.N. Primitiv eTribes of M.P.
4. Mahapatro, P.C. – Economic Development of Tribal India 1987 , New Delhi
5. Social History of Chhattisgarh, Agam kala Prakasham Delhi 1985
6. Chhattisgardh Redis Coverd, Aryan Book International Delhi 1995
7. मामोरिया डॉ. चतुर्भुज, भूगोल, साहित्यभवन पब्लिकेशन्स 2013.
8. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2011
9. Census of India 2001 &2011
10. आर्थिक सर्वेक्षण – 2010–11, 2011–12, 2012–13.
11. Impact of Forestry Project on Tribal Economy Tribal & Harijan WelfarePlanning – Commission
12. 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007–2012, छ.ग. रायपुर
13. 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012–2017, छ.ग. रायपुर

तालिका 5– आंवला के मुख्य उत्पादन क्षेत्र



तालिका 4 – आंवला के राज्य एवं देश में मुख्य बाजार

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बाजार	अन्य राज्य	वार्षिक विक्रित मात्रा (क्विं. में)	मुख्य बाजार	वार्षिक विक्रित मात्रा (क्विं. में)
धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर	मध्यप्रदेश	2321	कटनी	1600
	उमरिया	500		
	महाराष्ट्र	1250	मुंबई	800
	नागपुर	450		
	पश्चिम बंगाल	1600	वोलकाता	1600
	तमिलनाडू	540	चेन्नई	289
	दिल्ली	1300	दिल्ली	1300
	उत्तरप्रदेश	1550	वानपुर	420
	गाजियाबाद	300		
	योग	**8561**		**7259**

****

An Interesting Story of Earth's Magnetic Field and Earth's History

Dr. Anjleli Garg*

Abstract - The flux shields the surface of the world from the charged particles of the solar radiation and is generated by electrical currents situated in many various elements of the world. it's compressed on the day (Sun) aspect thanks to the force of the coming particles, and extended on the night aspect. Earth's flux (and the surface magnetic field) is around a dipole, with the flux S pole close to the Earth's geographic North Pole (see north Pole) and therefore the alternative flux N pole close to the Earth's geographic South Pole (see Magnetic South Pole). This makes the compass usable for navigation. The explanation for the sector may be explained by generator theory. flux extends infinitely, although it weakens with distance from its supply. The Earth's flux, conjointly referred to as the geomagnetic field, that effectively extends many tens of thousands of kilometres into house, forms the Earth's flux.

Introduction - A paleomagnetic study of Australian red volcanic rock and pillow volcanic rock has calculable the flux to be a minimum of three.5 billion years previous. Earth is essentially protected against the solar radiation, a stream of energetic charged particles emanating from the Sun, by its flux, that deflects most of the charged particles. a number of the charged particles from the solar radiation area unit treed within the James Alfred Van Allen radiation belt. A smaller range of particles from the solar radiation manage to travel, as if on AN magnetic attraction energy line, to the Earth's higher atmosphere and region within the auroral zones. the sole time the solar radiation is discernible on the world is once it's robust enough to provide phenomena like the aurora and geomagnetic storms. Bright auroras powerfully heat the region, inflicting its plasma to expand into the magnetic field, increasing the dimensions of the plasma layer, and inflicting escape of region matter into the solar radiation. Geomagnetic storms result once the pressure of plasmas contained within the magnetic field is sufficiently giant to inflate and thereby distort the geomagnetic field. The solar radiation is chargeable for the general form of Earth's magnetic field, and fluctuations in its speed, density, direction, and entrained flux powerfully have an effect on Earth's native house atmosphere. for instance, the degree of radiation and radio interference will vary by factors of a whole bunch to thousands; and also the form and site of the magnetopause and bow blast wave upstream of it will modification by many Earth radii, exposing fixed satellites to the direct solar radiation. These phenomena area unit together known as house weather. The mechanism of region removal is caused by gas being caught in bubbles of flux, that area unit ripped off by star winds. Variations within the flux strength are correlate to rain variation inside the tropics.

Magnetic poles and magnetic dipole - The positions of the magnetic poles will be outlined in a minimum of 2 ways in which. Often, a magnetic (dip) pole is viewed as some extent on the Earth's surface wherever the force field is entirely vertical. in a different way of claiming this can be that the inclination of the Earth's field is 90° at the North Magnetic Pole and -90° at the South Magnetic Pole. At a magnetic pole, a compass command within the horizontal plane points indiscriminately, whereas otherwise it points nearly to the North Magnetic Pole or off from the South Magnetic Pole, tho' native deviations exist. the 2 poles wander severally of every alternative and aren't at directly opposite positions on the world. dip pole will migrate quickly, observation of up to forty metric linear unit annually are created for the North Magnetic Pole. The Earth's force field will be closely approximated by the sphere of a dipole positioned close to the centre of the planet. A dipole's orientation is outlined by AN axis. the 2 positions wherever the axis of the dipole that most closely fits the geomagnetic field run across the Earth's surface area unit known as the North and South geomagnetic poles. For best match the dipole representing the geomagnetic field ought to be placed regarding five hundred metric linear unit off the middle of the planet. This causes the inner radiation belt to skim lower in Southern Atlantic Ocean, wherever the surface field is that the weakest, making what's known as the Atlantic Anomaly. If the Earth's force field were utterly couple, the geomagnetic and dip poles would coincide. However, important non-dipolar terms in AN correct description of the geomagnetic field cause the position of the 2 pole sorts to be in several places.

Field characteristics - The strength of the sector at the

*Department of Mathematics, Mahamaya Government College, Sherkot, Bijnor (U.P.) INDIA

*** सहा. शोध निर्देशक , प्रभारी इतिहास विभाग, राजकीय एस बी पी महाविद्यालय, डुंगरपुर (राज.) भारत

या कर्णगोचर होती है।संसार की बहुत-सी लुप्तप्राय सभ्यताओं के बारे में आज हम बहुत कुछ प्रामाणिक ढंग से इसीलिए जानते हैं कि वे अपने बारे में शिलालेखों,भाँडो और साहित्य ताम्रपत्र भोजपत्र,ताड़पत्रों आदि पर बहुत-कुछ लिखा हुआ छोड़ गई हैं। लिपि का शाब्दिक अर्थ ही होता है -लिखित या चित्रित करना।प्राचीन काल के मानव ने अपने विचारों को सुरक्षित रखने के लिए कुछ ऐसे प्रतीक-चिह्नों का आविष्कार, संयोजन निष्पादन किया कि जिनके द्वारा श्रव्य भाषा को दृष्टिगोचर और सुगम बोधगम्य बनाया जा सके जिसे लिपि कहा जाता है। सुनी या कही हुई बात केवल उसी समय और उसी स्थान पर उपयोगी होती है। किंतु लिपिबद्ध कथन या विचार दिक् और काल की सीमाओं को लांघ सकते हैं। लिपि के बारे में यही सबसे महत्तवपूर्ण बात है जिसका अतीत की बोधगम्यता और ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्व है। समय ,काल और स्थान के अनुरूप कई लिपियों का विकास होता रहा है जिसमे से कुछ मिस्र, मेसोपोटामिया और चीन की आरंभिक लिपियां मुख्यत: भाव-चित्रात्मक थीं। सिंधु जैसी कुछ विस्तृत लिपियों को अभी पढा नही जा सका है। आज पूरे विश्व में लगभग 400 विभिन्न लिपियों का प्रयोग होता है। इनमें से बहुतों का आरंभ एवं विकास प्राचीन काल की कुछ प्रमुख लिपियों से हुआ है। जैसे, दूसरी सहस्राब्दी में सेमेटिक अक्षर मालात्मक लिपि अस्तित्व में आई। 1000 ई. पू. के आसपास इस लिपि ने व्यंजनात्मक या वर्णमालात्मक रूप धारण किया। इसके अलावा 'उत्तरी सेमेटिक', 'कनानी' या 'फिनीशियन' यूनानी लिपि और इससे निर्मित विकसित लैटिन या रोमन लिपि है जिसके आधार पर कालांतर में यूरोप व अमेरिका की कई लिपियों का जन्म हुआ।[4]

प्राचीन काल से ही लेखन-कला को पवित्र माना जाता रहा है। प्राय: सभी प्राचीन सभ्यताओं ने अपनी लिपियों के आविष्कर्ता के रूप में किसी न किसी देवता की कल्पना की है। भारत में यह मान्यता थी कि लिपि के निर्माता ब्रह्मा हैं, और शायद इसीलिए हमारे देश की प्राचीन लिपि का नाम ब्राह्मी पड़ा। जहां तक भारत में लिपि का इतिहास अध्ययन करते है तो ज्ञात होत है कि भारत में लगभग छठी शताब्दी ई.पू. में अस्तित्व में आई ब्राह्मी लिपि ऐसी धात्री लिपि है जिसने यहां बहुत-सी लिपियों को जन्म दिया। भारत की सारी वर्तमान लिपियां (अरबी-फारसी लिपि को छोड़कर) ब्राह्मी से ही विकसित हुई हैं। इतना ही नहीं तिब्बती, सिंहली तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों की बहुत-सी लिपियां ब्राह्मी से ही जन्मी हैं। तात्पर्य यही कि धर्म की तरह लिपियां भी देशों और जातियों की सीमाओं को लांघती चली गई। भाषाओं की सीमाएं लांघना तो लिपियों के लिए बहुत ही सरल काम रहा है। जो लिपि आरंभ में एक सेमेटिक भाषा के लिए अस्तित्व में आई थी, उसे बाद में 'भारोपीय भाषा परिवार' की अनेक भाषाओं के लिए अपना लिया गया।[5]

अभिलेखीय आधारों पर वागड में लिपि का विकास - प्राचीन अभिलेखों की आखर-ज्योति वागड में किस भांति, कहाँ-कहाँ किस विध अपने अंक से आलोकित होती है और हमें अतीत के गौरव से साक्षात्कार करवाती है, यह देखने के लिए हमे वागड से प्राप्त हुए प्राचीन अभिलेखों के गलियारों में झांकने की आवश्यकता है।पुराणों में पुण्यदेशों के रूप में सुविख्यात रहा वागड प्रदेश जनजातिय गणराज्य के रूप में उभर कर शीघ्र ही सारस्वत ब्राह्मणों का निवास स्थल भी बन गया।सातवी शताब्दी तक आते आते स्कंद पुराण में कुमारिक खंड में यह स्पष्ट रूप से वर्णित है कि तब तक वागड सारस्वत ब्राह्मणों के निवास गुप्त स्थल के रूप में स्थल मंडल के रूप में वर्णित हुआ है।एक मंडल का अर्थ एक ऐसी विस्तृत मौलिक भौगौलिक इकाई जिसकी अपनी संस्कृति हो, पहचान हो जिसके भीतर बहुतेरे गांव पड़ते हैं।वागड को स्कंदपुराण में एक देश के रूप में परिभाषित किया गया है।वस्तुत: वागड अशोक मौर्य के गिरनार जूनागढ़ क्षेत्र में पड़ने वाला शासनान्तर्गत क्षेत्र था तदन्तर अहार शब्द सातवाहनों के समय से प्रचलन में आया जबकि उत्तर गुप्तकाल में जनपद का प्रचलन बहुत होने लगा था। इसी काल मे वागड में भी अभिलेखों में जनपद शब्द का प्रयोग हुआ है। इससे लगता है कि यह परमारों के अधीन एक जनपद था। वागड के लिए जनपद का यह पहला अभिलेखीय संदर्भ है।वागड के ताम्रपत्र में भी यह शब्द दो बार आया है। संस्कृत हो या अपभ्रंश या पैशाची जैसी पूर्व भाषाएं,हमारे पुराणों और उपपुराणों में हमारी भाषाओं को प्रारम्भ में जहां ब्रह्माक्षर[6] में लिखने का निर्देश हैं, वहीं बाद में नन्दिनागरी लिपि में लिखने का निर्देश मिलता है।

वागड में प्रचलित थी ब्राह्मी लिपि - दक्षिणी राजस्थान के वागड के आसपास के क्षेत्र में ब्राह्मी लिपि पांचवीं सदी तक प्रचलन में थी। इसके पठन पाठन की प्रक्रिया लोक समुदाय के शिल्पियों में भी स्थानीय इलाके में विशेषकर प्रचलित थी। खासकर गृहोपयोगी वस्तुओं, बर्तनों ,मर्तबानों पर नाम लिखने की परंपरा आज की भांति ही यहां पांचवी शताब्दी के आसपास भी उसी तरह प्रचलन में थी, जैसी आज धातुओं के बर्तनों पर अपना, उपयोगकर्ता या खरीददार के नाम लिखने की परंपरा वागड में मौजूद है।वर्तमान डूंगरपुर से लगे शामलाजी की देवनमगरी के आसपास 1962 में जो खुदाई हुई है, उसमें मिले एक मिट्टी के ठीकरे पर ब्राह्मी में लिखे चार अक्षर मिले हें।ये अक्षर बर्तन बनाने वाले कुंभकार के लिखे हुए हैं। उसने अपना नाम लिखा या खरीदने वाले का, कहा नहीं जा सकता है। यह विचार आता है कि शायद उसके बर्तन प्रसिद्ध रहे हों, और वह कोई नाम अंकित कर देता है, वैसे अंतिम विचार नहीं है मगर यह तय है कि ये अक्षर ब्राह्मी के हैं। इन चारों ही अक्षरों के आधार पर 'बदशले' या 'बहशले' अथवा 'बहधाले' शब्द बनता है। इनका क्या आशय है ज्ञात न हो सका है।[7]

ब्राह्मी लिपि के वागड क्षेत्र में प्रचलन का जीता जागता उदाहरण वागड डूंगरपुर के मोदर के ऊपरी जंगलों से निकलने वाली मेशवा नदी के किनारे आधुनिक गुजरात व प्राचीन वागड में पड़ने वाले देव नी मोरी क्षेत्र के चौथी पांचवी शताब्दी के बौद्ध विहारों से मिले मर्तबान पर ब्राह्मी में खुदे अक्षर प्राप्त हुए है।ब्राह्मी लिपि के इस लेख में शक संवत 127 में क्षत्रप शासक रुद्रसेन नाम के साथ बौद्ध साधु अग्निवर्मा और लिपि को लिखने वाले का नाम मंग के पुत्र वराह का नाम और कांच के जार में बुद्ध के अवशेष के साथ दशबल शरीर निलय आदि ब्राह्मी लिपि में लिखा मिलता है।पुराविद् आरएन मेहता और एजे पटेल ने इन अक्षरों को पढ़ते हुए इन्हें चौथी ,पांचवी सदी का स्वीकार किया है।[8]

जूनागढ व गिरनार के अशोक मौर्य के अभिलेख से यह जाहिर होता है कि पश्चिमी प्रान्त के रूप में अशोक ने बौद्ध धर्म का प्रचार ही नही अपितु अपनी सांस्कृतिक सीमाओं का विस्तार भी वागड तक किया था जिसका देव नी मोरी प्रत्यक्ष प्रमाण है ,हो सकता है यह उत्तार मौर्य कालीन या पूर्व गुप्त कालीन हो किंतु इस समय यहां पर यूनानी क्षत्रपों का अधिकार था और ब्राह्मी लिपि का प्रचलन था यह सुनिश्चित जान पड़ता है। देव नी मोरी के अलावा वागड के सुरवानीय गांव में क्षत्रपों के भारी मात्रा में सिक्के मिले हैं, जिससे प्रमाणित होता है कि वागड पर दीर्घकाल तक क्षत्रपों का आधिपत्य था।यहां से मिले पूरा वशेषो से यह तय जान पड़ता है कि अशोक महान के धम्म और संघ के साथ ही ब्रह्मी लिपि ने भी वागड में अपनी जगह बना ली थी।

ब्राह्मी लिपि एक प्राचीन लिपि है जिससे कई एशियाई लिपियों का विकास हुआ है। प्राचीन ब्राह्मी लिपि के उत्कृष्ट उदाहरण मौर्य सम्राट अशोक महान द्वारा ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में बनवाये गये शिलालेखों के रूप में अनेक स्थलों पर मिलते हैं। नये अनुसंधानों के आधार 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व के लेख भी मिले है। ब्राह्मी भी खरोष्ठी की तरह ही पूरे एशिया में फैली हुई थी। अशोक ने अपने लेखों की लिपि को 'धम्मलिपि' का नाम दिया हैय उसके लेखों में कहीं भी इस लिपि के लिए 'ब्राह्मी' नाम नहीं मिलता। लेकिन बौद्धों, जैनों तथा ब्राह्मण-धर्म के ग्रंथों के अनेक उल्लेखों से ज्ञात होता है कि इस लिपि का नाम 'ब्राह्मी' लिपि ही रहा होगा।हमारे प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के आधार पर प्राचीन अज्ञेय अज्ञात निर्माता के रूप में उसे 'ब्रह्मा' का मान कर ब्राह्मी नाम दिया गया।बौद्ध ग्रंथ 'ललितविस्तर',जैन ग्रंथ,'पण्णवणासूत्र' तथा 'समवायांगसूत्र' में 16 लिपियों के नाम दिए गए हैं, जिनमें से पहला नाम 'बंभी' (ब्राह्मी) का है।' भगवतीसूत्र में सर्वप्रथम 'बंभी' (ब्राह्मी) लिपि को नमस्कार करके (नमो बंभीए लिविए) सूत्र का आरंभ किया गया है।जिसकी लिपि बाईं ओर से दाहिनी ओर को पढ़ी जाती है।इससे यही जान पड़ता है कि ब्राह्मी भारत की सार्वदेशिक लिपि थी और उसका जन्म भारत में ही हुआ परन्तु इसे सवार्धिक लोक प्रचलित करने वाला सम्राट था मौर्य सम्राट अशोक इसलिए ब्राह्मी को अशोक महान की लिपि के रूप में लोकप्रियता मिली।[9] गिरनार से वागड तक वागड़ी को प्रभावित करती ब्राह्मी ब्रह्मस्वरूप देशज एकरूपता में बांधती भाषाई संवेदना का प्रतीक बन जाती है।

अधितकतर भाषाओं की तरह देवनागरी भी बायें से दायें लिखी जाती है। प्रत्येक शब्द के ऊपर एक रेखा खिंची होती है (कुछ वर्णों के ऊपर रेखा नहीं होती है) इसे शिरोरेखा कहते हैं। इसका विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है। यह एक ध्वन्यात्मक लिपि है जो प्रचलित लिपियों (रोमन, अरबी, चीनी आदि) में सबसे अधिक वैज्ञानिक है।भारतीय भाषाओं के किसी भी शब्द या ध्वनि को देवनागरी लिपि में ज्यों का त्यों लिखा जा सकता है और फिर लिखे पाठ को लगभग हू-ब-हू उच्चारण किया जा सकता है, जो कि रोमन लिपि और अन्य कई लिपियों में सम्भव नहीं है।इसमें कुल 52 अक्षर हैं, जिसमें 14 स्वर और 38 व्यंजन हैं। अक्षरों की क्रम व्यवस्था (विन्यास) भी बहुत ही वैज्ञानिक है। स्वर-व्यंजन, कोमल-कठोर, अल्पप्राण-महाप्राण, अनुनासिक्य-अन्तस्थ-उष्म इत्यादि वर्गीकरण भी वैज्ञानिक हैं। एक मत के अनुसार देवनगर (काशी) मे प्रचलन के कारण इसका नाम देवनागरी पड़ा।भारत तथा एशिया की अनेक लिपियों के संकेत देवनागरी से अलग हैं (उर्दू को छोडकर), पर उच्चारण व वर्ण-क्रम आदि देवनागरी के ही समान हैं कृ क्योंकि वो सभी ब्राह्मी लिपि से उत्पन्न हुई हैं। इसलिए इन लिपियों को परस्पर आसानी से लिप्यन्तरित किया जा सकता है। देवनागरी लेखन की दृष्टि से सरल, सौन्दर्य की दृष्टि से सुन्दर और वाचन की दृष्टि से सुपाठ्य है। वर्तमान में संस्कृत, पाली, हिन्दी, मराठी, कोंकणी, सिन्धी, काश्मीरी, नेपाली, बोडो, मैथिली और अनेक स्थानीय बोलियों और भाषाओं की लिपि है ।

यह एक ध्वन्यात्मक (फोनेटिक या फोनेमिक) लिपि है जो प्रचलित लिपियों (रोमन, अरबी, चीनी आदि) में सबसे अधिक वैज्ञानिक है। अक्षरों की क्रम व्यवस्था (विन्यास) भी बहुत ही वैज्ञानिक है। स्वर-व्यंजन, कोमल-कठोर, अल्पप्राण-महाप्राण, अनुनासिक्य-अन्तस्थ-उष्म इत्यादि वर्गीकरण भी वैज्ञानिक हैं। एक मत के अनुसार इसका उद्भव गुजरात के एक नगर देवनगर से होने के कारण देवनागरी हुआ एक अन्य मत के अनुसार देवनगर (काशी) मे प्रचलन के कारण इसका नाम देवनागरी पडा। गुजरात के समीपवर्ती क्षेत्र होने से व सुगमता के कारण सम्भवतया यह वागड में शीघ्र बहुप्रचलित हो गई।

इस लिपि में विश्व की समस्त भाषाओं की ध्वनिओं को व्यक्त करने की क्षमता है। यही वह लिपि है जिसमे संसार की किसी भी भाषा को रूपान्तरित किया जा सकता है। इसकी वैज्ञानिकता आश्चर्यचकित कर देती है। भारत तथा एशिया की अनेक लिपियों के संकेत देवनागरी से अलग हैं (उर्दू को छोडकर), पर उच्चारण व वर्ण-क्रम आदि देवनागरी के ही समान है। इसलिए इन लिपियों को परस्पर आसानी से लिपियान्तरित किया जा सकता है।यह बायें से दायें की तरफ लिखी जाती है।देवनागरी लेखन की दृष्टि से सरल, सौन्दर्य की दृष्टि से सुन्दर और वाचन की दृष्टि से सुपाठ्य है। एक सांकेतिक चिन्ह , एक स्वर और व्यंजन में तर्कसंगत एवं वैज्ञानिक,क्रम-विन्यास,वर्णो की पूर्णता एवं सम्पन्नता (52 वर्ण , न बहुत अधिक न बहुत कम ,उच्चारण और लेखन में एकरुपता, उच्चारण स्पष्टता (कहीं कोइ संदेह नही), लेखन और मुद्रण मे एकरूपता (रोमन, अरबी और फारसी मे हस्तलिखित और मुद्रित रूप अलग-अलग हैं), देवनागरी लिपि सर्वाधिक ध्वनि चिन्हों को व्यक्त करती है। लिपि चिन्हों के नाम और ध्वनि मे कोई अन्तर नही होना, मात्राओं का प्रयोग, अर्ध अक्षर के रूप की सुगमता के कारण स्थानीय बोलियों की अभिव्यक्ति का सुगम माध्यम बन गई। (देवनागरी लिपि का संक्षिप्त परिचय:मिथिलेश वामन का संघ लोक सेवा आयोग की हिन्दी साहित्य हेतु वेब पत्र) वागड में उत्तार गुप्त काल मे प्राप्त अभिलेखों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि धार के परमारो की सरस्वती उपासकों की वागड शाखा के परमार शासकों के नेतृत्व में देवनागरी वागड़ी में भी ऐसी आत्यंतिक तरीके से घुलमिल गई कि पृथक से पहचानना भी मुश्किल है। देवनागरी ऐसे वागड़ी के रोम रोम में अंगीकार हो रच बस गई जैसे सदा से उसी की लिपि रही हो। मूल गुजरात से निकली होने से तथा गुजराती व वागड़ी और रांगठी की दैहिक समीपता के कारण भी नागरी वागड़ी के लिए सुपाच्य हो सकी।

वागड में देवनागरी लिपि का प्रचलन और महत्ता – वागड से प्राप्त प्राचीन अभिलेखों, ताम्रपत्रों, दानपत्रों, भांड लेखों, राजाज्ञाओं व विविध लेखों की लिपि का विधिवत चरणबद्ध अध्ययन करने से यह ज्ञात होटभै के वागड अंचल में उत्तर गुप्तकाल के बाद से ब्राह्मी का स्थान देवनागरी लिपि ने ले लिया था। देवनागरी लिपि का चलन हो गया था। खासकर यहां भोज के काल में प्रचलित नागरी लिपि का चलन देखने में आता है। इस काल तक कुटिल लिपि केवल कारीगरों या विशेष लिपिकारों तक सिमट गई थी और साफ सुथरे देवनागरी के अक्षर लोकप्रिय हो रहे थे। इस काल तक राजागण भी अपने हस्ताक्षरों से ताम्रपत्र जारी करते थे।कुटिल लिपि को 'उत्तरलिच्छवी लिपि' भी कहते हैं। यह लिपि भारत से प्रारम्भ हुई थी। इस लिपि को भारत में 'विकटाक्षर' भी कहते हैं। पुरातत्वविदों ने इस लिपि को 'सिद्धमातृका लिपि' कहा है। यह लिपि नेपाल में अंशुवर्मा (ई0सं0 6.5-621) के शासनकाल के बाद ही प्रचलन में आई। फिर भी अंशुवर्मा के शिलालेखों के अक्षरों में कुटिला लिपि का प्रभाव देख जा सकता है। ऐसे कुटिलाक्षर में विशेषतया ह्रस्व, दीर्घ ईकार और ओकार स्वर आदि प्रयोग हुए हैं। गुप्त लिपि से अधिक कुटिला लिपि व्यापकरूप में प्रचलित थी।कालान्तर में देवनागरी के प्रचलन से कुटिला लिपि लोप होती गई। वागड में इसके अभिलेख प्राप्त नही हुए है।[10]

वागड में सर्वप्रथम 1109 ई. के अर्थूणा अभिलेख में नागरी लिपि का जिक्र आता है। उससे स्पष्ट रूप से नागरी के लिपिकारों का इस इलाके में

होना प्रमाणित होता है। तब संधिविग्रहिक द्धारा नागरी लिपि में आज्ञाओं को लिखा जाता था। अर्थूणा के जैन अभिलेख में आया है कि वालभान्वय या वालभ गोत्र के कायस्थ राजपाल के पुत्र ने इस लेख को लिखा था- संधि विग्रह संज्ञेन लिखिता नागरी लिपि। (श्लोक 29) इसमें पडी मात्राओं के विपरीत खडी मात्राओं का शानदार प्रयोग हुआ है। एक पूर्ण नागरी के रूप में इस अभिलेख को लिखा गया है। इस लिपिकार ने यह कामना भी है कि उसकी यह लिपि हमेशा चिरायु हो। उसने माना है कि जब तक रावण और राम का चरित्र गाया जाता रहे अर्थात रामायण की महत्ता रहे, विष्णुपदी या गंगा नदी में जल का प्रवाह रहे, आकाश में चंद्रमा की विद्यमानता रहे और अर्हचक्र के संबंध में पढा-सुना जाता रहे तब तक यह नागरी लिपि का अभिलेख स्थाय रहे। इस अभिलेख में अपनी लेखनी को चिरंजीवी करने का भाव कुछ इस तरह अभिव्यक्त किया गया है जो साहित्यिक प्रतिभा के साथ देवनागरी की परिपूर्णता को भी दर्शाता है-'यावद्धरावण रामयो: सुचरितं भूमौ जनैर्गीयते, यावद्विष्णुपदी जलं प्रवहति व्योम्न्यस्ति यावच्छशी। अर्हच्चक्र विनिर्गतं श्रवणकै: यावच्तं पठ्यते तावत्कीर्ति रियं चिराय जयतात्संस्तूयमाना जनै!'[11]

सारांश - वागड राजस्थान के दक्षिणावर्त इलाके में जनजातीय बहुल क्षेत्र है। भीली, मेवाड़ी, मालवी, निमाड़ी, गुजराती, मालवी शब्दो से मिश्रित स्थानीय बोली जिसे 'वागड़ी' कहा जाता है मौलिक रूप से यहां आरम्भ से ही विकसित हुई। वागड़ी का स्थानीय बोली और प्रादेशिक भाषा के रूप में प्राचीन काल से क्रमिक विकास हुआ है। अन्य स्थानीय बोलियों की भांति ही इसकी भी अपनी कोई मौलिक व स्वतंत्र लिपि नही थी परंतु भौगोलिक सन्दर्भ में गुर्जरा -लाट व मालव प्रदेश के आंचलिकता में सांगोपांग रंगे वागड में प्रथमत: अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर ब्राह्मी,गुप्त या कुटिल लिपि तदन्तर देवनागरी लिपि प्रचलन में आई ।नवी दसवीं शताब्दी तक आते आते वंशावली लेखन,साहित्य व काव्य की भाषा के रूप में भूत भाषा वागड़ी का प्रयोग नानाविध अभिलेखों व सभाओं में हुआ और देवनागरी में लिखी जाने लगी।राजा भोज के काल से अब तक यह समृद्ध राजस्थानी का हिस्सा बन चुकी वागड़ी देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली अपभ्रंश और पैशाची से उद्भव हुई मौलिक व समृद्ध शब्दकोष वाली भाषा के रूप में राजस्थानी का अविरल हिस्सा बन चुकी है।यहां का लिपिक विकास गुजरात व मालव धरा के लगभग अनुरूप ही रहा।—नीता चौबीसा

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शोधगंगा पर उपलब्ध बाहर के पश्चिम इतिहास एवं डॉ. दीपक दत्त आचार्य के राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रो की साहित्यिक-सांस्कृतिक विरासतों के सरंक्षण में माध्यमो की भूमिका
2. डॉ. ज्योतिपुंज सम्पादकीय : वागड़ी अंचल री राजस्थानी कवितावां, भाषा व साहित्य अकादमी बीकानेर राजस्थान
3. डॉ. एस.के. जुगनू मेवाड़ का प्रारम्भिक इतिहास पृ.स. 12-20
4. गुणाकर मुळे, अक्षर कथा, 10-12, नई दिल्ली: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
5. स्टुअर्ट पिगॉट, 'प्रीहिस्टॉरिक इण्डिया', पृष्ठ 14
6. या ब्राह्मी। सन्दर्भ-शिवधर्मपुराण
7. डॉ. श्रीकृष्ण, 'जुगनू', दक्षिण राजस्थान में प्रचलित थी ब्राह्मी : आलेख पर आधारित
8. रिपोर्ट ऑफ बड़ौदा - शामला जी म्यूजियम,देव नी मोरी गदाधर मन्दिर प्रो आर. इन. मेहता
9. गौरीशंकर हीराचन्द ओझा प्राचीन लिपिमाला
10. भारत ज्ञान कोष पेहीज से साभार
11. डॉ. श्री कृष्ण जुगनू:इतिहास के स्रोत आर्यावर्त संस्कृति संस्थान, दिल्ली 2019

****

Capital Markets and its Challenges with special reference to 'Reforms in the Capital Markets in India'

Dr. Suresh Shrawan Patil*

Abstract - During the Nineteen Eighties, the developing countries started liberalizing their economies. There has been larger stress on the event of equity markets as an area of economic reforms. India has also followed this path. globalization, financial markets are becoming more and more important every day. A developed stock market is considered crucial to national economic growth as it provides an additional channel along with banks and other financial institutions, for encouraging and thus mobilizing domestic savings. It additionally ensures enhancements within the productivity of investment through the market allocation of capital and will increase management discipline through the marketplace for company control. A study by the World Institute for Development Economic Research (WIDER, 1990) has argued that the developing countries should liberalize their financial markets in order to attract foreign portfolio equity flow. The huge amount of financial capital available in the developed countries through pension and investment funds could be attracted to the developing countries provided the latter liberalize their markets externally and developed their stock market internally. Capital markets have taken a distinguished place within the developing countries national economy throughout the last decade. The most necessary live taken during this regard by developing countries was the gap of their individual stock markets to international investors. This step, taken in the late 1980s or early 1990s, resulted in a historically high level of portfolio investment in the emerging markets by global and regional funds. In developing countries like India, there is a great need for foreign capital not only to increase the productivity of labour but also to build a foreign exchange reserve to meet trade deficits. After opening up the borders for capital movement in 1991, foreign investment in India has grown enormous.

Keywords - Equity Market, Capital Market, Economy, Productivity, Marketplace, Financial Institutions, Investors, Foreign Investment.

Introduction - The capital market may be important for the financial set-up. The capital market provides the support of laissez-faire economy to the country. The wave of economic reforms initiated by the govt. has influenced the functioning and governance of the capital market. The Indian capital market is additionally undergoing structural transformation since the easement. The chief aim of the reforms exercise is to enhance market potency, create stock exchange transactions a lot of clear, and curb unfair trade practices and to bring our money markets up to international standards. Further, the consistent reforms in the Indian capital market, particularly within the secondary market leading to trendy technology and online mercantilism have revolutionized the securities market. Capital market involved with the economic security market, government securities markets, and long run loan market. The capital market deals with long term loan market. It supplies long-term and medium-term funds. It deals with shares, stocks debentures and bonds. Security dealt in capital markets is long-term securities. It provides a market mechanism for those that have to save and to those that want funds for productive investments the capital market aids economic growth by moiling the savings of the economic sector and directing the same towards channels of productive uses.[1] Companies intercommunicate them to boost funds required to finance for the infrastructure facilities and company activities. The capital market is a supply of financial gain for investors. When the stock of different money assets rise in price, investors become wealthier, often they spend some of this additional wealth boost sales and promoting economic growth. Stock price reflects capitalist reactions to government policy also if the govt. adopts policies that investors believe can hurt the economy and company profits, vice-versa.

Definition and Meaning of Capital Market - The capital market may be a place wherever individuals purchase and sell securities. Securities during this sense is solely a bundle of rights oversubscribed to the general public by firms, authorities or establishments on which individuals then change the capital market. There square measure different types of securities or bundles of rights. These include shares, debentures, bonds, etc. There are two levels of the market. The primary market is that the market wherever those desire to boost funds from the stock exchange sells

*Associate Proffesor (Economics) KKHA Arts SMGL Commerce and SPHJ Science College, Neminagar Chandwad, Distt. Nashik (Maharastra) INDIA

their securities to the general public. The secondary market is wherever people who bought the securities within the IPO[2] will sell them any time they want. The reason why individuals purchase securities from the first market is as a result of they need the reassurance that there's a secondary market wherever they'll sell those shares presumably at a profit.

Capital Market defined as "The market for relatively long-term financial instruments. It consists of the gilt-edged market and the industrial securities market. The gilt-edged market refers to the marketplace for government and semi-government securities backed by the run batted in. The securities traded in this market are stable in value and are much sought after by banks and other institutions".[3]

Main components of the capital market are 1. Primary Market 2. Secondary Market.

1. Primary Market (New Issue Market) - The primary market is additionally referred to as the new issue market. As during this market securities square measure oversubscribed for the primary time, i.e., new securities square measure issued from the corporate. Primary capital market directly contributes to capital formation as a result of in primary market company goes on to investors and utilises these funds for investment in buildings, plants, machinery etc. The primary market doesn't embrace finance within the variety of a loan from a financial institution as a result of once the loan is issued from the money institution it implies changing personal capital into public capital and this method of changing personal capital into public capital is termed going public. The common securities issued in the primary market are equity shares, debentures, bonds, preference shares and other innovative securities.[4]

Methods of Floatation of Securities in Primary Market - The securities may be issued in the primary market by the following methods:

1. Public Issue through Prospectus - Under this methodology company problems a prospectus to tell and attract the general public. In the prospectus, the company provides details about the purpose for which funds are being raised, the past financial performance of the company, background and future prospects of the company.

The information within the prospectus helps the general public to grasp concerning the danger and earning potential of the corporate and consequently they decide whether or not to take a position or not therein company Through IPO[5] company can approach a large number of persons and can approach public at large. Sometimes companies involve intermediaries such as bankers, brokers and underwriters to raise capital from the general public.

2. Offer for Sale - Under this methodology, new securities are offered to the general public but not directly by the company but by an intermediary who buys a whole lot of securities from the company. Generally, the intermediaries are the firms of brokers. So the sale of securities takes place in two steps: first when the company issues securities to the intermediary at face value and second when intermediaries issue securities to the general public at a higher price to earn a profit. Under this method, the company is saved from the formalities and complexities of issuing securities directly to the public.[6]

3. Private Placement - Under this methodology, the securities are sold by the company to an intermediary at a fixed price and in second step intermediaries sell these securities not to the general public but to selected clients at a higher price. The provision company problems prospectus to grant details concerning its objectives, future prospects so that reputed clients prefer to buy the security from the intermediary. Under this methodology, the intermediaries issue securities to selected clients such as UTI, LIC, General Insurance, etc.

The personal placement methodology could be a cost-saving methodology as an organization is saved from the expenses of underwriter fees, manager fees, agents' commission, a listing of the company's name in stock exchange etc. Small and new corporations like personal placement as they cannot afford to boost from public issue.

4. Right Issue (For Existing Companies) - This is the problem of recent shares to existing shareholders. It is called the right issue because it is the pre-emptive right of shareholders that the company must offer them the new issue before subscribing to outsiders. Each investor has the proper to take the new shares within the proportion of shares he already holds. A right issue is mandatory for companies under the Companies' Act 2013.

The stock market doesn't permit the present corporations to travel for a replacement issue while not giving pre-emptive rights to existing shareholders as a result of if the new issue is directly issued to new subscribers then the existing equity shareholders may lose their share in capital and control of company i.e., it would water their equity. To stop this the pre-emptive or right issue is compulsory for an existing company.[7]

5. e-IPOs[8] - It is the new method of issuing securities through an online system of stock exchange. In this company has got to appoint registered brokers for the aim of accepting applications and inserting orders. The company providing security has got to apply for listing of its securities on any exchange aside from the exchange it offered its securities earlier. The manager coordinates the activities through numerous intermediaries connected with the problem.[9]

2. Secondary Market (Stock Exchange) - The secondary market is that the marketplace for the sale and buy of previously issued or second-hand securities.

In the secondary market, securities are not directly issued by the company to investors. The securities square measure oversubscribed by existing investors to alternative investors. Sometimes the investor is in need of cash and another investor wants to buy the shares of the company as he could not get directly from the company. Then each the investors will meet in secondary market and exchange securities for money through intercessor known as a broker.

In the secondary market, companies get no additional

capital as securities are bought and sold between investors only so directly there is no capital formation but secondary market indirectly contributes in capital formation by providing liquidity to securities of the corporate.[10]

If there's no secondary market then investors may revisit their investment solely when the redemption amount is over or once an organization gets dissolved which suggests investors can be blocked for an extended amount of your time however with the presence of secondary market, the investors can convert their securities into cash whenever they want and it also gives chance to investors to create profit as securities square measure bought and oversubscribed at market value that is usually quite the first price of the securities.

Capital Market Regulators - Often in the haste of becoming a market participant/ trader/ investor, we forget to know the roots governing the Stock Market. This means that we tend to overlook the principles, rules, regulatory bodies who guide the flow of Indian Capital Markets. This becomes important for us to know because they have a major impact on our financial decisions. At times, any modification within the rules or rules of the Act, governing the Indian Capital Market tends to bring substantial change on market psychology or sentiments. This eventually affects our financial decisions.

In this article, we are going to perceive on United Nations agency governs the capital of India Markets. Rules governing the stock exchange, transient on the stock exchange, Stock Market participants, and functions of the Stock Market.[11]

While available investment Market some opt to take less risk and go short. Others may prefer to take a long-term leap. The basis of this money market is split into two kinds of the market- Money Market and Capital Market. While Money Market Securities are short-term in nature. A Capital Market pitches long-term investments.

The Ministry of Finance (MoF), the Securities & Exchange Board of India (SEBI) and also the Reserve Bank of India (RBI) are the 3 restrictive authorities governing Indian Capital Markets.

Ministry of Finance (MoF) - The Department of Economic affairs directly manages the Capital Markets phase beneath the directions of MoF. This phase formulates the principles for the economic growth of the stock exchange which incorporates derivatives, debt, and equity.[12] It conjointly formulates laws for safeguarding the interest of the investors.

This phase regulates the capital of India Markets through the subsequent laws:

1. Depositories Act, 1996.
2. Securities Contract (Regulation) Act, 1956.
3. Securities and Exchange Board of India Act, 1992.

Reserve Bank of India (RBI)[13] - The bank of India Act, 1934 governs policies framed by the Reserve Bank of India. The functions of RBI during this regard are as follows:

1. Implementation of Monetary and Credit policies.
2. Issuance of Currency Notes.
3. Government's Banker.
4. Banking System Regulator.
5. Foreign Exchange through Foreign Exchange Management Act, 1999.
6. Managing payment & settlement system.

Apart from the higher than functions, RBI is also actively involved in developing the financial market.

Securities & Exchange Board of India (SEBI)[14]

The Securities & Exchange Board of Bharat (SEBI) Act, 1992 regulates the functioning of SEBI. SEBI is that the apex body governing the Indian stock exchanges.

The primary functions of SEBI are as follows:

1. Protective Functions
2. It checks Price rigging.
3. Prohibits insider trading.
4. Prohibits fraudulent and Unfair Trade Practices.

Development Functions[15]

1. SEBI promotes coaching of intermediaries of the stock exchange.
2. SEBI tries to push activities of the stock market by adopting a versatile and all-mains approach.

Regulatory Functions[16]

1. SEBI has framed rules and laws and a code of conduct to control the intermediaries like merchant bankers, brokers, underwriters, etc.
2. These intermediaries are brought beneath the regulative ambit and personal placement has been created a lot of restrictive.
3. SEBI registers and regulates the operating of stock brokers, sub-brokers, share transfer agents, trustees, merchant bankers and everyone people who are related to the stock market in any manner.
4. SEBI registers and regulates the operating of mutual funds etc.
5. SEBI regulates takeover of the companies.
6. SEBI conducts inquiries and audit of stock exchanges.
7. The participation in the Indian Stock Market of both the domestic or foreign financial intermediaries is governed by the regulations framed by SEBI. Additionally, Foreign Portfolio Investors (FPIs) can participate in the Indian Stock Market after registering them with an authorized Depository Participant.

National Stock Exchange of India (NSE)[17]

NSE is responsible for formulating and implementing the rules pertaining to:

1. Registration of Members.
2. Listing of Securities.[18]
3. Monitoring of Transactions.
4. Compliance.
5. Other additional functions related to the above functions.

NSE itself is regulated by SEBI and is beneath regular vigilance for all regulative compliances.

Reforms in the Capital Market of India - The major reforms undertaken in the capital market of India include:-

Establishment of SEBI: The Securities and Exchange Board of India (SEBI) was established in 1988. It got a legal status in 1992. SEBI was primarily got the wind off to control the activities of the businessperson banks, to control the operations of mutual funds, to work as a promoter of the stock exchange activities and to act as an administrative body of recent issue activities of firms. The SEBI was got wind of with the basic objective, "to protect the interest of investors in the securities market and for matters connected therewith or incidental thereto."[19]

Establishment of Creditors Rating Agencies: Three creditors rating agencies viz. The Credit Rating Information Services of India Limited (CRISIL - 1988), the Investment Information and Credit Rating Agency of India Limited (ICRA - 1991) and Credit Analysis and Research Limited (CARE) were got wind of so as to assess the money health of various money establishments and agencies associated with the stock exchange activities. It is a guide for the investors conjointly in analysing the risk of their investments.

Increasing of businessperson Banking Activities: Several Indian and foreign business banks have got wind of their businessperson banking divisions within the previous few years. These divisions give money services like underwriting facilities, issue organising, consultancy services, etc. It has evidenced as an assist to factors associated with the capital market.

Intimate Performance of Indian Economy: In the last few years, the Indian economy is growing at a good speed. It has attracted an enormous flow of FII[20]. The massive entry of FIIs in the Indian capital market has given good appreciation for the Indian investors in recent times. Similarly, several new firms are rising on the horizon of the Indian Capital Market to lift capital for his or her expansions.

Rising Electronic Transactions: Because of technological development within the previous few years. The physical transaction with more paperwork is reduced. Now paperless transactions are increasing at a fast rate. It saves money, time and energy of investors. Thus it's created finance safer and hassle-free encouraging a lot of individuals to affix the capital market.[21]

Growing fund Industry: The growing of mutual funds in India has definitely helped the capital market to grow. Public sector banks, foreign banks, financial institutions and joint mutual funds between the Indian and foreign firms have launched many new funds. A big diversification in terms of schemes, maturity, etc. has taken place in mutual funds in India. It has given a wide choice for common investors to enter the capital market.

Growing Stock Exchanges: The numbers of varied Stock Exchanges in India are increasing. Initially, the BSE was the prominent exchange, however currently when the fixing of the NSE and also the OTCEI, stock exchanges have spread across the country. Recently a replacement Inter-connected stock exchange of India has joined the present stock exchanges.

Investor's Protection: Beneath the orbit of the SEBI the Central Government of India has got wind of the IEPF[22] in 2001. It works in educating and guiding investors. It tries to protect the interest of small investors from frauds and malpractices in the capital market.[23]

The growth of Derivative Transactions: Since June 2000, the NSE has introduced the derivatives trading in the equities. In November 2001 it conjointly introduced the future and optional transactions. These innovative products have given a selection for the investment resulting in the growth of the capital market.

Insurance Sector Reforms: Indian insurance sector has also witnessed massive reforms in the last few years. IRDA[24] was got wind of in 2000. It sealed the entry of the private insurance companies in India. As several insurance firms invest their money within the capital market, it has expanded.[25]

Commodity Trading: Together with the commercialism of normal securities, the trading in commodities is also recently encouraged. MCX[26] is set up. The volume of such transactions is growing at a splendid rate.

Conclusion - A market is an arrangement that allows buyers and sellers to come together to exchange money for goods, services, or financial assets. Markets can be physical or virtual. Examples of capital markets are markets for purchasing and marketing stocks and bonds. They embrace primary markets, where newly issued stocks and bonds are sold to investors, and secondary markets in which existing stocks and bonds are traded. Capital markets play a very important role in the economy. Through primary capital markets, businesses and entrepreneurs will issue stocks and bonds to lift monetary capital to begin or expand businesses. Through each the first and also the secondary capital markets, savers are able to buy financial assets from which they hope to gain returns and build wealth. A stock may be a share of possession during a company. A bond may be a certificate of liability issued by a government or corporation. The government or corporation is needed to repay the loan in conjunction with some quantity of interest. Now you recognize some basics regarding capital markets, stocks and bonds and the way capital markets profit the economy.

References :-

1. www.Investopedia.com,
2. Initial Public Offering
3. Rajesh Chakrabarti: Capital Market in India- Definition.
4. http://www.yourarticlelibrary.com
5. Initial Public Offering
6. http://www.yourarticlelibrary.com
7. http://www.yourarticlelibrary.com
8. Electronic Initial Public Offer
9. http://www.yourarticlelibrary.com
10. http://www.yourarticlelibrary.com/
11. https://blog.elearnmarkets.com/capital-market-regulators
12. https://blog.elearnmarkets.com/capital-market-

regulators.

13. India's central banking establishment that controls the issuing and provides of the Indian monetary unit.
14. SEBI is that the regulator for the exchange in the Republic of India. It was established in 1988 and given statutory powers on thirty January 1992 through the SEBI Act, 1992.
15. https://www.sebi.gov.in/powers-and-functions.html
16. https://www.sebi.gov.in/powers-and-functions.html
17. NSE is the major stock exchange of India, placed in Mumbai. The NSE was established in 1992 because the 1st demutualized electronic exchange within the country.
18. www.nseindia.com
19. http://kalyan-city.blogspot.com
20. Foreign Institutional Investments.
21. http://kalyan-city.blogspot.com
22. Investors Education and Protection Fund
23. http://kalyan-city.blogspot.com
24. The Insurance Regulative and Development Authority.
25. http://kalyan-city.blogspot.com
26. The Multi Commodity Exchange.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

डॉ. रामकुमार वर्मा और खड़ी बोली काव्य भाषा

झेलम झेंडे *

प्रस्तावना – सामान्यत: लोक समूह के बीच प्रयुक्त लोक भाषाओं का एक निर्धरित स्वरूप है किन्तु इसके लिए हिन्दी खड़ी बोली स्वंय में एक अपवाद है। एक ओर वह जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोक समूह द्वारा बोली जाती है और दूसरी ओर वह खड़ी बोली जो भारत की राजभाषा, सम्पर्क भाषा, संचार भाषा, वैचारिक आदान–प्रदान एवं साहित्य सृजन की राष्ट्रव्यापी तथा अन्तर्राष्ट्रीय भाषा है– दोनों दो भिन्न छोरों पर हैं। लोकसमूह एवं शिष्ट प्रयोग वाली हिन्दी एक दूसरे से दिनों–दिन दूर होती जा रही है। इस साहित्यिक खड़ी बोली की कथा ठीक संस्कृत भाषा की भाँति है। ब्राह्मण युग से वैयाकरणों तथा काव्यचिन्तकों ने परम्परित संस्कृत को संस्कारित करके उसे आमजन के प्रयोग से भिन्न किया। यह संस्कृत, इस युग में अपने मूल स्वरूप से भिन्न होकर एक प्रकार से कृत्रिम एवं गढ़ी हुई भाषा बनकर साहित्य के अन्तर्गत व्यावहारिक भाषा बनी थी, ठीक ऐसी ही स्थिति आज साहित्यिक हिन्दी खड़ी बोली की है। इस खड़ी बोली की भाषिक बनावट फोर्ट विलियम कालेज की स्थापना से शुरू हुई और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र युग में यह नई चाल में ढली। विशेषकर कविता के क्षेत्र में यह भारतेन्दु युग की ग्राह्य भाषा नहीं बन पाई थी किन्तु इस युग के कविगण इसे काव्य के संदर्भ में ब्रजभाषा जैसी लचीली भाषिक अन्विति देने की ओर सचेष्ट थे।

एक पूर्ण परिभाषित व्यंजना की सहज प्रतीति दिलाने वाली संवेदनापूर्ण भाषा बनाने की होड़ हमें छायावाद युग के प्रारम्भ तक दिखाई पड़ती है। यही नहीं, छायावाद युग के पूर्व उर्दू तथा अंग्रेजी भाषाओं के भी दो मानक कई कवियों द्वारा सामने लाये गए किन्तु लयात्मक भाव संवेदना की वाहिका के रूप में यह खड़ी बोली सन् 1920 के आसपास छायावाद के विकास के साथ–साथ विकसित होती हुई आई और सन् 1940 तक इसका भाषिक संवेदना संदर्भ पूर्णत: मुखरित हुआ। छायावाद के मधयकाल की काव्यात्मक हिन्दी अपनी संवदेनात्मक अभिव्यक्ति के संदर्भ में अधिक रुचि लेती दिखाई पड़ती है। अंग्रेजी में कविता की भाषा को 'इमोटिव यूञज आपफ लैंग्वेज'[1] कहा गया है और छायावादी काव्यभाषा जैसे इस परिभाषा की पर्याय बन चुकी है। 'मैं'पन के अभाव की पीड़ा इसके सृजन का तनाव है। उद्दाम यौवन की मादकता कुंठित भावनामय प्रेम तथा रहस्यमयता के आवरण में वस्तु संवेदना को साधे हुई यह छायावादी कविता तरलित होकर स्वयं बहती है। छायावादी कविता ने सामाजिक मूल्य दिए हों या न दिए हों किन्तु खड़ी बोली हिन्दी काव्य के लिए उसका सबसे बड़ा योगदान है कि उसने एक इतिवृत्तात्मक भाषा के रूप को संवेदनात्मक भाषा के रूप में ढाला।

इस प्रक्रिया के लिए महादेवी वर्मा ने सर्वाधिक कोमल, सर्वाधिक सुकुमार तथा सर्वाधिक सुन्दर को व्यक्त करने के लिए लघुतम भावना–प्रधान शब्दों का प्रयोग किया है। पण्डित सुमित्रानन्दन पंत ने 'विशेषणों' से अपनी काव्यभाषा का निर्माण किया है। निराला बंगभाषा के पैटर्न पर 'रागमयता तथा लयात्मकता' को संगीत से सीधे जोड़ते हैं। 'संगीत के रागों की भाषा' का प्रयोग निराला की काव्यभाषा की अपनी प्रकृति है। जयशंकर प्रसाद ने प्रणय, विरह एवं वेदना से जुड़े भारतीय रोमैंटिक शब्दावली से अपनी काव्यभाषा सजाई है और डॉ. राम कुमार वर्मा– जो इस विषय के विवेच्य हैं – उनकी संवेदनात्मक काव्यभाषा– विशेषकर जो उनके गीतिकाव्य में प्रयुक्त है, किन तत्त्वों और किन काव्यान्वितियों से निर्मित होती है, यह एक विचारणीय समस्या है।

डॉ. राम कुमार वर्मा के गीति काव्य की सर्जनात्मक भाषा का विश्लेषण करने के पूर्व इस संदर्भ में दो–चार पंक्तियों में उनके व्यक्तित्व का विश्लेषण कर लेना आवश्यक होगा –डॉ.राम कुमार वर्मा के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 'वह अपने व्यवहार एवं सिद्धांन्त के प्रत्येक क्षण के साहित्यकार हैं।'[2] भाषिक सृजनभंगिमा एवं उससे उत्पन्न होने वाली उन्मेशवृत्ति को व्यवहार की भाषा में भी वे इस प्रकार प्रकट करते रहते थे जैसे, वे सृजन और केवल सृजन के लिए तैयार बैठे हों। उनका अध्यापक व्यक्तित्व भी उनके इस साहित्यकार व्यक्तित्व में घुला मिला दिखाई देता है। उनका अध्यापन छात्रा समुदाय को समझता कम था, भावात्मक आवेग में ज्यादा बाँधे रहता था। ललितभाषा का लाक्षणिक विधन प्रतिक्षण श्रोताओं को तनाव में उद्धीप्त करता था, और उनके सम्पर्क में आने वाला – पाठक, छात्रा, श्रोता सभी उनके इस साहित्यकार के व्यक्तित्व से निरन्तर बँधे दिखाई पड़ते थे – उनका कवि व्यक्तित्व, सर्जक व्यक्तित्व, साहित्यकार का व्यक्तित्व सभी को इस तरह बाँधता था कि श्रोता उनसे तन्मयीभूत होने के लिए विवश था – वह लोक व्यवस्था से सम्बन्ध होकर भी साहित्य व्यवस्था के संलाप से जुड़ जाता था।

डॉ. राम कुमार वर्मा के व्यक्तित्व की यह विशेषता न पंत में मिलती है और न महादेवी वर्मा में। निराला का काव्य जगत तो आत्मलाप की रचनाभूमि थी, और सबसे भिन्न। इस विशेषता से मंडित डॉ. राम कुमार वर्मा के सृजन की काव्यभाषा निर्मिति का स्वरूप क्या था – उनकी टिप्पणियों द्वारा इसे स्पष्ट करने में हमें अधिक सुविधा होगी। उन्होंने अपनी काव्यभाषा के बारे में अपनी कविताओं में भी जगह–जगह पर टिप्पणियाँ दी हैं – जिनमें से एकाध इस प्रकार हैं –

क्या अपनों का ही यही स्वार्थ साधन सुख की परिभाषा है।
जिसमें न हृदय का स्पन्दन है वह भाषा भी क्या भाषा है।
हों तुम्हारे ये लजीले प्रश्न तो उत्तर बनू मैं ?
क्यों हृदय की भावना को मिल सकी अब तक न भाषा

इस संदर्भ में जिस भाषा की बात कही गई है, वह मानव जाति की

* असिस्टेंट प्रोफेसर, वीर वाजेकर ए.एस.सी. कॉलेज, फुंडे, ता. उरण, जि.रायगड (महाराष्ट्र) भारत

चित्तवृत्ति के भावनात्मक स्पन्दन से जुड़ती है। वह भाषा– जो आवेग के क्षणों में उत्पन्न होकर श्रोता के सोए भावात्मक संस्कारों को उद्धेलित करे या वह भाषा जो व्यक्ति के भावात्मक प्रतीकों का मूर्तरूप बनकर चित्रा में विम्बाकृति बनकर खड़ी हो जाए। डॉ.राम कुमार वर्मा अपनी भाषा से, अपने शब्दों से, भाषिक आरोह–आवरोह एवं लयता से, अन्वितियों से जुड़ी आकांक्षाओं से, अपनी अतृप्तियों एवं उन्मादभरी काम दीप्तियों से एक ऐसी काव्यभाषा को गढ़ने की बात करते हैं – जो श्रोता या पाठक के चित्त में जीती–जागती रोमानियत बिम्बों से भरे स्वप्न लोक को प्रातीतिक सत्य बना दे। डॉ.वर्मा कला विलास की भाषा से स्वप्निल चित्रा नहीं, जीते–जागते चित्रों को चित्र में रखना चाहते हैं। छायावादी कविता की खड़ी बोली भाषा उनकी इन अवधारणाओं से कैसे सजती है – उसके कुछ सूत्रा इस प्रकार हैं –

1. वे स्वयं कहते हैं कि ‘उनकी रूपराशि कल्पना से निर्मित है।’[3]
2. उनकी भावुकता का सबसे बड़ा तत्त्व है, रोमानियत – प्रणयभाव, उल्लास, मादकता, अतृप्ति, साहचर्य की कामना का अतिरेक
3. उनकी कविता कल्पनालोक तथा प्रणय के मधुर लोक के संयोग से बनती है किन्तु डॉ. वर्मा उसमें यथार्थ जैसा जीवन भोगने की कामना रखते हैं।
4. कोमलतम, रमणीयतम, सुन्दरतम की परम्परा, अनुभव एवं भाषा एक बिन्दु पर एक साथ हैं।
5. वस्तुसत्ता को आत्मसत्ता में विलीनीकरण की प्रवृत्ति।

प्राय: डॉ. वर्मा की ये अवधरणाएँ उनकी अभिव्यक्ति के लिए भाषा का सृजन करती हैं। उनके गीतों की सृजित भाषा का स्वरूप इसी प्रकार निर्मित है। काव्यभाषा निर्माण के संदर्भ में डॉ.राम कुमार वर्मा का सबसे बड़ा हथियार– विपरीतार्थकता है। यह विषय,विरोध, विसंगति से प्रारम्भ होकर अन्तर्विरोध को फैलाती चलती है और अन्त में लाक्षणिक पैनेपन एवं कल्पना की अतिशयता से स्वयं को सजा लेती है। कष्ट की गहराई के ऊपर खिला कमल,पूरी बात का अधूरा रह जाना, विद्युत की हँसी में रात का सिहरना, तारों की अधखिली कलियाँ–अँधेरी रात में भाग्य की विडम्बनाएँ, रसमय हृदय की चपल ज्वाला, आकाश का अश्रु – तुम्हारा हास है, काले नश्वर बादल जीवन के श्रृंगार हैं, ‘ना को इनकार न मानना’ पाप से कलुशित प्रिय का पुण्य गात, आदि–आदि कितने उदाहरणों से उनके गीत भरे पड़े हैं।

भाषा के प्रयोग के द्वारा आकस्मिक परिवर्तन करके चमत्कृति द्वारा पाठक के मन में भावद्वन्द्व उत्पन्न करना इस प्रयोग का प्रतिपफल है। गीतों में यह विपरीतार्थता उन्माद, भावुकता, प्रणय, कोमलता, अतृप्ति, भोग की कामना आदि से जुड़ी शब्दावलियों तथा आकांक्षाओं से सम्बन्ध है। उन्मेश, कल्पना, सृजन की व्याप्ति आदि से समन्वित यह ब्रजभाषा से अधिक समृद्ध रोमानियत तथा स्वच्छन्द प्रेम से मंडित है। डॉ.राम कुमार वर्मा जब सृजन के क्षणों में अधिक भावुक होते हैं तो क्रियापदों की आवृत्ति बहुलता एवं उनसे निर्मित सूक्ष्म रोमानियत भरे विम्ब अधिक सचेत दिखाई पड़ने लगते हैं। क्रियापदों की निरन्तरता और आवृत्तियों से निर्मित उनके चित्रा अधिक संवेदनशीलता का परिवेश निर्मित करते हैं– जैसे – आज मेरी गति तुम्हारी आरती बन जाए।

‘आरती घूमे कि खिंचता जाए रंजित क्षितिज घेरा।
धूम सा जलकर भटकता चले सारा नभ अँधेरा।।’[4]

गतिशीलता, आरती बनना, घूमना, खिंचना, जलना, भटक कर चलना ये क्रियापद तथा कृदन्तीय रूप एक विशाल बिम्ब द्वारा प्रेम की चित्रात्मक आवृति निर्मित करते हैं। – छायावादी युग में रचा गया भाषा का यह कथात्मक प्रयोग उसकी सम्पन्नता का स्वयं में एक जीवन्त साक्ष्य है।

काव्यभाषा की दृष्टि से कभी–कभी लगता है, उनका अध्यापक– साहित्यकार उनके सर्जन पर पूरी तरह से हावी है। इस संदर्भ में जब वे काव्यभाषा को रचना के स्तर पर उतारते हैं, तो लाक्षणिक जटिलता, उनके साथ–साथ चलने लगती है। डॉ. वर्मा में यह लाक्षणिक जटिलता उनकी कल्पना से जुड़कर वक्रतापूर्ण अर्थ विधन का कार्य करने लगती है। यह सत्य है कि डॉ. राम कुमार वर्मा की काव्यभाषा में लाक्षणिकता की भंगिमा उसका प्रमुख तत्त्व है, किन्तु यह लाक्षणिकता धीरे–धीरे शास्त्रावाद का रूप ग्रहण करने लगती है और तब डॉ. वर्मा संस्कृत काव्य परम्परा में महाकवि भारवि, श्री हर्ष, माघ जैसे प्रयोगों के प्रति उद्यत दिखाई पड़ने लगते हैं। वर्मा जी के प्रबन्धकाव्यों में भाषा की यह प्रवृत्ति निरन्तर दिखाई देती है जैसे – ‘ज्यों श्लेष अलंकार में प्रयुक्त एक शब्द।

एक बार में अनेक अर्थ कह देता है।।
है ब्राह्म बेला तंद्रा कुछ ऐसी होती है,
जैसे कर्मनाशा मिल जाय हनुजाया में।
वज्र तर्जनी से हा! कितना विवश हूँ,
हो गया हूँ पुष्प मुरझाया–सा कूष्मांड का।’[5]

हिन्दी काव्यभाषा के निर्माण की यह विशेषता आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग की प्रवृत्ति के विकास का दूसरा सोपान् कहा जा सकता है।

निष्कर्ष – भंगिमाएँ ही उनकी काव्यभाषा के लिए आवरण हैं। सीमित शब्दों की यह सांकेतिक अर्थ भंगिमा उनकी कविता की निर्मित के लिए सर्वत्र आधार का कार्य करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रिंसिपिल्स ऑफ लिट्रेरी क्रिटिसिज्म – पृ. 98 तथा 114
2. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास – डॉ. राम स्वरूप चर्तुवेदी – पृ. 11., 111
3. नई कविता : खण्ड एक : सैद्धान्तिक – पृ. 164
4. नई कविता के आलोचकों से– डॉ. राम कुमार वर्मा–पृ. 335
5. नई कविता : खण्ड एक, सैद्धान्तिक पक्ष– पृ. 171

****

लघु एवं कुटीर उद्योगो का विश्लेषणात्मक अध्ययन (मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले के विशेष संदर्भ में)

माया पिण्डोलिया*

प्रस्तावना – उद्योग एक व्यापक शब्द है और इसमें उद्यम छिपा हुआ है। उद्यम का अभिप्राय है – प्रयत्न करना। प्रत्येक क्रिया चाहे वह आर्थिक हो या अनार्थिक उसमें उद्यम (प्रयत्न) किया जाता है। अत: वे उद्योग ही है किन्तु जब व्यावसायिक और व्यापारिक जगत की चर्चा होती है तो उद्योग शब्द अपने सीमित रूप में हमारे सामने आता है, अर्थात प्रकृति प्रदत्त पदार्थो को रूपान्तरित करके उन्हें उपयोगी बनाने की क्रिया ही उद्योग है। प्रकृति ने जो भौतिक पदार्थ हमें उपहारस्वरूप प्रदान किये है, उनका निर्माण करना या उनका विनाश करना मानवीय शक्ति से परे है। अत: मानवीय आवश्यकताओं की संतुष्टि के लिए –

1. व्यक्ति अपने प्रयत्नों से उपलब्ध संसाधनों का रूप परिवर्तित कर दे। या
2. व्यक्ति अपने प्रयत्नों से संसाधनों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर यातायात व परिवहन के माध्यम से पहुंचाकर उनकी उपयोगिता में वृद्धि कर दें। या
3. व्यक्ति अपने प्रयत्नों से अनिर्मित वस्तु का पूर्ण रूप से निर्माण कर दें। यह सभी उद्योग कहलाता है।

अन्य शब्दों में उपरोक्त तीन तत्वों में सामंजस्य स्थापित करके जो कार्य किया जाता है, उसे उत्पादन और जिस स्थान पर यह कार्य संपन्न किया जाता है, उसे उद्योग कहा जाता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से पुनर्गठित मध्यप्रदेश भारत का दूसरा बडा प्रदेश है। यहां विभिन्न नैसर्गिक संसाधन उपलब्ध है। प्रदेश में लगभग 30 प्रकार के खनिज प्राप्त होते है। प्रदेश में भारत का 50% मैगनीज, 35 कोयला, 30 लोह अयस्क एवं 44 बाक्साइड के भण्डार उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्रक, तांबा, सोना, हीरा, शीषा, डोलोमाइट एवं ग्रेफाइट आदि खनिज भी पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होते है। ब्रिटिश काल में सेन्ट्रल प्रॉविंस में औद्योगिक संसाधनों की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इसके चारों ओर छोटी–छोटी रियासते थी, जो अधिकतर स्वावलम्बी के रूप में थी। इनके राजाओं का ध्यान प्रादेशिक आर्थिक विकास की ओर नहीं था परिणामस्वरूप अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में उद्योगों का विकास प्रारंभिक वर्षो में मंद था।

मध्यप्रदेश की रियासते अपेक्षाकृत अधिक विकासोन्मुख थीं। नया ग्वालियर, इन्दौर, उज्जैन, रतलाम इत्यादि नगर छोटे–छोटे औद्योगिक केन्द्र बन गए थे किन्तु यहां के सभी उद्योग उपभोक्ता सामग्री से संबंधित थे जैसे – इन्दौर, ग्वालियर में कपड़ा, शक्कर, चमड़े इत्यादि के उद्योग स्थापित हो गए थे। सेन्ट्रल प्रॉविंस में नागपुर और जबलपुर औद्योगिक दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय है, किन्तु उद्योगों की दिशा भी यहां भिन्न थी। यद्यपि खनिज, वन एवं कृषि संसाधनों की दृष्टि से पूर्वी मध्यप्रदेश अधिक संपन्न है, किन्तु औद्योगिक विकास पश्चिमी मध्यप्रदेश का अधिक हुआ है।

भारत देश अपनी मातृत्व भावना,अनेकता में एकता व सहयोगी भावना के कारण विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाये हुए है। एक अरब जनसंख्या के साथ भारत का जनसंख्या की दृष्टि से चीन के बाद दूसरा स्थान है। इस देश में लगभग 70% लोग गांवो मे निवास करते है। 2001 में पूरे देश में केवल 36.4% लोगों के घरों में शौचालय की सुविधा थी। ग्रामीण क्षेत्रों मे यह अनुपात 21.9% रहा और सिर्फ 7.1% घरों में ही शौचालय के साथ-साथ जल सुविधा की व्यवस्था भी रही। भारत देश में सर्वाधिक संख्या में बच्चे विद्यालय जाते हैं, मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या अधिक निवास करने के कारण विद्यालय जाने वाले बच्चों की संख्या भी गांवों में अधिक है। विश्व में ग्रामीण विद्यालयों में जाने वाले बच्चों की सर्वाधिक संख्या हमारे देश में है। यहां के लगभग 6.3 लाख ग्रामीण प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लगभग 8 करोड़ बच्चे अध्ययनरत हैं। 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 75% बच्चे ग्रामीण विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। उपलब्ध सुविधाओं का अपर्याप्त उपयोग होता है व उनकी उचित देखभाल नहीं होती है। यही कारण है कि वर्तमान में अनेक ग्रामीण विद्यालयों का परिवेश अस्वास्थ्यकर है, जो बीमारियों के फैलाव में सहायक है। उदाहरण के लिए दूषित पानी व गन्दे परिवेश के कारण बच्चों में अनेक प्रकार के आँतों व फेफड़ों से सम्बन्धित संक्रमण हो जाते हैं जैसे डायरिया, डिसेन्ट्री , हैपेटाइटिस, पोलियो, ट्रेकोमा, स्केबीज आदि । स्वास्थ्य में गिरावट से बच्चों की शाला में नियमित उपस्थिति तथा सीखने-समझने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, फलस्वरूप बच्चे विद्यालय से पलायन करने लगते हैं। विद्यालयों में गन्दे पानी की सुरक्षित निकासी की सुविधाएँ नहीं होने के कारण मच्छर तथा मक्खियाँ पनपते हैं। अन्य घातक रोगों तथा मलेरिया इत्यादि के संक्रमण की संभावना बहुत अधिक हो जाती है। अत: विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं शौचालय/मूत्रालय सुविधाओं की नियमित साफ-सफाई की सुदृढ़ व स्वप्रेरित व्यवस्था कायम करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। यह तभी सम्भव है जब सभी बच्चों, शिक्षकों व स्थानीय समुदायों में स्वच्छता स्थापना के उचित दृष्टिकोण का विकास किया जाए, तभी हमारे विद्यालयों का पर्यावरण स्वच्छ व स्वास्थ्यवर्द्धक बनेगा और ये बच्चे सामुदायिक परिवर्तनकर्त्ता सिद्ध हो सकेंगें। भारत देश में बड़े पैमाने पर प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम सुचारू रूप से चल रहा है।

1975 में बनी अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षा परिषद् जिसकी स्थापना का उद्देश्य सभी 14 वर्ष तक के बालको को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करना था जिसे बाद में अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् के साथ मिलकर 1961 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् में बदल दिया गया, 1964 में गठित दौलतसिंह कोठारी की अध्यक्षता में बने कोठारी आयोग ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक स्तर पर सुझाव प्रेषित किये, 1968 में शिक्षा को समुचित आधार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनी, 1979 में 6 से 11 वर्ष आयु वर्ग के स्कूल के बाहर के बालकों को अल्प अवधि शिक्षा की व्यवस्था उनकी सुविधा के समय पर प्रदान करने के लिए अनौपचारिक शिक्षा योजना बनायी गयी, दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण 1986 में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य देश की परिवर्तित परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षा को विकसित करने हेतु दिशा निर्देश देना था। जिसे बाद में 1992 में संशोधित शिक्षा नीति के तहत सुधारा गया, 1987 में देश के प्राथमिक विद्यालयों में आवश्यक भौतिक संसाधनों की पूर्ति करने के लिए ऑपरेशन ब्लैड बोर्ड योजना का निर्माण किया गया, 1988 में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (Diets) का केन्द्रीय प्रवर्तित योजनान्तर्गत प्राथमिक शिक्षा के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु उदय हुआ,1988 में ही प्राथमिक शिक्षा हेतु 'सम्पूर्ण साक्षरता मिशन' (TLP) को पारित किया गया। 1991 में न्यूनतम अधिगत स्तर (MLL)

कार्यक्रम भाषा और गणित में मूलभूत कमियों को दूर करने पठ्यपुस्तकों का निर्माण करने के लिए प्रारम्भ किया गया, 1992 में बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करने के उद्देश्य से सुझाव लेने हेतु सरकार ने डॉ. यशपाल समिति का गठन किया, 1994 में देश में प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकरण को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (DPEP) को प्रारम्भ किया गया, 1995 में प्राथमिक विद्यालयों में बालकों के ठहराव को प्रोत्साहित करने के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था विद्यालय में ही करने की मध्यान्ह भोजन योजना प्रारम्भ की गयी, 1999 में जिन गाँवों में प्राथमिक विद्यालय नहीं थे उनमें ग्राम पंचायतों द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को खोलकर शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षा गारन्टी स्कीम को प्रारम्भ किया गया, विद्यालयों से बाहर सभी बालकों को प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित करने के उद्देश्य से सन् 2000 में 'सर्वशिक्षा अभियान' कार्यक्रम चलाया गया, नया मिलेनियम पाठ्यक्रम (NCERT) द्वारा नवम्बर माह में प्रस्तुत किया गया। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बदलते परिवेश के अनुरूप को ध्यान मे रखत हुए शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। भारत बच्चों के जीवन, उनकी सुरक्षा तथा विकास पर 'विश्व शिखर घोषणा' का हस्ताक्षरकर्त्ता है, इस घोषणा के लक्ष्यों मे एक लक्ष्य सर्वव्यापी स्वच्छता भी है।

ग्रामीणों में स्वास्थ्य जागरूकता अभाव, जल की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण बच्चे संक्रमण द्वारा बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं तथा ये बीमारियाँ समुदाय तक फैल जाती हैं। इस प्रकार यदि प्रत्येक व्यक्ति अस्वच्छता के कारण इन बीमारियों से ग्रस्त हो गया तो भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने का सपना मात्र सपना बनकर ही रह जाएगा। स्वच्छता सम्बन्धी स्वास्थ्य निहितार्थों के परिणामस्वरूप सालाना 80 करोड़ कार्यदिवसों की हानि और 1200 करोड़ रूपये की आर्थिक हानि होती है। यह अनुमान है कि साबुन से हाथ धोने से हर साल बीमारियों की लगभग 90 लाख घटनाओं को कम किया जा सकता है। बांग्लादेश में एक स्कूल स्वच्छता परियोजना के कारण लड़कियों के दाखिलों में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। देश की प्रगति उसके नागरिकों के व्यवसाय उनके श्रम, उनकी तरक्की व विकास पर ही सम्भव है। यदि वे शारीरिक रूप से अस्वच्छ रहेंगे तो बीमारियों से ग्रस्त होंगे व मानसिक रूप से तनाव से ग्रसित हो जाऐंगे, जिससे कि देश की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है आज देश में स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रत्येक विद्यालय में पहुँचाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि नागरिकों की कड़ी मेहनत व शैक्षिक उन्नति से भारत देश विकसित देशों की बराबरी कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग-शक्ति-महाशक्ति

डॉ. सन्ध्या श्रीवास्तव*

प्रस्तावना – "Yoga is not an ancient myth buried in oblivion. It is the most valuable inheritance of the present. It is the essential need of today and the culture of tomorrow." - Swami Satyananda Saraswati

जगत् की गतिशीलता का अंतिम लक्ष्य सत्य का साक्षात्कार है, उस परमात्मा का साक्षात्कार है जो इस सृष्टि का एक मात्र सत्य है। भौतिकता की चकाचौंध में हम अपनी प्राचीन अध्यात्मपरक संस्कृति को भूल गए हैं। आज पाश्चात्य जगत् भारतीय अध्यात्म के प्रति आकर्षित है परन्तु दुर्भाग्य है कि भारत अपनी ही प्राचीन सम्पदा से आत्मिक सम्पदा से विहीन हो रहा है। अपने में स्थित होना ही स्वस्थ होना है अपने से जुड़ना ही योग है। योग अत्यन्त प्राचीन विद्या है जो जीवन को संतुलित और सहज बनाती है। आज पतंजलि के योगसूत्रों का ही सर्वत्र अनुसरण किया जा रहा है। पतंजलि ने समाधि की अवस्था को प्राप्त करने की प्रक्रिया का वर्णन 'अष्टांग योग' द्वारा विस्तार से किया है। योग साधना से ही योग को जाना जा सकता है। गीता में श्रीकृष्ण ने कर्म फल के प्रति अनासक्त होकर कर्त्ताव्य पालन के निष्काम कर्मयोग की शिक्षा दी है। श्री अरविन्द घोष ने जीवन की प्रत्येक क्रिया को तन्मयतापूर्ण ढंग से करके सम्पूर्ण जीवन को ही योग बना देने के पूर्ण योग की शिक्षा दी है। अन्ततः योग एक आंतरिक सम्पदा है।

देह, मन, आत्मा को स्वास्थ्य प्रदान करने के कारण चिकित्सा शास्त्र भी है। योग धर्म निरपेक्ष नीतिशास्त्र है, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग में ही जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान है।[1]

मानव का उद्देश्य क्या है?

जड़ चेतन गुण दोषमय विश्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुन गहहिं पय, परिहरि वारिविकार॥

विधाता ने इस जड़-चेतन विश्व को गुण दोषमय रचा है किन्तु संतरूपी हंस दोषरूपी फल छोड़कर गुणरूपी दूध को ही ग्रहण करते हैं।

शुभ-अशुभ, पाप-पुण्य, दैवी-आसुरी दो प्रकार की प्रवृत्तियाँ सदा से ही विद्यमान हैं। जगत की गतिशीलता का अंतिम लक्ष्य सत्य का साक्षात्कार है, उस परमात्मा का साक्षात्कार है जो इस सृष्टि का एकमात्र सत्य है। मनुस्मृति में कहा गया है – 'सभी प्राणियों में अपनी आत्मा को और अपनी आत्मा में सभी प्राणियों को बराबर देखने वाला आत्मयाजी स्वराज्य प्राप्त करता है।'

'सर्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि
समं पश्यन्नात्मयाजी स्वराज्यमधिगच्छति।'[2]

वर्तमान स्थिति – आज अंध आधुनिकता की दौड़ में, प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा के घोर भौतिकवादी युग में पारिवारिक और सामाजिक सम्बन्ध छिन्न-भिन्न हो रहे हैं। स्वार्थ, संकीर्णता, लोभ, बेईमानी आदि मानव के पर्याय बन गए हैं। स्नेह, सौजन्य, सदाचार आदि को वह भूल गया है, मानव का मानव से नाता ही टूट गया है। एकाकी अलग-थलग पड़ा मनुष्य, अकूत संभावनाओं का भण्डार मनुष्य,स्वयं को निरीह प्राणी सा अनुभव करता है। सोते-जागते, उठते-बैठते तनावग्रस्त जीवन एक समस्या सा प्रतीत होता है। सम्पूर्ण मानवता विकास की राह पर चलते-चलते विनाश के कगार पर आ खड़ी है। कुंठित-विवेक, रुग्ण-मानसिकता, बौद्धिक आलस्य से आवृत्त सोयी मानवता समाज को अस्वस्थ करके राष्ट्र में, फिर विश्व में मनोमालिन्य तथा वैमनस्य पैदा कर देती है। परिणामतः आज हिंसा, आतंकवाद, साम्प्रदायिक दुर्भावना जैसी विश्वव्यापी समस्याओं से राष्ट्रीय एकता संकट में है। आत्मिक शांति, समाज की, राष्ट्र की, विश्व की शांति एक सपना सा प्रतीत होती है।

इस स्थिति का कारण क्या है?

भौतिकता की चकाचौंध में हम अपनी प्राचीन अध्यात्मपरक संस्कृति को भूल गए हैं। जड़ और चेतन में भेद न कर पाना, भौतिकता और आध्यात्मिकता में भेद न कर पाना ही अविद्या है। वस्तुतः अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश – ये पाँच क्लेश महादुःख के, जन्म-मृत्यु के कारण हैं। उनमें अविद्या प्रधान है। अनित्य, अपवित्र, दुःख और अनात्म में नित्य, पवित्र, सुख और आत्म-स्वरूप की प्रतीति अविद्या है, अज्ञान है। परम तत्व का ज्ञान प्राप्त करके आत्मा जड़ और चेतन का विवेक कर सकें आत्मवान् बन सके, यही दुःख और तनाव को दूर कर आनन्दित होने का उपाय है।

वस्तुतः असंतुलन ही तनाव का कारण है। यह तनाव ही समस्त व्याधियों की जड़ है। तमस् से उत्पन्न आसुरी तत्वों के विनाश के लिए, विश्व-समुदाय को, मानवता को विनाश से बचाने के लिए, दूषित वर्तमान के संस्कार के लिए, सुन्दर भूत के दर्शन पर विचार करना होगा। जिस उद्देश्य को भूल गए हैं, उस पर पुनः विचार करना होगा। हजारों वर्ष पूर्व भारत ने विश्व को अद्भुत दर्शन दिया था –

'असतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मा अमृतं गमय मा कश्चित दुःख भाग भवेत॥'

यहाँ पर परमात्मा ही सत्य है, ज्योति स्वरूप है ज्ञान का प्रकाश आत्मसाक्षात्कार का प्रकाश है, अध्यात्म का ज्ञान है। आज हम चतुर्दिक उन्नति करते हुए भी आंतरिक रूप से खोखले हैं। पाश्चात्य जगत् भारतीय अध्यात्म के प्रति आकर्षित है परन्तु दुर्भाग्य है कि भारत अपनी ही प्राचीन सम्पदा से, आत्मिक सम्पदा से विहीन हो रहा है। हमें भोगवादी भौतिकवादी संस्कृति के स्थान पर मौलिक सूझ-बूझ से तथा अपनी जड़ों से जुड़कर

* एसोसिएट प्रोफेसर (दर्शन शास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

भारतवर्ष को प्रगतिशील और शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है। आध्यात्मिक सत्य का साक्षात्कार मानव का लक्ष्य है जो जीवन भर अधोगति से मानव की रक्षा करता है और जीवन के अंत में मोक्ष की छाया प्रदान करता है। आवश्यकता है, अपने से जुड़ने की। आज मानव इण्टरनेट के माध्यम से सबसे जुड़ा है पर अपने से ही नहीं जुड़ा है। अपने में स्थित होना ही स्वस्थ होना है। ऋषियों ने कहा था 'आत्मानंविद्धि' अपने को जानो, अपने से जुड़ना ही योग है। युजिर् योगे, युज् संयमने, युज् समाधौ – के अनुसार योग का अर्थ जोड़, संयम और समाधि होता है। इसका तात्पर्य क्रियाविधि भी हो सकता है।[3] याज्ञवल्क्य के अनुसार जीवात्मा और सर्वोपरि आत्मा के संयोग का नाम ही योग है। योग में आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का तात्पर्य है, स्वार्थ को परमार्थ से जोड़ना। योग में एक और एक दो नहीं एक ही होता है। अपूर्ण एक परिपूर्ण ईकाई बन जाता है।[4]

योग अत्यन्त प्राचीन विद्या है जो जीवन को संतुलित और सहज बनाती है। योग उतना ही पुरातन है जितनी कि सभ्यता। 3000 इ.उ. की पत्थर की मोहरों में योग की विभिन्न मुद्राएँ देखने को मिलती हैं। उपनिषद्, रामायण, महाभारत, गीता आदि सब योग के ही ग्रंथ हैं जिन्हें पढ़कर मानव मन को विश्रांति मिलती है।

पतंजलि योग के जनक कहे जाते हैं। आज पतंजलि के योग सूत्रों का ही सर्वत्र अनुसरण किया जा रहा है। योग तत्व उपनिषद् में चार प्रकार का योग बताया गया है – मंत्रयोग, लययोग, हठयोग, राजयोग। पतंजलिकृत योग अंतिम प्रकार का है। विवेक ज्ञान की प्राप्ति योग के अनुष्ठान से होती है। योग-सूत्र समाधिपाद के प्रथम सूत्र में कहा गया है 'अथ योगानुशासनम्' अर्थात् अब योग को अनुशासन कहते हैं। योग एक अनुशासन है। पतंजलि के अनुसार 'योगः चित्तवृत्ति निरोधः'। पतंजलि योग का मुख्य लक्ष्य यह बताना है कि चित्तवृत्तियों के निरोध द्वारा संयमी जीवन द्वारा किस प्रकार मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। इसमें मन को निश्चल करने का तथा समाधि की अवस्था को प्राप्त करने की प्रक्रिया का वर्णन अष्टांगयोग[5] (यम, नियम, आसन, प्राणायाम्, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि) द्वारा विस्तार से किया गया है। योग के आठ अंग इसके विभिन्न अनुशासन हैं।

योग रूपी Light उन्हीं लोगों के लिए है जो जीवन में आत्मानुशासन अपनाते हैं। इस सम्बन्ध में एक कहानी है – एक संन्यासी रात को सड़क किनारे घूम रहा था, सोने के लिए कोई स्थान ढूँढ रहा था उसके पास एक थैला, कम्बल और लालटेन थी। अचानक एक मोटर साइकिल की आवाज सुनी। उस संन्यासी ने लालटेन दिखाई कि वह रुक जाए लेकिन वह नहीं रुका। संन्यासी चिल्लाया कि एक जाओ, लालटेन ले लो नहीं तो तुम्हारा Accident हो जायेगा तो चालक बोला मेरी गाड़ी में ब्रेक नहीं है। Light से कुछ लाभ नहीं होगा मुझे तो ब्रेक लगाना भी नहीं आता अर्थात् जीवन में यदि अनुशासन, संयम, नियंत्रण नहीं है तो guiding light से भी कोई लाभ नहीं होगा। वह जीवन के accidents को नहीं बचा पाएगी।[6]

योग साधना से ही योग को जाना जा सकता है – 'योगेन योगो ज्ञातव्यो, योगोयोगात्प्रवर्तते। योऽप्रमत्तास्तु न स योगी रमते चिरम्' (महायोग-विज्ञान) एक व्यक्ति अंधे को सूर्य की रोशनी के बारे में बता रहा थाा। वर्णन सुनकर वह अभिभूत हो जाता है। अंधे को सूर्य के प्रकाश का चाहे जितना भी वर्णन किया जाए उसे उसका ज्ञान नहीं मिलता लेकिन यदि उसकी आँख का दोष दूर हो जाता है आँख ठीक हो जाती है तो वह स्वयं सूर्य के प्रकाश को देखता है तभी उसे वास्तविक ज्ञान होता है। इसी तरह योग करके ही उसके आठ अंगों के आचरण से ही उसके लाभ को प्रत्यक्ष जाना जा सकता है।[6A]

योग दर्शन यह मानता है कि बहिर्मुख व्यक्तियों के लिए, ऐसे व्यक्तियों के लिए जो आत्मसंयम का पालन करने योग्य नहीं हों तो उनके लिए क्रिया योग की विधि है। इसमें तपस्या, स्वाध्याय तथा ईश्वर प्राणिधान (भक्ति) शामिल है। योग के अन्य तीन मुख्य मार्ग – ज्ञान योग, कर्म योग और भक्ति योग है।

निष्काम कर्म योग – श्रीकृष्ण को योगीश्वर (भव प्रत्यय योगी) कहा गया है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगी भव अर्जुन'।[6] 'समत्वं योगं उच्यतेय'[7] वही द्रष्टायोगी है, स्थित प्रज्ञ है जो सुख-दुःख में समान रहता है। 'योगः कर्मसु कौशलम्' कर्मो में कुशलता ही योग है। जिस उपाय से कर्म सहज स्वाभाविक रूप से सिद्ध हो, बंधन का कारण न हो, उसी का नाम योग है। प्राचीन काल में ऋषि कुमार यज्ञ के लिए कुश बटोरने जाते थे कुश उखाड़ते समय उनका हाथ कट जाता था इस भय से कुछ कुमार इसरो से माँग कर काम चलाते थे लेकिन कुछ कुमार कुश उखाड़ते भी थे और हाथ भी नहीं करता था। कुश लाते भी हैं और हाथ भी नहीं कटता था अर्थात् संसार के सब काम भी करते हैं और उसकी माया में बद्ध भी नहीं होते, इस भाव को ही योग कहते हैं। योग को अगर जीवन में ढालना है तो कर्मयोग करना होगा। कर्मयोग तो सभी अपना सकते हैं। केवल कर्म नहीं जागरुक होकर, एकाग्र होकर सब ओर से मन को हटा कर कर्म करो।

अनाश्रितः कर्म फलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्नचाक्रियः ।।[8]

जो व्यक्ति अपने कर्मफल के प्रति अनासक्त है और अपने कर्तव्य कर्म का पालन करता है वही संन्यासी और योगी है, वह नहीं जो न अग्नि जलाता है और न कर्म करता है। कर्म से ज्यादा से ज्यादा प्राप्त करना है। Give give and give, take and take more शांति के लिए कहीं और जाना समाधान नहीं है। भीड़ में, शोर में एकाग्रता पाना ही समाधान है। अष्टावक्र गीता में भी कहा गया है – The englightened one neither avoids the crowd nor seeks the forest under all conditions in any place, he remains perfectly balanced.[9]

पूर्ण योग – श्री अरविन्द घोष ने योग को एक सार्वभौमिक, सामाजिक और स्वाभाविक क्रिया माना। जीवन की प्रत्येक क्रिया को तन्मयतापूर्ण ढंग से करके सम्पूर्ण जीवन को ही योग बना देना है। विश्व के अभी तक के मानस स्तर के विकास को अतिमानस के स्तर से ऊँचा उठा देना, मात्र वैयक्तिक मुक्ति ही नहीं, सम्पूर्ण जगत् की मुक्ति प्राप्त करना इसका लक्ष्य है।

श्री अरविन्द घोष का पूर्णयोग हो, रविशंकर का Art of living हो या पतंजलि का अष्टांगयोग हो, योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। एकाग्रता, ध्यान, साधना और व्यायाम, प्राणों का संयमन जिसके व्यावहारिक रूप हैं। अर्जुन के एक प्रश्न का उत्तार देते हुए श्रीकृष्ण ने कहा था कि मन निःसंदेह बहुत चंचल है वह ठहर नहीं सकता लेकिन योग के द्वारा उसे साधा जा सकता है। योग का सतत् अभ्यास लोभ, मोह को समाप्त करके चित्त को शांत और निर्विकार बनाता है। मन के नियंत्रण से सभी के लिए कल्याणकारी सकारात्मक वाणी का प्रवाह होता है।

जवाहर लाल नेहरू ने भी कहा था – Yoga an ancient practice, a complete way of life. योग एक आंतरिक सम्पदा है, आंतरिक समृद्धि है जिसके बोझ से मन बोझिल नहीं होता।[10]

योग की प्रासंगिकता – प्रो0 संगम लाल पाण्डेय अपनी पुस्तक 'भारतीय दर्शन का सर्वेक्षण' में लिखते हैं कि योग देह, मन और आत्मा के क्लेशों को

दूर कर तनाव को दूर कर उन्हें स्वास्थ्य प्रदान करने के कारण चिकित्सा शास्त्र भी कहा जा सकता है। योग का मूल्य उसका साधन पक्ष है, सिद्धि पक्ष है। वह अध्यात्म शास्त्र का व्याकरण है, वह कोरा तत्वज्ञान नहीं है। मनुष्य के दु:खों क्लेशों और अज्ञानों को दूर करने वाला शास्त्र है। योग के बिना कोई भी आध्यात्मिक साधना नहीं हो सकती। योग बीज नामक ग्रंथ में कहा गया है, यदि देवता भी ज्ञाननिष्ठ, विरक्त, धर्मज्ञ और इन्द्रियजित हों तो भी बिना योग के उन्हें मोक्ष नहीं मिल सकता। योग से ही वह परमात्मा को देख सकता है, उसमें लीन हो सकता है, उन्हें प्राप्त कर सकता है। योग धर्म निरपेक्ष नीतिशास्त्र है योग का फल और प्रभाव अनुभव सिद्ध है – मनोविज्ञान में बताए गए प्राय: सभी सुझाव योग दर्शन में है। यह व्यक्ति के व्यक्तित्व को यथासम्भव पूर्ण करने का उपाय तथा प्रयोग भी है। बड़े से बड़े वैज्ञानिक को भी वह उपलब्धि नहीं होगी जो एकाग्रता प्राप्त कर लेने पर योगी को होगी। योग दर्शन का महत्व सदा से है और सदा रहेगा। योगशक्ति महाशक्ति है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग में ही जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान है।

रमण महर्षि से एक बार किसी ने पूछा कि मैं संसार की सहायता करना चाहता हूँ मैं क्या कर सकता हूँ जिससे मनुष्यों में शांति और भाई-चारा स्थापित हो जाए। उनका उत्तार था – दूसरों की समस्याओं को सुलझाने के लिए पहले अपनी समस्याएँ सुलझाकर शांत होना चाहिए। जीवन के अर्थ को अपने में ही खोजकर, योग को अपना कर, हर व्यक्ति जीवन में शांति और सद्भावना ला सकता है।

`Yoga is a light to those people who are now living in darkness' – Swami Satyananda Saraswati

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रामचरित मनास 1/6
2. मनुस्मृति 12/9
3. भगवत् गीता 3.3
4. सर्वदर्शन संग्रह, 15
5. अष्टांग योग

1. यम – सत्य, अंहिसा, अस्तेय, ब्रहमचर्य, अपरिग्रह।
2. नियम – शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्राणिधान।
3. आसन – 'स्थिरं सुखमासनम्' मन की उत्कण्ठाओं को शांत करने और मन को परमेश्वर में लगा देने से आसन की सिद्धि होती है।
4. प्राणायाम – श्वास-प्रश्वास की गति का नियंत्रण प्राणायाम है। मन संयमित होता है, धारणाओं को ग्रहण करने की योग्यता आती है।
5. प्रत्याहार – इन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों को त्याग कर चित्त में अवस्थित हो जाती है।
6. धारणा – चित्त को किसी एक ध्येय में एक निष्ठ कर देना ही धारणा है।
7. ध्यान – ध्येय वस्तु में ही एकाग्रता। ध्यान से शांति, प्रसन्नता, सर्वत्र प्रेम का भाव, सृजन शक्ति और अन्तर्दृष्टि उत्पन्न होती है।
8. समाधि – केवल ध्येय ही आभासित होता है अपने स्वरूप का भी ज्ञान नहीं रहता। ध्यान में ध्याता ध्येय और ध्यान तीनों का अस्तित्व बना रहता है। समाधि में उनका अन्तर मिट कर वे एकाकार हो जाते हैं।

6. Swami Satyananda Saraswati : A Systematic Course in the Ancient Taxtric Techniques of Yoga and Kriya P. 597

6[1]. 6/46

6[A]. The most positive step that you can take is to begin your sadhna, to findout the experiences for yourself. You too will find the light the spiritual light from your own experience in the same way the blind man eventually discovered light for himself when his eye sight was restored.
Swami Satyananda Saraswati : A Systematic Course in the Ancient Tantric Techniques of Yoga and Kriya, Page 145.

7. 2/48

7[1]. 2/50

8. 6/1

9. अष्टावक्रगीता अध्याय 18 : 100

10. एक बार एक धनी महिला बुद्ध के एक प्रमुख शिष्य का प्रवचन सुनने गई। इस बीच उसके घर चोर आ गए। दासी ने धनी महिला को चोरी के बारे में बताया तो वह बोली – चोरों को जितनी चाहे सम्पदा ले लेने दो प्रवचन की अनमोल सम्पदा में विघ्न मत डालो। चोरों के सरदार को पता लगा तो वह समझ गया कि इस धन से ज्यादा मूल्यवान् भी कुछ है। वह प्रवचन सुनने आया तो उसे लगा अभी तक सारा समय उसने कूड़ा करकट एकत्र करने में लगा दिया धन सम्पत्ति घर के बजाय मन में ज्यादा भरती है उसके बोल से मन बोझिल हो जाता है। हम हर समय भयभीत रहते हैं इसलिए भौतिक समृद्धि के बजाय आत्मिक समृद्धि होनी चाहिए।

11. प्रो0 संगम लाल पाण्डेय : 'भारतीय दर्शन का सर्वेक्षण' पृष्ठ 257।

****

महात्मा गांधी का शैक्षिक दर्शन : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

डॉ. मधुरिमा वर्मा *

शोध सारांश – भारतवर्ष सिद्ध पुरूषों का युग रहा है। महात्मा गाँधी भी उन्हीं विभूतियों में से एक हैं। देश के उत्थान और पुर्ननिर्माण में एक सक्रिय समाज सुधारक व्यवहारिक राजनीतिज्ञ, महान दार्शनिक तथा योग्य शिक्षा शास्त्री के रूप में अपनी भूमिका निभायी है।

सत्य, अहिंसा, निर्भयता एवं सत्याग्रह गाँधी जी के जीवन के प्रमुख सिद्धान्त थे। गाँधी जी आदर्शवाद, प्रकृतिवाद, प्रयोगवाद तथा यथार्थवाद से भी प्रभावित हैं। गाँधी जी के अनुसार शिक्षा का अर्थ बालक एवं मनुष्य के शरीर और मस्तिष्क तथा आत्मा के गुणों का विकास है। शिक्षा के उद्देश्य के अन्तर्गत वे चरित्र का विकास, सांस्कृतिक, सामाजिक विकास को महत्व देते हैं। जीविकोपार्जन के उद्देश्य को भी वह आवश्यक मानते हैं। पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में उनके विचार थे कि पाठ्यक्रम बालकों को उनके भौतिक तथा सामाजिक वातावरण के अनुकूल बनाये। शिक्षक बालकों के पथ प्रदर्शक तथा रोल मॉडल बनें। विद्यालयों के लिए उनके विचार है कि विद्यालय सामाजिक एवं सामुदायिक जीवन का केन्द्र बने।

अनुशासन के सम्बन्ध में वे दमनात्मक अनुशासन का विरोध करते हैं तथा प्रभावात्मक एवं मुक्त्यात्मक अनुशासन का समर्थन करते हैं। लोकतंत्र की सफलता के लिए वह सामाजिक न्याय की बात करते हैं। राष्ट्रहित में वह स्त्री शिक्षा, अनुसूचित जाति जनजाति तथा प्रौढ़ों की शिक्षा की सिफारिश करते हैं। गाँधी जी ने जन शिक्षा, धर्मशिक्षा तथा राष्ट्रीय शिक्षा पर अपने विचार दिए हैं।गाँधी जी की विशेष देन नवीन शिक्षा पद्धति बेसिक शिक्षा या वर्धा योजना है। इसे राष्ट्रीय योजना के रूप में स्वीकार किया गया। गाँधी जी का शिक्षा दर्शन वर्तमान में भी महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है।

शब्द कुंजी – दर्शन, सत्याग्रह, अहिंसा, जीविकोपार्जन।

प्रस्तावना – भारतवर्ष सिद्ध पुरूषों का युग रहा है। महात्मा गाँधी भी उन्हीं विभूतियों में से एक हैं। डा0 राधा कृष्नन ने उनके लिए कहा है कि उनमें अतीत एवं भविष्य का समन्वय देखने को मिलता है। उनमें अतीत के युगों का समन्वय था तथा भावी युगों के निर्माण करने की नवशक्ति थी। गाँधी जी की महानता केवल भारत को स्वतन्त्र कराने में ही नहीं है अपितु राष्ट्र के पुर्ननिर्माण में भी है। देश के उत्थान और पुर्ननिर्माण में उन्होंने एक सक्रिय समाज सुधारक व्यवहारिक राजनीतिज्ञ, महान दार्शनिक तथा योग्य शिक्षा शास्त्री के रूप में अपनी भूमिकाएँ निभायी हैं। गाँधी जी की महानता केवल राष्ट्र को स्वतंत्र कराने में ही नहीं है बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी है और नवचेतना, नवजागरण एवं नवशक्ति देकर सक्रिय एवं मननशील बनाने में भी है।

गाँधी जी का जीवन दर्शन – महात्मा गाँधी आधुनिक राष्ट्र के जनक कहे जाते हैं। वह सत्य और अहिंसा की बात करते हैं। उनका सतय शिव और सुन्दर भी था। उनका कहना था कि प्राय: लोग सत्य बोलने को ही सत्य मानते हैं। गाँधी जी के अनुसार विचार में वाणी में और आचार में सत्य का होना ही सत्य है। उनके अनुसार जहाँ सत्य नहीं वहाँ ज्ञान की सम्भावना नहीं है।

गाँधी जी का दूसरा महामंत्र अहिंसा था। प्राचीन ऋषियों ने भी अहिंसा परमो धर्म: कह कर अहिंसा के महत्व को स्वीकार किया है। सकारात्मक रूप में अहिंसा प्राणी मात्र से प्रेम करने की प्रेरणा देती है। हिंसा न करना अर्थात् किसी को शारीरिक चोट न पहुँचाना, मानसिक रूप से न प्रताड़ित करना अहिंसा का अभावात्मक अर्थ है। इसका भावात्मक अर्थ चेतनशील वेदना है। सत्य और अहिंसा सिक्के के दो रूप हैं किसी को उल्टा या सीधा नहीं कहा जा सकता। सत्य को साध्य तथा अहिंसा को साधन माना जा सकता है। सत्य की प्राप्ति अहिंसा से होती है। व्यवहारिक रूप में दोनों एक ही है। सत्य और अहिंसा के लिए निर्भीकता आवश्यक है। कायर पुरूष की अहिंसा वास्तविक अहिंसा नहीं है। निर्भीकता आने पर ही व्यक्ति सत्याग्रह करेगा।

अहिंसा का पहला काम विरोधी की शक्ति परीक्षा करना है। उन्होंने 1920 में लिखा था 'क्षमाशीलता भीरू का नहीं, योद्धा का आभूषण है।' यदि भीरूता और हिंसा में एक का चुनाव करना हो तो मैं हिंसा को स्वीकार करूँगा (हिन्द स्वराज 11.8.1920)

गाँधीजी के दर्शन का अन्य प्रमुख सिद्धान्त धर्म था। वे धर्म को मानते थे। उन्होंने सभी धर्मो का एक अपना अर्थ लिया है और उसके कारण हिन्दू मुस्लिम, ईसाई को एकार्थी समझा है। उनकी दैनिक प्रार्थना यह बताती है कि वह एक धार्मिक व्यक्ति थे। उनके विचारानुसार धर्म के बिना जीवन सिद्धान्त विहीन होता है। बिना सिद्धान्त का जीवन बिना पतवार की नौका के समान होता है जो हिलने डुलने के कारण गन्तव्य तक नहीं पहुँच पाती। गाँधी जी ने धर्म को निष्काम कर्म एवं कर्त्तव्य के रूप में माना है। नैतिकता ही धर्म का सार है।

सामाजिक न्याय भी गाँधी जी के दर्शन का एक अंग था। वे वर्ग विहीन समाज की स्थापना चाहते थे। भारत में राम राज्य उनका स्वप्न था। राम राज्य में राज्य का संचालन नैतिक नियमों पर आधारित होगा।

गाँधी जी सादगी और सरलता के समर्थक थे। उनका संदेश था कि परिग्रह मत करो, पंछी की भांति रहो।

गाँधी जी का शैक्षिक दर्शन – गाँधी जी ने शिक्षा का अर्थ एवं अभिप्राय, उद्देश्य, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियाँ, शिक्षण का माध्यम, अनुशासन, बालक को व्यवसायिक एवं उत्पादक नागरिक बनाने के लिये वयवसायिक शिक्षा, हुनर या कौशल का विकास अशिक्षा को दूर करने के लिए प्रौढ़ शिक्षा, स्त्री

* विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा शास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

शिक्षा, सामाजिक न्याय के लिए समाज के सभी वर्गो की शिक्षा की समानता के अवसर के लिए अपने स्पष्ट विचार दिए हैं।

शिक्षा का अर्थ एवं अभिप्राय – गाँधी जी केवल साक्षरता को शिक्षा नहीं मानते। वह लिखते हैं कि शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक और मनुष्य में शरीर, मन और आत्मा के विचार से सर्वोत्तम को बाहर प्रकट करना है। सच्ची शिक्षा वह हैजो बालकों को आत्मिक, बौद्धिक और शारीरिक क्षमताओं को उनके अन्दर से बाहर प्रकट करें और उत्तेजित करें । शिक्षा का वृहद अर्थ मानव को समाज के अनुकूल बनाना है। मनुष्य और समाज का आध्यात्मिक और बौद्धिक उत्कर्ष शिक्षा के माध्यम से ही सम्भव है। शिक्षा द्वारा मनुष्य अपनी संस्कृति की रक्षा करता है।

शिक्षा के उद्देश्य – शिक्षा का उद्देश्य जीवन का सम्पूर्ण विकास हो। गाँधी जी चाहते थे कि शिक्षा ऐसी हो जो बालक को स्वावलम्बी बना सके। अत: शिक्षा का जीविकोपार्जन और व्यवसायिक उद्देश्य भी हो। गाँधी जी शिक्षा की साहित्यक पक्ष की अपेक्षा सांस्कृतिक पक्ष को अधिक महत्व देते थे। शिक्षा का उद्देश्य सांस्कृतिक विकास भी होना चाहिए। वह चरित्र निर्माण को शिक्षा की आधारशिला मानते थे। शिक्षा के माध्यम से चरित्र का विकास भी हो। शिक्षा द्वारा आध्यात्मिक स्वतन्त्रता भी प्राप्त होती है। गाँधी जी बालक का आध्यात्मिक विकास तथा सामाजिक विकास भी शिक्षा द्वारा करना चाहते थे। बालक का विकास समाज में ही हो सकता है। शून्य में नहीं।

पाठ्यक्रम – निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हमें उपयुक्त पाठ्यक्रम की आवश्यकता होती है। तत्कालीन शिक्षा के पाठ्यक्रम से गाँधी जी असन्तुष्ट थे। वह उसे दोषपूर्ण मानते थे। उनके अनुसार पाठ्यक्रम ऐसा हो जो बालक के बौद्धिक विकास के साथ–साथ उसे जीविकोपार्जन के योग्य भी बना सके। परम्परागत विषयों के साथ–साथ उसे कोई कौशल या क्राफ्ट भी सिखायी जाए। वह क्रिया प्रधान पाठ्यक्रम को महत्व देते थे। गाँधी जी ने सर्वांगीण विकास के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम में इन विषयों को सम्मिलित करने की बात कही है – हस्तकला एवं उद्योग, मातृभाषा, हिन्दुस्तानी व्यवहारिक गणित, सामाजिक विषय, सामान्य ज्ञान, संगीत, चित्रकला, स्वास्थ्य विज्ञान, आचरण शिक्षा आदि। मातृभाषा को महत्वपूर्ण स्थान दिया है शिक्षण के माध्यम के रूप में भी मातृभाषा को ही स्वीकार किया है।

शिक्षण विधि – गाँधी जी के अनुसार मनुष्य का विकास शरीर मन और आत्मा पर निर्भर करता है। इसी कारण उन्होंने शिक्षण की प्रक्रिया में तीनों की प्रक्रियाओं को स्थान दिया है। शिक्षण के क्षेत्र में आपने सर्वाधिक बल क्रिया पर दिया है। कर के सीखना या अनुभव से सीखने को वे उत्तम सीखना मानते थे। कथन, व्याख्यान और प्रश्नोत्तर विधि के महत्व को भी स्वीकार करते थे। उपनिषद एवं वेदान्त में प्रतिपादित श्रवण, मनन और निदिध्यान्सन की विधि में भी विश्वास था।

अनुकरण विधि – अनुकरण करना बच्चों की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। बच्चों के लिए यह विधि अवश्य अपनायी जाए। सदाचरण की शिक्षा के लिए वह इसे सर्वाधिक उपयोगी मानते थे।

क्रिया विधि – क्रिया करना भी बच्चों की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। कला कौशल की शिक्षा क्रिया द्वारा ही दी जानी चाहिए। खेल विधि और प्रयोग विधि भी क्रिया विधि से ही जनित है।

मौखिक विधि – बच्चों में जिज्ञासा की प्रवृत्ति होती है। उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से क्रियाशील रखने के लिए मौखिक विधियों में व्याख्यान प्रश्नोत्तर, वाद विवाद आदि विधियों का प्रयोग करना चाहिए।

सह सम्बन्ध विधि – गाँधी जी इस बात पर बल देते थे कि बच्चों को जो कुछ भी सिखाया जाए वह जीवन से जोड़कर सिखाया जाय।

श्रवण मनन निदिध्यासन – यह हमारी प्राचीन शिक्षण विधि है। इस विधि में शिष्य पहले अपने गुरु के उपदेश सुनते फिर चिन्तन करते था बाद में अभ्यास करते। चूँकि इसमें चिन्तन भी करना है अत: यह विधि तब अपनायी जाए जब विद्यार्थी चिन्तन के योग्य हो जाए।

अनुशासन सम्बन्धी विचार – गाँधी जी स्व अनुशासन की बात करते थे। दमनात्मक अनुशासन का विरोध करते थे।

शिक्षक – शिक्षक समाज का आदर्श व्यक्ति, ज्ञान का पुँज और सत्य आचरण करने वाला होना चाहिए। आदर्श शिक्षक तभी हो सकता है जब वह शिक्षण व्यवसाय नहीं अपितु सेवा के रूप में स्वीकार करें। उसे बच्चों का पिता, मित्र, सहयोगी और पथ प्रदर्शक बन कर रहना चाहिए। बच्चों का स्वभाव अनुकरण करने वाला होता है अत: शिक्षक को इस बात का ध्यान रखना है कि उसके आचरण में शुचिता एवं पवित्रता हो।

शिक्षार्थी – शिक्षार्थी शिक्षण प्रक्रिया का केन्द्र है। शिक्षार्थी को अनुशासित रहना चाहिए। शिक्षार्थी को संयमी के साथ–साथ जिज्ञासु भी होना चाहिए।

विद्यालय – विद्यालयों के सम्बन्ध में गाँधी जी के विचार है कि विद्यालय ऐसी कर्मशालायें होनी चाहिए जहाँ शिक्षक सेवा भाव से पूर्व निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करें और उनके तथा विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से उनमें इतना उत्पादन कार्य हो कि वे आर्थिक दृष्टि से आत्म निर्भर हों।

शिक्षा के अन्य पक्ष

जनशिक्षा – गाँधी जी के समय 13 प्रतिशत जनता ही साक्षर थी। जनता में जागरूकता और आत्म विश्वास की कमी थी। उनका कहना था कि जन शिक्षा दो रूपों में होगी एक तो बालकों को शिक्षित करना तथा प्रौढ़ों को शिक्षित करना ।

स्त्री शिक्षा – गाँधी जी स्त्री को ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना मानते थे। वह कहते थे स्त्री और पुरूष का कार्यक्षेत्र अलग अलग है किन्तु सांस्कृतिक आवश्यकताएँ समान होती हैं। दोनों को अपने–अपने विकास के अवसर मिलने चाहिए। स्त्रियों को गृह कार्य की भी शिक्षा दी जाए।

सह शिक्षा – गाँधी जी ने सहशिक्षा को स्वीकार किया है। प्राइमरी और उच्च शिक्षा में वह सह शिक्षा को स्वीकार करते हैं। किशोरावस्था में उचित नहीं समझते। सह शिक्षा में गाँधी जी सामाजिक वातावरण पर निर्भर करते हैं।

व्यवसायिक शिक्षा – गाँधी जी पुस्तक प्रधान सैद्धान्तिक शिक्षा का विरोध करते थे। क्रिया प्रधान व्यवहारिक शिक्षा पर बल देते थे। भारत कृषि और कुटीर धन्धों का देश है, इस लिए यहाँ बच्चों को कृषि, बागवानी और हस्त कौशल की शिक्षा दी जानी चाहिए। गाँधी जी के अनुसार शिक्षा की व्यवस्था औद्योगिक केन्द्रों एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर होनी चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक एवं तकनीकी शिक्षा का समर्थन किया।

धर्म शिक्षा – गाँधी जी धार्मिक विचारधारा के व्यक्ति थे। विद्यालयों में किसी धर्म विशेष की शिक्षा देने के पक्ष में नहीं थे। भारत अनेक धर्मो का देश है। उन्हें डर था कि धर्म विशेष की शिक्षा देकर साम्प्रदायिक वैमनस्य उत्पन्न हो सकता है। मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। बच्चों को मानव सेवा को धर्म समझ कर अपनाना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा – तत्कालीन शिक्षा ऐसी थी जो अंग्रेजी जानने वाला बाबू वर्ग तैयार करती थी तथा ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करती थी जो तन से भारतीय हो और मन से अंग्रेजी परस्त। स्वतन्त्रता की लड़ाई के साथ साथ गाँधी जी ने राष्ट्रीय शिक्षा की माँग रखी और उसकी रूपरेखा भी प्रस्तुत की बेसिक शिक्षा के रूप में ।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गाँधी जी के शैक्षिक दर्शन के बिन्दु आज भी प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। उनके शैक्षिक दर्शन में एक शिक्षा शास्त्री, दार्शनिक, समाजशास्त्री तथा राजनीतिज्ञ के विचारों का समन्वित रूप देखने को मिलता है। उन्होंने जन शिक्षा की बात कही। वास्तव में जहाँ लोकतंत्र हो वहाँ प्रत्येक देशवासी का शिक्षित होना अनिवार्य है। शिक्षित मनुष्य ही सही प्रतिनिधि और सही नेतृत्व का चुनाव कर सकेगा। जिस देश में विभिन्न धर्म, जाति समुदाय के लोग रहते हों वहाँ शिक्षा का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए। एक राष्ट्र भाषा होनी चाहिए। विविधता में एकता हमारी संस्कृति है। यह एकत्व हम राष्ट्रीय शिक्षा के माध्यम से ला पायेगें। अंग्रेजी के भाषायिक बोझ से गाँधी जी व्यथित थे। इसीलिए उन्होंने प्राथमिक स्तर तक मातृभाषा में शिक्षण करने का प्रस्ताव रखा। मातृभाषा में शिक्षण से बच्चे को अधिक और जल्द समझ में आता है। यह आज के लिए भी आवश्यक है। बालक को स्वावलम्बी बनाने के लिए उन्होंने कौशल आधारित शिक्षा पर बल दिया। सेकेन्डरी स्तर पर व्यवसायिक प्रशिक्षण की भी बात करी। यह आज भी हमारे लिए जरूरी है। गाँधी जी केवल सैद्धान्तिक ज्ञान प्रदान करने से सन्तुष्ट नहीं थे। केवल पुस्तकीय ज्ञान से ज्ञान की सम्पूर्णता प्राप्त नहीं होती है। उनकी शिक्षा अनुभव केन्द्रित होती थी। इसीलिए शिक्षण विधियों में वह 'कर के सीखने' के सिद्धान्त को अपनाने को कहते है। कर के सीखा हुआ ज्ञान स्थायी होता है। गाँधी जी यह चाहते थे कि भारतीय शिक्षा बालक को भारतीय बनाए। भारतीय बनाने से तात्पर्य यह है कि वह भारतीय परम्पराओं नीतियों और मूल्यों को जानने वाला हो। भारतीय बनाने का अर्थ संकीर्णता से नहीं है अपितु वह अन्तर्राष्ट्रीय पृष्ठभूमि में अपनी पहचान बना से। आज के सन्दर्भ में यह बहुत आवश्यक है।

गाँधी जी के दर्शन में धर्म से तात्पर्य आत्मबोध, सद्गुणों का विकास, कर्त्तव्य परायणता तथा नैतिक मूल्यों के विकास से है। वर्तमान समय में जब कि पाश्चात्य भौतिकतावादी संस्कृति अपने पंख फैला रही है, आर्थिक, सम्पन्नता ही हमारी श्रेष्ठता का आधार है। ऐसे समय में गाँधी जी की धार्मिक शिक्षा ही हमारा आध्यात्मिक विकास कर सकेगी। आज के भौतिकवादी समाज में मस्तिष्क की शांति और संतुलन की जरूरत है। गाँधी जी की धार्मिक शिक्षा यानि सद्गुणों का विकास ही उस समस्या का हल है।

शिक्षकों के लिए गाँधी जी के विचार थे कि वह छात्रों के मित्र व पथ प्रदर्शक बनें। वह उनके लिए रोल मॉडल हो। यह भी आज के युग में सार्थक सिद्ध होता है।

गाँधी जी के दर्शन में आदर्शवाद, प्रकृतिवाद, प्रयोजन वाद सभी दृष्टिगत होते हैं। सबका सम्मिलित रूप ही गाँधीवाद है। यह गाँधीवादी शैक्षिक दर्शन वर्तमान समय की माँग है और प्रासंगिक भी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुप्ता लक्ष्मी नारायण एवं मदन मोहन, महान भारतीय शिक्षा शास्त्री कैलाश प्रकाशन - 126-161
2. गुप्ता आर.पी. एवं राम शकल पाण्डेय, पाश्चात्य एवं भारतीय शिक्षा शास्त्री - 34-59
3. पाण्डेय राम शकल, विश्व के श्रेष्ठ शिक्षा शास्त्री - 295-317
4. रमन बिहारी लाल, शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धान्त रस्तोगी पब्लिकेशन्स गंगोत्री, शिवा जी रोड -342 - 364

****

नागपुरी लोकगीतों में अलंकार

सुमन कुमार* डॉ. नाफर अली**

प्रस्तावना – सामान्यत: अलंकार शब्द का अर्थ 'आभूषण' है। आभूषण विभिन्न प्रकार के गहनों को कहा जाता है। जब आभूषण का धारण शरीर के अंगों में किया जाता है तो शरीर की शोभा में व्यापक वृद्धि होती है। रूप की सुन्दरता बढ़ जाती है, ठीक उसी प्रकार गीतों में, काव्यों में अलंकृत शब्द अर्थ के प्रयोग से काव्य की शोभा में वृद्धि होती हैं अलंकार काव्य के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण होती हैं। इसकी सहयोग से यह अत्यन्त प्रभावशली एवं आकर्षक हो जाते हैं। कथन से अर्थ अभिव्यक्ति अधिक विशिष्ट हो जाते हैं जिसे काव्य की सौन्दर्य शोभा स्वत: अलंकृत हो जाते हैं।

नागपुरी लोकगीतों में शब्दों की चकाचौंध शिष्ट गीतों काव्यों जैसी नहीं है। चूँकि प्रदेश के ग्रामवासियों का पहनाव, वस्त्र, आभूषण, रहन-सहन, शहर या सभ्य समाज के तुलना में कम है। ग्राम्य क्षेत्रों में लोकगीतों का जन्म सहज रूपों में उस परिवेश के अनुरूप हुआ है। ग्राम्य जनजीवन अपनी प्रकृति के अनुसार उपलब्ध वस्त्र आभूषण व जीवन यापन करते हैं। सहज परिवेश प्रयुक्त आभूषणों के भाँति ही सहज बोलचाल भाषाओं में प्रयुक्त आभूषणों के भाँति ही सहज बोलचाल भाषाओं में प्रयुक्त गीत में रोचकतापूर्ण अलंकृत शब्द अर्थ से सहज ही रोचकता एवं मधुरता में चार चाँद लग जाते हैं। गीतों के अर्थ में नया मोड़ आ जाता है। जहाँ शब्द है वहाँ अर्थ भी है इसे कदापि अलग नहीं किया जा सकता है। जैसा शब्द होगा वैसा अर्थ भी होगा।

इसलिए शब्द शरीर है तो अर्थ उसका प्राण है। शब्द एक माध्यम है जिसके द्वारा अर्थ या भाव की प्रतीति होती है। उनके अभिन्न होने पर भी भिन्न प्रयोग होते हैं। अर्थात् शब्द कुछ और अर्थ कुछ ग्रहण किये जाते हैं। इस आधार पर उसका स्वरूप के अनुसार पृथक-पृथक व्यवहार होते हैं। इसे अन्वयव्यक्ति कहते हैं। अर्थात् आँसू को समुद्र, चरण को कमल, मुख को चाँद न रहने पर भी अन्वय से ग्रहण किये जाते हैं, यही व्यक्तिरेक है। शब्द अर्थ के मिलते-जुलते प्रतिती के आधार पर कुछ अचार्यो ने शब्दालंकार, अर्थालंकार एवं उभयालंकार के रूप में विभेद करते हैं। किन्तु शब्द एवं अर्थालंकार ही मुख्य है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के द्वारा संकलन किया गया है। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं और विद्वानों का भी मार्गदर्शन भी लिया गया है।

उद्देश्य – नागपुरी लोकगीतों में संजे-संवरे सभी प्रकार के अलंकार एक जैसे नहीं उपलब्ध है। ग्राम लोक के द्वारा साधारण शब्दों का गीतों में प्रयोग ही इसका आभूषण है। शब्द एवं अर्थ के आधार पर क्रमश: अध्ययन किया जा सकता है-

समाधान :-

शब्दाअलंकार – जिन शब्दों के माध्यम से काव्यों (गीत, कविता, महाकाव्य, खण्डकाव्य) को अलंकृत करते हैं। वे शब्द अलंकार कहलाते हैं। जब किसी काव्य में कोई विशेष शब्द रखा जाये तो उसमें सुन्दरता आ जाए, पर्यायवाची शब्द रखा जाय तो अर्थ में परिवर्तन या लुप्त हो जाए तो शब्दालंकार कहलाता है।

शब्दालंकार के प्रमुख रूप-अनुप्रास, यमक, श्लेष एवं वक्रोक्ति है।

अनुप्रास – जब समान वर्ण या शब्द को काव्य की सुन्दरता बढ़ाने के लिए किसी वर्ण की बार-बार आवृति हो तो वह अनुप्रास अलंकार कहलाता है। जब किसी विशेषण वर्ण की आवृति बार बार होता है तो वाक्य सुनने में सुन्दर लगता है।

अनुप्रास का शाब्दिक अर्थ है-अनु +प्रास में अनु = बारम्बार एवं प्रास = पास-पास रखना। काव्य में वर्णो या शब्दों का बार-बार पास-पास रखने को अनुप्रास कहते हैं।

इसे वर्ण एवं शब्द के आधार पर वर्णानुप्रास एवं शब्दानुप्रास में विभक्त करते हैं। वर्णना अनुप्रास के कई रूप नागपुरी लोकगीतों में मिलते हैं।

छेंकानुप्रास – काव्य की पंक्ति में प्रयुक्त व्यंजन स्वरूप एवं क्रम में कई व्यंजनों की एक ही बार आवृति हो वहाँ छेकानुप्रास अलंकार होता है। नागपुरी लोकगीतों में छेकानुप्रास के उदाहरण बिखरे पड़े हैं-

'काया काया काया काया, मांटी के छाया रे,
काया काया काया सालो नखे बिसुवास।
भाइ बंधु नाना नाती, चाइर दिना संग साथी
रसे रसे ओदे रे दुनियाँ माया छोड़े।
जनी छउवा अन धन, केऊ नहीं देवे काम,
धीरे धीरे ओदे रे दुनिया माया छोड़े।'[1]

यहाँ प्रथम पंक्ति में क, द्वितीय पंक्ति में न तृतीय पंक्ति में ध की लयात्मक आवृति से डमकच गीत का सौन्दर्य बढ़ गई है।

वृत्यानुप्रास अलंकार – जहाँ एक वर्ण या वर्ण समूह की एक या एक से अधिक बार आवृति होती हो, वहाँ वृत्यानुप्रास अलंकार होता है। अर्थात्-वृति के अनुसार एक वर्ण या अनेक वर्ण की आवृति एक से अधिक बार होती है-

'एक व्यंजन की एक बार आवृति-
प्रबल प्रताप ताप योग अवना,
काल कराल रूप धरी के चलना।

यहाँ 'प' की एक बार और 'क' की एक बार आवृति हुई है।

*शोधार्थी, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, रॉची विश्वविद्यालय, रॉची (झारखण्ड़) भारत
** सहायक प्राध्यापक, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, (नागपुरी), माण्डर महाविद्यालय, माण्डर, रॉची (झारखण्ड़) भारत

एक व्यंजन की अनेक बार आवृति–

कंचन काया काया काँच समान।

यहाँ 'क' की अनेक बार आवृति हुई है।

अनेक व्यंजन की अनेक बार स्वरूपतः आवृति–

कुहु–कुहु कोकिला सोर सुनाय,
दु:ख सहलो न जाय तनिक हँसलो न जाय।
दु:ख सहलो न जाय।

यहाँ 'क' और 'स' की आवृति अनेक बार हुआ है।

धम धम धमकत महमह महकत
जूही तो बेलिया सेज खाली रहलै सेथिया।

यहाँ ध, म, ह, क और त की स्वरूपतः क्रमशः आवृति हुई है।

एक अन्य उदाहरण– 'सड़क कर नली नली फूल फूले कली कली,
खोंसाय ले बंगालिन छोंड़ी एको कली फूल।'[2]

अनत्यानुप्रास – जिस काव्य या गीत के पंक्ति अन्त में शब्द वर्ण का तुक मिलती है, वहाँ पर अनत्यानुप्रास अलंकार होता है। नागपुरी लोकगीत में अनत्यानुप्रास अलंकार पाये जाते हैं– 'बाँस बुढा ना रे बँसवाइर बुढा ना,

गोइ केकर अंगना में भेइर बाजा ना ?
बाँस बुढा ना रे बँसवाइर बुढा ना,
गोइ फलना कर अंगना में भेइर बाजा ना।
सेइ सुनी बर बाबु गेलयँ पटना,
साइस लेगिन लाइन देलयँ सोने कंगना।'[3]

यहाँ 'ना' शब्द की आवृति गीत के अंत में हुआ है।

पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार – जिस शब्द को काव्य या गीत में दुहराने से बिना अर्थ बदले गीत की रोचकता बढ़ती है, पुनरूक्ति अलंकार कहते हैं। नागपुरी में ऐसे गीत भरे पड़े हैं। यथा– 'ओदे–ओदे रे, भदली के के मारे,

दिने सूते राति चरे जाय,
भदली के के मारे।
डारी–डारी भूलबे, कंडरी मति भांगबे,
भदली के के मारे।
उड़ि बइठे लवंग के डारि,
भदली के के मारे।'[4]

इस गीत में ओदे, ओदे, डारी, डारी शब्द वर्ण की आवृति हुई है।

यमक – 'भिन्न भिन्न अर्थो को व्यक्त करने वाले समान शब्दों या वाक्यों की क्रमशः आवृति को यमक अलंकार कहते हैं।'[5]

नागपुरी लोकगीतों में यमक अलंकार के उदाहरण पाये जाते हैं–

'घन गरजत घन सन–सन पवन चले
छन–छन बिजूरी चमके।'

यहाँ की पंक्ति में घन शब्द की आवृति क्रमशः हुई है, जिसका अर्थ भिन्न–भिन्न है। प्रथम घन का अर्थ बादल है एवं दूसरा घन का अर्थ घनघोर भयकंर से है। इस प्रकार यहाँ यमक अलंकार है।

वीप्सा अलंकार – हर्ष, आतुरता, घबराहट, आश्चर्य घृणा, घबराहट आदि मनोवेगों की बहुलता प्रकट करने के लिए शब्द को दुहराना वीप्सा अलंकार कहते हैं।

नागपुरी लोकगीतों में वीप्सा अलंकार के उदाहरण–

'कुन्दा नगर कुन्दा नगर कुन्दा ससुराइर रे,
कुन्दा नगर बिछिया बहुत रे।'

(यहाँ पर कुन्दा नगर शब्द की आवृति से रोचकता में वृद्धि हुई है।)

'एसाजइन साजइन, ए साजइन साजइन
ए साजइन कति खने आबयँ पिया
बोलबयँ मधुरी बतिया गोइ साजइन।'

(यहाँ पर गीत की प्रभावोत्पादकता के लिए शब्दों को अधिक बार दुहराया गया है।)

'नदिया किनारे तीरे उड़त बगुला रे,
उड़ते बगुला के मछरी लोकी खाय, पंडित जानी,
एतइ अचरज बात पंडित जानी।'

अभी तक यही देखा गया है कि मछली को बगुला पकड़ कर खाता है, लेकिन इस गीत में कहा गया है कि बगुला को मछली खाती है–यह आश्चर्य की बात है, अतः वीप्सा अलंकार है।

'वीप्सा के कारण गीतों में सौन्दर्य आ जाता है। यही कारण है कि न केवल नागपुरी लोकगीत वरन् सभी भाषाओं के लोकगीतों में वीप्सा अलंकार को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।'[6]

अर्थालंकार – जहाँ अर्थ के माध्यम से काव्य, गीत आदि में चमत्कार हो वहाँ अर्थालंकार होता है। शब्द अलंकार काव्य को शब्दों से सजाती है तो अर्थ अलंकार काव्य में सुन्दरता प्रभावोत्पादकता बढ़ाते हैं। इसका क्षेत्र काफी व्यापक है। नागपुरी लोकगीतों में अर्थालंकारों की कमी नहीं है। यह माला स्वरूप जुड़े हुए हैं। अलंकारों से अलंकृत गीतों का अध्ययन ही इसकी प्रमाणिकता स्वतः निखार कर लाते हैं, इसे क्रमशः इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है–

उपमा अलंकार – उपमा शब्द का शाब्दिक अर्थ समानता या तुलना करना। जब किसी व्यक्ति या वस्तु की तुलना दूसरे व्यक्ति या वस्तु के समकक्ष रख कर की जाय तो वहाँ उपमा अलंकार होता है।

नागपुरी के जिन लोकगीत में जइसने, तइसने, इसने, सेहे लखे, वहेतरी, आदि शब्द गीत या काव्य में अलंकृत हो तो उपमा अलंकार समझा जा सकता है–

'जइसने दह का पोठी मछइर झलके,
तइसने बेटी तोरा सोभे रे आइयो।
ना सोभे आइया घरे, ना सोभे बबा घरे,
सोभे ससुरा घरे रे सोभे ससुरा घरे।'[7]

यहाँ पर पोठी उपमेय है और बेटी उपमान है। जइसने एवं तइसने वाचक शब्द है।

रूपक अलंकार – 'जब एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का आरोप किया, अर्थात् जब एक वस्तु को दूसरी वस्तु का रूप दिया जाय तो रूपक अलंकार होता है।'[8]

नागपुरी प्रदेश में करमा एवं जितिया के अवसर पर महिलाएँ करमा या पीपल पूजा की डाली पकड़ कर एक–दूसरे से पूछती है–

'झूर धइर के का पाली
आपन जितिया, जगदीश इसन बेटा।'[9]

यहाँ जगदीश बेटा (जगत का रखवाला करनेवाला) कहा गया है। अतः रूपक अलंकार है।

उत्प्रेक्षा अलंकार – जब एक वस्तु में दूसरी वस्तु की संभावना की जाय अर्थात् एक वस्तु को दूसरी वस्तु मान लिया जाए तो वह उत्प्रेक्षा अलंकार कहलाता है। अर्थात्–उपमेय में उपमान की संभावना उत्प्रेक्षा अलंकार है–

'सावंली सुन्दरी नारी
खोपा बांधलइ ललकारी,

खोपा तोर दिसइ दइया,
सरफेनी फेना जोरल।'[10]

यहाँ सांवली युवती के जूड़े में सर्प के फन की उत्प्रेक्षा की गई है। अत: उत्प्रेक्षा अलंकार है।

भ्रांतिमान अलंकार – जब सादृश्य के कारण उपमेय में उपमान का भ्रम हो अर्थात् उपमेय का मूल से उपमान समझ लिया जाय, तब भ्रांतिमान अलंकार होता हैं नागपुरी लोकगीतों में भ्रांतिमान अलंकार के उदाहरण मिलते हैं–

'धधकी पलास फूले बन दिसे लाले लाल,
पिया निर बुधिया रे समझइ अगिया।'[11]

निष्कर्ष – यहाँ पलास के फूल से आग की भ्रांति हुई है। जंगलों में जब पलास के फूल खिलते हैं तो बहुत लाल होते हैं। दूर से आग जैसा लगता है। अत: यहाँ भ्रांतिमान अलंकार है।

विभावना अलंकार – जब कारण के न होने पर भी कार्य का न होना वर्णित होने पर विभावना अलंकार होता है।

यथा– 'हायरे हाय दइया प्रभु के महिमा भारी,
कान बिनु सुनइ दइया, गोड़ बिनु चलइ रे,
प्रभु के महिमा भारी।'[12]

यहाँ कान (कारण) के अभाव में सुनना (कार्य) कहा गया है। वैसे ही पैर के बिना चलना भी कारण के अभाव में कार्य का कथन है, अत: यहाँ विभावना अलंकार है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बी.पी. केसरी : 'नागपुरी लोकगीत : वृहद् संग्रह', पृ.-18
2. बी.पी. केसरी : 'नागपुरी लोकगीत : वृहद् संग्रह', पृ.-05
3. वही पृ.-39
4. बी.पी. केसरी : 'नागपुरी लोकगीत : वृहद् संग्रह', पृ.-73
5. राजेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी एवं मनहर गोपाल भार्गव, श्री राकेश : 'रस दोष छन्द अलंकार निरूपण', पृ.-93
6. डॉ. कलावती ओहदार : 'नागपुरी लोकगीत : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन', पृ.-248-49
7. बी.पी. केसरी : 'नागपुरी लोकगीत : वृहद् संग्रह', पृ.-176
8. नरोतम दास स्वामी : 'अलंकार', पारिजात पृ.-28
9. कलावती ओहदार : 'नागपुरी लोकगीत : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन', पृ.-250
10. वही पृ.-251
11. कलावती ओहदार : 'नागपुरी लोकगीत : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन', पृ.-250
12. वही पृ.-251

****

सतत कृषि विकास में जैविक कृषि की भूमिका का अध्ययन

डॉ. सुरेश श्रवण पाटील*

शोध सारांश – भारत धीरे – धीरे किंतु लगातार जैविक कृषि की ओर बढ़ रहा है। सतत कृषि विकास में जैविक कृषि के योगदान की अपार संभावनाएँ हैं। ग्रामीण युवाओं के रोजगार के लिए एक महान अवसर जैविक उत्पादों, जैविक बाजारों, जैविक क्लीनिक, प्रसंस्करण और विपणन में मौजूद हैं। जैविक खेती में कृषकों और अन्य हितधारकों को कई प्रकार की बाधाओं का सामना करना पड़ता है और इनको दूर करना भी महत्वपूर्ण है। वर्तमान परिस्थिति में ग्रामीण व्यक्ति कृषि कार्य में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। वह शहरों में रोजगार तलाश रहा है, क्योंकि उन्हें कृषि कार्य करने में अधिक श्रम एवं पूँजी लगाना पड़ता है और लाभ कम प्राप्त होता है। यदि वर्तमान में हमारे कृषक जैविक खेती को अपनाते हैं तो इससे न केवल किसान को व्यक्तिगत रूप से फायदा होगा बल्कि सतत् कृषि विकास में भी उसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

शब्द कुंजी – कृषि विकास, जैविक कृषि, रोजगार के अवसर, ग्रामीण विकास।

प्रस्तावना – भारत जैसे विशाल देश में ग्रामीण विकास और कृषि का विकास एक सिक्के के दो पहलू हैं। क्योंकि आज भी यहाँ की आधी से ज्यादा आबादी गाँव में निवास करती है। देश के समुचित उत्थान के लिए सतत् कृषि विकास/ग्रामीण विकास आवश्यक है।भारत में प्राचीन समय से ही जैविक खेती की प्रणाली को अपनाया जा रहा है। इस प्रणाली से खेती करने से भूमि उर्वरक, खाद्य पदार्थों तथा अन्य पोषक तत्वों और पर्यावरण अनुकूल, फायदेमंद रोगाणुओं के साथ जैविक सामग्री का उपयोग करके, मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। भारत में जैविक खेती के उत्पादन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरूआत सन् 2000 में की गई और इस कार्यक्रम के बाद से जैविक खेती का विकास तेजी से बढ़ रहा है।एक तरफ तो ग्रामीण खुशहाली एवं विकास जरूरी है तो दूसरी तरफ इस सतत विकास को बनाए रखने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग एवं संरक्षण भी आवश्यक है। यदि ये प्राकृतिक संसाधन समाप्त हो गए अथवा उनका अधिक दोहन हुआ तो विश्व खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस लिए जैविक कृषि का विकास अत्यंत आवश्यक है।

प्रमुख प्राकृतिक संसाधन हैं, भूमि, जल, वायु, वन और वन्यजीव, आदि। विभिन्न मानव सभ्यताओं के विकास में उपरोक्त प्राकृतिक संसाधनों का विशेष योगदान रहा है। इन संसाधनों के समुचित उपयोग से मानव सभ्यताएँ विकसित होती रही हैं और इनके दुरूपयोग से नष्ट भी हुई हैं। वर्तमान में विश्व के कुछ देशों जैसे चीन और भारत आदि में मानव और पशु जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ी है जिसके कारण मानव आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया गया है। प्राकृतिक संसाधनों के कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में अत्यधिक दोहन से अनेक समस्याओं का जन्म हुआ है। कुछ क्षेत्रों अथवा दशाओं में कृषि उत्पादन के अंतर्गत रासायनिक कीटनाशकों का अविवेकपूर्ण एवं अंधाधुध प्रयोग किया गया है जिसके अनेक दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं, इस लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना आज की आवश्यकता है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य:–

1. जैविक खेती की स्थिति एवं कृषकों में जागरूकता का अध्ययन।
2. जैविक खेती से संबंधित समूह सम्पर्क की स्थिति एवं किसानों को संस्थान/उद्योग से मिलने वाली जानकारी का अध्ययन।
3. जैविक खेती के विकास से सतत् कृषि विकास का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन विधि एवं अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत शोध पत्र नाशिक जिले में जैविक खेती करने वाले 25 कृषक परिवारों पर केंद्रित है। अध्ययन के विधि के रूप में प्रतिशत विधि का प्रयोग किया गया है। तथा 25 कृषक परिवारों का चुनाव निदर्शन पद्धति के आधार पर किया गया है। अध्ययन हेतु प्राथमिक समंको का संकलन किया गया है।प्राथमिक समंक संकलन हेतु जिस अनुसूची का प्रयोग किया गया है, उसके आधार पर अनुसूची से प्राप्त सूचनाओं का वर्गीकरण एवं सारणीयन करने के पश्चात् अग्रलिखित तालिकाओं का विश्लेषण किया गया है।

सारणी क्रमांक : 01 – जैविक खेती करने की स्थिति

क्र.	जैविक खेती वर्षों में	संख्या	प्रतिशत
1.	01 – 02 वर्ष	10	40
2.	03 – 05 वर्ष	8	32
3.	06 – 10 वर्ष	4	16
4.	10 से अधिक वर्ष	3	12
	कुल योग	**25**	**100.00**

चित्र क्रमांक : 01 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक 01 में जैविक खेती करने के वर्षों को दर्शाया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक 40 प्रतिशत चयनित सूचनादाताओं द्वारा एक वर्ष से लेकर दो वर्षों तक जैविक खेती करने वालों की संख्या सर्वाधिक देखी गई वहीं 23 प्रतिशत चयनित कृषकों द्वारा जैविक खेती का प्रयोग 03 से 05 वर्ष के मध्य पाया गया इसी प्रकार 06 से 10 वर्षों से जैविक खेती करने वाले कृषकों की संख्या 16 प्रतिशत देखी गई वहीं 12 वर्ष से अधिक समय से

* एसोसिएट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) क.के.ह. आबड कला श्री.मो. गि. लोढ़ा वाणिज्य एवं श्री.पी.एच. जैन विज्ञान महाविद्यालय, चांदवड, जिला – नाशिक (महा.) भारत

जैविक खेती करने वालों की संख्या सबसे कम 1.5 प्रतिशत रही है।

अत: कहा जा सकता है कि नाशिक क्षेत्र में जैविक खेती करने वाले चयनित कृषकों में जैविक खेती के प्रति जानकारी का अभाव रहा है। चूँकि हरित क्रांति के प्रभाव के परिणामस्वरूप रासायनिक खादों द्वारा उत्पादन में हुई वृद्धि ने जैविक खेती के प्रति कृषकों की नकारात्मक सोच को विकसित किया यही कारण है कि 01 से 02 वर्ष व 03 से 05 वर्षों के अंतराल में ही हमें जैविक कृषि करने वालों की संख्या अधिक दिखाई देती है। अध्ययन वर्ष 2017-19 में जैविक खेती करने वालों की संख्या सर्वाधिक देखी जा सकती है जैसे-जैसे हम पिछले वर्षों की ओर जाते हैं हमें जैविक खेती करने वालों की संख्या में कमी दिखाई देती है।

सारणी क्रमांक : 02 - जैविक खेती हेतु सलाह एवं स्वत: प्रेरित होने की स्थिति

क्र.	अभिमत	संख्या	प्रतिशत
1.	जैविक खेती करने की सलाह प्राप्त हुई	9	36
2.	स्वत: ही अपने अनुभवों एवं प्रयासों द्वारा	7	28
3.	रासायनिक कृषि से होने वाले नुकसान के परिणामस्वरूप	6	24
4.	निकट भविष्य में जैविक खेती के महत्व को देखते हुए	3	12
	कुल योग	**25**	**100.00**

चित्र क्रमांक : 02 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक 02 में यह जानने का प्रयास किया गया है कि चयनित सूचनादाताओं द्वारा जैविक खेती का प्रारंभ किसी की सलाह पर या अपने स्वयं के अनुभवों द्वारा जैविक खेती के महत्व को देखते हुए किया गया। अध्ययन क्षेत्र में चयनित 36 प्रतिशत सूचनादाताओं ने रासायनिक कृषि से होने वाले नुकसानों के परिणामस्वरूप जैविक खेती करने की प्रबल इच्छा शक्ति दर्शायी 28 प्रतिशत ने स्वत: ही अपने अनुभवों व प्रयासों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि रासायनिक कृषि की तुलना में जैविक कृषि अधिक श्रेष्ठ है। 24 प्रतिशत ने निकट भविष्य में जैविक खेती के महत्व को देखते हुए जैविक खेती करने का निश्चय किया। तथा 12 प्रतिशत सूचनादाताओं द्वारा दूसरों की सलाह के आधार पर जैविक खेती करना प्रारंभ की। अत: वर्तमान समय में किसानों द्वारा रासायनिक कृषि के दुष्परिणामों से त्रस्त होने के कारण स्वयं की प्रेरणा, अनुभवों एवं परामर्श के आधार पर निकट भविष्य में जैविक कृषि से होने वाले लाभों को ध्यान में रखते हुए जैविक खेती करने की बात को स्वीकार किया।

सारणी क्रमांक : 03 - सम्पूर्ण भूमि पर जैविक खेती करने की स्थिति

क्र.	अभिमत	संख्या	प्रतिशत
1.	हाँ	9	36
2.	नहीं	16	64
	कुल योग	**25**	**100.00**

चित्र क्रमांक : 03



सारणी क्रमांक 03 में सूचनादाताओं द्वारा उनकी कितनी भूमि पर वे जैविक खेती करते हैं कि जानकारी एकत्रित की गई है। अध्ययन में पाया गया कि चयनित कृषकों में 64 प्रतिशत कृषक जो वर्तमान समय में जैविक खेती कर रहे हैं। वे अपनी सम्पूर्ण भूमि पर जैविक खेती नहीं करते हैं अपितु उसमें से कुछ भूमि पर ही अभी वह जैविक खेती कर रहे हैं। इसके अलावा 36 प्रतिशत चयनित सूचनादाता ऐसे हैं जो अपनी सम्पूर्ण भूमि पर जैविक खेती करते पाए गए हैं।

अध्ययन क्षेत्र में पाया गया कि जैविक कृषि के प्रति ज्यादा जागरूकता न होने की स्थिति में प्राय: कृषकों द्वारा एक उत्तम विकल्प के रूप में जैविक खेती का प्रयोग किया जा रहा है। जैसे - जैसे लोगों का रूझान जैविक उत्पादों के प्रति बढ़ेगा तथा जैविक कृषि से जुड़ी हुई समस्याओं का समाधान सुलझता जायेगा वैसे - वैसे जैविक खेती करने वाले कृषकों की संख्या एवं उसके क्षेत्रफल में वृद्धि होती जयेगी।

सारणी क्रमांक: 04 - जैविक खेती की जानकारी मिलने की स्थिति

क्र.	संस्थान/उद्योग का नाम	संख्या	प्रतिशत
1.	कृषि विभाग से	10	40
2.	व्यापारी/उद्योगों से	3	12
Discussion - A number of studies have shown gender and age as significantly associated with health perception(e.g. Hansen et al,2001).Present findings are consistent with those of previous research that reported gender differences in illeness perception and symptom awareness among females as compared with males. Previous research suggests that female patients,because of gender selective

* (Psychology) B.N.M.U., Madhepura, Vill. –Kushha, Po. –Jabe, Ps.- Bhawanipur, Distt. Purnea (Bihar) INDIA

attention to their bodies and an increased attribution of bodily sensations to physical illness,have historically perceived an excess of symptoms compared with males,even when both sexes are healthy (Gijsbers van Wijk et at,1991;Steck et at,2000).

Recently, Aalto,Heijmans, Weinmen,and Aro(2005) reported gender differences in illenes perception in Coronary Heart Disease (CHD). They observed gender differences in cure/control and cause/genes scale. In addition, men also perceived more swrious consequences of CHD than women did.Older respondents perceived less symptoms of CHD (identity) and reported shorter expected CHD duration (timeline). Also there was significant interaction between gender and age in the model of consequences. Although studies are lacking in regard to gender and age differences in illeness perception, gender and age differences may be an important issue particularly in diabetes. Moreover, Trafimow and Finlay (1996) argued that individual differences should be taken into consideration in the predication of health behaviour.

Although findings of the present study have very clearly demonstrated thr roles of illness perception in diabetes self-care behaviour of people with type 2 diabetes,the present research has certain limitations of tools,statistical analyses,cross-sectional nature of research etc,the study has several important methodological strengths such as utilizing a clinical sample,using psychometrically sound self-report measures and above all important hypotheses.

Findings of the present study suggest that illness perception is an important construct in determining self-care behaviour of diabetic persons,which could be targeted for interventions to improve self-cre behaviour. Present findings have implications for diabetes care practice and diabetes management indicating that rather than simply focusing on the provision of information, strategies aimed at enhancing patients' perceptions and beliefs over managing the physical and emotional impact of their treatment may help to encourage their active involvement in self-care.

References :-

1. Aalto,A.M.Heijmans,M.,Weinman,J. and Aro,A.R. (2005).Illness perception in coronary heart disease; Socodemographic,illness-related,and psychosocial correlates,Journal of psychosomatic research,58 (5),393-402.
2. American Diabetes Association (1997 b).Report of the expert committee on the diagnosis and classification of diabetes mellitus.Diabetes care,20,1183-1197.
3. Bradely,C. and Speight, J.(2002). Patient perception of diabetes and diabetes therapy; Assessing quality of life. Diabetes Metabolism Research and Reviews, 18(Suppl 3),S64-S69.
4. Hampson,S.E.,Glasgow, R.E. and Toobert, D.J.(1990).Personal models of diabetes and their relations to self-care activities. Health Psychology, 9, 632-646.
5. Robin, R.R. and Peyrot, M.(2001).Psychological issues and treatments for people with diabetes. Journal of Clinical Psychology, 57, 457-578.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

ग्रामीण विकास में पंचायतीराज संस्थाओं का योगदान

डॉ. तहसीलदार तमोली*

प्रस्तावना – भारत की अधिकांश आबादी ग्रामीण पृष्ठ भूमि से सम्बन्धित है। ग्रामीण स्तर पर गुणवत्ता परक सुधार से ही देश को विकसित श्रेणी में लाया जा सकता है। ग्रामीण विकास हेतु समय-2 पर विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्यों की सरकारों की तरफ से विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। बिना एक उपयुक्त एजेन्सी के ग्रामीण स्तर पर कोई भी राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय योजना सफल नहीं हो सकेगी। यहाँ पर पंचायतीराज संस्था एक महत्वपूर्ण सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

पंचायत संस्थाओं की स्थापना ग्रामीण स्तर पर विकास करने व विद्यमान एवं उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजना है। पंचायत संस्था का लक्ष्य है ग्रामीण संरचना विकसित हो। ग्रामीणों की रोजगार, सेवा, सिचाई, बिजली, सड़क, सुविधा, शुद्ध पेय जल एवं किसानों, श्रमिकों, मजदूरों से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं का समाधान हो। ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताएं जैसे कपड़ा, रोटी, मकान आदि में समस्या न हो।

उपरोक्त वर्णित समस्त समस्याओं के उपयुक्त समाधान के लिए केन्द्र सरकार एवं राज्यों की सरकारों के द्वारा पंचायतराज संस्था को जिम्मेदारी सौंपा गया है। विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायतराज संस्था ग्रामीण स्तर पर एक मुख्य एजेन्सी के रूप में उभरकर सामने आयी है।

ग्रामीण विकास के अभाव में किसी देश के विकास की कल्पना अधूरी सी है। भारतीय गांवों के सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक सशक्तिकरण में पंचायत की भूमिका महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भी पंचायतों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा था कि सच्चा लोकतंत्र वही है, जो निचले स्तर पर लोगों की भागीदारी पर आधारित हो। यह तभी संभव है जब गांव में रहने वाले आम आदमी को भी शासन के बारे में निर्णय करने का अधिकार मिले। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत पंचायतीराज व्यवस्था के माध्यम से विकेन्द्रीकरण को महत्व प्रदान किया गया तथा देश में पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गये। पंचायतीराज व्यवस्था शासन तंत्र की प्राथमिक इकाई है। भारतीय उपमहाद्वीप में स्थानीय शासन की यह सबसे पुरानी प्रणाली है।

14 वें वित्त आयोग ने 2015-2020 की कार्यावधि के लिए 200, 292.2/- करोड़ रूपये का प्रावधान किया है, जो 13 वें वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त राशि से तिगुनी है। वर्तमान समय में जबकि शहरी क्षेत्रों में सघनता, प्रदूषण और स्वास्थ्य की समस्याएं लगातार बढ़ रही है। ऐसे में गांवों का विकास करके एक बेहतर भारत की नींव रखी जा सकती है।[1] संविधान ने पंचायतों को अलग-2 स्तरों पर जिम्मेदारी और शक्तियां सौंपी है। सरकार की लोकहितकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। पंचायतों में पोषण, बिजली, पेंशन, टिकाऊ जैसे बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति राज्य शासन द्वारा पंचायतों के माध्यम से किया जा रहा है। जोकि विश्वस्तर पर सतत् विकास के लक्ष्यों में भी सम्मिलित है।[2]

लोकतंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे कारगर उपाय पंचायतीराज व्यवस्था ही है। इनके कारण स्थानीय समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही कर लिया जाता है जिस कारण समय और धन की भारी बचत होती है। यदि इन समस्याओं का प्रबन्धन केन्द्र या राज्य स्तर पर किया जायेगा तो बेवजह समय की बर्बादी होगी और केन्द्रीय या राज्य सरकार के कर्मचारी इन समस्याओं को समझ भी नहीं पायेगें। नि:संदेह स्थानीय समस्याओं का प्रबंधन स्थानीय स्तर पर ही अधिक कुशलता से किया जा सकता है। पंचायती राज व्यवस्था के कारण केंद्रीय सरकार पर कार्य का बोझ भी कम होता है। जनकल्याणकारी राज्य व्यवस्था के कारण आजकल राज्य के कामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। यदि स्थानीय स्तर के कार्य भी राज्य ही करेंगे तो कार्य की अधिकता के कारण सरकारी मशीनरी की कशलता व दक्षता घट-जायेगी और भ्रष्टाचार, लालफीता शाही आदि को बढ़ावा मिलेगा।[3]

पंचायती राज वह व्यवस्था है जो लोकतत्रं को सामान्यजन के घर के दरवाजे तक पहुँचाने का माध्यम है। ग्रामीण विकास को गतिमान बनाने एवं लोकतत्रं के विकेन्द्रीकरण का सशक्त माध्यम पंचायत राज को माना जाता है। पंचायत राज का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्थानीय स्वशासन को स्थापित करना है।[4]

समन्वित ग्रामीण विकास योजना जैसे कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में हमें उतनी सफलता नही मिली जितनी हम चाहते थे। इसका प्रमुख कारण प्रशासनिक ढ़ांचे की कमियां रहती है, जिन्हें पंचायतीराज संगठन दूर कर सकते हैं। ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और पंचायती राज संगठनों पर विचार करते हुए हमारा ध्यान भ्रष्टाचार/सत्ता में दुरूप्रयोग, अवांछनीय हस्तक्षेप नियमों का उल्लघंन और भाई भतीजा वाद जैसी बुराइयों की ओर भी जाता है। हम इन बुराइयों से बच नही सकते और न ही इनके नाम पर इन संगठनों अथवा कार्यक्रमों की आलोचना कर सकते हैं।[5]

हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य है- न्यायोचित और आर्थिक सामाजिक व्यवस्था की स्थापना, गरीबी और निरक्षरता का उन्मूलन और सही मायने में सभी का जीवन समृद्ध करना। इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए ग्रामीण विकास का समुचित प्रबन्ध किया जाना नितांत आवश्यक है। इसमें पंचायतीराज संगठनों

* असि0 प्रोफेसर (राजनीतिशास्त्र) एस0बी0एस0 पी0जी0 कालेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

का विशेष महत्व है। इसके लिए यह जरूरी है कि ग्राम पंचायतों के साथ-2 मंडल पंचायती को भी सशक्त बनाया जाए।[6]

भारत की बहुसंख्यक आबादी 69% ग्रामीण क्षेत्र में रहती है, तथा उनमें से अधिकतर गरीब है। ग्रामीण क्षेत्र में विकास से राष्ट्र निर्माण व देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। नीति आयोग द्धारा नवम्बर, 2017 को जारी चेजिंग स्ट्रक्चर ऑफ सरल इकोनामी ऑफ इंडिया इम्पलायमेन्ट एण्ड ग्रोथ के अनुसार कुल घरेलू उत्पादन में ग्रामीण भारत की भागीदारी 46.9% है। सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा राज्य सरकारो के साथ मिलकर 14-24 अप्रैल, 2016 की अवधि के दौरान ग्रामोदय से भारत उदय अभियान नामक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया था।

इस अभियान के अन्तर्गत ग्राम विकास के लिए किये जा रहे कार्यो व पंचायत की भूमि का के बारे में लोगों को बताया गया था।[7]

पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के परिपेक्ष्य में यह तथ्य स्पष्ट होता है कि ग्रामीण विकास योजनाओं में कार्य कुशल निष्पादन में पंचायतीराज संस्थाओं को मुख्य अभिकरण माना जा सकता है। आधारभूत सुविधाओं के विकास निर्धनता उन्मूलन के कार्यक्रमों, रोजगारपरक कार्यक्रमों को सफल करवाने व क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों का सम्पादन पंचायतीराज संस्थाओं की कार्यकुशलता से सफलतापूर्वक सम्पादित किया जा सकता है।

वर्तमान में ग्रामीण स्तर पर संरचनात्मक विकास का मुख्य सोपान पंचायतीराज संस्था ही है। अपने त्रिस्तरीय मॉडल के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायतीराज सक्रिय है। ग्रामीण स्तर पर उनके समस्याओं के समक्ष पंचायते विद्यमान रहती है। इससे इनके द्धारा उन समस्याओं का व्यावहारिक समाधान किया जा सकता है।[8]

ग्रामीण स्तर पर पंचायत संस्थायें उपलब्ध संसाधनों की खोज करना, समस्याओं का त्वरित निदान, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण एवं जन उपयोगी संस्था सिद्ध हो रही है। इसके माध्यम से ग्रामीण जनों की सहभागिता भी शतप्रतिशत सुनिश्चित हो जाती है। जन सक्रियता एवं सहभागिता योजनाओं के क्रियान्वयन में सकारात्मक योगदान देती है।[9]

नेहरू के अनुसार भारत के विकास के लिए शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों को महत्व देना ही होगा तब ही गांव की गरीब शोषित जनता का सच्चे अर्थो में कल्याण हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों का कल्याण करने के लिए एक मात्र विकल्प विकेन्द्रित नियोजन है। जब तक ग्रामीण क्षेत्र तक सत्ता नहीं जाएगी तब तक ग्रामीण क्षेत्रों का विकास नहीं हो सकता है। विकेन्द्रित नियोजन के तहत ग्राम पंचायत ही आर्थिक विकास की डगर को शहरों से गांवों तक ले जा सकती है।[9]

ग्रामीण विकास एक बहु आयामी अवधारणा है। इसके कई घटक होते है। यह राष्ट्रीय विकस की धुरी है। इनमें ग्रामीण गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरणीय सुरक्षा आदि।

महत्वपूर्ण हैं। इन सबके लिए जहाँ एक समग्र कार्यक्रम एवं नितियाँ बनाना आवश्यक होता है। वही इसको कार्यरूप में बदलने हेतु प्रासंगिक कर संस्था की भी आवश्यकता होती है। इस सम्बन्ध में विभिन्न विद्धानों एवं षोधो से यह पूर्णतय: सिद्ध हो चुका है कि ग्रामीण स्तर पर पंचायतीराज ही एक मात्र ऐसी संस्था है, जिसके द्धारा योजनाओं, कार्यक्रमों को त्वरित एवं कुषलता पूर्वक लागू किया जा सकता है। ग्रामीण स्तर पर समग्र विकास का कार्य पंचायती राज से सम्पन्न किया जा सकता है। पंचायत संस्थाए गाँवो में जन्म लेती है, इसके द्धारा ग्रामीण स्तर पर समस्याओं का भली भाँति पहचान रहती है। इस संस्था के माध्यम से ग्रामीणजनों के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रहा है। गाँवों में बुनियादी सेवाओं के क्रियान्वयन व विस्तार में पंचायतीराज सबसे कारागार संस्था सिद्ध हुई है।[10]

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल फरवरी 2019 पृष्ठ-181
2. वही पृष्ठ-182
3. डॉ0 सिंह निशांत पंचायतीराज और महिलाएं सुनील साहित्य, दिल्ली, पृश्ठ-14
4. डॉ0 राठौड़ मधु-पंचायतीराज और महिला विकास, मोइन्टर पब्लिर्शस, जयपुर राजस्थान पृष्ठ-57
5. विकेन्द्रीकरण एवं पंचायतीराज व्यवस्था डॉ0 आशुतोष श्रीवास्तव, सनराइज पब्लिकेशन्स दिल्ली 110092, पृष्ठ-24
6. वही पृष्ठ- 24
7. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल फरवरी, 2019
8. आर0पी0 जोशी, पा मंगलानी भारत में पंचायतीराज, प्रका0 राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2002 पृश्ठ-212
9. पंचायतीराज तब और अब राकेश शर्मा निशीथ, जान्हवी प्रकाशन, ए-77 विवेक बिहार फेस-2 दिल्ली पृष्ठ-23 व 24
10. पंचायतीराज एंव ग्रामीण विकास धमेन्द्र सिंह यादव, रावत पब्लिकेशन्स जयपुर
11. भारत में पंचायतीराज के0के0शर्मा कालेज बुक डिपो, जयपुर
12. प्रतापभल देवपुरा, ग्रामीण विकास का आधार आत्मनिर्भर पंचायतें

****

भारतीय पंचायतीराज व्यवस्था का इतिहास और विकास : एक अवलोकन

अखिलेश कुमार*

शोध सारांश - प्राचीन काल से ही हमारे देश में पंचायत की परम्परा रही है। इस परम्परा की जड़े इतनी गहराई तक गयी है कि पंचायते हमारे ग्रामीण समाज की एक सुदृढ़ व्यवस्था में परिवर्तित हो गयी है। किन्तु भारतीय समाज में पंचायतो की स्थिति सदैव एक सी नही रही है, उसमें समय-समय पर परिवर्तन होता रहा है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् ही पंचायतो के पुनर्गठन एवं उन्हे मजबूत करने के नियोजित प्रयास किए गये है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-40 में प्रान्तीय सरकारों को यह निर्देश दिए गये थे कि पचायतों का पुनर्गठन करे तथा उन्हे वे सब अधिकार दे जो उन्हे स्वायत्त शासन की इकाई बनाने के लिए आवश्यक हो। इस प्रकार देश के समस्त प्रान्तो ने अपने प्रदेश के लिए अलग-अलग पंचायतो के कानून बनाये है। यहि नहि 1992 में संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायतो को और अधिक सुदृढ़ करने तथा उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही समाज के सभी वर्गो का पंचायत में प्रतिनिधित्व हो सके, उसके लिए विशेष प्रावधान कर महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आदि के लिए स्थान आरक्षित किए है।

शोध पत्र के उदेश्य - भारतीय पंचायतीराज वयस्था का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए मुख्यत: चार प्रमुख बिन्दुओ को उठाया गया है:-

1. पंचायतीराज व्यवस्था का ऐतिहासिक स्वरूप,
2. स्वतंत्र भारत मे पंचयतीराज व्यवस्था,
3. पंचायतीराज व्यवस्था के सुदृठिकरण हेतु गठित समितिया,
4. 73 वां संविधान संशोधन अधिनियम 1993।

पंचायतीराज व्यवस्था का ऐतिहासिक स्वरूप -हमारी संस्कृति तथा सभ्यता के सदृश्य ही पंचायत तथा पंचायती राज की एक गौरवशाली परम्परा का निरूपण सदियों से होता चला आ रहा है। पंचायतो के उद्भव के प्रारम्भिक काल और स्वरू प के विषय में कुछ कहना अत्यन्त ही कठिन है। इसका प्रमुख कारण यह है कि इतिहास सभ्यता के आरम्भिक काल के सम्बध में पर्याप्त सूचना देने मे असमर्थ है। विद्वानो का विचार है कि सबसे पहले मनुष्य ने कृषि युग में ग्रामीण सामाजिक जीवन को जन्म दिया। मानव ने पेड़ो की छाया में रहने से आगे बढ़कर कृषि करने के अभिप्राय से जब ग्रहो का निर्माण किया तो फलस्वरूप समूहो का भी उद्भव हुआ। इसके साथ ही साथ संगठन तथा व्यवस्था का भी प्रश्न उठा। वेदों में भी ग्राम तथा ग्राम संगठनो की झलक अनेक स्थानो पर देखने को मिलती है।

वैदिक काल में ग्राम स्वराज्य था, गॉव हर बातो के लिए आत्म-निर्भर था, गॉव अपनी जरूरत की चीजे स्वयं पैदा कर लेता था। वैदिक कालीन ग्राम शासन 'सभा' या 'समिति' के नाम से अभिहित किया जाता था। ग्रामाध्यक्ष को वैदिक काल में 'ग्रामीण' कहते थे, उनकी आज्ञा दैवाज्ञा तुल्य थी। महाभारत में पंच ओर पंचायतो का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। 'सभा पर्व' में नारद, युधिष्ठिर से पूछते है - क्या तुम्हारे राष्ट्र में बुद्धिमान और वीर पंच, करो को वसूलने और पंचायत को अन्य सहायक कार्यो को करने में संलग्न है। मुनस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, नारद स्मृति, श्रुति पुराण सभी में ग्रामीण सामुदायिक संगठन के सम्बध में स्पष्ट तथा विस्तृत नियम मिलते है।

कौटिल्य के अनुसार ग्राम के ऊपर पॉच ग्रामों का प्राय: 'समूह' हुआ करता था, जिसके शासन का भार 'पंचग्रामी' नामक राज्य कर्मचारी पर होता था। इसी प्रकार दस ग्रामों के संगठन के ऊपर बीस-बीस गॉव के संगठन होते थे और सौ-सौ तथा एक हजार ग्रामो के संगठित समूह होते थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में चार प्रकार के ग्रामों का वर्णन मिलता है जो कि मौर्य काल में विद्यमान थे। ग्रामाग्र: यह साधारण गॉव था, इन गॉवो में राज्य के सभी साधारण नियम थे। परिहारक ग्राम : मौर्य काल में ब्राह्मण, विद्धन, आयार्य, पुरोहित को राजा की ओर से जमीने प्राप्त होती थी। ऐसी जमीने कर मुक्त हुआ करती थी। योद्धा ग्राम : इन ग्रामो में राजा कर नही लेता था, किन्तु उन्हे युद्ध काल में प्रत्येक परिवार से योग्य सैनिको की आशा रहती थी। करदेया ग्राम : इन ग्रामों में धन के रूप में कर नही लिया जाता था। धन के बदले में गॉव वाले अनाज देते थे। इन चारो प्रकार के गॉवो में पंचायती व्यवस्था थी। दसवी शताब्दी के शुक नीति-सार में भी ग्राम पंचायतो का विस्तृत संगठन देखने को मिलता है। उक्त वर्णन से यह पता चला है कि उस समय ग्राम पंचायतो निर्मित होती थी। ये गॉव पंचायतो का संगठन आधुनिक गणतन्त्र जैसा होता हथा। यह संगठन पॉच निर्वाचित व्यक्तियों को मिलकर हुआ करता था। इसी कारण इसे पंचायत नाम से विभूषित किया गया। ये निर्वाचित व्यक्ति वयोवृद्धि, अनुभवी तथा प्रभावशाली होते थे। यही कारण है इनके मुख से निकला हुआ प्रत्येक शब्द कानून से भी अधिक प्रभावशाली होता था। वास्तव में 'पंच परमेश्वर' की धारणा उस प्राचीन युग की अद्भुत कल्पना है जोकि सदियों से चली आ रही है। 18वीं शताब्दी मे भारत में विद्धिश शासन का आरम्भ होने से पंचायतो की शक्ति पर सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस समय अनेक ऐसी परिस्थितियॉ उत्पन्न हुई, जिनके फलस्वरू प पंचायतो की उपयोगिता समाप्त होने लगी। इन परिस्थितियो में जमीदार प्रथा, नगरो में जमीदारी प्रथा, नगरों में न्यायलयो की स्थापना, पुलिस विभाग का ग्रामीण जीवन में हस्तक्षेप, परिचमीकर से उत्पन्न व्यक्तिवाद, औद्योगिकरण तथा नवीन भूमि व्यवस्था आदि प्रमुख दशाएॅ थी।

* शोध छात्र (यूजीसी-एस0आर0एफ0) राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

स्वतन्त्र भारत में पंचायती राज व्यवस्था – स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण का प्रश्न अत्यन्त महत्वपूर्ण हो उठा। संविधान बनने से पहले कुछ राज्यो में ग्राम पंचायत कानून पास किये जा चुके थे। ग्राम पंचायत को बहुत से कार्य सौपे गये जिससे उन्हे अधिक स्वतन्त्रता से ग्रामीण विकास के अवसर प्राप्त हो सके। महात्मा गॉधी ने भी पंचायती राज को ही गॉव की स्वाधीनता एवं समृद्धि का साधन मानते हुए लिखा कि 'स्वतन्त्रता नीचे से प्रारम्भ होनी चाहिए, इस प्रकार प्रत्येक गॉव एक गणराज्य अथवा पंचायत का राज होगा, ताकि वह अपना सारा प्रबन्ध स्वयं चला सके।' इसलिए भारत के संविधान में ग्राम पंचायतो का विधान किया गया। अनुच्छेद–40 में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि 'राज्य को यह प्रयास करना चाहिये कि ग्राम पंचायतो को प्रचालित करने के सम्बन्ध में निर्णय करने से पूर्व ही विभिन्न राज्यो की कांग्रेस सरकारो ने पंचायत संस्थाओं को पुनर्जीवित करने का निर्णय कर लिया था। इस सम्बध में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य रहा, जिसमें 1947 में विस्तृत ग्राम पंचायत अधिनियम पारित हुआ, जिसने अन्य राज्यों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत किया।'

पंचायतीराज व्यवस्था के सुदृढिकरण हेतु गठित समितिया – स्वतन्त्रता के पश्चात पंचायती राज्य व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से समय–समय पर अनेक समितियॉ कठित की गयी है, जिनमें कुछ प्रमुख समितियॉ निम्नवत् है –

बलवंत राय मेहता समिति, 1957 – बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट 24 नवम्बर, 1957 को सरकार के सम्मुख प्रस्तुत की गयी थी। इस समिति का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना था कि लोगो में पंचायतो के प्रति उत्साह क्यो कम है तथा इस समस्या पर पार पाने के लिए क्या तरिके अपनाएं जाने चाहिए। इस समिति का मुख्य निष्कर्ष यह था कि आम लोगों को ग्रामीण विकास योजनाओं में भागीदारी बनाने के लिए यह आवश्यक है कि योजना व प्रशासनिक सत्ता दोनो का विकेन्द्रीकरण हो। इस रिपोर्ट में पहली बार विकेन्द्रीकरण के साथ लोकतान्त्रिक शब्द जोड़ा गया है। इसका अर्थ यह है कि जिस लोकतान्त्रिक प्रणाली को हमारे देश ने अपनाया है उनमें प्रत्येक ग्रामीण सक्रिय भाग ले। आम नागरिक यह महसूस करे कि शासन प्रक्रिया में उसका भी योगदान है। रिपोर्ट के अनुसार सामुदायिक विकास व राष्ट्रीय विस्तार सेवा का विकास इसलिए नही हो पाया कि इनमें जन सहभागिता के तत्वों का अभाव था। जनता स्थानीय कार्यकलापों में तभी रूचि लेगी जब उनके लिए प्रतिनिधि सभाये गठित हों प्रतिवेदन मे कहा गया है कि 'बिना जिम्मेदारी और अधिकारों के विकास कार्यो में प्रगति नही हो सकती। सामुदायिक विकास सही अर्थो में तभी हो सकता है, जब समुदाय अपनी समस्याओं को समझे, आवश्यक अधिकारो का प्रयोग कर सके। इस उद्देश्य से हम शीघ्र ही चुने हुए विधि सम्मत एवं निर्वाचित निकायो की स्थापना करने की सिफारिशे करते है और आवश्यक संसाधन, अधिकर तथा प्राधिकार सौपें जोन की भी सिफारिश करते है। इस प्रतिवेदन में यह भी कहा गया कि इन निकायों को अपना कार्य करने के लिए समुचित वित्तीय साधन मिलना आवश्यक है। इसके लिए एक कानून बनाकर आय के कुछ साधन इन्हे सौप देने चाहिए। इन साधनों द्वारा जिन कार्यो के सम्पादन की समिति ने सिफारिश की थी वे है – कृषि, पशुपाल, सहकारिता, लघु सिचाई कार्य, ग्रामोद्योग, प्राथमिक शिक्षा, स्थानीय संचार, सफाई व्यवस्था व चिकित्सा आदि है।

अशोक मेहता समिति, 1977 – 12 दिसम्बर, 1977 को अशोक मेहता की अध्यक्षता में पंचायती राज समिति का गठन हुआ। इस समिति ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने हेतु निम्न सुझाव दिये –

1. पंचायते दो स्तरो पर गठित होनी चाहिए : जिला स्तर पर जिला परिषद तथा मंडल/ब्लाक स्तर पर मंडल पंचायत (समिति ने ग्राम पंचायत स्थापित करने की सिफारिश नही की) औसतन 15000 से 20000 तक जनसंख्या पर एक मण्डल पंचायत होनी चाहिए। ग्रामों को ग्राम समितियों के माध्यम से मण्डल पंचायत में शामिल किया जाना चाहिए। चुनावो में अनुसूचित जाति व जनजाति को उनकी जनसंख्या को आधार पर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। पंचायतो का कार्यकाल 4 वर्ष का होना चाहिए। मण्डल व जिला स्तर पर दो ऐसी महिलाओं को भी जिन्होने जिला परिषद चुनावो में अधिकतम मत प्राप्त किये हो, परिषद का सदस्य बनाया जाएगा। जिला परिषद विभिन्न समितियो के द्वारा कार्या करेगी। ग्राम सभा का गठन होगा जिसकी दो सभाएँ होगी। पंचयती राज चुनावों में राजनैतिक दलों की भागीदारी होगी।
2. पंचायतो का कार्य सूची विकास की गतिशीलता के आधार पर निर्धारित होनी चाहिए। विकेन्द्रीकरण को राजनैतिक खैरात या प्रशासनिक रियायत नही समझना चाहिए। प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों को सम्बन्धित स्थानीय स्तरो पर पर्याप्त अधिकारो और कार्यो का विकेन्द्रीकरण कार्यक्रम संभाले तथा जिलो स्तर पर योजना बनाए। पंचायतो को विकास कार्य सौपना तब तक अपूर्ण रहेगा जब तक कि पंचायतो को स्वंय निर्णय लेने और अपनी निजी आवश्यकता के अनुसार कार्यक्रम बनाने का अधिकार नही दिया जाता।
3. पंचायतो को केवल जनता के विचार जानने की सभा न बनाकर उन्हे उपलब्ध संसाधनो से स्वयं अपने लि योजना तैयार करने में सक्षम बनाया जाना चाहिए। जिला परिषद जिले की योजना बनाए जिला स्तर पर जिला योजना बनाने के लिए योग्य समिति का गठन किया जाना चहिए।
4. पंचायती राज संस्थाओ के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गो को लाभान्वित करने के लिए कार्यक्रम तैयार करने होगे।
5. राज्य सरकार के कार्यो को विकेन्द्रीकरण करने के साथ–साथ सभी जिला स्तर के अधिकारी को जिला परिषद तथा उसके नीचे के स्तरों के अधीन रखना होगा। श्रेणी–1 और श्रेणी–2 का राजपत्रित कर्मचारी वर्ग राज्य सरकार के कैडर में रहे जबकि श्रेणी–3 तथा श्रेणी–4 का कर्मचारी वर्ग पूरी तरह से पंचायती राज सरकारो को हस्तान्तरिक कर दिया जाय। जिला परिषद के कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति स्वतन्त्र राज्य तथा जिला स्तर के बोर्डो द्वारा की जानी चाहिए। पंचायतो के लिए अलग से एक मंत्री होना चाहिए।
6. राज्य सरकार द्वारा बजट हस्तान्तरिक करने के अलावां पंचायतो को स्वयं भी अपने वित्तीय साधन जुटाने होगें तभी वह सही ढंग से अपने दायित्वों को निभा सकती है। वसूल किये गये ऐच्छिक करो के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए। भू–राजस्व पर उपकर, जन्मदर पर उपकर स्टाम्प शुल्क पर आदि राजस्व के महत्वपूर्ण साधन है ये सब पंचायतो को सौपें जाने चाहिए। पंचायती राज वित्त नियम स्थापित किये जाने चाहिए।

जी0वी0के0 राव समिति, 1985 – योजना आयोग द्वारा इस समिति का गठन 25 मार्च 1985 को ग्रामीण विकास व गरीबी उन्मूलन से सम्बन्धित प्रशासानिक व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट 1985 में प्रस्तुत की। इस समिति ने पंचायतो की आर्थिक स्थिति उनके चुनाव और कार्य कलापों पर प्रकाश डालते हुए कहा

कि राज्य सरकारें लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के प्रति उदासीन रही है। अधिकांश राज्यो में पंचायते शक्ति व अधिकार तथा संसाधनो के अभाव में निष्प्रभावी होती जा रही है। समिति ने पंचायतो को मजबूत बनाने के लिए निम्न सुझाव दिये –

1. योजनाऍं तैयार करने, निर्णय लेने व उसे लागू करने का कार्य पंचयतो को सौपा जाए, क्योंकि वे जनता के अधिक निकट है। राज्य की शक्ति को जिला स्तर पर पंचायतो को सौपना आवश्यक है।
2. जिला स्तर के सभी कार्यालय स्पष्ट रूप से जिला परिषद के अधीन होने चाहिए। कृषि, पशुपालन, सहकारिता, लघु सिचाई, प्राथमिक व प्रौढ़शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, ग्रामीण जल आपूर्ति, जिले की सड़के, लघु व ग्रामोद्योग, अनुसूचित जाति का कल्याण, समाज व महिला कल्याण और सामाजिक वन पालन जिला परिषदो को दे देने चाहिए।
3. कार्य सम्पादन के लिए जिला परिषदो की विभिन्न समितियों गठित की जानी चाहिए।
4. जिला स्तर से नीचे पंचायत समिति या मण्डल पंचायतो गठित की जानी चाहिए और उनका गठन व संरचना जिला परिषद जैसी ही होनी चाहिए। प्रत्येक गॉव में ग्राम सभा हो, यह बात भी समिति ने कही।
5. पंचायत समिति या ग्राम व मण्डल पंचायत पर बच्चो, महिलाओ व प्रौढ़ो के कल्याण के लिए एक उपसमिति का गठन होना चाहिए जिसके सदस्य मुख्यत: महिलाऍं होनी चाहिए।
6. जो विभिन्न समाजसेवी संस्थाऍं ग्रामो में कार्य कर रही हैं पंचायतो को विभिन्न समितियों के माध्यम से उनकी सेवाऍं लेनी चाहिए।

एल0एम0 सिंधवी समिति, 1986 – इस समिति कगठन 1986 में किया गया था। इसने ग्राम सभा को महत्व दिया। ग्राम सभा को लोकतन्त्र के केन्द्र बिन्दु के रूप में देखा गया। इसकी कुछ मुख्य सिफारिशे है –

1. स्थानीय स्वशासन को संवैधानिक मान्यता दी जाय।
2. पंचायत स्तर पर चुनाव नियन्त्रित और बिना किसी देरी के कराये जाये।
3. पंचायती राज के काम करने के ढंग से सम्बन्धित मामलो का निपटारा करने के लिए हर एक राज्य में पंचायती राज न्यायिक (कानूनी) अधिकरण का गठन किया जाए।
4. पंचायतो को प्रभावशाली ढंग से काम करने के लिए काफी मात्रा में धन की व्यवस्था की जाए।
5. राजनीतिक दलो से जुड़े लोगो की भागीदारी को प्रोत्साहित न किया जाय।
6. मामलो के निपटान के लिए न्याय पंचायत को मध्यस्थता या बीच बचाव का कार्य सौपा जाए।

73वॉ संविधान संशोधन अधिनियम, 1993 – संविधान के 73वें संशोधन के द्वारा संविधान में एक नया अध्याय-9 जोड़ा गया। इस अध्याय में 16 अनुच्छेद और एक अनुसूची (ग्यारहवी अनुसूची) जोड़ी गई। इस अधिनियम के पारित होने से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। यह अधिनियम 24 अप्रैल 1993 से सम्पूर्ण भारत में प्रभावशील हो गया। इस अधिनियम की मुख्य विशेषताऍं निम्नलिखित है –

1. **ग्राम सभा–** प्रत्येक गॉव में एक ग्राम सभा होगी और वह राज्य विधान मण्डल द्वारा उपलब्ध कराये गये अधिकारों का उपयोग और कार्यो का निष्पादन करेगी।
2. पंचायतो का गठन अनुच्छेद-243(ख) में त्रिस्तरीय पंचायती राज का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक राज्य में ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतो का गठन किया जायेगा, किन्तु मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतो का गठन उस राज्य में नही किया जायेगा जिसकी आबादी 20 लाख से अधिक नही है।
3. **पंचायतो की संरचना –** ग्राम स्तर, मध्यवत्री स्तर तथा जिला स्तर पर पंचायतो के सभी सदस्यो का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान द्वारा किया जायेगा। मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतो के अध्यक्षो का चुनाव सीधे न होकर निर्वाचित सदस्यो द्वारा किया जयेगा, लेकिन ग्राम स्तर पर अध्यक्ष का चयन करने का निर्णय राज्य विधान मण्डल को दिया गया है।
4. **पंचातयो में आरक्षण–** (1) प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जातियो और अनुसूचित जनजातियो के लिए उनकी जनसंख्या के अनपालन मे तीनो स्तरो पर स्थान आरक्षित रहेगे। आरक्षित स्थानो में एक तिहाई स्थान इन वर्गो की महिलाओ के लिए आरक्षित रहेगे। (2) प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानो की कुल संख्या के एक तिहाई स्थान जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जातियो और अनुसूचित जनजातियो की महिलाओं के लिए आरक्षित सीटो की संख्या सहीत। महिलाओ के लिए आरक्षित रहेगे, और चक्रानुसार से पंचायत के विभिन्न निर्वाचित क्षेत्रो को अवटित किये जायेगे।
5. **पंचायतो का कार्यकाल –** प्रत्येक राज्य की पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल सामान्य रूप से पॉच वर्ष निश्चित किया गया है, किन्तु अगर कोई पंचायत विघटित कर दी जाती है तो नयी पंचायत का गठन शेष अवधि के लिये किया जायेगा।
6. **सदस्यो की योग्यता –** पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के लिए निम्न योग्यतायें होनी चाहिए। (1) व्यक्ति ने 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, (2) वह व्यक्ति प्रवृत्ति विधि के अधीन राज्य विधान मण्डल के लिए निर्वाचित होने की योग्यता (आयु के अतिरिक्त अन्य योग्यताऍं) रखता हो, (3) वह राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाई गयी विधि के अधीन पंचायत का सदस्य निर्वाचित होने के योग्य हो।
7. **पंचायतो का निर्वाचन –** पंचायत के लिए निर्वाचन नामावली तैयार करने और पंचायतो के सभी निर्वाचनो के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियन्त्रण निर्वाचन आयोग में निहित होगा। इसके लिए राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया गया एक राज्य निर्वाचन आमुक्त होगा, जिसे केवल उसी रीति और उसी आधार पर उसके पद से हटाया जा सकता है जैसे कि उच्च न्यायालय के न्यायधीश को हटाया जाता है।
8. **पंचायतो की शक्तियॉं, प्रधिकार और उत्तरदायित्व –** संविधान के उपबन्धो के अधीन रहते हुए राज्य का विधान मण्डल विधि द्वारा पंचायतो को ऐसी शक्तियॉं और प्राधिकार प्रदान कर सकेगा, जो वह उन्हे स्वायत्त शासन की संस्थाओं क रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक समझे। ग्यारहवी अनुसूची ऐसे विषयो के सम्बध में है जो राज्य सरकार आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए उन्हे सौपना चाहे। ग्यारहवी अनुसूची में पंचायतो के लिए उन्हे सौपना चाहे।

इस प्रकार संविधान के तिहत्तरवे संशोधन अधिनियम के लागू होने से भारत में सत्ता के विकेन्द्रीकरण की दिशा में एक नई शुरूआत हुई है। जिसने वास्तव में भारतीय पंचायती व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को मजबूत किया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. महीपाल, पंचायती राज : अतीत, वर्तमान और भविष्य, पेग्विन प्रकाशन, नई दिल्ली, 1996
2. महीपाल, पंचायती राज चुनौतियों एवं सम्भावनाएँ, राष्ट्रीय पुस्तक न्याय, नई दिल्ली, 2014
3. नेहरू , पं0 जवाहर लाल, समुदायिक विकास और पंचायती राज, सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, दिल्ली, 1965
4. सिंह, डॉ0 विजेन्द्र, देश की राजनीतिक व्यवस्था में पंचायतो को योगदान, पंचायत एवं समाज सेवा विभाग, भोपाल, म0प्र0
5. त्रिपाठी, डॉ0 भूपेश मणि, पंचायतीराज व्यवस्था एक परिचय, भारती पब्लिशर्स एडं डिस्ट्रीब्यूटर्स, फैजाबाद, उ0प्र0, 2021
6. माहेश्वरी, एस0आर0 भारत में स्थानीय शासन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, अगरा, 2009
7. कटारिया, डॉ0 सुरेन्द्र, पंचायतीराज संस्थाएँ अतीत, वर्तमान और भविष्य, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 2010
8. बलवन्त राय मेहता कमेटी ऑन प्लान प्रोजेक्ट्स स्टडी टीम फार कम्यूनिटी डेवलेपमेंट ए.ड नेशनल इक्सटेन्सन सर्विस, प्लानिंग कमीशन, नई दिल्ली, 1957
9. अशोक मेहता डिपार्टमेंट आफ रूरल डेवलेपमेंट कमेटी ऑन पंचायती राज इन्स्टिट्यूशनशन्स मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर एंड इरीगेशन, गवर्नमेंट ऑफ इ.डिया प्रेस, नई दिल्ली, 1978

****

भारत में जाति, सामाजिक संरचना और ग्रामीण समुदाय : एक विवेचना

सत्येन्द्र सिंह *

प्रस्तावना - ऐतिहासिक रूप से भारत में जाति व्यवस्था ने व्यक्तियो के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक जीवन के लिए नियामकिय आधार प्रस्तुत किये, जिससे भारत में एक विशिष्ट प्रकार की सामाजिक संरचना का निर्माण हुआ है। जो ग्रामीण भारतीय समुदाय के लिए निर्णायक सिद्ध हुई। चूंकि भारत में ग्रामीण सभ्यता एवं संस्कृति कार्य की विशिष्टता के सिद्धान्त के आधार पर विकसित हुई थी जो प्रारम्भ में वर्णाश्रम व्यवस्था आधारित तथा बाद में पैतृक कार्यो पर निर्भर हो गई। जिसमें कुछ आवश्यक एवं विशिष्ट कार्यो के सम्पादन के लिए कुछ व्यक्तियो को कुछ विशिष्ट भूमिकाए सौपी गई थी इनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के अतिरिक्त धोबी, नाई, जुलाहा, चर्मकार एवं बढ़ई आदि थें। कालान्तर में इन कार्यो को करने वाले व्यक्तियों एवं उनके कार्यो से उनकी जाति का निर्धारण होना शुरू हुआ। जो उच्च-निम्न में उनके विभाजन आदि की प्रक्रिया से होते हुए, उन्हे वर्ण-जाति की व्यवस्था में स्थापित कर एक नवीन सामाजिक व्यवस्था की स्थापना करता है। इस नवीन सामाजिक व्यवस्था में इनके आपसी सम्बन्धो से जिस प्रकार की सामाजिक संरचना का निर्माण हुआ। वह ग्रामीण भारतीय समुदाय का एक आवश्यक अंग है जो वर्तमान में भी भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का परिचायक भी है।

जाति-व्यवस्था का अर्थ एवं स्वरूप - समकालीन भारत में जाति-व्यवस्था, राजनीतिक एवं सामाजिक संरचना की महत्वपूर्ण घटक है। भारतीय सामाजिक एवं सामाजिक संरचना के विशुद्ध, विवेचन के उपरांत हम कह सकते है कि जाति-व्यवस्था सामाजिक संगठनो के निर्माण का प्रमुख आधार रहा है।यह सर्वविदित है कि जाति की उत्पत्ति संस्कृत की 'जन' धातु से मानी जाती है। जिसका अर्थ 'प्रजाति' 'जन्म' अथवा भेद से किया जाता है। अंग्रेजी में जाति के लिए कास्ट शब्द का प्रयोग किया जाता है। यह कास्ट शब्द पुर्तगाली शब्द 'कास्टा' से बना है जिसका अर्थ है नस्ल, प्रजाति एवं जन्म से है। कास्ट लैटिन शब्द 'कास्टा' से व्युत्पन्न है।

आधुनिक समाजशास्त्रियो ने भारतीय जाति प्रथा पर विभिन्न दृष्टिकोणों से विचार किया है तथा यह निष्कर्ष निकाला है कि जाति प्रथा जन्म और वर्गीय ढाँचे पर आधारित अत्यन्त स्थानीय एवं गतिशील प्रथा है। संभवत: इसलिए समाजशात्रियों को जाति शब्द परिमाषित करना दश्कर सिद्ध हुआ। जे0एच0 हट्टन जैसे प्रसिद्ध समाजशास्त्री भी जाति शब्द की सर्वमान्य परिभाषा देने में असमर्थ है। श्री हट्टन के अनुसार जाति शब्द को परिभाषित करना एक जटिल कार्य है इतना ही नही प्रख्यात समाजशास्त्री श्री रिजले एवं केतकर ने भी जाति-प्रथा को परिभाषित करने का यथोचित प्रयत्न किया है किन्तु ये भी अपने प्रयास में असफल रहे है। जाति-प्रथा की इसी जटीलता के कारण प्रसिद्ध विद्धान मार्क गेलेंटर ने भारतीय जाति-व्यवस्था को कक्षों में विभक्त समाज माना है साथ ही श्री गेलेंटर ने भारतीय समाज को विविध जीवन शैली वाला राज्य बताया है।

फिर भी जाति व्यवस्था के सम्बन्ध में आन्द्र बेतई का मत है कि विभिन्न परिस्थितियों में अलग-अलग लोगो के लिए जाति का अलग-अलग अर्थ है लेकिन सभी के लिए जन्म के आधार पर एक समूह/उपसमूह से जुड़े होने का भाव विशिष्ट है यही भाव सब लोगो का एक सामस्थ बिन्दु है उच्च निम्न जाति प्रस्थिति, ग्रामीण/नगरीय पृष्ट भूमि, शिक्षा का स्तर, व्यवसाय की प्रकृति और गहनता आदि कारको के आधार पर इस भाव की समझ और गहनता प्रत्येक व्यक्ति में समान नही है। किन्तु उससे जुडावे का भाव अपने आप में खास है जाति को परिभाषित करते हुए वेतई ने कहा है कि 'जति एक लघु व लोगो का नामित समूह है जिसका आधार अन्त: विवाह, वंशानुगत सदस्यता तथा एक विशिष्ट जीवन शैली है कभी-कभी एक विशेष परम्परागत व्यवस्था और एक सोपानीय व्यवस्था में कुछ सीमा तक विशेष सांस्कारिक प्रस्थिति के संदर्भ में जाति को समझा जा सकता है। वेतई आगे कहते है कि जाति व्यवस्था द्वारा हिन्दू समाज के विभाजनकारी स्वरूप की संरचना में जाति को एक खण्ड समझा जा सकता है जिसका इन खण्डो की व्यवस्था में कमोवेश एक विशिष्ट स्थान है। वही कोनिग ने लिखा है कि 'जाति की प्रतिष्ठित भूमि भारत है। जाति व्यवस्था एक केन्द्रिय बिन्दु है जिसके चारो ओर सदियो से भारतीय समाज गतिमान रहा है। जाति का पद व्यक्ति को जन्म से प्राप्त होता है तथा जाति की सदस्यता केवल उसमें पैदा होने वाले व्यक्तियो तक ही सीमित होती है। प्रत्येक जाति अपने सदस्यों पर अन्य जातियो के सदस्यों के साथ रहने एवं खाने पीने पर प्रतिबन्ध लगाती है।'

इस प्रकार जाति एक सामाजिक समूह है जिसमें एक विशेष जाति की सदस्यता के केवल उन्ही व्यक्तियो तक सीमित रहती है। जिन्होने उसी जाति में जन्म लिया हो तथा जिसके सदस्यो पर एक दृढ़ सामाजिक नियम के द्वारा अपने समूह के बाहर विवाह करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाता है।

जति-व्यवस्था का बदलता स्वरूप - जाति व्यवस्था के इतिहास पर दृष्टि डाले तो ज्ञात होता है कि वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक जाति व्यवस्था के स्वरूप में पर्याप्त अन्तर आया है। विभिन्न काल में जाति का स्वरू प भिन्न-भिन्न रहा है। भारत में अंग्रेजी साम्राज्य की स्थापना के बाद नई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियो ने जन्म लिया। अंग्रेजी शासन काल में उद्योगों का विकास और सामन्तशाही व्यवस्था खत्म हो गई। भारत में स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद जाति व्यवस्था के निषेधो, आदेशो

* शोध छात्र (यूजीसी-एस0आर0एफ0) राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

एवं मूलभूत प्रयासो से क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। आज व्यक्ति की भावनाऍ केवल जाति तक सीमित नही रह गई है उसका पद, व्यवस्था और कर्तव्य का निर्धरण अब जाति पर नही व्यक्तिगत योग्यता पर आधारित हो गया है। पहले जाति व्यवस्था की संचना में ब्राह्मणों का प्रभुत्व रहा है इसकी शक्ति सर्वोपरि है लेकिन आज इसका रूप परिवर्तित हो गया है क्योंकि जीवन की उच्चता और निम्नता अब जाति पर आधारित नही रह गई है। पहले अन्तर्विवाही व्यवस्था होने के कारण जाति अपने सदस्यो पर विवाह के सम्बंध में भी अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाती थी पर आज के युग में वैवाहिक मान्यताऍ पूरी तरह से बदल गई है जाति सामाजिक सहवास के प्रतिबन्धो पर भी निषेध लगाती थी लेकिन आज के युग में ये निषेध पूर्णत: समाप्त हो गये है आज व्यक्ति विशाल नगरों में रहता है और उसके सामाजिक सम्बंध भी जाति की अपेक्षा उसके कार्यो द्वारा अधिक निर्देशित होने लगे है।

इस प्रकार वर्तमान समय में औधोगिकरण, आधुनिकरण, अंग्रेजीकरण, संचार एवं यातायात के साधन, प्रौद्योगिकी तथा भारतीय संविधान आदि ने जाति-व्यवस्था के परम्परागत स्वरूप को परिवर्तित किया है निम्न अथवा उच्च जाति से सम्बन्धित निषेधों एवं विशेषाधिकारो की कठोर व्यवस्था को कम अथवा खत्म कर दिया है आज व्यक्ति की पहचान जाति से नही वर्ग के माध्यम से होने लगी है। अत: जाति, वर्ग के रूप में परिवर्तित होती दिख रही है हालांकि नगरों में जाति-व्यवस्था के स्वरूप उसके कार्यो एवं महत्व में परिवर्तन हुआ है परन्तु गॉवो में आज भी यह अपने परम्परागत स्वरूप को बहुत हद तक बनाये हुए है। गॅवो में आज भी जाति से सम्बन्धित छुआछूत, भोजन, विवाह इत्यादि पर प्रतिबन्ध देखा जा सकता है। आज भूमण्डलीकरण और उत्तर-आधुनिकता के इस युग में समाज-व्यवस्था में तीव्र परिवर्तन आया है परिवार विवाह, जाति-व्यवस्था सभी परिवर्तित हो रही है। सामाजिक परिप्रेक्ष्य में मानवीय व्यवहार के नवीन प्रतिमान उदित हुए है।

वैश्वीकरण का जातीय संरचना पर प्रभाव :वैश्वीकरण का प्रमुख पहलू सिर्फ आर्थिक न होकर, इसने समाज को सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से भी प्रभावित किया है। जहॉ भारतीय समाज में क्षेत्रीय परम्परा हावी रही वही वैश्वीकरण के फलस्वरूप उस क्षेत्रिय परम्परा को वैश्विक परम्परा के रूप में बदल दिया गया। यदि प्राचीनकाल में वैदिक युग से शुरूआत करे तो पाते है कि समाज वर्णो में बटा था यहाँ पर कोई जातीय परिकल्पना नही थी। वर्ण और व्यवसाय आपसे में बटे थे कालान्तर में इन्ही वर्णो से जातियों की उत्पत्ति हुई। जिनमें पदानुक्रम की व्यवस्था मौजूद रही है तथा वर्तमान में भी वह पदानुक्रम व्यवस्था मौजूद है। अत: मौलिक संरचनो में कोई बदलाव नही हुआ लेकिन वैश्वीकरण की प्रक्रिया के फलस्वरूप इस जातीय संरचना में परिवर्तन अवश्य हुआ है।

जातियों के बारे में समाजशास्त्रियों ने वैश्वीकरण को मुख्य रूप से एक संरचनात्मक अवधारणा के रूप में देखने का प्रयास किया है तो कतिपय मानवशास्त्रियो ने इसे एक सांसकृतिक अवधारणा के रूप में देखा। लेकिन जब हम जाति व्यवस्था को उसकी पूरी समग्रता में देखते है तो ये दोनो अवधारणाऍ एक-दूसरे की पूरक प्रतीत होती है। संरचनात्मक परिप्रेक्ष्य के अन्तर्गत उदाहरण के लिए प्रभुत्व की अधिनस्थता, बचत और शोषण, विशेषाधिकार तथा वंचन सन्दर्भ मुद्दे होते है। सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में विचारो और मूल्यो पर बल दिया जाता है अर्थात पवित्रता-अपवित्रता विवाह के नियम और अन्तजातिय सम्बन्धो के नियम आदि का अध्ययन किया जाता है। संरचनात्मक परिवर्तन की बात करे तो आज के समय में जातियो के बीच प्रभुत्व और अधिनस्थत कम हुई है इसका प्रमुख कारण आर्थिक रहा है वैश्वीकरण की प्रक्रिया के फलस्वरूप समाज में प्रत्येक वर्ग को आर्थिक रूप से उन्नत होने का समान अवसर प्राप्त हुआ है अत: जातीय संरचना में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है।

इस प्रकार वैश्वीकरण की प्रक्रिया से पूर्व का समाज और बाद के समाज में तुलनात्मक रूप से विश्लेषण किया जाये तो पता चलता है कि जातियो मे संरचनात्मक परिवर्तत अवश्य हुए है और इन संरचनात्मक परिवर्तनो को सांस्कृतिक परिवर्तनो के अन्तर्गत भी देखा जा सकता है।

भारतीय समाजिक संरचना और विवाह के बदले प्रतिमान – विश्व में कोई भी मानव समाज पूर्ण समानता पर आधारित नही है यही कारण है कि स्तरीकरण एक विश्वव्यापी प्रधटना है विश्व में स्तरीकरण की जो व्यवस्था है उसे मुख्यत: दो भागों में विभाजित किया जाता है – खुला स्तरीकरण व बन्द स्तरीकण। खुले सतरीकरण का प्रतिनिधित्व 'वर्ग' करता है जबकि बन्द स्तरीकरण का 'जाति'। जाति वह स्तरीकण है जो जन्म पर आधारित है तथा जिसमें परिवर्तन की सम्भावना नग्ण्य मानी जाति रही है। यहाँ यह भी उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि भारत में जाति न सिर्फ स्तरीकरण है अपितु एक व्यवस्था है जो सम्बोधन, सहवास, सहभोज तथा जातिगत सम्बंध पर आधारित है जाति के अस्तित्व व निरन्तरता को बनाये रखने के लिये इसे जाति अन्तर्विवाह तथा गोत्र वहिविर्वाह के नियम से इस प्रकार जोड़ा गया है कि विवाह को जाति से अलग नही किया जा सकता। यही कारण है कि जाति अन्तर्विवाह को जाति व्यवस्था की आत्मा कहा जाता है। यह एक कारण और भी यही कारण है कि जाति व्यवस्था व विवाह के नियम अभिभाजनीय तथा अपरिवर्तनीय से प्रतीत होते है लेकिन परिवर्तन प्रकृति का नियम है जिसका अपवाद स्वयं समाज भी नही है। अत: अपरिवर्तनीय जाति व्यवस्था व वैवाहिक नियम में आद्योगिकरण, आधुनिकरण, नकरीकरण व पश्चिमीकरण की विचारधारा के कारण जातिगत वैवाहिक नियमो में परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगे है इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप अन्तर्जातीय प्रेम-विवाह की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है यद्यपि मानवतावादी व प्रतिशील विचारधारको के लिए इस प्रकार परिवर्तन स्वागत योग्य है व भी प्रंशासनीय है लेकिन परम्परावादी व रूढ़िवादी लोगो के लिये एक चुनौती है यही कारण है कि अन्तजातीय प्रेम विवाह करने वाले दम्पत्तियों के समक्ष संघर्ष, समायोजन व सामीकरण की चुनौतियॉ आती है।

इस प्रकार समाज के विकास के साथ-साथ विवाह के स्वरूप में भी परिवर्तन हुये है। आधुनिकीकरण, वैश्वीकरण आदि के कारण आज अंतर्विवाह एवं बहिर्विवाह संबधी नियम कमजोर हुए है हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 में संगोत्र बहिर्विवाह और प्रवर बहिर्विवाह को अमान्य कर दिया गया है। तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार से अब विवाह केवल धार्मिक कर्तव्य न रहकर प्रेम, सहयोग व आनन्द हेतु किया जाने लगा है। आधुनिक शिक्षा एवं जागरूकता के कारण विवाह की आयु में वृद्धि हुई है। युवक-युवतियॉ जीवनसाथी के चयन मे अपनी पसंद-नापसंद के के प्रति अधिक मुखर हुये है। विधवा पुनर्विवाह, दिव्यंगजनों के विवाह हो रहे है तथा समाज में इनकी स्वीकार्यता भी वढ़ी है। सामूहिक विवाह सम्मेलन व परिचय सम्मेलन के आयोजन आदि भी बढे है तथा ये द्वितीयक संस्थाये (विवाह सम्मेलन आयोजन समितियॉ आदि) समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी है। वर्तमान में लगभग सभी जाति/धर्म की समितियों समाज में विधमान है जो जातीय संगठन अथवा जाति विशेष के नवयुको हेतु सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन आयोजित कर रही है।

ग्रामीण समुदाय एवं उसका बदलता हुआ स्वरूप – प्रारम्भिक काल से

ही मानव जीवन का निवास स्थान ग्रामीण समुदाय रहा है धीरे-धीरे एक ऐसा समय आया जब हमारी ग्रामीण जनसंख्या चरमोत्कर्ष पर पहुच गई। आज औद्योगिकरण, शहरीकरण आदि का प्रभाव मानव को शहर की तरफ प्रोत्साहित तो कर रहा है लेकिन आज भी शहरी दूषित वातावरण से प्रभावित लोग ग्रामीण पवित्रता एवं शुद्धता को देखकर ग्रामीण समुदाय मे बसने के लिए प्रोत्साहित हो रहे है।

आज ग्रामीण समुदाय के बदलते परिवेश में ग्रामीण समुदाय को परिभाषित करना कठिन है ग्रामीण समुदाय की कुछ प्राचीन प्रचलित विशेषताएँ जैसे कृषि का मुख्य व्यवस्था होना, हम की भावना, साधरण जीवन आदि सार्वभौमिक थी लेकिन आज औद्योगिकरण, बढती हुई जनसंख्या एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रमों आदि का प्रभाव ग्रामीण समुदाय में कुछ आश्चर्यजनक परिवर्तन ले आया है इसलिए ग्रामीण जीवन, शहरी जीवन के समीप आता दिखाई दे रहा है ग्रामीण समुदाय की परिभाषाएं निम्नलिखित है - एन0एल0 सिम्स के अनुसार - 'समाजशास्त्र में ग्रामीण समुदाय शब्द को कुछ ऐसे विस्तृत क्षेत्रो तक सीमित कर देने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति है जिनमें अधिकतर मानवीय स्वार्थो की पूर्ति होती है।' मेरिल और एलरिज के अनुसार 'ग्रामीण समुदाय के अन्तर्गत संस्थाओ और ऐसे वक्तियों का संकलन होता है जो छोटे से केन्द्र के चारो और संगठित होते है तथा सामान्य प्राकृतिक हितो में भाग लेते है।' इस प्रकार ग्रामीण समुदाय एक ऐसे भू-क्षेत्र का नाम है जहॉ के व्यक्तियों का जीवन कृषि एवं सम्बंधित कार्य पर निर्भर हो और उनमें एक दूसरे के प्रति अधिक लगाव नजदीक का सम्बध तथा उनका जीवन सामाजिक मूल्यों एवं संस्थाओं से प्रभावित होता है।

ग्रामीण समुदाय की विशेषताएँ -

1. कृषि व्यवसाय
2. प्राकृतिक निकटता
3. जातिवाद एवं धर्म का अधिक महत्व
4. सरल और सादा जीवन
5. संयुक्त परिवार
6. सामाजिक जीवन में समीपता
7. सामुदायिक भावना
8. स्त्रियों की निम्न स्थिति
9. धर्म एवं परम्परागत बातों में अर्धिक विश्वास
10. भाग्यवादिता एवं शिक्षा का अभाव

परिवर्तन समाज का नियम है इसलिए समय के साथ-साथ समाज बदलता रहता है। भले ही बदलाव की गति मंद हो अथवा तीव्र। भारतीय समाज का जो वर्तमान रूप है वह शताब्दी पूर्व के भारतीय समाज से पूर्णतया भिन्न है। आज सामाजिक, औद्योगिकी, अर्थतंत्र सामाजिक संस्थाए विचार दर्शन, कला तथा धर्म आदि में निरंतर परिवर्तन आ रहे है इन परिवर्तन के फलस्वरूप ग्रामीण समाज में दर्शनीय परिवर्तन आए है। ये परिवर्तन विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होते है इन सभी परिवर्तनो का सम्बंध ग्रामीण समाज के बाहरी और आंतरिक दोनो पक्षों से है पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली, यातायात और संचार की सुविधाएं, औद्योगिकरण, प्रौद्योगिकी, राजनैतिक तथा समाज सुधार आंदोलन, सामाजिक आधिनियम और सामाजिक विकास कार्यक्रम इत्यादि कुछ ऐसे कारक है जिनके परिणाम स्वरूप ग्रामीण समुदाय में परिवर्तन की गति तीव्र हुई है। इन सब कारको ने ग्रामीण सभ्यता एवं संस्कृति को प्रभावित किया है जिससे ग्रामीण समाज बदलने लगा है।

निष्कर्षत: - कहा जा सकता है कि वैश्विक होते भारतीय समाज में जाति और राजनीति के बीच एक वर्ग चेतना उभर रही है साथ ही कुछ लोग यह भी मानने लगे है है कि सरकार और राजनीतिक समुदाय जाति-विहिन समाज की रचना के संकल्प को कुचल रहे है। वे सब तात्कालिक लाभ की दृष्टि से ऐसे कार्य कर रहे है जिनसे जाति का पुर्नउत्पादन हो रहा है इस संदर्भ में विभिन्न राज्यो और केन्द्र की राजनीति में क्षेत्रीय राजनीतिक दलो के उभार को देखा जा सकता है जिनका आधार मुख्यता किसी जाति की विशिष्ट नेतृत्वकारी भूमिका को साथ एक क्षेत्र विशेष में अपना प्रभाव बनाये रखना है। दूसरी तरफ समाज वैज्ञानिक जाति के परम्परागत ढ़ाचे जैसे छुआछूत, पवित्रता अपवित्रता, जजमान-पुरोहित आदि की प्रासंगिकता समाप्त हो रही है। आधुनिक जनतांत्रिक राजनीति इसमें प्रमुख भूमिका अदा कर रही है। वर्तमान समय में जाति के सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष के साथ राजनीतिक पक्ष महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है उदाहरण स्वरूप भारतीय के राजनीतिक धरातल पर काशीराम और मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी का उदय होना। जिसने शोषित और दलित वर्ग के हितो को अपनाया। राजनीतिक क्षितिज पर हुए इस परिस्थिति कारको ने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ो को नया आयाम प्रदान किया। धीरे-धीरे उनकी सामाजिक शक्ति बढ़ी और उन्होने उत्तर प्रदेश जैसे कई अन्य राज्यो में सरकारे भी बनायी। बाद के चुनावो में भी इन्होने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

मायावती जैसी एक दलित नेता का मुख्यमंत्री के रूप में प्रतिष्ठित किया जाना अत्यन्त महत्व की घटना थी इससे भी अधिक महत्व की घटना यह है कि श्री के0आर0 नारायण जो एक दलित नेता थे जो भारत के राष्ट्रपति के रूप में पदस्थ किये गये इस घटना का स्वागत किया जाना चाहिए। क्योंकि इससे उन लोगो के लिए समाज में सम्मानजनक स्थान पाने का मार्ग प्रशस्त होता है। जिन्होने शताब्दियो का अत्याचार, आर्थिक तंगी और राजनीतिक शून्यता सही है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि वर्तमान में न तो पुरानी जाति व्यवस्था चल सकती है और न ही जातिविहीन समाज बनाने का पुराना आदर्श। क्योकि आज आवश्यकता समाज के सभी लोगो तक एक त्रिमुखी न्याय व्यवस्था की पहुच सुनिश्चित कराने की है जो उपर्युक्त दोनो मार्गो से इतर एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना कराने मे सहायक हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. माइकल, एस0एम0, आधुनिक भारत में दलित: दृष्टि एवं मूल्य, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2010
2. जयसवाल, सुवीरा, वर्णजाति व्यवस्था उद्भव, प्रकार्य और रूपान्तरण, ग्रन्थशिल्पी (इंडिया), प्रा0लि0, नई दिल्ली, 2009
3. अम्बेडकर, डॉ0 भीमराव, कास्ट इन इ.डिया, भीमपत्रिका प्रकाशन, जालंधर, 1977
4. आम्बे, गेल, दलित ए.ड डेमोक्रेटिक रिवोल्यूशन, सेज पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1994
5. कुमार, अ. ण, उदारीकरण भूमण्डीकरण एवं दलित, रावत पब्लिकेशन, जयुपर, 2009
6. सिंह, तेज, अम्बेडकरवादी, विचारधारा और समाज, स्वराज प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008
7. दुबे, अभय कुमार, आधुनिकता के आइने में दलित, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2009

8. विद्रोही, एम0आर0, दलित दस्तावेज, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004
9. सिंह, रामगोपाल, सामाजिक न्याय, लोकतन्त्र और जाति व्यवस्था, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 1999
10. सिंह, एम0पी0, भारतीय शासन एवं राजनीति, ओरिए.ट लॉगमैन, नई दिल्ली, 2010
11. दोषी, एस0एल0 एवं जैन, पी0सी0, भारतीय समाज, संरचना और परिवर्तन, नेशनल पब्लिशिंग हाउस जयपुर, 2002
12. सिंह, कटार, ग्रामीण विकास सिद्धान्त : नीतियाँ एवं प्रबन्ध, सेज पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2011

****

भारतीय समाज में सामाजिक न्याय : लोहिया विचारधारा के संदर्भ में

डॉ. नलिनी*

शोध सारांश – समाज सामाजिक नियमों द्धारा निर्मित एवं संचालित होता है, क्योंकि सामाजिक नियम ही सामाजिक सम्बंधों, जिनसे समाज की रचना होती है को परिभाषित एवं नियन्त्रित करते है किन्तु किसी नियम की सामाजिक नियम के रूप में स्वीकार्यता न्याय पर आधारित होती है। इतना ही नही, सामाजिक नियम जिस वैचारिकी दर्शन एवं मूल्य व्यवस्था से विकसित व संपोषित होते है वे भी न्याय पर ही आधारित होते है कभी भी नियम, वैचारिकी या दर्शन यह नही कहताहैकिवह अन्याय पर आधारित है और अन्याय की रक्षा के लिए बना है, भले हीवह अन्याय का पक्ष पोषण करता हो। थोड़े ही समय में ऐसा नियम जो अन्याय पर आधारित होता है, समाज में अपनी प्रासंगिकता खो देता है। उसे समाप्त होने से बचाया नही जा सकता है। इसी प्रकार जिस समाज की रचना अन्यायपूर्ण नियमो व अन्यायपूर्ण सम्बधों पर आधारित होती है वह भी ज्यादा दिन तक जिन्दा नही रहता। इस प्रकार न्याय किसी भी समाज की रचना और उस रचना को बनाए रखने में आधारभूत भूमिका अदा करता है।

शब्द कुंजी – भारतीय समाज, न्याय, सामाजिक न्याय, डॉ0 राममनोहर लोहिया।

शोध पत्र के उद्देश्य – शोध पत्र का प्रमुख उद्देश्य भारतीय समाज में सामाजिक न्याय का लोहिया विचारधारा के विशेष संदर्भ में अध्ययन करना है जिसे निम्न बिन्दुओ के अन्तर्गत वर्णित किया गया है।

1. न्याय की संकल्पना
2. न्याय सिद्धान्त: सामाजिक न्याय के सन्दर्भ में
3. डॉ0 राममनोहर लोहिया और सामाजिक न्याय आदि।

न्याय की संकल्पना– न्याय की संकल्पना प्राचीन काल से ही सामाजिक-राजनीतिक चिंतन का महत्वपूर्ण विषय रही है। परन्तु आधुनिक युग तक आते-आते इसमें मौलिक परिवर्तन आ गया है। पश्चिमी परंपरा के अन्तर्गत न्याय के स्वरूप की व्याख्या करने के लिए मुख्यत: 'न्यायपरायण व्यक्ति' अर्थात सचरित्र मनुष्य के गुणो पर विचार किया जाता है। इसमें उन सदगुणों की तलाश की जाती है जो व्यक्ति को न्याय की ओर प्रेरित करे। भारतीय परंपरा में भी मनुष्य के 'धर्म' को प्रमुखता दी जाती रही है। साथ ही उसके जीवन को नियत्रित करने में इसे आधारभूत माना गया है। इन दोनो परम्पराओं के साथ ही मान्यता जुड़ी है कि यदि सब व्यक्ति अपने-अपने कर्तव्य का पालन करेगे तो समाज व्यवस्था अपने आप न्यायपूर्ण हो जायेगी। पूर्व में प्रचलित मूल्यों और मान्यताओं को ही न्यायपूर्ण माना जाता रहा है अत: यह दृष्टिकोण एक बनी-बनाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सर्वथा उपर्युक्त था। तब न्याय की मुख्य समस्या यह थी कि समाज व्यक्ति से क्या चाहता है, परन्तु आधुनिक युग में सामाजिक परिवर्तन इतनी तीव्रगति से हुए है कि कोई व्यक्ति शाक्ति प्राप्त कर लेने के बाद दूसरो को अपनी स्वार्थपूर्ति का साधन बनाने लगता है ऐसी हालत में साधारण मनुष्य अपने आपको सर्वथा विवश अनुभव करता है। इसिलिए अब यह मॉग की जाने लगी है कि पहले समाज-व्यवस्था को न्यायपूर्ण बनाने पर ध्यान देना चाहिए, तभी व्यक्ति को आत्म विकास के अवसर प्राप्त होगें। आज के युग में विशेषत: समाजवादी चिंतन की प्रेरणा से यह सोचा जाने लगा है कि न्यायपूर्ण समाज कैसा होना चाहिए? इसका ध्येय बनी बनाई व्यवस्था को बनाए रखना है अथवा आधुनिक चेतना के अनुरूप सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना है यह शोध का विषय है।

न्याय सिद्धान्त: सामाजिक न्याय के संदर्भ में – न्याय सिद्धान्त पंरपरागत दृष्टिकोण का मुख्य सरोकार व्यक्ति का चरित्र था किन्तु आज आधुनिक दृष्टिकोण का मुख्य सरोकार सामाजिक न्याय से हे जो मुख्यत: समाज के वंचित वर्गो की दशा सुधारने की मॉग करता है ताकि उन्हे सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अवसर मिल सके। अत: यह विचार समाज की सब मूल्यवान वस्तुओ की वितरण-व्यवस्था पर पुर्नविचार की मॉग करता है। आज न्याय की मख्य समस्या यही है कि सामाजिक जीवन के अन्तर्गत विभिन्न व्यक्तियो या समूहो के प्रति वस्तुओ, सेवाओ, लाभों, शक्ति व सम्मन के साथ-साथ दायित्वो और वाध्यताओ के आंवटन का उचित आधार क्या होना चाहिए। जहाँ तक भारतीय समाज की बात है यहाँ भारत में सामाजिक न्याय की मॉग सामाजिक अन्याय की देन है तथा जाति व्यवस्था और सामाजिक ढॉचा इस सामाजिक अन्याय की जड़ में है। वर्णाश्रम धर्म आधारित जाति व्यवस्था तो सामाजिक न्याय का निषेध ही करती है क्योंकि इसने हिन्दू वर्णश्राम धर्म और जाति व्यवस्था में ब्राह्मणो को ऐसी अति उच्चाधिकार प्राप्त जाति के रूप में बढ़ाया है, जिन्हे जन्म के आधार पर ही सामाजिक श्रेष्ठता मिली है। वही बहुसंख्यक लोगो को शूद्र और पंचम वर्ण बताकर केवल शारीरिक श्रम के ही लायक समझा गया। इस प्रकार के सामाजिक ढाचे ने स्थिति की असमानता को तथा सभी के लिए समान अवसर के निषेध को जन्म दिया।

आज विज्ञान के विकास के साथ-साथ स्वतन्त्र चिंतन का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है चिन्त के धर्म की पकड़ से मुक्त होने के परिणामस्वरूप लौकिक व्यवहार के नियम का कानून, ईश्वरीय विधान से मुक्त हो गया। आगे चलकर लौकिक विधान के निर्माण, उसकी व्यवस्था और उसके लागू करने के अधिकार राजा अर्थात ईश्वर के प्रतिनिधि के हाथो से हटकर लौकिक जन प्रतिनिधि के हाथ में आ गये। वैश्विक स्तर परफ्रांस की राज्य क्रान्ति के

* लेक्चरर, आर्य महिला पी0जी0 कालेज, वाराणसी (उ.प्र.) भारत

फलस्वरूप स्वतन्त्रता, समानता और बन्धुत्व पर आधारित सामाजिक न्याय की अवधारणा का विकास हुआ। इस प्रकार जहॉ प्राचीन समाज में सामाजिक न्याय की अवधारणा व्यक्ति के औचित्य पर जोर देती थी और व्यक्ति का औचित्य सम्पूर्ण व्यवस्था को बनाए रखने में उसके वर्गीय दायित्वो के निर्वाह से सम्बन्धित था। इसके विपरित आधुनिक समाज में सामाजिक न्याय की आवधारणा औचित्यपूर्ण समाज की कल्पना करती है। जिसमें सभी व्यक्तियों व समूहो के साथ-समान वर्ताव होता है तथा यह वर्गीय कर्तव्यो की जगह नागरिक अधिकार को महत्व देता है। नागरिक अधिकार समाज में सभी व्यक्तियों व वर्गो को स्वतन्त्रता व समानता की प्रत्याभूति सुनिश्चित किये जाने पर बल देता है। वैसे विगत चौहत्तार वर्षो के दौरान हम भारतीय समाज में सामाजिक न्याय की कहॉ तक स्थापना कर पाए है इसका पता लगाने के लिए हमें कई सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक व स्वास्थ्य सम्बन्धी विश्वनीय चलायमानो का परीक्षण करना पडेगा। किन्तु यदि इसक अनुमान किसी एक चलायमान के आधार पर किया जाना हो। तो वह जाति-व्यवस्था के अतिरिक्त कोई और नही हो सकता। सम्प्रति समाजिक न्याय और जाति-व्यवस्था में विलोमात्मक सम्बंध है।

समाज में जाति-व्यवस्था जितनी कमजोर होगी, सामाजिक न्याय उतना ही अधिक प्रभावी होगा। इसलिए संविधान में जाति की जगह लोकतन्त्र को सामाजिक न्याय का आधार बनाया गया, क्योकि सामाजिक न्याय और लोकतन्त्र में सीधा सम्बंध प्रभावी होता है। समाज मे लोकतन्त्र जितना मजबूत होगा सामाजिक न्याय उतना ही अधिक प्रभावी होगा। भारत में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण, पंचायतीराज व ग्राम सरकार आदि के माध्यम से लोकतन्त्र तो मजबूत हुआ है, किन्तु अधिकांश रूप में भारतीय लोकतन्त्र जाति व्यवस्था की पकड़ में आ गया है जिसकी वजह से सामाजिक न्याय समाज में उतना अधिक कारगर नही हो पाया है जितना कि होना चाहिए था।

डॉ0 राममनोहर लोहिया और सामाजिक न्याय – भारत के राजनीतिक मंच के चौथे, पॉचवे और छठे दशक के जबरदस्त तूफानी और आकर्षक, बहुचर्चित, सुर्खियों में रहने वाले और विवादास्पद व्यक्तित्व का नाम है राममनोहर लोहिया चौथे दशक की पीढ़ी राममनोहर को भारत छोड़ो क्रान्ति के सर्वोच्च नेता और समाजवाद के अग्रणी व्यक्ति के नाते जानती है। पॉचवे और छठे दशक की पीढ़ियॉ उन्हे स्वाधीन भारत में विरोधी पार्टी के जुझारू , अद्‌भुत बुद्धिमत्ता और अदम्य बोध के नेता के रूप में जानतीहै। क्रान्तिकारी विचारक, श्रेष्ठ समाजवादी चिंतक और कर्मवीर के नाते ये पीढियॉ लोहिया को शुरू से जानती है।[2]

मौलिक बुद्धिमत्ता एवं बहुआयामी प्रतिभा के धनी, दार्शनिक, रसिक विद्धान, प्रखर राष्ट्रवादी, विश्वमनवाले विश्वनागरिक, दलित-शोषितो के समर्थ प्रवक्ता जैसे अनेकानेक रूपो में देश-विदेश में राममनोहर लोहिया प्रसिद्ध थे इसी के साथ वे एक क्रांतदर्शी नेता भी थे। उनका मानना था कि, 'दुनिया में एक नही, कई क्रान्तियो की जरूरत है। जब तक निगरानियो और मध्यवर्गीय सभ्यता का निर्ममतापूर्वक विनाश नही किया जाता, तब तक हिन्दुस्तान और रंगीन दुनिया के एक बड़े हिस्से का कोई भविष्य नही है।' श्रम और दिमागी श्रम के बीच न्यायपूर्ण और बराबरी का रिश्ता कायम करना होगा।[3] डॉ0 लोहिया बीसवीं सदी को सबसे बेरहम सदी मानते थे किन्तु इस बेरहम सदी में भी उन्हे आशा की कुछ सुनहरी किरणे दिखाई पड़ी है उन्होने अनुभव किया किइस समय ऐसी परिस्थिति पैदा हो गयी है कि एक नाइंसाफी के खिलाफ नही, सभी नाइंसाफियो के खिलाफ इंसान एक साथ उठा है। 'इस बीच छोटे-बडे, अमीर'-गरीब, नर-नारी, काले-गोरे और ऊॅच-नीच के बीच की गैर बराबरी के खिलाफ एक साथ आवाज उठी है। ऐसा पहले कभी नही हुआ। अगर वह जीता तो, अबकी बार कुछ दुनिया सचमुच हसीन बने। मुमकिन है मै उसे न देख पॉऊ लेकिन बहुतो को देखने को मिलेगी।[4]

डॉ0 लोहिया ने अपनी पुस्तक रूसात क्रान्तियोय मे जिन सात क्रान्तियो को सामाजिक परिवर्तन के लिए आवश्यक माना है वही वास्तविक रूप में सामाजिक न्याय की स्थापना का भी परिचायक है जो निम्न प्रकार है –

1. अमीरी-गरीबी के बीच की दूरी कम करना।
2. नर-नारी समानता।
3. आर्थिक असमान्ता दूर करना।
4. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय गैर बराबरी मिटाना।
5. पूंजीवाद और साम्यवाद की लड़ाई खत्म करना।
6. काले-गोरे में भेद-भाव खत्म करना।
7. जातिवाद और वर्गवाद का संघर्ष खत्म करना।

आदि प्रमुख थे।[5]

लोहिया जी ने सामाजिक असमानता पर कई दृष्टियो से विचार किया। उन्होने देखा कि भारत की जनता संतोषी है अगर उसका पेट भरता रहे समय-समय पर उसकी जरूरते पूरी होती रहे, तो वह बराबरी या गैर-बरबरी पर ध्यान नही देगी। वह इतने से ही खुश हो जायेगी कि चलो कुछ तो मिला 'यहॉ की गरीबीकी क्रान्ति को आदमी इतना नही समझेगा, जितना राहत वाली राजनीति को।' किन्तु यह शाश्वत सत्य नही है। अगर ऐसा होता तो कभी बदलाव नही होता। इस असमानता को उन्होने राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय दृष्टि से भी विचार किया उन्होने देखा कि अमेरिका मे प्रति व्यक्ति की सालाना औसत आमदनी 14 हजार रूपये है और भारत में 400 रूपये। अगर इसे थोड़ा घटा बढ़ाकर देखा जाय, तो चार सौ और 14 हजार का फर्क नही, यह तो 12 सौ और 14 हजार का फर्क है (1966 के आकडे के अनुसार)[6] विश्व के सम्पन्न देशों मे और दबे हुए, गरीब और विपन्न देशो में आमदनी मे इतना जबरदस्त फर्क अब कम होना चाहिए। ताकि आय आधारित असमानता के स्थान पर सामाजिक समानता की स्थापना की जा सके। जो सामाजिक न्याय का मूल उद्देश्य है।

डॉ0 लोहिया ने कहा कि भारत में गैर-बराबरी का अनुपात अन्य देशो की अपेक्षा अधिक है उन्होने कहा किसान, मजदूर, व्यापारी, राजनेता, शिक्षक और विश्वविद्यालयो के प्रोफेसर की आमदनी में जो असमानताये है। उस समय उन्होने सभी के उदाहरण प्रस्तुत किए। अतः इस असमानता के खिलाफ सब जगह लड़ाई शुरू हो गई। कही अहिंसक युद्ध चल रहा है तो कही हिंसक। लेकिन संघर्ष जारी हैं ऐसा प्रतीत होता है कि डॉ0 लोहिया ने भविष्य को देख लिया था। इसलिए उन्होने कहा था 'आर्थिक दृष्टि से कमजोर देशों को मदद करने के लिए पूजीवादी देश और साम्यवादी देश दोनों आगे बढ़ेगे, किन्तु उनका उद्देश्य कमजोर की मदद करना नही होगा। वे मदद करने के बहाने उन पर राजनीतिक और आर्थिक प्रभुत्व स्थापित करना चाहेगें। इसलिए उन दोनो से सावधान रहना होगा।'[7] उनका उस समय दिया गया यह विचार आज की सरकारों के लिए भी अनुकरणीय है कि वे देश की अस्मिता को बनाये रखे तथा कोई भी समझौता करने से पूर्व उसके परिणाम को जॉच ले। यहि स्थिति भारतीय राजनीति की है जहॉ सत्ताधारी राजनैतिक दल क्षणिक लाभ के लिए भारतीय समाज की सामासिक संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने को उतारू रहती है। जबकि परिणाम दिर्घकालिक, रूप में भारतीय समाज के लिए ही घातक होते है।

जाति और धर्म के सम्बन्ध में डॉ0 लोहिया जी का मत सबसे अलग था। जाति-भेद भारत में सबसे अधिक है। किन्तु विश्व के अन्य देश भी इस समस्या से अछूते नही है, मनुष्य का इतिहास जहॉ और कई किस्म की पेगे, डॉ0 लोहिया के अनुसार लेता रहा है। वर्ग और जाति की दो धूरियो के बीच मे या दो कोनो के बीच में झूला झूलता रहा अथवा पेंग लेता रहा। इस प्रकार वर्ग है ढीली जाति और जाति है जकड़ा हुआ वर्ग।[8] किसान और मजदूर की दशा विदेशो से सुधरी है। यूरोप में मजदूर इस प्रकार रहते है जैसे हिन्दुस्तान के पुराने नवाब आदि रहते थे। किन्तु भारत में किसान और मजदूर की दशा काफी दयनीय और चिंताजनक है। इसलिए यहॉ क्रान्ति की आवश्यकता है। जो सम्पूर्ण समाज व्यवस्था में आमूल परिवर्तन को अंजाम देगी।

नर-नारी के फर्क को भी उन्होने हर प्रकार के अन्याय की जड़ बताया। जैसे सब प्रकार की नाइंसाफियो का मूल कारण गरीब अमीर की गैर बराबरी होती है, वैसे ही डॉ0 लोहिया ने नर-नारी असमानता को सब नाइंसफियो का आधार बताया। उन्होने कहा इस दूर करने के लिए एक ही उपाय है कि महिलाओं को ज्यादा मौका दिया जाय। नारी को विशेष अवसर दिये जाने के सम्बन्ध में उन्होने सोशलिस्ट पार्टी की नीति स्पष्ट करते हुए लिखा था सोशलिस्ट पार्टी इन सब के लिए 60 सैकड़ा चाहती है और तर्क देती है कि चाहे वे लायक हो या नही जैसे भी हो उन्हे ऊॅची जगह पर बैठाओं, क्योंकि जब ये जगहो पर बैठेगी मौका पायेगीं, तो इनके दिमाग के दरबाजे खुलेगें। इधर तीन-चार हजार बरस से इनके दिमांग के दरबाजे बन्द हो गये है क्योंकि इनको ऊॅची जगहो पर बैठने के मौका नही रहता। सब पार्टीयो का मकसद है पहले योग्यता फिर अवसर। समाजवादी दल कहता है पहले अवसर, फिर योग्यता। पहले अवसर दो और उसके साथ-साथ योग्यता हासिल करो।[9]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि भारत में इसके लिए डॉ0 लोहिया की सप्तक्रान्ति का मार्ग भावी भारत के नवनिर्माण के लिए सामाजिक आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए, दिकसूचक यत्र-सा लगता है। उन्होने वर्तमान युग की सारी विसंगतियो के विरूद्ध संघर्ष के लिए सात क्रान्तियो का आवाह्न किया ताकि युवा पीढ़ी इन्ही मे से अपनी भूमिका तलाश सके। तथा इसी मार्ग के अनुसार नये शोषण मुक्त सामाजिक न्याय पर आधारित विषमता रहित अहिंसक समाज की रचना सम्भव हो सकेगी जो आवश्यक भी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओम प्रकाश गाबा, राजनीति विज्ञान विश्वकोश, न्याय, पृष्ठ - 389
2. इंदुमति केलकर, राममनोहर लोहिया, भारत माता-पृथ्वी माता, पृष्ठ -01
3. डॉ0 राम सागर सिंह, समाजवाद की दशा एवं दिशा, लोहिया जीवन दर्शन, पृष्ठ - 131
4. वही, पृष्ठ - 131
5. डॉ0 राममनोहर लोहिया, सप्त क्रान्तियॉ
6. डॉ0 राम सागर सिंह, समाजवाद की दशा एवं दिशा, लोहिया जीवन दर्शन, पृष्ठ - 132
7. वही, पृष्ठ - 137
8. डॉ0 मस्तराम कपूर, आधुनिक भारत के निर्माता, पृष्ठ - 129
9. डॉ0 राममनोहर लोहिया, समाजवाद की राजनीति, पृष्ठ - 88
10. राममनोहर लोहिया समग्र रचनावली (सम्पा0 मस्तराम कपूर) (2005) (नौ-खण्ड) अनामिका पब्लिकेशंस, नयी दिल्ली
11. ओकांर शरद (2008), लोहिया के विचार, छठवा संस्करण, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

****

फिलिस्तीन-इजराइल विवाद : हमास के विशेष संदर्भ में

अख्तर हुसैन*

प्रस्तावना - 1947 में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत ने यहूदियों के स्वतंत्र राष्ट्र की योजना का विरोध किया था। भारत का मत था कि फिलिस्तीन अरबों का है। उसका बटवाँरा नहीं होना चाहिए और उसकी छाती पर यहूदियों को सवार नहीं करना चाहिए। यहूदी फिलिस्तीन में जरुर रहे लेकिन संघात्मक राज्य के रुप में जिसमें बहुसंख्यक फिलिस्तीनी अरबों की हो और अल्पसंख्यक यहूदियों को आंतरिक स्वायत्तता दे दी जाए। भारत संयुक्त राष्ट्र की फिलिस्तीन समिति का सदस्य था, फिर भी उसकी नहीं चली।

इज़राइल प्रगतिशील, ताकतवर व सम्पन्न देश था, जबकि अरब पिछड़े गरीब व कमजोर थे, फिर भी भारत अरबों का साथ दिया, क्योंकि खिलाफत आन्दोलन के जमाने से ही भारत अरबों का साथ दे रहा था। कांग्रेस अपने आंदोलन में भारतीय मुसलमानों का समर्थन चाहती थी, और भारत का बटँवारा नहीं चाहती थी, तो वह फिलिस्तीन का बटँवारा कैसे स्वीकार करती। यहूदियों के प्रति भारत की सहानुभूति अवश्य थी, लेकिन यह सहानुभूति अरबों के लिए सजा बन जाए, यह भारत को मंजूर नही था।

भारत ने इज़राइल को सितम्बर 1950 में मान्यता तो प्रदान कर दी परन्तु वहां अपना कोई राजनयिक मिशन नहीं खोला था। इज़राइल ने भारत के मुम्बई में 1951 में अपना वाणिज्य दूतावास खोला था। भारत ने लम्बे समय तक इज़राइल के साथ पूर्ण राजनयिक सम्बन्ध स्थापित नहीं किए जिसके निम्नलिखित कारण थे-

भारत के अनुसार इज़राइल ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यवहार के सभ्य समाज के सभी सिद्धान्तों एवं मापदण्डों को सदैव उद्दण्डतापूर्ण अवहेलना और उपेक्षा की। इसने न केवल अन्य देशों के क्षेत्रों पर कब्जा किया, बल्कि उसके सम्बन्ध में समझौता वार्ता करने से भी इन्कार कर दिया। भारत सदैव ही प्रजातिवाद (Racialism) तथा उपनिवेशवाद (Colonialism) का विरोधी रहा है, अत: अपनी इस सैद्धान्तिक विचारधारा से समझौता किए बिना वह इज़राइल के साथ राजनयिक सम्बन्ध स्थापित नहीं कर सकता था। इज़राइल के यथार्थ में संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट का सदस्य होने का तथ्य भारत की निर्गुट नीति के विपरीत था। सोवियत संघ की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका की विश्वस्तरीय नीति में इज़राइल समारिक महत्व का राज्य रहा है। इसी कारण अमेरिका हमेशा इज़राइल के पूर्णत: अनुत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार की अनदेखी करता रहा है। इज़राइल के साथ राजनयिक सम्बन्ध स्थापित करने से भारत की तृतीय विश्व के नेता की छवि धूमिल होने का डर था।

इज़राइल के साथ सम्बन्ध बढ़ाने से अरब देशों का भारत से विमुख हो जाने का भय था। अरब देश आपस में कितने ही लड़ते-भिड़ते क्यों न हो, इज़राइल से शत्रुता के नाम पर सब एक हो जाते हैं। इज़राइल के प्रति भारत के दृष्टिकोण में जरा से उदारीकरण से भारत के लिए अरब राष्ट्रों की सद्‌भावनापूर्ण नीति की क्षति होती। कश्मीर के प्रश्न पर पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण रवैये को दृष्टिगत रखते हुए यह भारत के हित में नहीं होता। सोवियत संघ के प्रति भारत के झुकाव ने अरब देशों को भारत का मित्र बना दिया। इज़राइल के साथ स्थापित राजनयिक सम्बन्ध इस मित्रता के लिए घातक होता।

भारत में मुस्लिम वोट बैंक तथा अरब देशों में भारत के पर्याप्त आर्थिक हित दाव पर लगे हैं। खाड़ी युद्ध के समय तेल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि, स्वदेश आने वालों के धन की हानि आदि से भारत को नुकसान हुआ। इन सभी कारणों से एक ऐसी स्थिति का सृजन हुआ, जिसमें सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक दृष्टि से भारत के लिए यह आवश्यक हो गया कि इज़राइल के विरुद्ध अरबों के संघर्ष में भारत अरब देशों के साथ दिखाई दे। बाद में वैश्विक घटनाओं में आए परिवर्तनों जैसे-खाड़ी युद्ध में अरब एकता का नष्ट होना, पीव एलव ओव द्वारा इराक का पक्ष लेना, भूतपूर्व सोवियत संघ के विघटन के बाद भारत-अमेरिका में नजदीकियां बढ़ना तथा खाड़ी युद्ध के बाद सृजित स्थिति में अब फिलिस्तीन का पक्ष लेना तथा इज़राइल से सम्बन्ध सामान्य करना, दो विरोधाभासी कार्य नहीं समझे जाने लगे। सोवियत संग के विघटन के पश्चात् रक्षा आपूर्ति के लिए भारत ने इज़राइल के महत्व को स्वीकार किया, क्योंकि इज़राइल रक्षा सामग्री का महत्वपूर्ण निर्यातक देश है। इस लिए अब भारतीय विदेश नीति में समान दूरी का सिद्धात (Theory of Equal Distance) अपनाया गया। इस प्रकार इज़राइल के साथ बेहतर संबंधों के द्वारा भारत-फिलिस्तीन समस्या के शांतिपूर्ण समाधान में योगदान दे रहा है। 29 जनवरी, 1992 को भारत के विदेश सचिव ने इज़राइल के साथ पूर्ण राजनयिक सम्बन्ध स्थापित करने की घोषणा की। भारत ने तेल-अबीब (इज़राइल) में तथा इज़राइल ने नई दिल्ली में अपने-अपने दूतावास खोले।

भारत-इज़राइल के बीच सरकारी और मंत्री स्तर पर कई यात्राओं का आदान-प्रदान हुआ। सहयोग के क्षेत्रों में सैन्य आधुनिकीकरण, कृषि अनुसंधान और विकास, इज़राइल का भारत में निवेश, आतंकवाद विरोधी रणनीति में सहयोग, राजनीतिक, सांस्कृतिक और तकनीकी क्षेत्र में सहयोग आदि हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फरवरी, 2019 में इजराइल व फिलिस्तीन का आधिकारिक यात्रा किये। इस दौरान भारत और फिलिस्तीन के बीच पांच समझौते हुए जिनमें 3 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण, एक त्रि-सशक्तिकरण केन्द्र, एक राष्ट्रीय प्रिंटिंग प्रेस, दो स्कूल और एक नए स्कूल की एक मंजिल का निर्माण शामिल है।

* शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

25 नवम्बर, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने 'फिलिस्तीनी जनता के साथ एकजुटता के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस' के मौके पर कहा था, 'हम जल्द से जल्द एक सम्प्रभु, स्वतंत्र, अविभाजित और व्यवहारिक फिलिस्तीन राज्य के सपने के पूरे होने की आशा करते हैं, जो इज़राइल के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में रह सके।' फरवरी 2019 में राष्ट्रपति अब्बास के साथ मोदी ने कहा, 'भारत फिलिस्तीन के शांतिपूर्ण माहौल में शीघ्र एक संप्रभु, स्वतंत्र देश बनने की आशा करता है।'

जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी में वेस्ट एशियन स्ट्डीज के प्रोफेसर एव केव पाशा का कहना है, कि-भारत द्वारा 'अविभाजित' और 'व्यावहारिक' शब्द को हटाए जाने को 'जमीनी हकीकतों' के आइने में देखें जाने की जरूरत है। 2006 से 2008 के बीच फिलिस्तीन में भारतीय राजनयिक प्रतिनिधि रहे जिक्रूर रहमान का कहना है, कि मोदी के बयान से पता चलता है, कि फिलिस्तीन को लेकर भारतीय नीति में निश्चित ही बड़ा बदलाव आया है, जो इज़राइल के पक्ष में है। भारत ने यह मान लिया है, कि 1967 की पूर्व की सीमाओं यानि इज़राइल द्वारा पश्चिमी बैंक और गाजा पर अवैध कब्जा करने से पहले की सीमारेखा पर लौटना अब संभव नहीं है। 'फिलिस्तीन समस्या सहित मध्य पूर्व की स्थिति' विषय पर सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान भारत द्वारा जुलाई 2014 में इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष में वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की गई, क्योंकि इसमें बडी मात्रा में नागरिकों व सम्पत्ति की क्षति हुई। भारत ने दोनों पक्षों से मांग की, कि वे अधिकतम नियंत्रित व्यवहार करें, और ऐसी कार्यवाई करने से बचें जिनसे स्थिति और बिगड़ती हो और भारत इन दोनों पक्षों के बीच तुरन्त युद्ध विराम के लिए किये जाने वाले सभी प्रयासों का समर्थन किया। भारत को विश्वास है कि-बातचीत ही वह एकमात्र व्यवहार्य विकल्प है जिससे इस क्षेत्र के तथा इस क्षेत्र की जनता के मुद्दों का प्रभावी समाधान हो सम्भव है।

फिलिस्तीन के साथ भारत का घनिष्ठ सहयोग और उसके लिए सतत प्रतिबद्धता की जड़े हमारे स्वाधीनता संग्राम से जुड़े आधुनिक इतिहास में है। भारत संगत संयुक्त राष्ट्र संकल्पों, अरब शांति योजना और क्वार्टेट रोड मैप के आधार पर इज़राइल फिलिस्तीन मुद्दे को बातचीत से सुलझाने का समर्थक है, ताकि एक संप्रभु, स्वतंत्र रहने योग्य संयुक्त राज्य फिलिस्तीन की स्थापना हो सके, जिसकी राजधानी पूर्वी ये. शलम हो और इजराइल के साथ जुड़ी हुई उसकी सुरक्षित एवं मान्यता प्राप्त सीमाएं हों।

भारत ने कहा कि-गाजा से नाकेबंदी को अनिवार्य रुप से हटाया जाना चाहिए जो आवश्यक सेवाओं, आर्थिक कार्यकलापों और अवसंरचना विकास पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। इस नाकेबन्दी और बढ़ती हुई सेटलमेंट गतिविधियों के मुद्दे का समाधान किया जाना आवश्यक है, ताकि एक पारस्परिक स्वीकार्य राजनीतिक समाधान प्राप्त करने वाली शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

निष्कर्ष-आज पश्चिम एशिया विश्व राजनीति में एक महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। खाड़ी युद्ध, भूतपूर्व सोवियत संघ के विघटन तथा यूरोपीय समाजवादी देशों में हुए परिवर्तनों के प्रभावाधीन विश्वव्यवस्था में महान और विशाल परिवर्तन आ चुका है। खाड़ी युद्ध के पश्चात अमेरिका अरबों के समर्थन को बनाए रखने के लिए पश्चिम एशिया को अपना प्रभाव क्षेत्र बनाने की प्रक्रिया में लगा हुआ है। अमेरिकी प्रयत्नों के कारण ही पश्चिम एशिया, विशेषकर फिलिस्तीन की समस्या पर 1991 में अरब-इज़राइल वार्ता आरम्भ हुई तथा इसमें अब तक कई दौर हो चुके हैं तथा 1948 के बाद पहली बार ऐसी सम्भावना बनी है जिसमें अरब-इज़राइल विरोध के समाधान के आसार दृष्टिगोचर हो रहे हैं। फिलिस्तीन के लोगों को अब यह आशा हुई है कि उनका एक स्वतंत्र राज्य वास्तव मे अस्तित्व में आ सकता है। लेकिन अरब-इज़राइल जातीय वैमनस्य का कोई स्थायी एवं पूर्ण समाधान वर्तमान में सम्भव प्रतीत नही होता। फिर फिलिस्तीन तथा इज़राइल के सम्बन्धों को सामान्य होने में अनेकों वर्ष लग जाएंगे। इज़राइल को अमेरिका का समर्थन प्राप्त रहने की प्रबल सम्भावना विद्यमान है क्योंकि अमेरिकी समाज में यहूदी समुदाय एक अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थिति रखता है। फिर भी अमेरिकी प्रशासन अरबों को सन्तुष्ट करके इस क्षेत्र में अपने प्रभाव की दृढ़ता तथा स्वामित्व बनाने का प्रयत्न कर रहा है। अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन की विदेश नीति में भी इज़राइल को महत्वपूर्ण स्तर प्राप्त था तथा ऐसा ही वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में भी है। शीत युद्ध की समाप्ति, भूतपूर्व सोवियत संघ के विघटन, भूतपूर्व समाजवादी राज्यों की कमजोर स्थिति, स्वतंत्र राज्यों की कामनवेल्थ की कमजोर स्थिति तथा रूस की आर्थिक निर्भरता, चीन की स्थिति, अरब देशों में आपसी फूट, तेल राजनीति की सीमाएं, सीरिया व यमन इराक की अस्थिरता केन्द्रिय एशिया के राज्यों की नीतियाँ आदि तत्व आजकल पश्चिम एशिया की राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं। मध्य पूर्व की सामरिक महत्व की स्थिति, इजराइल का अस्तित्व, तेल भण्डारों की विद्यमानता, अरब देशों के साथ आर्थिक एवं सैनिक सम्बन्धों की आवश्यकता आदि तत्व विश्व के महाशक्तियों को इस क्षेत्र में अधिकाधिक रुचि लेने को प्रेरित करते हैं। 21वीं शताब्दी में पश्चिम एशिया की राजनीति अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण तत्व बनी रहेगी। अमेरिका इस क्षेत्र में अपने प्रभाव, शक्ति तथा उपस्थिति को दृढ़ता तथा विशालता प्रदान करने का यत्न करता रहेगा। इजराइल को अन्तत: फिलिस्तीनियों के अधिकारों का सम्मान करना ही पड़ेगा। अरबों को भी इजराइल के अस्तित्व को स्थाई रुप में मान्यता देनी होगी।

अरब इजराइल विवाद अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति पर गहरा प्रभाव डाले हुए है-अरब-इजराइल तनाव के कारण ही मध्यपूर्व के भूमध्य सागरीय क्षेत्र में महाशक्तियां अपनी नौसैनिक शक्ति के विस्तार के लिए प्रतिस्पर्धा करती रहीं हैं। अरब-इजराइल तनाव से विश्व के अन्य देशों की विदेश नीतियां भी प्रभावित हुई है जैसे-भारत चाहते हुए भी इजराइल को लम्बे समय तक राजनयिक मान्यता नहीं दे पाया। इसी तरह मध्यपूर्व के संकट से शीतयुद्ध में उग्रता आती रही। तेल कूटनीति ने समूचे विश्व को प्रभावित किया और विश्व आर्थिक संकट का प्रमुख कारण यही था। मध्यपूर्व समस्या ने विश्व राजनीति में मजहब की भूमिका को उभारा है। वर्तमान विश्व के सम्मुख सबसे बड़ी समस्या आतंकवाद की जड़ यहीं से है। मानवाधिकारों का उल्लघन, संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को चुनौती देता है।

पश्चिम एशिया में अस्थिरता का दौर खत्म नहीं हो रहा है। वर्तमान संकट के तीन पक्ष हैं-इजराइल, दक्षिण लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह और फिलिस्तीन के एक हिस्से वेस्ट बैंक पर अल-फतह तथा दूसरे हिस्से गाजा पर हमास का शासन। इस क्षेत्र की गरीबी अशिक्षा तथा बेरोजगारी चरमपंथ को बढ़ावा दे रही है, उम्मीद है कि-संयुक्त राष्ट्र संघ व अमेरिका के 'पीस टू प्रास्परिटी' योजना, जिसके तहत पचास अरब डॉलर का इस क्षेत्र में निवेश होगा, से बदलाव आए।

दो राष्ट्रों का निर्माण ही समस्या का व्यावहारिक समाधान है, जिसके अनुसार इजराइल और फिलिस्तीन दोनों का अस्तित्व साथ-साथ हो। फिलिस्तीन में गाजा पट्टी, पश्चिमी क्षेत्र सहित पूर्वी येरूशलम इसकी

राजधानी हो। इसका निर्माण वर्ष 1967 में मिले भू–भाग में व्यावहारिक संशोधन करते हुए तथा इजराइल द्वारा पश्चिमी किनारे पर बनाए गये अवैध बस्तियों को हटाकर करना चाहिए। फिलिस्तीनी शरणार्थियों को वापस आने का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए तथा हमास को अतिवादी दृष्टिकोण, हिंसक कार्यवाईयां और इजराइल का कट्टरवादी व अतिवादी दृष्टिकोण त्यागकर पारस्परिक सौहार्द्र, शिक्षा व रोजगार को बढ़ावा देकर ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। साथ ही अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी देशों द्वारा इजराइल पर दबाव डालकर संयुक्त राष्ट्र के फिलिस्तीनी समस्याओं पर पारित प्रस्तावों को ईमानदारी से लागू किया जाए, तो समस्या के स्थाई समाधान हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्र महेन्द्र, 'फिलिस्तीन और अरब–इस्रायल संघर्ष', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011
2. पोस्ट जे. सल (संपा0) 'फिलिस्तीनी समस्या का समाधान', डेनियल पाइप्स, जन वरी 7, 2009.
3. क्रानीकल फिलिस्तीन (संपा0) 'वर्तमान हमास–इजरायल शत्रुता पर विचार', डेनियल पाइप्स, नवम्बर 15, 2012
4. Edwards-Milton Veverley and Farrell Stephen, 'Hamas,' Polity Press, Cambridge, V.K. 2010.
5. Sherbok Cohn, 'The Palestine-Israeli Conflict,' One world Publication, Oxford, England, 2008.
6. Lesch, Devid, 'The Arab Israel Conflict : A History,' Oxford University Press, USA, 2007.
7. Ben-Ami and Shlomo, 'Scars of War, Wounds of Peac : The Israel-Arab Tragedy,' Oxford University Press, 2006.
8. Chomsky Nom, 'Middle East Illusion,' Penguin Books, 2003.
9. Syeed W Edward, 'The and of Peace Process,' Granta Books, London, 2000.
10. Wigoder Geoffry, 'New Encyclopedia of Zionism and Israel', Fairleigh Dicknson University Press, 1994
11. B. Oren Michael, 'Six Days of War: June 1967 and the Making of the Modern Middle East', Presidio Press, June 3, 2003.
12. Schanzer Jonathan, 'Hamas Vs Fatah : The Struggle for Palestine', Jerusalem Post, December 20, 2008.
13. Rubin Barry, 'Revolution Until Victory? The Politics and History of the PLO', Harvard University Press, 1994.
14. Alam Ansari Mehtab, 'Iraq and the Arab Word: A Social-Political and Economic Analysis', Rajat Publications New Delhi, 2002.
15. Chomsky Nom, 'Middle East Illusion', Penguin Books, 2003.

****

वैश्वीकरण के दौर मे भारतीय दलित समाज के निहितार्थ

डॉ. रामसूरत हरिजन *

प्रस्तावना - 'ग्लोबलाइजेशन' अंग्रेजी का शब्द है। इस शब्द की रचना इस प्रकार होती है: मूल शब्द ग्लोबल है, इसका अर्थ है गोल अथवा पृथ्वी। ग्लोब का आब्जेक्टिव ग्लोबल होता है। अर्थात जो पूरे विश्व को समाहित करे इस प्रकार ग्लोबल शब्द या क्रिया ग्लोबलाइज है। ग्लोबलाइज वर्ब शब्द ग्लोबलाइजेशन का हिन्दी अनुवाद वैश्वीकरण जिसका पर्यायवाची शब्द भूमण्डलीय है।

वैश्वीकरण एक ऐसा विश्व आर्थिक बाजार व्यवस्था है जिसके माध्यम से एक समाज दूसरे समाज से जुड़ता है। वैश्वीकरण के माध्यम से विश्व के किसी भी स्थान पर हो रही घटनाओं का उल्लेख चंद मिनटों में हम सुन व देख सकते है। वैश्वीकरण द्वारा संचार का माध्यम अत्यन्त सरल व सुलभ बना दिया है। जिससे लोग एक दूसरे के करीब आते जा रहे हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया बहुआयामी है जिसमें सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक घटनाओं से लोग अधिक से अधिक जुड़े होते है और वैश्वीकरण अधिक से अधिक उक्त क्षेत्रों पर अपना प्रभाव भी रखता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र के समीप आ रहे है। व्यापार, निवेश एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का सीमापार दूसरे मुल्कों में स्वतंत्र रूप से करोबार कर रही है। सांस्कृतियों का आदान-प्रदान तथा उनका प्रचार-प्रसार विश्व के विभिन्न महाद्वीपों, राष्ट्र राज्यों तक उनकी अपनी छाप व पहचान बढ़ती जा रही है।

वैश्वीकरण समाज के अधिकाधिक विस्तृत भाग को प्रभावित करत है और समाज में विविध घटनाओं के घटित होने से इसकी जड़े अधिकाधिक गहरी होती जा रही है। समाज में तीन घटनाओं (सा0आ0 और राजनीतिक) के घटित होने से विश्व संकुचित होता प्रतीत हो रहा है और लोगों की जागरूकता लोगों की तरफ बढ़ती जा रही है। आज सुपरमार्केट का बड़ा महत्व है। ऐसे बाजार में दुनियां भर की वस्तुएं खरीदने को मिलेगी। सेटेलाइट संचार व्यवस्था के विकास ने तो दुनिया के लोग एक दूसरे के साथ सरलता से सम्पर्क स्थापित कर रहे है जैसे- मोबाइल, टेलीफोन, वीडियो, कान्फ्रेसिंग हार्डवेयर, साफ्टवेयर कम्प्यूटर, इंटरनेट, ई-मेल ने तो दुनिया में धूम मचा रखा है।[1]

भूमण्डलीकरण एक ऐसे विचार और व्यवहार का नाम है जो अपनी सार्वभौमिकता के जरिये व्यक्ति और समुदायों को उनकी पारिवशिकता का शिकंजा तोड़ने के लिए सबसे ज्यादा व्याकुल है। विकसित देशों के मुकाबले दुनिया के बाकी क्षेत्रों में स्थिति दयनीय है। अगर भारत की स्थिति पर गौर करें तो यहाँ एक बड़ा अंतर्विरोध यह दिखाई देगा कि जहाँ एक तरफ सरकार आर्थिक समृद्धि से कोसो दूर है। अमीर-गरीब को विकास की एक ही लाठी से हांकने के कारण जो अमीर है और अमीर होते जा रहे है और जो गरीब है और गरीब। ट्रिकल डाउन सिद्धांत पूरी तरह से फेल हो रहा है। कल्याणकारी राज्य अवधारणा धीरे-धीरे गौण होती जा रही है। इस वजह से आर्थिक उत्पादन की अपेक्षा वितरण की समस्या पैदा होती जा रही है क्योंकि भारत में मूल समस्या अब केवल उत्पादन की नही है बल्कि इसके साथ-साथ समान वितरण की है।

वैश्वीकरण दुनिया का सबसे खतरनाक चरित्र है पूंजी का एकल बहाव और इसके ठीक विपरीत दिशा में गरीबी का बहाव। इसका प्रभाव सभी समाजों पर समान रूप से नही पड़ रहा है। एक तरफ दलित समाज की पूर्ववर्ती, स्थिति, सामाजिक संरचना की विशिष्टताएं, संस्कृति और दूसरी ओर वैश्वीकरण के विरोध में राष्ट्र द्वारा लागू की जाने वाली आर्थिक और सामाजिक नीतियों की विशिष्टताएं भिन्न-भिन्न परिणाम उत्पन्न करती है। क्योंकि इस प्रक्रिया के कर्ताधर्ता प्रभुत्वशील वर्ग द्वारा स्वयं के हित में चलाए जा रहे अभियान को यह कहकर दलील दी जाती है कि वैश्वीकरण आम आदमी के हित में कुछ वस्तुएं जैसे मोबाइल (सेलफोन) टूथपेस्ट, मंजन आम आदमी के हित में केता के रूप में हो सकती है लेकिन विक्रेता के रूप में गरीब, असहाय, शोषित के हित में नहीं हो सकती।[2]

पूर्व वर्षो की अपेक्षा वैश्वीकरण व्यापार के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। भौगोलिक एकीकरण के दूसरे तत्व के रूप में क्रांति दोनों एक साथ चल रहे है। इसके विकास की गति एक निश्चित प्रकृति में निरन्तर बढ़ रही है। इसका तात्पर्य है कि भौगोलिक एकीकरण को रोका नहीं जा सकता है। दुनिया में आयात-निर्यात में नये युग का प्रवेश हुआ है। और सरलता से उच्चतर स्तर तक के विकास नीतियों में सुदृढ़ता और वयैक्तिक निवेशकर्ता की स्थिति सुदृढ़ हुई है।

भौगोलिक एकीकरण में नि:संकोच वृद्धि हुई है तथा व्यापार एक देश से दूसरे देश में तेजी से फैल रहा है। देखा जाय तो नये शीत युद्ध के बाद औद्योगिक विकास व भौगोलिक एकीकरण का विकास तथा व्यापार की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। प्रजातंत्र का विकास भी तेजी से बढ़ा है जिसमें सभी लोगों की समान भागीदार को दर्शाता है। जहाँ एक तरफ वैश्वीकरण का विकास हो रहा है वहीं मानवाधिकार, अपराध के नये-नये रास्ते खुले है जिसमें साइबर अपराध मुख्य है आधुनिक टेक्नालॉजी ने मानवीय जीवन को बढ़ा रहा है स्वच्छ जीवन शैली को जन्म दिया है वही दूसरी तरफ लोगों में असन्तोष, गरीबी भूखमरी और बेरोजगारी तथा कष्टमय जीवन शैली को बढ़ा रहा है। कारण क्रयशक्ति क्षमता तथा संसाधन का अभाव एवं अमीर-गरीब की खाई को चौड़ा करती जा रही है। वैश्वीकरण, उदारीकरण एवं निजीकरण का बोलबाला बढ़ा रहा है जिससे उदारीकरण की प्रक्रिया में अहस्तक्षेप की नीति को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिसमें राज्य कम से कम

* असि0 प्रो0 (राजनीतिशास्त्र) एस0डी0एस0एन0 डिग्री कालेज, छोटा भरवारा, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

हस्तक्षेप करे वही व्यक्ति की स्वतंत्रता में वृद्धि की मांग करते हुए बाजार व्यवस्था को बढ़ाने का काम कर रही है जहां व्यक्ति सक्षम न हो वही राज्य उसकी मदद करेगा। निजीकरण में लाइसेंस प्रणाली को ढीला कर एक देश का दूसरे देश के बीच निवेश को बढ़ावा देना तथा बाजार व्यवस्था को सुदृढ़ रूप से लागू हो पाता है। कुशल श्रमिक आसानी से इस प्रक्रिया में रोजगार प्राप्त कर लेते है लेकिन अकुशल श्रमिक जिसमें दलितों का बड़ा हिस्सा मौजूद है रोजगार पाने में असफल रह जाता है। या फिर उसे इस प्रक्रिया के लायक नहीं समक्षा जाता। इन सभी का मूल कारण शिक्षा पद्धति का एक समान रूप से लागू न करना सरकार की अकर्मण्यता को दर्शाती है।[3]

भूमण्डलीय सामाजिक विज्ञान है और प्रबन्ध, कारखाने, तकनीकी का क्षेत्र बहुत विशाल है और विज्ञान पर एक बहस करने के लिए प्रेरित करता है। हम लोग भूमण्डलीकरण संसार में जीवन–यापन कर रहे हैं जो बहुत दृढ़तापूर्वक लोगो को एक गांव में समेट रहा है। वैश्वीकरण सामाजिक आर्थिक नियम कानून है जो वाह्य व आन्तरिक रूप से विभिन्न देशों व लोगो को व्यापारीकरण की ओर धकेल रहा है। भूमण्डलीकरण का समर्थक व विरोधी दो दल है। एक तरफ इस प्रक्रिया के समर्थकों का मानना है कि वैश्वीकरण हर वर्ग को लाभ पहुँचा रहा है जिसमें सबसे निचला दलित वर्ग पहले से बेहतर स्थिति में है। गेल ऑम्बेट दलित आयाम की विख्यात इतिहासकार है। ये मानती है कि जाति व्यवस्था व छुआछूत में कमी आयी है। विदेशी पूँजी जाति को पीछे छोड़ दिया है इसके विरोधियों का मानना है कि विदेशी पूँजी की अमलदारी में दलितों की हालत और बुरी होने वाली है। एस0के0 थोराट, के0एस0 चलम, एस नानछरिया का नाम प्रमुख है। ये मानते है कि बाजार के प्रभुत्व में राज्य आर्थिक जीवन से अपने हाथ खींच लेगा इसलिए दलितों का आरक्षण खत्म होने जैसे आघातों का सामन कराना पड़ सकता है। दलित पूरी तरह असुरक्षित हो जायेगा। दलितों को अपने वजूद के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। डी0आर0 नागराज कहते है कि वैश्वीकरण द्वारा थोपी जाने वाली समरूपता का परिणाम सामुदायिक संस्कृति की तबाही में निकलेगा जिसका दलितों को भारी पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ेगा। सामुदायिक संसाधनों के नष्ट हो जाने से दलितों के लिए रोजी–रोटी की समस्या और गम्भीर हो जायेगी।

भारत में वैश्वीकरण ब्राह्मणवाद की उच्चतम अवस्था बतायी जा रही है। फूले–अम्बेडकर विचारधारा ब्राह्मणवाद ही नही पूँजीवाद को भी दलितों और अन्य मेहनतकशों का खून चूसने वाली जोके मानती है। जहाँ किसी व्यक्तियों का ऐसा समूह जो वैश्वीकरण को सार्वभौम का वाहक मान लेने के बाद क्या बाकी दलित उनके पीछे घसीटे नही जायेगे। कैसी अजीब बात है कि सार्वभौम की उपलब्धि भी जो जाय और दलितों को संज्ञानात्मक धरातल पर नयी उपलब्धियाँ भी हो जाय। दरअसल, सार्वभौम तक दलितों की सामूहिक यात्रा गहरे विचार–विमर्श और जद्दोजहद का परिणाम न होकर जज्बातों और नारों की अवधारणा लिए हुए जिसमें लाभकारी तथा अलाभकारी दोनों को एक ही सीमा के दायरे में घसीटा जा रहा है। जैसे अपराधी तथा निरपराध दोनों को दण्ड देना यही वैश्वीकरण का न्याय है।[4]

सरकारी स्कूल की पढ़ाई एकदम बकवास है। शिक्षक कुर्सी पर बैठा ऊँघता रहता है। बच्चे वहां बैठे–बैठे बोर होते रहते है इनके लिए न तो स्कूल में पीने का पानी की समुचित व्यवस्था और न ही शौचालय की, यहां पर पढ़–लिखकर बच्चा कुछ भी प्राप्त नही करता। प्राइवेट स्कूल इतने महंगे है कि हम वहां जाने की जुर्रत नही करते है। दलित समाज को स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क मिला करती थी जो अब उनसे फीस वसूली की जा रही है सरकार कल्याणकारी योजनाओं से नाता तोड़ती जा रही है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार जैसे आवश्यकताएं अब भी बहुत दूर की वस्तुए कही जा सकती है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी सहस्राब्दि विकास रिपोर्ट में मानव विकास सूचकांक में भरतीय दलित अब भी शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार में अल्प भागीदारी सुनिश्चित हो पाई है। इसलिए यह वर्ग बहुत पीछे है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के तहत भारत में जाति व्यवस्था को भूमण्डलीयकरण के वर्तमान दौर में खतरनाक बताया है।

भारत में भूमण्डलीयकरण के आगमन से बड़ी तेजी से आर्थिक विकास ने आज मुद्रा का केन्द्रीकरण किया जा रहा है। वही पूँजीपतियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। दूसरी तरफ गरीबी, बेरोजगारी, भूखमरी आये दिन बढ़ती जा रही है। दलित समाज अपनी दशा पर जीने के लिए मजबूर होता जा रहा है क्योंकि यह समाज दैनिक संसाधन जुटाने में असमर्थ है। आज के परिवेश में उसी की सत्ता है जो आर्थिक रूप से मजबूत हो राजनीतिक रूप से सत्ता में उसकी पकड़ हो बाकी सारी प्रक्रियाएं उसके चारों तरफ घूमती नजर आयेगी।

मार्क्स सबसे पहला व्यक्ति व दार्शनिक था जिसने अर्थ को पहचाना और भविष्य में उसकी प्रासंगिता को समक्षा इसलिए तो उसने साम्यवादी व्यवस्था लाने का प्रयास किया भले यह व्यवस्था असफल रही लेकिन उसके सिद्धान्त आज के वर्तमान भूमण्डलीय में खरे उतरे है और वर्ग विभाजन का खेल जारी है जैसा कि मार्क्स ने कल्पना किया था विज्ञान टेक्नालॉजी मशीनीकरण को बढ़ावा देता जा रहा है जिससे हस्तशिल्पी वे अन्य तरह के कारीगरों की संख्या में बेतहासा बेरोजगारी बढ़ रही है। मशीनीकरण के युग में कुशल व प्रशिक्षित श्रमिक की आवश्यकता होती है जिसके कारण दलित समाज में काफी धीमी गति से दिशाविहीन शिक्षा पद्धति का उपयोग किया जाय तो शायद यह वर्ग कुछ हद तक उपलब्धियाँ हासिल कर सकता है अन्यथा भूमण्डलीयकरण के दौर में यह दलित समाज हाशिये का शिकार बनता जायेगा आने वाले कुछ वर्षो में और काफी बुरी हालत से गुजरना पड़ सकता है।[5]

राबर्ट विलियम फासेज का निष्कर्ष सही लगता है कि दास प्रथा के कारण ही अमरीका को बाज़ारवादी व्यवस्था का नेतृत्वकर्ता बनने का अवसर मिला और इस प्रक्रिया में पूरी की पूरी नीग्रो नस्ल ही गायब हो गई। इसका मतलब बाज़ारवाद अपने विकास के क्रम में लगातार एक किस्म की दासता का निर्माण करता जाएगा। एक अध्ययन के अनुसार भारत के आठ राज्यों में जितनी गरीबी है, उतने ही 26 अफ्रीकी देशों में है। इस ऑकड़े से साफ जाहिर है कि भारत में गरीबों शोशितों, असहायों को खुद की दशा पर जीने के लिए छोड़ दिया गया है जिससे उनकी हालत दिन–ब–दिन खराब स्थिति की ओर बढ़ती जा रही है। आने वाले समय में आईना साफ नजर आने लगेगा। जिससे दलित समाज में गहरी निराशा और कुंठा है। इस स्थिति से उबरने हेतु उसे दोहरी लड़ाई छेड़नी होगी एक तरफ राष्ट्रीय पूँजी के खिलाफ दूसरी तरफ अन्तर्राष्ट्रीय पूँजी के खिलाफ। इसी लड़ाई में न्याय व समता का अधिक व्यापक सिद्धान्त विकसित होगा।

निष्कर्षत: यही कहा जा सकता है कि वैश्वीकरण के सत्ताधारियों का केन्द्र अर्थ है जो अपने अनुसार इस जटिल प्रक्रिया को बाजार व्यवस्था के माध्यम से लोगों को गुमराह करके आने वाले समय में ऐसे भंवर जाल में डाल देगा कि जहां से निकल पाना भी एक जटिल परिघटना बन जायेगी क्योंकि विगत वर्षो में आर्थिक मंदी ने यह साफ कर दिया है कि गुजरते समय में प्राकृतिक संसाधन भी घटते ही जायेंगे और ऐसे में हर देश आर्थिक

समृद्धि को पाने की चाह में प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ेगा जिससे महान आपदा का आगमन होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रहीस सिंह 2011 'मानवाधिकार और सामाजिक न्याय' योजना भवन संसद मार्ग नई दिल्ली पृ0-8
2. गोपाल गुरू 2007, 'भारत का भूमण्डलीकरण' वाणी प्रकाशन नई दिल्ली पृ0-255 'सार्वभौम की तरफ छलांग'
3. देवेन्दर कुमार दास 1999, 'ग्लोबलाइजेशन एण्ड डेवलपमेन्ट' दीप एण्ड दीप पब्लिकेशन, नई दिल्ली पृ0-254
4. जे0वी0 राघवेन्द्र राव 2008, 'ग्लोबलाइजेशन दलित और सामाजिक न्याय' रावत पब्लिकेशन जवाहर नगर जयपुर पृ0-159
5. राजेन्द्र रवि 2007, 'भारत का भूमण्डलीयकरण', हाशिये से बेदखली, वाणी प्रकाश नई दिल्ली पृ0-306

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

A study of Intelligence and Achievement in Music Dimensions of Students with Respect to the Expenditure & incurred in various types of schools

Dr. Sunita Shrimali*

Abstract - Musical dimensions and active engagement with music have been shown to be positively associated with many intelligence and achievements as well as academic performance in various types of school students. Students who believe that intelligence is malleable are more likely to attribute poor academic performances to effort rather than ability, and are more likely to take remedial action to improve their performance. The main purpose of this research paper is to understand the intelligence and achievement in music dimensions the academic performance of the students with respect to the expenditure and incurred in various types of schools.
Keywords - Music dimensions, intelligence, achievement, academic performances, expenditure, school students.

Introduction - Intelligence derives from ability to learn and to utilize what has been learned in adjusting to new situation and solving new problems. Intelligence is not something we are born with. It develops and at every stage of development, reflects the individual interaction with his environment. At birth we may have a capacity, a potentiality for intellectual growth but this cannot be realized except through learning. The intelligence is something while can be measured with the help of intelligent test. As Benet & Simon put it about intelligence tests that they wished "Simply to show that it is possible to determine in a precise and truly scientific way the mental level of an intelligence to compare the level with a normal level and consequently to determine by how many year a child is retorted.

Intelligence Quotient - In its original meaning the ratio of a subjects mental age (as determined by a standard comparative test) to his actual age and multiplied by 100, i.e. MA/CA X 100. Levels of intelligence in terms of Standford Binet- IQ Ranges.

	IQ Range
Idiot	Below 25
Imbecile	25-50
Moron	50-70
Borderline defective	70-80
Below normal	80-90
Normal or average	90-110
High arrearage	110-120
Supervisor	120-140
Very Supervisor	Above 140

Achievement - According to dictionary of education (Carter V. Good) achievement is accomplishment in a given skill or body of knowledge. It is indeed knowledge attained or skill developed in the school subjects usually designated by the test scores or by marks assigned by the teachers or by both. Achievement is the ability of an individual to perform school task successfully. Academic success is the attainment of some fixed achievement level where as academic failure of scholars in achieving all it us.

State of the Problem - A study of Intelligence and Achievement in Music Dimensions of Students with Respect to the Expenditure & incurred in various types of schools.

Objectives :

1. To find the effect of the total amount of expenditure on the intelligence.
2. To find out the effect of the total amount of expenditure on the achievement level in music of students in various types of schools.

Hypothesis

1. Means of scores on intelligence of students studying in schools involving high expenditure medium expenditure and low expenditure namely Group-I, Group-II and Group-III respectively do not differ significantly.

1.1. Means of scores on intelligence of student studying in schools of Group-I and Group-II do not differ significantly.

1.2. Means of scores of intelligence of students studying in schools of Group-II and Group-III do not differ significantly.

1.3. Means of scores of intelligence of students studying in schools of Group-I and Group-III do not differ significantly.

2. Means of scores on achievement in music of students studying in schools of Group-I, Group-II and Group-III do not differ significantly.

2.1 Means of scores in achievement in music of students

*Associate Professor, Rajasthan Sangeet Sansthan, Jaipur (Raj.) INDIA

studying in schools.

2.2 Means of scores of achievement in music of students studying in schools of Group-II and Group-III do not differ significantly.

2.3 Means of scores on achievement in music of students studying in schools of Group-I and Group-III do not differ significantly.

Delimitations of the Study - Although the research has try to cover the relevant facts and area, still some delimitation are there in this study:

1. Present study covers only the few dimensions of the student's development in schools that is achievement in music and intelligence. Other dimensions are there which are not considered in this study.
2. The study involves the effect of expenditure only. The area of study is limited to the Jaipur City only.

Method of the Study - The methodology used in this study was "Normative survey method".

Variables - The present study involves four variable out of which one is independent and two are dependent.

I. Independent variable:

- Amount of expenditure incurred in schools.

II. Dependent variable:

- Intelligence quotient
- Achievement in music.

Measurement of Tools - The tools and materials used for data collection in this study are 'Samanya Budhi Yogyata Parikshan' Jalota.

Jalota's test for IQ:-

Achievement in music - Achievement scores in music were based on the total marks obtained by the students in their examination. The academic records for achievement was collected from school records.

Statistical Technique Used - The collected data was sorted and tabulated. The means and standard deviation of the scores on intelligence X and achievement Z for all the two schools were obtained.

a) Mean: The sum of all the scores was found and then the total is divided by the total number of items in the groups.

b) The standard deviation: After finding out the arithmetic mean of the scores, the S. D. was calculated.

c) The test of significance:- This was done by using the 't' test.

Table No. 1 (See in next page)

Means of scores of intelligence of students studying in schools of Group-I and Group-III do not differ significantly.

Table No. 2 (See in next page)

School of Group-I and the level of expenditure is medium in Group-II. The means on scores of achievement is high in the case of students of group in comparison to Group-I, So the hypothesis 2. (Means of scores on achievement in music of students studying in schools of Group-I and Group-II do not differ significantly.) is rejected.

Findings

Effect of amount of expenditure on level of intelligence of students.

1. The means of scores of intelligence of students studying in the schools of Group-I does differ significantly with the means of scores of intelligence of the students of Group-II.
2. The means of the scores of the intelligence of the students of Group-II does differ significantly with the means of score of intelligence of students of Group-III.
3. The means of scores of the intelligence of the students of Group-I and Group-III does not differ significantly.

The amount of expenditure incurred is maximum in school of Group-I, medium in Group-II and minimum in Group-III. The mean of intelligence scores of students in Group-II is highest in Group-I, is of medium level and of Group-III is minimum.

Effect of amount of expenditure on the level of achievement in music of students of Group-I and Group-II.

1. There is a significant difference between the music achievement of students of Group-I and Group-II.
2. There is a highly significant difference between the music achievement of students of Group-II and III.
3. There is a significant difference between the music achievement of students of Group-1 and Group-III.

In case of music achievement, the achievement of Group-II is of highest level and that of Group-I is of medium level and of Group-III is lowest level. The expenditure incurred in these schools on students is not effecting the level of music achievement in the least.

Conclusion - It is the child's own input and his capability that is giving him good result. It is not so satisfactory result otherwise type of school has no hand in it. After all the above discussion it may be concluded that parents who try very hard to get their child admitted to a well known and famous school and who are ready to pay any cost for it irrespective of their capacity, are running behind only fame of name. Otherwise there is nothing special in these schools. All the money, which is charged by these schools in the name of resources to be used for child's benefit, is not utilized so rather it is used to maintain the pomp and show of school. The high standard of school is maintained out of parent's pockets. The parents think that their child is going to be very smart. Intelligent and all rounder person. But in reality, the child if was taught in a low fees, not well known school would be on the same level regarding his intelligence and music achievement. In poor schools the fees is low and the is no providence of laboratories, libraries. In high fees schools there is all these things but they are not used for children's benefit. Rather they remain untouched and keeps collecting dust.

References :-

1. BLONDS' ENCYCLOPEDIA OF EDUCATION, Blond Educational, Great Britain (1969), P. 117
2. GOOD C. V. , Essentials of Research, New York, Appleton Century Crofts, as cited by Dr, D. L. Sharma, Education in the Emarging Indian Society, Loyal Book

Depot, Merrut(1972), p 111.

3. HORNE, H.H. The Demographic Philosophy of Education, New York, MacMillan, as cited by D.L. Sharma, Education in the Emarging Indian Society, Loyal Book Depot, Merrut, (1932), p 113.
4. DEWEY JOHN, Democracy and Education, New York, The MacMillan Co., as cited by Dr, D. L. Sharma, Education in the Emarging Indian Society, Loyal Book Depot, Merrut DEWEY, (1946) p 118.
5. GANDHI MAHATMA, Basic Education, ahemdabad, Navjivan Publishing House, as cited by Dr, D. L. Sharma, Education in the Emarging Indian Society, Loyal Book Depot, Merrut, (1941) p 113.
6. MUNN NORMAN. L., Introduction to Psychology, IBM Publishing Company, Calcutta, (1967) p 100
7. NUNN T. P. , Education – its Data and First Principles, London, Edward Arnold and Company; as cited by Dr. D. L. Sharma, Education in the Emarging Indian Society, Loyal Book Depot, Merrut,(1949) p 114
8. A. B. SHAH and C. S. INAMDAR (1980). The unit cost of Post Graduate Education in the University of Poona- A Case stdy, Indian Institute of Education, Pune, IIIrd survey of educational research 1978-83, p.291.
9. F. H. RIJVI, (1960), Financing of Higher Education in less developed countries, A. M. U. Press, IIIrd educational survey of research, 1978-83, p 290.
10. JOHN W. BEST. (1982), research in education, New Delhi, prentice hall of India, Pvt. Ltd. P. 306.

Table No. 1 :- Test for significance of difference between Intelligence of students in various schools:-

S.	Group	Statistics			Pair of Groups	d. f.	f Value	Significance
		N	Mean	SD				
1	I	29	104.10	15.17	I & II	55	3.52**	S
2	II	28	119.57	18	II & III	43	4.80**	S
3	III	17	97.23	8.60	I & III	44	1.68	N.S.

t Value	df_1	df_2	df_3
*At 0.05 level of significance	2.00	2.02	2.02
** At 0.05 level of significance	2.69	2.69	2.69



Table No. 2:- Test for the significance of difference between Music achievement of the students in various schools

S.	Group	Statistics			Pair of Groups	d. f.	f Value	Significance
		N	Mean	SD				
1	I	29	402.44	59.49	I & II	55	-4.36	H.S.
2	II	28	401.57	39.53	II & III	43	9.139**	H.S.
3	III	17	345.64	44.32	I & III	44	3.384**	H.S.

t Value	df_1	df_2	df_3
*At 0.05 level of significance	2.00	2.02	2.02
** At 0.05 level of significance	2.66	2.69	2.69


410
400
390
380
370
360
350
340
330
320
310
70
60
50
40
30
20
10
0
I
II
III
Mean
SD

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

भारतेन्दु की युग दृष्टि एवं उनका व्यक्तित्व

संजीव मिश्र*

प्रस्तावना - 'प्राचीन से नवीन के संक्रमण काल में भारतेन्दु हरिश्चंद्र भारतवासियों की नवोदित आकांक्षाओं और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे, वे भारतीय नवोत्थान के अग्रदूत थे'।[1]

भारतेन्दु काल को 'नवजागरण काल' भी कहा गया है। सन् 1856 के क्रांति के बाद साहित्य भी संक्रांति काल से गुजर रही थी। सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्रों में बदलाव के बयार बह रहे थे, नये-नये विचारों का प्रसार हो रहा था, उनका भी असर धींरे-धींरे साहित्य पर पड़ रहा था, विचारों में इस परिवर्त्तन का श्रेय भारतेन्दु को जाता है, जिसका स्पष्ट प्रभाव सन् 1868 के बाद साफ दिखता है, इसलिए इस युग को भारतेन्दु युग भी कहते हैं। भारतेन्दु के पहले ब्रजभाषा में भक्ति और शृंगार परक रचनाएँ होती थी, पर भारतेन्दु के समय में शृंगारिकता, रीतिबद्धता में कमी आ गई और राष्ट्र-प्रेम, भाषा-प्रेम, और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेम रचनाकारों के मन में भी पैदा होने लगी। उनका ध्यान सामाजिक समस्या और समाधान की ओर जाने लगा।

भारतेन्दु ने सामाजिक दोशों, रूढ़ियों, कुरीतियों का घोर विरोध किया। उन्होंने धर्म के नाम पर होने वाले ढोंग की पोल खोल दी। छुआछूत के प्रति भी उनका क्षोभ का स्वर था। वे विधवाओं के दुख से दुखी रहते थे, बाल-विवाह के घोर विरोधी थे ओर स्त्री शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। भारतेन्दु ने सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों और पाश्चात्य संस्कृति पर कुठाराघात अपने हास्य-व्यंग्यात्मक रचनाओं में पुरजोर ढंग से की है।

इस युग में भाषा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही थी। नागरी-आंदोलन के चलते कविताओं/रचनाओं में कलात्मकता का अभाव रहा। नागरी-आंदोलन के लिए कवियों को जनमत जगाना था, जो कि जनवाणी से ही संभव था, इसलिए इस युग में रचनाकार-कवि, समाचार-पत्रों द्वारा अपनी रचनाओं-कविता का प्रचार करते थे। इस युग के रचनाकार तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं भाषा संबंधी समस्याओं में इतने व्यस्त थे कि वे नवयुग की चेतना को कलात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त न कर सके, पर उनकी जैसी भी भाषा शैली उसमें रही हो, सभी जगह यथार्थ की अनुभूति होती रही, जो कि सच्चे-सरल भाषा शैली में अभिव्यक्त हुई है।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म एक ऐसे धनाड्य परिवार में हुआ था, जहाँ विलास के सारे वातावरण एवं सामग्रियाँ सहज उपलब्ध थी। वे विलासी अपव्ययी और रूढ़िग्रस्त नैतिकता के प्रचंड विरोधी थे, उन्होंने माधवी और मल्लिका जैसे विधवा वेश्याओं के उद्धार को लेकर किसी की परवाह नहीं की। वे चाहते थे कि वेश्याएँ आर्थिक दृष्टि से आत्म-निर्भर बनकर सम्मान के साथ नारीत्व को बचाते हुए समाज में रहें। उनके इस दृष्टिकोण ने उनके लेखन को ही प्रभावित नहीं किया बल्कि वे सामाजिक दिशाओं के अन्य परिवर्त्तन के अगुवा बने। वे पैसे का उपयोग समाज सेवा के लिए करना चाहते थे। उनका कहना था - 'जिस पैसे ने हमारे बाप-दादों को खा लिया है, उसी को मैं खा जाउँगा। वे पैसा को खाने के लिए पत्रिका निकालने, साहित्यानुरागियों के बीच वितरण करने, देश की स्थिति जानने के लिए यात्रा करने और राजा शिव प्रसाद को चिढ़ाने के लिए तेल-फुलेल की दीये जलाने में करते थे।'[2] भारतेन्दु प्रेमीजीव थे, उनका हृदय अत्यन्त कोमल था, वे अत्यंत संवेदनशील थे, दूसरे का दुख देख-सुनकर वे कातर हो उठते थे। दुसरों की सहायता करते समय वे अपने सुख-दुख की परवाह न करते थे, वस्तुत: वे पर-दुख कातर थे। उनमें धन का मोह बिल्कुल नहीं था। प्रिय से प्रिय वस्तु नि:संकोच वे दुसरों को दे देते थे। ऋणों के भार से वे लद जाने और आर्थिक संकट में लदकर संतुष्ट रहते थे। उन्होंने संचय नाम जाना ही नहीं था, साहित्य समाज और देश को जीवन भर दिया, उनमें व्यापार दृष्टि एकदम नहीं थी। आदर्श और अराध्य के लिए उन्होंने जीवन की बली चढ़ा दी। उनका व्यक्तित्व इन्द्रधनुषी था, सारा साहित्य उनकी इसी व्यक्तित्व का परिणाम है। उनका व्यक्तित्व और उनकी प्रतिभा जीवन से जुड़ी थी। वे नीसीम होकर जीना चाहते थे। वे अत्यन्त क्षमाशील थे, गुणियों और विद्वानों का महत्व सबसे ऊँचा था उनकी दृष्टि में।

भारतेन्दु के व्यक्तित्व का रूप धनिक और शिक्षित धनिक वर्ग का था। पुराने के प्रति उनका मोह था। उनके परंपरागत आर्थिक संस्कार उन्हें सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में उग्रवादी होने से अवश्य रोकती थी। उन्होंने अपने पिता को प्रगतिशील दृष्टिकोण दिया और काव्य को भी प्रगतिशीलता का मार्ग दिखाया। स्त्री शिक्षा की ओर वे स्वयं और अपने पिता को प्रवृत किया। वे स्वयं उच्च शिक्षा से वंचित रहे। घर पर ही स्वाध्याय किया, किन्तु उन्होंने प्रयास करके बनारस में कॉलेज खोला जो आगे चलकर 'हरिश्चंद्र कॉलेज' के नाम से प्रसिद्ध है। भारतेन्दु के समय में ही रेलों का प्रचार हुआ, वे उससे जगन्नाथजी और अन्य यात्राएँ की। उन्होंने इस यात्रा से देश की दशा अपने आँखों से देखी और विभिन्न स्थानों की रीति-रस्मों और भाषाओं से इनका परिचय हुआ। बंगाल की साहित्यिक प्रगति देखकर उन्हें हिन्दी साहित्य में प्रगति लाने की ममता जागी। राजा राममोहन राय, प्रिंस द्वारिका नाथ ठाकुर, केशवचंद्र सेन, ईश्वर चंद्र विद्यासागर प्रभृति नव जागृति के संदेशवाहकों से प्रेरणा ग्रहण की। वे उनसे प्रभावित होकर विधवा विवाह, शिक्षा, सामाजिक एवं धार्मिक सुधार की बातें सीखीं। उनकी जगन्नाथ यात्रा का प्रभाव उनपर बहुत पड़ा। बंगला साहित्य और वहाँ के नवोदित विचार और आन्दोलन को इसी यात्रा के दौरान समझ सके। उन्होंने उसी के अनुसार हिन्दी भाषा और साहित्य की उन्नति के लिए कमर कसी। भारत की अतीत

* सहायक प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा, नी.पी.विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर (झारखंड) भारत

के प्रति उनमें असीम श्रद्धा थी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि भारतवर्ष की उन्नति के लिए अंग्रेजों से बहुत बाते सीखनी है। अंग्रेजों के ज्ञान-विज्ञान से वे बहुत प्रभावित उन्होंने यकवि-वचन सुधा : 'हरिश्चन्द्र मैगजीन', 'हरिश्चंद्र सुधा' और 'नवोदिता' के नाम से पत्रिका निकाली। स्त्रियों के उपकार के लिए 'बाबाबोधिनी' नामक पत्रिका निकाली। 1870 में उन्होंने 'कविता-वर्धिनी सभा' स्थापित की। 1873 में उन्होंने Penny Reading Club स्थापित किया। उन्होंने 'तदीय समाज' की स्थापना वैष्णव धर्म और ईश भक्ति के प्रचारार्थ की। यह समाज गो-रक्षा का करती थी और मदिरा-मांस सेवन को रोकती थी। इस समाज ने 'भगवत् भक्तिनी' 'तोषणी' नामक पत्रिका प्रकाशित की। 1874 में इन्होंने 'वैश्याहितैषिणी सभा' की स्थापना की और इसी सभा में इन्होंने अपनी पुत्री का विवाह किया। अश्लील गीतों पर प्रतिबंध लगाया और समाज सुधार का मार्ग प्रशस्त किया। इन्होंने 'प्रविष्ट' 'प्रवीण' और 'पारंगत' नाम की तीन परीक्षाएँ प्रारंभ की। इन परीक्षाओं में उर्त्तीण होने वाले को पारितोषिक दी जाती थी। इन्हीं के प्रयास से 'काशी सार्वजनिक सभा' की स्थापना हुई। इन्होंने 'Young Mean's Association' और 'Debating Club' भी स्थापित किया।'[3] इस तरह भारतेन्दु का जीवन सार्वजनिक था। देश-हित उनके जीवन का प्रधान उद्देश्य था। उन्होंने प्राचीनता और नवीनता का मेल उपस्थित किया। वे अंधानुकरण में विश्वास नहीं रखते थे।

डॉ0 वार्ष्णेय ने लिखा है - 'यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्त्तन था। अस्तु, जिस समय भारतेन्दु का आविर्भाव हुआ उस समय भारतीय स्वाधीनता का सूर्य अस्ताचल-गमन कर चुका था और भारत पर पूर्ण रूप से अंग्रेजों का आतंक छा गया था। किन्तु यह राजनीतिक स्वाधीनता का अपहरण तो केवल एक वाह्य चिन्ह था। सच तो यह है कि भारतीय-इस्लामी संस्कृति अपनी शक्ति खो बैठी थी उस समय मुसलमानों ने भारत वर्ष को पद-दलित किया। जब मुसलमान यहीं बस गए तो इस्लामी संस्कृति, भारतीय जीवन को और स्वयं अपने को यहाँ की संस्कृति से प्रभावित किए बिना न रह सकी थी। इस पारस्परिक संपर्क के अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के परिणाम दृष्टगोचर हुए अठारहवी शताब्दी में यही भारतीय-इस्लामी संस्कृति अपने अन्दर के दोषों का निराकरण कर सकने के कारण पश्चिम की एक जीवित जाति के सामने नत-मस्तक हुई। धर्म और समाज प्रसारोन्मुख न होकर अपने में सिमट कर रह गए थे। खान-पान, छुआछूत संबंधी प्रतिबंधों और रूढ़ि तथा परम्परा का पालन करना ही प्रधान कर्त्तव्य समझा जाने लगा था। वास्तव में संकटकालीन कट्टरता के फलस्वरूप लोग धर्म के वास्तविक स्वरूप को भूल कर उसके वाह्य और समयानुसार परिवर्त्तनशील स्वरूप को चिरंतन समझ कर अपनाए रहे। अबाध और उन्मुक्त गति से प्रभावित होने वाली संस्कृति धारा की गति अवरूद्ध हो गई जिससे उसमें तरह-तरह के अनेक विचार उत्पन्न हो गए। यदि उस समय के भारतवासी अपनी तंग दुनियाँ से बाहर झाँक कर देखते और व्यापक दृष्टिकोण ग्रहण कर काल गति के अनुसार व्यवहार करने की चेष्टा करते तो उन्हें पराधीन जीवन के ये दुर्दिन न देखने पड़ते।'[4] भारतेन्दु का सम्पूर्ण जीवन और लेखन इन्हीं परिस्थितियों से उत्प्रेरित थी।

निष्कर्ष - भारतेन्दु युग (1850-1900) में पूरे देश में राष्ट्रीय जागरण तथा सांस्कृतिक जागरण की लहर दौड़ रही थी और सामंती सामाजिक ढ़ाँचा टूट चुका था, परन्तु यह युग हिन्दी साहित्य के दृष्टिकोण से बहुमुखी विकास का युग था। एक तरफ देशभक्ति का लहर दौड़ रहा था तो वहीं साथ-साथ में अंग्रेजो के योगदान को भी सराहा जा रहा था, इस वजह से एक वर्ग अंग्रेजों का प्रबल समर्थक भी था। 'अंग्रेजी शिक्षा के विकास की गति चाहे जितनी भी धीमी रही हो और उसके उद्देश्य चाहे जितने भी सीमित रहे हों पर उसका व्यापक प्रभाव पूरे देश के पढ़े-लिखे शिक्षित समाज पर पड़ रहा था, जिसके परिणामस्वरूप पूरे देश में एक सशक्त मध्यम-वर्ग तैयार हुआ, जो अत्यधिक संवेदनशील था। यह वर्ग व्यापक दृष्टि से पूरे देश में राष्ट्रीय व सामाजिक हित के विषय में सोचने लगा कि हमारा देश अत्यंत हीन-अवस्था में है, अभाव-ग्रस्त है तथा जीवन के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व धार्मिक इत्यादि सभी क्षेत्रों में परिवर्त्तान एवं सुधार की आवश्यकता है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र भी इसी प्रगतिशील चेतना के प्रतिनिधि थे और उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से इसी के लिए राष्ट्रीय जागरण का कार्य किया'[5] और इसके लिए भारतेन्दु, अपने अल्प-जीवन काल में अहर्निष लगे रहे, जिसका व्यापक असर उनके जाने के बाद भी रहा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतेन्दु हरिश्चंद्र - डॉ0 लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय, पृ.सं. 34
2. भारतेन्दु की गद्य भाषा - डॉ0 ब्रज किशोर पाठक, पृ.सं.-28
3. भारतेन्दु समग्र
4. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, डा0 लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय, पृ.सं. 37-38
5 हिन्दी साहित्य का इतिहास - डा0 नागेन्द्र, पृ.सं. 456-57

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

A Study of Customer Opinion towards Cellular Services With special reference to the Youth of Bilaspur City (C.G.)

Dr. K.L.Tandekar* Shaikh Tasleem Ahmad**

Abstract - This is a research study conducted in a non tribal or normal area named Bilaspur city, which is the second largest city of Chhattisgarh State according to the population as well as the number of cell phone users. Communication sector is one of the most competitive sectors in India, and mobile phones have been included as a basic need in the common men's life. In this study we have tried to know the opinion of the youths of Bilaspur city about their cellular service providers. Only college going youths of a private college of Bilaspur city, had chosen as respondents, on random basis. They were asked the questions related to the experiences of Cell phone services they were using. The researcher had tried to know the customer's reasons behind the selection of service providers, the number of subscribers of different companies, and their percentage also, in a sample of 120 respondents. Reliance Jio, Airtel, Vodafone-Idea and BSNL are the cellular service providers of the research area, and they got the position of First, second, third and last respectively. Data speed, data limit provided by the companies, recharge plans were the determining factors for the decisions of the respondents.
Key words - Communication Sector, Service Provider, Customer's opinion.

Introduction - This is a specified research which is related to the services of cellular companies working in Bilaspur City Municipal corporation area. Bilaspur city is the part of Bilaspur district of Chhattisgarh State, a non tribal or normal area according to revenue records. Bilaspur city is approximately 402 years old and the name of "Bilaspur" is used after the Fisher-woman named "Bilasa". Bilaspur region is encircled by Korea area of Chhattisgarh state in the north, Anuppur locale of Madhya Pradesh in the south, Mungeli and Kabirdham region of Chhattisgarh in the west, newly made Balauda Bazar-Bhatapara district of Chhattisgarh in the south and Korba and Janjgir-Champa districts of Chhattisgarh in the east. The area of the district is 8272 square kilometer. The total population of the district is approximately 2663629 according to census 2011, of which 1351574 were male and 1312055 were female and presently 8 tehsils, 7 blocks and 910 villages are included in Bilaspur district. It is the second-largest city after Raipur City Metro area.

The population of Bilaspur district is 10.43% of State's population, and the density is 322 km2. The literacy rate of the district is 70.78% of which 81.54% males and 59.71% females are literate.

The Chhattisgarh High Court is situated at Bodri town in region Bilaspur which has favored it with the title 'Nyayadhani' (Law Capital) of the state. The Chhattisgarh High Court is the largest High Court of Asia. Bilaspur city is the administrative headquarter of Bilaspur district.

In this research we are trying to analyze & understand the view of young and educated cell phone users of the age group of 17-23 years, and focusing on all the leading service providers who are working our research field. The main companies are Vodafone- Idea (It has converted to **Vi** recently), Reliance Jio, Airtel and BSNL.

Objectives of the Study - Trough this research study we will try to find out the solutions of the questions below

1. To collect Information about service providers and their working period in the research area.
2. To find out the customer's opinions towards their service providers.
3. According to the customer's opinion, rank them on the basis of customer satisfaction.

Sources of Information - Majority of data were collected from primary sources through questionnaire, while some information is used from secondary sources, like website newspapers etc. Area of the research is Bilaspur municipal corporation area. The total population of the district is approximately 2663629 according to census 2011, of which 1351574 were male and 1312055 were female. We have taken 120 respondents from the research area and all the respondents are literate and able to understand the questions, and answer them accordingly.

Limitations of the Study - This study is limited to Bilaspur city municipal corporation area, with special focus to the young cell phone users, who are studying in the different classes of a renowned private college of Bilaspur city. Here

*Research Guide and Principa,l Govt. Nehru P.G. College, Dongargarh (C.G.) INDIA
** Research Scholar, Pt. Ravisanhankar Shukla University, Raipur (C.G.) INDIA

we have collected the information about the opinion of the respondents towards their cell phone service providers.

Methodology - A sample of 120 respondents were chosen on the random basis, from college going youths related to a renowned private college of Bilaspur city. With the help of questionnaire, the respondents were asked the name of their service provider, and then their opinion about the services of cell phone service provider and what are the positives and negatives points. This information were tabulated and processed through proper statistical methods, and the results were founded. In the result section we were able to draw a rank of the service providers on the basis of their customer's opinion.

Company wise Analysis - There are four main cellular service provider companies in the research area. These all are also well known players in national level. In which 3(Vodafone- Idea, Airtel, Reliance Jio) are belonging to private sector and 1(BSNL) is from government sector.

S.	Name of the service Provider	No. of Resp -ondents	Percentage
1	BSNL	07	5.84%
2	Vodafone-Idea (Vi)	28	23.35%
3	Airtel	36	30%
4	Reliance Jio	49	40.81%
	Total	120	100%

Source: Primary data



From the above table we can easily understand the current position of the cell phone service provider companies, such as their individual customer base, percentage of the number of customers, and their stake in the total number of the respondents in the research area. With the help of above data we can rank the service provider, as below mentioned manner.

1. **Reliance Jio -** This is a newest service provider of the area, who started his services in November 2016. Jio is a trendsetter company of the cellular sector in India, and providing 4G Volte services in research area. It has a customer base of approx **41%** in research area. Due to the requirement of 4G enabled smart phones and low economical ability, Jio has launched many 4G enabled handsets for the customers, and it has captured the market, as well as first position in our research area. The customers who are using Jio give main reasons such as- faster data speed, better clarity of voice and competitive call rates etc.

2. **Airtel -** Although it is also an old service provider of the area, and started service in year 2005, but the percentage **30%** of customers are using services of the company. So it has got second position in our research area, and same as the BSNL, customers have a strong reason to be with Airtel company, that their numbers are very old and distributed by them to near & dear ones. The Airtel is updating his recharge and data plans according to the market trends, this is another reason that company got second position in

3. **Vodafone-Idea (Vi) -** This is one of the oldest companies on the basis of providing services in research area. It is the alliance of two companies named Vodafone and Idea. Approx **23.35%** of total respondents are using services of **Vi,** so it has got third position in our research study. According to the data collected through questionnaire they are with the idea company from 1 to 4 years. They have not changed or Port their provider even better plans/ tariffs offered by other companies. The customers of **Vi** have many reasons for continue usage of his services such as – It has better network than any other companies, their numbers are very old and provided to their friends and relatives, the company presents better offer time to time, the call rates are reasonable etc.

4. **BSNL -** This is only company of government ownership and providing services since 1998, but surprisingly it has very low customer base. Only **5.84%** respondents are using the services of the company, and they have a single reason that their numbers are very old so they are with the company. It means the customers are with BSNL not only by their choice. So they are not asked for customer satisfaction. The main drawback of the BSNL is that it does not update its services according to the market trends, so it has continuously declined the number of customers, and got last position in our research study.

Conclusion - After analyzing all the information and data collected from the respondents, it is very clear that

- Connectivity is a major issue till today in this area, though our research area is a non tribal or normal area, but clarity of voice and call drop is a real problem. On the basis bases of this point, Reliace Jio has been ranked first by youth customers.
- Now a day, majority of the youth are using smart phones instead of basic phones, so uses of multimedia services, internet facility, and data recharge are very common among them. They are habitat of using more data after launching the services of Reliance Jio.
- Another important point has noticed that there is no brand loyalty in users because they change their service providers usually. Mobile number port (MNP) facility is playing an important role in this trend.
- A number of users are using two or more sim at the same time, and they use different numbers during calls, massaging and data usage. Availability of dual or multi sim mobile phone is promoting this tendency of users.
- Internet facility in cell phones empowered youths through knowledge enhancement and access in huge

information worldwide. They are more informed and updated in education field, as well as day to day life in compare to the previous generation. Regarding this point, Reliance Jio is a record maker company in the view of subscribers.

- Overall ranking according to satisfied customers are Reliance Jio got first position, while Reliance Airtel, Vi, and BSNL are in the second third and last position respectively.

References :-

1. Tecor, Jha, “Understanding Mobile Phone Usage Pattern among College-Goers’,2008.
2. Batra, S.K. &Kazmi, S. (2008) ‘Consumer Behaviour’ 2nd edition, EXCEL Books.
3. Debnath, Roma Mitra, ‘Benchmarking telecommunication service in Indi’ , 2008.
4. Kalwani, Banumathy, ‘Consumer’s Attitude towards Cell phone Services’, 2006.
5. Eshghi, A., Haughton, D., and Topi, H., (2007), ‘Determinants of customer loyalty in the wireless telecommunications industry’, Telecommunications policy, Volume 31, Issue 2, Pages 93-106.

Websites:

1. www.census 2011.co.in
2. www.wikipedia.in
3. www.thekorbacity.com
4. www.tri.gov.in
5. www.timesofindia.com

Newspapers:

1. Daink Bhaskar Newspaper
2. Haribhoomi Newspaper

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम की आर्थिक योजना का क्रियान्वयन (लक्षित वर्ग के लिए) (राजनांदगांव जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. के.एल.टाण्डेकर* डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर**

प्रस्तावना – वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के प्र्याप्त साधन न होने के कारण युवाओं का रूझान तथा पलायन शहरों की ओर हो रहा है। इससे शहरो में बढ़ती जनसंख्या के कारण शहरी जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है तथा सरकार को समस्त नागरिकों के लिए आवास और मूलभूत सुविधाऍं प्रदान करने मे कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अत: ऐसे विभाग तथा संगठन, जिनका कार्य विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार प्रदान करने का है उनकी यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वे अपनी कार्ययोजना का स्वरूप ग्रामीण अंचल में मूलभूत सुविधाऍं प्रदान करने के साथ-साथ अधिक से अधिक रोजगार सृजन को ध्यान में रखकर करे। इस दिशा में अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम विशेष भूमिका निभा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य में कुल आबादी का 31.76 प्रतिशत आदिवासी एवं 11.61 प्रतिशत अनुसुचित जाति वर्ग का है, इन वर्गो के आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम का गठन किया गया, यह नियम गरीबी रेखा से नीचे अंतिम छोर के व्यक्तियों को वित्तीय सहायता दिलाकर स्वावलंबी बनाने के साथ ही सफाई कामगारो एवं पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान हेतु आर्थिक मूलक योजनाओं का क्रियान्वय करता है।

लक्षित वर्गो के बेरोजगार युवको में व्यवसायिक मानसिकता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न लघु उद्योग तथा व्यापार संबंधी योजनाओं का संचालन निगम द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो के आवेदकों को जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे है उनकी वार्षिक आय 19750/- रूपये से अधिक न हो योजना के तहत् अनुदान की पात्रता भी निश्चित की गई है।

राजनांदगांव जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन अंत्यावसायी विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र क बेरोजगारों (लक्षित वर्ग) को योजना के तहत् ट्रैक्टर, ट्राली, महिला समृद्धि माईक्रोक्रेडिट लघु ईकाई, सफाई कामगार, व्यक्ति मूलक, जीप, टेक्सी, आटो रिक्सा, मिनी ट्रक, डीजल आटो, बड़ी व्यवसायिक ईकाई, अन्त्योदय स्वरोजगार योजना, आदिवासी स्वरोजगार योजना, टेन्ट हाउस, मिनी माता स्वालम्बन योजना, कृषि उत्खन, टर्मलोन, शैखणिक ऋण, सूअर पालन जैसी आर्थिक मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन कर हितग्राहियो को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे है।

जिले में निवासरत अनुसुचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक, सफाई कामगारों की व्यवसायिक क्षेत्रों में सहभागिता सुनिष्चित कर उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोडने का प्रयास किया जा रहा है। हितग्राहियो को लघु उद्योग व्यवसाय के क्रियान्वयन हेतु वित्त के स्त्रोत (वित्त पोषक संस्थाऍं) मुख्यत: राष्ट्रीय अनुसुचित जाति वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसुचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय सफाई कामगार वित्त एवं विकास निगम, छ.ग. शासन अनुसुचित जाति वित्त एवं विकास प्राधिकरण, छ.ग. शासन अनुसुचित जनजाति बस्तर एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण प्रमुख है।

तालिका 1 : राजनांदगांव जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित लक्ष्य, उपलब्धि, वितरित ऋण एवं अनुदान की जानकारी निम्नानुसार है।

क्रं	वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि	स्वीकृत ऋण	अनुदान
1	2004-05	345	305	11791000	2528750
2	2005-06	349	228	18615119	1637500
3	2006-07	109	36	4277647	765000
4	2007-08	377	113	9695822	810000
5	2008-09	422	190	9815663	1960000
	योग	1602	872	54195251	70101250

निगम द्वारा मियादी ऋण के रूप में अनुसुचित वर्ग हेतु अधिकतम 30 लाख तक एवं अनु. जनजाति वर्ग के लिए 10 लाख रूपये तक तथा पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं साफ-सफाई कामगारो के लिए अधिकतम 5 लाख रूपये की परियोजना स्वीकृत योग्य है। ऋण पर ब्याज दर कम होने से हितग्राहियों का अधिक रूझान योजना के प्रति देखा जा रहा है।

तालिका 2 **(अगले पृष्ठ पर देखे)**

शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लक्षित वर्गो को मिल सके इसके लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु कुल हितग्राही का 50 प्रतिशत से अधिक गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले लोगो को विशेष प्रोत्साहन दिया गया वही अनुसुचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के मात्र 7 प्रतिशत अनुसुचित तथा 27 प्रतिशत अनु.जनजाति के हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो सके जो कि जनसंख्या के अनुपात की अपेक्षाकृत कम है। अन्य पिछडा वर्ग के 31 प्रतिशत, सफाई कामगारो के 9 प्रतिशत हितग्राही

* प्राचार्य, शासकीय बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर महाविद्यालय, डोंगरगॉव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
** वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) भारत

योजना का लाभ ले सके अर्थात लक्षित वर्गो के सवर्रागीण विकास की दृष्टि से इन योजनाओं का विस्तारीकरण आवश्यक है। तब ही हम इन लक्षित वर्गो के आर्थिक विकास की कल्पना कर सकते है।

विभाग के द्वारा विभिन्न रोजगार मूलभूत व्यवसायो लिए हितग्राहियो को वितरित ऋण एवं वसूली से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है।

तालिका 3 (निचे देखे)

छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न आर्थिक योजनाओं के अंतर्गत लक्षित वर्ग विशेषकर अनुसुचिज जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगारों एवं अल्प संख्यक वर्गो के जरूरत मंदो को उन्हे स्वरोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से राजनांदगांव जिले में संचालित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. राजनांदगांव द्वारा दिसम्बर 2008 तक कुल 442 व्यक्तियों को विभिन्न व्यवसायों को ऋण 51006713 रूपये ऋण का तिरण किया गया था, शासन के द्वारा इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं हितग्राही की आर्थिक मदद को ध्यान में रखते हुए 20 से 25 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। अनुदान उपरांत रूपये 41900817.00 वसूली योग राशि का अनुमान किया गया किंतु दिसम्बर 2008 तक इसके विरूद्ध 35 प्रतिशत ही वसूली हो सकी तथा 65 प्रतिशत वसूली योग राशि हितग्राही से प्राप्त नही की जा सकी।

जिले में अनु.जाति, अनु.जनजाति, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में योजना का लाभ अधिक व्यक्ति तक नही पहुँच पा रहा है, कारण यह है कि लक्ष्य के अनुरूप मात्र 54 प्रतिशत उपलब्धि से अन समुदाय के विकास की कल्पना महज औपचारिकता होगी। जिले में यदि इन वर्गो का सर्वांगीण विकास कर इन्हे व्यवसाय तथा रोजगार उपलब्ध कराना है तो लक्ष्य में वृद्धि कर शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना होगा, इसके लिए वित्त पोषक संस्थाओं को अधिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जिला प्रशासन स्वासी एवं ग्रामोद्योग विभाग जिला कार्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)।
2. उद्यमिता समाचार पत्र, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र.।
3. जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, राजनांदगांव (छ.ग)।
4. कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति राजनांदगांव (छ.ग) वार्षिक प्रतिवेदन।
5. कुरूक्षेत्र मार्च 2002, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।

तालिका 2 : लाभान्वित हितग्राही का विवरण वर्गवार

वर्ष	अनु.जाति	अ.ज.जाति	पिछडा वर्ग	अल्पसंख्यक	सफाई	अन्तादेय	विकलांग
2004-05	21	165	12	8	63	75	1
2005-06	19	15	5	15	55	240	0
2006-07	23	08	0	01	02	75	0
2007-08	21	115	26	03	0	212	0
2008-09	34	135	12	0	29	212	0
योग	118	438	55	27	149	814	01

स्त्रोत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति राजनांदगांव (छ.ग.)

तालिका 3 : हितग्राहियों को वितरित ऋण एवं वसूली का विवरण

वर्ग	लाभान्वित हितग्राही की संख्या	वितरित ऋण	वसूलियों योग राशि	प्रारंभ से दिसम्बर 2008 तक वसूली गई राशि	वसूली हेतु शेष राशि
अनु. जाति	86	15030785	12226285	2820254	9406031
अनु. जनजाति	45	18076197	17047770	3303608	13741462
अन्य पिछडा वर्ग	48	3275000	3051250	834927	2216323
सफाई कर्मचारी	217	72623931	7729792	3615640	4114152
अल्प संख्यक वर्ग	46	2000800	1845720	195200	1650520
योग	442	51006713	41900817	10772319	31128488

स्त्रोत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति राजनांदगांव (छ.ग.)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य तथा देशी रियासतें

डॉ. सुनीता मीना*

शोध सारांश – भारत की देशी रियासतें और उनके शासक अंग्रेजी औपनिवेशिक साम्राज्य को बनाए रखने के हथियार के रूप में इस्तेमाल होते रहे। भारत में अंग्रेजों का राज्य फैलता गया वैसे-वैसे अंग्रेजों के मन में यह विश्वास जड़ जमाता गया कि गोरी जाति श्रेष्ठ है। 1757 ई. में प्लासी के युद्ध में अंग्रेजों को पहली बार भारत में राजनीतिक शक्ति प्राप्त हुई। एक-एक करके उन्होंने समस्त भारतीय राजनीतिक शक्तियों को परास्त करके उन्हे सहायक संधी स्वीकार करने पर विवश किया। देशी रियासतों के साथ अंग्रेजी साम्राज्य के सम्बंधों को तीन भागों में विभाजित किया जाता है। अधीनस्थ सन्धि काल 1819-1857ई,अधीनस्थ संघ काल 1858-1905ई,अधीनस्थ सहयोग काल 1906-1947ई, ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सहायक संधियां स्वीकार करके लगभग 1819 ई. तक समस्त भारतीय देशी रियासतें अपनी प्रभुसता को खो चुकी थी।

शब्द कुंजी – औपनिवेशिक साम्राज्य, परमोच्च, शक्ति के सिद्धांत, डॉक्टराइन ऑफ लैप्स,सामन्त, सम्प्रभुत्ता, माउंटबेटन योजना।

प्रस्तावना – लगभग 140 वर्षो के अंग्रेजी शासन काल में भारत की देशी रियासतें और उनके शासक अंग्रेजी औपनिवेशिक साम्राज्य को बनाए रखने के हथियार के रूप में इस्तेमाल होते रहे। इस अवधि में कभी भी अंग्रेजों की साम्राज्यिक नीति स्पष्ट नहीं रही। जैसे-जैसे भारत में अंग्रेजों का राज्य फैलता गया वैसे-वैसे अंग्रेजों के मन में यह विश्वास जड़ जमाता गया कि गोरी जाति श्रेष्ठ और ऊंची है। काले भारतीय नीच और मूर्ख है। उन पर शासन करने की जिम्मेदारी, ईश्वर नामक रहस्यमय शक्ति ने अंगेजों के ही कंधो पर रखी है। अंग्रेज वह जाति है जो केवल जीतने और शासन करने के लिये पैदा हुई है। 1757 ई. में प्लासी के युद्ध में अंग्रेजों को पहली बार भारत में राजनीतिक शक्ति प्राप्त हुई। एक-एक करके उन्होंने समस्त भारतीय राजनीतिक शक्तियों को परास्त करके उन्हे सहायक संधी स्वीकार करने पर विवश किया। इस प्रकार देशी शासकों ने सुरक्षा की धुन में अपनी स्वतन्त्रता को हमेशा के लिये खो दिया। [1]

देशी रियासतों के साथ अंग्रेजी साम्राज्य के सम्बंधों को तीन भागों में विभाजित किया जाता है। [2]

1. अधीनस्थ सन्धि काल 1819-1857 ई.
2. अधीनस्थ संघ काल 1858-1905 ई.
3. अधीनस्थ सहयोग काल 1906-1947 ई.

1. अधीनस्थ सन्धि काल 1819-1857 ई.– इस अवधि में कंपनी के अधिकारियों ने देशी राज्यों पर अपनी प्रभुसत्ता जताने के लिये कई उपाय किये।[3] राजपूताना की विभिन्न रियासतों के उद्धरणों से स्पष्ट होता है कि कम्पनी सरकार ने संधि की धाराओं और शर्तो में उल्लेखित निरन्तर मैत्री देकर रियासतों के शासकों को पूर्णतया अधीनता की स्थिति में लाने का लक्ष्य रखा। रियासतों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के समय कंपनी सरकार के कर्णधारों के मस्तिष्क में परमोच्च शक्ति के सिद्धांत की धारणा सम्भवत: अपरिपक्क व सुशुप्तावस्था में रही होगी। उपरोक्त काल में यह शनै:-शनै: विकसित होने लगी। राज्य के नये उत्ताराधिकारी को मान्यता देना व उसके राज्याभिषेक के समय खिल्लत प्रदान करना, नजर, उपहार आदि स्वीकार करना, विशिष्ट सेवाओं के लिए उपाधियां व सम्मान देना दरबार का आयोजन करना आदि जैसे परमोच्चाधिकारों से मुगल बादशाह को वंचित कर उसके स्थान पर कंपनी सरकार ने परमोच्च शक्ति के रूप में उनका उपभोग करना शुरू कर दिया। रियासतों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिये 'एजेंट टू दी गवर्नर जनरल' (ए.जी.जी.) का पद सृजित किया। मुगल बादशाह के सिक्कों के स्थान पर विलियम चतुर्थ के सिक्के ढलवाये गये। यह सब इसलिए किया गया ताकि देशी राज्यों के शासक कम्पनी सरकार को वैद्य रूप से मुगल प्रभुसत्ता का उत्तराधिकारी स्वीकार कर ले।[4]

1833 ई. के चार्टर एक्ट के माध्यम से कम्पनी की व्यापारिक गतिविधियां समाप्त कर दी गयी तथा उसने भारत सरकार के रूप में कार्य करना आरंभ कर दिया।[5] लार्ड डलहौजी का विश्वास था कि भारत के देशी राज्यों में ब्रिटिश माल का निर्यात कम होने का मूल कारण उन राज्यों, भारतीय शासकों का कुप्रशासन है।[6] उसका विचार था कि देशों राजाओं से भारत में ब्रिटिश विजय को सरल बनाने का काम लिया जा चुका है और इन्हे अब समाप्त कर देना लाभप्रद होगा। इसके लिये डलहौजी ने 'डॉक्टराइन ऑफ लैप्स' का आविष्कार किया और देशी राज्यों को हड़पना आरंभ किया।[7]

1857 ई. तक राजपूताना की सभी देशी रियासतों पर अंग्रेजों ने अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया था। अब राज्यों के पास अपनी सैन्य शक्ति कुछ भी शेष नहीं बची थी। देशी राजाओं की स्थिति यह हो चुकी थी कि एक तरफ तो वे अंग्रेज अधिकारियों के शिंकजे में कसे हुए छटपटा रहे थे तो दूसरी और उन्हे यह स्पष्ट लग रहा था कि देशी राज्यों को बने रहना है तो अंग्रेजी शासन को मजबूत बनाये रखने के हर संभव उपाय करने होंगे। घरेलू अत्याचार तथा पारदेशिक आक्रमण से सुरक्षा भारतीय नरेशों के लिये महंगी पडी उनको अपनी स्वतंत्रता राष्ट्रीय आचरण तथा जो कुछ मनुष्य को आदरणीय बनाता है इत्यादि का बलिदान करना पडा। 1857 की क्रांति के समय राजपूताना में शायद ही कोई देशी रियासत होगी जिसने अंग्रेजों के प्रति वफादारी न निभाई हो। 1857 की परिस्थितियों में राजपूताना के राज्यों ने कभी नहीं चाहा कि अंग्रेजों का शासन समाप्त हो।

2. अधीनस्थ संघ काल 1858-1905 ई.–1857 की क्रांति के पश्चात अंग्रेज सरकार और रियासती रजवाड़ों, दोनों को समझ आया कि वे

* व्याख्याता (इतिहास) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर(राज.) भारत

एक दूसरे के लिये अपरिहार्य हैं। इस कारण अंग्रेजों और राजाओं का गठजोड़ अब एक नयी मजबूती को प्राप्त कर गया। अब देशी रियासतों को ब्रिटिश साम्राज्य के तरंगरोध के रूप में इस्तेमाल करना ब्रिटिश नीति बन गई। सर जॉन मैल्कम ने कहा था कि 'अगर हम समस्त भारत को ब्रिटिश साम्राज्य में मिला दें तो हमारा साम्राज्य 50 साल तक भी न चल सकेगा। किन्तु देशी रियासतों को बिना कोई राजनीतिक सत्ता दिये शाही उपकरणों के रूप में रखें तो हम भारत में तब तक के लिये रहेंगे। जब तक हमारी नौ सैनिक शक्ति बनी रहेगी।' 140 देशी राजाओं को सनद (अधिकार पत्र) दिये गये। तथा यह व्यवस्था की गई की राजगद्दी देशी राजाओं का अधिकार न होकर परमोच्च शक्ति से मिला हुआ उपहार होगी।[8] 1858 से पूर्व भारतीय रजवाडे क़म्पनी सरकार के साथ बराबरी का सम्बन्ध मानते थे किन्तु अब स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो गयी।1862 ई. में लार्ड केनिंग द्धारा आयोजित दरबार में 'परमोच्च सत्ता' और 'सामन्त' जैसे शब्दों का प्रयोग ब्रिटिश ताज द्धारा भारतीय राजाओं के साथ सम्बन्धों में योजनाबद्ध बदलाव का संकेत था। के.एम. पन्निकर का कथन है कि 'शन्तिपूर्ण ढंग से एक संवैधानिक क्रांति हुई जिससे ब्रिटिश सत्ता भारत में सार्वभौम बन गयी।' सन् 1858 ई. से लेकर ब्रिटिश राज की समाप्ति तक अंग्रेजों की नीति भारतीय नरेशों, जागीरदारों और प्रतिक्रियावादी तत्वों के संरक्षण की रही जिनका प्रयोग वह भारत के प्रगतिशील तत्वों के विरोध में करती रही। 20 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में भारतीय राजनीति में परिवर्तन आया। बहुत से ऐसे तथ्य उभर कर आये जिनके फलस्वरूप ब्रिटिश सरकार को भारतीय नरेशों के साथ अपनाई जा रही नीति पर पुन: विचार करने के लिए बाध्य होना पड़ा इसमें एक महत्वपूर्ण तथ्य था, भारत में राष्ट्रीय भावना का विकास। जब अंग्रेजी प्रभुसत्ता को चुनौती मिलने लगी तब उन्हें एक बार फिर देशी राजाओं की सहायता की आवश्यकता हुई। दूसरी तरफ परमोच्च सत्ता की शक्ति उतरोत्तर बढती जा रही थी जिससे देशी शासक चिंतित थे। वे परमोच्च शक्ति को व्याख्या चाहते थे और सन्धियों से प्राप्त अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिये आतुर थे।

3. अधीनस्थ सहयोग काल 1908-1947 ई.- कर्जन के पश्चात वायसराय लार्ड मिण्टों ने पद संभाला तब उसने देशी राज्यों के आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने तथा नरेशों पर अनुचित दबाव डालने को नीति का परित्याग कर दिया। 1909 ई. में उदयपुर यात्रा के समय लार्ड मिण्टो ने कहा कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सामान्यत: ब्रिटिश सरकार देशी राज्यों के विषय में अहस्तक्षेप की नीति अपनायेगी देशी राज्यों में नियुक्त पॉलिटिकल एजेन्टों के अधिकारों में शनै: शनै: कमी आने लगी थी। एक बार फिर देशी राज्यों का सहयोग प्राप्त करने के लिए समान हितो की बात कहकर ब्रिटिश सरकार ने देशी राज्यों के नरेशो को अपनी ओर आकर्षित करने की नीति निर्धारित की। ब्रिटिश सरकार ने इस काल में राजाओं को मजबूत बनाने के लिये देशी नरेशों का एक संघ बनाए जाने की आवश्यकता महसूस की जिसके द्धारा साम्राज्य परिषद का गठन किया गया इसके माध्यम से ब्रिटिश सत्ता यह प्रकट करना चाहती थी कि वह देशी रियासतों और भारतीयों को साम्राज्य से सम्बन्ध रखने वाले विषयों में सहकारी बनाने का अभिलाषी है।

8 फरवरी 1921 को नरेन्द्र मण्डल का उदघाटन किया गया। इसकी अध्यक्षता वायसराय करता था। इस संस्था के प्रथम चांसलर बीकानेर रियासत के महाराजा गंगासिंह थे। अब दोनों पक्ष यह अनुभव करने लगे थे कि उनके हित अधिकांशत: समान है। इस संस्था के माध्यम से देशी नरेश भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण पक्ष के रूप में प्रविष्ट हुए।[9] इस संस्था का मुख्य कार्य ब्रिटिश सरकार से परामर्श लेना तथा ब्रिटिश सरकार को परामर्श देना था किन्तु बाद में यह संस्था भारतीय राजाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में तथा ब्रिटिश नीति के सम्बन्ध में भी विचार विमर्श करने लगी। राजा रजवाड़े यदि चाहते तो इस संस्था का उपयोग अपने अधिकारों को मजबूत बनाने तथा रियासतों की जनता के लिये अनुकूल विधि बनाने में कर सकते थे किन्तु अधिकांश राजाओं को अपने आमोद-प्रमोद तथा विलासिता से ही अवकाश नहीं था। इस प्रकार 20 वीं शती में जब संवैधानिक सुधार आंदोलन का दौर चला तब देशी नरेशों का यह मण्डल गठित हुआ जिसकी प्रेरक ब्रिटिश सरकार थी। केन्द्रीय धारासभा, गोलमेज सम्मेलन या इस प्रकार के अन्य सम्मेलनों में प्रस्तुत प्रस्ताव एवं विधेयक नरेन्द्र मण्डल कि स्वीकृति के बिना संवैधानिक स्तर प्राप्त नहीं कर सकते थे। इस प्रकार यह नरेश मण्डल या देशी राज्यों का संघ अंग्रेज सरकार की सुरक्षा प्राचीर था जिसकी चिनाई बांटो और राज करों के चुना-गारे से हुई थी। अंग्रेजी सत्ता के साथ देशी नरेशों के संबंध का प्रश्न अभी तक पूरी तरह सुलझ नहीं सका था। इस सम्बन्ध में महाराजा गंगासिंह के चांसलर के रूप में किये गये प्रयास भी असफल ही रहे।

लार्ड रीडिंग ने हैदराबाद के निजाम को लिखा कि ब्रिटिश क्राउन की सर्वोच्चता के परिणामस्वरूप उसे देशी रियासतों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का भी अधिकार है। इस प्रकार के कुछ उदाहरणों के कारण देशी रजवाड़ों ने यह महसूस किया कि ब्रिटिश सरकार से उनके सम्बन्धों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना आवश्यक है क्योंकि आंग्ल भारत में प्रत्येक राजनीतिक परिवर्तन के साथ उनके सन्धियों से प्राप्त अधिकारों एवं विशेषाधिकारों का ह्रास होता जा रहा था। परिणामत: 26 दिसम्बर 1927 ई. को बटलर समिति की नियुक्ति की गई। देशी नरेशों ने ब्रिटेन के प्रसिद्ध तथा तत्कालीन विश्व के सबसे मंहगे वकील लेसली स्कॉट को बुलाया। उसने बटलर कमेटी के सम्मुख देशी राजाओं की तरफ से पैरवी की उसका मुख्य तर्क यही था कि परमोच्च सत्ताधारी शक्ति के अधिकार सीमित थे और भारत सरकार को देशी राज्यों के आन्तरिक मामलों में हर प्रकार से हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं था। किन्तु बटलर कमेटी ने सभी तर्को को नकारते हुए माना कि भारतीय राजा ब्रिटिश सता के साथ बराबरी का दावा नहीं कर सकते परमोच्चता सदैव के लिये परमोच्च है।[10] इस रिपोर्ट को देखकर देशी राजाओं में विशेष क्षोभ उत्पन्न हुआ तथा इसकी आलोचना की गई।

1929 तक आते-आते कांग्रेस पूर्ण स्वराज की मांग पर अड़ गई। इसका महाराजा गंगासिंह तथा देशी राजाओं ने जमकर विरोध किया। गंगासिंह यहॉं तक कह गये कि अंग्रेजी सम्बन्ध विच्छेद के बाद ब्रिटिश भारत और भारतीय राज्यों के मध्य घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित नहीं हो पाएंगे। ब्रिटिश सरकार द्धारा संघीय योजना को समर्थन दिये जाने का कारण ब्रिटिश भारत में खतरनाक प्रजातांत्रिक तत्वों के विकास के विरूद्ध संघर्ष करने के लिये विशुद्ध रूढ़िवाद को पनपाना था जबकि राजाओं ने सोचा कि वे ब्रिटिश नियंत्रण से मुक्त हो जायेगें। तथा उन पर संघ का बहुत ही कम नियंत्रण होगा।[11] 'राजाओं की उस समय की मन: स्थिति पर एस.के. बोस ने लिखा है' संभवत: ही किसी भी संघीय योजना में अपने निजी अधिकार और हितों की सुरक्षा के लिये राजा लोग उत्सुक रहते थे और आशवासन चाहते थे कि उनके निजी आंतरिक मामलो में कोई हस्तक्षेप न करें। देशी राजाओं ने अंग्रेज अफसरों की सहायता से हर उस योजना को विफल करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जिससे भारत को स्वतन्त्रता प्राप्त होती हो। 1946 की

कैबिनेट मिशन योजना में अंग्रेज सरकार ने फूट डालो की नीति को जारी रखते हुए देशी रियासतों पर ब्रिटिश परमोच्चता की समाप्ती की घोषणा कर दी। 3 जून 1947 को माउंटबेटन योजना में 15 अगस्त 1947 को भारत को सत्ता हस्तान्तरण की घोषणा की गई। इस घोषणा ने जहाँ देश विभाजन का आधार तैयार किया वहीं रियासतों के शासको में पृथकतावादी प्रवृति को भी बढ़ावा दिया। इस प्रकार देशी रजवाड़ो को अपनी वह सम्प्रभुत्ता पुन: प्राप्त हो गई जो 1819 में अधिनस्थ संधिया करने से समाप्त हो गई थी।

निष्कर्ष – ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सहायक संधियां स्वीकार करके लगभग 1819 ई. तक समस्त भारतीय देशी रियासतें अपनी प्रभुसता को खो चुकी थी देशी शासकों ने सुरक्षा की धुन में दासता को जाने-अनजाने में ही स्वीकार कर लिया। राजा रजवाडे अंग्रेजी सरकार की शक्ति को दुर्धर्ष व दुर्निवार्य समझकर अधीनता के आदी बन गये। 1819 ई. से लेकर 1947 ई. तक का देशी रियासतों और ब्रिटिश सरकार का यह राजनीतिक रिश्ता भारत में ब्रिटिश साम्राज्य को पोषित पल्लवित और सुरक्षित बनाता रहा। घरेलू अत्याचार और पारदेशिक आक्रमण से सुरक्षा भारतीय नरेशों के लिये महंगी पड़ी। उनको अपनी स्वतंत्रता राष्ट्रीय आचरण तथा जो कुछ मनुष्य को आदरणीय बनाता है, इत्यादि का बलिदान करना पड़ा। शासकों की बाहरी स्वतन्त्रता तो 1819 ई. में ही समाप्त हो गई थी पर आन्तरिक प्रशासन में ब्रिटिश अधिकारियों के हस्तक्षेप, ब्रिटिश समर्थक पदाधिकारियों और राजकुमारों को प्रोत्साहन देने की आंग्ल-नीति ने शासकों को भोग-विलास और आमोद प्रमोद के कार्यो में व्यस्त कर दिया। इस अवधि में अंग्रेज सरकार ने देशी रियासतों को ब्रिटिश साम्राज्य को बनाए रखने के यन्त्र के रूप में प्रयोग किया जिसके नकारात्मक परिणाम देशी रियासत और ब्रिटिश भारत दोनों की जनता को भोगने पड़े। ब्रिटिश संप्रभुता की छत्रछाया में देशी राजा आन्तरिक प्रशासन के प्रति भी पूरी तरह लापरवाह हो गये तथा उन्होंने राज्य में कुप्रशासन, अव्यवस्था अशिक्षा तथा अत्याचार की नीति को जारी रखने में ही अपना हित समझा। वही ये देशी रियासतें कदम-कदम पर अंग्रेज अफसरों के साथ मिलकर हर उस योजना को विफल बनाने का कार्य करती रहीं जो भारत की स्वतन्त्रता की ओर जाता था। चाहे वह अधीनस्थ सन्धि काल, संघ काल अथवा सहयोग काल हो, ये रियासतें परतन्त्रता और पराधीनता को अपनी नियती समझ कर ब्रिटिश साम्राज्य का खिलौना बनी रहीं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. के.एम.पन्नीकर :- एन इन्ट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ रिलेशन ऑफ इण्डियन स्टेट्स विथ द गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया पृ. 103 लंदन-1937
2. आर.पी.व्यास :- आधुनिक राजस्थान का वृहत इतिहास पृ. 285
3. मोहनलाल गुप्ता :- ब्रिटिश शासन में राजपूताना की रोचक एवं ऐतिहासिक घटनाएं पृ. 162 जोधपुर-2009
4. उर्मिला वालिया :- चेंजिग ब्रिटिश एटीट्यूडस टू वर्डस द इण्डियन स्टेट्स पृ. 28
5. ए.सी.बैनर्जी (सं) :- इण्डियन कॉस्टीट्यूशनल डॉक्यूमेंन्ट कलकता, 1961
6. सी.एन.वकील :- फाईनेनशियल डवलपमेंट इन मॉडर्न इण्डिया पृ. 199 मुम्बई 1939
7. सी.हीबर्ट :- द ग्रेट म्यूटनी इण्डिया 1857 पृ. 90, नेर्क, 1978
8. आर.एल.हाडा. :- हिस्ट्री ऑफ फ्रिडम स्ट्रगल इन प्रिंसली स्टेट्स पृ. 37 नई दिल्ली - 1968
9. उर्मिला फड़निस :- टूवर्डस द इन्टीग्रेशन ऑफ इण्डियन स्टेट्स 1919-1947 पृ. 27 बाम्बे-1968
10. रघुवीर सिंह :- इण्डियन स्टेट्स पृ. 80 बम्बई 1938
11. फिलिप्स एण्ड वेनराइट :- द पार्टीशन ऑफ इण्डिया पृ. 528 लंदन-1970

****

जनजातीय विकास के सांस्कृतिक आयाम

संदीप कुमार सिंह *

प्रस्तावना – जनजातीय विकास के सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को बनाये रखने में संस्कृति भी तेजी से प्रभावित हो रही है। इसमें आवागवन के संसाधनों आदि के द्वारा संचार साधनों की उपलब्धता के द्वारा इनके जीवन शैली को परिवर्तित करने में एक प्रकार से महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। इस प्रकार से जनजातीय समुदाय में उनकी अपनी संस्कृति और सामाजिक परिक्षेत्र के आधार सांस्कृतिक एकता और अखण्डता का परचम फहराया है। उसे संकल्पित करने में एक प्रकार की भूमिका अदा कर रहें हैं। उस प्रकार से जनजातीय विकास के आयाम को एक विशेष परिरक्षण की प्रक्रिया का विकास के समाधान का पारिवारिक परिवेश भी एक मददगार साबित होता है। उस प्रकार से शिक्षण संस्थाएँ उनके पारम्परिक परिवेश को बदलने में एक नये पर्यावरण का प्रत्यक्षदर्शी बनाती है। यहाँ तक जनजातीय समुदाय में उनकी अलग पहचान खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा आदि के लिए उनकी अपनी अलग संस्कृति है। यहाँ पर ऐसे परिवेश के आधार पर उनकी किया जाने वाले मदद वर ही जीवन की नवीन ज्योति जाग्रत होती है।

जनजातीय समाज पारम्परिक प्रथाओं के आधार पर स्वयं की विचारधारा और संस्कृति के आधार पर जीवन-यापन करते हैं। इस प्रकार के नवीन व्यवस्था के संचालन में पर्यावरणीय अधिकारों को आधार बनाया गया है। इस प्रकार के नये परिवेश में किया जाने वाली कार्य शैली का मूल रूप से इनकी अपनी परम्परा और संस्कृति है।

शोध प्रविधि – यह शोध पत्र जनजातीय विकास के सांस्कृतिक आयाम में प्राथमिक और द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं, ग्रामीण जनजातीय समुदाय के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से भी तथ्यों का संकलन किया गया है। यहाँ तक विद्धानों का भी मार्गदर्शन प्राप्त किया गया है। जो भी सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक विकास के आयाम में शासन की योजनाओं का भी विशेष योगदान रहा है। इस प्रकार से शोध प्रविधि में विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

समस्या – इस शोध पत्र की मुख्य समस्याएँ प्रकार से हैं –

1. जनजातीय समुदाय में सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने की शक्ति को प्रशासनिक रूप से सहायता की समस्या।
2. जनजातीय समुदाय में बलि प्रथा की समस्या।
3. जनजातीय समुदाय में आर्थिक विपन्नता की समस्या।
4. जनजातीय समुदाय में सामाजिक एकता की समस्या।
5. जनजातीय समुदाय में शिक्षा की कमी।

उद्देश्य – इन सभी सम्बन्धों के आधार पर जनजातीय समुदाय में सांस्कृतिक एकता और अखण्ड़ता में विश्वास करने की पवित्रता और उनमें जीवन जीने की कला का विकास एक बहुआयाम प्रस्तुत करता है। इस प्रकार की प्रणाली को विशेष रूपों में एकाग्रताशील होने के परिणाम स्वरूप सामाजिक जीवन पर्यावरणीय शैली में आधारित होता है। यहाँ तक कहा जाता है कि सांस्कृतिक एकता और अखण्ड़ता की पूर्णता पाई जाती है।

1. जनजातीय समुदाय के सांस्कृतिक पक्षों का अध्ययन करना।
2. जनजातीय समुदाय की परम्पराओं का अध्ययन करना।
3. जनजातीय समुदाय की ज्ञान परम्पराओं का अध्ययन करना।
4. सामाजिक जीवन और प्राकृतिक दृश्यों का सांस्कृतिक अध्ययन करना।

समाधान – भूगोल एक प्रकार से क्षेत्र वर्णनी विज्ञान के अन्तर्गत आता है जिसके अन्तर्गत पृथ्वी के क्षेत्र विशेष रूपों में पाये जाने वाले मानव एवं पर्यावरणीय तत्वों के पारस्परिक सम्बन्धों के रूप में अन्तर्क्रियाओं का अध्ययन किया जाना आवश्यक है। मनुष्य भौतिक एवं जैविक तत्वों के साथ-साथ क्रिया करते हुये न केवल अपने आजीविका के श्रोतों को ढूढ़ना भी तय किया गया है। यहाँ तक अपने आर्थिक-सामाजिक विकास को भी सुनिश्चित किया है। इस तरह से मानव विकास उसके एवं पर्यावरण सम्बन्धों की परिस्थिती होती है, जो जनजातीय विकास के एक आयाम को प्रस्तुत करता है। इस समय की आधार शिला को मूल रूप से परिवर्तन शील प्रवृत्ति वाली मानी जाती है।

सांस्कृतिक विकास हेतु संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन समुचित ढंग से न होने के कारण, इनका शोषण होता रहा है, जिससे सांस्कृतिक एकता और सोच में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस प्रकार से देश व समाज का विकास समाज के सभी लोगों के विकास को समुन्नत करने में हैं। अन्यथा वह एक पक्षीय होगा, व भेद-भाव बढ़ाने वाला कार्य होगा। प्रशासन की समय-समय पर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा आदि से समाज में एक क्रान्तिकारी कदम उठाया जा सकता है। इस प्रकार से जनजातियों की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही किया जाना अधिक उचित ही प्रतीत होता है। आज समाज इस दिशा की ओर बाधित हो रहा है। जो समुन्नत करने में तनिक भी संकोच नहीं कर रहा है।

मध्य प्रदेश के जनजातीय समुदाय की विपुल सांस्कृतिक परंपराओं के आधार पर उनके धार्मिक कृत्यों, उनके नृत्यों, गानों आदि के आधार पर उनके सामुदायिक देवी-देवताओं, पौराणिक गाथाओं को मानने की परम्परा, त्वचा के गोदनों और विद्या आदि में अभिव्यक्त होती रही है। उनके घरों को सौंदर्यशास्त्रीय रूप से एक सहज बोध प्रकट होता है। किसी भी त्यौहार आदि में प्रति वर्ष दीवारों पर लेप किए जाने की परम्परा विद्यमान है। उससे यह सिद्ध होता है आज इस समुदाय में उभरी हुई नक्काशीकारी, भित्त चित्र तथा चित्रकारियों को सजाये जाने की परम्परा विद्यमान है। इनका जीवन

* शोधार्थी (भूगोल) शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

सामग्री साधारण, घर में निर्मित होती रही है। रंगों को विभिन्न पौधों की पत्तियों तथा पुष्पों से चित्रकारी की जाती है। इस प्रकार से उन्हें फटे-पुराने कपड़ों और कपास आदि के द्वारा सजाया जाता है। इससे बनने वाले ब्रशों से पुताई की जाती है। इसमें नीम की टहनियों से बंधे होने के कारण आज भी यह कार्य शैली विद्यमान है।

जनजातीय समुदाय के किसी बच्चे का जन्म होता है तो उसे जनजातीय सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के अनुसार संस्कार किये जाते हैं। इस प्रकार से बच्चे को मक्के के ढेर पर लिटाया जाता है और चचेरी बहन उसे उठाती है। उस बच्चे को माता के पास तभी सौपा जाता है। जब तक उसे कुछ पुरस्कार या उपहार नहीं मिल जाता है। उपहार मिलने के बाद उसे तुरंत अन्न का स्पर्श करना शुभ माना जाता है। उसी तरह नवजात के कानों में हंसी की आवाज शुभ मानी जाती है। जनजातीय समुदाय में विवाह के भी अनेक प्रकार की विधियों से होता है। जो उन्हें जीवन साथी चुनने की आजादी पूर्णत: होती है। इस प्रकार से जनजातीय समुदाय में दुल्हन की कीमत लगाने की पद्धति विद्यमान है। जन्म तथा शादी-विवाह के समय बड़ों, बुजुर्गों, देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर और गीत गाए जाते हैं। प्रत्येक पर्व के दौरान जनजातीय गीत और गरबा नृत्य करते हैं तथा अपने गीतों के माध्यम से देवियों को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

जनजातीय समाज में किसी भी पर्व और त्यौहार के मौके पर गीत में कभी-कभी देवी उत्तार देती है कि वह नृत्य में शामिल नहीं हो रहीं क्योंकि उसका बच्चा रो रहा है। भील के देवी-देवता दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माने गये हैं।

जनजातीय समुदाय में मिट्टी की चित्रकारी एक धार्मिक रीति-रिवाज पर आधारित होती है। इसका अत्यधिक सम्मान किया जाता है। उन्हें कहानी कविता और गीतों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाता है। इस प्रकार से लोग हंसना या गाना और नृत्य आदि करके अपनी सांस्कृतिक एकता को बनाये रखते हैं।

जनजातीय समुदाय में जीवन से जुड़ा प्रत्येक पहलू भी चित्रित होते रहे हैं। इस प्रकार से सूर्य, चंद्र, वृक्ष, कीट, पशु, नदियां, मैदान, पौराणिक कथाएं और व्यक्ति, देवता देव बरमथ्य जिनके बारह सिर पाये जाते हैं। सभी जनजातीय समुदाय में लोग प्रकृति के निकट रहते हैं। इनकी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित होती है और जंगलों से प्राप्त होने वाले चारागाहों के माध्यम से अत्यधिक होता है। जब बारिश के समय में धान की रोपाई के समय गीत के माध्यम से रोपाई की जाती है। इस प्रकार से बुआई के मौसम से पूर्व हमेशा ही चिंता छा जाती है। जब मानसून नहीं आता है तो सैंकड़ों जनजातीय निर्माण-कार्य में श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं।

निष्कर्ष – जनजातीय समुदाय से बहुसंख्यक आदिवासी जन भी रहते है। इस प्रकार से जनजातीय संस्कृति सम्पन्न होती रही है। सभी जनजातियों की अपनी-अपनी जीवन पद्धति एवं परम्परा के आधार पर कार्य करने की विशालता पाई जाती है। कुछ विशिष्टताएँ है जिनके आधार पर जनजातियों की पहचान की जाती है। जनजातीयों की वन्य आधारित संस्कृति को बचाये रखने का सहयोग विशेष और स्मरणीय रहा है। जनजातिय संस्कृति मूल रूप से जीवन शैली, वन के उपयोगी और अलग पहचान रखती है। उनकी सारी कार्यपद्धति पूर्वजों के जमाने से चली आ रही है। जनजातियों की संस्कृति की अलग पहचान सामने आती है। जनजातीय संस्कृति का मुख्य अंग भी रहा होगा, जिससे पता चलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तवारी, डॉ. शिवकुमार (2005), मध्यप्रदेश की जनजातीय संस्कृति, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृष्ठ 10
2. श्रीवास्तव, लोकेश (2010), जनजातीय परिदृश्य, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, पृष्ठ 25
3. श्रीवास्तव, ए.आर.एन., (2000), जनजातीय विकास के पाँच दशक, ज्ञानदीन प्रकाशन, पटना, राँची, इलाहाबाद, पृष्ठ 18
4. दुबे, डॉ. एच.एन., (2003), भारत की प्रारम्भिक संस्कृतियाँ एवं सभ्यताएँ, शारदा प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ 55

****

जनजातीय वर्ग की सामाजिक विकास : एक भौगोलिक अध्ययन

संदीप कुमार सिंह *

प्रस्तावना - जनजातीय समाज में सामाजिक संगठन और उनकी अपनी परम्पराएँ है। उसी प्रकार से समाज में आने वाले वैचारिक चिन्तन का अपना महत्व है। उसके लिए उनकी परम्परा और विश्वास की भावना का जाग्रत होना भी भावी भविष्य की योजनाओं को तैयार करता है। किसी भी समाज का अपना अस्तित्व होता है। उसके अस्तितत्व के अन्तर्गत जीवन यापन करने की शक्ति भी निहित है। उसे समाज में एक स्थायुत्व का विकास सम्भव होना बताया जाता है। इस प्रकार से जनजातीय समाज की अपनी बोली भाषा और संस्कृति है। उनके नातेदारी आदि की अपनी परम्परा है। उसके अनुरूप वे कार्य करते हैं। समाज में उनका अपनी अलग पहचान और महत्व है। उसके स्वरूपों का अध्ययन करने के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्गो का एक जीवन शैली है। उनके अनुरूप ये अपने-आप को ढ़ालने की कोशिस करते हैं। यहाँ तक समाज और समाज की विविधता को भी एक प्रश्न चिन्ह नहीं लगाया जा सकता है। फिर भी इनकी परम्परा और सामाजिक विकास के दिशा में आधारित माना जाता है। जो लोग किसी विकास के लिए तात्पर्य होने की विचारधारा होने के रूप में सहयोग प्रदान करने के लिए तात्पर्य होता है।

इनके सामाजिक संगठन आदि के अन्तर्गत परिवार, वंश, भ्रातृ, गोत्र आदि में युग्म आदि के संगठन आदि की परम्पराएँ विद्यमान होती है। जनजातियों की सरल और सबसे सुन्दर प्रकृति का संगठन होना भी खानाबदोश जैसा जीवन रहा है। इस प्रकार से इनके सदस्य संख्या भी कम होती गई है।

इसके सभी सदस्यों में भोजन प्राप्ति के साधनों के लिए छोटी-छोटी टोलियों में अपना जीवन जीते हैं। इस प्रकार से इनका एक निश्चित भू-भाग में ही भ्रमण करते है। उसके साथ-साथ इन लोगों का कोई निश्चित निवास स्थान नहीं होता रहा है। आज यहाँ तो कल वहाँ निवास करते थें। इस प्रकार इनका भोजन था जंगलों में शिकार करना, जंगलों से प्राप्त होने वाले फलों-सब्जी, भेड़, बकरी आदि के दूध से अपने जीवन का पालन-पोषण करते हैं।

स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति में हमेशा संलग्न रहा करते थें। चादर, बिछौने पहनने के कपड़े, भोजन पकाने हेतु कम-कम से कम बर्तन और हथियार शिकार करने के लिए अपने पास रखते थें। यहाँ तक धनुष-बाड़, गुल्ला, तरकस, भाला, लाठी, चाकू आदि के द्वारा ये शिकार करते हैं। ये जहाँ भोजन आदि की सुविधा होती हैं। वहाँ ही ये ठहराव करते हैं। जहाँ इस प्रकार की सुविधा नहीं होती वहाँ ज्यादा दिन नहीं रूकते हैं। वहाँ से उठकर दूसरी जगह पलायन कर जाते हैं।

प्रकृतिक संकटों, महामारी की स्थिति में ये डटकर सामना करते हैं। यहाँ तक इनके पास जंगली जड़ी-बूटियों का ज्ञान परम्परिक ज्ञान पर आधारित है। उससे इनके जीवन में किसी भी प्रकार का जन हानि नहीं होती है। इनका चिन्तन हमेशा से आध्यात्मिक स्वयं के देवताओं के प्रति अत्यधिक प्रगाढ़ विश्वास होता है। देवताओं में बलि प्रथा विद्यमान है। इनका ऐसा मानना है कि यदि हम किसी देवता को बलि देते हैं। तो वे हमारी और हमारे परिवार की रक्षा करते हैं। ऐसी मान्यताएँ आज भी विद्यमान है।

इनके देवता, बड़ादेव, अगरिया, लोहरादेव, भैंसासुर, अग्गिमान, कालिका, वृक्ष आदि को भी देवता मानते हैं।

बलि में चढ़ाये जाने वाली सामाग्री - नारियल, बकरा, मूर्गा, अण्डा, चावल, नेबू, गेहूँ, लौग, लोहवान, नेबू आदि के द्वारा इनको चढ़ाये जाने की परम्परा विद्यमान है।

त्योंहार का देवताओं के लिए महत्व - दिवाली, होली, नवरात्रि, पर्व, उत्सव आदि में इन देवताओं का अवहान करते हैं। उनको अच्छे-अच्छे भोजन आदि से चढ़ावा चढ़ाते हैं। फिर भी उनकी इन परम्पराएँ आज भी उसी प्रकार से चल रही है।

इनके गीत - कोलदहका, दादर, लोकगीत, कजली, हिन्दुली, फाग, भगत, देवताओं की बैठकी में भगत गीत गाया जाता है। इस प्रकार से इनके गीतों में इनके जीवन के रंगों का दृश्य दिखाई देता है।

इनकी परम्परा मूल रूप से भारतीय संस्कृति की सबसे प्राचीन परम्पराओं में से एक है। जंगली देववताओं की पूजा-अर्चना आदि से अपने सामाजिक जीवन यापन करने की विधि को प्रोत्साहित करते हैं।

शोध प्रविधि - इस शोध पत्र में जनजातीय वर्ग की सामाजिक विकास : एक भौगोलिक अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीय शोध सामाग्री के द्वारा अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं आदि के द्वारा भी अध्ययन किया गया है। यहाँ तक ग्रामीण जनजातीय वर्ग के सदस्यों से इन परम्पराओं के सम्बन्ध में जानकारी हासिल की गई है। इस हेतु इनकी विचारधारा और परम्परा का पता चल पाया है। जो इस शोध पत्र में समाहित करते हुए विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

समस्या - जनजातीय वर्ग के विकास में आज अनेक प्रकार की समस्याएँ विद्यमान है।

1. जनजातीय विकास की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक कमजोरी रही है।
2. जनजातीय विकास की सबसे बड़ी सामाजिक समस्या शिक्षा रही है।
3. समाज में दहेज भी एक प्रकार की कुप्रथा रही है।
4. सामाजिक रूप से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार एक बड़ी समस्या है।
5. सरकार ने नये-नये कानून तो बना दिया है किन्तु उसे अमल में लाया नहीं जा रहा है। ऐसी स्थिति में सामाजिक वातावरण और दूषित हो रहा

* शोधार्थी (भूगोल) शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

है। आज आये दिन होने वाली हिंसा, दहेज प्रताड़ना, अन्य प्रकार की कुरीतियाँ सामाजिक विसंगति का सबसे बड़ा कारण बन रही हैं।

उद्देश्य – जनजातीय वर्ग के सामाजिक विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को उनके तक पहुँचाया जाना। जिससे उनके विकास का दिशा अधिक सार्थक साबित हो सकें। यहाँ तक समाज में अनेक प्रकार की विसंगति को सामाजिक स्तर पर निपटाने की कोशिश करना चाहिए। यहाँ तक समाज की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से करना।

1. सामाजिक विसंगतियों को दूर करने का प्रयास करना।
2. समाज में उत्पन्न होने वाली बुराईयों न्याय प्रक्रिया के द्वारा निदान करना।
3. जनजातीय समाज में शिक्षा की ओर प्रोत्साहन करना।
4. जनजातीय समाज में विकास के आयाम को योजनाओं से सीधे जोड़ना।
5. जनजातीय विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सहीं तरह से क्रियान्वयन करना।
6. समाज और सरकार के बीच समाज की विसंगतियों दूर करने में सहयोग की भवना पैदा करना।

समाधान – गिलिन एवं गिलिन के शब्दों में – 'स्थानीय आदिम समूहों के किसी भी संग्रह को जोकि एक सामान्य क्षेत्र में रहता हो, एक सामान्य भाषा बोलता हो और एक सामान्य संस्कृति का अनुसरण करता हो, एक जनजाति कहते हैं।'[1] डॉ. मजूमदार–'एक जनजाति परिवारों या परिवारों के समूह का संकलन होता है जिसका एक सामान्य नाम होता है, जिसके सदस्य एक निश्चित भू–भाग में रहते हैं, समान भाषा बोलते हैं और विवाह, व्यवसाय या उद्योग के विषय में निश्चित निषेधात्मक नियमों का पालन करते हैं और पारस्परिक कर्तव्यों की एक सुविकसित व्यवस्था को मानते हैं।'[2] एक जनजाति का सामाजिक विकास उसके गोत्र की अपेक्षा अधिक बड़ी होती है। यहाँ तक एक जनजाति के अनेक गोत्र पाये जाते हैं। उसकी सदस्य संख्या उसके गोत्र संख्या से अधिक मजबूत होती है। इस प्रकार से एक गोत्र दूसरों सभी जनजातीय सदस्यों के होते हैं।[3] इनका गोत्र एक पूर्वज के द्वारा निर्धारित होता हैं या उनके जन्म–जन्मांतर के लिए भी होता है। इसमें विशेष बात यह है कि एक जनजाति में उसका एक पूर्वज नहीं होता है।

गोत्र हमेशा से बहिर्विवाही होता है। उसके उपरान्त एक ही गोत्र के सदस्यों की अपनी गोत्र में वैवाहिक जीवन नहीं करते हैं।[4]

जनजातीय परम्परा में एक बात तो महत्वपूर्ण ही है कि वे दूसरे किसी जाति में विवाह नहीं करते हैं। उनकी अपनी परम्परा और सामाजिक व्यवस्था है।[5]

जनजाति एक निश्चित भू–भाग में ही निवास करते हैं। अर्थात् एक क्षेत्रीय भाषा और समूह होता है। एक गोत्र के सदस्य दूसरे गोत्र से ही विवाह करते हैं। उनका अपना क्षेत्रीय समूह होता है।

निष्कर्ष – जनजाति समाज में कुछ समानताएँ भी पाई जाती है। उन जनजातियों के के विषय में एक निश्चित क्षेत्र आदि की भी विशेषता रहती है। उनका भाषाई अनुभव एक परम्परा को जन्म देता है। इस प्रकार से जनजातीय समुदाय में विभिन्न प्रकार की विसंगतियाँ पाई जाती है और उनमें जाति मुख्यत: जन्म के आधार पर विकसित किया जाना एक निश्चित भू–भाग का आधार बनती है। एक जाति की अपनी निश्चित परम्परात्मक व्यवसाय होती है। उसी के आधार ये अपना जीवन यापन करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. एम.एल. गुप्ता एवं डी.डी. शर्मा, समाजशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, पृष्ठ 491
2. एम.एल. गुप्ता एवं डी.डी. शर्मा, समाजशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, पृष्ठ 490–491
3. देवेन्द्र बाबू राव, शेड्यूल कास्ट एण्ड ट्राइब्स सोसियो इकानामी, नई दिल्ली, 1999, पृष्ठ 35
4. डॉ. एम.एल. लवानिया एवं के शशि जैन, भारत में जनजातियों का समाजशास्त्र, रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर, 2007, पृष्ठ 56
5. डॉ. राजेन्द्र जैन, भीलों की संस्कृति, राधा पब्लिकेशन नई दिल्ली, 2008, पृष्ठ 15

****

पर्यावरण संरक्षण एवं मानवाधिकार

डॉ. हनुमान प्रसाद मीना *

प्रस्तावना – मानवाधिकार से तात्पर्य मानव अधिकारो से है। ये ऐसे अधिकार है जो प्रत्येक मनुष्य को जन्मत: मिले है। ये मनुष्य की प्रकृति में ही निहित है और किसी रीति–रिवाज, परम्परा, रूढि, कानून, राज्य शासक या किसी अन्यथा की देन नही है। मानवाधिकार पहले और राज्य या कानून जैसी चीजे बाद में है। पर्यावरण के विषय में भी मानवाधिकारो के विषय की ही तरह अन्तर्राष्ट्रीय जगत की चिंता द्वितीय महायुद्ध के बाद से देखने को मिलती है। मानव समाज का वायु, जल और भूमि पर प्राकृतिक अधिकार है। परन्तु पर्यावरण अवनयन की ये परिस्थितियाँ मानव को जीने का अधिकार की सीमा में पर्यावरण संरक्षण को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। मानवाधिकार का केन्द्र बिन्दु मनुष्य है तथा जीवन उसका मूलभूत अधिकार है जो पर्यावरणीय दशाओं और तत्वों की पारिस्थितकीय प्रबंधन पर आधारित है। परिस्थितकीय संतुलन सभी जीवधारियों के लिए अनिवार्य है। अत: जीवन का अधिकार पर्यावरण के संतुलन के अधिकार का स्वरूप ग्रहण कर लेता है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के आदेश मानवाधिकार के लिए एक प्रकार की भेंट है। संविधान की धारा 21 के अनुसार जीवन के अधिकार से आशय है स्वस्थ और उपयुक्त जीवन, जिसके लिए स्वच्छ पर्यावरण अनिवार्य है।मानव के अधिकार के साथ कर्त्तव्य भी सम्बद्ध है। कर्त्तव्य निर्वहन से अधिकारों की प्रासंगिकता पल्लवित होती है। अधिकार और कर्त्तव्य में राज्य और व्यक्तियों की भूमिका सारगर्भित होती है। जहां नागरिक अधिकार का सम्बद्ध देश विशेष की नागरिकता से है और वह कानून द्वारा संरक्षित है वही मानवाधिकार संपूर्ण विश्व के प्रत्येक मानव से संबंद्ध है। मानवाधिकार के मूल में मानवतावादी मूल्य है इसलिए मानवाधिकार विश्वव्यापी है और ये इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इनमें मानव को जन्म पूर्व से लेकर मृत्यु पश्चात अधिकार प्राप्त है।

मानवाधिकार में व्यक्ति के अधिकार और कल्याण की भावना समाहित है और अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इनमें व्यक्ति को देश की नागरिकता से बांधा नही गया है। मानवाधिकार में आकर्षक पहलू यह है कि इनमें व्यक्ति चाहे किसी भी राष्ट्र का हो यदि उसके मानवतावादी अधिकारों का हनन होता है तो उसे संरक्षण प्राप्त है। मानवाधिकार का मानवतावादी और विश्वव्यापी होने की बात को दृष्टिगत रखकर अध्ययन में ऐसे विषय को सम्मिलित करना समीचीन है जिसका विश्व के मानवों पर प्रभाव पड़ता है इस दृष्टि से पारिस्थितिकी असंतुलन अधिक महत्त्वपूर्ण है। पारिस्थितिकी असंतुलन वैश्विक समस्या है इससे संपूर्ण विश्व प्रभावित है। अध्ययन में मानव की चर्चा वैश्विक मानव को दृष्टिगत रखकर ही की गई है। प्रकृति में मानव का सम्बद्ध वन, वनस्पति और जीव–जंतुओं से भी है। पारिस्थितिकी असंतुलन और अन्य भीषण विपदाओं में मानव के संरक्षण के लिए मानवाधिकार है किंतु प्रकृति और जीव–जंतु विशेषकर वन, वनस्पति, औषधीय पौधे, वन्यजीव आदि जिनसे मानव का अस्तित्तव है। हांलाकि इनके संरक्षण के लिए सभी देश प्रयत्नशील है और इनके संरक्षण के लिए नीति और नियम बने हुए हैं किंतु इनकी महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए किये गये प्रयत्न थोड़े हैं। यही कारण है कि पृथ्वी से अनेक वन, वनस्पति, जीव–जंतु विलुप्त हो गये हैं या विलुप्त होने के कगार पर है। पारिस्थितिकी संतुलन के लिए आवश्यक है कि मानव संरक्षण के लिए बने मानवाधिकार की भांति वन, वनस्पति, जीव–जंतु ,वन्यजीव आदि के लिए भी अधिकार बने और मानव द्वारा उनकी पालना सुनिष्चित की जाए। अहिंसा के वैश्विक पुजारी महात्मा गांधी ने कहा था कि धरती मां में मानव की जरूरी आवश्यकता की पूर्ति की तो क्षमता है किंतु मानव के लालच की पूर्ति की नही। मानव ने क्षणिक स्वार्थो की पूर्ति के लिए भविष्य को भूलकर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करके स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है, परिणामस्वरूप आज पारिस्थितिकी असंतुलन विश्व की मुखर चुनौती बन गया है।

आज विश्व की जनसंख्या 7.50 अरब है। भारत की जनसंख्या 1.33 अरब को पार कर चुकी है। भारत में विश्व की कुल जनसंख्या का 17.65 प्रतिशत भाग जीवन बसर करता है जबकि विश्व के कुल भू–भाग में भारत का क्षेत्रफल 2.42 प्रतिशत ही है। भारत की जनसंख्या अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। इसलिए भविष्य में भी यहां पर्यावरणीय खतरा अधिक है। पर्यावरण को सुधारने में वनों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। भारत का 678333 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वन क्षेत्र है जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 20.64 प्रतिशत है जबकि 1952 की राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार भूमि का एक तिहाई भाग वनाच्छादित होना चाहिए। जनसंख्या वृद्धि का वनों के विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। देश के वनों का बहुत बड़ा भाग बढ़ती जनसंख्या के खाद्यान्न की मांग को पूरा करने के लिए कृषि भूमि में बदल गया है। भूमि उपयोग परिवर्तन यहां भी नही थमा। यह आगे चलकर बढ़ती आबादी को बसाने के लिए कृषि भूमि भी शहरीकरण की भेंट चढ़ती जा रही है। भारत विश्व के उन देशों में है जहां वन नीति 1894 से ही लागू है। यह अलग बात है कि इसके बावजूद वनों का अपेक्षित विकास नही हुआ है। वन नीति को 1952 और 1988 में संशोधित किया गया। संशोधित वन नीति 1988 का मुख्य आधार वनों की सुरक्षा, संरक्षण और विकास है। नई वन नीति में स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इसके अनुसार प्राकृतिक वन उद्योगों को उपलब्ध नही होंगे। किसी भी बड़े उद्योग को जो केवल वनों पर आश्रित होगा, प्रश्रय नही दिया जाएगा। विश्व की और भारत की इतनी बड़ी आबादी को न्यूनतम जीवन जीने की आवश्यकता मुहैया कराना मुश्किल हो गया है और मानवाधिकार चुनौतियों से घिर गये हैं। इनके पीछे बड़ा

* व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय ,सवाई माधोपुर (राज.) भारत

कारण एक ओर तीव्र गति से बढ़ती आबादी दूसरी ओर बिगड़ता पारिस्थितिकी संतुलन है। यदि पारिस्थितिकी संतुलन को बिगड़ने से नही रोका जाता है तो भविष्य में मानव अस्तित्व के लिए कठोर प्रयत्न करने होंगे और विश्व के लिए मानवाधिकारों की पालना जटिल होगी। विश्व आर्थिक विकास की दौड़ में पारिस्थितिकी असंतुलन की चपेट में है। आज खाद्यान्न संकट, उर्जा की कमी, आर्थिक मंदी आदि समस्याएं मुंह बाएं खड़ी है। इन सबका संबंध कमोबेष जलवायु परिवर्तन से भी है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण कई प्रकृतिजन्य संकट सामने खड़े हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने से ग्लेषियर पिघल रहे हैं, समुद्री जलस्तर बढ़ने से कई द्वीप विलुप्त हो चुके हैं एवं गंगा नदी प्रदूषित हो गई है। ओजोन परत में छेद हो जाने के कारण इसकी सूर्य की पराबैंगनी किरणों को रोकने की क्षमता घट रही है। पृथ्वी के तापमान के बढ़ने से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। पृथ्वी का क्षेत्रफल घट रहा है। बढ़ते प्रदूषण से पृथ्वी अतिप्रदूषित प्लास्टिक के कचरे के ढ़ेर में तेजी से बदलती जा रही है। दुनियां में प्रदूषण विविध रूपों में फैल चुका है। इनमें जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, सागर प्रदूषण, धातु प्रदूषण आदि मुख्य है। सभी शहरों में औद्योगीकरण और जनसंख्या के बढ़ने से प्रदूषण पांव पसार चुका है। कुल मिलाकर प्रकृति के निर्मम संहार के चलते उत्पन्न जलवायु परिवर्तन आज विश्व के समक्ष ज्वलंत और मुखर चुनौती बन गई है। विश्व में आर्थिक विकास की तीव्र दौड़ ने पर्यावरण को खतरनाक स्तर तक प्रदूषित कर दिया है। मौसम चाहे गर्मी हो या सर्दी उसका चक्र बदलने के साथ प्रकोप भी चरम पर पहुंचा है। अमरीका, कनाड़ा, चीन तथा भारत के हिमालयी क्षेत्र कड़ाके की ठंड की चपेट में थे। अमरीका और कनाड़ा में तापमान माइनस 50 डिग्री सेल्सियस के कारण बड़ा हिस्सा बर्फ से ढक गया। वहां झरने, नदी और झीलें जम गई। भारत में सर्दी में आमतौर पर खुशनुमा रहने वाले तटीय शहर मुंबई, कलकत्ता में जनवरी 2017 में सर्दी असहनीय हो गई। जबकि पिछली गर्मियों में ब्रिटेन, न्यूजीलैण्ड और कनाड़ा, अमरीका में तापमान ने उंचाइयों का पचास साल का रिकॉर्ड तौड़ दिया था। मानव चाहे कितनी ही प्रगति कर लें वह प्रकृति के सामने बौना है। प्रकृति मानव के प्रहारों को सीमा तक ही सहती है। मानव जब सीमा लांघता है तो प्रकृति अपना असली रूप दिखाती है। अकाल, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, आंधी, तूफान इन सबके लिए मानव जिम्मेदार है। गुजरात का भूकंप और सूनामी को लोग आज भी नही भूले हैं। प्रकृति ने म्यांमार में नरगिस से और चीन में भूकंप से मानव द्वारा प्रकृति से किये गये छेड़छाड़ का बदला लिया है। पर्यावरण की ये घटनाएं मानव के लिए खतरे का संकेत है। भारत के लिए पर्यावरणीय चुनौतियां ज्यादा है। राजस्थाान में तो अकाल कोबरा की भांति ढेने फैलाये पसरा रहता है। तापमान बढ़ता रहा तो धरती सूख जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर पृथ्वी के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो धरती का एक चौथाई हिस्सा काफी हद तक सूख जाएगा ऐसी स्थिति में सूखा और जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती है, अगर वैश्विक उश्मन को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक लिया गया तो वह धरती के कुछ हिस्सों में होने वाले ऐसे बदलावों को रोक सकेगा।

सभी देश पिछले कई वर्षो से कार्बन उत्सर्जन को घटाने के लिए प्रयत्नशील है किंतु इस दिषा में अभी अपेक्षित सफलता नही मिली है। जलवायु परिवर्तन को लेकर विश्व के देशों की चिंताएं बढ़ गई है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर क्योटो प्रोटोकॉल उल्लेखनीय है। विकसित देशों द्वारा 1997 में क्योटो में कार्बन उत्सर्जन में कटौती के वादे किये गये थे। चिंता की बात यह है कि अब विकसित देश क्योटो प्रोटोकॉल में बदलाव चाहते हैं। गौरतलब है क्योटो प्रोटोकॉल में संधि पर हस्ताक्षर करने वाले औद्योगिक देशों को वर्ष 2012 तक कार्बन उत्सर्जन में वर्ष 1990 की तुलना में सामूहिक रूप से औसतन 5.2 प्रतिशत कम करने का बाध्यकारी लक्ष्य दिया गया था। इस संधि में विकासशील देशों के लिए कटौती लक्ष्य निर्धारित नही किए गए थे। हालांकि स्वेच्छा से कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रयास करने पर वित्तीय व अन्य प्रोत्साहनों की व्यवस्था की गई थी। संभवत: भारत ने इसी बात को दृष्टिगत रखकर वर्ष 2020 तक कार्बन उत्सर्जन में 15 से 20 प्रतिशत कटौती की स्वेच्छा से घोषणा की। चीन ने भारत से पहले कार्बन उत्सर्जन कटौती की स्वैच्छिक घोषणा की। चीन को कार्बन उत्सर्जन कटौती की बाध्यता तो नही है किंतु वहां कार्बन उत्सर्जन की अधिकता के कारण इसमें कटौती आवश्यक है।जलवायु परिवर्तन पर चिंतन करने और इससे निपटने के लिए विश्व के देश 7-18 दिसंबर, 2009 में डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में इकट्ठा हुए। इस सम्मेलन में 192 देशों के लगभग 15,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कोपेनहेगन के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में 18 दिसंबर 2009 को अमरीका और बेसिक देशों (ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, भारत और चीन) की पहल पर गैर-बाध्यकारी राजनीतिक समझौता हुआ। इसमें कार्बन उत्सर्जन में बड़े पैमाने पर कटौती को आवश्यक बताया गया जिससे तापमान में वृद्धि को अधिकतक 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित किया जा सकें। इसमें विकसित देशों के लिए कटौती लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं तथा बड़े विकासशील देशों के लिए स्वैच्छिक प्रतिबद्धता का उल्लेख किया गया है। समझौते में कार्बन उत्सर्जन कटौती को कानूनी रूप से बाध्यकारी नही बनाया गया है, किंतु उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश कार्बन उत्सर्जन कटौती के प्रयासों पर स्वयं नजर रखेंगे। वे प्रत्येक दो वर्ष पर इसकी सूचना संयुक्त राष्ट्र को देंगे। कुछ अंतरराष्ट्रीय समूह इसकी जांच भी कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन पर भविष्य में कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता लागू किए जाने का प्रस्ताव है। विकसित देश विकासशील देशों को वर्ष 2020 तक प्रतिवर्ष 100 अरब डॉलर की राशि मुहैया कराते रहेंगे। विश्व में हथियारों की होड़ और रासायनिक उद्योगों ने ओजोन परत को भारी क्षति पहुंचाई दी है। विकसित देशों में नम्बर एक बनने की प्रतिस्पर्धा के दुष्परिणाम विश्व को भुगतने पड़ रहे है। भारी पारिस्थितिकी असंतुलन के बीच भी अमरीका ने पेरिस पर्यावरण समझौते से अलग होने की घोषणा कर दी। पर्यावरण पर ध्यान नही दिया गया और प्रदूषण मिटाने के साथ ही परमाणु हथियारों की दौड़ पर काबू नही रखा गया तो वह दिन दूर नही जब प्रकृति ही मानवता को खत्म कर दे। पारिस्थितिकी असंतुलन के कारण जब मानवता ही खत्म हो जाएगी तो मानवाधिकार किस मानवता का संरक्षण करेंगे। इसलिए वैश्विक प्राकृतिक संसाधनों के लिए मानवाधिकार की भांति प्रकृतिधिकार की दरकार है। विकसित देशों ने विश्व के प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन के बल पर विकास की गति लंबे समय तक बनाये रखी है। वर्तमान में उभरती अर्थव्यवस्थाओं को विकास की गति तीव्र करने के लिए और विकसित अवस्था को प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अधिक दोहन की आवश्यकता है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कार्बन उत्सर्जन में कटौती का प्रभाव विकास गति पर पड़ सकता है। इसलिए विकासशील देशों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकसित देशों पर कार्बन उत्सर्जन कटौती का दबाव बनाना चाहिए। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकते है। साथ में इन उभरती अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक विकास की गति को बढ़ाते समय जलवायु परिवर्तन पर सचेत रहने

की आवश्यकता है। वैश्विक उश्मन से धरती सूखने के कगार पर है। जल ही जीवन है। धरती के उत्तारोत्तार सूखने से धरती से जल घट रहा है और जल में पेयजल कम है। जल के लिए संघर्ष बढ़ने से जल जीवन के लिए संकट बनता जा रहा है। नदी जल बंटवारों को लेकर देशों में विवाद है और देश के राज्यों में भी नदी जल विवाद देखने को मिलते हैं। जल चूंकि जीवन है इसलिए मानव को जल मुहैया कराना मानव का अधिकार है। प्रकृति में जिसमें भी जीवन है उसके अस्तित्त्व के लिए जल आवश्यक है। मानव और जीव-जंतुओं के अलावा वनस्पति और वृक्षों में भी जीवन है इसलिए उन्हें भी मानव की भांति जल की आवश्यकता है, फिर वृक्ष तो मानव और जीवों को प्राण वायु (ऑक्सीजन) देते हैं और वृक्ष, वन, वनस्पति जितना गृहण करते हैं उससे कही अधिक वे वर्षा को आकर्षित करते हैं और जल संरक्षण का भी काम करते हैं। जल जीवन और वायु प्राण है। आज जल और वायु दोनों ही प्रदूषित है।मानव को पेयजल और प्राण वायु मुहैया कराना उसका अधिकार है। वर्तमान में जल जो लोगों को मुहैया है पहली बात तो वह लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में नही है और जितना भी जल लोगों के लिए है उसका बड़ा भाग दूषित है। राजस्थान में देश के कुल जल स्त्रोतों का लगभग एक प्रतिशत भाग है। यहां पेयजल में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आर्सेनिक लोहा, लवण की अधिकता है। दूषित जल का लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फ्लोराइड की अधिकता से हड्डी और दांतो पर प्रभाव पड़ता है। नाइट्रेट से कैंसर की आषंका बनी रहती है। लवण की अधिक मात्रा के शरीर में जाने से किड़नी पर असर पड़ता है। राजस्थान का प्रत्येक पांचवां व्यक्ति किसी न किसी तरह का दूषित पानी पीने को मजबूर है। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के अनुसार देश में सर्वाधिक दूषित पेयजल वाला राज्य राजस्थान को बताया गया है जबकि दूसरे नम्बर पर पश्चिम बंगाल है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत् राजस्थान को बड़ी राशि आवंटित की जाती है। औद्योगीकरण और कृषिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए धरती से जल का अविवेकपूर्ण दोहन किया जा रहा है। इससे भू-जल स्तर काफी गिर गया है। इसलिए जलाभाव की समस्या गंभीर हुई है। सभी देशों में बड़े शहर नदी किनारे बसे हुए है। शहर औद्योगीकरण की ओर अग्रसर है। विकसित शहर औद्योगीकृत है। औद्योगिक कचरा नदियों में गिरने से नदियों का जीवन खत्म होने लगता है। फैक्ट्रियों को हानिकारक कचरा नदी में फेंकना आसान होता है। पड़ौसी देश बांग्लादेश में चमड़ा उद्योग बूरीगंगा को प्रदूषित करने के बाद सावर क्षेत्र में स्थानांतरित हो गया है और वर्तमान में धलेश्वरी नदी को प्रदूषित कर रहा है। उद्योगों की गंदगी सेंट्रल एफ्ल्युएंट ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा पहले साफ होनी चाहिए। भारत में अनेक नदियां प्रदूषण की चपेट में है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार भारत में वर्तमान में 302 नदियां प्रदूषित है। इसमें राजस्थान की चंबल, बनास, कालीसिंध, पार्वती, घग्गर, छापी, जवाई और उजाड़ जैसी नदियां सम्मिलित है। प्रदूषण का मूल कारण औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले घातक केमिकल, अपशिष्ठ के साथ शहरों-गांवों का मलजल भी है। प्रदूषित इन नदियों के किनारे कोटा, भीलवाड़ा, टोंक, सवाईमाधोपुर, झालावाड़, सिरोही, हनुमानगढ़ समेत बीस शहर-कस्बें बसे हुए हैं। राजस्थान में सबसे अधिक प्रदूषित जल बनास नदी का है, जिसका पानी बीसलपुर बांध में जाता है। इसी जयपुर समेत कई शहरों के लाखों लोगों को पेयजल आपूर्ति होती है। नदियों में प्रदूषण के बढ़ने से लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना मुश्किल हो गया है। स्वच्छ पेयजल का अभाव मानवाधिकार की बड़ी चुनौती है। मानव संरक्षण के लिए मानवाधिकार है। मानवाधिकार का संबंध बाल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, श्रमिक कल्याण, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, कारावासी, दिव्यांगजन, विस्थापित, शिक्षा आदि से हैं। मानवाधिकार की रक्षा के लिए मानवाधिकार आयोग और न्यायपालिका भूमिका निभाती है और इसमें सरकारी तंत्र की भी भूमिका होती है। मानवाधिकारों की अनुपालना में गैर सरकारी संगठनों का भी योगदान होता है।

मानव संरक्षण के लिए तो मानवाधिकार है किंतु मानव का जिस पारिस्थितिकी संतुलन से अस्तित्तव है उसके लिए मानवाधिकार जैसे अधिकार का अभाव है। मानव के लिए मानवाधिकार में मानव के जन्म पूर्व से लेकर मानव मृत्यु पश्चात तक संरक्षण है और उनकी पालना के लिए प्रयत्न भी किये जाते हैं। मानव और मानव परिस्थितियां मानवाधिकार द्वारा संरक्षित है। जिस प्रकार मानव के लिए भ्रूण से अधिकार है जो क्यों नही जीवन रूपी जल के लिए धरती पर दोहन के लिए पहली कुल्हाड़ी से ही संरक्षण किया जाए। बरसात की उपर से टपकती बूंद को भी संरक्षण की आवश्यकता है। गंगा को उद्गम गंगौत्री और यमनौत्री से तथा अन्य नदियों को उद्गम से ही प्रदूषित रहित किये जाने की आवश्यकता है। मानव की भांति गौवंश, वन्यजीव समेत सभी जीवों को भी उनके भ्रूण से लेकर उनकी मृत्यु पश्चात भी संरक्षण के लिए अधिकारों की आवश्यकता है। परिंदें प्रकृति के उपहार है, इनसे प्रकृति अप्रतिम होती है। परिंदों की भांति-भांति की बोलियां मानव मन को आह्लादित करती है। आज बढ़ते प्रदूषण से परिंदों की संख्या घटती जा रही है। परिंदों की घटती संख्या के लिए मानव उत्तरदायी हे। व्यक्ति इस दिन घर छत पर पतंग के विकल्प रूप में पक्षियों को देंखे और परिंदों से भरे आकाश को निहारे। ऐसा होने से परिंदों का संरक्षण हो सकेगा। पर्व-त्यौहार सर्वस्व कल्याण के लिए है। भारत की संस्कृति में त्यौहारों पर पशु-पक्षियों की पूजा होती है किंतु अब मकर संक्रांति पर पतंगडोर से पक्षियों की भारी क्षति नजर आने लगी है।

जलवायु परिवर्तन के भवावह परिणामों से अनेक देश कांपने लगे हैं। पारिस्थितिकी असंतुलन को लेकर विश्व चिंतित है। पृथ्वी से अनेक प्रजातियां विलुप्त हो गई है। विश्व की तो दूर की बात राजस्थान में रेगिस्तानी जहाज उँट पर संकट के बादल है। उँटों की संख्या घट रही है। गिद्ध विलुप्त के कगार पर है। गौड़ावण थोड़े ही बचे हैं। अब सभी जगह पक्षियों की चहचहाहट कम सुनाई देने लगी है। विश्व के देश सामने मंडराते पारिस्थितिकी संकट का देख कार्बन उत्सर्जन को घटाने के लिए प्रयत्नशील है। वैश्विक पर्यावरण को बचाने के लिए सभी देशों को हरित पट्टिका का निर्माण, बंजर भूमि व खाली भूमि का विकास, जनसंख्या नियंत्रण, उर्जा संरक्षण, वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास का मानवपयोगी उपयोग आदि कदम उठाए जाने की आवयष्कता है। ग्रीन हाउस के प्रभाव को कम करने, तापमान में वृद्धि को रोकने और वनों के विनाश को रोकने के लिए वनीकरण को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एंयरकंडीशनर के प्रयोग को कम किया जाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में दूसरे देशों में किए गए शोध एवं अनुसंधान का लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों के अनुसार नरकुल या सरकंडे के पौधे अनेक प्रकार के औद्योगिक छीजन की सफाई करने में समर्थ है, जिसमें केवल तेल शोधन और तेल के लिए खोदे जा रहे कुंओं से निकला छीजन भी शामिल है। उत्तारी इग्लैण्ड की एक कंपनी ओसन्स एन्वायरमेंट लिमिटेड ने इस क्षेत्र में काम किया है। वहां समस्याग्रस्त क्षेत्रों में नरकुल के पौधे उगाने और उन तक छीजन, गंदा पानी ले जाने और साफ किये पानी से पर्यावरण के अनुकूल जलाशय बनाने का काम किया जा रहा है। भारत में भी जल प्रदूषण वाले

क्षेत्रों में नरकुल या सरकंडे के पौधे उगाकर प्रदूषण को कम करने का प्रयास किये जाने चाहिए। नरकुल का पौधा जल भराव वाली जमीनों में ही आसानी से उगता है। यह सदाबहार होता है। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। यदि समय रहते प्रदूषण को नियंत्रित नही किया गया तो वर्तमान पीढ़ी पर तो संकट के बादल मंडरा रहे हैं भावी पीढ़ी के लिए भी भयंकर संकट उत्पन्न हो जाएगा। इससे बचने के लिए आवश्यक है कि विश्व का प्रत्येक व्यक्ति वृक्षारोपण में योगदान दे। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति और प्रगति में सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है। प्रकृति और प्रगति में सामंजस्य से पारिस्थितिकी संतुलन संरक्षित रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, सविन्द्र : पर्यावरण भूगोल
2. वार्षिक वैज्ञानिक पत्रिका- 'जिज्ञासा'
3. गौतम विवेक, 'मानव जीवन और प्राकृतिक आपदाएँ'- गुंजन प्रकाशन- आजाद नगर दिल्ली
4. तिवाड़ी एन. के., 'पर्यावरण अध्ययन' आर.पी.एण्ड संस, आगरा
5. शुक्ला शशि, 'जनसंख्या तथा पर्यावरण' आर.पी.एण्ड संस, भोपाल
6. बेव साइट- ग्लोबल इनवारमेन्ट मोनिटरिंग सिस्सटम
7. भंडारी व मेहता - पर्यावरण अध्ययन।
8. सैनी, रामसिंह समकालीन परिप्रेक्ष्य में मानवाधिकारों के विविध आयाम, गगन दीप पब्लिकेशंस दिल्ली सं. 2007,
9. मिश्रा महेन्द्र कुमार - भारत में मानवाधिकार, आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स जयपुर सं. 2008
10. जोषी मोतीलाल - मानवाधिकार और शिक्षा, माया प्रकाशन मंदिर, जयपुर सं. 2004
11. बजवा, जी0एस0 - ह्यूमन राइट्स इन इण्डियॉ चेलेंजिंग, अनमोल प्रकाशन नई दिल्ली सं. 1995
12. सुब्रमण्यन, एस. - ह्यूमन राइट्स : इण्टरनेशनल चेलेंजिंग, मानस पब्लिकेशंस नई दिल्ली प्रा. लि. सं. 1995
13. शर्मा एण्ड कोठारी - आधुनिक विश्व का इतिहास

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Sustainable Development Through Extension Education

Hemant Mandloi*

Abstract - The issue of sustainable development is urgent to meet the needs of the present without compromising the ability of the future generation to meet their own needs.In our country where about seventy percent population lives in rural areas ,for attaining sustainability, it is very important that we focus on the developmental issues pertaining to rural India for which extension of knowledge to rural population is one of the primary requirement.Thus,for stepping towards sustainable development, Extension education is an important tool.Extension education is primarily for the training of people aimed at rural development. Its main objective is to bring necessary changes in the beliefs or views of people. Extension education is an educational process by which capabilities among people are developed to understand their problems and resources. It is utilized to make scientific methods available to the rural people, so that they can raise their agricultural production and their standard of living. Hence extension personnel need to focus on development of rural areas by helping rural people to adopt indigenous and appropriate technologies suitable for their conditions to generate employment and save environment.

Key words - Sustainable Development, Rural Development, Extension Education, Appropriate Technology, Environment.

Sustainable development - The issue of sustainable development is urgent. The sustainability is to ensure that development should meet the needs of the present without compromising the ability of the future generation to meet their own needs. It lays emphasis on equal standard of living to our future generations. Therefore, sustainable development is that which not only generates economic growth but also distributes its benefits equitably; that generates the environment rather than destroying it; that empowers people rather than marginalizing them.

Sustainable development for rural India - In our country where about 70% population lives in rural areas, for attaining sustainability, it is very important that we focus on the developmental issues pertaining to rural India. There are several aspects of modern technology that become anti-environment in an effort to maximize production. Thus, future development efforts should aim at –

1. Organizing communities for community development
2. Development of self-help groups
3. Strengthening village panchayats
4. Encouraging cooperative agriculture and non-agriculture production and distribution through local market system
5. Water shade management
6. Minimizing use of water in irrigation of crops
7. Minimizing use of chemicals in agriculture
8. Environment friendly cropping pattern
9. Use of appropriate technology suitable for Indian conditions

These issues if taken care will surely help in development of rural areas without interfering with our environment. The proper training programme on production and mechanisation can uplift the development process which may be sustainable.

Extension Education – Tool for rural development - The main aim of extension education is community development, which is possible only by bringing change in the behaviour complex of rural people. Extension education place major role in desirable change in rural people.

According to websters dictionary, the term “extension means branch of a university who cannot attend the university properly”. In other words, the word extension is used in the context which signifies and out of school system of education.

The philosophy of extension education encourages a person to bring about his own development and that of society through his own leadership and motivation by following scientific approach and democratic ways. It further states that the interest of the community should not suffer because of personal interest. In other words, philosophy of extension education considers development and progress of individual as a foundation for the development and prosperity of the family, society, and the country.

The term extension education was first used in a customary way in USA. Afterword’s, it was used by many countries. Extension education as a subject is used in various fields, such as Agriculture, Animal husbandry, Dairy, Veterinary, Health and Home Science, Industry, Cooperative

*Research Scholar, Shri Atal Bihari Vajpayee Govt Arts and Commerce College, Indore (M.P.) INDIA

and Forestry. Now extension education is included int the syllabus of graduate and post graduate courses related to above fields. However with its should be included in the discipline so that students studying Engineering, Management, Computer Application, Medical Science or any other professional course can learn to extend the practical knowledge related to their subject to those for whom it is useful and who are not able to enrol themselves in that subject, even if it is of their interest due to various reasons.

The need of the extension education is continuous because in reality it is seen that what was applicable in the past is obsolete in present & likewise it can be said that techniques and methods prevalent at present cannot be applied in future. The nature of problem is changing day by day, therefore, in order to scientifically tackle new problems, it is necessary that there should be such institution, which should act as a bridge between scientist and common people, it should introduce new techniques to the people and address the problem of people to the scientists .

Research Centre<->Extension personnel<->Problems of people.

Thus, an institution, which mediates between people and scientist, is called "Extension system". The people working in this institution are called Extension personnel".

There are other very important reasons also for introducing Extension education in curriculum as if a person is very knowledgeable of various methods and techniques but does not know how to explain them or express them, then his knowledge has no meaning. Therefore, The power to express knowledge and viewpoint also plays a crucial role.

Extension personnel should not only be aware of objectives and programs but should also be aware of prevalent conditions, problems, requirements, and circumstances. After analysing the situation, the Extension personal should give information and scientific techniques, so that the people according to their needs and requirements can adopt them. Therefore, the study of Extension education is necessary for students of various disciplines so that they can encourage the adoption of new techniques especially in rural area for its development.

Thus, for stepping towards Sustainable development, Extension personal need to focus on development of rural areas by helping rural people to adopt indigenous and appropriate technologies suitable for their condition to generate employment and save environment.

References :-

1. Agrawal,G.D.(2001), "An environment -Friendly development strategy in India",Chapter in the book Sustainable development:Vision and option, B.S. Sharma and brothers,Agra.
2. Singh, R.C. (2001), "Sustainable development: Agenda for 21st century", Chapter in the book Sustainable development: Vision and option, B.S. Sharma and brothers.
3. Singh,K.K.(2001), "Alternative approaches for Sustainable development", Chapter in the book Sustainable development: Vision and option, B.S. Sharma and brothers.
4. Shrivastava, Rajiv (2001), "Sustainable rural development: The role of mechanisation", Chapter in the book Sustainable development: Vision and option, B.S. Sharma and brothers.
5. Basu,Ramit (2001), "Appropriate technology and rural development", Chapter in the book Sustainable development: Vision and option, B.S. Sharma and brothers.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

इंटरनेट और हिन्दी भाषा का विकास

प्रो. रफी मोहम्मद शेख*

प्रस्तावना – एक-दूसरे से बात करने, समझने और विचारों को पहुंचाने के लिए सम्प्रेषण मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। इस सम्प्रेषण का आवश्यक अंग है भाषा। इंटरनेट, मीडिया और खासकर इलेक्ट्रानिक मीडिया ने सम्प्रेषण के आधुनिक स्वरूप के विकास में अपनी महती भूमिका अदा की है। मीडिया के ग्लोबल प्रसार ने सूचना को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही हमारी अपनी हिन्दी भाषा अपने विभिन्न वैविध्य विकसित कर रही है। भाषा सदा गतिशील होती है और इंटरनेट व आधुनिक जनसंचार ने उसे और अधिक गति प्रदान की है। नई-नई जरूरतों के अनुरूप शब्द वाक्य और अभिव्यक्ति चुनने तथा वाक्य की विधियों को भी विकसित किया जा रहा है। इससे हिन्दी भाषा, व्यापक जनमत का निर्माण करने वाली भाषा बन रही है क्योंकि उसकी पैठ बड़ी जनसंख्या तक है। इंटरनेट और मीडिया की मजबूरी है कि वह इतनी व्यापक पैठ वाली भाषा की उपेक्षा नहीं कर सकता है। इसलिए चाहे विकास के कार्यक्रम हों अथवा जन शिक्षण के चाहे समाचार पत्र-पत्रिकाएं विज्ञापन हों या समाचार चाहे मनोरंजन हो या इतिहास-मीडिया को सरल अर्थपूर्ण और विषयवस्तु की प्रवृत्ति के अनुकूल भाषा की तलाश रहती है। हिन्दी ने व्यवहार क्षेत्र की इस बहुविविध व्यापकता के अनुरूप अपने को ढालकर अपनी भाषिक संचार क्षमता का विकास बहुत तेजी से कर दिया है। यही कारण है कि आज अन्तर्राष्ट्रीय चौनलों, वेबसाइट और वेब पोर्टल्स में हिन्दी फैशन से लेकर विज्ञान और वाणिज्य तक सब प्रकार के आधुनिक संदर्भो को बखूबी व्यक्त कर रही है।

इंटरनेट और भाषा – पिछले कुछ वर्षो में विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में कई बड़े परिवर्तन हमारे साक्षी बने हैं। पिछले कुछ सालों से विश्व में चारों ओर इंटरनेट क्रान्ति चल रही है, जिसका कारण इंटरनेट युग का प्रारम्भ होना है। जापान और अमेरिका जैसे देश अपनी विकासशीलता के कारण पहले से ही औद्योगिक समाज को इंटरनेट समाज में बदल चुके हैं। हिन्दी भाषा भी आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से प्रभावित हुई है। हमारी भाषा हिन्दी अब देश की सीमाओं को लांघकर विश्वस्तरीय हो गई है। मानसिक स्वतंत्रता के लिए जरूरी है कि हम हमारी बोली जाने वाली भाषा यानि हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाएं। इसके लिए हमें अंग्रेजी का सहारा छोड़ना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी में प्रसारण संचार रेडियो, टेलीविजन, दूरभाष, वीडियो, माइक्रोफोन, रिसिविंग सेन्टर, विज्ञापन, कम्प्यूटर इंटरनेट आदि आते हैं। हमारे दैनिक जीवन में पत्र – पत्रिकाओ का बड़ा महत्व है क्योंकि इन्हीं के माध्यम से हमें अनके सामाजिक-राजनीतिक आर्थिक और सांस्कृतिक आदि सभी प्रकार की सूचनाओ को प्राप्त किया जा सकता है। वही वेबसाइट और पोर्टल आज की आवश्यकता बना गए है, जो डिजिटल माध्यम से हमें अपनी समझ, विचार और पसंद वाली सामग्री तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

इंटरनेट तकनीक का किसी एक विशेष धर्म जाति या देश से संबंध नहीं है। यह तकनीक विश्वव्यापी है अर्थात् विश्व का कोई भी व्यक्ति इस तकनीक का लाभ अपने संदर्भ में उठा सकता है। इंटरनेट संचार प्रणाली का सबसे दिलचस्प पहलू है। इसकी सभी देश, जाति, धर्म एवं सीमाओं के बंधन से परे होकर पूरी दुनिया में पहुंच के कारण किसी भी देश की छोटी से छोटी कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता के आधार पर पूरी दुनिया में छा सकती है। विभिन्न उत्पादों के साथ उसकी विशेषताओं को ब्यौरेवार प्रस्तुति इंटरनेट की प्रमुख विशेषता है। इन उत्पादों को अब इंटरनेट माध्यम पर हिन्दी भाषा माध्यम द्वारा भी बेचा या खरीदा जा रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा माध्यम का प्रचार और प्रसार इंटरनेट के द्वारा हो रहा है।

आज सामाजिक पारिवारिक आर्थिक और परिस्थितिक जिन्दगी से जुड़े हर पहलू का व्यवसायीकरण हो रहा है। इसमें उसका साथ दे रही नवीनतम तकनीक व उसे अपनाने की होड़ की वजह से इस दौर में अनेक कार्य कम्प्यूटर द्वारा ही किये जा रहे हैं। आज हर आविष्कार कम्प्यूटर तकनीक पर आश्रित हैं। ऐसे में आम आदमी से संवाद करने की मजबूरी वास्तव में मार्केट जगत में आम आदमी को भी अपने लाभ का साधन बनाने की ललक है, जिसने व्यापार जगत में भारतीय भाषाओं के प्रयोग की आवश्यकता का आभास कराया है। हिन्दी के सर्वागीण विकास की उज्ज्वल निर्मल धारा सूचना के माध्यम से प्रवाहित की जा सकती है। हिन्दी भाषा को समस्त क्षेत्रों अद्यतन ज्ञान के पठन-पाठन को सम्भाषण-सम्प्रेषण का सशक्त माध्यम बनाया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी में निर्मित तकनीकी शब्दावली का प्रचार करने के साथ ही तकनीक अनुदेशों से लेकर विधि तक की भाषा और अन्य कार्यो के रूप में हिन्दी का उपयोग कर वातावरण हिन्दीमय बनाया जा सकता है। इंटरनेट की शिक्षा भारत जैसे विकासशील देश में अत्यन्त उपयोगी है।

सूचना प्रौद्योगिकी की भागीदारी तभी फलवती हो सकती है जब इसे स्वतंत्र होकर काम करने का अवसर मिलेगा। रेल, बैंक के परिचालन, पुस्तकालय आदि में हिन्दी अनुवादों को गति देना होगी। कम्प्यूटर कई भाषाओं का एक स्थान पर संकुल समाधान है। इंटरनेट की मदद से भारत की प्रमुख भाषाओं को प्रत्येक मात्र कुछ ही दिन में सीखा जा सकता है। हिन्दी में सूचनाओं को शत-प्रतिशत लाने हेतु कम्प्यूटर का भाषिक प्रयोग जानना जरूरी है।

भारतीय जनता को आज सरकार और बाजार दोनों पर दबाव बनाना होगा कि सारे ज्ञान – विज्ञान और साहित्य को यथाशीघ्र हिन्दी में उपलब्ध कराया जाये। आज हिन्दी और भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद में जो सॉफ्टवेयर उपलब्ध है, उन्हें और भी विकसित करके मुक्त रूप से इंटरनेट पर

*सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर विभाग) पमब गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे इंटरनेट, इलेक्ट्रोनिक मीडिया और कम्प्यूटर पर हिन्दी का प्रयोग बढ़ेगा। विश्व भाषा के रूप में हिन्दी तभी जीवित रहेंगी जबकि वह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों का सामना कर सकेगी।

आज जरूरत हिन्दी के व्यापक उपभोग वर्ग को ध्यान में रखते हुए हिन्दी के डाटाबेस विकसित किये जाएं, हिन्दी वेबसाइट पर विभिन्न विषयों के शब्दकोष और विश्वकोष उपलब्ध हों, वैज्ञानिक चौनलों के साथ – साथ आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चौनल भी हिन्दी में और भारतीयता को उभारने के दृष्टिकोण से स्थापित किया जाए।

इंटरनेट और हिन्दी भाषा का प्रसार – इंटरनेट इस युग का जनसंचार अस्त्र बनकर उभर रहा है। एक रूप में इस माध्यम ने सभी जनसंचार माध्यमों को भारी चुनौती दे दी है। यह माध्यम आकाशवाणी और दूरदर्शन का उन्नत संस्करण है। इसने सभी प्रकार के जनसंचार माध्यमों को अपने स्वरूप में समेटते हुए उपभोक्ता वर्ग के सामने एक ऐसा विकल्प प्रस्तुत किया है कि जो बहुत ही महत्तवपूर्ण और अद्भुत है। इस माध्यम पर सूचनाओं को हम अपनी सुविधा के अनुसार देख, पढ़ और सुन सकते हैं। इस माध्यम पर सूचना एवं जनसंचार प्रौद्योगिकी का एक ऐसा विशाल भंडार उपलब्ध है जिसका उपयोग कोई भी उपभोक्ता कहीं भी और किसी भी रूप में कर सकता है। पहले समस्त प्रकार के जनसंचार माध्यम केवल सूचना प्रदाता के रूप में सामने रहते थे लेकिन इस माध्यम ने सूचना संवाहक की सुविधा को भी संभव बना दिया है अर्थात् हम इस माध्यम से वैश्विक संदर्भ में सूचना लेने का कार्य तो कर सकते हैं साथ ही साथ सूचना प्रेषित करने का उपक्रम भी कर सकते हैं।

इंटरनेट वैश्विक पहुंच रखने वाला जनसंचार माध्यम है। इस पर प्रयुक्त होने वाली भाषा को विश्व के सभी लोगों द्वारा देखा और पढ़ा जाना संभव है। वर्तमान संदर्भ में हिन्दी न केवल इंटरनेट पर बल्कि वैश्विक समुदाय तक पहुंच चुकी है। इस दृष्टि से हिन्दी भाषा का प्रसार विश्वस्तरीय हो चुका है। आरंभ में हिन्दी प्रचार–प्रसार में इंटरनेट की भूमिका को लेकर बहुत सारे भ्रम और भ्रॉंतियां थी। हिन्दी को इस माध्यम की अनुपयोगी क्षमता के रूप में रेखाकित करने के तमाम प्रपंच भी लगातार किए जाते रहे। लेकिन यह वास्तव में पूर्ण रूप से दुष्प्रचार ही रहा है जिसका वास्तविक स्थिति से कोई लेना–देना नहीं था। इंटरनेट पर हिन्दी की वर्तमान स्थिति इस बात की पुष्टि करती है। इंटरनेट अपने आप में सूचना एवं जनसंचार का एक प्रभावी संजाल है जो संपूर्ण वैश्विक व्यवस्था को एक साथ एक रूप में उपलब्ध रहने की स्थिति में रहता है। यह इसका सबसे महत्तवपूर्ण प्रभावी पक्ष है।

इंटरनेट पर अधिकांश वेब पोर्टल और वेबसाइट अंग्रेजी माध्यम में हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हिन्दी वेब पोर्टल या वेबसाइट हैं ही नहीं। इंटरनेट पर हिन्दी वेबसाइटों की भी कोई कमी नहीं है। दिन–प्रतिदिन हिन्दी की इन वेबसाइटों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इन हिन्दी वेबसाइटों की बढ़ोतरी यह इंगित करती है कि वैश्विक स्तर पर हिन्दी को जानने वालों की संख्या काफी है। हिन्दी वेबसाइटों की संख्या एवं इन वेबसाइटों का बढ़ता उपयोग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता का बड़ा संकेत है। यह परिवर्तन भाषा को विस्तार प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है जिससे अधिकांश लोगों के बीच हिन्दी पहुंच रही है। इंटरनेट की हिन्दी में कई प्रयोग भी किए गए हैं। इसमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आकर्षित कर सकने वाली अंग्रेजी एवं अन्य भाषा के शब्दों का चयन किया गया है। इस प्रयोग को राष्ट्रीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार भी किया गया है। इस प्रकार हिन्दी का यह विकसित रूप हिन्दी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में अन्य भाषाओं के मुकाबले विशेष स्थान प्राप्त कराने में मदद कर रहा है।

आज इंटरनेट माध्यम पर हिन्दी कार्यक्रमों की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है। इस पर हिन्दी सूचनाएं एवं मनोरंजन कार्यक्रम तो मुख्य हैं ही, साथ ही साथ हिन्दी समाचार एवं हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं को देखा और पढ़ा जा सकता है। इसके अतिरिक्त रेडियो और दूरदर्शन के हिन्दी कार्यक्रमों को भी इंटरनेट वेब पोर्टल और वेबसाइट पर देखा और सुना जा सकता है। यदि किसी कारणवश आकाशवाणी और दूरदर्शन के सीधे प्रसारित हिन्दी कार्यक्रम हम नहीं सुन या देख पाते हैं तो अपनी अनुकूलता के अनुसार इन हिन्दी कार्यक्रमों को इंटरनेट माध्यम पर सुन या देख सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि इंटरनेट हमारे लिए हमारी इच्छानुसार उचित समय पर किसी भी रूप में इच्छित जानकारी प्रदान कर सकता है। ज्ञान–विज्ञान से जुड़ी संस्थाओं के कार्यक्रम भी इस माध्यम पर उपलब्ध रहते हैं। जो लोग सीधे रूप में इन संस्थाओं से नहीं जुड़ पाते वे लोग इंटरनेट की सहायता से संबंधित संस्था की वेबसाइट या ब्लॉग आदि पर जाकर वांछित कार्यक्रमों का लाभ ले सकते हैं। अतः इंटरनेट माध्यम बहुउपयोगी संदर्भों वाला सिद्ध हो रहा है। इस पर रखी गई हिन्दी वेबसाइट हिन्दी भाषा को वैश्विक परिदृश्य में प्रचारित करने का महत्तवपूर्ण कार्य कर रही हैं।

जनसंचार के इस माध्यम पर आज हिन्दी में असीमित सम्भावनाएं बन चुकी हैं। इन्हें साक्षात् हम देख भी रहे हैं। आज किसी भी विषय से संबंधित कोई भी जानकारी संबंधित व्यक्ति इंटरनेट माध्यम द्वारा प्राप्त कर सकता है। स्त्री–पुरूष, बच्चे–बूढ़े सभी के लिए यह माध्यम सूचना का भंडार साबित हो रहा है। हिन्दी की बढ़ती वेबसाइट इस ओर संकेत कर रही हैं कि वैश्विक स्तर पर इनकी कितनी मांग है। इसके अनुरूप हिन्दी भाषा वैश्विक परिदृश्य में अपना प्रसार कर रही है।

इंटरनेट पर आधुनिक संदर्भ में कई तकनीकों का विकास हुआ है। इन तकनीकों का सीधा लाभ वैश्विक प्रचार में हिन्दी को हो रहा है। ई–कॉमर्स इसकी एक प्रमुख तकनीक है। ई–कॉमर्स भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए विशेष महत्तवपूर्ण तकनीक है। आज संपूर्ण विश्व के औद्योगिक घरानों की दृष्टि से एशिया के बाजार पर है। एशिया में भी भारत विशेष रूप से उनका पसंदीदा खरीददार और लाभप्रद देश है। इस दृष्टि से उत्पादक वर्ग द्वारा एशियाई संदर्भ में अपनी व्यापारिक नीति का निर्माण करना उनकी मजबूरी बन गई है। एशिया और भारत के संदर्भ में यदि व्यापार करना है तो भाषा के रूप में उन्हें हिन्दी को ही प्राथमिकता देनी होगी तो ही उनका व्यापार वैश्विक पृष्ठभूमि वाला हो सकेगा। इसलिए ई–कॉमर्स के माध्यम से खरीदारी करने के लिए हिन्दी भाषा इंटरनेट पर विशेष महत्तव रखती है। इंटरनेट पर खरीददारी करने का अत्यन्त सुलभ माध्यम है क्रेडिट कार्ड। इंटरनेट पर उपलब्ध इन सभी सुविधाओं में हिन्दी का प्रयोग संभव है और बहुत बड़े वर्ग द्वारा यह प्रयोग किया भी जा रहा है। भारतीय भाषाओं में कम्प्यूटर तकनीक के क्षेत्र में हो रहे तीव्रगामी विकास के कारण आज जटिल से जटिल कम्प्यूटर संबंधी कार्यों में हिन्दी का व्यापक प्रयोग हो रहा है। इस प्रकार इंटरनेट की विविध तकनीकी सुविधाएं हिन्दी भाषा को वैश्विक संदर्भ में प्रचारित कर रही हैं।

इंटरनेट सूचना प्राप्ति का प्रधान माध्यम है। इस माध्यम पर हर पल कुछ न कुछ नया आता है और पुराना हटता चला जाता है। विश्व का वह हर नागरिक जो तकनीक और इंटरनेट का जानकार है वह लगातार अपनी जानकारी को नवीनता प्रदान करने का प्रयत्न करता रहता है। यह जानकारी

फिर किसी भी भाषा माध्यम द्धारा प्राप्त होती हो। पहले तो वह उपभोक्ता सूचना प्राप्ति के लिए अपनी मातृभाषा का सहारा लेता है पर यदि उसे वह सूचना अपनी मातृभाषा में प्राप्त नहीं होती तो वह अन्य भाषा का सहारा लेता है। अन्य भाषा के रूप में संपूर्ण विश्व समुदाय हिन्दी भाषा की ओर ताकता हुआ दिखाई देता है। इस प्रकार सूचना प्राप्ति के लिए मातृभाषा के अतिरिक्त हिन्दी भाषा इंटरनेट माध्यम पर लोकप्रिय होती जा रही है। इंटरनेट के महत्व के बारे में जितना लिखा जाए उतना कम है। इस माध्यम ने सूचना प्रसार में जैसी क्रांति पैदा की है वैसा कोई दूसरा उदाहरण इतिहास में नहीं मिलता। लोगों के हिन्दी के प्रति लगाव और इंटरनेट पर इसके विकास के लिए कटिबद्ध होने को देखकर यह विश्वास से कहा जा सकता है कि हिन्दी जल्दी ही इंटरनेट पर वो ऊंचा स्थान प्राप्त कर लेगी जिसकी यह भाषा अधिकारी है। इससे वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा का प्रचार होगा।

निष्कर्ष – इंटरनेट माध्यम ने हिन्दी को वैश्विक आबादी के घरों तक कम्प्यूटर के स्क्रीन पर एक पहचान बनाने में उल्लेखनीय कार्य किया है। इससे हिन्दी प्रसार के नये मार्ग निर्मित हो रहे हैं। इंटरनेट आज कम्प्यूटर स्क्रीन से होते हुए लेपटॉप, पामटॉप और मोबाइल स्क्रीन पर सिमट कर रह गया है। आज इंटरनेट के हिन्दी कार्यक्रमों का लाभ वैश्विक समुदाय निरंतर अपनी उपयोगिता के संदर्भ में ले रहा है। हिन्दी के इंटरनेट कार्यक्रमों के द्धारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय एक–दूसरे के निकट आ गए हैं। इन सभी संदर्भों को देखते हुए निर्विवाद रूप से सिद्ध होता है कि इंटरनेट माध्यम ने हिन्दी को विश्वपटल पर भाषिक पहचान दिलाने में महत्तवपूर्ण भूमिका का निर्वाह प्रभावी रूप से किया है। मोबाइल कम्प्यूटिंग और इंटरनेट ने हिन्दी को तेज एवं प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने में मदद की है। जैसे–जैसे मोबाइल उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, वैसे–वैसे हिन्दी का प्रभाव भी बढ़ता जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा ,वि. (2011) 'आधुनिक पत्रकारिता प्रभाव एवं कार्य' जयपुरः इशिका पब्लिकेशन हाउस।
2. जोशी, श., एवं जोशी,शि (2012), वेब पत्रकारिता नया मीडिया नए रूझान. नई दिल्ली: राधाकृष्ण प्रकाशन प्राइवेट लिमटेड।
3. शक्ला , र. (2012) 'सूचना प्रौद्योगिकी और समाचार पत्र (इंटरनेट के प्रभावों पर एक अध्ययन–विशेष संदर्भ हिंदी समाचार पत्र)' नई दिल्ली , राधाकृष्ण प्रकाशन।
4. Andrew Kohul ;2010), 'Americans spending more time following the news', The Pew Research Center.
5. Allan Mazur ;2006), 'Risk Perception and News Coverage across Nations', Risk Managementt, 8: 149 174.
6. कुमार सु. (2007) इंटरनेट पत्रकारिता, नई दिल्ली तक्षशिला प्रकाशन
7. https://www.hindikunj.com/2017/08/internet-hindi-sahitya.html
8. https://www.hindikunj.com/2017/08/internet-hindi-sahitya.html

****

Concepts of Human Rights

Mr. Bijay Kumar Yadav* Dr. Gurpreet Singh**

Introduction - Human rights are those rights to which an individual is entitled by virtue of his status as a human being. While civil, political and social-economic rights are dependent on an individual's status as a citizen of a particular state; his human rights are not determined by this condition. Thus the scope of human rights is very wide. Rights give expression to how all humans participate fully in civil society, defining the idealized norms against which a society may be measured. As expressions of the civic values that operate within any society, rights derive from the marriage of religious, philosophical, and legal principles that address social justice in the context of worldwide struggles to combat oppression and inequity; they do so out of an underlying, deep-rooted respect for human life, dignity, and diversity.

Rights cannot be thought of in isolation from each other. They are part of an integrated vision of what it means to participate in diverse human experiences. These run from the most basic interaction with the environment to the ways in which people live day-to-day to catastrophic events like war, genocide, or pandemics. Rights affect local and intimate human relationships and the global relations that govern the ways human capital and energy are exchanged, manipulated, and exploited.

Human rights constitute the very source of all rights of human beings. They embody the scheme of ideal rights. They provide for moral foundation of any system of rights. In a way they are akin to the concept of justice. As the idea of justice determines the principles on which law should be based, so the idea of human rights sets the standards on which all other rights should be based. Moreover, when ordinary rights are reinterpreted in the light of human rights, they enter the ever- expanding domain of human welfare. Liberal theory of rights as expounded by John Loke (1632-1704) focuses on rights of individual against the state.

Although Locke makes a distinction between society and state and sees no serious conflict between individual and society, his theory of rights to 'life, liberty and property'. If the state fails in this duty, individuals can ral right to 'life, liberty and property'. If the state fails in this duty, individual can resist it. If it still fails, they can dissolve it. In fact Locke does not make a distinction between state and government. That is why society will not disintegrate with the dissolution of state or government. In short, liberal theory of rights treats individual as the end and state as the means.

Human being is born with certain natural rights. Those rights basic to humanity are termed as 'Human Rights'. Broadly speaking they may include right to life, liberty, property and security of an individual. Social scientists from time immemorial have argued in favour of giving these rights to human beings.

The problem of human rights emerged as a matter of serious concern for the whole world after the Second World War (1939-45). During Nuremberg Trials (1946) some German Nazis were tried for 'crimes against humanity' apart from war crimes. The most barbarous and inhuman atrocities committed by the accused on the Jews of their country were termed 'crimes against humanity'. This action was based on the assumption that 'human rights' are valid by themselves; these are above the law of any nation; violation of these rights would be treated as 'crime against humanity'.

Since the General Assembly of the United Nations proclaimed its Universal Declaration of Human Rights on 10 December 1948, the concept of human rights has become one of the most potent in contemporary politics. In historical perspective, this fact is astonishing. A concept not long ago discredited has made a remarkable revival, and a concept widely perceived as Western has become global. The period from the French Revolution to the Second World War was the dark age of the concept of human rights.

Universal Declaration of Human Rights - This declaration contains 30 articles, apart from its Preamble. Its Preamble states that the recognition of the inherent dignity and equality of all human beings and their inalienable rights is the foundation of freedom, justice and peace in the world. Disregard and contempt for human rights have resulted in barbarous acts which have outraged the conscience of mankind. The advent of a world in which human beings shall enjoy freedom of speech and belief in freedom from fear and want is the highest aspiration of the common people. If man is not to be compelled to have recourse, as

*Research Scholar (Law) Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA
** Research Supervisor (Law) Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

a last resort, to rebellion against tyranny and oppression, it is essential that human rights should be protected by the rule of law.

In order to promote the development of friendly relations between nations the United Nations Charter had reaffirmed the faith of the members in fundamental human rights, in the dignity and worth of the human person and in the equal rights of men and women. it had determined to promote social progress and universal respect for observance of human rights and fundamental freedoms.

The present declaration gives prominence to civil and political rights of human beings and legal protection thereof. Then it pays due importance to their social-economic rights. In order to strengthen the foundation of these rights it also highlights individual's duties toward the community.

Articles 1 and 2 focus on rational nature of all human beings and reaffirm faith in their dignity, freedom, equality and fraternity. They rule out any discrimination between them on grounds of race, colour, sex, language, religion, political or other opinion, national or social origin, property, birth or other type of status.

Articles 3 and 4 provide for everyone's right to life, liberty and security of person; prohibition of slavery, slave trade and servitude. Article 5 rules out torture, cruel, inhuman or degrading treatment or punishment to any person.

Article 6 to 11 provide for equality before the law, equal protection against any discrimination, legal remedy, freedom from arbitrary arrest, detention or exile, and adherence to fair legal procedure in case a person is accused.

Article 12 rules out arbitrary interference with an individual's privacy, family, home or correspondence, and attacks upon his honor and reputation.

Article 13 and 14 provide for the right to freedom of movement and residence and the right to seek asylum from persecution in other countries.

Article 15 provides for the right to a nationality; Article 16 for the right to marry and found a family with the free and full consent of the intending spouses; and Article 17 for the right to own property.

Article 18, 19 and 20 provide for the right to freedom of thought, conscience and religion; the right to freedom of opinion and expression; and the right to freedom of peaceful assembly and association.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Analysis of the Second Question Paper of Education Subject of UGC-NET on the Basis of Certain Selected Criteria

Sandesh Acharya*

Abstract - The study aimed at an analysis of UGC-NET second question paper of Education subject on the basis of content coverage and type of question. Last five years' UGC-NET question papers (2012 to 2017) and prescribed syllabi of Education subject for second question paper were collected from the UGC website. Every question was screened on the basis of content/area/unit of prescribed syllabus and types of question also. Proformas were developed for Question Paper Analysis. These were used to find out the percentage weightage and average number of items on the basis of content coverage and types of question. Average numbers of items with percentage weightage were calculated on the basis of content coverage and level of cognitive objective it covered. The data were analyzed by weightage and Mean. The results of study were: (1) The Methodology of Educational Research has maximum weightage i.e. 28.2%, while Philosophical Foundation of Education has lowest weightage i.e. 22%. Other two areas which are related to Sociology and Psychology have 23.6% and 26.2% weightage respectively in the second question paper of subject Education. (2) The Understanding level questions weightage was 38.8% and Knowledge level question weightage was 49.2%, respectively. While Application level questions' weightage was only 12% in second question paper of subject education of UGC-NET.
Key Words - Question Paper, Measurement & Evaluation & UGC-NET.

Introduction - Examination is a process of assessing or measuring anything. The term examination is derived from a Latin word, examen, which means the point of a balance. In the field of education it means systematic test of knowledge and skill of the leaner, examination is an integral part of every educational system. It was in vogue in china three thousand years ago.

The word 'evaluation' has a different meaning for different people. It is often confused with the term 'measurement'. Therefore many times teachers who give a test to the students say that they are evaluating the achievement of the students. Gronlund (1965) defines evaluation were following manner:

Evaluation=Quantitative description of pupil (measurement) + Value Judgment

Evaluation=Qualitative description of pupil (non-measurement) + Value Judgment

U.G.C.'s Policy and Programme for Improvement of Research in the Universities Report (1984) felt the need for National Test for admission to research. According to this report it is essential to carefully select those who would be awarded Fellowships for undertaking research in the University system, through National Examination or test. In the absence of such a test, it has been found that a number of scholars, not suitably equipped for undertaking research, get admitted into the system, and there after need prolongation of the period required for research and produce work of a quality which often leaves much to be desired.

Rationale of the Study - Malhotra, Bedi & Tulsi (1990) found that the question papers did not fully cover the prescribed content and did not seem to be appropriate in terms of instruction, equal weightage, language of questions, etc. Mukherjee (1991) concluded that the difference between the boys group and the total group and for that matter, for each of the other groups with the total group were not significant at any level of confidence. Omirin (2006) found that the contribution of blind guessing to test was not directly related to the discrimination and difficulty indices. Torke, Asha & Ramnarayan (2006) concluded that the multiple true-false items are not boosting student's performance in written examinations. Chandrasekhar (2007) found that the question paper in English did not contain any unseen reading comprehension. The question paper is largely knowledge based. Only the map questions in History and Geography test the skill. Bandyopadhyay (2003) found that the role of Research Fellowships and demand of JRF/SRF. Patil (2005) focused a need of CSR/ UGC NET Examination. Mungekar (2009) recommended that NET should be retained as compulsory requirement for appointment of lecturer for both under graduate and post graduate level, irrespective of candidate possessing M.Phil. or Ph.D. degree. Inderpal, Saini and Luthra (2011)

*Assitant Professor, Arihant College, Indore (M.P.) INDIA

explore the demographic variations in basic science education across the country on the basis of the CSIR-UGC National Eligibility Test (NET). A brief resume of the studies conducted so far reveals that there has been no research on analysis of the second question paper of Education subject of UGC-NET. Thus, the area deserves research efforts.

Objectives - The objectives of study were.

1. To evaluate the second question paper of education subject of UGC-NET for last five years on the basis of content coverage.
2. To evaluate the second question paper of education subject UGC-NET for last five years on the basis of type of questions.

Methodology - The two criteria were fixed by the researcher for analysis of the UGC-NET question papers. The first criterion was content coverage and the second one was the level of questions. Mainly three levels were defined for it namely-Knowledge Level, Understanding Level and Application level. Analysis and Evaluation level questions merged in understanding level. Similarly, synthesis level questions merge into application level. Last five years' UGC-NET question papers and prescribed syllabi of question paper II were collected from the UGC website. Every question was screened on the basis of content/area/unit of prescribed syllabus and types of question also. Proformas were developed for Question Paper Analysis. It was used to find out the weightage (%) and average number of items on the basis of content coverage and types of question. Average numbers of items with percentage weightage were calculated on the basis of level of questions. The details of selected question papers analyzed are: June-2012, December-2012, June-2013, December-2013, June-2014, December-2014, June-2015, December-2015, June-2016 & January-2017. The data were analyzed by Percentage weightage and Mean.

Results and Interpretation - The first objective of the study was to evaluate the second question paper of education subject of UGC-NET for last 5 years on the basis of content coverage. The analysis of the question paper has been done by the researcher with the help of developed question paper analysis proforma.

Area and Weightage wise Summary of UGC-NET Question Paper-II

The average number of items with weightage of percentage for UGC-NET Question Paper-II: Education is given in following table.

Table:1 - Area and Weightage wise Summary of UGC-NET Question Paper-II: Education

Area / Content / Unit	Average Number of Items	Percentage Weightage
Philosophical Foundation of Education	11	22
Sociological Foundation of Education	11.8	23.6
Psychological Foundation of Education	13.1	26.2
Methodology of Educational Research	14.1	28.2
Total	50	100

It is evident from table 1 that Methodology of Educational Research has maximum weightage i.e. 28.2%, while Philosophical Foundation of Education has lowest weightage i.e. 22%. Other two areas which are related to Sociology and Psychology have 23.6% and 26.2% weightage respectively. Thus at super facial level, all four area's percentage weightage is almost equally distributed. None of the area possesses weightage less than 22% and more than about 28.2% in the second question paper of education subject of UGC-NET.

Level of Question and Weightage wise Summary of UGC-NET Question Paper-II

The second objective of the study was to evaluate the second question paper of education subject UGC-NET for last 5 years on the basis of type of questions. The analysis of question paper has been done by the researcher with the help of developed question paper analysis proforma.

Table: 2 (see in next page)

It is clear from table 2 that Understanding level questions weightage was 38.8% and Knowledge level question weightage was 49.2%, respectively. While Application level questions' weightage was only 12% in second question paper of subject education of UGC-NET.

Findings and Discussions - The findings of study were: (1) The Methodology of Educational Research has maximum weightage i.e. 28.2%, while Philosophical Foundation of Education has lowest weightage i.e. 22%. Other two areas which are related to Sociology and Psychology have 23.6% and 26.2% weightage respectively in the second question paper of subject Education. The reason behind this finding may be that NET examination has two type of output, one is JRF and another is Lectureship. For JRF, knowledge of Educational Research is the must. On the other hand it is essential for lecturer also to know about the Methodology of Educational Research, so that it may be helpful in teaching higher classes at Post Graduation level. There is not much difference between the weightage percentage of Sociological and Psychological Foundation of Education. The Philosophical Foundation of Education has lowest weightage. The reason behind this finding may be the trend of research in this area is disappointing. It is found from Educational Survey, Research Journal and Reports that less number of researches were conducted related to this Philosophical and Sociological aspects of Education. (2) The Understanding level questions weightage was 38.8% and Knowledge level question weightage was 49.2%, respectively. While Application level questions' weightage was only 12% in second question paper of subject education of UGC-NET. Application level question weightages are quite low in the paper. The reason for this finding may be

that the writing question related to Application level is difficult as compared to the other two levels. Application level questions are mostly related to the Practical & skill work which is not possible to assess in multiple choice type items easily.

References :-

1. Bandyopadhyay, M.: Quality Control of Doctoral Research: Role of Research Fellowships, University News 41 (29), JULY 21-27, 2003.
2. Buch, M.B. (ed.): Fifth Survey of Research in Education, National Council of Educational Research and Training, New Delhi, 1988-92.
3. Chandrasekhar, K.: A Critical Analysis of Class X English and Social Science Question Papers Indian Educational Review Volume 43, Number 2, pp 36-47, July 2007.
4. Gronlund, N.E. & Linn, R.L.: Measurement and Evaluation in Teaching (VIth Ed.), Macmillan USA, 1989
5. Inderpal, Saini, A.K., & Luthra, R.: Demographic variations in basic science education in India: A Case Study of CSIR–UGC National Eligibility Test, Current Science, Vol. 101, No. 5, 10 September 2011.
6. Mungekar, B.: Report of the Review Committee on National Eligibility Test of University Grants Commission, MHRD, Department of Higher Education, Government of India, New Delhi, 2007.
7. Patil, R. : The need for NET Exams, Current Science, Vol. 89, No. 7, 10 October 2005.
8. Omirin, M.S.: Difficulty and Discriminating Indices of Three-Multiple Choice Tests using the Confidence Scoring Procedure, Educational Research and Review, Vol. 1(2) pp. 014-017 January, 2007.
9. Torke, S., Asha, K. and Ramnarayan, K.: Impact of Multiple True–False Questions on Student Performance in Written Examinations, Indian Educational Review Vol.42, No.2,pp.71-80, 2006.
10. Tyler, R.W.: Educational Evaluation, Kluwer Academic Publishers, Boston, 1989.
11. http://www.ugc.ac.in

Table: 2-Level of Questions wise, Weightage Distribution in UGC-NET Paper-II : Education

Level of Question						Total	
Knowledge		Understanding		Application			
Average Number of Items	Percentage Weightage	Average Number of Items	Percentage Weightage	Average Number of Items	Percentage Weightage	Number of Items	Percentage Weightage
24.6	49.2	19.4	38.8	6	12	50	100

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

हिन्दी-उर्दू विवाद और परिणाम!

डॉ. रचना बिमल*

प्रस्तावना - भारत विविधताओं का देश है जहाँ प्रकृति के साथ-साथ भाषायी विविधता प्राचीनकाल से ही मिलती आई है। किसी देश या क्षेत्र के निवासियों के विकास में शिक्षा और शासन दो संस्थाओं का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। ये दोनों ही विविधता को एक्यता में बदल अलग-अलग क्षेत्रों को 'राष्ट्र' के रूप में एकीकृत करती है। प्राचीन भारतीय शासन से लेकर विदेशी आक्रमणकारियों के शासनकाल तक 'संस्कृत' भाषा ने ज्ञान (शिक्षा) और शासन की भाषा बनकर, भारत वर्ष में यह भूमिका निभाई थी। मुस्लिम आक्रमणकारियों के साथ भारतीय जनमानस का परिचय फारसी, अरबी जैसी भाषाओं के साथ हुआ तो साम्राज्यवादी ब्रिटिश शासन ने अंग्रेजी भाषा को हिन्दुस्तानियों पर लाद दिया। विशिष्ट तथ्य यह है कि मुस्लिम शासक हिन्दुस्तान को अंग्रेजों की भाँति लूटकर अपने देश वापस नहीं गए बल्कि यहीं के बाशिंदे बन गए। धीरे-धीरे उन्होंने अरबी-फारसी और बहुसंख्यक जनमानस की भाषा के मेल से उर्दू जैसी भाषा को जन्म दिया।

मुगलों को पराजित कर अंग्रेजों ने जब शासन की बागडोर सम्भाली तो 'अंग्रेजी' राज-काज की भाषा बन गई लेकिन अदालती काम-काज की भाषा हिन्दी (जो देश में बहुसंख्यकों की भाषा थी) या उर्दू (जो सत्ताच्युत किए गए मुसलमानों की भाषा थी) में से किसे चुना जाए? यह प्रश्न उभर कर सामने आया। हिन्दी-उर्दू के इसी झगड़े से भाषायी झगड़ों के ऐसे बीज विकसित हुए जिनकी विषैली फसल आज तक लहरा रही है। इस विवाद और हिन्दी-उर्दू भाषाओं के जन्म की कहानी जानने के लिए हमें इतिहास के पृष्ठों को पढ़ना होगा। हिन्दी जिसे गाँधी और उनकी विचारधारा के लोग हिन्दुस्तानी कहते हैं, उत्तर भारत की जनता की महान परम्पराओं में से एक है।

कबीर ने 'भाषा को बहता नीर' कहा है। भाषायी नीर-धारा का उद्गम किसी 'विशेष स्थलीय ग्लेश्यिर' और 'समय' से नहीं होता। यह किसी मानव समूह की सदियों में संचित होने वाली वह पूंजी है, जिसमें देश, काल, परिस्थिति का त्रिकोण महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भाषा की पहचान किसी क्षेत्र (देश), उसके काल (इतिहास और समकालीनता) और परिस्थिति (सामाजिक संरचनाओं) पर निर्भर करती है। भारतीय समाज में धर्म महत्त्वपूर्ण सामाजिक संरचना है, जिसका गहरा प्रभाव रहा है। सामंतशाही के दीर्घ कालखंड में खेती-बाड़ी और यातायात के साधनों के अपरिवर्तित रहने से आम जन के जीवन में सदियों तक विशिष्ट बदलाव नहीं आया। उसका देश के सूदुर भागों से ही नहीं निकटस्थ 100-200 किलोमीटर के दायरे मे भीं आवागमन बहुत कम था लेकिन मध्यकालीन निर्गुण सन्त, योगी, परिव्राजक, साधु पूरे देश में भ्रमण करते रहते थे। उनके धार्मिक केन्द्र समस्त उत्तर भारत में थे लेकिन रामभक्ति शाखा और कृष्ण भक्ति शाखा के भक्तों के समान उनका कोई सम्प्रदाय नहीं था। अत: वे किसी सम्प्रदाय की विशिष्ट कर्मकाण्डीय शब्दावली से भी बँधे नहीं थे। उनकी भाषा में खड़ी बोली की प्रधानता थी तो क्षेत्रीय बोलियों के शब्दों के साथ-साथ फारसी के शब्द भी घुले-मिले थे। फारस के साथ भारत के अत्यन्त प्राचीन सम्बन्ध रहे हैं। इस्वी काल के प्रारम्भ में जब शक और अन्य अप्रवासी जनजातियाँ यहाँ आईं तो वे वहाँ से शब्दावली भी लाईं। अजंता की एक गुफा में चित्रित भारतीय राजदरबार के दृष्य में एक फारसी राजदूत भी चित्रित है जो भारत और फारस के सम्बन्धों को दर्शाता है। आगे चलकर एक समय ऐसा भी आया जब अविभाजित पंजाब फारस के अधीन हो गया और फारसी शब्द, शासकीय पदाधिकारियों, व्यापारियों, सूफी संतो के द्वारा उत्तर भारत में प्रचलित होने लगे। हिन्दू संतो के समान ये सूफी संत भी घुमक्कड़ थे और इन्होंने नई भाषा 'उर्दू' के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करी। डॉ. मोहम्मद हसन के अनुसार- 'इस कार्य में सहायता करने वाले बिखरे हुए मुस्लिम फकीर थे जो दूर-दूर के चक्कर लगाते थे और प्रेम और सर्वबन्धुत्व का संदेश देते थे। ये फकीर साधारणतया विद्यमान भाषाओं के व्याकरण के ढाँचे और वाक्य-रचना को ग्रहण कर लेते थे तथा अरबी और फारसी के शब्दों का व्यवहार करते थे, जिसने आगे चलकर दूसरी भाषा और लिपि का रूप धारण कर लिया।'[1]

उर्दू का जन्म खड़ी बोली में कुछ फारसी, अरबी शब्द जुड़ जाने मात्र से नहीं हुआ बल्कि यह मुगलकाल में मुस्लिम शासकों, उनके आश्रितों, अनुयायियों की कृत्रिम भाषा के रूप में पैदा हुई थी। सुविख्यात मार्क्सवादी विचारक सैय्यद सज्जाद जहीर ने अपनी पुस्तक 'उर्दू हिन्दी और हिन्दुस्तानी' में विस्तार से स्पष्ट किया है किस प्रकार 'उर्दू' मुसलमानों के राजनीतिक और सांस्कृतिक प्रभाव से जन्मी और विकसित हुई है। उर्दू भाषा के दोनों नाम 'रेखता' और 'उर्दू' महत्त्वपूर्ण तथ्य की ओर संकेत करते हैं। 'रेखता' का अर्थ है मिश्रित और 'उर्दू'- मुगल-दरबारों के लश्कर का नाम था। लश्कर में अनेक भाषाओं और बोलियों का प्रयोग होता था और देखते ही देखते उर्दू शासक वर्ग और जनता के बीच आदान-प्रदान की भाषा बन गई। पर अभी 'उर्दू' को अच्छी दृष्टि से नहीं देखा जाता था। इंशाअल्ला जैसे लेखक ने अपने लेख 'दरिआए-लताफत' में इसे शाहजहानाबाद (दिल्ली) के उमराव, मुस्लिम शोहदों, खूबसूरत माशूकों, मुलाजिमों, शिविर अनुचरों और दासों की भाषा कहा है।

एक अन्य विद्वान मीर अमन ने अपनी पुस्तक 'बागो-बहार' की भूमिका में लिखा है- 'हकीकत उर्दू जबान की बुजुर्गो के मुँह से यूँ सुनी है कि दिल्ली शहर हिन्दुओं के नजदीक चौजुगी है। उनके राजा प्रजा कदीम से यहाँ रहते थे और अपनी-अपनी भाषा बोलते थे। हजार बरस से मुसलमानों का

* स. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, सत्यवती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय (दिल्ली) भारत

अमल हुआ। सुलतान महमूद ग़ज़नवी आया। फिर गोरी और लोधी बादशाह हुए। उस आमदोरफ़्त के बाअस कुछ जवानों ने हिन्दू-मुसलमानों की आमेज़श पाई। आखिर तैमूर ने जिसके घराने में अभी तक नामो-निशान-ए-सल्तनत चला आता है, हिन्दुस्तान को लिया। उसके आने और रहने से लश्कर का बाजार शहर में दाखिल हुआ। इस वास्ते शहर का बाजार उर्दू कहलाया। जब अकबर बादशाह तख्त पर बैठा तब चारों तरफ के मुगलों से सब कौम, कदरदानी और फेज़रसानीर इस खान्दान-ए-लासानी की सुनकर, हजूर में आकर जमा हुए। लेकिर हर-एक की गोयाई और बोली जुदा-जुदा थी। इक्ट्ठे होने से आपस में लेन-देन, सौदा-सुलफ, सवाल-जवाब करते-करते एक जबान उर्दू की मुकर्रर हुई। जब हजरत शाहजहाँ ने किला मुबारक और जामा मस्जिद और शहर-पनाह तामीर किया, तब बादशाह ने खुश होकर जशन फरमाया ओर शहर को अपना दारूल खलाबा बनाया, तब से शाहजहानाबाद मशहूर हुआ और वहाँ के शहर को उर्दू-ए-मुअल्ला का खिताब दिया। अमीर तैमूर के ऐहद से मुहम्मदशाह की बादशाहत तक बल्कि अहमदशाह और आलमगीर सानी के वक्त तक, पीढ़ी-ब-पीढ़ी सल्तनत यकसाँ चली आई। निदान जबान-ए-उर्दू मँजते-मँजते ऐसी मँजी कि शहर की बोली उससे टक्कर नहीं खाती।'[2] शाहजहाँ के समय में दिल्ली शहर को शाहजहनाबाद और उर्दू-ए-मुअल्ला दोनों नाम से पुकारा जाता था लेकिन शाहजहां के बाद उर्दू-ए-मुअल्ला नाम दिल्ली शहर के स्थान पर लालकिले और दरीबा के नीचे का इलाका बनकर रह गया। कुछ समय के बाद दिल्ली के इस इलाके को केवल उर्दू के नाम से पुकारा जाने लगा। सन् 1857 के विद्रोह के एक छत्ता गीत से भी इस तथ्य की पुष्टि होती है।

उर्दू लूटा दरीबा लूटा, लूटा मालीवाड़ा।
गुड़वालों की कोठी लूटी, लूटा मंदिर सारा।।

उर्दू को तत्कालीन मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने बड़े प्रेम से गले लगाया हो, ऐसा भी नहीं था। मौलवी सैयद अहमद ने 'फरहंग ए आसफिया' की भूमिका में लिखा है- हमें वह उर्दू पसंद नहीं जो नए मुसलमान, खानसामों, साहबों के अरदली, भारतीय ईसाई और छावनी के मिले-जुले लोग बोलते हैं, जिसका पुड्डू कहकर मजाक़ उड़ाया जाता है। 'नज्म ए आजाद' के लेखक शम्स-अल-उलेमा मौलवी मुहम्मद आजाद की दृष्टि में उर्दू उनके वंशजों की भाषा बनी जो फारसी बोलते थे। इसीलिए उन्होंने फारसी जुबान, फारसी छंद शास्त्र के विभिन्न रूपों और फारसी के रंगीन ख्यालों की ठीक-ठीक नकल करी। 'मुगल दरबार' की सहायता से पनपी उर्दू का वैभव भी मुगल साम्राज्य के पतन के बाद क्षीण होने लगा। दिल्ली और आगरा जैसे नगरों का महत्त्व कम हो गया और लखनऊ, फैजाबाद, बनारस, मुर्शिदाबाद जैसे शहर महत्त्वपूर्ण हो गए। फलत: दिल्ली और उसके आस-पास के नगरों के हिन्दू व्यापारी जब आजीविका की खोज में पूर्वी नगरों में गये तो दिल्ली दरबार की सायास बोली जाने वाली जबान- ए-उर्दू-ए-मुअल्ला को छोड़कर अपने अंचल की भाषा 'खड़ी बोली' को अपने साथ ले गए जो उनकी अपनी सहज बोली थी। यही खड़ी बोली आगे चलकर आधुनिक हिन्दी का आधार बनी लेकिन इस बोली में उर्दू की सहज शब्दावली समाहित थी।

आधुनिक हिन्दी का जन्म भी बहुत कुछ उर्दू की तरह कृत्रिम भाषा के रूप में हुआ है। हिन्दी के इतिहास की खोज करने वाले इतिहासकार भले ही इसके बीज नौवीं शताब्दी के आस-पास ढूँढते हैं लेकिन सत्य तो यह है कि आधुनिक हिन्दी का जन्म सन् 1857 की क्रांति की विफलता और मुगल साम्राज्य के पूर्ण पतन के उपरान्त ही हुआ है। जो आलोचक बारहवीं, तेरहवीं शताब्दी में हिन्दी का विकास खोजते हैं उनकी आधार सामग्री तत्कालीन मुस्लिम लेखकों द्वारा प्रयुक्त 'हिन्दवी' या 'हिन्दी' जैसे विशेषणों से जुड़ी है जबकि इन विशेषणों का प्रयोग मुस्लिम लोग किसी भाषा विशेष के लिए नहीं उत्तर भारत की समस्त भाषाओं हेतु करते थे। तत्कालीन हिन्दी साहित्य किसी एक भाषा में नहीं बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित भाषाओं में लिखा जा रहा था जिसमें अवधी और ब्रजभाषा प्रमुख थी। रीतिकाल (जिसकी सभी प्रमुख कृतियाँ ब्रजभाषा में है) संवत् 1700 से 1900 (1643 ई. से 1843 ई.) तक यही स्थिति बनी रही किन्तु इसके अवसान के तुरन्त बाद खड़ी बोली हिन्दी का समय शुरू होता है। यद्यपि इस काल खण्ड के उपरान्त भी ब्रजभाषा में हिन्दी साहित्य लिखा जाता रहा। काव्य के क्षेत्र मे यह प्रवृत्ति द्विवेदी युग तक स्पष्ट रूप से मिलती है लेकिन उस काल के ब्रज साहित्य को हिन्दी साहित्य में समाहित नहीं किया जाता। साथ ही विद्वानों ने यह भी स्वीकार कर लिया है कि उससे पूर्व खड़ी बोली हिन्दी में साहित्य नहीं था। खड़ी बोली हिन्दी को सायास यानि कृत्रिम तरीके से हिन्दुस्तान की भाषा अपनाने का कारण राजनैतिक था। दरअसल मुगल सल्तनत के पराभव से देश की बहुसंख्यक हिन्दू जनता को लगा उन्हें विदेशी आक्राताओं से मुक्ति मिल गई है। अंग्रेजों ने भी आरम्भ में स्वयं को राज्यों और रियासतों में बँटे हिन्दुस्तान के शासकों का हितैशी और शासन के परामर्शदाता के रूप में स्थापित किया। वह बात और है कि धीरे-धीरे अंग्रेज इस देश के शासक ही बन बैठे। अंग्रेजों से पूर्व मुस्लिम शासकों की भाषा फारसी आश्रित उर्दू थी। इस भाषा को हिन्दुओं ने आजीविका के लिए ऐसे ही सीखा जैसे आज का हिन्दुस्तानी अंग्रेजी सीख रहा है। सरकारी काम-काज से दूर रहने वाले लोगों को उर्दू सीखने की बहुत आवश्यकता नहीं थी, उनका काम-काज अपनी भाषा और बोली में आसानी से हो जाता था।

हिन्दुस्तान जैसे विशाल देश पर राज करने के लिए अंग्रेजों को सरकारी काम-काज में सहयोग करने के लिए अंग्रेजी जानने वाली हिन्दुस्तानी क्लर्कों की आवश्यकता थी तो दूसरी ओर भारत की बहुसंख्यक जनता को अंग्रेजी ना जानने पर अशिक्षित घोषित कर उनका मनोबल भी आसानी से तोड़ा जा सकता था। इतिहास साक्षी है कि साम्राज्यवादी शक्तियाँ युद्ध के उपरान्त पराजित देश की जनता का मनोबल तोड़ने के लिए, उन्हें अपने (विजेता) से हीन सिद्ध करने के लिए, हारी गई जाति की सभ्यता और संस्कृति को निम्न ठहराने के लिए 'भाषा' रूपी हथियार का सदैव प्रयोग करती आई हैं। इसीलिए सन् 1835 में अंग्रेजी सरकार ने लार्ड मैकाले के कहने पर अंग्रेजी भाषा में शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। हिन्दुस्तान में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले जाने लगे और इसी समय पर हिन्दी और उर्दू का झगड़ा उठ खड़ा हुआ। प्रश्न यह था कि क्या अदालती भाषा के अलावा स्कूलों में हिन्दी को एक अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाया जाए? इसी बीच मुस्लिम बुद्धिजीवियों के दबाव में 'हिन्दी' जो एक वर्ष पूर्व ही अदालती काम-काज की भाषा बनी थी, उसकी जगह सन् 1837 में 'उर्दू' को अदालती भाषा बना दिया गया। वीरभारत तलवार लिखते हैं, 'मुगलों के समय से चली आ रही राजभाषा फारसी को हटाकर सन् 1837 में जब फारसी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दुस्तानी (उर्दू) को राजभाषा बनाया गया, तब उसमें प्रशासन सम्बन्धी पारिभाषिक शब्दावली बिल्कुल नहीं थी। लिहाजा फारसी में काम करने के आदी सरकारी मुलाजिमों ने समूची अरबी-फारसी पारिभाषिक शब्दावली को उर्दू में जस की तस उतार दिया, सिर्फ सर्वनाम और कुछ क्रियाएँ ही खड़ीबोली में रह गई।'[3] अंग्रेजी सरकार 'हिन्दी' का सीधे विरोध न करके, 'उर्दू' को आगे लाकर अपना मंसूबा प्रकट कर रही थी। काफी लम्बे समय से अदालतों की भाषा फारसी थी, जिसे शुरू में अंग्रेजी सरकार ने नहीं

बदला। लेकिन बाद में उन्होंने देश की बहुसंख्यक जनता में प्रचलित भाषाओं को देखकर सन् 1836 में एक आदेश जारी किया कि अदालती काम-काज देश की प्रचलित भाषा में ही होगा। इस तरह अदालती कार्य हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि में भी होने लगा। मुस्लिम कठमुल्ला शासकों के आगे अंग्रेज सरकार अपने इस फैसले पर ज्यादा दिन तक टिक नहीं पायी और एक वर्ष के पश्चात् सन् 1837 में उत्तर भारत के सभी दफ्तरों की भाषा उर्दू कर दी गई। ऐसा कर अंग्रेजी सरकार हिन्दू-मुस्लिम (अर्थात् हिन्दी-उर्दू के रूप में) झगड़ा लगाकर फूट भी डालना चाहती थी। उर्दू के अदालती भाषा होने पर आजीविका के लिए लोगों का उर्दू सीखना आवश्यक हो गया। स्कूलों में भी 'उर्दू' के रूप में वह भाषा पढ़ाई जाने लगी, जिसके पास न कोई व्याकरण था और न पूर्व की कोई विरासत। स्कूलों में धीरे-धीरे हिन्दी पढ़ने वाले छात्र कम होते गए और हिन्दी की शिक्षा को बंद कर दिया गया। हिन्दी के पास एक विरासत थी, जिसमें अमीर खुसरों से लेकर कबीर-सूर-तुलसी-जायसी-मीरा जैसे कवियों के काव्य में लोगों की रूचि थी किन्तु राजनितिक कारणों और धार्मिक भावना में कमी आने के कारण हिन्दी प्रेमियों की संख्या घटने लगी। इसी समय उर्दू को वर्नाक्यूलर भाषा के रूप में स्वीकार किया गया, जिसे देखकर हिंदी के पक्षधारों का दिमाग ठनकने लगा। अब उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी राय व्यक्त की। बालमुकुन्द गुप्त ने लिखा, 'जो लोग नागरी अक्षर सीखते थे, फारसी सीखने पर विवश हुए और हिंदी भाषा हिंदी न रहकर उर्दू बन गयी।...हिंदी उस भाषा का नाम रहा जो टूटी-फूटी चाल पर देवनागरी अक्षरों में लिखी जाती थी।'[4] इसी समय राजा शिवप्रसाद सितारे 'हिन्द' का इस क्षेत्र में आगमन हुआ। यद्यपि वे इस समय तक शिक्षा विभाग में नियुक्त नहीं हुए थे। फिर भी उनका धयान हिंदी-उर्दू की ओर गया। उन्होंने सन् 1845 में 'बनारस अख़बार' निकाला जिसकी भाषा उर्दू थी और लिपि देवनागरी।

देश में सन् 1854 में चार्ल्स वुड की देशी भाषाओं के अध्ययन की योजना को स्वीकृत किया गया, उस समय भी देश के प्रबुद्ध मुस्लिमों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि हिंदी को शिक्षा में जगह न मिले। अंग्रेजों के सरपरस्त सर सैय्यद अहमद खान ने उर्दू का समर्थन किया और हिंदी के बहिष्कार के लिए सरकार से निवेदन किया। अंतत: सरकार ने यह सूचना निकाली, 'ऐसी भाषा का जानना सब विद्यार्थियों के लिए आवश्यक ठहराना जो मुल्क की सरकारी और दफ्तरी जबान नहीं है, हमारी राय में ठीक नहीं है। इसके सिवाय मुसलमान विद्यार्थी, जिनकी संख्या देहली कॉलेज में बड़ी है, इसे अच्छी नज़र से नहीं देखेंगे।'[5] इनका साथ हिंदी को 'बुत परस्तों की भाषा' मानने वाले फ्रेंच विद्धान गार्सा-द-तांसी दे रहे थे। राजा शिवप्रसाद सितारे 'हिन्द' जो अंग्रेजों के कृपा-पात्र भी थे और हिंदी के पक्षधार भी, उन्होंने अगस्त सन् 1868 में सरकार को एक मेमोरेंडम दिया जिसमें उन्होंने फारसी लिपि की जगह देवनागरी लिपि की वकालत की। हिंदी-उर्दू के झगड़े ने सन् 1868 में ही ज्यादा जोर पकड़ा। राजा शिवप्रसाद ने अदालती लिपि के विषय में एक ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने लिखा कि 'फारसी वर्णमाला अदालत से निकाल बाहर की जाए और हिंदी को उसका स्थान दिया जाए'। राजा शिवप्रसाद अदालती भाषा की कठिन अरबी-फारसी शब्दावली के घोर विरोधी थे, फिर भी उन्होंने अपने मेमोरेंडम में हिंदी और उर्दू को अलग-अलग भाषा नहीं माना जोर सिर्फ लिपि के बदलने पर दिया।

इस मेमोरेंडम ने प्रबुद्ध समाज में तीखी बहस को जन्म दिया। जिससे साँझे हिन्दी-उर्दू भाषी 'भद्रवर्ग' की एकता को एक और चोट पहुँची। इस लिपि विवाद के अगले वर्ष सन् 1869 में सैय्यद अहमद खान ने मुस्लिमों को अलग हस्ती के रूप में देखना शुरू किया और भद्रवर्गीय हिन्दू-मुसलमानों के बीच दूरी इतनी बढ़ गई जिसे आज तक नहीं पाटा जा सका। यह मेमोरेंडम फारसी लिपि के जरिए प्रशासन और नौकरी पर कब्ज़ा किए हुए मुस्लिम भद्रवर्ग के साथ हिन्दू भद्रवर्ग के शक्ति समीकरण के इतिहास को भी बतलाता है। यदि हम आंकड़ों की ओर रुख अपनाकर देखें तो हिन्दू छात्रों की अपेक्षा मुस्लिम छात्र बहुत ही सीमित मात्रा में थे। हिन्दू छात्र जहाँ आधुनिक शिक्षा हिंदी और अंग्रेजी में हासिल करते थे, उन्हें सरकारी नौकरी इसलिए नहीं मिल पाती थी कि वे उर्दू और फारसी से अनभिज्ञ थे जबकि भद्रवर्गीय मुसलमानों के लड़के बिना सरकारी स्कूलों में गए, बिना अंग्रेजी पढ़े- सिर्फ घर में थोड़ी-सी धार्मिक शिक्षा उर्दू में हासिल कर- सरकारी नौकरी पा लेते थे। यही कारण है कि मुस्लिम शिक्षा संबंधी सैय्यद अहमद खान की मांगों का विरोध करते हुए राजा शिवप्रसाद नौकरियों में उनके कब्जे के खिलाफ हिन्दू भद्रवर्ग के हितों की लड़ाई लड़ रहे थे। '18 वीं सदी के उत्तरार्द्ध से पहले उर्दू इस्लाम का प्रतीक कभी नहीं रही। उल्टे वह एक गैर इस्लामिक जुबान समझी जाती थी। ज्ञान और कविता की भाषा फारसी थी और धर्म की भाषा अरबी, जिसे समझने वाले आम मुसलमान तो क्या, पढ़े-लिखे मुसलमान भी बहुत कम थे।'[6] उर्दू तो साधारण मुसलमानों की भाषा थी!

सन् 1873 में एक अन्य पत्र में सयुंक्त प्रान्त के गवर्नर को यह बताया गया कि फारसी लिपि इस देश के लिए पराई है, साथ ही यह समझाने की कोशिश की गई कि यह सुनकर मुसलमान खुश नहीं होंगे परन्तु बहुसंख्यक होने के कारण हिन्दू, अंग्रेजी हुकूमत की ज्यादा मदद कर सकते हैं। सन् 1881 में बिहार में उर्दू की जगह हिंदी ले ली गई और अगले ही वर्ष सयुंक्त प्रान्त में 67000 लोगों ने 118 याचिकाओं द्धारा हिंदी को हिन्दुओं की भाषा ठहराया और शिक्षा आयुक्त से अवध तथा उत्तर पश्चिम प्रान्त में हिंदी को मान्यता देने की मांग की गई।

राजा शिवप्रसाद ने न केवल मेमोरेंडम दिया बल्कि हिंदी (देव नागरी लिपि) में पाठ्य पुस्तकें भी तैयार की जिनमें विद्यांकुर, भूगोलहस्तमलक, इतिहासतिमिरनासक, आदि प्रमुख हैं। इन पुस्तकों के विषय में किसी ने ठीक ही कहा है कि 'इन पुस्तकों की लिपि मात्र देवनागरी थी। भाषा उर्दू-फारसी के अत्यंत समीप कही जाएगी।' किस प्रकार धीरे-धीरे लिपि की मांग जनतांत्रिक बन गई, यह कहानी भी दिलचस्प है। यह सही है कि लिपि एक समस्या थी लेकिन इसका समाधान मुस्लिम वर्चस्व को चुनौती देने के लिए भाषा के संस्कृतकरण और देवनागरी लिपि में खोजा गया। हिन्दी के पक्षधरों का कहना था कि यदि हिंदी-उर्दू में लिपि के सिवा कोई फर्क नहीं है तो उर्दू की लिपि को देवनागरी लिपि बनाने की कोशिश क्यों नहीं की गई? आखिर सन् 1837 में फारसी की जगह अंग्रेजी और प्रांतीय भाषाओं ने क्यों ले ली? ध्यान देने वाली बात यह है कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद सन् 1881-91 के बीच उर्दू की 4300 किताबें छपी जबकि हिंदी की 2793 मात्र। हिंदी के अखबार केवल 8002 थे जबकि उर्दू के 16256 थे। फिर एक समय ऐसा आया जब अंग्रजों ने उर्दू की जगह हिंदी को मान्यता दी। हिंदी-उर्दू का झगडा और पनपा। यह कोई अपवाद नहीं था। बहुसंख्यकों की भावनाओं और आवश्यकताओं को अनदेखा करने के कारण ही आगे चलकर हिंदी साहित्य सम्मलेन ने हिन्दी के संस्कृतीकरण पर बल दिया। गांधी जी द्धारा सन् 1942 में खोली गई जनतांत्रिक हिन्दुस्तानी प्रचार समिति भी बहुसंख्यकों की उपेक्षा के चलते कुछ वर्षों में ही बंद हो गई और हिन्दी-उर्दू विवाद सुलझ नहीं सका।

आधुनिक हिंदी के संस्थापकों का आरम्भ से ही उर्दू के प्रति दोहरा

रवैया था। भाषा के स्तर पर यह तर्क था कि उर्दू-हिंदी में कोई बुनियादी फर्क नहीं लेकिन देवनागरी लिपि को बहुसंख्यक जनसाधारण भलीभांति भांति समझ सकता था। इसलिए हिंदी को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। साथ ही कुछ लोगों की मान्यता थी कि अरबी-फारसीकरण इस भाषा को हिन्दुओं से अलहदा करता है जबकि उर्दू के विरोधी भारतेंदु हरिश्चंद और अन्य लोगों ने भी आरम्भ में न केवल खुद उर्दू में लिखा बल्कि अरबी-फारसी शब्दों का इस्तेमाल भी किया क्योंकि वे उर्दू के शब्दों को हिंदी के शब्द ही समझते थे। इसी वजह से भारतेंदु ने उत्तेजित होकर यह कहा था-

'जहाँ विसेसर सोमनाथ माधव के मंदिर।
तहां मस्जिद बनि गयी होत अब अल्लाह अकबर।'[7]

यही स्थिति बालमुकुन्द गुप्त के साथ भी हुई लेकिन इन दोनों ने बहुसंख्यक जन साधारण को महत्त्व दिया। जनभावना से प्रेरित होकर ही देवनागरी लिपि के प्रश्न को उठाया गया और वह जनता के प्रतिनिधि बनकर बोले। वह एक तरह से यह मानते थे कि हिंदी और उर्दू में केवल संस्कृत और फारसी आदि शब्दों का भेद है लेकिन दूसरी तरफ वह यह भी मानते थे कि दोनों में केवल शब्दों का ही नहीं, लिपि भेद भी बड़ा भारी बना हुआ है। आधुनिक हिन्दी के जनक 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी' को मात्र- हिन्दी साहित्यकार समझना बड़ी भूल होगी। उनके समय में जननायक की वह अवधारणा नहीं थी जो बीसवीं सदी में लोकतंत्र की माँग के साथ उभरकर आई। यदि हम आधुनिक हिन्दुस्तान के आरम्भिक लोकतंत्र की खोज कर, तत्कालीन जननेताओं की सूची बनाए तो भारतेंदु हरिश्चन्द्र वहाँ भी अग्रिम पंक्ति में ही आयेंगे। भारतेन्दु बड़ी बारीकी से अपने समय की राजनीति, शासक वर्ग, जन समस्याओं और इतिहास की पड़ताल कर रहे थे। आरम्भ में उनके पास कुछ कुहासा सा था क्योंकि तब आज की तरह जानकारी का समुद्र खंगालने वाले जनमाध्यम नहीं थे (वह तो स्वयं पत्रकारिता को अंगुली पकड़ाकर चलना सिखा रहे थे) परिणाम स्वरूप शुरू-शुरू में भारतेंदु अंग्रेजी शासन के समर्थक भी रहे। भारतेन्दु और उनकी साहित्यिक मित्र मण्डली ने मुस्लिम शासकों द्वारा हिन्दुओं को दी गई यातनाओं को निकट से अनुभूत किया था और हिन्दू होने के नाते पूर्व मुस्लिम शासकों द्वारा हिन्दू अस्मिता के साथ किए गए खिलवाड़ को निकट से देखा था। बहुसंख्यक हिन्दु शिक्षा के अभाव और छीने गए कृषि कर्म और उससे जुड़े व्यवसायों से बेदखल होकर किस प्रकार घोर दु:ख उठा रहे थे यह भारतेन्दु से छिपा नहीं था। इसलिए उन्होनें 'वैष्णवता और भारतवर्ष' लेख में लिखा है- 'जिस भाव से हिन्दू मत अब चलता है उस भाव से आगे नहीं चलेगा। अब हम लोगों का शरीर बल न्यून हो गया। विदेशी शिक्षाओं से मनोवृत्ति बदल गई, जीविका और धन उपर्जान हेतु अब हम लोगों को पाँच-पाँच, छ: छ: पहर पसीना चुआना पड़ेगा, रेल पर इधर से उधर कलकत्ते से लाहौर और बम्बई से शिमला दौड़ना पड़ेगा, सिविल सर्विस का, बैरिस्ट्री का, इंजीनियरी का इमतहान देने का विलायत जाना होगा, बिना यह सब किए काम नहीं चलेगा, क्योंकि देखिए, क्रिस्तान, मुसलमान, पारसी यहाँ हाकिम हुए जाते हैं, हम लोगों की दशा दिन-दिन हीन हुई जाती है।'[8] लेख में उन्होंने आगे लिखा है- 'चारों ओर आग लगी हुई है। दरिद्रता के मारे देश जला जाता है। अंग्रेजों से जो नौकरी बच जाती है उन पर मुसलमान आदि विधर्मी भरती होते जाते हैं।'[9]

अत: भारतेन्दु जी के लिए हिन्दी का प्रश्न बहुसंख्यक देशवासियों के आर्थिक, सामाजिक उत्थान से जुड़ा था ना कि हिन्दु धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ। मुस्लिम राज में फारसी के कारण हिन्दुओं की आर्थिक दुर्दशा हुई और अंग्रेजी राज में अंग्रेजी के कारण ना हो जाएँ, फलत: भारतेन्दु अवध के बाशिंदे होने पर भी अवधी और ब्रजभाषा की परिधि को लाँघते हुए 'खड़ी बोली हिन्दी' के माध्यम से बहुजन को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से 19वीं सदी के हिन्दी आंदोलन के प्रणेता बनकर उभरे लेकिन हिन्दी भाषा को वे अपने मुस्लिम विरोधी विचारों से अलग नहीं कर सके। यही विडम्बना उनके मित्र प्रतापनारायण मिश्र की थी। इसीलिए उन्होंने 'हिंदी-हिन्दू-हिंदुस्तान' जैसा नारा दिया। भारतेंदु ने इस बिडम्बना से उबरने की कोशिश की लेकिन बालकृष्ण भट्ट, बालमुकुन्द गुप्त, अध्योध्या प्रसाद खत्री आदि ने कांग्रेस पार्टी के भीतर मुस्लिम विरोधी पक्ष को ज्यादा बल दिया। आगे चलकर पं. मदनमोहन मालवीय जी ने सन् 1915 में हरिद्वार के कुम्भ मेले में 'हिन्दू महासभा' की स्थापना की और उन्होंने प्रतापनारायण मिश्र के 'हिंदी-हिन्दू-हिंदुस्तान' के नारे को अपनाया।

19वीं सदी में हिंदी को लेकर यदि कोई जायज मांग उठा रहा था तो वह थे राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द। लेकिन यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इनकी पुस्तकों को विद्वानों ने उर्दूपरस्त होने का आरोप लगा दिया जबकि सच्चाई इसके विपरीत थी। वह उस समय किसी एक का पक्ष नहीं ले रहे थे। वह मध्यवर्ती मार्ग का अवलम्बन कर रहे थे। उनकी भाषा में दोनों रूपों का मिलना उस समय की हिंदी-उर्दू समस्या का हल करने का प्रयास था। उन्नीसवीं सदी में भाषाई साम्प्रदायिक राजनीति के शिकार राजा शिवप्रसाद सितारे 'हिन्द' और देवकीनंदन खत्री हुए जब शिवनन्दन सहाय ने भाषा के स्वरुप को लेकर खत्री के प्रसिद्ध उपन्यास 'चन्द्रकान्ता' और शिवप्रसाद की पुस्तक 'इतिहासतिमिरनासक' की भाषा को हिंदी मानने से ही इंकार कर दिया जबकि ये पुस्तकें हिंदी के काफी नजदीक थी।

दरअसल सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जिस प्रकार हिन्दुओं ओर मुसलमानों ने मिलकर अंग्रेजों को चुनौती दी थी, उससे सबक लेते हुए अंग्रेजों ने सबसे पहले दोनों समुदाओं में फूट डालने का काम किया। सत्ता से वंचित हुए मुसलमानों को हिन्दुओं की तरक्की फूटी आँख नहीं सुहा रही थी। जाग्रति की ओर कदम बढ़ाने वाली बहुसंख्यक हिन्दू जनता को सत्ता परस्त मुसलमान अंग्रेजों की सहानुभूमि से वंचित रखना चाहते थे। सर सैयद अहमद खाँ जैसे मुस्लिम विद्वान ने सन् 1860 में एक पुस्तक लिखी- 'भारत के राजभक्त मुसलमान' उन्होंने इसमें लिखा 'गदर के दरम्यान मुसलमानों ने अंग्रेजों की सहायता और सेवा दोनों की थी।' ऐसी टिप्पणियाँ समाज को अविश्वासी बनाती है। व्यक्तिगत स्वार्थ की राजनीति जब समाज हित को बलि-चढ़ा देती है तो उसकी परिणिति सामाजिक समरसता की टूटन में ही होती है। नतीजा हिन्दी-उर्दू भाषाएँ हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतों के हाथों की तलवारों में परिणत हो गई। आगे चलकर हिन्दी-उर्दू का भाषायी विवाद इतना बढ़ गया कि 'हिन्दी'-'हिन्दुस्तान' की और 'उर्दू'-'पाकिस्तान' की भाषा बन, देश को टुकड़ों में बाँटने के काम आई। काश हिन्दी-उर्दू के झगड़े को समय रहते सामंजस्य के आधार पर सुलझा लिया गया होता तो सम्भवत: भारतीय समाज हिन्दू-मुस्लिम में ना बँटता क्योंकि- 'भाषा केवल विचार-विनिमय के लिए ही प्रयुक्त नहीं होती, वह एक ओर वक्ता और श्रोता के भावों और विचारों के उत्थान-पतन के लिए प्रयोग में लाई जाती है, वहीं दूसरी ओर दोनों के बीच आकर्षण और विकर्षण भी उत्पन्न करती है।'[10] यदि समाज में समरसता होती तो जन सामान्य भी सहजता से इस विवाद को समझकर सच्चाई जान लेता। तब हिन्दुस्तानी जनता 'इकबाल' का गीत- 'सारे जहां से अच्छा, हिन्दुस्तान हमारा... हिन्दी हैं हम वतन है हिन्दुस्तान हमारा' का गीत गुनगुनाती हुई समरसता में जीती रहती। शायद तब देश का विभाजन भी नहीं होता!

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में हिंदी भाषा को आगे बढ़ने का मौका तो मिला लेकिन यहाँ भी बाज़ी अंग्रेजी भाषा ने ही मारी और वह आज तक भारतीयों के सिर पर बैठी हुई है। अब हिंदी और उर्दू का झगडा भी पहले जैसा नहीं रह गया फिर भी सन् 1967 में लखनऊ में हिंदी-उर्दू लेखकों की बैठक में यशपाल ने उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा दिलाने की मांग का विरोध करते हुए एक सुझाव रखा कि साहित्यिक और सांस्कृतिक कामों में उर्दू की फारसी लिपि भले ही जारी रहे लेकिन शासन और शिक्षा के माधयमों के रूप में एक ही भाषा हिंदी-उर्दू रहनी चहिए और उसकी लिपि देवनागरी रखी जाए। यानी उर्दू को देवनागरी लिपि में लिखा जाना चाहिए पर आज नक्कारखाने में तूती की तरह ऐसी माँग करना ही बेकार है।

हिंदी-उर्दू के झगडे ने तो आरम्भ से ही राजनितिक रूप ले लिया था। अंग्रेजी सरकार ने कभी भाषा को भाषा से लड़वाया तो कभी भाषा और लिपि को। अंग्रेज यह भलीभांति जानते थे कि यहाँ के हिन्दू और मुसलमानों को भाषा और धर्म के नाम पर ही अलग किया जा सकता है। इसलिए लिपि का मुद्दा भी धारे-धीरे धर्म में परिवर्तित होता गया। सन् 1835 से पहले भारतीयों में भाषा को लेकर झगडा नहीं था। धीरे-धीरे अंग्रेज सरकार ने अंग्रेजी भाषा को शिक्षा में थोपना शुरू किया इसका विरोध ना हो इसलिए भी हिंदी-उर्दू का झगडा खड़ा कराया गया। इस झगड़े का दु:खद अंत हुआ- 'हिन्दुस्तान' के भारत और पाकिस्तान के बँटवारे में! पर हमने सबक कहाँ सीखा? स्वतंत्र भारत में भी भाषाएँ ही राज्यों के बँटवारों (पंजाब-हरियाणा, गुजरात-महाराष्ट्र आदि......) का आधार बनी। कौन जाने इन झगड़ों की भविष्य में और क्या परणति होगी? फिलहाल तो हिन्दी को प्रादेशिक भाषाओं से भी लड़वाने की मुहीम सुलगाई जा चुकी है.....!

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सम थॉट्स ऑन कल्चरल रिपोर्ट, इण्डियन लिट्रेचर, बम्बई 1953, पृ. 13 पर संकलित
2. हिन्दी की प्रादेशिक भाषाओं का वैज्ञानिक इतिहास- शमशेर सिंह नरूला, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ.108-109
3. रस्साकशी-वीरभारत तलवार, सारांश प्रकाशन, दिल्ली, 2002, पृष्ठ-254
4. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, मलिक एंड कंपनी, जयपुर, दिल्ली, पृष्ठ-311
5. वही, पृ. 313
6. रस्साकशी-वीरभारत तलवार, सारांश प्रकाशन, दिल्ली, 2002, पृष्ठ-253
7. परम्परा का मूल्यांकन, रामविलास शर्मा, पृष्ठ-84
8. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र : नए परिदृष्य - डॉ. भवदेव पाण्डेय, अनामिका प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ. 13
9. वही, पृ. 15
10. कबीर की आलोचना और भाषा संचेतना की उपेक्षा- डॉ. वैजनाथ प्रसाद, भाषा मई-जून 2003, पृ. 34

****

पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक सहभागिता की भूमिका

डॉ. हरिचरण मीना*

शोध सारांश – पर्यावरण संरक्षण विश्व का सबसे अहम् एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है। पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा हमारे लिए नवीन न होकर प्राचीन है क्योंकि यह किसी न किसी रूप में प्रत्येक युग मे विद्यमान रही है। पर्यावरण संरक्षण सामूहिक सहभागिता से ही सम्भव है क्योंकि समाज या समूह की सहभागिता के बिना पर्यावरण का संरक्षण असम्भव है। वर्तमान की सबसे प्रमुख समस्या पर्यावरण संरक्षण की है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हो या छोटी सी आम सभा प्रत्येक में पर्यावरणीय समस्या पर अवश्य ही वक्तव्य दिया जाता है।पर्यावरण एक जटिल तथ्य है जिसमें मानव जीवन से सम्बन्धित सभी पक्ष आते है पर्यावरण को मुख्य रूप से दो भागों में बाँट कर समझा जा सकता है प्रथम प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत मुख्य रूप से जल,जंगल, जमीन, वायु, ध्वनि इत्यादि को लिया जा सकता है दूसरा सामाजिक सांस्कृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत मुख्य रूप से जनरीति, रीति, परम्पराओं, प्रथाओं, रूढियों, धार्मिक आस्थाओं, जीवन के दृष्टिकोण इत्यादि को रखा जा सकता है। सरकार विभिन्न योजनाओं के द्वारा भी पर्यावरण समस्या का समाधान करने के लिए प्रयासरत है लेकिन सरकारी योजनाए भी तभी सफल हो पाती है जब समाज या समूह की सहभागिता एवं सहयोग मिलता है। इसलिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे इस विषय पर शोध की आवश्यकता है।

वर्तमान मे जनसंख्या की तीव्र गति से बढ़ोतरी के कारण पर्यावरण विनाश की समस्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है, इसके अलावा भी पर्यावरण विनाश के अनेक कारण है ऐसी परिस्थितियों में सामूहिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। सामूहिक सहभागिता की अवधारणा भी सदियों से समाज मे प्रचलित रही है। जब भी समाज में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो समाज के लोग मिलजुलकर उस समस्या का समाधान निकालते है। जब समाज के विकास में व्यक्ति सभी प्रकार से स्वार्थ, द्वेष, जाति, धर्म सम्प्रदाय आदि से मुक्त होकर मिलजुल कर कार्य करते है। इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण में भी सामूहिक सहभागिता सतत जारी है।

शब्द कुंजी – पर्यावरण, संरक्षण, सामूहिक, सहभागिता, जल, जंगल, जमीन, रीति, जनरीति, प्रथा, परम्परा, परिलक्षित प्रवसन, सामंजस्य, इमारती, खाद्यान्न, अंकगणितीय, बीजगणितीय गतिशीलता, परिवेश, मार्क्सवाद, स्वामित्व, साहचर्य, विनिमय, व्यक्तित्व, विश्वव्यापी।

प्रस्तावना – पर्यावरण प्रकृति का महत्वपूर्ण भाग है तथा इसका संरक्षण पूर्णरूपेण मानव समाज पर निर्भर करता है। मानव समाज ही पर्यावरण का संरक्षण करने मे सक्षम है। सामूहिक सहभागिता की परम्परा समाज में पुरातन काल से चली आ रही है, इसके बिना मानव समाज की कल्पना नही की जा सकती। मानव समाज मे सामूहिक सहभागिता से ही आमूल चूल परिवर्तन होता है। मानव एवं पर्यावरण एक दूसरे से जुड़े हुए है इसलिये सामूहिक सहभागिता द्वारा पर्यावरण संरक्षण का अध्ययन आवश्यक हो जाता है।

डॉ0 राधाकृष्णन उपाध्याय ने पर्यावरण के सम्बन्ध मे लिखा है कि प्रारम्भ में पर्यावरण का अर्थ मात्र प्राकृतिक पर्यावरण से लिया जाता था और आज से लगभग पाँच शताब्दी पूर्व तक जब जनसंख्या बहुत कम थी, प्राकृतिक पर्यावरण अपने सर्वशक्तिमान रूप में परिलक्षित होता था। इसलिएमानव कार्यो का प्राकृतिक पर्यावरण से प्रभावित होना स्वाभाविक ही था। मैनामिलन सॉर ने सर्वप्रथम मनुष्य के अध्ययन पर बल दिया क्योंकि मनुष्य एक ऐसा जीव है जिसका विकास पर्यावरण द्वारा प्रदत्त दशाओं मे होता है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिक्रिया व्यक्त करता है।

पर्यावरण एक जटिल तथ्य है जिसमें मानव जीवन से सम्बन्धित सभी पक्ष आते है पर्यावरण को मुख्य रूप से दो भागों में बाँट कर समझा जा सकता है प्रथम प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत मुख्य रूप से जल,जंगल, जमीन, वायु, ध्वनि इत्यादि को लिया जा सकता है दूसरा सामाजिक सांस्कृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत मुख्यरूप से जनरीति, रीति, परम्पराओं, प्रथाओं, रूढियों, धार्मिक आस्थाओं, जीवन के दृष्टिकोण इत्यादि को रखा जा सकता है। जब इन मे से किसी भी प्रकार के पर्यावरण का विनाश होता है तो उसे बचाने की जिम्मेदारी मानव की होती है तथा मानव इसको बचाने का यथा सम्भव प्रयास करता है एवं संरक्षण प्रदान करता है इस प्रकार पर्यावरण को बचाना पर्यावरण संरक्षण कहलाता है मानव पृथ्वी पर निवास करता है जिसे प्राकृतिक तत्वों ने चारों ओर से घेर रखा है। ये प्राकृतिक तत्व मानव के क्रियाकलापों पर प्रभाव डालते है और उनके प्रभाव से मानव के क्रियाकलापों में परिवर्तन हो जाता है। मानव के क्रियाकलापों से प्राकृतिक तत्व भी प्रभावित होते हैं। आधुनिक मानक इन प्राकृतिक तत्वों का पूर्णत: दास तो नही है, परन्तु वह इनके प्रभावों से वंचित भी नहीं रह सकता ! अत: समयानुसार और क्षमतानुसार इन तत्वों का रूपान्तरण कर देता है अर्थात् दूसरे अर्थो मे यह कहा जा सकता है कि सर्वप्रथम पर्यावरण का अर्थ प्राकृतिक तत्वों की समग्रता से था परन्तु जब मनुष्य की स्पष्ट छाप अधिवास, सड़क, खेत, उद्योग, धन्धे व्यापार आदि के रूप मे भूमिका सतह पर परिलक्षित होने लगी तो प्राकृतिक पर्यावरण के साथ सामाजिक सांस्कृतिक पर्यावरण शब्द का प्रयोग होने लगा। दोनों ही प्रकार के पर्यावरण का संरक्षण मानव के सामूहिक प्रयासों से सम्भव हुआ है। अकेला व्यक्ति पर्यावरण का जितना तेजी से विनाश करता है उतना तेजी से संरक्षण नही करता इसलिए सभी व्यक्ति मिलजुलकर सामूहिक सहभागिता से ही पर्यावरण का संरक्षण कर सकते है। पर्यावरण संरक्षण के सैद्धान्तिक रूप से

* व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

विभिन्न भागो में बाँट कर देखा जा सकता है जिनमे सामूहिक सहभागिता भी भूमिका भी अहम रही है।

पर्यावरण संरक्षण का जनसंख्यात्मक सिद्धान्त – पर्यावरण संरक्षण का जनसंख्यात्मक सिद्धान्त इस सिद्धान्त का प्रतिपादन माल्थस ने किया है तथा कार सैण्डर्स, सैण्डल इत्यादि इसके प्रमुख समर्थक रहे है। इस सिद्धान्त के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन अंकगणितीय क्रम में और जनसंख्या वृद्धि बीज गणितीय विधि से होती है। इस प्रकार जनसंख्या वृद्धि बीज गणितीय विधि से होती है। इस प्रकार जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में सामंजस्य के अभाव के कारण गरीबी, भुखमरी, प्रवसन, बेरोजगारी इत्यादि सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती है। जिससे समाज का पर्यावरण के साथ सामंजस्य नही हो पाता है। जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि का पर्यावरण पर इस प्रकार दुष्प्रभाव पड़ता है। जंगल से अधिक वनों का काटना, कृषि कार्य हेतु वनो की कटाई, ईधन और इमारती लकड़ी प्राप्त करने के लिए वनों की कटाई, अधिक कृषि उत्पादन के लिए रासायनिक खादों का बढ़ता उपयोग, आवास हेतु पहाड़ों का काटना, उद्योग धन्धों में वृद्धि, उद्योग धन्धों के कारण शहरी आबादी मे वृद्धि इत्यादि। इन सभी दुष्प्रभावो को कम करने के लिए जनसंख्या वृद्धि पर नियन्त्रणआवश्यक हैं। आमजन मे सामूहिक सहभागिता के द्वारा जनजागृति लाकर ही जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है।

पर्यावरण संरक्षण का भौगोलिक सिद्धान्त– पर्यावरण संरक्षण के भौगोलिक सिद्धान्त के समर्थकों में वर्नहार्ड वारेनियस, चार्ल्स डार्विन, रेटजस इत्यादि प्रमुख है। भौगोलिक सिद्धान्त के अनुसार मानव का भौगोलिक परिस्थितियों के साथ सामंजस्य करके ही पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। वर्नहार्ड वारेनियस जो एक जर्मन विज्ञानी एवं भूगोलविद् थे, प्राकृतिक तत्वों के वर्णन से अधिक सम्बन्धित रहे है। उनके कार्यो में मनुष्य की उपेक्षा रही है। हम्बोल्ट ने भी ब्रह्मण्डमें पृथ्वी की स्थिति तथा पृथ्वी के प्राकृतिक स्वरूप पर महत्व दिया। इस प्रकार चार्ल्स डार्विन तक ने प्राकृतिक पर्यावरण पर अधिक जोर दिया जाता रहा है। सर्वप्रथम चार्ल्स डार्विन ने ऑरिजन ऑफ स्पेसीज (1859) नामक पुस्तक में पृथ्वी पर जीवो के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा है कि जो जीव भौगोलिक परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बना लेते है वही जीवित रहते है। कालान्तर में फेडरिक रेटजल ने न केवल पर्यावरण बल्कि मानव क्रिया कलापों को भी महत्वपूर्ण मानते हुए मानव के शारीरिक लक्षणों, आर्थिक सामाजिक गतिषीलता, मनोवैज्ञानिक गुण, जनसंख्या के वितरण आदि का प्राकृतिक पर्यावरण के सन्दर्भ मे वर्णन किया। रेटनल के कार्यो मे सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की संकल्पना का पहली बार वर्णन मिलता है। तत्पष्चात अल्फ्रेड हेटजर ने भूतल पर संस्कृति का प्रसार नामक अपनी पुस्तक को भूतल के अन्य तत्वो के साथ एक समष्टि मे स्वीकार किया। इससे स्पष्ट है कि भौगोलिक परिस्थितियों के साथ मानव समाज सामंजस्य करता है उसी के अनुरूप सांस्कृतिक परिवेश भी बदल जाता है।

पर्यावरण संरक्षण का मार्क्सवादी सिद्धान्त– पर्यावरण संरक्षण के मार्क्सवादी सिद्धान्त के प्रवर्तक कार्ल मार्क्स है। मार्क्स के अनुसार आर्थिक पर्यावरण समाज के जीवन एवं स्वरूप को निर्धारित करता है। इसका प्रमाण इस तथ्य को सिद्ध करता है कि औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप कानुन एवं सरकार वर्गो की संरचना, जनसंख्या के वितरण, रीति–रिवाजों एवं संस्थाओं के विचार एवं विश्वास की प्रणाली मे महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। अत: यह आश्चर्य की बात नही है कि कार्ल मार्क्स ने आर्थिक पर्यावरण को सभी सामाजिक परिवर्तनों का मूल निर्धारक कहा हैं। मार्क्स ने अपनी कृति 'दास कैपिटल' में लिखा है कि उत्पादन के साधनों के स्वामियों तथा तात्कालिक उत्पादकों के बीच जो तात्कालिक सम्बन्ध होता है, उसी मे समस्त सामाजिक संरचना की नींव छिपी होती है। इस प्रकार, उसके अनुसार सभी समूदाय, परिवार, राज्य, चर्च तथा मानव संस्कृति के सभी स्वरूपों कला साहित्य विज्ञान के आकार तथा स्वरूप आर्थिक तथ्यों द्वारा निर्धारित होते है। इस प्रकार मार्क्सवाद ने इतिहास की भौतिकवादी व्यवस्था प्रस्तुत की तथा सामाजिक स्वरूप के निर्धारण में आर्थिक पर्यावरण को प्रमुख एवं कदाचित एकमात्र स्थान दिया। आर्थिक कारण पर्यावरण संरक्षण का अकेला निर्धारक तत्व नही है परन्तु मार्क्स का सिद्धान्त पूर्णतया ठीक नही है। बिल्कुल भिन्न भिन्न आर्थिक स्तरों पर रहने वाले लोगों ने ईसाई एवं मुस्लिम धर्मो का शताब्दियों तक समान रूप से पालन किया है जबकि समाज की आर्थिक संरचना मे विभिन्न प्रकार की विचारधाराओं का जन्म हुआ।

इस प्रकार मार्क्सवाद मानव व्यवहार की सही व्याख्या नही करता है। इसके अतिरिक्त आर्थिक वस्तुओं की प्राप्ति एवं उनका उपयोग ही मानव व्यवहार का एकमात्र लक्ष्य नही है। मनुष्य मात्र भौतिक संतुष्टियों के लिए उत्पादन का विनिमय नही करता, परन्तु दूसरी ओर मनुष्य स्वास्थ्य, सुख, ज्ञान अथवा कला की आकांक्षा करता है क्योंकि इनसे उसको प्रत्यक्ष सन्तुष्टि मिलती है। इस अर्थ मे निहित आर्थिक हितो से पूर्ववर्ती है और इन्हें आर्थिक व्यवस्था को संशोधित एवं निर्धारित करने वाला तत्व समझा जाना चाहिए। आर्थिक उत्पादन मे सामूहिक सहभागिता भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

पर्यावरण संरक्षण का सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धान्त – पर्यावरण संरक्षण के सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धान्त के अनुसार सांस्कृतिक पारिस्थितिकी सामाजिक और भौतिक वातावरण के लिए मानव के अनुकूलन का अध्ययन है। मानव सामाजिक सांस्कृतिक अनुकूलन का अध्ययन है। मानव अनुकूलन जैविक और सांस्कृतिक दोनों प्रक्रियाओं को संदर्भित करता है। जो आबादी को किसी दिए गए या बदलते परिवेश में जीवित और पुन: उत्पन्न करने मे सक्षम बनाता है। इस सिद्धान्त के अनुसार समाज के परम्परागत रीति–रिवाज, परम्पराएं, कानुन दृष्टिकोण इत्यादि मनुष्य की सांस्कृतिक बपौती है। सामाजिक जीवन का प्रत्येक महत्वपूर्ण पहलू जैसे लैंगिक सम्बन्ध, स्वामित्व साहचर्य, सेवाओं और वस्तुओं का विनिमय परम्परा द्वारा व्यवस्थित एवं समर्पित होता है। ये परम्पराएं उस समूह की संस्कृति का घोतक है जिसमें इनका सम्बन्ध है। इसी प्रकार रीति रिवाज वे स्वीकृत तरीके है जिनके अनुसार समूह के सदस्य परस्पर व्यवहार करते है। इसके अतिरिक्त कुछ संस्कार एवं रीतियाँ ऐसी होती है। जो विभिन्न कार्यो को एक प्रकार की धार्मिक संतुष्टि प्रदान करती है। किसी संस्थापित अभिकरण द्वारा लागू किये गये नियमो को कानून कहा जाता है। इन सबका व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ता है अत: इन सबको संरक्षित करके ही पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। इन सभी प्रकार के सामाजिक सांस्कृतिक अभिकरणों का संरक्षण सामूहिक सहभागिता के माध्यम से ही सम्भव है। सामाजिक रीति रिवाज, परम्पराए, प्रथाए, रूढियां इत्यादि समाज के सभी लोगो के सामूहिक प्रयासो एवं सहयोग से ही संरक्षित रह सकती है।

पर्यावरण संरक्षण का मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त – पर्यावरण संरक्षण के मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त के प्रवर्तक फ्रायड है। फ्रायड के अनुसार मनोवैज्ञानिक पर्यावरण अन्य प्रकार के पर्यावरणों मे सर्वाधिक व्यापक है। मनुष्य के जीवन मे इसका स्थान इतना महत्वपूर्ण है कि कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार तो मानव जीवन की सम्पूर्ण व्याख्या इसके आधार पर ही की जा सकती है।

मनोसामाजिक पर्यावरण का महत्व कॉसपर, अन्ना एवं ईसबेला के उदाहरणों में देखा जा सकता है। जिन्हे पूर्णत: एकान्त मे रखा गया एवं जिनमें व्यक्तित्व का विकास पशु स्तर तक ही रहा। जहाँ जैसे वातावरण में बच्चों की परवरिश होती है बच्चे उसी के अनुसार ढल जाते है। जहाँ जैसा व्यवहार देखने और सीखने को मिलता है उसी के अनुसार वह व्यवहार व आचरण करना सीखता है। इससे स्पष्ट है कि सामाजिक पर्यावरण का मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान है। व्यक्ति पर्यावरण का स्वय निर्माता है। समाज के सारे लोग सामूहिक रूप से ही पर्यावरण संरक्षण का कार्य करते है। पर्यावरण का संरक्षण अकेला व्यक्ति का नही वरन सम्पूर्ण समाज का सामूहिक दायित्व है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु विश्व में अनेक सम्मेलन आयोजित हुए है विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण के प्रति विश्वव्यापी जागरूकता द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उत्पन्न हुई तथा इस मुद्दे पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सहभागिता से सहयोग मिलना प्रारम्भ हुआ। पर्यावरण संरक्षण में विश्व के विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ साथ पृथ्वी के अस्तित्व को बचाये रखने मे विभिन्न उपायो को सम्मिलित किया गया है।

5 जून से 12 जून 1972 मे स्वीडन की राजधानी स्टाकहोम मे संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 'मानव पर्यावरण कान्फ्रेस' आयोजित की गई।

3 जून से 13 जून 1992 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की 20वी सालगिरह पर ब्राजील की राजधानी रियो दि जेनिरो मे पृथ्वी के संरक्षण के लिए सम्मेलन हुआ।

24 जून से 27 जून 1997 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयार्क नगर मे अर्थ प्लस फाइव सम्मेलन हुआ।

सितम्बर 1997 मे कनाड़ा के नगर मांट्रियल मे संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मांट्रियल सहमति समझौता हुआ।

1 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 1997 तक जापान के नगर टोकियों मे भूमण्डलीय तापमान में वृद्धि से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दो पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ।

सन 1968 मे फ्रांस की राजधानी पेरिस मे जीवमण्डल का आयोजन संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WTO) आदि के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

सन 1977 मे कीनिया की राजधानी नैरावी में संयुक्त राष्ट्र संघ मरूस्थलीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

सन 1987 मे कनाड़ा के नगर मांट्रियल में क्लोरो फ्लोरो कार्बन गैसों मे उत्पादन तथा उपभोग मे कटौती करने के लिए विश्व के 48 राष्ट्रो ने एक समझौता किया।

सन 1989 मे फिनलैण्ड की राजधानी हेलिन्सकी मे विश्व के 81 देशों ने क्लोरो फ्लोरो कार्बन गैसो के उत्पादन तथा उपभोग को सन 2000 तक समाप्त करने हेतु समझौता हुआ।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक ने नवम्बर 1999 मे कहा कि पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाले रसायनों एवं गैसो के प्रयोग पर अंकुश लगा कर ओजोन परत की क्षति की दर कम हुई है। उनका मानना है कि यदि इस कार्यक्रम में विकसित राष्ट्र सक्रिय योगदान करे तो सन 2050 तक ओजोन परत 1980 से पहले वाली स्थिति मे पहुंच जायेगी इन सभी सम्मेलनो मे सामूहिक सहयोगिता के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है।

भारत में भी पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक अधिनियम जैसे जल अधिनियम 1974, वायु अधिनियम 1981, ध्वनि प्रदुषण निरोधक अधिनियम 1998 इत्यादि बनाये गये, भारत सरकार द्वारा अलग से पर्यावरण विभाग भी स्थापना की गई तथा 1985 मे पहली बार अलग मंत्रालय 'पर्यावरण एव वन मंत्रालय' की स्थापना की गई।

देश में पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक सहभागिता के माध्यम से अनेक अभियान एवं आन्दोलन चलाये गये जैसे सुन्दरलाल बहुगुणा द्वारा टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में वन संरक्षण हेतु सामूहिक सहभागिता से चिपको आन्दोलन चलाया गया,दक्षिण भारत मे पांडुरंग हेगडे द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु अपिक्को आन्दोलन चलाया गया, महाराष्ट्र की कोजेंट्रिक्स परियोजना के विरोध तथा पश्चिमी घाट के पर्यावरण की रक्षार्थ गोवा की 'पीस फुल सोसायटी' द्वारा पश्चिमी घाट बचाओ अभियान चलाया गया, मेघा पाटेकर द्वारा नर्मदा नदी पर निर्मित किये गये सरदार सरोवर बांध के विरोध मे नर्मदा बचाओ आन्दोलन चलाया गया,सुन्दरलाल बहुगुणा द्वारा गढवाल क्षेत्र मे टिहरी बांध के निमार्ण के विरोध मे टिहरी बांध विरोधी आन्दोलन इत्यादि बहुत सारे अभियान एवं आन्दोलन किये गये है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि पर्यावरण संरक्षण एक बहु आयामी अवधारणा है जिसको विभिन्न सिद्धान्तों के क्रम में देखा जा सकता है। पर्यावरण प्रकृति का महत्वपूर्ण भाग है तथा इसका संरक्षण पूर्णरूपेण मानव समाज पर निर्भर करता है।वर्तमान मे जनसंख्या की तीव्र गति से बढ़ोतरी के कारण पर्यावरण विनाश की समस्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है, इसके अलावा भी पर्यावरण विनाश के अनेक कारण है ऐसी परिस्थितियों में सामूहिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। सामूहिक सहभागिता की अवधारणा भी सदियों से समाज मे प्रचलित रही है। जब भी समाज में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो समाज के लोग मिलजुलकर उस समस्या का समाधान निकालते है। जब समाज के विकास में व्यक्ति सभी प्रकार से स्वार्थ, द्धेष, जाति, धर्म सम्प्रदाय आदि से मुक्त होकर मिलजुल कर कार्य करते है। इसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण में भी सामूहिक सहभागिता सतत जारी है।मानव सामाजिक सांस्कृतिक अनुकूलन का अध्ययन है। मानव अनुकूलन जैविक और सांस्कृतिक दोनों प्रक्रियाओं को संदर्भित करता है। जो आबादी को किसी दिए गए या बदलते परिवेश में जीवित और पुन: उत्पन्न करने मे सक्षम बनाता है। इस सिद्धान्त के अनुसार समाज के परम्परागत रीति–रिवाज, परम्पराएं, कानुन दृष्टिकोण इत्यादि मनुष्य की सांस्कृतिक बपौती है। सामाजिक जीवन का प्रत्येक महत्वपूर्ण पहलू जैसे लैंगिक सम्बन्ध, स्वामित्व साहचर्य, सेवाओं और वस्तुओं का विनिमय परम्परा द्वारा व्यवस्थित एवं समर्पित होता है। ये परम्पराएं उस समूह की संस्कृति का घोतक है जिसमें इनका सम्बन्ध है। इसी प्रकार रीति रिवाज वे स्वीकृत तरीके है जिनके अनुसार समूह के सदस्य परस्पर व्यवहार करते है।

मानव समाज ही पर्यावरण का संरक्षण करने में सक्षम है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा इसके लिए अथक प्रयास किये जा रहे है। विश्व पटल पर भी अनेक अभियान, सम्मेलनो, आन्दोलनो द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय को गम्भीरता से लिया गया है। देश मे भी पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक आन्दोलन, अभियान चलाये गये है तथा सरकारों द्वारा भी अनेक अधिनियम बनाये गये सभी मे मानव समाज की सामूहिक सहभागिता की भूमिका महत्वपूर्ण बताई गई है। प्राकृतिक पर्यावरण से सामाजिक सांस्कृतिक पर्यावरण प्रभावित होता है। इस प्रकार निश्चित रूप मे पर्यावरण संरक्षण मे सामूहिक सहभागिता की अहम भूमिका है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. अग्रवाल, अनिल, 'ग्रेजिंग लेंडस: पीपल एण्ड एनवायरनमेंट', द स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट 1984-85 दी सैकण्ड सिटीजन रिपोर्ट सेन्टर फॉर साइंस एण्ड एनवायरनमेंट: नई दिल्ली 1985 पृ.सं. 157-162
2. अरविल, राबर्ट, 'मेंन एण्ड एनवायरमेंट' वेनगन बुक्स कम्पनी, लन्दन 1978 पृ.सं. 25
3. आलोकनाथ, 'गांवो का निर्माण' नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, वाराणासी 1990 पृ.स. 13
4. उपाध्याय, डॉ0 राधा बल्लभ 'पर्यावरण शिक्षा' हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर 1992 पृ.स. 48
5. कुमारप्पा, जे.सी. 'ग्राम आन्दोलन क्यो' सर्व सेवा प्रकाशन, वाराणसी 1995 पृ.स. 26
6. गोपाल, एम.के. 'पर्यावरण शिक्षा' हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर 1992 पृ.स. 76
7. पवार, एस.एम. और राठी. आर.वी.- 'सोशियोलॉजी ऑफ एनवायरमेंट' रावत पब्लिकेशन, जयपुर 1988 पृ.स. 85
8. प्रसाद, डॉ. ओम- 'पर्यावरण दर्शन' के.के. पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद 1998 पृ.स. 32
9. बोटकिन, डी.वी.- 'एनवायरनमेन्टल स्टेडीज दा अर्थ एज ए लिविंग प्लान्ट' चेरिज ई-मेरिज पब्लिसिंग कम्पनी, सिडनी 1982 पृ.स. 115
10. वार्षिक प्रतिवेदन- 'पर्यावरण और वन मंत्रालय' भारत सरकार, नई दिल्ली 1987-88, 1993-94

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Study Effect on Attenuation Coefficients with Two Scatters

M. D. Sharma*

Abstract - We first studied the count rate along with the applied voltage of GM counter to find the operating voltage. At the operating voltage, the white paper and aluminum foil were used to study attenuation coefficient for beta particle. The study was extended to investigate the effect on attenuation coefficient when both white paper and aluminum foil used as scatter.

Introduction - Particles emitted in nuclear reaction of atoms are known as nuclear radiation, which also refers as ionizing radiation [1]. Alpha, beta particles, neutrons, muons, mesons, positrons and cosmic rays etc. are some examples of nuclear radiations, which emitted in nuclear reaction. Nuclear detector is used to detect nuclear radiations [2-3]. Nuclear detectors are based on ionization and excitation of atoms by charged particles. Ionization counter, proportional counter and Geiger-Müller (GM) counter are used to count nuclear radiation particles based on ionization of gas molecules.

Alpha and beta particles can be easily blocked due to less penetration power. While gamma rays, x-rays, and neutrons can travel a large distance [4]. There are so many application of radiations in various field such as weapon, power generation, medicine etc. In medical or other constructive application, the control travel of radiation is required. Therefore, the study to fine the material with high attenuation and low cost is more interest.

In this paper, the count rate with the number different scatters (white paper & aluminum foil) is study in GM with CS137 source. The attenuation coefficients are measured for these objects and combined white paper and aluminum foil using GM counter.

Material and Method - Geiger-Müller (GM) [5] counter is nuclear detector based on ionization of atom. In GM counter, the electric field between cathode and anode is still greater, which increases the ionization current due to secondary ionization of gas molecules. The amplitude of output pulse is independent to the energy of incident radiation particle, due to high secondary ionization of gas molecule. Because of the simple design, GM counters are widely used for detecting alpha and beta particles and gamma photons. CS 137 radiation source is used for the present study.

Normal white paper and aluminum foil are used for the present study of absorption of beta particles.

Result and Discussions - In this section, count rate with voltage applied between both electrode was measured. The plot between count rate and applied voltage is shown in figure 1. Figure 1 clearly reflects that the count starts from a minimum voltage known as threshold voltage of GM counter. The threshold voltage is obtained as 330V for present case. As the applied voltage increases after threshold voltage the count rate increases rapidly as attains constant count rate. The count rate is constant for a certain range of applied voltage, which is characterized as plateau region of GM counter. The central value of applied voltage of plateau region is known as operating voltage. The operating voltage (V_{op}) is obtained from plateau curve of figure 1. The initial and end points of plateau region is defined as V_1 and V_2, respectively. So, the operating voltage is obtained with $V_{op} = (V_1+V_2)/2$. Form figure 1, the starting and end voltages of plateau region V_1 and V_2 are equal to 350V and 670V, respectively. Therefore, the operating voltage (V_{op}) is obtained as 510V, which is used for the next study.



FIGURE 1. The count rate with applied voltage

Here, the count rate is measured with white paper, aluminum foil using GM counter at operating voltage 510 V. The measured count rate with thickness are plotted as shown in figure 2 (a) for white paper, 2 (b) for aluminum foil and 2 (c) for both white paper & aluminum foil.

*Department of Physics, Govt. Dungar College, Bikaner (Raj.) INDIA



(a)



(b)



(c)

FIGURE 2. The count rate with thickness of (a) white paper, (b) aluminum foil and (c) set of white paper & aluminum foil

Figure 2 clearly reflects that the count rate decreases with the thickness of scatter (white paper or aluminum foil). It happens because of the absorption of beta particles by the scatters. The variation of count rate with the thickness of scatter is exponentionaly decreases as shown in figure 2. The linear attenuaton coefficient for white paper is observed as 7.359 mm^{-1} or 73.59 cm^{-1} for white paper from figure 2 (a). The linear atternuation coefficient for aluminum foil is observed as 96.2 mm^{-1} or 962 cm^{-1}. Next, the study is extended for the combined set of white paper and aluminum foil used as scatter. The combination of high and low attenuation coefficient's material are used together to achieve intermediate attenuation coefficient. Therefore, the count rate is measure for the cominbed set of white paper and aluminum foil as scatter. The count rate with the thickness are plotted in figure 2 (c). The count rate shows similar exponatial behaviour. The attenuation coefficient is achieved as 14.39 mm^{-1} or 143.9 cm^{-1} for the combined set of white paper and aluminum foil. In this way, the intermediate attenuation coefficient can be achieved using the combined set of low attenuation scatter (white paper) and high attenuation scatter (aluminum foil).

References :-

1. G. Woodside, Environmental, Safety, and Health Engineering. John Wiley & Sons, US (1997).
2. K.S. Krane, Introduction to Nuclear Physics, Wiley, USA (1987).
3. B. Martin, G. Shaw, Nuclear and Particle Physics, Wiley, USA (2019).
4. Jones, R. Clark, A New Classification System for Radiation Detectors, Journal of the Optical Society of America. 39(5), 327–341, (1949).
5. P. B. Moon, Recent developments in Geiger-Muller counters, J. Sci. Instr. 14, 189 (1937).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Synthesis & Characterization of some 1, 5 - Benzothiazepines Derivatives by using Mango Juice as a Green Catalyst

Mr. Dilip D. Anuse*

Introduction - Nowadays, seven and eight membered ring compounds are receiving significant consideration due to the existence of their structural units in some natural products. Thiazepines are substituted thiepines with nitrogen replacing a carbon in the seven-membered heterocyclic compound, depending on the position of nitrogen, one can distinguish 1,2, 1,3 and 1,4-thiazepine (Fig 3).



(a) (b) (c)

Fig 3 – schematic Diagram of (a) 1, 2 Thiazepine, (b) 1,3 Thiazepine and (c) 1,4 Thiazepine molecule.

Organic synthetic chemistry is now a fast-growing research field in chemistry. Among the various organic compounds, heterocyclic compounds have been associated with various biologically activities. Due to bioactivity connected with heterocycle and ease of preparation, a number of researchers are takings keen interested into the study of this. Heterocyclic compounds containing nitrogen and sulphur have received considerable attention in recent years. Benzothiazepines are important nitrogen and sulfur containing seven-member heterocyclic compounds, which are of great interest in the area of drug discovery and development due to their broad spectrum of pharmacological activity. 1,5-Benzothiazepines are bicyclic heterocyclic compounds with one nitrogen and one sulphur atom at 1 and 5 positions in a seven-membered ring fused to a benzene ring. Basically 1,5-benzothiazepines are the 2,3-benzo-annelated derivatives of 1,4-thiazepines. Benzothiazepines are numbered as shown in (Fig.4)



Fig 4. 1, 5 – Benzothiazepines

General synthesis:



Scheme 2.

The most utilized route to 1,5-benzothiazepines is via the reaction of 2-aminothiophenols with chalcone derivatives (Scheme 2).

General Mechanism of Synthesis - The most generally accepted mechanism entails the 1,4-conjugate addition by the thiol group of 1 on chalcones 2 leading to a thia-Michael adduct 3, followed by the intramolecular nucleophilic attack of the amino group on the carbonyl to install the imino group leading to 1,5-benzothiazepine.



Catalysts employed for 1,5-benzothiazepine - Search in the literature revealed that there are reports on the use of various catalyst in the synthesis of the 1,5 benzothiazepine via the reaction of 2-aminothiophenols and chalcones.

*Assistant Professor (Chemistry) Veer Wajekar A.S.C.College, Phunde Navi Mumbai (Mh.) INDIA

Catalyst	Ref No	Catalyst	Ref No
Ceric ammonium nitrate	[52]	$Ga(OTf)_3$	[53]
$Mg(ClO_4)_2$	[54]	silica gel$HClO_4$	[55]
Silica gel-HBF_4	[56]	Piperidine	[57]
AcOH or TFA	[58]	HCl	[59]
$Yb(OTf)_3$	[60]	Nanocrystalline aluminum oxide	[61]
HBF_4-SiO_2	[62]	Sodium dodecyl sulfate (SDS)	[63]
$Mg(ClO_4)_2$	[64]	$HClO_4$- SiO_2	[65]
SmI_2	[66]	Ytterbium triflate	[67]
Sulfated zirconia	[68]	$Ag_3PW_{12}O_{40}$	[69]
CH_3COOH	[70]	MCM-41 zeolite	[71]
Piperidine-AcOH	[72]	Dodecylsulfonic acid in water	[73]
$La(NO_3)_3$	[74]	Sulfamic acid	[75]

Scheme: Synthesis of 1,5-Benzothiazepine derivates

Procedure - Chalcone (1mmol) was dissolved in dry Methanol and 2-aminothiophenol was added. Raw mango juice (1ml) was used as catalyst. The reaction mixture was refluxed for 4-6 hrs and allowed to cool overnight. Yellow solid was obtained which was further washed with methanol to give corresponding 1, 5-benzothiazepines.



Entry	Product	Yield(%)	MP(^{0}C)
2a		95	140
2b		96	145
2c		96	172
2d		97	153
2e		94	115
2f		96	130
2g		93	167
2h		94	139

Characterization:

Structure: - 2a

IUPAC Name:- 2-(4- methoxyphenyl)-4-(thiophene-2-yl)-2,3- dihydrobenzo[b][1,5]thiazepine.

Chemical Formula: - $C_{20}H_{17}NOS_2$.

IR (cm^{-1}):- 1592 (C=N), 1577 (C=C), 1242(C-O), 691(C-S).

^{1}H (ppm):- (300 MHz, $CDCl_3$) 3.023-3.106(1H, t, Hx), 3.214-3.274(1H, dd, Ha),3.820(3H, s,OCH3),5.022-5.078(1H, dd, Hb), 6.846-7.629(11H, m, ArH).

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Structure: - 2b

IUPAC Name:- 2-(4- chlorophenyl)-4-(thiophene-2-yl)- 2,3-dihydrobenzo[b] [1,5]thiazepine.
Chemical Formula: - $C_{19}H_{14}ClNS_2$.
IR (cm^{-1}):- 1597 (C=N), 1574 (C=C), 675(C-S).
^{1}H (ppm):- (300 MHz, $CDCl_3$) 2.994-3.076(1H, t, Hx), 3.205-3.264(1H, dd, Ha),(3H, s,OCH3),4.994-5.049(1H, dd, Hb), 7.120-7.171(2H, t, ArH), 7.284-7.612(9H, m, ArH).

Structure: - 2c



IUPAC Name:- 2-(3-nitrophenyl) -4-(thiophene-2-yl)- 2,3-dihydrobenzo[b] [1,5]thiazepine.
Chemical Formula: - $C_{19}H_{14}N_2O_2S_2$.
IR (cm^{-1}):- 1597 (C=N), 1578(C=C), 1513(N=O (asym)), 1348(N=O(sym)), 684(C-S).
^{1}H (ppm):- (300 MHz, $CDCl_3$) 3.028-3.112(1H, t, Hx), 3.273-3.332(1H, dd, Ha), 5.097-5.153(1H, dd, Hb), 7.136-7.647(8H, m, ArH), 7.700-7.726(2H, d, ArH), 8.141-8.215(3H, t, ArH).

Structure: -2d



IUPAC Name:- 2-(4-fluorophenyl)-4-(thiophene-2-yl)- 2,3-dihydrobenzo[b] [1,5]thiazepine.
Chemical Formula: - $C_{19}H_{14}FNS_2$.
IR (cm^{-1}):- 1600 (C=N), 1576 (C=C), 684(C-S).
^{1}H (ppm):- (300 MHz, $CDCl_3$) 3.003-3.085(1H, t, Hx), 3.217-3.277(1H, dd, Ha), 5.031-5.088(1H, dd, Hb), 6.986-7.629(11H, m, ArH).

Structure: - 2e

IUPAC Name: 2-(4- chlorophenyl)-4-(furan-2-yl)-2,3-dihydrobenzo[b] [1,5]thiazepine.
Chemical Formula: - $C_{19}H_{14}ClNOS$.
IR (cm^{-1}):- 1602C=N), 1565 (C=C), 1251(C-O), 675(C-S).
^{1}H (ppm):- (300 MHz, $CDCl_3$) 2.898-2.980(1H, t, Hx), 3.171-3.231(1H, dd, Ha), 4.977-5.033(1H, dd, Hb), 6.602 (1H, s, ArH), 7.051-7.062(1H, d, ArH), 7.129-7.180(1H, t, ArH), 7.248-7.655(8H, m, ArH).

Structure: - 2f



IUPAC Name: 2-(4-methoxyphenyl)-4-phenyl-2,3-dihydrobenzo[b][1,5]thiazepine.
Chemical Formula: - $C_{22}H_{19}NOS$.
IR (cm^{-1}):- 1606 (C=N), 1572 (C=C), 1240(OCH_3), 654(C-S).
^{1}H (ppm):- (300 MHz, $CDCl_3$) 3.021-3.106(1H, t, Hx), 3.277-3.335(1H, dd, Ha), 3.812(3H, s, OCH3), 4.968-5.025(1H, dd, Hb), 6.844-6.872(2H, d, ArH), 7.236-7.618(9H, m, ArH), 8.063-8.088(2H, d, ArH).

Structure: - 2g



IUPAC Name: 2-(3-nitrophenyl)-4-phenyl-2,3-dihydrobenzo[b] [1,5]thiazepine.
Chemical Formula: - $C_{21}H_{16}N_2O_2S$.
IR (cm^{-1}):- 1610 (C=N), 1573 (C=C), 1513(N=O(asym)), 1350(N=O(sym)), 681(C-S).
^{1}H (ppm):- (300 MHz $CDCl_3$) 3.006-3.091(1H, t, Hx), 3.319-

3.378(1H, dd, Ha), 5.025-5.082 (1H, dd, Hb), 7.160-8.190(13H, m, ArH).

Structure: - 2h



IUPAC Name: 2-(4-chlorophenyl)-4-phenyl-2,3-dihydrobenzo[b] [1,5]thiazepine.

Chemical Formula: - $C_{21}H_{16}$ClNS.

IR (cm^{-1}):- 1609 (C=N), 1572 (C=C), 688(C-S).

^{1}H (ppm):- (300 MHz $CDCl_3$) 2.991-3.076(1H, t, Hx), 3.270-3.329(1H, dd, Ha), 4.937-4.994 (1H, dd, Hb), 7.141-7.625(11H, m, ArH), 8.052-8.075(2H, d, ArH).

Conclusion - Mango juice is easily available, completely eco-friendly, bio-degradable, non-toxic and safe for the environment as well as for the human health, to the best our knowledge it has never been employed as an eco-friendly reaction medium for performing any types of chemical reaction till date.

Mango juice employed for reaction i.e. Biginelli reaction and 1,5 benzothiazepine was found to be an efficient acid catalyst. The yield of the product were in good agreement when compared with the reactions performed with authentic catalyst. It did not affect the course and yield of the reaction. Mango juice therefore could be used as a replacement of other organic acids owing to its economical availability, easy workup procedure, environmentally benign condition thereby making it a green approach.

References :-

1. Y. Ma, C. Qian. L. Wang and M. Yang, J. Org. Chem., 2000, 65, 3864.
2. J. C. Bussolari & P. A. McDonnell, J. Org. Chem., 2000, 65, 6777.
3. J. S. Yadav, K. B. Reddy, K. S. Raj and A. R .Prasad, J. Chem., Soc, Perkin Trans 2001, 1, 1939.
4. K. A. Kumar, M. Kasthuraiah, C. S. Reddy and C. D. Reddy, Tetrahedron Lett., 2001, 42, 7873.
5. J. S. Yadav, B. V. Subba Reddy, C. Venugopal and T. Ramalingam, Synthesis, 2001, 9, 1341.
6. N. Y. Fu, Y. F. Yuan, Z. Cao, J. T. Wang and C. Peppe, Tetrahedron, 2002, 58, 4801.
7. C. M. Adharvana and Syamasundar K, J. Mol. Catalysis – A, 2004, 221,137.
8. G. Maiti, P. Kundu and C. Guin, Tetrahedron Lett., 2003, 44, 2757.
9. H. Salehi and X. G. Qing, Synn Comm., 2004, 34, 171.
10. J. Peng & Y. Deng, Tetrahedron Lett., 2001, 42, 917.

****

शक्ति-संतुलन की स्थापना के विभिन्न प्रकार

डॉ. वीरेन्द्र कुमार शर्मा*

शोध सारांश – अन्तराष्ट्रीय राजनीति में शक्ति संतुलन की स्थापना करना किसी भी राष्ट्र की स्थायी सुरक्षा के लिये अनिवार्य तत्व है। शक्ति संतुलन स्थापित रखने की अवधारणा अत्यन्त ही परिवर्तन शील प्रकिया है क्योकि अन्तराष्ट्रीय स्तर पर विश्व सामरिकी में निरन्तर परिवर्तन होते रहते है।

जैसे – जैसे विज्ञान और तकनीकी का उपयोग करके सैन्य उपयोग में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से विस्मित करने वाले अविष्कार कियें जाते हैं। उसके परिणाम स्वरूप हीं विश्व शक्ति संतुलन और सुरक्षा व्यवस्था भी परिवर्तित हो जाती है। फलत: शक्ति संतुलन स्थापित करने के लिये नये उपाये अपनानें पड़ते है।

प्रस्तावना – शक्ति-संतुलन को स्थिर रखने की समस्या अत्यन्त ही जटिल है। शक्ति-संतुलन स्थिर रखने की तुलना हम एक खेल की टीम से कर सकते हैं। देखा जाये तो टीम के खिलाड़ी खेल के निश्चित नियमों से बँधे हैं, किन्तु खेल के मैदान में निरन्तर गतिमान, चलायमान और दौड़ धूप करने में वे अपनी स्थिति बराबर बदलते है।

शक्ति-संतुलन का खेल भी इतना ही गतिमान होता है परन्तु उसके भी अपने निश्चित नियम होते हैं। किसी भी काल में शक्ति-संतुलन स्थिर करने के लिये इन नियमों का उपयोग करना ही पड़ता है। शक्ति संतुलन पूर्णत: तुलनात्मक होता है जैसे – जैसे संभावित शत्रुओं की शक्ति में अथवा समूह में परिवर्तन होता है हमें भी उसका सामना करने के लिये अपनी व्यवस्था में अतिशीघ्र ही परिवर्तन करना होता है।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विशेषज्ञों ने शक्ति-संतुलन को अपने हित में बनाये रखने के लिये निम्न तरीके अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है-

(1) हस्तक्षेप- हस्तक्षेप का मुख्य उद्धेश्य सदैव शक्ति सम्बन्धों में परिवर्तन लाना होता है। **क्लीचर** के विचार में एक प्रकार से प्रत्येक राज्य की पर-राष्ट्र नीति अपने मूल रूप में अन्य राज्यों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप ही है। द्वितीय विश्व युद्ध के उपरान्त संयुक्त राज्य ने लेबनान, लाओस तथा वियतनाम में और सोवियत संघ ने हंगरी तथा चेकोस्लावकिया में समय-समय पर हस्तक्षेप किया है। ये हस्तक्षेप यथापूर्व स्थिति को ज्यों का त्यों बनाये रखने के उद्धेश्य से किये गये है। हस्तक्षेप की नीति का अन्तिम रूप युद्ध ही है।

(2) सन्धियाँ- सन्धियाँ एक बहुल राज्य व्यवस्था में प्रचलित शक्ति-संतुलन की एक आवश्यक क्रिया है। अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में प्रयुक्त किये जाने वाले इस तरीके के अन्तर्गत राष्ट्र परिस्थितियों को देखते हुये अपने हितों के अनुसार सदा यह प्रयास करते हैं कि मैत्री सन्धियाँ की जाये और उन सन्धियों से ही माँग के अनुसार हमेशा बदलते रहा जाये। ऐसा देखा गया है कि मैत्री सन्धियों से ही कई शक्तिहीन राष्ट्र संगठित शक्ति बनकर एक शक्तिशाली राष्ट्र का मुकाबला कर सके है। संधियाँ आक्रामक और प्रतिरक्षात्मक दोनों ही उद्धेश्यों की पूर्ति करती है तथा इन दोनों प्रकार की सन्धियों का सम्बन्ध शक्ति-संतुलन से होता है।

(3) मुकाबला तथा बँटवारा- इसकी नीति यह है कि एक राज्य को उतना दो जितना कि उससे ले लिया गया है ताकि अन्तर्राष्ट्रीय तुल्य भारता बनी रहे। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा हैं। उदाहरण के लिये हम पोलैण्ड का प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं जिसमें 1772, 1793 तथा 1795 में तीन बार पोलैण्ड का विभाजन इस प्रकार हुआ कि सन्तुलन कायम रहे।

(4) विभाजन तथा शासन- अपने शत्रुओं में फूट डालो और फिर अपनी इच्छानुसार शासन करो-यह राजनीति का बड़ा पुराना दाँव-पेच है। ब्रिटेन ने तो इस नीति का विशेष प्रयोग किया है। भारत में अंग्रेजों ने हिन्दुओं और मुस्लिमों के बीच फूट डालकर काफी समय तक शासन किया। फ्रांस ने जर्मनी के सन्द्रर्भ में भी इसी नीति का पालन किया था।

(5) शस्त्रीकरण तथा निरस्त्रीकरण- जिस प्रकार साधनों द्धारा एक राष्ट्र अपनी शक्ति से शक्ति-संतुलन बनाये रखने अथवा पुन: स्थापित करने का प्रयास करता है, वह अस्त्र-शस्त्र हैं। यह तरीका इसलिये अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है कि युद्ध अधिकांशत: राष्ट्रों के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक भूमिका का निर्माण करते हैं। जब कभी एक राष्ट्र अपने शस्त्रों की होड़ को बढ़ाता है तो उसका विरोधी राष्ट्र भी शस्त्रों की ढोड़ प्रारम्भ कर देता है। शस्त्रीकरण सदैव अस्थिर शक्ति सन्तुलन को जन्म देता है। अत: इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रों ने निरस्त्रीकरण के प्रयोग द्धारा शक्ति-संतुलन के निकाय में लाभ प्राप्त करने का यत्न किया है जिसके मूल में यह धारणा निहित है कि विश्व शान्ति की स्थापना भले ही न हो, कम से कम शक्ति-संतुलन स्थिर व स्थायी तो बना ही रहे।

(6) मध्यवर्ती राज्य- द्विध्रुवीकरण की स्थिति में शक्ति-संतुलन की स्थापना का कार्य अत्यन्त दुरूह हो जायेगा, यदि विरोधी गुटों के शक्तिशाली राज्यों में मध्यवर्ती राज्यों का अभाव हो। यदि विरोधी शक्तियाँ आमने सामने हो जायें और उनके बीच कोई मध्यवर्ती राज्य न हो तो शक्ति-संतुलन की स्थापना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य हो जायेगी। अत: इसके लिये आवश्यक है कि तटस्थ राज्य की स्थापना की जाये। इन तटस्थ राज्यों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रथम विश्व युद्ध के पूर्व रूस और जर्मनी के बीच पोलैण्ड तथा फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच स्विटजरलैण्ड तटस्थ राज्यों के उदाहरण हैं।

वर्तमान राजनीति में परमाणु आयुधों एवं प्रक्षेपास्त्रों के विकास न

* सहायक प्राध्यापक (सैन्य विज्ञान) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड (म.प्र.) भारत

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में शक्ति के प्रयोग की अवधारणा को गुणात्मक रूप में परिवर्तितत किया है और मूल रूप से शक्ति-संतुलन के पुराने सिद्धान्त पर कड़ा कुठाराघात किया है। यद्यपि अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के उपलब्ध साहित्यिक प्रमाणो में इस सत्य का अधिकांश उल्लेख है कि शक्ति-संतुलन भूतकाल में शांति कायम रखने के एक तंत्र के रूप में काफी सराहनीय रहा है।

सुप्रसिद्ध इतिहासकार **फैरी** का मत है कि उन्नीसवीं सदी में यूरोप में युद्ध तो कई बार लडे ग़ये परन्तु शक्ति-संतुलन तंत्र ने उन युद्धों को स्थानबद्ध और सीमित बनाये रखा **ई0 एच0 कार** जैसे ख्याति-प्राप्त विद्वान ने बताया है कि शक्ति-संतुलन तंत्र ने 19वीं सदी में यूरोप में शांति की स्थापना का अच्छा प्रमाण प्रस्तुत किया।

कुछ विचारक इस तर्क का खण्डन करते हुए यह दलील देते है कि शक्ति-संतुलन की जिन अवधियों को शांति की अवधियाँ समझा जाता हे वे वास्तव में शांति की नहीं वरन् युद्ध की अवधियाँ रही है।

आर्गेन्सकी का कहना है कि 'एक पक्ष के पास शक्ति की सबलता होने की स्थिति में दुर्बल पक्ष सबल पक्ष के सम्मुख समर्पण कर देता है। इस प्रकार शान्ति का संरक्षण शक्ति के असन्तुलन से होता है न कि शक्ति के सन्तुलन से।'

यह प्रश्न इतना विवादग्रस्त बन गया है कि प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व की सदी में शक्ति-संतुलन का सिद्धान्त शांति की स्थापना में समर्थ रहा है अथवा असमर्थ। विद्धानों का एक वर्ग ऐसा भी है जो भविष्य में इस सिद्धान्त के सफल होने की भविष्यवाणी करता है, वहीं दूसरा वर्ग यह तर्क प्रस्तुत करने में भी पीछे नहीं है कि शक्ति-संतुलन की सफलता के लिये अवस्थायें अब अनुपलब्ध हैं जो पहले मौजूद थीं।

19वीं शताब्दी के राजनीतिज्ञ **पं0 जवाहरलाल नेहरू** ने इस सिदान्त की कटु आलोचना करते हुये इसे बेकार तथा समयानुकूल **नहीं** बताया। चीन के **माओ-त्से-तुंग** ने कहा था कि यह सिदान्त अपनी चमक खो चुका है फिर भी क्षेत्रीय राजनीति तथा युद्धों में अब भी इसका महत्व है।

डाग हैमरशोल्ड (सं0 रा0 के भूतपूर्व सचिव) ने एक बार कहा था इस बढ़ती हुई बर्बादी का भय कल शक्ति सन्तुलन के सिद्धान्त से हटकर सच्चे सार्वभौमिक सहयोग के लिये बाध्य करेना। इस आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि शक्ति सन्तुलन की समस्या यह है कि इसके लिये या तो किसी उपयुक्त विकल्प की तलाश की जाये अथवा इसके कार्य करने की अवस्थायें नयी हों।

जो शक्ति-संतुलन को युद्ध का कारण मानते है वे यह भूल जाते हैं कि यह व्यवस्था किसी शक्ति की अवधारणा से सम्बन्धित नहीं है। इसका तात्पर्य यह है कि राज्यों को अकेले ही या संगठित रूप से अपनी शक्ति को कुचल देना चाहिये जो भविष्य में उनकी स्वयं की रक्षा को चुनौती बनकर उभड़ सके। इस पक्ष के समर्थकों ने इसके अनेकों लाभ बताये हैं-जैसे यह आक्रमणों को हतोत्साहित करके राज्यों की स्वतन्त्रता की रक्षा करता है, यथास्थिति बनाये रखता है। युद्धों को रोकने में यह भले ही पूर्णत: समर्थ न हो किन्तु शान्ति स्थापना में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

आणविक युद्ध से विश्व भयभीत है किन्तु इस भय ने भी राष्ट्रों को निरस्त्रीकरण के लिये खुले हदय से प्रेरित नहीं किया है। प्रत्येक सम्मेलन के बाद निरस्त्रीकरण किसी ठोस परिणाम पर नहीं पहुँच पाता है। सो0 रूस के विखण्डन के पूर्व तथा सं0 रा0 अमेरिका की स्थापित करना रही है जिससे विश्व में साम्यवाद का प्रसार न हो सके।

इस प्रकार शक्ति-संतुलन के राजनीतिक प्रभाव का परिणाम यह है कि यह मानव जाति के विकास में सहायक रहा है और इसी कारण कई राज्यों की स्वतन्त्रता सुरक्षित रही है। जब तक अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति राष्ट्र राज्य प्रणाली पर अवलम्बित रहेगी, शक्ति-संतुलन उसका अपरिहार्य तत्व बना रहेगा, भले ही सैद्धान्तिक रूप से उसकी कितनी ही आलोचना क्यों न की जाये। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शक्ति-संतुलन की प्रकृति अवश्य बदल गयी, किन्तु इसका अस्तित्व आज भी बना हुआ है।

जब से परमाणु अस्त्रों से लैस राष्ट्रों का उदय हुआ है भारत और पाकिस्तान, अरब और इसराइल, सं. राज्य अमेरिका तथा उत्तरी वियतनाम के बीच युद्ध हुए है। इन सभी स्थानीय और क्षेत्रीय युद्धों ने शक्ति-संतुलन की स्थिति को क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावित किया है।

अत: उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि शक्ति संतुलन की स्थापना के प्रकारों को एक निश्चित सीमा में नहीं बांधा जा सकता है। यह तो निरन्तर परिवर्तनशील प्रक्रिया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Leonox A. Mills : World Politics in Transition Transition
2. A. J. Toynbee : A Study of History,
3. See International Relations,
4. See inis L. Claude. Power and international Relations.
5. See Guglielmo Ferra. The Reconstruction of Europe,
6. See E.H. Carr, The Twenty Year Crisis 1919-39,
7. See Palmer and Parkins, International Relations.
8. राष्ट्रो के मध्य राजनीति

****

पर्यावरणीय अवक्रमण के बहुआयामी प्रभाव

डॉ. कौशलेन्द्र सिंह*

शोध सारांश – पर्यावरणीय अवक्रमण 21वीं सदी की सबसे बड़ी समस्या हैं। इसने वनस्पति, कृषि योग्य भूमि (मृदा), मानवीय स्वास्थ्य तथा मानव जीवन जीने के तरीकों को बहुत अधिक प्रभावित किया हैं। इस प्रभाव का ही यह सबसे बड़ा असर है कि विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ जैसे – कैंसर, अस्थमा, आदि बहुत ही अधिक तेजी के साथ मानव जीवन को प्रभावित कर रहीं है यदि यह विश्लेषण किया जाये कि पर्यावरणीय अवक्रमण के क्या–क्या बहुआयामी प्रभाव है तो इसके गंभीर परिणामों से बचा जा सकता हैं।

प्रस्तावना – पर्यावरणीय अवक्रमण के विभिन्न प्रभावों को प्रकृति के आधार पर निम्न प्रकार विभाजित किया जा सकता है।

पर्यावरणीय अवक्रमण का मृदा पर प्रभाव – जब भौतिक या मानवीय कारणों से मृदा की गुणवत्ता घटने लगती है तो उसे प्रदूषित मृदा कहा जा सकता है। यह मृदा प्रदूषण मृदा अपरदन के रूप, मृदा हास से रूप में मृदा के अनुत्पादक प्रयोग के रूप में सामान्यत: देखने को मिलता है, मृदा के अवक्रमण के मूलभूत कारणों से मृदा का कटाव, मृदा का अत्यधिक दोहन व उससे पोषक तत्वों की कमी, प्रदूषित जल द्धारा सिंचाई, रसायनिक उर्वरक और कीटनाशक के प्रयोग, जीवांश के असंतुलित अनुपात आदि को सम्मिलित किया जाता है। विश्व की बढ़ती हुई जनसंख्या व कृषि के व्यापारीकरण के कारण मृदा का प्रदूषण अत्यधिक हुआ है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रतिवर्ष विश्व में करीब 5 लाख से अधिक लोग कीटनाशकों की चपेट में आकर मर जाते है। इन कीटनाशकों का प्रयोग मृदा को अवक्रमित कर देता है, नगरीय एवं औद्योगिक प्रदूषित जल भी मृदा अवक्रमण के लिये दोषी हैं। अत: मृदा अवक्रमण को रोकना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

पर्यावरण अवक्रमण का वनस्पति पर प्रभाव – वनस्पति भौगोलिक वातारण का सजीव तत्व है, पारितंत्र को सही ढंग से संचालित करने कि लिये वनस्पति का उपयुक्त मात्रा में होना अति आवश्यक है, मानव और वनस्पति का पारस्परिक जैविक संबंध सदैव से ही घनिष्ठ रहा है। जीव अपने वातावरण की उपज है उसी प्रकार वनस्पति किसी स्थान की जलवायु का प्रतिबिम्ब होती है जलवायु के अनुरूप ही विभिन्न क्षेत्रों में वानस्पतिक आवरण के स्वरूप देखने को मिलते है।

प्रदूषण सूचक पौधे व उन पर प्रदूषक का प्रभाव – पर्यावरण पौधों की वृद्धि को प्रभावित करता है, पौधे ही नहीं प्रत्येक जीव अपने पर्यावरण की उपज है। अनुकूल पर्यावरण में पौधे की अच्छी वृद्धि होती हे, और प्रतिकूल पर्यावरण में पौधों की वृद्धि रूक जाती है तथा इस प्रतिकूल पर्यावरण के कुप्रभाव भी पौधों पर दृष्टिगोचर होने लगते हैं तथा ये पौधे अवक्रमित पर्यावरण का संकेत देने लगते हैं इसलिये ऐसे पौधों को जैव संकेतक या संकेतक पादप कहा जाता है।

पादक संकेतकों को मूलत: दो भागों में बाँटा जाता है – 'स्टेनो' व 'यूरी'। स्टेनो वे जातियाँ हैं, जिनमें सीमित सहनशक्ति होती है, जबकि यूरी जातियों की सहनशक्ति पर्याप्त होती है ऐसे पौधे जो गर्मी की पर्याप्त मात्रा को सहन कर सकते हैं 'यूरी थर्मल' कहलाते हैं तथा वे पौधे जो जल की कमी को एक सीमा तक सहन कर पाते हैं उन्हें 'स्टेनो हाइडिक' कहते हैं। ऐसी पादक प्रजातियों का अवलोकन कर हमें अवक्रमण की दशाओं का ज्ञान संभव है।

विभिन्न प्रकार के पादक संकेतक :

1. **कृषि हेतु पादक संकेतक –** छोटी घास जहाँ पैदा होती है व मिटटी में जल की कमी का संकेत देती है, जबकि उँची व मोटी घास यह सिद्ध करती है कि मिटटी कृषि हेतु उर्वर है।
2. **वन भूमि के संकेतक –** नरेगा, परफीरोकोमा ऐसी घास है, जो मिट्टी के कणों को बांधकर रखती है और ऐसी मिटटी में साल का वृक्षारोपण संभव है, इसी भांति वापोजा जाति की घास देवदार वृक्षों और पाइन्स को उगाने हेतु अनुकूल दशाओं का संकेत देती है।
3. **जीवांश संकेतक –** कुकुरमुत्ता तथा मोनोट्रोपा का पैदा होना मिटटी में जीवांश का समुचित उपस्थित का सूचक है।
4. **नमी के संकेतक –** कास, (सेकरमुन्ज), बबूल (अकेशिया निलोटिका), अकउआ (केलोट्रोपिस), नागफनी (उपशिया) पीली कटेरी (आरजीमोन), आदि ऐसे पौधे हैं जो बहुत अधिक नमी के द्योतक है। उटकटेरी (एकीनाप्स एकीनेट्स) ऐसी जगहों पर पैदा होती है, जहाँ जल तल नीचा होता है। कच्छ वनस्पतियों का पैदा होना लवणयुक्त जल क्रान्त भूमि का सूचक होती है।
5. **मिटटी के प्रकार के संकेतक –** झाउ (केजूराइना), बेसरम (आइपोमिया), रेतीली मिटटी में ही पैदा होते है। कपास काली मिटटी में ही पैदा होती है, सागोन और केकटस कैल्सियम रहित मिटटी में ही पैदा होते है, जबकि शाल वृक्ष कैल्सियम युक्त मिटटी में पैदा होता है।
6. **भू–जल समृद्धता को व्यक्त करने वाले पौधे –** जामुन (दयूकोनिया जेम्बोलाना), मेंहदी (लासोनिया अलबा), खजूर (कोनेकर सिलवैसट्रिस) भूजल की समृद्रता को सूचित करते हैं।

पर्यावरणीय अवक्रमण का कृषि पर प्रभाव – मानव जाने–अनजाने में अनेक प्रकार की ऐसी क्रियायें करता है, जिनका मानवीय क्रिया–कलापों व सांस्कृतिक पर्यावरण पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। कृषि भी इस प्रभाव से अछूती नहीं रहती। जैसे–जैसे मानव ने तकनीकी उन्नति की है, वैस–वैसे उत्पादन वृद्धि के साथ–साथ कृषि पर पर्यावरणीय अवक्रमण के दुष्प्रभाव

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड (म.प्र.) भारत

देखे गये है, आज स्थिति यह है कि हमारे भोज्य पदार्थो में मौलिक गुणों का अभाव है, तथा खाद्यान्न में नैसर्गिकता समाप्त हो चुकी है। कृषि में अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग कीटनाशी व शाकनाशियों के प्रयोग से जहाँ हमने अधिक उत्पादन लेना शुरू किया है, तो दूसरी ओर अनेक पर्यावरणीय समस्यायें पैदा हुयी हैं।

पर्यावरणीय अवक्रमण का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव – मानव अपने वातावरण की उपज है, वातावरण की शक्तियाँ मानव के स्वास्थ्य, कार्यक्षमता, पाचन क्षमता सभी को प्रभावित करती है। किसी स्थान की जलवायु मानवीय स्वास्थ्य एवं क्रिया–कलापों को प्रभावित करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक होती है। हंटिंगटन के अनुसार जलवायु सबसे अधिक महत्वपूर्ण कारक है जो मानव के स्वास्थ्य क्रिया–कलापों को सर्वाधिक प्रभावित करता है।

मोन्टेस्क्यू ने जलवायु के प्रभावों की विवेचना करते हुये लिखा है कि ठण्डी जलवायु के व्यक्ति शरीर में मजबूत, अधिक साहसी, स्पष्ट कम, अविश्वासी और कपटी होते है जबकि इनकी तुलना में दक्षिण के व्यक्ति जो बुड्ढो की भांति भीरू, शरीर से कमजोर, उत्साहहीन और निष्क्रिय होते हैं। बोडिन के शब्दों में शीतोष्ण प्रदेशों के निवासी उत्तर की अपेक्षा अधिक बुद्धिमान और दक्षिण के लोगों की अपेक्षा अधिक कर्मठ होते है।

यही नहीं जलवायु मानव के भोजन एवं वस्त्र को भी प्रभावित करती है मरूस्थलीय प्रदेशों में धूल भरी आंधियों से बचने के लिये बुर्का पहनते हैं ठण्डे प्रदेशों में ठण्ड से बचने के लिये उनी वस्त्र, खाल के वस्त्र एवं समूर के वस्त्र पहनते हैं। वस्त्र की भांति भोजन भी जलवायु से नियंत्रित होता है। शीत, शीतोष्ण प्रदेश के मानव अपने भोजन में मांस, अण्डे, मछली, मक्खन व मदिरा का प्रयोग करते है। जबकि गर्मप्रदेशों में इनका प्रयोग नहीं होता गर्म प्रदेशों में मानव दाल, चावल, गेहूं के आटे की रोटी व फलों का प्रयोग करते हैं।

पर्यावरण अवक्रमण का आवासीय क्षेत्र पर प्रभाव – किसी स्थान के आवास वहाँ की जलवायु, भवन निर्माण हेतु उपलब्ध पदार्थ व मनुष्य की आर्थिक स्थिति से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते है। जलवायु अधिवासों के आकार एवं स्वरूप को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। शुष्क मरू–प्रदेशों में अधिवास सपाट छत व खिड़कीकार बनाये जाते है, वर्षा जल के संचय हेतु इन मकानों में गढढे होते है जो कि आज की वाटर हारवेस्टिंग का पुराना स्वरूप है, ठण्डे प्रदेशों के मकान ठण्ड के प्रकोप से बचने हेतु खिड़की रहित बनाये जाते हैं। इसी प्रकार अति उष्णाद्र क्षेत्रों के मकान ढालू छत के बनाये जाते है ताकि वर्षा जल इन मकानों से शीघ्र बहकर नीचे आयें।

इस तरह उपरोक्त अध्ययन से पता चलता हे कि पर्यावरण अवक्रमण का प्रभाव विभिन्न रूपों में अनगिनत नुकसानों के रूप में सामने आता है इसके प्रभाव को जब हम विभिन्न सीमाओं में बांधने की कोशिश करते हैं तो उनमें मुख्य प्रभाव निम्न बिन्दूओं – तापीय, वर्षा, भूमिगत एवं सतही जल, वायु, मृद्रा, वनस्पति, मानव स्वास्थ्य, कृषि एवं आवासों पर दिखाई पड़ता है। इसके मूल में जो निष्कर्ष निकलता हे वह यह है कि पर्यावरण अवक्रमण के प्रभाव को जानकर ही इससे बचा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गंभीर, संजय कुमार – वायु एवं जल प्रदूषण हिन्दी बुक सेन्टर, नई दिल्ली, 2003
2. मुखर्जीए डॉ. रवीन्द्र नाथ –पर्यावरण प्रदूषण, एवं डॉ. भरत अग्रवाल साहित्य भवन, आगरा 1987
3. नौटियाल, शिवानंद – पर्यावरण समस्या और समाधान, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली 2004
4. सुखलाल, घनश्याम – पर्यावरण प्रदूषण हिन्द बुक सेन्टर नई दिल्ली, 1999
5. प्रो. जगदीश सिंह – पर्यावरण एवं संविकास राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2001
6. Pearson, Karl - The Grammer of Science, London

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

युद्ध का अर्थ -ऐतिहासिक द्वन्द्व

डॉ. गिरीश शर्मा* डॉ. वीरेन्द्र कुमार शर्मा**

शोध सारांश – युद्ध की अवधारणा अथवा अर्थ को एक परिसीमा में सीमित करना अत्यन्त ही दुष्कर कार्य है वस्ताविकता तो यह है कि युद्ध की प्रकृति निरंतर परिवर्तनशील होने के कारण युद्ध के प्रकारो में भी निरंतर परिवर्तन होता रहता है, अत: युद्ध की स्थाई अवधारण या प्रकार निर्धारित नही किया जा सकता है कि युद्ध हिंसात्मक है अथवा अहिंसात्मक।

प्रस्तावना – मानव सभ्यता के प्रारंभ से ही युद्ध एक ऐतिहासिक एवं सामाजिक अनिवार्य तथ्य रहा है। परिवर्तित समाज धर्म अर्थ के साथ – साथ मानव सभ्यता के विकास के साथ ही उसके प्रकार एवं परिभाषाये भी निरंतर परिवर्तित होती रही है। जैसे– जैसे मानव सभ्यता का विकास हुआ है वैसे – वैसे ही युद्ध लडने के तरीके निरंतर परिवर्तित होते गये है। प्रचीन कालीन सभी युद्ध कुछ निश्चित नियम धर्मो के साथ सामने आमने – सामने खड़े होकर लडे जाते थे वही 18वीं शताब्दी में बारूद के प्रार्दुभाव के उपरांत आमने सामने खड़े होकर लडने का समरतंत्र पूर्णत: समाप्त हो गया और साथ ही एक परिवर्तन और भी आया जिसने भविष्य के युद्धो के स्वरूप को पूरी तरह से बदल कर रख दिया। सभी युद्ध समग्र युद्ध हो गये जिसमें किसी भी राष्ट्र प्रत्येक तत्व भी भाग लेने लगा और आम जनता का भी युद्ध के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध स्थापित हो गया।

युद्ध के अर्थ को लेकर सभी अपने हितो के हिसाब से अर्थ निकालते है जबकि युद्ध का अर्थ अपने हितो की पूर्ति तथा स्थायी सुरक्षा व शांति की स्थापना प्रमुख होता है।

युद्ध की परिभाषाओ के बारे मे सैन्य इतिहासकारो में द्वन्द्व है।

मोल्टकी के अनुसार–''युद्ध मनुष्यो द्वारा किया जाने वाला एक बलपूर्वक कार्य है जिसका प्रयोजन राज्य के उद्देश्य को प्राप्त करना या उसे बनाये रखना होता है।''

सन्तजू के अनुसार– ''युद्ध राज्य का महान कार्य है, जीवन और मृत्यु का प्रवेश है, सुरक्षा तथा विनाश का मार्ग है इसका अध्ययन विशेष ऐतिहासिक सन्दर्भो मे करना चाहिये।''

अन्तर्राष्ट्रीय न्याय शास्त्री ओपनहीम के अनुसार– ''युद्ध दो अथवा उससे अधिक राज्यो के बीच एक दूसरे को पराजित करने तथा विजेता राज्य की इच्छा के अनुसार शांति थोपने के लिये सशस्त्र सेनाओ के माध्यम से संचालित विवाद है।''

सैन्य इतिहासकार वेतस्टेक के अनुसार–'' युद्ध सरकारों की स्थिति है जिसमें वह सेना द्वारा स्पर्धा करते है।''

पामर एण्ड पार्किंग्स के अनुसार– ''युद्ध राष्ट्रो अथवा शासको के मध्य विभिन्न दलो के माध्यम से विरोध पूर्ण विवाद है वह किसी विदेशी शक्ति के विरूद्ध अथवा राज्य के अंदर विरोधी दलो के विरूद्ध सशस्त्र सेनाओ का प्रयोग है।''

उपरोक्त इतिहासकारो मे सर्व प्रमुख विवाद इस बात को लेकर है कि 'युद्ध केवल हिंसात्मक है अथवा अहिंसात्मक भी इसके साथ ही कुछ इतिहासकारो के अनुसार युद्ध केवल विदेशी शक्तियो के विरूद्ध सैन्य उपयोग है।'

जबकि अन्य का मन्तव्य है कि युद्ध राज्य के अंदर सैन्य उपयोग को भी युद्ध कहा जा सकता है किन्तु यदि हम विश्लेषण के तौर पर कहे तो जब दो राष्ट्र की सरकारे अधिकृत रूप से सैन्य संघर्ष की घोषणा कर देती है तो ही इसे युद्ध की संज्ञा दी जा सकती है।

प्राचीन काल से प्रथम विश्व युद्ध प्रांरभ होने तक सैन्य संघर्षो को ही युद्ध कहा जाता था, किन्तु प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में अत्याधुनिक शस्त्रो की हिंसात्मक और विनाशक क्षमताओं को देखते हुये जिसमें कि रासायनिक युद्ध जीवाणु युद्ध परमाणु युद्ध सर्वप्रमुख है, समस्त विश्व कों यह एहसास होने लगा था कि यदि भविष्य मे तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो समस्त मावन जीवन का अस्तित्व ही खतरे मे पड सकता है।

विशेष रूप से जब अमेरिका ने 6 अगस्त और 9 अगस्त 1945 को क्रमश: हिरोशिमा और नागासाकी नामक जापानी शहरो के ऊपर परमाणु बम के द्वारा हमला कर दिया तो समस्त विश्व को भविष्य के युद्धो की भयावहता का प्रत्यक्ष दर्शन हो गया और इसके उपरांत युद्धो का एक और नवीन प्रकार अप्रत्यक्ष (शीतयुद्ध) युद्ध सामनें आ गया और समस्त विश्व हिंसात्मक युद्धो से बचने का प्रयास करने लगा।

यही वह समय था जिसमें सैन्य विज्ञान के इतिहास लेखन की दशा ही बदल दी। अब से पूर्व तक सैन्य संघर्ष को ही युद्ध का नाम दिया जाता था किन्तु अब युद्ध की एक और विधा शीत युद्ध अथवा अहिंसात्मक युद्ध ने भी जन्म ले लिया है। शीत युद्ध अहिंसा से बचने के साथ ही शक्ति संतुलन स्थापित करने कर भी एक साधन था।

फ्लेमिंग के अनुसार–'शीत युद्ध का उद्देश्य शत्रुओ अलग रखना और मित्रो को जीतना होता है। पंडित जवाहर लाल नेहरू के अनुसार– 'शीत युद्ध एक ऐसा युद्ध है जो युद्ध क्षेत्र मे नही बल्कि मनुष्य के मस्तिष्क मे लडा जाता हैं तथा इसके द्वारा विचारो पर नियंत्रण का प्रयत्न किया जाता है।'

निष्कर्ष –उपरोक्त समस्त विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष रूप मे यह कहा जा सकता है कि सैन्य इतिहास के अध्ययन से यह पूर्णत: स्पष्ट हो जाता है कि जैसे – जैसे मानव सभ्यता एवं वैज्ञानिक युग का विकास होता जा रहा

* प्राध्यापक (सैन्य विज्ञान) शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (सैन्य विज्ञान) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड (म.प्र.) भारत

है वैसे– वैसे ही युद्ध के नवीन प्रकार सामने आते जा रहे है। युद्ध का एक मात्र अतिम लक्ष्य विजय प्राप्त करना शेष रह गया है।

अर्थात शुत्रो को अपनी बात मनवाने के लिये बाध्य करना ही युद्ध है चाहे इसके लिये हिंसात्मक अथवा अहिंसात्मक कोई भी तरीका क्यो न अपनाना पडे जब इन उद्देश्यो की पूर्ति का इतिहास लिखा जायेगा तो उसका कोई भी स्थाई अथवा निर्धारित स्वरूप नही होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. K.M. Panikkar,"Survey of indian History" Asian Publishing Delhi 1992
2. Lt. Gen P.N. Kathpalia PVSM AVSM National Security Perspectives Lancer International 1986, New Delhi
3. Col Ravi Nanda, AVSM" India in Security: Changed Perspective" Lancer Book 2005 New Delhi.
4. A.N. Agarwal Total Mobilization for national Defence : Allahabad University 1965.
5. B.N. Majomdar Study of indian Military History Army Education Store Ambala 1963
6. Panikkar K. M. Geographical Factor in indian History Bombay Bharatiya Vidya Bhavan 1959
7. K. M Panikkar Problem of indian Defence Bombay Asia Pub. House 1960:

****

जलवायु प्रदूषण की समस्या भारतीय भू-स्थिति के संदर्भ में

डॉ. कौशलेन्द्र सिंह*

शोध सारांश – समस्त विश्व में उपयोग में लाये सकने वाले जल विशेष रूप से पेय जल की अत्यधिक कमी हैं तथा भारत भी इस जल समस्या से अछूता नहीं हैं। भारत में भी जल प्रदूषण की समस्या बहुत अधिक है और ईसका सर्वप्रमुख कारण यह हैं कि भारत में स्थित बड़ी नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखने की योजना पर मैदानी रूप से अमल नहीं हो पा रहा हैं।

प्रस्तावना – भू-जल में बढ़ता जहर – देश में भू-जल स्तर में हो रही भारी गिरावट व भू-जल में मिल रहे दूषित तत्वों के कारण जमीन के अंदर जहरीला होता जा रहा है। यह समस्या जल वैज्ञानिकों के लिये गंभीर चिंता का प्रश्न बनती जा रही है, देश भर से एकत्र किये गये आँकड़ो में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के आंकड़े चौकानें वाले हैं।

मध्यप्रदेश के जहाँ 9 जिलों में भू-जल स्तर में चार मीटर से अधिक गिरावट आई है, वहीं महाराष्ट्र के 10 जिलो में भू-जल चार मीटर से नीचे चला गया है। इसी तरह मध्यप्रदेश के 25 और महाराष्ट्र के 29 जिलों के भू-जल में लवण, फलोराइड, नाइट्रेट व भारी धातु जैसे खतरनाक दूषित तत्व मात्रा से अधिक पाये गये हैं। मध्यप्रदेश के 10 व महाराष्ट्र के 9 जिलों में भू-जल का स्तर चार मीटर से अधिक नीचे चला गया है।

भू-जल में दूषित पदार्थो की मात्रा में बढ़ोतरी मध्यप्रदेश के 25 जिलों में पाई गई है, इसमें भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना, झाबुआ, खरगोन, धार, शिवपुरी, शाजापुर, गुना, मंदसौर और उज्जैन जिलों के भूजल में लवणता की मात्रा अधिक पायी गयी है, इसी तरह भिण्ड, मुरैना, गुना, झाबुआ, छिन्दवाड़ा, सिवनी, मण्डला, रायपुर और विदिशा में फलोराइड व सीहोर में नाइट्रेट की मात्रा अधिक पाई गई है।

इसी तरह बस्तर, कोरबा, रतलाम ओर नागदा जिलों में भारी धातु जैसे दूषित पदार्थ आवश्यकता से अधिक पाये गये है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हैं, उल्लेखनीय है कि सुरक्षित पेयजल आपूर्ति करने संबंधी प्रावधानों की योजना व उनकी वित्तीय व्यवस्था राज्य सरकारों द्वारा किया जाना है, इसलिये केन्द्र सरकार का इस संदर्भ में कोई योगदान नहीं होता, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड राज्य सरकारों को सिर्फ तकनीकी सेवा प्रदान करता है।

सतही एवं भूमिगत जल के अवक्रमित होने के सामान्य कारण :

1. आवासीय क्षेत्रों मे नहाने, कपड़े धोने में प्रयुक्त साबुन व पाउडर से सतही जल प्रदूषित होता है यही जल नदियों, झीलों व तालाबों के जल को प्रदूषित करता है।
2. वाहित जल, नगरों व कस्बों के मकानों से निकला मल-मूत्र, कूड़ा-करकट भी नालों के द्वारा नदियों तथा तालाबों और झीलों में डाल दिया जाता है, जिससे जल प्रदूषित होता है।
3. कृषि उपज अधिक लेने हेतु कीटनाशक, खरपतवारनाशक, तथा उर्वरक के वर्तमान समय में अधिकाधिक उपयोग द्वारा भी सतही जल प्रदूषण बढ़ा है, क्योंकि वर्षा जल के साथ मिलकर ये समस्त तत्व सतही जल स्त्रोतों में पहुंच जाता है।
4. विभिन्न प्रकार के ईधनों जैसे – कोयला, पेट्रोल, डीजल आदि के जलने से कई विषैली गैसे निकलती हैं, जो वर्षा जल के साथ मिलकर सतही जल स्त्रोतों को प्रदूषित करती है।
5. रेडियोधर्मी पदार्थ भी उर्जा स्त्रोत के रूप में प्रयुक्त होने लगे हैं और इस प्रक्रिया में जल का अधिक उपयोग होता है। सामुद्रिक जल में नाभिकीय विस्फोट की घातक विकरण द्वारा जल को प्रदूषित करते हैं।
6. भूमिगत जल तल के नीचे होने का मुख्य कारण वर्षा जल का भूमि में कम पहुंचना है अनुमान है कि 75 प्रतिशत वर्षा जल नदी-नालों द्वारा बहकर दूसरे स्थानों पर चला जाता है। चूंकि पहले गांवों में तालाब, पोखर, बावड़ी आदि में वर्षा जल का संग्रह होता था। परन्तु आज इनका निरंतर अभाव हो चुका है। तालाब व पोखर कृषि क्षेत्रों में बदल चुके है। आज आवश्यकता यह है कि प्रत्येक गांव में छोटे-छोटे तालाब विकसित किये जाये। खेतों से भी वर्षा जल बाहर नहीं जा पाये तो भूमिगत जल तल में बढ़ोतरी हो सकेगी।

पर्यावरणीय अवक्रमण का वायु पर प्रभाव – भारत में वायु प्रदूषण की समस्या औद्योगिक एवं सघन नगरीय क्षेत्रों में उभरी है, और भारत के औद्योगिक प्रदेश वायु प्रदूषण के शिकार हुए है। वायु प्रदूषण को अन्तराष्ट्रीय सीमाओं से आवृद्ध नहीं किया जा सकता, एक देश के आणुविक परीक्षण से फैले समस्थानिक (आइसोटोप्स) विश्व भर में फैलकर ब्लड कैंसर जैसी बीमारियों को जन्म दे सकते हैं। वायु प्रदूषण की घटनाओं में भोपाल गैस कांड, चैरनोविल रूस की घटनायें, हृदय विदारक घटनायें रही है।

प्रदूषित व अवक्रमित वायु से तात्पर्य वायु में ठोस, द्रव अथवा गैसीय प्रदूषकों के उस सीमा तक मिलने से है जो मनुष्य, जीवजन्तु वनस्पति व सम्पत्ति के लिये हानिकारक हो तथा ये प्रदूषक मानवीय स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव छोड़ते हो, इस प्रकार प्रदूषित वायु से तात्पर्य वायु की प्राकृतिक गुणवत्ता में प्रतिकूल परिवर्तन से है।

वायु के भौतिक और रसायनिक गुणों में इस प्रकार का ऋणात्मक परिवर्तन जो मनुष्य और जीव जन्तुओं के लिये हानि पहुंचाये तो उसे प्रदूषित वायु या अवक्रमित वायु कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण उन परिस्थितियों तक सीमित रहता है जहां बाहरी परिवेशी वायुमंडल में दूषित पदार्थो की सान्धता मनुष्य तथा पर्यावरण को हानि

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड (म.प्र.) भारत

पहुंचाने की सीमा तक बढ़ जाती है।

वायु के प्रदूषक – वायु के प्रदूषक दो प्रकार के होते है,

1. प्राथमिक प्रदूषक प्राकृतिक एवं कृत्रिम प्रक्रियाओं द्वारा सीधे वायुमंडल में मिल जाते हैं, उदाहरण के रूप में कार्बनडाईऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड, कार्बन मोनो वायुमंडल में मिलती रहती है।
2. द्वितीयक प्रदूषक वे प्रदूषक होते हैं जिनका निर्माण प्राथमिक प्रदूषकों के साथ वातावरण के अन्य तत्वों की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप होता है। उदाहरण के लिये सल्फर डाई ऑक्साइड वर्षा ऋतु में वाष्प से मिलकर गंधक के अम्ल को जन्म देती है।

वायु प्रदूषण के स्त्रोत – वायु प्रदूषण के अनेक स्त्रोत होते है, ये स्त्रोत क्षेत्रीय व अन्तराष्ट्रीय किसी भी रूप में हो सकते हैं। मूल रूप से वायु पर प्रभाव डालने वाले इन स्त्रोतों को दो भागों में बांटा जाता है –

1. प्राकृतिक स्त्रोत में ज्वालामुखी गैसें, वन क्षेत्रों में लगी आग का धुआ, आंधी व तूफान से फैले धूलकण व स्थानीय हवाओं के प्रभाव सम्मिलित किये जाते हैं।
2. मानव वायु को अवक्रमित करने में एक महत्वपूर्ण कारक है, जीवाश ईधनों के दहन, औद्योगिक चिमनियों तथा अवांछित गन्दे पदार्थो आदि से वायु अवक्रमित होती रहती है। अत: इन क्रियाओं को निम्न बिंदूओं में रखा जा सकता है। 1. ईधन उद्योग, 2. औद्योगिक क्रियाकलाप, 3. परिवहन के साधनों को उत्सर्जन, 4. शक्ति उत्पादन, 5. किसी कार्य में कीटनाशी व साथ नाशियों का छिड़काव, 6. अपशिष्ट पदार्थो की सड़न, 7. ताप विधुत गृह आदि।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Bernard, G.- Eco-Development,
2. Pearson, Karl - The Grammer of Science, London
3. Tolba, M.K. - Sustainable Development
4. W.C.E.D. - Our Common Future Oxford University, Delhi, 1987
5. गंभीर, संजय कुमार – वायु एवं जल प्रदूषण हिन्दी बुक सेन्टर, नई दिल्ली, 2003
6. मुखर्जीए डॉ. रवीन्द्र नाथ – पर्यावरण प्रदूषण, एवं डॉ. भरत अग्रवाल साहित्य भवन, आगरा 1987
7. नौटियाल, शिवानंद – पर्यावरण समस्या और समाधान, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली 2004
8. सुखलाल, घनश्याम – पर्यावरण प्रदूषण हिन्द बुक नई दिल्ली, 1999
9. प्रो. जगदीश सिंह –पर्यावरण एवं संविकास राधा पब्लिकेशन,नई दिल्ली, 2001

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

भारत में घटता लिंग अनुपात- एक समकालिक अध्ययन

डॉ. अशोक कुमार त्यागी *

प्रस्तावना – भारत के इतिहास में नारी के प्रति व्यवहार में श्रद्धा, सम्मान, विश्वास और प्रशंसा अंकित है। हमारे प्राचीन ग्रंथों एवं वैदिक साहित्य के प्रमाण बताते हैं कि नारी के साथ अच्छा व्यवहार किया जाता था और उन्हें अधिक अधिकार प्राप्त थे। अदिति, लोपमुद्रा, गार्गी, मैत्रेयी, घोषा और अपाला जैसी असाधारण प्रतिभाशाली महिलाओं की शिक्षा का स्तर उस युग के शिक्षित पुरूषों के समकक्ष था। मनीषी यज्ञवालक्य ने वयस्क महिलाओं को अपना जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्रता दी। गार्गी ने तो अपनी शर्तों पर एक मनीषी को अपने पति के रूप में वरण किया, किन्तु उसके बाद के समय में महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आने लगा तथा भारतीय समाज में भी महिलाओं की स्थिति निम्नतर होने लगी। अन्य धर्म (सम्प्रदायों) में भी महिलाओं की स्थिति सोचनीय थी।

स्वतंत्रता आन्दोलन से उत्साहित और हिन्दू धर्म के समाज सुधारकों के समर्पित प्रयासों द्वारा विगत् सौ वर्षों ने पिछले कई शताब्दियों से महिलाओं के विरूद्ध किये गये भेदभावों को समाप्त करने हेतु प्रयत्नशील भारत को देखा है। स्वतंत्रता आन्दोलन में अनेक उच्च मेधावी महिलाओं के साथ-साथ सामान्य महिलाओं ने भी भाग लिया और आन्दोलन की अग्रिम पंक्ति में रहीं। बाहरी आक्रांताओं के विरूद्ध भी भारतीय महिलाओं के संघर्ष की अनेको वीरगाथाएँ भी भारत के स्वर्णिम इतिहास का अनूठा भाग है।

Many committees and commissions have been established over the years to underline the importance of value education. In 1938, Dr. Zakir Husain, stressed the need to change the education system in India. The Sergeant Committee, 1944, cited that without an ethical basis any curricula would be barren. In 1945, a Spiritual Education Committee of the Central Advisory Board of Education endorsed that spiritual and moral teachings, which are common to all religions, must be an integral part of syllabus. The Radhakrishnan Commission (1948 – 49) stressed the need to incorporate spiritual training in the curriculum of educational institutions. Later the Mudaliar Commission (1952-53) also suggested that the growth of character of students would depend mainly on religious and moral instructions. The Kothari Committee (1964-66); stressed on moral education and inculcation of a sense of social responsibility in students. In 1986, the National Policy on Education stated that “Today the education system in India stands at crossroad where neither normal linear expansion nor the existing pace and nature of improvement can meet the need of students”. The Ramamurthy Committee, 1990, also observed that education must nurture a set of values like love and sympathy must nurture a set of values like love and compassion, build up a new social order based on truth and non violence and prepare the ground for integration between science, spirituality and democracy, which is the link between the two.

Why need Value Education?

Our youngsters have fallen in the grip of eroding values such as dishonesty, disingenuousness, lack of punctuality, disregard for elders, disregard for work – culture and entrepreneurial activities. All these facts result in gun – culture, greed for earning money and wealth by easy and foul means, lack of concern for the rural background from which they come. The more serious alarm, the absence of sensitivity towards women as reflected in an excess of rape cases involving women of all ages. The value oriented education can minimize all above stated problems by bringing out a change in the nature, vision, thought, character and conduct of students, personalities, politicians, administrators, executives and ultimately, the society, the nation and the world. Present study suggests how the teacher of higher education can play a critical role in orienting the students towards a proper direction. Further the value model suggested for the teacher may be a useful tool for value addition and further broadcasting among students.

Suggestions for Value Orientation and Adoption- Few suggestions for value orientation and adoption are as

*Associate Professor, D.A.K. (P.G.) College, Moradabad (U.P.) INDIA

follows:

1. Study the course content carefully to find out what is applicable to other subjects and what to outside the academic life too.
2. Select instructional resources, which are best, suited to the job of making relationship ostensible.
3. Use suitable method of teaching (e.g. problem solving, discussion, leading question, etc.), which will expedite active learning of values like leadership, cooperation, group – harmony, mutual respect, and so on.
4. Provide enough room to contribute. Values like punctuality and discipline, sympathy and tolerance, democratic right and responsibilities may be trained in applied situations only.
5. Stories of great characters and their values have a constructive effect on the minds of young people.
6. Sound steps need to be invented by the Department of Education to stop political intrusion in educational institutions.
7. To convert Latent into Talent communication skills need to be advanced constructively, building confidence and curiosity, therefore leading to self – enthusiasm.
8. Where women are respected, even gods lived there. In our ancient culture and during the Vedic period, women had more' respect and status in society than man. No religious ceremony could perform by man alone, without the presence of his wife.
9. Organization of exhibitions or educational trips may also be taken up as an additional activity to inculcate the value of National Integration.
10. The teacher has to quote many instances about the importance of punctuality varieties of things like pictures, posters; quotations etc. may be made use of by the teacher. It will be still more beneficial if the proverbs and quotations regarding punctuality are shown through slides. The importance of doing all the things at a particular time to be explained to the students by the teacher.

References :-

1. Nuun. T.P., *Education: Its Data and First Principles*, London, 1923.
2. Stevenson, *The Project Method of Teaching*, pg. 43.
3. *Selection from the Coolected Works of Swami Vivekananada*. Advaita Ashram, Calcutta. VII Edition, 1989.
4. Ministry of Education, Government of India, *Report of the Education Commission,* (1964- 66) 1966, First Edition.
5. Barul J. Sangm a, Albert S. Tirkey: Value-Based Education In Garo Hills (Meghalaya): The Urgent NeedInternational Journal of Informative & Futuristic Research (IJIFR) Volume – 3(4), P.g. 1199 – 1204, 2015.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

अभिज्ञान शाकुन्तलम् में अश्रु वर्णन- एक चिन्तन

डॉ. रुचि गुप्ता*

प्रस्तावना – ईश्वर की इस सृष्टि में अश्रु का अति महत्वपूर्ण स्थान है। कभी तो ऐसा प्रतीत होता है कि अश्रुओं का जो गौरव है, महिमा है वह कदाचित् नेत्रों से कम नहीं। संसार में ऐसे बहुत से प्राणी हो सकते हैं जिसके पास नेत्रा न हों किन्तु ऐसा कोई भी नहीं जिसके पास अश्रु न हों। वस्तुत: अश्रु उन बहुमूल्य उपहारों में से एक है जो ईश्वर ने मनुष्य को दिये हैं। यह अकारण ही नहीं समझना चाहिये कि इस धरा पर अवतरित होते ही मानव सबसे पहले रोता है। अश्रु की एक बूँद के भीतर मानव से सम्बन्धित समस्त भाव समाहित हैं। संसार का ऐसा कोई भाव नहीं जो अश्रु से सिक्त न हो। अश्रु भागीरथी की वह पुण्य धारा है जो समस्त पापों का प्रक्षालन कर देती है। हृदय की अपूर्व शक्ति है जो नगाधिराज को भी कम्पित करने में समर्थ है। वह मधुर अमृत है जिसका जन-जन पान करता है संसार का वह प्रकाश है जिससे जगत् आलोकित है।

काव्य तथा अश्रु दोनों का अति प्राचीन सम्बन्ध है। आदि काव्य 'रामायण' की रचना का प्रणयन भी अश्रु ही है। आदि काव्य 'रामायण' के पश्चात् भी उत्तरकालीन काव्यों के प्रणयन में प्राय: अश्रु ही आधार बने हैं।

कविकुल गुरु, सरस्वती के वरद पुत्र, कविता कामिनी के हास महाकवि कालिदास ने अपनी प्रत्येक कृति को अश्रुओं से सिक्त किया है। उनकी प्राय: प्रत्येक कृति चाहे वह नाट्य कृति हो अथवा गीतिकाव्य या महाकाव्य, प्रत्येक में अश्रुओं की पुण्य स्रोतस्विनी प्रवाहित हो रही है।

महाकवि ने आँसू को भिन्न-भिन्न रूपों में देखा है। उन्होंने सर्वत्र चाहे वह पुत्री की वत्सलता हो या बहिन-सखी का प्रेम, पत्नी का प्रेम हो या माता की ममता सबका समन्वय अश्रु में ही देखा है।

विवेच्य शोध पत्र का विषय चूँकि 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' में अश्रु है। अत: वहीं मुड़ना श्रेयस्कर होगा। विवेच्य नाटक का सूक्ष्मत: अवलोकन करने पर हम पाते हैं कि कवि ने मानव से सम्बन्धित प्राय: प्रत्येक भाव को अश्रुओं के माध्यम से प्रस्तुत किया है। 'शाकुन्तलम्' में मुख्यत: अश्रुओं के माध्यम से जिन भावों का वर्णन किया गया है वे इस प्रकार हैं- पिता-पुत्री का प्रेम, सखियों का स्नेह, साथ रहने के कारण पशु-पक्षियों का प्रेम, प्रकृति प्रेम, पति-पत्नी का परस्पर प्रेम, विरह, मिलन, पश्चात्ताप, क्रोध, मानव की संतान लालसा आदि।

इनका कुछ विस्तृत रूप निम्नवत् देखा जा सकता है।

यदि अंकों की दृष्टि से विचार किया जाये तो हम पाते हैं कि चतुर्थ अंक एक ऐसा अंक है जो अश्रु से पूर्णत: सिक्त है। अश्रुओं में इतनी शक्ति है कि वनवासी कण्व पर भी अपना आधिपत्य जमा लेते हैं। शकुन्तला के पति गृह गमन के समय उनका कण्ठ अश्रुओं से रुंध गया है-

यास्यत्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया,
कण्ठ: स्तम्भितवाष्पवृत्तिकलुषिश्चिन्ताजडं दर्शनम्।[1]

आगे भी गौतमी कहती है-

एष ते आनन्दपरिवाहिणा चक्षुषा परिष्वजमान: इव गुरुरुपस्थिता:।[2]

शकुन्तला अपनी सखियों के साथ गले मिलकर रोती है।[3]

चतुर्थ अंक में महाकवि इतने भावुक हो जाते हैं कि उन्हें प्रकृति भी अश्रुपात करती प्रतीत होती है।

अपसृतपाण्डुपत्रा मुन्यचन्त्यश्रुणीव लता:।[4]

शकुन्तला के हृदय में एक और पति मिलन की लालसा है तो दूसरी ओर पितृगृह को त्यागने की विकलता। उसकी इस करूणामयी स्थिति को व्यक्त करने में अश्रुओं के अतिरिक्त किसमें सामर्थ्य हो सकती है?[5]

पंचम अंक में जब दुर्वासा के शाप वश दुष्यन्त शकुन्तला को पहचानने में असमर्थ होकर उसे अस्वीकृत कर देता है तब शकुन्तला के अश्रु उसका क्रोध, उसके हृदय की वेदना दोनों को सदैव ही प्रकट करते हैं।[6] पुरोहित शकुन्तला की स्थिति इस प्रकार प्रकट करता है-

सा निन्दन्ती स्वानि भाग्यानि बाला बाहुत्क्षेप क्रन्दितुं च प्रवृता।[7]

अश्रु कभी विरही मनुष्य के नेत्रा व निद्रा के मध्य दीवार बन जाते हैं तो कभी उसके नेत्रा व प्रियतमा के चित्रादर्शन के मध्य बाधक बनते हैं। षष्ठ अंक में दुष्यन्त को जब शकुन्तला की पुन: स्मृति हो आती है तब वह उसका चित्रा-दर्शन कर अपना मनोविनोद करना चाहता है किन्तु अश्रु इसमें भी बाधा डाल देते हैं-

प्रजागरात् खिली भूतस्तस्या: स्वप्ने समागम:।
वाष्पस्तु न ददात्येडयं दष्टुं चित्रागतामपि।।[8]

अश्रु केवल विरह-वेदना को ही प्रकट नहीं करते वरन् मिलन की मधुर बेला को भी अभिसिक्त करते हैं। सप्तम अंक में दुष्यन्त का जब शकुन्तला से पुनर्मिलन होता है तब वह भी अश्रुओं की छाँव तले ही सम्पादित होता है।

वाष्पेण प्रतिषिद्धेपि जयशब्दे जितं मया।
यत्तो दृष्टमसंस्कार पाटलोष्ठपुटं मुखम।।[9]

अश्रु एक नि:सन्तान व्यक्ति की पीड़ा को व्यक्त करने में पूर्ण समर्थ है। दुष्यन्त के पूर्वज उसके नि:सन्तान होने के कारण दुष्यन्त के अश्रुओं को धोने से शेष बचे तर्पण जल को पीते हैं-

अस्मात् परं वत यथाश्रुति संभृतानि को न: कुले निवपनानि नियच्छतीति।

* एसो. प्रोफेसर (संस्कृत विभाग) दिगम्बर ज़ैन कॉलिज, बड़ौत, बागपत (उ.प्र.) भारत

नूनं प्रसूति विकलेन मया प्रसिक्तं धौताश्रुशेष मुदकं पितर: पिबन्ति।।[10]

इस प्रकार 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' में अश्रु वर्णन पर सुक्ष्मत: विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि अश्रु विरह से मिलन की और एक निश्चित मार्ग प्रशस्त करते हैं। नायक एवं नायिका का जो प्रेम मात्र शारीरिक आकर्षण पर आधारित था तथा जिसमें न गुरुजनों की आज्ञा थी न आशीर्वाद तथा जो प्रेम न होकर कोरी वासना सी प्रतीत होता था वही प्रेम अश्रुओं की अग्नि में तप कर निखर उठता है तथा कुन्दन बन जाता है। कवि ने नायक एवं नायिका दोनों से पश्चाताप के अश्रु गिरवाये हैं ये अश्रु उनके प्रेम को आदर्शोन्मुख बना डालते हैं। प्रस्तुत नाटक का यह अश्रु वर्णन भली-भाँति स्पष्ट कर देता है कि अश्रु मुस्कान की ओर उठाया गया प्रथम पाद है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अभिज्ञान शाकुन्तलम् चतुर्थ अंक श्लोक सं0-06
2. वही श्लोक सं0-06 से आगे गौतमी का संवाद
3. वही, चतुर्थ अंक में अनेक स्थल, अभिज्ञान शाकुन्तलम्-वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी, पृ0सं0-27, 49, 70
4. वही, श्लोक सं0-12
5. वही, श्लोक सं0-15
6. वही पंचम अंक, पृ0 सं0-128, 139
7. वही पंचम अंक, श्लोक संख्या-30
8. वही षष्ठ अंक, श्लोक सं0-22
9. वही सप्तम अंक, श्लोक सं0-23
10. वही षष्ठ अंक, श्लोक सं0-25

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

छिन्दवाड़ा जिले में जल संसाधनों की स्थिति

जिन्सा रानी मरकाम *

शोध सारांश – जल संसाधन, जल के वे स्त्रोत हैं, जो मनुष्यों के लिए उपयोगी होते हैं। अधिकांशत: लोगों को ताजे जल की आवश्यकता होती है। जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। जल एक अक्षय प्राकृतिक संसाधन है। एक अक्षय संसाधन वह संसाधन होता है, जिसे बार-बार उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से प्रतिस्थापित हो जाता है। तीव्र जनसंख्या वृद्धि तथा वैश्विक उष्णता से जल संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण जल का समुचित प्रबंधन तथा संरक्षण आवश्यक है। जल प्रकृति में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न रूपों में पाया जाता है। पृथ्वी में जल ऐसा पदार्थ है, जो तीनों अवस्थाओं यथा-ठोस, द्रव एवं गैस में पाया जाता है। ठोस अवस्था में हिमखण्डों, बर्फ के पहाड़ों एवं नदियों, द्रव अवस्था में झरनों, तालाबों, नदियों तथा गैस अवस्था में जलवाष्प (भाप) के रूप में पाया जाता है।

शब्द कुंजी – जल संसाधन, सतही जल, भूमिगत जल, औसत वार्षिक वर्षा, सतही जल स्त्रोत, भूमिगत जल स्त्रोत, सिंचाई के साधन।

प्रस्तावना – जल पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है, जो सजीव वस्तुओं का प्रमुख संघटक एवं पृथ्वी सतह के निर्माण में प्रयुक्त एक प्रमुख संसाधन है। पृथ्वी की सतह का करीब दो-तिहाई (70 प्रतिशत) हिस्सा जल से ढका है। पृथ्वी पर विद्यमान जल का 97.3 प्रतिशत जलराशि महासागरों में है। महासागरीय जल में खनिज लवणों के घुले होने के कारण खारापन होता है, जिसकी वजह से जल पीने के अनुकूल नही है। सम्पूर्ण पृथ्वी में महज 2.7 प्रतिशत शुद्ध जल पाया जाता है, जो पीने के योग्य है, लेकिन इस जलराशि का अधिकांश हिस्सा ध्रुवों पर बर्फ के रुप में जमा है, जो हमारे उपयोग के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं है। इस तरह जल का बहुत कम हिस्सा लगभग 1 प्रतिशत ही हमारे उपयोग के लिए सुलभ है।

मानव सभ्यता तथा संस्कृति से जल का अनन्य सम्बन्ध है। संसार की सभी सभ्यताएँ जल स्त्रोतों विशेषकर के नदियों के किनारे विकसित हुई हैं, चाहे वह सिंधु घाटी की सभ्यता हो या मिस्त्र की सभ्यता, मेसोपोटामिया की सभ्यता रही हो या चीन की सभ्यता। इसी कारण जल का हमारी सभ्यता तथा संस्कृति के सरोकारों से गहरा जुड़ाव रहा है। यह हमारे सोच तथा चिंतन की दशा और दिशा का नियामक रहा है। इसलिए जल हमारे साहित्य, संगीत, धर्म, कला तथा दर्शन में व्यापक रुप से समाहित है।

मानव अस्तित्व एवं सभ्यता के विकास तथा पृथ्वी के शीत-ताप-नियंत्रण में इसकी केन्द्रीय भूमिका है। जल के अभाव में जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। जल मानव समाज की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक एवं सर्वप्रमुख संसाधन है, इसलिए कहा गया है, कि यजल ही जीवन है।

हम सभी जल के सामान्य उपयोगों से परिचित हैं, जल वास्तव में सभी प्रयोजनों में काम आने वाला पदार्थ है-हम जल से अपनी प्यास बुझाते हैं, जल में अपना खाना पकाते हैं तथा जल से अपने कपड़े धोते हैं, जल आनंद एवं खुशियों में भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कृषि क्षेत्रों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। जल का उपयोग मानव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जानवरों के लिए भी उतना ही उपयोगी है। जल सभी प्राणियों एवं वनस्पतियों के लिए अतिआवश्यक है।

अध्ययन क्षेत्र : छिन्दवाड़ा जिला भारत में मध्यप्रदेश राज्य के जिलों में से एक है। जिला जबलपुर संभाग का हिस्सा है। छिन्दवाड़ा जिला मध्यप्रदेश राज्य में क्षेत्रफल (11,815 वर्ग कि.मी.) में प्रथम स्थान पर है और राज्य के क्षेत्रफल का 3.85 प्रतिशत है। जिले में कुल 12 तहसील तथा 11 विकासखण्ड हैं, जिसमें ग्राम पंचायत 808 तथा कुल 1985 ग्राम है। जिले का गठन 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य के गठन के साथ किया गया। यह जिला सतपुड़ा श्रेणी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में स्थित है। दक्षिण में जिले की सीमा महाराष्ट्र राज्य के नागपुर एवं अमरावती जिले के मैदानी भाग से लगती है। उत्तर में नर्मदा घाटी में स्थित होशंगाबाद एवं नरसिंहपुर जिले इसकी सीमा बनाते हैं। पश्चिम और पूर्व में क्रमश: बैतूल तथा सिवनी जिला स्थित है।



छिन्दवाड़ा जिले का विस्तार सतपुड़ा पठार के दक्षिण-पश्चिम में 21°28'00'' से 22°49'00'' उत्तरी अक्षांश तथा 78°14'30'' से

* शोधार्थी, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

79°24'20'' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इस जिले की पूरब से पश्चिम की चौड़ाई 104 किलोमीटर एवं उत्तर से दक्षिण का विस्तार 136 किलोमीटर है। जो समुद्र सतह से 1164 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। छिन्दवाड़ा जिले के उत्तरी-पहाड़ी भू-भाग में ऊँची पर्वत श्रेणी बनी हुई है। जिले के कुछ क्षेत्र समुद्र सतह से काफी ऊँचे है, जैसे-पर्वतीय ग्राम कालापाठा 3979 फीट, सुरलाखापा 3825 फीट, हर्रा पठार 3852 फीट की ऊँचाई पर बसे हैं। सतपुड़ा श्रेणी का सबसे ऊँचा भाग जिले के उत्तरी भाग में पूरब से पश्चिम की ओर विस्तृत है। जहाँ अधिकांश नदियों का उद्गम स्थल है।

आँकड़ों का संकलन एवं विधितंत्र : अध्ययन क्षेत्र के जल संसाधनों के स्वरूप के अध्ययन के लिए प्राथमिक व द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक आँकड़े व्यक्तिगत पर्यवेक्षण तथा साक्षात्कार द्वारा एकत्रित किये गये हैं। द्वितीयक आंकड़े जल संसाधन विभाग छिन्दवाड़ा, जिला साँख्यिकीय पुस्तिका, जल संसाधन पुस्तिका भोपाल, छिन्दवाड़ा जिले से संबंधित वेबसाइट एवं समाचार पत्र-पत्रिकाओं आदि से प्राप्त किये गये हैं। प्राप्त आँकड़ों का सारणीयन वर्गीकरण हेतु आवश्यक साँख्यिकीय विधियों का विश्लेषण करते हुये शोध पत्र का निर्माण किया गया है।

छिन्दवाड़ा जिले में जल संसाधनों का वर्गीकरण : अध्ययन क्षेत्र के जल संसाधनों में वर्षा जल प्रवाही जल के रूप में वितरित है, जहाँ वार्षिक वर्षा औसत मिली मीटर है। अध्ययन क्षेत्र में प्रवाहित मुख्य पाँच नदियों में कन्हान, पेंच, जाम, कुलबहेरा, दुधी तथा अन्य प्रमुख नदियों में बोदरी, घटामाली, सर्पिणी, हरद, ठेल एवं सीतारेवा आदि हैं। अन्य नदियों में तवा नदी, बेल नदी तथा देनवा नदी है, जिनका उद्गम स्थल छिन्दवाड़ा जिला न होकर भी जिले के भू-भाग में प्रवाहित होती है।

अध्ययन क्षेत्र में उपलब्ध जल की मात्रा को दो भागों में विभाजित किया गया है-अ) सतही जल ब) भूमिगत जल।

अ) सतही जल : सतही जल वर्षा की मात्रा पर आधारित होता है। छिन्दवाड़ा जिले में हर वर्ष औसत वार्षिक वर्षा में भिन्नताएँ देखने को मिलती हैं। सतही जल पृथ्वी के धरातल पर स्थिर व गतिशील दोनों रूपों में पाया जाता है। सतही जल में वर्षा जल, नदियाँ, तालाब, जलाशय, नहर आदि को शामिल किया जाता है। तालिका क्रमांक 1.1 में विभिन्न वर्षो में औसत वार्षिक वर्षा को स्पष्ट किया गया है :

तालिका क्रमांक : 1.1छिन्दवाड़ा जिला : औसत वार्षिक वर्षा मिलीमीटर में (जून से मई)

क्र.	जिला/तहसील / विकासखण्ड	1991	2001	2011	अन्तर
1	अमरवाड़ा	539.0	597.0	1562.0	965
2	बिछुआ	517.0	672.2	869.8	197.1
3	चौरई	609.5	721.6	928.4	206.8
4	छिन्दवाड़ा	591.9	682.7	1040.2	357.5
5	हर्रई	671.2	1102.1	914.1	118
6	जामई	949.1	708.2	1033.6	325.4
7	मोहखेड़	585.3	527.7	1019.2	491.5
8	पाँढुर्णा	609.8	632.0	1153.2	521.2
9	परासिया	693.6	530.9	1139.2	608.3
10	सौंसर	448.5	757.4	888.1	130.7
11	तामिया	1658.3	1031.3	1190.9	159.6
	योग	715.70	723.96	1006.71	343.14

स्रोत:- जिला सांख्यिकी पुस्तिका-(1991-2012)

ब) भूमिगत जल : भू-सतह के नीचे स्थित जल को भूमिगत जल की संज्ञा दी जाती हैं। यह जल धरातलीय अन्त:स्त्रवण द्वारा भूमिगत होता हैं। भूमिगत जल की प्राप्ति के प्रमुख स्त्रोत कुएँ, नलकूप आदि हैं। अध्ययन क्षेत्र में विद्यमान भू-जल का उपयोग मुख्यत: सिंचाई एवं पेयजल के रूप में किया जाता हैं, जो वर्षा काल के अतिरिक्त वर्ष के अधिकांश महीनों में विविध आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

वर्तमान में छिन्दवाड़ा जिले में तहसीलवार सतही जल एवं भूमिगत जल के स्त्रोतों को तालिका क्रमांक-1.2 में दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक : 1.2 छिन्दवाड़ा जिला : तहसीलवार सतही जल एवं भूमिगत जल के स्त्रोतों की संख्या

क्र.	जिला/ तहसील	सतही जल स्त्रोत			भूमिगत जल स्त्रोत	
		जलाशय	तलाब	नहर	कुएँ	नलकूप
1	अमरवाड़ा	9	11	10	7121	626
2	बिछुआ	3	11	4	6137	167
3	चाँद	4	26	7	6165	1628
4	छिन्दवाड़ा	9	15	18	12619	2734
5	चौरई	4	6	12	6781	903
6	हर्रई	4	1	4	3433	256
7	जुन्नारदेव	5	13	19	4702	685
8	मोहखेड़	1	11	1	15729	1056
9	पांढुर्णा	11	3	24	16733	1893
10	परासिया	3	3	3	3365	509
11	सौंसर	5	5	12	7367	98
12	तामिया	8	5	9	985	29
13	उमरेठ	0	2	0	4425	2463
	जिला	**66**	**122**	**123**	**95563**	**13047**

स्त्रोत : जिला सांख्यिकी पुस्तिका-2018-19

अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई के प्रमुख साधनों का सिंचित क्षेत्रफल : कृषि क्षेत्र में वृहत उत्पादन करने के लिए सिंचाई करना अनिवार्य हैं। छिन्दवाड़ा जिले में सिंचाई के साधनों में कुएं, नलकूप, तालाब, नदियों, नहरें आदि है। अध्ययन क्षेत्र का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 1181500 हेक्टेयर हैं। इनमें से 227887 हेक्टेयर भू-भाग सिंचित हैं। कुल सिंचित क्षेत्र में से 138341 हेक्टेयर (60.70 प्रतिशत) कुओं के द्वारा, 50639 हेक्टेयर (22.22 प्रतिशत) नलकूपों के द्वारा, 25086 हेक्टेयर (11.01 प्रतिशत) जलाशय की नहरों के द्वारा, 4635 हेक्टेयर (2.04 प्रतिशत) तालाबों के द्वारा तथा 9186 हेक्टेयर (4.04 प्रतिशत) नदी नाले के द्वारा की जाती है।

तालिका क्रमांक : 1.3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सिंचित फसलें : कृषक सिंचाई तथा खाद जैसे निवेशों का उपयोग करके कृषि में अधिक से अधिक लाभ लेने की कोशिश करता हैं। इसी कारण से वह ऐसी फसलों में सिंचाई करता हैं, जिनका बाजार मूल्य तथा उपज दर अधिक हो। इसीलिए श्रेष्ठ एवं बहुमूल्य फसलों की सिंचाई करता हैं। इससे इन फसलों के अंतर्गत सिंचित क्षेत्र में लगातार वृद्धि हुई हैं। छिन्दवाड़ा जिले में वर्ष 2017 में 220433 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की गई हैं। इसमें से तीन-चौथाई शुद्ध सिंचित भूमि केवल दो फसलों - गेहूँ और चना के अंतर्गत हैं। अन्य सिंचित फसलों में कपास, मूँगफली, सरसों, दालें, फल, फूल, साग-सब्जी एवं मसालें प्रमुख हैं। छिन्दवाड़ा जिले में प्रमुख सिंचित एचं असिंचित

फसलें निम्नांकित तालिका क्रमांक-1.4 में प्रदर्शित किया गया है-

तालिका क्रमांक : 1.4 छिन्दवाड़ा जिला : प्रमुख सिंचित एवं असिंचित फसलें हेक्टेयर में (2017)

क्र.	फसलें	सिंचित क्षेत्र	प्रतिशत	असिंचित क्षेत्र	प्रतिशत
1	गेहूँ	134958	61.22	5147	1.04
2	चावल	18858	8.55	148	0.02
3	चना	21483	9.74	20855	4.22
4	कपास	5923	2.68	55973	11.32
5	मूँगफली	516	0.23	17403	3.52
6	कोदो-कुटकी	8	0.003	16689	3.37
7	सोयाबीन	0	0	58391	11.81
8	गन्ना	7933	3.59	0	0
9	मक्का	40	0.02	247709	50.12
10	फल-फूल	1062	0.48	264	0.05
11	साग-सब्जी	17767	8.06	1836	0.37
12	मसालें	4663	2.11	529	0.10
13	खरीफ फसलें	31687	14.37	456749	92.43
14	रबी फसलें	188746	85.62	37397	7.56
15	सकल क्षेत्रफल	220433	100	494146	100

स्त्रोत : जिला सांख्यिकीय पुस्तिका 2017-18

उपर्युक्त तालिका क्रमांक 1.4 में वर्ष 2017 में छिन्दवाड़ा जिले में प्रमुख सिंचित एवं असिंचित प्रमुख फसलों तथा खरीफ एवं रबी की फसलों के अन्तर्गत सिंचित एवं असिंचित क्षेत्रफल को हेक्टेयर एवं प्रतिशत में प्रदर्शित किया गया हैं। जिले में सर्वाधिक कुल सिंचित फसलों में गेहूँ 61.22 प्रतिशत (134958 हेक्टेयर) तथा कुल न्यूनतम सिंचित फसलों में कोदो कुटकी 0.003 प्रतिशत (8 हेक्टेयर) हैं। जिले में सर्वाधिक असिंचित फसलों में मक्का 50.12 प्रतिशत (247709 हेक्टेयर) एवं न्यूनतम असिंचित फसल चावल का 0.02 प्रतिशत (148 हेक्टेयर) है।

अत: जिले में वर्ष 2017 में खरीफ फसलों में सिंचित क्षेत्रफल 14.37 प्रतिशत (31687 हेक्टेयर) एवं असिंचित क्षेत्रफल 92.43 प्रतिशत (456749 हेक्टेयर) हैं। रबी की फसलों में सिंचित क्षेत्रफल 85.62 प्रतिशत (188746 हेक्टेयर) एवं असिंचित क्षेत्रफल 7.56 प्रतिशत (37397 हेक्टेयर) पाया गया।

जिले में वर्ष 2017 में सकल सिंचित क्षेत्रफल 220433 हेक्टेयर एवं सकल असिंचित क्षेत्रफल 494146 हेक्टेयर पाया गया।

निष्कर्ष : जल जीवन का आधार है। यह संसाधन मृदा से भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि बिना जल की सहायता के मृदा से कुछ भी उत्पन्न नहीं किया जा सकता है। वस्तुत: कोई भी आर्थिक कार्य ऐसा नहीं है, जो जल के बिना सम्भव हो। जल प्रकृति की अनमोल भेंट है। यह जीवन के हर क्षेत्रों में तथा हर कदम पर मानव के लिए उपयोगी हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम इसे संरक्षित रखें तथा जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचायें। साथ ही हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि देश के हर नागरिक को शुद्ध पेयजल मिले तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध रहें। समूची मानव सभ्यता का भविष्य पृथ्वी पर जल संसाधन की उपलब्धता तथा उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. चतुर्वेदी ए. के. जल के विलक्षण गुण और महत्व,(जुलाई 2014): इण्डिया हिन्दी वॉटर पोर्टल।
2. जिला सांख्यिकी पुस्तिका-2011-2016
3. जिला जनसंख्या हैण्डबुक 2011
4. जिला गजेटियर।
5. जिला जल संसाधन पुस्तिका-2013
6. जिला सांख्यिकी पुस्तिका-2017
7. माथुर, भावना एवं नारायण महेश,(1998): संसाधन भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर, पेज नं. 108-109

तालिका क्रमांक : 1.3 छिन्दवाड़ा जिला : तहसीलवार सिंचित क्षेत्रफल का साधनवार विवरण (प्रतिशत में)

क्र.	जिला/तहसील	कुआँ से	नलकूप से	जलाशय की नहर से	तालाब से	नदी नाला से	कुल सिंचित क्षेत्रफल
1	अमरवाड़ा	8.72	6.73	15.26	8.52	4.52	8.93
2	बिछुआ	7.02	1.31	0.35	17.90	2.13	5.04
3	चाँद	9.53	12.89	4.15	5.26	16.80	9.85
4	छिन्दवाड़ा	15.65	16.55	6.82	22.69	8.71	14.74
5	चौरई	11.10	4.36	48.49	5.97	8.15	13.50
6	हर्रई	2.41	2.52	0.59	0.00	21.75	2.97
7	जुन्नारदेव	4.01	13.89	0.93	2.93	5.93	5.90
8	मोहखेड़	15.16	7.13	6.29	21.73	0.98	11.97
9	पांढुर्णा	9.26	10.90	6.97	3.43	0.54	8.88
10	परासिया	3.81	5.43	0.53	3.37	8.87	4.01
11	तामिया	2.18	0.03	5.36	6.82	20.32	2.88
12	सौंसर	5.60	0.05	4.21	0.00	0.38	3.89
13	उमरेठ	5.53	18.06	0.00	1.36	0.90	7.43
	जिला	**100**	**100**	**100**	**100**	**100**	**100**

स्त्रोत:- जिला सांख्यिकी पुस्तिका-2018-19

****

भारतीय रंगमंच की दृष्टि से संस्कृत नाट्यशास्त्रम् अभिनय एवं पटकथा

डॉ. उषा नागर *

शोध सारांश – काव्य को दृश्यत्व तथा श्रव्यत्व के भेद से दो प्रकार का माना जाता है। उनमें दृश्यकाव्य वह होता है, जिसका अभिनय किया जा सके – **'दृश्यं तत्राभिनेयम् ।'** दृश्यकाव्य को रूपक भी कहा जाता है, क्योंकि उसमें रामादि के स्वरूप का नटों पर आरोप किया जाता है। वस्तुत: रामादि के स्वरूप का जब नट स्वयं पर आरोप करता है, उस प्रक्रिया को अभिनय कहते हैं। अब प्रश्न होता है कि यह अभिनय क्या होता है? इस पर विश्वनाथ कहते हैं – **'भवेदभिनयोऽवस्थानुकार:।'** अर्थात् अवस्था के अनुकरण को अभिनय कहते हैं। अर्थात् नटों के द्वारा के द्वारा राम, युधिष्ठिर आदि की अवस्थाओं का अनुकरण अभिनय कहलाता है।

वस्तुत: अभिनय के विषय में संस्कृत नाट्य शास्त्रीय परम्परा में सम्यक् विवेचन प्राप्त होता है। सर्वप्रथम आचार्य भरत मुनि ने नाट्य शास्त्र में अभिनय को व्युत्पत्ति पूर्वक परिभाषित किया है –

अभिपूर्वस्तु णीञ् धातुराभिमुख्यार्थनिर्णये ।
यस्मात्पदार्थान्नयति तस्मादभिनय: स्मृत:।।

अर्थात् 'अभि' उपसर्ग पूर्वक णीञ् प्रापणे धातु से एरच सूत्र से अच् प्रत्यय होकर अभिनय शब्द निष्पन्न होता है। यह अभिनय शब्द आभिमुख्य अर्थ में है। अर्थात् अभिनय नाट्य प्रयोग के अर्थों को प्रेक्षकों के सम्मुख ले जाता है। कहने का भाव यह है कि नाट्य प्रयोग के अर्थों को प्रेक्षकों के समक्ष प्रत्यक्षत: प्रदर्शित करना अभिनय कहलाता है। कवि के भावों को सहृदय की ओर जाने की प्रक्रिया का नाम अभिनय है।

कवि के ये 'भाव' – 'भवन्ति इति भावा:' उत्पन्न होकर अभिव्यक्ति की आकांक्षा रखते हैं तथा भावन करना उनका धर्म है। अत: वे सहृदयों को भावित करते हैं। इस प्रकार अभिनय में ये भाव सहृदयों को कवि की विवक्षा की ओर लेकर जाते हैं। इसी तथ्य को नाट्यदर्पण में कहा गया है – सामाजिकानामाभिमुख्येन साक्षात्कारेण नीयते प्राप्यते अर्थोऽनेनेत्यभिनय:। अर्थात् सामाजिकों के लिए नाट्य का प्रस्तुतिकरण ही अभिनय कहलाता है।

परन्तु अभिनय के उक्त सम्पूर्ण प्रकरण में सौन्दर्य तत्तव का उल्लेख प्राप्त नहीं हो पा रहा है। क्योंकि रूपकों का परम लक्ष्य तो सहृदयों को रसानुभूति कराना ही है। धनञ्जय इस विषय में कहते भी हैं – 'दशधैव रसाश्रयम्' वह अभिनय के माध्यम से ही सम्भव है। इसीलिए मल्लिनाथ ने किरातार्जुनीय के पद्य (10.42) की टीका में कहा है – 'अभिनयो रसभावादिव्यञ्जकचेष्टाविशेष:।' अर्थात् रस-भावादि को व्यजित करने वाली चेष्टाविशेष को अभिनय कहते हैं। इसी तथ्य को शागदेव ने अत्यन्त स्पष्टता के साथ कहा है। उनके अनुसार –

स त्वत्रभिनयो भवेत् ।
काव्यबद्धं विभावादिव्यञ्जयन्यो नटे स्थित: ।
सामाजिकानां जनयन्निर्विघ्नां रससंविदम् ।।

अर्थात जो काव्यबद्ध विभावादि को व्यजित कर सामाजिकों में निर्विघ्न रूप से रसानुभूति को उत्पन्न करता हुआ नट में स्थित है, वह अभिनय कहलाता है।

शब्द कुंजी – अभिनय, पटकथा, अङ्गादि, रसानुभूति रति, क्रोध, भय, अङ्ग, नेपथ्य, सात्तिवक, दृश्यश्रव्य, दृश्य, श्रव्य, ऊह्य, सूच्य, अङ्कास्य।

उद्देश्य – भारतीय रंगमंच की दृष्टि से अभिनय एवं पटकथा के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करना है।

अब उक्त तथ्यों को समझने के लिए तीन स्तरों को जानना आवश्यक है। अभिनय नट में स्थित होता है, विभावादि रूपकों में स्थित होते हैं तथा रस सहृदयों में स्थायिभावों के रूप में वासनारूप में सुप्तावस्था में होता है। वस्तुत: अभिनय नट के द्वारा किया जाने वाला एक सुन्दर अनुकरण है, जो नाटकीय पात्रों की विभिन्न अवस्थाओं को सूचित करता है तथा नाट्य के आनन्द विधायक तत्त्वों को प्रकट कर रसानुभूति का साधन बन जाता है।

विभावादि रूपकों में स्थित होते हैं। जैसे शाकुन्तल में दुष्यन्त और शकुन्तला एक दूसरे के लिए आलम्बन विभाव हैं। महर्षि कण्व का आश्रम तथा वहाँ की समस्त परिस्थितियाँ उद्दीपन विभाव हैं। उनके द्वारा किए गए भ्रूविक्षेप कटाक्षादि अनुभाव हैं तथा चिन्ता आदि सञ्चारी भाव हैं। ये सभी विभावाति रूपकों में रहते हैं।

सहृदयों में जन्म-जन्मान्तरों से स्थित रति, क्रोध, भय इत्यादि के संस्कार होते हैं, जो वासना के रूप में दृढ़ हो चुके होते हैं। जब हम नाटक में नटों को दुष्यन्त-शकुन्तला आदि की अवस्थाओं का अनुकरण कर अभिनय रूप में प्रेम करते हुए देखते हैं, तब वे रत्यादि जो कि हमारे मस्तिष्क में सुप्त अवस्था में स्थित होते हैं, वे नाटकगत उन विभावादि को देखकर जाग्रत हो

* व्यख्याता (संस्कृत) बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर (राज.) भारत

जाते हैं तथा इन विभावादि के संयोग से ही रसरूप को प्राप्त होते हैं।

अतः संक्षेप में कहा जा सकता है कि अभिनय रामादि की अवस्थाओं का नट के द्वारा किया गया वह अनुकरण है, जो सहृदयों को रसानुभूति कराता है।

अभिनय चार प्रकार का होता है –

स चतुर्विधः।
आङ्गिको वाचिकश्चैवमाहार्यः सात्त्विकस्तथा।।

अर्थात् वह अभिनय चार प्रकार का होता है – आङ्गिक, वाचिक, आहार्य तथा सात्त्विक । अङ्गों और उपाङ्गों के द्वारा कार्यो का साक्षात्कार कराना आङ्गिक अभिनय है। यहाँ पर कार्यों से तात्पर्य अनुकार्य रामादि की चेष्टाओं से है। 'साक्षाद्भावन' से तात्पर्य है – परोक्ष को भी सामाजिकों के लिए प्रत्यक्ष बना देना। यह आङ्गिक अभिनय भी तीन प्रकार का होता है – शारीरज, मुखज तथा चेष्टाकृत । भरत मुनि के अनुसार इसी अभिनय के शाखा, नृत्ता तथा अंकुर को भी जानना चाहिए। आङ्गिक अभिनय को शाखा कहा जाता है। सूच्य अभिनय को अंकुर कहा जाता है तथा अङ्गहारों के द्वारा किया जाने वाला तथा करणों पर आश्रित अभिनय 'नृत्त' कहलाता है। इस प्रकार शाखा, अङ्ग, उपाङ्ग और प्रत्यङ्गों से प्रदर्शित अभिनय 'शारीरज' है। केवल उपाङ्गों से होने वाला अभिनय 'मुखज' है तथा स्थान, आसनादिगत चेष्टाओं स होने वाला अभिनय चेष्टाकृत कहा जाता है। वाणी से किया जाने वाला अनुकरण वाचिक अभिनय कहलाता है। भरतमुनि का कथन है कि शब्दों पर विशेष प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि सम्पूर्ण नाट्य का शरीर है। **अङ्ग, नेपथ्य तथा सात्त्विक अभिनय ही वाक्यार्थ को अभिव्यक्त करते हैं।** नाट्यदर्पणकार के अनुसार– **वाचिको अभिनयो वाचा यथाभावमनुक्रिया।** अर्थात् वक्ता का जैसा भाव है, उसके अनुसार उसकी वाणी का अनुकरण वाचिक अभिनय कहलाता है। यहाँ पर यथाभावमनुक्रिया पद वाचिक अभिनय का अनुवाद से भिन्नता प्रदर्शित करता है। वक्ता के द्वारा कहे गए शब्दों को बोल देना मात्र अनुवाद कहलाता है तथा वक्ता के भावों के अनुरूप शब्दों का अनुकरण वाचिक अभिनय कहलाता है। भरतमुनि ने वाचिक अभिनय के अन्तर्गत शब्द, छन्द, लक्षण, अलङ्कार, गुण, दोष, भाषा तथा पाठ्यशैली का विस्तार से तथा तात्त्विक विवेचन किया है। **'आहार्याभिनयो नाम ज्ञेयो नेपथ्यजो विधिः।'** अर्थात् नेपथ्यज विधि का नाम आहार्य अभिनय है। **बाह्य वस्तुओं के द्वारा किया जाने वाला वर्ण आदि का अनुकरण आहार्य अभिनय कहलाता है।** यहाँ पर वर्ण से तात्पर्य श्वेत आदि वर्ण से है तथा आदि बअ पद से रस, गन्ध, वेष, शस्त्र, वाहन आदि का ग्रहण होता है। भरतमुनि के अनुसार पात्र की विविध उत्तामादि प्रकृतियों तथा रत्यादि विविध अवस्थाओं को नेपथ्य में ही तदनुरूप वर्णरचना और वेशविन्यास द्वारा आहृत किया जाता है, **तब आङ्गिक आदि अभिनयों के योग से रसोदय होता है।** अतः नाट्य में नट में अनुकार्य का आहरण होता है, इसीलिए इसे आहार्य अभिनय कहते हैं। जिस प्रकार आत्मा एक शरीर को त्याग कर अन्य शरीर में प्रवेश करते समय पूर्व शरीर के सुख–दुःखात्मक स्वभाव त्याग देती है, **वैसे ही नट भी अभिनय के समय स्वयं के स्वभाव को त्याग कर अनुकार्य के स्वभाव को ग्रहण कर सामाजिक के समक्ष प्रस्तुत होता है।** आहार्य अभिनय चार प्रकार का होता है – पुस्त (वस्त्रदि का संयोजन, यान्त्रिक साधनों से रथादि में गति उत्पन्न कर मंच पर प्रस्तुत करना, वस्त्र आदि से आवेष्टित रूप को प्रदर्शित करना), अलङ्कार (मालाधारण, आभूषणधारण, वेशविन्यास), अङ्गरचना (देश, जाति, वय आदि के अनुसार देवादि के रूप में रूपपरिवर्तन) तथा संजीव (अपद, द्विपद, चतुष्पद जीवों को रंगमंच पर प्रस्तुत करना)।

स्तम्भ, स्वेद आदि सात्त्विक भावों से किया जाने वाला अभिनय सात्त्विक अभिनय कहलाता है। दूसरे के सुख–दुःखादि भावों से जो भावित होता है, उसमें अन्तःकरण की आत्यन्तिक आसक्ति 'सत्तव' कही जाती है, उन सत्तव से निष्पादित भावों से आठ सात्त्विक भाव उत्पन्न होते हैं। अथवा स्वरभेदादि अनुभावों का प्रदर्शन सात्त्विक अभिनय कहलाता है। वस्तुतः एकाग्र मन का नाम ही सत्त्व है और यह सत्त्व जिसका प्रयोजन हो, वह सात्त्विक कहलाता है। अतः एकाग्र मन से स्वरभेदादि का प्रदर्शन करना ही सात्त्विक अभिनय है। स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च, स्वरभेद, वेपथु, वैवर्णय, अश्रु तथा प्रलय ये आठ सात्त्विक भाव कहलाते हैं । यद्यपि ये अनुभाव ही होते हैं, तथापि सत्त्व से उत्पन्न होने के कारण इनकी कुछ आचार्यों ने पृथक से गणना की है। पटकथा – सामान्यतया आजकल पटकथा किसी फिल्म अथवा नाटक के लिए लेखक द्वारा लिखा गया पूर्व प्रारूप होता है। यह पूर्णतया काल्पनिक भी हो सकता है और किसी उपन्यास, कहानी, महाकाव्य आदि की कथा पर आश्रित भी हो सकता है। इसमें संवाद और संवादों के बीच में होने वाली घटनाओं और दृश्यों का विस्तृत विवरण होता है । अंग्रेजी में इसे स्क्रिप्ट कहा जाता है।

जहाँ तक संस्कृत नाट्यशास्त्रीय परम्परा पर विचार करें तो रूपकों के तीन मुख्य तत्त्व माने जाते हैं–वस्तु, नेता और रस। अतः इस सन्दर्भ में यहाँ वस्तु का ग्रहण होता है। परन्तु जब अभिनय की दृष्टि से विचार किया जाय तब सम्पूर्ण वस्तु का ग्रहण नहीं करना चाहिए, अपितु उसी वस्तु का ग्रहण होता है, जो अभिनेय हो अथवा जिसमें अभिनय से सम्बन्धित दिशा निर्देश होते हैं। अतः स्पष्ट है कि पटकथा के अन्तर्गत अर्थप्रकृति, कार्यावस्था, सन्धि इत्यादि पर विचार नहीं किया जाता है।

अभिनेय कथावस्तु पाँच प्रकार की होती है – दृश्य–श्रव्य, दृश्य, श्रव्य, ऊह्य तथा सूच्य । इनमें से प्रथम चार प्रकार नाट्य के अङ्कों में होते हैं तथा अन्तिम केवल अर्थोपक्षेपक में ही होता है।

दृश्य–श्रव्य – यह कथावस्तु प्रेक्षकों के लिए दृश्य तथा श्रव्य दोनों प्रकार की होती है। इसमें पात्र जो कुछ बोलता है, उसे अभिनय के साथ भी प्रदर्शित करता है। साथ ही कथावस्तु के भी दृश्य और श्रव्य दोनों प्रकार होते हैं। जैसे शाकुन्तलम् के प्रथम अंक में –

राजा – सूत, पश्यैनं व्यापाद्यमानम् । (शरसन्धानं नाटयति)। (नेपथ्ये) भो भो राजन, आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः।

सूतः–(आकर्ष्यावलोक्य च)– आयुष्मन, अस्य खलु ते बाणपातवर्तिनः कृष्णशारस्यान्तरे तपस्विन उपस्थिताः।

यहाँ पर राजा मृग का पीछा कर रहा है। उसी समय कवि ने राजा और सूत के वार्तालाप का दृश्य उपस्थित किया है। प्रेक्षकों को मृग के पीछे रथ पर बाण का सन्धान किए हुए राजा दिखाई दे रहा है। तभी नेपथ्य से आवाज आती है कि यह आश्रम का मृग है, अतः यह मारने के योग्य नहीं है। तभी सूत कहता है कि आपके बाण के पतन और मृग के बीच तवस्वी उपस्थित हो गए हैं । अतः यहाँ पर **'आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः'** यह अंश श्रव्य है तथा शेष अंश दृश्य है।

दृश्य – यह कथावस्तु प्रेक्षकों के लिए केवल दृश्य ही होती है। इसमें पात्र कुछ नहीं बोलता है, अपितु अपने मनोभावों को अभिनय के साथ ही प्रदर्शित करता है। जैसे शाकुन्तलम् में ही द्वितीय अङ्क में राजा के आश्रम में आने के पश्चात् दोनों द्वारपाल जब राजा को फल अर्पित करते हैं, वह केवल दृश्य ही है, उसे प्रेक्षक वाणी से नहीं सुनते हैं।

उभौ – द स्वस्ति भवते। (इति फलान्युपहरत:)।

श्रव्य – यह कथावस्तु प्रेक्षकों के लिए केवल श्रव्य होती है। इसमें पात्र केवल अभिनय से अनुभावों को प्रदर्शित करते हैं। जैसे आकाशभाषित, वर एवं शाप, नेपथ्योक्ति, स्वगतम् आदि। इस प्रकार की कुछ घटनाएँ जो रंगमंच के बाहर ही घटित हो जाती हैं, उनका रंगमंच के पात्रों के द्वारा विज्ञापन कर दिया जाता है, वह प्रेक्षकों के लिए श्रव्य ही होता है।

इसके अतिरिक्त नाट्यधर्म की दृष्टि से कथावस्तु तीन प्रकार की भी होती है **– सर्वश्राव्य, नियतश्राव्य और अश्राव्य।** रंगमंच पर उपस्थित सभी पात्रों के सुनने योग्य वस्तु सर्वश्राव्य (प्रकाश) कहलाती है। कुछ पात्रों के सुनने योग्य वस्तु नियतश्राव्य कहलाती है तथा किसी भी पात्र के न सुनने योग्य वस्तु अर्थात पात्र के द्वारा अपने आप से ही बात करना अश्राव्य (स्वगत) कहलाती है। नियतश्राव्य वस्तु दो प्रकार की होती है – जनान्तिक एवं अपवारित। वार्तालाप के समय त्रिपताका (अनामिका को छोड़कर शेष अंगुलिया उठी हुई) बनाकर बहुत से पात्रों के बीच में कुछ पात्रों से बात करना जनान्तिक कहलाता है। **किसी पात्र के द्वारा मुख घुमाकर दूसरे व्यक्ति से बात करना अपवारित कहलाता है।**

ऊह्य –रूपकों में कुछ कथांश इस प्रकार के होते हैं, जिनका मञ्चन पात्रों के द्वारा नहीं किया जाता है, उनका प्रेक्षकों के द्वारा केवल सम्भावना किंवा अनुमान किया जाता है। जैसे शाकुन्तलम् के चतुर्थ अंक में प्रियंवदा और अनसूया नामक सखियाँ शकुन्तला से कहती हैं – **'सखि ! यदि नाम स राजा प्रत्यभिज्ञानमन्थरो भवेत् ततस्तस्येमामात्मनामथेयाङ्कितम गुलीयक दर्शय।'** सखियों के इस कथन से प्रेक्षक यह अनुमान कर लेते हैं कि आश्रम से प्रस्थान करते समय दुष्यन्त ने शकुन्तला को अपने नामाङ्कित अंगूठी दी होगी।

सूच्य – सूच्य कथावस्तु का विधान अर्थोपक्षकों के द्वारा किया जाता है। यथा नाटक में कुछ घटनाएँ अनेक वर्ष, माह अथवा दिनों में सम्पूर्ण होने वाली होती हैं। कुछ घटनाएँ नीरस होती है अथवा मंच पर प्रदर्शन की दृष्टि से अनुचित होती है, उनका प्रतिपादन कवि के द्वारा रसनिष्पत्ति के लिए नहीं किया जाता है, अपितु कथावस्तु को अविच्छिन्न बनाए रखने के लिए किया जाता है। कहा भी गया है – **'नीरसोऽनुचितस्तत्र संसूच्यो वस्तुविस्तर:।** अर्थोपक्षेपक पाँच प्रकार के होते हैं **– विष्कम्भक, चूलिका, अङ्कास्य, अङ्कावतार एवं प्रवेशक। विष्कम्भक –** भूतकालीन तथा भविष्यकालीन कथांशों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा मध्यम पात्रों (अमात्य, सेनापति, पुरोहित आदि) के द्वारा प्रयुक्त अर्थोपक्षेपक विष्कम्भक कहलाता है। यह केवल मध्यम पात्रों द्वारा प्रयुक्त होने पर शुद्ध तथा मध्यम और नीच पात्रों द्वारा प्रयुक्त होने पर संकीर्ण कहलाता है। **चूलिका –जवनिका में स्थित पात्रों के द्वारा किसी अर्थ (बात) की सूचना देना चूलिका कहलाता है।** जैसे उत्तररामचरित के द्वितीय अंक के प्रारम्भ में – (नेपथ्ये) स्वागतं तपोधनाया: (तत: प्रविशति तपोधना) इस प्रकार नेपथ्ये के पात्र वासन्तिका के द्वारा आत्रेयी के आने की सूचना देने से यह चूलिका का उदाहरण है।

अङ्कास्य – अङ्क के अन्त में आने वाले पात्रों के द्वारा पूर्व अङ्क से असम्बद्ध अर्थात् विच्छिन्न अग्रिम अङ्क के अर्थ की सूचना देने वाला **अर्थोपक्षेपक अङ्कास्य कहलाता है।** जैसे – महावीरचरित के द्वितीय अङ्क के अंत में –

(प्रविश्य)सुमन्त्र–भगवन्तौ वसिष्ठविश्वामित्रै भवत: सभार्गवानाह्वत:।

इतरे – क्व भगवन्तौ ?

सुमन्त्र: –महाराजदशरथस्यान्तिके।

इतरे – तदनुरोधात्तात्रैव गच्छाम:।

इत्यङ्कसमाप्तौ (तत: प्रविशन्त्युपविष्टा वसिष्ठविश्वामित्रपरशुरामा:)। यहाँ पूर्व अङ्क के अन्त में ही प्रविष्ट हुए सुमन्त्र नामक पात्र के द्वारा शतानन्द और जनक की कथा के समाप्त हो जाने पर अर्थ का विच्छेद होने पर अग्रिम तृतीय अङ्क के प्रारम्भिक अर्थ की सूचना दी गई है। अत: यह अङ्कास्य का उदाहरण है।

अङ्कावतार– अङ्क की समाप्ति होने पर अग्रिम अङ्क का अविच्छिन्न रूप से **अवतरण अङ्कावतार नामक अर्थोपक्षेपक कहलाता है।** जैसे मालविकाग्निमित्र के प्रथम अङ्क के अन्त में –

विदूषक– तेन हि द्वावपि देव्या: प्रेक्षागेहं गत्वा सङ्गीतकोपकरणं कृत्वा तत्रभवतो दूतं विसर्जयतम्, अथवा मृदङ्गशब्द एवैनमुत्थापयिष्यति। इस प्रकार यहाँ प्रथम अङ्क की कथा का विच्छेद हुए बिना ही द्वितीय अङ्क की कथा प्रारम्भ हो जाती है।

प्रवेशक– भूतकालीन तथा भविष्यकालीन कथांशों का सूचक, संक्षिप्त अर्थ वाला तथा नीच पात्रों (शकार, चेटी आदि) के द्वारा प्रयुक्त अनुदात्ता उक्तियों (प्राकृत भाषा) से प्रयुक्त, दो अङ्कों के बीच में स्थित तथा शेष **(प्रदर्शन न करने योग्य) अंश का सूचक अर्थोपक्षेपक प्रवेशक कहलाता है।**

अत: अभिनय एवं पटकथा के उक्त स्वरूप पर विचार करने के बाद यह स्पष्ट है कि रूपकों में सम्पूर्ण पटकथा अभिनय की दृष्टि से ही लिखी जाती है। अभिनेयता पटकथा का प्राण है। कथावस्तु तो महाकाव्य आदि श्रव्य काव्यों में भी होती है, परन्तु वह विशुद्ध रूप से श्रव्य ही होती है। रूपकों में श्रव्यता के साथ दृश्यमानता भी आवश्यक है। जहाँ कथावस्तु केवल श्रव्य होती है, वहाँ भी अभिनय की अपेक्षा होती है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:–

1. साहित्यदर्पण
2. तद्रूपारोपात्तु रूपकम्।
3. नाट्यशास्त्र
4. नाट्यदर्पण,
5. आनन्दनिस्यन्दिषु रूपकेषु व्युत्पत्तिमात्रं फलमल्पबुद्धि:। योऽपीतिहा सादिवदाह साधुस्तस्मै नम: स्वादुपराङ्मुखाय।। दशरूपक
6. किरातार्जुनीय 10.42 पर मल्लिनाथ की टीका।
7. संगीतरत्नाकर
8. कर्मणोऽङ्गरुपाङ्गश्च साक्षाद्भावनमाङ्गिकम् नाट्यदर्पण
9. त्रिविधस्त्वाङ्गिको ज्ञेय: शारीरो मुखजस्तथा। तथा चेष्टाकृतश्चैव शाखाङ्गोपाङ्गसंयुत:।। नाट्यशास्त्र
10. वाचि यत्नस्तु कर्तव्यो नाट्यस्यैषा तनु:स्मृता। अङ्गनेपथ्यसत्वानि वाक्यार्थ व्यञ्जयन्ति हि।। नाट्यशास्त्र
11. आहार्याभिनयो नाम ज्ञेयो नेपथ्यजो विधि:। नाट्यशास्त्र
12. वर्णाद्यनुक्रियाऽऽहार्यो बाह्यवस्तुनिमित्तक:। नाट्यदर्पण
13. नानावस्था: प्रकृतय: पूर्वं नैपथ्यसाधिता:।। अङ्गादिभिरभिव्यक्ति–मुपगच्छन्त्ययत्नत:।। नाट्यशास्त्र
14. यथा जन्तु: स्वभावं एवं परित्यज्याल्य दैहिकम्। तत्स्वभावं हि भजते देहान्तरमुपाश्रित:।। वेषेण वर्णकैश्चैव छादित: पुरुषस्तथा। परभावं प्रकुरुते यस्य वेषं समाश्रित:।। वही
15. परस्य सुखदु:खादिभावैर्यद्भावनं भवेत् तत्रन्त:करणासक्तिरत्यन्ता सत्त्वमीष्यते।। सात्त्विकस्सत्तवनिष्पाद्यैर्भावैर्जातस्य दर्शनम्। नृत्तरत्नावली
16. सात्त्विक: स्वरभेदादेरनुभावस्य दर्शनम्। नाट्यदर्पण

17. वस्तु नेता रसस्तेषां भेदक: । दशरूपक
18. नाट्यधर्ममपेक्ष्यैतत्पुनर्वस्तु विधेष्यते।। सर्वेषां नियतस्यैव श्राव्यमश्राव्यमेव च। दशरूपक
19. सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यादश्राव्यं स्वगतं मतम् ।। द्विधाऽन्यन्नाट्यधर्माख्यं जनान्तमपवारितम् । त्रिपताकाकरेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम् ।। अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम् । रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्तयापवारितम् ।।
20. अर्थोपक्षेपकै: सूच्यं पञ्चभि: प्रतिपादयेत् । विष्कम्भकचूलिका-ङ्कास्याङ्कावतारप्रवेशकै: ।।
21. वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शक:। संक्षेपार्थस्तु विष्कम्भो मध्यपात्रप्रयोजित: ।। एकानेककृत: शुद्ध: सङ्कीर्णो नीचमध्यमै: ।
22. अन्तर्जवनिकासंस्थैश्चूलिकार्थस्य सूचना ।
23. अङ्कान्तपात्रैरङ्कास्यं छिन्नाङ्कस्यार्थसूचनात् ।
24. अङ्कावतारस्त्वकान्ते पातोऽङ्कस्याविभागत:।
25. तद्वदेवानुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजित: । प्रवेशोऽङ्कद्वयस्यान्त: शेषार्थस्योपसूचक: ।।

****

ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

दलित समाज के प्रमुख मुद्दे एवं समस्याएं

डॉ. जयराम बैरवा *

शोध सारांश – अनुसूचित जातीय समाज को दलित समाज भी कहा जाता है। भारतीय समाज में यदि गैर-बराबरी के प्रतिमानों को देखें तो जहाँ कुछ लोग समृद्ध हैं, सुख सुविधाओं से सम्पन्न हैं तो वहीं अनेक लोग ऐसे भी हैं, जिनके पास आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं हैं। ये लोग अन्धविश्वासों, परम्पराओं और जड़ मान्यताओं के कारण शोषित, घृणित एवं वंचित जीवन व्यतीत करते हुए राष्ट्रीय जीवन की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। भारतीय समाज में कमजोर वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक की अवधारणा बहुत अस्पष्ट है। समाज का यह वर्ग विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से वंचित है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ा हैं, साथ ही जाति, लिंग एवं धर्म के भेदभाव के कारण शोषित हो रहा है। शताब्दियों से इस देश की समाज व्यवस्था, समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को शूद्र श्रेणी में रखती रही है। शूद्रों में एक वर्ग को अछूत घोषित कर दिया गया, जिसकी छाया में भी भ्रष्ट हो जाने की आशंका से ग्रस्त होकर अपने आपको सवर्ण मानने वाले लोग कतराने लगे। पिछले कुछ वर्षो से इस वर्ग के लोगों ने अपने लिए अछूत, अस्पृश्य, हरिजन आदि शब्दों का त्याग करके अपने आपको दलित/अनुसूचित जाति का व्यक्ति कहलाना पसन्द किया है।
शब्द कुंजी – दलित, अनुसूचित जाति, वंचित, अछूत, उपेक्षित, अस्पृश्यता, अत्याचार, हरिजन।

उद्देश्य :

1. अनुसूचित जातीय समाज/दलित समाज के प्रमुख मुद्दों की विस्तार से चर्चा की जायेगी।
2. दलित समाज की प्रमुख समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की जायेगी।

दलित वर्ग एवं समाज की अवधारणा को लेकर बौद्धिक एवं अकादमिक जगत में अन्तर्विरोध रहा है। दलित को समाजशास्त्री एक सामाजिक श्रेणी मानते है। जबकि नृतत्वशास्त्री सामाजिक-सांस्कृतिक श्रेणी स्वीकारते हैं। आज बहुसंख्यक दलित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का हिस्सा है। पूर्व में ये डिप्राइव्ड' (वंचित) अछूत और हरिजन के नाम से जाने जाते थे लेकिन भिन्न-भिन्न कारणों से स्वीकृति नहीं बनी। वंचित श्रेणी के बहुत व्यापक हो जाने का खतरा था तो अछूत में सीमित हो जाने का भय था। 'हरिजन' शब्द से इस श्रेणी से सम्बद्ध लोगों की वैयक्तिक गरिमा को बनाने का प्रयास था इसलिए दलित शब्द ज्यादा प्रचलन में रहा। यद्यपि संविधान में दलित शब्द कहीं भी प्रयुक्त नहीं किया गया है। समाज के निचले पायदान पर रहने वाली जातियों को कुछ तयशुदा मापदण्डों पर पहचान करके उन्हें सूचीबद्ध किया गया था। तदनन्तर सामाजिक उत्थान के लिए किए गए संवैधानिक प्रावधानों के लिए 'अनुसूचित जाति' पद प्रयुक्त किया गया है जबकि सामाजिक रूपान्तरण के लिए चले आन्दोलन ऐसे समुदायों के लिए दलित शब्द प्रयुक्त करते रहे हैं।

शाब्दिक अर्थो में 'दलित' वह है जो सामाजिक दृष्टि से पूर्णत: उपेक्षित हैं, जो वर्ण तथा जाति व्यवस्था के अन्तर्गत सबसे आखिरी सीढ़ी पर खड़ा है, जो शोषित है, पीड़ित है, जिसकी कोई पहचान नहीं बन पाई है जिसके अस्तित्व को भी स्थापित वर्ग ने नकारा है, जिसकी अस्मिता को सतत् रौंदा जाता रहा है। सामाजिक तथा आर्थिक वंचना जिसका मुख्य लक्षण है।

'दलित' कोई नया शब्द नहीं है, 1930 से हिन्दी और मराठी में इसका निरन्तर प्रयोग रहा है। ब्रिटिश काल में पीड़ित वर्ग जिन्हें आज अनुसूचित जाति भी कहा जाता है, दलित शब्द के अन्तर्गत सम्मिलित किये जाते थे। सन् 1930 में दलित वर्गो की ओर से पूना में एक समाचार पत्र प्रकाशित होता था जिसका नाम 'दलित बन्धु' था यहीं से यह शब्द लोकप्रिय हुआ। महाराष्ट्र में वंचित जातियों की श्रेणी में महारों की परिस्थिति सबसे दयनीय थी। वे समस्त सार्वजनिक सुविधाओं से वंचित थे। दूसरे, उन्हें किसी भी प्रकार के सामाजिक अधिकार प्राप्त नहीं थे यह वर्ग, वस्तुत: सामाजिक दासता का प्रतीक था।

दलित शब्द क्षेत्रीय भाषा का शब्द है (वेबस्टर, 1999)। ज्योतिबा फूले ने सबसे पहले दलित शब्द का प्रयोग किया। लेखिका गैल आम्बेट ने अपनी पुस्तक 'दलित विजन' में दलित परिपेक्ष्यों की चर्चा की है। ये परिपेक्ष्य लोकप्रिय तथा विद्वत भाव दोनों के ही हैं। ज्योतिबा फूले, ताराबाई, डॉ. अम्बेडकर सभी इस परिपेक्ष्य में आते है। गैव आम्बेट ने विस्तार से उन ऐतिहासिक कारकों की विवेचना भी की है जिससे दलित वर्ग उत्पन्न हुआ। बहुत सारी टीकाए ऐसी भी हुई हैं जो दलित तथा उसमें जुड़े आन्दोलनों को स्वाभीमान का प्रतीक मानते हैं।

'दलित' शब्द से अभिप्राय है जिसका दमन हुआ है, दबाया गया है, उत्पीड़ित, शोषित, सताया हुआ, गिराया हुआ, उपेक्षित, घृणित, रौंदा हुआ, पस्त हिम्मत, हतोत्साहित, वंचित आदि (वाल्मिकी, 1997)। इसी के आगे दलित समाज की अवधारणा पर विचार करते हुए लिखते हैं कि 'भारतीय समाज व्यवस्था (हिन्दू) में सबसे निचले स्तर पर समझी जाने वाली जातियां दलित समाज है।' दलित चिंतक शरण कुमार लिम्बाले का मत है कि 'दलित' शब्द की व्याख्या में केवल अछूत जाति का उल्लेख करने से काम नहीं चलेगा, उसमें आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोगों का भी समावेश होगा। लिम्बाले ने लिखा है कि 'गाँव की सीमा के बाहर रहने वाली सभी अछूत जातियाँ आदिवासी, भूमिहीन, खेत मजदूर श्रमिक, काश्तकारी जनता और यायावर जातियाँ 'दलित' शब्द से व्याख्यायित होती है।' वर्तमान समय में 'दलित' शब्द के प्रयोग से वास्तविकता में किस समूह को सम्बोधित किया जा रहा है, पता

* व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, राजगढ (अलवर) (राज.) भारत

नहीं चलता है (विवेक कुमार 2002)। 'दलित' का शाब्दिक अर्थ गरीब एवं शोषित है। 'दलित' शब्द की परिभाषा में समाज के अनुसूचित जाति/ जनजाति' मजदूर, भूमिहीन एवं गरीब किसान, आर्थिक व धार्मिक रूप से पीड़ित एवं शोषित सदस्यों को शामिल किया गया है। यह निर्विवाद है कि संविधान में जिन्हें अनुसूचित जाति कहा गया है वह तो अब दलित के रूप में पहचान बना ही चुके हैं।

हिन्दू समाज में वर्ण एवं जाति व्यवस्था – दलित वर्ग का संबंध हिन्दू जाति व्यवस्था से है अत: इस व्यवस्था के कुछ अंशों को समझना आवश्यक है। 'दलित' हिन्दू समाज के पदानुक्रम में निचले पायदान पर मानी जाने वाली कुछ जातियों का समूह है। दलित जातियों का हिन्दू वर्ण व्यवस्था से गहरा सम्बन्ध है। हिन्दू वर्ण व्यवस्था के उद्गम तथा शूद्रों की उत्पत्ति के लिए कई पौराणिक कथाएँ एवं मिथकीय व्याख्याएँ मौजूद हैं। एक पौराणिक मान्यता में गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए चारों वर्णो की उत्पत्ति को कर्म से जोड़कर बताया है। श्रीकृष्ण ने कहा है कि हे अर्जुन 'मैने ब्राह्मण (मुख) क्षत्रिय (भुजा) वैश्य (उदर) शूद्र (पैर) से उत्पन्न किये हैं।' आदिकाल में वर्ण व्यवस्था के अन्तर्गत जो किसी भी प्रकार से चार वर्णो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण में नहीं आते थे उन्हें पाँचवें और अन्तिम वर्ण 'अन्त्यज' कहा जाता था क्योंकि ये समाज के निम्न स्तर के व्यवसाय करते थे इसलिए इनका स्पर्श करना पाप माना जाता था। इन पर समाज ने सबसे अधिक प्रतिबन्ध लगा दिए थे। इनकी स्थिति सभी प्रकार से दयनीय थी इसलिए ऐसी जातियों को दलित जाति से सम्बोधित किया जाता था। सरकारी रिकार्डो में इन्हें इसी नाम से सम्बोधित किया जाता था। इनको प्रथम चार वर्षो से अलग और अपवित्र माना जाता था। धर्मशास्त्र काल में चौथे वर्ण – शूद्र को भी इनके साथ जोड़ दिया गया। जब जाति की सदस्यता जन्म के द्वारा निश्चित होने लगी तब वर्ण संकर भी इसमें सम्मिलित किए जाने लगे। दूसरी और ऐसे दर्जनों लेखक हैं जो शूद्रों को अनार्य, दस्यु, द्रविड, शक या हूणों से जोड़ते हैं, और आर्यो के प्रतिद्वन्दी ठहराते हैं। इस सिलसिले में एक मान्यता यह उभर रही है कि आर्यो के आक्रमण के बाद जो दास बना लिए गए, वे शूद्र है और जो जंगलों में भाग गए वे आदिवासी हैं। डॉ. अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्रों की खोज में यह स्पष्ट किया है कि शूद्र अनार्य नहीं है, प्राचीनकाल में कई तेजस्वी और बलशाली राजा शूद्र थे।

भारतीय हिन्दू समाज में वर्ण व्यवस्था एवं जातिवाद मूलाधार रहे हैं। हिन्दू धर्मशास्त्रियों ने समाज को चार वर्गो में विभक्त कर विषमतापूर्ण समाज का निर्माण किया है, जो कालांतर में अनेकानेक जातियों में बंटकर उलझ गया। इससे मानव–मानव के बीच गहरी खाई उत्पन्न हो गई तथा निम्न समझे जाने वाले शूद्रों का जीना दूभर हो गया है। इस विषमतापूर्ण जाति–व्यवस्था का खुलासा करते हुए डॉ. अम्बेडकर ने कहा है कि 'हिन्दुस्तान देश केवल विषमता का आश्रय स्थल है, हिन्द समाज उसकी एक मीनार है और प्रत्येक जाति उसकी एक मंजिल है लेकिन ध्यान रखने की बात यह है कि इस मीनार में सीढ़ी नहीं लगी है। एक मंजिल में जो जन्मे उसी मंजिल में वह मरे, नीचे की मंजिल में जन्मा व्यक्ति चाहे कितना भी लायक क्यों न हो उसे ऊपर वाली मंजिल में प्रवेश मंजिल में ढकेलने का साहस किसी में नहीं है।' नहीं और ऊपर की मंजिल में जन्मा व्यक्ति चाहे वह कितना ही नालायक क्यों न हो उसे भी नीचे की मंजिल में ढकेलना का साहस किसी में नहीं है। '

दलित चेतना – 'दलित चेतना' से आशय उस विचार से है जिसके द्वारा अस्पृश्यता, अत्याचार एव शोषण से मक्ति का मार्ग प्रशस्त हो तथा मानव–मानव के बीच भेदभाव की दीवार को ध्वस्त कर पीडित मानवता के स्वाभिमान को जगाया जाए। समस्त रूढियों ब्रह्माचारों भाग्यवाद, अधविश्वास आदि से मक्ति के लिए संघर्ष, दलित चेतना के प्रमुख आयाम हैं, जिससे सदियो से अन्याय आर अत्याचार के गर्त में डूबी मानवता को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। भारतीय समाज म सानियों से शोषण की परम्परा के विरूद्ध प्रतिरोध का स्वर मुखरित हआ है जिसे समय–समय पर धर्म व समाज सुधारको ने वाणी दी है। अम्बेडकर मार्क्सवादी विचारधारा के बहुत समीप थे। संघर्ष का प्रतिरूप उनके दिमाग में था (गैल आम्बेट, 1996)। दलित चेतना का संदर्भ वर्ग चेतना के साथ जोड़ा जा सकता है।

दलितों को सामाजिक पहचान दिलाने या उन्हे मानवीय धरातल पर प्रतिष्ठित करने की चेतना सम्बन्धी कोई कार्य अंग्रेजों ने नहीं किया। ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों ने शूद्र तथा अस्पृश्य वर्ण के स्तर की जातियों को हिन्दू जाति व्यवस्था से अलग करके इसाई धर्म में परिवर्तित करने के कई प्रयास किये। महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार की राजनीतिक चाल को समझ कर इसके विरोध में आमरण अनशन किया तथा ब्रिटिश सरकार को ऐसा करने से रोका। गांधीजी अस्पृश्य जाति को हिन्दू समाज में विभिन्न निर्योग्यताओं से मुक्त करवाने तथा अन्य जातियों की तरह समान विशेषाधिकार दिलवाने के लिए अनेक प्रयास किये जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य इन्हे भगवान का जन या हरि का जन अर्थात 'हरिजन' नाम देना था। तब से आज तक इनका नाम 'हरिजन' चल रहा है।

भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान महात्मा गांधी, अम्बेडकर एवं वीर सावरकर ने अछूतों के उद्धार का बीड़ा उठाया तथा हिन्दू समाज के एकीकरण में जी जान से जुट गये। सावरकर ने 1924 में हिन्दू संगठन का निर्माण किया जिसका उद्देश्य था समाज के निराश एवं दलित वर्ग को ऊपर उठाना तथा उनमें उत्साह भरना। दूसरी ओर गांधीजी ने स्वयं अछूत बस्तियों में रहकर अछूतों हेतु कई गतिविधियां आरम्भ की। डॉ. अम्बेडकर ने अछुतों को अपने अधिकारों के प्रति लड़ाई लड़ने हेतु 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' का गठन किया जिसका उद्देश्य अछूतों में जागृति लाना था। अम्बेडकर ने दलित वर्गो की पुलिस तथा भारतीय सेना में भर्ती के लिए संघर्ष किया। दलित जातियों के लिए एक अलग निर्वाचक मण्डल बनाने तथा संघीय व प्रान्तीय विद्यार्थियों में दलित प्रतिनिधियों को अलग से चुनकर भेजे जाने के लिए संघर्ष किया। डॉ. अम्बेड़कर का एक ही नारा था कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा आन्दोलन करो'। डॉ. अम्बेडकर दलितों के शोषण एवं अन्याय को समाप्त करने के लिए हिन्दू समाज की वर्ण व्यवस्था एवं जाति प्रथा का उन्मलन आवश्यक मानते थे क्योंकि अछूत प्रथा की जड़ जाति प्रथा में ही थी एक तरफ देश जहां अंग्रेजों की गुलामी एवं दासता के विरूद्ध संघर्ष कर रहा था वहीं अम्बेडकर हिन्दू समाज द्वारा दलितों पर थोपी गई सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक निर्योग्यताओं एवं शोषण के खिलाफ संघर्ष किया। वे दलितों को भी हिन्दुओं के समान ही समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाना चाहते थे। जहाँ गांधीवाद ने दलितों की ओर देखने की नई दृष्टि सवर्णो को दी, वहीं अम्बेडकरवाद ने दलितों के स्वाभिमान से उठ खड़े होने की शक्ति दी है।

दलित समाज : मुख्य समस्याएं – यदि हम दलित जातियों का इतिहास देखें तो यह स्पष्ट हो जाता हैं कि इनकी प्रमुख: समस्याएं विभिन्न प्रकार के शोषण, प्रतिबन्ध एवं निर्योग्यताएँ आदि से जुड़ी हुई हैं। हिन्दू सामाजिक व्यवस्था ने दलित समाज पर धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक निर्योग्यताएं लाग की तथा उन्हें अधिकारों से वंचित कर दिया जबकि समाज के द्विज वर्णो को विशेषाधिकार प्राप्त थे। यदि हम दलितों की धार्मिक

समस्याओं को ले तो ये लोग मन्दिरों, देवालयों में प्रवेश नहीं कर सकते थे, प्रार्थना अर्चना करना तो दूर, ये लोग भजन आदि तक को सुन नहीं सकते थे। धार्मिक पुस्तकें पढ़ना तथा सूनना, यज्ञोपवीत धारण करना निषिद्ध था। दलित लोग जन्म, विवाह एवं मृत्य सम्बन्धी संस्कार ब्राह्मण पुरोहित के द्वारा सम्पन्न करने में असमर्थ था। इनकी बस्तियां ग्राम एवं नगर के बाहर थीं। इन लोगों को स्वच्छ तथा साफ-सुथरे स्थलों पर अपनी झोपड़िया बनाकर रहने का अधिकार नहीं था।

दलित जातियों के लोग सार्वजनिक स्थानों तथा सुविधाओं का उपयोग नहीं कर सकते थे। ये लोग स्वर्ण जातियों के कुओं से पानी नहीं भर सकते थे, पक्के मकान नहीं बनवा सकते थे, इनको शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार नहीं था। मनोरंजन के लिए सार्वजनिक मेलों, चौपालों, रामलीला, खेलकूद प्रतियोगिता, मल्ल युद्ध, हाट बाजारों, कठपुतली का तमाशा आदि को देखना, शामिल होना, भाग लेना आदि का अधिकार नहीं था। इन लोगों के झगड़े, चोरी, बेईमानी, दंगे फसाद में गवाही देने का अधिकार नहीं था। ये लोग पंच और सरपंच नहीं बन सकते थे। इनको मतदान करने का अधिकार स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले किसी भी काल में नहीं था। सामाजिक और राजनीतिक संगठनों में इनको किसी भी सार्वजनिक या प्रशासनिक पद पर नियुक्त नहीं किया जाता था। इन्हें किसी भी राजनीतिक क्रिया तथा कार्यों में भाग लेना निषिद्ध था। साफ-सफाई करने, मलमूत्र उठाने, मरे हुए पशुओं को ढोने, चमड़े का उत्पाद बनाने से जो पारिश्रमिक मिल जाता था उसी से जीवन निर्वाह करना होता था।

दलित समाज की समस्याओं पर कबीर, रामानुजाचार्य, जगदगुरू शंकराचार्य, चौतन्य महाप्रभु, नानक, रामकृष्ण परमहंस, महर्षि दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, केशवचन्द्र सेन, राजा राममोहनराय, ज्योतिबा फूले ने अपने अपने समय में प्रयास किये। आर्य समाज सत्यशोधक समाज, अखिल भारतीय दलित वर्ग संघ, अखिल भारतीय दलित वर्ग फैडरेशन, हरिजन सेवक संघ, सर्वेण्ट्म आफ इण्डियन सोसायटी, रामकृष्ण मिशन आदि संस्थाओं ने दलित जातियों के सामाजिक कल्याण तथा विकास के लिए समय-समय पर अनेक कार्य किये गये। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के संविधान द्वारा इन दलित जातियों, पिछड़े वर्गो, अनुसूचित जातियों, अनसचित जनजातियों को अनेक सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, शैक्षणिक अधिकार प्रदान किये। सैद्धान्तिक रूप से कानून के रूप में अनेक सुविधाएं तथा अधिकार प्राप्त हो गये लेकिन व्यवहार में अभी तक कितना मिल पाया है और कितना मिलना शेष है, इस पर विवाद एवं एकमतता का अभाव है। फिर भी अनेक क्षेत्रों में अभी भी दलित जातियां सवर्णो के डर के कारण अपनी पूर्व स्थिति में ही जीवन व्यतीत कर रही है। सवर्ण और अवर्ण के झगड़े, मारपीट, आगजनी, हत्याएं, लूटपाट आदि होती रहती है। अखबारों एवं पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से आये दिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जैसे-दलित दूल्हे को घोड़ी से उतारना, दलितों की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं सच की तस्वीर दिखाती है। सरकार द्वारा दी गई आर्थिक सुविधाएं इन तक पूरी नहीं पहुंच पाती हैं।

निष्कर्ष- निसन्देह, दलित जीवन एक राष्ट्रीय प्रश्न है। इसे मानवीय मूल्य से तोलना चाहिए। समानता एवं बराबरी पर आधारित सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था के बिना देश समद्ध और सम्पन्न नहीं हो सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम पारम्परिक रूढ़ियों, जड़ताओं का त्याग कर समानता, स्वतंत्रता का जीवन व्यतीत करें। मानव जीवन का उद्देश्य केवल धन बटोरना ही नहीं है वरन् यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज में पर्याप्त मान-सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने का अवसर मिले। दलित लोग जो ऐतिहासिक विकृतियों के कारण समाज में सम्मानजनक स्थान नहीं बना सके हैं, उन्हें यह स्थान दिलाने तथा उन्हें अपने अधिकार दिलाना हम सभी देशवासियों का नैतिक दायित्व है। दलित समाज के उत्थान में लगी सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाएं पूर्ण निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें तभी समतामूलक समाज का सपना पूर्ण हो सकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आम्बेट, गेल (1996) दलित विजन, हैदराबाद : मैकमिलन।
2. भारती, कवल, (1998) दलित विमर्श की भूमिका एवं इतिहास, इलाहाबाद: बुद्ध प्रकाशन।
3. देसाई ए. आर. (1981) भारतीय राष्ट्रवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि. नई दिल्ली: द मेकमिलन प्रकाशन।
4. कुमार, विवेक (2002) दलित साहित्य का समाजशास्त्र, उत्तारप्रदेश: सितम्बर-अक्टूबर, नई दिल्ली, विकास प्रकाशन।
5. रणसुभे, सूर्यनारायण (1996) दलित साहित्य स्वरूप और संवेदना, नई दिल्ली: अनमोल प्रकाशन।
6. रत्तु, कृष्ण कुमार (2002), भारतीय दलित और मानवाधिकार. जयपुर: बुक एनक्लेव। सहारे, एम. एल. (1993) डा. भीमराव अम्बेडकर जीवन और कार्य, नई दिल्ली: राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद।
7. वाल्मीकि, ओम प्रकाश (1997) दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, नई दिल्ली: आशीष प्रकाशन।
8. वेबस्टर, जॉन, सी बी (1999) हू इज दलित ? दलित्स इन मॉडर्न इण्डिया, न्यु देहली: विस्तान।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Identification and Biocontrol Strategies to Inhibit the Incidence of Leaf Spot Pathogen *Xanthomonaspisi* in Pea Seeds

Ashwani Kumar Verma* Ashok Nagar**

Abstract - Pea (*Pisumsativum* L.) seeds originated from various districts of Rajasthan were collected and tested for the presence of seed borne bacterial pathogen. The pathogen was identified as *Xanthomonoascampestris*pv.*pisi* on the basis of morphological, cultural, biochemical, pathogenicity tests followed by 16S rRNA based molecular characterization. The obtained partial 16srRNA sequences submitted in the database of Gene bank, NCBI (Acc. No. KF251039). Eco-friendly and economical control strategies were adopted to inhibit the incidence of the bacterial pathogen. Antibacterial activity of different aqueous plant extracts was evaluated. Among the eighteen plant extracts, aqueous extracts of *Terminalia bellirica (Fruit), Allium sativum*(Bulb)*,Allium cepa (Bulb), Terminalia chebula*(Fruit), *Emblicaofficinalis*(Fruit), *Menthapiperata (Leaf), Azadirachtaindica* (Leaf) and *Tamarindusindica*(Fruit) showed maximum control against the pathogen *in vitro*.
Key words -Biocontrol, Incidence, Molecular characterization, Pea seeds, *Xanthomonascampestris*pv. *pisi.*

Introduction - Pea (*Pisumsativum*L.) belongs to family fabaceae and is an important vegetable crop grown throughout the world. Like other pulse crops, diseases caused by fungi, bacteria, viruses and nematodes are among the notable risk factors of pea cultivations. Peas are mainly utilized as a vegetable. Besides, it is also consumed as pulse. Sometimes, the field pea is grown for forage and green manure and the pods are sometimes fed to farm animals. Bacterial blight disease of pea caused by *Pseudomonas syringae*pv. *pisi* is a seed-borne pathogen. (Neergard, 1977, Richardson, 1990, Garden *et al*. 1999).

The disease is characterized by chlorosis and whitening of apical shoots, including leaflets, stipules and young pods. In the present study, characterization and effects of this bacterial blight pathogen on pea crop was determined.

Materials and Methods - One hundred and twenty seven seed samples of pea collected from various districts of Rajasthan were studied. The seed samples collected were from Jhalawar, Jhunjhunu, Ajmer, Alwar, Baran, , Bundi, Churu, Chittorgarh, Dausa , Jaipur, Jodhpur, Kota, Nagaur, Pali, Pratapgarh, Rajsamand, Sawaimadhopur, Sirohi, Bikaner, Bharatpur, Bhilwara, Tonk, Dholpur, Dungarpur and Udaipur. The seeds were examined by standard blotter method (Anonymous, 1985) for the bacterial presence in seed.Identification of pea seed-borne bacteria was done according to seed health testing procedures as recommended by the International Seed Testing Association (ISTA). LOPAT (Levan formation, oxidase test, potato soft rot test, arginine dihydrolase test, tobacco hypersensitivity reaction test) and other diagnostic tests were carried out to identify the bacterial isolates (Anonymous, 1985, Bradbury, 1986, Neergard, 1986, Lelliot and Stead, 1987). On the basis of morphological and biochemical characterization identified suspected bacterial pathogens were subjected to 16s rRNA gene sequencing for the confirmation of identification of the isolated bacterial pathogens. The phytopathological effects and disease transmission of pathogen was studied using . Petri plate method, water agar test tube symptom test and pot experiment.

Results and discussion - On the basis of Biochemical and molecular characterizations using 16SrRNA gene sequence of identified bacterial pathogen was deposited to Genbank using BankItsubmission tool and has been assigned with NCBI (National Centre for Biotechnology information) accession numbers KF251036 (*P. syringae*pv.*pisi*) (Fig. 1,2). Molecular tools for the identification of bacteria were used in this study and 16S rRNA gene analysis was intensively used to understand the phylogenetic relationships (Sacchi et al. 2002). The pathogen was confirmed in one hundred and twenty five samples, out of one hundred and twenty seven seed samples studied on KmB medium with an incidence range of 3.5-91.5% from 25 districts of Rajasthan. To determine the incidence of bacterial pathogens, untreated and pre-treated seeds were subjected to standard blotter method and directly plated on NA (Fig.1). Seed assays are the most reliable methods for determining infection of seed-borne pathogens (Karavina*et*

*Deptt. of Botany, Raj Rishi Govt. College, Alwar (Raj.) INDIA
** Deptt. of Botany, Raj Rishi Govt. College, Alwar (Raj.) INDIA

al. 2008).Seed samples collected from Bikaner, Bundi, Dausa, Dungarpur, Alwar, Baran, Bharatpur, Jaipur, Nagaur, Churu and Chittorgarhdistricts of Rajasthan carried higher incidence of the pathogen. Among the eighteen plant extracts, aqueous extracts of *Terminalia bellirica (Fruit), Allium sativum*(Bulb),*Allium cepa (Bulb), Terminalia chebula*(Fruit), *Emblicaofficinalis*(Fruit), *Menthapiperata (Leaf), Azadirachtaindica* (Leaf) and *Tamarindus-indica*(Fruit) showed maximum control against the pathogen *in vitro*. In pea, the symptoms of bacterial blight on the stem were linear brownish streaks and the stem later splited open longitudinally. At advanced stages of diseased, necrosis and blightening of the leaf petiole were observed. Lesions varied in colour from dark green water-soaked to dark brown at the edge and centre on stem lesions develop as dark brown elliptical areas. Darrasse *et al*. 2010, measured bacterial transmission from ûowers to seeds and from seeds to seedlings for *Xanthomonascampestris*pv. *campestris* in incompatible interactions with bean. The infected plants parts on incubation on nutrient agar (NA) revealed the pathogen. Umesha*et al*. 2005, reported up to 45% seed transmission in chilli seeds artificially infested with *Burkholderiasolanacearum*causal agent of bacterial wilt.

Fig.1. Biochemical characterization: A,B-bacterial isolates, C-positive potato soft rot test,

D-positive Tobacco hypersensitivity, E-Positive nitrate reduction test, F-carbohydrate utilization.



Fig. 2. The ARDRA profile revealed 4 polymorphic groups among 5 isolates.

Lane 1 and 3 had similar band patterns belonging to one group and lane 2,

4 and 5 possessed unique band pattern. These isolates different from each

other were selected for 16srRNA sequencing.

References:-

1. Anonymous, 1985. International rules for seed testing association (ISTA). *Seed Sci& Tech*. 4: 3-49, 50-177.
2. Bradbury, J. F., 1986. Guide to plant pathogenic bacteria. CAB International Mycological Institute (CMI), UK. pp. 332.
3. Darrasse, A., Darsonval, A., Boureau, T., Brisset, M. N., Durand, K. and Jacques, M. A., 2010. Transmission of Plant-Pathogenic Bacteria by Nonhost seeds without Induction of an Associated Defense Reaction at Emergence. *Appl. and Env. Microbiol*. pp 6787-6796.
4. ISTA, 1985. International rules for seed testing. Seed science and Technology. 4: 177.
5. Karavina, C., Chihiya, J. and Tigere, T. A., 2008. Detection and characterization of *Xanthomonasphaseoli* (E.F.SM) in common bean (*Phaseolus vulgaris* L) seeds collected in Zimbabwe. *J. of Sustainable Dev. in Africa.* 10(1): 105-119.
6. Lelliott, R. A. and Stead, D. E., 1987. Methods for the diagnosis of bacterial diseases of plants. In Methods in Plant Pathology, Vol. 2. Blackwell Scientific Publication, Oxford, London. pp 216.
7. Neergard, P., 1977. Seed Pathology. Vol. I & II. The Macmillan Press Ltd. London. pp 1187.
8. Richardson, M. J., 1990.An annotated list of seed-borne diseases, 4thedn. Prof. Int. Seed Testing Associaton, Zurich, Switzerland.pp376.
9. Sacchi, C. T., Whitney, A. M., Mayer, L. W., Morey, R., Steigerwalt, A., Boras, A., Weyant, R. S. and Popovic, T., 2002. Sequencing of 16S rRNA Gene: A Rapid Tool for Identification of Bacillus anthracis. *Emerging Infectious Dis*. 8(10): 1117-1123.
10. Umesha, S., Kavitha, R. and Shetty, H. S., 2005. Transmission of seed-borne infection of chilli by *Burkholderiasolanacearum* and effect of biological seed treatment on disease incidence. *Archives of Phytopathol. and Pl. Protec.* 38(4): 281- 293.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी एवं ग्रामीण शिक्षको के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. सतीश पाल सिंह *

प्रस्तावना - मानसिक तनाव व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक दशा है जिसमें व्यक्ति असामान्य रूप से व्यवहार करने लगता हैं। यदि व्यक्ति की आवश्यकताएं तुरन्त और स्वत: ही पूरी हो जाएं तो जीवन इतना सरल हो जायेगा कि फिर उसके प्रति आकर्षण एवं आनन्द की अनुभूति ही समाप्त हो जायेगी इसीलिए प्रकृति में आवश्यकताओं की पूर्ति में बाधाओं को उत्पन्न करते रहना मानव जीवन के सुख के लिए अनिवार्य सा प्रतीत होता है। यदि बिना बाधाओं के आवश्यकताएं पूरी हो जायेगी तो जीने के लिए कुछ नहीं रह जायेगा, ये बाधायें ही जीवन के संग्राम में समय-समय पर उत्पन्न होती रहती है जो व्यक्ति में एक विशेष प्रकार का दबाव बनाये रखती हैं यही मानसिक तनाव के रूप में जाना जाता है।

क्रो एवं क्रो के अनुसार- 'मानसिक तनाव उस समय उत्पन्न होते हैं जब एक व्यक्ति को पर्यावरण की उन शक्तियों का सामना करना पड़ता है जो उसकी स्वयं की रूचियों और इच्छाओं के विपरीत कार्य करती है।'

मानसिक तनाव की भांति कार्यदबाव भी शिक्षको में पायी जाने वाली एक सामान्य मनोदशा है। जिसके निर्धारण के कारक वातावरण में मौजूद होते है। कार्यदबाव के परिणामस्वरूप कार्यकारी व्यक्ति अपनी क्षमता को पूर्णरूप से प्रदर्शित नहीं कर पाता। किसी भी कारण से शिक्षक मानसिक तनाव एवं कार्य दबाव में है तो वह स्वयं असफल होने के साथ-साथ शिक्षण उद्देश्यों को भी प्रभावित कर सकता है। शिक्षक की सफलता उसकी स्वतन्त्र अभिव्यक्ति पर निर्भर करती है। जो अध्यापक तनावग्रस्त रहते हैं उनका अध्यापन कार्य भी निम्न स्तर का होता है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर अध्यापकों के मानसिक तनाव ग्रस्त होने के क्या कारण हैं? सामान्य तौर पर इसके एक नही अनेक कारणों को गिनाया जा सकता है यथा-छात्रों का अध्यापकों के साथ शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार न करना, सहकर्मियों का सहयोगात्मक दृष्टिकोण न होना, सत्र अवधि अधिक होना, पाठ्यक्रम व्यापक होना, अस्पष्ट पाठ्यक्रम सुविधाओं की कमी होना, अपने व्यवसाय से सन्तुष्ट न होना, अत्यधिक कार्यभार आदि। कार्यदबाव एवं मानसिक तनाव के कारण शिक्षक के उत्साह में कमी पायी जाती है। वह ऊर्जा के ह्रास का अनुभव करता है तथा उसमें निराशा व निरर्थकता के भाव उत्पन्न होने लगते है। कार्य दबाव एवं मानसिक तनाव व्यक्ति में भावशून्यता तथा निराशावाद की और संकेत करता है। व्यक्ति में सिरदर्द, थकान, सावेंगिक प्रथकता, आशा का अभाव, निषेधात्मक भाव, आत्म विश्वास का अभाव सामाजिक अयोग्यता आदि मनो शारीरिक लक्षणों के कारण व्यक्ति में अनेक प्रकार की विकृतियॉ उत्पन्न हो जाती है। जिससे उसकी शिक्षण दक्षता व कार्य क्षमता भी प्रभावित होती है।

अध्ययन की प्रासंगिकता- प्राथमिक शिक्षा को पटरी पर लाने के लिए सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान को वर्ष 2002 से सशक्त रूप से लागू किया जिसके तहत प्राथमिक विद्यालयों में स्थायी अध्यापकों की शिक्षण में सहायता करने हेतु, शिक्षको को रखने की व्यवस्था की गयी। प्रारम्भ में इण्टरमीडिएट पास व्यक्तियों को रुपये 1750/- के मासिक मानदेय पर 11 महीने हेतु ग्राम शिक्षा समिति की संस्तुति पर जिलाधिकारी द्वारा शिक्षको के रूप में नियुक्त किया जाता था जिन्हें प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। वर्तमान में इनका मानदेय बढ़ाकर रुपये 3000/- प्रतिमाह कर दिया गया है किन्तु इनके साथ इतनी सारी समस्याएं जुड़ी है कि ये अपना कार्य न तो पूरी क्षमता से कर सकते हैं और न ही पूरी लगन एवं निष्ठा पूर्वक। शिक्षको के साथ-साथ स्थायी अध्यापक/ अध्यापिका भी मानसिक तनाव एवं कार्यदबाव से वंचित नहीं हैं उनके सामने भी अनेकानेक समस्याएं महिषासुर की भांति मुंह बायें खड़ी है। इन स्थायी अध्यापकों का वेतनमान काफी कम है, तथा समय पर नही मिलता है, प्राथमिक विद्यालयों में प्राथमिक सुविधाये उपलब्ध नहीं है, इन्हें शिक्षण कार्य के अलावा भी अनेक सरकारी कार्यो को करना पड़ता हैं तो ऐसी परिस्थितियों में स्थायी अध्यापक/ अध्यापिकाएं मानसिक तनाव एवं कार्यदबाव से कैसे वंचित रह सकते है?

अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं में व्याप्त कार्यदबाव एवं मानसिक तनाव के संदर्भ में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा जो प्रयास किया गया है उनके परिणाम भी इस अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व को स्पष्ट करते है।

प्रकाश जी.पी. (1990) - का अध्ययन परिणाम यह दर्शाता है कि मानसिक तनाव व कार्यदबाव के मध्य धनात्मक सह-सम्बन्ध तथा मानसिक तनाव एवं कार्यदबाव का कार्य निपटाने की प्रकृति के मध्य नकारात्मक सह-सम्बन्ध पाया गया।

जगदीश व श्रीवास्तव (1982) का अध्ययन परिणाम यह दर्शाता है कि कर्मचारियों की कार्य सन्तुष्टि कार्य करते हुए प्राप्त हुई व कार्य के पश्चात के तत्व उनके द्वारा अनुभव किये गये मानसिक तनाव से सार्थक रूप से प्रभावित पाये गये।

भट्ट डी.जी. (1997)- के अध्ययन परिणाम यह दर्शाते हैं कि प्राथमिक अध्यापकों में कार्य मानसिक तनाव उनके कार्य संलग्नता एवं कार्य संतुष्टि से सार्थक रूप से उच्च धनात्मक सह-सम्बन्धित है।

मानसिक तनाव व कार्यदबाव के सम्बन्ध में हुए एक अन्य शोध (**डॉ0 टी.सी. ज्ञानानी** 1988) के परिणाम दर्शाते हैं कि उच्च शिक्षा में संलग्न अध्यापकों के कार्य पर मानसिक तनाव व कार्यदबाव का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इस प्रकार निष्कर्ष के रूप में कह सकते है कि मानसिक तनाव से ग्रसित कोई भी अध्यापक अपना शिक्षण सुचारू पूर्ण ढंग से नहीं कर सकता

* एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

है चाहे वह स्थायी शिक्षक/शिक्षिका हो अथवा शिक्षामित्र। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शोधार्थी ने प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षको एवं शिक्षको के कार्यदबाव एवं मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन किया है।

यदि वर्तमान शोध अध्ययन के परिणामस्वरूप यह पाया गया कि श्शक्षको व शिक्षको के कार्यदबाव व मानसिक तनाव में अन्तर है तथा शिक्षकों की तुलना में शिक्षको में यह प्रतिशत मात्रा अधिक है तो इस वर्ग की समस्याओं के कारणों को ज्ञात कर इन्हें दूर करने का प्रयास किये जा सकते है जिससे अध्यापकों के मानसिक तनाव व कार्यदबाव का प्रभाव उनकी शिक्षण दक्षता पर न पड़े।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।
2. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।
3. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।
4. प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।
5. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।
6. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।
7. प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

अध्ययन की परिकल्पनाए:

1. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
2. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
3. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
4. प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
5. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
6. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
7. प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

शोध विधि– प्रस्तुत अध्ययन में समकों के संकलन हेतु वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या – प्रस्तुत अध्ययन की जनसंख्या के रूप में उ.प्र. के बागपत जनपद के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त शहरी एवं ग्रामीण शिक्षकों को लिया गया है।

न्यादर्श एवं न्यादर्शन– प्रस्तुत अध्ययन के सन्दर्भ में शोधार्थी ने उपलब्ध जनसंख्या में से 208 प्रतिदर्शो का चयन साधारण यादृच्छिक न्यादर्शन के आधार पर किया है।

प्रयुक्त उपकरण– प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी ने स्वनिर्मित मानसिक तनाव मापनी का प्रयोग किया है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ– समंक संकलन से प्राप्त सूचनाओं को अर्थयुक्त बनाने एवं परिणामों की व्याख्या हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं **टी–अनुपात** आदि सांख्यिकीय प्रविधियों का प्रयोग किया है।

सीमांकन– प्रस्तुत अध्ययन केवल पश्चिमी उ0प्र0 के बागपत जनपद के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षको के मानसिक तनाव एवं कार्यदबाव तक ही सीमित है।

परिणाम एवं विवेचना– शोध समस्या से सम्बन्धित आकंडो तथ्यों एव सूचनाओं आदि के साख्यिंकीय विश्लेषण के आधार पर परिणामों को प्राप्त किया गया है। प्रस्तुत शोध समस्या के उद्देश्यों पर आधारित परिकल्पनाओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए है।

तालिका 1 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

1. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन

परिकल्पना विवेचना 1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शहरी एवं ग्रामीण शिक्षकों के मानसिक तनाव में सार्थक अन्तर है। जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 3.325 पाया गया। जो कि मुक्तांश 158 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.57 से अधिक है। अत: शून्य परिकल्पना कि प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शहरी एवं ग्रामीण शिक्षकों के मानसिक तनाव में सार्थक अन्तर नही है निरस्त की जाती है। शहरी एवं ग्रामीण शिक्षकों के मानसिक तनाव सम्बन्धी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षिकओ में मानसिक तनाव अधिक पाया जाता है। इसका कारण यह हो सकता है कि शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षिकओ को घर का कार्य एवं बच्चो की देखभाल एवं कार्यदबाव भी अधिक होता है।

2. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

परिकल्पना विवेचना के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में सार्थक अन्तर नही है जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 1.562 पाया गया। जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.97 से कम है। अत: शून्य परिकल्पना की 'प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव सार्थक अन्तर नही है' स्वीकृत की जाती है। प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव सम्बन्धी प्राप्तांकों के मध्यमानों में समानता है।

3. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

परिकल्पना विवेचना से विदित होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है। जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 0.752 पाया गया। जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.97 से कम है। अत: शून्य परिकल्पना 'प्राथमिक विद्यालयों

के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है' अस्वीकृत की जाती है। अतः हम कह सकते है कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव एक समान पाया जाता है। इसका कारण भी यह हो सकता है कि दोनो समूहों के शिक्षकों को एक जैसी समस्याओं का सामना करना पडता है।

4. प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

परिकल्पना विवेचना में प्रदर्शित प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव प्राप्तांको के मध्यमान मूल्यों, मानक विचलन एवं ज अनुपात मान के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव कोई सार्थक अन्तर नही हैं जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 2.274 पाया गया। जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.97 से अधिक है। प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव सार्थक रूप से अधिक पाया जाता है। 'प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है' निरस्त की जाती है।

5. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

परिकल्पना विवेचना 5 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव मे कोई सार्थक अन्तर नही है। जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 1.504 पाया गया। जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अतः शून्य परिकल्पना कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव मे कोई सार्थक अन्तर नही है स्वीकृत की जाती है।

6. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

परिकल्पना विवेचना 6 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है। अतः शून्य परिकल्पना कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है। स्वीकृत की जाती है। जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 3.268 पाया गया। जो कि मुक्तांश 78 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.57 से अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव मे कोई सार्थक अन्तर नही है अस्वीकृत की जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव एक समान पाया जाता है। इसका प्रमुख कारण यह हो सकता है कि दोनों समूहों के सामने एक जैसी परिस्थितियॉ होती है तथा दोनो को एक जैसी समस्याओं का सामना करना पडता है।

7. प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

परिकल्पना विवेचना 7 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है। जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 0.694 पाया गया। जो कि मुक्तांश 78 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.97 से कम है। अतः शून्य परिकल्पना कि ' प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है' स्वीकृत की जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव एक समान पाया जाता है। इसका प्रमुख कारण यह हो सकता है कि दोनों समूहों के सामने एक जैसी परिस्थितियॉ होती है तथा दोनो को एक जैसी समस्याओं का सामना करना पडता है।

निष्कर्ष– प्रस्तुत अध्ययन द्धारा निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुए है।

1. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों के मानसिक तनाव में सार्थक अन्तर कोई होता है। शहरी शिक्षकों की अपेक्षा ग्रामीण शि़क्षको में मानसिक तनाव अधिक पाया जाता है।
2. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तरं नही पाया गया है।
3. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।
4. प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर होता है। शहरी पुरुष की अपेक्षा ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं मानसिक तनाव अधिक पाया जाता है।
5. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही पाया गया है।
6. प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है। शहरी पुरुष अध्यापकों अपेक्षा शहरी महिला अध्यापिकाओं मानसिक तनाव अधिक पाया जाता है।
7. प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही पाया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. **श्रीवास्तव, डी0 एन0 (1982) :** 'आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन, आगरा, पृष्ठ संख्या 82–92।
2. **जगदीश व श्रीवास्तव ए0के0 (1983) :** 'परसीब्ड रॉल स्ट्रैस एण्ड जॉब सटिसफेक्शन' परसपिक्टिव इन साइकोलॉजिकल रिसर्चस वाल्यूम 8, नं0–2, पृष्ठ संख्या 101–103।
3. **भट्ट, डी0 जी0 (1887) :** 'जॉब स्ट्रैस, जॉब इनवाल्वमेन्ट एण्ड सैटिसफेक्शन ऑफ टीचर्स' 'इण्डियन जनरल्स ऑफ साइकोलॉजी एण्ड एजूकेशन', वाल्यूम नं0–28 पेज 87–94।
4. **प्रकाश, जी0पी0 (1990) :** 'आक्यूपेशनल स्ट्रैस एण्ड कापिंग इन यूनिवर्सिटी फैकल्टी मैम्बर्स' जनरल आफ साइकोलॉजी, पृष्ठ संख्या 37–43।
5. **श्रीवास्तव, बीना (1996) :** 'स्ट्रैस एमांग इन सर्विस एण्ड स्टूडेन्ट

टीचर्स', पर्सपेक्टिव इन साइकोलाजी रिसर्चस, वाल्यूम 19 एवं 20।

6. **अग्रवाल, कृष्ण (1998) :** 'जॉब सैटिसफैक्शन एण्ड आक्यूपेशनल स्ट्रैस इन रिलेशन टू फैक्ट प्रोक्सिमिटी विद् टॉप मैनेजमेन्ट', इण्डियन जनरल ऑफ साइकोलॉजी एण्ड एजूकेशन, वाल्यूम नं0-29, नं0-2, पृष्ठ संख्या 113-114।

7. **आनन्द, वर्षा (1998) :** 'टीचर्स आक्यूपेशन स्ट्रैस एण्ड सेल्फ स्टीम पर्सपेक्टिव इन साइकोलॉजिकल रिसर्चस', वाल्यूम 21, पृष्ठ संख्या 105-109।

8. **ज्ञानानी, टी0सी0 (1998) :** 'स्ट्रैस एण्ड स्ट्रैन एमांग, टीचर्स वर्किंग इन हायर एजूकेशन इन्स्टीट्यूट ऑफ डिफरेन्ट ऑरगेनाइजेशनल क्लाइमेट', इण्डियन जनरल ऑफ साइकोमैट्री एण्ड एजूकेशन, वाल्यूम-29, नं0-1, पृष्ठ संख्या 53-59।

9. **कपिल, एच0के0 (1999) :** 'सांख्यिकी के मूल तत्व', पंचम संस्करण विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा पृष्ठ संख्या 627-642।

10. **सैनी अंजलि व दास, इरा (2001) :** 'इफैक्ट ऑफ स्टूडेन्टस एटीट्यूड टुवर्ड्स टीचर्स अपॉन फीमेल स्कूल टीचर्स' इन जनरल्स ऑफ साइकोलाजी एण्ड एजूकेशन, वाल्यूम 32, नं0 2, पृष्ठ संख्या 101-104

तालिका 1 - परिकल्पनानुसार प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी एवं ग्रामीण शिक्षकों के मानसिक तनाव में अन्तर की सार्थकता के मध्यमान मानक विचलन T अनुपात के विवरण को दर्शाने वाली तालिका

परिकल्पना	समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	T अनुपात	सार्थकता स्तर	परिणाम
1 प्राथमिक विद्यालयों के शहरी एवं ग्रामीण अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	शहरी अध्यापकों	80	54.47	16.52	3.325	.01 स्तर पर सार्थक	स्वीकृत
	ग्रामीण अध्यापकों	80	63.56	18.02			
2 प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	शहरी पुरुष	40	54.47	13.62	1.562	.05 स्तर पर असार्थक	अस्वीकृत
	ग्रामीण पुरुष	40	59.64	15.89			
3 प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	शहरी महिला अध्यापिकाओं	40	64.76	14.52	0.752	.05 स्तर पर असार्थक	अस्वीकृत
	ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं	40	62.15	16.45			
4 प्राथमिक विद्यालयों में शहरी पुरुष अध्यापकों एवं ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	शहरी पुरुष अध्यापकों	40	54.47	13.62	2.274	.05 स्तर पर सार्थक	स्वीकृत
	ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं	40	62.15	16.45			
5 प्राथमिक विद्यालयों के शहरी महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	शहरी महिला अध्यापिकाओं	40	64.76	14.52	1.504	.05 स्तर पर असार्थक	अस्वीकृत
	ग्रामीण पुरुष अध्यापकों	40	59.64	15.89			
6 प्राथमिक विद्यालयों के शहरी पुरुष अध्यापकों एवं शहरी महिला अध्यापिकाओं के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	शहरी पुरुष अध्यापकों	40	54.47	13.62	3.268	.05 स्तर पर असार्थक	अस्वीकृत
	शहरी महिला अध्यापिकाओं	40	64.76	14.52			
7 प्राथमिक विद्यालयों के ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण पुरुष अध्यापकों के मानसिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।	ग्रामीण महिला अध्यापिकाओं	40	62.15	16.45	0.694	.05 स्तर पर असार्थक	अस्वीकृत

****

भारत में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण: सिद्धान्त और व्यवहार

डॉ. वंदना शर्मा *

शोध सारांश – भारत जैसे संघात्मक देश में स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था उसकी त्रिस्तीय व्यवस्था का अविभाज्य अंग है। भारत में संघीय स्तर पर केन्द्रीय सरकार, प्रान्तीय स्तर पर राज्य सरकार और स्थानीय स्तर पर स्तर स्वशासन एवं स्थानीय शासन नागरिकों की सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ती करता है। स्थानीय स्वशासन लोकतंत्र का आधार होती है। इसी उदेश्य को ध्यान में रकते हुए प्रस्तुत शोध पत्र में 'लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक पक्ष को विश्लेषित करने का प्रयास किया गया है। लोक तांत्रिक विकेन्द्रकरण को **'धरातल पर लोकतंत्र'** के नाम से भी अभिव्यक्ति किया जाता है। यही पद्धति लोकतंत्र में जनता की सहभागीता को सही अर्थो में सुनिश्चित करने का माध्यम है। जिस व्यवस्था में अपनी सरकार के संचालन में लोगों की सहभागिता जितनी अधिक,निरन्तर, सक्रिय रचनातमक और निकट की होगी, वह व्यवस्था लोकतंत्र के राजनीतिक आदर्श के उतने ही समझी जाऐगी। 'लोकतांत्रिक विकेन्दीकरण' लोगों की यह सहभागीता प्रात्त करने का एक सशक्त उपाय है। प्रस्तुत लेख में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक पदो मे प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।
शब्द कुंजी – ग्राम रूट डेगोक्रेसी, तृणमूल, विकेन्द्रीकरण सामुदायिक विभास कार्यक्रम, स्वायत्तता।

प्रस्तावना – लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और पंचायती राज दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची बन गये हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् एशिया और अफ्रीका के नवोदित राष्ट्रों ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाने एवं सामान्य जन को अपने नागरिक और राजनीतिक कार्यो में वास्तविक भागीदार बनाने की दृष्टि से लोकतांत्रिक संरचना का अधिकतम विकेन्द्रीकरण करने का प्रयोग आरम्भ किया। इस प्रयोग को 'ग्रास रूट से डेमोक्रेसी' अर्थात् तृणमूल स्तर पर लोकतंत्र के नाम से अभिहित किया गया।

इसे धरातल पर लोकतंत्र के नाम से भी अभिव्यक्त किया जाता है। धरातल पर लोकतंत्र से अभिप्राय यह है कि ऐसी राजनीतिक संरचना जिसमें लोकतंत्र केवल राष्ट्रीय और प्रान्तीय स्तरों तक ही सीमित नहीं हो अपितु उसका विस्तार वास्तविक अर्थ में स्थानीय स्तरों तक भी होता हो। इस प्रकार यह पद्धति लोकतंत्र में लोगों की सहभागिता को सही अर्थो में सुनिश्चित करने का माध्यम है। एक ऐसा लोकतंत्र जो केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों तक सीमित नहीं है और जो केवल राष्ट्रीय और प्रान्तीय स्तरों तक संकुचित नहीं है, तथा जिसमें जनता की सहभागिता प्रत्येक तीसरे या पांचवे वर्ष होने वाले चुनावों के समय ही अभिव्यक्त नहीं होती अपितु उनकी सहभागिता उनके अपने दैनिक आचरण से संबंधित सार्वजनिक कार्यो और अपने क्षेत्र, गाँव और कस्बा के दैनिक प्रबन्ध में अभिव्यक्त होती है। इस प्रकार धरातल पर लोकतंत्र की अवधारणा अनिवार्यत: विकेन्द्रीकृत लोकतंत्र की धारणा है जिसमें सार्वजनिक कार्यो के प्रबन्ध का आरम्भ और अन्त केवल उच्च स्तर पर नहीं होता अपितु स्थानीय क्षेत्रों में सामान्य लोगों के विस्तृत जाल के माध्यम से होता है।

लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का अर्थ – लोकतंत्र उस व्यवस्था को कहते हैं जिसमें राज्य की प्रभुसत्ता लोक अर्थात् उस भू-भाग के निवासियों में निहित होती है। जिस व्यवस्था में देश के समस्त नागरिक शासन के कार्यो में किसी न किसी स्तर पर भाग लेते हों और उनकी आवाज अनिवार्यत: कुछ महत्तव रखती हो, उसे सच्चा प्रजातंत्र कहा जा सकता है। जब राज्य की सत्ता केन्द्र में निहित होती है तो उसे केन्द्रीय शासन कहते हैं और जब यही सत्ता जनता में विभिन्न स्तरों पर बांट दी जाती है तो इसे विकेन्द्रीकृत सत्ता कहते हैं।

सभी लोकतांत्रिक देशों में शासन के निर्णय यद्यपि जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा लिए जाते हैं किन्तु उनका निष्पादन लोकसेवकों द्वारा किया जाता है। शासन के कार्य संचालन का यह सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य है किन्तु आधुनिक लोकतंत्रीय देशों में नौकरशाही की शक्तियों का इतना अनियंत्रित और असीमित विस्तार हो गया है कि लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए प्रतिनिधियों की भूमिका कभी-कभी गौण होती प्रतीत होती है। वस्तुत: लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण शासन की शक्तियों का नौकरशाही के विभिन्न स्तरों पर प्रत्यायोजन नहीं है अपितु लोकतांत्रिक सत्ता का राष्ट्रीय स्तर से नीचे राज्य, जिला, विकास खंड एवं ग्राम स्तर पर विकेन्द्रीकरण द्वारा निर्णय करने की अधिकतम शक्ति जनता में निहित हो तभी सच्चा लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण हो सकता है।

इस अवधारणा पर 1957 में, केन्द्र सरकार द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के आकलन एवं मूल्यांकन हेतु नियुक्त बलवंत राय मेहता समिति ने भी गहन चिन्तन किया। इस समिति का निष्कर्ष भी यही था कि वास्तविक प्रजातंत्र उस समय फलीभूत होगा जब प्रत्येक गाँव में ग्रामसभाएँ एवं ग्राम पंचायतें स्थापित हो जाएंगी और सामान्य जन वास्तविक स्वतंत्रता का अनुभव करेंगे।

'विकेन्द्रीकरण' के पूर्व 'लोकतांत्रिक' शब्द के उपयोग करने से इसका अर्थ प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण को पृथक् रूप से समझने में भी सहायता करता है। प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा प्रशासन में कुशलता

* सह आचार्य (लोक प्रशासन) राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

लाने के विचार से अभिप्रेरित है। प्रशासन में जब शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया जाता है तो उसका उद्देश्य प्रशासन के निचले स्तरों पर निष्पत्ति और प्रशासनिक कार्मिकों की गति वृद्धि के माध्यम से उनकी कुशलता बढ़ाने से होता है जबकि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का उद्देश्य शासन के कार्यों में सरकार के प्रत्येक स्तर राष्ट्रीय, प्रान्तीय और विशेषत: स्थानीय स्तर पर जनता की अधिकतम सहभागिता प्राप्त करना होता है। प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण में प्रशासन के निचले स्तरों पर किसी योजना को अधिक स्वतन्त्रतापूर्वक कार्यान्वित करने का अधिकार निहित देखा जा सकता है। इसमें योजना उच्च स्तर के लोगों के द्वारा बनाई जाती है और उसकी क्रियान्विति की प्रक्रिया में नीचे के स्तर की स्वतंत्रता अभीष्ट होती है।

जबकि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को स्थानीय स्तर पर लोगों का अपने कल्याण की योजनाओं को बनाने व पहल करने तथा स्वायत्ततापूर्वक उन्हें कार्यान्वित करने के अधिकार के रूप में देखा जा सकता है। इस प्रकार 'लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण, प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण की तुलना में अधिक व्यापक है और दोनों में अन्तर उनके उद्देश्य को लेकर किया जा सकता है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण जहाँ लोगों की सहभागिता पर बल देता है वहीं प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण का उद्देश्य 'कुशलता' को बढ़ावा देना होता है।'

लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की विशेषताएं लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण शब्द शासन के उच्च स्तर से निम्न स्तर की ओर तीन स्वरूपों में शक्तियों के स्वायत्ततापूर्ण हस्तांतरण का उद्घोष करता है :

1. राजनीतिक दृष्टि से यह निर्णय करना कि शासन की नीति और कार्यक्रम क्या होंगे,
2. निर्धारित दायित्वों को पूर्ण करने के लिए आर्थिक संसाधनों के प्रबन्ध का अधिकार हो, तथा.
3. प्रशासनिक दृष्टि से, बिना किसी उच्च हस्तक्षेप के, अपने कार्यों के निर्देशन, पर्यविक्षण और व्यावहारिक आयोजन का अधिकार।

इस प्रकार लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण एक ऐसी राजनीतिक धारणा है जो शासन के कार्यों और निर्णयों में लोगों की भागीदारी का विस्तार करती है। यह धारणा उच्च स्तर से नीचे के स्तर के जनप्रतिनिधियों की सत्ता का, स्वायत्तता सहित, विकेन्द्रीकरण करती है। सत्ता का यह विकेन्द्रीकरण उपर्युक्त इंगित तीन दिशाओं में राजनीतिक निर्णय निर्माण, वित्तीय नियंत्रण और प्रशासकीय प्रबन्ध में होता है। प्रशासकीय विकेन्द्रीकरण की विशेषताओं को निम्नांकित प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है :

1. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण लोगों को अपनी ही सरकार के प्रबन्ध में अधिकतम और व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करता है।
2. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया शक्तियों के लम्बवत् हस्तान्तरण का आग्रह करती है।
3. इस प्रक्रिया में जो सत्ता निम्नस्तरीय इकाइयों को प्राप्त होती है उसके उपयोग में उन्हें नीति निर्माण, कार्यक्रमों के निर्धारण और उनके निष्पादन की रीति-नीति के विनिश्चय, तथा आर्थिक संसाधनों के प्रबन्ध में पर्याप्त स्वायत्तता मिलती है।
4. इस प्रक्रिया में जो सत्ता विकेन्द्रीकृत की जाती है उसका उपयोग जिस तंत्र के द्वारा किया जाना है वह निर्वाचित होना चाहिएय यदि वह तंत्र निर्वाचित नहीं है तो वहाँ विकेन्द्रीकरण तो होगा किन्तु यह विकेन्द्रीकरण लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता।
5. इस प्रक्रिया में विकेन्द्रीकृत सत्ता का उपयोग निर्वाचित निकाय के सदस्यों या किसी समिति के द्वारा होना चाहिए न कि एक व्यक्ति के द्वारा। यदि सत्ता का उपयोग एक व्यक्ति में निहित कर दिया गया तो लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का उद्देश्य नष्ट हो जाएगा।
6. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का यह राजनीतिक सिद्धांत एक सीमा तक, निम्न स्तरीय संस्थाओं के दैनन्दिन कार्यकरण में राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप का निषेध करता है। सैद्धांतिक तौर पर तो यह माना जाता है कि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण में निम्न स्तरीय संस्थाओं पर उच्चस्तरीय संस्थाओं का नियंत्रण नहीं होना चाहिए किन्तु यह एक अतिवादी और विशुद्ध सैद्धांतिक दृष्टिकोण है। व्यवहार में स्थानीय संस्थाओं को निश्चित क्षेत्र में स्वायत्तता प्रदान की जाती है। इस स्वायत्तता के क्षेत्र में अनावश्यक, अवांछित अथवा अतिरिक्त हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए अन्यथा यह हस्तक्षेप लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के मूल उद्देश्य पर ही आघात करता है।

भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का व्यावहारिक पक्ष – भारत के संविधान के अनुच्छेद 40 में यह निर्देश दिया गया है कि राज्य पंचायतों की स्थापना एवं उनके विकास पर ध्यान देगा। इसके पश्चात् प्रथम पंचवर्षीय योजना में यह स्पष्ट कर दिया गया था कि विकास कार्यों के निष्पादन में पंचायतें एक अभिकर्ता (एजेन्ट) के रूप में कार्य करेंगी। द्वितीय पंचवर्षीय योजना में भी यह ब दिया गया कि पंचायतों को और अधिक अधिकार दिए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादन के कार्यक्रमों की योजना बनाना, बजट तैयार करना, ग्राम और सरकार के मध्य संबंध सेतु स्थापित करना तथा सामुदायिक विकास कार्यों के लिए श्रमदान संगठित करने इत्यादि की भूमिका उन्हें विशेष रूप से दी जा सकती है। 1952 में, देश में व्यापक स्तर पर सामुदायिक विकास योजना लागू की गई जिसमें सिद्धांतत: यह स्वीकार कर लिया गया था कि ग्राम की वास्तविक उन्नति तभी हो सकती है जब इस कार्यक्रम को जनता की समितियों के माध्यम से क्रियान्वित करवाया जाए। समय-समय घर किए गए मूल्यांकनों से यह स्पष्ट हो गया कि सामुदायिक विकास की यह योजना, जनता का कार्यक्रम तभी बन सकती है जब इसे जनता के प्रतिनिधियों के हाथों में सौंप दिया जाए। इसी समय अनुभव भी कर लिया गया था कि प्रजातंत्र को सफल बनाने के लिए जनता को और अधिक अधिकार दिये जाने की आवश्यकता है। देश में ऐसा वातावरण बन गया जिसमें इस प्रश्न पर गम्भीर चिन्तन किया जाने लगा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं पंचवर्षीय योजनाओं को कैसे सफल बनाया जाए? इसी क्रम में योजना आयोग की योजना कार्यक्रमों की समिति ने श्री बलवन्त राय मेहता की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल बनाया जिसे उक्त समस्या पर सर्वागीण दृष्टि से विचार कर अपना सुझाव प्रस्तुत करने को कहा गया।

बलवंत राय मेहता समिति (1958) ने अनुशंसा की कि राजनीतिक सत्ता का उच्च स्तर से निम्न स्तर की ओर विकेन्द्रीकरण कर दिया जाए जिससे विकास कार्यक्रमों की योजना बनाने एवं उन्हें कार्यान्वित करने का उत्तारदायित्व स्थानीय क्षेत्र के चुने हुए प्रतिनिधियों का हो जाए। बलवंत राय मेहता ने इस अनुशंसा को प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण का नाम दिया। स्थानीय स्वशासन के विद्वानों ने मेहता प्रतिवेदन को लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा पर एक वैज्ञानिक प्रपत्र स्वीकार किया है जो इस अवधारणा के सिद्धांत और व्यवहार दोनों की समुचित अभिव्यक्ति अपने कलेवर में समाविष्ट करता है।

12 जनवरी, 1958 को राष्ट्रीय विकास परिषद् ने, बलवंत राय मेहता समिति की अभिशंसाओं को यथारूप स्वीकार कर लिया। स्थानीय स्वायत्ता शासन की केन्द्रीय समिति ने भी अपनी स्वीकृति इन अनुशंसाओं को प्रदान

कर दी है। मेहता समिति द्वारा प्रस्तुत अभिशंसाओं में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का जो प्रतिमान प्रस्तुत किया गया उसे कालांतर में पंचायती राज के नाम से जाना गया। केन्द्र सरकार ने विकेन्द्रीकरण हेतु पंचायती राज की इस योजना को एक आदर्श प्रतिमान के रूप में स्वीकार कर लिया किन्तु यह प्रत्येक राज्य की इच्छा पर छोड़ दिया गया कि वे पंचायती राज को जिस रूप में चाहें अपने यहाँ अपना लें। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि पंचायती राज की यह योजना स्थानीय स्वायत्ता शासन की योजना है और स्थानीय स्वायत्ता शासन चूंकि राज्यसूची का विषय है इसलिए केन्द्र सरकार ने अपनी शक्तियों की संवैधानिक सीमाओं को पहचानते हुए समस्त राज्यों के लिए आदर्श ढांचा सुझा दिया और उसे अपनाने के लिए राज्यों को स्वाभाविक और अपेक्षित स्वायत्तता दे दी गई। किन्तु, इस प्रतिमान के कुछ मौलिक सिद्धांत निर्धारित कर दिए गए, जिन्हें ध्यान में रखने का आग्रह राज्यों से किया गया। पंचायती राज के मौलिक सिद्धांत

1. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण हेतु प्रस्तावित पंचायती राज की योजना ग्राम से लेकर जिला स्तर तक तीन स्तरीय होनी चाहिए। ये संस्थाएं जीवंत रूप से एक दूसरे से संबंधित रहें।
2. इन संस्थाओं को, शक्ति और दायित्वों का वास्तविक हस्तांतरण होना चाहिए।
3. इन संस्थाओं को योग्य बनाने के लिए तथा उत्तारदायित्वों के निर्वाह को सरल बनाने के लिए पर्याप्त वित्तीय स्रोत हस्तान्तरित किए जाने चाहिए।
4. इन संस्थाओं को समस्त विकास कार्यक्रमों के निष्पादन का दायित्व दिया जाए।

प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण की इस योजना को पंचायती राज के रूप में राजस्थान ने सबसे पहले अपनाया। इस योजना का उद्घाटन देश के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर नगर में 2 अक्टूबर, 1959 को एक विशाल जन समूह के समक्ष दीप जला कर किया। इसके उपरांत आन्ध्र प्रदेश ने 11 अक्टूबर, 1959 को इस योजना को लागू किया। कालांतर में देश के अधिकांश राज्यों ने इस योजना को अंगीकार कर लिया है।

मेहता समिति द्वारा सुझाया गया ढांचा मूल रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की, सरकारी विकास कार्यों में सहभागिता को सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रस्तुत किया गया था। बलवंत राय मेहता की उक्त योजना को पंचायती राज के त्रिस्तरीय ढांचे के रूप में जाना जाता है। ये तीन स्तर हैं :

1. ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत
2. खंड स्तर पर पंचायत समिति
3. जिला स्तर पर जिला परिषद

लोकतात्रिक विकेन्द्रीकरण का नूतन पक्ष : ग्रामसभा एवं वार्ड सभा– लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के व्यावहारिक पक्ष का यह विश्लेषण अधूरा रह जाएगा यदि 73वें संविधान संशोधन के पश्चात् संविधान में किए गए ग्रामसभा के प्रावधानों का उल्लेख न करें। इस संविधान माध्यम से को सांविधानिक स्तर प्रदान करते हुए धरातल पर लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रत्यक्षतम इकाई के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। वर्ष में न्यूनतम दो बैठकों के माध्यम से ग्रामसभा से यह अपेक्षा की गई है कि वह ग्राम स्तर पर निर्वाचित इकाई ग्राम पंचायत की वर्ष भर की कार्यसूची (एजेन्डा) का निर्धारण करें, बीच में इसकी उपलब्धियों का सामयिक आकलन करते हुए अंत में उनकी समीक्षा भी करें। इस तरह ग्रामसभा ग्राम स्तर या धरातल पर प्रत्यक्ष लोकतंत्र का ऐसा उपकरण है जिससे निर्वाचित निकाय एवं उसके क्रियाकलापों पर सीधा निगरानी रखने की अपेक्षा की जाती है। यही नहीं, राजस्थान में तो इससे भी एक कदम आगे बढ़कर वार्ड सभाओं की परिकल्पनाओं को भी साकार रूप दिया है। इन दोनों ही पक्षों का और विस्तृत विवरण पुस्तक के आगामी अध्यायों में यथास्थान दिया जा रहा है।

व्यवहार में अनुभूत विकृतियाँ – प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा पर अपना महत्तवपूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत करते समय स्वयं बलवंत राय मेहता समिति इसकी अन्तर्निहित विसंगतियों, सीमाओं और सफलता के संभावित खतरों से अवगत थी। समिति की मान्यता थी कि प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रस्तावित योजना को कार्यान्वित कर दिए जाने से प्रशासन की कुशलता में ह्रास हो जाएगा। यद्यपि उनकी मान्यता यह भी थी कि प्रशासनिक कुशलता की यह अवनति, इन संस्थाओं के संस्थागत और संगठनात्मक विकृतियों को दूर कर दिए जाने से, समाप्त हो जाएगी। समिति ने इस दिशा में दूसरा मत इन संस्थाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त हो जाने के विषय में व्यक्त किया था। समिति ने लोगों की अज्ञानता, अधिकारियों की चालाकी और समाज में विकसित होने वाले विशिष्ट अधिकार सम्पन्न समूहों इत्यादि को संभावित भ्रष्टाचार के कारकों के रूप में रेखांकित किया था। समिति ने यह संभावना भी व्यक्त की थी कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के चुनावों से समाज और ग्रामीण क्षेत्रों में गुटबाजी को प्रोत्साहन मिलेगा।

इन तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि बलवंत राय मेहता समिति अपने प्रतिवेदन में प्रस्तावित लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के कार्यान्वयन के मार्ग में संभावित कठिनाइयों और उसकी सीमाओं से भली भांति अवगत थी। हमारे राज्यों ने मेहता समिति द्वारा प्रस्तावित लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की पंचायती राज की जो योजना अपने यहाँ कार्यान्वित की है उनके व्यावहारिक अनुभव से यह सिद्ध हो गया है कि मेहता समिति ने अपने प्रतिवेदन में जिन विकृतियों का अनुमान व आकलन किया था, वे सही पाई गई हैं। पंचायती राज के संव्यवहार में, देश भर में जो विकृतियाँ अनुभव की गई हैं, वे बिन्दुवार इस तरह व्यक्त की जा सकतीं हैं

1. मेहता समिति ने अपने प्रतिवेदन में यह मत व्यक्त किया था कि लोकतांत्रिक – विकेन्द्रीकरण की योजना कार्यान्वित कर दिए जाने से प्रशासन की कुशलता देश भर में पंचायती राज संस्थाएँ वास्तव में अकुशलता की प्रतीक बनकर रह गई हैं। ये संस्थाएँ जनतांत्रिक दबावों के कारण प्राय: प्रशासनिक कुशलता को तिलांजलि दे बैठी हैं लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए प्रतिनिधि प्रशासनिक कार्यकुशलता के किसी मापदंड या मर्यादा को स्वीकार करने के लिए तैयार ही नहीं होते हैं। मैं द्वारा होगा।

2. इन संस्थाओं में व्यापक भ्रष्टाचार फैल गया है। लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए प्रतिनिधियों ने नौकरशाही के साथ ऐसा अनुपम सामंजस्य बिठाया है कि इन संस्थाओं के ये दोनों घटक मिलकर बहुधा भ्रष्टाचार करने और उससे बचने के उपाय ढूंढते रहते हैं।

3. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की पंचायती राज की योजना कार्यान्वित होने से समय–समय पर होने वाले पंचायती राज चुनावों से ग्रामीण क्षेत्रों में सौहार्द्र का सामान्य वातावरण नष्ट हो गया है और ग्रामीण क्षेत्रों में गुटबाजी का माहौल बन गया है। इन दोनों ही विकृतियों का मेहता समिति ने अपने प्रतिवेदन में भी पूर्वानुमान कर लिया था।

4. पंचायती राज की योजना को मेहता समिति के प्रतिवेदन की अपेक्षाओं के अनुकूल यथारूप कार्यान्वित करने में राज्य सरकारों का दृष्टिकोण भी शिथिल दिखाई दिया है। उसका यह व्यवहार निम्नांकित बिन्दुओं से प्रमाणित

होता हैं :

(अ) राज्य सरकारें पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव समय पर नहीं कराती रही हैं। कहीं-कहीं तो चुनाव 3 की अपेक्षा 13 वर्ष तक नहीं कराए गए। राज्य सरकारों की यह मनोवृत्ति लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की योजना के प्रति उनकी उदासीनता का प्रमाण मानी जा सकती है।

(ब) समस्त राज्य सरकारें इस तथ्य से भली भांति परिचित हैं कि पंचायती राज संस्थाओं की आर्थिक दशा अत्यन्त कमजोर है और स्वतंत्र रूप से उनके आर्थिक संसाधनों का अभाव है। अब 73वें संविधान संशोधन द्वारा इस दिशा में सटीक उपाय किए गए हैं।

5. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के लिए पंचायती राज की योजना प्रस्तुत करते हुए मेहता समिति ने यह भी मत व्यक्त किया था कि विकास कार्यों के साथ जनता की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यह योजना प्रस्तुत की जा रही है किन्तु व्यवहार में उनकी यह आशा फलीभूत होती प्रतीत नहीं हुई। वस्तुत: चुनाव के समय जनता राजनीतिक रूप से किंचित् अधिक सक्रिय हो जाती है किन्तु चुनावों के पश्चात् विकास कार्यक्रमों में जो भागीदारी, जागृति और सहभागिता नागरिकों से अपेक्षित हैं उसका विकास ये संस्थाएं नहीं कर पाती हैं। यहाँ यह व्यक्त करने में कोई संकोच नहीं है कि पंचायती राज मेहता समिति के मूल उद्देश्य 'विकास कार्यों में नागरिकों की सहभागिता को साकार नहीं कर पाया है।

6. पंचायती राज की संस्थाओं को ग्रामीण अंचलों में विकास का वाहक बनाना मेहता समिति के प्रतिवेदन का दूसरा लक्ष्य था किन्तु यह लक्ष्य भी पूर्ण रूप से सार्थक नहीं हो पाया है।अधिक दायित्व ही नहीं दिए हैं और यदि यत्किंचित् दायित्व दिए भी हैं तो पंचायती राज की संस्थाएँ उन्हें संतोषजनक सीमा तक पूर्ण नहीं कर सकी यहाँ उदाहरण के रूप में यह उल्लेख किया जा सकता है कि राजस्थान में पंचायत समितियों को ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के संचालन का दायित्व सौंप दिया है। व्यवहार में ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज द्वारा संचालित प्राथमिक शिक्षा की जो दुर्दशा हो रही है उसे राजस्थान के ग्रामवासी ही जानते हैं।

7. पंचायती राज की संस्थाओं को उत्तारदायित्व का जो आत्मबोध होना चाहिए था, वह भी नहीं हो पाया है।

8. पंचायती राज की संस्थाएँ कितनी निष्क्रिय हैं इस बात का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि ग्रामसभा की वर्ष में नियमित बैठक बुलाने का कार्य पंचायती राज की ये संस्थाएँ व्यवहार में उदासीनता से करती हैं। व्यवहार और सिद्धांत का यह इन संस्थाओं के कार्यकरण की विसंगतियों को स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त है।

9. ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के माध्यम से स्वावलम्बन का सपना भी इसीलिए अधूरा रह गया कि सहकारिता के आन्दोलन को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य पंचायती राज संस्थाओं को दे दिया गया।

10. पंचायती राज की संस्थाएँ संविधान में परिकल्पित सामाजिक न्याय की दिशा में अपनी भूमिका को रेखांकित कर पाने में असफल रही हैं। यही कारण है कि भारत के संविधान की प्रस्तावना में परिकल्पित आदर्श, परिकल्पना के स्तर तक ही रह गए हैं, यथार्थ में उन्हें कार्यान्वित नहीं किया जा सका है।

11. 73वें संविधान संशोधन का अनुसरण करते हुए भारतीय संघ के विभिन्न राज्यों ने अपने यहाँ पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव सम्पन्न करा लिए हैं। किन्तु, इन चुनावों के पश्चात् जो जन प्रतिनिधि चाहे वे सरपंच, प्रधान या जिला प्रमुख हों अथवा इन संस्थाओं में प्रत्यक्ष रूप से चुने हुए पंच या सदस्य हों इन सभी को निरन्तर यह बोध हो रहा है कि :

(क) निर्वाचित सदस्य या प्रतिनिधि के रूप में उनसे जनता की जो अपेक्षाएँ जाग्रत हो गई हैं, उन्हें पूर्ण करने के लिए वास्तव में उन्हें कोई अधिकार या शक्तियाँ नहीं हैं।

(ख) उनके पास निर्वाचित जन प्रतिनिधि के रूप में जन आकांक्षाओं के अनुरूप दायित्वों का निर्वाह करने के लिए न तो कोई कार्यालय है और न ही किसी अन्य प्रकार की संरचनात्मक सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई गई हैं।

12. देश के सभी राज्यों में महिला पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी अपने कार्यक्षेत्र में परिवार के पुरुष सदस्यों के अतिशय हस्तक्षेप के प्रति समय-समय पर चिन्ता व्यक्त की है। वस्तुत: ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावशाली परिवारों के पुरुषों को आरक्षण जन्य विवशताओं के अधीन अपने ही परिवार की महिला को टिकट दिला कर अपनी प्रभावशाली स्थिति को बनाए रखने के उपाय करने पड़े हैं। इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सरपंच प्रधान व जिला प्रमुख चुने जाने पर एक नई अनौपचारिक पदसोपान की व्यवस्था स्वत: विकसित हो गई है जिसमें उन महिलाओं के प्रति अपने परिचय-पत्र पर सरपंच पति 'प्रधान पति' व 'जिला प्रमुख पति' लिखवा कर विचरण करते पाए जाते है। हमारी पारिवारिक संरचना में पारिवारिक सौहार्द्र को बनाए रखने के लिए देश भर में ये महिला प्रतिनिधिपदाधिकारी ऐसी स्थितियों से जूझती हुई कार्य कर रही हैं।

उपर्युक्त कारणों से देश भर में पंचायती राज संस्थाओं के चुने हुए पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि वास्तविक शक्तियों के अभाव में अपनी निर्वाचित स्थिति के प्रति पूर्णत: निराश हैं और निरन्तर विभिन्न मंचों से सरकार के सामने यह आवाज उठाते रहते हैं कि उनकी इस 'अशक्त स्थिति' के प्रतिकार के लिए सरकार को पंचायती राज के अधिनियम में आवश्यक संशोधन करने चाहिए।

पंचायती राज की संस्थाओं को सृजित करने के मूल में प्रमुख उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की अवधारणा को साकार रूप देना था किन्तु उपर्युक्त अनुभूत कमियों या विकृतियों के कारण यह सपना पूरी तरह मूर्तरूप नहीं ले पाया है। अत: आवश्यकता यह है कि इन विकृतियों का यथासंभव शीघ्र निराकरण किया जाए जिससे देश की जनता गाँधीजी के ग्राम स्वराज्य और लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सपने को पूर्णत: साकार होता देख सके।

पंचायती राज की अब तक की कहानी सफलता की अपेक्षा असफलता की अधिक है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के व्यवहार का यह पक्ष भविष्य के लिए सर्वाधिक चिन्तन की चेतावनी देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एस.आर.माहेश्वरी, 'भारत में स्थानीय शासन', (लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगर, 1998)
2. एम.ए.मुतालिब एवं खान, 'थ्यौरी ऑफ लॉकल गवर्नमेन्ट' (नयी दिल्ली, स्टर्लिंग, 1983)
3. भारत का संविधान, 73वाँ संशोधन अधिनियम, 1993
4. इकबाल नारायण, 'डेमोक्रेटिव डिसेंट्रेलाइपेशन : द आइड़िया, द इमेज एण्ड द रियलिटी', संकलित आर, बी.जैन।
5. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994
6. प्रो. अशोक शर्मा, 'भारत के स्थानीय प्रशासन' जयपुर, आर.बी.एस.पब्लिशर्स, 2011
7. डॉ. बसंती बाबेल, 'पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास योजनाऐं', (जयपुर :राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 2011)

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Azaphospholes : A Review

Dinesh Chandra Sharma *

Introduction - Azaphospholes constitute a relatively recent group of five-membered heterophospholes. The five-membered ring essentially consists of a dicoordinate tervalent phosphorus (2, 1) contributing one a eletron and one tricoordinate nitrogen making 2n electrons available to the 6 electrons system. Thus they provide a good example of two coordinate phosphorus participating in the cyclic delocalization[1] and are isoelectronic with pyrrole, the comman five-membered heterocyclic system, in which one CH has been substituted by phosphorus[2].

The known azaphospholes have been classified on the basis of the number of nitrogens and their relative positions in the ring. It has been shown in Table 1.1.

Although five-membered phosphorus heterocycles containing other heteroatoms like 0 or S are also known, the same will not be discussed due to limited space available here. Even the azaphospholes alone have become so numerous that not all individual representatives can be mentioned here, but attempt has been made to highlight the salient features of these compounds[3].

Some general synthetic methods have been developed for which have been briefly described in Section 1.2. The application of one or more of these methods for the prepara tion of individual azaphospholes has been given with that particular group of azaphospholes.

Table 1.1 Classification of Azaphospholes (see in last)

The characterization of various azaphospholes has done with the help of extensive NMR spectral studies, among brief them ^{31}p-NMR being the most important technique. Á compilation of the spectroscopic data has been presented in Section 1.3.

The azaphospholes have been found to show four types of reactions:

1. Addition across P=C or P=N bond.
2. Substitution at a-CH or NH.
3. Oxidation at phosphorus.
4. P or N-coordination.

Sometimes two of these reactions occur simultaneously. Various reactions given by azaphospholes are shown schematically in Fig. 1.1.

The reactions have been consequently discussed with individual azaphospholes under following headings.

(i) Addition of protic reagents.
(ii) Nucleophilic addition.
(iii) [4+2] Cycloaddition.
(iv) [2+3] Cycloaddition.
(v) Oxidative 1, 1-addition and [4+1]-cycloaddition.
(vi) Substitution.
(vii) Coordination.

The review covers the literature about 1964 through 1991.



Fig. 1.1 Different modes of reactions of azaphospholes

1.2 GENERAL METHODS OF SYNTHESIS OF AZAPHOSPHOLES

Following general methods have been used for synthesis of azaphospholes. the

(i) Method A: Cyclocondensation of a with PX (X=CI, NM2! Four Membered Chain with PX3 X=CI or NMe,

This involves cyclocondensation chain containing activated terminal of a four-membered hydrogens (generally in the presence of a base. Some the examples are given below (Scheme 1.1).



*Department of Chemistry, Govt. P.G. College, Sawai Madhopur (Raj.) INDIA



Scheme 1.1

Membered Chain with ClCH2 PCl2

Chloromethyldichlorophosphine ($ClCH_2PC1_2$) is 9 reager and it furnishes the fragment HCP a useful for azaphosphol ring. It condenses with a three-membered in presence 7, of Et N to give azaphosphole ring. examples are cited belov (Scheme 1.2).



Scheme - 1.2

(iii) Method C: Cyclocondensation of Three Membered Chlo- rophosphine with Hydrazines (CNP or PCP+NN)

A three-memberd chlorophosphine furnishes CNP or PCP moiety by reacting with hydrazine in presence of a base. For example, 1,2,4,3-triaza phosphole (10) can be synthesized from imidatochlorophosphines 10 (Scheme 1.3)



Scheme - 1.3

(iv) Method D: Cyclocondensation of Four Membered Phosp- hines with Carboxylic Acid Derivatives (PCCN+C)

A four-membered moiety is furnished by 2-alkyl- phosphines when it condenses with a carboxylic acid vative to form 1,3-azaphosphole or benzo derivatives. deri- For example, condensation of iminoesters (11) with 2-aminoethyl-phosphines (12) forms a cyclic phosphine (13) 11 which on flash pyrolysis 12 changes into 1,3-azaphosphole(14) (eq. Similarly, 2-aminophenyl phosphine (16) condenses with 1.1). imino- ester (15) to form benzo-1,3-azaphosphole(17) directly5.



(eq. 1.1)



(eq. 1.2)

v) Method E: Cyclocondensation Involving Phosphaallylic Cations (CPC+MN)

The reaction of imide chloride (18) cations (19) which on tris(trimethylsilyl) phosphine affords with 1,3-diamino-2-phosphaally lic condensation diazaphospholes (20) (eg. 1.3)



(eq. 1.3)

(vi) Method F: 0/P, S/P Exchange using Tris(trimethylsilyl) phosphine

The cationic related ring systems or zwitterionic oxolium, thiolium and related ringh systems on reaction with $P(Sime_3)_3$ or

LIP(SiMe³)² give corresponding azaphospholes as exchange of ring oxygen or sulfur with phosphorus example, oxazolium-cations (21) form under these conditions (eq. 1.4).



(vii) Method G [2+3] Cycloadditions of Phosphaalkynes Phosphaalkenes (CNN, NNN, CNC+PC) and

The [2+3] cycloaddition reactions (R-CEP) 19 yield a and phosphaalkenes ($R^1R2C=PR^3$) and of phosphaalkynes with wide range of azaphospholes with adjacent to phosphorus. In a modified phosphaalkyne (R CEP) is generated from R^1IMS10)C-PSIMO (25) or the 1,3-dipoles C, C method, or C, N the phosphaalkenes or R (Me Si)C-PC1 (23) by elimination of $(Me_{3S}1)_2$0 or Me, SICI respectively. examples are given below (Scheme 1.4).



Scheme 1.4

(viii) Method H : Conversion of Azaphospholes (CC+PCN,PNN)

(4+2) Cycloaddition of an azaphosphole to an acetylene followed by elimination of nitrile from the adduct results in the formation of another azaphosphole with one nitrogen less than the former[28,29] (eq 1.5)



Refrences:-

1. Dimroth K., Top. Curr. Chem. 38 (1973) 1 :Chapter 1.17 in Comprehensive Hotrocyole Chemistry, (Katritzky A.R., Rees Ch. W. Eds.), Pergamon, Oxford (1984) 508.
2. Schmidpeter A., Karaghiosoff K., Nachr. Chem. Tech. Lab. 33 (1985) 793.
3. Karaghiosoff K., Schmidpeter A., Phosphorus Sulfur 38 (1988) 217.
4. Bansal R.K., Karaghiosoff K., Gupta N., Schmidpeter A., Spindler C., Chem. Ber. 124 (1991) 475.
5. Schmidpeter A., Karaghiosoff K., in Rings Clusters and Polymers of Main Group and Transition Elements (H.V. Roesky, Ed.) Elsevier, Amsterdam 11987) 307.
6. Tautz H., Ph.D. Thesis, University of Munich, Germany 1980.
7. Schmidpeter A., Phosphorus Sulfur 28 (1988) 71.
8. Karaghiosoff K., Majoral J.P., Meries A., Navech J., Schmidpeter A., Tetrahedron Lett. 24 (1983) 2137.
9. Karaghiosoff K., Cleve C., Schmidpeter A., Phosphorus Sulfur 28 (1988) 289.
10. Charbonnel Y., Barrans J., Tetrahedron 32 (1976) 2039.
11. Heinicke J., Tzschach A., Z. Chem. 26 (1988) 407.
12. Heinicke J., Tetrahedron Lett. 27 (1986) 5899.
13. Schmidpeter A., Willhalm A., Angew. Chem. 98 (1984) 901; Angew. Chem. Int. Ed. Engl. 23 (1984) 903.
14. Markl G., Dorfmeister G., Tetrahedron Lett. 27 (1986) 4419.
15. Markl G., Pflaum S., Tetrahedron Lett. 28 (1987) 1511.
16. Markl G., Dorfmeister G., Tetrahedron Lett. 28 (1987) 1089.
17. Markl G., Pflaum S., Tetrahedron Lett. 27 (1986) 4415.
18. Markl G., Pflaum S., Tetrahedron Lett. 29 (1988) 3387.
19 Regitz M., Chem. Rev. 90 (1990) 191.
20. Rosch W., Regitz M., Angew. Chem. 96 (1984) 898; Angew. Chem. Int. Ed. Engl. 23 (1984) 900.
21. Yeung Lam Ko Y.Y.C., Carrie R., Muench A., Becker G., J. Chem. Soc., Chem. Commun. (1984) 1634.
22. Allspach T., Regitz M., Becker G., Becker W., Synthesis (1986) 31.
23. Rosch W., Vogelbacher U., Allspach T., Regitz M., J. Organomet. Chem. 306 (1986) 39.
24. Rosch W., Facklam Th., Regitz M., Tetrahedron 43 (1987) 3247.
25. Yeung Lam Ko Y.Y.C., Carrie R., J. Chem. Soc., Chem. Commun (1984) 1640.
26. Markl G., Troetsch-Schaller I., Holz1 W., Tetrahedron Lett. 29 (1988) 785.
27. Zurmuhlen F., Rosch W., Regitz M., Z. Naturforsch. 40b (1985) 1077.
28. Schmidpeter A., Klehr H., Z. Naturforsch. 38b (1983) 1404.
29. Karaghiosoff K., Klehr H., Schimidpeter A., Chem. Ber. 119 (1986) 410.

Table 1.1 Classification of Azaphospholes

Section	Class	Structure
1.4	Containing one nitrogen (Azaphospholes)	
1.4.1	1,2-Azaphospholes	
1.4.2	1,3-Azaphospholes	
1.5	Containing two nitrogens (Diazaphospholes)	
1.5.1	1,2,3-Diazaphospholes; Two Sub-Classes	 1H-  2H-
1.5.2	1,2,4-Diazaphospholes	
1.5.3	1,3,2-Diazaphospholes	
1.5.4	1,3,4-Diazaphospholes; Two Sub-Classes	1H- 3H-
1.6	Containing three nitrogens (Triazaphospholes)	
1.6.1	1,2,3,4-Triazaphospholes; Two Sub-Classes	2H- 3H-
1.6.2	1,2,4,3-Triazaphospholes; Three Sub-Classes	1H- 2H- 4H-
1.7	Containing two phosphorus atoms (diphospholes)	
1.7.1	1,2,3-Azadiphospholes	

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

प्रौद्योगिकी विकास एवं पर्यावरण प्रदूषण: समस्या और समाधान

डॉ.राजेन्द्र प्रसाद *

शोध सारांश – प्राचीन काल में मानव पर्यावरण सम्बंध मधुर रहे है। मानव अपनी सीमित आवश्यकताओं के अनुसार प्रकृति के संसाधनों का दोहन कर अपना जीवन यापन करता था जैसे–जैसे मानव की आवश्यकता बढ़ती गयी उसने संसाधनों का विदोहन तेज कर दिया। तकनीकी विकासए औद्योगिक विकास, बढ़ती जनसंख्या व नगरीयकरण के कारण आवश्यकता से अधिक संसाधनों का दोहन होने लगा जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गयी। विकसित देशों में औद्योगिकीकरण व नगरीयकरण के कारण पर्यावरण प्रदूषण अधिक हुआ। विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय समस्याएँ जैसे– ओजोन परत का अवनयन, सुखा, बाढ़, मरूस्थलीकरण, विभिन्न प्रकार की बीमारियों आदि उत्पन्न हो गयी। विज्ञान और तकनीकी विकास के साथ पर्यावरण का ध्यान रखकर सतत विकास को ध्यान में रखकर संसाधनों का दोहन चाहिए।
शब्द कुंजी– पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, प्रदूषण, अपशिष्ट, यातायात के साधन, नगरीयकरण, आणविक कचरा।

प्रस्तावना – उन्नीसवीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के परिणामस्वरूप विकसित देशों ने उत्पादकता बढ़ाने के लिए संसाधनों का भरपूर दोहन किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास ने संसाधनों के दोहन और उत्पादन प्रक्रिया द्वारा उत्पादकता को तो कई गुणा बढ़ा दिया किन्तु इससे ऊर्जा संसाधन और कच्चे माल के विवेकहीन दोहन की दौड़ प्रारम्भ हो गई। वर्तमान में प्रौद्योगिक मानव ने अपनी आवश्यकताएँ लगातार बढ़ाकर, संसाधनों के बेतहाशा दोहन द्वारा पारिस्थितिकी को इस सीमा तक असंतुलित कर दिया है कि कई परितंत्रों की समस्थैतिक प्रक्रिया, क्षतिपूर्ति और पारिस्थितिक यथास्थिति स्थापित करने में सक्षम नहीं है। विकास के इस दौर में उन्नति के मद में मानव ने स्वयं अपने हाथों से पर्यावरणीय संतुलन की उपेक्षा की है और अपनी आधारभूत आवश्यकताओं की अधिकाधिक पूर्ति के लिए जीवन तत्वों–हवा, पानी व मिट्टी तक का दोहन किया, जिससे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र कृत्रिम पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तित होता गया।

पर्यावरण का प्रश्न मनुष्य के अस्तित्व से जुड़ा है। पर्यावरणीय अवनयन, वनों की कमी, रेगिस्तानों का फैलाव, पेयजल संकट, ओजोन परत में छेद, प्रदूषण प्रोविधिकी के माध्यमों का फैलाव, प्राकृतिक संवदा, वन्य जीवन एवं नैसर्गिक वातावरण की क्षति आदि मसलों ने संपूर्ण मानवता को गंभीर रूप से ग्रसित किया है पृथ्वी आज खतरों से डूबी हुई है। ये खतरे जितने अधिक पृथ्वी के लिए खतरनाक है उतने ही पृथ्वी की वनस्पति एवं उसके जीवों के लिए भी इन खतरों का जनक मनुष्य ही है। विकास की यात्रा में उसका आँख बंद करके चलना पृथ्वी के समक्ष आई चुनौतियों का सबक है। विज्ञान व प्रौद्योगिकी विकास से मानव में यह दंभ आ गया है कि वह प्रकृति के नियमों को अपनी इच्छानुसार तोड़ सकता है। अपनी आर्थिक गतिविधियों जैसे कृषि, उद्योग, यातायात आदि के द्वारा मनुष्य ने कदम–कदम पर पर्यावरण संतुलन के प्राकृतिक नियमों को चुनौती देने की कोषिष की है। मानव, प्रकृति के शाश्वत नियमों को अपनी क्षमता के बाहर जाकर चुनौती देता है और पर्यावरण के विभिन्न घटकों को प्रदूषित करता है। मानव द्वारा पैदा किया गया यह प्रदूषण अंततः पर्यावरण के अवनयन का एक अतिरिक्त कारण बन जाता है।

वर्तमान युग विज्ञान व तकनीक का युग है। प्रौद्योगिकी एक ही दिशा में आगे बढ़ती है और प्रौद्योगिकी विकास को रोक पाना संभव नहीं है किन्तु विडम्बना यह है कि विकास यात्रा की अंधी दौड़ से पर्यावरण दिन प्रतिदिन क्षत–विक्षत होता चला जा रहा है। विकास की भूख की पूर्ति हेतू मनुष्य ने पर्यावरण को जो क्षति पहुँचाई है उसके परिणामों को उसे ही भोगना पड़ रहा है प्रौद्योगिकी विकास के अवश्यम्भावी परिणाम 'प्रदूषण' के विभिन्न आयामों की चर्चा निम्नांकित बिंदुओं में की जा सकती है।

वायु प्रदूषण : वातावरण को प्रदूषित करने वाले कुछ बड़े अपराधी हैं और कुछ सामान्य मजबूर, लेकिन इसके शिकार सब बन रहे हैं (एट्जेन डी. स्टेनले, 1980)। वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण औद्योगिक गतिविधियाँ हैं। वायु प्रदूषण को बढ़ाने में बड़ी मध्यम व छोटी कारखाना इकाइयाँ, तेल शोधक कारखाने तथा विविध औद्योगिक इकाइयाँ उत्तरदायी हैं। प्रतिवर्ष वायुमण्डल में समाहित होने वाली 1.8 अरब टन कार्बन डाई आक्साइड सिर्फ धुँआ धक्कड़ों से ही पैदा होती है जो कि उद्योगों और वाहनों में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि का परिणाम है। अमेरिका में किए गए एक अध्ययन से यह तथ्य सामने आया कि 'प्रतिवर्ष 1400 लाख टन प्रदूषित धुँआ वातावरण में फैलता जा रहा है। इस वायु प्रदूषण से अस्थमा, ब्रान्काइटिस जैसे रोग बढ़ रहे हैं। वायु प्रदूषण का एक अन्य परिणाम घातक तेजाबी बारिश है इस तेजाबी बारिश के छीटें लंदन और न्यूयार्क के नागरिक अनुभूत कर चुके हैं।

सड़क यातायात के साधन वायु प्रदूषण का दूसरा महत्वपूर्ण स्त्रोत है। मनुष्य की दिन प्रतिदिन की भागमभाग भरी जिंदगी को सरल और सुलभ बनाने में सर्वाधिक योगदान वाहनों का है और सर्वाधिक विकास वाहन उद्योग से ही हुआ है। विगत दो दशकों में वाहनों में हुआ बदलाव प्रौद्योगिकी उन्नति की पुष्टि करता है। यह सत्य है कि इस के परिणामस्वरूप मानवीय श्रम की बचत के साथ ही साथ, रफ्तार में वृद्धि ने समय की बचत और दूरी को घटाया है लेकिन यह वाहन अपनी उपयोगिता के साथ–साथ मानवीय

* व्याख्याता (भूगोल) बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय,अलवर (राज.) भारत

स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहे हैं। इसी तरह अमेरिका में होने वाले कुल वायु प्रदूषण का 60 प्रतिशत से ज्यादा प्रदूषण सिर्फ मोटर वाहनों के कारण ही होता है (रघुवंशी व अरूण व चन्द्रलेखा, 1993)। पैट्रोल-डीजल चलित वाहन दहन की प्रक्रिया में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फरडाई ऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसों के कारण वायुमण्डलीय सुरक्षा कवच ओजोन परत में हो रहे नुकसान के फलस्वरूप विश्व में त्वचा कैंसर का खतरा बढ़ गया है।

जल-प्रदूषण : प्रौद्योगिकी के अनियंत्रित विकास से केवल वायु ही नहीं जल भी प्रदूषित हुआ है जल को प्रदूषित करने वाले दो महत्वपूर्ण कारक है- मानव अपशिष्ट और औद्योगिक अपशिष्ट। यद्यपि किसानों द्वारा कीटनाशकों का प्रयोग, जानवरों के मल-मूत्र, नगरों की बहायी गंदगी आदि भी जल को प्रदूषित करते हैं तथापि सर्वाधिक जल-प्रदूषण उद्योगों का परिणाम है। पृथ्वी पर 70 प्रतिशत जल है फिर भी मनुष्य और पशु पक्षी प्यास से मर जाते हैं। तीव्र औद्योगिकरण से जल प्रदूषण की समस्या और गंभीर होती जा रही है, क्योंकि औद्योगिक कारखानों के अपशिष्ट पदार्थों के नदियों में विसर्जन से ऑक्सीजन की मात्रा घटती है तथा सल्फेट, नाइट्रेट और क्लोराइड आदि की मात्रा बढ़ती है और इससे जलीय जन्तुओं और जलीय वनस्पतियों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जल प्रदूषण का प्रमुख स्रोत उद्योग है, जो निरन्तर झीलों, नदियों और समुद्रों में सीसा, एस्बेस्टस तेजाब और अमोनिया आदि को इनतक पहुँचा रहा है (एट्जेन डी. स्टेनले, 1980)। विश्व में धनी वर्ग विलासिता और उपभोगी आदतों से पर्यावरण में गिरावट ला रहे हैं तो गरीब वर्ग मजबूरी के कारण ऐसा कर रहा है। हिमालय में वन विनाश के कारण विगत 40 वर्षों में 45 प्रतिशत से अधिक जल स्रोत सूख गए हैं। पैसे के लालच और बढ़ती माँगों की पूर्ति के लिए वनों की अंधाधुध कटाई हो रही है जिससे जल स्तर नीचे जा रहा है। जल प्रदूषण हेतु सबसे बड़ा खतरा ठोस एवं कृत्रिम अपशिष्टों से भी उन्पन्न हुआ है जिनमें बर्तन, बोतलें, खनिज, विशेषकर प्लास्टिक एवं आणविक कचरा विशेष रूप से सम्मिलित हैं जिनसे आज विश्व के समक्ष प्लास्टिक और आणविक कचरा गंभीर चुनौती बन कर उभरे हैं। भारतीय महानगरों में निकलने वाले गंदे नालों में पानी कम और पोलिथिन, प्लास्टिक और अन्य प्रकार के ठोस अपषिष्ट का ढेर पाया जाता है।

आणविक कचरे से उत्पन्न प्रदूषण भी एक गंभीर चेतावनी का संकेत प्रस्तुत करता है। आणविक शक्ति से परिपूर्ण देशों ने अपने आणविक कचरे को फेंकने के लिए फिजी, थाईलैण्ड, फिलिस्तीन जैसे देशों के आस-पास के टापू अत्यधिक कीमतों पर किराए पर लिए हैं। इन देशों को आज चाहे उस किराए के रूप में धन संपदा की प्राप्ति हुई हो किन्तु यह कचरा उनके नागरिकों के लिए ताबूत की अंतिम कील की भाँति हैं इस स्थिति में इनके आस-पास के समुद्रों में भी कोई जीवन शेष नहीं बचेगा। प्रौद्योगिकी विकास के पर्यावरण पर दुष्प्रभावों के अन्य उदाहरण ध्वनि प्रदूषण, विकिरण प्रदूषण, ऊष्मा प्रदूषण भी हैं। प्रौद्योगिकी परिवर्तन के कारण सामाजिक विकास संभव हुआ, परन्तु इसके प्रकृति पर पड़ने वाले प्रभावों पर ध्यान नहीं दिया गया परिणामत: प्रौद्योगिकी विकास के परिणामस्वरूप पर्यावरण प्रतिघात ने मानव जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आयी है। प्रदूषण की वृहद्ध समस्या के निराकरण हेतु प्रौद्योगिक विकास के साथ-साथ ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित की जानी आवश्यक है जिससे उत्पादन व विकास में सतत् वृद्धि हो लेकिन पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण व संतुलन अप्रभावित रहे।

उपाय: प्रौद्योगिकी विकास के कारण पर्यावरण प्रदूषण के समाधान के निम्नलिखित उपाय है:-

1. विज्ञान व तकनीकी विकास के साथ हमारी आवश्यकता के अनुसार संसाधनों का विदोहन करना जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम हो सके।
2. विकसित देशों को अपनी आधुनिक तकनीकी को विकासशील देशों को प्रदान करनी चाहिये।
3. नगरीयकरण व औद्योगिकरण के कारण होने वाले प्रदूषणों जैसे- जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण के प्रति सभी देशों को कठोर कानून बनाने चाहिये।
4. आणविक कचरे का सही निस्तारण करना चाहिये।
5. प्लास्टिक कचरे का आधुनिक तकनीक के माध्यम से निस्तारण करना चाहिये। जिससे जल, जमीन को बचाया जा सके।
6. आमजन को पर्यावरणीय खतरों के बारे में प्रशासन द्वारा जागरूक करना चाहिये।
7. यातायात के साधनों के रूप में इलैक्ट्रीकल वाहनों के प्रचलन को बढ़ावा देना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल, अनिल एवं नारायण सुनीता (1988) 'हमारा पर्यावरण', गाँधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली।
2. रघुवंशी अरूण एवं चन्द्रलेखा (1993) 'पर्यावरण तथा प्रदूषण' हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, मध्यप्रदेश।
3. सिंह सविन्द्र (1999) 'पर्यावरण भूगोल', प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद।
4. अग्रवाल प्रमोद कुमार 'पर्यावरण एवं नदी प्रदूषण', आशीष प्रकाशन नई दिल्ली।
5. हुसैन माजिद (2004) 'कृषि भूगोल', रावत पब्लिकेशन, जयपुर।

****

अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, वैश्वीकरण एवं क्षेत्रीयकरण

डॉ. भरत लाल मीणा *

प्रस्तावना – 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रिय राजनीति एवं सम्बन्धों के स्वरूप एवं ढ़ांचे में अनेक क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। सर्वप्रथम, यूरोप की चार बड़ी शक्तियों-ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी व इटली का अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था पर वर्चस्व समाप्त हो गया। उनका स्थान दो बड़ी महाशक्तियों- अमेरिका व सोवियत-संघ, ने ले लिया। विश्व की सम्पूर्ण राजनीति इन्हीं महाशक्तियों के इर्द-गिर्द घूमने लगी थी। द्वितीय, अमेरिका की उदारवादी लोकतांत्रिक एवं पूँजीवादी व्यवस्था और सोवियत-संघ की लोकतंत्र विरोधी विचारधारा एवं आदेश अर्थव्यवस्था के मध्य टकराव ने प्रत्यक्ष युद्ध के स्थान पर शीत युद्ध को जन्म दिया अर्थात अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध शीतयुद्ध की राजनीति में संचालित होने लगे। तृतीय, एशिया एवं अफ्रीका के अधिकांश देश उपनिवेशवाद की बेड़ियों से मुक्त हुए। स्वतंत्र राज्यों के रुप में इन एशियाई एवं अफ्रीकी देशों ने संख्यात्मक शक्ति के आधार पर अपनी एक नई पहचान बनाने की कोशिश की। अन्ततोगत्वा इसके फलस्वरुप गुटनिरपेक्ष आन्दोलन एक नैतिक शक्ति के रूप में उभर कर अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर आ गया। चतुर्थ, महाशक्तियों के पारस्परिक भय, संशय एवं घृणा ने नये सैन्य संगठनों जैसे- नाटो (1989), वार्सा (1955) आदि को जन्म दिया।[1]

पंचम, शांति एवं सुरक्षा के लिए स्थापित संयुक्त राष्ट्र स्वयं अपने आप में एक विरोधाभास बन गया। अमेरिका एवं सोवियत संघ के बीच भू-राजनीतिक हितों को लेकर खुली प्रतिद्वंद्विता ने संयुक्त राष्ट्र को पंगु बना दिया। ब्रेजेन्सकी ने 'फॉरेन अफेयर्स' में अपने लेख में युद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को प्रभावित करने वाले निम्न तीन बड़े कारणों का उल्लेख किया है:

1. पश्चिमी सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था की श्रेष्ठता जिसे सोवियत नेताओं ने एक भ्रांति एवं झूठा प्रचार बताया।
2. भू-सामरिक अनिवार्यताओं ने विश्व को शीतयुद्ध के खेमों की राजनीति में विभाजित कर दिया।
3. भू-राजनीतिक दृष्टि से परिसीमन और प्रतिकार की प्रवृतियाँ साथ-साथ चलती रही।

1945 से 1990 तक उपरोक्त प्रवृतियों ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को व्यापक तौर पर प्रभावित किया। यद्यपि 1969 और 1979 के दशक के मध्य दो महाशक्तियों ने देतांत की नीति का अनुसरण कर अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को एक नया आयाम दिया, परन्तु अपने-अपने इरादों, आकांक्षाओं एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने के तौर-तरीकों मे कोई मौलिक परिवर्तन नही आया। इस सम्बन्ध में विश्लेषकों का मानना है कि देतांत दो महाशक्तियों की पारस्परिक सामरिक आवश्यकताओं की आपूर्ति का एक साधन मात्र था। चार्ल्स विलियम मेन्स ने फॉरेन पॉलिसी में अपने लेख में लिखा है कि जिन शीत युद्ध प्रेणेताओं ने चालीस वर्ष से भी अधिक अवधि तक अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध एवं राजनीति को शून्य-जोड़ खेल के रूप में परिवर्तित किया, वे स्वयं अर्थात् महाशक्तियाँ इस से बात से अनभिज्ञ थी कि इनका संस्थागत परिणाम क्या होगा? दूसरे अर्थों में, उन्होनें अपनी विदेश नीतियों में गोपनीयता एवं जवाबदेही के अभाव में स्वीकार किया जिसका प्रभाव विश्व समुदाय के अन्य राष्ट्रों पर पड़ा।[2]

तीसरी दुनिया के राजनेताओं के लिए यह और भी आसान हो गया कि वे अपने सम्बन्धों को अन्य राष्ट्रों के साथ संचालित करने में गोपनीयता का सहारा ले सकते हैं एवं बाहरी सम्बन्धों में अपने देश की जनता के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से मुक्त हो सकते हैं। मोटे तौर पर यह प्रवृति तीसरी दुनिया में आज भी मौजूद है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का स्वरूप इस बात पर निर्भर करता है कि बड़े एवं छोटे राष्ट्रों के समक्ष किस प्रकार की चुनौतियाँ हैं एवं किस प्रकार की घरेलू व बाहरी समस्याओं का वे सामना कर रहे हैं ?

1980-90 के दशक में विश्व के अनेक देशों में आर्थिक संकट, राजनीतिक असंतोष एवं बढ़ती हुई जनचेतना ने राष्ट्रीय नेताओं को अपनी विदेश नीतियों एवं सम्बन्धों को पुनर्भाषित करने के लिए विवश कर दिया। विशेष रुप से यह बात सोवियत संघ जैसी महाशक्ति के साथ ठीक लागू होती है। जब तक सोवियत संघ की जनता को मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सोवियत नेता सुनिश्चित कर पाए, तब तक वहाँ जन असंतोष या आक्रोश देखने को नहीं मिला लेकिन जैसे-जैसे वहाँ की आंतरिक अर्थव्यवस्था डगमगाने लगीं, तब गोर्बाचोव ने एक नए राजनीतिक चिन्तन का प्रतिपादन किया। उन्होनें घोषणा की कि उनका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय मामलों का वि-विचारीकरण करना है, क्योंकि वे आन्तरिक समस्याओं को समाधान साम्यवादी विचारधारा को अनुसरण करके नहीं कर सकते। अत: गोर्बाचेव ने शांति एवं सहयोग के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को संचालित करने का निर्णय लिया। अमेरिका के लिए भी 1980 का दशक बड़ी कठिनाइयों भरा था। राष्ट्रपति रीगन व जॉर्ज बुश सीनियर यह भली-भाँति जानते थे कि सोवियत संघ के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाये बिना शस्त्र नियंत्रण की प्रक्रिया को व्यहारिक जामा नही पहनाया जा सकता। इसी प्रकार चीन भी अपनी अन्दरूनी समस्याओं से जूझ रहा था। राष्ट्रीय संसाधन एवं आर्थिक क्षमताएँ सीमित होने के कारण चीन अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में सक्रिय एवं उद्देश्यपूर्ण भूमिका नहीं निभा सकता था।[3]

शीतयुद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में आई अनिश्चितता एवं नई चुनौतियों के उत्पन्न होने के फलस्वरूप नव-उदारवाद का उदय हुआ। नव-उदारवादियों में रॉबर्ट जरविस, चार्ल्स केगली मानते हैं कि अब शक्ति की राजनीति एवं नव-यथार्थवादियों की अन्तर्राष्ट्रीय संरचना में राज्यों की

* व्याख्याता (राजनीति शास्त्र) एल.बी.एस. राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली (राज.) भारत

भूमिका, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की प्रवृतियों को समझने में अपर्याप्त है। जैसे नवउदारवादी, ग्रीको व केगली मानते है कि अन्तर्राष्ट्रीय शक्ति की राजनीति के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के वर्तमान स्वरूप को ठीक ढंग से समझा नहीं जा सकता। अत: अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण, गैर राज्य अभिनेताओं, निजी नवउदारवादी वित्तीय संस्थाओं एवं गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिकाओं के अध्ययन को नवउदारवादी महत्व देते हैं। इस संदर्भ में जॉसेफ एस. नाय जूनियर ने अपने लेख (राष्ट्रीय हित की पुनर्भाषा) में लिखा है कि 'अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण उप-राष्ट्रीय वाणिज्यिक हित, परराष्ट्र एवं जातीय हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राष्ट्रों को अपने राष्ट्रीय हितों को पुनर्भाषित करना होगा।'[4]

हेनरी किसिंजर ने अपनी पुस्तक 'क्या अमेरिका को विदेश नीति की आवश्यकता है?' में बदलती हुई शीतयुद्धोत्तर अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी नीतिकारों को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वैश्वीकरण के फलस्वरूप आर्थिक और प्रौद्योगिकी शक्ति में हुए फैलाव के कारण अमेरिका को स्पष्ट व्यापक एवं तर्कसंगत शक्ति का निर्माण करना होगा। हेनरी किसिंजर ने अपने लेख में लिखा है कि अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अपरिहार्य बदलाव के फलस्वरूप लोकतांत्रीकरण, अर्थव्यवस्थाओं के वैश्वीकरण एवं संचार माध्यमों में द्रुत गतिशीलता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय हित की अवधारणा की व्यापक एवं तर्क संगत व्याख्या करनी होगी।[5]

पिछले एक दशक से विश्व बहुत तीव्र गति से परिवर्तन की ओर उन्मुख हो रहा है। राष्ट्रीय हितों को पुनर्भाषित किया जा रहा है। शक्ति के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। गैर राष्ट्रीय जातीय हित विदेश नीति पर हावी होते नजर आ रहे हैं। अनेक विशेषज्ञ अब यह मानने लगे हैं कि शीतयुद्धोत्तर के बदलते परिवेश में सामाजिक हित अन्य हितों की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे है। सूचना एंव इन्टरनेट प्रौद्योगिकी के प्रभाव ने राष्ट्रों के व्यवहार, उनकी सम्प्रभुता तथा विदेश नीति जैसे क्षेत्रों में एक नई क्रांति का सूत्रपात कर दिया है। वैश्वीकरण एक लोकप्रिय शब्द बन गया है।[6]

सूचना का वैश्वीकरण के युग मे पूँजी बाजारों का अन्तर्राष्ट्रीयकरण हो रहा है। विश्व समुदाय के देश निजीकरण एवं आर्थिक सुधारों की ओर तीव्र गति से अग्रसर हो रहे है। क्या विश्व अब यखगोलीय समुदाय या 'खगोलीय सभ्य समाज' की ओर उन्मुख हो रहा है? क्या अन्तर्राष्ट्रीय व स्थानीयकरण की प्रवृत्तियाँ साथ-साथ पनप रही हैं ? क्या अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में क्षेत्रीयकरण की पनपती भावना अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के स्थायित्व को एक गम्भीर चुनौती नहीं है।[7]

वैश्वीकरण के कारण

1. विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी की भूमिका।
2. सूचना प्रौद्योगिकी का विस्फोट-कम्प्यूटर, इंटरनेट, उपग्रह व संचार तकनीकों द्वारा निर्णय-प्रक्रिया का विकेन्द्रीकरण।
3. उत्पाद, औद्योगिक संरचना एवं प्रबन्धन का लचीलापन।
4. वृहत् स्तर पर उत्पादन एवं उसके फलस्वरूप नये बाजारों की खोज।
5. वृहत् स्तर पर विदेशों में पूँजी निवेश एवं नवीन तकनीकी स्थानान्तरण।
6 अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजारों का महत्व।
7. निजी अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा आर्थिक सहायता एवं ऋण में बढ़ोतरी।
8. व्यापक, उत्पादन एवं वितरण के फलस्वरूप, एकीकृत विश्व बाजार की ओर अग्रसर।

विश्व व्यापार संगठन की स्थापना के परिणामस्वरूप निर्धन एवं विकासशील देश अपनी आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक नीतियों में भारी परिवर्तन कर रहे हैं। नीतिकार राज्य की पुनर्रचना में लगे हुए हैं ताकि वे नई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में अपने देश के आर्थिक एवं व्यापारिक हितों की रक्षा कर सकें। फिलिप जो, केट्री के अनुसार, 'राज्य अब नागरिक संघ एवं व्यापार संघ का एक अस्थायी मिश्रण है जिसके फलस्वरूप राज्य अभिनेता अब स्वतंत्र नहीं रहे हैं। लोकतंत्र के वैश्वीकरण की लहर ने एक ओर राज्य संरचना एवं प्रतिक्रियाओं में एक बड़ी कड़ी का कार्य किया है तो दूसरी ओर जातीय चेतना ने जातीय एवं धार्मिक तनाव, संघर्ष एवं राजनीतिक हिंसा को जन्म दिया है। जातीयता के आधार पर उत्तरी आयरलैण्ड, श्रीलंका, बोस्निया, कोसोवा, रवांडा, बरूंडी, जाइरे एवं भारत में जातीय राजनीतिक हिंसा का दौर चल रहा है।'[8]

इस अध्याय के माध्यम से प्रमुख रूप से यह बताने का प्रयास किया गया है कि वर्तमान में वैश्वीकरण तथा क्षेत्रीयवाद जैसी बिल्कुल विपरीत किंतु साथ ही एक दूसरे की पूरक धारणाओं ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों व विदेश नीति की मौजूदा अवधारणाओं व सिद्धान्तों को बिल्कुल ही बदल दिया है। ब्रेजेन्सकी के शब्दों में, अन्तर्राष्ट्रीयवाद ने किस प्रकार वैश्विक राजनीति में स्थायित्वपूर्णता को बढ़ावा दिया है। क्या वर्तमान वैश्वीकरण की प्रक्रिया में राष्ट्रीय राजनीतिक समुदायों ने सांस्कृतिक, आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी चिंताओं, हितों व दावों को नये रूपों में ढ़ाला है ? क्या वैश्वीकरण ने राज्य-कन्द्रित शासनों को सीमित दायरे में धकेला है ?

इन मुश्किल सवालों का जवाब खोजने के लिए वर्तमान विश्व व्यवस्था की वास्तविक व सैद्धान्तिक अवधारणाओं को ध्यान में रखना होगा। साथ ही वर्तमान के प्रमुख राजनीतिक सिद्धान्तिक अवधारणाओं को ध्यान में रखना होगा। साथ ही वर्तमान के प्रमुख राजनीतिक सैद्धान्तिक अवधारणाओं को ध्यान में रखना होगा। साथ ही वर्तमान के प्रमुख राजनीतिक सिद्धान्तों का भी अध्ययन करना होगा। इन सिद्धान्तों के आधार पर वैश्वीकरण तथा क्षेत्रीयवाद की प्रक्रिया को नये रूप में परिभाषित करने के किसी भी प्रयास में वर्तमान अर्थशास्त्रियों द्वारा दिये गये विश्व व्यवस्था के आर्थिक पक्ष को भी नजरअंदाज नही किया जा सकता है। इस अध्याय में, व्याप्त धारणाओं की आलोचनात्मक विवेचना करने से पूर्व वैश्वीकरण तथा क्षेत्रीयवाद की प्रकृति पर संक्षेप में प्रकाश डालना उचित रहेगा।

यर्थाथवादी सिद्धान्त द्वारा शीतयुद्ध के शांतिपूर्ण ढ़ंग से अंत की भविष्यवाणी न करने की क्षमता से क्षुब्ध होकर नव-उदारवादियों ने वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार व निवेश के अतिरिक्त गैर-सरकारी संस्थाओं, अभिनेताओं व गैर अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के महत्व पर विशेष बल दिया हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया से कोई राष्ट्र अछूता नही रह सकता। विश्व व्यापार संगठन की स्थापना से अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में व्यापारिक एवं निवेश के मुद्दे प्राथमिक बन गये हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी में क्रांति के फलस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का स्वरूप बदल गया है। इंटरनेट ने सारे विश्व को जोड़ दिया हैं। आतंकवाद जैसी अन्तर्राष्ट्रीय चुनौती ने विश्व समुदाय को उसे उखाड़ फेंकने के लिये वैश्विक अभियान में सहयोग देने के लिए विवश कर दिया है। आतंकवाद वर्तमान एवं भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति एवं सम्बन्धों में प्राथमिक समस्या के रुप में हावी रहेगा और इससे सम्बन्धित नये वैकल्पिक प्रतिमानों के विकास की सम्भावनाएँ निश्चित रूप से बढ़ेंगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सैमुअल पी. हंटिंगटन, सभ्यताओं का टकराव, फॉरेन अफेयर्स।
2. सैमुअल पी. हंटिंगटन, दी लोनली सुपर पावर, फॉरेन अफेयर्स।
3. सी. बर्गिस्टन यअर्थव्यवस्था की प्राथमिकता फॉरेन पॉलिसी।
4. आई.एफ.आई. (अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ) के सुधार : आर्थिक दृष्टिकोण, इलेक्ट्रानिक जर्नल।
5. यू. आर. घई : अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति।
6. पुष्पेश पंत : 21 वीं शताब्दी में अन्तर्राष्ट्रीय संबंध।
7. महेन्द्र कुमार : अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के सैद्धान्तिक पक्ष।
8. बी.एम. जैन : अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) July to Sept. 2017 E-Journal, Vol. III, Issue XIX

Functionalization of Different Metal Based Graphene Nanocomposites

Mukesh Kumar Mehta *

Abstract - Graphene derivatives (GO and RGO) occupied concentration of many researchers of material science. GO has many (hydroxyl and carboxyl functional moieties) that exhibited interesting properties that could be different from Graphene. Reduction GO by removing its functional groups and to obtain a Graphene molecule and this is known as reduced Graphene oxide (RGO). GO and RGO nanocomposite show promising applications in photocatalysis, eleminiation of organic dyes, wastewater treatment, electrochemical material sensing, gas sensing with the biological applications in dox loading and killing tumour cells, antibacterial agent. This review begins with the method of preparation of Graphene, GO, RGO then the different Nanocomposite are discussed and at the last the overview of all the nanocomposites are given with the applications.
Keywords- Graphene, GO, RGO, Nanocomposite.

Introduction - Recently graphene derivative (GO & RGO) based nanocomposite captured considerable concentration because of their unique electrical, thermal, mechanical and barrier properties. Because of their simple methods of synthesis GO have shown new possibilities for gas sensing, membrane segregation, photocatalytic activities etc. Graphene is thin 2D sheet consisting of sp^2 carbon atom in the hexagonal honeycomb like structure. It shows remarkable properties like mechanical strength, electrical conductivity, molecule barrier abilities etc. However, the use of immaculate graphene has demonstrated challenging due to bottom – up synthesis, poor solubility and agglomeration in solution due to vanderwall's interactions. If the oxidation of Graphite is done in protonated solvent, that will lead toformation of GO which consist of multiple layers of GO.

GO has hexagonal carbon-structure which consists of many oxygen containing functional groups like alcoholic(hydroxyl) (-OH), alkoxy (C-O-C), ketonic (C=O), carboxylic acid (-COOH) & other functional groups. Graphite can also be oxidised former to GO to decrease the carbon/ oxygen ratio in the final output. Numerousresearchers used to this method which firstly treat powdered Graphite in $K_2S_2O_8$ prior to use in Hummer's method.

RGO can be Synthesized by various methods from thermal processesto chemical synthesisand electro-chemical deposition. Each one of method leads to different in chemical and electrical and magnetic properties, morphology, physical and chemical properties. The key factor of GO reduction includes the graphene/oxygen ratio in the outcome final product, selectivity of diminishing a particularfunctional group of oxygen from GO and the choice of green reductant and improving the chemical, physical and biologicalapplications of GO.

Synthesis Of Graphene Oxide, RGO Andgraphene: Hummer's method found to be the vast used process for preparation of Graphite oxide in the engineering labs and most of the researchers uses this method because it is the mostauthentic method of producing good amount of graphite oxide. It is also reliable for preparation of graphene oxide which is the one molecule thick form of it.

For this process firstly take a breaker & setup ice bath then add 25ml sulphuric acid. Then add 1gm of graphite powder. The graphite powder will change the color of solution to black. Add 3gm of potassium permanganate slowly by maintaining the cooling with the temperature less than 20 degree Celsius. keep stirring the solution for 3 hours & you may remove the ice bath if you want. After three hours of stirring the most dangerous step comes in which add 50ml distilled water very slowly (drop wise) by maintaining the temperature less than 50^{o} C. Slowly the of oxidation will start and after sometimedark brown will appear indicatethe prepared graphene oxide. Now again add 100ml of distilled water abruptly to oxidise some leftover graphite. In the last step add 5ml of H_2O_2 to stop the reaction. Finally graphene oxide is synthesized.

Figure 1 Comparative Structure Of Graphite, Graphene Oxide, ReducedGrapheneoxide



*Deptt. of Chemistry, SMB PG College, Nathwara (Raj.) INDIA



graphene oxide (GO)



reduced graphene oxide (rGO)

Functionalization Of Go Andrgo:
By Metal Oxide

GO - $CuFe_2O_4$ nanocomposite: It can be prepared by one pot combustion synthesis method. In this nanocomposite here the combustion of $CuFe_2O_4$ with GOdeveloped continuous increment of the catalytic behaviour of $CuFe_2O_4$. Here both the $CuFe_2O_4$ and Graphene oxide work together to give remarkable results and promising point of this is the higher yield, attractive process for synthesis, generality and expensive reaction process for preparation. $CuFe_2O_4$ is Magnetically recyclable nano catalyst. This versatile GO-$CuFe_2O_4$ Nanocomposite can act as a promising catalyst for the various industrial based applications in many important reactions. For example is it is used in the synthesis of Xanthenes heterocycles with a variety of application in the pharmaceutical chemistry.

Xanthanes derivatives are antibacterial, antiviral, anti-inflammatory , anti-malarial, anti-cancer.

Fe_2O_3@RGOnanocomposite: Fe_2O_3@RGO nano - composite can be easily prepared by one step solvothermal process with the thermal reduction of GO to graphene and dispersion of Fe_2O_3 on surface. This process allows uniform quasi- quantitative distribution of MO on Graphene. The X- Ray diffraction, micro Raman spectroscopy results of it shows it can be obtained easily by using iron oxide precursors. Now when I talk about its application It has a promising application in the anode material for sodium ion batteries that is is rechargeable which states that the contact between the carbonaceous and oxide surface plays an importantrole.

Fe_2O_3@RGO nanocomposite shows better capabilities ans stability then the bare Fe_2O_3 and Fe_2O_3 + GO physical mixtures.

With this there are two more nanocomposite are there which are $CoFe_2O_4$ @ RGO and CoO@ RGO which can be prepared with the same method and their performance is same like the Fe_2O_3@RGO nanocomposite and they are also used in the sodium ionbatteries.

RGO/$MnFe_2O_4$ /polypyrrolenanocomposite: This binary composite (RGO/ $MeFe_2O_4$) where [Me= Mn, Ni] was prepared via polymerization method of pyrrole with modifications. NaOH worked as co- precipitation and GO reductant. Firstly $MnFe_2O_4$ was prepared by co precipitation method. This RGO/$MnFe_2O_4$ nanocomposite shows a gravimetric and areal capacitance of147Fg^{-1} and 232$mFcm^{-2}$ respectively.When polypyrrole was included to prepare a ternary composite(RGO/$MnFe_2O_4$ /polypyrrole). electrode. This ternary electrode shows gravimetric capacitance of 232Fg^{-1} with areal capacitance 395 $mFcm^{-2}$ which represents the impact of polypyrrole additives. This nanocomposite shows a great application to fabricate electrode materials for highly successful supercapicitors as it has much high capacitancevalues.

$BiVO_4$- RGOnanocomposite: Recently 2D Graphene gained concentration of researchers due to its attracting properties i.e. extremely high mobility , high elasticity & electrochemical modulation.

In recent years Graphene based nanocomposite utilised as photocatalyst because of its highly conductive available surface area with the supporting matrix and ($BiVO_4$) photocatalyst used asdye. The photocatalytic properties of a material depend upon the structure and morphology. The high performance and novel photocatalyst of $BiVO_4$- RGO can be prepared by facile hydrothermal process. This photocatalyst can be characteriszed by X-ray diffraction, SEM, TEM etc. This nanocomposite shows muchhigher photocatalytic activity then that of pure $BiVO_4$ and has various potential applications.

GO-IO-DOXnanocomposite: In this nanocomposite firstly GO-IO nanocomposite was synthesized viasmall emulsion method followed by solvent evaporation. Then the anti-cancer drug doxorubicin enclosed in the PEGylated GO-IO mixture by simple mixing in order to start physisorption and the multifunctional novel nanocomposite consisting of GO-IO-Doxorubicin is prepared which acts as theranostic cancer platform which is a novel concept that involves the integration of diagnosis and therapy in a single platform using nano materials. This nanocomposite was found to exhibit enhanced efficiency to destroy tumour cell along with excellent MRI (Magnetic Resonance Imaging) performance enabling a versatile theranostic platform forcancer.

Fe_3O_4/ RGO/ EBC (Enzymatic Biofuel cell) nanocomposite: To prepare this nanocomposite firstly Fe_3O_4/ RGO nanocomposite formed by dispersion and ultrasonication method. Then with the help of electrostatic interactions enzymes were included in Fe_3O_4/ RGO. With the prperties of graphene and the magnetic paricles of Fe showed a great increment in the application of enzymatic Biofuel cell with more efficient and modified Bioelectrodes. This Bioelectrode fabrication offers promising solutions for generation of new highly promising Biofuel cells.

